वह अपनी दुःखी तथा रोगी पत्नी के साथ बनारस (काशी) गये। वहाँ पर स्त्री का स्वर्गवास होगया। आप वहाँ से लौट कलकत्ता आये, एक दिन दोपहर के बाद घर पहुँचे पर बिना किसी सम्बन्धियों से मिले ही तथा बिना आह भरे अपने रोगियों के लिये जो बैठक में मौजूद थे दवा का पुरजा लिखने लगे। दुःख तथा कष्ट के विषय में वे बिल्कुल बेपरवाह थे। वह बेपरवाही उनके रोगियों के औषध प्रयोग पर भी प्रभाव डालती थी किन्तु लाखों दरिद्र भूखों के प्रति उनके हृदय में दया भी थी। उन्होंने एक भी भिक्षुक को दरवाज़े से निराश नहीं लौटाया। सर्वदा उनकी आवश्यकतानुसार पैसे तथा अन्न से सन्तुष्ट करते रहे। उनकी फीस तथा दवाओं का दाम भी बहुत ऊँचा होता था। किन्तु ऐसा वह आयुर्वेद की मर्यादा की अन्य औषधि विधियों, विशेषतः डाक्टरी के मुक़ाबिले में रक्षा के लिये करते रहे।

७—उनका व्यवहार

उनसे मिलने के १२ बारह वर्ष पहले उनके क्रोधी स्वभाव के बारे में मैं सुना करता था। किन्तु एक या दो छोटे बल्कि असह्य अवसरों पर छोड़ कर उन्हें कभी भी न्यायोचित अवसरों पर क्रोध करते हमने नहीं देखा था। हम लोगों से वे कहा करते थे कि वह अपने जवानी में क्रोधी स्वभाव के थे। अब यह उनकी व्यर्थ की बदनामी ही है। वह सदा अपने रोगियों तथा उसी प्रकार जो वहाँ वर्तमान रहते थे उन्हीं की सेवा में लगे रहते थे। उनका

यह सिद्धान्त नहीं था कि रोगियों को अपने बैठक खाने में इकट्ठा होने पर नीचे उतरते। जितना शीघ्र हो सकता था रोगियों को दवा देकर छुट्टी कर देते थे। उनका अभ्यास था। रोगी आते-जाते रहते थे। एक कार्यशील मनुष्य होने के कारण उन्हें दूसरों की निन्दा करने का समय न था। किन्तु कोई रोग डाक्टरों द्वारा बिगड़ जाता तो वह उनको श्राप देते थे। फैशनेबुल डाक्टर तथा अर्धशिक्षित कविराजों का समान ही दोष देते थे किन्तु ईर्षा के कारण नहीं बल्कि करुणा तथा अपनी इस विषय में उन लोगों से अधिक योग्यता के कारण वे ऐसा करते थे।

८—कार्य-क्रम

वह सूर्योदय के एक घंटे पहले बिस्तर से उठ जाते थे। नित्य-क्रिया के पश्चात् वह पूजा-घरमें जाते थे। वहाँ दस बजे तक रहते तथा बीच-बीच में यदि आवश्यक रोगी कोई हो तो उसको देखते थे। जीवन के अन्तिम दिन तक पूजा की तैयारी वह अपने हाथ से ही करते रहे। वह दस बजे नीचे उतरते तथा बारह बजे दिन तक रोगियों की देख-भाल करते थे पश्चात् भोजन करके बाहर जाते थे फिर तीन, चार बजे तक लौट आते थे। चार बजे शाम से दस बजे रात तक बैठक में रहते थे। वह अपने रोगियों से सत्य कहने में घबड़ाते नहीं थे। यदि सायंकाल में आधे घंटे का भी समय पाते तो उस समय ईश्वर की प्रार्थना करते। दस बजे रात को अपना हिसाब जाँचते थे पश्चात् भोजन खोई, दूध, मुनक्का करने के पश्चात् सोने चले जाते। सोते समय भी उनके रोगियों से उन्हें बाधा पहुँचती थी। रोगियों के आदमी उनकी (कविराजजी) आज्ञानुसार उनसे राय लेने के लिये जगा देते थे तथा कभी-कभी असमय में भी उन्हें बाहर ले जाते थे। चाहे सोते समय जो कुछ बाधा हो किन्तु यह निश्चित था कि वह सूर्योदय के पहले ही पूजा पर बैठ जाते थे।

९—स्वावलम्बन

वह सदा अपने नौकरों तथा सम्बन्धियों की सहायता से स्वतंत्र रहे। एक समय जब उनका नौकर नहीं था अपनी धोती भी अपने हाथ से ही धो लिये। वह न तो धूम्रपान करते थे न तो सूँघनी ही सूँघते थे।

बहुत दिनों के जान-पहिचान के मध्य में मैंने कभी भी उनको मालिश कराते तथा साबुनादिक का प्रयोग करते नहीं देखा था। वह कभी भी आह भरते नहीं देखे गये जैसे वृद्ध तथा धनी लोगों की आदतें होती हैं। ईश्वर ने उनकी स्वावलम्बन की रक्षा अन्तिम जीवन तक किया। उनके इस आत्म-निर्भरता के व्यवहार ने साधारण जनता पर भी प्रभाव डाल दिया। उनको अपने विश्वास का साहस था जिसको वह बड़े-से-बड़े लोगों के सम्मुख भी प्रगट करने में नहीं सकुचते थे।

१०—स्वास्थ्य

वे उपवास के पक्षपाती थे जो स्वयं बहुत अधिक स्वास्थ्य की रक्षा करती है। वे स्वयं अपने तई इसका प्रयोग करते थे जिससे बिना भोजन किये, वह भोजन करने की अपेक्षा अधिक स्वस्थ्य रहते थे।

तीन अवसरों—दुर्गा पूजा, जगद्धात्री, तथा वासन्ती पूजा—पर वह अपने घर (राजशाही) जाया करते थे। हर अवसर पर वह स्वयं पूजा करते थे। वह कई दिनों तक लगातार उपवास किया करते थे। तथा कठिन काम आसानी से करते थे जिसे देखकर नौजवान लोग चकित रह जाते थे। वह मिष भोजन करते थे किन्तु थोड़े से पशु बलि को वे इस कारण से नहीं रोकते थे कि उनके तथा दूसरे लोगों के दोषों को जो ज्ञात या अज्ञात में होते हैं, और अधिक न बढ़ा दें। यह पूछे जाने पर कि उनके अन्तिम समय में उनका उपचार करने के लिये कौन विश्वसनीय होगा। वह हम लोगों को सदा यही निश्चय दिलाते थे कि वह कभी भी रोग-ग्रसित नहीं होंगे बल्कि सूचना देते हुये सहसा इस संसार को छोड़ देंगे। उनकी यह भविष्य वाणी सर्वथा सत्य हुई। यद्यपि उसका अन्तिम भाग नहीं सत्य हुआ। वह छियासी वर्ष तक पूर्ण स्वस्थ दशा में जीवित रहे। दूसरे वृद्ध लोगों की भाँति कफ, खाँसी आदि रोगों से कभी भी पीड़ित नहीं हुये। वह स्वास्थ्य तथा कर्त्तव्य की मूर्त्ति थे। नौ वर्ष की अवस्था में एक बार उनपर ज्वर का आक्रमण हुआ था तब से उनके जीवन के अन्तिम घड़ी तक कभी भी ज्वर नहीं आया। नवयुवकों के रोगों का उन्हें अपना अनुभव न था बल्कि इसके लिये वह पुस्तक के ज्ञान पर निर्भर थे।

११—उनके गुण

वह अपने गुरु की विद्या, दैवी शक्ति तथा अनुभव का बहुत आदर करते थे। हम लोगों ने उनके गुरु के व्यवसायिक जीवन—जिसका वह सदा अनुसरण करने का प्रयत्न करते थे—सम्बन्ध रखनेवाली कहानियों को उनके मुख से सैकड़ों बार सुना। उन कहानियों में से कुछ भिन्न २ मौकों पर नये आगन्तुकों के कारण दुहराई जाती थीं किन्तु जिस सत्यता से वे कही जाती थीं वह आश्चर्यजनक थी।

१२—चरित्र

वह सच्चे ब्राह्मण की भाँति रहते थे, तथा भोग-विलास से बिल्कुल अपरिचित थे। आयुर्वेद तथा अन्य ब्राह्मण शास्त्र में उनका अटल विश्वास था। उनके चेहरे पर एक चिरस्थायी प्रकाश था। शास्त्रीय संस्कृत भाषा का उनका प्रस्तुत ज्ञान, स्मरण-शक्ति, अटूट चेष्टा तथा सबसे अधिक अपने पूर्वजों के शास्त्रों में दृढ़ विश्वास आदि ऐसे गुण थे जिनके कारण कविराज हाराणचन्द्रजी ने जीवन-क्षेत्र में अद्वितीय प्रतिभा प्राप्त की। अन्तिम १२ वर्ष तक लगातार उनसे जान-पहिचान होने के फलस्वरूप उनके विषय में मेरे यही विचार हैं जो मैंने निश्चय किया है। मैं यह अवश्य स्वीकार करता हूँ कि उनमें कम से कम यह दुर्बलता अवश्य थी और जिसका सम्बन्ध मुझसे ही था। मैं जूनियर तथा हर विषय में बहुत कुछ था लेकिन तिस पर भी वह सदा मुझे अपना आन्तरिक मित्र समझते थे और मेरी योग्यता की सदा प्रशंसा करते थे। उनकी मृत्यु से मेरी तथा रोगी जनता की अपनी विशेष तथा न पूरी होने वाली क्षति हुई है। अवश्यमेव उनके योग्य ही उनका स्मारक बनाने का प्रबन्ध किया जायगा किन्तु सुश्रुत संहिता पर उनकी बहुमूल्य टिप्पणियाँ जो आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने के लिये एक वरदान स्वरूप हैं, उनके स्मरण के लिये प्रत्येक आयुर्वेद प्रेमी के हृदय में चिरस्थायी स्मारक हैं। वे अपने घर (राजशाही में) सर्वदा के लिये ५० आदमी के लिए भोजन का प्रबन्ध कर गये हैं

जो कि आज भी सुचारु रूप से चालू है और उसी जगह लाखों रुपये की सम्पत्ति खर्च कर आयुर्वेद विद्यालय खोल गये हैं जो अभी भी मौजूद है। आप निखिलभारतवर्षीय आयुर्वेद सम्मेलन के प्रेसीडेन्ट थे। आप बम्बई, मद्रास, जयपुर इत्यादि के आयुर्वेद के परीक्षक थे। आप अपने कुटुम्ब-परिवार से भी सम्पन्न थे। आपको ६ पुत्र हैं तथा पौत्र-प्रपौत्रादि भी वर्तमान हैं जो कि उनके कार्यों को सुचारु रूप से चला रहे हैं। उनके स्थान पर उनके पौत्र उपेन्द्र-चन्द्र चक्रवर्ती उन्हीं की तरह साहस, दया तथा शीलता से रोगीजनों का सेवा-कार्य कर रहे हैं। परमेश्वर दिनोंदिन इनको उत्साहित करते रहें। कविराजजी (हाराणचन्द्रजी) अन्तिम घड़ी तक भी स्वस्थता पूर्वक शाके १३४२, १५ ज्येष्ट ताः २९ मई सन् १९३५ को स्वर्ग सिधारे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

स्वागताध्यक्षों के विषय में

[नि० भा० आयुर्वेद महामंडल के वार्षिक अधिवेशनों पर विशिष्ट विद्वानों ने भी समय-समय पर स्वागत-कारिणी की अध्यक्षता स्वीकार कर जो उद्गार प्रकट किये हैं उनके कुछ उदाहरण नीचे प्रकाशित किये जाते हैं—एवं ऐसे अवसरों पर राजा महाराजाओं के जो भाषण हुए हैं उनमें से महाराजा सर भैरो सिंह जी बहादुर और लेफ्टिनेण्ट जेनरल हिज हाइनेस महाराजा सर गंगा सिंह साहिब जी० सी० एस० आई० जी० सो० आई० ई०, जी० सी० बी० ओ०, जी० बी० ई० के० सी० बी०, ए० डी० सी० एल० एल० डी० बीकानेर नरेश के भाषण दिये जाते हैं ।]

॥ श्रीः ॥

अखिल-भारतवर्षीय षोडश-वैद्यसम्मेलन, जयपुर की स्वागतकारिणी समिति के सभापति

रायबहादुर पुरोहित गोपीनाथ जी विद्यारत्न,

साहित्यभूषण एम० ए०, एम ० आर० ए० एस०, सी० आई० ई०
मेम्बर कौसिल अफ् स्टेट, जयपुर का

भाषण

महानुभावो तथा महिलाओं !

आज का दिवस धन्य है जिसमें भारत का वैद्य समुदाय अन्यान्य सज्जनों सहित यहाँ एकत्रित हुआ है। हम जयपुरीय धन्य हैं जिनको आप महानुभावों का स्वागत करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। सम्मेलन के इस अधिवेशन का स्थान सुनिश्चित होने से जयपुरवासियों के अन्तःकरण में इस समारोह का साक्षात्कार करने की जो लालसा लगी हुई है आज वह भगवान् की कृपा से पूर्ण हुई। भारतवर्ष के दूर दूर के प्रदेशों से पधार कर आप महानुभावों ने हम लोगों को वास्तव में बहुत कृतार्थ किया है। अतिथि-सत्कार भारतीय गृहस्थ का सुनिश्चित धर्म है, उस धर्म का पालन जयपुर का गृहस्थ वर्ग कहाँ तक कर सका है अथवा कर सकेगा, इसका अनुमान करने की चर्चा से हमारे हृदयों में बहुत हल-चल है। हृदयस्थ भाव की प्रगाढ़ता से हम विह्वल हैं, इसलिये हम आशा करते हैं कि यदि हम चारु रूह से भाव प्रकाशन न कर सकें तो उसका अर्थ यह न होना चाहिये कि भाव का अभाव है। जयपुरीय जनता अथवा स्वागत-समिति के आनन्द तथा उत्साह को यदि मैं यथावत् न कह सकूँ तो आप यह मेरा ही दोष समझिये।

जयपुर में वैद्य-सम्मेलन के प्रतिनिधियों का हम हृदय से स्वागत करते हैं। जिस प्रकार और विद्य-कला के कवि यहाँ के राजा और प्रजा ने प्रमुखता दिखाई है उसी प्रकार चिकित्सा शास्त्र के प्रति भी दिखाई है। आधुनिक डॉक्टरी चिकित्सा प्रणाली के सम्बन्ध में राज्य से जो महान् व्यय किया जा रहा है उसके अतिरिक्त कितने ही वैद्य और हकीम भी राज्य के आश्रित हैं जिनमें बहुतों के तो बड़ी २ "जीविका" हैं, इनके नामोल्लेख और इनके आश्चर्यजनक चिकित्सा-कार्यों के विवरण से आपके अमूल्य समय को व्यतीत करने की आवश्यकता नहीं पाई जाती। ये लोग अपने विद्याभ्यास और कौशल से अपना और राज्य का सुयश सर्वत्र विस्तृत कर रहे हैं। इनमें से कितनों ही के नाम और कार्य से आप भी, आशा की जाती है, अपरिचित नहीं हैं। जयपुर राज्य की कई तहसीलों के बजट में 'वैद्यों' की 'आसामी' बराबर चली आ रही है, जिससे यह निश्चित रूप से सिद्ध होता है कि इस राज्य का प्रजा की चिकित्सा के सम्बन्ध में सदैव से असाधारण ध्यान रहा है। जिस प्रकार यहाँ

पर जगत्प्रसिद्ध ज्योतिर्विद् राजा हुए हैं, वैसे ही अत्यन्त प्रसिद्ध, चिकित्सा-शास्त्र में प्रवीण राजा भी हो गये हैं। महाराजा प्रतापसिंह जी के 'अमृतसागर' से कौन अपरिचित है? यहाँ पर अमृतसागर के अतिरिक्त और भी कई वैद्यक ग्रन्थों की रचना हुई है जिनमें वैद्यविनोद, प्रतापकल्पद्रुम, रामविनोद, सिद्धभैषज्यमणिमाला आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। जिस जयपुर में चिकित्सा शास्त्र को पूर्व समय में इतना सम्मान मिला है, वही जयपुर आज विनय भाव से आप सज्जनों का स्वागत करता है। हम जानते हैं कि आप जैसे महानुभाव अतिथियों के लिये किसी विशेष प्रकार की सुविधा करने में समर्थ नहीं हुए हैं, तथापि हम को दृढ़ आशा है कि हमारी श्रद्धा व भक्तिभाव की ओर दृष्टि रखते हुए हमारे प्राधूर्णिक महोदय हमारी सभी त्रुटियों को कृपा करके क्षमा करेंगे। आप लोगों की उदारता के भरोसे पर ही हम ने यह साहस कर लिया है और हम को निश्चय है कि हम जो कुछ भी कर सके हैं उसी को आप बहुत मानेंगे।

महानुभावों! शास्त्रीय विचार अथवा और कोई अनूठी बात आपके समक्ष उपस्थित करने का मेरा सामर्थ्य नहीं है। आयुर्वेद शास्त्र के सम्बन्ध में यदि कुछ कहने का उद्योग किया जाय तो वह अनधिकार चेष्टा मात्र है। यह विशेषज्ञों के करने का काम है और वे ही कर भी सकते हैं। मैं तो यहाँ पर केवल एक दो ऐसी साधारण बातें आपकी सेवा में निवेदन करना चाहता हूँ जिन पर मेरा कभी कभी विचार होता रहा है। उनमें कुछ भी सार यदि आप लोगों को प्रतीत होगा तो मैं अपने आप को कृत-कृत्य मानूँगा।

इसमें कोई सन्देह प्रतीत नहीं होता कि हमारे दुर्भाग्य से ही चिकित्सा शास्त्र की आवश्यकता आज दिन हमको कुछ अधिकाधिक होने लगी है। कुछ तो सामान्य परिस्थिति ही ऐसी है और कुछ वायुमण्डल भी ऐसा ही है जिसमें हम प्रायः सबही असहाय हैं। सामाजिक कुरीतियाँ कुछ ऐसी प्रचलित हो गई हैं, जिनसे जनता का स्वास्थ्य अच्छा रह ही नहीं सकता। सर्व-साधारण को आज-कल जीविकोपार्जन के लिये भी अभूतपूर्व मानसिक व्यथा सहनी पड़ती है। ग्राम-संस्था भी विचलित होती जा रही हैं और स्वतन्त्र व्यवसायों के स्थान में दुर्बोध जनता को सामान्य कोटि की सेवा तथा बड़े नगरों की स्वभाव-विरुद्ध श्रम-जीविका भी अधिक सुहाने लग गई है। अनेक रोगों के आक्रमण के कारणों को दूर करना एक महान् कार्य है। जो स्वास्थ्य सम्बन्धी शास्त्र-संमत नियम हैं उनके पालन करने की शक्ति हमारे समाज में यदि फिर से आजाय तो चिकित्सा-शास्त्र का दूसरा उद्देश्य जो रोग-निवारण का है वह स्वतः ही सुकर हो सकता है। समष्टि रूप से भारतवर्ष के समाज का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा नहीं है। इसीलिये बारंबार अधिक अस्पताल खोले जाने के आग्रह की ध्वनि सुनने में आती है। अस्वास्थ्य होने पर उसे मिटाने का उपाय करना उचित है। परन्तु अस्वास्थ्य के मूलकारण को नष्ट करने का उद्योग करने की विशेष आवश्यकता है। ऐसी परिस्थिति उत्पन्न की जानी चाहिए जिससे समाज इतना रोगग्रस्त हो सके ही नहीं। जिन कारणों से अस्वास्थ्य होता है उनके मौजूद रहते हुये क्या औषधि करे और क्या ऑपरेशन करे?

बन्धुओं! वर्त्तमान युग में युक्तियों और प्रमाणों से हमारी प्राचीन विद्याओं की विशेषता सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। दूसरे देशों के विद्वान् स्वयं उद्योग करते जा रहे हैं और मानते जा रहे हैं कि इस प्राचीन सभ्यता की भूमि में सभी विद्याएँ अत्यन्त उन्नत दशा में पहुँच चुकी थीं। परन्तु हम को यह स्पष्टतया जान लेना चाहिये कि विद्या में किसी भी

देश का या जाति का ठेका नहीं है। जिस देश या जिस जाति के मनुष्य उद्योग करें वे ही विद्या प्राप्त कर सकते हैं। इसमें सन्देह नहीं है कि भारतवर्ष में किसी समय चिकित्सा शास्त्र ने बड़ी उन्नति कर ली थी और ऐसे-ऐसे सिद्धान्त स्थिर हो गये थे जो दूसरे देशों में अब स्थिर हो रहे हैं और बड़े 'आविष्कार' माने जाते हैं। आयुर्वेद की भारतवर्ष में प्राचीन समय में परिपूर्ण उन्नति होने का अन्यान्य प्रमाणों के अतिरिक्त एक यह भी बड़ा प्रमाण है कि यह नैसर्गिक नियम है कि प्रथम किसी भी विद्या-कला की समष्टिरूप से जब पराकाष्ठा की उन्नति हो चुकती है तब ही उसके अङ्ग-प्रत्यङ्गों की विशेषोन्नति का विचार उत्पन्न होता है और भारतीय चिकित्सा शास्त्र में भी इसी नियम का परिपालन हुआ है। समष्टि रूप से पूर्णोन्नति होने के अनन्तर आयुर्वेद के विशेषाङ्गों की उन्नति भी इस चरम सीमा तक पहुँची है कि साधारण वैद्यों के अतिरिक्त विशेष वैद्यों की शाखा प्रशाखा भी इतनी और यहाँ तक फैली है कि युगान्तरों के अनन्तर भी यह विशेष वैद्य इतनी बहुतायत से प्रायः समस्त देश में ही पाये जाते हैं कि उनकी पृथक्-पृथक् जातियाँ तक बन गई हैं। यथा जर्राह, बावर, सींगीवाले, फ़सद खोलने वाले, दाई आदि आदि। चिकित्सा-शास्त्र का वास्तविक उद्देश्य एक है, चाहे वह "आयुर्वेद" हो, चाहे "हिकमत" हो, चाहे "एलोपेथी" हो अथवा और कोई "पेथी" हो। सभी में शरीर की बनावट का ज्ञान आवश्यक है: कौन से अवयव का किस अवयव से और किस तत्व से क्या सम्बन्ध है और शरीर की मशीनरी किस प्रकार चलती है, यह जाने बिना चिकित्सा करने की चर्चा तक भी नहीं की जा सकती। दूसरी बात है औषधियों के प्रभाव को पहिचानना तथा उनके संमिश्रण से जो औषध तय्यार की जायँ उनके फल का जानना। यह भी सभी प्रकार की चिकित्सा-प्रणाली में होना आवश्यक है। यों तो प्रक्रिया का भेद होता ही है। सम्भव है एक-आध मौलिक सिद्धान्त के विषय में भी मतभेद हो। परन्तु ऐसे मतभेद से एकोद्देशता में कोई अन्तर नहीं पड़ सकता। इसलिये एक प्रणाली से दूसरी को विशिष्ट सिद्ध करने के उद्देश्य से जो विवाद उपस्थित किया जाय उससे कोई लाभ दृष्ट में नहीं आता।

केवल एक बात ध्यान देने योग्य है प्रत्येक देश के जल-वायु में कुछ न कुछ विशेषता है विभिन्न जल-वायु के प्रभाव से मनुष्यों के स्वभाव भी विभिन्न होते हैं। सब देशों में एकसी जड़ी बूटियाँ वा औषधियाँ उत्पन्न नहीं होतीं। प्रकृति का यह साधारण नियम है कि जो मनुष्य जिस भूमि में उत्पन्न हुआ है और जिस जल-वायु में परिवर्द्धित हुआ है उसी भूमि तथा जल-वायु की औषधि स्वभावतः उसके लिये अधिक अनुकूल होती है। इसी नियम के अनुसार हमारे लिये हमारे देश की चिकित्सा-प्रणाली अधिक लाभदायक होनी चाहिये। एवं च उस प्रणाली की उन्नति होने में हमारा लाभ भी विशेष ही है, इसमें कोई संशय नहीं हो सकता।

भारतवर्ष सदा से सस्ती और सादगी का देश है। आडम्बर इस देश के स्वभाव के विरुद्ध है। भारतीय घर में, स्वास्थ्य में गड़बड़ होने पर पहिले तो प्रायः घरही में और घरही के बदे-चुदे कौड़ियों की औषध से ही काम चला लेते हैं, दैवात् यदि वैद्य की शरण भी लेनी पड़ी तो भी पैसों में ही वहाँ से निवृत्ति हो जाती है। यह आयुर्वैदिक चिकित्सा-प्रणाली का एक बहुत बड़ा लाभ है। वैदेशिक पद्धति के अनुकरण के जो चिह्न यत्र-तत्र देख पड़ने लगे हैं वे इस प्रणाली के महत्व को हरने वाले और इसकी विशिष्टता को खोने वाले हैं। चिकित्सक संसार का एक परोपकारी जीव है, उसके मन में सामान्य कोटि के और और उद्देश प्रबल हो जायँ तो भारतीय चिकित्सा-कार्य भी व्यापार का अङ्ग हो जाय, सो कदापि उचित नहीं कहा जा सकता।

आज कल 'सर्जरी' की बड़ी महिमा है, हमारे यहाँ भी 'शस्त्रप्रयोग' की कला बड़ी उन्नत दशा में थी। यह सुश्रुत संहिता से पूर्णतया स्पष्ट है, इस देश के अनेक ग्रन्थरत्न लुप्त हो गये, यह किसी से अविदित नहीं है। अनुमान है कि हमारे आयुर्वेद-शास्त्र के भी कई ग्रन्थ नष्ट हो गये हैं। तथापि प्रमाण के लिए सुश्रुत संहिता ही पर्याप्त है। यह जान पड़ता है कि कारणवश चीर फाड़ के काम की अवहेलना हो गई। यहाँ तक कि जब तन्त्र ग्रन्थों का प्रचार हुआ तो 'शस्त्र-प्रयोग' को 'आसुरी चिकित्सा' कहा जाने लगा। संभव है औषधियों की चिकित्सा की पूर्णता के कारण शस्त्र-चिकित्सा का स्थान इतना नीचा हुआ हो। अहिंसा के सिद्धान्त का प्रचार तथा दुरुपयोग भी इसमें कारण हो सकता है, शस्त्र-प्रयोग के विरुद्ध कुछ भी कहे बिना यह तो मानना चाहिये कि जब चीर-फाड़ के बिना चिकित्सा हो सके तो चीर-फाड़ इष्ट नहीं हो सकती। यह आश्चर्य की बात है कि आज-कल भी जब सर्जरी के आचार्य यह कह चुकते हैं कि अमुक रोग का इलाज बिना ऑपरेशन नहीं हो सकता है तब हमारे साधारण 'जर्राह' 'कागली' लगा कर ही रोग का अन्त कर देते हैं। यह भी हमारे यहाँ की प्रणाली का गुण है, परन्तु इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि ऑपरेशन हेय है।

इस प्रकार की सादी किन्तु पक्की चिकित्सा-प्रणाणी की पूर्णरूप से रक्षा होना अत्यावश्यक है। प्राचीन गौरव के अभिमान में चूर रहना हानिकारक है। प्राचीन गौरव में हमारा कोई भाग नहीं है। कोट्यधीश पिता का उत्तराधिकारी होने से ही पुत्र की योग्यता सिद्ध नहीं हो सकती है। द्रव्य की रक्षा कर सकने में भी कुछ महत्व नहीं। किन्तु पिता के उपार्जित धन में वृद्धि कर सके तब ही पुत्र की कुछ विशेषता स्वीकृत हो सकती है। जो महान् कार्य सुश्रुत, चरक, वाग्भट इत्यादि ने कर लिया, उससे हम वास्तव में योग्य नहीं कहे जा सकते, प्रत्युत यदि उनके छोड़े हुए कोष की रक्षा भी नहीं कर सकें तो अयोग्य सिद्ध होंगे। बस यही एक महती समस्या है जो आप महानुभाव इस सम्मेलन में हल करेंगे। और यदि इस बड़े प्रश्न को हल करने का कुछ भी उद्योग नहीं हुआ तो यही कहना पड़ेगा कि यह सब कुछ व्यर्थ प्रयास है। अन्य देशों के विद्वान् आज कल निरन्तर उद्योग कर रहे हैं और एक-से-एक बढ़कर चमत्कार दिखा रहे हैं। एक दिन समाचार-पत्र में पढ़ते हैं कि अमुक स्थान में एक बालक का, जो सर्वथा अन्धा था, ऐसा उपचार किया गया जिससे उसको स्पष्ट देख पड़ने लगा। दूसरे दिन पढ़ते हैं कि अमुक स्थान में ऑपरेशन की ऐसी प्रक्रिया हुई कि जिसमें हृदय को अपने स्थान से बाहर निकाल लिया गया और फिर ज्यों-का-त्यों रख दिया गया। कहीं किसी का दूषित गुर्दा निकाल कर दूसरा गुर्दा लगा दिये जाने की बात सुनी जाती है। इन चमत्कारों के उत्तर में यह कह देना पर्याप्त नहीं है कि हमारे यहाँ इससे बढ़ कर चमत्कार होते थे, कटे हुए शिर को जोड़ देते थे, वृद्ध को युवा कर देते थे इत्यादि। आवश्यकता इस बात की है कि हमारी जो कुछ भी विशेषता वास्तव में थी वह आज-कल भी खोज कर निकाली जाय और उसका क्रियात्मक-प्रदर्शन किया जाय जिससे संसार विस्मित होकर देखता ही रह जाय।

मैंने ऊपर कहा है कि विद्या में किसी का ठेका नहीं। तथा यह भी निर्विवाद है कि ज्ञानार्णव की सीमा नहीं। ज्ञान का अटूट भंडार भरा हुआ है, उसमें जो जितना परिश्रम करता है उसको उतना अवश्य मिलता है। यह हम जानते हैं कि शास्त्र, विद्याकला की उन्नति विशेष परिस्थिति में हुआ करती है। विद्योपार्जन और खोज के लिये ऐसे धीर पुरुष

चाहिये जिनके निश्चित लक्ष्य के अतिरिक्त और कोई उद्देश्य न हो और साथ ही में जीविकोपार्जन की तनिक भी चिन्ता न हो। ऐसे तत्त्वान्वेषी महात्माओं का समाज पर विशेष ऋण है और उनके लिये सब प्रकार की सुविधा करने का उत्तरदायित्व समाज का मुख्य धर्म है। क्योंकि वे जो कुछ भी चमत्कारिक आविष्कार कर सकेंगे उससे समाज का ही लाभ और समाज का ही सुयश है। विलक्षण पुरुषों को राज्य से जीविका दिये जाने का भी वास्तव में यही तात्पर्य्य है कि जब वे विज्ञान-समुद्र में डुबकियाँ लगाते हों तब शाक अथवा लवण का प्रश्न उनको न सतावे। जिस मनुष्य को पद-पद पर अपने और अपने परिवार के भरण-पोषण की चिन्ता रहे वह सामान्यतया शास्त्रीय खोज करने में सफल नहीं हो सकता।

सभी विद्याओं के विषय में और इस लिये रोग-परीक्षा व चिकित्सा के विषय में भी भारतवर्ष को खुली तबियत रखना चाहिये। हम सारे संसार के विद्यागुरु हैं यह सोच लेने से अथवा कह देने से हमारा काम नहीं चल सकता। इसी नशे की धुन में तो हमारा विद्यागुरु का आसन यदि अब तक किसी प्रकार रहा भी है तो अब छिन जाने योग्य होगा। जिस आत्माभिमान के कारण से व्यक्ति तथा जाति भी जीवित रहती है उतना सा आत्माभिमान तो अवश्य होना चाहिये। परन्तु जिस वर्ग से सर्वनाश होना सम्भव है वह सर्वथा परित्याज्य है। हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने घर का लेखा करें। हमारे जो विद्याकोष उपस्थित हैं उनकी संभाल करें और अपना "बैलेन्स शीट" संसार को अन्य जातियों के समक्ष रक्खें। तब दूसरों को यह पता चलेगा और विश्वास होगा कि हमारे पास अब भी ऐसे पदार्थ हैं जो दूसरों के पास नहीं है और उनको दिये जा सकते हैं। और हम को भी यह मालूम हो जायगा कि हमारे पास क्या नहीं है जो दूसरों से लिया जा सकता है अथवा जो हम अब पैदा कर सकते हैं। भारतवर्ष के प्रतिनिधि स्वरूप कितने ही दिग्गज पण्डितों ने विज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय आविष्कार करके हमारा शिर आजकल भी समुन्नत किया है। क्या कठिन है इसी प्रकार से आयुर्वेद शास्त्र में अखण्ड उद्योग हो तो भारतवर्ष कमाल करके दिखा दे। इसके लिये यह जानना भी आवश्यक है कि अन्य देशों में क्या और कैसे हो रहा है। दूसरों के संसर्ग की भी आवश्यकता है, विच्छेद की नहीं, क्योंकि शास्त्रोन्नति का उद्देश्य सर्वत्र और सबका समान ही है।

आजकल आयुर्वेद शास्त्र की दशा कुछ अच्छी नहीं है, शास्त्र के परिशीलन की ही अच्छी व्यवस्था नहीं है। इस क्रिया-प्रधान शास्त्र में परीक्षण की भी अत्यन्त आवश्यकता है, इसके लिये आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिये सब प्रकार की सुविधा नहीं है, आयुर्वेद के कम पण्डितों का अंग्रेज़ी भाषा पर अधिकार है, जिससे वे औरों के अनुभव से यथोचित लाभ नहीं उठा सकते हैं। आयुर्वेद की सर्वज्ञन प्रियता भी सन्दिग्ध है, यह प्रायः हमारी सामान्य परिस्थिति का दोष है। यथा नवीन युग में नवीन का ही विशेष समादर होता है।

परन्तु हमारे सौभाग्य की बात है कि अब शनैः २ परिवर्तन हो रहा है, गवर्नमेन्ट तथा देशी राजाओं का ध्यान आयुर्वेद की ओर आकर्षित होने लगा है, प्रजा ने भी विशेष उत्साह दिखाना प्रारंभ कर दिया है। यत्र-तत्र आयुर्वेद के कॉलेज खुलने लगे हैं, कतिपय यूनिवर्सिटियों में भी आयुर्वेद को स्थान मिला है। इससे आशा है कि अब यह शास्त्र आजकल की अवनत दशा में अधिक दिन नहीं रहेगा।

बन्धुओं! भारतवर्ष में जहाँ-तहाँ आवश्यकता है। आयुर्वेद शास्त्र की पाठशालाएँ होनी

चाहिये। उन पाठशालाओं से सम्बन्ध रखनेवाले अस्पताल भी अवश्य होने चाहियें। क्योंकि आयुर्वेद पुस्तक-प्रधान शास्त्र नहीं है किन्तु क्रिया-प्रधान है। इसका यह तात्पर्य कदापि नहीं है कि पुस्तक का ज्ञान सर्वथा व्यर्थ है, तात्पर्य केवल इतना ही है कि पुस्तकों में दूसरों के अनुभव लिखे हुये हैं, उन अनुभवों का साक्षात्कार किये जाने की आवश्यकता के विषय में जितना कहा जाय थोड़ा है। औषधालय में सब प्रकार के बीमारों को देखने का अवसर विद्यार्थियों को मिल जाता है जिससे उनका क्रियात्मक अनुभव बढ़ता है। औषधालयों में परीक्षणालय होने चाहियें जिनमें औषध बनाने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव हो सके। क्योंकि चतुर से चतुर मनुष्य भी प्रयोगों में केवल कल्पना से सिद्धहस्त नहीं हो सकता।

हमारे वैद्यक ग्रन्थों का अध्ययन विशेष प्रयत्न के साथ होना चाहिए। ग्रन्थों में बहुत सी ऐसी औषधियों का वर्णन है जिनका परिचय सम्भवतः आजकल वैद्यों को न हो। उन अपरिचित औषधियों को पहिचानना और उनके गुणों को जानना बड़ा कार्य है। बहुत से प्रयोग भी ऐसे अवश्य होंगे जिनको आजकल के समय में किया जाना बन्द हो गया है। उन प्रयोगों का पुनरुद्धार होना चाहिये। इस कार्य में प्रदर्शिनी से बड़ी सहायता मिलती है यह निर्विवाद है। इस सिद्धान्त के अनुसार यहाँ पर भी प्रदर्शिनी का प्रबन्ध किया है। स्थान-स्थान से जड़ी बूटियाँ और औषधियाँ एकत्रित करके प्रदर्शिनी को यथाशक्ति सर्वाङ्ग पूर्ण करने का प्रयत्न किया गया है। प्रदर्शिनी के उद्देश्य का विस्तार होने की अत्यन्त आवश्यकता है। क्योंकि पदार्थों के वास्तविक प्रत्यक्ष ज्ञान और उनके संमिश्रणादि प्रयोगों का आनुभाविक ज्ञान आयुर्वेदीय चिकित्सा-शास्त्र की सफलता का एक प्रधान अङ्ग है।

नई जड़ी बूटियों की खोज भी आयुर्वेद की वृद्धि के लिये की जानी चाहिये। यह कठिन कार्य है। इसके लिये विद्यार्थियों और आचार्य्यों के सङ्ग जङ्गल और पहाड़ों में भ्रमण करे। ग्रामवासियों के पास जो अलिखित ज्ञान है वह प्राप्त किया जा सकता है। जहाँ पर वैद्यों की पहुँच नहीं है, अथवा जिस स्थान के मनुष्य वैद्यों के पास नहीं पहुँच सकते, वहाँ पर मनुष्यों के स्वास्थ्य की रक्षा कैसे होती है, वे क्या उपाय करते हैं, कैसी औषधियों का प्रयोग करते हैं, उनका कब-कब क्या-क्या फल होता रहा है, यह सब कुछ मेरी सम्मति में संग्रह करने योग्य है। बहुत संभव है कई नवीन बातों का पता चले, जो पुस्तकों में नहीं है।

आयुर्वेद सर्वसाधारण के लिये पहिले से ही सुलभ है, परन्तु वास्तव में पूर्ण लोकोपकारक करने के लिये इसको और भी सुलभ बनाना चाहिये। हमारे देश में जनता की आर्थिक स्थिति, सब जानते और मानते हैं कि, संतोषजनक नहीं है उनके लिये यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि अधिक व्यय का पदार्थ बहुत दुर्लभ होगा। जहाँ पर मुफ्त में अथवा सस्ती औषध मिल सके ऐसे स्थान बहु होने चाहियें। इसके लिये धनिकों की विशेष सहायता की आवश्यकता है। सन्तोष का स्थान है कि हमारे कई धनकुबेरों ने अपने निज के व्यय से ऐसे औषधालय खोल रखे हैं। आशा है इस दिशा में और भी उद्योग होगा। एतद्देशीय चिकित्साप्रणाली का सर्वसाधारण में प्रचार होने से बड़ा लाभ होगा।

महानुभावों! आजकल विज्ञान का युग है और विज्ञान स्थिर नहीं है, इसकी वृद्धि उत्तरोत्तर सर्वत्र हो रही है। इसलिये आयुर्वेद के आचार्यों को चाहिये कि वे चिकित्सा-संसार के साथ पूर्ण संसर्ग रक्खें। कहाँ क्या-क्या विलक्षण आविष्कार हो रहे हैं, इससे परिचय प्राप्त करें। अंग्रेजी भाषा द्वारा डाक्टरी विद्या के ग्रन्थों का परिशीलन करें। "सर्जरी" के ग्रन्थों से

देखकर अपने यहाँ की शल्य-क्रिया को आवश्यकतानुसार संशोधित और परिवर्धित करें। मेरे विचार से पार्थक्यदोष शास्त्रोन्नति के मार्ग में बड़ा बाधक होता है। अपने पास अच्छा हो तो दूसरों को देना चाहिये, दूसरों के पास अच्छा हो तो लेना चाहिये, जैसे मैंने कहा यह सोचना कि हमारी विद्या उत्कृष्ट है, दूसरों की नहीं, सर्वथा वृथा और अनिष्टकारक है। विद्या सब एक है और परस्पर के हार्दिक संयोग से उसकी सर्वाङ्ग वृद्धि होनी चाहिये।

उदारचरित सज्जनों! मुझको और कुछ विशेष अब नहीं कहना है। विद्योन्नति के लिये निःस्वार्थ भाव और त्याग की आवश्यकता है। केवल धन के लोभ से विद्योपार्जन के लिये जो उद्योग होगा वह पूर्णतया सफल नहीं हो सकता। धनोपार्जन भी अनुषङ्गिक फल हो सकता है। परंतु विद्या तो विद्या के लिये ही होनी चाहिये, इस भाव को अङ्गीकार करनेवाले विद्यार्थी होंगे तब आयुर्वेद की उन्नति में कोई सन्देह नहीं रह जायगा। ऐसी परिस्थिति बनाई जानी चाहिये जिसमें विद्यार्थियों में विद्यालाभ का नशा पैदा हो जाय। दूसरे देशों में भी यही होता है, समाज ऐसे निःस्वार्थ महात्माओं की सहायता करता है। भारतवासियों का तो यह सहज गुण है, उनको यह भाव दूसरों से सीखने की अपेक्षा नहीं है।

इस सम्मेलन से विचारशील जनता को बड़ी आशायें हैं। उन आशाओं की पूर्ति होनी चाहिए। बड़े परिश्रम से और व्यय से ऐसे अवसर सुलभ होते हैं। इनमें सदा कुछ न कुछ मार्के की बात होती रहनी चाहिए। पारस्परिक समागम और वार्तालाप से जीवनसञ्चार अवश्य होता है और कुछ न कुछ लाभ तो होता ही है परन्तु हमारे लिये ये आनुषङ्गिक लाभ ही पर्याप्त नहीं होना चाहिये। शास्त्रोन्नति के लिये यह सम्मेलन होता है, यह कैसे सफल हो इसका उपाय सोचना आप जैसे प्रकाण्ड पण्डितों का कार्य है। हम साधारण जन भी आप महानुभावों की सेवा के लिये तत्पर हैं। कोई ऐसा मार्ग निकाला जाय जिससे हमारे इस प्राचीन शास्त्र की चिरस्थायिनी सेवा हो, इस शास्त्र का विशेष प्रचार हो और उसकी वृद्धि हो। जिन विद्वानों ने शास्त्र का मथन किया है और जिनका अनुभव है उनके लिये ऐसे उपाय सोच निकालना कोई कठिन कार्य नहीं है।

अब, अन्त में, मैं आप लोगों को स्वागतसमिति की ओर से तथा अपनी ओर से अनेक हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। हमसे आप महानुभावों की कुछ सेवा-सुश्रूषा का प्रबन्ध नहीं बना, इसके लिये आप हमको क्षमा कीजियेगा। भगवान् आपका उद्योग सफल करे, और इसी प्रकार प्रति वर्ष सम्मेलन होकर जनता को परामर्श करने का सुअवसर मिलता रहे, यही हमारी आन्तरिक प्रार्थना है।

॥ शुभम् ॥

॥ श्री धन्वन्तरिर्विजयते ॥

निखिल भारतीय २२ वें आयुर्वेदिक सम्मेलन ग्वालियर, स्वागत-समिति के अध्यक्ष

डॉक्टर यशवंत गोविन्द आपटे,

बी० ए०, एल० एम० एस० का

भाषण

आयुर्वेद प्रेमी उपस्थित सज्जनवृन्द—

(१) ग्वालियर राज्य के होम मेंबर, श्रीमंत खासे साहब पवार ने अपने प्रस्ताविक भाषा में आपका हार्दिक स्वागत करके इस २२ वें निखिल भारतीय आयुर्वेदिक सम्मेलन के कार्य का प्रारंभ किया है। इस हार्दिक स्वागत से आपको अवश्य संतोष हुआ होगा। स्वागत समिति को होममेंबर साहेब की आज्ञा थी कि संमेलन का निमंत्रण स्वीकार कर आप दूर-दूर से यहाँ पधारे हैं इसलिये आपका ग्वालियर का अल्प निवास सुखकारी होवे ऐसा प्रबंध किया जावे। इस आज्ञानुसार स्वागत समिती ने जो-जो प्रयत्न करने का था वह किया है। तथापि बहुत संभव है कि कई त्रुटियाँ रही होंगी, और आपको कष्ट हुआ होगा। स्वागत-समिती की ओर से मैं आपको इतना ही विज्ञप्ति करता हूँ कि 'क्षम्यताम्'।

अब आप जिस कार्य के लिये उपस्थित हुवे हैं उसको प्रारंभ करेंगे, ऐसे समय उक्त कार्य संबंधी कुछ अल्प मति के विचार आपके सम्मुख रखने की धृष्टता करता हूँ।

(२) आयुर्वेद का प्राचीन इतिहास आपको ज्ञात है। वह समय था कि आयुर्वेद की अष्टांग-चिकित्सा इतर देशों के तुलना में बहुत आगे बढ़ी हुई थी। शवच्छेदन से शरीर-ज्ञान भली भाँति हो जाता था। इस कारण शस्त्र-क्रिया उत्तम प्रकार हो सकती थी। आयुर्वेद का पहिला ही विभाग शल्य-तंत्र है। इस देश में सर्व प्रकार की वनस्पतियाँ उत्पन्न होती हैं। अनुभव से काय-चिकित्सा में विविध रोगों पर उनका प्रयोग किया जाता था, और ऐसे अनुभव पर विद्वान लोगों के परिषदों में चर्चा होकर सर्व मान्य अनुभव विविध ग्रंथों में एकत्रित किये जाते थे। यह ग्रंथ भाषांतर होकर पश्चिम के देशों में—अरबस्थान में व ग्रीस में—गये। वहाँ उनके अंग-प्रत्यंगों का देश-काल-स्थित्यनुसार परिवर्तन हुआ। कई विभागों का विशेष रूप से विकास हुआ। यह सब आयुर्वेद का ही विस्तार समझना चाहिये। आयुर्वेद के ही तत्वों का व शिक्षा का वह परिणत स्वरूप है। इस कारण जब आप आयुर्वेद के पुनरुन्नति का प्रयत्न करते हैं, तब ऐसे परदेशस्थ आयुर्वेद के उन्नत स्वरूप के ज्ञान से आपको वंचित नहीं रहना चाहिये। 'बालादपि सुभाषितं ग्राह्यम्'—'गुणिषु न च लिंगं नच वयः' इत्यादि वाक्यों से ज्ञान ग्रहण करने के लिये कोई भी देश, काल, जाति वर्ज्य नहीं है। विशेषतः जब पाश्चात्य वैद्यक भारतीय आयुर्वेद से वृद्धिंगत हुवा है, तब यहाँ के देश-काल

स्थित्यनुसार उसका जो भाग ग्रहणीय हो उसका प्रतिग्रह करने में कुछ भी संदेह होने की आवश्यकता नहीं है।

(३) कालांतर में आयुर्वेद का शस्त्रक्रिया का भाग आर्यावर्त में ही लुप्त हुआ। शस्त्र क्रिया में होने वाला रक्तमांसादि का अनिवार्य स्पर्श अहिंसा मत-वालों को असह्य हुवा। शरीर के विज्ञान के लिये शवच्छेदन आवश्यक था उससे लोगों का चित्त हटा। इस प्रकार शारीर-विज्ञान व शस्त्रक्रिया दोनों से पराङ्मुखता हुई। औषधि का उपयोग व चिकित्सा की इतर क्रिया इन पर ही शास्त्रज्ञों का विशेष विश्वास होने लगा। शरीर के जिस विकृत क्रिया से रोग की उत्पत्ति हुई हो उसी विकृत क्रिया को पलट कर एक एक अंश उलट कराने से रोग स्थिति हटनी चाहिये यह तत्वतः भी सत्य है।

(४) शस्त्रक्रिया सचमुच रोग की चिकित्सा ही नहीं है। रोग के परिणाम उससे हट सकते हैं, रोग के कारण नहीं हटाये जाते। मूत्राशय में मूत्राश्मरी होने से जो पीडा होती है वह अश्मरी को निकालने से दूर होता है, परंतु शरीर के जिस विकृति से अश्मरी उत्पन्न हुई हो वह विकृति अश्मरी को शस्त्रक्रिया से निकाल देने से जाती नहीं है।

रोग का परिणाम भी न हटाते हुवे रोगी का व्यंग, शस्त्रक्रिया से अंश में दूर हो सकता है, जैसा कि Corneal opacity में Iridectomy करने से; या कठिन स्थिति से छुटकारा हो सकता है जैसा कि Pelvic deformity में Coeserian Section से गर्भविमोचन। इस प्रकार जहाँ चिकित्सा कुंठित होती है वहाँ शस्त्रक्रिया की सहायता बहुमूल्य होती है। 'Surgery comes in when Medicine despairs.' चिकित्सा में जब ऐसी स्थिति प्राप्त होती है कि शास्त्रक्रिया से ही रोगी के प्राण अथवा अतीव कष्ट बच सकते हैं, तब शस्त्रक्रिया आवश्यक होती है। परंतु यह सब मान लेने पर भी शस्त्रक्रिया का क्षेत्र मर्यादित है। पाश्चात्य देशों में अवश्य से अधिक शस्त्रक्रिया का उपयोग होता है ऐसा उधर के ही पंडितों का अभिप्राय हो रहा है।

यह स्थिति इस देश में नहीं होगी, क्योंकि शस्त्रक्रिया के बहुत से कार्य शस्त्र बिना इतर क्रिया से हो सकते हैं ऐसा आयुर्वेद का अनुभव है।

(५) जिस प्रकार एक व्यक्ति की रोगचिकित्सा में निःशस्त्र उपायों का अवलंब ही आयुर्वेद को विशेष संमत है, ठीक उसी प्रकार प्राचीन आयुर्वेद प्रवीण ऋषि तुल्य महात्मा की शिक्षानुसार देश के विराट पुरुष के राजकीय रोग-चिकित्सा में भी निःशस्त्रता का ही अवलंबन करने के बावत आर्यावर्त का दृढ निश्चय हुआ है यह आप आजकल देख रहे हैं, इस नवीन चिकित्सा-पद्धति को यश प्राप्त होने पर सर्व संसार के राजकीय आंदोलन में परिवर्तन होगा। इस कारण सर्व जगत का ध्यान इस देश की ओर आकर्षित हुआ है।

(६) शस्त्रक्रिया के अलावा कई उत्तम गुणकारी औषधियों का संग्रह पाश्चात्य वैद्यक में है। आर्यावर्त संपूर्ण जगत का एक छोटा सा नमूना है, संपूर्ण जगत के औषधि के प्रतिनिधि प्रायः यहाँ मिलते हैं। परंतु पाश्चात्यों ने खनिज पदार्थ, वनस्पति, व प्राणी मात्र एवम् संपूर्ण सृष्ट पदार्थों से अपनी रसायन विद्या के ज्ञान द्वारा जो नये नये पदार्थ निर्माण किये हैं उनका भी परिचय आयुर्वेद को कर लेना चाहिये। यह प्रथा पहले से ही चली आ रही है। देश के बाहर के पदार्थों का गुण-वर्णन आयुर्वेद में मिलता है। आजकल की परिस्थिति में पाश्चात्य वैद्यक जिन नये नये पदार्थों का उपयोग करता है, उसके गुणावगुण एवम् किस रोगी अवस्था

में उनका विशेष प्रभाव ज्ञात हो सकता है, यह जान कर उनको अपने निघंटु में समाविष्ट करके उनसे लाभ उठाना चाहिये।

'तदेव युक्तं भेषज्यं यदारोग्याय कल्पते' यह आयुर्वेद का महामंत्र है। ब्रिटिश फार्माकोपिया ने—Indian Addendum—हिंदुस्थानी औषधि का परिशिष्ट जोड़ने में लज्जा नहीं मानी। उसी के अनुसार अपने बृहन्निघंटु को पाश्चात्य औषधि का परिशिष्ट जोड़ने में हमको कोई संदेह नहीं होना चाहिये। पाश्चात्यों की बहुमूल्य औषधि अपने देश में बनाकर उनका उपयोग किया जाय तो उससे एक से अधिक लाभ होंगे। हिंदुस्थान के कई कारखानदारों ने ऐसी औषधि बनाने कार्य का प्रारंभ किया है। इस कारण वह अपने देश की ही औषधि समझनी चाहिये।

(७) रासायन रीत्या नव निर्मित शुद्ध औषधि का उपयोग करने में यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिये कि यह औषधि प्रायः तीव्र गुणों की होती हैं, विष समान है। उनके उपयोग में विशेष सावधानी रखनी चाहिये। बालक के हाथ में शस्त्र, एवम् ऐसी औषधि अपूर्णविद्य चिकित्सक के हाथ में होगी। ऐसे ही सुरक्षिता के विचार से आयुर्वदीय चिकित्सा में प्रायः सौम्य काष्ठौषधि का ही विशेष प्रमाण में उपयोग होता है। पाश्चात्य वैद्यक में थोड़ा ही समय हुआ है कि निरिंद्रिय पदार्थों की अपेक्षा सेंद्रिय पदार्थों के रसायन मिश्रण से ही औषधि का उपयोग विशेष हितकर समझा जाने लगा है, जैसा आयुर्वद में पहिले ही से प्रचार में है। परंतु तीव्र रोगों में तीव्र गुणों के औषधि की भी आवश्यकता होती है। आयुर्वद निघंटु की यह न्यूनता इन नई औषधियों से पूरी हो जावेगी।

(८) परदेशी औषधियों को अपने निघंटु में समाविष्ट करने के पूर्व अपने निघंटु का संशोधन कर लेना भी आवश्यक है। वह इस कारण कि जो औषधि विशेष गुणकारी हों उन्हीं का उपयोग होता रहे। मध्यम वा कनिष्ट गुणों की औषधि कम की जावे। वैसे तो 'नास्ति मूलं अनौषधम्'—हर वस्तु का औषधि में उपयोग हो सकता है। परंतु मानव-बुद्धि मर्यादित होने से सर्व औषधि का विशेष अभ्यास व उनका यथोचित उपयोग हो नहीं सकता। इस कारण जो विशेष गुणकारी हों उन्हीं को चुन चुन के थोड़ी परंतु अत्यंत व निश्चित प्रभावशाली औषधि उपयोग में रहना अधिकांश में सुभीते का होगा।

वैद्यक ग्रंथों में बहुत बड़ा संख्या में औषधि का वर्णन है। उसकी आवश्यकता इस कारण थी कि विशेष प्रभावशाली औषधि सर्व स्थान पर प्राप्त होना असंभव था, उनके अप्राप्त स्थिति में उनके प्रतिनिधि ज्ञात होना आवश्यक था। अब वह कठिनता नहीं है। व्यवहार के मार्ग सुकर हो गये हैं, उत्तर देश का औषधि द्रव्य दक्षिण देश में सुलभता से मिल सकता है। इस कारण ऐसे हीनबल प्रतिनिधि औषधि का वर्ग निखिल भारतीय निघंटु में रखने की आवश्यकता नहीं। आवश्यक हो तो प्रांतीय निघंटु में वह रहे। 'यस्य देशस्य यज्जंतु तजं तस्यौषधं हितम्' यह सत्य है परंतु व्यवहार के लिये अपने देश की मर्यादा अब 'गोदायाः दक्षिणे तीरे' अथवा 'नर्मदायाः उत्तरे तीरे' ऐसी न रहकर आसेतुहिमाचल हो गई है, जैसे कि इस समेलन से ही निर्दर्शित होता है। इतना ही नहीं, परंतु नवखंड पृथ्वी को वैद्यक शास्त्रदृष्या एक देश ही समझने का प्रसंग आ रहा है।

(९) जैसा निघंटु का, वैसा ही इतर ग्रंथों का भी संशोधन आवश्यक है। कई ग्रंथ कालवशात् लुप्त हो गये हैं, अथवा उनके अंश ऐसे विकृत रूप में उपस्थित हैं कि वे आज

दुर्बोध से हैं। 'शरीरे सुश्रुतो श्रेष्ठः' इस उक्ति की जिस ग्रंथ की श्रेष्ठता, उसी को 'शारीरे सुश्रुतो नष्टः' यह लांछन लगने का प्रसंग प्राप्त हुआ है। यदि चेत् पूर्ण ग्रंथ अप्राप्य हो गया हो तो वह पाश्चात्य वैद्यक की सहायता से पुनः नवरूप में लिखना ही योग्य होगा। ऐसा एक अपूर्व प्रयत्न अपने मान्यवर डॉ० गणनाथ सरस्वती महोदय ने किया है, जिसकी प्रशंसा समस्त जगत् में हुई है। उनके अन्य दूसरे ग्रंथ इसी प्रकार मुद्रित हो रहे हैं। ऐसे ग्रंथ के पारिभाषिक शब्दों के सम्बन्ध में कुछ अंश में मतभेद होना संभव है। परंतु सरल बुद्धि के शंका-प्रत्युत्तर रीति से समाकरण हो सकता है।

(१०) बहुश लुप्त ग्रन्थों का पुनर्रचना आवश्यक है। उसी प्रकार, परन्तु भिन्न कारण से संपूर्ण प्राप्य ग्रन्थों का भी विस्तरण आवश्यक है। पुराने ग्रन्थ हस्त लिखित होने से कंठगत करने के लिए सूत्ररूप में रचित हैं, इस कारण कई स्थानों में वह दुर्बोध हैं, ऐसे स्थानों के अर्थ के संबध में चर्चा होकर जो भाव सर्वमान्य हो उसको सूत्र के विस्तरण रूप में लिखना आवश्यक है। ऐसे दुर्बोध स्थानों के कारण पुराने ग्रंथ के कई तत्व चिंत्य समझे जाते हैं।

(११) संस्कृत भाषा में ऐसी नई ग्रन्थ-रचना करने के लिये विशेष भाषा-प्रभुत्व आवश्यक है। परंतु आयुर्वेदिक ग्रन्थों की विषयवार पुनर्रचना करने में कठिनाई नहीं है। आयुर्वेद विद्यालयों के अध्यापकों को अपने विद्यार्थी को एक ग्रन्थ समझाने में दूसरे ग्रन्थों से अवतरण लेकर टिप्पणियाँ करनी ही पड़ती होंगी। उनकी सहायता से विविध ग्रन्थों में बिखरे हुवे विचार विषयवार एकत्रित करने से विषयवार नये ग्रन्थ करना सुलभ होगा। ऐसे ग्रन्थों से पूर्वकालीन ग्रन्थकारों के मतांतर भी ठीक प्रकार दृश्य होंगे और उनके साथ पाश्चात्य ग्रन्थों के विचार की तुलना हो सकेगी।

(१२) ऐसा तुलनात्मक विचार करने के लिये वैद्यों को अंग्रेजी भाषा ज्ञान होने की आवश्यकता है। पाश्चात्य ग्रन्थों के अवलोकन के लिये जैसी आवश्यकता है वैसी ही आजकल वैद्यक के राजकीय स्वरूप में जो आंदोलन हो रहा है उससे, आयुर्वेद की प्रगति को सहायता न होती हो तो कम से कम विरोध तो न हो, इस कारण उक्त आंदोलन का स्वरूप ठीक प्रकार समझने के लिये वैद्यों को अंग्रेजी भाषा से परिचित रहना चाहिये। हिंदुस्थान में वैद्यों के मेडिकल सर्टिफिकेट को राजमान्यता नहीं है। ऑल इन्डिया जेनरल कौंसिल स्थापित होने की चर्चा हो रही है उसमें वैद्यों को कोई भी स्थान मिलने का संभव नहीं है। Drugs Enquiry Committee की रिपोर्ट अभी हाल में प्रकाशित हुई है। उसके कार्य से आयुर्वेदीय वैद्यक का घनिष्ट संबंध आ सकता है। Indian Pharmacopœa बनाने की सूचना हुई है उसमें वैद्यों की उत्तम प्रकार सहायता हो सकती है। वैद्यों के आसव व अरिष्ट बनाने में Excise Act के विरुद्ध क्रिया होती है या नहीं यह प्रश्न उपस्थित किया गया है। ऐसे समय प्रचलित राजनीति से भी वैद्यों को परिचय होने की आवश्यकता है। स्वाय्यत्ता पूर्ण स्वराज्य होने पर भी उसकी आवश्यकता रहेगी। आगामी काल के स्वराज्य में आयुर्वेद की उन्नति की तयारी का प्रारंभ आज करने का समय प्राप्त हो गया है।

(१३) इस सभा में बहुतांश में वैद्यों की उपस्थिति होने से उनको वैद्यक के अतिरिक्त किन दूसरी बातों से परिचित होना चाहिये इसका मैंने उल्लेख किया है। पाश्चात्य डॉक्टरों का सम्मेलन होता तो उसमें उनको संस्कृत भाषा का विशेष ज्ञान संपादन करने की तथा ग्रन्थों का भावार्थ ठीक प्रकार समझने के लिये अन्य शास्त्रों से परिचित होने की आव-

इयकता का मैं प्रतिपादन करता। कारण इसके अभाव से आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों का भावार्थ ठीक प्रकार ज्ञात न होकर उपहास बुद्धि से उसके तत्वों की आलोचना होती है। वैद्यों का उपहास डाक्टर करेंगे तो डॉक्टरों का उपहास वैद्यों को करने को भी बहुत कुछ जगह है। पाश्चात्य वैद्यक में भी बहुत सा अनर्थ-पांडित्य है। परन्तु ऐसी उपहासवृत्ति शास्त्रज्ञों को उचित नहीं है। अस्तु।

(१४) शरीर के स्वस्थ-स्थिति में जिह्वालौल्य के कारण अनेक रसों के पदार्थ एकत्रित करके अभिनव पकान्न मनुष्य तयार करता है। परंतु शरीर के रोगी स्थिति के सुधार के लिये औषधि-द्रव्य जितने थोड़े और निश्चित प्रभावी होंगे उतना चिकित्सा-प्रयोग अधिक यशस्वी होगा। शरीर के जीवन-क्रिया का ज्ञान अपूर्ण है। उस पर औषधि के परिमाण किस प्रकार होते हैं इसका ज्ञान और भी अपूर्ण है। इस स्थिति में दस बीस पदार्थ, एकत्रित करके उनका प्रयोग रोगी के शरीर पर करने से किस द्रव्य का क्या परिणाम हुवा यह ज्ञात होना असंभव है।

इस विचार से पाश्चात्य वैद्यक में एक मत ऐसा प्रस्तुत हुआ है कि रोगी के उपचार में एक समय एक ही औषधि का प्रयोग किया जावे। उसी के साथ औषधि के परिणाम मात्रा-भेद से विविध होते हैं, यह जानकर सूक्ष्म मात्रा का ही एक उपयोग किया जाता है मात्रा भेद का परिणाम विभिन्न होता है यह रोज का अनुभव है। मृदु स्पर्श से जो संवेदना होती है वह कठोर आघात से बहुत ही विभिन्न होती है। परन्तु आश्चर्य यह है कि ऐसे कठोर आघात के दुष्परिणाम को मृदु मर्दन उत्तम रीति से दूर भी कर सकता है। ऐसे अनुभव पर होमिओपॅथी का मत प्रस्थापित है। आयुर्वेद के तत्वों में सर्व प्रकार के चिकित्सा पद्धति का निदर्शन है। होमिओपॅथी का भी मूल उसमें है।

(१५) होमिओपॅथी एक मूल तत्व पर कटिबद्ध है। इससे उसके चिकित्सा में विशेष परिवर्तन नहीं होता है परन्तु ॲलोपॅथी में एक साल का आविष्कार दूसरे साल पीछे पड़ जाता है। Venesection, Blistering, Injections Hypodermic, intramuscular, intravenous, intraspinal, Alkaloidal medication, Colloidals Opsonin, Antitoxins, Autovaccines, Organ-therapy, Hormones therapy, Vitamins इत्यादि प्रकार प्रचलित हो कर पीछे पड़े हैं और कल कौन सा नवमत प्रस्थापित होगा इसकी अपेक्षा की जाती है। इसका कारण यह है कि ॲलोपॅथिक औषधि तयार करने में बहुतांश में व्यापारी-पद्धति का अवलंबन होता है। रोज नये वस्तु का डंका बजाकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

डॉक्टरों के धंधे पर भी ट्रेड यूनियन के स्वरूप की अनुचित छाया पड़ रही है। वैद्यों को चाहिये कि इस उदाहरण का परिणाम अपनी वैद्यक्रिया पर न होने दें।

वास्तव में सर्व मतमतांतरों में कुछ सत्य है। विशेष आश्चर्य है कि इसमें से बहुत से मतों को आयुर्वेद शिक्षा में पुष्टि मिलती है। इस कारण इन नवमतों का परिचय कर लेना आयुर्वेद उपासक को कठिन न होकर उपयोगी होगा। उससे आयुर्वेद के तत्वों पर विश्वास अधिक दृढमूल होगा।

(१६) सर्व चिकित्सा का उद्देश्य रोग-निवारण है। और इसी कारण 'स एव भिषजां श्रेष्ठो रोगेभ्यो यः प्रमोचयेत्' यह वचन है।

आयुर्वेद की यह घोषणा ऐसी है कि जो आपको हर एक चिकित्सा-पद्धति का परिचय करने को निमंत्रण करती है, और इनके अनुभव को अपनाये जाकर रोग-निवारण में उनका यथोचित उपयोग करने को अधिकार प्रदान करती है। रोग-निवारण के विचार आप पर भाव-लुस होकर सर्व-सृष्टि के विविध पदार्थों का व उपायों का अवलंबन करना अपना श्रेष्ठ कर्तव्य हो जाता है।

(१७) ग्वालियर में सरकारी ॲलोपॅथिक अस्पताल व डिस्पेन्सरीज होते हुये, यहाँ के म्युनिसिपालिटी ने नगरवासियों के रोगचिकित्सा के लिये आयुर्वैदिक डिस्पेन्सरी आज कई वर्षों से खोली है। आरम्भ में उसका कार्य कै. रामकृष्ण वेणीमाधवाचार्य ने उत्तम रीति से यशस्वी कर बताया और उनके पश्चात उनके सुपुत्र पंडित रामेश्वर शास्त्री जी चला रहे हैं। कै. श्रीमंत माधवराव महाराज ने सरकारी मेडिकल विभाग से उसको आर्थिक सहायता दी। उसका उपयोग देखकर ऐसे आयुर्वैदिक छोटे-मोटे दवाखाने इस राज्य में और २५ जगह खोले गये हैं और सरकारी दवाखानों में भी देशी औषधियों का उपयोग होता है। कच्ची औषधियाँ और सिद्ध औषधियाँ लोगों को बिना कष्ट और विश्वस्त रूप में मिलने के लिये यहाँ एक बड़ा औषधि-संग्रह आयुर्वैदिक ॲंड यूनानी फार्मेसी में रखा है। इस फार्मेसी को आरंभ से पंडित गणेशदत्त शास्त्रीजी, व्याख्यान वाचस्पति, ने नितान्त परिश्रम से उन्नत अवस्था को लाये। शास्त्रीजी खुद वैद्य न होते हुवे भी आयुर्वेद औषधि-क्रिया का विशेष अभ्यास किया, जंगलों में घूमकर आयुर्वेद-वर्णित सच्ची वनस्पति एकत्रित की और विश्वसनीय रीति से सर्वमान्य पाठानुसार सिद्ध औषधि तयार कर रखी। शास्त्री जी अब इस कार्य से निवृत्त हुये हैं और फार्मेसी की व्यवस्था पंडित रामेश्वर शास्त्री देखते हैं।

पंडित रामेश्वर शास्त्री जी के अधिपतित्व में यहाँ आयुर्वेद विद्यालय भी है, जहाँ से कई विद्यार्थी विशारद परीक्षा में और एक आचार्य की परीक्षा में उत्तीर्ण हुये हैं।

मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप समयानुसार इन स्थानिक आयुर्वेद संस्थाओं का निरीक्षण करके उनके सुधार के बाबत अपनी अनुभविक सूचना का लाभ दें।

आपका अधिक समय न ले कर आपको सूचित करता हूँ कि आप अपना नियोजित कार्य का आरंभ करें।

निखिल भारतवर्षीय २३ वें वैद्यसम्मेलन बीकानेर के प्रदर्शनोद्घाटन के अवसर पर

महाराजा सर भैरूँसिंहजी बहादुर का

भाषण

ठीक समयपर महाराज सर भैरूँसिंहजी की सवारी भी पधार गई थी। आपका सबने उठकर सम्मान किया। पुष्पहारादिसंमान के अनन्तर महाराज ने अपना भाषण पढ़ा जिसका सरांश यह था कि—

"आप दूर-दूर से हमारी इस बीकानेर राजधानी में आयुर्वेदोद्धारार्थ पधारे हैं। इसकी मुझे बड़ी भारी प्रसन्नता है। मैं आपका हृदय से स्वागत करता हूँ। सज्जनों, एक हमारी प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति ही है जो आजके वैज्ञानिक युग की चकाचौंध में टिक रही है। यही आयुर्वेद की परम वैज्ञानिकता या सत्यता का सबूत है। इतना ही नहीं, आयुर्वेदपद्धति ही एक ऐसी है जो गरीबों से लेकर अमीरों तक समान उपकार करती है और सब पद्धतियों से बहुत सस्ती है। जहाँ का जन्मा हुआ प्राणी होता है वहाँ की उत्पन्न औषधि उसके लिए हितकारी है। इस प्रकार विचार करके ही हमारी बीकानेर गवर्नमेन्ट ने सन् १९२८ ई० में एक कमेटी कायम की। उसकी सिफारिशों के अनुसार राज्य के कई ग्रामों में "आयुर्वेद औषधालय" खोले गये। बीकानेर गवर्नमेण्ट सुभीते के अनुसार फिर इस विषयपर विचार करेगी।"

सम्मेलनोद्घाटन के समय

लेफ्टिनेण्ट-जेनरल हिज हाइनेस महाराजा साहिब बीकानेर, जी० सी० एस० आई०, जी० सी० आई० ई०, जी० सी० वी० ओ०, जी० बी० ई०, के० सी० बी०, ए०-डी०-सी०, एल-एल० डी०, की ओर से बीकानेर में दिसम्बर, सन् १९३२, में होनेवाले अखिल भारतवर्षीय २३ वें वैद्यसम्मेलन के प्रति —

बीकानेर-नरेश का सन्देश

१. मुझे खेद है कि, अस्वस्थता के कारण, मैं अखिल भारतवर्षीय वैद्यसम्मेलन के इस २३ वें अधिवेशन को खोलने से वंचित रहा। किन्तु अपनी राजधानी में आप लोगों के स्वागत का यह सन्देश अपने भाई महाराज श्री भैरूँसिंहजी बहादुर के द्वारा भेजने में मुझे वास्तविक आनन्द होता है।

२. यद्यपि पाश्चात्य चिकित्सा-शास्त्र में, विशेषतः सरजरी (शल्य-क्रिया) पैथोलॉजी और केमिस्ट्री (रसायन-शास्त्र) में आश्चर्यजनक उन्नति और सफलता हो चुकी है फिर भी इसमें कोई सन्देह नहीं कि कई बड़ी अड़चनों के होते हुए भी अपनी प्राचीन संस्कृति के और रोगों से पीड़ित जनता के सौभाग्य से अब भी कई चमत्कारिक गुण दिखलाने वाली जड़ी बूटियाँ, औषधियाँ और बहुमूल्य आयुर्वेदिक नुस्खे विद्यमान हैं जिनको मैं अपने निज के अनुभव से कृतज्ञतापूर्वक प्रमाणित कर सकता हूँ, और यह ज्ञान की पुरातन ज्योति अब तक जगमगाती रही है जिसका श्रेय प्रधानतः आप जैसे महाशयों को ही है।

३. आप भारत के भिन्न-भिन्न भागों से दूर-दूर से आये हैं, यही इस बात का प्रमाण है कि आप आयुर्वेद की प्राचीन विद्या के पुनरुद्धार और उन्नति में कितने दत्तचित्त एवं तत्पर है और आप लोगों ने आयुर्वेद की और विशेषतः उसके निराले गुणों को देश के संपूर्ण भागों में प्रकट करने की आवश्यकता का अनुभव किया है। और इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये स्थान-स्थान पर सम्मेलन और सभाएँ करने की प्रथा को अंगीकार किया है। यह प्रथा भी हमारी प्राचीन संस्कृति के लिये नई नहीं है।

४ प्राचीन सिद्धान्तों को सिद्ध करने के लिये आपका नवीन पद्धतियों को अपनाना पूर्णतया उपयुक्त है। हमारी समस्त प्राचीन विद्याओं में यह एक महान् गुण है कि वे सनातन हैं और सर्वत्र एवं सर्वदा उपयुक्त हैं। इतनी बात अवश्य है कि देश और काल के अनुसार उनका उपयोग भिन्न-भिन्न रीति से होता है, और इसी में भावी सन्तति की चतुराई है। इसी में प्राचीन औषधि-विज्ञान के सम्बन्ध में आपकी जानकारी और उसमें आपके गति के लिये काफी गुंजायश है। यदि मैं कुछ कहने का साहस करूँ तो आपसे अनुरोध करूंगा कि प्राचीन तथा नवीन, प्राच्य एवं पाश्चात्य, विज्ञान की समस्त अच्छी-अच्छी बातों को लेकर उनको एकत्र करने के लिये आवश्यकता है कि आप अपने साधारण वैद्य समाज के हृदय पर पाश्चात्य विज्ञान की लेबोरेटरी मेथड अर्थात् प्रयोग शैली पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को अंकित कर दें और इस बात पर अधिक जोर दें कि वे लोग मानवशरीर-विज्ञान (anatomy) और निदान के नवीन साधनों का अधिक गहरा और विस्तृत ज्ञान प्राप्त करें। और यह भी आवश्यकता प्रतीत होती है कि पुस्तकीय ज्ञान-प्रयोगों को कठिन कसौटी पर कसा जाय।

५. मुझे विश्वास है कि आप इस बात से सहमत होंगे कि यदि इस प्रयोग में खाद के रूप में कुछ थोड़ा-सा हिस्सा जलने भी दिया जाय तो कोई चिन्ता नहीं, क्योंकि उसके बाद जो कुछ बच रहेगा वह खालिस सोना होगा जो अग्नि में तप कर और भी अधिक उज्ज्वल होगा।

६. मैं आशा करता हूँ कि मुझे स्वास्थ्य लाभ होने पर आपके सम्मेलन के समाप्त होने के पूर्व आप लोगों से महल में मिल कर प्रसन्नता होगी, और मुझे विश्वास है कि आप यहाँ आराम से और आनन्द पूर्वक रहेंगे, तथा आप मेरी रियासत में आने और बीकानेर में कार्य करने की आनन्दमय स्मृति अपने साथ ले जायँगे।

अन्त में, महाशयों, मेरी अभिलाषा है कि आपका परिश्रम सब भाँति सफल हो, और मैं यह हार्दिक आशा प्रकट करता हूँ कि आपका यहाँ एकत्र होना आयुर्वेद की उन्नति में आपको एकदम और आगे बढ़ायेगा।

निखिलभारतीय चतुर्विंशतितम वैद्यसम्मेलन के स्वागताध्यक्ष

सेठ तेजभान दयाराम आहुजा, बैंकर, मर्चेंट और लैंड लार्ड का

स्वागत-भाषण

श्री मान्यवर प्रोफेसर प्रतापसिंह जी रसायनाचार्य, दूर देश से आये हुए आयुर्वेदीय वैद्यों, सिंध तथा हिंद की देवियो तथा भद्र पुरुषों! ईश्वर की अपार कृपा है कि शिकारपुर नगर में आज यह उत्तम यज्ञ आरम्भ होता है। शिकारपुर में वैद्यों की संख्या न्यून है, तथा वैदिक चिकित्सा का प्रचार नाम मात्र ही है, इस अवस्था में यहाँ आयुर्वेदिक सम्मेलन का होना असम्भव प्रतीत होता था। परन्तु यहाँ तथा सक्खर के वैद्य भाइयों के साहस, शिकारपुर के चुने हुए सार्वजनिक कार्य्य-कर्ताओं के उत्साह, सक्खर और शिकारपुर के दानवीरों की उदारता तथा हमारे धार्मिक नेताओं के आशीर्वाद द्वारा हमें इस उत्सव तथा समारोह के देखने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। पूज्य स्वामी हरिनामदास जी श्री साधुबेला सक्खर तथा पूज्य स्वामी रामदास जी महन्त खटवाली दरबार उत्तरीय सिंध के ज्योतिस्तम्भ हैं। उन्होंने हमें इस सम्मेलन के रचने में बड़ी सहायता दी है। यद्यपि सक्खर शिकारपुर के वैद्य भाइयों, महन्तों, सार्वजनिक सेवकों ने इस सम्मेलन के लिये अत्यंत उत्साह दिखलाया है तथापि यह कहने में अत्युक्ति न होगी कि सम्मेलन के प्राण महाराज सुखरामदास टी. ओझा कराची निवासी हैं। ये वैद्यों में वैद्य, सार्वजनिक सेवकों में सार्वजनिक सेवक, धर्म-गुरुओं में धर्म-गुरू हैं इसलिये उनका प्रभाव सारे सिंध पर है और उन्होंने कष्ट सह कर हमें सहायता की है।

मैं इन भद्र पुरुषों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ इन समस्त वास्तविक कार्यकर्ताओं तथा सम्मेलन के संचालकों ने जो मेरे ऊपर सम्मेलन का बोझ रखा है वह उन्हीं की उदारता तथा महानता का सूचक है। स्वागत-समिति के समूह में मुझसे कई सज्जन अधिक योग्य विद्यमान हैं। कई मुझसे यश तथा कीर्ति में, कई धन और सेवा में, मुझसे अधिक हैं, आयु में भी मुझसे बड़े हैं। मैं आशा करता हूँ कि जो कार्य उन्होंने मेरे ऊपर रखा है उसके पूर्ण करने के लिये वे मेरे सहायक बनेंगे।

हे भारत के रत्नो, वैद्यशास्त्र के निपुण विद्वानों! प्राचीन सभ्यता के प्रचारको! मैं स्वागत-समिति, शिकारपुर तथा सक्खर की ओर से आपका भली प्रकार स्वागत करता हूँ आपके पधारने से हमारे नगर की शोभा हुई है, हमारे प्रांत का मान हुआ है दूर-दूर की यात्रा का कष्ट सहकर इस शीत ऋतु में हमारे नगर में आये हैं। इसलिये मैं आपका जितना कृतज्ञ बनूँ वह थोड़ा है। आपकी सेवा के लिये जितना प्रबन्ध करें वह पूर्ण न होगा। आप बड़े नगरों के निवासी हैं आपको प्राचीन तथा अर्वाचीन सब तरह की सुविधायें उपस्थित हैं। इस छोटे

नगर में ये सब सुविधायें उपस्थित करना हमारे लिये कठिन है इसलिये मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि कृपया हमारी त्रुटियों की ओर ध्यान न देकर आयुर्वेद के प्रचार के उत्साह में तथा मनुष्यों के कल्याण की धुन में हमारी कमियां तथा निर्बलताओं का भूल जावें।

हमारे प्रतिष्ठित अतिथियो, हमारे पथ-प्रदर्शकों! आपका इन टूटे-फूटे शब्दों में स्वागत करते हुए मैं प्रचलित पद्धत्यानुसार शिकारपुर नगर का परिचय देना चाहता हूँ!

शिकारपुर नगर सिंध के मुख्य नगरों में से एक है। यह नगर हैदराबाद, सेवन, रोहड़ी की तरह पुराना नहीं है परन्तु इसको बने हुए लगभग २०० वर्ष हुए हैं। शिकारपुर बनने की श्रुति इस प्रकार है।

शिकारपुर का नगर बहादुर खाँ दाऊदपोते ने बनवाया था, यह दाऊद की आठवीं पीढ़ी में से था। दाऊद २०० वर्ष का हो कर मृत्यु का प्राप्त हुआ और ऐसा कहा जाता है कि वह अबासी ख़लाफ़ों की पीढ़ी में से था। उनका एक "अमीर अहमद" नामक ठट्टे नामक गाँव में आया, उनकी पीढ़ी में एक "कलहोड़ा" नामक उत्पन्न हुआ, उनका और दूसरों की आपस में लड़ाई हुई, इसलिये दाऊद उत्तरीय सिंध में चला आया। बहादुर खाँ जिसका उपर्युक्त वर्णन किया गया है उस पर बक्खर के अमीर ने सन्तुष्ट होकर लखी और खानपुर के मध्य का बेला भेट कर दिया, उसी स्थान पर शिकारपुर का नगर बना हुआ है।

जंगल में शिकार बहुत होता था और बहादुर खाँ मृगया का अत्यन्त शौकीन था, परन्तु उबावड़े और लखी का नवाब शेर खाँ मुहार बहादुर खाँ का विरोध करता था इसलिये उनकी लड़ाई हुई, लड़ाई में मुहारों का पराजय और दाऊदों का विजय हुई। दाऊदों के गुरु ने पृथ्वी पर चाकू फेंका और चाकू सीधा खड़ा हो गया इससे दाऊदों ने अनुमान किया कि हमारे गुरु हमें नगर बाँधने के लिये आज्ञा देते हैं। इसलिये जंगल को काट-साफ कर उस स्थान को १०२६ हिजरी अर्थात् १६१७ में शिकारपुर बनाया गया। यह बात हाजी फ़ख़-हल्लाह की स्मृतिपट पर जो (गोक) शब्द लिखा हुआ है उसके अबजद के गणित से प्रसिद्ध होता है।

जिस स्थान पर नगर बना हुआ है उस स्थान की विशेष महत्ता है। शिकारपुर के उत्तर में बिलोचिस्तान और अफगानिस्तान है, इसलिये शिकारपुर को पूर्व समय में राजनैतिक महत्व था। करनल टाड ने अपने ग्रन्थ "राजस्थान" में इस बात को स्वीकार किया है। इस लिये अंग्रेज लोग जब सिंध में आये तो मनहोड़े के पश्चात् शिकारपुर की ओर आँखें फेरीं। अंग्रेजों के पूर्व मीरों को भी शिकारपुर बहुत प्रिय था और उसको हाथ में लाने के लिये उन्होंने बहुत यत्न किया था। शिकारपुर उनकी विजय का अन्तिम नगर था। क्योंकि अफ़ग़ानों ने शिकारपुर को छोड़ना पसन्द नहीं किया। अहमदशाह अबदाली से लेकर अफ़ग़ानों का शिकार-पुर से बहुत संबन्ध था और उस शासक के दिनों में ही शिकारपुरियों ने कंधार इत्यादि में अपना व्यवसाय आरंभ कर दिया था।

सीमा नगर होने के कारण शिकारपुर का व्यापारिक और आर्थिक सम्बन्ध दूर-दूर था। शिकारपुर के शराफ (महाजन) बैंकर्ज़ और व्यापारी मध्य एशिया, बुखारा, पश्चिम चीन, ईरान और अफ़ग़ानिस्तान में फैले हुए थे और उनके व्यवहार और व्यापार की सचाई इतनी ऊँची थी कि उनकी हुंडिया भारत के प्रत्येक स्थान और मध्य एशिया, पश्चिम एशिया आदि में—कलकत्ता से पेशावर तक—अपनी राशि अनुसार चलती थीं। किसी समय शिकारपुर में

"कला-कौशल" भी अच्छे होते थे। रेशमी तन्तु-सञ्चय तथा रंगने का काम बहुत सुन्दर होता था। और जब नया युग आरम्भ हुआ तब शिकारपुर के शराफों ने बम्बई, बेंगलोर, मद्रास कोलम्बो, कलकत्ता और रंगून तक अपने धंधे को फैलाया और शिकारपुर के व्यापारियों तथा साहसी लोगों ने कराची और बम्बई की मण्डियों के ऊपर अधिकार किया और ईरान के कितने ही नगरों में, मिश्र, ईस्ट-अफ्रिका और बर्मा इत्यादि में अच्छा धंधा आरम्भ किया। इस समय शिकारपुर का व्यापार घटा हुआ है परन्तु अब भी शिकारपुर का शराफी धंधा अच्छी उन्नति पर है। शिकारपुर के शराफों को देशी विदेशी बैंकें तथा अन्य व्यापारीगण प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखते हैं।

मैं समझता हूँ कि शिकारपुर के राजनैतिक और व्यापारिक वर्णन के पश्चात् शिकारपुर के धार्मिक साहित्य और विद्या सम्बन्धी वृत्तान्त आपको अधिक प्रिय लगेंगे। साधारण जन शिकारपुर को धार्मिक नगरी के नाम से पुकारते हैं। परन्तु इस बात में तत्व भी है। शिकारपुर में पुराने समय के अच्छे धर्म-स्थान हैं जिनमें शंकरभारती का मन्दिर और पूज्य खटवाले महाराज का धर्मशाला प्रसिद्ध है। शिकारपुर के मसंदों की धर्मशाला में सिख-गुरु गोविन्दसिंह जी के हस्तलिखित पत्र उपस्थित हैं। पुरातन धर्म-स्थानों के अतिरिक्त अर्वाचीन समय के प्रवाहों का प्रभाव भी मन्दिर के ऊपर उपस्थित है। नगर में आते ही तत खालसों का अनाथालय देखने में आता है। थोड़ा आगे महर्षि दयानन्द सरस्वती महाराज द्वारा स्थापित आर्यसमाज के मन्दिर का दर्शन होता है। कुछ आगे प्रियतम धर्म-सभा का मन्दिर उपस्थित है और नगर के पश्चिम में प्राचीन सत्संग के लिये "सनातन धर्म सभा" और 'प्यारी संगत' विद्यमान हैं। शिकारपुर के धार्मिक स्थानों का वर्णन करते हुए मैं यह नहीं भूल सकता कि शिकारपुर में १०० वर्ष पहले दो महंत हो चुके हैं। जिनमें एक था वेदांत शास्त्र का वेत्ता, ब्रह्मज्ञेत्री, ब्रह्मनेष्ठी स्वामी मेघराज जी और दूसरे थे यवन-साधु "रोहल"। रोहल स्वयं वेदांती तथा वैष्णव धर्म का पुजारी था। उनकी कविता में वेदांत, योग और भक्ति-मार्ग भरा हुआ था। उपर्युक्त दोनों पुरुष केवल धार्मिक नेता ही न थे, किंतु सिंधी साहित्य में भी उनका ऊँचा स्थान है। आपके साहित्य का प्रभाव सारे सिंध पर है और शिकारपुर की भाषा पर उनका पूरा प्रभाव है। इसलिये कृष्ण गोडबोले शाखी जी ने कहा है कि शिकारपुर की भाषा में सुन्दर सिंधी विद्यमान है। हर्ष की बात है कि यह सिंधी साहित्य का कार्य आज भी शिकारपुर में हो रहा है। म० बूलचंद्र जी राजपाल का "सिंधु पत्र" और प्रोफेसर ताराचंद्र जी गाजरा एम० ए० का "हरि सुन्दर साहित्य मन्दिर" बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

शिकारपुर की भाषा का संस्कृत से घनिष्ट सम्बन्ध है, ऐसी सम्मति कृष्ण गोडबोले शास्त्रीजी ने दी है। इसीलिये यहाँ संस्कृत का पुराने समय में अच्छा प्रचार था और ग्रन्थ भी बहुत से उपस्थित थे। कुछ समय हुआ कि बाहर के विद्वान आकर ग्रन्थ मूल्य से ले गये। संस्कृत साहित्य में "स्वामी चिद्घनानन्द" का गीता-भाष्य एक उत्तम पुस्तक है वह एक हमारे शिकारपुर के महात्मा का बनाया हुआ है। आज भी हिन्दी संस्कृत का प्रचार अच्छा ही है। शिकारपुर में हिन्दी शिक्षा के बहुत सारे स्थान हैं और शिकारपुर के पढ़े-लिखे लोगों में ६० प्रतिशत हिन्दी जानते हैं।

शिकारपुर निवासियों ने हिन्दी प्रेम का कल एक प्रमाण दिया। हिन्दी सम्मेलन के बैठक में कितना उत्साह और कितना प्रेम का प्रकाश था। जिस कार्य में भी स्वामी

हरिनामदास जी और स्वामी रामदासजी धर्म-गुरु प्रेरणा करें, उस कार्य की उन्नति क्यों न हो ?

संस्कृत-विद्या के प्रचारार्थ यहाँ बहुत सारी पाठशालायें हैं, और यहाँ के बहुत सारे विद्यार्थी पञ्जाब विश्वविद्यालय की प्राज्ञ विशारद और शास्त्री परीक्षायें देकर आये हैं। इसी कार्य में ब्रह्मचर्य्याश्रम अच्छा कार्य्य कर रहा है। आश्रम में गीता, रामायण, मैट्रिक और अन्य परीक्षायें भी होती हैं।

साधारण अर्वाचीन शिक्षा के प्रचारार्थ यहाँ ३ हाईस्कूल, एक आदर्श मिडिलस्कूल कितनी प्रारम्भिक पाठशालायें, १० कन्या पाठशालायें तथा २ नारी शालायें उपस्थित हैं। विद्या के प्रचारार्थ जो नई संस्था जारी हुई है वह है "चेलासिंह सीतलदास कालेज।" इसी कालेज के लिए सेठ सीतलदास तीर्थदास और सेठ चेलासिंह संतरामसिंह जी ने बड़ी धनराशियाँ दी हैं और सेठ चेलासिंह के भाई सेठ लुणींदासिंहजी और सेठ नारायणसिंहजी ने व्यावहारिक और कला सम्बन्धी विद्या के प्रचार-निमित्त एक बड़ी राशि निकाल रखी है। वहाँ एक बड़ा विद्यालय स्थापित किया जायगा जिसमें आयुर्वेद के प्रचारार्थ साधन रक्खे जायेंगे। और आयुर्वेदिक पाठशाला, रसायनशाला और चिकित्सालय स्थापित किये जायेंगे। सम्मेलन समाप्त होने से पूर्व इनका मुहूर्त होगा।

एक दूसरी विद्या की ओर ध्यान आकर्षित कराना आवश्यक है। प्राचीन चार उपवेदों में एक का नाम गांधर्व वेद है। गांधर्व वेद की अनेक विद्याओं में "संगीत विद्या" भारत में उन्नति के शिखर पर पहुँची हुई है। एक अंग्रेजी लेखक का कहना है कि भारत में गायन विद्या सब विद्याओं के ऊपर राज्य करती है। संगीत विद्या का शिकारपुर में अच्छा ही प्रचार है, यहाँ ४४ वर्षों से 'होली' के पर्व पर श्री दाऊजी का हांडा योग्य पं० रांवलदास और संगीत-गायन मण्डली के सहारे पर होता है। यह एक प्रभावशाली संगीत सम्मेलन है, जो भारत के अन्य स्थानों के सम्मेलनों से किसी भी अवस्था में कम नहीं है।

शिकारपुर क्योंकि एक नया नगर है, इसलिये यहां पर पुराने आयुर्वेद की युवा अवस्था के दिनों के प्रभाव की खोज करना व्यर्थ है। जिस प्रान्त में शिकारपुर है, उसी सिंध प्रांत के भीतर आयुर्वेद की ध्वजा किसी समय आकाश पर थी। सिंध के इतिहास का अब तक पूरा पता नहीं मिलता। सिंध के "मोहन का दरा" दिखलाता है कि सहस्र वर्ष पहिले यहां के लोग उन्नत और सभ्य थे। "सैंधव ऋषि" का नाम सिंध की प्राचीन सभ्यता की ओर इशारा करता है। देवल स्मृति के निर्माता महर्षि "देवल" भी इसी प्रांत में उत्पन्न हुए थे। जयद्रथ का वर्णन स्वयं सिन्ध का सम्बन्ध भारत के अन्य प्रान्तों में दिखलाता है।

सिन्ध प्रांत में आयुर्वेद के आचार्य वाग्भट उत्पन्न हुए। सिन्ध प्रान्त के वैद्य और अन्य विद्वान ख़लीफे मन्सूर के दिनों में बग़दाद को गये थे। जहाँ जाकर अरबों को भारत की विद्या सिखलाई और संस्कृत के वैदिक ग्रन्थों का अर्बी भाषा में अनुवाद किया था। किसी समय आयुर्वैदिक चिकित्सा उन्नत थी और साधारणतया प्रचलित थी, परंतु अब घट गयी है, क्योंकि यवनों के राज्य की शक्ति और ब्रिटिश सरकार के प्रभाव आयुर्वेद के प्रचार के विपरीत हैं। यथा राजा तथा प्रजा की उक्ति के अनुसार साधारण लोगों का प्रवाह भी इसी ओर चल रहा है। ऐसी विपरीत अवस्थाओं के होते हुए भी आयुर्वेद के टिमटिमाते दीपक को हमारे प्रान्त-निवासियों तथा शिकारपुरी भाइयों ने बुझ जाने से रोक रक्खा है। यहाँ पर कितने साधु-सन्यासी तथा ब्राह्मण इत्यादि, लोक-सेवा तथा व्यवसाय के विचार से आयुर्वेद द्वारा जनता की चिकित्सा

किया करते थे और कई अच्छे गृहों की स्त्रियाँ आयुर्वेद के किसी न किसी अंग में प्रवीण होती थीं। गत सौ वर्षों के अन्दर जिन्होंने आयुर्वेद द्वारा शिकारपुर में चिकित्सा की उनका बहुत सारा पता लग सकता है। समाधों का मठाधीश सौ वर्ष से पहले आयुर्वेद की चिकित्सा का प्रयोग करता था। इस समय का वैरागी महन्त श्री गोकुलदासजी आयुर्वेद का अच्छा जानकार है। श्री स्वामी हरिनामदास जी एक अच्छे वैद्य थे। वे जब शिकारपुर में आये उसको ६० वर्ष हुए। इस समय मेरे पिता जी के नाम पर एक धर्मार्थ आयुर्वेदिक औषधालय जारी है। मेरी प्रबल इच्छा है कि शीघ्र यह औषधालय बढ़े और बड़े विस्तार पर पहुँचे। एक रसायन शाला बने और औषधालय में रोगियों के ठहरने का प्रबन्ध हो, और शिकारपुर का आयुर्वेदिक औषधालय सरकारी औषधालयों के समान बने। मैं आशा करता हूँ कि आप भाइयों की शुभ इच्छाओं द्वारा मेरा संकल्प दृढ़ हो और यह उत्तम कार्य्य सिद्ध हो।

अब जब अनुकूल समय आया है, जब लोगों में आगृति उत्पन्न हुई है, जब महर्षि दयानन्द सरस्वती के प्रचार, स्वामी विवेकानंद के उच्च विचारों और महात्मा गांधी के आदर्श जीवन ने प्राचीन सभ्यता के पुनरोद्धार के लिये प्रेम उत्पन्न किया है, जब हमारे आयुर्वेद के प्रबल विद्वानों के कष्टों और पुरुषार्थ द्वारा आयुर्वेद के लिये लोगों में श्रद्धा उत्पन्न हुई है, तब मुझे आशा है कि यह प्राचीन टिमटिमाते दीपक अब नये रूप में ज्योतिस्तम्भ बनकर देश को प्रकाशमान करेंगे और चारो ओर चमत्कार दिखला कर लोगों को कल्याण का मार्ग बतायेंगे!

प्रश्न यह है कि इस शुभ अवसर का लाभ कैसे प्राप्त हो, कैसी नीति और रीति से कार्य-क्रम बनाया जाय कि जिससे आयुर्वेद-चिकित्सा का प्रचार और उन्नति हो! यह काम आप विद्वानों तथा नेताओं का है। मैं वैद्य नहीं हूँ, न मैं चिकित्सा-शास्त्र का वेत्ता हूँ, मैं साधारण मनुष्य की दृष्टि से सम्पूर्ण बात को देखता हूँ और अपने विचार के अनुसार आपकी सेवा में इस कार्य के ३ भाग उपस्थित करता हूँ। पहिला भाग है प्रचार। आज के युग में किसी भी कार्य को सिद्ध करने के लिये बड़े से बड़ा साधन प्रचार है। प्रचार के द्वारा राज्यों के अंदर परिवर्तन आ गया है। प्रचार के द्वारा कितने विजेताओं की विजय भी पराजय हो गई है और हारे हुए दल सफलता को प्राप्त हुये हैं। प्रचार के कारण झूठे सिद्धांत भी संसार में फैलाये गये हैं। यदि हमारी सच्ची विद्या लोगों तक नहीं पहुँचती तो इसका कारण यही है कि जिस विधि के अनुसार हमें प्रचार करना चाहिये उस विधि के अनुसार हम कार्य नहीं करते। आयुर्वेद ऐसी वस्तु है जिसके गुणानुवाद देशी तथा विदेशी विद्वान् गाते हैं। देखिये तो क्या-क्या कहते हैं।

१—सर विलियम् हण्टर कहता है कि प्राचीन भारतीय वैद्यों की शल्य-विद्या साहस तथा कला-कौशल से भरी हुई थी।

२—एलफिंस्टन कहता है कि भारतीयों की शल्य-विद्या और औषधि विद्या दोनों एक दूसरे के बराबर और उन्नत थी।

३—मि० वेवर लिखता है कि शल्य-विद्या में भारत-वासियों ने विशेष उन्नति की थी और आज के यूरोपियन इस विषय में उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

४—डाक्टर पू. एफ. आर. हार्न लिखता है कि भारत के प्राचीन औषधि शास्त्र के लेखों में जो शरीर की बनावट का ज्ञान भरा हुआ है उसने मुझे आश्चर्य में डाल दिया है। औरों को भी अवश्य आश्चर्य में डालेगा।

५—फिलेडल्फिया का डाक्टर क्लार्क कहता है कि यदि आज के डाक्टर नई दवाइयाँ छोड़ अपने रोगियों को चरक की विधि से औषधियाँ दें तो कफन बेचने वालों का काम घट जाय और संसार में जीर्ण रोगों की संख्या कम हो जाय।

६—डाक्टर पाल वार्थालाम्यु कहता है कि चरक के कितने स्थानों पर गूढ़ अर्थ को देख कर मैं विस्मय में पड़ गया हूँ। सत्य तो यह है कि मैंने जितनी पहिले औषधियों की पुस्तकें पढ़ी हैं उनसे यह स्थान बहुत दूर जाते हैं।

७—डाक्टर सुमन्त महता लिखता है कि चरक और सुश्रुत जो आयुर्वेद के १६४ पुस्तकों में केवल दो हैं यह बात बतलाते हैं, कि उनके लेख की प्रणाली सम्पूर्ण नियमबद्ध और वैज्ञानिक है और उनमें सुंदर रीति से विचार की हुई कल्पनायें और वाद उपस्थित हैं। और उनमें भिन्न-भिन्न वस्तुओं के नाम सूक्ष्म रूप से दिखलाये गये हैं और शल्य-विद्या तथा स्वास्थ्य-विद्या इत्यादि प्रत्येक बात का विस्तार पूर्वक वर्णन है।

भारत के प्राचीन ब्राह्मणों ने न केवल आयुर्वेद शास्त्र की उन्नति की बल्कि उन्होंने इसे विदेशों में भी फैलाया। खलीफे मन्सूर का मैंने दूसरे स्थान पर इशारा किया है, हारून रशीद जो खलीफ़े मन्सूर से पीछे हुआ उसके विद्यालय में माणक और सालेह भारत के वैद्य उपस्थित थे, जिन्होंने चाक और सुश्रुत का अर्बी में अनुवाद किया।

८—मि० हरविलास शारदा लिखते हैं कि अबुसीना अबुराज़ी और अबुसराबी प्रत्येक ने चरक के प्रमाण दिये हैं।

९—मिसेज़ मैलिंग और प्रो० मैग्डोनेल ने इस बात की पुष्टि की है कि अरबों ने भारत से औषधि-विद्या सीखी। ईरानियों ने अरबों के राज्य बनने से पहले स्वयं भारत की विद्या सीखने का यत्न किया था। बादशाह नौशेरवाँ का मंत्री खलीफे हारूनरशीद से २०० वर्ष पहिले भारत में आया था। खलीफों के राज्य और उससे पीछे भी भारत की विद्या का प्रचार होता रहा।

१०—स्याम देश के जबराईल बैक्शटना ने संस्कृत के चिकित्सा के ग्रन्थ अरबी में अनुवाद किये।

१७ शताब्दी तक युरोप में चरक का नाम बड़ी प्रतिष्ठा और मान से लिया जाता था। लार्ड एल्टिहिल् ने कहा है कि आयुर्वेद भारत से पहिले अरब में गया, वहाँ से योरोप में। १० शताब्दी के अन्त तक योरोपी डाक्टर अरबी वैद्यों के शिष्य थे, और अरबी हकीमों ने भारत के प्राचीन ऋषि धन्वन्तरि, चरक और सुश्रुत से विद्या प्राप्त की थी।

ऐसा भी देखने में आता है कि चीन के ऊपर भारत की चिकित्सा का प्रभाव पड़ा है। बोध-प्रचारक औषधियों से परिचित थे, स्वाभाविक रूप से वे जहाँ-जहाँ प्रचार करते गये हैं वहाँ भारत की अन्य विद्याओं के साथ आयुर्वेद का भी प्रचार किया है।

११—मैक्समूलर वर्गर लिखता है कि साहित्य में यह बात प्रसिद्ध है कि यूनान के वैद्यों ने भारत की औषधियाँ और विधियाँ हस्तगत कीं। यूनान, रोम और इस्तम्बोल के लेखकों ने भारत के वैद्यों, भारत के रोगियों को छुड़ाने के साधनों और विधियों का बहुत बार वर्णन किया है। अबासी खलीफों के राज्य में भारत के वैद्य ईरान में आगे से अधिक प्रसिद्ध हुए और भारत की औषधियाँ यूनानी औषधियों से सम्मिलित हो गईं। पुनः दूसरी बार यूरोप पर अर्बी पोशाक के भीतर भारत के औषधियों का प्रभाव देखने में आया। यह जो सिस्की में

अचानक ही अचानक १५ शताब्दी में बनावटी नाक बनाने की विद्या देखने में आई, उससे यह अनुमान निकाला गया कि बहुत समय पूर्व भारतवर्ष और अर्बस्तान का प्रभाव वहाँ उपस्थित था। १६वीं शताब्दी में इस विद्या को भारत के उदाहरण से उत्तेजना मिली। पहिले भारतवर्ष से सूचना मिली कि एक कुम्भार ने किसी भारतवासी के पेशानी से त्वचा का टुकड़ा काटकर नाक बना दिया।

१२—कलकत्ता विश्वविद्यालय में पढ़ाते हुए सर हैवलाक चार्ल्स कहता था कि मैं वही वही बातें दुहरा रहा हूँ जो आज से २ सहस्र वर्ष पूर्व आयुर्वेद में वर्णित की गई थी। जो कुछ चरक ने सिखाया था उसका थोड़ा सा भाग मैं आपको सिखा रहा हूँ।

आवश्यकता है कि इन स्वदेशी तथा विदेशी विद्वानों की सम्मतियाँ भारत के बच्चे-बच्चे तक पहुँचाई जावें।

एलोपैथिक चिकित्सा के प्रचार के लिये जो साधन प्रयोग में लिये जाते हैं वे बड़े प्रबल हैं। उनके मुकाबले में यदि हम लाखों पत्रिकायें छपवाकर वितीर्ण करें तो भी थोड़ा है।

प्रचार के लिये न केवल ये सम्मतियाँ जनता तक पहुँचानी चाहिये; परन्तु इस युग में वैद्यराजों ने जो सफलता पूर्वक चिकित्सा के कार्य्य किये हैं उनका भी प्रकाशन आवश्यक है। ऐसा करने से जहाँ आयुर्वेद का यश और कीर्ति बढ़ेगी वहाँ दुःखित जनता को सुख के साधन प्राप्त करने में सुभीता होगा।

प्रचार के लिये साधारण समाचार पत्र, आयुर्वेदिक पत्रिकायें, घोषणा-पत्र तथा सम्मेलनों का प्रयोग किया जा सकता है परंतु सबसे प्रबल प्रचार का साधन वैद्य स्वयं है। ऐसा वायु-मंडल उत्पन्न करना चाहिये कि जिससे छोटे से छोटा वैद्य भी अपने को आयुर्वेद का प्रचारक और जनता का कल्याण करनेवाला सेवक समझे। हमारे शास्त्रों की पद्धति अत्यन्त उत्तम थी।

नात्मार्थं नापि कामार्थमथ भूतदया प्रति।
वर्तते यश्चिकित्सायां स सर्वं मति वर्तते॥
कर्वते ये तु वृत्यर्थं चिकित्सापण्यविक्रयं।
ते हित्वा काञ्चनं राशिं पांशुगणे मुपासते॥

चरक ऋषि उपदेश करते हैं कि वैद्य को न अपने स्वार्थ के लिये, न इहलौकिक कामनाओं को पूरा करने के लिये परन्तु मनुष्य की कल्याण-कामना के लिये चिकित्सा का प्रयोग करना चाहिये। जो लोग औषधि को बेचते हैं वे स्वर्ण को छोड़कर मिट्टी को इकट्ठा करते हैं। ईश्वर करे इस पद्धति का प्रचार हर एक के जीवन में हो।

जब प्रचार पूर्ण रीति से हो जावेगा तो निर्माण के कार्य्य में बड़ी सुगमता होगी और स्वयं ही इस ओर आकर्षित होंगे पर हमें इस स्वाभाविक परिणाम की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिये। हमें अभी ही निर्माण कार्य के लिये यत्न करना चाहिये। दानी लोगों को प्रेरणा करनी चाहिये कि वे एलोपैथिक हस्पतालों के बदले आयुर्वेदिक हस्पताल खोलें। म्यूनिसिपलिटि, सरकार व लोकल बोर्डों के ऊपर दबाव डालना चाहिए कि वे जिस प्रकार ऐलौपैथिक हस्पताल खोलते हैं और उन्हें सहायता देते हैं वैसे ही सहायता और ध्यान आयुर्वैदिक हस्पतालों को भी दें। आन्दोलन करना चाहिये कि हर एक विश्वविद्यालय में आयुर्वेद की शिक्षा का प्रबन्ध हो।

व्यापारिक दृष्टि से अधिक रसायनशालाओं और औषधि-भंडारों का निर्माण होना चाहिये। हमारी महासभा की शाखायें प्रतिग्राम में होनी चाहियें और उनका संगठन ऐसा उत्तम हो कि कोई भी पुरुष महासभा के प्रमाणपत्र बिना और किसी परीक्षा के उतीर्ण हुए बिना चिकित्सा न कर सके।

प्रचार और निर्माण का कार्य्य इस प्रकार का है कि जिसमें आयुर्वेद के विद्वान, अन्य विद्या के जानकार, और धनी-मानी जनता सब सहयोग दे सकते हैं।

कार्य्य-क्रम का तीसरा अंग अन्वेषण का है और यह कार्य्य केवल विद्वान वैद्यों से ही सिद्ध हो सकता है। वैद्यराजों को इसके लिये विशेष यत्न करना चाहिये। हमें स्मरण रखना चाहिये कि यह जगत गतिमान है, संसार में कर्मशीलों का ही स्थान है। हमें उन्नति के पथ पर आगे बढ़ते ही रहना चाहिये और हमेशा आयुर्वेद की सर्वांगीन उन्नति के लिये नये-नये विचारों और युक्तियों का आविष्कार करते रहना चाहिये। संभव है कि यह बात कइयों को अच्छी न लगे। वे कहेंगे कि ऋषि पूर्ण थे और उनमें कोई कमी न थी जिनको आज के नये आविष्कारों से पूरा किया जा सके। निस्सन्देह ऋषि पूर्ण थे और उनकी विद्या-प्रणाली आजकल की अपेक्षा अधिक वैज्ञानिक थी। आजकल के वैज्ञानिक वृत्त की परिधि पर ही चक्कर लगाते हैं किन्तु केन्द्र पर बहुत कम पहुँचते हैं। परन्तु ऋषि लोग केन्द्र को हस्तगत कर आवश्यकतानुसार वृत्त का निर्माण कर लिया करते थे और हर एक विषय के अन्तर्गत आत्मा को जानकर आवश्यकता और अवस्था के अनुसार उसको भिन्न-भिन्न रूपों में निर्मित करते थे। ऋषियों की आयुर्वेद विद्या वात, पित्त, कफ रूपी आधार पर आश्रित है यही इसकी आत्मा है और यही सूत्र रूप आत्मा भिन्न-भिन्न असंख्य जीवों में अपने भिन्न-भिन्न रूपों को लेकर प्रकट करती है। यथा—"एकं सद्विप्राः बहुदाः वदन्ति"। एक प्रकृति ही अनेक रूपों को धारण करती है और एक बीज ही अनन्त फलों के निमित्त का कारण होता है। आयुर्वेद के इस प्राण-भूत आत्मा का ऋषियों ने अद्भुत विकास किया था और उनके अनुयायी आचार्यों ने इसका भिन्न-भिन्न रूपों में विस्तार किया था। हम लोगों का और विशेष कर वैद्यों का यह कर्तव्य है कि ऋषियों के विचित्र सिद्धान्तों को आधुनिक विज्ञान के सामने विस्तृत रूप से खोलकर रखें। मध्य-कालीन आचार्य्यों के अद्भुत, देह-सिद्धि आदि आविष्कारों, अनुष्ठानों को सूक्ष्मता पूर्वक मनन कर उसको लोक-कल्याण के लिये विस्तृत रूप से लोगों के सामने रखें। हमें प्राचीन आचार्यों के भिन्न-भिन्न विचारों को मिलाकर उसके आधुनिक कालानुकूल नये-नये रूप भी बनाने चाहिये।

एक साधारण मनुष्य की हैसियत से मैं कुछ विचार आपके सामने रखता हूँ। उन पर विचार करना आपके आधीन है। शास्त्र में बताया गया है कि आत्मा से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी और पृथ्वी से वनस्पति की उत्पत्ति होती है। इस क्रम से यह अनुमान निकलता है कि स्वास्थ्य-रक्षा और रोग-निवृत्ति के लिये सर्वोत्तम साधन आत्मा का सहारा ही है। इसी को यूरोपियन विज्ञान में क्रिश्चियन हिलीङ्ग या न्यू थॉट पावर कहते हैं। वेदों में भी आत्मिक शक्ति को चिकित्सा का मुख्य साधन जताया है। यथा

अयंमे हस्तो भगवानयं मे भगवत्तरः।
अयंमेविश्वभेषजोऽयंशिवाभिमर्शनः॥

आकाश तत्व द्वारा रोग कैसे निवर्त्त हो सकता है यह दूसरा विचार है। मेरी समझ

से विद्युत आकाश का प्रतिनिधि है, विद्युत द्वारा रोग-चिकित्सा का वर्णन वेदों में भी आया है, यथा :—

प्राद्विजर्भाह यद्येतदेनं तस्या इन्द्राग्नी प्रमुमुक्तमेनम् । अ. १।११।१

इससे इन्द्र शब्द विद्युत-चिकित्सा के लिये आया है। विद्युत-चिकित्सा से रोग को दूर करने का उपदेश है।

वायु अथवा प्राण शक्ति की रोग निवारक शक्ति तो स्वयं सिद्ध ही है। प्राचीन काल्लीन प्राणायाम विद्या का अन्वेषण इसमें बड़ा सहायक होगा। प्राणायाम द्वारा चिकित्सा करने के केन्द्र आज भी हिन्दुस्थान तथा संसार के भिन्न-भिन्न भागों में है। और हज़ारों कठिन से कठिन रोगों की भी सफल चिकित्सा प्राण-शक्ति द्वारा होने के प्रमाण मौजूद हैं। वेदों में भी प्राण-शक्ति का वर्णन है :—

इहैवस्तंप्राणापानौमापगातमितोयुवं ।
शरीरमस्यांगानि जरसे वहतं पुनः ॥

अग्नि तत्व दो प्रकार से चिकित्सा में प्रयोग किया जा सकता है एक तो सूर्य्य के तेज और प्रकाश से हम लाभ उठा सकते हैं, वेद इसके विषय में जगह जगह संकेत करता है।

"सूर्य्यः कृणोतुभेषजं"

द्वितीय रूप से हम प्राचीन ऋषियों के हवन क्रिया को ले सकते हैं। भिन्न-भिन्न वनस्पतियों की अग्नि के संयोग से सूक्ष्म रूप होकर वायु-मण्डल तथा शरीर के भीतर घुसे हुए रोग के जीवाणुओं और मलभूत द्रव्यों के निर्वाण करने की शक्ति तो प्रसिद्ध ही है। हवन के विषय में पीलीभीत के डा० फुंदनलाल जी ने और गुरुकुल विश्वविद्यालय कांगड़ी, हरिद्वार की रसायनशाला ने परीक्षण करके यह सिद्ध किया है कि भिन्न-भिन्न द्रव्यों में अग्नि के संयोग से सूक्ष्मता उत्पन्न होकर रोग-निवारण-शक्ति का प्रादुर्भाव होता है। वेदों में भी हवन से बीमारी को दूर करने तथा स्वास्थ्य लाभ करने का उपदेश है यथाः—

"मुंचामित्वाहविषाजीवनायकमज्ञातयक्ष्मादुतराजयक्ष्मात्"

लूई कून्हे आदि पाश्चात्य चिकित्सकों द्वारा किये गये आविष्कारों एवं प्रयोगों द्वारा जल की रोग-निवारण-शक्ति आज जगत में प्रसिद्ध हो गई है। वेदों में भी जल-चिकित्सा का वर्णन आता है यथाः—

आपः सर्वस्यभेजजीस्तास्तेकृण्वन्तु भेषजम्"

पृथ्वी तत्व का चिकित्सा से सम्बन्ध तो बिल्कुल स्पष्ट ही है। आज-कल के पाश्चात्य अनुसन्धानों से अच्छी तरह सिद्ध हो गया है कि भिन्न-भिन्न प्रकार की मट्टियों में भिन्न-भिन्न रोगों के नाश करने की शक्ति है। महात्मा गाँधी आदि का तो यह दावा है कि भिन्न-भिन्न बुद्धिमत्तापूर्ण रोगानुकूल प्रयोगों से मट्टी द्वारा सब रोगों का इलाज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पारद तथा स्वर्ण आदि खनिज और भिन्न-भिन्न रत्नों का तो आयुर्वेदिक चिकित्सा में मुख्य रूप में उपयोग है ही। पाश्चात्य चिकित्सक भी पारद तथा अन्य धातुओं की रोग-निवारण-शक्ति को मानने और प्रयोग करने लगे हैं परन्तु उनको अब तक रत्नों की रोग-निवारण-शक्ति का ज्ञान नहीं हैं। आप उपस्थित विद्वान आयुर्वेदज्ञों का कर्तव्य है कि आप उनके सामने रत्नों की रोग-निवारण की अद्भुत शक्ति को स्पष्ट कर दिखावें।

अन्त में वनस्पतियों के विषय में तो मैं अधिक कहना नहीं चाहता हूँ। वनस्पतियों के सूक्ष्म गुणों, प्रभावों तथा शक्ति (वीर्य) के वर्णन विषयक तथा उनके भिन्न-भिन्न असंख्य रोगों के निवारण प्रयोगों के विषय में हमारे प्राचीन संस्कृत वैद्यक ग्रन्थ हज़ारों इस समय भी उपलब्ध हैं। यह आप उपस्थित विद्वानों का कर्तव्य है कि संस्कृत वैद्यक ग्रन्थों में सूत्ररूप से वर्णित वनस्पतियों के भिन्न-भिन्न गुण, वीर्य्य-विपाक आदि का सर्व सुबोध विस्तार कर लोक-कल्याण के लिये प्रकाशित करें।

यह मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार चिकित्सा के भिन्न-भिन्न अंगों एवं विधानों पर अपने विचार आपके सामने उपस्थित किये हैं। यह आप उपस्थित विद्वानों का कर्तव्य है कि प्राचीन ऋषियों के सूत्रभूत मौलिक सिद्धान्तों की सुविस्तृत सुलभ आधुनिक कालानुकूल व्याख्या कर लोक-कल्याण के लिये प्रकाशित करें।

अन्त में मैंने आपका जो इतना अमूल्य समय लिया है उसके लिये क्षमा चाहता हूँ और आशा करता हूँ कि हमारे स्वागत-विषयक प्रबन्ध में जो कमियाँ रह गई हैं उसके लिये आप उदार महानुभाव मुझको क्षमा करेंगे और अपने अमूल्य शिक्षाप्रद विचारों से नगर निवासियों को अनुगृहीत करेंगे।

॥ इति ॐ शम् ॥

॥ श्री धन्वन्तरिर्विजयते ॥

श्री निखिलभारतवर्षीयपञ्चविंशतितम् आयुर्वेद महासम्मेलन के स्वागताध्यक्ष माणाचार्य

वैद्यशास्त्री नारायणशङ्कर देवशङ्करजी का

भाषण

यो विश्वंविदधाति पाति सततं संहारयत्यञ्जसा
सृष्ट्वा दिव्यमहौषधीश्च विविधान् दूरी करोत्यामयान् ।
बिभ्राणोऽञ्जलिना चकास्ति भुवने पीयूषपूर्णं घटं
तं धन्वन्तरिरुपमिशममलं वंदामहे श्रेयसे ॥ १ ॥

श्री धन्वन्तरितुल्य वैद्य महोदय व श्रीनगर (अहमदाबाद) नागरिक सभ्यगण !

श्री गुर्जर देश में पुण्य पवित्र साभ्रमती गंगातीर्थ क्षेत्र के तट पर प्रकृति सौंदर्य और बादशाही राजधानी का प्रधानभूत और विविध वाणिज्य व्यापृत से परिपूरित और सुशोभित वणिग्जन और नगर के चतुष्पथों से सुंदर आद्यऋषिगण तथा महात्माओं के निवासस्थान के लिये विश्वविख्यात और कलाकौशल से भारतदेश में अग्रण्य पुराना अहमदाबाद नगर का विजय हो ।

सज्जनों ! इस नगर में आप लोगों के शुभागमन से आज हम लोग पावन हुये हैं । आपका किस प्रकार से सुस्वागत करना चाहिये यह बात मेरी समझ में नहीं आती । सुस्वागत, इतना ही कहने से बैठ रहना यह परिपूर्ण नहीं है । परञ्च श्री अहमदाबाद वैद्य सभा की तरफ से आप लोग इस नगर में निमंत्रित किये गये हैं । सभा का सविस्तार वर्णन स्वागताध्यक्ष रूप से कहना यह मैं अपना धर्म समझता हूँ क्योंकि सभा की ओर से नियत किया है । इसलिये आयुर्वेद के उत्कर्ष के लिये सभा की ओर से इतने काल पर्यंत जितने-जितने कार्य करने में आये हैं उनका संक्षेप में दिग्दर्शन कराता हूँ ।

अहमदाबाद में वैद्यसभा की प्रथम स्थापना ।

जिस समय बम्बई गवर्नमेन्ट से सन् १९१० में वैद्यकीय निबंध (रजिस्ट्रेशन) का प्रारम्भ किया गया उस समय वैद्यसभा की अहमदाबाद में प्रथम स्थापना हुई । तदनन्तर वैद्यसभा की और नागरिकगणों की सभा में वैद्यकीय निबंध के विषय में प्रतिबंधक आवेदन-पत्र (अरजी) प्रस्ताव रूप में करके गवर्नमेन्ट में पेश किये गये ।

(२) अहमदाबाद नगर में सन् १९२५ साल में वैद्यसभा की ओर से श्रीगुर्जर प्रान्तीय वैद्य-सम्मेलन का प्रथम अधिवेशन हुआ था जिसका छठ्ठाँ अधिवेशन भी आप सज्जनों की कृपा से यहाँ इस समय रक्खा गया है ।

(३) कर्नल इडन महाशय की ओर से आयुर्वेदशास्त्र अवैज्ञानिक ठहराया गया, जिस समय इस तरह का आक्षेप आयुर्वेदशास्त्र पर किया गया था उस वक्त भी समस्त वैद्यों की और नागरिकों की सभा बुलाकर विरोध रूप से प्रस्ताव पेश किया गया था।

(४) आप लोगों को विदित होगा कि पन्द्रह वर्ष पहले देशीय वैद्यक को उत्तेजन देने के लिये मद्रास गवर्नमेन्ट की ओर से देशीय "वैद्यक विमर्शक समिति" मद्रास गवर्नमेन्ट के कायदानुसार सन् १९२१ में स्थापित की गई थी। समिति की ओर से प्रत्येक भाषा में साक्ष्य प्रश्न प्रसिद्ध हुये थे। तदनुसार साक्ष्य प्रश्नों के उत्तर संस्कृत भाषा में लिखकर वैद्यसभा के सभ्यों की तरफ से भेजे थे। यह बात मद्रास समिति के पुस्तक के द्वितीय विभाग में प्रकाशित है। इस पर दृष्टि करने से आपको अवश्य ख्याल आ जायगा।

(५) जोइंट सिलेक्ट समिति के पुस्तक में "कर्नल वॉयर्ड व कर्नल ब्रूम" महाशयों की तरफ से आयुर्वेदशास्त्र पर निम्नलिखित शब्दों में गम्भीर आक्षेप हुये हैं; आक्षेप यह है:—

"आर्य वैदिक के लिये व युनानी वैदिक के लिये धन-व्यय करना व्यर्थ है क्योंकि जैसे मशीनगनों की आवश्यकता होने पर धनुष, बाण व खड्ग का उपयोग व्यर्थ है इसी तरह से एलोपॅथी के सामने आयुर्वेदिक व युनानी पद्धतियाँ बिलकुल व्यर्थ व निःसहाय हैं।" उन महाशयों से ऐसे निष्ठुर और अज्ञानपूर्ण वचन सुनकर किसके मन में खेद न होगा?

इस विषय में भी सभा सभ्यों की ओर से विरोध-प्रदर्शित प्रस्ताव करके यहाँ के सुप्रसिद्ध बैरिस्टर जीवनलाल व्रजराय जी देसाई महाशय की तरफ से गवर्नमेन्ट कानूनानुसार आवेदन पत्र (मेमोरियम) तयार करके सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के समक्ष भेजा गया है।

(६) बम्बई धारा-सभा में आयुर्वेद के उत्कर्ष के लिये श्री सैयद मुनावर की ओर से आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना का व विद्वत्वैद्यों के वैद्यकीय निबंध (रजिस्ट्रेशन) का यों दो प्रस्ताव पेश किये हैं। उनके समर्थन में सभा ने सभ्यों की ओर से प्रस्ताव रूप से प्रार्थनापत्र धारा-सभा में पेश किया है।

(७) अहमदाबाद म्युनिसिपालिटी की ओर से एक आयुर्वेदीय औषधालय तथा डी० जी० लोकलबॉर्ड की तरफ से आयुर्वेदीय दश औषधालय स्थापित हुये हैं। एवं अनेक प्रकार के कार्य आयुर्वेद के उत्कर्ष के लिये सभा ने किये हैं। अब विस्तार भय से इतना ही सूचित कर आगे चलता हूँ।

श्री गुर्जरप्रांतीय सद्वैद्यों का वैद्यक साहित्य।

अन्य प्रांतीय सद्वैद्यों की भाँति गुर्जरप्रांत के वैद्यों ने भी आयुर्वेद की सेवा उत्तम प्रकार से की है। उन्होंने आयुर्वेद के उत्कर्ष के लिये अच्छे-अच्छे ग्रन्थ बना कर अत्यंत लोकोपकार किया है। इन ग्रंथों ने रोगों की शांति के लिये अनेक चमत्कारिक प्रयोग बतलाये हैं। यथा सुप्रसिद्ध स्व० प्रातःस्मर्णीय राजवैद्य श्री कृष्णराम कुन्दनजी जो कि जयपुर महाराजा के राजवैद्य थे वही मेरे पूज्य गुरु थे; वह गुर्जरदेशीय थे। यह बात जयपुर-विलास काव्य की व सिद्धभेषजमणिमाला की भूमिकाओं में मुद्रित है।

"तत्रासीद्भट्ट मेवाड़ो गुर्जरो भूमि निर्जरः॥ तथा च॥ तत्र श्रीमन्महाराजाधिराज श्रीप्रतापसिंहः देवराज्य समयेऽधीतायुर्वेदो गुर्जरभूनिर्जरांतर्गत भट्ट मेवाड़

जातीयः स्वयशः प्रख्यापन कृतमतिर्लक्ष्मीराम नामासुमतिरहमदाबाद नामक प्रसिद्ध पुट भेदनादाजगाम।"

राजवैद्य के वंशजों से अहमदाबाद पवित्र हुआ है। राजवैद्य का स्थान इस नगर में रायपुर चकले में वाघेश्वर की गली में है। उनके कितने ही वंशज वहाँ रहते हैं व कितने ही जयपुर में। राजवैद्य के पौत्र राजवैद्य नरहरी गंगाधरजी अब भी जयपुर की संस्कृत पाठशाला में अध्यापक हैं। मुझे बड़े खेद से कहना पड़ता है कि राजवैद्य गंगाधर का असमय स्वर्गवास हुआ। राजवैद्य के शुभ हस्तों से पनवेल नगर में निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेदीय महासम्मेलन की प्रथम स्थापना हुई। महासम्मेलन के प्रथम अध्यक्ष राजवैद्य ही थे। यह सब वृत्तांत प्रसिद्ध है। यह कहने की ज़रूरत न होगी कि वे वैद्यक-शास्त्र व साहित्य-शास्त्र में निपुण थे। स्व० प्रातःस्मर्णीय श्री कृष्णरामजी महाशय की अधो निर्दिष्ट पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। वे यह हैं—

(१) श्री जयपुर-विलास काव्य (सं० १९५४ वि० सन् १८८७ ई०)
(२) मुक्तक मुक्तावली-सार शतक (,, ,,)
(३) पलाण्डु राज शतक (,, ,,)
(४) आर्यालंकार शतक
(५) सिद्धिभेषजमणिमाला (वैद्यक ग्रंथ) (सं० १९५६ वि० शाके १८२१)

एवं साहित्य विषयों में व वैद्यक विषयों में बहुत प्रसिद्ध हुये हैं। यथा ताद्दृङ्नारायण चरणानाम्॥

साहित्यामृतसागर प्रमथने निर्व्याजमन्थाचलः
स्फारस्फूर्जित गद्य पद्य कविता कांतार कण्ठीरवः॥
रोग्याऽरोग्य विधि प्रबुद्धधिषणो लक्ष्मीविलासास्पदम्
श्रीमत्कुंदन नंदनो विजयते श्रीकृष्णरामः कविः॥ १॥

एवं अयोध्यक गोलवादि द्विवेद कवि दुर्गाप्रसाद महाशय ने भी ऐसा प्रशस्ति पत्र प्रसिद्ध किया है। यथा—

उद्यल्लावण्यलक्ष्मीर्वलयति वपुषां स्वर्गवाराङ्गनाना—
माश्लेषेयः प्रमोदः स्फुरति च गरिमा योऽद्भुते माधुरीणाम्।
सौरभ्यं कुंकुमेयत्यसि विमलतायाप्यहोतत्समस्तम्
मित्रैकत्रेच्छिुं चेदभिलषसि तदा पश्य कृष्णस्य काव्यम्॥ १॥

ऐसा सिद्धभेषजमणिमाला नामक वैद्यक ग्रंथ अत्यंत सुंदर व रसिक संस्कृत पद्यों में बना कर जगत्प्रसिद्ध किया है।

इसमें आपने समस्त रोगों की चिकित्सा के अच्छे-अच्छे अनुभूत प्रयोग प्रदर्शित किये हैं। इस समय पर्यंत ऐसी सुंदर पुस्तक कभी मेरे देखने में नहीं आयी। इस पुस्तक की टीका विश्वविदित पंडित प्रवर आयुर्वेदाचार्य श्री लक्ष्मीरामजी स्वामी ने की है। यह पूज्य गुरु महाराज के पट्ट शिष्य हैं, अतः इन्होंने लिखा है कि—

"न सादिङ् न सदेशोऽपि न च तन्नगरं क्वचित्।
यत्र श्रीकृष्णा वैद्यानां शिष्यैर्नैव विजृम्भ्यते ॥ १ ॥"

उस समय मैंने भी स्व० प्रा० ऋणीय श्रीकृष्णराम गुरुजी के पास रह कर आयुर्वेद शास्त्र का पठन किया था। श्री गुरुचरणों की कृपा से आज सत्तर वर्ष हुए तथापि मैं चिकित्सा अभी तक करता हूँ। इसी तरह उनकी कृपा से भारतीय वैद्यों का सुस्वागत करने का भी मुझको सुअवसर प्राप्त हुआ है। प्रत्येक प्रांत की भाँति इस गुर्जर प्रांत से भी कितने ही आयुर्वेदीय साहित्य समर्पण हुये। साहित्य बहुत नहीं है फिर भी वह रसिक जरूर है। कवि लोलिम्बराज आदि कविराजों के लिखे हुए वैद्य-जीवन, वैद्या-मृत, वैद्य-वल्लभ इत्यादि पुस्तकें अपनी रसिकता से जनसमाज में अत्यंत आदरणीय हो चुकी हैं। ऐसी ही आनंदपूर्ण वैद्यक-विषय की श्रेष्ठ पुस्तक सिद्धभेषजमणिमाला बीस वर्ष पहले की बनी हुई है। इसमें कितने ही स्थानों पर पाठकों को विस्मित कर देने वाले श्लोक भी पाये जाते हैं।

"पित्ततापितशरीरवल्लरी सा सखोबदहकीमदवाई।
औषधं शृणुमृगाक्षिमनोज्ञं जा गुलाबगुलकन्दखवादै॥ १ ॥"
"ज्वरार्दितायाकटुकान्कषायान्नचेत्पिवेत्किंबद वैद्यदेयम्।
निबोधहंसोमधुरप्रचारे वहां वनप्सा-शरवत पिलावै ॥ २ ॥

(२) विक्रम संवत् की बारहवीं सदी में वैद्यरत्न सोडलजी ने गदनिग्रह ग्रंथ का प्रथम व द्वितीय भाग लिखकर जन-समाज पर बहुत उपकार किया है। यह भी गुर्जर देश-निवासी व वस्त्र गोत्रीय रैक ब्राह्मण थे। सोठलकृत गुणसंग्रह नामक निघंटु ग्रंथ अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ, अतएव किसी विद्वान् वैद्य के पास हस्तलिखित पुस्तक हो तो उसका संशोधन करके प्रकाशित करने की आवश्यकता है। उसके प्रकाशित होने से निघंटु ग्रंथ में बतायी हुई नवीन व अर्वाचीन वनस्पतियों की वृद्धि हो जायगी।

(३) आयुर्वेदीय ग्रन्थमाला के स्थापक आयुर्वेद-मार्तण्ड यादवजी वैद्यराज से विद्वानगण भलीभाँति परिचित हैं। आयुर्वेदीय ग्रंथमाला द्वारा संशोधन कार्य करके इन्होंने एक भारी कार्य किया है। आयुर्वेदाकाश में यह मार्तण्ड नाम से ही प्रख्यात हैं।

(४) रसवैद्य महाशय जीवराम काशीदास जी ने रसशास्त्र की अनेक पुस्तकों का संशोधन कर प्रकाशित कराये हैं।

(५) इसी भाँति वैद्यराज पं० हरिप्रपन्न जी ने भी रसादि योगों का संग्रह कर रसयोग सागर नामक अद्वितीय ग्रन्थ जनता के समक्ष रक्खा है। इस ग्रंथ का उपोद्घात भी विद्वत्ता से परिपूर्ण है।

(६) वनस्पतिशास्त्र में निपुण गुर्जर देश-निवासी पूज्य सुप्रसिद्ध स्व. वैद्यराज श्री जयकृष्ण जी ने भी वनस्पति-शास्त्र नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध कर हम पर बड़ा उपकार किया है। यह ग्रन्थ अपने विषय में भारत के साहित्य में अतुल्य है।

(७) स्व. प्रातःस्मरणीय श्री महात्मा झंडू भट्टजी राजवैद्य गुर्जर देश में अब भी प्रसिद्ध हैं। बम्बई में उनके सुपुत्र जुगतराम जी ने औषध-निर्माणशाला (झंडू फार्मेसी) स्थापन की। इसीसे आज सारे भारत देश में देशीय औषधियों की बड़ी प्रसिद्धि हो रही है।

(८) स्व प्रा. रसवैद्य श्री अचलजी महाशय भी गुर्जर देश में व राजपुताने में प्रख्यात

थे। रसशास्त्र में बहुत ही निपुण थे। बम्बई में उनके सुपुत्रों ने भले प्रकार आयुर्वेद का कार्य किया है। उनके ही कुल में वैद्यराज शिवजी महाशय भी स्वयं अंधे हैं फिर भी अपने ज्ञान-चक्षुओं द्वारा वैद्यकीय कार्य निपुणता से करते हैं। उपर्युक्त दोनों वैद्य गुर्जर देशांतरगत काठियावाड़ प्रदेश की सब राजधानियों में प्रसिद्ध थे व हैं।

(९) स्व. प्रा. वैद्यराज प्रभुराम महाराज ने भी बम्बई में कितने ही वर्ष रह कर सनातन वेद धर्मसभा व श्री आयुर्वेद पाठशाला स्थापन की। वेदधर्म-सभा की तरफ से सुश्रुत-ग्रन्थ का गुर्जर भाषा में अनुवाद हुआ है। उनके सुपुत्र प्राणाचार्य पोपटरामजी पाश्चात्य वैद्यक में निपुण हैं तो भी पूज्य पिताजी के आयुर्वेदीय सिद्धांतों के अनुसार चलते हैं। इन्होंने भी आयुर्वेद पाठशाला का प्रकारांतर करके महाविद्यालय की स्थापना की है। इस तरह बम्बई में जिस समय पर रजिस्ट्रेशन ऐक्ट के समय पर तीन घण्टे तक साक्षी देकर आयुर्वेद वैज्ञानिक है ऐसा प्रतिपादन किया था।

(१०) स्व. वैद्यराज जटाशंकर लीलाधर जी ने भी पाश्चात्य पद्धति और आयुर्वेदिक पद्धति एवं दोनों प्रकार से मिला कर अनेक पुस्तकें वैद्य-कल्पतरु मासिक की भेट रूप से लिखी हैं। उनके सुपुत्र वैद्यराज रविशंकर जटाशंकर जी भी अपने पिता का ही अनुसरण करके मासिक की भेट रूप पुस्तकें प्रकाशित कर रहे हैं। एवं औषध-निर्माणशाला (गुजरात आयुर्वेदिक फार्मेसी) भी भली भाँति चला रहे हैं। इस नगर के महासम्मेलन का स्वागत करता हुआ मैं स्व. जटाशंकर जी के मित्र-ऋण से मुक्त होता हूँ।

(११) गुजरात में खेड़ा ज़िलेके आनन्द तालुकांतर्गत, नापाड व जोल ग्राम निवासी स्व. प्रा. स्मर्णीय वैद्यराज राजाराम शास्त्री थे। इस जगह भी इनके पास अनेक विद्यार्थियों ने लघुत्रयी व काव्य पुराण का पठन किया है। उनके अनुभव-सिद्ध प्रयोगों का उल्लेख सिद्ध भेषजमणिमाला में पूज्य गुरुजी ने किया है।

(१२) आयुर्वेद-विज्ञान मासिक के सम्पादक वैद्यराज दुर्गाशंकर केवलराम शास्त्री जी ने भी आयुर्वेद के इतिहास का सार-रूप ग्रन्थ प्रकाशित किया है व उन्होंने सद्व्रत इत्यादि अनेक ग्रन्थ लिख अनन्य सेवा की है।

(१३) आरोग्यसिंधु के सम्पादक रा. गोपाल जी कुंवर जी ने भी विविध वैद्यकीय पुस्तकें लिख कर प्रसिद्ध की हैं। कराची नगर में औषध-निर्माणशाला (सिंधु आयुर्वेदिक फार्मेसी) कितने ही वर्षों से स्थापित है। बम्बई व अहमदाबाद में भी उसकी शाखायें हैं। फार्मेसी का काम भी अच्छे पाये पर चल रहा है।

(१४) भाग्योदय के सम्पादक वैद्यराज जेठालाल देवशंकर जी ने भी वैद्यकीय पुस्तकें लिख कर प्रकाशित की हैं। औषधशाला का कार्य भी अहमदाबाद व बम्बई में अच्छा चल रहा है।

(१५) इस स्थान पर मुझको यह कहना उचित प्रतीत होता है कि वैद्यराज बापालाल जी संदिग्ध औषधियों के विषय में निर्णय करने का कठिन कार्य कर रहे हैं। इतना ही नहीं किन्तु उन्होंने निघंटु आदर्श नामक लगभग ८०० पृष्ठ का ग्रन्थ जिसमें कि लगभग ७०० वनस्पतियों का संग्रह मौजूद है, बड़ा आदरणीय और वैद्य-समाज के लिये बड़ा उपयोगी ग्रन्थ बनाया है। उन वैद्य महाशय ने क्षुद्रत्रयी की वनस्पतियों का बड़ा भारी खर्च कर प्रकाशित किया है। अभिनव कामशास्त्र, न्याय वैद्यक, दिनचर्या, घरगथ्थू वैद्यक इत्यादि अनेक पुस्तकें लिखकर गुर्जर देश को ऋणी किया है।

(१६) रसवैद्य नगीनदास छगनलाल की तरफ से रसादि प्रयोगों का "भारतभैषज्य रत्नाकर" नामक ग्रन्थ के पाँच विभाग प्रकाशित हुए हैं। यह विद्वानों में बड़ा आदरणीय है। इस नगर में ऊंझा आयुर्वेदिक फार्मेसी की स्थापना बहुत वर्षों से की है। कारोबार अच्छा चलता है।

(१७) "आरोग्य दर्पण" के सम्पादक महाशय ने जो कि वैद्यराज श्री गोपीनाथ जी गुप्त हैं इस नगर में रह कर वैद्यकीय अनेक पुस्तकें लिख कर वैद्यसमाज की अच्छी सेवा की है।

(१८) श्री बालकृष्ण जी पाठक ने भी संस्कृत प्रत्यक्ष-शारीर के दोनों विभागों का गुर्जर भाषा में अनुवाद कर महान् उपकार किया है। यह भी श्री पाटन आयुर्वेदिक कॉलेज के सभ्य और मंत्री है।

(१९) श्री शिवशंकर शुक्ल ने माधव-निदान का अनुवाद व प्रतिसंस्कार अच्छी तरह से किया है और आर्य-दृष्टि के साथ-साथ पाश्चात्य-दृष्टि का सम्यक् सम्मेलन किया है।

(२०) मैंने भी पाश्चात्य व पौर्वात्य निम्नलिखित वैद्यकीय पुस्तकें गुर्जर भाषा में लिखकर यथाशक्ति सेवा करने का प्रयत्न किया है।

(१) ज्वर-चिकित्सा-पद्धति।

(२) अनुभूत-चिकित्सा-पद्धति (द्वितीय आवृत्ति)

(३) क्षयरोग-चिकित्सा-पद्धति इत्यादि।

ऐसे आयुर्वेद के उत्कर्ष के लिये बहुत परिश्रम करने वाले स्वर्गस्थ सद्वैद्य गुर्जर देश में बहुत हो गये हैं। उनकी नामावली नीचे देता हूँ—

(१) बड़ोदा राज्य के स्व० राजवैद्य धनश्यामजी महाशय।

(२) सूरत के स्व० वैद्यराज तिलकचंद महाशय ने भी वैद्यक विषय में निबंध ग्रंथमाला प्रकट कर उपकार किया है। जिसमें अनुभव-सिद्ध प्रयोगों का प्रकाशन है।

(३) अहमदाबाद के स्व० वैद्यराज हरीशंकर भाई व स्व० वैद्यराज गोकुल भाई यह दोनों प्रसिद्ध वैद्यराज थे। इनके सुपुत्र वैद्यराज स्व० बापालालजी भी आयुर्वेद शास्त्र में निपुण थे। उनके सुपुत्र वैद्यराज रणछोड़लाल जी महाशय ने भी जयपुर में श्री० गुरुजी के पास रह कर आयुर्वेद का पठन किया था। खेद होता है कि यह भी स्वर्गस्थ हुए। इस कुल में अब वैद्यराज बाबूलालजी शर्मा आयुर्वेद शास्त्रानुसार चिकित्सा कर रहे हैं।

(४) अहमदाबाद के स्व० वैद्यराज रणछोड़लालजी मोतीलालजी पुराने वैद्य थे। इन्होंने वैद्यक शास्त्र में बहुत कुशलता प्राप्त की थी। इनके घर में हस्तलिखित चरक सुश्रुतादि प्राचीन ग्रंथ मौजूद हैं। जिस समय चरक सुश्रुतादि ग्रन्थ का प्रति संस्कार हुआ तब वैद्यराज यादवजी महाशय ने भी उनका बड़ा उपयोग किया था। उनके पुत्र वैद्यराज नंदलालजी भी पिता के अनुसार कार्य करते हैं। एवं प्राचीन स्व० वैद्यराजों ने आयुर्वेद की बहुत सेवा की है। उनकी नामावली यह है—

(५) राजवैद्य हेमुभाई

(६) वैद्यराज रवचंद छगनलालजी शाह

(७) ,, बापूराम कृष्णारामजी (घमीजवाले बालवैद्य)

(८) ,, बालगोविंद (बालवैद्य)

(९) ,, सुरचंदभाई (बहरा वैद्य)

(१०) ,, डुंगरसीभाई
(११) ,, मथुरादासजी
(१२) ,, भजगोविंदजी और वैद्य कृष्णाराम त्रिवेदी शाहपुर वाले
(१३) ,, अमृतलाल कुँवरजी पदीआर
(१४) ,, जयशङ्कर श्रीनाथजी वाले
(१५) ,, प्राणाचार्य त्र्यंबक त्रिभुवन मुनि इत्यादि।

एवं स्व० अन्य वैद्यराजों ने भी आयुर्वेद के उत्कर्ष के लिये लोगों की सेवा की है अतएव उन्हीं का उपकार मानता हूँ।

आयुर्वेद की उन्नति के उपाय और वैद्यों का कर्तव्य।

ऊपर की सब बातें कहने के पश्चात अब हमारा क्या कर्तव्य है इसका दिग्दर्शन कराना चाहता हूँ। आपने अनुभव से देखा है कि हमारा औषधि-भंडार विशाल है। इसकी उन्नति के लिये हम लोगों को कटिबद्ध होना चाहिये। इस आयुर्वेद शास्त्र के पठन-पाठन का प्रचार करने के लिये सुशिक्षित और अनुभवी वैद्य तैयार होने से गुजरात प्रान्त के बड़े-बड़े शहरों में आयुर्वेद-विद्यालय और महाविद्यालय की स्थापना हो सकेगी। आयुर्वेद महाविद्यालय का प्रस्ताव संपूर्ण रीति से गत सम्मेलन में किया गया था। उसके अनुसार महाविद्यालय की स्थापना करने की आवश्यकता है। अभी गुजरात प्रान्त में निम्नदर्शित महाविद्यालय और पाठशालायें चलती हैं।

(१) बड़ोदे में श्रीमंत सरकार महाराजाधिराज गायकवाड़ की ओर से आयुर्वेद पाठशाला और श्रावण मास में दक्षिणा परीक्षा, आयुर्वेद शास्त्र की मध्यमा और उत्तमा परीक्षा प्रचलित है। उत्तमा परीक्षा की प्रथम कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सौ रुपये के साथ वैद्य-रत्न की पदवी दी जाती है।

(२) बड़ोदा राज्य के अन्तर्गत पाटण नगर में श्रीमान् सेठश्री उजमसी पित्ताम्बर की ओर से श्रीपाटण आयुर्वेद महाविद्यालय नाम की संस्था स्थापित हुई है। इस संस्था में श्रीमंत सरकार महाराजाधिराज गायकवाड़ ने एक लक्ष रुपये का दान दिया है। संस्था में आयुर्वेदिक और एलोपेथिक का अभ्यास चलता है।

(३) बम्बई में श्री प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज नाम की संस्था चलती है। संस्था के व्यवस्थापक प्राणाचार्य पोपटराम प्रभुराम महाशय हैं।

(४) बम्बई में मारवाड़ी आयुर्वेद पाठशाला।

(५) भावनगर में आयुर्वेद पाठशाला।

(६) अहमदाबाद में श्रीनगर संस्कृत पाठशाला में आयुर्वेद विभाग।

(७) श्री आयुर्वेद पाठशाला, गवर्नमेन्ट पत्र द्वारा ता० ३-२-३५ के रोज से रजिष्ट्री कराकर स्थापित की गई है। पाठशाला का अभ्यास-क्रम निखिल भारतायुर्वेद-विद्यापीठ की नियमावली के अनुसार चलता है। इसके प्रधान व्यवस्थापक का काम करने के लिए मुझे ही नियत किया गया है।

(८) श्री अनंत पाठशाला, सांकडीशेरी इत्यादि।

श्री गुर्जर देश में निम्नदर्शित स्थलों में वैद्यसभाओं की स्थापना हुई है।

(१) बम्बई, (२) सूरत, (३) भड़ोंच, (४) बड़ोदा, (५) भावनगर, (६) राजकोट, (७) अहमदाबाद, (८) नड़िआद इत्यादि।

आरोग्याश्रम की आवश्यकता।

गुजरात में दिन-प्रतिदिन प्राण-घातक क्षयरोग बढ़ता जाता है। इस विषय में जब मैं गम्भीर विचार करता हूँ तब मुझको आरोग्याश्रम की आवश्यकता मालूम पड़ती है। जहाँ-जहाँ पर ऐसे रोगियों के लिए जल-वायु अनुकूल पड़ता हो, वहाँ-वहाँ स्थान निश्चित करके क्षय के रोगियों को आराम मिले, ऐसे स्थानों में आरोग्याश्रम बनाने की खास जरूरत है। वैद्यक-विद्या के लिये भी मशहूर पच्छेगाम में ऐसा एक छोटासा आरोग्याश्रम है। किन्तु पर्याप्त संख्या में आरोग्याश्रम बनाने के लिये प्रान्त के राजा महाराजा और धनिकों को आरोग्याश्रम की उपयोगिता समझा कर जिस प्रकार भी हो सके उस प्रकार से उत्तम प्रमाण में आरोग्याश्रम बनवायें। ऐसा प्रयत्न सम्मेलन की ओर से हो, यह मैं चाहता हूँ। क्योंकि क्षय जैसे प्राण-घातक रोग से भारत दुर्दशा को पहुँच रहा है।

आयुर्वेदीय औषधालय।

(१) अहमदाबाद म्युनिसीपलिटी की ओर से आयुर्वेदीय औषधालय स्थापित हुआ है। वहाँ का कार्य अच्छी तरह से चलता है।

(२) डी० जी० लोकलबोर्ड की ओर से दश आयुर्वेदीय औषधालय बहुत वर्षों से हैं। वहाँ का कार्य भी अच्छी तरह से चलता है। दोनों संस्थाओं के कार्यकर्ताओं का मैं अहसान मानता हूँ। इसके साथ प्रार्थना करता हूँ कि बहुत प्रमाण में आयुर्वेदीय औषधालयों की स्थापना करें।

(३) श्रीमान् सेठ अम्बालाल महाशय की ओर से धर्मार्थ आयुर्वेदीय औषधालय रीची रोड के रास्ते पर दश वर्षों से स्थापित है। इस औषधालय में मुफ़्त दवाइयाँ दी जाती हैं।

(४) श्रीमती रूपाबाई तथा चंपाबाई की ओर से भी धर्मार्थ आयुर्वेदीय औषधालय बहुत वर्षों से चलता है।

(५) स्व० सेठ जेठाभाई अमृतलाल महाशय की तरफ से धर्मार्थ आयुर्वेदीय औषधालय चलता है।

(६) माधवपुरा महाजन की ओर से भी धर्मार्थ आयुर्वेदीय औषधालय चलता है।

मैं आज आपके सामने जो कुछ कहना चाहता हूँ वह कुछ नया नहीं है। क्योंकि संसार में जो कुछ बोला जाता है व लिखा जाता है या खोजा जाता है वह सबका सब चर्वित-चर्वण पिष्ट-पेषण ही है। फिर भी एक ही बात को बार-बार कहने से उत्तम परिणाम निकलता है। ऐसी मेरी कुछ धारणा है। चरकसुश्रुत-वाग्भट्ट जैसे आयुर्वेद शास्त्र के धुरन्धर ग्रन्थकारों ने जो सिद्धान्त पद्धति बताई है इसके ऊपर यह आक्षेप किया जाता है कि आयुर्वेद अवैज्ञानिक और अशास्त्रीय है और वैद्य ऊँट-वैद्य हैं, इन आक्षेपों का उत्तर जहाँ तक मुझ से बन सकेगा वहाँ तक दोनों प्रथाओं की तुलना करके देने का प्रयत्न करूँगा। साथ ही यह भी बताने का प्रयत्न करूँगा कि आयुर्वेद अन्य सब पद्धतियों की अपेक्षा वैज्ञानिक और शास्त्रीय है।

आयुर्वेद का इतिहास।

आयुर्वेद के अति प्राचीन ग्रन्थों में से ब्रह्मसंहिता, दक्षसंहिता आदि ग्रन्थ आजकल उपलब्ध नहीं होते। परन्तु ये ग्रन्थ प्राचीनकाल में विद्यमान थे। यह बात चरक-सुश्रुतादि आयुर्वेद के ग्रन्थों से सिद्ध होती है। चरक-सुश्रुत और वाग्भट ये तीनों ग्रन्थ आयुर्वेद के मूलभूत हैं। इन तीनों ग्रन्थों को बृहत्त्रयी कहते हैं। इन तीनों में चरकसुश्रुत ये दोनों ग्रन्थ वाग्भट की अपेक्षा प्राचीन और स्वतंत्र है। वाग्भट में इन दोनों पुस्तकों का आधार लिया है। और यह सुश्रुत-चरक की अपेक्षा अधिक सुव्यवस्थित लगता है। इन ग्रन्थकारों का कालनिर्णय ठीक प्रकार से नहीं हो सकता तथापि चरक औषध-संग्रह के लिये सुविख्यात है और सुश्रुत शस्त्र-विद्या के लिये प्रसिद्ध है। इस देश का आयुर्वेद-ज्ञान अरब और यूनान के लोगों द्वारा यूरोप में फैला है और अर्वाचीन वैद्यक-शास्त्र के उद्भव में यही प्राचीन ज्ञान उपयोगी हुआ।

चरक और सुश्रुत में लिखे हुये औषधियों के वर्णन और रोगों की चिकित्सा से प्रत्यक्ष निरीक्षण करने की प्रथा के लिये हमको आश्चर्य और अभिमान उत्पन्न होता ही है।

ऋग्वेद से लेकर सिकन्दर के समय तक संपूर्ण पृथ्वी में "आयुर्वेद" ही वैद्यकशास्त्र का प्रमाणभूत शास्त्र था। इसमें दो मत हो ही नहीं सकते। एक दूसरे देश के लोगों द्वारा आयुर्वेद का प्रचार संसार में हुआ। और उन्होंने अपनी-अपती भाषायें बनाये। वास्तव में यूनानी और एलोपॅथी ये दोनों चिकित्सायें इसी आयुर्वेद की पुत्रियाँ हैं।

मित्रों! आयुर्वेद का इतिहास और आयुर्वेद की भूतकाल की अवस्था ये बातें आयुर्वेद के बने हुये ग्रन्थों पर से जानी जा सकती है। आयुर्वेद यह संपूर्ण कला-कौशल से पूर्ण बना हुआ एक महल था। उसको काल के क्रूर आक्रमणों ने तोड़कर छिन्नभिन्न बना दिया है और आगे चोरी से इसके कितने ग्रन्थ नष्ट हो गये हैं। और जिस काल बल से एवं कारणों से भारतवर्ष की अधोगति तथा दुर्दशा हुई है। उन्हीं कारणों से भूतपूर्व प्रकाशित आयुर्वेद की भी अवनति हुई है।

अपना आयुर्वेद यह केवल दवाइयों का शास्त्र नहीं था, यह केवल रोगों का शास्त्र न था। यह केवल स्थूल-शरीर या स्थूल पदार्थों से खेलने की पदार्थ विद्या नहीं थी; परन्तु यह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष एवं इहलोक तथा परलोक का तत्त्वज्ञान सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप में करनेवाला था और अब भी है। आयुर्वेद की दिवाल केवल पदार्थ विद्या की नींव के ऊपर नहीं रची गई थी बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति का लक्ष्य यह शास्त्र बनाया गया था।

क्या वर्तमान चिकित्साशास्त्र की बातें आयुर्वेद में नहीं थीं? मैं मानता हूँ कि सूत्र-रूप में अथवा दूसरे रूप से यह सब बातें आयुर्वेद में हैं। आयुर्वेद का शारीरिक शास्त्र और शस्त्रोपचार-विद्या (Anatomy & Surgery) इन्द्रिय-विज्ञान (Physiology) आरोग्य-शास्त्र (Hygiene) वनस्पति-शास्त्र (Botany) और औषध-गुण-परिचय (Materia Medica) आदि प्रत्येक विषय के ग्रंथ कालयोग से नष्ट हो गये होंगे तो भी वर्तमान समय में मिलनेवाले ग्रंथों से तथा इनमें वर्णित रोग-निदान और उपचार आदि सबों से कहा जा सकता है कि ऊपर लिखे ये सब अंग परिपूर्ण दशा में रहे होंगे। किसी कवि ने ठीक कहा है कि—

"अन्यानि शास्त्राणि विनोदमात्रं न तेषु किञ्चिद्मुविद्रष्टुमस्ति।
चिकित्सित ज्योतिषमंत्रवादा पदे पदे प्रत्ययमावहन्ति॥

काव्य के मधुर रस से प्यास बुझती नहीं। व्याकरण की धातु-शुद्धि से शरीर की धातु-शुद्धि नहीं होती। एवं दुःखी मनुष्य का दुःख ब्रह्मज्ञान की शुष्क बातों से दूर नहीं होता? इसलिये आधिव्याधि को दूर करने के लिये यदि कोई शास्त्र समर्थ है तो वह केवल आयुर्वेद का चिकित्सा-शास्त्र ही है।

आयुर्वेद यह वेद ही है।

ऋग् यजुः साम और अथर्व ये चार वेद हैं और आयुर्वेद, धनुर्वेद गन्धर्ववेद और अथर्ववेद ये चार इनके उपवेद हैं। चरक और सुश्रुतादि ग्रंथों से स्पष्ट है कि जिस प्रकार वेदों को ब्रह्मा ने बनाया है उसी प्रकार उपवेदों को भी ब्रह्मा ने बनाया है। वेद में आयुर्वेद सम्बन्धी बहुत सी आश्चर्यजनक बातें मिलती हैं। महर्षि गौतम ने आयुर्वेद सम्बन्धी मंत्रों के आधार से सब वेदों की सत्यता अनुमान द्वारा सिद्ध करने की युक्ति बताई है।

आयुर्वेद के आठ अंग

शल्य, शालाक्य, कायचिकित्सा, भूतविद्या, अगद-तंत्र, रसायन-तंत्र, और वाजीकरण तंत्र ये आठ अंग हैं। इसलिये इसको अष्टाङ्ग कहते हैं।

आयुर्वेद की परम्परा

सृष्टि के प्रारम्भ में ब्रह्मा ने वेदों के साथ में इस अष्टाङ्ग आयुर्वेद को लगभग हजार अध्यायों की संहिता के रूप में बनाया था। आरम्भ में ब्रह्मा ने प्रजापति को आयुर्वेद के आठों अङ्ग सिखाये थे। प्रजापति के पास से अश्विनीकुमारों ने सीखा। इन्होंने इन्द्र को सिखाया और इन्द्र के पास से ऋषियों ने ज्ञान प्राप्त किया जिन्होंने आयुर्वेद का पृथ्वी पर प्रचार किया।

आयुर्वेद अपौरुषेय है।

ऊपरि लिखित बात के अनुसार आयुर्वेद को अपौरुषेय और ईश्वर प्रणीत मानते हैं। माता, पिता, गुरु, ऋषि आदि से लेकर ईश्वर के वाक्यों में शब्द-प्रमाण कहते हैं। इस शब्द-प्रमाण को लेकर आयुर्वेद के ऊपर यह आक्षेप किया जाता है कि आयुर्वेद में "बाबा-वाक्यंप्रमाणम्" वाली कहावत बहुत है। हमारे स्वतंत्र विचार से काम करने की अपेक्षा अन्धश्रद्धा से वर्तने की प्रथा अधिक प्रचलित है। आर्यों के धर्म-भाव को समझनेवाला व्यक्ति ऐसा आक्षेप कर ही नहीं सकता। आर्यों की मान्यता के अनुसार वेद नित्य एवं सत्य वस्तु है। सत्य का आश्रय लेने पर मनुष्य की स्वतंत्रता में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं पड़ती। इससे वेद के बताये हुये मार्ग के अनुसार करने में मनुष्य की बुद्धि का स्वातंत्र्य या विचार-स्वातंत्र्य नष्ट नहीं हो जाता। अपने शास्त्रों के भिन्न-भिन्न भाष्यों से यह देखा जा सकता है कि जब कभी किसी विचारक को यह अनुभव हुआ कि अमुक टीका या अर्थ भूलयुक्त है; तभी उसने बिना किसी संकोच के अपना सच्चा अभिप्राय प्रकट करने में किसी भी प्रकार का संकोच नहीं किया। इस प्रकार के खण्डन-मण्डन में एक ही उदाहरण श्री शंकराचार्य और श्री रामानुजाचार्य का लेकर देख सकते हैं कि हमारे यहाँ बुद्धि और विचारों का कितना अधिक स्वातंत्र्य है।

और भी, शब्द-प्रमाण में प्रमाण शब्द का अर्थ अंग्रेज़ी में अथॉरोटी किया जाता है। यह अनुवाद अशुद्ध है। पाश्चात्य लोक इस शब्द को सत्तावाचक समझते हैं, और

जहाँ सत्ता होती है वहाँ पर स्वातंत्र्य नहीं होता, ऐसी उनकी मान्यता है। हमारा प्रमाणशब्द सत्तावाचक नहीं। हमारे शास्त्रकार सत्ताके बलपर किसी को मनवाते नहीं। परन्तु वे द्रष्टा होते थे, वैज्ञानिक रीति से विषयों को जानते थे। इसी कारण उनके वचनों के प्रति आदर भावना रखकर हम शब्दप्रमाण मानते हैं। वेद की टीकाओं की भांति आयुर्वेद में कितने विषयों की वृद्धि और स्वतंत्रतापूर्वक चर्चा की गई है। चरक और सुश्रुत ये आयुर्वेद के प्रमाण-भूत ग्रंथ माने जाते हैं। ये दोनों ग्रंथकार कई बातों में एक दूसरे से पृथक् पृथक् जाते हैं। तथापि इनके पृथक् पृथक् जाने की दक्षता और वैज्ञानिक दृष्टि स्पष्ट प्रतीत होती है।

आयुर्वेद का धर्मके साथ सम्बन्ध

आयुर्वेद के विरुद्ध एक यह आक्षेप किया जाता है कि आयुर्वेद के तत्व, न्याय सांख्य-दर्शन एवं वेद पुराण इतिहास आदि से उठाये गये हैं। इस प्रकार से इस वैद्यविद्या को तत्त्वज्ञान और धर्म के साथ मिलाकर विज्ञान रहित बना दिया है। यह आक्षेप भी निराधार है। आर्यों के मतानुसार मनुष्य का ऊंचे से ऊंचा पुरुषार्थ और अन्तिम ध्येय पूर्णता प्राप्त करना है अर्थात् परब्रह्म का साक्षात्कार करके मुक्ति प्राप्त करना है। इसके लिये तन और मन की उत्तम से उत्तम आरोग्यता होनी चाहिये। मनुष्य-जन्म को सार्थ करने के लिये शारीरिक आरोग्यता की खास जरूरत है। इसीलिये कहा भी है "शरीरमाद्यंखलुधर्मसाधनम्" संक्षेप में कहें तो उभयों का प्रत्येक विचार, तत्व, ज्ञान, विज्ञान, और धर्म से भरा हुआ है इतना ही नहीं परन्तु इन तीनों में एक दूसरे का समावेश हुआ है और यही सच्ची वैज्ञानिक पद्धति है।

आयुर्वेद वैज्ञानिक है

पाश्चात्य लोगों की यह धारणा है कि आयुर्वेद शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक नहीं है। यह सबसे बड़ा आक्षेप है। आयुर्वेद जैसा वैज्ञानिकशास्त्र और विज्ञान की दृष्टि से जिस प्रकार आयुर्वेद विषयों की चर्चा करता है इस प्रकार का विज्ञान तो पाश्चात्य वैद्यक शास्त्र में ढुंढने से भी नहीं मिलता। आयुर्वेद विज्ञान एवं कला इन दोनों दृष्टियों से देखता है। वैज्ञानिक दृष्टिसे इसके विभाग नीचे लिखे अनुसार करता हूँ। प्रत्येक को निरीक्षण करने से आपको विश्वास हो जायगा कि सच्चे विज्ञान के सिवाय इसमें एक भी खोटी बात नहीं रक्खी गई है।

(१) तीन प्रकार के प्रमाण, प्रत्यक्ष, अनुमान, और शब्द
(२) पञ्चभूत का सिद्धान्त
(३) त्रिधातु सिद्धान्त
(४) त्रिदोष सिद्धान्त
(५) निदान और चिकित्सा
(६) रस, गुण, वीर्य, विपाक, और प्रभाव गुणवाली औषधियाँ

हमारा यह वैज्ञानिक दृष्टि से किया हुआ वर्गीकरण इतना अधिक सफल हुआ है कि इसके लिये "फिलाडलफिया (अमेरिका) के सुप्रसिद्ध डॉक्टर ज्योर्ज क्लार्क एम० ए० एम० डी० ने कहा है कि चरक के प्रत्येक अध्याय को पढ़ते हुए मैं इस सिद्धान्त पर पहुँचता हूँ कि यदि वर्तमान समय के डॉक्टर फार्मोकोपीया की वर्तमान कालीन नवीन औषधियों को छोड़कर चरक में बताई हुई प्रणाली के आधार से रोगों का निदान और चिकित्सा करें तो अकाल मृत्यु

की संख्या बहुत घट जाय और अनेक प्रकार के रोगों से पीड़ित जीर्ण रोग बहुत कम देखने में आयें।

त्रिधातुः

वात, पित्त और कफ ये तीन धातु हैं। शरीर का छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा अवयव इनसे बना है। इसलिये इनको धातु कहते हैं। धातु शरीर का आधाररूप होता है। इन तीनों के अभाव होने का अर्थ यह है कि शरीर का अभाव; जब ये सम-विषम रूप में होते हैं तब दोष का रूप लेते हैं और रोग उत्पन्न होता है। कई विद्वान् धातु को दोषरूप से और दोष को धातु रूप से कहते हैं। इसलिये ये पर्य्याय वाचक है इस प्रकार कहने का कारण आयुर्वेद का एक स्वयं सिद्ध प्रमाण है—अर्थात् आरोग्यता और अनारोग्यता के आधार धातु के बलाबल के ऊपर टिका हुआ है। जिस समय धातु नियमित स्थिति में होना है उस समय इसे प्रसाद स्थिति में कहते हैं और जब अनियमित स्थिति में होता है, तब इसको मलस्थिति में कहते हैं। इस प्रकार से हम धातु को इसके कार्यकारण सम्बन्ध से भिन्न स्वरूप में जान सकते हैं। धातु अथवा दोष-प्रसाद-भूत धातु के अर्थ में एवं कीट-भूत मलके अर्थ में व्यवहार होते हैं।

विज्ञान की दृष्टि से शारीरिक क्रिया वात, पित्त और कफ, इस त्रिधातु के ऊपर आधार रखती है, और मानसिक क्रिया सत्व, रज और तम इस त्रिगुण के ऊपर आधार रखती है। सम्पूर्ण संसार की उत्पत्ति इन तीनों गुणों से होती है। ये तीनों प्रकृति के गुण हैं। वेद में समस्त संसार को उत्पन्न करने वाली तीन गुणों से युक्त इस प्रकृति का उल्लेख आता है।

इसीलिये प्रत्येक वस्तु त्रिगुणात्मक कही जाती है। सत्व, रज और तम ये तीनों गुण जीवित पुरुष में क्रम से वात, पित्त और कफ के रूप में दिखाई देते हैं। जीवित मनुष्य का शरीर वात, पित्त और कफ से भरा हुआ कहा जाता है। मुर्दे मनुष्य का शव पंचभूतों की खोल है। मनुष्य की खोल में जब तक जीव है तब तक वह जीवित है। जीते हुये मनुष्य के शरीर में जीवन का अस्तित्व है और मुर्दे में जीवन का अस्तित्व नहीं होता। इन दोनों को पंचभूतात्मक वात, पित्त और कफ वाला कहते हैं अर्थात् यह पंचभूतात्मक तथा त्रिधातु वाला कहा जाता है। सब में त्रिधातु नहीं हो सकता। इस प्रकार से शरीर का पृथकरण दो प्रकार का है। पंचभौतिक और त्रिधातु इन दोनों का संयोग नीचे लिखे अनुसार है।

आकाश और वायु-वात जो राजसिक है—के रचना-कार्य में प्रविष्ट होते हैं। तेज पित्त (जो सात्विक है) के रचना कार्य में प्रविष्ट करता है। और पृथ्वी तथा अप कफ (जो तामसिक) है, में प्रवेश करते हैं। इस प्रकार से पृथ्वी, अप, तेज, वायु और आकाश इससे पंचमहाभौतिक खोल में जीवन का प्रवेश होता है। तब जीव का यह शरीर वात, पित्त और कफ से बना हुआ है ऐसा कहा जाता है। यह वात, पित्त और कफ से बना जीव धारण करनेवाला शरीर सत्व, रज और तमगुणवाला त्रिगुणात्मक बना। इसलिये मनुष्य की प्रकृति के अनुसार वातल, पित्तल, और श्लेष्मल ये तीनों भाग किये गये हैं।

वायु विशेष हो तो इस प्रकार की प्रकृतिवाले मनुष्य को वातल, पित्त अधिक हो तो इस प्रकार की प्रकृतिवाले मनुष्य को पित्तल, और कफ अधिक हो तो इस प्रकार की प्रकृति वाले मनुष्य को श्लेष्मल कहते हैं। प्रत्येक मनुष्य की इनमें से कौन सी प्रकृति है यह जानने की खास जरूरत है। क्योंकि इनके उपर से ही मनुष्य की आरोग्यता या अनारोग्यता जाँच

करने की आयुर्वेद में आज्ञा है। शरीर के अन्दर की क्रियायें वात, पित्त और कफ से नियमित होती हैं। हम जो खुराक खाते हैं उससे धातु बनता है। रस, रक्त आदि को भी धातु रूप में गिना जाता है परन्तु इनको दुष्य शब्द से पहिचाना जाता है। क्योंकि ये वात, पित्त और कफ से दूषित होते हैं। भोजन खाने के पीछे उसका रस बनता है। यह क्रिया आमाशय ग्रहणी और पक्वाशय में होती है। रस बनाने वाले भी वात, पित्त और कफ हैं। प्राणवायु के रूप में वात भोजन को आमाशय में भेजती है, यहाँ पर कुछ रूपान्तर होने के पीछे इसको ग्रहणी में पहुँचाती है। यहाँ पित्त (पाचक पित्त) से कफ को द्रव रूप करके इसमें भोजन पचाने की क्रिया होती है। इस प्रकार से इसका रस बनता है। इसके पीछे वात, पित्त और कफ की वारम्वार क्रिया होने से रक्त बनता है, पीछे रक्त से मांस, मांस से मेद, मेद से अस्थि (हड्डियाँ)। अस्थि से मज्जा, और मज्जा से शुक्र बनता है। इस प्रकार से सप्तधातु बनती हैं और भी इसमें से एक धातु बनता है जिसको कि ओज कहते हैं। यह ओजस् सातों धातुओं का सत्व अर्थ साररूप कहा जाता है। ऊपर के अनुसार यदि शुक्र धातु तक की क्रियायें ठीक प्रकार से न हों तो ओजस् धातु को बहुत नुकसान पहुँचता हैं और कई वार रस ओजस् धातु की कमी के कारण जीवन की क्रिया एक दम बन्द हो जाती है। शरीर की इन सातों धातुओं की क्रिया आयुष्य को भी स्थिर करती है। इसलिये इस शास्त्र का नाम आयुर्वेद है। आयुर्वेद शास्त्र में दिनचर्या, रात्रिचर्या और ऋतुचर्या आदि का प्राधान्य है। चर्यादि का पालन आवश्यक है। अतएव महर्षि चरकाचार्य जी का कथन का स्मरण करना उचित है। "कोऽरुक् कोऽरुक क्षुत्कालेहित मितभूक्कृत्वङ्क्रमणः क्रमेणवामशयः। अविधृतमूत्र परीषस्त्रिपुजितात्मा पतङ्गसोऽरुक् स्यात्।" एवं पथ्याऽपथ्य पालन करना भी आवश्यक है इस विषय में शास्त्रकार कहते हैं कि "पथ्येसतिगद्गार्तस्यकिमौषध निषेवणैः। पथ्येऽसतिगदार्तस्यकिंमौषधनिषेवणैः।" श्रीमद्भगवद्गीता में कथन किया है कि "शास्त्रों की आज्ञाओं का पालन करना उचित है।" "ये शास्त्रविधि मुत्सृज्यवर्तते काम कारतः न स सिद्धि-मवाप्नोति न सुखं न परांगतिम्। तस्माच्छास्त्र प्रमाणन्ते कार्याऽकार्य व्यवस्थितौ।" आयुर्वेद शास्त्र में भी कहा है कि "आयुर्वेदो पदेशेषु विधेयः परमादरः।"

आयुर्वेद शास्त्र में दोषानुसारिणी चिकित्सा है। अतएव शास्त्र का कथन है कि "नास्तिरोगी विना दोषैर्यस्मात्तस्माद्विचक्षणः। अनुक्तमपि दोषाणां लिङ्गैर्व्याधिमुपा चरेत्।" श्री काशीक्षेत्र में पञ्चभूत और त्रिदोष सिद्धान्त के विषय में नवेम्बर की ता० २ से ता० ८ तक विद्वान् वैद्यों की परिषद् हो गई। निवेदकों की ओर से प्रश्न पत्र निकला था। आयुर्वेद शास्त्र में पञ्चभूत और त्रिदोष सिद्धान्त का अन्योन्याश्रयत्व है। इस विषय में पञ्चभूत त्रिदोष सिद्धान्त समालोचना नाम की पुस्तक प्रसिद्ध हुई है। यह पुस्तक अवलोकन करने की विज्ञप्ति है। काशी की परिषद् में यह पुस्तक भेजी थी। सम्मेलन में भी विद्वानों ने समर्पण किया है।

सज्जनों! आज हम अपने को अतीव भाग्यशाली समझते हैं जो आप सबने इस शीत काल में गृह का सुख छोड़कर यात्रादि कष्टों को सहते हुये, नियत समय में अखिल भारत वर्षीय २५ वाँ अधिवेशन में अपने शुभागमन से जो कुछ शोभा बढ़ाई है उसकी हम आप लोगों से गुर्जर प्रान्त अहमदाबाद वैद्यसभा और स्वागतकारिणी-समिति की ओर से क्षमा-प्रार्थना करते हुए आप सब लोगों का स्वागत करते हैं। हम लोगों के पास इस समय आप लोगों की स्वागत-सेवा-निमित्त कोई सर्वोत्कृष्ट सामग्री नहीं है जिससे हम आप लोगों को अच्छी तरह

संतोष कर कृतार्थ बनते। परन्तु आयुर्वेद के पुनरुद्धारार्थ कटिबद्ध होकर, मद्रास, बंगाल, यू० पी०, बम्बई आदि प्रसिद्ध शहरों से कष्ट उठाकर आकर आपने इस नगर को पवित्र किया है। इसलिये आपका अहसान मानता हूँ। स्वागत करने में प्रमाद होना संभव है इसलिये "प्रमादो मानुषो भावः" इति न्याये आप सज्जनों से क्षमा चाहता हूँ। अंत में श्री धन्वन्तरि भगवान की प्रार्थना करने के साथ अपना वक्तव्य समाप्त करता हूँ।

सुधाकुम्भं हस्ते दधदमरतार्थं सुमनसां।
रहस्यं जिह्वाग्रे गदहरमथर्वोपनिषदां॥
मणिं श्री वत्साङ्के हृदि जलनिधेर्योऽजनि पुरा।
विनिघ्नन् विघ्नं वः सुखयतु स धन्वन्तरि विभुः॥१॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

॥ संपूर्णम् ॥

आयुर्वेद के नवयुग-प्रवर्त्तक चरकसंहिता की जल्पकल्पतरुटीका के प्रणेता

धन्वन्तरिकल्प कविराज गंगाधर की

संक्षिप्त जीवनी

कविराज गंगाधर को केवल वैद्यरूप से परिचय देना ठीक नहीं, क्योंकि उनके सदृश इन एक दो शताब्दियों में सर्वशास्त्रज्ञ विविध विषयक ग्रंथों के प्रणेता किसी विद्वान् ने जन्म-ग्रहण किया है, इसमें सन्देह है। अब तक संस्कृत भाषा में विरचित विविध विषयों के उनके ७६ ग्रन्थ मिले हैं। जिनका नामोल्लेख अन्त में किया जायगा।

आपका जन्म-स्थान बंग-देशान्तर्गत यशोहर (Jessore) जिला के मागुरा ग्राम में एक सुप्रसिद्ध वैद्यवंश में हुआ था आपके पिता का नाम भवानीप्रसाद राय और माता का नाम अभया देवी था। तथा जन्मकाल बंगला सन् १२०५-२४ आषाढ़ कृष्ण नवमी शुक्रवार था। आप संस्कृत से नाना शास्त्र का अध्ययन कर १८ वर्ष की अवस्था में राजशाही जिले के वैद्य बेलघरिया नामक स्थान के विख्यात कविराज रामकान्त सेन जी के पास आयुर्वेद अध्ययन करने आये।

यहाँ आकर स्वयं आयुर्वेद का अध्ययन करते हुए अन्य छात्रों को संस्कृत व्याकरण-साहित्यादि की अध्यापना भी किया करते थे। उसी छात्रावस्था में अपने छात्रों के सुभीता के लिये मुग्धबोध व्याकरण की "महावृत्ति" नामक एक नूतन टीका की रचना की। कविराज गंगाधर के पिता ने इस टीका की परीक्षा के लिये उस समय के एक प्रख्यात वैय्याकरण विद्वान् के पास ले गये थे, और उनसे आपने अपने पुत्र का नाम नहीं कहा था। उन्होंने टीका को ध्यानपूर्वक पढ़कर कहा—इस टीका को तो मैंने पहले कभी भी नहीं देखा था; परन्तु मालूम होता है कि यह अति प्राचीन एक उत्कृष्ट टीका है। इससे मालूम होता है कि छात्रावस्था में ही उनकी रचना-शक्ति कैसी तीव्र थी।

कविराज गङ्गाधर ने आयुर्वेद का अध्ययन समाप्त कर २१ वर्ष की अवस्था में ही कलकत्ता में प्रथम चिकित्सा-कार्य प्रारम्भ किया। किन्तु स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण अपने पिता के आदेशानुसार मुर्शीदाबाद में जाकर चिकित्सा-कार्य में प्रवृत्त हुए। मुर्शीदाबाद मुसलमानी राज्य में 'बंगाल, विहार और उड़ीसा की राजधानी थी। उस समय भी वहाँ बहुत धनाढ्य जमीन्दार और व्यवसायी थे। यहाँ आने के थोड़े ही दिनों बाद इनकी यश-ध्वजा चारो ओर फहराने लगी। उस समय कासिमबाजार की विख्यात् महारानी श्रीमती स्वर्णमयी कठिन रोग से आक्रान्त हुई थीं। कविराज गंगाधर उस समय नवयुवक थे। परन्तु यशस्वी होने के कारण अन्यान्य वैद्यों के रहते हुए भी महारानी जी की चिकित्सा का भार आप ही को सौंपा गया। इनकी चिकित्सा के नैपुण्य से महारानी ने सम्पूर्ण आरोग्य लाभ किया। तब गंगाधर उस राज-दरबार के पारिवारिक चिकित्सक हुए, और इन्हें मासिक वृत्ति मिलने लगी।



श्रीमान् स्वर्गीय कविराज श्रीगंगाधरराय कविरत्न **मुर्शिदाबाद**।
चरककी जल्पकल्पतरु व्याख्या आदिके लेखक।

उनका शास्त्रज्ञान और उपस्थित बुद्धि इतनी प्रबल थी कि उससे पाश्चात्य चिकित्सकों को भी अत्यन्त विस्मित होना पड़ता था। उस समय मुर्शीदाबाद के नवाब बहादुर एक बार रोगग्रस्त हुए, उनकी चिकित्सा के लिये डा० कोटा प्रभृति प्रसिद्ध डाक्टरगण बुलाये गये। किन्तु उन लोगों ने रोग असाध्य समझ कर चिकित्सा छोड़ दी। परन्तु गंगाधर जी की चिकित्सा से नवाब बहादुर ने आरोग्य लाभ किया। तब से उनकी ख्याति समग्र देश में और भी जोर से फैल गयी और नाना दिग् से चिकित्सार्थ रोगी और अध्ययनार्थ छात्रगण आने लगे।

गंगाधर जी के प्रथम यौवनकाल में ही उनकी स्त्री एक मात्र पुत्र धरणीधर को छोड़कर स्वर्ग सिधार गयीं। फिर उन्होंने दूसरा विवाह नहीं किया और एक वृद्धा परिचारिका पर अपने पुत्र का पालन-पोषण का भार अर्पण कर स्वयं चिकित्सा और अध्यापन-कार्य में निमग्न हो गये और विद्यार्थियों के साथ रहने लगे। आपके अन्यतम शिष्य महामहोपाध्याय कविराज द्वारकानाथ सेन जी कहा करते थे कि हम लोगों को अध्ययनकाल में रात्रि-भोजन के पश्चात् बहुत बार ऐसा अवसर आया था कि गुरु जी के पास अध्ययन करते ही रात्रि बीत जाती थी। गुरु जी रात्रि में बहुत कम निद्रा में समय व्यतीत करते थे। अवशिष्ट समय अध्यापन और ग्रन्थ-रचना में व्यतीत होता था। शयन-स्थान पर लेखन की सारी सामग्री रक्खी रहती थी। क्योंकि कभी-कभी उठ-उठकर भी आप कुछ-न-कुछ लिख जाते थे। शयनावस्था में भी आप शास्त्र विषय की ही चिन्ता करते थे तथा कोई नवीन तत्त्व मालूम होने पर अथवा संदिग्ध विषयों का संदेह दूर हो जाने से तत्काल उठकर निद्रित विद्यार्थियों को उठाकर उन लोगों को समझाने लग जाते थे। शास्त्रीय विषय की चिन्ता और उसके प्रतिपालन के लिये उनके निकट समय-असमय का विचार कुछ भी नहीं था।

कविराज गंगाधर कितने प्रकाण्ड 'विद्वान्, सुचिकित्सक' और निपुण अध्यापक थे, उसका लिखना व कहना असम्भव है। यह उनके रचित ग्रन्थसमूह और सुयोग्य शिष्यों को देख कर ही पता चल सकता है। वर्तमान आयुर्वेद के युग को यदि गंगाधर-युग कहा जाय तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी; क्योंकि अभी तक भी आयुर्वेदीय चिकित्सक-मण्डली में गंगाधर के शिष्य-परम्परा ही अधिक व्याप्त है। उनके शिष्यों में महामहोपाध्याय कविराज द्वारकानाथ सेन, सुश्रुत के भाष्यकार प्राणाचार्य हाराणचन्द्र चक्रवर्ती, कविराज परेशनाथ सेन, कविराज ईश्वरचन्द्र सेन, कविराज गोविन्दचन्द्र सेन, कविराज श्रीचरण सेन और प्रशिष्य में लक्ष्मीराम स्वामी, वैद्यरत्न योगेन्द्रनाथ, कविराज उमाचरण प्रभृति विख्यात हैं। कविराज गङ्गाधर के शिष्यों में कोई भी अपने जीवन में असफल नहीं हुए—यह एक विचित्र लीला है।

नाना शास्त्रों में बहुसंख्यक उपादेय ग्रन्थ लिखने पर भी चरक की जल्पकल्पतरु टीका ही ने उन्हें अमर कर दिया है। आयुर्वेद शास्त्र में उनका पाण्डित्य कैसा असाधारण था यह केवल जल्पकल्पतरु टीका देखने से ही ज्ञात हो सकता है। दर्शन, उपनिषद्, धर्मशास्त्र प्रभृति में भी उनका अगाध पाण्डित्य था। यह उनकी मनुस्मृति-टीका के एकही श्लोक के पढ़ने से मालूम होता है।

"असद् व्याख्यार्णवे घोरे मग्नां मानव-संहिताम्।
वेदान्तवत्समुद्धर्तुं तत्वतोऽयं ममोद्यमः॥"

(गङ्गाधरकृत मनुसंहिता की टीका)

कविराज गंगाधर ने अपनी मनुस्मृति-टीका में कुल्लूक भट्ट प्रभृति प्राचीन टीकाकारों के मतों का विशेष पाण्डित्यपूर्ण विचार से खण्डन किया है।

कविराज गंगाधर ने केवल ग्रन्थों की रचना कर ही अपना कार्य समाप्त नहीं किया, बल्कि उन ग्रन्थों को मुद्रणार्थ अपने गृह में एक विशाल-प्रेस की स्थापना की और प्रथम अमूल्य ग्रन्थ जल्पकल्पतरु टीका का मुद्रण किया। दुःख है कि आप अपने जीवन काल में स्वरचित ग्रन्थों का सम्पूर्ण मुद्रण नहीं कर सके।

उनके रचित ग्रन्थों में शेष ग्रन्थ "आग्नेय अलंकार" की काव्यप्रभा वृत्ति है। इस ग्रन्थ की रचना के थोड़े दिनों बाद ही आपका परलोक गमन हुआ था। आपका स्वर्गवास ८६ वर्ष की अवस्था में बंगाब्द सन् १२९२-१३ ज्येष्ठ में हुआ।

उनकी मृत्यु के बाद उनके रचित कई एक उत्कृष्ट ग्रन्थों का मुद्रण हुआ; किन्तु उनके पुत्र और पौत्र की असामयिक मृत्यु के कारण गंगाधर का समग्र ग्रन्थ प्रकाशित नहीं हो सका है।

निखिल भारतीय वैद्य मण्डली को उचित है कि वर्तमान युग के आयुर्वेद-प्रवर्तक कविराज गंगाधर की अप्रकाशित पुस्तकों को प्रकाशित करने का भरपूर प्रयत्न करे।

कविराज गंगाधरजी द्वारा रचित पुस्तकों की सूची—

आयुर्वेद में ग्रन्थों की संख्या ११

यथा—(१) चरक संहिता की जल्पकल्पतरु टीका, (२) परिभाषा, (३) भैषज्यरामायणम्, (४) आग्नेयायुर्वेद व्याख्या, (५) नाड़ी-परीक्षा, (६) राजवल्लभीय द्रव्यगुण विवृति, (७) भास्करोदयः, (८) मृत्युञ्जय संहिता, (९) आरोग्य स्तोत्रम्, (१०) प्रयोगचन्द्रोदयः, (११) आयुर्वेद-संग्रहः।

तन्त्र में ग्रन्थों की संख्या—२

यथा—(१) निर्वाणसारः, (२) महानिर्वाणतन्त्रम्।

व्याकरण में ग्रन्थों की संख्या—८

यथा—(१) कौमार व्याकरणम्, (२) त्रिपाठ व्याकरणम्, (३) मुग्धबोध महावृत्तिः, (४) पाणिनीय वार्षिकम्, (५) दोषसन्दर्शनी, (६) शब्दशक्तिप्रभा, (७) धातुपाठः, (८) वादार्थः।

साहित्य में ग्रन्थों की संख्या—१२

यथा—(१) लोकालोक पुरुषीय महाकाव्यम्, (२) शिखण्डि प्रादुर्भावः, (आख्यायिका) (३) तारावती स्वयम्बर महनाटकम्, (४) शौरीश्वर चरित महाकाव्यम्, (५) दुर्गावध महाकाव्यम्, (६) सप्तकाव्यम्, (७) सत्योपाख्यानम्, (८) छन्दोमारवृत्तिः, (९) काव्यलक्षणवृत्तिः, (१०) छन्दोऽनुशासनम्, (११) पिङ्गलटीका, (१२) आग्नेयालङ्कारस्य काव्य-प्रभावृत्तिः।

धर्मशास्त्र में ग्रन्थों की संख्या—७

यथा—(१) मनुसंहिता की प्रमादभञ्जनी टीका, (२) पराशरसंहिता टीका, (३) स्मृतिसेतुः, (४) दायभागः, (५) वैधहिंसादि निर्णयः, (६) धर्म्मानुशासनम्, (७) विष्णुपुराण टीका।

उपनिषद में ग्रन्थों की संख्या—८

यथा—(१) मिश्रोपनिषद् व्याख्या, (२) तैत्तिरीयोपनिषद् व्याख्या, (३) छान्दोग्योपनिषद् व्याख्या, (४) माण्डुक्योपनिषद् व्याख्या, (५) प्रश्नोपनिषद् व्याख्या, (६) केनोपनिषद् व्याख्या, (७) वाजसेनेयोपनिषद् व्याख्या, (८) कैवल्योपनिषद् व्याख्या।

दर्शन में ग्रन्थों की संख्या—१४

यथा—(१) षट्सिद्धान्तः, (२) वेदान्तसर्वस्वम्, (३) ब्रह्मविद्यामृतम्, (४) शारीरक सूत्रवार्त्तिकम्, (५) वस्तुनिर्णयः, (६) पञ्चपुष्पाञ्जलिः, (७) तत्त्व-विद्याकरः, (८) संस्कारवादः, (९) सांख्यभाष्यम्, (१०) पातञ्जलभाष्यम्, (११) गौतमीय वात्स्यायन वृत्तिः, (१२) कुसुमाञ्जलि टीका, (१३) वेदान्तभाष्यम्, (१४) वैशेषिकभाष्यम्।

ज्योतिष में ग्रन्थ की संख्या—१

यथा—(१) काल-विज्ञानम्।

विविध विषयों में ग्रन्थों की संख्या—१३

यथा—(१) त्रिकाण्ड शब्दशासनम्, (२) जगन्नाथ स्तवः, (३) संसार संवरणम्, (४) कात्यायन वार्त्तिकम्, (५) गायत्री व्याख्या, (६) सिद्धान्त शतकस्तवराजः, (७) रामगीता व्याख्या, (८) आनन्द तरङ्गिणीस्तवः, (९) नवग्रह स्तोत्रम्, (१०) लिपि वर्ण विज्ञानीयम्, (११) शान्ति कान्तिक व्याख्यबोधः, (१२) भागवत-विचारः, (१३) महिम्न-स्तव व्याख्या।

सब मिलाकर ग्रन्थों की संख्या ७६

कविराज शिरोमणि स्वर्गीय

श्यामादास-वाचस्पतिजी की

संक्षिप्त जीवनी

बङ्गदेश के प्रसिद्ध विद्या-केन्द्र नवद्वीप के संनिकट गंगा-तट पर चूपी नामक ग्राम में सन् १८७६ (बंगला) २१ फाल्गुन को शुभ जन्म कविराज श्यामादास जी का हुआ था।

अष्टादश शताब्दि के शेषांक में पण्डित-प्रवर रघुनाथ शिरोमणिजी के समय से नव्य न्याय शास्त्र के पठन हेतु भारतवर्ष के प्रायः सभी विद्यार्थी नवद्वीप में जाते थे।

इस नवद्वीप के सन्निकट चूपी तथा पूर्वस्थली नाम के दो सम्मिलित ग्राम प्रसिद्ध हैं। इसमें प्रसिद्ध साहित्यिक अक्षयकुमार दत्त तथा भाव-संगीत रचयिता देवान रघुनाथ आदि मनुष्य-रत्न उत्पन्न हुये थे।

इस ग्राम की और विशेषता यह थी कि यहाँ के वैद्य नाड़ी-ज्ञान के विशेषज्ञ होते थे।

जिस वंश में पं० श्यामादास जी उत्पन्न हुए थे, उस वंश को चूपी के जमींदार ने अनेक धन-सम्पत्ति देकर बसाया था। पं० श्यामादास जी के पितामह पद्मलोचनदास बड़े प्रसिद्ध विद्वान् एवं चिकित्सक थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र वाचस्पति जी के पिता कविराज अन्नदा प्रसाददास दो सहोदर भ्राता थे। अन्नदा प्रसादजी अपने कनिष्ठ (भ्राता) राधिकाप्रसादजी के ऊपर निज ग्राम के चिकित्सा का भार सौंपकर स्वयं रंगपुर "धरणी बाड़ी" के जमीन्दार जी के अनुरोध से उस स्थान के चिकित्सक हुए। मलेरिया के प्रारम्भ काल में डाक्टरों से प्रतियोगिता कर यश-संचय किया था। आप केवल चिकित्सक ही न थे बल्कि इनकी लगन अध्यात्मोन्नति पूजा-पाठ की ओर भी अधिक आकर्षित थी।

पं० श्यामादासजी की प्रतिभा बाल्यकाल से ही चमकती थी—उसी उम्र में उन्होंने "कविता-कदम्ब" तथा यौवनावस्था में संस्कृत की "बाल-चापल्य" नामक ग्रन्थ प्रकाशित किया था। १५ वर्ष की अवस्था में पूर्वस्थली निवासी पं० यदुनाथ विद्यारत्न के पास संस्कृत साहित्य एवं व्याकरण पढ़ने के निमित्त गये थे वहीं उन्होंने संस्कृत भाषा में कथोपकथन तथा व्याख्यान देने का अभ्यास किया था।

१२९० में पं० भूवन विद्यारत्नजी से भी शिक्षा प्राप्त की थी।

१२९४ में काशी के प्रसिद्ध कविराज परेशनाथ जी के पास आयुर्वेद शास्त्र का अध्ययन किया था। सांख्य-वेदान्त, पूर्व मीमांसादि ग्रन्थ के भी अध्ययन के साथ ही साथ श्यामाचरण लाहिड़ी के संनिकट योगाभ्यास का भी अभ्यास किया था।

१३०२ में काशी से वापस अपने ग्राम चले गये थे।



श्रीमान् स्वर्गीय कविराज श्रीश्यामादासजी वाचस्पति **कलकत्ता**।
संस्थापक—श्रीवैद्यशास्त्रपीठ **कलकत्ता**।

उनके सहपाठियों में पं० प्रमथनाथ स्मृति-तीर्थ, प्रतापचन्द्र काव्यतीर्थ आदि के नाम विशेष स्मरण करने योग्य हैं।

कुछ दिन ग्राम में रहने के बाद अपने पिता के साथ रंगपुर में चिकित्सा-ज्ञान प्राप्त किया था।

अपना व्यवसाय करने के लिये कलकत्ते गये और वहाँ के प्रसिद्ध चिकित्सक द्वारिकानाथ सेन जी के पास व्यवसाय-प्रणाली तथा शास्त्रोपदेश ग्रहण कर स्वतंत्र रूप से अपना कार्य्यारम्भ किया। थोड़े ही दिनों में उनका यश कलकत्ते में फैल गया।

उनकी सुप्रेरणा से अनेक छात्र कलकत्ते की सांख्य, वेदान्त-न्याय प्रभृत शास्त्र की परीक्षायें पास कर, नैपाल, काश्मीर, जयपुर, संयुक्त-प्रदेश आदि स्थानों पर विराजमान हैं।

नाना प्रदेशों से अनेक आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त करने के लिये छात्र स्वर्गीय पं० श्यामादासजी के चरण कमलों में आकर अपना जन्म सफल बना गये। महामहोपाध्याय पं० गंगाधर कविराज के लगभग ही इनके छात्रों की भी संख्या थी। अनेक असहाय-गरीब छात्र उनकी सहायता से एम० ए०; बी० ए० पास कर अब तक जीविकार्जन कर रहे हैं। भारतीय आयुर्वेदिक संस्थाओं के परिचालक मण्डलियों में आपका मुख्य स्थान था।

काशी हिन्दूविश्वविद्यालय तथा सारस्वत समाज के परीक्षक थे तथा उस कार्य के लिये जितना धन मिलता था वह उन्हीं संस्थाओं की उन्नति के लिये दान कर देते थे, उन्हें अनेक संस्थाओं ने अपनी तरफ से उपाधि प्रदान कर गौरवान्वित किया था।

नवद्वीप—विबुधजनी सभा से "शिरोमणि" पण्डित समाज से "वाचस्पति" आदि अनेक स्थानों से अनेक 'उपाधियाँ' दी गई थीं।

आपने निखिल-भारत-आयुर्वेदीय महासम्मेलन के सभापति का आसन सन् १३४० (वङ्गाब्द) में ग्रहण किया था तथा वङ्ग-साहित्य परिषद के सहकारी सभापति थे।

आप इतने परिश्रमी थे कि केवल रात-दिन में ३-४ घन्टे ही शयन करते तथा अन्य सब समय शास्त्रावलोकन तथा परोपकार (रोगी-निरीक्षण) में बिताते थे।

आपका दान—दरिद्रों का भरण-पोषण-विद्यादान, समाज सेवादि में—अजातशत्रु के सदृश था। आप अनेक अवसर पर गुप्त दान किया करते थे, आप वैद्य-समाज में एक आदर्श थे तथा अति सुवक्ता एवं स्वदेश-प्रेमी थे। स्वयं खद्दर पहिनते तथा दूसरों को पहिनने के लिये कहते, सबको स्वावलम्बी और स्वाधीन वृत्ति से धनोपार्जन करने का उपदेश देते थे। जिन कर्मीने देश के लिये आत्मनियोग किया है उन सबकी देख-रेख एवं चिकित्सा वग़ैरह किसी प्रकार का द्रव्य लिये ही किया करते थे, आवश्यकता पड़ने पर उन्हें धन भी दिया करते थे।

देशबन्धुदास, देशप्रिय यतीन्द्रमोहन तथा पं० मोतीलाल नेहरू आदि उनपर विशेष दृष्टि रखते थे।

देश-कर्मियों अर्थात् (कांग्रेस) की सहायतादि करने के कारण ही उन्हें महामहोपाध्याय की उपाधि गवर्नमेंट ने नहीं दी।

कविराज-शिरोमणिजी की स्थायी प्रतिष्ठित कीर्ति कलकत्ते की "वैद्यशास्त्र पीठ" अब भी वर्तमान है।

भारतीय आयुर्वेदीय संस्थाओं में डाक्टरी शिक्षा मिली हुई है किन्तु "वैद्यशास्त्र पीठ" प्राचीन ऋषियों की वैशिष्ट रक्षा करती चली आ रही है।

कविराज श्यामादास जी की अतुल महिमा लिखना अपार है।

कविराज शिरोमणि श्यामादास जी वङ्गदेश को अन्धेरे में छोड़कर १८ आषाढ़ १३४१ (बङ्गला) मङ्गलवार १०–५ समय (रात्रि) भारतवासियों को अश्रु-जल में निमग्न कर यह संसार छोड़कर वैकुण्ठधाम को सिधारे।

आप सुदीर्घ ७० वर्ष की आयु प्राप्त कर परोपकार करते-करते महाकाल के एक काल में कवलित हुए।

आप अंत समय अपने एकलौते पुत्र सुप्रसिद्ध कविराज विमलानन्द तर्क-तीर्थ को चार कन्यायें एवं पौत्र-पौत्री सहित छोड़ गये हैं।

श्रीमान् कविराज विमलानंदजी तर्कतीर्थ।
संचालक–श्री वैद्यशास्त्रपीठ. **कलकत्ता**।

स्वर्गीय श्रीमान् कविराज धर्मदासजी, काशी ।

प्रिंसिपल—आयुर्वेदिक कालेज, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, बनारस ।

विद्वत्प्रवराः स्वर्गीय-कविराज-

धर्मदास-महोदयाः

१८६२ ईशवीये तथा १९१८ वैक्रमे संवत्सरे माघशुक्ल भीष्माष्टम्यां वर्द्धमानमण्डले नवद्वीपान्तर्गतपूर्वस्थलीसमीपवर्तिनि चूपीग्रामे कविराजश्रीकाशीप्रसन्नमहोदयानां गृहे कविराज धर्मदासमहोदयानां जनिरभूत् । तस्मिन्नेव ग्रामे व्याकरणसाहित्यदर्शनादिषु प्रौढिमुपपाद्य १५ तमे वर्षे वाराणस्यामायुर्वेदाध्ययनाय स्वमातुलविद्वद्वरेण्यश्रीपरेशनाथकविराजमहोदयानां सविधे समागताः । ये हि कविराजश्रीपरेशनाथमहोदयाः सुगृहीतनामधेयानामायुर्वेदगगनतिमिरभास्कराणामपूर्वप्रतिभावतां तत्रभवतां श्रीमतां कविराजश्रीगङ्गाधररायकविरत्नमहोदयानां प्रमुखशिष्या आसन् , ये चाधुनापि वङ्गदेशे बालगङ्गाधरेत्याख्यया सादरं स्मर्यन्ते । एतेषां चरणेष्वेवास्मत्कविराजमहोदयाः सुबहुक्लेशं समस्तमायुर्वेदवाङ्मयं चिकित्साक्रमञ्चाभ्यस्य स्वप्रतिभाबलेन परं पाटवमध्यगमन् । एते महानुभावाश्चरके कृतश्रमा अपि पुनश्चरकान्तर्गूढतत्त्वानुसंधाने दत्तचित्ताश्चरकसंहितायामेव विशेषेण श्रममकार्षुः । फलस्वरूपेण च चरकावतारा इव भारते चरकविषये प्रामाणिकपुरुषरूपेणावस्थिताः ।

अध्ययनानन्तरमेवैभिर्महाभागैर्नीरलसतया स्वगृहेऽध्यापनमारब्धम् । पुनश्च काशीहिन्दूविश्वविद्यालये भारतपूज्यैः श्रीमदनमोहनमालवीयमहोदयैरायुर्वेदविद्यालयेऽध्यक्षपदमलङ्कर्तुं प्रार्थिताः, आयुर्वेदप्रचारदृष्ट्या लोकोपकारभावनया च तदध्यक्षपदमशोभयन्त । ततः प्रभृतितत्रैवायुर्वेदनिगूढतत्त्वानि शिष्येभ्यो वितरन्त आजीवनं विराजमाना आसन् । एतेषां सहस्रतोऽप्यधिकाः शिष्या भारते वर्षे प्रायः सर्वेष्वेव प्रान्तेषु लब्धकीर्तयश्चिकित्सासकर्म कुर्वन्ति । तेषु प्रधानतमाश्च कविराजश्रीसत्यनारायणशास्त्रिमहोदयाः, कविराजचक्रवर्तिश्रीताराचरणसर्वदर्शनतीर्थमहोदयाः, काशीस्थमारवाड़ी चिकित्सालयस्य प्रधानचिकित्सका आयुर्वेदशास्त्राचार्यश्रीदुर्गादत्तशास्त्रिणः, स्वस्यवृत्तसमुच्चयलेखकाः श्रीराजेश्वरदत्तमिश्रायुर्वेदाचार्याः ।

एते हि परमधार्मिकाः स्वदेशवस्तुव्यवहारपराः परमसौम्याश्छात्रवत्सलाश्चासन् , स्वप्रतिभाबलेन रोगाणां परिज्ञाने चिकित्सिते च प्रथितमहिमानो लब्धसिद्धयः "ननु लक्ष्मीः फलमानुषङ्गिकम्" इति सूक्त्यनुसारं विपुलं द्रव्यं चोपार्ज्य भिषङ्मूर्धन्यत्वेनावस्थिताः ।

कविराजमहानुभावा एकं पुत्ररत्नं पुत्रीं चैकामसंख्यांश्च शिष्यान् विहाय १९९२ वैक्रमे वत्सरे काश्यां कैवल्यमधिगताः ।

श्रीजगदीश्वरस्यानुकम्पया महाभागानां तेषां पुत्रः श्रीभूपेन्द्रनाथकविराजगणपतिमहोदय आयुर्वेदशास्त्रे लब्धप्रावीण्यो वाराणस्यामेव छात्रानध्यापयन्नातुरानुपक्रमते—

कविराज महानुभावानां जीवनकाले केन चिद्विदुषा लिखितं पद्यमिदम्—

आयुर्वेदसुरापगां शिरसि यः सन्धार्य गङ्गाधरो
जातस्तस्य परम्पराप्रकरणे शिष्यः परेशस्य यः ।
साक्षाच्चरकश्चिकित्सितविधावध्यापने कर्मणि
ख्यातो भारतभूतले विजयते श्रीधर्मदासः सुधीः ॥

प्रान्तीय वैद्य सम्मेलनों के सभापतियों

के

जीवन-चरित एवं भाषण

श्रीमान् प्राणाचार्य डॉ. पोपट प्रभुराम,
एल्. एम्. एन्ड एस्; जे. पी. बम्बई।
सभापति, कच्छ, काठीयावाड, गुजरातप्रान्तीय वैद्यसंमेलन प्रथम अधिवेशन।
अमदावाद (सन १९२५)।

गुजरात प्रांत

प्राणाचार्य

डॉक्टर पोपट प्रभुराम

एल० एम० एण्ड एस०, जे० पी० का

संक्षिप्त जीवन-वृत्तांत

डॉक्टर पोपट प्रभुराम, प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रिन्सिपल और इसी कॉलेज में "निदान चिकित्सा" तथा "औषधिगुणदोष" के अध्यापक हैं। इस कॉलेज के अंगभूत स्थापन की हुई "उच्च वर्ण की हिन्दू हास्पिटल" के वे मुख्य चिकित्सक हैं। वे स्वर्गवासी वैद्यराज प्रभुराम जीवनराम के पुत्र हैं। इनका जन्म पोरबंदर में सं० १९२२ अधिक ज्येष्ठ बदी ३ के दिन हुआ था। इनका पहला विवाह बंबई में उस वक्त वैद्यकीय उपचार करने वाले स्व० सुप्रसिद्ध वैद्यराज जटाशंकर विट्ठलजी की पुत्री के साथ हुआ था, उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी की एल० एम० एण्ड एस० की उपाधि १८९३ में प्राप्त की थी, और वैद्यक अभ्यास के लिये बंबई के ग्रॉट मेडिकल कॉलेज में जिस वक्त प्रवेश किया उसी वक्त साथ ही में उन्होंने आयुर्वेद का अभ्यास अपने पिता के पास शुरू किया, कारण उसी समय में उन्हें शार्ङ्गधर, चरक, सुश्रुत और वाग्भट का ज्ञान प्राप्त करना था। आर्य और इंग्लिश दोनों वैद्यक शास्त्र के अभ्यास साथ-साथ हो रहे थे, इसलिये उन्हें दोनों का मेल-मिलाप करने का योग्य नमूना मिल रहा था। ग्रॉट मेडिकल कॉलेज के अभ्यास के समय में उन्हें कर्नल ग्रे, कर्नल आरनॉट, कर्नल डिमक, कर्नल हॅच तथा मेडार मेन्सर सरीखे विद्वान् और उदार दिल डॉक्टरों का समागम अनायास ही प्राप्त हुआ था। जिस समय आयुर्वेद एक शास्त्र है, चिकित्सा विषय में आर्यावर्त के संपूर्ण वैद्य पूर्ण विश्वास से उससे लाभ उठा रहे हैं तथा आयुर्वेदानुसार चिकित्सा करने वाले विद्वान वर्ग का अस्तित्व हिन्दुस्थान के संपूर्ण स्थलों में चिरकाल से है इस विषय का छाप उनके मन पर दृढ़तर करने के लिये हरवक्त उनके वैद्यराज प्रभुरामजी तथा दूसरे विद्वानों का समागम बहुत ही फायदेमंद हो रहा था।

डॉक्टर पोपट काठियावाड पोरबंदर के स्थायी वतनदार हैं। उन्हें डॉक्टर की उपाधि मिलने पर थोड़े दिन के बाद ही पोरबंदर के ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेटर ने उन्हें इस स्टेट के चीफ मेडिकल ऑफिसर की जगह के लिये मांगा, और डॉक्टर पोपटजी द्वारा यह अधिकार स्वीकार कर लेने पर सिर्फ तीन ही महीना के भीतर एक बड़ा स्टेट हॉस्पिटल—नामदार राणासाहब श्री भावसिंहजी के हाथ खोल दी, वही हॉस्पिटल आजकल भी पोरबंदर के वस्ती को अतिशय आशीर्वाद रूप हो रही है। यहीं उन्हें शस्त्रवैद्यक का अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ और संपूर्ण

हॉस्पिटल उनके अधिकार में होने से आयुर्वेदीय चिकित्सा का बड़े प्रमाण में अनुभव लेने के लिये अच्छा अवसर मिला।

सन् १८९५ में वैद्यराज प्रभुरामजी ने अपनी वृद्धावस्था को देख उन्हें फिर बंबई में आने के लिये कहा और आयुर्वेद पर इतने वर्षों में जो उनकी पूर्ण श्रद्धा हो रही थी इसलिये बड़े उत्साह के साथ वैद्यराज का काम उनके ऊपर सौंपा गया तथा आयुर्वेदीय औषधियाँ बनाने के उनके स्थापित खाते में तरक्की करके उसका "प्रभुराम अनंत औषधालय" (फार्मसी) नाम रखा। सन् १८९६ की प्रारंभ में ही अपने पिताजी की आज्ञा से आयुर्वेदीय पद्धति पुरःसर शिक्षण की एक योजना उन्होंने नियोजित की और उसे डॉक्टरों और वैद्यों की एक कमिटी द्वारा अनुमोदन मिलने पर, उसके अनुसार उसी वर्ष मुंबई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति महादेव गोविंद रानडे, सी. आई. ई. की अध्यक्षता में "आयुर्वेद विद्यालय" नाम की संस्था स्थापित की गयी। इस संस्था में विद्वान अध्यापकों से व्याख्यानों और प्रत्यक्ष शिक्षण के साथ आयुर्वेद का अभ्यास विद्यार्थियों द्वारा किया जाने लगा। इस विद्यालय में पाँच वर्ष अभ्यास करके परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले को "भिषग्वर और एसोसियेट ऑफ दी आर्यन मेडिकल स्कूल" यह उपाधि देने का ठहराव किया गया था और इसी उपाधि के लिये उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के पहले संग्रह के एक बड़े समुदाय के समक्ष विद्यालय के स्थापक वैद्यराज प्रभुराम जी की प्रार्थना करने पर बंबई के उस वक्त के न्यायमूर्ति सर लॉरेन्स जॉन्किन्स ने पूर्वोक्त उपाधि दी और इसके बाद प्रतिवर्ष विद्यार्थियों की परीक्षा लेकर वैसी उपाधियाँ देने का क्रम चालू किया गया, इन भिषग्वरों को अपने अभ्यास के बीच में आयुर्वेद के सम्पूर्ण शिक्षण के साथ वैद्यक सम्बन्धी अन्य स्थानों में से होने वाली अनेक तरह की सुविधाओं की भी तजवीज डॉ० पोपट जी की योजना में की गयी है।

सन् १८९६ में मुंबई में प्लेग शुरू होने पर और उसके दिनों दिन गंभीर स्वरूप धारण करने पर नामदार सरकार ने मुम्बई म्युनिसिपलिटी की मदद में रहने वाले अधिकारियों और प्रजा में सुखोत्पादक संबंध बनानेवाली योजना के संबंध में कितनेक बातों में हेरफेर होने से परस्पर असंतोष न बढ़ जाय इसलिये एक शांत और हिम्दी भाषा तथा मंतव्य को समझनेवाला अधिकारी समझ कर डॉ० पोपट जी को नियुक्त किया। इस समय हर रोज होनेवाली असंख्य मृत्यु-संख्या में काम करने पर भी उन्होंने गरीब रोगियों की तरफ अपनी पूर्ण मेहनत के साथ ध्यान दिया। उनकी इस सेवा के योग्य पुरस्कार देकर उन्हें उस जगह पर कायम रहने के लिये योजना बनाने की इच्छा से कहने पर उन्होंने उपकार के साथ स्वीकार न किया तथा आज तक की गई सेवाओं के लिये किसी प्रकार भी पुरस्कार लेना स्वीकार नहीं किया। नामदार सरकार ने उसके दूसरे वर्ष उन्हें "जस्टिस ऑफ दी पीस" का अधिकार दिया और थोड़े ही दिन बाद ऑनरेरी मजिस्ट्रेट का विशेष अधिकार स्वीकार करने के लिये उनसे कहा गया, किन्तु अपने व्यवसाय के लिये बाधक समझ कर उसको स्वीकार करने में अपनी आशक्तता प्रकट की।

वैद्यराज प्रभुराम इस समय वैद्यक व्यवसाय से निवृत्त हो रहे थे और पूर्ण विश्रांति के दश वर्ष बीत जाने पर सन् १९०२ में संन्यास ग्रहण करके फाल्गुन बदी ३० के दिन सायंकाल सात बजे समाधिस्थ हो गये। आयुर्वेद विद्यालय का कार्य इस प्रकार डा० पोपट के अकेले हाथ में ही दिनों-दिन बढ़ता ही गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष अनुभव कराने

के हेतु उच्च वर्ण के हिन्दुओं के लिये एक हॉस्पिटल भी स्थापित किया और उसमें वैद्यक, शस्त्र-वैद्यक, नेत्र-वैद्यक तथा सूतिका रोगियों के रखे जाने का भी प्रबंध किया।

इस रीति से शिक्षण तथा अनुभव लेकर उत्तीर्ण करने वाले भिषग्वर वैद्यों द्वारा किया गया उपचार जनता को अनुकूल तथा लाभकारक मालूम होने पर नैसर्गिक रीति से धंधा करने वाले डाक्टर लोग इस पद्धति को पसंद न कर वैद्यों को घृणा की दृष्टि से देखने लगे; इतना ही नहीं बल्कि इन चिकित्सक वर्ग से अपने को भिन्न समझ कर और अपने को ही उनसे श्रेष्ठ समझ इस बात का निवेदन-पत्र नामदार सरकार के पास भेजा कि उन्हीं के वर्ग की चिकित्सा में रजिस्टरी होनी आवश्यक है, और ऐसा कानून बना देने का आग्रह कर उन्होंने सन् १९१४ में वह कानून पास कराया।

इस समय आयुर्वेद विद्यालय को कॉलेज का रूप दिया गया था और उसके स्थापक स्वर्गवासी वैद्यराज प्रभुराम जीवनराम जी के स्मरणार्थ उनका प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज नाम रखा गया था। डॉक्टर पोपट को इस परिणाम के हेर-फेर में इस कॉलेज के प्रिन्सिपल की उपाधि दी गई। उन्होंने बंबई युनिवर्सिटी की एल० एम० ऐंड एस० की उपाधि पहले प्राप्त की थी और नये कायदानुसार रजिस्टर्ड हो चुके थे। इधर मेडिकल कौंसिल ने आयुर्वेद की उन्नति को न सह कर डॉक्टर पोपट को सूचना दे दी कि आप रजिस्टर्ड हो चुके हैं इसलिये आयुर्वेद के साथ तुम्हें संबंध नहीं रखना चाहिये तथा वहाँ से उनका संबंध बंद करने के लिये और आयुर्वेद तथा इनके अनुयायी चिकित्सकों में डॉक्टर पोपट को नीचा दिखाने की इच्छा से तथा आयुर्वेद के श्रेष्ठत्व को नीचा दिखाने वाले मेडिकल कौंसिल की इस करनी के सामने डॉक्टर पोपट को साहसी बनना पड़ा और इस मामले में मेडिकल कौंसिल के साथ दो वर्ष तक पत्र-व्यवहार चलता रहा, तथा बंबई की लेजिस्लेटिव कौंसिल में इसी विषय पर जोश भरा वाद-विवाद हुआ, आखिर मेडिकल कौंसिल ने अपने कोर्ट के तरफ से डॉक्टर पोपट की बात की जाँच करने का निश्चय किया, और १९१७ के अक्टूबर मास में तेरह जजों की बनायी एक मेडिकल कोर्ट पूर्णतः उनकी जाँच करने के लिये नियत हुई। जिसकी आज्ञा के अनुसार आयुर्वेद सरीखे एक उपयोगी शास्त्र को उन्नत स्थिति में पहुँचाने वाले तथा उसका पद्धति पुरःसर शिक्षण देने का प्रयास करने वाले डाक्टर पोपट सरीखे एक विद्वान् ग्रेजुएट को इस तरह केवल एक अंग्रेजी का पक्षपात करने वाले कोर्ट के समक्ष जवाब देने के लिये उपस्थित होना पड़ा, यह ब्रिटिश राज्य के हिंदुस्थान के इतिहास में पहला ही दृष्टांत है। चार घंटे की लंबी जाँच के बीच में जजों और बैरिस्टरों के कठिन सवाल का जवाब देकर 'आयुर्वेद एक शास्त्र है' ऐसा उन्होंने सिद्ध कर दिया, इतना ही नहीं बल्कि जनसमूहों की आयुर्वेदीय-चिकित्सकों पर कैसी भावना थी उसे भी सिद्ध कर दिया। इस रीति से उनके जवाबों से प्रसन्न होकर उस कोर्ट ने डॉक्टर पोपट को निर्दोष ठहराया और उसी कोर्ट के सम्पूर्ण जजों ने आयुर्वेद को फतेहमंद करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस प्रकार आयुर्वेद-संबंध में उनके ऊपर चले हुए और संपूर्ण भारत भर में चर्चित उस मुकदमे का परिणाम उनके पक्ष का होने से आयुर्वेद के संबंध में वह अत्यंत लाभकारी हुआ। डाक्टर पोपट की उम्र हाल में ७१ वर्ष की है। उनकी जाति प्रभोरा नागर है। उनके बड़े पुत्र भिषग्वर रतिलाल ए० ए० एम० एस० उनके धंधे में मदद करते हुए अपने पिता की संमति से एवं उन्हीं की देख-रेख में चलती हुई प्रभुराम अनंत फार्मेसी के मैनेजिंग डायरेक्टर तथा

प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज के रजिस्ट्रार और दयालभीम जी आयुर्वेद औषधालय में चिकित्सक रूप में काम करते हैं। चिकित्सा और औषधि बनाने का वैद्यक-धंधा करना हो तो आयुर्वेद का अभ्यास करके ही करना चाहिये, ऐसा डाक्टर पोपट का अभिप्राय है। इसी तरह बिना परीक्षा दिये जिसे चाहे वैद्यक की उपाधियाँ देना तथा औषधि की परीक्षा न कर सके ऐसे लोगों को या संस्थाओं को चँदा देना उन्हें पसंद नहीं था। वृद्धावस्था वाले धंधा के लिये यदि अयोग्य हों,तो भी चिकित्सा तथा शिक्षण के विषय में उनकी संमति लेने में विद्वान-वैद्यों का महत्त्व समझते थे और इसी कारण प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज की कमिटी की तरफ से सन् १९२२ में प्राणाचार्य की माननीय उपाधि देने का निश्चय हुआ, जो सर भालचन्द्र, डॉ० देशमुख तथा दूसरे विद्वान चिकित्सकों के साथ डॉ० पोपट को भी दी गई थी। १९२५ में यही उपाधि नामदार गोंडल नरेश डॉ० सर भगवत्सिंह जी को भी दी गयी है। आयुर्वेद की पद्धत्यनुसार अभ्यास के लिये स्वीकृत की हुई प्राणाचार्य डॉ० पोपट की योजनानुसार प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज में शिक्षा दी जाती है, और वैद्यक विषय में विद्यार्थियों को औषधियों तथा चिकित्सा के साथ ही शास्त्रोपयोगी ज्ञान होने के बाद उन्हें वैद्यक संबंध में अन्य जगहों के सुधारों का भी संपूर्ण ज्ञान करा दिया जाता है। इस कॉलेज में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को "भिषग्वर" और "ग्रेजुएट ऑफ दी प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज" उपाधियाँ दी जाती हैं। आयुर्वेद के शिक्षण के लिये अत्यन्त उपयोगी इस संस्था की दिन-प्रति-दिन उन्नति के लिये डाक्टर पोपट जी निरन्तर तन, मन, और धन से प्रयत्न करते हैं।

सम्मेलन का प्रमुख-स्थान

संमेलन के प्रमुख स्थान अहमदाबाद में गुजरात प्रांतिक वैद्य संमेलन की पहली सभा हुई। उस समय प्राणाचार्य डॉ० पोपटजी को सभा का माननीय अध्यक्ष रूप चुना गया था, और उस निमंत्रण को स्वीकार कर वे वहाँ की चार दिन की सभा के लिये उपस्थित रहे थे। उस वक्त अध्यक्ष स्थानापन्न हो उन्होंने वायु, पित्त और कफ की प्रणालिका को जो कि समझना अत्यंत कठिन थी उसे अत्यंत सरलता के साथ और हरेक समझ सके ऐसी रीति से समझा दिया।

सख्त बीमारी

वे १९२७ में काश्मीर नरेश के यहाँ जा रहे थे, किन्तु हटोला के आगे बड़ी बाढ़ आने से फ्रान्टियर मेल में चार दिन रुके हुए उसीमें पड़े थे; उस समय उनकी तबीयत बीमार होने लगी, रात के २ बजे पास के कम्पार्टमेंट में सोने के लिए जाते समय एकाएक काश्मीर की रानी साहबा की छोटी बहन साहबा की खबर मिली कि पैर फिसल जाने से कीचड़ में गिर गयीं और वहाँ हाथ और पैर में सख्त चोट पहुँची, जिसके परिणाम स्वरूप बीमार तबीयत में ही काश्मीर नरेश को मिल कर पीछे आते ही सख्त रीति से बीमार होकर बिछौना पकड़ना पड़ा और छः मास की गंभीर बीमारी में विद्वान डाक्टरों ने भी उनकी आशा छोड़ दी थी।

इस समय उन्होंने प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज का धुरीणत्व किसे दिया जाय इसका निश्चय करने के लिये श्रीयुत गिरधरलाल हरीलाल सॉलीसीटर को बुलाया, और उस समय प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज के ट्रस्टियों का चुनाव कर तथा एक परीक्षक मंडल (युनीवर्सिटी) नियुक्त करके वे काम चलावें इस तरह की व्यवस्था करने की योजना बना कर उन्हें सौंप दी।

श्री प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज और डॉ. पोपट युनिवर्सिटी ओफ़ आयुर्वेद बम्बई (सन १९३५)।

ट्रस्टियों की नियुक्ति

अपने सह और दूसरे तीन व्यक्ति साथ लेकर डाक्टर पोपट—यदि बीमारी में अपने उपचार से ही ठीक हो जाँय तो, ट्रस्टी रूप से कायम रह कर काम चलावेंगे. इसके अतिरिक्त जो योजना डॉ० पोपटजी ने निश्चित कर दी है उसके अनुसार आयुर्वेद यूनिवर्सिटी स्थापन करके और आज तक की तन, मन, धन से उनकी सेवा पर ध्यान देकर पारितोषिक रूप मंडल के डाक्टरों ने पोपट यूनिवर्सिटी आफ आयुर्वेद नाम देने का ठहराव किया। सद्भाग्य से डाक्टर पोपटजी इस भयंकर बीमारी से केवल अपने ही उपचारों से अच्छे हो उठे और ट्रस्टी-रूप से अपना कार्य चलाने लगे।

यूनिवर्सिटी की स्थापना

इस यूनिवर्सिटी की स्थापना—बंबई की धारा-सभा के मुखिया आनरेवल सर अली-महम्मदखान देहेलवीयजी ने प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज के ३३ वें वर्ष के पदवी दान सभारंभ समय में उसे डाक्टर पोपट यूनिवर्सिटी आफ आयुर्वेद नाम से चलाने की सलाह सितम्बर १९२९ में ट्रस्टियों दी।

यूनिवर्सिटी-विल्डिंग

इस संस्था का स्थायी रूप करने के लिये उनके मन में बहुत दिनों से एक निजी मकान बनाने की इच्छा थी और संयोगवश जिस मकान में प्रजा की सेवा करते-करते २० वर्ष से हो गये थे, उसी मकान को ट्रस्टीयों ने योग्य रीति से खरीद लिया।

ऊपर कहे हुए परीक्षक मंडल की कार्यवाही तैयार होते ही १९२४ के जुलाई महीना से संस्था ने परीक्षा लेने का काम शुरू कर दिया और हाल में डा० पोपट की देख-रेख में काम योग्य रीति से चलता है।

स्वर्गवासी वैद्यराज प्रभुराम की स्थापित संस्थायें

१ प्रभुराम अनंत फार्मेसी।
२ आयुर्वेद विद्यालय, उसके अंग सेठ दयाल भीमजी की आर्थिक मदद से।
३ दयाल भीमजी आयुर्वेद औषधालय।
४ वेद-धर्म सभा।
५ बंबई वैद्य-सभा।
६ प्रभुराम जीवनराम प्राइज़ फंड।

हाल में प्राणाचार्य डॉ० पोपट की देख-रेख में चलने वाली संस्थायें

१ प्रभुराम अनंत फार्मेसी।
२ आयुर्वेद विद्यालय (प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज)।
३ दयालभीमजी आयुर्वेदिक औषधालय।
४ डा० पोपट युनिवर्सिटी आफ आयुर्वेद।
५ मुंबई वैद्य-सभा।

डाक्टर पोपट प्रभुराम की डाक्टरी, उनके अभ्यास, धंधा शुरू करने पर राज्य के साथ का संबंध, मेडीकल कौंसिल के साथ की लड़ाई वगैरह क्रमशः दूसरी पुस्तकों में दिये जावँगे।

गुजरात प्रांतीय प्रथम वैद्यसम्मेलन अहमदाबाद के सभापति

प्राणाचार्य डाक्टर पोपट प्रभुराम,

एल्० एम्० ऐण्ड एस्० महोदय का

भाषण

Speech delivered by

Pranacharya Dr. Popat Prabhuram, L. M. S.
President of the Gujrat Ayurvedic Conference.

विद्वान् चिकित्सक, सुशील भगिनी और माननीय गृहस्थो !

आज के इस अनुपम सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर मुझे नियत करके आपने जो सम्मान प्रदान किया है, उसके लिये मैं आप सबके प्रति अन्तःकरण से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। गुजरात के प्रधान नगर अहमदाबाद में आयुर्वेद सम्बन्धी वैद्यसम्मेलन इससे बहुत पहले होना आवश्यक था; क्योंकि प्रख्यात प्रगतिशील बम्बई नगर और पीछे रहे हुए काठियावाड़ का परस्पर सम्बन्ध जोड़नेवाला अहमदाबाद ही कहा जा सकता है। यूरोप और अमेरिका के समान दूर देशों से आकर, सर्व प्रथम भारतवर्ष में प्रवेश करने के लिये, दुर्भाग्यवश बम्बई पहला स्थान है, और इसीलिये वह दुर्भाग्यवश विदेशी जनसमूह, विदेशी विद्या, विदेशी रीति-भाँति और विदेशी आचार-विचार में अधिकाधिक डूब रहा है। उत्तर में अहमदाबाद और दक्षिण में पूना इस दुर्भाग्य के फंदे में नहीं फँसा, इसीसे आर्यावर्त की प्राचीन रीति-भाँति, प्राचीन-विद्या और प्राचीन आचार-विचार को बम्बई ने जितना खोया है उतना खो देने का दौर्भाग्य अहमदाबाद और पूने ने नहीं प्राप्त किया।

ऐसा होने के कारण आज का आवश्यकीय विषय आयुर्वेद, जिसका सच्चा अर्थ जीवनशास्त्र और चिकित्सा होता है, उसकी चर्चा के लिये एक अहमदाबाद ही वास्तविक योग्य स्थल कहा जा सकता है, इसमें कोई सन्देह नहीं।

प्राचीन काल में पाश्चात्य देश आयुर्वेद से लाभ उठाते थे।

Western Countries took advantage of Ayurvedic Practice in Olden Times.

आयुर्वेद प्राचीन काल में केवल भारतवर्ष में ही नहीं; किन्तु सारे संसार में प्रचलित था ऐसा मानने के लिये हमारे पास सबल कारण हैं। तिब्बी शास्त्र में आयुर्वेद के अनेक सूत्र देखने में आते हैं यह बात उक्त शास्त्र के ज्ञाता सुप्रसिद्ध हकीम अज़मलखाँजी ने अपने व्याख्यान में स्वयम् श्रीमुख से उस समय कहा था जब कुछ समय पहले वे प्रभुराम आयुर्वेदिक

कालेज का निरीक्षण करने आये थे। इस बात से सूचित होता है कि अफगानिस्तान, ईरान, अरबस्तान और तुर्किस्तान जहाँ कि तिब्बी शास्त्र प्रचलित है, वहाँ आयुर्वेद के सिद्धान्तों का उपयोग होता था, आयुर्वेद की, मुख्य निदान और चिकित्सा की, प्रणाली, जो वात, पित्त और कफ पर अवलम्बित है, वह एक अथवा दूसरे रूप में किसी समय यूरोपखण्ड में प्रचलित थी, यह मानने का प्रमाण मिलता है, क्योंकि यह बात तो अब सर्वमान्य ही हो चुकी है कि आयुर्वेद के आधार पर तिब्बीशास्त्र की रचना हुई, उसका अनुवाद अर्बी में हुआ, उससे ग्रीस देश में उसका प्रचार हुआ, और ग्रीक भाषा में उसका अनुवाद होकर लैटिन भाषा में हुआ, जिससे पाश्चात्य वैद्यक शास्त्र का जन्म हुआ। वात, पित्त और कफ की प्रणाली यूरोप में इस प्रकार एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवादित होते समय ठीक न जाननेवाले अथवा जानने के लिये यत्किंचित् भी प्रयत्न न करनेवाले मनुष्यों के हाथ से चली गयी, और वात अर्थात् पवन अथवा wind पित्त अर्थात् वांति (उलटी) में निकलनेवाला व पदार्थ अथवा bile और कफ तथा बल्गम में निकलनेवाला चिकण पदार्थ अथवा Phlegm ऐसी खेदकारक विपरीत भावना उनके मन में घर कर बैठी। परिणाम में पीछे होनेवाले यूरोपीय विद्वान् शोधकों की समक्ष में इस प्रणाली की उपयोगिता समक्ष में नहीं आयी, और इसीसे वह पाश्चात्य देशों में समूल नष्ट हो गयी। ऐसा होने के कारण आयुर्वेद की निदान तथा चिकित्सा करने की यह उत्तम वात, पित्त और कफ की प्रणाली, केवल आर्यावर्त्त में ही रह गयी, और इसीसे उस प्रणाली को त्याग देने वाले चिकित्सकों को रोगी का बिगड़ा हुआ स्वास्थ्य सुधारने के लिये कितने टेढ़े और लम्बे मार्ग से वह काम करना पड़ता है, यह बात उक्त प्रणाली के अनुसार काम करनेवाले सर्व चिकित्सक भली भाँति जान सकते हैं।

वात, पित्त और कफ यह क्या है ?
What is Vata, Pitta and Kafa ?

गृहस्थो, वात पित्त और कफ यह क्या है और किस प्रकार निदान तथा चिकित्सा में वह चिकित्सकों को उपयोगी होता है ? यह जानना प्रत्येक चिकित्सक के लिये विशेष आवश्यक है। क्योंकि इस प्रणाली से काम करने वाले चिकित्सक को इस प्रणाली के न जानने वाले चाहे जैसे चिकित्सक की अपेक्षा कितनी सरलता तथा कितनी शीघ्रता से यश मिल सकता है यह बारंबार प्रत्यक्ष देखने में आता है।

वात, पित्त और कफ ये वैद्यक विद्या की बारहखड़ी हैं।
Vata, Pitta and Kafa is the Alphabet of Ayurved.

गृहस्थो, विदेशी वैद्यक विद्या के चिकित्सकों की जानकारी के लिये मुझे यह कहने की आवश्यकता है कि, जैसे एक बालक को विद्यारम्भ के निमित्त वर्णमाला और बाराखड़ी सीखने की आवश्यकता है, वैसे ही एक चिकित्सक को वैद्यक शास्त्र के अध्ययन करने के लिये वात, पित्त और कफ की प्रणाली जानने की परमावश्यकता है।

वात यह कोई साधारण वायु नहीं, किन्तु जीवन को सुरक्षित रखने से सम्बन्ध रखने वाली प्रत्येक क्रिया और उस कार्य के सम्बन्ध में काम करने वाले सभी अवयवों को गति देने वाली एक महती शक्ति है। पित्त यह वमन और विरेचन द्वारा निकलने वाला पीला पदार्थ नहीं, किन्तु शरीर में होने वाली भिन्न-भिन्न क्रिया कि जिनमें विशेष करके क्रिया की उष्णता को योग्य

प्रमाण में संचित रखना, कि जिससे पाचन क्रिया बराबर हो सके, तथा उसके कारण रक्त की उत्पत्ति और वृद्धि हो, इतना ही नहीं बल्कि शरीर-स्वास्थ्य के लिये आवश्यक भिन्न-भिन्न रस भी तैयार होकर अपना काम करें, और इन सब क्रियाओं के होते हुए इनमें से उत्पन्न होने वाले उपयोगी पदार्थों को ग्रहण कर निरुपयोगी पदार्थों को मलमूत्र द्वारा बाहर निकालने के योग्य स्थिति में लाने वाली जो शक्ति है, वही पित्त है। कफ यह खाँसी में बाहर निकलने वाला चिकना पदार्थ नहीं, बल्कि शरीर की उष्णता पर दबाव रख कर शरीर को एक प्रकार की ठंडक देने वाली तथा शरीर का प्रबन्ध उत्तम रीति से चलाने में उपयोगी भिन्न-भिन्न रस और स्निग्ध पदार्थों को उत्पन्न करने वाली एक शक्ति है।

त्रिधातु तथा त्रिदोष का विवेचन

Explanation of Tridhatu and Tridosha.

वात, पित्त और कफ ये तीन शक्तियाँ उस शक्ति की उत्पत्ति के हेतुभूत शरीर के भिन्न-भिन्न अवयवों के एकत्रित कार्यों से उत्पन्न होती हैं और इसी कारण उन अवयवों के कार्य्यों में न्यूनाधिकता होने पर इन शक्तियों के कार्य्यों में भी न्यूनाधिकता होना सम्भावित होने के कारण जब तक वात, पित्त और कफ के कार्य शरीर में समान परिमाण में स्थित हों तब तक उन्हें त्रिधातु कहा जाता है, और उनसे शरीर का स्वास्थ्य उत्तम स्थिति में रहता है परन्तु उस कार्य में न्यूनाधिकता होने से शरीर में भिन्न-भिन्न रोग उत्पन्न होना सम्भव है तथा उस समय वे त्रिदोष कहे जाते हैं। यह त्रिदोष और त्रिधातु की प्रणाली रोगी की स्थिति का निदान करने तथा उसकी चिकित्सा करने में एक आयुर्वेदिक चिकित्सक को इतनी अधिक उपयोगी है कि, उसका वास्तविक अभ्यास किये बिना शास्त्रीय रीति से निदान अथवा चिकित्सा करना उसके लिये नितान्त अशक्य हो जाता है। रोगों का निदान और चिकित्सा करने की यह शैली पूर्ण शास्त्रीय तथा इतनी अधिक विद्वत्तापूर्ण है कि, एक बार इसे समझ लेने पर किसी भी भथड़ूर रोग में अपना मार्ग सरलता से ग्रहण करने के लिये यह बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो चुकी है।

ऋतु, रोग और त्रिधातु तथा त्रिदोष का पारस्परिक सम्बन्ध।

Connection of different Diseases with different Seasons as well as Tridhatu and Tridosha.

भिन्न-भिन्न ऋतुओं का भिन्न-भिन्न रोगों के साथ कितना निकट का संबन्ध है यह इस प्रणाली द्वारा सहज में जाना जाता है। विदेशी वैद्यक-शास्त्रों में इस बात के समझने के लिये किसी प्रकार का कोई भी शास्त्रीय नियम अथवा पद्धति आज तक उसमें इतना शोध होने पर भी देखने में आयी नहीं। आयुर्वेद के आधार से प्रत्येक साधारण वैद्य भली भाँति समझ सकता है कि अमुक ऋतु में मनुष्य के शरीर में अमुक धातु वात, पित्त अथवा कफ न्यूनाधिक होकर वृषित होता है, और अमुक रोग की उत्पत्ति का कारण होता है। ऐसा होने के कारण विदेशी वैद्यक-शास्त्रवेत्ता जहाँ रोग उत्पन्न हो जाने पर उसके मिटाने के उपायों की योजना करने का सामर्थ्य रखता है, वहाँ आयुर्वेदीय चिकित्सक अमुक ऋतु में अमुक रोग उत्पन्न होने की संभावना है, इसे पहले ही जान कर उसे रोकने के लिये प्रथम से ही उसके

अनुकूल पथ्य सेवन की सूचना रोगी को देता है। आयुर्वेद का यह एक सिद्धान्त है कि ग्रीष्म ऋतु में अमुक, शरद् ऋतु में अमुक, वर्षा ऋतु में अमुक इस प्रकार प्रत्येक ऋतु में अमुक धातु का न्यूनाधिक होना संभव है, तथा वात के न्यूनाधिक होने पर अमुक रोग पित्त के न्यूनाधिक होने पर अमुक रोग और कफ के न्यूनाधिक होने पर अमुक रोग का होना संभव है।

रोग की प्रकृति के साथ वात, पित्त और कफ का सम्बन्ध।

Connection of Patient's temperament with Vata, Pitta and Kafa.

ये न्यूनाधिक वात, पित्त और कफ किसी रोगी पर अधिक तथा किसी रोगी पर न्यून प्रभाव रखते हैं।

वात जिस रोगी पर अधिक प्रभाव रखता है वह वात-प्रकृति वाला कहलाता है, पित्त जिस रोगी पर अधिक प्रभाव रखता है वह पित्त-प्रकृति वाला कहलाता है, और कफ जिस रोगी पर अधिक प्रभाव रखता है वह कफ-प्रकृति वाला कहलाता है। विद्वान् वैद्य अपने रोगी के निरन्तर सहवास द्वारा प्रथम से ही जान सकता है कि, उसका रोगी वात-प्रकृति वाला, पित्त-प्रकृति वाला अथवा कफ-प्रकृति वाला है, और इससे भिन्न-भिन्न ऋतु में कौन-कौन रोग होने की सम्भावना है यह बात पहले से ही उसके ध्यान में आ जाती है। यह वात, पित्त और कफ की प्रकृति वंशपरंपरा तक चलने वाली होने के कारण, बहुधा कई कुटुम्ब वात, पित्त अथवा कफ प्रकृति वाले पीढ़ी दर पीढ़ी देखने में आते हैं। इससे एक विद्वान् वैद्य जो किसी कुटुम्ब की प्रकृति को जानता हो, तो उस कुटुम्ब की चिकित्सा वह सैकड़ों कोसों की दूरी पर से भी कर सकता है।

रोगी की नाड़ी का वात, पित्त और कफ के साथ सम्बंध।

Connection of Patient's Pulse with Vata, Pitta and Kafa.

और इसमें विशेष अद्भुत और महत्त्व की बात यह है कि इन वात, पित्त और कफ की प्रकृति के समय मनुष्य की नाड़ी में भिन्न-भिन्न परिवर्तन होते हैं। प्रत्येक वैद्य को इन परिवर्तनों के जानने की आवश्यकता है और इसका शिक्षण उस वैद्यक-शास्त्र के शिक्षण का एक अति उपयोगी विभाग है। जब कि, प्रत्येक रोग में शरीर की न्यूनाधिक उष्णता के समय हृदय के रोग Heart diseases फेफड़े के रोग Lung diseases इत्यादि भिन्न-भिन्न रोगों में, जो नाड़ी का परिवर्तन होता है, उसे प्रत्येक डाक्टर जानता है तब शरीर में वात, पित्त और कफ के प्रकोप के समय भी नाड़ी में परिवर्तन होना स्वाभाविक है। तद्नुसार वात-नाड़ी, पित्त-नाड़ी और कफ-नाड़ी ये नाड़ी के भिन्न-भिन्न नाम साधारण रीति से होते हैं। वात के प्रकरण में वायु के रोग और उनके लक्षण बतलाये जाते हैं, पित्त के प्रकरण में पित्त के रोग तथा लक्षण लिखे रहते हैं और कफ के प्रकरण में कफ के रोग तथा लक्षण बताये जाते हैं।

नाड़ी से रोग का निदान किस रीति से होता है?

How the disease is diagnosed by Pulse?

इसके अनुसार रोगी से कुछ भी पूँछे बिना वात की नाड़ी हो तो अमुक रोग, कफ

की नाड़ी हो तो अमुक रोग और पित्त की नाड़ी हो तो अमुक रोग इस रोगी को होना चाहिये ऐसा एक वैद्य निश्चित कर सकता है। तदनन्तर कदाचित् रोगी से प्रश्न करने का संयोग न बने तो रोगी के शरीर पर दीखते हुए लक्षण और चिन्हों से कुछ भी पूछे बिना रोग का निदान करने में शक्तिमान् होना संभव है। अलबत्ता इस कार्य के लिये अधिक समय के अनुभव तथा हजारों मनुष्यों की नाड़ी देखने का जिसे सौभाग्य प्राप्त हुआ हो ऐसे विद्वान् वैद्य की आवश्यकता है। ऐसे वैद्यों को नाड़ी दिखाने मात्र से रोग की परीक्षा नहीं हो सकती ऐसा मानना तो असम्भवित ही है, किन्तु शिक्षण अथवा अनुभव की न्यूनता के कारण जैसे बैरिस्टर और डाक्टरों से भूल होती है वैसे एक वैद्य भूल करे यह हो सकता है।

इस प्रकार नाड़ी से रोग का निश्चय करने की पद्धति सर्वथा शास्त्रीय है, अतएव पूज्य महात्मा गांधी ने कलकत्ते में "अष्टाङ्गहृदय रुग्णालय" की नींव में शिलान्यास करते समय इस विषय में जो कुछ कहा है वह वैद्यक-शास्त्र और आयुर्वेद के सिद्धांत का परिज्ञान न होने के कारण ही कहा है ऐसा मानना चाहिये।

इस प्रकार सिद्ध हुई प्रणाली से एक आयुर्वेदीय चिकित्सक रोगी से रोग होने पर उसे मिटाने के लिये समर्थ हो इसमें तो संदेह ही नहीं, किन्तु रोगी के रोग उत्पन्न होने के सम्भव को प्रथम से ही जान उसे रोकने के लिये भी योग्य मार्ग का अनुसरण करने को वह प्रथम ही समर्थ होता है। सज्जनो, आज भी विद्वान् आयुर्वेदीय चिकित्सकों की रीति है कि, वे अपने रोगी को ऋतु-परिवर्तन के समय उसकी प्रकृति पर ध्यान देकर उसे एक नियत रीति से ही वर्तना चाहिये ऐसी सूचना देते हैं कि जिससे भविष्य में उत्पन्न होनेवाले अनेक महान् रोगों का प्रतिबन्ध प्रथम से ही कर सकते हैं।

सारे संसार में निदान तथा चिकित्सा करने और स्वास्थ्य की रक्षा के निमित्त ऐसे उत्तम रीति से सुसंघटित नियम अन्य किसी वैद्यक शास्त्र में नहीं दिखायी देते। और जब तक आयुर्वेद के अतिरिक्त जिस वैद्यक शास्त्र के साथ हमारा घनिष्ठ सम्बन्ध है उस अङ्गरेजी वैद्यक शास्त्र के ज्ञाता वात, पित्त और कफ की इस प्रणाली को निदान चिकित्सा करने तथा शरीर का स्वास्थ्य सुरक्षित रखने की एक उपयोगी पद्धति के समान स्वीकार नहीं करते, तब तक अङ्गरेजी वैद्यक शास्त्र में चाहे जितना शोध और सुधार हों पर वे आयुर्वेदीय चिकित्सा और निदान की बराबरी करने के लिये कभी समर्थ नहीं हो सकते।

आयुर्वेद की वर्तमान स्थिति।

Present position of Ayurved

सज्जनो, यह विषय मुझे हमारी वर्तमान परिस्थिति और हमारे अस्तित्व की उपयोगिता पर ले जाता है। मेरे प्रिय चिकित्सक बन्धुओं, मेरी सुशील बहिनों, और माननीय गृहस्थों! जो पद आज आपने मुझे दिया है और जिस पद का न्याय चुकाने के लिये मैं आपके समक्ष उपस्थित हूँ, उस पद पर आयुर्वेद सम्बन्धी किसी प्रकार का पक्षपात किये बिना तथा विदेशी वैद्यक शास्त्र की ओर किसी प्रकार का तिरस्कार किये बिना जैसे न्यायालय में एक गवाह अपना बयान देता है वैसे ही मैं कहता हूँ कि, यदि हम लोग विद्वान् वैद्यों के प्रभाव को सुरक्षित रक्खेंगे तथा नवीन विद्वान् चिकित्सकों को उत्पन्न करने के लिये समर्थ हो सकेंगे तो विदेशी वैद्यक के कितने ही सुधार और संवर्द्धन सम्बन्धी शोध हो चुकने पर भी आयुर्वेद आर्या-

वर्त में श्रीनगर से लङ्का तक और करांची से कलकत्ता तक अपना सबल हाथ सदा के लिये लम्बायमान करता हुआ इस महान् भारतवर्ष में बसनेवाले करोड़ों मनुष्यों के शरीर, स्वास्थ्य सम्बन्धी उत्तरदायित्व के लिये भिन्न-भिन्न सभी चिकित्सा शास्त्रों में प्रथम स्थान को प्राप्त करेगा।

मेरा यह कथन अक्षरशः सत्य है, मुझे इसमें किसी प्रकार की शङ्का नहीं है। शास्त्रीय पद्धति पर रचा हुआ एक शास्त्र जो निरन्तर योग्य विद्वानों के हाथ में रहेगा तो मैं साहस पूर्वक कहता हूँ कि केवल आर्यावर्त ही नहीं, किन्तु सुदूर देशों में भी उसका प्रचार जो पूर्व काल में किसी समय था और समयानुसार नाश को प्राप्त हुआ है, उसे पुनः उत्पन्न करने के लिये हम लोग साधनभूत होंगे।

माननीय सज्जनो और बहनों, इस प्रसंग पर आपके समक्ष मेरा एक ही प्रश्न है कि जिस उत्साह से आपका आज के इस सम्मेलन में शुभागमन हुआ है उस उत्साह को क्या हम लोग आयुर्वेद के लिये मेरे बताये हुए उत्तम समय की पुनः प्राप्ति कराने के साधन-सम्पन्न करने की ओर ले जा सकेंगे? क्या आयुर्वेद-पारंगत विद्वान् चिकित्सकों को उक्त कार्य में सहायभूत होने के लिये तैयार कर सकेंगे? क्या आर्यावर्त के असंख्य धनवान् गृहस्थों में से थोड़ों को भी अपने साथ सहानुभूति के लिये ले सकेंगे? जो हम लोग ऐसा कर सकें तो इस आयुर्वेद का अधिकाधिक प्रचार होने के विषय में विशेष करके विद्वान् वैद्य, धर्मार्थ औषधालय तथा उत्तम आतुरालय बनाने के लिये शक्तिशाली हो सकेंगे।

इस समय एक गम्भीर प्रश्न का बहुतों के मन में वास्तविक रीति से उठना संभव है कि

क्या आयुर्वेद सम्पूर्ण है?

Is Ayurveda a perfect science?

चरक, सुश्रुतादिक हमारे प्राचीन ग्रन्थ, आधुनिक वैज्ञानिक सुधारों के साथ तुलना करने में निदान तथा चिकित्सा के लिये सब प्रकार से सम्पूर्ण हैं कि नहीं? यह प्रश्न अति महत्व का तथा प्रत्येक वैद्य के मनन करने योग्य, विचारणीय एवं उसके सम्बन्ध में एक निर्णय पर त्वरित आ जाने योग्य है। जनता आयुर्वेद के लिये कुछ भी करने के पहले हम लोगों से उक्त प्रश्न का उत्तर माँगती है और उस उतर पर वे अपना जीवन हमारे हाथ में सौंपें या न सौंपें इसका मुख्य आधार है।

आधुनिक विज्ञान का सुधार अर्थात् विदेशी मेडिकल साइन्स के नवीन शोध के रूप में वारंवार प्रकट होनेवाले प्रयोग जो असंख्य प्रमाण में हम लोगों के समक्ष होते हुए देखे जाते हैं उनके साथ तुलना करने पर आयुर्वेद सभी विषयों में निदान-चिकित्सा के लिये परिपूर्ण है कि नहीं? इस प्रश्न का उत्तर यदि मैं आयुर्वेद के अनुकूल दूँ तो मेरा आयुर्वेद की ओर पक्षपात माना जायगा। इस कारण विदेशी मेडिकल साइन्स के महान् ज्ञाता डा० पालवर्धन ए० वी० का इस विषय पर जो अभिप्राय है उसे मैं आपके समक्ष उपस्थित करता हूँ। वे कहते हैं कि:—

"I have been extremely struck with the profound meaning of many passages in Charaka, which indeed go beyond anything that I have met before, in Medical Literature of the West".

"चरक के अनेक वाक्यों से मैं इतना अधिक आश्चर्य को प्राप्त हुआ हूँ तथा मैं ऐसा

मानता हूँ कि पश्चिम की वैद्यक विद्या में मैंने आज तक जो कुछ पढ़ा और देखा है उससे भी चरक के सिद्धान्त आगे बढ़े हुए हैं।" इसी स्थिति के दूसरे सज्जन Mr F. A. S. Krine कहते हैं कि It is wonderful to note the comparatively advanced view held by the sages of India, and how completely they had anticipated discoveries, which we modern, flatter ourselves, are due to the enlightenment of this age".

"भारतीय वैद्यक शास्त्रवेत्ताओं के आगे बढ़े हुए विचारों को पढ़कर मैं बड़े ही आश्चर्य को प्राप्त हो रहा हूँ। मुझे कहना चाहिये कि आधुनिक जिन नवीन शोधों के लिये हमें अभिमान है उन शोधों को वर्षों पहले आर्यावर्त के विद्वानों ने अपनी पुस्तकों में परिपूर्ण रूप से लिख रक्खा है।"

गृहस्थो! इन वाक्यों के अनन्तर और साक्षात् पाश्चात्य विद्वानों के मुख से निकलने पर क्या कभी ऐसा प्रश्न उठ सकता है कि आधुनिक वैज्ञानिक सुधारों के साथ तुलना करते हुए आयुर्वेद परिपूर्ण कहा जा सकता है या नहीं? वर्तमान वैज्ञानिक सुधारों के साथ तुलना करते हुए मेरा दृढ़ सिद्धान्त है कि आयुर्वेद परिपूर्ण है। उसमें जो कुछ अपूर्णता प्रतीत होती हो वह आयुर्वेद शास्त्र की नहीं किन्तु शिक्षा प्रणाली की है। इस कारण मैं अपने विद्वान् वैद्य मित्र, आयुर्वेदानुरागी-गृहस्थ तथा बहिनों को अन्तःकरण से विश्वास दिलाता हूँ कि वर्तमान विदेशी वैज्ञानिक सुधारों की प्रत्येक गहरी से गहरी भूमिका में पहुँचने पर मुझे विश्वास हुआ है कि वैज्ञानिक सुधारों के परिणाम स्वरूप जो सिद्धान्त आज तक जन-समूह के हृदय-पटल पर अंकित किये गये हैं उनकी अपेक्षा चरक, सुश्रुत के सिद्धान्त अधिक आगे बढ़ते हुए, अधिक अनुकूलता वाले और अधिक उपयोगी सिद्ध हुए हैं।

मलेरिया (विषमज्वर) के लिये कमेटियाँ नियत हुईं, मच्छड़ों की खोज की गयी, कुएँ और नाले बन्द किये गये, वृक्ष और वनस्पतियाँ उखाड़ डाली गयीं, हजारों, लाखों रुपये खर्च हुए और आगे भी होंगे। इस प्रकार साइन्स के ये सब सुधार हो चुकने पर भी हम लोग इस विषय में आज कहाँ पर हैं? (कहना पड़ता है कि) जहाँ थे वहीं पर। मैं तो इससे भी आगे बढ़कर कहूँगा कि पहले से भी गिरी दशा में। इस ज्वर के लिये महात्मा चरक के सिद्धान्तों को आप ध्यान में लें, भिन्न-भिन्न ऋतु के अनुसार बतायी हुई दिनचर्या तथा रात्रि-चर्या के अनुसार बरतें; मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मलेरिया आपके घर में अवश्य नष्ट हो जायगा।

डा० क्लार्क ठीक कहते हैं कि:—"If you treat your patient according to the methods of Charaka, there will be less work for undertakers and fewer chronic invalids in the world."

"जो आप अपने रोगियों की चिकित्सा चरक के सिद्धान्तानुसार करेंगे तो चिता रचने के काम में कमी होगी और जगत् में रोगी मनुष्य बहुत कम देखने में आयेंगे।"

दुःखदायक बात यही है कि नवीन नवीन शोध प्रकट होने के अनन्तर दूसरे अथवा तीसरे ही वर्ष इन शोधों का महत्त्व अनुभवानुसार घट जाता है। इसे क्या साइन्स का सुधार कह सकते हैं? माननीय गृहस्थ और बहनो, हमारे पास ऐसा कोई साधन नहीं कि

इसके द्वारा हम ऐसे वैज्ञानिक सुधार के मोहजाल से आपको बचा सकें। हम तो केवल आपको सच्चे सिद्धान्त और सच्चे उपचार बता सकते और विश्वास दिला सकते हैं कि वे आपको नीरोग रख कर आपका आयुष्य बढ़ाने में साधनभूत हो सकेंगे।

विद्वान् वैद्यो, सद्गुणवती बहनो तथा माननीय गृहस्थो, पूर्वोक्त रीति से चरक, सुश्रुत आदि हमारे प्राचीन ग्रन्थ कहाँ तक परिपूर्ण हैं—यह बता चुकने पर ऐसी पूर्णता होते हुए भी आयुर्वेदीय चिकित्सकों की, उनके कामों में जो कुछ न्यूनता देख पड़े, तो वह क्यों देख पड़ती है? इसका उत्तर मैं आपको दूँगा। केवल पुस्तक सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त करके जो काम किया जाय किन्तु उसकी प्रत्यक्ष क्रिया की शिक्षा में न्यूनता हो तो, उस काम में न्यूनता प्रतीत होना स्वाभाविक है। गृहस्थो, पूर्णरूप से प्रत्यक्ष शिक्षण मिल सके तो ऐसी शिक्षा प्रणाली तथा तदुपयोगी साधन सामग्री बिना इस न्यूनता को दूर करने के लिये हमारे पास कोई उपाय नहीं। वर्षों तक चरक और सुश्रुत के श्लोकों का अन्वय और अर्थ सीखा करो तो भी एक अनुभवी वैद्य होना बहुत कठिन है। शस्त्र सिद्धान्त पूर्णरूप से समझ लेने पर भी उन्हें प्रत्यक्ष क्रिया में लाना प्रत्यक्ष शिक्षण मिले बिना कदापि नहीं हो सकता। आयुर्वेद के उत्तम सिद्धान्तों का पूर्णरूप से अध्ययन कर उनका प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर लेने के अनन्तर ही विद्यार्थी सच्चा वैद्य बन सकता है। अतः हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर विद्वान् वैद्यों को बहुत सूक्ष्म रीति से दृष्टिपात करने की आवश्यकता है।

आयुर्वेद का शिक्षण=मातृभाषा की आवश्यकता।

Study of Ayurved; Instructions in Mother Tongue necessary.

आयुर्वेद-शिक्षण के अपने तीस वर्ष के अनुभव से (आप जानते हैं कि प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज को स्थापित हुए तीस वर्ष हो चुके हैं) मैं ऐसे निश्चय पर आया हूँ कि यदि ग्रन्थ विद्यार्थियों की मातृभाषा में लिखे गये हों तो उनको समझने तथा उनका आन्तरिक तात्पर्य ग्रहण करने तक ही नहीं; किन्तु उसमें वर्णित भिन्न-भिन्न क्रियाओं का ज्ञान प्राप्त करने के लिये भी अधिक उपयोगी होते हैं। ऐसा कह कर मैं संस्कृत भाषा के अग्र स्थान का हरण करना नहीं चाहता, किन्तु जब विद्यार्थी को शिक्षा देने के लिये प्रत्येक संस्कृत श्लोक को उसकी मातृभाषा में समझाने की आवश्यकता पड़ती है, तब यदि उसकी सम्पूर्ण पुस्तक मूल श्लोकों के आधार पर ही अथवा उनके साथ ही विद्यार्थी की मातृभाषा में लिखी गयी हो तो वह विद्यार्थी के लिये अधिक उपयोगी और उसका तात्पर्य ग्रहण करने के लिये अधिक सरल हो सके इसमें कोई सन्देह नहीं। इतना ही नहीं किन्तु इस प्रकार श्लोकों का भाव मातृभाषा में ऐसी उत्तम रीति से इतने विस्तार से विद्यार्थी को ऐसी पुस्तकों द्वारा दिया जा सके कि वह विद्यार्थियों के अन्तःकरण में तत्काल क्रीड़ा करने लगे।

पुस्तकें मातृभाषा में और विषयानुसार लिखानी चाहिये।

Necessity of seperate books in accordance with different subjects.

आयुर्वेद के शिक्षण की सब पुस्तकें विषयानुसार लिखानी चाहिये। विद्वान् चिकित्सक

बान्धवो ! आप जानते हैं कि आयुर्वेद के चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट वगैरह ग्रन्थों में वैद्यकानुसारी भिन्न-भिन्न बहुत विषयों का समावेश करने में आया है ! जैसे कि, निदान, चिकित्सा, शल्य-शालाक्यशास्त्र, सूतिकाशास्त्र, स्त्रीरोग, बालरोग-चिकित्सा, आरोग्य शास्त्र, विष प्रकरण, कृमि-तन्त्र, त्रिदोष, रुग्णेन्द्रिय विज्ञान, औषधि-गुण-दोष, रसशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, शारीर, त्रिधातु, इन्द्रिय-विज्ञान और उपवैद्यक ऐसे भिन्न-भिन्न हैं लेकिन अतिशय उपयुक्त विषय में चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट, रसरत्नसमुच्चय, माधवनिदान, बृहत्त्रिघंटु, शार्ङ्गधर, भावप्रकाश इत्यादि संस्कृत भाषा में रची हुई असंख्य पुस्तकों में एक दूसरे के साथ निश्चित हो गये हैं। ये सब विषय आयुर्वेद के अभ्यास-क्रम में उसके सानुकूल समय पर सिखाने की आवश्यकता है। ऐसा हो तो पहले सिखाये हुए विषयों के ज्ञान से पीछे सिखाने के विशेष उपयुक्त विषयों का शिक्षण अभ्यास करनेवालों को अधिक सरल हो। इसलिये आयुर्वेद की पुस्तकें विषयानुसार लिखी जाँय तो वे विशेष उपयुक्त हों इतना ही नहीं, किन्तु जब जब किसी भी खास विषय में कुछ भी घटाने बढ़ाने के सुधार की आवश्यकता आ पड़े, तब तब उस विषय की खास पुस्तक में उसकी सूचना देने की सरलता हो सके।

यहाँ पर एक दूसरा आवश्यक प्रश्न खड़ा होता है कि जो ऐसी पुस्तकें विषयानुसार विद्यार्थियों की मातृ भाषा में लिखी जायँ तो उसमें पाश्चात्य वैद्यक शास्त्र की मदद लेने की आवश्यकता है कि नहीं ? यह बात बहुत विचारने योग्य और शास्त्रीय ज्ञान से निर्णीत करने योग्य है। सुश्रुताचार्य जी ने अश्मरी (पथरी) रोग हटाने का वर्णन सुश्रुतसंहिता के चिकित्सा स्थान के ७ वें अध्याय में बहुत सूक्ष्मता से किया है, इसलिये इस शस्त्र-क्रिया का वर्णन विद्यार्थियों को पढ़ाने के समय उसमें उपयोग में आते हुए शस्त्र विद्यार्थियों को बतलाने की आवश्यकता है। इन शस्त्रों का सूक्ष्म वर्णन भी सुश्रुत में करने में आया है, लेकिन ऐसे तैयार शस्त्र हम लोग आजकल पाश्चात्य शस्त्रक्रियालय में ही पा सकते हैं ऐसी अपनी स्थिति है। अतएव इस प्रकार की मदद, जब-जब आयुर्वेद को ऐसे विषय और साधनों में त्रुटि देखने में आवे अथवा अमुक विषय में साधनों के अभाव से समझना कठिन पड़े तब-तब वे विषय पाश्चात्य वैद्यक से लेना मैं किसी रीति से अयोग्य नहीं मानता हूँ, सायन्स यानी शास्त्र के सिद्धान्त और साधन कोई भी विद्वान् अपनी बुद्धि से, अनुभव से अथवा प्रयोग से सिद्ध करता है, तो भी उन सिद्धान्त और साधनों पर उसका ही अधिकार नहीं रहता, किन्तु जगत् में जिन-जिन लोगों को वे मान्य हों उन सबका भी उस पर अधिकार रह सकता है। मेरे प्यारे गृहस्थो, इस रीति से मनुष्य मात्र—पीछे वह चाहे किसी भी देश का हो, तो भी जगत् में अस्तित्व धरानेवाले शास्त्र उसको अपनी इच्छा बिना उतने अंश ग्राह्य होते हैं, इसलिये अपने शास्त्रों का हिन्दू राज्य के अस्त होने के बाद समयपरत्वेन जितने अंश नाश हुए हों वे त्रुटियाँ संपूर्ण करने के लिये अपने शास्त्रों के बीज से उत्पन्न हुए भिन्न-भिन्न वृक्षों में से आवश्यक फलों को लेकर उनमें फिर परिवर्तन होने से किसी प्रकार की बाधा हो ऐसा समझ में नहीं आता है।

आयुर्वेद के अभ्यास क्रम का निर्णय करने में इतने सिद्धान्तों पर ध्यान देकर पीछे एक उत्तम विद्यालय को चलानेवाले प्रत्येक विषयों का संपूर्ण रीति से शिक्षण हो सके इतने समय के लिये और प्रारंभ के शिक्षण के लिये तथा पीछे के शिक्षण के लिये उन विषयों का क्रम बना कर उसका पुस्तक द्वारा और प्रत्यक्ष शिक्षण दे सकें ऐसा अभ्यास क्रम बनाने की आवश्यकता है।

आयुर्वेद का अभ्यास-क्रम।

Curriculum for teaching Ayurved.

इस प्रकार का अभ्यास क्रम पाँच वर्ष पर्यंत तो अवश्य होना ही चाहिये। कारण कि उसके सिवाय विद्यार्थियों को परिपूर्ण शिक्षण मिलना बिल्कुल अशक्य है, इसलिये इतने समय का अभ्यास-क्रम ऐसा रखना चाहिये कि, जैसे 'प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज में' रखने में आया है। इसलिये विद्यालय में पहले ढाई वर्ष के लिये अंग्रेजी वैद्यक-विद्या की शिक्षण पद्धति के अनुसार शारीर, त्रिधातु और इंद्रियविज्ञानशास्त्र, उपवैद्यक, औषधि-गुणदोष, वैद्यकीय रसशास्त्र तथा ओषधी क्रिया आदि वैद्यकीय वनस्पति शास्त्र, ये विषय होने चाहिये। इनमें सफल होने पर दूसरे ढाई वर्ष के लिये आरोग्य शास्त्र, न्याय, वैद्यक और विष-प्रकरण, कृमितंत्र, त्रिदोष और रुग्णेन्द्रिय विज्ञान, निदान, चिकित्सा, शल्यशालाक्य शास्त्र और सूतिका शास्त्र, स्त्री-रोग तथा बाल-रोग ये विषय रखने की आवश्यकता है। ये सब विषय आयुर्वेद के अन्यान्य पुस्तकों में से अच्छी तरह सिखाये जा सकते हैं। ऐसे ही पाश्चात्य वैद्यक में रहे हुए इन विषयों के सिद्धान्त का विशेष ज्ञान होने के लिये जानना इसमें कुछ बुराई नहीं है। त्रिधातु और त्रिदोष का विषय तथा स्वास्थ्य वृत्त के आधार पर अस्तित्व में रहा हुआ प्रिवेंटिव मेडिसिन का विषय अंग्रेजी वैद्यक शास्त्र के अभ्यास क्रम में दाखिल करने में आया नहीं है।

अब ये सब विषय कैसी उत्तम रीति से आयुर्वेद के ग्रन्थों में वर्णन किये गये हैं और इस जमाने के अनुसार उनमें कुछ अदल-बदल करने की आवश्यकता है या नहीं और ऐसे ही उनका शिक्षण देने की कौन कौन उत्तम रीतियाँ हैं इस विषय में आपके सामने संक्षेप से बोलता हूँ।

शारीर शास्त्र।

Anatomy.

सारे जगत् का शारीर शास्त्र एक ही होना चाहिये, उसमें कुछ सन्देह नहीं है। आर्यावर्त, यूरोप, चीन अथवा जापान के मनुष्यों की शरीर की रचना में ईश्वर ने किसी प्रकार का भी अन्तर नहीं रक्खा है। सुश्रुताचार्य जी शारीर के विषय में विस्तार से विवेचन करते हैं कि शरीर के सब अवयवों का स्थान और उनके कार्य बतला कर अस्थि, धमनी, शिरा इत्यादि की संख्याएँ विश्वसनीय रीति से बतलाते हैं। मुर्दे की परीक्षा किस तरह से होना चाहिये? और बड़े बड़े अवयवों के साथ छोटे में छोटी रक्तवाहिनी नाड़ियाँ भी किस तरह से जाँचनी चाहिये इसकी जो जो रीतियाँ सुश्रुत में बतलाने में आयी हैं वह किसी भी सुशिक्षित वैद्य से अज्ञात नहीं है। अंग्रेजी वैद्यक विद्यार्थियों को अपने हाथ से मुरदा चीर कर जाँचने को वाध्य करता है इससे वे लोग शारीरिक शास्त्र के सम्बन्ध में बहुत प्रत्यक्ष अनुभव ले सकते हैं और भविष्य में शस्त्र का उपयोग करने के लिये हिम्मतवान् बन सकते हैं। आयुर्वेद का इतिहास अपने को याद दिलाता है, कि ऐसी क्रियाएँ आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिये भी भगवान् बुद्ध के समय से पहले अस्तित्व में थीं। अगर ऐसा न होता तो सुश्रुताचार्य जी ने अश्मरी रोग की शस्त्र क्रिया का जिस सूक्ष्म रीति से वर्णन किया है ऐसा सूक्ष्म वर्णन कभी भी नहीं कर सकते। प्रिय चिकित्सक लोगों, आयुर्वेद के पहले पाठ का आरंभ करने के लिये आप लोगों को

शारीर शास्त्र पूरी तौर से सीखने के लिये मुर्दा चीर कर जाँचने की बहुत आवश्यकता है। शायद ऐसा न बन सके तो चीरे हुए मुर्दों के सब अवयव, शिराएँ, धमनियाँ, स्नायु इत्यादि आँख से देखने की आवश्यकता है। और साधनों के अभाव में यह भी न बन सके तो उस विषय के लिये बराबर तैयार करने में आये हुए नकली अवयव इत्यादि पास रख कर उस विषय के अभ्यास करने की आप लोगों को आवश्यकता है। विद्वान् वैद्य लोगों! वैद्यक शास्त्र के अध्ययन की यह पहली सीढ़ी अच्छी रखने के लिये जो कुछ अच्छी तजवीज आप लोगों से बन सके वह करने की खास आवश्यकता है।

त्रिधातु और इन्द्रिय विज्ञानशास्त्र

Tridhatu and Physiology.

अपनी शिक्षण पद्धति की बारहखड़ी की दूसरी सीढ़ी त्रिधातु और इन्द्रिय विज्ञान-शास्त्र है। शरीर के भिन्न-भिन्न अवयव क्या काम कर सकते हैं और मनुष्य-जीवन के रक्षण करने में अपनी तरफ से वह शास्त्र किस जाति का हिस्सा देता हैं यह इन विषयों को सिखने से जानने में आता है। इन्द्रियों के जो भिन्न कार्य, जैसे कि, यकृत, आमाशय, हृदय, मस्तिष्क, अन्त्र, फुफ्फुस इत्यादि से होते हैं उनका परिपूर्ण अभ्यास करने की आवश्यकता है। इसलिये इस अभ्यास के लिये वाग्भट और चरक की खास मदद लेकर सांप्रत इस विषय का प्रत्यक्ष शिक्षण जो इंग्लिश पद्धति से दिया जाता है उसकी मदद लेने की आवश्यकता है। कारण कि ऐसा करने से ये विषय विशेष सरलता से समझने में आवेंगे और इन सब अवयवों की क्रियाओं का कार्य समझने के बाद उसकी भिन्न-भिन्न पद्धति से इकट्ठे हुए बल से शरीर-स्वास्थ्य के रक्षण करने में अस्तित्व में आये हुए वात, पित्त और कफ से जो क्रियायें होती हैं, वे क्रियायें शरीर को पूर्ण स्वस्थता में रखने के लिये समर्थ होती हैं, अतएव ये वात, पित्त और कफ जो इस वक्त त्रिधातु कहे जाते हैं, उनके सिद्धान्त का परिपूर्ण अभ्यास करने की विद्यार्थियों को मेरी सूचना है। यह उनको उनके कार्य में अतिशय सहायकर्ता हो जायगा।

उपवैद्यक।

Minor clinical work.

अभ्यास क्रम के इसी विभाग में 'उपवैद्यक' नामक एक विषय बढ़ाने की आवश्यकता है। यह विषय शार्ङ्गधर, वाग्भट, चरक, सुश्रुत इत्यादि में भिन्न-भिन्न स्थान पर लिखा गया है और यह रोगो के सम्बन्ध में तथा उसकी परिचर्या के सम्बन्ध में मात्र वैद्यक के अभ्यासियों के हाथ से हो सके ऐसी खास क्रियाओं का प्रत्यक्ष अभ्यास है। इसमें स्नेहविधि, स्वेदविधि, बस्तिविधि, नस्य, धूम्रपान, गंडूष, लेपविधि, औषध तथा पोषण देने की भिन्न विधि, रक्त-स्राव इत्यादि क्रियायें वैद्य की आज्ञा के अनुसार उपवैद्य, परिवारक, अथवा परिचारिका को करने की आवश्यकता है। इन सब विधियों की क्रियायें वैद्य होनेवाले विद्यार्थी का अपनी विद्यार्थी अवस्था में दूसरे विशेष महत्त्व के विषयों का अभ्यास प्रारंभ करने से पहले जान लेने की आवश्यकता है, उपरोक्त विषयों को जाननेवाले विद्यार्थी को उपवैद्य कहना चाहिये।

इन तीन विषयों के साथ ही उससे भी अधिक समय पर्यंत विद्यार्थियों को विशेष उपयुक्त विषय तैयार कराना चाहिये और वे विषय, ओषधी गुण-दोष, रसशास्त्र, ओषधी-

क्रिया तथा वनस्पति शास्त्र हैं। ओषधीगुणदोष में आयुर्वेद में कही हुई प्रत्येक खनिज, वनस्पति तथा प्राणिज ओषधियों के गुण, दोष और वात, पित्त तथा कफ परत्वे उसकी रचना, ये विषय समाये हैं।

ओषधी–गुणदोष।

Materia Medica.

भिन्न-भिन्न रोगों के ऊपर उपयोग में आती हुई ओषधियों से उस-उस रोग में वात, पित्त और कफ की वृद्धि अथवा न्यूनता को ध्यान में लेकर उसको समान कर सके ऐसी उस रोग की ओषधि रोगी को देने से उसको तुरत फायदा होता है।

अपने को वारंवार दोष देना पड़ता है कि, आयुर्वेद में कही हुई ओषधियाँ साम्प्रत की सायन्टिफिक पद्धति से परीक्षित न होने से वे शास्त्रीय नहीं कही जा सकती हैं। गृहस्थो! आयुर्वेद पर यह आक्षेप बिल्कुल झूठा और निर्मूल है। क्योंकि, आयुर्वेद में उपयोग में आने वाली प्रत्येक ओषधियाँ शास्त्रीय रीति से सिद्ध करने में आयी हुई हैं और सिद्ध करने के लिये खास प्रयोग जो आयुर्वेद में वर्णन किये गये हैं, जिसके आधार से अमुक ओषधि अमुक रोग पर अमुक रीति से उपयुक्त होगी, इसका निर्णय होता है।

वनस्पति औषधियाँ।

Vegetable preparations of Ayurved.

चरक और सुश्रुत के समय में रीति से ओषधियों के गुण-दोषों का निर्णय करने के लिये राज्याश्रय से बहुत जंगल रखने में आते थे, और भिन्न-भिन्न प्राणियों को उन जंगलों में भिन्न-भिन्न वनस्पतियाँ खाने का प्रसंग आवे इस रीति से रखने में आते थे। इसके बाद उन-उन वनस्पतियों के गुण-दोषों का निर्णय करने वाला वैद्य उन प्राणियों को उस वनस्पति से अथवा ओषध से क्या गुण हुआ अथवा क्या दोष हुआ इसकी परीक्षा करते थे और इस पर से उन वनस्पतियों के गुण-दोष का निर्णय करने में आता था। मुझे कहना चाहिये कि आज-कल भिन्न-भिन्न औषधों के गुणदोष का निर्णय करने के लिये जिन-जिन क्रियाओं का उपयोग करने में आता है जैसे कि, गूँगे प्राणियों के शरीर में त्वचा अथवा रक्तवाहिनी के मार्ग से औषधियों के तत्व दाखिल करके उनका उस प्राणी पर क्या असर होता है, यह जाँचने में आता है। उन क्रूर प्रयोगों की अपेक्षा से ऊपर बतलायी हुई प्राचीन रीति को अलबत मैं अधिक प्रशंसनीय और शास्त्रसंमत मानता हूँ। क्योंकि इस रीति का प्रयोग प्राणियों पर स्वाभाविक रीति से असर करता है और उससे उनके शरीर पर होते हुए परिणाम भी स्वाभाविक देखने में आते हैं, इस प्रकार से प्राचीन काल में करने में आये हुए प्रयोगों से सिद्ध हुई वनस्पतियों की फिर आधुनिक रीति से जाँच करने में उनके गुणदोष में कुछ भी परिवर्तन हुआ हो ऐसा नहीं मालूम पड़ता है, उसका प्रत्यक्ष उदाहरण बतलाना आवश्यक होगा कि, बम्बई सरकार ने बेक्टीरियोलोजीकल और जेनरल रीसर्च पर नियुक्त किये हुए स्व० डा० सरवेयर जिन्होंने एम्० ए० डी० के साथ दूसरी बहुत ऊँची डिग्रियाँ प्राप्त की थी उन्होंने आधुनिक रीति से अतिविष के गुण जाँचने का प्रारम्भ किया, और उन वनस्पतियों का प्राणियों पर भिन्न-भिन्न प्रयोग करने के बाद वे इतना सिद्ध कर सके हैं कि, अतिविष आम और अतिसार रोग पर उपयोगी है। गृहस्थों! इस रिसर्च के लिये इतनी सिरफोडी न कर आयुर्वेद

के शास्त्रीय सिद्धान्तों को अङ्गीकार करने में एलोपैथिक के आधुनिक विद्वानों को कौन बाधा है, यह मैं नहीं समझ सकता। बृहन्निघंटु के ७ वें भाग के २१२ पन्ने में अतिविष के गुणदोष में लिखा है कि, "हरेत् अतिसार आम" अतिविष झाड़ा और आम को मिटाता है। पैसा, वक्त और विद्वत्ता का चिरकाल पर्यंत व्यय करने से निर्णीत किया हुआ आधुनिक सिद्धांत हजारों वर्षों के पहले इस बाबत में शास्त्रीय रीति से प्राचीन विद्वानों के किये हुए सिद्धान्तों के साथ कैसा अक्षरशः मिलता है यह इससे सिद्ध होता है। जब डा० सरवेयर ने मुझसे यह बात जाना तब उन्होंने कहा कि, "हमारे रिसर्च वर्क का इतना उद्योग होने पर आयुर्वेद में उस वनस्पति के लिये बताये हुए गुणदोष में कुछ भी परिवर्तन मैं देख नहीं पाता" इससे आयुर्वेद के सिद्धान्तों के लिये उन डाक्टर साहब के हृदय में बड़ा ऊँचा स्थान हो गया।

आयुर्वेद की रसक्रिया फूटती नहीं है।

The Mercurial preparations of Ayurved;
they cannot produce eruption.

यहाँ मैं आयुर्वेद की रस क्रियाओं के उपर कुछ बोलता हूँ, इस क्रिया में पारद और गन्धक जो अद्भुत काम बजाते हैं, वे किसी भी वैद्य से अज्ञात नहीं। आयुर्वेद के आधार से "पारदः सर्वरोगाणां जेता पुष्टिकरः स्मृतः" पारा हर रोग को जीतने वाला और पुष्टि करनेवाला है। इंग्लिश वैद्यक-शास्त्र के आधार से भी पारद को रक्त-शुद्धि करने वाला माना जाता है। आयुर्वेद में रस-मिश्रित प्रयोग इतने हैं कि, पारद को अपने लोग भी औषधियों में श्रेष्ठ पद देते हैं यह असत्य नहीं कहा जायगा। यह पारद और उसकी क्रियाएँ आयुर्वेदीय चिकित्सकों के बड़े द्रव्य गिने जाते हैं। मुझे कहने में खेद उत्पन्न होता है कि, कितनी जगहों पर वैद्यों का मान उतारने के लिये, वे लोग वैद्यक-चिकित्सा में रोगियों को पारा खिलाते हैं और वह फूट निकलता है ऐसी बातें कह कर देशी मात्राओं के ऊपर असत्य अश्रद्धा उत्पन्न करा देते हैं। जनसमूह के लाभ के लिये इस संमेलन के पास मैं खात्री से कहता हूँ कि आयुर्वेद में लिखी हुई शास्त्रीय पद्धति से तैयार करने में आई कोई भी दवा रोगी को खिलाने से वह फूट आयी ऐसा कोई भी दृष्टान्त कोई भी मनुष्य अथवा कोई भी डाक्टर नहीं बतला सकेगा। आयुर्वेदीय मात्राओं के लिये यह आक्षेप बिल्कुल झूठा और कुछ भी प्रमाण संमत नहीं है। पारद तो क्या! परन्तु ऐसी कोई आयुर्वेदीय औषधि नहीं है कि, जो खिलाने से शरीर में फूट आयी हो। इससे मेरे चिकित्सक बान्धवो! कोई भी रोगी अथवा कोई भी डाक्टर आपकी दवा फूट आयी ऐसा कह कर आपको उपालम्भ दें तो वे झूठे हैं, ऐसा हिम्मत से बोलने में चूकना नहीं! कोई भी रसायन-क्रिया पीछे चाहे वह कच्ची हो या पक्की हो तो भी उसमें शरीर में फूट निकलने का गुण है ही नहीं। फूटने वाले जो-जो औषध हैं वे जिस-जिस रीति से अंग्रेजी वैद्यक-शास्त्र की पद्धति से देने से फूट आते हैं, इसी रीति से ही आयुर्वेद की पद्धति से देने से भी फूट आते हैं, परन्तु इन फूटने वाले औषधों में से एक भी औषध रसायन नहीं है। मैंने बहुत लोगों को कहते सुना है कि, "हम देशी दवा खाते डरते हैं, शायद उसमें रसायन हो और वह फूट निकले" सो यह एक अज्ञानता की पराकाष्ठा है और रोगियों के मन में ऐसे विचार भर देना वह ऐसे समझाने वालों की इस विषय में परिपूर्ण अज्ञानता है। पारद के संयोग से होने वाले असंख्य औषध आयुर्वेद में अत्यन्त क्षेम कार्य करते हैं। मकरध्वज, पूर्ण

चन्द्रोदय रस, रस सिन्दूर, सुवर्ण पर्पटी, पंचामृत पर्पटी, रस पर्पटी इत्यादि औषध शास्त्रीय होकर जिस रोग पर देने में आते हैं, उस पर वे अपना कार्य पूरी तौर से पूरा करके शरीर स्वास्थ्य के रक्षण करने में अत्यन्त उपकारक होते हैं। इन औषधियों ने जैसा उत्तम परिणाम दिखलाया है वैसा सृष्टि के ऊपर अस्तित्व रहने वाली दूसरी किसी भी चिकित्सा-पद्धति की औषधियों के उपयोग से देखने में नहीं आया है। आयुर्वेद के इस विषय का अभ्यास यह आयुर्वेद के एक किसी भी खास अंग के बराबर है, और यह हरएक विद्यार्थी को परिपूर्ण रीति से समझने की आवश्यकता है। यह विषय शार्ङ्गधर, रस-रत्नसमुच्चय, रस-रत्नाकर इत्यादि ग्रन्थों में बहुत उत्तम रीति से विस्तार से लिखा गया है। पाश्चिमात्य डाक्टर जब पारद को कितनेक वर्षों से पहले एक प्रकार का विष समझते थे, तब आयुर्वेदीय चिकित्सकों के पारद और गंधक के मिलाने की रीति और उसके आधार पर तैयार करके आये हुए औषध सर्वोत्तम गुण बतलाने वाले साबित हो चुके हैं।

धातु और उपधातु इत्यादि।

Metalic and other preparations of Ayurved,

धातु तथा उपधातु और रत्न तथा उपरत्न के संबंध में बोलने की आवश्यकता है कि, सुवर्ण जिसको थोड़े वर्ष से पहिले ही अंग्रेजी शोध की प्रणाली से आमाशय के रसों में पाचन न हो सके ऐसी एक धातु निर्णीत करके औषध में निरुपयोगी गिनने में आया था, वह प्राचीन आयुर्वेद में सुवर्णभस्म, राजमृगांक, सुवर्ण पर्पटी, सुवर्णवसन्त इत्यादि नाम से चमत्कारी फायदा करने वाली औषध गिना गया है। आप लोग सुनके आश्चर्यचकित होंगे कि मेरे डाक्टर मित्र भी अब सुवर्ण को Arsenic Aura, Gold chioride, Aura et Sodium chloride ऐसे रूप में शक्तिदायक और रक्तशोधक पद्धति में उपयोग करने लगे हैं। क्षय रोग में वैद्य लोग अभ्रक भस्म देते हैं, उसका जो पृथक्करण देखने में आवे तो उसमें Calcium, Silicon, Manganese, Iron देखने में आता है कि जिन धातुओं को पाश्चिमात्य चिकित्सक ऐसे ही रोगों में रोगियों को देते हैं। वे दिखाते हैं कि आयुर्वेद में औषध-शास्त्र और रस-शास्त्र खोज, उपयोग और उनसे होने वाले उत्तम परिणामों के विषय में पृथ्वी तल पर दूसरे किसी भी शास्त्र से अधिक प्रमाण में हैं।

वैद्यकीय वनस्पति-शास्त्र।

Ayurvedic Botany.

इसके सिवा शिक्षण के इसी विभाग में वैद्यकीय वनस्पति-शास्त्र का भी समावेश होता है, इस विषय का ज्ञान वैद्यक के हर एक विद्यार्थियों को देना अति आवश्यक है, ऐसा बिना बोले नहीं रहा जा सकता। जिस बनस्पति के आधार से आयुर्वेद में कही हुई भिन्न-भिन्न औषधियाँ बन सकती हैं और जिस बनस्पति के पुट से आयुर्वेद में बताये हुए भिन्न-भिन्न भस्म तैयार करने में आते हैं, उस वनस्पति की पहचान एक वैद्य को न हो तो उसके वैद्यक का शिक्षण और अभ्यास दोनों ही व्यर्थ हैं। गृहस्थो! मेरे विद्वान् डाक्टर मित्रों तथा आयुर्वेद-चिकित्सकों! मैं नहीं समझ सकता कि इस उपयोगी विषय का अभ्यास पाश्चिमात्य वैद्यक-शास्त्र के अभ्यास-क्रम से क्यों निकाला गया है? वैद्य लोग जङ्गलों में फिर कर, हर एक वनस्पति के ज्ञानी होकर उनके गुण-दोष आयुर्वेद की पद्धति के अनुसार निर्णीत

करके उनका औषधों में उपयोग करते हैं, तो भी वैद्यक के इस उपयुक्त अंग के विषय में कुछ भी शिक्षण अथवा समझ वैद्यक के अंग्रेजी अभ्यास क्रम में देखने में आती नहीं है। गृहस्थो! दुख के साथ मुझे बोलने की फर्ज पड़ती है कि, यह बात मुझे दूसरे एक गंभीर और अत्यन्त भयंकर विषय पर खींच लेती है और वह यह है कि, जब आयुर्वेदीय-चिकित्सक अपनी दवा किस वनस्पति में से किस रीति से बनाने में आई है इसका ज्ञान होने पर पीछे उनका उपयोग करते हैं, तब पाश्चिमात्य डाक्टर लोग उनके औषधों में आये हुए द्रव्यों को न जानने पर भी उनका उपयोग कर देते हैं, इसलिये वैद्यों के ऊपर बिना समझे बिना पहचाने औषध देन का जो दोष देने में आता है वह बिल्कुल निर्मूल है।

विद्वान् चिकित्सक लोगो! ये औषधि गुण-दोष, औषधि-क्रिया, रस-शास्त्र और वनस्पति-शास्त्र के अति उपयुक्त विषय जो कि, शार्ङ्गधर, भावप्रकाश, वनस्पति-निघंटु, रस-रत्न-समुच्चय और रस-रत्नाकर इत्यादि ग्रन्थों में विस्तार से लिखे रखे हैं उसका परिपूर्ण अभ्यास करने की आवश्यकता है, इस विषय में पूरा ज्ञान धराने वालों को 'रस-वैद्य' कहना चाहिये।

स्वस्थवृत्त।

Hygiene and Preventive Medicine.

शिक्षण के विषय में इतने तक पहुँचने पर दूसरे अधिक महत्व के विषयों का वैद्यक के विद्यार्थियों को अभ्यास करना है। स्वास्थ्यवृत्त, जिसमें शरीर के स्वास्थ्य का रक्षण करने के लिये किसी भी वैद्यकशास्त्र में आज पर्यंत लिखे हुए नियमों की अपेक्षा वाग्भट, चरक, सुश्रुत इत्यादि ग्रन्थों में विस्तार से लिखे हुए नियम अधिक श्रेष्ठ हैं और वे शरीर स्वास्थ्य के रक्षण करने के साथ रोग न हो, उसके लिये भी उत्कृष्ट नियम देते हैं जैसे कि, दिनचर्या, रात्रिचर्या और शरीर-स्वास्थ्य का रक्षण करने के लिये एक मनुष्य को कैसा बर्ताव करना चाहिये, किस प्रकार के अनाज, फल, शाक वगैरह का कैसा उपयोग करना चाहिये? भिन्न-भिन्न प्रकार के अन्न, फल, शाक इत्यादि में कौन-कौन गुण-दोष रहे हैं? भिन्न ऋतुओं में जो भिन्न-भिन्न रोग होने का संभव है वे किस रीति से न हों, इसके वास्ते कौन-कौन उपाय करना चाहिये? व्यायाम, स्नानविधि, दंतधावनविधि, गरम पानी के गुण, ठंडे पानी के गुण, धुँआ, नदी, समुद्र, इत्यादि के पानी का गुण, दूध की स्वच्छता, उपवास की आवश्यकता, वमन और विरेचन की आवश्यकता, छाछ, मक्खन, तैल, मधु और शकर इत्यादि की उपयोगिता, पोशाक, रोग होने के कारण, रक्त-शुद्धि करने का मार्ग, इत्यादि बहुत विषयों का वर्णन करने में आया है, जो विस्तार से लिखे जाँय तो इनकी एक बड़ी पुस्तक हो जाय। यह विषय अंग्रेजी में हाइजिन के नाम से कहा जाता है परन्तु इसमें हाइजिन से अधिक, रोग न होने के नियम हैं अर्थात् प्रिवेन्टिव मेडिसिन भी है उसको हर एक वैद्यक-विद्यार्थी को सीखने की आवश्यकता है।

विषप्रकरण और न्याय वैद्यक।

Poisons and Medical Jurisprudence.

उससे आगे बढ़ कर विष-प्रकरण और न्यायवैद्यक जिसके ज्ञान के लिए वैद्यक का उद्योग करने वालों को बहुत परिश्रम करना पड़ता है, किन्तु इस ज्ञान के प्राप्त करने की आवश्यकता है। इसमें समय-समय पर ज्ञान वा अज्ञान से व्यवहार में लेने वाले भिन्न-भिन्न विषों में क्या

क्या लक्षण होते हैं, यह विषय आता है। इसका वर्णन आयुर्वेद में बहुत अच्छी तरह से दिया गया है। सुश्रुत के कल्प स्थान में यह बात विस्तारपूर्वक कही गयी है। बहुत वक्त वैद्यों के हाथ में ऐसे रोगी आते हैं और जो कोई भी विष एक मनुष्य को दूसरे किसी के हाथ से दिया गया हो तो उसके लक्षणों पर से यह किस प्रकार का विष है इसका निर्णय करने का और उस पर नियुक्त किये गये जिम्मेदार अधिकारी के सामने वह मामला पेश करने का जिम्मा उस चिकित्सक पर रहता है, इसमें न्याय का प्रश्न खड़ा होने से वैद्यक संबंधी न्यायशास्त्र के इस विषय से और उसके बाद साक्षी देने के कार्य का हर एक वैद्य को ज्ञान होने की आवश्यकता है। सुश्रुत जी विषों के चिह्न इत्यादि का सूक्ष्म वर्णन करने बाद इस निषय के अन्दर अधिक अभ्यन्तर प्रवेश करके जैसे साम्प्रतकाल में समाप्त हुई बड़ी लड़ाई में जर्मनों ने जहरीली हवा का प्रयोग किया था ऐसे ही प्राचीन काल में लड़ाई के समय शत्रु लोग तालाब नदियों के पानी, वनस्पति, अन्न, धूम और हवा को भिन्न-भिन्न विषों से जहरीला बना देते थे, उन विषों को पहचान कर सैनिकों को उनमें से बचाने को बड़े कार्य करने की उस विषय में सूचना देते हैं। सामान्य रीति से पीने के पदार्थ, शाक, दन्त-धावन, अभ्यंग, लेप, नस्य, जूते इत्यादि में जहर डाल कर मनुष्यों के प्राण लेने के दृष्टान्त पुनः पुनः देखनें में आते हैं, उससे भी मनुष्यों को बचाने का कार्य भी वैद्यक को करना पड़ता है। विष-प्रकरण और न्याय-वैद्यक का इस रीति से बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध है इससे उसका अभ्यास वैद्य को आवश्यक है।

त्रिदोष और रुग्णेन्द्रिय-विज्ञान।

Tridosha and Pathology.

उसके पीछे का अतिशय उपयोगी विषय त्रिदोष, रुग्णेन्द्रिय-विज्ञान और कृमितंत्र यह है। त्रिधातु और त्रिदोष विषय में मेरे व्याख्यान के प्रारम्भ में मैं बहुत बोल चुका हूँ। त्रिधातु याने वात, पित्त और कफ ये दूषित हो तब इनको त्रिदोष कहते हैं और इनसे शरीर में भिन्न-भिन्न रोगों के चिह्न और लक्षणों का प्रारंभ होता है। त्रिदोष के वात, पित्त और कफ इन तीन दोषों में से कोई भी एक दोष अच्छी तबियत के समय में भी मनुष्य के कोई भी अवयव को थोड़े वक्त के लिये विकृत बना कर स्वयं प्रधान हो जाता है। ऐसे ही ऋतु परत्वे ये दोष अपने अनुकूल प्रकृति वाले मनुष्य के शरीर में उत्पन्न होकर अपने अनुकूल रोगों को उत्पन्न करते हैं। त्रिधातु और त्रिदोष के अस्तित्व का एक प्रत्यक्ष दृष्टान्त मैं इस जगह पर आपको सुनाता हूँ, अच्छी तबियत वाले मनुष्य का एक प्रत्यक्ष दृष्टान्त आप लोगों की आज्ञा से ग्रहण करूँ तो अपने महान् 'वाइसराय लार्ड हार्डिञ्ज' जिनको दिल्ली में प्रवेश करते समय बम्ब लगा था, उनको आप सब जानते हैं कि आपने अपना स्वभाव उस वक्त बहुत नियम में रक्खा था, क्योंकि आप कफ प्रकृति प्रधान थे, इससे कफ के जो खास गुण दृढ़ता, शांति, उत्साह, पुरुषार्थ, ज्ञान और बुद्धि ये सब आप में इतने अंश वाले थे कि, आपने अपनी कफ-धातु को उस वक्त दूषित होने न दिया, अन्यथा उनमें दृढ़ता के बदले शिथिलता आ जाती और इस प्रकार के हुक्म करते लेकिन उत्साह से अपने हाथी को आगे चलाने का आपने हुक्म दिया, उसके बदले वे कदाचित् इस जलूस को वहीं खड़ा करके अपने लिये गाड़ी अथवा मोटर लाने का हुक्म देते, यह उन्होंने अपना पुरुषार्थ और अनुभव-सिद्ध पूरा ज्ञान बता के अपने मनको शांत किया, उसके बदले अज्ञान बता के उस समय अयोग्य

दुरुस्त देते, परन्तु ऐसा न करके अपनी बुद्धि के प्रभाव से उन्होंने यह बड़ी क्रिया बिना हरकत से चालू रहने दी। कदाचित् इससे उलटा पित्त धातु दूषित होने का प्रत्यक्ष दृष्टान्त जलियान वाला बाग में देखने में आया था और इस स्थल में बनी हुई बात में दोनों दलों का पित्त दूषित होकर उसके परिणाम में क्रोध के लक्षण देखने में आये थे इससे आप लोग जानते हैं ऐसे खेदकारक वृत्तान्त बनने पाये।

जब तन्दुरुस्त मनुष्यों की बाबत में इस प्रकार के आकस्मिक वृत्तान्त के समय भी उसके शरीर में रहा हुआ धातु, वात, पित्त और कफ का प्रकोप हो के दूषित होता है, तो शरीर के भीतर रहे हुए अवयवों में ऋतुपरत्वे कुछ विकृति होने से धातु बिगड़े यह असंभावित नहीं है। मनुष्य के शरीर के साथ वात, पित्त और कफ इस तीन प्रकार की शक्ति धातु-रूप से निरोगी स्थिति में और दोष-रूप से रोगी स्थिति में निरन्तर रही हुई है। इससे कोई रोगी के रोग का निदान करते समय जिस अवयव में रोग हुआ हो उसका निदान करने की आवश्यकता है इतना ही नहीं, किन्तु उसके शरीर में रहे हुए वात, पित्त और कफ का जो-जो धातु दूषित हुआ हो उसका भी निदान करने की आवश्यकता है। रोगी मनुष्य के निदान के समय में ये दोनों निदान ही संपूर्ण निदान कहा जाता है इसलिये त्रिदोष और रुग्णेन्द्रिय-विज्ञान ये दोनों वैद्यों को संपूर्ण निदान करने के लिये अति उपयोगी और अभ्यास करने योग्य एक उत्तम विषय है।

कृमितंत्र।

Bacteriology.

अन्त में हम कृमितंत्र विभाग पर आते हैं। कृमितंत्र विभाग को अंग्रेजी में Bacteriology कहते हैं। बहुत लोगों का अभी तक यह मत है, कि आयुर्वेद शास्त्र में इस विभाग का अस्तित्व नहीं है। बम्बई मेडिकल काउन्सिल से "आयुर्वेद अशास्त्रीय है ऐसी पुरानी समझ से मुझ पर नोटिस आयी, कि एक रजिस्टर्ड डाक्टर की हैसियत से मैं अपना सम्बन्ध आयुर्वेद से तोड़ दूँ।" इस विषय में तीन वर्ष तक पत्र द्वारा प्रश्नोत्तर होने के पश्चात् काउन्सिल की ओर से मेरी जाँच की गयी। उस समय कौंसिल के सदस्य एक डाक्टर साहब ने इस सम्बन्ध में मुझसे पूछा था। गृहस्थो! अभी तक बहुत लोग मानते हैं कि यह विषय आयुर्वेद में नहीं है, परन्तु यह जानकर आपको आश्चर्य होगा कि अंग्रेजी बेक्टिरोलाजी का पहला वाक्य यह है—

The Bacteria are found invariably in the blood tissues or excretions of persons suffering from various diseases. They are Rod shaped (Bacilli) Globular (Micrococci) Twisted (Spirilla) ठीक अक्षरशः ऐसा ही वाक्य चरक के विमान स्थान में ऐसे ही विषय के आरम्भ में देखने में आया है; उसमें कहा है, 'कि न दृश्याः कृमयः' ऐसे जन्तु जो दृष्टिगोचर नहीं हो सकते वे अनेक रोग उत्पन्न करने के कारण स्वरूप होते हैं। ये जन्तु शोणितज अर्थात् रक्त में, श्लेष्मज अर्थात् कफ में और पुरीषज अर्थात् मल में दृष्टिगोचर होते हैं, वे लोमादि अर्थात् बाल के सदृश छोटे Rod shaped (Bacilli) केशादि अर्थात् बाल के सदृश लम्बे, टेढ़ा हो जाय (Spirilla) और 'लोमद्वीपाः' बाल टेढ़े होकर गुच्छे हो जायँ उनके सदृश (Micrococci) होते हैं। यह हूबहू अथवा एक दूसरे का अनुवाद हो ऐसा कृमितंत्र चरकशास्त्र में वर्णित है। मेरे विद्वान् डाक्टर मित्र तो ऐसा नहीं

कह सकते, कि वर्तमान वेक्सिरोलाजी में से चरक में यह वाक्य लिया होगा। यदि वे ऐसा नहीं कहते तो इसका उलटा सच्चा होना चाहिये। चरक में सूत्र-रूप से पढ़कर उसके प्रमाण के लिये भिन्न-भिन्न प्रयोग कर पाश्चात्य डाक्टरों ने इसे एक नये शास्त्र के रूप में जनता के सामने पेश करने का श्रेय प्राप्त किया है। मैं यह पहले बता चुका हूँ कि चरक सुश्रुत के अनुवाद अरबी, यूनानी और लेटिन भाषाओं में हुए हैं और इसी लेटिन भाषा में से अंग्रेजी वैद्यक का बीज बोया गया है।

स्वस्थवृत्त, न्यायवैद्यक और विषप्रकरण तथा कृमितंत्र, त्रिदोष और रुग्णेन्द्रिय-विज्ञान आदि वैद्यकशास्त्र के विभागों के पूर्ण जानकार को भिषक् कहते हैं।

अब हम वैद्यक विषयों के उन कार्यों पर, जिन्हें सर्वसाधारण करते हुए देख सकते हैं और जिन कार्यों के करने के लिये सब विषयों को पूर्ण रूप से जाने बिना योग्य नहीं हो सकते, उन तीन विषयों पर आता हूँ। वे तीन विषय ये हैं—निदान-चिकित्सा, शल्य-शालाक्य शास्त्र अथवा शस्त्रवैद्यक और नेत्र-रोग, सूतिका शास्त्र तथा स्त्री और बाल रोग हैं। पहले कहे हुए विषयों को तैयार करने के बाद वैद्यक का काम करने को तैयार होना चाहिये। वही इन तीन विषयों के सम्बन्ध का है।

निदान, चिकित्सा।

Theory and practice of Medicine.

निदान, चिकित्सा का महान् विषय प्रत्येक वैद्यक प्रवृत्ति वालों को जानने तथा अध्ययन करने योग्य है। इसमें रोग का अर्थात् जो अवयव विकृत हुआ हो उसका निदान करना और उसके साथ रोगी के शरीर में जो वात, पित्त, कफ दोष हैं, उनमें जो धातु दूषित हुआ हो उसका भी निदान करना आवश्यक है। आयुर्वेद में किसी रोग की चिकित्सा करने के पहले उसके सम्बन्ध के दोनों तरह के निदान करना आवश्यक है। इसीसे मैं इस निदान को सम्पूर्ण निदान कहता हूँ। अंग्रेजी पद्धति के अनुसार विकृत हुए ही अवयव का केवल निदान करना मेरी समझ में अधूरा निदान करना है। इस अपूर्ण निदान के कारण ही हम अनेक तीव्र रोगियों को जीर्ण रोग में जाते हुए देखते हैं। आयुर्वेदिक पद्धति के अनुसार अवयव की विकृति और शरीर का कौन धातु दूषित हुआ है इन दोनों का निदान होने से रोग के अच्छा होने में देर नहीं लगती और अवयव सुधरने तथा त्रिधातु समान होने से रोगी पुनः पूर्ण स्वस्थ हो जाता है। इस विषय में मैं आपको एक ऐसे रोग का उदाहरण देता हूँ जो निरन्तर आपकी दृष्टि में आता रहता है। अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति के अनुसार मलेरिया बुखार के लिये क्विनाइन एक अनुभूत उपाय है। अब एक स्थान में एक ही स्थिति में चार मलेरिया के रोगियों को रखिये और उन्हें एक ही तरह की खुराक और एक ही प्रमाण में क्विनाइन दीजिये। परिणाम में बहुत बार आप देखेंगे कि केवल मलेरिया के ही रोगियों को एक सी मात्रा में एक सी दवाई देते हुए भी एक अथवा दो रोगी को लाभ नहीं होता और दिन-दिन उसकी स्थिति खराब होती जाती है। प्रत्येक डाक्टर को ऐसे केस देखने पड़े हैं, इसमें कुछ भी संदेह नहीं है। मैं अपने डाक्टर मित्रों से पूछता हूँ कि ऐसा होने का कारण क्या है? मुझे कहना चाहिये कि अंग्रेजी वैद्यक शास्त्र में इसका कोई जवाब नहीं है। ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हो जाती है, इसका उत्तर आयुर्वेद दे सकता है, वात, पित्त और कफ की प्रणाली से प्रत्येक औषध का

विभाग करने से प्रत्येक वैद्य यह कह सकता है कि क्रीनाइन पित्तप्रकोप करने वाली दवा है। इस प्रणाली के अनुसार जिन चार रोगियों में से अच्छे नहीं हुए उनकी पित्त प्रकृति होनी चाहिये। पित्त प्रकृति वाले को कोई पित्तप्रकोप करने वाली दवा चाहे कितने भी लाभ की दृष्टि से दी जाय वह उसके पित्त को बढ़ा कर दूषित करेगी। इसलिये रोग में गुण करना तो दूर रहा उल्टे रोगी को वमन-तृषा आदि उपद्रव खड़े हो जाते हैं और ज्वर भी घटने के स्थान पर बढ़ता ही जायगा। डाक्टर वाशिङ्गटन, यार्क रॉयल सोसायटी आफ ट्रापिकल मेडीसिन और हाइजिन की गत वार्षिक सभा में कितने ही मलेरिया के रोगियों के सम्बन्ध में कहते हैं:—
The amount of daily doses of Quinine, the length of time it is continued, and the manner of its administration do not exert any influence.
बहुत समय तक भिन्न-भिन्न रीति से पृथक् पृथक् प्रमाण में क्रीनाइन देने पर भी मलेरिया पर कोई असर नहीं होता। इस प्रकार के रोगियों का मलेरिया मिटाने की आशा से अधिकाधिक मात्रा में क्रीनीन देने से तो परिणाम में उन रोगियों को सहज ही लाभ नहीं जान पड़ेगा, बल्कि रोग के साथ उनका पित्तदोष बढ़ने से उनकी मृत्यु हो जायगी। इतने अधिक समय तक डाक्टर का इलाज करने के बाद अन्त में रोगी की जब अत्यन्त खराब दशा हो जाती है उस अवस्था में यदि कोई सुशिक्षित वैद्य पहुँच जाय तो वह केवल उसका पित्तदोष शमन करने के लिये क्रीनाइन के साथ अथवा बिना क्रीनाइन के नीम, गिलोय, खदसलिया अथवा प्रवाल देता है। परिणाम में बहुत दिनों का बुखार वैद्य की एक ही पुड़िया से मिट जाता है। मेरे विद्वान् डाक्टर मित्रो तथा वैद्यो! मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि शास्त्रीय रीति से होते हुए ऐसे चमत्कारिक गुणों को बम्बई की लेजिस्लेटिव काउन्सिल में डाक्टर सर नरिमान ने इसे एक अकस्मात् संयोग बता कर आयुर्वेद का महत्त्व कम करने का यत्न किया था। ऊपर बताये हुए बुखार उतारने के शास्त्रीय कारण कोई अकस्मात् संयोग नहीं है, बल्कि निदान तथा चिकित्सा की एक शास्त्रीय पद्धति का एक शास्त्रीय परिणाम है। इस उदाहरण से यह बात अच्छी तरह समझ में आजायगी कि आयुर्वेदिक पद्धति से किया हुआ निदान शास्त्रीय और सम्पूर्ण निदान है और उसके आधार से रोगी की चिकित्सा करने से केवल रोग का ही नाश नहीं होता, बल्कि रोग उत्पन्न करने वाले तथा रोग से उत्पन्न होने वाले दोष भी नष्ट हो जाते हैं। परन्तु वात, पित्त और कफ की प्रणाली को अलग रख जो निदान किया जाता है वह अपूर्ण होता है और उसके आधार पर की हुई चिकित्सा अधूरी रह कर रोगी को पूर्ण आरोग्य प्रदान नहीं करती। इस प्रकार के प्रमाण मिल सकते हैं। कुछ समय हुआ एक राज्य परिवार की एक छोटी कुमारी कफ-ज्वर से पीड़ित थी। उसके साथ उसे वात-प्रकोप भी हुआ। इंगलिश पद्धति के अनुसार कहा जाय तो फेफड़ों में भयंकर सूजन हो गयी थी और इसके साथ पेट फूलना और हिचकी भी आने लगी थी। स्थिति इतनी भयंकर हो गयी थी कि उसके जीवन की आशा छोड़ दी गयी थी। जिस समय अन्त के सब कामों की तैयारी हो रही थी उस समय मुझे वहाँ जाने का अवसर मिला। नाड़ी और श्वास की ओर नजर रखने से रोग की भयंकर स्थिति देखकर भी मुझे उसमें कुछ आशा दिखायी पड़ी। मैंने कफ और वात का प्रकोप पूर्ण रूप से देखा परन्तु पित्त का प्रकोप बिल्कुल नहीं देखा। इस एक लक्षण से मुझे उपचार करने की हिम्मत हुई और सब लोगों के आनाकानी करने पर भी मैंने उपचार करने के लिये उसे माँग लिया।

मुझसे कहा गया, कि अब इसकी चिकित्सा का अर्थ अन्तिम धार्मिक क्रियाओं में बाधा डालने जैसा साहस है। परन्तु रोगी में जो एक दोष की कमी दिखाई दी थी, उसे देख कर यदि मैं कुछ नहीं करता तो मेरे मन में सन्ताप बना रहता, कि मैंने अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया। केवल इसलिये मैंने उसके उपचार करने का आग्रह किया। वैसा करने से धीरे-धीरे रोगी को लाभ होने लगा और जो डाक्टर एक के बाद एक देखने को आये सबको अंग्रेजी पद्धति के अनुसार रोगी का भविष्य निराशाजनक मालूम पड़ा, परन्तु आयुर्वेदिक पद्धति के अनुसार जब तक तीनों दोष पूर्ण रूप से नहीं हो जाते तब तक रोगी को नहीं मरना चाहिये इस विश्वास पर मैंने उपचार जारी रखा और आज ईश्वर की कृपा से वह पूर्ण स्वस्थ है। गृहस्थो और प्रिय चिकित्सक बन्धुओं! मुझे यह उदाहरण यहाँ नहीं देना चाहिये था। ऐसा करना वैद्यक-विवेक के विरुद्ध है। फिर भी वात, पित्त और कफ की त्रिधातु और त्रिदोष की प्रणाली के अनुसार काम करने से, जो औषधि का प्रयोग करे तो भी आयुर्वेद चिकित्सकों को कितना यश मिल सकता है इसका मैंने एक प्रत्यक्ष उदाहरण देने का साहस किया है उसके लिये मैं क्षमा माँगता हूँ। इस प्रमाण से आयुर्वेद में चरक, सुश्रुत, वाग्भट, माधवनिदान आदि निदानचिकित्सकों ने निदान व चिकित्सा का विषय अत्यन्त सूक्ष्म रीति से और अत्यन्त विद्वत्ता पूर्वक वर्णन किया है और अंग्रेजी पद्धति के अनुसार जैसी चिकित्सा होती है उसकी अपेक्षा यह चिकित्सा कितनी पूर्ण है यह बात उपरोक्त उदाहरण से स्पष्ट है। इसके लिये वैद्यक विद्यार्थियों को उसका पूर्ण रूप से अध्ययन करने की अत्यन्त आवश्यकता है।

शल्य-शालाक्य-शास्त्र।

Surgery and Eye diseases.

इसी विभाग में शल्य-शालाक्य शास्त्र यह दूसरा महत्व का विषय है। इस विषय में पाश्चात्य चिकित्सकों ने जो वृद्धि की है वह अवश्य ही प्रशंसा करने योग्य है। योग्य स्थान पर चिकित्सा की योग्य पद्धति का सन्मान करना एक शास्त्रीय चिकित्सक की हैसियत से अपना धर्म है। मुझे कहना चाहिये कि शस्त्रवैद्य लोग अपनी जल्दबाजी के कारण जहाँ शस्त्र-क्रिया की जरूरत नहीं है वहाँ वह करके गलत निदान न करें तो उन्हें और भी अधिक यश प्राप्त हो सकता है। सुश्रुताचार्य ने इस विषय को बड़ी पद्धति के अनुसार लिखा है। भिन्न-भिन्न शस्त्रों का वर्णन कर तथा पृथक्-पृथक् शस्त्रों का किस प्रकार उपयोग करना चाहिये यह बताकर, यह भी वर्णन किया है कि अमुक रोग पर अमुक प्रकार के शस्त्र का प्रयोग करो। पथरी रोग के लिये जिस शस्त्र-क्रिया का वर्णन किया है वह वर्तमान विद्वान् डाक्टरों की इस सम्बन्ध की शस्त्र-क्रिया में छेद कहाँ करना चाहिये, छेद कितना लम्बा होना चाहिये, क्रिया करने के पहले क्या-क्या तैयारी करनी चाहिये व क्रिया समाप्त कर चुकने पर क्या तजबीज करनी चाहिये इत्यादि का सविस्तर वर्णन सुश्रुत में किया गया है। सुश्रुत में और भी ऐसी अनेक शस्त्र-क्रियाओं का वर्णन किया है जिन्हें कुछ वर्ष पूर्व अंग्रेज चिकित्सकों ने हमारे पास से ग्रहण कर उसका Indian operation (इण्डियन आपरेशन) नाम रक्खा है। इस क्रिया में शरीर के एक भाग से त्वचा निकाल कर उसका एक हिस्सा उस अङ्ग में ही जुड़ा हुआ छोड़ देते हैं, अर्थात् त्वचा को जीवित रखकर नाक, कान अथवा दूसरे अवयव उसमें हूबहू पूर्व आकृति के अनुसार जोड़ देते हैं। इस शस्त्रक्रिया का रहस्य इतने ही में नहीं है। रक्ताभिसरण

(रक्तसंवाहन) के विषय को प्राचीन आर्य्य जानते थे। सूक्ष्म तथा अत्यन्त तीव्र शस्त्रों की आवश्यकता वे समझते थे। युद्ध समय के घाव व कटे हुए हाथ-पैरों को शस्त्रक्रिया से पुनः अच्छी स्थिति में लाना उन्हें मालूम था। ये सब क्रियायें करने के बाद रोगी को धनुर्वात आदि दूसरे उपद्रव न हों इसके लिये क्या-क्या तजवीज करनी चाहिये, यह सब वे अच्छी तरह जानते थे। यह बात उपरोक्त वर्णन से सिद्ध होती है। खेद है कि कुछ वैद्य यह मानते हैं, कि शस्त्रोपचार योग्य प्रत्येक रोग औषधोपचार से मिट सकते हैं। इस विश्वास के कारण तथा बुद्ध के समय के प्रचारित धार्मिक विश्वासों के कारण, नेत्ररोग तथा अन्य रोग की शस्त्रोपचार की चिकित्सा आयुर्वेदीय चिकित्सा में कम हो गयी, जिससे चिकित्सा के इस अंग को विकसित करने के हेतु और साधनों में न्यूनता हो गयी। अंग्रेजी शास्त्र में इस विषय के अनुभव तथा प्रत्यक्ष क्रिया करने से अत्यन्त विकास हुआ है। आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी योग्य शिक्षण और प्रत्यक्ष अनुभव कर चिकित्सा के इस अङ्ग को आगे बढ़ाने की आवश्यकता मैं मानता हूँ।

सूतिकाशास्त्र—स्त्रीरोग और बालरोग।

Midwifery, Diseases of Women and Children.

इसी तरह सूतिकाशास्त्र जिसमें शस्त्रों, यंत्रों इत्यादि की आवश्यकता पड़ती है, उसके पृथक्-पृथक् प्रयोग चरक, सुश्रुत में भिन्न-भिन्न स्थानों में आये हैं। उसमें लिखा है, कि प्रसव किस तरह कराना, टेढ़ा हुआ गर्भ किस तरह निकालना। संयुक्त गर्भ हो तो क्या करना, जरा किस प्रकार डालनी, राक्षसी गर्भ हो तो उसका किस प्रकार सिर छेदना, एक-एक करके कौन-कौन अवयव, हाथ-पैर इत्यादि काट कर बाहर निकालना आदि यह सब वर्णन गर्भिणी व्याकरण शारीराध्याय में चरक तथा दूसरे ग्रंथों के आधार पर बहुत अच्छी तरह किया गया है। गर्भ सम्बन्धी शस्त्र-क्रिया कैसी गंभीर है, उस समय वह कैसी हिम्मत से की जाती थी इसका वर्णन उस अध्याय में बहुत अच्छी रीति से किया गया है। ये क्रियाएँ आयुर्वेदिक चिकित्सा से धर्म के निमित्त अथवा औषधोपचार से सब हो सकता है इस विश्वास के कारण नष्ट हो गयीं। उन्हें पुनर्जीवित करने की अत्यन्त आवश्यकता है, क्योंकि निदान, चिकित्सा के इस अङ्ग का भी पूर्ण ज्ञान हुए बिना कोई पूर्ण वैद्य नहीं हो सकता। इसके साथही साथ स्त्री-रोग चिकित्सा तथा बाल-रोग चिकित्सा का भी अभ्यास करना आवश्यक है। प्रत्येक वैद्य जानता है कि चरक-वाग्भट में इन विषयों का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। विशेष कर कितनेक वैद्य तो इस विषय का खास अनुभव कर केवल इसी विषय की चिकित्सा ऐसी उत्तम रीति से करते हैं कि जिससे विद्वान् डाक्टर भी चकित हो जाते हैं। गृहस्थो, यह निदान, चिकित्सा, शल्य-शालक्य-शास्त्र, सूतिका-शास्त्र स्त्री-रोग और बाल-रोग का परिपूर्ण अभ्यास कर जो विद्वान् वैद्य योग्य चिकित्सा करने के योग्य हों उसे भिषग्वर अर्थात् एक विद्वान् चिकित्सक कह सकते हैं।

अभ्यास, परीक्षा और योग्यता।

Study, Examinations and Qualifications.

प्रिय चिकित्सक बन्धुओं! आयुर्वेद के शिक्षण और अभ्यास क्रम पर इतना कहने के बाद मैं आप से विनती करता हूँ कि शास्त्रीय विषयों और शास्त्रों में कोई भी व्यक्ति अथवा

कोई शास्त्र में परिपूर्ण होगा ऐसा विचार कभी नहीं रखना चाहिये। जिस प्रकार जगत् आगे बढ़ता जाता है उसी भाँति मनुष्य की बुद्धि की तीव्रता और दृढ़ता अधिक होना संभव है। ऐसा होने के कारण मनुष्य के जीवन-संरक्षण के नियमों में भी समय के अनुसार फेर-फार सुधार और वृद्धि होना संभव है। अपने महान् ऋषि, मुनि हमें जो सिखा गये हैं उसको मध्य कार्य-विन्दु मान कर चिकित्सा के प्रत्येक अंग का हम लोग किस प्रकार विकास कर सकते हैं, इसपर विशेष ध्यान देना चाहिये। उपरोक्त सब विषयों के साथ अपने हाथ से अथवा अन्य से दिनो-दिन जो विकास होता है, उसमें कितना ग्राह्य है और कितना अग्राह्य उसका विचार कर अपने शास्त्र में उसके अनुसार सुधार और वृद्धि करना यह एक शास्त्रीय बुद्धिमत्ता है।

सुशील बहनो, माननीय गृहस्थो तथा विद्वान् चिकित्सक-बन्धुओं! आयुर्वेद कितना अगाध है, उसमें कैसे विषय कितने गहरे गोता लगा कर लिखे गये हैं, एक भावी चिकित्सक को उन विषयों के परिपूर्ण अभ्यास करने का कितनी आवश्यकता है, वह अभ्यास किस प्रकार किया जाय और अभ्यास-क्रम में कैसे अनुक्रम से किस-किस विषय का अभ्यास करना चाहिये, वह अभ्यास पूरा करने के बाद परीक्षा कर किस-किस योग्यता की पदवी मिलनी चाहिये, उस विषय का परिपूर्ण विवेचन मैंने आपके समक्ष किया है। मैं अपने विद्वान् चिकित्सक बन्धुओं से फिर प्रार्थना करता हूँ कि भावी चिकित्सक वर्ग को ऐसी पूर्णता प्राप्त हो सके इसके लिये सब साधन तैयार करना चाहिये। इस दृष्टि-विन्दु को ध्यान में रख कर 'प्रभुराम आयुर्वेदिक कालेज' का अभ्यास-क्रम और उस विषय की दी जाने वाली योग्यता उपाधि निश्चित हुई है। वह योग्यता वर्षों से हमारे बीच काम करने वाले विद्वान् आयुर्वेदिक चिकित्सकों में परिपूर्ण रूप से स्थित है जो विदेशी चिकित्सक तथा जन-समूह के समूह को देखने में आती है उसका श्रेय हमारे प्राचीन आयुर्वेद को ही है।

आयुर्वेदिक चिकित्सकों का स्थान, जनता से विनय।

Position of Qualified Ayurvedic practitioners. A word to the Public.

अब मैं जन-समुदाय, सुशील बहनों और माननीय गृहस्थों से पूछता हूँ कि ऐसे गहन आयुर्वेद का उत्तम पद्धति के अनुसार अभ्यास करके आने वाले एक आयुर्वेदिक चिकित्सक को भिन्न-भिन्न वैद्यक-पद्धति के चिकित्सक-समूह में कौन-सा स्थान देंगे? यदि आप ऐसे चिकित्सकों का मान कम कर देंगे तो आप आयुर्वेद का नाश करने में केवल साधन भूत होंगे इतना ही नहीं, बल्कि उसके अन्दर वर्णित स्वास्थ्य-रक्षा के प्रत्येक नियमों का भी उसी के साथ नाश हो जायगा। आप देख सकेंगे कि उपरोक्त रीति से सूक्ष्म अभ्यास करके जो चिकित्सक तैयार होंगे उनकी चिकित्सा-पद्धति दूसरी चिकित्सा-पद्धतियों की अपेक्षा उत्तम और लाभकारक है। जिस आयुर्वेद चिकित्सा की प्रणाली ने प्राचीन काल में अत्यन्त लाभ पहुँचाया और जो आज भी पहुँचा रही है उसके प्रत्येक कार्य्य में उत्तेजन देना उसका मान बढ़ाना और शिक्षण और निदान-चिकित्सा सम्बन्ध में उसके लिये तन, मन, धन से उसकी सहायता करना आपका जन्म-सिद्ध कर्तव्य है; क्योंकि आप जानते हैं कि अपने जन्म के समय तथा माता के दूध के पहले आपने इस चिकित्सा का उपभोग किया है।

अपने डाक्टर मित्रों से विनती।

A word to our friends the Doctors.

अब मैं अपने डाक्टरों से सविनय कहूँगा कि आयुर्वेद शास्त्रीय नहीं है यह कह आप जो हमसे दूर रहते हैं, वह मेरी उपरोक्त बतायी हुई घटनाओं से क्या आप शास्त्रीय स्वीकार करेंगे ? संगठन और सहयोग के इस युग में आप हमसे दूर कैसे भागते हैं। आवश्यकता के अनुसार एक दूसरे के सहायक होने में आपको क्या हर्ज है। आघात और प्रत्याघात यह प्राकृतिक नियम है। आप यदि जनसमूह में हमें नीचा दिखाने का यत्न करेंगे तो हम आप के प्रति किस प्रकार सम्मान बनाये रख सकते हैं ? बम्बई मेडिकल काउन्सिल में मेरी तीन घंटे तक जाँच करने के बाद कोई यह सिद्ध न कर सका कि आयुर्वेद अशास्त्रीय है हमारे और आपके अलग-अलग रहने से जितनी आपकी हानि और हमारी हानि है, उसकी अपेक्षा हजार गुनी जनता की हानि है। इस अलगाव के कारण जनता को आपसे हमारे पास हमसे आपके पास दौड़ना पड़ता है। जनता के इस कष्ट की ओर और इस प्रकार उखड़-पट्टी के कारण एक दूसरे के उल्टे उपचार से जो असंख्य मृत्यु होती है उसकी ओर क्या आप दया-की दृष्टि से नहीं देख सकते ? आयुर्वेद के अभाव के कारण वैद्यों को अपने से अलग रख परस्पर की सलाह के अभाव से जो हजारों रोगी मरते हैं क्या उसे आप आँख मीच कर देखते रहेंगे। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपके लिये हम और जनता क्या फैसला करेगी यह स्वयं जनता निर्णय कर लेगी।

महाशयो, विद्वान् चिकित्सको तथा सुशील बहनो, मैंने आपका बहुत समय लिया है। आपके समक्ष जो कुछ कहना था, वह मैंने संक्षेप में कहा है। मुझे जान पड़ता है, कि बहुत सी बातें कहनी रह गयीं। मैंने जो कुछ कहा है उसमें सत्य और न्याय को आगे रखा है, फिर भी यदि किसी को मेरा भाषण सन्तोषजनक मालूम न हुआ हो तो मैं उसके लिये क्षमा याचना करता हूँ और परम कृपालु परमेश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आयुर्वेद को उत्तेजन देकर यह कार्य्य वह परिपूर्ण करे।

वैद्यशास्त्री-प्राणाचार्य

नारायणशंकर देवशंकर महोदयस्य

जीवन वृत्तान्तम् ।

(१) श्री जयपुर राजकीय संस्कृतायुर्वेद महाविद्यालये पू० स्व० राजवैद्य श्री कृष्णराम गुरु सन्निधावभ्यासःकृतः ।

(२) बटपत्तने (बडोदरानगरे) व्याकरणशास्त्रस्य, साहित्यशास्त्रस्य, धर्मशास्त्रस्य, आयुर्वेदशास्त्रस्य च परीक्षादत्ता ।

(३) पश्चात् वाराणस्यां वर्षद्वयं स्थित्वामहाभाष्यस्याध्ययनं गवर्मेन्ट संस्कृत महाविद्यालये कृतम् ।

(४) तदनन्तरं श्रीनगरे (अहमदाबादनगरे) श्री "आयुर्वेद चिकित्सालस्य" स्थापना कृता (सं० १९५१-सने-१८९५) तद्भूतेभूता "आयुर्वेद पाठशाला"ऽपि च संस्थापिता । गतवर्षे "पाठशालायाः" गवर्नमेंट दफ्तरे रजिस्टरं कृत्वा ट्रस्टडीडपत्रं कृतं । पाठशाला कार्यार्थं "व्यवस्थापकाः निर्णिताः । तत्र यथायोग्यं धनमपिदत्तम् । तत्रैव त्रिंशत् विद्यार्थिनः पठन्ति । पाठशालायां जयपुर राजकीय परीक्षायामुत्तीर्णोऽध्यापको नियोजितः । विद्यार्थिनामभ्यासक्रमो विद्यापीठ नियमावल्यनुसारेण प्रचलति । निम्नदर्शिता अन्येचाध्यापकाः अध्यापनं कुर्वन्ति ।

(१) वैद्यरत्न माधवप्रसादः (२) वैद्यशास्त्री शंभुप्रसादः (३) डॉ० बालकृष्णश्च । तत्रमदीयं व्यवस्थापकत्वं । धनोपार्जने समिति स्थापिता । एवं शनैः शनैः कार्यं प्रचलति । विंशति सहस्रपर्यन्तधनसंचयस्सञ्जातः । धनोपार्जने गृहस्थानां समितिस्स्थापिता । श्री धन्वन्तरिकृपया धन बाहुल्येन महाविद्यालस्य स्थापना भविष्यतीति । एवं 'आयुर्वेद प्रचारार्थकार्यं" करोमि ।

(५) अहमदाबादनगरे शेठ अंबालाल दलपतराम धर्मार्थमायुर्वेद औषधालये व्यवस्थापकोहं ।

(६) डी० जी० लोकलबोर्ड संस्थापित चतुर्दश "आयुर्वेदीयौषधालयानि प्रचलन्ति । तेषां समितौ सभापतिरहम् ।

(७) श्रीपाटणआयुर्वेद महाविद्यालयसमितौ सभ्यः परीक्षकश्च ।

एवं बड़ोदरा, श्रावणमासदक्षणापरीक्षायामपि परीक्षकोहम् । मुम्बापुर्य्यां श्रीप्रभुराम आयुर्वेद महाविद्यालयेऽपि ।

(७) विद्यापीठस्य "अष्टादशवर्षं पर्यन्तं" परीक्षकत्वेन सेवा सततं कृता ।

(९) श्री गुजरात प्रान्तीय वैद्यसम्मेलनस्य मुम्बई नगरे ता० १९-१२-२६ तारिकायां द्वितीयाधिवेशने सभापतिरहम् ।

(१०) कराचीनगरे महासम्मेलनस्याधिवेशने स्वास्थ्य-सम्भाषापरिषदि सभापतिरहम् ।

(११) मैसूरनगरे सने १९३१ संवत्सरे महासम्मेलनं जातं तत्राऽपि रसायनतद्विद्य-सम्भाषापरिषदि सभापतिरहम् ।

(१२) अहमदाबादनगरे गतमहासम्मेलनेत्वागताध्यक्षोऽहम् । भाषणम् संस्कृते-हिन्दी भाषायां च ।

(१३) कराचीनगरस्थ-मैसूरनगरस्य च भाषणं वैद्यसम्मेलन पत्रिकायां मुद्रितम् ।

(१४) अहमदाबाद वैद्यसभायामिदानीं माननीयप्रमुखोहम् । तथा च श्रीगुजरातकच्छ कठियावाड़प्रान्तीयस्थापि समितेश्चाऽपि माननीयप्रमुखोहम् ।

एवमायुर्वेदप्रकर्षार्थं सप्ततिवर्षाणिसञ्जातानि तथाऽपि सेवा करोमि । पुस्तकान्यपि लिखितानि । स्वागताध्यक्षरूपेणमदीय भाषण पुस्तके ७ सप्तमपृष्टे द्रष्टव्यम् । श्रीगुर्जरप्रान्तीय वृत्तान्तमपि भाषणे द्रष्टव्यम् । भाषणपुस्तकस्य ९ नवमेपृष्टे वृत्तान्तमस्ति भाषणम् वाचयित्वा पद्गृहीतव्यमस्ति तदवस्यमेवगृहीतव्यमिति ।

(१) श्रीगुजरातप्रान्तिक वैद्यसम्मेलनस्य द्वितीयाधिवेशनस्यमदीयं भाषणम् ।

(२) श्री नि० भा० व० आयुर्वेदमहासम्मेलनस्य २५ अधिवेशने स्वागताध्यक्षरूपेण मदीयं भाषंणम् ।

॥ श्री धन्वन्तरये नमः ॥

गुजरात प्रान्तीय द्वितीय वैद्यसम्मेलन के सभापति

प्राणाचार्य वैद्यशास्त्री नारायणशङ्कर देवशङ्कर का

भाषण

यो विश्वं विदधाति पाति सततं संहारयत्यञ्जसा ।
सृष्ट्वादिव्यमहौषधींश्च विविधान् दूरीकरोत्यामयान् ॥
बिभ्राणोऽञ्जलिना च कान्तिभुवने पीयूषपूर्णघटम् ।
तं धन्वन्तरिरूपमीशममलं वन्दामहे श्रेयसे ॥

विद्वान आयुर्वेदानुरागी चिकित्सकों, सज्जनो और सन्नारियो !

परम पुनीत श्री मुंबा देवी की कृपा से जिसके पैरों को सागर अपनी आनंदोर्मि की तरंगो से धो रहा है, जहाँ हिन्दू, मुसलमान, पारसी आदि भिन्न-भिन्न जातियाँ भ्रातृ-भाव से हिल-मिल कर रहती हैं और जहाँ श्री और सरस्वती का संयोग हो रहा है, ऐसे इस सुविख्यात रमणीय नगर में पधारे हुए महाशयों के समक्ष इस सम्मेलन में मेरे जैसे साधारण ज्ञान वाले मनुष्य का सभापति का आसन ग्रहण करना, एक प्रकार की धृष्टता ही है क्योंकि मुझसे अधिक विद्वान्, बुद्धिमान और वयोवृद्ध अनेक महाशय यहाँ विराजमान हैं तथापि स्वागत-कारिणी समिति की आज्ञा को शिरोधार्य कर मैं नम्र भाव से इस पद को स्वीकार करता हूँ कि मेरे इस कर्तव्य में भगवान श्री धन्वन्तरि सहायभूत हों। मेरे विचारानुसार तो सभापति होना और सभा का दास होना दोनों समान ही है, अतः सेवा करने की जो आज्ञा मुझे मिली है उसके लिए मैं अपना अहोभाग्य समझता हूँ और उसके पालन में आप सबकी सहानुभूति प्राप्त करने की याचना करता हूँ।

मैं आज आपके समक्ष जो कुछ कहना चाहता हूँ, वह नवीन नहीं है क्योंकि दुनियाँ में जो कुछ कहा, लिखा अथवा शोधा जाता है वह सब चर्वित-चर्वण ही है। फिर भी यदि एक ही बात बारंबार कही जाय तो भी मेरे नम्र मत के अनुसार उसमें से कुछ न कुछ फल अवश्य निकलेगा। चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट जैसे आयुर्वेद शास्त्र के धुरंधर ग्रन्थकारों ने जो सिद्धान्त, पद्धति और प्रणाली बनायी है उसपर यह आक्षेप किया गया है कि आयुर्वेद अवैज्ञानिक, अशास्त्रीय है, इस आक्षेप का उत्तर जहाँ तक मुझसे हो सका है दोनों शास्त्रों की तुलना करके दिया है और दूसरी सब चिकित्सा-पद्धतियों की अपेक्षा आयुर्वेद विशेष वैज्ञानिक और शास्त्रीय है, यह दिखाने का भी मैंने प्रयास किया है।

आयुर्वेद का इतिहास

आयुर्वेद के बहुत प्राचीन ग्रन्थों में से ब्रह्मसंहिता आदि ग्रन्थ इस समय अप्राप्य हैं

किन्तु ये ग्रन्थ पुरातन समय में थे यह चरक, सुश्रुत आदि आयुर्वेद के ग्रन्थों से सिद्ध होता है। चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट ये तीन ग्रन्थ आयुर्वेद के ग्रन्थों में मुख्य और मूलभूत हैं। इन तीन ग्रन्थों को वृद्धत्रयी कहते हैं। इन तीनों में चरक और सुश्रुत, वाग्भट्ट की अपेक्षा अधिक प्राचीन और स्वतंत्र हैं। वाग्भट्ट ने इन दोनों ग्रन्थों का आधार लिया है। सुश्रुत चरक की अपेक्षा अधिक सुव्यवस्थित लगता है। इन ग्रन्थों का काल-निर्णय ठीक-ठीक नहीं किया जा सकता किन्तु चरक औषध-संग्रह के लिये विख्यात था और सुश्रुत शल्यवैद्य के लिए प्रसिद्ध था। यूरोप की अर्वाचीन औषध-विद्या और वैद्य-विद्या केवल तीन सौ वर्ष पुरानी मानी जा सकती है। इसके पहले यूरोप के लगभग सभी प्रदेशों में झाड़-फूँक की पद्धति चलती थी। हमारे आयुर्वेद का ज्ञान अरब और यूनान प्रजा के द्वारा यूरोप में फैला था और अर्वाचीन वैद्यक शास्त्र के उद्भव में यह प्राचीन ज्ञान अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुआ।

चरक और सुश्रुत की पुस्तकों में दी हुई औषधों का वर्णन और रोगी की चिकित्सा पर से प्रत्यक्ष निरीक्षण करने की प्रथा के लिए इसें आश्चर्य एवं अभिमान उत्पन्न हुए बिना नहीं रह सकता।

ऋग्वेद से लेकर सिकंदर के समय तक समस्त पृथ्वी भर में आयुर्वेद ही वैद्यक-शास्त्र का केवल एक ही प्रमाणभूत शास्त्र था, इसमें दो मत नहीं है। एक दूसरे देश की प्रजा द्वारा आयुर्वेद का प्रकार समस्त संसार में हुआ और लोगों ने अपनी-अपनी भाषा में शास्त्रों की रचना की। वस्तुतः यूनानी और पश्चिम की एलोपैथी ये दो पद्धतियाँ आयुर्वेद की ही पुत्रियाँ हैं। मित्रो! आयुर्वेद शास्त्र के इतिहास और आयुर्वेद पर रचे हुए ग्रन्थों द्वारा हम भूतकाल की स्थिति की कल्पना कर सकते हैं कि आयुर्वेद यह संपूर्ण कला-कौशल से बना हुआ महल था। काल के आक्रमण ने इस महल को तोड़ डाला है, अग्नि और चोरी से इसके कितने ही ग्रन्थ नष्ट हो गये हैं और जिस काल-बल और कारणों से भारतवर्ष की अधोगति और दुर्दशा हुई है, जिन कारणों से हमारा धर्म, संसार और व्यापार छिन्न-भिन्न हुआ है उन्हीं कारणों से भूतपूर्व प्रकाशमान आयुर्वेद की भी अवनति हुई है।

हमारा आयुर्वेद यह केवल दवा का, रोगों का, शास्त्र नहीं था, वह केवल स्थूल शरीर और स्थूल द्रव्यों पर खिलवाड़ करने वाली पदार्थ विद्या नहीं था बल्कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, उसी प्रकार इहलोक और परलोक के तत्त्वज्ञान का सूक्ष्म से सूक्ष्म ज्ञान कराने वाला आयुर्वेद शास्त्र था और अभी भी है। आयुर्वेद की नींव केवल पदार्थ-विद्या पर नहीं रची गई थी बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के लक्ष्य-विंदु को सामने रखकर रची गई थी।

प्रिय चिकित्सको! क्या वर्तमानकाल के वैद्यकशास्त्र की बातें आयुर्वेद में नहीं थीं? मैं दृढ़ता के साथ कहता हूँ कि सूत्ररूप में अथवा बीजरूप में ये सब बातें हैं। आयुर्वेद का शारीरशास्त्र और शस्त्रोपचार विद्या (Anatomy and Surgery) इन्द्रिय विज्ञानशास्त्र (Physiology) आरोग्य शास्त्र (Hygiene) वनस्पति शास्त्र (Botany) औषधगुण परिचय (Materia Medica) आदि प्रत्येक विषय के ग्रन्थ काल की गति से नष्ट हो गये हैं तो भी वर्तमान समय में उपलब्ध ग्रन्थों के तथा उसमें दिये हुए रोग-निदान और उपचार आदि बातों से आयुर्वेद में उपरोक्त सब अंग परिपूर्ण दशा में अवश्य रहे होंगे, यह मानने का हमें अच्छा कारण है। किसी कवि ने सत्य कहा है:—

अन्यानि शास्त्राणि विनोदमात्रं, न तेषु किंचिद्मुविदृष्टमस्ति।
चिकित्सित ज्योतिष तंत्रवादाः पदे पदे प्रत्ययमावहन्ति ॥

काव्य के मधुर रस से प्यास नहीं बुझती, व्याकरण की धातु-शुद्धि से शरीर की धातु शुद्धि नहीं होती, उसी प्रकार दुःखी मनुष्य का दुःख ब्रह्मज्ञान की शुष्क बातों से दूर नहीं होता। इसलिए आधि-व्याधियों को दूर करने में यदि कोई शास्त्र समर्थ है तो वह केवल आयुर्वेद का चिकित्सा-शास्त्र ही है।

आयुर्वेद यह वेद ही है

ऋग्, यजुस्, साम और अथर्व ये चार वेद हैं; और आयुर्वेद, धनुर्वेद, गांधर्व वेद और अथर्व वेद ये उनके चार उपवेद हैं। चरक, सुश्रुत आदि संहिताओं से मालूम पड़ेगा कि जिस प्रकार वेद ईश्वर प्रणीत हैं उसी प्रकार उपवेद भी ब्रह्मा के ही बनाये हुए हैं। वेद में आयुर्वेद सम्बन्धी बहुत सी आश्चर्यजनक बातें मिलती हैं। महर्षि गौतम ने आयुर्वेद संबंधी मंत्रों के आधार से सब वेदों की सत्यता अनुमान द्वारा सिद्ध करने की युक्ति बताया है।

आयुर्वेद के आठ अंग

शल्य, शालाक्य, काय-चिकित्सा, भूतविद्या, कौमारभृत्य, अगदतंत्र, रसायनतंत्र और वाजीकरणतंत्र, ये आयुर्वेद के आठ अंग है, इससे ये अष्टांग कहे जाते हैं।

आयुर्वेद की परंपरा

सृष्टि के प्रारम्भ में ब्रह्मा ने वेद के साथ यह अष्टांग आयुर्वेद लगभग हजार अध्याय की संहिता के रूप में बनाया था। आरंभ में ब्रह्मा ने प्रजापति को आयुर्वेद के आठ अंगों की शिक्षा दी। प्रजापति से अश्विनीकुमार ने सीखा, उन्होंने इन्द्र को सिखाया। इन्द्र से ऋषियों को ज्ञान प्राप्त हुआ। जिन्होंने आयुर्वेद का पृथ्वी पर प्रचार किया।

आयुर्वेद अपौरुषेय है

ऊपर कहे अनुसार आयुर्वेद अपौरुषेय मानते हैं—ईश्वर-प्रणीत मानते हैं। माता, पिता, गुरु, ऋषि आदि से लेकर ईश्वर का वाक्य शब्द-प्रमाण कहा जाता है। इस शब्द-प्रमाण के लिए आयुर्वेद पर यह आक्षेप किया जाता है कि आयुर्वेद में "बाबा वाक्यं प्रमाणं" ऐसा अधिक है। हममें स्वतंत्र-विचार से कार्य करने की अपेक्षा अंधश्रद्धा से कार्य करने की प्रथा अधिक प्रचलित है। आर्यों की धर्मभावना का रहस्य समझनेवाले उपर्युक्त आक्षेप कर ही नहीं सकते। आर्यों के मतानुसार वेद यह नित्य, सत्य बात है। सत्य को अलग रख देने से मनुष्य की स्वतंत्रता को कोई भी रुकावट बाधा नहीं डालती। इसमें वेद द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करने से मनुष्य का बुद्धि-स्वातंत्र्य अथवा विचार-स्वातंत्र्य नष्ट नहीं होता।

'शब्द प्रमाण' के "प्रमाण" शब्द का अर्थ अंग्रेजी में ऑथोरीटी (Authority) किया गया है। यह अनुवाद ही गलत है। पश्चात्य लोग इस शब्द को सत्तावाचक समझते हैं और जहाँ सत्ता होती है वहाँ स्वातंत्र्य नहीं हो सकता ऐसा उनका कहना है। हमारा "प्रमाण" शब्द सत्तावाचक नहीं है। हमारे शास्त्रकारों ने सत्ता का भी विशेष तात्पर्य नहीं रखा है, वे द्रष्टा थे, वैज्ञानिक रीति से विषय को जानते थे, इसी से उनके वचनों के प्रति अपूर्व आदर के

कारण ही हम शब्द-प्रमाण को मानते हैं। चरक और सुश्रुत ये आयुर्वेद के प्रमाण-भूत ग्रंथ माने जाते हैं। ये दोनों ग्रन्थकार यद्यपि एक दूसरे से बहुत स्थान पर अभिप्रायों में एक दूसरे से भिन्न पाये जाते हैं। फिर भी उनकी भिन्नता में उत्तम प्रकार की दक्षता और वैज्ञानिक दृष्टि दिखाई देती है।

आयुर्वेद का धर्म के साथ सम्बन्ध

आयुर्वेद के विरुद्ध एक दूसरा आक्षेप यह है कि आयुर्वेद के तत्व न्याय, सांख्य, दर्शन, वेद, पुराण इतिहास आदि ग्रन्थों में फुटकल पड़े हैं। वैद्य-विद्या के तत्वज्ञान को धर्म के साथ मिलाकर इसे विज्ञान-रहित बना दिया गया है। यह आक्षेप भी ठीक नहीं है। आर्यों के मतानुसार मनुष्य का उच्च से उच्च पुरुषार्थ एवं अंतिम ध्येय पूर्णता प्राप्त करने का है अर्थात् साक्षात्कार कर मुक्ति प्राप्त करने का है जिसके लिये तन और मन आरोग्य रहना आवश्यक है। मनुष्य-जन्म को सार्थक बनाने के लिए शारीरिक स्वस्थता की विशेष आवश्यकता है, इसी से कहा भी गया है "शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्"। संक्षेप में आर्यों के प्रत्येक विचार तत्वज्ञान, विज्ञान और धर्म से परिपूर्ण है। इन तीनों में एक दूसरे का समावेश हुआ है और यह पद्धति ही शुद्ध वैज्ञानिक है।

आयुर्वेद वैज्ञानिक है

पाश्चात्यों का यह कहना है कि आयुर्वेद शास्त्रीय और वैज्ञानिक नहीं है। आयुर्वेद जैसा वैज्ञानिकशास्त्र और विज्ञान की दृष्टि से, जैसा आयुर्वेद विषयों की चर्चा करता है। वैसा विज्ञान तो पाश्चात्य वैद्यकशास्त्र में ढूंढने से भी नहीं मिलता। आयुर्वेद विज्ञान एवं कला दोनों की दृष्टि से देखता है।

वैज्ञानिक दृष्टि से हम इसे नीचे लिखे विभागों में विभक्त करेंगे और प्रत्येक विभाग पर विचार करेंगे जिससे विश्वास हो जायगा कि सच्चे विज्ञान को छोड़कर इसमें कहीं भी त्रुटि नहीं है।

१—तीन जाति के प्रमाण—(१) प्रत्यक्ष, (२) अनुमान और (३) शब्द
२—पञ्चभूत सिद्धान्त
३—त्रिधातु सिद्धान्त
४—त्रिदोष सिद्धान्त
५—निदान और चिकित्सा
६—रस, गुण, वीर्य-विपाक और प्रभाव की गुण वाली औषधियाँ।

वैज्ञानिक दृष्टि से उपर्युक्त वर्गीकरण इतना अधिक सफल हुआ है कि इसके लिए फीलाडल्फीया (अमेरिका) के सुप्रसिद्ध डा० ज्योर्ज क्लॉर्क एम० ए० एम० डी० कहते हैं कि—"चरक के प्रत्येक अध्याय को पढ़कर मैं इस सिद्धान्त पर पहुँचा हूँ कि वर्तमान काल के डाक्टर फर्माकोपिया की वर्तमान समय की नवीन औषधियों का त्याग कर केवल चरक की बतायी हुई प्रणाली के अनुसार यदि रोगियों का निदान और चिकित्सा करें तो अकाल मृत्यु की संख्या बहुत अधिक घट जाय और अनेक रोगों से पीड़ित जीर्ण रोगी भी बहुत कम देखने में आवें।"

त्रिधातु

वात, पित्त और कफ, ये तीन धातु हैं, इन्हीं से छोटे से छोटे और बड़े से बड़े शरीर के अवयव बने हैं; इसीसे इन्हें धातु कहा जाता है। धातु शरीर का आधार रूप माना जाता है। इसका अभाव ही शरीर का अभाव है। सम विषम होने पर ही दोष-युक्त और व्याधि की उत्पत्ति होती है। जब धातु नियमित स्थिति में होता है तब इसे "प्रसाद-स्थिति" में और अनियमित में "मलस्थिति" में स्थित कहा जाता है। हम धातु को उसके कार्य-कारण संबंध से भिन्न-भिन्न स्वरूप में देखते हैं। धातु अथवा दोष प्रसाद-भूत धातु के अर्थ में एवं कीटभूत मल के अर्थ में व्यवहृत किया जाता है।

विज्ञान की दृष्टि से शारीरिक-क्रिया का आधार वात, पित्त और कफ, इस त्रिधातु पर है और मानसिक क्रिया का आधार सत्व, रज और तम त्रिगुण पर है। संपूर्ण संसार की उत्पत्ति इन तीनों गुणों से होती है। ये तीनों प्रकृति के गुण हैं। वेद में समस्त संसार को उत्पन्न करने वाली तीन गुणों से युक्त इस प्रकृति के संबंध में उल्लेख है और इसीसे प्रत्येक वस्तु त्रिगुणात्मक कही जाती है। सत्व, रज और तम ये तीन गुण जीवित मनुष्य में क्रमानुसार वात, पित्त और कफ के रूप में दिखाई देते हैं, मृत मनुष्य का शव पञ्चभूत की ठठरी है। मनुष्य की ठठरी में जबतक जीव है तभी तक उसमें जीवन है। जीवित मनुष्य के शरीर में जीव का भी अस्तित्व है, मुर्दे में नहीं है। ये दोनों पञ्चभूतात्मक वात, पित्त और कफवाले कहे जाते हैं, इसीसे वे पञ्चभूतात्मक तथा त्रिधातुवाले कहे जाते हैं। शव में त्रिधातु हो नहीं सकता। इस प्रकार शरीर के दो प्रकार के पृथक्करण हैं, पञ्चभौतिक और त्रिधातु। इन दोनों का संयोग नीचे लिखे अनुसार होता है।

आकाश और वायु, वात (जो राजसिक है) की सीमा में प्रवेश करता है, तेज पित (जो सात्विक है) की सीमा में प्रवेश करता है और पृथ्वी और अप कफ (जो तामसिक है) में प्रवेश करता है। इस प्रकार पृथ्वी, अप, तेज, वायु और आकाश ये पंचमहाभौतिक ठठरी में जीव का प्रवेश होता है उस समय इस जीव का शरीर वात, पित्त और कफ का बना हुआ है ऐसा कहा जाता है। यह वात, पित्त और कफ वाला जीव धारण करने वाला शरीर रज, सत्व और तम गुण वाला त्रिगुणात्मक बना; इस प्रकार मनुष्य की प्रकृति के अनुसार वातल, पित्तल और श्लेश्मल ऐसे तीन विभाग हुए। प्रत्येक मनुष्य की इन तीन में से कौनसी प्रकृति है यह जानने की विशेष आवश्यकता है क्योंकि इसपर से आयुर्वेद मनुष्य के आरोग्य और अस्वस्थता को परखने की आज्ञा देता है। शरीर के भीतर की क्रियायें वात, पित्त और कफ से नियमित हुआ करती हैं। हम जो कुछ भोजन करते हैं उससे रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र इससे सात धातु वात, पित्त और कफ की बारंबार होने वाली क्रियाओं से बनते हैं। इनमें से एक ओजस् धातु भी बनता है। यह ओजस् सात धातुओं का सत्व अथवा साररूप कहा जाता है। शुक्र धातु आदि की क्रियायें यदि ठीक-ठीक अपना कार्य संपादन नहीं करतीं तब ओजस् धातु को बहुत हानि पहुँचती है और कभी-कभी इस ओजस् की कमी के कारण जीव का चलना एक दम रुक जाता है। शरीर की इस सात धातु की क्रिया आयुष्य को भी निश्चय करती है, इससे इस शास्त्र का नाम आयुर्वेद हुआ है।

त्रिदोष

हम ऊपर देख चुके हैं कि वात, पित्त और कफ शरीर में सम विषम होने पर दोष का रूप लेते हैं, इस प्रकार शरीर में ये दो रूप से रहते हैं—धातु-रूप और मल-रूप में। धातु-रूप में वायु, पित्त और कफ सूक्ष्म और इन्द्रियों को अगोचर हैं, केवल क्रियाओं द्वारा इनका अनुमान हो सकता है और मल-रूप में वायु, पित्त और कफ इन्द्रीय-गोचर हैं।

वात—"वा गति गंधयो·" इस धातु से वायु पद बना है। वायु शरीर के तमाम आशय और यन्त्रों को धारण करता है और इसकी क्रियाओं को चलाता है। इसके प्राण, उदान, समान, व्यान और अपान ऐसे पाँच रूप हैं। इसका कार्य हृदय, कंठ, उदर, त्वचा और गुह्य आदि स्थानों में स्पष्ट मालूम पड़ता है। छोटी बड़ी सभी क्रियाओं का प्रवर्तक वायु है, मन की प्रवृत्तिओं का नियन्ता और चालक है, सभी इन्द्रियों में चैतन्य देने वाला है और शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध का वहन करने वाला है। यह दोष को सुखा डालता है और मल को बाहर निकालता है।

वायु रूक्ष, शीतल, लघु, सूक्ष्म, चल, विषद और खर है। इससे विपरीत गुण वाले द्रव्यों से यह शान्त होता है। कुपित अवस्था में वायु शरीर में नाना प्रकार के विकार उत्पन्न करता है। मनुष्य का बल, रंग, सुख और आयुष्य का यह नाश करता है, मन में विकृति उत्पन्न करता है और इन्द्रियों की शक्ति का नाश करता है।

पित्तः—"तपसंतापे" इस धातु से पित्त शब्द बना है। शरीर में ताप का मूलभूत जो सूक्ष्म अतिन्द्रिय वस्तु है वह पित्त है। शरीर में तेजोगुण का कार्य पित्त ही करता है। शरीर में समान गर्मी रखना, चमड़े की शोषण-शक्ति, मन की तेजस्विता, दृष्टि की उज्वलता और लोहू का लाल रंग यह तेजोगुण का प्रधान कार्य है। इसी से पित्त को, भ्राजक, पाचक, साधक, आलोचक और रंजक कहा गया है। पित्त उष्ण, द्रव, पीला, नील, परिणाम में सत्व-गुणी, सारक, कड़वा, लघु, स्निग्ध और पाक में अम्ल है। इससे विपरीत गुण वाले द्रव्यों से यह शान्त होता है। कुपित अवस्था में विस्फोटक, उष्मा आदि रोग उत्पन्न करता है।

कफः—"श्लिष आलिंगने", इस धातु से श्लेष्म शब्द बना है। यह सोम गुणात्मक है और यह भी पित्त के समान अतिन्द्रिय वस्तु है। पित्त अग्निरूप और श्लेष्म जलरूप है। श्लेष्म संधियों को तेल जैसे पदार्थ से चिकना, रखता है, कंठ, जिह्वा आदि स्थानों को स्निग्ध रखता है। कफ अन्न के क्लेदन और धातुओं के पोषण में पानी का कार्य करता है। यदि शरीर में श्लेष्म न हो तो थोड़े ही दिवस में शरीर भस्म हो जाय। इसके क्लेदन, अवलंबन, रसन, स्नेहन और श्लेष्यमन स्थान-भेद से पाँच नाम हैं। यह स्वेद, गुरु, स्निग्ध, पिच्छिल, शीतल तथा तमोगुणी है विदग्ध होने पर खारा होता है। नाक और मुँह में से जो कफ निकलता है वह तो मलरूप मात्र है। इसे शरीर का आधार नहीं माना गया है।

तर्पण, शोषण और संचारण से चन्द्र, सूर्य और वायु जिस प्रकार जगत को धारण करते हैं उसी प्रकार वायु, पित्त और कफ शरीर को धारण करते हैं। ये शरीर के स्वयं रूप हैं, इतना ही नहीं बल्कि आयुर्वेद के हेतु, लक्षण और औषध स्कंध के तीन प्रधान स्कंध रूप हैं।

आयुर्वेद की पूरी इमारत इन तीन धातुओं पर रची गई है। इन तीन धातुओं का आयुर्वेद ने कैसा सुन्दर अर्थ समझाया है और उनका कैसा कर्तव्य बताया है फिर भी पाश्चात्य

वैद्यक शास्त्र वाले हमारे इस त्रिधातु सिद्धान्त को समझने की चेष्टा न कर उसे उखाड़ फेंकने का प्रयत्न कर रहे हैं, यह कैसी शोचनीय बात है ! सद्गुणी वैद्यो ! वात, पित्त और कफ का अनुवाद अंग्रेजी में इन्होंने विंड, बाइल और प्लेग्म शब्द में किया है। पारिभाषिक शब्दों का ज्ञान न होते हुए भी एक के बदले दूसरा अर्थ अपनी भाषा में करना भूल नहीं तो और क्या है ? वात, पित्त और कफ का लक्षांसवाँ अर्थ भी इन शब्दों से नहीं निकलता। इस प्रकार का अर्थ का अनर्थ कर ये लोग आयुर्वेद की हँसी करते हैं और कहते हैं कि आयुर्वेद वैज्ञानिक नहीं है। अतः उनका मन्तव्य उन्हीं को मुबारक हो।

त्रिधातु और सेन्युलर थियरी

ऐसा कोई भी सिद्धान्त पाश्चात्यों में नहीं है जिसके साथ त्रिधातु सिद्धान्त से तुलना की जा सके। इनकी एक सेल्युलर थियरी है जिसे ग्रीक लोग ह्युमोरल थियरी के नाम से पुकारते थे। सेल्युलर सिद्धान्त से त्रिधातु सिद्धान्त बहुत आगे बढ़ जाता है, इन दोनों की तुलना की ही नहीं जा सकती। वात को इन लोगों ने नर्व फोर्स के स्थान पर माना है किन्तु वात नर्वफोर्स से कहीं अधिक काम करता है क्योंकि उसमें बहुत सी मानसिक क्रियाओं का भी समावेश होता है।

शरीर और मन का सम्बन्ध

जहाँ तक सत्वगुण प्रधान होता है वहाँ तक आनंद, ज्ञान और शांति का साम्राज्य होता है। रजोगुण और तमोगुण बढ़ने से ही मन में काम, क्रोध, ईर्षा, द्वेष, मद, मान और अहङ्कार आदि पैदा होते हैं। चरक कहते हैं कि 'रजोगुण और तमोगुण ये मन के दोष हैं। वात, पित्त और कफ ये शरीर के दोष हैं।" शरीर और मन का परस्पर घना सम्बन्ध है। मनुष्य के शरीर की रचना उसके मन के अनुरूप होती है और मन शरीर के अनुसार होता है।

शारीरिक स्थूल शरीर, मानसिक शरीर और आत्मा, इन तीनों के योग से मनुष्य कहा जाता है। पाश्चात्य स्थूल शरीर को ही मनुष्य कहते हैं। रोग में मन और शरीर दोनों एक समान भाग लेते हैं किन्तु पाश्चात्य डाक्टर इस बात को स्वीकार नहीं करते।

रोग की उत्पत्ति

हमारे आतुर्वेद के सिद्धान्तों के अनुसार मनुष्य प्राणी के तीन भाग हैं—आत्मा, मन और शरीर। इनमें आत्मा सदा निर्विकार और निर्दोष रहता है और उसे किसी प्रकार रोग आदि नहीं होता। रोग का मन और शरीर दो अधिष्ठान हैं।

मिथ्या आहार-विहार द्वारा वात, पित्त और कफ विषमावस्था को पहुँचते हैं तब दोष गिना जाता है। रोग की उत्पत्ति बाह्य और आभ्यंतर दो प्रकार से होती है।

१—बाह्यकारण—असात्मेन्द्रिय संयोग अर्थात् पञ्चेन्द्रिय द्वारा होने वाले रोग। ये अतियोग, हीनयोग और मिथ्यायोग, इस प्रकार तीन रीति से हो सकते हैं।

२—प्रज्ञापराध—समझ शक्ति के दोषों से होने वाले शारीरिक, मानसिक और वाचिक रोग।

३—परिणाम—ऋतु, जल-वायु आदि में होने वाले परिवर्तन से उत्पन्न रोग।

आभ्यन्तर कारण—धातु-वैषम्य और गुण-वैषम्य। नीचे के कारणों से धातु में विषमता उत्पन्न होती है:—

१ संचय, २ प्रकोप, ३ प्रसर, ४ स्थानसंश्रय, ५ व्यक्ति और ६ भेद। इन कारणों को क्रियाकाल भी कहा जाता है।

पाश्चात्य वैद्यक के अनुसार व्याधि के कारण नीचे लिखे अनुसार हैं:—

वाह्य, सर्दी हो जाना अथवा गर्मी का प्रमाण बढ़ जाना, वातावरण में परिवर्तन, विद्युत, आघात, अयोग्य खुराक, हवा की कमी, लू, विष और जन्तु विषयक।

आयुर्वेद में कहे गये वाह्य हेतु में इन कारणों का समावेश हो जाता है किन्तु इन दोनों में एक मुख्य भेद यह है कि आयुर्वेद की दृष्टि मानसिक है और पाश्चात्य वैद्यक की पदार्थ विषयक। आयुर्वेद कहता है कि शरीर पर व्याधि का आक्रमण दो मार्ग से हो सकता है, इन्द्रियों द्वारा और मन द्वारा। ऊपर लिखे अनुसार जो छः भाग किये गये हैं उनमें अज्ञान अथवा भविष्य में ज्ञान होने वाले कारणों का भी समावेश हो सकता है। अतः इसमें भी हमारा आयुर्वेद विज्ञान का पूर्णतः अनुसरण करता है।

पाश्चात्य वैद्यक के एक महान शोधवेत्ता सर जेम्स मेकेन्जी कहते हैं कि—"पाश्चात्य वैद्यक शास्त्र के निदान में तीन प्रकार की कमी है—(१) प्रारंभिक अवस्था में ही बढ़ते हुए रोग का निदान-उपाय इसमें नहीं है। (२) निदान में प्रत्येक चिह्न से पूर्व चिह्न जानने की कमी और इस कमी से उपचार में होने वाली गड़बड़ी। (३) क्लिनिक की अपेक्षा लेबोरेटरी को अधिक महत्व। रोगी की प्रकृति, सत्व और सात्म्य आदि की परीक्षा करने की चाभी पाश्चात्य वैद्यक विद्या में नहीं है। वह केवल रोग का निदान करता है।"

वाग्भट्टाचार्य ने अपने अष्टांग हृदय सूत्र स्थान प्रकरण १२ श्लोक ६६ से ६८ में निदान और चिकित्सा के सम्बन्ध में जो रीति दी है वह अति उत्तम है।

तस्माद्विकार प्रकृतीरधिष्ठानान्तराणि च।
बुद्धा हेतु विशेषांश्च शीघ्रं कुर्यादुपक्रमम्॥
दूष्यं देशं बलं कालमनलं प्रकृतिं वयः।
सत्वं सात्म्यं तथाहारमवस्थाश्च पृथग्विधाः॥
सूक्ष्म सूक्ष्माः समीक्ष्यैषां दोषौषध निरूपणे।
योवतते चिकित्सायां न स स्खलति जातुचित्॥

आयुर्वेद में प्रकृति-स्थापन नामक उपचार है। चयकाल के पहले अर्थात् रोग प्रारंभ होने के पहले रोगी को जो असल स्थिति हो उसे स्थिति पर लाना। यह बात दूसरे किसी भी शास्त्र में नहीं है। रोगी को उपर-उपर से आराम हुआ कि बस, रोग मिट गया ऐसा पाश्चात्यों का मानना है किन्तु रोग तो छिपी रीति से मौजूद रहता है जब कि हमारा आयुर्वेद अच्छे प्रकार से स्वस्थावस्था को प्राप्त करा देता है:—

समदोषः समाग्निश्च समधातु मलक्रियः।
प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्यभिधीयते॥

रोग की परीक्षा

त्रिभिरेतैर्विज्ञानोपायैः (दर्शन स्पर्शन प्रश्नैः) रोगाः प्रायशो वेदितव्या इत्येके। तत्तु न सम्यक्। षड्विधिर्हि रोगाणां विज्ञानोपायः। तद्यथा पञ्चभिः श्रोतादिभिः प्रश्नेन चेति।

दर्शन, स्पर्श और प्रश्न से भी रोग की परीक्षा की जा सकती है किन्तु यह मत ठीक नहीं है क्योंकि रोग को तो पंचेन्द्रियों और प्रश्न से समझ लेना चाहिये। सुश्रुताचार्य का यह अभिप्राय है कि रोग को अच्छी तरह समझने के लिए छाती पर कान रखकर देखना, हाथ से यकृत, प्लीहादि को स्पर्श कर देखना, आँख से जीभ और विकृत लक्षणों को देखना, जीभ से रस आदि की परीक्षा करना, नाक से विकृत अवस्था की वास कैसी आ रही है, यह देखना और रोगी से भिन्न-भिन्न प्रश्न कर उसकी दशा का अनुभव प्राप्त कर लेना चाहिये अर्थात् आयुर्वेद के लिए माइक्रास्कोप, स्टेथस्कोप, थरमामीटर आदि नये नहीं हैं। इस प्रकार के दूसरे यंत्र वैद्यों के पास थे नहीं तो कान से रोगी की परीक्षा और अदृश्य सूक्ष्म कृमियों की परीक्षा किस प्रकार होती रही होगी।

आयुर्वेदिक औषधियाँ

आयुर्वेद में त्रिदोष सिद्धान्त का अनुसरण कर औषधों का पाँच प्रकार से निर्णय किया गया है:—

१ गुण—औषधि में कौन कौन से भौतिक तत्व हैं, उसका निर्णय।

२ रस—स्वाद से निर्णय। स्वाद छः प्रकार का है—मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त, और कषाय।

३ वीर्य—(बल-सामर्थ्य) यह दो प्रकार का है उष्ण और शीत। किसी किसी ने इसको आठ भाग में विभक्त किया है। उष्ण, शीत, स्निग्ध, रूक्ष, विषद, पिच्छिल, मृदु और तीक्ष्ण। औषधि के दूर के कारण और वीर्य में सम्बन्ध है। औषधि में वीर्य का गुण हो तो रस और विपाक दोनों को दबा कर ये औषधियाँ बहुत ही अच्छा परिणाम देती हैं।

४ विपाक—शरीर में औषध जाने के पश्चात् दूसरे द्रव्यों के साथ पाचन होने के बाद जो औषध की क्रिया होती है उसे विपाक कहते हैं।

५ प्रभाव—दो जाति की औषधियाँ होती हैं और वे दोनों रस, वीर्य और विपाक में मिलती हुई होने पर भी व्याधि-निवारण की क्रिया में दोनों में जो अन्तर पड़ता है उसे प्रभाव कहते हैं। औषधियों में जो वीर्य (बल अथवा सामर्थ्य) का बल है वही व्याधि दूर करता है। भौतिक और रसायनिक गुणों का औषधि में से नाश करने के पश्चात् ही यह गुण झलक उठता है।

पाश्चात्य डाक्टर औषध को पहले किसी पशु पर आजमा कर देखते हैं। उसका परिणाम अच्छा दिखाई पड़ने पर मनुष्य पर उसका उपयोग करते हैं। यह पद्धति तो मुझे भूलपूर्ण मालूम होती है। जो औषध अन्य प्राणी के शरीर को अनुकूल हो वही मनुष्य के लिए विषवत् हो सकती है। इसी प्रकार स्वस्थ प्राणी को जो औषध अनुकूल हो वही अस्वस्थ मनुष्य के लिए अनुकूल हो यह अनुमान भी गलत है। हमारे महर्षिगण मनुष्य शरीर पर ही अनुभव कर ऊपर बतायी हुई गुणवाली औषधियों की परीक्षा करते थे।

जीवाणुवाद

महाशयो! ऐसा कहा जाता है कि आयुर्वेद में कृमि रोग के संबंध में कुछ भी नहीं दिया है। पाश्चात्य वैद्यक में इसे अत्यधिक प्राधान्य दिया गया है। आयुर्वेद में इसका स्थान

है किन्तु उसे इतना महत्व नहीं दिया गया है। रोग के बाह्य कारणों में कृमि रोग का कारण, आगन्तुक के पहले विभाग में आ जाता है। पाश्चात्य त्रिदोष के साथ कृमिरोग के सिद्धान्त की तुलना कर कहते हैं कि सब रोगों के कारणभूत ये कृमि ही हैं। किन्तु यह संभव नहीं प्रतीत होता। बहुत से जन्तु वर्षों से हमारे पेट में कुछ भी हानि पहुँचाये बिना पड़े रहते हैं और कभी कभी तो वे मित्र रूप में काम करते हैं। परन्तु जब पेट में अज्ञात प्रसंग आ बनता है तभी ये शत्रु बन जाते हैं, अब तक इनका कोई जोर नहीं चलता था किन्तु जब भीतर कुछ खराबी आ गई तब उनका भी बल प्रकट हुआ अतः इन दोनों का परस्पर बीज और भूमि का संबंध है। त्रिदोष का सिद्धान्त इसे भूमि की दृष्टि से देखता है और कृमिवाद का सिद्धान्त इसे बीज की दृष्टि से देखता है। कृमिवादी कहते हैं कि जन्तुओं का नाश करो इससे आप सही सलामत होंगे किन्तु जन्तुओं को नष्ट करना असंभव है, जन्तु तो सर्व-व्यापी हैं। उचित मार्ग तो यह है कि आप अपनी भूमि को ऐसी बनाइये कि उसमें बीज बोने पर उग न सके। सर जेम्स गुडहार्ट जिनका नाम पाश्चात्य वैद्यों में पूजा जाता है, अपने "हारवेनओरेशन" नामक पुस्तक में एक स्थल पर लिखते हैं कि "निदान विद्या अभी ठीक नहीं हो सकी है, अभी हम पूर्णता प्राप्त नहीं कर सके हैं, संभव है कि जन्तु कारण रूप न होकर परिणाम रूप हों।" इससे भी मालूम हो जायगा कि पाश्चात्य अब जो समझने लगे हैं वह आयुर्वेद में पहले से ही है।

शल्यतंत्र (सर्जरी)

मित्रों! अब आप के समक्ष आयुर्वेद का कला की दृष्टि से विवेचन करने की आज्ञा माँगता हूँ। इसमें क्या सर्जरी थी? सुश्रुत के मतानुसार चिकित्सा का यह प्रथम अंग समझा जाता था। प्राचीनकाल में सुश्रुत संप्रदाय के वैद्य रोगी की जीव-रक्षा के लिए उसका हाथ पैर काट डालते थे। जलोदर रोग में सुश्रुत के चिकित्सा स्थान के १४ वें अध्याय में वर्णित व्रीही-मुख शस्त्र और द्विद्वारा नाड़ी से चार-पाँच बार में बिलकुल पानी निकाल दिया जाता था। यह विधि पाश्चात्य 'पेरेसेन्टेसीस' विधि से कहीं अधिक उत्कृष्ट है। अश्मरी रोग में सुश्रुत के चिकित्सा के सातवें अध्याय में बस्ती चीर कर पथरी निकालने की विधि बड़ी ही सरल वर्णित है। सुश्रुत के शारीर स्थान के आठवें अध्याय में वर्णित यकृत और प्लीहादि रोग में हाथ पैर का शिरादाह और शिरावेध से जो उत्तम परिणाम होता है उसे आज भी डाक्टर नहीं जानते। इसी प्रकार और बहुत से अद्भुत शस्त्र-चिकित्सा का वर्णन सुश्रुत में है जिसे पढ़कर विश्वास-पूर्वक कहना पड़ता है कि ऐसा वर्तमान समय की सर्जरी भी नहीं कर सकती किन्तु इस समय शोचनीय बात इतनी ही है कि यह शल्यतंत्र इस समय बिलकुल ही नष्टप्राय हो गया है जिससे पाश्चात्य अपनी सर्जरी की प्रशंसा करते हैं। आयुर्वेद-शास्त्र में यदि शस्त्र-विद्या का स्थान न होता तो आज जो ऑपरेशन (हॉसडी ऊपर का) इण्डियन ऑपरेशन के नाम से प्रसिद्ध है, वह देखने में ही न आता।

मैंने ऊपर आयुर्वेद की विज्ञान तथा कला की दृष्टि से समालोचना की है। आयुर्वेद पूर्ण वैज्ञानिक है और पाश्चात्य वैद्य विद्या की अपेक्षा कहीं अधिक बढ़ा चढ़ा हुआ है। वैद्यक विशाल विषय है। पाश्चात्य वैद्यक-शास्त्र का अध्ययन कर जो उसमें ग्रहण करने योग्य बातें दिखायी दें उनका ग्रहण कर लेना चाहिये तभी पाश्चात्य और आयुर्वेद का वैद्य अच्छी रीति से

काम कर सकता है। पाश्चात्य डाक्टर आयुर्वेद का अध्ययन किये बिना झूठा आक्षेप करते हैं, यह उचित प्रतीत नहीं होता, इसमें उदारता तो है ही नहीं। हमारा आयुर्वेद संपूर्ण होता हुआ भी उदार है और भेद-भाव छोड़कर अपनी कमी की पूर्ति दूसरों के गुण को लेकर करता है। इस सम्बन्ध में महर्षि चरकाचार्य का अभिप्राय यह है कि:—

तदेव युक्तं भैषज्यं यदारोग्याय कल्पते। सचैव भिषजां श्रेष्ठो रोगेभ्यो यः प्रमोचयेत्। नचैवह्यस्तिसुतरामायुर्वेदस्य पारम्, तस्मादप्रमत्तः शश्वदभियोगमस्मिन् गच्छेत्। कुत्स्नोहि लोको बुद्धिमतामाचार्यः शत्रुश्चाबुद्धिमतामतश्चाभिसमीक्ष्य बुद्धिमताऽमित्रस्यापि धन्यं यशस्यमायुष्यं पौष्टिकं लौकिकमभ्युपदिशतो वचः श्रोतव्यमनुविधातव्यञ्चेति।

(च० वि० अ० ८)

जो आरोग्यता दे वही सच्ची औषध, जो रोगों से मुक्त करे वही सच्चा वैद्य है। आयुर्वेद का पार नहीं है। अतः इसमें निरन्तर लगे रहना चाहिये। बुद्धिमान के लिए समस्त संसार उसका गुरु है। मूर्ख मनुष्य के लिए संसार शत्रुवत लगता है। चतुर मनुष्य को शत्रु की शिक्षा यदि वह हितकर हो, प्रसंशनीय हो, आरोग्य बढ़ाने वाली हो, और लोगों के लिये अनुकूल हो तो उसे स्वीकार कर लेना चाहिये।

आयुर्वेद का रसशास्त्र

आयुवद की रसादि क्रिया पर यह आक्षेप किया जाता है कि उनके उपयोग से दवायें शरीर से फूट निकलती हैं। ऐसी ही लोगों में कटूक्ति भी प्रसिद्ध है—'जो खाय रसायन वह जाय मसान' किन्तु आयुर्वेद में कोई भी रसायन ऐसा नहीं है जिसमें ऐसा गुण हो। जो लोग रसायन को फूट निकलने वाली दवा कहते हैं वे रसायन शब्द का अर्थ ही नहीं समझते रसायन शब्द का अर्थ यह है—"रसायनं च तज्ज्ञेयं यजरा व्याधिनाशनम्" जो जरा और व्याधि का नाश करता है उसे रसायन कहते हैं चाहे वह वनस्पति हो अथवा रसादि।

धातु घटित औषधों का प्रधान प्रवर्तक रसवैद्य संप्रदाय है। रस शब्द का अर्थ पारा होता है। इस रसादि धातु से जरा-मरण को भी टाला जा सकता है तब वह रोग को दूर करे तो इसमें नवीनता ही क्या है? क्योंकि—

पारदः सर्वरोगाणां जेता पुष्टिकरः स्मृतः।
सुज्ञेन साधितः कुर्यात् संसिद्धिं देहलोहयोः॥

यहाँ पर मुझे केवल इतना ही कहना है कि हाल में रेडियम जैसी धातु ने पाश्चात्य वैद्यक में बहुत प्रकाश डाला है। रेडियम के योग से कैन्सर जैसा भयंकर रोग भी दूर किया जा सकता है ऐसा पाश्चात्य विद्वानों का कहना है। परन्तु हमारे आयुर्वेद में रसादि दवाओं की बहुत सी ऐसी बनावट हैं जिसके सेवन से पाश्चात्य विद्वान् जिस रोग को असाध्य मानते हैं उन्हें हम सरलता पूर्वक मिटा सकते हैं।

सज्जनों! उपरोक्त कथन से आप सबको विश्वास हो गया होगा कि आयुर्वेद संपूर्ण रीत्या वैज्ञानिक है। जो कुछ मैंने प्रमाण उपस्थित किया है उसकी सचाई जानने के लिए अथवा इससे अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए मद्रास कमिटी की रिपोर्ट आप देखें जिसमें बहुत छानबीन के पश्चात् मद्रास सरकार इस निर्णय पर पहुँची है कि आयुर्वेद वैज्ञानिक है, इसमें उच्च प्रकार का विज्ञान भरा हुआ है एवं इसकी सहायता करने की आवश्यकता है।

आयुर्वेद की उन्नति के उपाय और वैद्यों का कर्तव्य

महाविद्यालय की आवश्यकता

प्रिय चिकित्सको ! अब हमें जो कर्तव्य करना है उसका थोड़ा दिग्दर्शन कराऊँगा। हमने अपने अनुभव से देखा है कि आयुर्वेद का औषधि-भंडार विशाल है अतः उसकी उन्नति के लिए हमें कटिबद्ध हो जाना चाहिये। आयुर्वेद शास्त्र के पठन-पाठन का प्रचार करने के लिए सुशिक्षित और अनुभवी वैद्यों को तैयार करना चाहिये। इस प्रकार वैद्य तैयार होने से ही गुजरात प्रान्त के बड़े-बड़े शहरों में आयुर्वेद विद्यालय और महाविद्यालयों की स्थापना हो सकेगी। आयुर्वेद का सर्वांग पूर्ण महाविद्यालय की स्थापना का निश्चय गत संमेलन के अवसर पर हुआ था, उस निश्चय के अनुसार महाविद्यालय खोलने की विशेष आवश्यकता है। इस समय गुजरात प्रान्त एवं बड़ोदा राज्य में जो संस्थाएँ आयुर्वेद की शिक्षा दे रही हैं उनके संचालकों को धन्यवाद दिये बिना मैं नहीं रह सकता। साथ ही निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा ली जाने वाली परीक्षायें भी आयुर्वेद की प्रगति का साधन है अतः इसके लिये भी उसके कार्यकर्ताओं का मैं अभिनंदन करता हूँ।

संग्रह-स्थान—महाविद्यालय में एक संग्रह-स्थान भी होना चाहिये जिसमें वनस्पतियों के भिन्न-भिन्न नमूने, अस्थिपिंजर, खनिज और उद्भिज औषधियों का बृहद् संग्रह हो।

प्रयोग-शाला—उसमें एक प्रयोग-शाला भी होना आवश्यक है जिससे शास्त्रीय और अनुभूत प्रत्यक्ष प्रयोगों से पूर्ण निश्चय हो सके और वैद्यक शास्त्र का असरकारक ज्ञान प्राप्त हो सके। वैद्यों को क्रिया प्रवीण और शास्त्र-प्रवीण होने की विशेष आवश्यकता है क्योंकि—

शास्त्रप्रवीणाः क्रियया विहीनाः क्रियाप्रवीणाः किल शास्त्रहीनाः।
एतादृशा यद्यपि सन्ति किं तैर्वैद्यास्तएवोभयथा प्रवीणाः॥

पुस्तकालय—इसके उपरान्त हमें एक ऐसे पुस्तकालय की आवश्यकता है जिसमें पाश्चात्य, पौर्वात्य एवं यूनानी वैद्यक शास्त्र की पुस्तकों से पूर्ण एक बड़ी पुस्तक-शाला हो। इस पुस्तकशाला में सभी भाषा की नवीन प्रकाशित पुस्तकों के साथ ही साथ अप्राप्य, अधिक मूल्य वाली अथवा अप्रकाशित पुस्तकों का भी संग्रह होना चाहिये।

रुग्णालय—इस महाविद्यालय के लिए एक अच्छी दवाशाला की भी आवश्यकता होगी जिसमें रोगी रखे जा सकें जिनकी चिकित्सा विद्यार्थी कर सकें।

विद्यार्थी-भवन—विद्यार्थियों के रहने के लिए विद्यार्थी-भवन की आवश्यकता भी प्रतीत होती है। यह भवन यथा शक्ति दवाखाना के पास होना चाहिये जिससे विद्यार्थियों को अनेक प्रकार के रोगियों को देखने का प्रत्यक्ष ज्ञान का लाभ हो सके।

अभ्यासक्रम, परिचारिकायें और दाइयाँ—अपना कार्य सरल और ठोस बनाने के लिए गुजरात में स्थापित होने वाले महाविद्यालयों में सबका अभ्यास क्रम एक समान होना चाहिये और सब पाठशालाओं के विद्यार्थियों की परीक्षा एक संस्था द्वारा ही होना चाहिये जिससे व्यवहार नियमपूर्वक निभ जाय। स्त्री रोगियों के लिये दाइयों की आवश्यकता है, विशेषतः प्रसूति का ज्ञान होना उन्हें आवश्यक है जिससे प्रसूति रोग से होनेवाली मृत्यु रोकी जा सके।

उपवैद्य – वैद्यों के लिए सुशिक्षित उपवैद्य अथवा कम्पाउण्डर की भी आवश्यकता है जो उनकी लिखी हुई औषधियाँ, रोगियों को, वय के अनुसार मात्रा एवं अनुपान सहित दे

सकें। निरक्षर और अज्ञान कम्पाउण्डरों द्वारा अथवा शिक्षित कम्पाउण्डरों की लापरवाही से रोगियों के जीवन के अंत होने के दृष्टान्तों की कमी नहीं है अतः इस वर्ग के लिए भी विशेष प्रमाण-पत्र देने की आवश्यकता है, इससे हम लोगों की बहुत बड़ी कठिनाई दूर हो जायगी।

फर्माकोपिया

हममें से भिन्न-भिन्न वैद्य एक ही दवा बनाने में भिन्न-भिन्न द्रव्यों का उपयोग भिन्न-भिन्न ग्रन्थ के पाठानुसार करते हैं। इसके बदले में यदि सब वैद्य पाश्चात्य-पद्धति के अनुसार एक ही पाठ ग्रहण करें तो इससे बहुत लाभ हो और हमारा काम सफल हो जाय। इसपर आप अपना निश्चित विचार प्रकट करेंगे और एक निर्णय पर पहुँचेंगे, यह मेरी विनती है।

आरोग्याश्रम

गुजरात प्रान्त में दिन-प्रतिदिन प्राणघातक क्षयरोग का ज़ोर बढ़ता जाता है, उसपर विचार करने से हमें आरोग्याश्रम की विशेष आवश्यकता प्रतीत होगी। जिस-जिस स्थान का जल-वायु ऐसे रोगियों के लिए अनुकूल हो उस स्थल पर क्षयरोग की चिकित्सा के लिए आरोग्याश्रम बनवाने की विशेष आवश्यकता है। प्रान्त के राजा महाराजाओं एवं धनिकों को आरोग्याश्रम की उपयोगिता समझा कर जिस प्रकार हो सके शीघ्रातिशीघ्र आरोग्याश्रम खोलने का प्रयत्न करना चाहिये क्योंकि क्षय जैसी भयानक व्याधि से भारत देश आज दुर्दशा को प्राप्त हो रहा है।

हस्तलिखित पुस्तकों का संशोधन और प्रकाशन

आयुर्वेद के हस्तलिखित प्राचीन ग्रन्थों में से—जो अब तक अप्रकाशित हैं—जो कुछ मिल सकें उनका संग्रह कर प्रकाशित करने की विशेष आवश्यकता है। ऐसी पुस्तकें बड़ौदा सेन्ट्रल लायब्रेरी, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी बम्बई तथा कलकत्ता, संस्कृत कालेज कलकत्ता, क्वींस कॉलेज बनारस, आनन्दाश्रम पूना, मैसूर, नैपाल, बीकानेर पाटन आदि स्थानों के पुस्तकालयों से एवं भिन्न-भिन्न प्रान्तों के विद्वान वैद्यों के घर से मिल सकती हैं। मेरा विश्वास है कि इन ग्रंथों का संशोधन और प्रकाशन होने से आयुर्वेद की बहुत अच्छी उन्नति हो सकेगी। इसके अतिरिक्त जैन-साधुओं और यतियों के पास भी आयुर्वेदिक दवाओं के प्राचीन नुस्खे और टिप्पणियाँ मिल सकती हैं, उनका भी संग्रह कर छपवाना चाहिये। विषय-प्राधान्य ग्रन्थों के सम्बन्ध में रा० वैद्यराज जयशंकर भाई लिखित "आयुर्वेद की उन्नति का खुलासा" नामक निबंध में जो सूचनायें दी हैं उनपर भी मेरी विनती है कि आप विशेष ध्यान दें।

पारिभाषिक शब्दकोष

अंग्रेज़ी में परिभाषा निश्चय करने के लिए जैसी मेडिकल डिक्शनरी है, उसी प्रकार आयुर्वेद की परिभाषा निश्चय करने के लिए एक शब्दकोष की विशेष आवश्यकता है। इस शब्दकोष से आयुर्वेदीय परिभाषा के शब्दों का अर्थ सरल रीति से समझ में आयेगा, इतना ही नहीं बल्कि वर्तमान औषधों के निर्णय में भी संभ्रम होना बंद हो जायगा।

वैद्य सभाओं का प्रबंध और वैद्यों का संगठन

इस युग में समाज बल बहुत ही श्रेष्ठ बल समझा जाता है। प्रत्येक समाज अपने संघ बल का प्रबन्ध करता है उसी प्रकार वैद्यों को भी अपना संघबल एकत्र कर उसके द्वारा अपना

स्वत्व प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिये। जबतक वैद्य-समाज अपना संगठन नहीं करता तब तक जनसमाज से वह अपना हिस्सा योग्य प्रमाण में प्राप्त न कर सकेगा और वर्तमान काल की दुर्दशा भी ऐसे प्रबन्ध भाव से ही है। इससे वैद्य सभाओं के प्रबंध की आवश्यकता स्पष्ट दिखाई देगी। गुजरात प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन भी ऐसी वैद्य-सभाओं की आभारी है।

मेरी उपरोक्त सूचना के अनुसार यदि कार्य किया जाय तो हमारे आयुर्वेद के प्रति अत्यन्त अभिरुचि उत्पन्न हो जाय और पाश्चात्य वैद्यक का मोह धीरे-धीरे कम हो जाय।

औषधों की संदिग्धता और उसका निर्णय

हमारी औषधों में से कितनी ही संदिग्ध रह गई हैं उनका भी निर्णय करने की विशेष आवश्यकता है। हमारी औषधियाँ निम्नाङ्कित छः कारणों से संदिग्ध रह गई हैं।

१—आयुर्वेद के शिष्ट ग्रन्थों में लगभग सात सौ वनस्पतियों का उपयोग लिखा है किन्तु उनमें से कईयों का पीछे ग्रंथकारों द्वारा उपयोग किया जाना नहीं मालूम पड़ता। निघंटु में उनका उल्लेख ही नहीं है। इस कारण से चरक सुश्रुत की बहुत सी वनस्पतियाँ देशकाल के बदल जाने से दिखाई नहीं देती तब उनका उपयोग ही कहाँ से हो?

२—बहुत सी औषधियों का ग्रन्थों में अत्यन्त उपयोग है किन्तु परंपरा टूट जाने से दिखाई नहीं देती जैसे जीवक, ऋषभक आदि।

३—ग्रंन्थों में लिखित बहुत सी वनस्पतियाँ इस समय उपयोग में नहीं आती क्योंकि उनका नाम तो ज्ञात है किन्तु वे सब स्थान पर सरलता पूर्वक प्राप्य नहीं है। जैसे शालिपर्णी, राखा आदि।

४—प्रान्तभेद के कारण बहुत सी वनस्पतियाँ संदिग्ध रह गई हैं जैसे वचोनाक, काकनासा, शंखपुष्पी, ब्राह्मी आदि।

५—बहुत सी अब तक संदिग्ध और अज्ञात थीं किन्तु उन औषधियों को शास्त्र के साथ मिलान करके देखने से संदिग्ध मालूम होती हैं। जैसे जीवन्ती, त्रिकन्टक आदि।

६—कितनी ही को वनस्पति शास्त्री संदिग्ध मानते हैं जैसे दारुकी। यह प्राचीन स्वर्णक्षीरी नहीं है। वनस्पति शास्त्री के कथनानुसार यह अमेरिका में उत्पन्न होती है।

इन छः कारणों से उत्पन्न संदिग्धता दूर करने की विशेष आवश्यकता है, जिसके लिए "आयुर्वेदीय वनस्पति प्रचारक" नाम की एक संस्था यदि बनायी जाय तो बड़ा लाभ हो सकता है।

इसके अतिरिक्त वैद्यसम्मेलन-पत्रिका (पु० १० सं० २) में जो संदिग्ध औषधियों की सूची छपी हुई है, उनका निर्णय होना अत्यन्त आवश्यक है।

निघंटु में परिवर्तन-परिवर्द्धन

वनस्पति के सम्बन्ध में वनस्पतिशास्त्र के ज्ञाता गुजरात के सुप्रसिद्ध वृद्ध वैद्य जयकृष्ण इन्द्रजी भाई ने "वनस्पति शास्त्र" और "कच्छ की जड़ी बूटी" नामक पुस्तकें प्रकाशित कर हमारा महद् उपकार किया है। इन ग्रंथों में वनौषधि की परीक्षा, गुण-दोष आदि का वर्णन बड़ी अच्छी रीति से किया गया है। इस सम्बन्ध में मेरी इतनी ही विनती है कि नवीन निघंटु तैयार करने में उनकी एवं उनके ग्रंथों की सहायता प्राप्त करनी चाहिये।

औषध द्रव्यों की मात्रा और अनुपान

आयुर्वेद के अमूल्य रस-औषध जैसे हिरण्यगर्भ, सूतशेखर, राजमृगाङ्क, मृगांक आदि की बनावट एक समान होनी चाहिये क्योंकि ऐसी औषधों के बनाने में गुरुभेद देखने में आता है। साथ ही ऐसी औषधों के अनुपान-संबंधी भी बहुत मतभेद देखने में आते हैं। आयुर्वेद शास्त्र में मात्रा महामात्रा और दूसरी औषधियाँ प्रत्येक रोग पर अनुपान भेद से दी जाती हैं। देखने में आता है कि वर्तमान समय में यह पद्धति बहुत कम हो गई है जिससे दवा अपना पूरा असर नहीं करती। यह अनुपान-पद्धति अवश्य ही लाभदायक है अतः विद्वान् वैद्यों की एक समिति द्वारा निर्णय कर, पुस्तक रूप में छपाने से साधारण जनसमाज के लिए बहुत उपयोगी होगा।

इसके अतिरिक्त औषध-द्रव्य और प्रयोग की मात्रा सम्बन्धी भी एक समान नियम बनाने की बहुत आवश्यकता है क्योंकि—"स्थितिर्नास्त्येव मात्रायाः कालमग्निं वयो बलं। प्रकृतिं दोषदेशौच ज्ञात्वा मात्रां प्रयोजयेत्।"

इस प्रकार यद्यपि आयुर्वेद का एक सिद्धांत है फिर भी नवीन चिकित्सक और अनुभव-रहित वैद्यों के लिए मात्रा के निश्चित नियम की आवश्यकता है। निघंटु में भी मात्रा सम्बन्धी उल्लेख कहीं दिखाई नहीं देता, इसलिए प्रसिद्ध प्रयोगों की, वर्तमान काल के अनुकूल, मात्रा का अनुभवी वैद्यों द्वारा निर्णय होना चाहिये।

मानपरिभाषा और उसका निर्णय

मानपरिभाषा के सम्बन्ध में भी भिन्न-भिन्न ग्रंथों में अन्तर देखने में आता है, इतनाही नहीं बल्कि भिन्न-भिन्न प्रान्तों में भी जिस मानपरिभाषा का व्यवहार में उपयोग होता है उसमें भी अन्तर देखने में आता है। इससे उत्पन्न होने वाली गड़बड़ी को दूर करने के लिए समस्त भारतवर्ष की मानपरिभाषा एक समान हो होने की विशेष आवश्यकता का अनुभव मैं करता हूँ।

विशेष चिकित्सक

इसके उपरान्त कई एक रोगों के लिए विशेष चिकित्सकों को भी बड़ी संख्या में तैयार करने की आवश्यकता है। आज संग्रहणी, क्षय, अर्श, भगंदर, उपदंश, आदि के लिए विशेष चिकित्सक थोड़ी संख्या में हैं और वे बड़ी अच्छी रीति से रोगों को दूर कर सकते हैं। इसके उपरांत रजबी तथा हाडवैद्य भी जिस स्थान पर डॉक्टर ऑपरेशन करके निराश हो जाते हैं वहाँ विजय प्राप्त करते हैं। ऐसे चिकित्सकों को हमें मान भरी दृष्टि से देखना चाहिये और यह प्रयत्न करना चाहिये कि ऐसे लोग अपनी चिकित्सा का प्रचार बड़े प्रमाण में कर सकें।

डाक्टरों द्वारा आयुवद की सेवा

गृहस्थो! बंगाल और मद्रास के डाक्टर स्व० कविराज यामिनी भूषणराय, कविराज गणनाथ सेन, स्व० कविराज विजयरत्न सेन, कविराज राजेन्द्र नारायण सेन शास्त्री, डा० सुरेन्द्र चन्द्र भट्टाचार्य आदि अनेक विद्वानों ने आयुर्वेद के लिये अपना तन, मन और धन समर्पण किया था और कर रहे हैं। स्व० कविराज यामिनी भूषण राय ने सदिच्छा से प्रेरित

होकर पचास हजार से भी अधिक व्यय कर आयुर्वेदिक कॉलेज चलाने में सहायता की है। जो कुछ बंगाल और संयुक्त प्रान्त ने आयुर्वेद के लिए त्याग किया है उसके सामने गुजरात का त्याग नहीं के समान है। गुजरात प्रान्त में "प्रभुराम आयुर्वेदिक कॉलेज" बहुत समय से चल रहा है और प्राणाचार्य डाक्टर पोपट प्रभुराम, अपने पिता के आयुर्वेद के सबल सिद्धान्तों का स्वयं डाक्टर होते हुए भी प्रचार कर रहे हैं। इसके उपरान्त डा० सुमन्त मेहता और डा० बाला भाई नाणावटी ने भी आयुर्वेदोद्धार के लिए कठिन परिश्रम किया है जिसके परिणाम स्वरूप पाटण आयुर्वेदिक कालेज आज चल रहा है। उपरोक्त दोनों कालेजों में दोनों पद्धतियों का अनुसरण कर अभ्यास क्रम रखा गया है। मेरी इच्छा है कि इसी प्रकार के और भी कॉलेज खुलें एवं वैद्य तथा डाक्टर आयुर्वेद के उद्धार के लिए एकमत होकर कार्य करें।

आयुर्वेद की उन्नति के लिए राज्याश्रय की आवश्यकता

मद्रास, संयुक्त प्रान्त आदि प्रान्तों में सरकार द्वारा आयुर्वेदिक महाविद्यालय-स्थापन करने के लिए लाखों रुपयों की सहायता दी गई है। मैं आशा करता हूँ कि हमारी मुंबई सरकार भी आयुर्वेद की उन्नति के लिए ऐसे ही महाविद्यालय की स्थापना करेगी! इस संबंध में गतसम्मेलन में बंबई सरकार से प्रार्थना करने का प्रस्ताव हुआ था और प्रार्थना पत्र भेजा भी गया था। इस सम्बन्ध में बंबई लेजिस्लेटिव काउंसिल में प्रश्न करने पर सरकार की ओर से उत्तर मिला था कि मद्रास सरकार ने जिस महाविद्यालय की स्थापना की है उसका परिणाम देखने पर यदि उचित समझा गया तो यहाँ भी उसीके अनुसार कार्य किया जायगा। यहाँ पधारे हुए वैद्य महाशयों को इस सम्बन्ध में योग्य विचार कर, मद्रास, बंगाल और संयुक्त प्रान्तों की सरकार ने जैसे महाविद्यालय की स्थापना की है, वैसा ही बंबई सरकार करे और सिविल हॉस्पिटलों में आयुर्वेद के लिए भी एक विशेष विभाग रखा जाय, इसका प्रयत्न करना चाहिये।

म्यूनिस्पैलिटी और लोकलबोर्डों से भी हमें विनती करनी चाहिये कि जिस प्रकार भी हो सके अधिक प्रमाण में अपने प्रान्त में देशी दवाखाना खोलकर आयुर्वेद को उत्तेजन दें।

अहमदाबाद म्युनिस्पैलिटी ने इस संबंध में गत संमेलन के पश्चात् वैद्यसभा की विनती को ध्यान में रखकर एक देशी दवाखाना के लिये प्लॉट देने का निश्चय किया है। जिला लोकल बोर्ड भी म्यूनिस्पैलिटी का अनुकरण कर स्वयं दवाखाना खोलेंगे ऐसी आशा है। म्यूनिस्पैलिटी को अहमदाबाद के दानशील गृहस्थों से हॉस्पिटल खोलने के लिए पाँच लाख रुपये की बड़ी रकम मिली है उसमें आयुर्वेद के लिए विशेष भाग रखा जाय, इसका प्रयत्न करने की विशेष आवश्यकता है।

साथही प्रान्त के आयुर्वेदानुरागी राजा-महाराजा भी इस सम्बन्ध में अपने राज्य में धर्मादा आयुर्वेदिक दवाखाना, पाठशाला की स्थापना करें, इसका प्रयत्न करना चाहिये।

सुज्ञ सज्जनों, विद्वान चिकित्सको और सुशील सन्नारियो! आपका मैंने बहुत अमूल्य समय लिया है, जो कुछ मुझे कहना था उसे मैंने संक्षेप में कहा है जिसमें बहुत सी बातें कहने की रह गई होंगी किन्तु अब मैं आपका और समय लेना नहीं चाहता। आपने शांति पूर्वक जो मेरा वक्तव्य सुना है उसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। यदि भाषण में कहे गये शब्दों से किसी को कुछ असंतोष हुआ हो अथवा कुछ भूल दिखाई दी हो तो आप "प्रमादो

वैद्यराज पं. हरिप्रसाद सी. भट्ट.
'आयुर्वेदाचार्य।
'भिषगाचार्य-धन्वन्तरि'

वे. शा. सं. लक्ष्मीनाथ व. शास्त्री.
बी. ए. (ऑनर्स).
प्रिन्सिपाल.

यशवंत रा. पंडित.
डी. ए. एम्.
(गृहीतायुर्वेद).

मानुषो भावः" के अनुसार मुझे क्षमा करेंगे। अन्त में धन्वन्तरि भगवान जिन्होंने महान कृपा कर पृथ्वी पर आयुर्वेद का प्रचार किया है, वही परम कृपालु भगवान हमारे कार्य में सहायभूत हों, ऐसी प्रार्थना कर मैं अपना भाषण समाप्त करता हूँ।

सुधाकुम्भं हस्ते दधदमरतार्थं सुमनसां
रहस्यं जिह्वाग्रे गदहरमथर्वोपनिषदाम् ॥
मणिं श्रीवत्साङ्के हृदि जलनिधेर्योऽजनि पुरा
विनिघ्नन् विघ्नं वः सुखयतु स धन्वन्तरिविभुः ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ श्री धन्वन्तरये नमः ॥

श्री गुजरात प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन, तृतीय अधिवेशन, सूरत के

सभापति वैद्यराज त्र्यंबकलाल त्रिभुवनमुनि का

भाषण

जनको गिरजा माता गिरजा माता च यस्य विख्याता ।
परमेकरदं वंदे परमेकादं सुवां बुधौ वरदम् ॥

हिमालय पर्वत के जामाता अर्थात् शंकर जिसके पिता हैं और हिमालय पर्वत की पुत्री पारवती जिसकी माता हैं ऐसे एक दन्त वाले श्रेष्ठ गणपति जो गम्भीर भवसागर में सहायता करनेवाले और वरदान देनेवाले हैं उन्हें मैं नमस्कार करता हूँ ।

क्षीरोदधि संभूतं धृत्वा हस्ते सुधामृतं कुंभम् ।
सुरसंघरक्षणार्थं देव धन्वन्तरिं मुदा वंदे ॥

क्षीर-सागर में से अमृत से भरा हुआ घड़ा लिये हुए देवताओं की रक्षा के लिए उत्पन्न हुए धन्वन्तरि भगवान की मैं आनन्द से वंदना करता हूँ ।

राजा भोज द्वारा रचा हुआ निम्नलिखित श्लोक से सर्व ब्राह्मणों को मैं नमस्कार करता हूँ ।

उच्चैर्गतिर्जगति सिध्यति धर्मतश्चेत्तस्य प्रमाच वचनैः कृतकेतरैश्चेत् ।
तेषां प्रकाशनदशात्र महीसुरै श्चेत्तानंतरेण निपते तनु मत्प्रणामः ॥

यदि इस जगत् में उच्च गति धर्म से प्राप्त होती हो और उस धर्म में प्रमाण स्वरूप वेदों की गणना हो और उन वेदों का उत्कर्ष करनेवाले और प्रचार करनेवाले ब्राह्मणों को छोड़ कर किसको मैं प्रणाम करूँ ।

विद्वान् वैद्यराजगण, सुशील बहनों और सज्जन वृंद !

आप सब बन्धुओं ने मुझे इस सम्मेलन का सभापति मनोनीत कर मेरा जो सन्मान किया है उसके लिए मैं आप सबका अन्तःकरण से आभारी हूँ । यहाँ एकत्रित सर्व बन्धुओं का आन्तरिक हेतु एक ही है और वह आयुर्वेद का अभ्युदय किस प्रकार हो इसपर विचार करना है । प्राचीन समय में भारतवर्ष में रोगियों की चिकित्सा केवल आयुर्वेद की पद्धति से की जाती थी । उस समय दूसरी पद्धतियों का अस्तित्व मात्र भी नहीं था । दूसरे देशों से अत्यधिक संख्या में विद्यार्थीगण हमारी वैद्यक-विद्या सीखने के लिये आते थे । राजा अलेक्जेन्ड्रा ने अपनी सेना में सर्प विष की चिकित्सा करने के लिये भारतवर्षीय वैद्यों को बुलाया था । यह बात इतिहास-प्रसिद्ध है किन्तु इस समय अनेक प्रकार के चिकित्सा-

श्रीमान् प्राणाचार्य, वैद्यराज स्व. वा. त्र्यम्बकलाल त्रिभुवन मुनि बंबई।
अध्यक्ष, गुर्जरप्रान्तीय ३ वैद्यसंमेलन सुरत (सन १९२७)।

शास्त्र संसार में प्रचलित हैं। सब अपनी-अपनी चिकित्सा-पद्धति की प्रशंसा कर रहे हैं। यहाँ पर उन पद्धतियों का नाम मात्र का उल्लेख मैं करूँगा—अलोपैथी, जिस रीति के अनुसार डाक्टर लोग वर्तमान समय में उपचार करते हैं; होमियोपैथी, (रोग-औषध साद्दश्य सिद्धान्त) हाइड्रोपैथी, (जलचिकित्सा) क्रोमोपैथी (सूर्यरश्मि-चिकित्सा अथवा रंग रसायन) अलेक्ट्रो होमियोपैथी (काउन्टमेंटो का चिकित्सा) फादर मुलर स्पेसिफ़िक्स, यूनानी रीति और अपना आयुर्वेद। इन सब में आयुर्वेद सबसे प्राचीन है और उसका प्रचार हिन्दुस्तान, तिब्बत, ब्रह्मदेश, लंका आदि देशों में है किन्तु योरोप और अमेरिका में दो पद्धतियों का विशेष प्राबल्य है। पहली अलोपैथी और दूसरी होमियोपैथी; इनमें से अलोपैथी के मूल सिद्धान्त और अनेक औषधियाँ हमारे आयुर्वेद में से ही लिये गये हैं। प्रारम्भ में वे हमारे त्रिदोष के सिद्धान्त को मानते थे किन्तु जबसे रोगों के जन्तुओं (Germs) की खोज हुई है तब से इन जन्तुओं को रोगों की उत्पत्ति का मुख्य कारण मानते हैं और जन्तुओं को नाश करने वाली दवाओं की खोज में लग गये हैं। कितना ही नवीन-नवीन दवायें वे प्रसिद्ध में लाते हैं किन्तु थोड़े ही समय पश्चात् ये दवायें अन्धकार में कहाँ लुप्त हो जाती हैं इसका पता भी नहीं लगता। इसके अतिरिक्त दो नवीन सुधार उन्होंने उपचार-शास्त्र में किया है, प्रथम, तात्कालिक गुण देने वाली उग्र औषधियों में से रसायन-क्रिया द्वारा सत्व निकालने का; जिस सत्वमय पदार्थ को अलकोलाइड् कहते हैं और उग्र असर करने में दो मूल पदार्थों से भी बढ़ जाते हैं। इस खोज के प्रारम्भ में ऐसे पदार्थ रोगियों को मुख द्वारा दिये जाते थे; ऐसे सत्वमय पदार्थों से चिकित्सा करने के लिये अमेरिका में एक ग्रन्थ लिखा गया है जो अलकेलॉइड्स थिरेपी (Alkaloid's Therapy) नाम से प्रसिद्ध है। इतने से भी सन्तुष्ट न होकर औषधों को और भी उग्र असरवाली बनाने के लिये उन्होंने पिचकारी द्वारा औषधों को रगों में प्रवेश करना प्रारम्भ किया। यह प्रथा हाइपोडरमिक इञ्जेक्शन्स् (Hypodermic Injections) के नाम से प्रसिद्ध है और इसमें भी इन्ट्रा मसक्यूलर (Intra Muscular) इन्ट्रावेनस (Intravenous) आदि भेद हैं। दूसरी रीति से भी रगों में प्रवेश करनेवाली दवायें बनायी गई हैं। रोगों का कारणभूत माने हुए भिन्न-भिन्न जाति के जन्तुओं में से भिन्न-भिन्न जाति के रस बनाये जाते हैं। फिर किसी रोगी का अशुद्ध रक्त लेकर उसमें से भी उसके लिये रस बनाये जाते हैं। रोग की स्थिति में रोगी के शरीर में से निकलने वाले विकृत पदार्थों में से भी इसी प्रकार के रस बनाये जाते हैं। ऊपर जो सत्वमय पदार्थ का मैं वर्णन कर चुका हूँ उसमें पचासी प्रतिशत जहरीले पदार्थ हैं। यदि ये प्रमाण में बढ़ते जाँय अथवा शरीर में इनका धीरे-धीरे संचय होता जाय तो विनाश कारक परिणाम हुए बिना नहीं रह सकता; इन पदार्थों पर विशेष ध्यान देने के लिए यहाँ पर उनका कुछ विशेष विवेचन करता हूँ। मोरफिया (Morphiæ) एपोमोरफिया (Apomorphiæ) कोडीन (Codeine) हिरोइन (Heroin) आदि सत्व अफ़ीम में से बनते हैं। कुचला में से स्ट्रिकनियाँ निकाली जाती है। धतुरा में से डेटुराईन (Dhaturine) बेलाडोना नामक विषैले वृक्ष में से एट्रोपाइन (Atropine) खुरासानी अजवाईन में से हायोसियेमाइन (Hyosiyamine) और हायोसिमा (Hyocima) तथा सोमल, पारा, लोह आदि द्रव्यों का भी पिचकारी द्वारा उपयोग करने में आता है। वर्तमान समय में ऐसी परिस्थिति है कि यदि किसी रोग ने भयंकर रूप धारण किया अथवा कुछ विशेष दिन लग गये तो उसमें इन्जेक्शन देने की विशेष रूप से सलाह दी

जाती है; इतने से भी पूरा न पड़ने पर साथ में पीने की दवा भी चलती रहती हैं। इस प्रकार इस एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में मुख्यतः दो बातें देखने में आती हैं एकतो इन्जेक्शन और दूसरा चीड़फाड़ (Operation)। इन इन्जेक्शनों से बहुधा रोगियों को कठिन वेदना होती है। कभी सूजन हो जाती है, कभी ज्वर हो जाता है। ऐसे ऐसे इन्जेक्शन छः बार अथवा इससे अधिक लेना पड़ता है। क्वचित उग्र विषमय दवाओं के असर से यकायक मृत्यु हो जाने के दृष्टान्त भी देखने में आये हैं।

एक एक इन्जेक्शन का पांच, पचीस, पचास और इससे भी अधिक रुपया मूल्य देना पड़ता है। डाक्टरों को घर बुलवाने की फीस अलग। मेरे कहने का मतलब सिर्फ इतना ही है कि बड़े बड़े धनवानों को भी ऐसे खर्च से कष्ट होता है; तब बिचारे गरीब मनुष्यों की क्या गिनती है। जिसके घर में दस बीस दिवस लायक भोजन के लिए अन्न भी न हों ऐसे लोगों के लिये यह पद्धति तो बिल्कुल अयोग्य ही है। बहुधा रोगियों को कुछ समय तक रोग-मुक्त हुआ मालूम पड़ता है; किन्तु पुनः पुनः वह रोग उठकर रोगी को तंग करता है। गतवर्ष में प्रकाशित हुए एक एलोपैथिक ग्रन्थ में स्पष्ट लिखा है कि यदि आपको अपना रोग निर्मूल करना हो तो नियमित रूप से दो वर्ष तक औषध का सेवन कीजिये। तदुपरान्त इन्जेक्शन के लिये इन्जेक्शन के सीरम (Serum) भी अधिकांश परदेश से ही आते हैं। यहाँ भारतवर्ष में पास हुए डाक्टरों में से शायद ही कोई इसे बनाना जानता हो। वर्तमान समय में मुख-मार्ग द्वारा दवा लेने में डाक्टरों को अधिकांश अंश में अविश्वास है। इसीलिए वे बारंबार इन्जेक्शन लेने के लिये सलाह देते हैं। साथ-साथ खाने अथवा पीने की दवा तो चलती ही रहती है। अब यदि रोगी रोग-मुक्त हो जाय तो वह इस बात का कैसे निर्णय करे कि वह इन्जेक्शन से रोग-मुक्त हुआ है या पीनेवाली दवा से। मलेरिया के सम्बन्ध में भी कहा जाता है कि यदि तुम्हें मलेरिया से छुटकारा पाना हो तो दो, तीन, मास तक बराबर क्विनाइन (Quinine) का सेवन करो। यह एलोपैथिक पद्धति का आपके समक्ष सारांश रूप में वर्णन किया। एलोपैथिक शब्द का मूल अर्थ तो यह है कि सर्दी ऊपर गरम औषध देना और गर्मी के ऊपर शीतल। किन्तु वर्तमान समय में वे इस सिद्धान्त को स्वीकार नहीं कर सकते और सर्वथा कीटाणुओं को ही रोगों का कारण मानते हैं। अब दूसरी उपचार-पद्धति जिसकी खोज सौ वर्ष हुए हुई है उसका वर्णन सारांश रूप में आपके सामने करूँगा।

जर्मनी के डाक्टर हैनिमेन ने एक ऐसी शोध की कि आरोग्य स्थिति में कोई भी उग्र औषध यदि खाई जाय और उससे शरीर में जैसे लक्षण उत्पन्न हों वैसे लक्षणवाले रोग उसी औषध के सूक्ष्म प्रमाण से दूर हो सकते हैं। उदाहरण-स्वरूप सोमल खाने से कै, दस्त, दाह, तृषा, ज्वर आदि लक्षण शरीर में उत्पन्न होते हैं तो ऐसे ही लक्षण जिस रोग में दृष्टिगोचर हों उस रोग में सूक्ष्म प्रमाण में उसी औषध को देने से रोग दूर होते हैं। Likes are cured by likes हमारे यहाँ भी 'विषस्य विषमौषधम्' यह वाक्य इस होमियोपैथी के सिद्धान्त की पुष्टि करता है। जर्मनी में इसके मूल को रोपे हुए यद्यपि सौ वर्ष ही व्यतीत हुए हैं फिर भी इस थोड़े समय में यूरोप के देशों में, एवं उत्तर दक्षिण अमेरिका, अफ्रिका, अष्ट्रेलिया, हिन्दुस्तान आदि देशों में दिनों दिन उसका अत्यधिक प्रचार होता जा रहा है। इस सिद्धान्त को एलोपैथिक डाक्टर बिल्कुल ही स्वीकार नहीं करते। कई बार इसका बहिष्कार करने पर भी यूरोप अमेरिका आदि सुधरे हुए देशों में इस सिद्धान्त के कॉलेज खोले गये हैं और वहाँ

नियमित पद्धति से शिक्षा दी जाती है। जहाँ एलोपैथिक डाक्टर अपने औषधों की आजमाइश जीवित प्राणियों पर करते हैं, वहाँ ये होमियोपैथिक डाक्टर जीवित निरोगी मनुष्यों पर अपने औषधों का अनुभव करते हैं और उसीसे औषधों का गुणदोष का ज्ञान प्राप्त करते हैं। एलोपैथिक डाक्टर एक औषध का प्रमाण पाँच-दस बूँद अथवा इससे अधिक देते हैं उसी स्थान पर ये डाक्टर एक बूँद का पाँच हजारवाँ भाग, दस हजारवाँ अथवा इससे भी अकल्पनीय प्रमाण में दवा का भाग देकर रोगी को आरोग्य करते हैं। इसपर तुरा यह कि इनकी औषध किसी प्रकार कड़वी या बदस्वाद नहीं होती और कोमल प्रकृति के मनुष्य को भी सरलता से अनुकूल हो जाती हैं। एलोपैथिक डाक्टर इस सिद्धान्त को नहीं मानते।

इस होमियोपैथिक से मिलती हुई एक तीसरी पद्धति भी है। इसका फल यह है कि शरीर के सूक्ष्म कणों की जिस क्षारमय द्रव्यों से रचना हुई है उसकी गति में अथवा प्रमाण में न्यूनता होने से रोगों की उत्पत्ति होती है और वही पदार्थ पुनः शरीर के सूक्ष्म प्रमाण में यदि प्रविष्ट हो जायँ तो रोग नष्ट हो जाते हैं। इस सिद्धान्त के अनुसार चलनेवाले डाक्टरों की संख्या भी बढ़ती जाती है और अपने देश में भी उसका प्रचार बढ़ रहा है। इस पद्धति की औषध भी निस्वाद और निर्दोष होती हैं, इसपर भी खूबी तो यह है कि किसी प्रकार का विष काम में लाया नहीं जाता।

यूनानी पद्धति भी बहुत समय से प्रचलित है। अधिकांश में यह आयुर्वेद से मिलती-जुलती है अतः इस सम्बन्ध में अधिक कहने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। इन पद्धतियों का यहाँ वर्णन करने का मूल कारण केवल इतना ही है कि यदि हम अपने आयुर्वेद की रक्षा के लिए तत्पर नहीं होंगे तो बहुत थोड़े ही समय में इन पद्धतियों के विशेष प्रचार से हमारा आयुर्वेद लुप्त हो जायगा। बहुत वर्षों से अंग्रेजी डाक्टर आयुर्वेद पर आक्षेप करते आते हैं कि आयुर्वेद के मूल सिद्धान्त अशास्त्रीय और अवैज्ञानिक हैं जिससे इसे शास्त्र नाम से नहीं पुकारा जा सकता। उनका कहना है कि आर्य वैद्यक का मूल पाया ही बुरे सिद्धान्त पर रचा हुआ है और वात, पित्त, कफ क्या है, उसे वे समझ ही नहीं सकते, इसके सम्बन्ध में पहले सम्मेलनों के अवसर पर बहुत कुछ कहा जा चुका है अतः पृष्टपेषण कर व्यर्थ आप लोगों का समय नष्ट करना है। मैं केवल इतना ही दिखाने का प्रयत्न करूँगा कि यह त्रिदोष सिद्धान्त वैज्ञानिकों द्वारा स्वीकृत प्रोटोप्लेज़्म (Protoplasm) के सिद्धान्त से कहाँ तक मिलता है। आयुर्वेद के ग्रन्थों के अंग्रेजी भाषान्तर हुए हैं जिनमें वायु का पर्याय wind अथवा Gas रखा गया है। श्वासोश्वास लेते समय अथवा मलद्वार से जिस वायु का निःसरण होता है वही वह वायु का केवल स्थूल रूप है किन्तु जो-जो क्रियायें शारीरिक अथवा मानसिक होती हैं वे सब वायु से ही होती हैं और वह उसका सूक्ष्म स्वरूप है। वाग्भट कहते हैं—"तेष्वापि-नोपि हृत्नाभ्योरधो मध्योर्ध्वं संस्थिता।" इसमें त्रिदोष को व्यापक कहा गया है, व्यापक पदार्थ उसी को कह सकते हैं जो शरीर में सूक्ष्म से सूक्ष्म अणु में विद्यमान रहता है, इसी प्रकार पित्त भी शरीर के प्रत्येक अणु में उष्णता का समानत्व बनाने वाला तत्व है। वमन के साथ जो कड़वा खट्टा पदार्थ निकलता है तथा यकृत में से जो पदार्थ खुराक के साथ मिलकर उससे रुधिर बनाता है वह पित्त का स्थूल स्वरूप है। पित्त का स्वरूप पतला है इसके विपरीत कफ का स्वरूप गाढ़ा है। पित्त कड़वा खट्टा होता है जब कि कफ मधुर और क्षार गुणवाला होता है। कफ शीत प्रधान है और पित्त उष्ण प्रधान है। इस प्रकार थोड़े में

विवेचन कर प्रोटोप्लेज्मिक थियरी में (Protoplasmic Theory) हमारे शरीर की रचना के सम्बन्ध में जो वर्णन किया गया है उनमें से कुछ उद्धरण आपके सम्मुख रखूँगा जिससे दानों की तुलना हो सके। हमारे शरीर में प्रोटोप्लेज्म नामक पदार्थ जिसे वाइट कॉरपसल्स (White corpuscles) भी कहते हैं, यह पदार्थ कैसा है उसका वर्णन नीचे लिखे अनुसार किया गया है—

This white corpuscle is a structureless, transparent, colourless, semifluid substance consisting of minute spherical particles of very complex chemical constitution and in continued spontaneous movement. This protoplasm does all the vital work of the organism. It is protoplasm which is the formative agent for all the tissues. According to the situation it lies into nerve muscle, epithelium, areolar tissue, bone. It has the power of taking up fresh pabulum from the blood and converting it into its own substance Thus the whole process of nutrition from the time that mechanical and chemical acts of digestion are over the chain of operation consisting of chylification and sanguification of the taking up of the blood plasma by the tissue and the formation from it of new material. All this is the work of protoplasm. No less is secretion performed by it. Every where active and every where present protoplasm is the agent in nutrition and secretion, so it is the vital function. It enables us to think and feel. It receives impression and conveys volition wherever we have living action i. e. action impossible to the same body when dead, then we have protoplasm at work. A portion of it is differentiated into a system previously unknown i. e. the nervous. This new organism while it lives its own life and carries on its own operation of nutrition and function exerts a regulating influence over the vegetative process which were before and are beneath it. Though they be for their own affairs independent of, it yet they all acknowledge its sway by its control (through the muscular coats of the arteries) of the circulation it determines the all important blood supply of the tissues.

यह सफेद पदार्थ आकृति-विहीन महीन गोल अणुओं का बना होता है जिसकी रसायनिक रचना बड़ी ही विचित्र, समझ में न आने वाली और हमेशा गतिमान रहती है। यह प्रोटोप्लेज्म हमारे शरीर के जीवन का सब कार्य चलाते हैं, शरीर की सब नाड़ियों का संचालन करते हैं और जहाँ वे शरीर के भाग की अनुकूल स्थिति में हों वहाँ वे शिरास्नायु, धमनी, त्वचा, अस्थि आदि में बल देते हैं। अपने पोषण के लिए आवश्यक तत्व वे रुधिर में से ले सकते हैं और उन्हें अपने समान बनाते हैं। शरीर में भोजन प्रविष्ट होने के पश्चात पोषण की सब क्रियायें जैसे रस, रुधिर आदि बनाने की, सब इस प्रोटोप्लेज्म से होती है। यह सब प्रोटोप्लेज्म का कार्य है। जिस प्रकार वह पोषण का कार्य करता है उसी प्रकार मल-विसर्जन का कार्य भी वही करता है अतः यही जीवनोपयोगी सब क्रियाओं का मूल स्थान है; हम जो कुछ इच्छा, अथवा विचार कर सकते हैं वह सब इसी की शक्ति के द्वारा ही है। इस प्रोटो-

प्लेज्म के एक भाग में से पूरा नरवस सिस्टम बनता है। यह नरवस सिस्टम अपना पोषण और अपनी सब क्रियायें चलाता है, इतना ही नहीं उसपर अपना पूर्ण अधिकार भी रखता है। यहाँ तक कि उसकी सहायता बिना उस स्थल का काम हो नहीं सकता। रुधिर की गति पर भी उसकी सत्ता होती है; शरीर के सूक्ष्म कणों को आवश्यक रुधिर देने की व्यवस्था उसके हाथ में है।

हमारा शास्त्र इस सम्बन्ध में क्या कहता है उस पर अब हम विचार करेंगे। वाग्भट्ट कहते हैं कि—'ते व्यापिनोपि' अर्थात् ये तीनों दोष शरीर भर में व्याप रहे हैं और जो अति सूक्ष्म होता है वही व्यापक रूप में रह सकता है इसलिए शरीर के प्रत्येक अणु में उसकी उपस्थिति आवश्यक है। सुश्रुत में लिखा है—

वातपित्तश्लेष्माण एव देहसंभव हेतवः

वात, पित्त, कफ यही इस शरीर की उत्पत्ति का मूल कारण हैं।

त एव व्यापन्नाः प्रलयहेतवः

वे जब बिगड़ते हैं तब शरीर का नाश करते हैं।

भगवान चरक अपने चरक संहिता में वायु का नीचे लिखे अनुसार वर्णन करते हैं—

वायुस्तन्त्रयन्त्रधरः प्राणोदान समान व्यानापानात्मा प्रवर्तकश्चेष्टानामुच्चावचानां नियन्ता प्रणेता च मनसः सर्वे इन्द्रियाणामुद्योतकाः। सर्वेन्द्रियार्थानामभिवोधा सर्वशरीरधातुव्यूहाकरः सन्धानकरः शरीरस्य प्रवर्तको वाचः प्रकृतिः स्पर्श शब्दयोः श्रोत्रस्पर्शतयोर्मूलं हर्षोत्साहयोर्योनिः समीरणोऽग्नेदोषः संशोषणः। क्षेत्रावहिर्मलानां स्थूलाणुस्रोतसां भेत्ता कर्त्ता गर्भाकृतिनां आयुषोऽनुवृत्ति प्रत्ययभूतो भवत्यकुपितः।

वायु इस शरीर रूपी यन्त्र को धारण करनेवाला है। प्राण, उदान, समान, व्यान और अपान उसके आत्मा रूप हैं। उच्च नीच सर्व चेष्टाओं का प्रवर्तक है। मन को नियम में रखने वाला और प्रसन्न रखनेवाला है। सब इन्द्रियों को उत्तेजित करनेवाला है। सब प्रकार के इन्द्रियार्थ (शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध) को वहन करनेवाला है। वाणी का प्रवर्त्तक, स्पर्श और शब्द का मूल-स्वभाव तथा श्रवण और स्पर्श का मूल है। हर्ष और उत्साह का कारण-रूप और अग्नि के दोष का संशोधन करने वाला है। शरीर के मल को बाहर निकालने वाला, छोटे-मोटे स्रोत का विभेदक, गर्भ की आकृति को बनाने वाला, आयुष की स्थिरता रखने वाला है। शुद्ध वायु उपरोक्त सब कार्य करने में समर्थ है।

प्रोटोप्लेज्म के सिद्धान्त और त्रिदोष सिद्धान्त इन दोनों में किस प्रकार की समानता है, इस पर हम विचार करेंगे। प्रोटोप्लेज्म अति सूक्ष्म अणु रूप है उसी प्रकार हमारा त्रिदोष भी सर्व व्यापी होने से अणु रूप और सूक्ष्म है। प्रोटोप्लेज्म सक्रिय है (Everywhere active) उसी प्रकार हमारा त्रिदोष भी अपनी क्रिया करता है। प्रोटोप्लेज्म में से रस, रक्त, स्नायु इत्यादि पूरा शरीर उत्पन्न होता है उसी प्रकार त्रिदोष में से भी सम्पूर्ण शरीर की उत्पत्ति मानी गई है। जिस प्रकार प्रोटोप्लेज्म में से उत्पन्न नरवस सिस्टम (Nervous System) की क्रिया से हमें ज्ञान-भान होता है उसी प्रकार वायु से भी ज्ञान-भान, इच्छा, इत्यादि क्रियाओं का होना शास्त्र लिखता है। जिस प्रकार शरीर की चेष्टा, चालचलन आदि पर नरवस सिस्टम अपनी सत्ता चलाता है वैसे ही वायु भी सब क्रियाओं और चेष्टाओं में मुख्य भाग लेता है। शास्त्र कहता है—

पित्तं पंगु कफः पंगुः पंगवो मलधातवः।
वायुना यत्र नीयन्ते तत्र वर्षन्ति मेघवत्॥

पित्त और कफ दोनों पंगु हैं, वायु उन्हें बादल के समान जहाँ चाहता है ले जाता है।

प्रोटोप्लेज़मिक सिद्धान्त में जिस वाइट कोरपसल्स का उल्लेख है वह अर्धद्रव (Semifluid) है। अतः द्रवरूप अर्थात् पतले पदार्थ को हम पित्त मान लें और उसमें के घन पदार्थ को कफ मान लें तो हमारा वात, पित्त और कफ का सिद्धान्त यथा शास्त्र सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार हमारे शास्त्रीय वात, पित्त कफ सिद्धान्त का आधुनिक विज्ञान-शास्त्र भी समर्थन करता है फिर यह कैसे अशास्त्रीय कहा जा सकता है? सबसे अधिक आश्चर्य की बात तो यह है कि जिसे हम वायु का रोग कहते हैं उन सब रोगों का समावेश अंग्रेज़ी निदान शास्त्रज्ञ ने Diseases of the nervous system and brain में किया है जिससे स्पष्ट ज्ञान हो जाता है कि यह नरवस सिस्टम और उससे होनेवाली सूक्ष्म क्रियायें ही वायु का स्वरूप है। आदि-वैद्यक में वात, पित्त और कफ का ८०, ४० और २० के क्रम से लक्षण दिया गया है। इसपर से किसी नवीन रोग का निदान और उसके मिटाने के उपाय सरलता से हो सकते हैं। इस त्रिदोष के सिद्धान्त द्वारा हमारा शास्त्र यह उपदेश देता है कि वात रोग का उपचार गरम और स्निग्ध, कफ का गरम और रूक्ष तथा पित्त का शीतल होना चाहिए। यह बात तो सभी के समझ में आ सकती है कि यदि किसी मनुष्य के हाथ पैर बरफ के समान ठंडे हो गये हों तो उस समय डाक्टर भी उसके लिये गरम उपचार ही करेंगे और बरफ न रखकर सेक आदि करने की सलाह देंगे। इसी प्रकार यदि किसी रोगी के संपूर्ण शरीर में दाह हो तब उसे ब्रान्डी, सोंठ, राई जैसे गरम पदार्थ न देकर शीतल उपचार ही करेंगे। इस प्रकार यद्यपि त्रिदोष के सर्दी, गर्मी के सिद्धान्त को वे स्वीकार नहीं करते फिर भी उपचार करने के समय उसी के अनुसार उन्हें चलना पड़ता है। क्वीनाइन से ज्वर में एक रोगी को लाभ पहुँचता है किन्तु उसी क्वीनाइन से दूसरे रोगी को लाभ नहीं होता; इसका कारण भी हमारी पद्धति के अतिरिक्त दूसरी पद्धति बताने में समर्थ नहीं है। हम अपने आयुर्वेद के सिद्धान्त के अनुसार कह सकते हैं कि क्वीनाइन वात, कफ, ज्वर को दूर कर सकती है किन्तु पित्त-ज्वर में उसका विरुद्ध असर होता है। इस प्रकार अनुभव होने पर पित्त-ज्वर में क्वीनाइन देने की कोई भी वैद्य भूल नहीं करेगा। अतः यह सिद्ध हो गया कि हमारे शास्त्र द्वारा निर्धारित सिद्धान्त बिलकुल ही सच्चे और वैज्ञानिक स्तंभपर रचे गये हैं और उसे सर्वमान्य होना चाहिये। इस सिद्धान्त के अनुसार हमारे देश में हजारों वर्ष से दवा दी जाती है, करोड़ों बार उसका अनुभव हो चुका है और करोड़ों मर्तबा वह रोग मिटाने में विजयी हो चुका है, अब भी हो रहा है और भविष्य में भी होगा; इसमें तनिक भी संदेह नहीं है।

इस स्थल पर, अंग्रेज़ी डाक्टर जो नवीन सिद्धान्त को मुख्य समझ कर, उसीको रोग का कारण रूप मानते हैं, उस संबंध में भी कुछ विचार करना आवश्यक है।

डाक्टर कहते हैं कि शरीर में जन्तु प्रविष्ट हुए और रोग की उत्पत्ति हुई। हमारे सुश्रुताचार्यगण ने भी दृश्य और अदृश्य ऐसे कृमियों का वर्णन किया है किन्तु उनका कहना यह है कि त्रिदोष में बिगाड़ होने पर ही उसमें जीव-जन्तु का पोषण हो सकता है। वर्त्तमान समय में डाक्टर अनेक प्रकार की जन्तुनाशक दवाओं की शोध चला रहे हैं जिसका मुख्य

उद्देश्य जन्तुओं का नाश करना है; किन्तु जब तक भीतर का भाग बिगड़ा हुआ है तब तक जन्तु बार-बार उत्पन्न होंगे अतः आवश्यकता ऐसी औषध के खोज निकालने की है जिससे यह शरीर रूपी क्षेत्र में सुधार हो और यह सुदृढ़ बने और इसमें कृमि टिक न सकें। अंग्रेज़ी निदानकार कहते हैं कि कृमि से रोग उत्पन्न होता है, हमारे निदानकार एक पद और आगे बढ़कर कहते हैं कि कृमि उत्पन्न होने का कारण कफादि दोषों के प्रकोप ही हैं। यदि वे अपनी आविष्कृत स्थिति में हों तो बाहर से प्रविष्ट होने वाले जन्तु उन्हें बिगाड़ ही नहीं सकते। प्रकृति की यह कैसी आश्चर्यजनक लीला है कि इस जर्म थियरी (Germ Theory) न मानने वाले भी रोग को अच्छा कर सकते हैं। यदि प्रत्येक रोग का कारण कीटाणु ही है तब उसका कारण दूर हुए बिना अर्थात् कीटाणुनाशक दवा दिये बिना उस रोग को नष्ट नहीं होना चाहिये। किन्तु इसके विपरीत हम सब ने हजारों बार इसका अनुभव किया है कि नीम की गुरुच जैसी साधारण वस्तु से भयङ्कर ज्वरों का नाश होता है। आज तक उसमें किसी भी डाक्टर ने कीटाणु नाशक गुण नहीं बताया है। अमेरिका जैसे उन्नत देश में होमियोपैथी और बायोकेमिक विद्याओं को एलोपैथिक के समान ही आश्रय दिया है, उसी स्थान पर भारतवर्ष ने रजिस्ट्रेशन का झगड़ा लगाकर वैद्यों को डाक्टर की पंक्ति से अलग करने का नियम चलाया है, अपने मन से डाक्टरों ने रोग अच्छा करने का इजारा स्वयं ले रखा है और बारम्बार आयुर्वेद को अशास्त्रीय और अवैज्ञानिक कहने से कहीं चूकते। अभी कुछ ही दिन हुए मेजर हूटन ने सरकार को सलाह दी है कि आयुर्वेद अशास्त्रीय और अवैज्ञानिक होने से उसे सहायता नहीं देनी चाहिये। मैं छाती ठोक कर कहता हूँ कि हमारे आयुर्वेद की रचना सुदृढ़ नींव पर हुई है। यदि इसकी नींव निर्बल होती तो पाँच पचास वर्ष में इसकी इमारत गिर पड़ती। आप ही विचार कीजिये कि यदि आयुर्वेद पद्धति से रोगी अच्छे न होते तो क्या यह हजारों वर्ष तक टिक सकती ? मान लीजिये कि एक वैद्य के पास पचास रोगी जाते हैं, यदि वह एक भी रोगी को अच्छा न कर सके तो क्या दूसरे दिन भला एक भी रोगी चिकित्सा के लिये उसके पास जायगा ? मद्रास सरकार द्वारा नियुक्त जाँच कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में आयुर्वेद और यूनानी दोनों पद्धतियों को शास्त्रीय सिद्ध किया है और जिस पद्धति का डाक्टर हूटन साहब इतना विरोध करते हैं उसी पद्धति के संबंध में बड़ी-बड़ी डिग्रीधारी उन्हीं के बन्धुओं का क्या मत है उसका प्रमाण मैं यहीं दे सकता हूँ उस बृहद् ग्रन्थ का नाम दी एलोपैथी जजड बाइ इट्स ओन प्रोफेसर्स (The Alopathy judged by its own professors) है। स्थल संकोच से उसमें से यहाँ पर उदाहरण नहीं देता। विशेष खूबी की बात तो यह है कि उसमें लेख लिखनेवाले डाक्टर साहबों ने स्वयं आयुर्वेद के किसी ग्रन्थ का अध्ययन किया हो ऐसा उन लेखों से मालूम नहीं होता, ऐसा करना क्या किसी विद्वान को शोभा देता है ? भाइयो ! हमारा आयुर्वेद हजारों वर्ष के अनुभव का भंडार है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रदत्त ज्ञान-रूपी खजाना—अमूल्य रत्नागार है। यदि ध्यान देकर हम इसको शोधन करेंगे तो इसमें से अमूल्य रत्न हम प्राप्त कर सकेंगे, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है अतः आलस्य त्याग कर आयुर्वेद के लिए हर एक तरह का प्रयत्न करने के लिए हमें कटिबद्ध हो जाना चाहिये। हमें अनुभव-सिद्ध चमत्कारिक प्रयोगों का संग्रह करना चाहिये, इससे हमें एवं भविष्य में आने वाली हमारी सन्तान को अत्यन्त लाभ पहुँचेगा। दक्षिण द्रविड लिपि में संस्कृत भाषा की पुस्तकें हैं, उनका संशोधन कर यदि देवनागरी लिपि में छपाई जा सके तब भी वैद्यों का अत्यन्त लाभ हो।

साथ ही अभी तक अप्रकाशित ग्रन्थों को छपा कर प्रकाशित करने से भी बहुत सी बातों पर प्रकाश पड़ सकता है। हमें अभी बहुत कुछ करना है। एक ऐसे निघंटु की आवश्यकता है जिसमें वनस्पतियों का चित्र सहित विशद वर्णन हो, शस्त्रक्रिया और इन्द्रिय विज्ञान शास्त्र को आधुनिक पद्धति के अनुसार सीखने के लिए ग्रन्थ तैयार करने की विशेष आवश्यकता है और विद्वान वैद्य एवं विद्यानुरागी डाक्टरों को यह कार्य तुरत कर डालना चाहिये। अपने देश में उत्पन्न औषधि ही उस देश के मनुष्य के लिए हितकर है, इस वचन का हमें निरंतर स्मरण रखना चाहिये। हमारी औषधों में गुण है ऐसा निश्चय करके ही विदेशियों ने अपने मेटीरिया मेडिका (Materia medica) औषधि गुण वर्णन-शास्त्र में हमारी औषधों को स्थान दिया है। ब्रिटिश मेटीरिया मेडिका की १९१३ की आवृत्ति में ऐसी औषधें दी हुई हैं, उन्हें आप देख सकते हैं। इतना ही नहीं, आयुर्वेद के दिये हुए रोग मिटाने के उपचार; ऋतुचर्या, दिनचर्या, सद्वर्त्तन आदि आरोग्यता को कायम रखने के सरल उपदेश भी उसमें वर्णित हैं। सुश्रुत ने अपने रसायनाधिकार में ऐसे उपदेश दिये हैं कि यदि प्रातःकाल उठकर शीतल जल, दूध, शहद और घी इन चार पदार्थों में से एक पदार्थ अथवा दो तीन या चार पदार्थ (जो अपनी प्रकृत्ति के लिए मुआफिक आवे) लिया जाय तो वह जीवन को स्थिर करता है।

शीतोदकं पयः क्षौद्रं सर्पिरित्येकशो द्विशः।
त्रिशः समस्तमथवा प्राक्पीतं स्थापयेद्वयः॥

यह उपाय कितना सरल और प्रत्येक मनुष्य द्वारा होने लायक है। इसी प्रकार की हमारे आयुर्वेद शास्त्र में बहुतसी साधारण वस्तुओं और वनस्पतियों के प्रयोग हैं जिनका यदि सेवन किया जाय तो शरीर दृढ़ हो, और रोगों का भी नाश हो, यहाँ तक कि रोगों की उत्पत्ति शरीर में हो न सके। प्रान्तीय सरकार एवं राजा महाराजा भी अब इस ओर ध्यान देने लगे हैं और उन्होंने आयुर्वेद कालेज, आयुर्वेद-शिक्षालयों को यथेष्ठ सहायता देना स्वीकार किया है। इस वर्ष आयुर्वेद की उन्नति के लिए डाक्टर वामन देसाई रचित "औषध संग्रह" रावल बापालाल का "आदर्श निघंटु" पंडित हरिप्रपन्न का 'रसयोग सागर' डा० नाडकरणी का "मेटीरीआ मेडिका" आदि पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। भाइयो! हमें निराश नहीं होना चाहिये। एक बार तात्कालिक फल हमें न दिखाई दे तौभी प्रयत्नशील रह कर यदि सतत् प्रयास हम चालू रखेंगे तो निश्चित किये हुए कार्य में हमें अवश्य सफलता मिलेगी। वर्तमान काल में जिस प्रकार आयुर्वेद का अरुणोदय हुआ दिखाई देता है उसी प्रकार आयुर्वेद रूपी सूर्य के प्रखर किरणों का भी दर्शन होगा। यूरोप अमेरिका में विज्ञान की अभिवृद्धि से नवीन-नवीन शोध के सम्बन्ध में हम सुना करते हैं, अभी कुछ दिन हुए उन्हें ज्ञात हुआ है कि लहसुन के उपयोग से क्षय रोग में लाभ होता है, बहुत से डाक्टर लहसुन का रस क्षय रोग में पिचकारी द्वारा शरीर में प्रवेश करते हैं। एक दूसरे अमेरिकन डाक्टर की राय है कि सब मिलाकर दिन भर में ३० से ६० गेहूँ के वजन भर क्षय रोग वाले रोगी को लहसुन देने से अत्यधिक लाभ पहुँचता है। यह उनके मन से नवीन शोध है किन्तु हमारे सुश्रुत के उत्तरतंत्र में कहा है कि विधि पूर्वक लहसुन का प्रयोग क्षय रोग में करना चाहिये—

रसोनयोगं विधिवत्क्षयार्तः क्षीरेणवा नाग बला प्रयोगम्।
सेवेत वा मागधिका विधानं तयोपयोगं जतुनोऽस्मजस्य॥

श्रीमान् कै वा. वैद्यराज विष्णुशास्त्री पुराणिक भिषक्चूडामणि ।
संस्थापक–श्रीधूतपापेश्वर आयौंषधिकारखाना **पनवेल** ।

श्रीयुत वैद्यराज गंगाधरशास्त्री पुराणिक ।
संचालक–श्रीधूतपापेश्वर आयौंषधिकारखाना
पनवेल ।

श्रीमान् कै. वा. वैद्यराज कृष्णशास्त्री पुराणिक ।
संस्थापक–श्रीधूतपापेश्वर आयौंषधिकारखाना **पनवेल**

दूसरी खोज यह है कि क्षय रोग में ओपेन एअर ट्रीटमेंट (Open air treatment) खुली हवा में रहने जैसी दूसरी चिकित्सा नहीं है। हमारे शास्त्र में लिखा है कि क्षय के रोगी को बकरी के साथ घूमना फिरना, उसी के साथ रहना और उसी का घी दूध खाना चाहिये। इससे स्पष्ट है कि बकरी के साथ जाने में रोगी को जंगल की शुद्ध वायु और सूर्य की किरणों का लाभ प्राप्त होगा, साथही हलकी कसरत भी हो जायगी जिससे रोगी को लाभ हुए विना नहीं रह सकता।

अजाशकृन्मूत्रपयोघृतासृङ्मांसालयानि प्रतिसेवमानः।
स्नानादिनानाविधिना जहाति मासादशेषं नियमेन शोषम्॥

अभी हाल का विज्ञान यह कहता है कि एक क्षय रोगी के लिए हाइपोफोसफाइट ऑफ लाइम (Hypophosphite of lime) जैसा चूना का क्षार बड़ी ही लाभ जनक वस्तु है, उसी प्रकार हमारे यहाँ भी मोती भस्म, प्रवाल भस्म आदि चूना के क्षारों का क्षयरोग में विशेष उपयोग करने में आता है। थोड़े ही दिनों पहले तक अंग्रेजों में स्वर्ण के सम्बन्ध में कोई भी विवेचन नहीं था। उनका उस समय कहना था कि स्वर्ण में ऐसा कोई भी उत्तम औषध-गुण नहीं है और वह बिना पचे ही निकल जाता है, किन्तु उन्होंने अब स्वर्ण के बहुत से क्षार बना कर उसका उपयोग करना प्रारंभ किया है। एक डाक्टर ने तो स्वर्ण से ऐसी दवा निकाली है कि उससे सर्प का विष उतर जाता है। यही शोध वाग्भट में स्पष्ट रीति से लिखी हुई है।

न सज्जते हेमपात्रे पद्मपत्राम्बुबिन्दुवत्।

अधिकांश लोगों के मनमें यह शंका है कि डाक्टरों ने पिचकारी द्वारा लोहू में दवा प्रवेश करने की रीति नवीन खोज निकाला है और जिसका प्रचार वे दिनो-दिन बढ़ाते जा रहे हैं, इसका वर्णन आयुर्वेद में नहीं है। किन्तु यह बात नहीं है। हमारे शास्त्र में भी इस खोज का मूल स्पष्टतः दिखाया गया है। रस-शास्त्रों में कहा है—

रक्तभेषज संपर्कान् मृतावस्थोऽपि जीवति

हम ऐसे उग्र उपायों का उस समय उपयोग करते थे जिस समय रोगी को बचाने का दूसरा कोई मार्ग नहीं रह जाता था। किन्तु ऐसी उग्र वस्तुओं का उपयोग वारंवार नहीं किया जा सकता क्योंकि इसका फल लाभ के बदले हानि होता है। हमारे "सूचिका-भरण रस" के सम्बन्ध में वैज्ञानिकों के सामने डा० जगदीशचन्द्र बोस ने एक मेढक पर एक्सपेरिमेंट (Experiment) करके दिखा दिया है कि वह वनस्पति-जीवन और उसके हृदय की अंतरंग गति पर आश्चर्यजनक बल देता है। उन्होंने कुमायूँ पर्वत की एक वनस्पति के सत्व से मेढ़क के हृदय की गति को सचेतन किया था। इस सम्बन्ध में खोज करने वाले को ऐसी ही अनेक वनस्पतियाँ जंगलों में प्राप्त हो सकेंगी। चरक ऋषि तो यहाँ तक कहते हैं कि जिस औषध का नाम गुण, दोष आदि तुम न जानते हो उसे उस जंगल में रहने वाले ग्वाल, भील, मरवाड आदि से पूछ लो। जल्दी में हमें कोई काम नहीं करना चाहिये। आजकल लोग जल्दी से जल्दी रोग को अच्छा करना चाहते हैं किन्तु उसके बुरे परिणाम की ओर ध्यान नहीं देते। एक क्रीनाइन को ही ले लीजिये, जिसका संबंध प्रत्येक व्यक्ति से है। इसके सेवन से ज्वर एक बार दब तो जाता है किन्तु आठवें पन्द्रहें उठकर बराबर छः छः महीने तक तंग किये रहता है।

भाइयों ! जिस प्रकार और प्रान्तों की सरकार ने आयुर्वेद की उन्नति के लिए धन-व्यय करने का निश्चय किया है वैसे ही हमें बंबई सरकार से भी इस ओर ध्यान देने की प्रार्थना करना चाहिये। शायद वह मद्रास सरकार द्वारा खोले गये पाठशाला के सफलता की ओर दृष्टि लगाये हुए है। मद्रास सरकार द्वारा प्रति वर्ष अधिकाधिक दिये जाने वाली ग्रांट से पता लगता है कि पाठशाला दिनों दिन अच्छी स्थिति पर आती जा रही है। हमें शहर-शहर गाँव-गाँव में आयुर्वेद की उन्नति के लिये दवाखाना खोल कर लोगों में प्रचार करना चाहिये।

सद् गृहस्थों, सुशील बहनों एवं विद्वान वैद्य बन्धुओं ! आपका मैंने अत्यधिक समय लिया है इसके लिए और मेरे व्याख्यान में जहाँ कहीं पिष्ट-पेषण जैसा लगता हो उसके लिए क्षमा माँगते हुए, तथा हमारे आयुर्वेद का अभ्युदय दिनों दिन बढ़ता जाय, ऐसी शुभेच्छा के साथ मैं अपना व्याख्यान समाप्त करता हूँ।



श्रीमान् राजवैद्य पं. एस. एम. शर्मा. (सूरजमल्ल शर्मा) अहमदाबाद,
अध्यक्ष, कच्छ–काठियावाड–गुजरातप्रान्तीय वैद्यसंमेलन, बसई (सन १९३२)।

॥ श्रीः ॥

अहमदाबाद-निवासी

राजवैद्य पं० श्रीसूर्यमल्लजी शर्मा महोदय का

संक्षिप्त जीवन-चरित्र

शर्मा जी का जन्म उदयपुर राज्यान्तर्गत चौखड़ी ग्राम में जागीरदार पण्डित गिरिधर लालजी के कुलीन घर में वि० सं० १९५२ चैत्र कृष्ण १३ को हुआ था। आप ९ महीने की उम्र में ही पनेरी जी श्री पं० देवकृष्ण जी जो प्रतिष्ठित खानदान के हैं, उनके सन्तान न होने से गोद आ गये थे, किन्तु १२ वर्ष के बाद उनको सन्तान होने से उसी समय बड़ी प्रसन्नता-पूर्वक उनसे हट गये।

प्रारम्भ में उदयपुर महाराणा हाई स्कूल में मेट्रिक तक अध्ययन कर मेवाड़वासी राजवैद्य मगनलाल लक्ष्मीराम से आयुर्वेद का अध्ययन किया। आप संस्कृत, इंग्लिश, गुजराती, मराठी भाषा के अच्छे ज्ञाता हैं।

आप विद्वत्ता, कार्यदक्षता उत्साह एवं परमार्थ भावना को लेते हुए व्यवसाय के आरम्भ से ही सम्मान एवं कीर्ति प्राप्त किये हुए हैं। आप १५ वर्ष से अहमदाबाद में चिकित्सा-व्यवसाय कर रहे हैं।

आप अहमदाबाद वैद्यसभा के ४ वर्ष तक सभापति रह चुके हैं। श्री गुजरात कच्छ काठियावाड़ पंचम वैद्य सम्मेलन वसई के आप ही सभापति थे।

सार्वजनिक कार्य

अहमदाबाद वैद्यसभा, आयुर्वेद वाचनालय आदि संस्थाओं की सेवा तन, मन एवं धन से आपने पर्याप्त की है।

स्वभाव

आप सरल स्वभाव वाले हैं। सर्वसाधारण से आप प्रेम करते हैं। वैद्यों से आप बड़े स्नेह से मिलते हैं। अतिथि-सत्कार के लिये तो आपके हृदय में पूर्ण स्थान मिला हुआ है।

अहमदाबाद में वैद्य सम्मेलन

शर्माजी की पूर्ण इच्छा थी कि अहमदाबाद में वैद्य-सम्मेलन किया जाय। इस सम्मेलन में आपने तन, मन एवं धन से पूर्ण सहयोग दिया। लिखना अनुचित न होगा कि सम्मेलन के समय आगत वैद्यों के लिये अपना मकान उनके लिये भोजन, मोटर आदि की सुव्यवस्था से स्वागतकारिणी को भी कष्ट से बचाया। सभापति आदि विशिष्ट-विशिष्ट वैद्य आपके मकान पर ही ठहरे थे। आपके ही पूर्ण सहयोग से यह अभूतपूर्व सम्मेलन हुआ।

सन्मान

अहमदाबाद में आप शर्माजी के नाम से ही प्रसिद्ध हैं, आप प्रेमालु निस्वार्थ एवं निराभिमानी व्यक्ति हैं तथा आयुर्वेद के आप अनन्य भक्त हैं। अहमदाबाद के धनीमानी सेठ साहूकार सभी आपकी चिकित्सा से लाभ उठाते हैं। जैसे यह लाभ उठाते हैं तदनुसार गरीबों के लिये भी आप उतना ही आदर देते हैं। इसलिये गरीब एवं अमीर सभी के हृदय में आपके प्रति अपूर्व सम्मान है।

ज्ञान

शर्माजी आयुर्वेद के ग्रन्थों के ज्ञान के साथ-साथ वनस्पति शास्त्र के भी अच्छे ज्ञाता हैं। काश्मीर आबू आदि पर्वतों से तथा महात्माओं से आपने यह ज्ञान प्राप्त किया है। आप रसचिकित्सा एवं आसवादि निर्माण में विशेष दक्ष हैं।

आप १॥ वर्ष से बम्बई में विराजते हैं। यहाँ पर बड़े सन्मान एवं योग्यता से आपका चिकित्सा कार्य चल रहा है। यहाँ के धनीमानी मिल मालिक सेठ एवं गरीब आपकी चिकित्सा से लाभ उठा रहे हैं।

आपके बम्बई पधारने से वैद्यसमाज को बहुत गर्व है। ईश्वर आपको चिरायु करें, दिनों-दिन आपको उन्नत करे। भारत में ऐसे सुयोग्य विद्वान् अनुभवी एवं आयुर्वेद के अनन्य भक्त वैद्यों की बड़ी भारी आवश्यकता है।

चिकित्सा-शास्त्र में आप सिद्धहस्त हैं, तदुपरान्त असाध्य कुष्ठ, कैन्सर, अपेन्डिक्स, क्षय आदि रोगों के भी विशेषज्ञ हैं।

श्री धन्वन्तरये नमः

गुजरात कच्छ्र काठियावाड पञ्चम् प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के

सभापति राजवैद्य एस. एम. शर्म्मा अहमदाबाद का

भाषण

परम माननीय, धन्वन्तरि तुल्य वैद्य महोदय तथा उपस्थित बन्धुओं ! इस वर्ष अध्यक्ष स्थान के लिये सर्वप्रथम प्राणाचार्य, वैद्यराज, पं० सुखरामदासजी टी० ओझा कराची-निवासी का निर्वाचक प्रान्तीय वैद्यों के बहुमत से हुआ था। परन्तु खेद है कि ओझा जी अस्वस्थता के कारण इस स्थान को स्वीकार न कर सके। ओझा जी द्वारा इस स्थान को अस्वीकृत हो जाने पर नियमानुसार क्रमशः बम्बई निवासी आयुर्वेद मार्तण्ड पूज्य पं० यादव जी त्रिकम जी आचार्य और गोंडल-निवासी राजवैद्य पं० जीवरामभाई कालिदास जी शास्त्री से इस पद के लिये प्रार्थना की गई। परन्तु खेद है कि इन दोनों महानुभावों ने भी हमारे दुर्भाग्यवश, अपनी अस्वस्थता के कारणों से इस पद के स्वीकार करने में असमर्थता प्रगट की। अन्त में स्वागताध्यक्ष और पूज्य आचार्य श्रीमान् यादवजी भाई के तथा अन्य वैद्य बन्धुओं के आग्रह से इस पद के लिये अपने आप अयोग्य समझते हुए भी और इस सभा में मुझसे अधिक ज्ञानवृद्ध, वयोवृद्ध, वैद्य महोदयों के विद्यमान होने पर भी, आप महानुभावों ने मुझे इस पद को ग्रहण करने की जो आज्ञा दी है, आप लोगों की उस आज्ञा का पालन करना अपना कर्तव्य समझ कर ही मैं इस पद को नम्रतापूर्वक ग्रहण करता हूँ। इसके लिये मैं आप सबका कृतज्ञ हूँ। जो जिम्मेदारी का पद आप सज्जनों ने मुझे सौंपा है, उसके योग्य मैं कदापि नहीं हूँ। परन्तु मुझे विश्वास है कि आप-जैसे उदार और योग्य आयुर्वेद-प्रेमियों की कृपा से ही मैं यह सेवा करने में सफलता प्राप्त कर सकूँगा। मैं आप महानुभावों का आशीर्वाद चाहता हूँ, जिससे मेरा चित्त स्वार्थ या रागद्वेष की ओर न जाकर आयुर्वेद की शुद्ध सेवा में संलग्न रहे।

मान्यवर भद्र पुरुषों ! मैं सर्वाङ्ग सम्पूर्ण आयुर्वेद का पूर्ण ज्ञाता नहीं हूँ, परन्तु आयुर्वेद का सच्चा भक्त अवश्य हूँ। मुझे विश्वास है कि संसार का सुख आयुर्वेद द्वारा ही हो सकता है।

आयुर्वेद किसे कहते हैं—ऋषियों ने लिखा है—शरीर, इन्द्रिय, मन और आत्मा के संयोग को आयु कहते हैं। और जिस शास्त्र से आयु का हिताहित का ज्ञान, रोग का निदान और शमन हो, उसे आयुर्वेद कहते हैं।

आज इस भूतल पर जितने देश हैं सभी के आयुर्वेद अलग-अलग हैं। परन्तु सब देशों के आयुर्वेद की उत्पत्ति हमारे आयुर्वेद ही से हुई है।

धन्य है, उस जगदाधार जगदीश्वर निर्विकार को जिसने इस संसार में अपनी इच्छा से अनेक प्रकार के द्रव्यों को प्रगट किया, और ब्रह्मादिक देवता तथा अग्निवेशादि ऋषि मुनियों

ने सहस्रों वर्ष तप करके उन्हीं औषधियों के आश्रय से अपने-अपने नाम से संहिता-निर्माण करके अपने शिष्यों को विधिपूर्वक अध्ययन कराया। वह आयुर्वेद शास्त्र भारतवासियों के दुःख दूर करने का और शरीर को स्वस्थ्य रखने का एक महासागर के समान विशद, विशाल और महा गम्भीर अमृत का भाण्डार था। देवासुर संग्राम में देवताओं ने जो अमरत्व प्राप्त किया था, वह इसी आयुर्वेद का प्रताप था। इसी सुधासागर का रसपान करके प्राचीन आर्यगण दीर्घायु और बलवान होकर स्वास्थ्यमय जीवन सम्भोग करते थे। इस आयुर्वेद को पढ़ने से तृणादिक से लेकर शिरोभूषण मणिमाणिक्यादि तक द्रव्यों का आश्चर्य गुण जानकर सृष्टिकर्त्ता का अपार महात्म्य निश्चय होता है। यह आयुर्वेदीय चिकित्सा सम्पूर्ण चिकित्साओं का मूल है, और इसी चिकित्सा का सब जगत् में प्रचार था। जो विचार कर देखा जाता है तो आयुर्वेद की संहिताओं के अतिरिक्त और ग्रन्थों को भी साधारण पुरुषों ने नहीं रचा। वह ऐसे पूर्ण विद्वान् थे जो अपनी ज्ञान दृष्टि से भूत, भविष्य समय को वर्तमान समय के समान प्रत्यक्ष रूप से देखते थे। और अपने योगबल से जगत् के सम्पूर्ण विषयों को भली भाँति जानते थे। उन्हीं त्रिकालदर्शी जगदुपकारी महर्षियों ने संसार के उपकार के लिये उत्तमोत्तम आयुर्वेद के ग्रन्थ निर्माण किये और कोई विषय शेष नहीं छोड़ा। आठ भागों में विभक्त करके अलग-अलग स्वतन्त्र ग्रन्थ बनाये। किसी ने शल्य-चिकित्सा, किसी ने ऊर्ध्वजत्रु (कण्ठ से ऊपर नेत्रादि की) चिकित्सा किसी ने ज्वरातिसार आदि काय-चिकित्सा, किसी ने बाल-चिकित्सा, किसी ने ग्रह-पीड़ित प्राणियों की चिकित्सा, किसी ने विष-चिकित्सा, किसी ने रसायन-चिकित्सा और किसी ने वाजीकरण-चिकित्सा को मुख्य मानकर बड़े-बड़े विलक्षण ग्रन्थ रचे। इसके सिवाय किसी-किसी ने और-और रोगों की चिकित्सा भी उत्तम रीति से अपने ग्रन्थों में लिखी। आयुर्वेद में किसी प्रकार की चिकित्सा का अभाव नहीं है। जिस विषय की आवश्यकता होती थी, वही विषय मिल जाता था। इस कारण भारतवर्ष के मनुष्य विदेशी-चिकित्सा का कभी आश्रय नहीं लेते थे। सदैव आयुर्वेद ही की योग-क्रियाओं से सहज में सर्वरोग-मुक्त हो जाते थे। और उस चिकित्सा में एक बड़ी विशेषता यह थी कि जिसने एक बार रोग से मुक्ति पाई, फिर शीघ्र ही वह रोग की फाँसी में नहीं फसता था। इस आयुर्वेदीय चिकित्सा की कहाँ तक प्रशंसा करें। यह रामबाण की तरह कार्य सिद्ध करने वाली है। हमारी आयुर्वेदीय चिकित्सा पुराने और कठिन महा भयानक रोगों के समूहों को शमन करती है, इस देश के मनुष्यों के स्वभावानुकूल इसी देश की औषधि हैं। दूसरे देश की कदापि स्वाभावानुकूल नहीं हो सकती, वरन् भारत-वासियों के लिये इस देश की औषधि कल्याणकारी और कष्टहारी हैं ही, परन्तु और देशों के लिये भी परम हितकारी है। आप यह निश्चय जान लें कि इस आयुर्वेद विद्या का मूल भारत-भूमि ही है। पीछे और देशों में प्रचार हुआ। जैसे कि ग्रीक, अरब आदि। भारतीय चिकित्सा की प्राचीनता पर निम्नलिखित विद्वानों की सम्मतियाँ:—

प्रोफेसर रायली साहब लिखते हैं—हिन्दुओं का आयुर्वेद पुराना है। अरब और यूनान वालों से बहुत पहले का है।

प्रोफेसर विलसन महोदय लिखते हैं—भारत में बहुत प्राचीन काल से चिकित्सा, ज्योतिष और दर्शन-शास्त्र के पारदर्शी विद्वान मौजूद थे।

पण्डितवर पुल्फिन्सटन साहब लिखते हैं—भारतवर्ष से ही यूरोप वालों ने चिकित्सा विद्या सीखी थी, 'रासायनिक सिद्धान्तों में हिन्दुओं का विज्ञान आश्चर्यजनक है, वे सल्फ्यूरिक

एसिड, नाइट्रिक एसिड, म्यूरेटिक एसिड, तांबा, लोहा, सीसा, कली और जस्ता के ऑक्साइड; लोहा, तांबा, पारा और संखिये के सल्फ्युरेट; तांबा, जस्ता, लोहा के सलफेट और सीसा और लोहा के कार्बोनेट, तैयार करना जानते थे और यह चीजें तैयार करने के उनके तरीके बड़े विचित्र थे।

अयुल उल नामक एक अरबी ग्रन्थ में लिखा है—आठवीं सदी में भारत के पण्डित बगदाद की राजसभा में आयुर्वेद और ज्योतिष की शिक्षा देते थे।

सरक, सर्सस, और वेदान ये तीन चिकित्सा ग्रन्थ हिन्दुस्थान से अरब में लाये गये थे। अरब से इन ग्रन्थों का अनुवाद यूरोप में गया। सत्रहवीं शताब्दी तक अरबी चिकित्सा प्रणाली यूरोपीय चिकित्सा की मूल थी। प्राचीन भारतवासियों ने ही पहिले-पहिल शव का चीर-फाड़ कर शरीर-रचना का अध्ययन आरम्भ किया था और शस्त्र-चिकित्सा भी करते थे। यूरोप के दिग्विजयी सिकन्दर की सेना की चिकित्सा के लिये भारतीय वैद्य नियुक्त हुए थे। असाध्य रोगों को नष्ट करने के लिये वह बहुत से भारतीय वैद्यों को बड़े मान से अपने साथ ले गया था। बगदाद के खलीफा हारूँलरशीद अपनी चिकित्सा के लिये भारतीय वैद्यों को रखते थे। प्रसिद्ध हकीम जालीन्स अपनी पुस्तक में लिखते हैं—आयुर्वेद विद्या पहिले भारत से मिश्र देश में और वहाँ से यूनान और अरब में गई। एक चिकित्साशास्त्र ही नहीं, और भी अनेक विद्याएँ भारत से ही सब देशों में पहुँची है। अब अधिक कहने की आवश्यकता नहीं, ऐसे अनेक प्रमाण हैं जिनसे साबित होता है कि पृथ्वीतल में जितनी विद्याएँ हैं, उन सबका उद्गम स्थान भारतवर्ष ही है। इसमें जरा भी सन्देह नहीं। वैद्य महानुभावो, जरा विचारिये तो सही कि एक दिन वह था जब कि सिकन्दरे आजम भारतीय वैद्यों को चिकित्सा के लिये अपने साथ बड़े मान और आदर के साथ ले गया था। बगदाद के खलीफा अपनी चिकित्सा के लिये भारतीय वैद्यों को रखते थे। एक दिन वह था कि अरस्तू और अफलातून जैसे चिकित्सक भारत से आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त करके जगत के श्रेष्ठ चिकित्सकों में परिगणित हुए थे और एक दिन आज का है कि भारतीय चिकित्सा निकम्मी समझी जाती है। आयुर्वेद के उस गौरव और आयुर्वेद की उस उन्नति में और आज की अवनति में जमीन आस्मान का अन्तर है। कहाँ वे दिन और कहाँ ये दिन। सोचने से बड़ा खेद होता है। खेद होवे उसमें आश्चर्य ही क्या है! एक दिन भारतीय चिकित्सा शास्त्र ने दुनियाँ में सर्वोच्च आसन ग्रहण किया था, और आज उसे सबसे नीचा आसन भी नहीं मिलता। जो विदेशी हमें अर्धसभ्य और मूर्ख बताते हैं उनके पूर्व पुरुष जिस जमाने में सचमुच बनमानुष थे। अपने रहने के लिये घर बनाना भी नहीं जानते थे। उनसे हजारों वर्ष पहले भारतवर्ष में ऐसे वैद्यरत्न हो गये हैं; जिन्होंने मनुष्यों के कटे हुए शिर जोड़ दिए हैं। अन्धों को नेत्रयुक्त कर दिया, बूढ़ों को जवान बना दिया, ऐसे कार्य अश्विनी कुमारों द्वारा हुए हैं। यह आप बन्धुओं को ज्ञात है। भेद इतना ही है कि भारत का सितारा बुलन्दी पर नहीं है। आज इसकी दशा गिरी हुई है। इससे सर्व बातें झूठ प्रतीत होती हैं। पर सूर्य कहीं छिपाये नहीं छिपता। इसी से पक्षपात-शून्य बहुत से यूरोपीय विद्वानों ने भी आयुर्वेद के गौरव की बात मुक्त-कण्ठ से स्वीकार की है। जब तक विदेशियों का पदार्पण नहीं हुआ तब तक भारतीय चिकित्सा विद्या दिन दूनी उन्नति कर रही थी। जब हिन्दू सम्राट् दिल्लीश्वर पृथ्वीराज महाराज का पतन हुआ और मुसलमानी शासन इस देश में जारी हुआ तब मुसलमानी शासन

के जमाने में हकीमों की कदर हुई और वैद्यों की बेकदरी हुई। इसी से आयुर्वेद विद्या का दिन ब दिन प्रचार घटता गया, और उस जमाने में अनेकानेक आयुर्वेद चिकित्सा ग्रन्थ जला दिये गये थे, जिससे इस चिकित्सा की पूर्ण अधोगति हुई है। जब ब्रिटिश गवर्नमेंट इस देश की मालिक हुई, यहाँ ही से हजारों औषधि विलायत लेजा लेजाकर उनके सत्त, पाउडर, गोली, टिंचर तैल वगैरह बना कर उनको मनोमुग्धकारिणी शिशियों और डिब्बियों में बन्द करके उनके ऊपर रंगीन चटकदार खूबसूरत लेबल लगा कर यहाँ भेजने लगे। इसमें शक नहीं कि उन्होंने यह कार्य बड़े कठिन परिश्रम से किया है, इसलिये वे किसी प्रकार भी दोष भागी नहीं। यह तो मनुष्य का धर्म ही है, पर दोष भागी हम और हमारी पिछली सदी में होने वाले पूर्व पुरुष हैं। जो आलसी की तरह चुपचाप बैठे-बैठे देखा किये। अब जब आँख खुली उन्नति-उन्नति पुकारने लगे। अब जब रोग असाध्य हो गया है तो सहज ही में नहीं जा सकता। अब धीरे-धीरे उसका उपाय सोच कर साध्य बनाने का यत्न करना चाहिये। एलोपेथी की ऐसी उपरी सुन्दरता देखकर यहाँ के लोग उसकी तरफ सब के सब ढल पड़े। क्यों कि औषधियों के कूटने, पीसने, काढ़ा बनाने, औटाने, और छानने की सब दिक्कतें मिट गईं, और शस्त्र-चिकित्सा में डाक्टरों के हाथ की सफाई देख कर यहाँ वालों ने उन्हें देव ही मान लिया है। जिन्होंने अंगरेजी पढ़ी है, जिन्होंने विद्वत्ता सूचक डिग्रियाँ प्राप्त की है, वे भारतवासी हिन्दू सन्तान होते हुए भी आयुर्वेद चिकित्सा को हिकारत की नजर से देखते हैं। जो विलायती दवाओं से कोसों दूर भागते थे जो प्राणों के कण्ठ में आने पर भी मद्य मिश्रित दवा लेना पसन्द न करते थे, वे भी आजकल विलायती दवा गटागट पीते हैं। जिस जमाने में भारत में आयुर्वेद का पूर्ण प्रचार था, तब लाखों पंसारियों की दुकानें अव्वल दर्जे की थीं। उनके यहाँ हर तरह की उत्तमोत्तम औषधियाँ हर समय तय्यार मिलती थीं। वे लोग रोज काम पड़ने से दवाओं के नाम और गुण जानने में आजकल के अधिकांश वैद्यों से अच्छे होते थे। वैद्यगण जिनके यहाँ अच्छी और ताजी औषध मिलती थी, उन्हीं के यहाँ से औषधि खरीदते थे। जो पंसारी सड़ी घुनी दवा रखते थे उनका बहिष्कार करते थे। इसीसे धंधा मारे जाने के भय से वे सदा आयुर्वेद के नियमानुसार नयी पुरानी जैसी जैसी दवाएँ रखनी चाहिये वैसी वैसी ही रखते थे। अब पंसारी वैसा कार्य नहीं करते, काम नहीं पड़ने से उनके नाम भूल जाते हैं। नई पुरानी का तो उन्हें खयाल ही नहीं, पाँच वर्ष हो जाय चाहे युग हो जाय जब तक दवा थैली में रहती है, बेचते रहते हैं। अनेक बार एक के बदले दूसरी दवा देते हैं। पहले वैद्य-चिकित्सा में काम आने वाली प्रत्येक जड़ी-बूटी को भली भाँति पहचानते थे। स्वयं जंगल में जाकर ले आते थे। इसलिए पंसारी भी डरते थे। परन्तु आजकल के अधिकांश वैद्य पंसारियों से भी गये बीते होते हैं, पुस्तकों से नुसखे लिख कर ले जाते हैं और पंसारी से कहते हैं ठीक-ठीक औषध देना। पंसारी दो-चार बार में वैद्यजी के औषधि ज्ञान की थाह ले लेता है और फिर मनमानी करता है। जब असल हथियार की यह दशा है तब चिकित्सा में सफलता कैसे होवे? सभी जानते हैं कि जिसके पास अच्छे-अच्छे हथियार होते हैं वही शत्रु को युद्ध में परास्त कर सकता है। चिकित्सा करना बड़ी होशियारी और जिम्मेदारी का कार्य है। वैद्य की शरण में आये हुए रोगी का जीवन-मरण वैद्य की चिकित्सा चातुरी पर ही निर्भर है। इसलिये पहले जमाने के विद्वान् चिकित्सा-तत्व मर्मज्ञ वैद्य उत्तमोत्तम शिष्यों को इस विद्या की शिक्षा देते थे। जिन मनुष्यों के स्वभाव में

सहृदयता, दयालुता, परोपकारिता नहीं देखते थे उन्हें अपने पास भी नहीं फटकने देते थे। विद्वानों को अपना शिष्य बनाकर और स्वयं निष्कपट भाव से आयुर्वेद विद्या पढ़ाते थे, एक-एक विषय को खोल-खोल कर समझाते, उनकी शङ्काओं का समाधान करते थे और औषधियों की पहचान कराने के लिये उन्हें अपने साथ जङ्गलों और पहाड़ों में ले जाते थे। इस तरह परिश्रम करने पर जब शिष्य आयुर्वेद में पारदर्शी हो जाता था, वनौषधियों के नाम, रूप और गुण के पहचानने में परिपक्व हो जाता था, शल्य, शालाक्य और कायचिकित्सा कर्म में अनुभवी हो जाता था, हस्त-क्रिया में निपुण हो जाता था, तब गुरु महाशय उसकी परीक्षा लेकर उसे चिकित्सा कार्य में हाथ डालने की आज्ञा करते थे। शिष्य भी जब तक पूर्ण पण्डित और अनुभवी न हो जाता था, गुरु का पीछा नहीं छोड़ता था, गुरु से आशीर्वाद लेकर वैद्य का व्यवसाय करता था, कहिये, आजकल वैसे गुरु और शिष्य कहाँ? आजकल पहले की भाँति कौन आयुर्वेद सिखाता है और कौन सीखता है। यद्यपि अब भी भारत में भिषक्-श्रेष्ठ प्राणदाता सद्वैद्यों का नितान्त अभाव नहीं है तथापि ऐसे पूर्ण वैद्य अंगुलियों पर गिने जाने योग्य ही हैं। आयुर्वेद के ऊपर अवैज्ञानित्व का आक्षेप करने वालों को भूत-पूर्व अध्यक्ष महोदयों ने सप्रमाण उत्तर देकर आक्षेपों का निवारण भी किया है, तौ भी यहाँ मुझे खेद से कहना पड़ता है कि कुछ अन्य चिकित्सा प्रणाली वालों को आयुर्वेद की यह उन्नति खटकती है। सज्जन, विचारशील डाक्टर बन्धु तो इसका आदर करते हैं और भली प्रकार जानते हैं कि आयुर्वेदिक चिकित्सा में ऐसे अमूल्य रत्न छिपे पड़े हैं जिनसे संसार का बहुत उपकार हो सकता है। कई लोग बिना कारण ही आक्षेप किया करते हैं, परन्तु एक बात स्पष्ट है कि कुछ आक्षेप सत्य भी हैं, जैसे देशी चिकित्सा में नियमित रूप से शिक्षा नहीं हैं, इसमें झूठी डिग्रियाँ देने वाले बहुत हैं, जो चाहे वह वैद्य बन जाय इत्यादि। पर इन त्रुटियों का उत्तरदायित्व हमारे वैद्य-समाज पर नहीं है। अगर सरकार आयुर्वेदीय चिकित्सा प्रणाली को अपना ले और एलोपैथी की तरह उत्तम शिक्षा के लिये जगह-जगह स्कूल कालेज खोले जायँ, तो आशा है कि चन्द साल बाद ही आयुर्वेद-चिकित्सा-प्रणाली में जो त्रुटियाँ नज़र आती हैं, वे सबकी सब मिट जायँ और इस चिकित्सा-प्रणाली में एकदम से परिवर्तन हो जाय। इसके होने से Quacks का नाम निशान भी न रहे।

निदान की आधार शिला

त्रिदोष विचार

आयुर्वेदिक रीति से निदान करने के लिये वात, पित्त और कफ इनको भली भाँति समझ लेना चाहिये। क्योंकि हमारे पूर्वाचार्यों ने सब दारमदार वातादि दोषों पर ही रखा है। वात, पित्त और कफ इनको दोष और धातु कहते हैं। धातु और मल इनसे दूषित होते हैं इसलिये इनको दोष कहते हैं। और देह को धारण करते हैं इसलिये इनको धातु कहते हैं। "वायु" अन्य दोषों और रस, रक्त, मांस, मेद आदि धातुओं को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाने वाला, रजोगुण युक्त, सूक्ष्म हलका रूखा और चंचल है। सब दोषों में वायु ही प्रधान है। बिना वायु के प्राणी क्षण भर भी जिन्दा नहीं रह सकता, यह शरीर में सफाई करता है, और मल-मूत्र को निकाल कर बाहर फेंकता है।

वायु के पाँच रहने के स्थान—कण्ठ, हृदय, कोठे की आग, मलाशय और सारे शरीर में। कण्ठ में उदान वायु, हृदय में प्राण वायु, कोठे की अग्नि के नीचे नाभी में समान वायु, मलाशय में अपान वायु और सारे शरीर में व्यान वायु रहता है।

पाँचों वायु के कार्य—उदान वायु गले में रहता है, इसीसे प्राणी बोल सकता है, जब कुपित होता है तब कण्ठ के रोग उत्पन्न करता है, प्राणवायु, यह प्राणों को धारण करता है, और प्राणों की रक्षा करता है, यह कुपित होकर हिचकी और श्वास-रोग उत्पन्न करता है।

समानवायु, यह आमाशय और पक्वाशय में विचरता और जठराग्नि से मिलकर अन्न को पचाता और मल से उत्पन्न मल-मूत्रादि को अलग-अलग करता है। यह कुपित होकर मन्दाग्नि, अतिसार, वायुगोला आदि रोगों को उत्पन्न करता है।

अपान वायु पक्वाशय में रहता है। मल, मूत्र, शुक्र, गर्भ और आर्तव इनको निकाल कर बाहर फेंकता है, यह कुपित होकर मूत्राशय और गुदा के रोग पैदा करता है।

व्यान वायु सारे शरीर में विचरता है। यह रस, पसीना और खून को बहाता है। जाना, नीचे को डालना, ऊपर को फेंकना, आँख मीचना, खोलना ये क्रियायें इसी के आधीन है। यह कुपित होता है तब सारे शरीर के रोग उत्पन्न करता है।

पित्त एक तरह का पतला पदार्थ है, यह गरम है, इसका रंग पीला होता है।

पित्त के पाँच स्थान—अग्न्याशय में पाचक पित्त, यकृत और तिल्ली में रञ्जक, हृदय में साधक, दोनों नेत्रों में आलोचक, सारे शरीर और त्वचा में भ्राजक पित्त रहता है—

पाचक पित्त आमाशय में और पक्वाशय में रह कर सब आहारों को पचाता है इसी को जठराग्नि कहते हैं।

रञ्जक पित्त रस का रक्त बनाता है।

साधक पित्त बुद्धि धृति यानी मेधा और स्मरण-शक्ति बढ़ाता है।

आलोचक इसका काम रूप ग्रहण करना है।

भ्राजक यह कान्ति करता है, और लेप तैल की मालिश और स्नान आदि को पचाता है, याने सुखाता है।

कफ—सफेद भारी चिकना चिलमिलाता, शीतल तमोगुण युक्त और मधुर होता है, विदग्ध होने से खारी होता है।

आमाशय में क्लेदन, हृदय में अवलम्बन, कण्ठ में रसन, शिर में स्नेहन और सन्धियों में श्लेष्मण कफ रहता है।

क्लेदन-अन्न को गीला करता है। और अपनी शक्ति से कफ के दूसरे स्थानों को भी जल-कर्म द्वारा सहायता देता है।

अवलम्बन-रस युक्त वीर्य से हृदय के भाग का अवलम्बन और त्रिक नामक हड्डी को संधारण करता है।

रसन-रस को जानता है और कण्ठ में रहता है।

स्नेहन-चिकनाई देकर सब इन्द्रियों को तृप्त करता है।

श्लेष्मण कफ सब सन्धियों को जोड़ता है।

इन तीनों दोषों के कोप, क्षय, वृद्धि, कोप का समय, और शान्ति वगैरह का विवेचन कर आप महानुभावों का ज्यादा समय नष्ट नहीं करना चाहता। आधुनिक काल में जो नई-नई

रीतियाँ निदान सम्बन्धी निकली हैं उन सबसे आयुर्वेद चिकित्सा की निदान पद्धति कितनी सरल और उपयोगी है।

आधुनिक काल में जितनी नई पद्धतियाँ निकली हैं, वे सब पृथक पेचीदा और कठिन हैं। और इसमें रोग का निदान करने के लिये अनेक कीमती यन्त्रों की आवश्यकता रहती है और यन्त्रों के अतिरिक्त अनेक साधन रखने पड़ते हैं।

अपने आयुर्वेदिक शास्त्र की पद्धति के अनुसार किसी खास साधन की आवश्यकता नहीं रहती। आयुर्वेदिक रीति के अनुसार निदान करने में बहुत सी सुविधायें होती है। वैसी अन्य पद्धतियों में नहीं पाई जाती। अगर वैद्य को शास्त्रोक्त पूरे-पूरे लक्षण याद न हों तो भी सरलता पूर्वक रोग पहिचान सकता है। किसी ऐसे नये रोग का निदान करने में कठिनता नहीं पड़ती जिसका वर्णन पुस्तकों में नहीं मिलता हो। यदि रोग का नाम मालूम न हो तो भी वैद्य द्वारा उसकी चिकित्सा बड़ी अच्छी तरह से की जा सकती है। क्योंकि आयुर्वेदिक चिकित्सक वातादि दोषों की परीक्षा अच्छी तरह करके इस बात की खोज निकाल कर कि कौन सा दोष कुपित है या कौन सा दोष घटा या बढ़ा है और कौन समान है, जिनकी घटती बढ़ती देखता है उन्हें समान करने की कोशिश कर समान करता है। दोषों के समान होने से ही रोगी आराम हो जायगा। क्योंकि आयुर्वेद में दोषों की विषमता का नाम ही रोग है। और इनकी समानता का नाम ही आरोग्य है। ऐसी सर्वोत्तम सरल पद्धति किसी भी अन्य चिकित्सापेथी में नहीं है, और इससे मामूली आदमी भी पूरा लाभ उठा सकता है।

और भी अष्टविध परीक्षा निदान करने की है, जैसे नाड़ी-परीक्षा, मूत्र-परीक्षा, मल-परीक्षा, जिह्वा-परीक्षा, शब्द-परीक्षा, स्पर्श-परीक्षा, रूप-परीक्षा और नेत्र-परीक्षा।

नाड़ी-परीक्षा से वात, पित्त, कफ, द्वन्द्वज, त्रिदोष और साध्य असाध्य जाना जाता है। वात से नाड़ी वक्र (टेढ़ी) पित्त से चपल और कफ से मन्द चलती है और सब दोषों के कुपित होने से तीनों लक्षणों वाली होती हैं। यद्यपि नाड़ी देखने का काम महा कठिन है और सबों को पूर्ण ज्ञान होना आसान नहीं है। तो भी अभ्यास बढ़ाने से तथा गुरु-कृपा से नाड़ी का ज्ञान पूर्ण हो सकता है। यदि नाड़ी तीनों दोषों के क्रम से चले तो साध्य है और यदि इनसे विपरीत चले तो असाध्य है—अगर नाड़ी कभी मन्द कभी तेज और कभी खण्डित होकर चले और कभी सूक्ष्म कभी स्थूल इस तरह घड़ी-घड़ी चाल बदल कर चलने लगे, स्थान का परित्याग कर दे तो मृत्यु का कारण होती है।

नाड़ीद्वारा भोजन का ज्ञान भी हो सकता है, तैल गुड़ खाने से नाड़ी पुष्ट चलती है। मांस खाने से नाडी लकडी के आकार का चलती है। दुग्ध-पान से मन्द गति से चलती है। इत्यादि इत्यादि। अपने आयुर्वेद में नाड़ी-स्पन्दन संख्या भी है—

तत्काल के हुए बालक की नाड़ी की एक पल में स्पन्दन संख्या ५६ वार

१ वर्ष की अवस्थातक		५२ वार
१ से	२ वर्षतक	४४ वार
२ से	३ ,,	४० ,,
३ से	७ ,,	३६ ,,
७ से	१४ ,,	३४ ,,
१४ से	३० ,,	३२ ,,

३० से ५० ,, ,, १ ,, ,, ३० ,,
५० से ८० ,, ,, १ ,, ,, २४ ,,

चूंकि १ मिनट २॥ पल के बराबर होता है यह चाल नवीन मत से लगभग मिलती-जुलती है।

नाड़ी-परीक्षा के प्रधान होने पर भी बहुत से रोगों में अन्यान्य परीक्षा से भी बहुत मदद मिलती है जैसे-प्रमेह में मूत्र-परीक्षा की, अतिसार, संग्रहणी में मल-परीक्षा की, आम वात में जिह्वा-परीक्षा की, कण्ठरोग में शब्द-परीक्षा की, चर्म-रोग में स्पर्श-परीक्षा की, प्लीहा और कामला में नेत्र-परीक्षा की आवश्यकता होती है।

मूत्र-परीक्षा से भी करीब करीब बहुत से रोगों का ज्ञान हो सकता है, वात के दोष में मूत्र जल के समान रूखा और अधिक होता है। पित्त के दोष में मूत्र लाल पीला और थोड़ा होता है। कफ के दोष में मूत्र सफेद गाढ़ा और चिकना होता है।

धातुओं की समानता होने से मूत्र कुएँ के जल की तरह साफ होता है—जल की तरह का और कांजी की तरह का मूत्र निर्दोष होता है।

प्रसूत रोगों में मूत्र ऊपर से पीला, नीचे से काला और बुदबुदे की तरह होता है।

क्षय रोग में मूत्र का रंग काला होता है। अगर सफेद रंग होवे तो रोगी असाध्य समझा जाता है।

पित्तज्वर में पीला, कफज्वर में मूत्र का रंग सफेद व झागदार, वातज्वर में मूत्र का रंग काला और विरामज्वर में ईख के रस के समान होता है।

जलोदर में मूत्र घी के दानों के समान होता है।

आमवात में मूत्र माठे के समान होता है।

रुधिर-कोप में मूत्र उपर से नीला और नीचे से लाल होता है।

मूत्र परीक्षा तैल द्वारा—स्वच्छ पात्र में मूत्र धूप में रखकर, मूत्र में तैल की बून्द डाले—अगर तैल की बून्द डालते ही मूत्र में बबूले या बुदबुदे से हो जाय तो पित्त का प्रकोप जाने, अगर तैल की बून्द मूत्र में सूखी और काली दीखे तो वायु का विकार जानना।

अगर तैल की बून्द मूत्र में तालाब के जलके समान हो जाय तो कफ का विकार जाने।

अगर तैल की बून्द मूत्र पर फैल जाय तो रोग साध्य है अगर न फैले तो असाध्य है।

अगर तैल की बून्द मूत्र में नीचे बैठ जाय तो भी रोग असाध्य है।

इसी तरह मल-परीक्षा, शब्द-परीक्षा, स्पर्श-परीक्षा, वर्ण-परीक्षा, जिह्वा-परीक्षा, रूप-परीक्षा, और नेत्र-परीक्षा आदि से भी हरएक रोग की जाँच हो सकती है।

बहुत प्राचीन ग्रन्थों में निदान के लिये नाडी-ज्ञान का वर्णन नहीं आता है। यह पीछे प्रचलित हुई है। जब कभी नई बात मालूम हुई हमारे यहाँ ग्रहण की गई है। कई औषधियाँ हमारे यहाँ भिन्न-भिन्न देशों की वर्त्ती जाती है। जैसे, केसर, कपूर, चोपचीनी इत्यादि। हम नये आविष्कारों के विरुद्ध नहीं हैं। हमारा दावा तो इतना ही है कि आयुर्वेदिक ग्रन्थों में जो है वह ठीक है।

निदान के सम्बन्ध हमारे यहाँ बहुत से रहस्य होते हुए भी, हमको नई रीतियों से सहायता लेने में तनिक भी विरोध नहीं है, परन्तु यह मानने को भी हम तय्यार नहीं हैं कि इनके बिना निदान असम्भव है।

निदान के लक्षणों की बारीकियाँ हमारे यहाँ वर्णित हैं, यदि उनको पूर्णतया व्यवहार में लाया जावे तो देशी चिकित्सकों के निदान से भी दुनियाँ विस्मित हो जावे।

आश्चर्य तो यही है कि हमारे यहाँ खाली नाड़ी-परीक्षा तथा मूत्र-परीक्षा ही से बहुत से विद्वान् वैद्य रोगी की सारी अवस्था, आदि से अन्त तक बतला दिया करते थे और अब इस वर्तमान समय में भी ऐसे वैद्यों का अभाव नहीं है पर ऐसे पुरुष बहुत कम हैं। विज्ञान के सहस्रों आविष्कार क्यों न हो जाँय, किन्तु हमारे सिद्धान्त गलत नहीं हो सकते।

मद्रास कमिटी की रिपोर्ट में प्रोफेसर मोक्षमूलर ने एक स्थान पर लिखा है कि जहाँ हमारी साइन्स समाप्त होती है वहाँ हिन्दुओं की आरंभ होती है। जो-जो तत्ववेत्ता अनुसंधान करते हैं, वे विस्मित होते हैं कि बड़े-बड़े अनुसंधानों के पश्चात् वे जिन परिणामों पर पहुँचते हैं, हिन्दुओं की पुस्तकों में उनका वर्णन पहिले ही विद्यमान होता है। स्वयं डाक्टर ल्यूकस ने कहा था कि अभी डाक्टरों को भारत से बहुत कुछ सीखना है।

आधुनिक विज्ञान यह सिद्ध नहीं कर सकता कि पारा फिरंग को क्योंकर दूर करता है। जब अनुभव से यह सिद्ध हो गया तो सभी डाक्टर इस बात को मानने लगे।

हमारे पूर्व पुरुषों का ज्ञान इतना बढ़ा हुआ था के वे दावा करते थे कि संसार के सब रोग इसी पारद से निवारण हो सकते हैं, पारा गंधक को खरल करके, इसकी कज्जली करके जिस रोग की औषधि के साथ इसे मिलाते जाओ उससे उसी रोग का इलाज होता जायगा।

अगर आधुनिक विज्ञान वाले पूछें कि यदि सोना मकरध्वज में नहीं मिलता तो इसको साथ मिलाने से क्या लाभ है? हम कहते हैं कि आपकी साइन्स की किसी भी परीक्षा से यह सिद्ध नहीं हो सकता, सेवन करके देख लें।

एक सूक्ष्म नोकदार लोहे के टुकड़े को यदि बालू रेत का पानी चढ़ा दें तो वह शीशे को काटने लगता है, और यदि तैल का पानी चढ़ा दें तो लोहे को काटने लगता है। कहिए साइन्स का कौन सा नियम इसे सिद्ध कर सकता है।

डाक्टर लोग कहते हैं कि पारा पुंसत्व शक्ति का नाश करता है किन्तु हम कहते हैं कि इससे बढ़कर पुंसत्व शक्ति को बढ़ाने वाली कोई दूसरी वस्तु नहीं। वास्तव में बात यह है कि इसमें १८ दोष हैं। उनमें से एक दोष है जिससे यह नपुंसकता उत्पन्न करता है पर यह दोष पारद के शुद्ध करने से नहीं रहता।

वत्सनाभ डाक्टरी पुस्तकों में दिल को घटाने और निर्बल करने वाला माना गया है। परन्तु यदि इसको ३ दिन गौमूत्र में भिगो दें तो यही दिल को ताकत देने वाला होता है।

हमारे शास्त्रों में समभाग घृत और शहद को विष लिखा है, आप इसका अनुभव कर सकते हैं। पर विज्ञान की किसी भी रीति से इसे ऐसा सिद्ध नहीं कर सकते। आप एक व्यक्ति को दो तोला घी और इतना ही शहद मिला कर प्रति दिन खिलाना शुरू करें और दूसरे को अढ़ाई तोला शहद और दो तोला घी अर्थात् समभाग न हों, सेवन करावें। कुछ ही दिनों में आपको ज्ञात हो जायगा कि हमारे शास्त्रकारों की बुद्धि कितनी प्रखर व तीव्र थी। समभाग खाने वाले व्यक्ति की भूख दिन प्रति दिन घटने लगेगी और वह रोगी होता जायगा, परन्तु विषम भाग खाने वाला बलिष्ठ होता जायगा।

घी केला दोनों भारी है परन्तु यदि वह घी में बनाकर खाया जाय तो हलका हो जायगा। निस्सन्देह ज्यों-ज्यों साइन्स उन्नति करेगी, त्यों-त्यों ऋषि द्वारा वर्णित सचाइयाँ

प्रकट होती जायँगीं। हमारे भारतवासी बालकों के गले में तांबा डालते हैं और तांबे के पात्र में जल भर कर पानी पीना उत्तम मानते हैं तांबे के पात्र में जल भर कर रखने से जल की शुद्धि होती है और उसमें कृमि-नाशक गुण प्रकट होता है।

मैं जो कुछ कह रहा हूँ इससे मेरा यह अभिप्राय नहीं है कि विज्ञान सर्वथा त्याज्य है। सब संसार को उन महानुभावों का कृतज्ञ होना चाहिये जो कि वैज्ञानिक शोध करके नई-नई बात निकालते रहते हैं। परन्तु जिसको नवीन साइन्स और आविष्कार कहा जाता है, वह प्रायः केवल युक्तियों का एक समूह ही होता है। पाश्चिमात्य चिकित्सक लोग इसी के आधार पर सिद्ध कर रहे हैं कि प्राकृतिक चिकित्सा ही ठीक है, औषधियों का प्रयोग अप्राकृतिक है कोई कुछ कहता है और कोई कुछ, डा० लूई कूने ने भी तो साइन्स के आधार पर सिद्ध कर दिया था कि औषधि का प्रयोग रोगोत्पादक है, केवल चार प्रकार के स्नानों से सर्व प्रकार के रोग मिट जाते हैं। नवीन साइन्स ही के आधार पर डा० हनीमैन ने सिद्ध कर दिया कि संसार की सब चिकित्साएँ भ्रम मूलक हैं, केवल होम्योपैथिक चिकित्सा ही वैज्ञानिक है।

आयुर्वेद चिकित्सा में जहां धनियों के लिए बहुमूल्य औषधियाँ मिल सकती हैं। वहाँ निर्धनों के लिए थोड़े से थोड़े मूल्य की औषध भी मिल जाती है। जिनके लिये नाम मात्र का ही व्यय करना पड़ता है। वैद्य लोग प्रायः गरीबों को दवा मुफ़्त देते हैं।

गौदन्ती हरताल को बराबर भून कर पीस कर रख लें, मैलेरिया के रोगियों की अत्युत्तम औषध बन जाती है। श्वेत फिटकरी को भून कर या फुला कर पीस कर रख लें, मैलेरिया अथवा कोई भी पारी से आने वाले ज्वर की उत्तम औषध बन जाती है। सौंफ को भून कर मिश्री मिला ले तो यह एक उत्तम पसीना लाने वाली औषध बन जाती है। इसी प्रकार प्रत्येक रोग के लिये सरल तथा सस्ती औषधियाँ आयुर्वेद में विद्यमान हैं। इसमें कुछ कठिनाई नहीं, इच्छानुसार इनका प्रयोग करके देखा जा सकता है।

सबसे बड़ी विशेषता तो वास्तव में आयुर्वेद की यही है कि आयुर्वेदिक सिद्धान्त ऋषियों ने अनुभव की कसौटी पर परख कर सूत्र रूप में बाँधे हैं। इसीलिये परिवर्तन शील नहीं। यह भी सबको विदित होना चाहिये कि यदि कोई देश अपने स्वास्थ्य के लिये भी दूसरों के सहारे है तो वह कभी भी स्वतन्त्रता प्राप्त नहीं कर सकता है। कितना अन्धेर है कि जब तक विदेश से दवाइयों का जहाज न आवे तब तक हम अपनी बीमारी की चिकित्सा भी नहीं कर सकते हैं। हमारे लायक से लायक डाक्टर विलायत के दवासाजों के एजेन्ट मात्र हैं।

भारत और विशेष कर हिमालय पर्वत से बढ़ कर विश्व के किसी भाग में औषधियाँ तथा जड़ी बूटियाँ उत्पन्न नहीं होती हैं इसी से अभी तक यह अवस्था है कि कोई देशी वैद्य जंगल में भी हो और कोई रोगी आवे, तो वह वहीं से जड़ी उखाड़ कर उसको आराम कर सकता है। साधारण एक वृक्ष या जड़ से बीसों रोगों की दवा हो सकती है। घरों में स्त्रियों को भी बीसों दवाओं के गुण मालूम होते थे और वे छोटी-मोटी बीमारियों की चिकित्सा भी कर लेती थीं, पर आजकल अंगरेजी पढ़ी स्त्रियाँ यह ज्ञान नहीं रखती हैं।

धातु और विषैली वस्तुओं को शुद्ध करने का रहस्य भी किसी अन्य पेथी वालों के मगज में नहीं आया है।

इनको यह मालूम नहीं कि सुवर्ण मिलावट से रहित खालिश होने पर भी, इसकी भस्म करने से पहिले इसमें से किन दोषों की शुद्धि करते हैं।

पारद खालिस होने पर भी १८ दोष अपने भीतर रखता है और जितने दोष दूर करते जाओ उतना ही लाभदायक होता जाता है। साइन्स यहाँ चुप है, कि शुद्धि से क्या हो जाता है, कैसे इन वस्तुओं के अवगुण दूर हो जाते हैं, क्यों विषैला कुचला अमृत हो जाता है, क्यों जमालगोटा अपनी तीव्रता खो देता है; क्यों सिंगरफ जिसे साइन्स बाजीकरण नहीं कहती शुद्ध करने से उत्तम बाजीकरण हो जाता है।

धातु उपधातुओं के भस्म करने की विधियाँ भी वैद्यों के अतिरिक्त अभी किसी को ज्ञात नहीं है। इनसे ऐसी-ऐसी औषधियाँ बनती हैं जो जादू का सा चमत्कार रोग दूर करने में रखती हैं। हीरा जिसको साइन्स केवल कार्बन (कोयला) कहती है, भस्म भी होता है और क्षय आदि रोगों के लिये रामबाण औषध है। पारद, सिंगरफ, हरताल, संखिया आदि जो आग दिखाते ही उड़ जाते हैं, उनकी ऐसी भस्में बनाते हैं, जो पुनः आग पर रखने से उड़ नहीं सकतीं। धातुओं के ऐसे सत्व निकलते हैं जो किसी साइन्स की रीति से उनमें देखे नहीं जाते

औषधियों के गुण जानने में भी हमारे पूर्वजों को वह योग-दृष्टि प्राप्त थी कि जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। रस, गुण, वीर्य और विपाक के अतिरिक्त औषधि का एक प्रभाव होता है—प्रभाव प्रत्येक औषधि का विशेष गुण है जो साइन्स नहीं बता सकती। मोती, मूँगा, सीप, पाषाण, संगजरात का भस्म सब कैलसियम (चूना) होने पर भी अपने प्रभाव पृथक्-पृथक् रखते हैं। अपामार्ग की जड़ प्रसव-काल में स्त्री के शिर में बाँधने से बच्चा आसानी से उत्पन्न होता है। शहदेवी की जड़ शिर पर बाँध देने से ज्वर कम हो जाता है। शहद और घी समभाग मिलाने से विषैला प्रभाव करता है। ऐसे ही प्रत्येक औषधियों के प्रभाव ग्रन्थों में लिखे हैं। क्या कोई कह सकता है कि सहस्रों वर्ष पहले औषधियों के जो गुण लिखे गये हैं उनमें से आज तक एक भी मिथ्या प्रमाणित हुआ है? यही कारण है कि देशी वैद्य इस गरीबी तथा लाचारी की अवस्था में भी चिकित्सा में वह चमत्कार दिखाते हैं कि बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी इन "अयोग्यों" के कार्यों से दंग रह जाते हैं। जब कभी सामना हुआ देशी चिकित्सा की प्रधानता ही प्रमाणित हुई। जो कार्य ऑपरेशन के बिना सम्भव नहीं, वह औषधि द्वारा ही सिद्ध हो जाता है।

औषधि के साथ पथ्यापथ्य और अनुपान भी देशी चिकित्सा की विशेषता में से एक है। एक औषधि विविध प्रकार के रोगों में केवल अनुपान बदल कर प्रयुक्त कर सकते हैं। किसी को शहद में किसी को अद्रक में किसी को मक्खन में और किसी को घृत से देने से कफ पित्त और वात की प्रकृति में एकही औषधि प्रयुक्त हो सकती है। पुनः प्रत्येक औषधि का विशेष अनुपान भी भिन्न-भिन्न होता है। संग्रहणी-शोथ आदि में मण्डूर दिया जाय तो उसका पथ्य दही है। परन्तु यदि दुग्धवटि दी जाती है तो फिर दुग्ध के अतिरिक्त कोई वस्तु नहीं दी जाती। दोनों प्रकार से पूर्ण लाभ होता है। जिन बातों के लिये कहा जाता है कि ये नये अविष्कार हैं, इन सबके मूल हमारे यहां विद्यमान हैं।

वस्ति कोई नया आविष्कार नहीं है। चरक में पहले ही से १८ प्रकार की वस्ति लिखी है। शीतला का टीका भी नैपाल जैसे पहाड़ी प्रदेश में अभी तक पुराने ढंग से प्रचलित है।

बाजीकरण तथा रसायन भी जैसे कि आयुर्वेद में लिखे हैं वैसे ही अब डाक्टर लोग भी शनैः २ अपनी चिकित्सा में सम्मिलित कर रहे हैं। आयुर्वेद में पहले ही रसायन एक आवश्यक अंग है।

भारत से ही तो आयुर्वेद के सिद्धान्त यूनान ने सीखे, फिर यूनानी तथा इस्लामी तत्ववेत्ताओं ने अपने ज्ञान से इसमें वृद्धि की और वह आज यूनानी चिकित्सा कहलाती है। एलोपेथी यूनानी चिकित्सा से ही निकली है अब डाक्टरों ने इसमें पर्याप्त उन्नति की है इनमें से जो सिद्धान्त हमारी चिकित्सा-विधि से विरुद्ध नहीं पड़ते उन सबसे हम अवश्य लाभ उठावेंगे। विद्या जहाँ से भी प्राप्त हो लेना चाहिये। सचाई को जहाँ से भी हो ढूँढना चाहिये। यदि देशी चिकित्सा पद्धति के विरुद्ध आन्दोलन न होता तो इतना कहने की आवश्यकता ही न होती परन्तु जब आक्षेप किये जावें तो उत्तर देना आवश्यक हो जाता है।

बन्धुओं मुझे आशा है कि ज्यों-ज्यों समय बीतता जायगा त्यों-त्यों देशी तथा एलोपेथी चिकित्सा का मिलाप होता जायगा क्योंकि वर्तमान समय में बहुत से बन्धु भी आयुर्वेदिक औषधियाँ प्रेमपूर्वक काम में लेने लगे हैं और आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति सहानुभूति दर्शाते हैं। ऐसे सज्जन डाक्टर बन्धुओं को मैं अन्तःकरण से धन्यवाद देता हूँ।

कोई कोई वैद्यबन्धु जो कभी भी सम्मेलनों में भाग नहीं लेते और जिन्होंने सामाजिक सङ्गठन की शक्ति से प्रभाव का रहस्य नहीं समझा है, वे लोग सम्मेलनों की प्रवृत्तियों को निरर्थक मानते हैं और बिना कारण ही दोषारोपण किया करते हैं। उन बन्धुओं से मेरी नम्र प्रार्थना है कि कोई भी कार्य किसी एक व्यक्ति या समष्टि से भी एक दम फलीभूत नहीं हो जाते किन्तु उस कार्य को फलीभूत बनाने के लिये तन, मन और धन से लगातार उसके पीछे लगे रहने से ही फल प्राप्त होता है। निखिल भारतवर्ष के २२ वैद्य सम्मेलन आज तक हो चुके हैं २३ वाँ बीकानेर में होनेवाला है। और अपने प्रान्त का यह पंचम अधिवेशन है और भारतवर्ष के अन्य प्रान्तों में भी प्रान्तीय सम्मेलन बहुत से प्रायः हुआ करते हैं। अगर आप पूछें कि कि इन सम्मेलनों के करने से क्या लाभ हुआ—यदि आप आज से २० वर्ष पहले की स्थिति से आज की स्थिति से मुकाबिला करें तो आपको शीघ्र ही पता लग जायगा कि भारतवर्ष में जो आयुर्वेद की प्रगति नजर आती है वह सब सम्मेलनों द्वारा ही प्राप्त हुई है। सम्मेलन द्वारा उत्तमोत्तम धन्वन्तरि तुल्य महानुभावों के दर्शन-स्पर्श होते हैं और उनके रामबाण से अति गोप्य से गोप्य प्रयोगों का भी प्रत्यक्ष लाभ होता है जिनको प्राप्त करने में सारी उम्र क्यों न बीत जाय, नहीं प्राप्त हो सकते। और अनेक शङ्काओं का समाधान भी वहाँ सहज ही में हो जाता है। परस्पर वैद्यों में भ्रातृ-भाव बढ़ता है—सम्मेलन द्वारा अपनी संघ-शक्ति बढ़ सकती है और बढ़ी है। आप लोग संग-बल से कठिन से कठिन कार्य भी सहज ही में कर सकते हैं, अभी समय संगठन का है।

सम्मेलन द्वारा ही—आयुर्वेद विद्यापीठ, वैद्य महासभायें आयुर्वेदिक कालेज-आयुर्वेदिक पाठशालायें कहीं-कहीं नये आरोग्यभवन और कई आयुर्वेदिक औषधालय खुले हैं। मुझे आशा है कि इसी तरह अपनी प्रवृत्ति कार्य करने की जारी रही तो शीघ्र ही आयुर्वेद का गौरव असल की भाँति हो जायगा।

लीजिये, अपने प्रान्त में ही धर्मार्थ औषधालय म्युनिसिपालटी की ओर से लोकलबोर्डों की ओर से और धनिक गृहस्थों की ओर से स्थापित हुए हैं तथा आयुर्वेद विद्यालय भी कई जगह खुले हैं जैसे बम्बई, सूरत, भावनगर, बड़ोदा, पाटण, अहमदाबाद आदि स्थलों में स्थापित हुए हैं। आयुर्वेद की उन्नति कैसे हो?

(१) जगह-जगह आयुर्वेद विद्यालय योग्य प्रबन्ध के साथ खोले जाँय।

(२) चिकित्सा सम्बन्धी ग्रन्थों का सरल भाषा में प्रकाशन कराया जाय।

(३) संस्कृत और हिन्दी भाषा में वैद्यक परीक्षायें ली जायँ।

(४) वैद्यक धंधा करने की इच्छा रखने वाले मनुष्य जब तक पूर्ण वैद्य न होवें तब तक पूर्ण चिकित्सा कर्म में हाथ न डालें।

(५) आयुर्वेद पढ़ने की इच्छा रखने वाले को पहले हिन्दी और संस्कृत का पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिये; साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी होना चाहिये।

(६) अभ्यास कर्म पूरा करने किसी विद्वान् और अनुभवी वैद्य के पास रह कर दवा बनाने और चिकित्सा करने का अभ्यास करना चाहिये।

(७) विदेशी दवाओं से परहेज किया जाय, क्योंकि आजकल बहुत सी विदेशी पेटेण्ट दवाइयों का खूब जोर शोर से प्रचार बढ़ गया है जिनसे लाभ के बदले हानि होती है और अपने स्वार्थधर्म के विरुद्ध है उनका कुछ वर्णन करना आवश्यक है और उनके बजाय अपनी आयुर्वेदिक औषधियाँ काम कर सकती हैं उनका भी वर्णन कर आप महानुभावों के ध्यान में लाना चाहता हूँ।

विदेशी औषधि का नाम।	उनमें पड़ती धर्मविरुद्ध चीजें।	प्रतिनिधि देशी औषधि।
पेपसिन	डुकर, भेड़, बाछड़े वगैरह के होजरी में का निकाला हुआ सत्व	अरण्ड ककडी का क्षीर द्राक्षासव या पाचनवटि
मेलीन्स फूड वा दूसरे फूडस—	बहुत करके अंडो	बालजीवन -
असेन्सस ऑफ चीकन (मुर्गा)	मांस	चन्द्रोदय-द्राक्षासव,
,, बीफ (बैल)		जीवन तथा पूर्णचन्द्रोदय
,, मटन (भेड़)		
हेजेलीन ब्रो	अंडों का रस	बादाम का तैल,
काडलीवर ओइल इत्यादि	मछली का तैल	गरी का तैल, सु. वसन्तमालिनी और मालिश के लिये लाक्षादि तैल
हिमाग्लाबीन	लोही का भाग	लोहभस्म, लोहासव
मेनोलावाहन	मद्य	द्राक्षासव
वाहन कारनीस	दारू और मांस	द्राक्षासव
सार्सापेरिला	दारू	बृहद मंजिष्ठादि क्वाथ
पटने में आकर आपने पण्डित-सभा की स्थापना की, जिसमें आयुर्वेद की परीक्षाओं की स्थापना हुई और प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन का श्रीगणेश किया। ग० संस्कृत असोशियेशन में आयुर्वेद की मध्यमा और आचार्य परीक्षा जारी कराना आपही के उद्योग का फल है। आपही के अनुरोध से पटने में गवर्नमेन्ट आयुर्वेदिक कालेज खुला है जिसमें प्रिंसिपल आपके सुयोग्य पुत्र पं० हरिनारायणजी चतुर्वेदी हैं और सीनियर प्रोफेसर आपके प्रधान शिष्य पं० हरिनन्दन झाजी हैं। आपने गत भूकम्प-पीड़ितों की सहायता के लिए औषध रूप में १२०००) रुपये दिये और सैकड़ों वैद्यों को इस कार्य के लिये नियुक्त किया था।

आयुर्वेद के अतिरिक्त श्रुति, स्मृति, पुराण, षड्दर्शन तथा उपनिषद् में भी आपका अच्छा प्रवेश है। आपने आयुर्वेद पर एक नूतन पुस्तक लिखी है। सम्प्रति संस्कृत में मनोविज्ञान लिख रहे हैं। इनका लिखा शाश्वतस्वेन्दुशेखर ग्रन्थ बड़ा मनोरञ्जक है तथा त्रुटिविवेक भी दर्शनीय है।

बिहार प्रान्त में आयुर्वेद के प्रचार के लिये तन, मन, वचन और कर्म से जो उद्योग और कार्य आपने किये हैं, उनसे आपका नाम आयुर्वेद के इतिहास में अजर और अमर रहेगा। आपका प्रभाव जनता तथा बिहार सरकार पर भी बहुत अधिक है। आशा है कि आपकी छाया में आयुर्वेद की दिनोदिन उन्नति होती जायगी।

श्रीमान् भिषङ्मणि पं. हरिनारायण शर्मा चतुर्वेदी आयुर्वेदाचार्य।
प्रीन्सीपल, गवर्नमेन्ट आयुर्वेदिक कालेज, पटना।

माधवनिदान की शारदानाम्नी संस्कृत-टीका-प्रणेता कविराज

श्रीयुत शारदाचरण सेन कविरत्नजी का

संक्षिप्त परिचय

आपका जन्म बंगदेशान्तर्गत फरीदपुर जिला के काशीयानी नामक ग्राम में हुआ है। आपने वर्धमान राजदरबार के विख्यात पंडित श्रीयुत हरिनाथ वेदान्तवागीश महोदयजी के पास व्याकरण-साहित्यादि अध्ययन करके कलकत्ते के तत्कालीन प्रसिद्ध आयुर्वेद कविराज अपने मातुल श्रीयुत कैलाशचन्द्र सेनजी के (कलकत्ता अहांग आयुर्वेद कालेज के वर्तमान प्रिंसपल श्रीयुत कविराज शिवनाथ सेन B. A , M. B. महोदय के पिताजी) के पास आयुर्वेद अध्ययन समाप्त किया। इसके पश्चात् कुछ दिन राजशाही शहर में रह कर चिकित्सा व्यवसाय भी किया। उस समय ही कविराजजी ने माधवनिदान की शारदानाम्नी संस्कृत टीका की रचना की। उसके बाद कविराजजी दरभंगा राज के महारानी रमेश्वर लता-विद्यालय में आयुर्वेद अध्यापक के पद पर नियुक्त होकर काम कर रहे हैं। बीच में कई वर्षों के लिये नेपाल राजदरबार के राज-वैद्य का भी काम किये हैं। कविराजजी बिहार प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के सप्तम वार्षिक अधिवेशन गया के सभापति निर्वाचित हुए थे। आप आयुर्वेद और दर्शनादि शास्त्र में भी विशेष पाण्डित्य रखते हैं।

॥ श्री दुर्गाशरणम् ॥

विहार-प्रान्तीय-सप्तम-वैद्य-सम्मेलन सभायां दरभंगा-महाराज लब्ध-प्रतिष्ठ कविराज

श्रीमत् शारदाचरण सेन कविरत्न सभापति महाशयस्य

अभिभाषणम्

शिवं स कुर्य्याद् भवतापहारी सदाशिवः सर्वरुजान्तकारी ।
यः सेवितः सद्य उपासकानाम् कामान् समस्तान् प्रददाति तुष्टः ॥ १ ॥
यस्याः पुराः सरस-गीतिगुणप्रवाहमाकर्ण्य मोदमतुलं दिवि संलभन्ते ।
सा भारती मलिन-मानस-पंकजेषु ज्ञान-प्रभाकर-करं चिरमातनोतु ॥ २ ॥

विद्यावयो वृद्धेभ्यो ब्राह्मणेभ्योनमः

अयि भोः ! विदांकुर्वन्त्यत्र भवन्तो विमल-विपुलधियः श्रीमन्तो विद्वांसः, यदत्र वितते विहार-प्रदेशे सन्ति भूयांसो यशः प्रभासमुद्भासित-दिङ्मण्डल-वैद्यशास्त्रविदो भिषजः ये किल सर्वथा अस्मृष्यां वैद्य-सम्मेलन-सभायां सभापति-पदमलंकर्तुं पारयन्ति, तथाप्यत्र श्लाघनीये परिषत्-पति-पदे मां नियोजयन्ति सन्तः । नियोगेनानेनानुगृहीतोऽहमात्मानं बहु मन्ये ।

ये महामतयो गुणसम्पदा शुभ्रं यशस्तन्वन्ति त एव सभापतिपदमध्यारोहन्ति, तथापि श्रीमतामार्य्यवर्य्याणां सन्निधजां ज्ञासन-खंचनात्तेषामवधीरणा भवेदिति विचिन्तयता शंका-शंकित-चेतसा तच्छासनं सुकुमार-कुसुम-रचितं माल्यमिव विनम्रमौलिना मन्दमतिना मयोह्यते । तदत्र निसर्ग-सुन्दर-शुद्ध-मतयो मनीषिणो मधुकरा इव मधुबिन्दून् विरलानपि गृह्णन्तु गुणलेशान् ।

भगवन्नारायण चरणस्पर्शापरिपूता गयानगरी लोकप्रसिद्धैवास्ति, अत्रैव प्रदेशे बौद्ध-धर्मस्याभ्युदयकाले दिगन्त-विश्रान्तयशसां नृपाणां प्रयत्नेन विश्वविद्यालयः संस्थापितोऽभूत् । यत्र कुलपतयइव गुरवः प्रशान्त-चित्तानसंख्यान् शिष्यानध्यापयन्ति स्म । निखिलेषु प्राच्यभूमि-वक्षोवेपूतीयमानार्कदीप्तिं वितन्वन् अत्रस्यमहाविद्यालय एव विदुषां लोचन-लोभनीय आसीत् । इमां पुण्यभूमिं प्राप्य अस्याः प्राचीनसमृद्धिं स्मरामि, स्मरामि च तेषां ज्ञानतपोधनानाम् सौम्यमूर्तिं सर्वजीव-हितैषितां च येषाम् पुण्यवतां तत्त्वज्ञानं जगतीतले अद्यापि सतां चित्तेषु सन्तोष-सन्ततिमुत्पादयति । देवभूमिरियं पुनरपि तादृशैर्ज्ञान-विज्ञान-प्रभावैः पृथिव्यां परां प्रतिष्ठामियात् ।

ये महामतयः आयुर्वेदीय चिकित्सायामतीवनिपुणा आसन् येषाम् करुणामयीमूर्त्तिरातुराणां हृदये देदीप्यते तेषां परलोकनिवासिनाम् आरानिवासी सुगृहीतनामा ब्रह्मदेवमिश्रा-भिधानो महोदयः अन्यतम आसीत्, येनमहात्मनायुर्वेदस्याभ्युदयाय महानायासोऽङ्गीकृतः, हन्त ! करुणाविप्लुतेव मृत्युना स महात्मा हृतः, अतो भितरां शोक-सन्तप्तोऽहम् सर्वशक्तिमतः

परमेश्वरस्वान्तिके तस्य पारलौकिकीं सद्गतिं प्रार्थये, अन्येषामपि वैद्यशास्त्र-विदां परलोकमुपेयुषाम् कृते दुःखितोऽस्मि ।

पाटलिपुत्रनगरे लब्धप्रतिष्ठ कविराज श्रीमद्राजमोहनराय महाशयः चिकित्सायां सुमहस्ततया स्वकीयैर्गुणैर्महामहिमान्वित हंराजराजेन वैद्यरत्न इत्युपाधिभूषणैर्विभूषितः, अनेन राजकीयसाम्मानेनाहम् परां प्रीतिमुपैमि ।

आयुर्वेदस्य निरुक्तिः—

आयुर्हिताहितं व्याधेर्निदानं शमनं तथा ।
विद्यते यत्र विद्वद्भिरायुर्वेदः स उच्यते ॥
अनेन पुरुषो यस्मादायुर्विन्दति वेत्ति च ।
तस्मान्मुनिवरैरेष आयुर्वेद इति स्मृतः ॥ अपि च

हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्यहिताहितम् । मानंच तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते । इति चरकः ।

आयुर्वेदस्य प्रयोजनम्—

आयुर्वेदोऽयमथर्ववेदस्याङ्गस्वरूपः मानवानां द्विलीयमुच्छ्वसितमिव परमप्रयोजनीयः कथितः, यदाह सुश्रुतः—इहखल्वायुर्वेदप्रयोजनम् व्याध्युपसृष्टानां व्याधिपरिमोक्षः स्वस्थस्यत्वास्थ्यरक्षणञ्चेति । आयुर्वेदप्रसादादेव मानवाः स्वहिताहितं ज्ञातुं शक्नुवन्ति हिताहारविहारशीला निरामयं दीर्घंजीवितञ्च लभन्ते । यदुक्तम् , चरके—

हिताशी स्यान् मिताशी स्यात् कालभोजी जितेन्द्रियः ।
दृष्ट्वा बहुविधान् रोगान् बुद्धिमानहिताशनात् ॥

भारतस्य सौभाग्यमायुर्वेदस्य प्राचीनत्वंच

आसीद्यदेयं विपुला धरित्री मोहान्धकारैः समावृता, तदा ज्ञान-प्रभाकर—किरणैर्भारतभूमिरेव दिशो भासयन्ती विरराज । सर्वर्तु-शोभिता सुरसरिदसित-स्रोतआद्यनेक-पुण्य-तोयतरङ्गिणी विधौत । पुण्य-भूमिरियं दर्शन-काव्य-ज्योतिष चिकित्साद्यमूल्यानि शास्त्र-रत्नान्यसूत, पुरा करुणा-प्रवणचेतसां तपोधनानाम् तथा शशिसूर्य-वंशावतंसानां भूपानामतिमात्र यत्नैः सर्वाणि शास्त्राणि समुन्नतेश्चरमशिखरमवापुः । ततः काले गते बहुतिथे भारतस्य दौर्भाग्यात् यदार्यकुलसम्भूत—ज्वलन्मणिमुकुट-शिरोनरपतयो यवनहृत-श्रियश्चाभवन् । तदा विधिनियोगात्तेजोविनाशपरिम्लानकान्तिरार्यगौरवरविरुत्पयोधौ निममज्ज । आर्यद्वेषिणां केषाञ्चिद्यवनानुपाता महितकर्म्मणा बहून्यार्य-शास्त्राणि विलुप्तान्यभूवन् । किमधिकेन सहैवार्यराजश्रिया बहून्यार्यशास्त्राणि विलुप्तानि, यान्यवशिष्टानि इदानीमपि विद्यन्ते तान्यपि म्लानश्रीकाणि परिदृश्यन्ते । समुल्लसत्सु शास्त्ररत्नेषु आयुर्विज्ञानममूल्यंरत्नमिव प्रतिभाति, कुतः ? "धर्म्मार्थ-काम-मोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम्" । तत् पुनरायुर्वेदायत्तं च, उक्तञ्च सुश्रुते—अत्रावत्तमैहिकमामुष्मिकञ्चश्रेयः । उक्तानि काव्यालङ्कारदर्शनशास्त्राणि भारतीयार्यजातेः प्राचीनतायाः तथा प्रथमसभ्यतायाः स्थानमित्यामनन्ति मनीषिणः । भारतीयायुर्विज्ञानमेव पाश्चात्यचिकित्साशास्त्रस्य मूलम् । तपोयोगर्द्धिमतां नैकालिक निखिलज्ञानशालिनां महर्षीणामायुर्वेदशास्त्रस्यात्युत्तमत्वमभिसमीक्ष्य पाश्चात्यजातिभिररब-ग्रीकमिश्रदेशवासिभिः स्वस्वदेशभाषाभिरनूदितमायुर्वेदशास्त्रमशेषतः, अतः

समस्तपाश्चात्यदेशेषु विस्तीर्णं विजृम्भितं च इति प्रसतत्त्वविज्ञिर्डाक्टर वाईज् प्रभृतिभिरुदीरितम् ।

"The Greecians obtained much of their knowledge from a mysterious nation of the east, which we have proved was the Hindu,... whose great progress in medicine.....was communicated through the Egyptian priesthood, to the philosophers of Greece."

Doctor Wise's History of Medicine

INTRODUCTION Page 49.

ये तावदार्य्यवर्य्या जगन्मण्डले सर्वेषां मानवानां ज्ञानगुरव आसन्, हन्त ! तद्वंशीया एव साम्प्रतम् परेषामन्तेवासिनः सञ्जाताः ।

आयुर्वेदस्याङ्ग-विभागः

शल्यं-शालक्यं, कायचिकित्सा, भूतविद्या, कौमारभृत्यम् , अगदतन्त्रम् , रसायनतन्त्रम् , वाजीकरणतन्त्रमिति ।

अथास्य प्रत्यंगलक्षणसमासः—

तत्र शल्यंनाम विविधतृणकाष्ठपाषाणपांशुलोहलोष्टास्थि बालनखपूयास्रावान्तर्गर्भ शल्योद्धरणार्थं यन्त्र शस्त्र क्षाराग्निप्रणिधानव्रणविनिश्चयार्थञ्च, शालाक्यंनाम ऊर्द्धजत्रुगतानां रोगाणां श्रवणनयनवदनघ्राणादिसंश्रितानां व्याधीनामुपशमनार्थम् ॥ कायचिकित्सानाम सर्वांगसंश्रितानां व्याधीनां ज्वरातीसाररक्तपित्तशोषोन्मादापस्मारकुष्ठमेहादीनामुपशमनार्थम् ॥

भूतविद्यानाम देवासुरगन्धर्वयक्षरक्षः पितृपिशाच नागग्रहाद्युपसृष्टचेतसां शान्तिकर्म्मबलिहरणादिग्रहोपशमनार्थम् ॥

अगदतन्त्रं नाम सर्पकीटलूताषूम्रिकमूषकादिदष्टविषव्यञ्जनार्थम् विविधविषसंयोगविषोपहतोपशमनार्थम् ॥

रसायनतन्त्रं नाम वयस्थापनमायुर्मेधाबलकरं रोगापहरणसमर्थञ्च ॥ वाजीकरणतन्त्रं नाम अल्पदुष्टविशुष्कक्षीणरेतसामाप्यायनप्रसादोपचयजननिमित्तं प्रहर्षजननार्थञ्च । एवमयमायुर्वेदोऽष्टांग उपदिश्यते ॥

अष्टास्वपि आयुर्वेद—तन्त्रेषु कायचिकित्सानाम तन्त्रम् शल्यतन्त्रं च प्रधाने भवतः । कायचिकित्सातन्त्रे ज्वरातीसारप्रभृतीनां प्रशमोपायो निर्दिष्टः । अपिच कुटीप्रावेशिकस्य तथा ब्राह्मादि नाना प्रकाराणां वातातपिकानां रसायनानां च प्रयोगं ऋषय ऊचुः । कलौ मानवा अल्पबलाः सुकुमाराः क्लेशं सोढुमशक्नुवानाः कुटीप्रावेशिकस्य रसायनस्य यथाविधि सेवां केनाप्युपायेन कर्तुं न शक्नुवन्ति । किन्तु अन्येषां ब्राह्मादिरसायनानामुपयोगं कर्तुमर्हन्ति । वैखानसा बालखिल्यादयो महर्षयः ब्राह्मरसायनस्य सादृगुण्येनामितमायुर्लेभिरे ।

वैखानसाबालखिल्यास्तथाचान्ये तपोधनाः रसायनमिदं प्राप्य बभूवुरमितायुषः । मुक्ताजीर्ण वपुश्चान्यमवापुस्तरुणंवयः । वीततन्द्राक्लम-त्रासा निरातंकाः समाहिताः ॥ मेधास्मृतिबलोपेताश्चिररात्रंतपोधनाः, ब्रह्म-तपोब्रह्मचर्य्य-वेरुग्यात्यन्तनिष्ठया ॥ रसायनमिदं ब्राह्मंआयुष्कामः प्रयोजयेत् । इति ब्राह्मरसायनम् ।



श्रीमान् आनरेबल रायबहादुर कृष्णसहायजी।
सिनियर एक्झीक्युटिव मबर गवर्नमेन्ट बिहार एन्ड उडीसा।
सभापति–बिहारप्रान्तीय २ वैद्यसंमेलन पटना।

चरक-सम्मत-चिकित्साप्रचारः—

यदा मानवानां तपोपवासाध्ययनादीनां विघ्नभूतारोगाःप्रादुर्बभूवुस्तदा दयार्द्रचित्ता महर्षयः प्राणिनामशेषदुःखजिहीर्षया हिमवतः पुण्यतमे पादप्रदेशे सन्निविष्टा बभूवुः। तेच—अङ्गिरा जमदग्निश्च वसिष्ठः काश्यपोभृगुः। आत्रेयोगौतमः सांख्यः पुलस्त्योनारदोऽसितः। परीक्षिर्भिक्षुरात्रेयो भारद्वाजः कपिञ्जलः। विश्वामित्रास्वरण्यौ च भार्गवश्च्यवनोऽभिजित्। इत्यादयो महर्षयो ध्यानचक्षुषा शक्रं शरणं ययुः।

एतेषु महर्षिषु तीक्ष्णबुद्धिर्भरद्वाज इन्द्रभवनं गत्वा दीप्यमानमनलमिव सुरर्षिगणमध्यगं सुरेश्वरमपश्यत्, धीमान् भरद्वाजः सुरेशं प्रत्युवाच—हे देवेन्द्र! सर्वप्राणिभयंकरा व्याधयः समुत्पन्नाः तेषां शान्तेरुपायं ब्रूहि। ततस्तस्मै पुरन्दरः सुस्थातुर—परायणमायुर्वेदं प्रोवाच। अनन्तरमात्रेयमुनेः अग्निवेशादयः शिष्या अभवन्, ते पुनः स्वं स्वं तन्त्रं कृतवन्तः। महामतिश्चरकः अनुत्तमं चरकनामधेयं ग्रन्थं प्रणिनाय।

धन्वन्तरीयचिकित्साप्रचारः।

औपधेनव-वैतरण-सुश्रुतप्रभृतयःशिष्याः व्याधिभिः परिपीडितान् मानवानभिसमीक्ष्य तेषां सुखैषिणां रोगोपशमार्थमात्मनः प्राण-यात्रार्थञ्च काशीराजं धन्वन्तरिमुपसङ्गम्योचुः—भगवन्तमुपन्नाःस्मः शिष्यत्वेनेति, ततः परमकारुणिको भगवान् धन्वन्तरिः सुश्रुतादिभ्यः शिष्येभ्यः शल्यज्ञानं मूलकृत्वा अष्टांगमायुर्वेदमभाषत। सुश्रुतसंहितायां मृदुगर्भाश्मरीचिकित्सितं सर्वथा नैपुण्येन वर्णितम्। यं चिकित्साविधिं दृष्ट्वा युरोपीयविज्ञानदीक्षा शस्त्र-चिकित्सा-विशारदाश्च परं विस्मयं जग्मुः।

कलिकाता राजकीय मेडिकलकालेजाख्ये प्रवीणचिकित्साध्यक्षः डाक्टर चार्लस महोदय आयुर्वेद-सम्मतां मृदुगर्भचिकित्साविधिम् अश्मरी-चिकित्सा-विधिञ्च जिज्ञासुः सुश्रुतसंहितायाः मदुगर्भाश्मरी-चिकित्साध्यायस्य इंराजीभाषानुवादं ज्ञात्वा मृदुगर्भशल्योद्धरण-विधिं भितरां प्रशशंस। तस्येदम् अभिमतं यदुक्तम् पण्डितवरेण उमेशचन्द्रेण—

"Dr. Charles highly praised the process of delivery in difficult cases and even confessed that with all his great experience in midwifery and surgery, he never had any idea of the like being found in all the medical works that came under his observation."

VAIDYAKA SABDA-SINDHU.

Preface page 36.

यदुक्तं सुश्रुते

नातः कष्टतममस्ति यथा मूढ-गर्भशल्योद्धरणमत्र हि योनि-यकृत् प्लीहान्त्रविवर-गर्भाशयानां मध्ये कर्म्म कर्तव्यं स्पर्शेन, इत्यादि। अन्तर्मृते शिशौ तत्र म्रियमाणस्य मण्डलाग्रेणाङ्गुलिसक्षेण वा शिरो विदार्य शिरःकपालानाहृत्य शकुना गृहीत्वोरसि कक्षायां वापहरेदभिन्ने शिरसि वाक्षिकूटे गण्डेवा अंससंसक्तस्य अंसदेशे बाहुं छित्वा दृतिमिवाततम् वातपूर्णोदरं वा विदार्य निरस्यान्त्राणि शिथिलीभूतमाहरेज्जघनसक्तस्य वा जघन-कपालानीत्यादि। न केवलं ते शारीरतत्त्व-विदो भारतीया मूढगर्भचिकित्सायां निकामं नैपुण्यमापुः। परन्तु छिन्नकर्ण-ग्रीवौष्ठ नासिकानामपि अङ्गैक्यमपिनिन्युः। पुरा शस्त्र-चिकित्सा विद्यासमुन्नतेः पराकाष्ठामवाप।

प्राक् प्रज्ञापराधजा रोगा न आसन् ; तदा विधिगीषवो बलोद्धता राजानः शस्त्रेण परस्परमभिक्रान्दन्ति स्म । तेषां देहात् शल्यमुद्धर्तुं व्रणरोपण—बन्धनाय च शल्यतन्त्रस्य प्रयोजनमन्वभूत् । प्राचीनभारते अभियानं कुर्वतः शत्रून् जिगीषतः युक्तसेनस्य नरपतेर्गन्तव्यं पन्थानं सलिलंवचमक्षम् तरुच्छायामिन्धनञ्च शस्त्रव विषयोगेनावद्यन्त । अष्टाङ्गायुर्वेद-विशारद-वैद्या यवेन्धन-सलिलादीनां संशोधनाय तथा विषाक्त-सलिलादिभ्यो राजानं सैनिकाश्च रक्षितुं सर्वात्मनायतन्त । वैद्यशास्त्रे शारीरविज्ञानं तथा प्रत्यक्षतोऽङ्ग-प्रत्यङ्ग-विनिश्चयार्थं शवच्छेदविधानं नास्तीति बहवो मन्यन्ते । अनभिज्ञानामप सिद्धान्तोऽयम् ॥ सुश्रुते दृश्यते—त्वक्पर्य्यन्तस्यदेहस्यधोऽयमङ्ग विनिश्चयः । शल्यज्ञानाहते नैव वर्ण्यतेऽङ्गेषु केषुचित् ॥ तस्माच्चिरंसंशयंज्ञानं हर्त्रा शल्यस्य वाञ्छता, शोधयित्वा मृतं सम्यग् द्रष्टव्योऽङ्गविनिश्चयः । तस्मात् समस्तगात्रमविषोपहृतमदीर्घव्याधि-पीडितमवर्षशतिकम् निःसृष्टान्त्र पुरुषमवहन्यामापगायां निबद्ध-पञ्चरस्थं मुञ्ज-वल्कल-कुश-शनादीनामन्यतमेनावेष्टिताङ्गमप्रकाशे देशे कोथयेत् सम्यक् , प्रकुथितञ्चोद्धृत्य ततो देहं सप्तरात्रादुद्धीरबाल-वेणु-वल्कल-कुचीनामन्यतमेन शनैः-शनैरवघर्षयन् त्वगादीन् सर्वानेव बाह्याभ्यन्तराङ्गप्रत्यङ्ग विशेषान् यथोक्तान् लक्षयेच्चक्षुषा ।

आयुर्वेदस्यावनतिः ।

बहवो विपश्चित ईदृक् समुन्नत वैद्यशास्त्रस्याधःपतने वक्ष्यमाणानि कारणानि मन्यन्ते । यदा बौद्धधर्मस्य प्राधान्यं बभूव तदा अहिंसा परमोधर्म इति मन्त्रमुपासीना 'माभूत् कदाचिदङ्गे शस्त्रोपचारात् हिंसा' इति मन्यमाना शस्त्रचिकित्सां परित्यजुः ।

अन्यच्चकारणम् ।

शवच्छेदमन्तरा मर्म-शिरा-स्नायु-धमनी प्रभृतीनां ज्ञानं किञ्चिदपि कोऽपि न लभते । शवस्पर्शात् स्नानं प्रायश्चित्तञ्च विधीयते ; अतः प्रायश्चित्त भयात् केऽपि हिन्दूधर्मावलम्बिनः शारीर-पदार्थ-दर्शनार्थं मृतं नस्पृशन्ति स्म । अतोऽज्ञात-शिरा-स्नायु-मर्म-सन्धि-वैद्या आतुरस्यास्यव-भयात् शस्त्रोपचारं नाकुर्वन् ।

चिकित्साफलम् ।

यः खलु पुरुषः गुरुसन्निधौ निरन्तरं वैद्यशास्त्रस्य पद्-पाद्-श्लोकार्द्धश्लोकमधीत्य चिकित्साविधिञ्च दृष्ट्वा चिकित्सत्यातुरान् स वैद्य इति नान्नासन्निरभिधीयते, चिकित्साकर्म्मणि कृतार्दितानां रोगानपनीय विपुलं पुण्यं संचिनोति, धनञ्च प्राप्नोति । परलोके च सुरसुन्दरीभिः सादरं परिगृह्यते । यः अनधीत शास्त्रः अदृष्टकर्म्मा स केवलमर्थलाभसखा अयुक्तियुक्तं भेषजं दत्त्वा आतुरमतिपातयति । शास्त्रोक्तानि महामेदादीनि कानिचिद्भेषजानीदानीं न लभ्यन्ते । यदि-नाम कश्चित्पुरुषाह-शीलवत्तमगुण पुरुषः महामेद-जीवकर्षभादीनां परिचयाय परं प्रयत्नमाधत्ते तर्ह्यतिवीर्यवतां बहुभेषजानामनल्पेनायासेन प्राप्तिर्भवितुमर्हति, तन्यौषधानि हिमगिरौ जायन्ते, श्री ३ महाराजमहोदयस्य चिकित्सकरूपेण नेपालराजधानी काष्ठमण्डपनगरमध्युषितेन मया प्रागुक्तानिभेषजानि बहून्यवलोकितानि । वैद्यशास्त्रोन्नतेरुपाया वक्ष्यमाणा निर्दश्यन्ते । (१) आयुर्वेदीयविद्यालयस्थापनम् (२) पुस्तकागार स्थापनम् [यत्र सर्व्वदेश प्रचलितानां हस्तलिखितानां प्राचीनवैद्यक-ग्रन्थानां संग्रहः] (३) शास्त्रोदित गुणोपेताध्यापकः (४) विनय चेष्टा-धृतिस्मृतिप्रतिपत्त्यादियुक्तः शिष्याः (५) पुरोपीय चिकित्सा विज्ञानविद् आयुर्वेदाध्यापकः



श्रीमान् आनरेबल जस्टिस सर ज्वालाप्रसादजी, एवंटंग चीफ जस्टिस पटना हाइकोर्ट।
सभापति-बिहारप्रान्तीय ३ वैद्यसम्मेलन आरा।

(६) भैषज्योद्यान स्थापनम् (७) आतुराश्रमप्रतिष्ठा (८) नाना विधानां यन्त्र-शस्त्रादीनां संग्रहः (९) प्राचीनरीत्यायुर्वेदाध्यापनम् (१०) चिकित्साकर्मणि यूरोपीय नवाविष्कृत यन्त्रादीनां व्यवहारस्तेषां तत्त्वविज्ञानञ्च (११) शवच्छेदेन शारीरयन्त्रादीनां शिराधमनी प्रभृतीनां प्रत्यक्षतोदर्शनम् (१२) भिषजां शास्त्राऽऽपनम् चिकित्सारीतिकर्म-फल-प्रचाराश्च (१३) शिष्यगुणान्वितायान्तेवासिने वृत्तिप्रदानम्। संक्षेपत इमे उपाया निर्दिष्टा उत्कृष्टास्य कर्मणः सिद्धिरमिततेजसो राज्ञः करुणामसृण- कटाक्षपातं विना तथा विपुल-धनानां महात्मनां स्वार्थत्यागमन्तरेण भवितुं नार्हति अतः सर्वैरेव भारतवासिभिः सर्वात्मना वैद्यशास्त्राभ्युदयाय यतितव्यम्।

भारते विन्ध्य-हिमाद्रि प्रभृति-नगरेनिकुञ्जे कातिनामनंनम्य मानालता-मञ्जुल-मञ्जुलैः फलकुसुमैः परिशोभिताः परिदृश्यन्ते। उद्यानभूमिश्च नानाविधैः कुसुमस्तवकावनम्रैर्वनस्पतिभिरलङ्क्रियते, सरांसि च इन्दु-करोन्निद्र-कुमुद-कह्लारादिभिः परिशोभन्ते। विकचनलिनानिच सतां चेतांसि रञ्जयन्ति। नानौषध-सम्पन्ना शस्यश्यामला भारतभूमिरियं विलोल-माल्य-वसना वनदेवतेव लोक-ललामभूता प्रतिभाति। उक्तञ्च चरके "ओषधीनां परामूर्मिर्हिमवान् शैलसत्तमः" भारतस्येदक् सौभाग्ये विद्यमानेऽपि हन्त ! भारतीया भेषजलिप्सया शुष्क-कण्ठ-चातक इव सागरे परदेशादागच्छन्तम् औषध-पूर्णं पोतंविलोकयन्ति, इतः किमस्त्यधिकं सन्ताप-कारणम्? इंराजराजः यदि आयुर्वेद विद्यालयं स्थापयित्वा तत्र शारीरतत्त्वं तथास्थिविद्या Anatomy प्रभृतीनां शिक्षाप्रदानेनायुर्वेदशिक्षिन् निःशेषे आयुर्वेदमष्टाङ्गं शिक्षयेत्, रोगिणां रोगोपशमाय अन्तेवासिनां रोगविज्ञानाय कर्म्माभ्यासार्थं च आतुराश्रमं Hospital संस्थापयेत्, अधिकन्तु यूरोपामेरिकाप्रभृति सभ्यदेशेषु नवविष्कृतं चिकित्सा-विषय-ज्ञानं च शिक्षयेत् तर्हि परमार्थतः विद्यार्थिनः वैद्यशास्त्र-सागरं पारयेयुः।

पाटलिपुत्रनगरे पाश्चात्यायुर्विज्ञानशिक्षायै पाठशाला विद्यते तत्र पुनः प्रधान चिकित्सा विद्यालयः Medical College अचिराद् भविष्यतीति श्रूयते, दरभंगा नगरेऽपि प्रतीच्यचिकित्साविद्यालयो भविष्यति। किन्तु आर्यचिकित्सा-शास्त्रस्य शिक्षाप्रदानाय राजपुरुषाणां कापि चेष्टा न लक्ष्यते, अतोगुणग्राहिण इंराजराजस्य सविधे इयमेवास्माकं प्रार्थना—विहार प्रदेशेऽपि राजानुग्रह परिचालितायुर्वेद विद्यालयो भवतु। इदानीमपि यत्ने कृते भारतवासस्तं गमिष्यत्यायुर्वेद शास्त्रम्। आर्य्याणां स्वदेशजं भेषजं नितरामनुकूलम् उक्तञ्च "यस्यदेशस्य योजन्मी तज्जं तस्यौषधं हितम्" तीव्रवीर्यं परदेशजं अखिलं भेषजं सर्वदा सर्वथा भारतवासिनां सुखाय न सम्पद्यते।

अमेरिका देश-निवासी चिकित्साशास्त्र विशारदः डाक्टर क्लर्क महोदयश्च चरकानुमतं चिकित्सा विधानं नितरां प्रशशंस।

"If the physicions of the present day, would drop from the pharmacopia, all the modern drugs and chemicals and treat their patients according to the methods of Charak, there would be less work for the undertakers and fewer chronic invalids in the world."

Dr. clarke.
M. A., M. D.

अस्या भावार्थः—यदि नाम इदानीन्तनाश्चिकित्सका वर्तमान चिकित्सा-विधिं परित्यज्य चरकानुमतां चिकित्सा पद्धतिमवलम्ब्य चिकित्सन्ति तर्हि पृथिव्यां सुदीर्घ-व्याधिपीडितानां संख्याबाहुल्यं लघुतां व्रजेत् तथा वैद्यानामपि श्रमलाघवं स्यात्।

साम्प्रतं स्वदेश-सेवा-व्रत-दीक्षितानां सज्जनानां स्वदेशजे वसने यादृगनुरागो दरीदृश्यते यदि ताम् भारतवर्षजे भैषज्ये भारतीयानां तादृगनुरागो न जायते तर्हि वैद्यशास्त्रस्य पुनरभ्युत्थानं सुदूर-परा हतमिति मन्ये। विगत-हर्षस्य भारतवर्षस्य हिताय मानधनैराचार्यवर्य्यैमहात्मनोदितं वचनमिदमनिशं स्मर्तव्यम् तद् तथा "—नमहानिच्छति भूतिमन्यतः"। इति

हर्षप्रकाशः—

यतः प्रभृति श्रीभारतराजलक्ष्मीः प्रकर्षतन्त्रस्य इंराजराजस्य अङ्कमलञ्चकार ततोऽद्यावधि भारतीय चिकित्साशास्त्र राजानुत्साह इत-प्रभमासीत्, दिष्टया सम्प्रति भारत-शासक-सम्प्रदायस्य वैद्यचिकित्साया उन्नतिविधौ प्रीतिस्निग्ध-दृष्टिर्निपतिता। यतो दिल्लीनगरे आयुर्वेदीय विद्यालयः संस्थापितः ततोऽनन्तरम् मुजफ्फरपुरे संस्कृतविद्यालये आयुर्वेदस्याध्यापना विधौ वैद्यशास्त्रस्याध्यापकोनियोजितः।

महानयं हर्षविषयः यत् मिथिला-महाराजाधिराजः श्रीमान् रमेश्वरसिंह विक्रान्तोऽपि स्वकीये रमेश्वरलता विद्यालये आयुर्वेदस्य स्थानं दत्तवान्, अधीयतेच तत्र बहवोऽयुत्पन्ना अन्तेवासिनः। श्रूयतेच इंराजराजस्यादेशेन पूर्तकार्य्य—निर्वाहक—समितिः District Board तथा पत्तन-परिमार्जन-समितिः Municipality मूल्यंविनौषधस्य प्रदानाय। नगरे-नगरे आयुर्वेदीय चिकित्सालयं स्थापयितुमादिदेश, अतो भारत-साम्राज्यमुद्दिश्यासंख्यं धन्यवादं ददामि।

"प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः, सरस्वती श्रुति-महतीनहीयताम्"

आपत्पयोधौ दिनकृन्निमग्नः यथा प्रभाते पुनरेति लक्ष्मीम्।
तथा ह्ययं वैद्यक-शास्त्र-सूर्य्यः प्राज्यांशुजालैः पुनरेव भायात्॥

शिवमस्तु

श्रीमान आयुर्वेदाचार्य कविराज श्री विधु भूषणसेन
काव्यव्याकरणतीर्थ, कविरत्न (पटना)।
अध्यक्ष—बिहारप्रान्तीय १२ वैद्यसंमेलन, हाजीपुर।
प्रधान संपादक, बिहारप्रान्तीयवैद्यसंमेलनपत्रिका।
अध्यापक, गवर्नमेन्ट आयुर्वेदिक कालेज, पटना।

बिहार प्रान्तीय द्वादश वैद्य सम्मेलनाधिवेशन के सभापति और बिहार प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन पत्रिका के प्रधान सम्पादक

आयुर्वेदाचार्य्य कविराज श्रीयुक्त विधुभूषण सेन, काव्य-व्याकरण-तीर्थ, कविरत्न महोदय का

संक्षिप्त जीवन चरित

कविराज श्री विधुभूषण सेन जी १९२१ ई० से बिहार की राजधानी पटना में गवर्नमेंट आयुर्वेदिक महाविद्यालय में अध्यापन का कार्य्य और चिकित्सा व्यवसाय कर रहे हैं। इससे पहले आप १२ वर्ष तक दरभङ्गा राज संस्कृत कालेज के आयुर्वेद अध्यापक के पद पर नियुक्त रह कर चिकित्सा वृत्ति भी सम्पादन करते थे।

उसी समय आपने १९२० ई० में "सांसर्गिक रोगाणां संक्रमणप्रकारः"। नामक संस्कृत भाषा में पुस्तक लिखकर बिहारोत्कलसंस्कृत समिति से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था, पुनः आप १९२४ ई० में "वेदानामनादित्व विचारः।" और "आयुर्वेदस्योत्पत्तिक्रमः।" नाम से दो निबन्ध लिखकर दोनों ही के लिये पुरस्कृत हुये थे। उक्त समिति से अब तक और किसी व्यक्ति ने एक ही साल में दो पुरस्कार नहीं पाया है।

छात्रावस्था में कविराज जी ने बनारस, कलकत्ता और मुर्शिदाबाद प्रभृति स्थानों के प्रसिद्ध विद्वानों से संस्कृत व्याकरण, साहित्य और दर्शनादि अध्ययन कर भारत-विख्यात कविराज महामहोपाध्याय श्रीयुक्त विजयरत्न सेन जी के पास प्रायः ७ वर्ष रहकर आयुर्वेद का यथोचित अध्ययन और कर्मान्भास किया है। उस समय कविराज जी गुरु जी के साथ और स्वतन्त्र रूप से भी चिकित्सा कार्य्य के लिये हेतमपुर, टिकारी और काश्मीरादि राजदरबारों में गये थे।

छात्रावस्था में भी कविराज जी ने गवर्नमेण्ट से दो बार और अन्यान्य संस्थाओं से भी बहुसंख्यक वृत्ति और पुरस्कार पाये हैं।

आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक-चूड़ामणि, वैद्यरत्न

श्री पं० चन्द्रशेखरधर शर्मा मिश्र, कवीन्द्र महोदय का संक्षिप्त जीवन चरित्र

विद्यालङ्कार चिकित्सक चूड़ामणि कवीन्द्र पं० श्रीचन्द्रशेखरधर शर्मा (मिश्र) आयुर्वेदाचार्य, वैद्यरत्न महोदय जी सरयूपारीण ब्राह्मणों के एक सर्वश्रेष्ठ पाराशरिकुल में रत्नमाला पो० बगहा (चम्पारन) में उत्पन्न हुए हैं। सम्प्रति ७५ वर्ष की अवस्था में अब लोलार्क कुण्ड भदैनी में काशी वास कर रहे हैं। आप संस्कृत और हिन्दी के उच्च कोटि के पण्डित और सत्कवि हैं और आपने यज्ञाङ्ग प्रकाश आदि अनेक ग्रन्थ बनाये हैं। सन् १९१९ में महाराजाधिराज दरभङ्गा के सभापतित्व में सैकड़ों पण्डित सत्कवियों में केवल आपने ही तुरन्त "विजयते सकलः सकलो जनः" इस जटिल समस्या की प्रशंसित पूर्तियाँ की थीं। और महाकवि पण्डितों ने भी पूर्तियाँ की थीं पर नियमानुकूल शेष ३ चरणों में 'यमक' न आए। आपकी अत्युत्तम पूर्तियों में से एक यह है—

"न समयं समयञ्च जहाति यः सुमहितेन हितेन समन्वितः।
परमया रमया सकलङ्कृतो, विजयते सकलः सकलो जनः॥"।

बिहार प्रान्तीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना के १९२४ में आप सभापति थे—"विद्याधर्म वर्द्धिनी" सभा के आप संवत् १९४० से जन्मदाता हैं जिसका अब एक रूपान्तर "सरयूपारीण महासभा" और पक्षि महामण्डल है। आप गोरखपुर आदि जिलों की कई बार सरयूपारीण सभाओं के सभापति रहे हैं। संवत् १९४५ से बिना दाम ही आपने हिन्दी में विद्या-धर्म दीपिका नामक मासिक पत्रिका निकाल कर १९६२ तक वितरण की है। संवत् १९५६ से आपने आयुर्वेदिक श्री चन्द्रोदय औषधालय में नियमित रूप से आयुर्वेदीय औषध-दानालय खोल रक्खा है, जिसमें प्रति वर्ष बीसों हजार रोगियों को बेदाम औषधि और असमर्थों को भोजन भी देते हैं। इसके प्रेसिडेण्ट जिला के कलक्टर और एस० डी० ओ० हैं। आपने जलोदर, मस्तिष्क, वृद्धि, पाण्डु, शोथ, ज्वर, मधुमेह, सूजाक (स्ट्रेक्चर) प्रदर आदि असाध्य रोगों की अद्वितीय अवश्य आरोग्य कर औषधियों का आविष्कार किया है, जिससे आरोग्य पाए रोगी तीसों वर्ष से पूर्ण स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं। यद्यपि आपके विषय में और बहुत प्रशंसनीय बातें एवं प्रतिष्ठित राजा महाराजाओं विद्वानों तथा सिविल सर्जन आदि चिकित्सकों के प्रशंसा-पत्र देने का स्थान नहीं है, तथापि महामना मालवीय जी के सभापतित्व में कलकत्ते के महामहोपाध्याय कविराज गणनाथ सेन सरस्वती M. A., L. M. S., विद्यासागर आदि अतीव प्रतिष्ठित चिकित्सक (डाक्टर) और नागरिकों ने जो आपको सम्मान-पत्र दिया है, उसकी प्रतिलिपि के हिन्दी अनुवाद का कुछ अंश यहाँ देना आवश्यक है। "...पूर्व समय में मुनिजनों ने अपनी तपस्या के बल से स्वर्ग सुरपुर जाकर जिस जरामरणनिवारक अमृत को पाया और समाप्त भी कर दिया। उसी अमृत को इस समय करुणा कर के आपने सम्पूर्ण जनता के हितार्थ "उदुम्बर सार" के नाम से आविष्कृत किया है, जो शल्य-चिकित्सा (सर्जरी) और शरीर-चिकित्सा में महोपयोगी हो रहा है, इसलिये श्रीमान् के इस परोपकार को स्मरण करती हुई यह कृतज्ञ हृदया चिकित्सक समिति श्रीमान के समीप यह सम्मान-पत्र को सादर देती हुई अपने को धन्य और कृतार्थ समझती है" इति।

आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सकचूड़ामणि, वैद्यरत्न, गूलर-गुणाविष्कारक,
श्रीमान् पं० चन्द्रशेखरधर शर्मा मिश्र, चम्पारन ।
सभापति—बिहारप्रान्तीय त्रयोदश वैद्यसम्मेलन, आरा ।

बिहार प्रान्तीय त्रयोदश वैद्यसम्मेलन आरा (शाहाबाद) के सभापति रत्नमाला—
(बगहा, चम्पारन) निवासी आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक-चूड़ामणि, वैद्य-रत्न

पं० श्रीचन्द्रशेखरधर शर्मा मिश्र, कवीन्द्र महोदय का

अभिभाषण

श्रीगणपते नमस्तुभ्यम् । ॐ नमः शिवाय ॥

सकलया कलया सदसस्सदा, सुमनसाम्मनसाभिषजां शुभम् ।
शुचि समीहितदो हितदोऽनिशम्, सफलताम्फलताञ्च सदाशिवः ॥
प्रयाति सन्नतिरस्तु कृपाकृते, सकलवैद्यविदामधिभूभृते ।
अविरतल्लगतीहितसम्पदे, जनतयानतयाऽर्थितसम्पदे ॥

१—आयुर्वेदज्ञों की वन्दना

आज तक जितने मान्य सज्जनवृन्द शुद्धान्तःकरण से आयुर्वेद वा चिकित्सा विज्ञान की उन्नति-कामना वा सेवा करते आये हैं, उन्हें मेरा सत्य और सर्वान्तःकरण से सविनय सादर शतशः सन्नति है । और उन प्राचीन आचार्यों ने जब कुछ कहे हैं—उपदेश किये हैं, एवं मध्यसामयिक महात्माओं ने जो कुछ हमारी उन्नति के अर्थ यत्न किये हैं—उपदेश दिये हैं, वे सभी मेरे स्तुति-पात्र हैं । तथा इधर वर्तमान समय के हमारे चिकित्सा-विज्ञान के उन्नायक महोदयगण भी मेरे स्तुति भाजन हैं, जिनमें कई एक महोदयों का नामोल्लेख कर देना हमारी कृतज्ञता है । जैसे जगत्पूज्य महामना पण्डित श्रीमदनमोहन मालवीयजी जिनकी सर्वतोमुखी सर्वहितैषिणी, लोकोपकारिणी प्रतिभा और विचित्र कार्यकारिणी शक्ति का प्रधान फल हिन्दू-विश्वविद्यालय और उसमें अतीव उच्च कोटि के आयुर्वेद-महाविद्यालय (कालेज) तथा औषध-वितरणालय एवं रोगिशाला की स्थापना है । अखिल भारतवर्षीय वैद्य-सम्मेलन के सभापति भी रहे हैं । वही नहीं, बाल्य समय से ही आपका आयुर्वेदीय औषधियों पर इतना अगाध अनुराग है कि अद्यावधि वे अन्य औषधियों का उपयोग नहीं करते हैं । फिर इसी प्रकार के आयुर्वेदोद्धायक एवं मेरे स्तुति-पात्र महामहोपाध्याय कविराज श्रीगणनाथसेन सरस्वती, एम० ए०, एल-एम० एस० विद्या-सागरादि पदवी विभूषण हैं जिन्होंने संस्कृत आदि भाषाओं में 'प्रत्यक्षशारीर, सिद्धान्तनिदान' आदि ग्रन्थ प्रणयन से आयुर्वेद के अष्टाङ्ग में चिकित्साङ्ग को परिपूर्णाङ्ग किया है और अपनी असाधारणी प्रतिभा से चिकित्सकोपदेश तथा कलकत्ते में अपने लाखों रुपये के व्यय से सर्वाङ्गपूर्ण विश्वनाथ आयुर्वेद महाविद्यालय (कालेज) स्थापित कर दिये हैं, जिसमें रोगियों को केवल बिना मूल्य औषध ही नहीं दी जाती हैं, प्रत्युत भोजन और रहने का स्थान भी दिया जाता है । आपका जन्म सर्वतोभाव से आयुर्वेदोद्धार के लिये हुआ है ।

इसी प्रकार कलकत्ते के कविराज यामिनी भूषणराय, एम० ए०, एम० बी० भी हमारे स्तुति के पात्र हैं. जिनके प्रयत्न और लाखों रुपये धन से कलकत्ते में अद्यावधि आयुर्वेद महाविद्यालय (कालेज) कई वर्षों से स्थापित हो अतीव उन्नत अवस्था में चल रहा है। चौथी कलकत्ते के अंगरेजी भाषा के प्रसिद्ध डाक्टरी पत्र 'इण्डियन मेडिकल रिकर्ड' के स्वागत सम्पादक कविराज ए० सी० विशारद भी हमारे स्तुति भाजन हैं, जिनका निकाला 'आयुर्वेद जरनल' नाम का अंगरेजी मासिक पत्र अब तक आयुर्वेद का गौरव बढ़ा रहा है। आपने अपने भाषणों और लेखों से गूढ़रपत्र-विज्ञान की बड़ी ही उन्नति की है। इधर बिहार के आयुर्वेद के उन्नायकों में प्रधान हाजीपुर–पटना–निवासी पं० ब्रजबिहारी चौबे भी मेरे स्तुति भाजन हैं। आपने समय-समय पर आयुर्वेद के अनेक संकट काटे हैं और उसकी उन्नति भी की है। इसी भाँति अनन्य प्रतिभा, देश-सेवा-भाव-सम्पन्न संस्कृत एवं आयुर्वेद के असाधारण विद्वान् और सुवक्ता, मुजफ्फरपुर गवर्नमेंट संस्कृत कालेज के आयुर्वेद प्रोफेसर स्वर्गगत पं० शिवचन्द्र मिश्र भी हमारे स्तुति पात्र हैं। बिहार प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन के भी आप प्राणरूप रहे हैं।

सम्प्रति छपरा-भारतेश्वरी-मारवाड़ी-संस्कृत-महाविद्यालय के प्रोफेसर, अनेकशास्त्रवेत्ता सत्कर्मधर्मधुरीण पं० श्यामनारायण चतुर्वेदी भी हमारे स्तुति भाजन हैं। इसी भाँति आयुर्वेद की उन्नति में सहायक, मालवीयजी के साथ चन्दा-संग्रह करने के लिये घोर परिश्रम पूर्वक प्रयत्नकारी, मुजफ्फरपुर के वैद्य सम्मेलन के सभापति, भूमण्डल विदित धर्मप्राण विद्वान, अनेक सत्पदवी सदलङ्कार स्व० सर श्रीरमेश्वरसिंहजी महोदय, दरभङ्गा नरेश भी मेरी स्तुति के पात्र हैं। पुनः 'सुधानिधि' आदि पत्रों के द्वारा तथा वैद्य सम्मेलनों की हदबिधि स्थापन करने एवं अखिल भारतवर्षीय आयुर्वेदीय विद्यापीठ परीक्षादि का क्रम स्थापित करने के कारण प्रयाग-निवासी पं० जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल, राजवैद्य भी हमारी समुचित स्तुति के सुयोग्य भाजन हैं। आप हमारे अनुरक्त आत्मा के आन्तरिक उपकारक एवं अनुग्रहकर्ता हैं।

इसी भाँति बम्बई के पण्डित यादवजी ने भी आयुर्वेद के अनेक ग्रन्थोद्धार और उपकार किये हैं। और, पण्डित हरिनारायण चतुर्वेदी (प्रिंसिपल गवर्नमेन्ट आयुर्वेदिक स्कूल, पटना) एवं पं० श्रीकान्त शर्मा भी मेरे स्तुति-भाजन हैं, जिनके सतत यत्न से इस बिहार प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन का संचालन हो रहा है। तथा, आयुर्वेद के असाधारण विद्वान् कविराज विभुभूषण सेन (प्रोफेसर गवर्नमेंट आयुर्वेदिक स्कूल, पटना) भी मेरे स्तुति भाजन हैं, जिन्होंने वैद्य सम्मेलन का अब तक संचालन किया है। इसके अतिरिक्त पं० रामदेव शर्मा आदि भी, जिन्होंने आयुर्वेद के प्रचार से जनतोपकार किये हैं और कर रहे हैं, सभी हमारे उपकृत आत्मा के स्तुति पात्र और आशीर्वाद एवं सहस्रशः धन्यवाद के भाजन हैं। आप सब लोग अपने उद्योग और अपने भाषण तथा ग्रन्थों से जो जनता के उपकार कर गये हैं और कर रहे हैं, उसे हमें अपने समक्ष रख तदनुसार उन्नति-पथ पर अग्रणी होना चाहिए। यद्यपि सम्प्रति ऐसे बहुत से आवश्यक विषय हैं और बहुत से हमारे कर्तव्य हैं, एवं बहुत से उत्तरदायित्व के कार्य हैं; पर सम्प्रति इनमें जो अतीव आवश्यक से भी आवश्यक हैं और जिन विषयों पर अपेक्षाकृत बहुत कम प्रकाश पड़ा है, हम आज उन्हीं विषयों पर कुछ उचित विमर्श करेंगे। सज्जन क्षमा करेंगे।

२—धर्म तथा नीरोगता

चिकित्सा विज्ञान में आज कल अब डाक्टर लोग भी अधिकांश रोगों को 'जर्म या

जीवाणु' और इनके समावेश 'छूत' से उत्पन्न मानते हैं, जिन्हें हमने अपने 'स्वास्थ्य-विज्ञान' आदि निबन्धों में 'रोगाणु' के नाम से सिद्ध किया है। जैसे वाग्भट लिखते हैं—

स्पर्शैकाहारशय्यादिसेवनात्प्रायशोगदाः।
सर्वेसंक्रामिणो नेत्रत्वग्विकारा विशेषतः॥

"अर्थात् छूने से, एक ही स्थान-पात्रादि में भोजन करने से, एक ही स्थान में बिछौने आदि पर सोने-बैठने से प्रायः सभी संक्रामक रोग होते हैं।" विशेषतः आँख के रोग और चर्मरोग में जीवाणु वा संक्रामक रोगाणु ही को रोगोत्पत्ति में कारण मानने वाले डाक्टर लोगों ने जिन-जिन रोगों में संक्रामकता नहीं बतलाई है, 'वाग्भट' ने प्रायः उनमें भी संक्रामकता बतलाई है। महर्षि सुश्रुत कहते हैं—

प्रसंगात्गात्रसंस्पर्शान्निःश्वासात्सहभोजनात्।
एकशय्यासनाच्चापि पुष्पमाल्यानुलेपनात्॥
कुष्ठं ज्वरश्च शोषश्च नेत्राभिष्यन्द एव च।
औपसर्गिक रोगाश्च संक्रामन्ति नरान्नरम्॥

इसी भाँति धर्मशास्त्र कहता है कि एक ही स्थान और पात्र में भोजन करना अधर्म है, पाप है। वह हमें यों समझाता है कि जिसका छुआ हुआ तू अन्न खाता है, भोजन के समय में उसका छुआ हुआ भी न खाओ। जैसे, एक ब्राह्मण ब्रह्मचारी अपने पिता को भोजन करने के लिए थाली में भात परोसता है और पिताजी भोजन कर रहे हैं। उस भोजन करने के समय में यदि वही परोसने वाला ब्रह्मचारी पुत्र, पिता को छू दे तो पिता को भोजन नहीं करना चाहिये और उसका प्रायश्चित करना चाहिये। वैद्यक में इसी भाँति वर्जित है; क्योंकि इससे 'संक्रामक' रोग होते हैं। और डाक्टरी विज्ञान भी इसी सिद्धान्त को मानता है। परन्तु आज-कल हम लोगों के पूर्व जन्म के कुछ ऐसे पापों का उदय है कि प्रत्यक्ष ही देखते हैं कि इस काम से हमारी भयङ्कर हानि है, फिर भी नहीं सूझता। इसका प्रत्यक्ष नमूना आज-कल के हुक्के पीने की प्रणाली में देखें। सब लोग एकही हुक्के की नली को (बिना धोये ही) मुँह में रख सड़-सड़ाने लगते हैं, जिससे किसी को यदि भयंकर फिरङ्गरोग (सिफलिस) हुआ है तो दूसरे पीने वाले को भी यह रोग होगा। इसमें सन्देह नहीं कि किसी-किसी व्यक्ति के पूर्ण आरोग्य और ब्रह्मचर्य्य रहने से छूत का रोग कम होता है; परन्तु यदि होता है तो बिना छूत के संसर्ग के नहीं होता। यहाँ इसका उदाहरण दे देना अतीव आवश्यक है। जैसे यदि धान का पौधा उगेगा, तो बिना धान के बीज के नहीं उगेगा। यह दूसरी बात है कि धान का बीज यदि भुना है, सड़ा और पुराना है, तो नहीं उगेगा और यदि ऊसर धरती पर पड़ जायगा, तब भी नहीं जम सकता। यद्यपि साधारणतः निम्न-लिखित बातों से प्रायः सब सुविज्ञ परिचित हैं तथापि उसे फिर स्पष्ट समझना भी हमारा कर्त्तव्य (धर्म) है।

इन्हीं उल्लिखित आयुर्वेदीय उद्धृत बातों को धर्मशास्त्र में भी पाप कहा है। धर्मशास्त्र कहता है कि किसी का छुआ हुआ खाद्य पदार्थ न खाओ-पीओ। खाना ही पड़े, पीना ही पड़े, तो अग्नि से सन्तप्त कर वा सन्तप्त जल वा शुद्ध जल से शुद्ध कर लो। 'को हि जानाति कस्यान्ति प्रच्छन्नम्पातकम्महत्'—कौन जानता है किसके भीतर छिपा हुआ कौन महान् पातक

है। आयुर्वेद की भी यही ध्वनि है कि जो शरीर देखने में पूर्ण नीरोग और सुन्दर जान पड़ता है, कौन कह सकता है कि उस शरीर के भीतर फिरंग रोग (सिफलिस), पूयमेह (सूजाक) आदि में से कोई भी रोग नहीं है। मैंने अनेक कुतर्कियों से सुना है कि 'एकादशी' व्रत करने से कोई धरम-करम नहीं होता है, न 'अतवार' रहने में ही कोई धरम है। पन्द्रहवें दिन उपवास करने से शरीर नीरोग होता है और अतवार को खाना बदल देने और एक ही जून खाने से पाचन क्रिया ठीक होती है। इसी लिये धर्म का डर और लाभ दिखा दिया है जिससे इन व्रतों को करके लोग नीरोग रहें। अब हमारी बात को आप लोग सावधान हो सुनें। आप लोग एक बिजली की कल लगा देते हैं, उसमें आप धान भी कूटते हैं, ऊख का रस भी निकालते हैं, गेहूँ भी पीसते हैं, चीनी भी बनाते हैं, तेल भी निकालते हैं, प्रकाश का भी काम लेते हैं, समाचार भी देते-लेते हैं, मोटर चलाते है, ट्रामवे चलाते हैं—इत्यादि। आप इतने काम लेते हैं कि ठीक-ठीक उनकी गिनती भी कठिन है। उसी प्रकार एक एकादशी से धर्म और स्वास्थ्य (शरीर नीरोग रहना) दोनों ठीक रह सकते हैं, इसमें आश्चर्य्य ही क्या है? आप मनुष्य हैं, आपकी बुद्धि परिमित है, तिस पर भी यदि आप एक बिजली से सैकड़ों काम लेते हैं और यह प्रश्न नहीं कर सकते कि ऐं! यह ऊख पेरने वाली बिजली-कल है, इससे धान कैसे कूटा जा सकता है, तब जिस परमात्मा ने आप में काम करने की शक्ति दी है, बिजली में अपरिमित काम करने की शक्ति दी है, उस परमात्मा में आपकी बुद्धि से क्या इतनी भी बुद्धि नहीं भासित होती कि 'एकादशी' में धर्म (पारलौकिक लाभ) और स्वास्थ्य (लौकिक लाभ) दोनों गुण सोलहो आना ठीक है? यहाँ एक दूसरे प्रकार का दृष्टान्त भी देता हूँ। आशा है कि आप ऊबेंगे नहीं। एक युवती को उसका प्रेमी (नायक) समझता है कि वह केवल मेरे ही आनन्द-विहारार्थ उत्पन्न है। उस युवती का पिता समझता है कि मेरे वंश चलाने के लिये यह मेरे वात्सल्य-प्रेम की अवतार है। उस युवती का सद्योजात बच्चा समझता है कि यह मुझे दूध पिलाने के लिये और मेरे रक्षार्थ ही मेरी जननी है। कठिन और जटिल दुर्गम वनों में विचरण करने वाले हिंसक जन्तुओं के समान उसके सिर के बालों में जो जूएँ (चीलड़-चीलड़) आदि रहती हैं, वे समझती हैं कि मेरी सजला-सफला सभोज्या शस्यश्यामला जननी जन्मभूमि यही है। दुर्दैववश यदि यही युवती जल के मगर से वा वन के व्याघ्र से आक्रांत हो तो वे इसे क्या समझेंगे? इस करुण, वीभत्सरस-विधान को विशेष समझने वाले ही समझें। अब हम आपसे पूछते हैं, किसकी समझ ठीक है?—इसका उत्तर दीजिये। कदाचित् पक्षपात का पक्ष ले आप यथार्थ उत्तर प्रदान में आनाकानी करेंगे। परन्तु यथार्थतः युवती के नायक, पिता, शिशु सब की समझ सोलहो आना ठीक है, और जन्तुओं की समझ भी। तब यदि एक युवती भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के लिये यथार्थतः ईश्वर की निर्मित भिन्न-भिन्न कार्य-साधिका बनी है, तो अखिल ब्रह्माण्ड के नियन्ता यदि एकादशी आदि धर्म-व्रत साधनों से धर्म और स्वास्थ्य दोनों कार्य सम्पन्न करें तो कोई आश्चर्य्य की बात नहीं है। आयुर्वेद के आचार्य्यों के अद्वितीय सिद्धान्तों के अनुसार मैं अपने आजतक के अनुभवों से भी यह प्रत्यक्ष और नितान्त अकाट्य सिद्धांत जानता हूँ कि धर्म है और ईश्वर भी हैं—इनके प्रभाव से रोग भी छूटते हैं और दुर्भाव से रोग भी उत्पन्न होते हैं। धर्मशास्त्रों में भी लिखा है किन-किन पापों से कौन-कौन रोग उत्पन्न होते हैं और कौन-कौन से प्रायश्चित करने से पाप-प्रणाश होता है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में इसका वर्णन है—

क्षाभाविकागन्तुक कायिकान्तरा ।
रोगा भवेयुः किल कर्मदोषजाः ॥

आयुर्वेद के शतशः स्थलों में ईश्वराराधन और मन्त्र जप तथा पूजा से रोगमुक्ति के अनेक प्रकार के विधान वर्णित हैं, जिनका मैं भी अपने इस ७१ वर्ष की अवस्था पर्य्यन्त अपने तथा अन्य लोगों के देवाराधन (धर्म) द्वारा कठिन रोगों से आरोग्य हो जाने का बराबर पूर्ण अनुभव करता आता हूँ ।

३—आयुर्वेद और धर्मशास्त्र

डाक्टरों की तो बात ही मत पूछिये बहुत से वैद्य महोदयों ने भी आयुर्वेद के साथ धर्मशास्त्र का सम्बन्ध रखना उचित नहीं समझा है। इन लोगों ने भी औषधियों के साथ धर्माधर्म का विचार छोड़ ही दिया है। आजकल तो धर्म और ईश्वर को देश-निकाला दे देने से ही देश का उद्धार समझा जा रहा है ! हम यहाँ स्पष्ट कह देना चाहते हैं कि धर्म को छोड़ देने से समाज भी जीवित नहीं रह सकता है। धर्मशास्त्र के जितने उपाय हैं वे अधिकाधिक पारलौकिक धर्म-समुन्नति के साथ ही साथ शारीरिक रोगों को भी शांत करने के लिये ही हैं। अपने सम्प्रदाय और उपासना के अनुसार धर्मग्रन्थों ने एकादशी, प्रदोष वा अन्य अनेक व्रत करने का आदेश दिया है। दशमी से लेकर अमावास्या या पूर्णिमा-पर्य्यन्त समुद्र में अधिकतर उबाला-भाटा आता है। चन्द्रमा के आकर्षण से पार्थिव-जल-समूह ऊपर को उछलता है। इस को सब लोग देखते हैं। शरीर में भी रस है। इसमें भी इन दिनों उबाल आता है। दशमी पूर्णिमा वा अमा के मध्य में किसी एक-दो दिन भोजन न करने से शरीर का रस बढ़ता नहीं, समभावापन्न रहता है। शरीर के रस बढ़ने से ही ज्वर आदि अनेक रोग होते हैं। अब तो डाक्टरों ने भी ज्वर के समय उपवास को आवश्यक मान लिया है। ज्वर और रोग होने ही न पावे, इसलिये धर्मशास्त्रों ने नियम बना दिया है कि महीने में कम से कम दो दिन भी अवश्य व्रतोपवास करना चाहिये। हरिशयनी एकादशी को, आषाढ़-शुक्ला एकादशी को, भगवान सो जाते हैं और कार्त्तिक-शुक्ला एकादशी को जागते हैं। इन चार महीनों में धर्मशास्त्र ने विवाहादि शुभ कार्यों का निषेध कर दिया है। आज के नवशिक्षित लोग भगवान् के इस सोने-जागने की बड़ी-बड़ी दिल्लगियाँ उड़ाते हैं; किन्तु उन्होंने इस सोने-जागने के मूल कारण पर कभी ध्यान नहीं दिया। जगत्पिता जगदीश्वर की सृष्टिस्थितिलयकारिणी शक्तियों को ब्रह्मा विष्णु, महेश भी कहते हैं। ब्रह्माजी सृष्टि रचते हैं, विष्णु वा हरि उसकी रक्षा करते हैं और 'शिव' जी संहार करते हैं। हरि वा विष्णु की रक्षा-कारिणी शक्ति सोती भी है और जागती भी है। श्रावण, भाद्र, आश्विन, कार्तिक—इन चार महीनों में बहुत रोगों के कीटाणु वा रोगाणु उत्पन्न होते हैं। उस समय रक्षा करने वाली शक्ति दुर्बल हो जाती, सो जाती हैं। अतः उन कीटाणुओं के आक्रमण से बचने के लिये चातुर्मास्य में अनेक व्रतों के उपदेश धर्मशास्त्रों ने किये हैं। इन चार महीनों में जितने व्रत और त्योहार हैं, उतने अन्य महीनों में नहीं। जिन सूर्यकिरणों में सब रोगों के नाश करने की शक्ति हैं, वे भी कुआर के महीने में दूषित हो जाती हैं। वैद्य लोग कुआर के मरोसे ऋण लेते हैं—यह लोकोक्ति भी सर्वत्र प्रसिद्ध है—'आश्मातेव वैद्यानाम् पितेव कुसुमाकरः।' फिर कार्त्तिक-शुक्ला एकादशी हरि-बोधिनी को, रक्षा करने की शक्ति धीरे-धीरे जागती है। तब से प्राणि मात्र के स्वास्थ्य में परिवर्त्तन होता है। उल्लिखित बातों से भी

सिद्ध है कि धर्मशास्त्रों के नियम ही हमारी स्वस्थता के कारण हैं। इन नियमों की अवहेलना या उपेक्षा करना अपने पैरों पर आप कुठाराघात करना है। धर्मशास्त्रों में द्विजाति के लिये मद्य पीने का तो मरणान्त प्रायश्चित लिखा है। मुझे यह कहते हुए बड़ा दुःख हो रहा है कि होमियोपैथी चिकित्सा की कोई ऐसी दवा नहीं है, जो मद्य के बिना बनती हो। एलोपैथी-चिकित्सा की सैकड़े पञ्चानवे औषधियों में मद्य का मिश्रण होता है। इन धन, धर्म और जीवन के घातक उपायों को रोकना वैद्य-समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य होना चाहिये। और, अपराध क्षमा करें;। जिस मद्य-सेवन को सारा संसार अपने व्यवहार से बाहर करने का सिरतोड़ परिश्रम कर रहा है उसी मद्य को गङ्गाजलवत् पेय समझ कर हमारा समाज उसके व्यवहार में अग्रणी हो रहा है। एक दिन मुझसे हिन्दू-विश्वविद्यालय के एक ब्राह्मण छात्र से कुछ बातचीत होने लगी, जो इस वर्ष आयुर्वेदाचार्य्य परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया है। उसने 'मद्य-पान' के पक्ष में इतना कड़ा तर्क-वितर्क किया कि अत्यन्त दुःख हुआ। अब इसपर ऐसे विचार वालों के लिये कुछ विशेष विनीत प्रार्थना करना है—(१) सारे संसार के सभी मतवाले मतवाले मद्यपों और और मद्यपान को बहुत बुरा कहते हैं। (२) धर्मशास्त्र में द्विजों के लिये गोघात और गोमांस भक्षण से बढ़ कर शराब पी लेने का प्रायश्चित्त है। गोघात और गोमांस भक्षण का दोष वा पाप दान से, और एक से तीन महीने तक के व्रत से छूट जाता है; परन्तु यदि कोई जान बूझ कर एक बार शराब पी ले तो उसके लिये यह प्रायश्चित है—

सुराम्बुघृतगोमूत्र पयसामग्निसन्निभम्।
सुरापोऽन्यतमःपीत्वा मरणाच्छुद्धिमिच्छति॥

—याज्ञवल्क्य स्मृति (मिताक्षरा)

अर्थात् अग्नि में अग्नि के समान खौला कर मद्य, वाजल वा घी, वा दूध पीकर जब शराब पीनेवाला मर जाय तभी शुद्ध होता है, जीते-जी शुद्ध नहीं हो सकता इसी लिये गोघात उपपातकों में है और मद्यपान महापातकों में है। फिर यदि आप हँसी-खेल, दिल्लगी में महापाप किया करेंगे तो हिन्दू धर्म की इति श्री ही है।

दमदमे में दम नहीं अब खैर मानो जात की।
ऐ जफर अब हो चुकी शमशीर हिन्दुस्तान की॥

यदि आप कहें कि इसके बिना चिकित्सा हो ही नहीं सकती तो क्षमा करें डाक्टर लोग रोगियों को भांडी देकर जब शक्तिसञ्चार नहीं कर सकते, तब मेरे यहाँ से मकरध्वज आदि मँगा कर रोगियों की रक्षा करते हैं। मेरे यहाँ 'सुराभेद' आसव अरिष्ट का व्यवहार नहीं होता है। तब भी सुराव्यवहारी चिकित्सकों के निरोगियों की संख्या से मेरे यहाँ कम संख्या नहीं है, बल्कि अधिक ही है। यदि "औषधार्थे सुरामपेवेत्" के बल पर मद्य व्यवहार करना चाहते हों तो यह वचन धर्मशास्त्रों में नहीं है। यदि कोई धर्मशास्त्रों से इसका प्रमाण निकाल दे तो मैंने जो बीसों वर्ष से इसके लिये २०००) का पारितोषिक देने की घोषणा की है, वह ले लेवे!

४—आयुर्वेद की अनादिता और प्राचीनता

आयुर्वेद का अनादित्व वैद्य सम्मेलन के माननीय सभापतियों ने वेदों के वचनों से भी सिद्ध किया है। अतः इस निर्विवाद विषय में कुछ कहना अधिकता है। जैसे वेद अनादि

है—किसी का बनाया नहीं है, सृष्टि के आरम्भ में ब्रह्माजी उसका केवल स्मरण कर अपने चारो मुख से वाणी के द्वारा संसार में प्रकट करते हैं; वैसे ही इस आयुर्वेद को भी प्रकट करते हैं। यह आस्तिक नास्तिक सभी प्रकार के विद्वानों का निर्विवाद और अभ्रान्त सिद्धान्त है कि भूमण्डल में सबसे प्राचीन ग्रन्थ वेद है। फिर आयुर्वेद भी इसी प्रकार का वेद है। इसी लिये और अन्यान्य प्रकार के तर्कों से भी पाश्चात्य विद्वान डाक्टर हण्टर, मोक्षमूलर आदिकों ने—भारत के आयुर्वेद तथा चरक सुश्रुत आदि आयुर्वेद ग्रन्थों की शिक्षा के लिये अरब ग्रीक आदि के विद्वानों का छात्र-रूप में भारत आना और इसका अपने-अपने देशों में प्रचार करना—लिखा है जो समय पाकर सम्प्रति हकीमी और डाक्टरी (एलोपैथी आदि) चिकित्सा के रूप में प्रकट हुआ है।

५—आयुर्वेद और ज्योतिष—शुभ मुहूर्त

कोई भी अनुभवी सत्यभाषी फलित ज्योतिष और इसकी सफलता के विरुद्ध नहीं जा सकता, चाहे वह नास्तिक ही हो। आयुर्वेद में तो अच्छे मुहूर्त ही में औषध के संग्रह और व्यवहार की इतनी अधिकता है कि आचार्यों ने इसके लिये पुनरुक्ति वा बहुधोक्ति दोष भी स्वीकृत किया है; पर शुभ मुहूर्त व्यवहार को बार-बार कहा है। 'पुष्यानुग' चूर्ण एक अधिक प्रसिद्ध व्यवहृत आयुर्वेद का महौषध है, जिसे केवल पुष्य नक्षत्र ही में बनाने को कहा है, चाहे वह एक पुष्य नहीं, कई पुष्यों में, कई महीनों में, बने। मैंने भी इसका पूरा अनुभव किया है, और समय रहते इसकी अवहेलना करने से जो कुफल होता है उसे मैं ४४ वर्ष से झेलता आ रहा हूँ। काशी-नागरी-प्रचारिणी-सभा के जन्मदाताओं में प्रधान, हिन्दी के अनेक सद्ग्रन्थों के प्रणेता, सम्प्रति हिन्दू-विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बाबू श्यामसुन्दर दास बी० ए० से आजकल शिक्षित समाज प्रायः परिचित है। ६ वर्ष होते हैं, आपने मुझसे कहा था कि—"मुझे सान्निपातिक ज्वर हुआ। सुप्रसिद्ध डाक्टरों ने कहा कि प्राण के साथ ही यह ज्वर जायेगा। मेरे पुत्र ने स्थानीय पं० हरिनारायण भट्टाचार्य्य तान्त्रिक ज्योतिषी से सब समाचार कहा। उन्होंने एक यन्त्र बाँधने को दिया और कहा कि अमुक दिन इतने घंटे पर ज्वर उतर जायेगा, और आप स्वस्थ हो जायँगे। ऐसा ही हुआ। फिर एक बार मेरे भयंकर फोड़े में आपरेशन करना बहुत आवश्यक था। बहुत से डाक्टरों की सम्मति थी कि आपरेशन करने से कदाचित् आराम हो जायगा और बहुतों की यह सम्मति थी कि आपरेशन से अवश्य असाध्य अवस्था होगी। उक्त ज्योतिषी जी ने कहा कि अमुक दिन इतने घंटे पर फोड़ा फूट कर आप-से-आप बह जायेगा और आराम हो जायेगा, यन्त्र बाँधो। ऐसा ही हुआ।" इसी भाँति प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यसेवी पं० रामनारायण मिश्र ज्योतिष के अविश्वासी अब विश्वास करने लगे हैं। ज्योतिषी जी के कथन में १०० में ९० ठीक-ठीक उतरता है। कोई कुतर्की सद्यः यहाँ कहेगा कि "घरी में घर जरे, अढ़ाई घरी भद्रा"। आप मुहूर्त देखते हैं, रोगी को हैजा हुआ है, मिनटों में बेड़ा पार है। किसी को साँप ने काटा, कोई पेड़ से गिरा, आप मुहूर्त देखेंगे? सत्य है। ज्योतिष में सब मुहूर्तों से बढ़ कर 'शकुन' है और ईश्वर प्रेरणा है—(इसका विशेष विवरण मार्कण्डेयपुराण में लिखा है, देखिये) शकुन प्रेरणा करता है कि अभी औषध दो। बहुत लोग मुझे 'बारबेका' (वा अर्द्धयाम, अधपहरा) के मानने से मेरी और रोगियों की हानि बताते हैं; परन्तु यह उलटी बात है। मैं बहुत सशुचत दशा में हूँ, शान्त हो ७५ वर्ष के आयु

में भी काशीवास करता हूँ और आयुर्वेद-सेवियों तथा अस्वस्थों की यथासाध्य सेवा भी करता हूँ। रोगी भी मेरा यश मानते हैं। मैं सभी प्रतिभाशाली सज्जनों से प्रार्थना करता हूँ, केवल आयुर्वेद ही में नहीं, समस्त श्रुति-स्मृति, कर्मकाण्ड और विशेषतः सनातन धर्म के प्राण ज्योतिष-विचारों पर विशेष आस्था रख चतुर्वर्ग सुख भोगें।

६—आयुर्वेद का महत्व

पूज्यचरण त्रिकालदर्शी महर्षियों ने आयुर्वेद को अनादि माना है। चरक सूत्रस्थान के तीसवें अध्याय में इस प्रकार लिखा है—"चतुर्णाम् ऋक्सामयजुरथर्ववेदानामात्मनोऽथर्ववेदे अस्य उक्तिः' अर्थात् चारों वेदों का आत्मा आयुर्वेद है, उसका वर्णन अधिकतर अथर्व वेद में किया गया है। सुश्रुत में धन्वन्तरि जी ने कहा है—'अयुत्पायैव प्रजाः श्लोकशतसहस्रमध्याय सहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः' अर्थात् सृष्टि के पहले ब्रह्मा जी ने एक संहिता आयुर्वेद की बनाई, जिसमें एक लक्ष श्लोक और एक सहस्र अध्याय थे। पाश्चात्य विद्वानों की दृष्टि में भी सबसे प्राचीन ऋग्वेद में भी आयुर्वेद के अनेक मंत्र मिलते हैं अथर्व वेद में तो इसकी प्रधानता ही है। ऋग्वेद में लिखा है—'या वो भेषजा मरुतः शुचीनि या शंतमा वृषणो या मयोभु। यानि मनुर वृणीता पिता नस्ता शं चयोश्च रुद्रस्य वश्मि।' (ऋग्वेद २, ३३, १३,)—और भी—अश्वावती सोमावतीमूर्जयन्तीमुदोजसम् आविस्सि सर्वारोषधीरस्मा अरिष्टतातये। (ऋग्वेद १०, ८, ९७, ७) इन मन्त्रों का भावार्थ यह है कि मरुतो! आपकी जो पवित्र कल्याणकारिणी ओषधियाँ हैं, जिनको मानव मात्र के पिता मनु ने प्राप्त की थी हमारे मङ्गल के लिये हैं। अश्वावता, सोमावती, ऊर्जवन्ती और उदोजस अर्थात् वाजीकरण, आयुर्वर्धक तथा बुढ़ापे के रोगों को नष्ट करने वाली औषधियाँ होती हैं। अथर्ववेद में लिखा है—'यद्वः सहः सहमाना वीर्यं यच्च वो बलम्। तेनेममस्तसमाद्, यक्ष्मात् पुरुषं मुञ्चत ओषधिरथो कृणामि शेवजम् (अथर्व ८, ७, ५)। इसका सारांश यह है कि वैद्य रसवीर्य वाले औषध को रोगी पुरुष को देते समय यह भाव मन में लावें कि हे औषध! तू इस रोगी के सब रोग दूर कर। न्यायदर्शन में महर्षि गौतम ने भी 'मन्त्रायुर्वेद प्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्तप्रामाण्यात्' इस सूत्र के द्वारा आप्तप्रमाण में आयुर्वेद को मान है। यहाँ मैं विस्तार के भय से अधिक आर्षग्रन्थों के प्रमाण देना उचित नहीं समझता इन संक्षिप्त प्रमाणों से आयुर्वेद की प्राचीनता के साथ-साथ उसका अद्भुत महत्व भी सिद्ध होता है।

७—प्राणिरक्षा

सबसे बढ़कर मनुष्य-धर्म है प्राणियों पर दया—विशेषतः किसानों और बैलों का। थोड़ी इस दया का सबसे बड़ा प्रकार वा द्वार है रोगों से प्रतीकार (रक्षण)। इस रोग प्रतीकार का क्या सुलभ और सरल साधन है, मैं इसके विषय में इतनी ही प्रार्थना करता हूँ कि प्रथम तो 'गूलर-विज्ञान' वा गूलर के पत्र आदि से चिकित्सा करनी और द्वितीय मेरे सेवा-कार्य्य से जो बलोदर आदि असाध्य रोगों के ठीक प्रतीकार की चिकित्सा निकली है उसका भी प्रचार कर कोकोपकार करना। कदाचित विगत जनवरी मास ही की बात है कि मैंने महामहोपाध्याय कविराज गणनाथ सेन सरस्वती, एम. ए., एल. एम. एस, से पूछा था कि क्या 'बलोदर की कोई ठीक-ठीक प्रतिकारक चिकित्सा आयुर्वेद मत वा डाक्टरी मत से निकली है?' आपने कहा कि

किसी मत से अब तक ठीक आरोग्यकारिणी चिकित्सा नहीं निकली है, बहुधा हम भी रोगियों को आराम कर देते हैं, रोगी अपने को आराम समझ कर घर चले जाते हैं; परन्तु फिर भी उनका वह रोग बढ़ जाता है और वे मर जाते हैं। वर्तमान ही समय का इसका उदाहरण और प्रमाण मैं लिख देता हूँ—'बेलवा ग्राम, बिरैचा पोस्टआफिस, जिला गोरखपुर के ब्राह्मण मुन्नू-कृष्ण त्रिपाठी जलोदर से आक्रान्त हो गोरखपुर सरकारी अस्पताल में चिकित्सा के लिये गये। वहाँ के एक प्रधान डाक्टर ने पेट से पानी निकाल दिया और खाने को दवा भी दी। आप आराम हो गये। दो वर्ष पर्यन्त पूरे नीरोग से रहे। पर फिर धीरे-धीरे जलोदर बढ़ा। सब चिकित्सा हुई; पर एक वर्ष के लगभग हुआ कि आपने संसार छोड़ दिया। मेरे ऋषिकल्प अनुज श्रीवागीश्वरीधर मिश्र को भी जलोदर हुआ। आपका भी विचार हुआ कि हम भी गोरखपुर के डाक्टर मन्नू तिवारी वाली डाक्टरी चिकित्सा करावें, पर मेरे रोकने पर आप अपनी ही चिकित्सा से क्रमशः आरोग्य हो चुके थे, परन्तु यह घोर शोक और हृदय-शल्य है कि आप दूसरे रोग (सेप्टिक और ज्वर) से, मेरी अनुपस्थिति में स्वर्गवासी हो गए! किन्तु प्रायः ३४ वर्ष होते हैं, रोझी मियाँ (महुआवा ग्राम, डाकघर रामनगर, जिला चम्पारन) विकट भयङ्कर जलोदर रोग से जो आरोग्य हुए सो अब तक नीरोग रह हल-कुदाल चलाते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण प्रत्यक्ष हैं। इसी प्रकार असाध्य मस्तिष्क-वृद्धि, पाण्डु, शोथ, ज्वर आदि की चिकित्सा एवं मसूरिका-शीतला, सर्पदंश, पागल शृगाल-कुत्ते आदि के विष से रक्षा तथा मधुमेह, पक्षाघात (लकवा) के विज्ञान के प्रचार से भी जनता-प्राण-रक्षोपकार करने के लिये उचित उपचार होना चाहिए। इन नये असाध्य रोगों का रक्षण-विज्ञान न केवल भारत के वैद्य-वर्ग ही के लिये उपकारक है, बल्कि सारे भूमण्डल के लिये भी।

८—गूलर-पत्र

बहुत लोगों को 'गूलर-पत्र' के निम्न-लिखित गुणों में सन्देह होगा। ऐसे जिज्ञासु सज्जनों के विश्वास के लिये हम यहाँ कोई भी रोगी न मिले, वहाँ तुरन्त जाँच कर लेने का क्रम बतलाते हैं। जैसे, बायें हाथ में गूलर के पत्ते रक्खें और दाहिने हाथ में सुई लेकर बाँह वा आँख में यों छेदें कि लहू निकल आवे। इससे तीन क्रियाएँ अनुभूत होंगी—छेदने से पीड़ा होगी, लहू बहेगा, लहू का रंग लाल होगा। अब आप हाथ के गूलर के पत्ते को अपने हाथ ही पर मसल डालें और रस निकाल कर छिदे हुए स्थान पर मल दें। आप तुरन्त देखेंगे कि जादू के समान असर हुआ—छेदने से जो पीड़ा थी, शान्त हो गई, लहू का बहना बन्द हो गया, लहू का रंग लाल न रहा, मिट्टी के रंग का हो गया। इसी भाँति, जरा हिम्मत कीजिये; अपने वा किसी के शरीर में दियासलाई से कहीं थोड़ा जला दीजिये और गूलर के पत्ते मल कर जले स्थान पर मल दीजिये जलन बिलकुल जाती रहेगी, झलके वा व्रण भी न होंगे।

एक महीने के भीतर की बात है कि काशी वा भारत के विद्वत्समाज तथा भगवन्नाम-मण्डली के अग्रगण्य सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र श्री दामोदरलालजी गोस्वामी के एक छात्र, जो कासिम बाजार (बंगाल) के राजा के गुरु हैं, मेरे समीप आये। उनकी अवस्था २१ वर्ष की है। आप आठ मास के थे, तभी आपको पहले फोड़ा हुआ, फिर छूट गया। फिर लहू के साथ आम (मल) गिरने लगा। दिन में बीस व तीस बार तक दस्त होते थे—कुछ लहू के साथ। भूख बन्द, सर्वाङ्गीण शक्ति मन्द! बीस वर्षों से यही दशा थी। इधर एक मास से

तीसरे पहर सारा शरीर ऐसा तन कर कड़ा हो जाता था कि दो-तीन बलिष्ट युवकों के सीधा करने पर भी सीधा नहीं होता था। आपको वक्रदोष और ह्रद्विकार भी था। मैंने पुनर्नवादि मंडूर, विषमुष्टिचूर्ण, मकरध्वज, उदुम्बरसार, गुग्गुलु आदि का प्रयोग प्रातः और मध्याह्न में महारसराज रस, तथा तीन बजे अनन्तामृत (सालसा) का प्रयोग किया। फल उलटा हुआ। प्रातः समय दवा खाते ही शरीर का जो तन जाना तीसरे पहर होता था सो प्रातः ही हो गया। फिर मैंने और दवाओं का नाम-मात्र सेवन रक्खा, गूलर-पत्र के पानक योग रेंड़ की जड़ के साथ देने लगा, और पूर्ववस्तिका भी। एरण्ड-तैल-सहित उदुम्बर-पत्र-रस का प्रयोग किया तब पहले दिन चार आना कम हुआ। दूसरे दिन आठ आना। तीसरे दिन से सोलहो आना। वे नीरोग हो गये। उन्हें नया जीवन लाभ हुआ। अब आनन्द से हैं।

इसी भाँति विगत चैत्र मास की बात है कि उपर्युक्त गोस्वामीजी की एक शिष्या की माता को भयङ्कर रक्तप्रदर बहुत दिनों से होता चला आता था। कुछ दिनों से उसने ऐसा भीषण रूप धारण कर लिया कि सभी प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने असाध्य कह दिया। मरने की घड़ी पहुँच गई। इसी अवस्था में 'गूलर-पत्र-पानक' के पान-पत्रों के रस के उत्तर-वस्ति-प्रयोग से, प्रायः पाँच महीने हो रहे हैं, वह नीरोग-पूर्वक काशीवास और गङ्गास्नान कर रही हैं।

संवत १९७९ के श्रावण मास में बिहार के गवर्नर श्रीमान् ह्वीलर साहब द्वारा निमन्त्रित हो उनसे मिलने के लिये मोतिहारी गया। मेरे साथ पं० श्रीकान्तकृष्ण त्रिपाठी काव्य-व्याकरण-तीर्थ (रत्नमाला के आयुर्वेदीय श्रीचन्द्रोदय-महाविद्यालय के आयुर्वेदाध्यापक) भी थे। दस बजे दिन को मैं पूजा कर रहा था और पास ही आप रसोई (भोजन) तैयार कर रहे थे। आप सँड़सी से लगभग पाँच सेर तौल का दाल-पानी से भरा खौलता हुआ पात्र चूल्हे से उतार रहे थे। अकस्मात् वह उलट गया! दाल के सहित खौलता हुआ सारा जल आपके दोनों पैरों पर गिर पड़ा। फिर तो आप बेहोश हो गिरने लगे। मेरे पास पूजा के अर्थ घी रक्खा था वह तुरन्त लगाया गया; पर बेतरह बिकलता बढ़ने लगी। पूजा ही पर मेरा आफिस-बक्स भी संयोगवश था। मैं उसमें से 'उदुम्बर सार' की डिब्बी ढूँढ़ने लगा। संयोगवश एक डिब्बी मिली भी, तो उसमें एक चने के बराबर ही सूखा उदुम्बर-सार निकला। निराशा के साथ ही मैंने चन्दन रगड़ने के होरसे पर उसे रख, जल देकर चन्दन-काष्ठ से रगड़, खूब महीन कर पैरों पर लगवाया। आश्चर्य के साथ देखा कि आप प्रसन्न हैं। मैंने पूछा, क्या हाल है? आपने कहा, बारह आना जलन शान्त हो गई और अब मैं ठीक होश में हूँ। फिर शाम तक प्रायः थोड़ी कसर रह गई, दूसरे दिन आप पूरे आराम हो गये, सारे शहर की पैदल परिक्रमा की। तीसरे दिन आपको मैंने एक कार्यवश बेतिया भेजा। वहाँ आपने २४ घंटे दवा न लगाई और पूरी पैदल यात्रा भी की, जिससे बायाँ पैर तो ठीक रहा, पर दाहिने पैर में एक झलका (फोड़ा) निकल आया और बढ़ने लगा। आप बेतिया से दो कोस दूर एक स्थान में चले गये। वहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार की अनेक प्रचलित चिकित्सा हुई। किन्तु व्रण की दशा शोचनीय ही होती गई, पाँव बहुत फूल गया, पीड़ा होने लगी, पीप भर गया। अन्ततोगत्वा फिर 'उदुम्बर-सार' ही की शरण लेनी पड़ी और पाँच ही सात दिन में सारा घाव आराम हो गया। घाव आराम होने के पहले भीतर से जो लाल रंग का मांस ऊपर आता है, वह सफेद रंग का हो चला था, जिससे यह निश्चित होता था कि अग्निदग्ध में जिस प्रकार सफेद दाग (बरक-सा) पड़ जाता है, इसमें भी होगा, परन्तु ऐसा नहीं हो सका, व्रण का दाग काला ही रहा।

एक बार आधी की आधी रात में मैं अपने छोटे भाई और मैनेजर के साथ हरीनगर जाने के लिये टमटम पर बगहा रेलवे स्टेशन को जा रहा था। रास्ते में टमटम का एक घोड़ा भड़का, सड़क छोड़कर बाँई ओर भागा, टमटम सहित दाईं हाथ पानी भरे गढ़े में उलट कर गिर गया। सभी सवार तो भाग्यवश बच गए—अलग जा खड़े हुए; पर मेरे पीछे टमटम का पिछला भाग और दाहिनी ओर टमटम का दाहिना भाग खड़ा था! आगे से घोड़ा गिर कर व्याकुल हो लात चला रहा था। उसकी कुछ चोट तो टमटम में लगती थी और बाकी सब मुझ पर बाईं ओर से पड़ती। भागने की कोई राह न थी। लोग कहते हैं कि "घोड़े की लात घोड़ा ही सहता है"। पर मैं आदमी होकर भी सह रहा था। अस्तु। आयु अवशिष्ट था। ईश्वर ने एक राह बतला दी। एक वृक्ष की डाल ऊपर से लटकी हुई देखी। उसे पकड़ कर ऊपर चढ़ गया; यद्यपि कष्ट बहुत था, हाथ और पैर की कई अँगुलियों के नख उखड़ कर गिर गए थे, कई स्थानों में भयंकर चोट लगी थी—कहीं मोच लगी, कहीं पिस गया, कहीं घिस गया। स्टेशन पर पहुँच कर रेल से हरीनगर गया, जो वहाँ से करीब २२ मील था, वहाँ गूलर के पत्ते के लेप का प्रयोग किया, सो भी चोट लगने के ७॥ घण्टे बाद! इसके पहले सजउ कपड़े की बराबर पट्टी बाँधी थी। फल यह हुआ कि मुझे न कुछ कष्ट हुआ, न देह में पीड़ा हुई, न घाव पका। काम बराबर लिखने-पढ़ने का भी करता रहा—यद्यपि दाहिने हाथ की हथेली और अंगुलियों पर ही बहुत चोट आई थी। डेढ़-दो सप्ताह में मैं सम्पूर्ण आरोग्य हो गया। समय पर नया नख भी जम गया।

इधर सन् १९३१ में उपर्युक्त त्रिपाठी जी रसमाला में अन्तर्धूम मकरध्वज बना रहे थे। तीव्राग्नि के कारण पारा-गन्धक आदि से भरी बोतल का काग (डाट) उड़ गया। आप बन्द करने गये। बोतल समूची फट गई। खौलते हुए पारा-गन्धक का पलस्तर आपकी बाँह और छाती आदि स्थानों में लग गया।

इस बार पहली बार से भी भयंकर जलन-पीड़ा होने लगी। जीने की आशा न थी। डाक्टर भी बुलाये गये। औषध में थोड़ा 'उदुम्बरसार' जल में घोल कर लगाया जाने लगा। गूलर के पत्तों का रस और कल्क भी। पीड़ा तो शान्त हुई; पर डाक्टर आदि सब का यही निश्चय था कि वह पलस्तर शरीर के चाल और मांस को नोच कर साथ ले निकलेगा। पर ऐसा नहीं हुआ। सप्ताह के भीतर ही वह भीषण लेप (पलस्तर) खुद्दी के सहित अलग हो गया। जले हुए स्थान में जलने का कोई चिह्न अवशिष्ट न रह गया। इसी प्रकार छछुन्दर नामक विस्फोटक पदार्थ जलाने में मेरे पुत्र चन्द्रधर शर्मा की हथेली बेतरह जल गई, परन्तु इसी प्रयोग ने प्राण बचाया।

हमारे सम्माननीय चिकित्सकवर्ग्यों! आप ही विचार करें कि—

यदोपेयादार्त्ता शमनसदनं जातु जनता,
समूढे यज्ञाङ्गे तदिह भविता कोऽतिकलुषी।
उपेक्षा विज्ञानाद्भिषुत परमेर्ष्याकुभिषजाम्,
प्रबन्धो वा राज्ञामहह हठकर्मापि सदसाम्॥

"जब कदाचित् रोग से पीड़ित जनता समूढ गूलर-वृक्ष के रहते ही रहते, यमसदन-गामिनी हो जाये, तब इस अनर्थ और अकाल-मरण में आगे कौन होगा?—विज्ञों (समझ-

दारों) की उपेक्षा, अथवा कुचिकित्सकों की परम ईर्ष्या वा राजाओं का कुप्रबन्ध, वा सभाओं का हठ-कर्म ?" अर्थात् किसी के द्वार के पास ही गूलर का पेड़ है और वह वह नहीं जानता है कि इसके पत्तों को पीस कर पी लेने से हैजा छूट जाता है। इसी अवस्था में कहीं उसके लड़के को हैजा हुआ और वह औषध के बिना मर गया, तो जो लोग समझ-बूझ कर भी अपनी शक्ति भर गूलर के पत्तों के गुण का अथवा उसके सार का प्रचार नहीं करते, उनकी उपेक्षा इस अनर्थ की भागिनी है और जो लोग ईर्ष्यावश इसका प्रचार नहीं करते उनकी ईर्ष्या भी इस अनर्थ की भागिनी है। अथवा, राजाओं का प्रबन्ध ही इसका भागी है ? क्योंकि राजाओं का सबसे बड़ा और आवश्यक कर्त्तव्य वा धर्म प्रजा-पालन में प्रधान काम है प्रजा की प्राणरक्षा। यदि गूलर के पत्तों के गुण समझकर भी पुस्तकों और उपदेशों के द्वारा प्रजा-प्राण-रक्षण का प्रबन्ध नहीं किया जाता तो फिर इस विषय में और अधिक क्या कहा जाय ? देशोपकारिणी सभी सभाओं का काम है कि सबसे पहले रोगों से जनता के प्राणों की रक्षा करें। म्युनिसिपेलिटियाँ ऐसा कर सकती हैं। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड भी रोगों से जनता की रक्षा का काम पूरे बल से कर सकते हैं। सरकारी कौसिलें जनता की प्राण-रक्षा का प्रबन्ध करती हैं ; परन्तु बीसों बरसों से गूलर के पत्तों से प्राण-रक्षा के काम में बहुत ही उपेक्षा की जा रही है।

सच मानिये, यदि किसी ग्राम में एक भी गूलर का वृक्ष है, तो वह एक अस्पताल ही है और प्रत्यक्ष ही रोगों का हरण करता है। प्रत्युत जब अस्पताल कुछ भी आराम नहीं कर पाता है तब भी यह गूलर ही अमृत-समान उपकार कर प्राण बचाता है ; अस्पताल आराम करने में फेल भी हो सकता है ; परन्तु यह तुरत सुख-प्रदान करने में सदा समर्थ है। आपको अचरज होगा कि यह अस्पताल से भी बढ़ने लगा। अत्युक्ति नहीं प्रमाण लीजिये—(क) अस्पताल में रुपये न हों तो वह फेल है, और इसमें रुपये न चाहियें। (ख) अस्पताल की औषधों में वह गुण न हो तब भी फेल है, मगर गूलर के पत्ते वा सार में वे गुण अवश्य हैं। (ग) अस्पताल के डाक्टर की पहचान में रोग न आवे तब भी फेल है, वहाँ पहिचान में भूल होने से भी लाभ ही अधिकांश है। आप अस्पताल की वैज्ञानिक औषधों के फेल होने की बात सुन खूब हँसेंगे कि यह तो अत्युक्ति और पागलपन का अन्त हो गया। पर ठहरिये, सत्य की खोज कीजिये, एक और सच्ची बात सुनिये।

सन् १९२१ के अगस्त मास में कलकत्ते के एक सर्वश्रेष्ठ कविराज के यहाँ एक लड़के ने उनकी स्त्री को पंखे से मार दिया, जिस से आँख में सख्त चोट आई। तुरत गुलाब जल का प्रयोग हुआ। पर पीड़ा बढ़ती ही गई। दूसरे दिन अमेरिका से पास, आँख के स्पेशलिस्ट डाक्टर मैत्र और इसी प्रकार के डाक्टर बैजनाथ ; तथा डाक्टर कार्तिकचन्द्र बोस ; महामहोपाध्याय कविराज गणनाथ सेन, सरस्वती, एम० ए०, एल० एम० एस०; कविराज यामिनीभूषण राय, एम० ए०, एम० बी० आदि डाक्टरों की सम्मति से चिकित्सा का आरम्भ हुआ। उक्त चिकित्सकगण ने अपनी चिकित्सा का कोई भी उपचार वा उपाय अवशिष्ट न रक्खा। तीसरे दिन असाध्य और अन्तिम अवस्था उपस्थित हो गई। तीन दिनों तक दिन-रात बेचैनी बढ़ती ही गई। अन्त में 'उदुम्बरसार' ने ही वास्तविक लाभ पहुँचाया। सब लोग चकित रह गये और गूलर की भूरि-भूरि प्रशंसा करने लगे।

सन् १९२५ की बात है। चम्पारन डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के सब ओवर-सियर बाबू रामनेवाज सिंह ने मुझसे कहा कि "मैंने अपनी तबदीली मोतीहारी से बगहा इसीलिये कराई है

श्रीमान् राजा श्रीहरिहरप्रसाद नारायणसिंहजी अमावांनरेश ।
सभापति–बिहारप्रांतीय ४ वैद्यसंमेलन **गया** ।

कि मेरी स्त्री को वात की पीड़ा है, आप उसे देख कर अच्छा कर दें।" मुझे अपने क्वार्टर पर ले गये। मैंने उनकी स्त्री की अवस्था देखी। उम्र उसकी २२ वर्ष की थी, चल-फिर नहीं सकती थी। जाँच करने से ज्ञात हुआ कि ज्वर भी बहुत पुराना है। रक्त का भी दोष है। शरीर शीर्ण (अति दुर्बल) शोथयुक्त है, हृद्रोग है, शिर में चक्कर आता है। विष्टम्भ भी है। मन्दाग्नि और बहुमूत्र भी है। सारे शरीर में वात-पीड़ा है। विशेषतः त्रिक (काँड, कमर) तथा पाणि (पेंड़ी) में कभी-कभी ऐसा भी बोध होता था कि आग से जलती हुई सूई स्थान-स्थान पर शरीर में घुसाई जा रही है!

मेरे हृदय में भी अधिकांश निराशा ही ने अधिकार कर लिया; परन्तु 'जब तक साँस तब तक आस'—'दक्षारिष्टोऽपिजीवति'—इस विचार से मैंने ईश्वर का नाम लेकर चिकित्सा आरम्भ कर दी। सोचा, मेरे अनुभूत औषधों का अभी उपयोग भी तो नहीं हुआ है, कदाचित् लाभ ही हो जाय। पथ्य केवल गूलर के फल और दूध ही रक्खा। तीन मास में एकदम आश्चर्य रूप से आराम हो गई। मुझे सन्देह था कि कदाचित् यह रोग उसको फिर हो और बढ़कर हानि पहुँचावे; किन्तु सवा दो वर्ष होते हैं कि भारत-प्रसिद्ध वैद्यवर पं० ब्रजबिहारी चौबे जी के यहाँ पटने में मुझसे रामनेवाज सिंह से भेंट हुई। मैंने सब समाचार पूछा। आपने कहा कि आज-कल तो वह ट्रेनिंग शिक्षा पटने ही में पा रही है। वह कुछ ज्वर और गलसुआ (कर्णपात शोथ) से पीड़ित है। यहाँ औषधार्थ आया हूँ। वह अपने पुराने रोगों से एकदम मुक्त हो गई है। आप कृपा कर उसे फिर देखें। वह दर्शन भी चाहती है। मैंने जाकर जो देखा तो आनन्द गद्गद हो गया। पहले की कोई भी बीमारी मध्य के ६ वर्षों के भीतर कभी नहीं हुई। गलसुए में उदुम्बरसार का प्रयोग किया। वह शीघ्र आरोग्य हो गई। विगत वर्ष मुजफ्फरपुर-डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के चेयरमैन बाबू चन्द्रशेखर प्रसाद जी एम० ए० महोदय से उसकी चर्चा हुई। आपने कहा कि वह अब भी अच्छी अवस्था में है। उसके गाँव (मोरसँड़, डाकघर रूनीसैदपुर, जिला मुजफ्फरपुर) में डिस्ट्रिक्ट बोर्ड से एक कन्या-पाठशाला अलग बनवा दी गई है, जहाँ वह अध्यापिका है। इसके पहले भी वह अपने ही घर में पढ़ाती थी।" यह असाध्यतर रोग केवल 'गूलर-विज्ञान' ही के प्रभाव से छूटा है।

रामकेवल तिवारी (खोरैठा ग्राम, थाना विक्रम, जिला पटना) को विगत वैशाख मास में दाहिने हाथ के अंगूठे में बड़ी बिच्छी ने डंक मारा। विष जोरों से चढ़ने लगा। मन्त्र जानने वाले दो सज्जन आकर झाड़ने लगे। विष की पीड़ा कंधे तक पहुँच गई थी। मन्त्र के प्रभाव से कभी-कभी कन्धे से पीड़ा की लहर मणिबन्ध (कलाई) पर्यन्त लौट आती थी। अर्थात् उस अवस्था में भी अंगूठे से कलाई अंक भयङ्कर पीड़ा रहती ही थी। मंत्र से झाड़ना बन्द करने पर फिर पीड़ा की लहर कन्धे तक पहुँच जाती थी। आध घंटे के पीछे इनके पड़ोसी पं० इन्द्रदेव तिवारी उदुम्बरसार की डिब्बी लेकर पहुँचे। नहरनी से डंक की नोक से थोड़ा लहू निकाल कर उसमें बिना पानी मिलाये ही उदुम्बरसार भर दिया। कुछ ही मिन्टों के बाद बिच्छू मारने का कोई कष्ट नहीं रहा। झिनझिनी भी नहीं रही। इसी प्रकार बड़े हड्डों का विष भी भयङ्कर होता है। डङ्क मारे हुए स्थान से संभव हो तो छुरी आदि से कुछ रक्त निकाल कर उदुम्बरसार वा गूलर के पत्तों की लुगदी छाप देने से सारा कष्ट दूर हो जाता है। मेरे मकान के मेरे कर्मचारी इन्द्रदेव तिवारी को भी इन्हीं बड़े हड्डों ने काटा बिना लहू निकाले ही पानी से गूलरसार को तरल कर मल दिया। पट्टी भी नहीं दी गई,

पर पीड़ा तुरन्त शान्त हो गई।

कई वर्ष हुए कि पलकधारी पाण्डे नाम के एक सज्जन असाढ़ में छप्पर छाने के लिये खपड़े निकाल कर ऊपर देने लगे कि आपके अंगूठे को गेहुँअन साँप ने आकर पकड़ लिया, आपने उसे बहुत देर में झटक कर छुड़ाया। शायद साँप मारा भी गया। आपने एक ही बार तीन रुपये भर उदुम्बरसार को खा लिया। सारा विष का प्रकोप जाता रहा। लहर भी नहीं आई। मानों साँप ने काटा ही नहीं था।

६—सम्प्रति हमारा प्रधान कर्तव्य

उन विषयों पर फिर कुछ कहना पिष्टपेषण वा चर्वितचर्वण ही है, जिन पर इस सम्मेलन के पूर्व सभापतिगण समुचित प्रकाश डाल गये हैं—और आवश्यक उचित, उपकारक तथा उपादेय उपदेश दे गये हैं। परन्तु सम्माननीय चिकित्सकवर्य्यों! अद्यावधि आयुर्वेद-चिकित्सा विज्ञान-सम्बन्धी पुस्तकों के जलाये जाने पर भी, अवशिष्टांश मात्र से भूमण्डल की सब चिकित्साओं से अधिकांश प्राणरक्षक केवल प्रसिद्ध ही नहीं सिद्ध भी है। आप उसे ऐसे उपकारक प्रकार और विचार के अनुसार व्यवहार में ले आवें कि आपको धर्म और यशोधन सबकी प्राप्ति हो। कहा भी है—

यात्मार्थं नापि कामार्थमथ भूतदयाम्प्रति ;
शर्त्तते यश्चिकित्सायां स सर्वमतिवर्त्तते।

अर्थात् न अपने लिये, न किसी विशेष काम के लिये, बल्कि केवल प्राणियों पर दया की दृष्टि से जो चिकित्सा करते हैं—वे सब धर्म-कर्म करने वालों से बढ़ कर हैं।

न तो प्राणरक्षण वा जीवदान के समान कोई धर्म है, न इसके विपरीत प्रकार के समान अधर्म ही है। यदि आप कहें कि इस प्रकार के काम से हमारी संसार-यात्रा वा योग-क्षेम कैसे चलेगा? इसके चलाने वाले स्वयं परमात्मा हैं जो गीता में कहते हैं कि "तेषान्नित्या-भियुक्तानां, योगक्षेमम्वहाम्यहम्"। फिर आयुर्वेद ने भी कहा है कि 'ईश्वराणाम्बसुमतां लिप्सेतार्थन्तु वृत्तये—अर्थात्—राजा और धनवानों से वृत्ति मात्र के लिये धन लेना, अधिक नहीं।"

सज्जनो! कहाँ तक आपके समक्ष निवेदन करूँ? अब आपका अधिक समय न लूँगा। आशा है, जिस प्रकार बड़े धैर्य से आपने मेरी बातें सुनने की कृपा की है, उसी प्रकार उनकी उपयोगिता पर भी विचार करने की उदारता दिखावेंगे। मेरी बुद्धि को सठियाई हुई समझ कर कृपया मेरी बातों की उपेक्षा न करें! मेरे जीवन-भर के अनुभवों से आपकी हानि कदापि नहीं हो सकती। सुविख्यात पण्डित अम्बिकादत्त व्यास जी ने एक बार, आज-कल की नई रोशनी से चकचौंधे विकृतमस्तिष्क मनुष्यों से झुंझला कर, जले हृदय से कहा था।

'तुम्हारो कब उतरैगो भूत।
अपने पुरुषन मूढ़ बतावत, ऐसो निलज कपूत।'

अब आप से अधिक कुछ न कह कर जगदम्बा से प्रार्थना करते हुए अपना भाषण समाप्त करता हूँ।

अयि अकारणकरुणामयि परमेश्वरशक्ते मातः!

(मालिनी छन्द)

यदपि कुछ अभी लों, ठीक मैंने न माँगा,
तदपि सुजननी-सी इष्ट देती रही तू।
अब समुचित मेरी प्रार्थना है हठीली,
अभिलषित हमारी वस्तु दे दी वही तू॥
यह उचित चिकित्सा-कार्य्य मैंने न माँगा,
पर यह मुझको दे यों किया है सुभागा।
अमृत-सम न मैंने इष्ट यज्ञाङ्ग चाहा,
पर बरबस दे माँ, प्रेम तूने निबाहा॥
फिर हित सब देना तो सताना बुरा है,
समुचित सुख देना तो दुखाना बुरा है।
हित कर पीछे ही रुलाना बुरा है,
सुयश सु जनता में दे हँसाना बुरा है॥
यह सब हँसने की बात ही है हमारी,
त्रुटि तनिक नहीं है, हे सुमातः तुम्हारी।
मति छिन छिन ही में भूलती है हमारी,
अनुपम अनुकम्पा पालती है तुम्हारी॥
समिति सुभिषजों की पूर्णकामा सदा हो,
अमिति निज गुणों से ख्यातनामा सदा हो।
अभिनव चिर-रोगोत्पात 'पीड़ाहरी' हो,
विकल सुजनता की पूर्ण रक्षाकरी हो॥

अब अन्त में धन्वन्तरि-रूप विष्णु भगवान् से प्रार्थना है कि—

श्रीमान् रुजार्दित जनानवनाय सिन्धो—
र्धन्वन्तरिर्जगतियोऽवतार विष्णुः।
मत्तश्च गूलरगुणान्प्रथयिन्वानीम्,
मत्तः स वैद्यसमिति सफलान्तनोतु च॥

(बरवा)

सब पढ़ने-लिखने का यह फल काम।
भजे निरन्तर मन से सीताराम।
इसी भाँति भिषजों का है यह धर्म।
आतुर जन का समुचित सेवा-कर्म॥

इति शम्।

श्री धन्वन्तरयेनमः

बिहार प्रान्तीय चतुर्दश वैद्य सम्मेलन के सभापति

कविराज श्री नृत्यगोपाल वन्द्योपाध्याय, कविरत्न का

संक्षिप्त जीवन चरित्र

बंगीय १२९१ साल आश्विन मास (१८८४ के अक्टूबर में) ग्राम सादीपुर ज़िला मुरशिदाबाद के बहु प्रतिष्ठित एक कान्यकुब्ज ब्राह्मण वंश में आपका जन्म हुआ है। पिता जी का नाम शशिभूषण वन्द्योपाध्याय था। आपको अपने जन्म के चौथे और पाँचवे वर्ष में ही क्रमानुसार माता जी और पिता जी का वियोग सहना पड़ा।

१३०८ बंगीय तदनुसार १९०१ इसवी साल में स्थानीय एम० ई० स्कूल से उत्तीर्ण होकर राशबिहारी सांख्यतीर्थ टोल में इन्होंने संस्कृत पाठारम्भ किया और उसके बाद कुछ दिनों तक ब्रजेन्द्र विद्याभूषण टोल में अध्ययन किया।

१३१३ साल (१९०६ जून) ज्येष्ठ मास में भागलपुर के विख्यात कविराज अनुकूल चन्द्र चट्टोपाध्याय (जो वर्त्तमान महामहोपाध्याय कविराज श्री गणनाथ सेन के पिता विश्वनाथ विद्या कल्पद्रुम के छात्र थे) की प्रथमा कन्या से पाणि ग्रहण हुआ और उसके बाद से वहाँ ही आयुर्वेदाध्ययन आरम्भ कर दिया। १३१८ साल (८ जून, १९११ ई०) को मुंगेर में चिकित्सा करने के लिये बैठ गये।

उस समय मुंगेर में आयुर्वेद के मूल्यवान औषधों से चिकित्सा करने वाले चिकित्सकों की संख्या बहुत कम थी। हकीमी और डाक्टरी का ही विशेष प्रचार था। वेश परम्परा से वैद्य कहलाने वाले भी प्रायः हकीमी चिकित्सा की ही विशेष सहायता लेते थे। आयुर्वेदोन्नति और इसके पूर्ण प्रचार के लिये इन्होंने अपनी चिकित्सा के प्रारम्भ में बिना फीस और कहीं-कहीं बिना औषध के मूल्य लिए ही आयुर्वेद का चमत्कार दिखाकर लोगों में इसके प्रति श्रद्धा उत्पन्न करने लग गये।

इस प्रकार कुछ दिनों तक कार्य्य होने के बाद स्थानीय पं० श्री बुलाकी पाठकजी बी० ए० बी० एल० वकील (जो आयुर्वेद को उच्च शिखर पर देखने के लिए अत्यधिक व्यग्र थे) से मिल कर इन्होंने इसके नियमित कार्य होने के लिए एक संस्था खोली जिसका नाम "आयुर्वेद प्रचारिणी समिति" पड़ा। कुछ दिनों के बाद इसके बढ़ने पर इसका नाम "मुँगेर ज़िला आयुर्वेद प्रचारिणी समिति" कर दिया गया।

इन्होंने अपने भतीजे श्री मन्मथनाथ वन्द्योपाध्याय को जो उस समय एफ० ए० क्लास में थे कौलेज छोड़ाकर आयुर्वेदाध्ययन में प्रवृत्त किया और श्रीमान बुलाकी पाठकजी के पुत्र श्री अनूपलाल पाठक को मैट्रिक पास करने के बाद आगे कौलेज में पढ़ाने न देकर आयुर्वेद में ही लगा दिया। इन दोनों छात्रों को गवर्नमेंट बिहार उड़ीसा संस्कृत समिति से आयु-



कविराज श्री० नृत्यगोपाल वंद्योपाध्याय, कविरत्न, मुंगेर।
सभापति—बिहारप्रान्तीय चतुर्दश वैद्यसम्मेलन।

वैद्याचार्य परीक्षा पास कराकर और अनेक प्रामाणिक संस्थाओं से अनेक उपाधि आदि प्राप्त कराया और स्वयं भी अपनी सारी अभिज्ञता बता कर दोनों को आयुर्वेद के पूर्ण प्रचार में सदा बद्धवान रहने के लिये उपदेश दिया। श्री अनूपलाल पाठक मुँगेर के श्री दुर्गाविद्यालय में अवैतनिक आयुर्वेदाध्यापन कर प्रति वर्ष मध्यमा और आचार्य परीक्षाओं में छात्रों को उत्तीर्ण करा रहे हैं। भागलपुर में मनोनुकूल कोई ऐसी संस्था न देख कर जहाँ आयुर्वेद का सम्यक् पठन-पाठन हो सके वहाँ स्वयं अपने बड़े भाई श्री यतीन्द्रनारायण बन्द्योपाध्याय के स्मारक-स्वरूप उनके नाम पर यतीन्द्र आयुर्वेद विद्यालय बिलकुल अपने खर्च से खोल कर वहाँ श्री मन्मथनाथ बन्द्योपाध्याय को अध्यापनार्थ बैठा दिया। वहाँ भी बहुत छात्र पढ़ते हैं और परीक्षोत्तीर्ण हो कर प्रचार कार्य में कटिबद्ध हो जाते हैं। श्री ईश्वरीप्रसाद कुमर, श्री विद्यानन्द, श्री रामप्रसाद दासजी आदि अनेक छात्र अनेक स्थानों में प्रचार कार्य कर रहे हैं। अनेक चिकित्सकों को प्रारम्भिक चिकित्सा के लिए अपने पास से १००–२०० रुपये के औषध भी देकर इन्होंने सहायता की है।

आयुर्वेदोन्नति में सफल मनोरथ देख कर इन्होंने बाद के बिहार प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन के अवसर पर नवम अधिवेशन मुँगेर में करने के लिये निमन्त्रण दे दिया। इस अधिवेशन के आप स्वागताध्यक्ष रहे और श्रीमान् बुलाकी पाठकजी को मन्त्री होने के लिये आपने बाध्य किया। अस्तु! आप दोनों के असीम परिश्रम और साथ-साथ भगवान की कृपा से कार्य बहुत ही सुन्दर रूप से निबह गया।

बंगीय १३४० साल १९३४ के भूकम्प में इनकी पत्नी का देहावसान हो गया। उनकी आत्मा की तुष्टि के लिये इन्होंने मुंगेर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड में सालाना सादेसात सौ रुपया का औषध देने की प्रतिज्ञा कर उनके नाम से "योगवासिनी दातव्य आयुर्वेद चिकित्सालय" की स्थापना स्थान दिग्घी ज़िला मुंगेर में की है।

शहर में भी आपकी चिकित्सा सर्व प्रथम समझी जाती है और जहाँ तक साध्य हो सकता है आयुर्वेद के लिये तन-मन-धन से सदा यत्नवान् रहते हैं।

श्री अनूपलाल पाठक

॥ श्री धन्वन्तरये नमः ॥

बिहार प्रान्तीय चतुर्दश वैद्यसम्मेलन के सभापति

कविराज, श्री नृत्यगोपाल वन्द्योपाध्याय कविरत्न का

अभिभाषण

माननीय स्वागताध्यक्ष महोदय एवं समागत सभासद् वृन्द ! हमारा सश्रद्धाभिवादन ग्रहण करें।

मैं नहीं समझता हूँ कि किस अभिप्राय से हमारे ऐसे सभी माँति से अयोग्य एक व्यक्ति को बिहार प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन के दायित्वपूर्ण सम्मानित पद पर आप लोगों ने प्रतिष्ठित किया है।

पञ्चानन सदृश पण्डित जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल जी ने जिसका उद्बोधन किया है तथा जिस आसन को—आयुर्वेद-वारिधि पं० ब्रजविहारी चतुर्वेदीजी, माननीय कविराज श्री शारदा-चरण सेनजी, देवताप्रतिम वैद्यवर देवताचरणजी, विहार-रत्न आयुर्वेद-गौरव पण्डितप्रवर शिवचन्द्र मिश्रजी, ऋषितुल्य आचार्य्य श्यामाचरण चतुर्वेदीजी, प्रथितयश कविराज श्री विधु-भूषण सेनजी, आयुर्वेदमुकुटमणि पण्डित हरिनारायण चतुर्वेदीजी, चिकित्सककुलतिलक श्री चन्द्रशेखरधर जी शर्म्मा प्रभृति मनीषिवृन्द ने गौरवान्वित किया है; उसकी सम्मानरक्षा मुझ ऐसे नगण्य व्यक्ति से कहाँ तक हो सकेगी, विचारणीय है।

पण्डितप्रवर रामावतार शर्म्मा जी का सतत उद्योग, अक्लान्तकर्मी पण्डितवर श्रीकान्त शर्मा जी की आ-प्राण चेष्टा और पण्डित गंगाधर शर्म्मा जी के पांडित्य ने जिसको गौरव के उच्च शिखर पर अधिष्ठित कर दिया है; उसका गुरुदायित्व मुझसे सर्वथा अयोग्य व्यक्ति से किस प्रकार निर्वाह होगा, समझ नहीं रहा हूँ। तब जिस प्रकार विक्रमादित्य त्यक्त-सिंहासन पर बैठ कर आसनप्रभाव से वर्णज्ञानहीन गोरखिया-बालक भी ज्ञानदुरूह जटिल विषय की सम्यक् मीमांसा कर लेता था, उसी प्रकार पूर्व-पूर्व सभापतिगण की प्रतिभा से समुज्वल इस आसन के गुण से मैं भी इसकी सम्मान-रक्षा कर सकूँगा, इस आशा से आज आप लोगों के स्नेह-दत्त पद-गौरव की उपेक्षा हमने नहीं की।

जिस प्रेम, शुभकामना एवं उदारता से आप लोगों ने हमको सभापति पद पर वरण किया है, उसी प्रकार मेरी समस्त त्रुटियों, विच्युति एवं अक्षमताओं को भी क्षमा करेंगे।

माननीय सभासद्वृन्द ! आप लोगों की ऐकान्तिक कामना आयुर्वेद के लुप्त गौरव का पुनरुद्धार करना है और इसीलिये इस सम्मेलन की उत्पत्ति भी हुई है। बिहार-प्रान्तीय-वैद्यसम्मेलन के द्वारा अनेकों लुप्त-गौरव उद्धार किये गये हैं और अभी तक बहुत अधिक उन्नति भी हुई होती; किन्तु बीच में ही साधकगण के मध्य आत्मघाती गृहविवाद के कारण उन्नति स्थगित हो गई थी। आज बड़ी ही प्रसन्नता के साथ प्रकाश करता हूँ कि उस अभिसम्पात-

स्वर्गीय भिषक्केसरी पं० रामकृष्ण सेवाराम दुबे, इन्दौरकर।

आपने ही नागपुर में पधार कर सन् १२१५ में नागपुर वैद्यमण्डळ, धन्वन्तरि पाठशाला (संप्रति श्री धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय) और श्री धन्वन्तरि धर्मार्थ चिकित्सालय की स्थापना की। नागपुर में आयुर्वेद-प्रचार का बड़ा भारी श्रेय आपही की दिवंगत आत्मा को प्राप्त है।

अनेक विद्वानों की सभा में बड़े सम्मान के साथ 'भिषक्केसरी' पद से विभूषित किया है।

सन् १९३२ में बीकानेर में होनेवाले राजपूताना प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन एवं सन् १९३४ में छिंदवाड़े के श्री बरार मध्यप्रान्तीय तृतीय वैद्यसम्मेलन के सभापति आप ही निर्वाचित हुए थे। इतना ही नहीं, सन् १९३५ के दिसम्बर में रजतजयन्ती सह अहमदाबाद में होनेवाले निखिल भारतवर्षीय २५ वें वैद्यसम्मेलन के सभापति आप ही निर्वाचित किये गये थे। इसलिये भारतीय आयुर्वेद महामण्डल के सभापति (अध्यक्ष) आप ही हैं। आपके हिन्दी एवं संस्कृत भाषण आपकी विद्वत्तानुरूप बड़े ही प्रभावशाली हैं। आयुर्वेद संसार के महारथी श्रीमान् आयुर्वेदमार्तण्ड यादवजी त्रिकमजी आचार्य, श्रीमान् आयुर्वेदाचार्य स्वामी लक्ष्मीरामजी, महामहोपाध्याय कविराज गणनाथ सेन सरस्वती आदि आपको बड़ी श्रद्धा एवं सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

रहन सहन और स्वभाव

श्रद्धेय छांगाणीजी की रहन-सहन इतनी सादी है जिसे देखकर कोई भी नहीं समझ सकता कि इस शरीर में परम पिता परमात्मा ने गहन गवेषणा पूर्ण इतना शास्त्रीय ज्ञान कूट-कूटकर भरा है। स्वभाव भी आपका नितान्त ही सरल है। इस समय आपकी अवस्था ६० वर्ष की हो जाने पर भी आपकी स्मरण-शक्ति बड़े-बड़े मेधावी युवकों से भी बढ़कर है। आप पीयूष-पाणि चिकित्सक हैं। धनिकों एवं दीन दुखियों तक से आपका व्यवहार एक सा रहता है। उदार भी आप ऐसे हैं कि आपके पास आया हुआ कोई भी व्यक्ति विमुख नहीं लौटाया जाता। आपका गोवर्धन नाम भी सार्थक ही प्रतीत होता है क्योंकि आप पर गोवर्धन की धुन सदैव ही सवार रहा करती है। आप किसी समय जायँ, उन्हें आप गो-सेवा (वाणी एवं गौओं की) में ही तल्लीन पाएंगे क्योंकि नागपुर जैसे बड़े शहर में रहते हुए भी आपके यहाँ १५, २० गौओं की सेवा सदैव हुआ करती है और हुआ करती है गो = भगवती सरस्वती की आराधना भी कभी आप गौओं की सेवा करते मिलते हैं तो कभी शास्त्रावलोकन करते या लिखते। गौएं भी। आपकी बड़ी हृष्टपुष्ट एवं दर्शनीय रहती हैं। संभवतः इसी द्वयर्थक गो-सेवा को ध्यान में रखकर ही निखिल भारतीय वैद्यसम्मेलनाध्यक्ष निर्वाचित होने पर नागपुर के समस्त वैद्य एवं विद्वन्मण्डल ने निम्न-लिखित पद्य को पढ़कर आपका अभिनन्दन किया था। यथा—

"आयुर्वेदविशारदः सहृदयः पीयूषपाणिर्बुधो
गोसेवानिरतो वहत्यनुगुणां गोवर्धनाख्या कृती।
स्थाने वैद्यमहासभापतिपदे विद्वद्भिरारोपित-
छांगाणीत्युपनामको विजयते श्रीमान् भिषक्केसरी॥"

आपके शिष्यद्वय
श्री गुलराज शर्मा (आयुर्वेद विशारद)
श्री केदारनाथ शर्मा (आयुर्वेद शास्त्री)

नागपुर,
ता० ११।७।१९३६ ई०

॥ श्रीः ॥

श्रीधन्वन्तरये नमः ।

निखिलभारतवर्षीयपञ्चविंशतितमवैद्यसम्मेलनस्य अहमदाबादनगरे
समवेतस्य सभापतीनां

छाङ्गाणीत्युपाख्यवैद्यश्रीगोवर्धनशर्मणां

अभिभाषणम् ।

ॐनमो ब्रह्मप्रजापत्यश्वीन्द्रधन्वन्तरिमुश्रुतादिभ्यः ।

योगं योगविदां विधूतविविधव्यासंगशुद्धाशय-
प्रादुर्भूतसुधारसप्रसृमरध्यानास्पदाध्यासिनाम् ।
आनन्दप्लवमानबोधमधुरामोदच्छटामेदुरं
तं भूमानमुपास्महे परिणतं दन्तावलास्यात्मना ॥१॥

त्रिभुवनजनरोगग्रामसंग्रामजेता-
मृतभृतधृतकुम्भोद्गूर्णहस्तायुधश्रीः ।
अमरमथितदुग्धाम्भोधिलब्धोदयोऽसौ
दलयतु दुरितौघानाद्यवैद्याधिपो वः ॥२॥

अयि परममाननीयाः स्वागतसमित्यध्यक्षाः, श्रीधन्वन्तरिकल्पवैद्यप्रवराः, समुपस्थित-सभ्यमहोदया आर्यबन्धवश्च,

श्रीजगदीशितारं वारंवारं प्रणम्य, स्मारंस्मारं च सर्वेषां श्रीमतां तन्नमवतां निर्व्याज-सौहार्दं, प्रयच्छाम्यनन्तान् धन्यवादान् यत्सत्स्वप्यर्हत्तरेष्वप्यायुर्वेदपारावारपारीणेष्वगद-ङ्कारप्रवरेषु सम्मेलनस्यास्य सभापतिपदेऽतीव निर्गुणमपि मां नियोज्यात्मसम्मातभाजनीकृतो-ऽहमिति । योग्यताभावेऽपि न जाने किमिव मनसि कृत्वास्मिन्महति पदे मन्नियुक्तिरेव कृता श्रीमद्भिरित्याश्चर्यमेव । प्रेम्णैव कृतमेतत्सर्वमपीति भाति । प्रेम्णैव मयाप्यविकत्थनीयामाज्ञा-मिमां गुरूणां महतादरेण शिरसि कृत्वा स्वीकृतं पदमिदम् । किन्तु स्वयोग्यतायां संशयानो-ऽहमित्यभ्यर्थये सहयोगम् । यतः सर्वेषां सहयोगादेव भवति निरन्तरायकार्यसिद्धिरिति मे द्रढीयान्विश्वासः ।

प्रेक्षाः, महामहोपाध्यायकविराजश्रीगणनाथसेनसरस्वतीमहोदयानां, धन्वन्तरिकल्पश्री-लक्ष्मीरामस्वामिनां, त्रिविक्रमतनूजश्रीबापूदाचार्याणामायुर्वेदमार्तण्डानां, महर्षिकल्पश्रीमदनमो-हनमालवीयानां, राजर्षीणां श्रीरामवर्मणां, कैप्टनश्रीश्रीनिवासमूर्तीनामथ च राजवैद्यश्रीकृष्ण-

शास्त्रिदेवधरप्रभृतीनां गतचतुर्विंशतिवैद्यसम्मेलनाध्यक्षाणां प्रकाण्डपण्डितानामास्वादिते सति भाषणामृतेऽज्ञातशास्त्रगन्धस्य मेऽल्पज्ञस्य जल्पनं न तु भाषणं कथं नु भवेत्सन्तोषाय श्रीमतामिति शङ्कैव, किन्तु बालादपि सुभाषितमिव रुचिकरमेव स्यादित्याशास्ते ।

मान्याः, प्रातःस्मरणीयाः स्वर्गीयाः श्रीशङ्करदाजीशास्त्रीपदेमहाभागाः सर्वेषामप्यस्माकमनन्तधन्यवादार्हा भवन्तिस्म, यतो हि निखिलभारतीयायुर्वेदमहामण्डलमथ च वैद्यसम्मेलनमिदमप्येतैरेव महाशयैः संस्थापितमिति सुविदितमेव सर्वेषां तत्र भवताम् । तेषामेवानुकंपाफलमिदं यत्प्रत्यब्दं निखिलभारतीया भिषजः प्राप्नुवन्ति सुविचारविनिमयावसरमायुर्वेदस्य । तत्तस्मान्तीर्थास्ते महानुभावाश्चाप्यनन्तधन्यवादार्हा यैरदम्योत्साहैर्विंगतानि चतुर्विंशतिवैद्यसम्मेलनानि स्वर्गीयपदेशास्त्रिमहाभागानामिच्छानुकूलाभ्येव साङ्गोपाङ्गतया संपादितानि । सुभेऽस्मिन् संवत्सरे गुर्जरराष्ट्रीयमहम्मदाबादपुटभेदनमपि धन्यातिधन्यमिति मन्ये, येन च प्रेम्णातिशयेन भवतः सर्वानप्यखिलभारतीयानगदङ्कारानामन्यायुर्वेदशास्त्रस्यायं सुविचारविनिमयावसरः प्रदत्तः । एवमेव तदनुकम्पया संमेलनेनानेन सहैवास्माभिरायुर्वेदमहामण्डलरजतजयन्त्युत्सवजन्महर्षोऽप्यनुभूयते । वक्ष्यमाणेतिवृत्तात् गुर्जरराष्ट्रस्य महती सेवेयं तदनुकूलैव ।

गुर्जरराष्ट्रस्यायुर्वेदसेवा ।

प्राचीनेतिवृत्तावलोकनाज्ज्ञायते यद् गुर्जरराष्ट्राभिजनैर्नागरौदीच्यपुष्करणाश्रीमालीगौडश्रीगौडसारस्वतमोढरायकवालगुर्जरभूनिर्जरैरेव न, किन्तु क्षत्रियवैश्यशासुसन्यासिप्रभृतिभिः सर्वैरपि संस्कृतभाषासाहित्यस्यायुर्वेदस्य च महती सेवा विहिता । यद्यपि संस्कृतसाहित्याद्यनेकग्रन्थानां काव्यानां चोपमार्थगौरवपदलालित्यादिगुणमयानां रचयितारः, कलिकालसर्वज्ञाः श्रीहेमचन्द्राचार्याः, महाकविमाघप्रभृतयोऽप्यस्या एव विद्वद्जनगर्भागर्भजा आसन् । तथापि कविकुलमुकुटमणिभूतानामेतेषां विषये विषयान्तरवशाद्विस्मृतिमयाज्ञानुल्लिख्यायुर्वेदसेवावलम्बिनामेव विषये यत्किञ्चिन्निवेद्यते ।

नास्त्यत्र सन्देहलेशोऽपि यदायुर्वेदसेवायां गुर्जरराष्ट्रोऽयं न कदाप्यासीत्पश्चात्पदभागिति । बहवश्चरकसुश्रुतवाग्भटवाग्भट्टा राष्ट्रेऽस्मिन्नासन्, किन्तु रसशास्त्रज्ञेष्वपि गुर्जरराष्ट्रएवासीदग्रगण्य इति निश्चयेन शक्यते वक्तुम् । विषयेऽस्मिन्नुना केषांचिद्विदुषां प्रमाणपुरःसरो दीयते परिचयः ।

कविवरः श्रीशार्ङ्गधरः ।

नायुर्वेदीयचरकाद्याचार्यसंहितानामेव, किन्तु रसशास्त्रादीनामपि मर्मज्ञो, महावैयाकरणो, यतिपतिस्वामिवैकुन्ठाश्रमस्यान्तेवासी, नागरवंशोद्भवः, सुकविज्योतिश्शास्त्रज्ञाग्रगण्यानेकगुणगणमण्डितराजमान्यपण्डितश्रीदेवराजसूनुः, राजवैद्यः श्रीशार्ङ्गधरोऽपि गुर्जरभूभव एवासीत् । येन च निखिलज्वरकुलकण्डनाय तन्निदानशमनोपायपरः संस्कृतपद्यशतत्रयात्मकस्त्रिशतीनामको ग्रन्थो ग्रथित इति तेनैव त्रिशतीलिखितादात्मवृत्तान्तादवगम्यते । यथा हि—

अद्वैतोदधिगाहनादविरतं विध्वस्ततापत्रयः
स्वान्ताविष्कृतनित्यनिर्मलचिदानन्दप्रबोधोदयः ।
वैकुण्ठाश्रमसंज्ञया यतिपतिर्न स्याश्रमस्यास्पदं
कस्यायं निगमान्तशास्त्रविलसत्कान्तारकण्ठीरवः ॥४॥

सुधीरभूत्संसदि भूपतीनां
संमानभाक् नागरवंशजन्मा ।
दोषज्ञमान्यः सुकविः कलावान्
दयानिधानं भुवि देवराजः ॥१२८॥
तस्यात्मजः शार्ङ्गधरश्चिलोकी-
पतिं त्रिनेत्रं त्रिपुरांच शश्वत् ।
ध्यायन्निमां वैद्यमुदे त्रिदोष-
ज्वरच्छिदे च त्रिशतीं चकार ॥१२९॥ इति

अतीव मनोहरं नानापद्यात्मकं वैद्यककाव्यमिदं विरच्य तव्यमिदं वच्छार्ङ्गधरेण कविनानेन ऋणीकृताः खलु निखिलभारतीयायुर्वेदविद इति । श्लिष्टतरं ग्रन्थमेनं चावलोक्य श्रीवल्लभाख्येन भट्टेन तट्टीकां विधायातीव सरलीकृतः । सत्यपि ज्वरविषयकेऽस्मिन् ग्रन्थे ज्ञातारो ह्येतस्यायुर्वेदीयान्यान्यज्ञातव्यविषयाणामपि सुबोद्धारो भवन्ति ।

वैद्यवरः श्रीसोढलः ।

एवमेव वत्सगोत्रोद्भवरायकवालजातीयो, नन्दनवैद्यस्यात्मजः, सतां संबदयालूनां शिष्यः, सद्वैद्यकश्च भगवतः श्रीसहजांशोः, सद्वैद्यसोढलोऽप्यस्या एव विद्वद्ब्रह्मगभांगुर्जरवसुन्धाराया रत्नभूत आसीत् , येन चाकलितं शल्यशालाक्यकायचिकित्सायष्टाङ्गायुर्वेदविज्ञापयितारं गदनिग्रहाख्यं बृहद् ग्रन्थरत्नम् । नावशेषि च तेन स्वग्रन्थेऽस्मिन्नार्षसंहितोक्तं, किमपि काथचूर्णगुटिकावलेहासवारिष्टतैलघृतादिकम् । सोढलविरचितो गुणसंग्रहापरपर्यायः सोढलनिघण्टुरपि सद्ग्रन्थोऽस्तीति तल्लिखितादन्तिमांशात्प्रतीयते । यथा हि—

वत्सगोत्रान्वयस्तत्र वैद्यनन्दननन्दनः ।
शिष्यः संघदयालोश्च रायकवालवंशजः ॥
सोढलाख्यो भिषक् भानुपादपङ्कजषट्पदः ।
चकारेमं चिकित्साया समग्रं गुणसंग्रहम् ॥ इति ।

सिद्धनागार्जुनः ।

किं बहुना वर्तमानसंवत्सरादक्षादष्टादशशतवर्षेभ्योऽपि प्राग्भवः, प्रतिष्ठानपुराधीशशकक्रुच्छालिवाहनसखा, नागराजात्मजो, बौद्धो, रससिद्धः, सुश्रुतसंहितायाः प्रतिसंस्कर्ता, कर्ता चानेकेषां रसशास्त्रादीनां, सिद्धनागार्जुनोऽपि गुर्जरदेशाधिपस्य पालीतानाख्यभूभर्तुरात्मजाया भोपलाख्यायाः स्वजन्मना कुक्षिमलञ्चकार । यो हि प्रकाण्ड मन्त्रतन्त्रमयीं त्वां रसविद्यां तत्समयजानखिलान् भारतीयान् स्वगुरूंश्चापि पादलिप्ताचार्यान् चकितान्विधत्ते स्मेति प्रतीयते, स्वर्गीयवैद्यश्रीभ्यन्बकगुरुनाथकालेकृतभारतीयरसायनशास्त्रसन्दर्भात् । सिद्धेनानेन रचिताः सन्त्याश्चर्ययोगरत्नमाला, रतिशास्त्रम्, नागार्जुनकक्षपुटीयम्, नागार्जुनसंहिता, नागार्जुनकल्पः, रसरत्नाकरः, लौहशास्त्रम्, धातुरत्नमाला, योगसारः, आरोग्यमञ्जरी चेति ग्रन्थाः । मुद्रिताश्चाप्येतेषु केचिदिति श्रूयते ।

। आत्मघाती नीति का अवसान हो गया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि फिर कभी भी हम में के बीच सर्वथा ऐसी कलाकर-परिस्थिति का प्रादुर्भाव न होवे। हम लोगों को सदा ध्यान रखना होगा कि हम लोग प्रत्येक वैद्य परस्पर सहोदर हैं। वह मैथिल हों, शाकद्विपीय हों, कन्यकुब्ज हों, वैद्य-शूद्र हों, बंगाली-बिहारी हों वा उत्तर पश्चिम प्रान्तीय जो कोई क्यों न हों वैद्यमात्र हम लोगों के एकान्त अपने जन हैं।

मुग्धबोध का एक सूत्र है "सहर्णेर्घः र्णे परे पूर्वस्य णेन सह घं स्यात्। अर्थात् समान स्वर परे रहने से पूर्व स्वर के साथ मिल कर वह दीर्घ हो जाता है। हे हमारे माननीय वैद्य-वृन्द! हम लोग सब कोई समान स्वर हैं। हम लोग पूर्व से मिल कर दीर्घ अर्थात् बड़े होंगे। पूर्व का लोप करना न होगा। मेल की शक्ति कितनी प्रबल होती है, यह आप विद्वानों को समझाने की चेष्टा करना मेरी धातुलता मात्र होगी। नीति शास्त्र में कहा है—

"अल्पानामपि वस्तूनां संहतिः कार्य्य साधिका।
तृणगुणत्वमापन्नैर्बध्यन्ते मत्तदन्तिनः॥"

हे हमारे सहोदरवृन्द! हमारे समक्ष प्रबल मातङ्ग पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान अपने सिंह पराक्रम से आयुर्वेद के नन्दन-कानन को छिन्न-भिन्न कर रहा है। आज यदि आप लोग एकताबद्ध होकर उसकी रक्षा की चेष्टा नहीं करेंगे तो वह शीघ्र ही हत-श्री एवं हत-गौरव हो जायगा।

गत नवमाधिवेशन के स्वागताध्यक्ष के अभिभाषण में हम लोगों के उन्नति-रोधक कई कारणों पर प्रकाश डाला गया था। इस जगह उनका पुनरुल्लेख कर विशेष समय नष्ट नहीं करना चाहता तब भी उनमें से दो-एक प्रधान विचारणीय विषय पर अवश्य निवेदन करूँगा।

सर्व प्रथम और प्रधान बाधा हमलोगों का अपने अभिज्ञता-लब्ध-ज्ञान को प्रचार न करके गुप्त रखना है। आज पाश्चात्य चिकित्सा-विज्ञान ने जो इतनी उन्नति की है, उसका प्रधान कारण राज-प्रसाद होते हुए भी उसके आचार्यगण द्वारा सरल भाव से अभिज्ञता-प्रचार करना भी है। इसने पचास वर्ष में जो अभिज्ञता प्राप्त की है, उतनी यदि प्रथम प्रवेशार्थी को ज्ञात हो सके तो, उस अभिज्ञता-प्राप्ति के कारण उसे पुनः पचास वर्ष की अपेक्षा कर जीवन के मूल्यवान समय को नष्ट करना न होगा। उतने दिन में वह नई-नई गवेषणा में मनोनिवेश कर और भी अधिकाधिक अभिज्ञता-सम्भार से अपने परिवर्त्ती आचार्यगण समृद्ध कर सकेगा। इस प्रकार उत्तरोत्तर नये-नये ज्ञान सम्भार से आयुर्वेद-भंडार परिपूर्ण होगा।

द्वितीय वा सर्व्वापेक्षा गुरुतर बाधा है—आयुर्वेद के साधारण-विशुद्ध औषधालय का अभाव। आयुर्वेद शास्त्र में कृतविद्य अनेक मेधावी छात्र भी प्रथम जीवन में एक मात्र विशुद्ध औषध के अभाव से अपनी प्रतिभा प्रकाशित नहीं कर सकते हैं। वे समझते हैं कि अमुक रोग में अमुक औषधि के प्रयोग करने से शीघ्र फल होगा; किन्तु यथोपयुक्त औषधि अपने पास न रहने के कारण उसके अभाव में अन्य खरीदी हुई औषधि वा अविशुद्ध औषधि प्रयोग करके यश एवं प्रतिपत्ति दोनों ही का विसर्जन कर देना पड़ता है। इसी प्रकार दो-चार बार अकृतकार्य्य हो जाने पर उनके जीवन का समस्त आशा-भरोसा नष्ट हो जाता है। इन्हीं कारणों से अनेक प्रतिभा जिनसे आयुर्वेद गौरवान्वित होने की आशा रख सकता है अङ्कुरावस्था में ही विनष्ट हो जाती है। दूसरी ओर मेडिकल कालेज से पास कर डाक्टरगण जिस किसी भी

स्थान पर बैठ कर आवश्यकतानुसार उपयुक्त औषधि की व्यवस्था कर अपनी प्रतिभा का विकास करने का सु-अवसर पाते हैं। एक ओर आयुर्वेद के सेवकों को दारुण असुविधाओं के साथ संग्राम कर कण्टकाकीर्ण पथ में अग्रसर होना पड़ता है। दूसरी ओर डाक्टरी चिकित्सकगण अनेक सुविधाओं से परिपूर्ण मार्ग में चलते हैं। तब इतनी असुविधाओं और बाधा-विपत्तियों के होने पर भी आज जो आयुर्वेद सगौरव मस्तक उठाये हुए है, उसका कारण इसकी अपौरुषेय-शक्ति, इसके गम्भीरज्ञान, इसकी अव्यर्थ औषधावलि और इसकी सत्य वैज्ञानिक-भित्ति पर स्थापित रहना है।

वर्तमान समय में आयुर्वेद के प्रति देशवासियों का जो अनुराग बढ़ रहा है एवं प्रतिवर्ष इसकी असंख्य कृतविद्य सन्तान सुयोग्यप्रतिभा लेकर जगह व जगह जिस प्रकार फैल रही है; इसमें यदि आयुर्वेदीय विशुद्ध औषधियों का सर्वत्र सुलभ प्रचार किया जावे तो बहुत ही थोड़े दिनों में आयुर्वेद के यशःप्रकाश से सारा देश प्लावित हो जायगा। मेरी इच्छा है कि विहार-प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन एक ऐसी आयुर्वेदिक प्रतिष्ठान स्थापित करे, जिसको समस्त देश एवं वैद्य वृन्द अपनी सम्पत्ति समझे, जिसका लभ्यांश कोई बाँट न ले और जो किसी व्यक्ति विशेष के प्रभाव से परिचालित न होवे। आप विचारें, यदि विहार प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के परिचालनाधीन में सर्वसाधारण की सहायता से ऐसा आयुर्वेदीय औषधालय स्थापित किया गया, जो सामान्य लाभ में ही सर्वत्र अकृत्रिम औषध सर्वराह (supply) की व्यवस्था कर सके तो दिन-प्रतिदिन आयुर्वेद की श्रीवृद्धि के अतिरिक्त जिन नये-नये वैद्यों को विशुद्ध औषधि के अभाव से अपनी प्रतिभा के प्रकाश में कठिनाइयाँ होती हैं, उनकी असुविधा दूर हो जायँगी। सबसे बड़ी बात तो यह होगी कि, इस संस्था पर अन्य संस्थाओं की अपेक्षा लोगों की सहानुभूति अधिक रहेगी क्योंकि इसके लभ्यांश बाँटे नहीं जाने के कारण यह स्वार्थ कलुषित होने की आशंका से रहित रहेगा। जो वस्तु अपनी नहीं है—जिसके हानि-लाभ में किसी व्यक्ति-विशेष की हानि वो लाभ नहीं होता बल्कि जो सर्व-साधारण की सम्पत्ति समझी जाती है, स्वभावतः उसपर लोगों की श्रद्धा एवं विश्वास स्थापित हो जाता है। हमको विश्वास है कि यदि यह उपयुक्त तत्वविधान में परिचालित हुआ तो बहुत ही शीघ्र यह एक विशाल प्रतिष्ठान में परिणत होकर प्रत्येक शहर में अपनी शाखा स्थापित करते हुए समस्त दातव्य-औषधालयों एवं सर्व-साधारण में विशुद्ध औषध सर्वराह (supply) करके आयुर्वेद के समस्त अभाव को दूर कर देगा।

जिस समय प्रत्येक शहर में इस विभाग की शाखा स्थापित हो जावगी उस समय आयुर्वेदीय चिकित्सकगण प्रतियोगिता क्षेत्र में डाक्टरों के साथ समान ताल में पैर उठाते हुए अग्रसर हो सकेंगे। आजकल की तरह "कौन औषधि दे सकेंगे" ऐसा सोच कर रोगी को व्यवस्था न करनी पड़ेगी; प्रत्युत कौन-सी औषधि उपयुक्त होगी इसी पर लक्ष्य करके वैद्यगण व्यवस्था करेंगे। आज इस शुभ मुहूर्त में सारे प्रान्त के आयुर्वेद धुरन्धरगण उपस्थित हैं। यदि सभों की विवेचना से हमारा प्रस्ताव समीचीन समझा जावे तब इसी अवसर में इसकी एक परिकल्पना निर्माण करके इसी सुवर्ण सुयोग में इसका रूप दान करें।

भद्र महाशयगण! और एक काम हम लोगों को करना होगा। सारे प्रान्त के वैद्य-वृन्द को इसी सम्मेलन के मण्डप में समवेत कर "विहार प्रान्तीय वैद्य-सम्मेलन" जिसमें सारे विहार के वैद्यवृन्द का तीर्थ भूमि स्वरूप हो जावे कर देना पड़ेगा। इसके वार्षिक अधिवेशन

में योगदान देकर बिहार के प्रत्येक वैद्य अपने को धन्य समझेंगे। धर्मप्राण भक्त जिस प्रकार तीर्थ में स्नान, तर्पण और इष्ट देवता की पूजा करके धन्य हो जाते हैं; हम लोग भी उसी प्रकार इस सम्मेलन-क्षेत्र में परस्पर मिल कर प्रेम, शुभकामना और प्रीत्यर्घ विनिमय कर धन्य हो जायँगे। इसके लिये हम लोगों का प्रथम एवं प्रधान कर्तव्य होगा समस्त प्रान्त के वैद्यगण की नामावलि संग्रह कर प्रत्येक के निकट प्रेमपूर्ण आवेदन द्वारा सम्मेलन का सभ्य श्रेणीभुक्त होने के लिये बाध्य करना। लक्ष्य रखना होगा जिसमें एक भी वैद्य हम लोगों के इस प्रेम-बन्धन और भ्रातृत्व-दावी की उपेक्षा न कर सके। इसके बाद हम लोगों की सम्मिलित शक्ति के अमोघ अभिजान से आयुर्वेद की समस्त बाधा-विपत्ति दूर कर इसको गौरवमय सिंहासन पर स्थापित करेंगे।

हे हमारे महामान्य पूज्य वैद्यवृन्द! इस जीवन-नाव्य के वर्तमान पञ्चमाङ्क शेष कर यवनिकान्तराल में विलीन होने के पूर्व आप लोगों के आशीर्वाद से अपने चिर-वांछित मिलन-मन्दिर को क्या नहीं देख सकेंगे?

मिलने के बाद ही हम लोगों को एकान्त अपरिहार्य्य गवेषणा की ओर मनोनिवेश करना होगा। इस समय आयुर्वेद को देश काल पात्र के उपयोगी किये बिना नहीं चलेगा। इसके अभ्यन्तरस्थ सूक्ष्म तत्व समूह जो इशारा मात्र से वर्णित हुए हैं उसको विस्तृत रूप से सरल भाव में प्रचार करना होगा जिससे सर्व-साधारण समझ सकें। आज पाश्चात्य चिकित्सा-विज्ञान जिस तत्व को आविष्कार करने का गर्व अनुभव करते हैं उसको बहुत सहस्र वर्ष पूर्व त्रिकालदर्शी महर्षिगण आयुर्वेद में सन्निवेशित कर गये हैं। तब वे सब अति सूक्ष्म भाव से आयुर्वेद-भंडार में स्थापित किये गये हैं। अब इस जगह आयुर्वेद के जीवाणु-तत्व (जिसको सर्व-साधारण पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान का खास आविष्कार समझ रहे हैं) के सम्बन्ध में कुछ आलोचना करेंगे। महर्षि चरक ने कहा है—

"आवाभूत विषवायवाग्नि संप्रहारादि समुत्थ"

यहाँ भूत शब्द से दूषित जीवाणुपुंज ज्ञात होता है "असात्म्य गंध वाष्प सिकता पांशु धूमोपहतम्" अर्थात्—दूषित गंध, दूषित वायु, दूषित बालू, दूषित धूली, दूषित धूम्र-युक्त स्थान ही जीवाणुपुंज के अनुकूल आश्रयस्थल कहा गया है। सुश्रुत में कहा है—

"प्रसङ्गाद्गात्रसंस्पर्शान्निःश्वासात् सहभोजनात्।
एकशय्यासनाच्चैव वस्त्रमाल्यानुलेपनात्।
कुष्ठं ज्वरश्च शोषश्च नेत्राभिष्यन्द एव च।
औपसर्गिक रोगाश्च संक्रामन्ति नरान्नरम्॥"

इस श्लोक में निदान टीकाकार श्रीकण्ठदत्त "औपसर्गिक रोगाश्च" का अर्थ "भूतोपसर्गजाश्च" कहे हैं। यहाँ भूत शब्द से प्राणिगण का बोध होता है सुतरां जिन समस्त प्राणीविशेष से विशेष-विशेष रोग-समूह उत्पन्न होते हैं उन्हीं-उन्हीं जीवाणु विशेष का ग्रहण किया गया है। इससे जीवाणुपुंज का वायु का प्रवाह में विस्तृत होने की आभास पाया जाता है—इससे समझा जाता है कि वायुप्रवाह रोगोत्पादक जीवाणुपुंज प्रवाहित होकर स्वस्थ शरीर में संक्रामित होकर विशेष-विशेष रोग उत्पन्न करते हैं। तब यह बात हमलोगों को अवश्य ही स्वीकार करना पड़ेगा कि आयुर्वेद में जिस तत्व का आभास मात्र दिया गया है पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान में

वही तत्व अति विस्तृत भाव में आलोचना वा गवेषणा द्वारा सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप से दिखाया गया है। आयुर्वेद शास्त्र "जीवाणुपुञ्ज द्वारा रोग संक्रामित होता है" इतना ही कह दिया है उसी को पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान अनुशीलन एवं गवेष्णा द्वारा कौक्रा, प्लेग, डिप्थीरिया (कण्ठ रोहिणी) वसन्त प्रभृति पृथक्-पृथक् रोगों के जीवाणुओं का पृथक्-पृथक् रूप, लक्षण, स्थिति, व्याप्ति आदि का निर्णय कर विस्तृत कर दिया है।

आज यदि आयुर्वेद की गवेषणा रहती—अनुशीलन (Research) करने के लिये मेधावी छात्र एवं अध्यापकगण को राजदत्त वृत्ति (Scholarship) रहती तो आज पाश्चात्य विज्ञान ने चिकित्सा शास्त्र को जितना दिया है उसकी अपेक्षा बहुत अधिक सम्पद से आयुर्वेद चिकित्सा-विज्ञान को विभूषित कर देता।

अस्तु! जो हो नहीं सकता उसके लिये सोच कर कालक्षेप करना अच्छा नहीं है। जो होना चाहिये आज उसी की चर्चा करना आवश्यक है। पाश्चात्य चिकित्सा-विज्ञान की तरह राजदत्त सुविधायें हम लोगों को मिलने की आशा नहीं है। हमलोगों को स्वयं अपना गवेषणागार निर्माण कर अनुशीलन का भार विज्ञ अध्यापक एवं मेधावी छात्र के हाथ में अर्पण करना होगा। अवश्य! ऐसा करने के लिये प्रचुर अर्थ का प्रयोजन होगा; किन्तु नहीं करने से भी आयुर्वेद का कल्याण नहीं है। जिस किसी रूप में हो हम लोगों को यह करना ही होगा। हमारा पूर्व वर्णित औषधालय स्थापित कर यदि उसको विस्तृत रूप से चलाया जा सके तो अर्थ का अभाव नहीं होगा। अर्थ की समस्या यदि दूर की जा सके तो अन्य समस्याएँ सहज ही हल हो जायँगी। भगवान के आशीर्वाद से उपयुक्त परिचालक गण के तत्वावधान में पटना आयुर्वेद महाविद्यालय दिन-प्रति-दिन उन्नत हो रहा है। उसमें यदि एक गवेषणागार निर्माण कर उसकी कृतविद्य अध्यापक मंडली एवं मेधावी छात्र-वृन्द की सहायता से अनुशीलन विभाग एवं प्रचार विभाग चलु सके तो शीघ्र ही आयुर्वेद उन्नति मार्ग में अग्रसर होगा।

माननीय महोदयगण! इसके बाद हम लोगों के प्रान्त में आयुर्वेद का जो अध्ययन हो रहा है, उस सम्बन्ध में दो-एक बात कह कर इस अकिञ्चितकर अभिभाषण को समाप्त कर दूँगा। इस प्रान्त के दो आयुर्वेद-प्रतिष्ठान विभिन्न पाठ्य विभिन्न परीक्षा, विभिन्न नियमावलि द्वारा परिचालित होकर भविष्य आयुर्वेदाचार्य्यगण के बीच परस्पर भेद-भाव पैदा कर देता है। एक ही शास्त्र में व्युत्पन्न करने के विभिन्न पृथक् मान (सिलेबस) पृथक् परीक्षा और पृथक् प्रश्न-पत्र का निर्वाचन करना किस प्रकार सफलता दे सकती है, आप लोग विचार सकते हैं। मैं समझता हूँ कि यदि संस्कृत एशोसियेशन और महाविद्यालय दोनों के पाठ्य-क्रम एक हों, और यदि एक ही प्रश्नपत्र द्वारा परीक्षा कर कृतविद्य छात्रगण को समपर्य्याय में गिना जावे तो बहुत सुन्दर होगा। जिस प्रकार यूनिवर्सिटी परीक्षा में गवर्नमेंट कौलेज, जिला स्कूल और प्राइवेट स्कूल समूह सभी के छात्रों के एक पाठ्य, एक ही प्रश्नपत्र, एक ही परीक्षा और एक ही मानदण्ड में उनकी योग्यता निरूपित होती है, उसी प्रकार महाविद्यालय एवं एसोसियेशनान्तर्गत टोल-समूह और स्वतन्त्र छात्रवृन्द के पाठ्य और उनकी परीक्षा आदि स्थिरीकृत हो जावे तो अच्छा होगा।

कोई कोई सोच सकते हैं कि चिकित्सा विज्ञान के साथ साधारण पाठशाला का संयोग रखना उचित नहीं है। जिस प्रकार पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान की शिक्षा देने के लिये मेडिकल कौलेज वो मेडिकल स्कूल हैं, दूसरे स्कूल वा कौलेज में डाक्टरी शिक्षा नहीं दी जाती है, उसी

प्रकार आयुर्वेद शिक्षा के लिये भी पृथक् व्यवस्था होनी उचित है; साधारण टोल में वा स्वतन्त्र भाव से उसका अध्ययन-अध्यापन बन्द कर देना चाहिये। सचमुच में यदि ऐसी व्यवस्था की जावे तो उसका परिणाम क्या होगा, उसको धीरभाव से चिन्ता कर देखने का अनुरोध करते हैं। आयुर्वेद शिक्षा के प्रति देशवासी का विशेष कर बड़े लोगों तथा जिनको बोर्डिङ्ग, मेस वा विदेश में लड़कों को रख प्रचुर खर्च कर शिक्षा देने की क्षमता है, उन लोगों की ऐसी प्रवृत्ति नहीं हुई है कि मेडिकल कौलेज वा स्कूल की तरह दल-के-दल-छात्र आयुर्वेद-विद्यालय में भर्ती हों। फल स्वरूप निर्धन छात्र जिन्होंने अपने घर के अन्न पर ही निर्भर कर अध्ययन आरम्भ किया है, आवश्यकतानुसार खर्च नहीं कर सकने के कारण आयुर्वेदाध्ययन त्याग कर टोल की पंडित वा पुरोहित की संख्या बढ़ा देंगे, एवं निरक्षर वैद्यनन्दनगण पिता व पितामह के आयुर्वेद ज्ञान को उत्तराधिकार सूत्र से दखल कर आयुर्वेद का सपिण्डीकरण (सत्यानाश) कर देंगे।

महामान्य सभ्यवृन्द! एक बार २५ वर्ष पूर्व की अवस्था के साथ वर्तमान आयर्वेद-जगत की तुलना करके देखें। आज बिहार प्रान्त में कितने अधिक शिक्षित आयुर्वेदाचार्य्य संस्कृत एसोसियेशन की कृपा से तैयार हो गये हैं, जो बिहार के गौरव एवं आयुर्वेद के स्तम्भ स्वरूप हैं और वे ही लोग निकट-भविष्य में आयुर्वेद को पाश्चात्य चिकित्सा-विज्ञान के समपर्याय में उन्नत कर देंगे यह हमारी आशा है। उसके बाद जब आयुर्वेद, पाश्चात्य-चिकित्सा-विज्ञान की समकक्षता लाभ कर लेगा, तब हमको भी उसी की तरह पृथक रूप से स्कूल कौलेज की चहार-दिवारी के बीच रक्खा जा सकेगा। हमारा विचार है कि साधारण स्कूल-कौलेज में पढ़ कर स्वास्थ्य और अर्थ दोनों का श्राद्ध करते हुए सारे देश में असंख्य शिक्षित बेकार पैदा हो गये हैं, एवं मेडिकल कौलेज वा मेडिकल स्कूल में प्रवेश करना जिस प्रकार कठिन हो गया है, उससे यदि आयुर्वेद को ही सुपरिचालित किया जा सके तो बहुत ही शीघ्र देश की जनता पाश्चात्य-शिक्षा का मोह त्याग कर आयुर्वेद-शिक्षा के प्रति अपनी प्रवृत्ति प्रकाश करेगी। जिस मेडिकल कौलेज में प्रवेश करने के लिये आज तीक्ष्णधी छात्र प्रचुर-व्यय करके भी विफल मनोरथ होते हैं, वही मेडिकल कौलेज जिस समय भारत में प्रथम स्थापित हुआ था उस समय उसके प्रथम प्रवेशार्थी छात्रवृन्द के सम्मानार्थ फोर्ट विलियम दुर्ग से तोपध्वनि की गई थी। अवस्थानुकूल व्यवस्था करना ही विज्ञ का कर्तव्य है। वर्तमान में हम लोगों की जैसी अवस्था है, उससे जितनी अधिक संख्या में शिक्षित वैद्य तैयार हों, उतना ही मंगल होगा। समकक्षता अर्जन के पूर्व ही यदि हम लोग मेडिकल कौलेज वा स्कूल के अनुकरण में फूल कर बड़ा होने की चेष्टा करें तो कहावत वाली भेक-जननि द्वारा हाथी का आकार लाभ करने की चेष्टा का परिणाम जो हुआ था, हम लोगों की अवस्था भी वैसी ही नहीं हो जायगी, यह कौन कह सकता है? अतएव हे आयुर्वेद महारथी वृन्द! आप लोग समवेत भाव से आयुर्वेद की वर्तमान अवस्था के प्रति लक्ष्य रख कर जिस प्रकार उसको परिचालित करना समीचीन समझें वैसा ही करें। संस्कृत एसोसियेशन से जो परीक्षा ग्रहण की जाती है उसके आप ही लोग परीक्षक हैं, आप ही लोग अध्यापक एवं आप ही लोगों में से अनेकों परिचालक-सभा के सभ्य अर्थात् मेम्बर भी हैं। पठन-पाठन वा परीक्षा-प्रणाली का यदि कुछ परिवर्तन करना चाहें तो उसको आप लोग अवश्य करें। मैं आयुर्वेद की प्रैक्टिकल परीक्षा-प्रणाली की ओर आप लोगों की तथा माननीय सेक्रेटरी महोदय की दृष्टि आकर्षित करता हूँ। प्रैक्टिकल परीक्षा का उद्देश्य

शिक्षार्थी व्यावहारिक एवं हथौटी क्रिया कहाँ तक कर सकता है, देखना है; किन्तु जिस प्रकार उक्त परीक्षा ली जाती है उससे प्रैक्टिकल परीक्षा का ध्येय सिद्ध नहीं होता है।

"छागलान्त्री" वा "व्याघ्री" किसको कहते हैं, अथवा वङ्गभस्म किस प्रकार बनाना पड़ता है, उसका मौखिक उत्तर न लेकर लिखित उत्तर ले लेने से ही काम चल सकता है। उसके लिये परीक्षक महाशय वा छात्रवृन्द को हैरान करने की आवश्यकता नहीं। प्रैक्टिकल परीक्षा प्रकृत-प्रैक्टिकल होना चाहिये अर्थात् द्रव्य-परीक्षा के लिये औषधद्रव्य समूह जड़ी-बूटी धातूपधातु आदि मौजूद रख कर उसके सम्बन्ध में प्रश्न करना उचित है। कर्माभ्यास के सम्बन्ध में यन्त्रादि का स्थापन, पारदादि का तत्परतापूर्वक परिमापकरण, रोग-परिचय के लिये रोगी रख कर उसकी परीक्षा करा कर रोग निर्वाचन इत्यादि इत्यादि। और यदि मौखिक परीक्षा के १०० मार्क में ५० मार्क का मौखिक और ५० मार्क का उत्तर लिख कर देने की व्यवस्था हो तो परीक्षार्थी का अनेक उपकार होगा। यदि कोई छात्र हथौटी दिखाते समय (जो सब प्रकार परीक्षक महोदय की विवेचना पर निर्भर है) यदि २—१ नम्बर कम पावें तौ भी अन्य लिखित अंश से नम्बर पूरा कर पास कर सकता है। जो हो, इस सम्बन्ध में मैं अनधिकार चर्चा कर सभ्य वृन्द के धैर्य को नष्ट नहीं करूँगा।

इस विषय को आप लोग स्वयं ही विचारेंगे। माननीय महोदय गण! समय के अभाव से, स्वास्थ्य के दैन्य और क्षमता के प्रतिकूल होने से मैं इस अकिञ्चित्कर अभिभाषण को इसी जगह समाप्त कर करबद्ध प्रार्थना करता हूँ—

प्रकाशिता यात्र मया त्रुटिर्वा जानाम्यहं सा गुणसागरेवः।
नीहारवत् यास्यति संक्षयञ्च तथापि याचेय भवत्प्रसादम्॥
श्री मद्भिर्यत् प्रदत्तं मे किमस्ति तत्कृते मयि।
प्रणतिरेव सारास्तु मम तच्चरणेषु वै॥

ॐ शान्तिः! ॐ शान्तिः! ॐ शान्तिः!



श्रीमान् स्वर्गीय हिजहाईनेस महाराजा सर रामेश्वरसिंह बहादुर,
जी० सी० आई० ई०, के० बी० ई०, दरभंगा ।

Brief biographical sketch of His late Highness The Maharajadhiraj Sir Rameshwar Singh Bahadur of Darbhanga, G. C. I. E., K. B. E., etc.,

Sir Rameshwar Singh Bahadur, Maharajadhiraj of Darbhanga G. C. I. E., K. B. E, was born on January 16,1860, being a younger son of the holder of the vast Darbhanga estates, the Maharajah Maheshwar Singh Bahadur. He was educated at the headquarters of his father's Zemindari and at Benares, where he imbibed those religious conceptions to which he was so firmly attached. He had some experience in the pensionable public service, for from 1877 until he resigned in 1885 he was a member of the Indian Statutory Civil Service in Bengal, working as an Assistant Magistrate.

He retired for the purpose of managing his own considerable estates, though it was not until the death of his elder brother in 1898 that he came to the rich inheritance of the Darbhanga Raj. He was already serving on the Bengal Legislative Council as a representative of the landowners of Bengal and Bihar. There followed repeated spells of service in a like capacity in the Imperial Legislative Council and this was frequently linked with the presidency of the Bengal landowners' organisation, the British Indian Association. The estates he owned and managed for more than 30 years extend over an area of some 2,500 square miles. He was reputed to be the wealthiest man in India and he gave with a lavishness proportionate to his great possessions when religious, philanthropic, and educational causes appealed to him. He built temples in many towns and he restored and constructed numbers of temples destroyed or damaged over a wide area in Assam and parts of Bengal by the great earthquake of 1902.

Such pious uses of wealth commended the Maharajah to orthodox Hindus throughout the country, and he was their acknowledged leader, a position conferred in part by birth, for he was the head of the Shrotriya sub-caste of Brahmins. In a considerable area of Bengal, anciently known as Mithila, he exercised the same power in religious matter as did King Janaka in far-off centuries. For nearly 30 years he was life president of the Bharat Dharma Mahamandal, an

all-India religious organization with headquarters at Benares. He presided at the all-India religious conventions held at Calcutta in 1910 and at Allahabad in the following year; but this promising movement for religious comprehension and tolerance was checked by the spread of political and communal passion.

The Maharajah never willingly encouraged an aggressive Hinduism leading to breaches of the peace, though probably on occasion his financial support was secured for movements, which, unknown to him, were not wholy free from objection on such grounds. He never lost an opportunity, however, to discourage subversive political activities, such as the Satyagraha cult, or any agitation leading to violence and ill-will. Deeply anyious to conserve Hindu ideas and customs, he was the principal supporter of the organization of protest against the religious Endowments Act passed by the Madras Legislative Council which sought the intervetion of the Viceroy, Lord Reading.

His steadfast support of the British connection was one of the considerations which led to his selection as the first Indian member of the executive Council in Bihar and Orissa on the constitution of that province in 1912. He served for the full term of five years mostly in the war period, during which he gave most valuable financial and general support to the British cause. Later he served in the new Legislature as a member of the Council of State. He also had behind him a long record of public activity as a member of the Police Commission and other inquiries, and as chairman of many all-India conferences.

He was at once a most orthodox Brahmin and a scholarly patron of modern art and literature, a reclude and a great figure in social life, a great landowner and the holder of executive office in the State, a wealthy philanthropist and a keen, diligent man of business.

To the creation and development of Benares Hindu University, of which he was the first Vice-Chacellor, he gave lavish support, and most fitly received therefrom the honorary degree of D. Litt. It was a distinction he might well have earned if given the leisure for a thesis. He possessed the best private library in India, and made good use of it. Interested in a wide range of subjects, he knew how to acquire the best material for their study. He knew something of every modern author of any standing and was extra-ordinarily familiar with the literary history and output of his life time. He spent lavishly on the construction and embelishment of several of his homes, and his palace at Rajnagar is held to be the finest example of Oriental architecture in Bengal since Moghul times.

स्वर्गीय श्रीमान् पं० गणेशदत्तजी त्रिपाठी शास्त्री, काशी

सभापति—संयुक्तप्रान्तीय प्रथम वैद्यसम्मेलन, कानपुर ।

धन्वन्तरिर्भाग्यवशाज्जनानां कृतावतारः किल काशिकायाम् ।
पीयूषपाणिर्भिषजां वरिष्ठः सोऽयं सुधीः शास्त्रिगणेशदत्तः ॥

संयुक्त प्रान्त

युक्तप्रान्तीय प्रथम वैद्य सम्मेलन कानपुर के सभापति

पं० गणेशदत्त जी त्रिपाठी आयुर्वेद-रत्न का

जीवन चरित

श्रीमान् आयुर्वेदरत्न, भिषक् सुधाकर पण्डित प्रवर गणेशदत्त शास्त्री त्रिपाठी जी श्री विश्वनाथ की रत्नमयी काशीपुरी के एक समुज्ज्वल रत्न थे। आपका जन्म प्रतिष्ठित सरयूपारीण ब्राह्मण-कुल में सं० १९२१ माघ की गणेशचतुर्थी के दिन मुहल्ला भदैनी (भद्रवनी) में हुआ, इसी से उनका नाम भी गणेशदत्त रक्खा गया।

इनके पिता प्रातःस्मरणीय करुणामूर्ति पीयूषपाणि भिषक्चक्र-चूड़ामणि पण्डितवर गोपालदत्त त्रिपाठी जी बड़े यशस्वी वैद्य थे। उक्त वैद्य जी के गुण-कीर्तन के लिये न तो यहाँ यथेष्ट स्थान है और न उपयुक्त समय है संक्षेप में वही कहा जा सकता है जो कि स्वयम् पं० गणेशदत्त जी ने सभाष्य पारस्कर-गृह्यसूत्र की भूमिका में लिखा है।

यथा—शाण्डिल्यान्वय-सिन्धुचन्द्र-सरयूपारीण-विप्राग्रणी
रायुर्वेद-महाब्धि-मन्दरगिरि, रोगार्तचिन्तामणिः
विश्वव्यापियशाः शिवांघ्रिरत-गोपालत्रिपाठयाह्वयः
सूरि र्भूरि-दयार्णवो विजयते सद्वैद्य-चूड़ामणिः ॥
तस्मात्तद्वहु-पुण्यराशि-कणिकालेशाद्वाप्तोद्भवो
धर्म्मव्याकृति-वैद्यशास्त्र-कविताव्यायाम-रम्याशयः
राज्ञ सास्य कृपामृतोर्मि-मुदितोऽकार्षीन्गुणेशो भिषक्
काव्य नाल्पघु भूमिका कृतिमिमाद्विद्वज्जनानां मुदे ॥

वस्तु तस्तु पण्डित गणेशदत्त त्रिपाठी जी पूज्य पिता जी के मूर्तिमान् पुण्यराशि ही थे। बाल्यावस्था में ही इनमें प्रखरबुद्धि, असाधारण धारणा, चमत्कृत-प्रतिभादि, भविष्णु बालक के सभी लक्षण दिखाई पड़ने लगे। अध्ययनारम्भ सर्व प्रथम निज पितृचरणों में ही किया, जो व्याकरण की सर्वप्रथम अध्ययन की परिपाटी है। बड़े होने पर व्याकरणशास्त्र, महामहोपाध्याय जगद्विख्यात पं० शिवकुमार मिश्र जी से पढ़ा। काव्य, साहित्य, महामहोपाध्याय पण्डित गंगाधर शास्त्री जी सी० आई० ई० से पढ़ा। और न्याय-शास्त्र उस समय के अपर गौतम पण्डितवर सीताराम शास्त्री जी से पढ़ा। दार्शनिक विषयों का भी परिशीलन उपर्युक्त महानुभावों से ही किया। "अष्टाङ्ग" आयुर्वेद का अध्ययन अपने पितृचरणों में ही किया।

मुहल्ले के वयोवृद्धों को कहते सुना है कि 'इन्होंने कब पढ़ा और कैसे इतना पढ़ा' यह हम लोगों ने न जान पाया।

निदान २१–२२ वर्ष की अवस्था में पूर्ण पण्डित हो गये। मैं यह नहीं कहता कि उसी उम्र में उन्होंने अध्ययन समाप्त कर दिया, क्योंकि काशी की परिपाटी है कि पण्डित हो जाने पर भी अध्ययन समाप्त नहीं करते, यथाशक्य, "यावज्जीनमध्ययनं ब्राह्मणानाम्" इस वाक्य को सार्थक करने का प्रयत्न करते हैं, फिर भी उनके पाण्डित्य के परिचय के लिये "काशिराजकरुणामञ्जरी" तथा "काशीश्वर-पुष्पाञ्जलि" के एक एक श्लोक पाठकों को भेंट करता हूँ, जिनकी रचना उन्होंने २५ वर्ष में अर्थात् सं० १९४६ में की थी। यथा—

धन्यायास्य सरस्वती-रसकला-लङ्कार-झङ्कारिणी
तृष्णामादरकारिणी गुणवतां वाञ्छासृतासारिणी
सीमातीतगुणै रहो सुरगुरु-प्रज्ञाप्रवीणानपि
हीणानादधती विराजति पुनः क्षीणावलेया स्वयम् ॥

काशीश्वर पुष्पाञ्जलिः ॥ श्लो० १४ ॥

सेवा-हेवाकि-भूमीश्वरनिकरवरस्फारकोटीरकोटी
कोटिव्यारीक्रमाना मलचरण-सरोजांशुमालावतंसा ॥
अताधीवा-पृथिव्यो रमृतधवलिमोग्दार मुल्लोलपन्ती
राजन्नापूयवन्ती जयति तव जगत्कीर्त्ति मन्दाकिनीयम्

काशिराजकरुणामञ्जरी ॥ श्लो० २१ ॥

श्रीमान् काशीनरेश महाराज प्रभुनारायण सिंह जू बहादुर जी० सी० एस्० आई० बहुत बड़े विद्या प्रेमी थे, संस्कृत में बहुत सुन्दर रचना भी करते थे, और वेदान्त-शास्त्र के तो बड़े भारी मर्मज्ञ थे। अतः उनमें विद्वानों की ठीक परख थी। उक्त महाराज सब काम ठीक समय पर करते थे, सेकण्डों का हिसाब रहता था, पर वे पण्डित गणेशदत्तजी के गुणों पर ऐसे मुग्ध थे कि पं० जी से बातचीत करने में प्रायेण नियमित समय का उल्लंघन हो जाया करता था।

सम्भवतः सं० १९५० "में महाराज हथुआ सर कृष्णप्रतापसाही के० सी० आई० ई० ने जब उनका विचार पारस्कर गृह्यसूत्र" भाष्यचतुष्टय सहित प्रकाश करने का हुआ तो महामहोपाध्याय पण्डित प्रवर शिवकुमार शास्त्रीजी से इस कार्य-सम्पादन के योग्य पण्डित माँगा, उक्त शास्त्रीजी ने पं० गणेशदत्तजी को ही इस योग्य समझा और वहाँ भेज दिया।

पंडितजी की योग्यता से महाराज हथुआ बहुत प्रसन्न हुए, परन्तु पण्डितजी तीन वर्ष से अधिक वहाँ न रह सके, क्योंकि पूज्य-पिताजी स्नेहवश अधिक काल तक उनका प्रवास सहन नहीं कर सके अतः महाराज की इच्छा के प्रतिकूल होते हुए भी उन्हें पितृचरणों की आज्ञा शिरोधार्य करके हथुआ छोड़ देना ही पड़ा।

तब से पंडितजी ने बाहर जाने का विचार छोड़ दिया, और रिटायर्ड सब जज मु० रामप्रसादजी, दुर्गाकुण्ड की पाठशाला में अध्यापक हो गये, पं० गणेशदत्तजी के दो कनिष्ठ भाई भी थे। पं० कान्तानाथ त्रिपाठी तथा पं० गौरीशंकर त्रिपाठी। ये दोनों महाशय भी चिकित्सा-शास्त्र में बड़े सिद्धहस्त थे और चिकित्सा का ही व्यवसाय करते थे अतः पंडितजी ने चिकित्सा के व्यवसाय में हाथ न लगाया और अध्यापन कार्य से ही सन्तुष्ट रहे।

स्वर्गीय श्रीमान् वैद्य गोपालजी त्रिपाठी, शास्त्री, काशी ।

सोऽयं महात्मा महनीय कीर्तिर्गोपालदत्ताभिध-राजवैद्यः ।
यदौषधामोघतया यमोऽपि निजाधिकारे क्षणमाकुलोऽभूत् ॥

कुछ दिनों बाद रणवीर-पाठशाला हिन्दू कालिज में मिला दी गई, उस समय हिन्दू-कालेज डाक्टर एनीबेसेंट के हाथ में था रणवीर-पाठशाला का संस्कार हुआ, योग्य अध्यापकों की खोज हुई, पंडितजी उस पाठशाला में बुला लिये गये, और अध्यापन कार्य करने लगे, परन्तु वहाँ भी चिरकाल तक नहीं ठहर सके कारण कि पूज्य पिताजी का काशीवास हो गया, पिताजी के काशीवास होते ही बहुत बड़े कुटुम्ब का भार ज्येष्ठ-श्रेष्ठ होने के नाते इन्हीं पर पड़ा। तब आपने हिन्दू-कालेज की नौकरी छोड़ी और पूज्य पिताजी का व्यवसाय अपने हाथ में लिया, किस योग्यता से पण्डित जी ने उस भार को उठाया जिसे देखकर लोग चकित हो गये, सभी को प्रायः यह धारणा थी कि इनमें जैसा शास्त्रान्तर-गाम्भीर्य है वैसा चिकित्सा-शास्त्र का अनुभव नहीं है पर यह धारणा निर्मूल सिद्ध हुई।

पंडितजी की विद्या, प्रतिभा और पैनी बुद्धि ने चमत्कार कर दिया, देखते-देखते दिग्-दिगन्त में आपका यश व्याप्त हो गया।

कविराजों की खानि कलकत्ते ऐसे शहरों से आपकी बुलाहट आने लगी, सिविलसर्जनों को भी नीचा देखना पड़ा, और वहीं के सुप्रसिद्ध स्वनाम-धन्य कविराज श्री गणनाथ सेन जी ने भी पण्डित जी के विषय में लिखा—

आयुर्वेद महाम्भोधि-पारायण-परीयसे।
विद्वद्गणेशदत्ताय सादरं समुपायनम्॥

इतना सब होते हुए भी पण्डित जी बड़े सरल हृदय के मनुष्य थे। दया और उदारता में अपने पिता जी के सदृश ही थे, प्रातःकाल होते ही सैकड़ों पीड़ितों की भीड़ लग जाती थी, घर पर आये हुये किसी भी रोगी से दवा का मूल्य नहीं लिया जाता था और सब लोग जानते हैं कि दीन अनाथ रोगियों के पथ्यानुपान की व्यवस्था भी प्रायेण वैद्य जी को अपनी गाँठ से करनी पड़ती थी।

यह व्रत उनके पूज्य पिता जी के समय से ही आरम्भ हो अद्यावधि लड़कों तक चला जा रहा है। इसमें सन्देह नहीं कि वैद्य जी चिकित्सा शास्त्र के हृदय को जानते थे, अपनी युक्ति से नवीन योगों का आविष्कार करते थे, और वे रामबाण सा काम करते थे।

जिसने दो चार साल उनकी सेवा की वही वैद्य हो गया और अपना जीवन सुख से बिताने लगा, वैद्य जी की वाणी ऐसी मधुमयी और हृदय ऐसा कोमल था कि उनकी बातों को सुनने से कभी जी ऊबता ही नहीं था।

ऐसे बहुत लोग हैं जिनकी मान-मर्य्यादा बाहर बहुत कुछ रहती है पर अपने पड़ोसियों से वे उपेक्षित रहते हैं। घर और बाहर दोनों स्थानों में प्रतिष्ठा प्राप्त करना चरित्र-हीन व्यक्ति के लिये दुर्लभ है।

बहुत ही सदाचारी विनयी निरभिमान योग्य पुरुष ही स्वजनों के बीच सम्मान-भाजन होता है। कहना नहीं होगा कि वैद्य जी का जैसा सम्मान बाहर था वैसा ही सम्मान निवास स्थान में भी था। सभी लोग उन्हें अपना रक्षक समझते थे, आबाल-वृद्ध सभी उनसे प्रीत करते थे। सभी पर उनकी दया रहती थी। उनके चलते महाल में शान्ति-भङ्ग नहीं होने पाती थी।

सन्देह उपस्थित होते ही स्वयं जाकर बीच-बिचाव कर देते थे। परोपकार के लिये कष्ट उठाने में वैद्य जी के जी में कभी भी संकल्प-विकल्प न हुआ।

किसी रोगी की उपेक्षा उन्होंने उसके निर्धनता के कारण नहीं की ! अकिञ्चनों के लिये भी आवश्यकता होने पर उन्होंने बहुमूल्य औषधों को यावदावश्यकता देने में कभी भी आगा-पीछा न किया।

इसमें सन्देह नहीं कि वैद्य जी को घर पर भी यथेष्ट आय होती थी, और बाहर जाने की दैनिक दक्षिणा (फीस) ३००) तीन सौ रुपये थे। पर उस उदार महापुरुष ने संग्रह की ओर कभी ध्यान न दिया। मैंने कई बार उनके मुख से यह दोहा सुना था।

दोहा—तूँ कतहूँ नहिं थिर रहति तेरो यही स्वभाव।
मेरे कर पर पैर दै जित चाहो तित जाव॥

यह कवि-उक्ति लक्ष्मी के प्रति है।

वस्तु तस्तु लक्ष्मी की अस्थिरता उनके हृदय में जमी हुई थी। उपासना भी उनकी बहुत चढ़ी बढ़ी थी। गृहस्थों में इस विधि से शङ्कर की उपासना मैंने नहीं देखी थी। दो-चार सद्-पण्डित भी सदा पाठ-पूजा किया ही करते थे। निदान, वैद्य जी सनातन धर्म के एक बहुत बड़े स्तम्भ थे।

उनके कनिष्ठ-भ्राता पण्डित गौरीशङ्कर त्रिपाठीजी का देहावसान उनके सामने ही हो गया, इस बात का उन्हें बड़ा दुःख हुआ। बल्कि यों कहिये कि उसी समय से उनके स्वास्थ्य में घुन लगा। वैद्यजी का विचार था कि अपने पूज्य-पिता श्रीमान् पण्डित गोपालजी राजवैद्य के नाम पर एक आयुर्वेदीय-चिकित्सा-विद्यालय स्थापन करें और इसी अभिप्राय से आपने जमीन भी खरीद की। पर खेद है कि उनके काशीवास हो जाने से वह मनोरथ कार्य में परिणत नहीं हो सका।

वैद्यजी के उच्च विचार, उदार भाव, अपरिमित गुण विस्मरण नहीं होते, जो मैंने लिखा है वह बहुत ही अपर्याप्त है।

आपके तीन चिरञ्जीवी हैं, जिनमें से पं० तीर्थराज त्रिपाठीजी और पं० देवेन्द्रनाथ त्रिपाठीजी सुयोग्य वैद्य हैं।

वैक्रमेय सं० १९७२ में श्रीभारतधर्म-महामण्डल से आपको भिषक्-सुधाकर की उपाधि मिली; तथा सं० १९७५ पौष कृष्ण ५–६ रविवार, तथा सोमवार, को आप संयुक्त प्रान्तीय कानपुर प्रथम वैद्य-सम्मेलन में सभापति का आसन सुभूषित किया। पर उस समय उनकी रुग्णावस्था थी तो भी समाज के अनुरोध से आप कानपुर सिधारे और बहु संख्या में उपस्थित सभासदों को अपनी वाक्-सुधा से भली भाँति पूर्ण तृप्त किया!

आपका सारगर्भित, ओजस्वी, विज्ञदार्थ-भाषण, उक्त अवस्था के कारण अपूर्ण रह गया, उस समय भविष्य में मुद्रित कर प्रकाशित करने का निश्चित हुआ। इसी अनन्तर वै० सं० १९७६ में हरदोई संयुक्तप्रांतीय-वैद्यसम्मेलन से आयुर्वेद-रत्न की उपाधि भी आप के निर्मल कीर्ति में आ गुम्फित हुई।

काल प्राप्त उक्त भाषण की पूर्ति के लिये आदरणीय वैद्य जी ने रुग्णावस्था ही में दत्त-चित्त होना चाहा, किन्तु ईश्वर को वह स्वीकृत नहीं था और दिन दिन शरीर की अवस्था क्षीण होने लगी, बस समय पूरा हो गया, और यच्चिन्तितं तदिह दूरतरं प्रयातम्।

सं० १९७७ ज्येष्ठ-शुक्ल-९-नवमी, बुधवार को स्मरणीय-गुण वैद्य जी का काशीवास

श्रीमान् आयुर्वेदभूषण पं. रामनारायण मिश्र वैद्यशास्त्री ।
अध्यक्ष, सं. प्रां. वैद्यसंमेलन, हरिद्वार ।
गणेशगंज, लखनउ ।

हुआ। जिस शोक में उनके परम मित्र, बहादुर राजमान्य, "छदमीश्वरोपायन" "शारदोपायन" आदि ग्रन्थनिर्माता पण्डितवर श्रीरघुवीर मिश्र जी काव्यतीर्थ ने जो हृदयोद्गार-शोकावलि में प्रकट किया है उसमें से दो चार श्लोक मैं पाठकों को भेंट करके इस लेख को समाप्त करता हूँ।

सप्ताश्वनन्द-जगतीमित-वैक्रमाब्दे
शुक्लस्य शुक्रनवमी तिथि सौम्यवारे।
काशीस्थ-पण्डित-मणिः स गणेशदत्तो
हास्मान् विहाय शिवसात्म्यसुखोन्मुखोऽभूत् ॥ १ ॥

शास्त्राणि पूर्वजनने परिशीलितानि
यस्याधुनाविरभवन् सहजानि शीघ्रम्।
तद्वच्चाकृतौ च कवितासु च दर्शनेषु
सायुः श्रुतौ च तलमार्म्मिक-बुधिरासीत् ॥ २ ॥

शिष्टोपचार विनयोचित-साधुवृत्तिः
पीयूषसाररस-निर्झरणी च वाणी
रोगापनोदन-महौषधि-दिव्यशक्ति-
र्यस्य स्मृता हृदय-शूलमुदीरयन्ती ॥ ३ ॥

रोगावधारणपरस्पर भिन्नवाचा-
मायुर्विदामधिसमं प्रसभं विवादम्।
शास्त्रप्रमाण-पटुवागमृतप्रवाहैः
कः प्लावयिष्यति सखे ! त्वयि कीर्तिशेषे ॥ ४ ॥

विद्यार्जने च सुदर्शन वन्दने च
गङ्गावगाहनविधौ सहभोजने च।
पूर्वम्पुरस्सर मसुं कृतवान् जनं त्वं
तस्मिन्नुपेक्षणमिदं मयि वज्रपातः ॥ ५ ॥

संयुक्तप्रान्तीय षष्ठ वैद्यसम्मेलन के सभापति

आयुर्वेद-भूषण राजवैद्य पं० किशोरीदत्त शास्त्री का

जीवन-चरित्र

राजपूताना और पंजाब की सन्धि में गुरुग्राम (गुड़ गावाँ) प्रान्त के अन्तर्गत रिवाड़ी नगर में सं० १९४१ विक्रम मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष ३ गुरुवार को शास्त्रीजी का जन्म हुआ था। आपकी जाति चौरासिया (गौड़) ब्राह्मण है। इस जाति में स्वर्गीय महामहोपाध्याय श्री पं० दुर्गा प्रसाद जी काव्यमाला-सम्पादक (जयपुर) जैसे विद्वान जन्म ले चुके हैं।

५ वर्ष की अवस्था में ही शास्त्री जी का विद्यारम्भ करा दिया गया था और तब से आपका अध्ययन-क्रम जारी रहा। शास्त्रीजी के पिता श्री स्व० पं० गुजारीमल जी पढ़े-लिखे व्युत्पन्न ज्योतिषी थे। अतः कोष, वेद, व्याकरण पढ़ाकर शास्त्री जी को ज्योतिष के गणित और फलित के अंश ही पढ़ाये गये। पढ़ते समय ही आपकी रुचि आयुर्वेद की ओर थी। इससे वैद्यक का अध्ययन आप चुराकर पिता जी की रुचि के विपरीत करते थे। इनके पिता जी इस मार्ग से रोकते थे और कहा करते थे कि—"धग्-धिग् वैद्यस्य वैद्यत्वं, परदुःखेन दुःखितः। जीवितो दैवयोगेन मृतो वैद्येन मारितः॥" परन्तु—"क ईप्सितार्थ स्थिर निश्चयं मनः पयश्च निम्नाभिमुखं प्रतीपयेत्।" शास्त्री जी अपने ईप्सित आयुर्वेद से विरत न हुये। रिवाड़ी में रह कर आपने श्री स्व० साधुराम जी (उदासीन साधु) से, कानपुर में रहकर श्री स्व० पं० वासुदेव जी स्वामी (भागवताचार्य) तथा वर्त्तमान समय में लखनऊ में रहने वाले श्री पं० राम-नारायण जी मिश्र से वैद्यक का अध्ययन किया और आयुर्वेद की संहिताओं के अनुशीलन से अपना आयुर्वेद का ज्ञान बढ़ाया। आप अध्ययन के लिये मद्रास जाना चाहते थे, इसके लिये आपको श्री स्व० पं० वी० गोपालाचार्लु जी से अनुमति पत्र भी मिला था। परन्तु पिता जी की अनुमति न मिलने से आप मद्रास न जा सके। फिर आपने जयपुर राजकीय संस्कृत कालेज की शास्त्री और आयुर्वेदाचार्य की परीक्षायें दीं। शास्त्री में आप सफल हुये पर आयुर्वेदा-चार्य में आप एक पत्र में सफल न हो सके। इसका कारण आपको गृह और योगक्षेम की चिन्ता थी, पिता जी का स्वर्गवास हो चुका था और आप अकेले ही गृहपोषक थे। इसी कारण आप १००) मासिक पर तैनात हो जाने पर भी अमृतसर निवासी डा० पैडामल, एम्० डी० के साथ देश-विदेश भी न जा सके। आचार्य परीक्षा में असफलता की संभावना समझ कर ही आपने अंतिम परचे में लिखा था कि—"पितुर्युपरते तत्तच्चिन्ताशोकाकुलात्मनः। आते मनोऽनव-स्थाने स्वकर्तं वेत्तु का कथा।"

वैद्य सम्मेलन के जन्म से ही—स्व० शंकरदा जी शास्त्री पदे के साहित्य और उद्योग को पढ़ते रहकर आपको इस ओर विशेष श्रद्धा रही अतः आप यथाशक्य सम्मेलन को धन और अपने उद्योगों से बराबर सहायता देते रहे हैं। आयुर्वेद-पंचानन श्री पं० जगन्नाथ प्रसाद

जी शुक्ल द्वारा प्रयाग में वैद्य सम्मेलन कार्यालय आ जाने पर वैद्य-सम्मेलन-पत्रिका और विद्यापीठ के कार्यों में बराबर योग देते रहने से आप इसके कार्यों से पूर्ण अवगत हैं। वैद्य सम्मेलन के कर्णधार विद्वान वैद्यमात्र आपसे परिचित हैं। मद्रास में कार्यालय रहने से अन्य प्रान्तों में अदृश्य रहने से हरिद्वार सम्मेलन में जो एकाएक परिवर्त्तन हुआ उसके मूलसूत्र आप ही हैं। मैसोर के सम्मेलन में आप ही के त्यागपत्र देने से कानपुर में कार्यालय न रह सका। कराची के सम्मेलन में कानपुर में जो कार्यालय रुक सका उसके एक मात्र बीज आप ही हैं। अहमदाबाद वैद्यसम्मेलन में कार्यालय परिवर्त्तित होने में भी आपका हाथ है।

आप सम्मान नहीं चाहते हैं केवल काम करना चाहते हैं; वह भी शुद्धाशय और लगन के साथ। आपने युक्तप्रान्तीय वैद्य सम्मेलन की वर्षों सेवा की है—पर उससे कोई उपाधि लेकर नहीं। उपाधि के दान के विषय में आप सदा विपक्ष रहे हैं। युक्त प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन से प्राप्त आयुर्वेद-भूषण की उपाधि आपने यह लिखकर लौटा दी कि हम सेवक हैं, पर पुरस्कार के अधिकारी नहीं। कानपुर में जो भी प्रधान मंत्री बने सब शास्त्री जी के अनुरोध पर। आपने प्रधान मंत्री का कार्य अधिक से अधिक समय तक बराबर किया। विद्यापीठ के कार्य में आपकी सदा रुचि है। आप प्रधान मंत्री और विद्यापीठ मंत्री दोनों को स्वतन्त्र रखना चाहते हैं, एक दूसरे के पराधीन नहीं। और विद्यापीठ की गति प्रगति के लिये अपना आयुर्वेद विद्यालय चाहते हैं। सम्बद्ध संस्थाओं से यह कार्य होना असंभव समझते हैं। इसके लिये आप कुछ न कुछ उद्योग करते ही रहते हैं।

आपने २० से अधिक आयुर्वेद सम्बन्धी हिन्दी पुस्तकें लिखी और संशोधित की हैं। २० वर्ष से आप चिकित्सक नाम का वैद्यक मासिक पत्र चला रहे हैं। एक दातव्य औषधालय १२-१३ वर्ष से अपने खर्च से चला रहे हैं। आपके विद्यार्थी पढ़कर विद्यापीठ की परीक्षा देते हैं। अब भी प्रान्तीय भाषाओं के और संस्कृत के ग्रन्थों का अध्ययन आप बराबर जारी रखते हैं। देशी औषधियों के गुणों पर आपकी सर्वाधिक श्रद्धा है उन्हीं से आप विदेशी औषधियों का मुकाबला करने को तैयार रहते हैं। अनेक सम्मेलनों में आप सम्भाषा-परिषदों के सभापति रह चुके हैं।

॥ श्री धन्वन्तरये नमः ॥

संयुक्तप्रान्तीय षष्ठ वैद्यसम्मेलन हरिद्वार के सभापति "चिकित्सक"—सम्पादक

आयुर्वेद-भूषण राजवैद्य पं० किशोरीदत्त शास्त्री का

अभिभाषण ।

यद्ब्रह्मात्मं येन रचितं जगदेतच्चराचरम् ।
स वो भवतु भव्याय भूतात्मा भूतभावनः ॥
शारीरमानसागन्तुव्याधिव्याधितवार्त्तकृत् ।
धन्वन्तरिः स्याद्भव्याय भगवान् भक्तवत्सलः ॥

माननीय वैद्यवरो और समुपस्थित सज्जनो !

अनेक सुयोग्य, विद्वान्, विनयज्ञानसम्पन्न और वयोवृद्ध वैद्यों के विद्यमान होने पर भी आपने मुझ जैसे अल्पज्ञ को यह पद देकर अपना जो औदार्य प्रकाशित किया है वह आप ही के योग्य है। मैंने इस पद को ग्रहण कर जो धृष्टता की है वह केवल आप लोगों की आज्ञा का पालनमात्र है।

यह स्थल बहुत समय पहिले आयुर्वेद के विशेषज्ञ ऋषियों द्वारा आयुर्वेद के पुनीत विचारों से पवित्र हो चुका है। यह वही पुण्य स्थल है जहाँ पर आयुर्वेद का पूर्ण विकास हुआ। आज तीन वर्ष प्रथम भी आप जैसे आयुर्वेदज्ञों ने इसी पवित्र स्थल पर समस्त भारत के विद्वान् वैद्य समुदाय को एकत्रित कर महनीय कीर्ति श्री यादवजी भाई आचार्य तथा आयुर्वेद-भूषण पूज्य गुरुवर्य पं० रामनारायणजी मिश्र के सभापतित्व में आयुर्वेद के अभ्युदय का विचार किया था। आज फिर आप लोग अपने प्यारे आयुर्वेद के अभ्युदय के लिये यहाँ एकत्रित हुए हैं। यह बड़े हर्ष की बात है।

आयुर्वेद कितना विस्तीर्ण है, कितना पुरातन है, कब-कब इसके पुनः संस्कार हुए हैं इन बातों को अनेक विद्वान् अपने गवेषणापूर्ण लेखों द्वारा आपको अनेक बार बता चुके हैं। इसलिये इस प्रकार का पुनः-पुनः कथन करना केवल पिष्टपेषणमात्र हो सकता है। वर्तमान परिस्थिति को देख कर आपको अपने और आयुर्वेद के अभ्युदय के लिये इस समय क्या-क्या करना चाहिये यही इस समय विशेष विचारणीय विषय है।

वैद्यों का संगठन ।

किसी भी कार्य को करने के लिये हमको संगठन करने की परमावश्यकता है। हम सबको मिलकर, लगकर, दृढ़ होकर विचारपूर्वक, जो काम कठिनता से हो सकते हैं, उन्हें आरम्भ कर देना चाहिये। युक्तप्रान्त एक ऐसा प्रान्त है जहाँ पर आयुर्वेद के अभ्युदय के लिये सभी

प्रकार की सामग्री एकत्रित है। ऐसी दशा में हमारा उस सामग्री से लाभ न उठाना ज़बर्दस्त भूल होगी। हमको युक्त प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन की छत्र-छाया में बैठ कर अपना निश्चय कर लेना चाहिये कि इस समय हमें क्या-क्या करना चाहिये।

संगठन के काम के लिये हमें एक कार्यालय से सम्बन्ध कर लेना चाहिये और अपने अभाव, अभियोग, अपनी आवश्यकतायें प्रति मास रिपोर्ट के रूप में अवश्य भेजनी चाहिये जिन पर पुनः-पुनः विचार होकर अपना मन्तव्य-मार्ग निश्चित होता चला जाय। ऐसा बिना किये हमारा एक मार्ग पर चलना असम्भव है। इस कार्यालय में हमारी जानकारी के साधन एकत्रित रहने चाहियें। इस कार्यालय से पुनः-पुनः अपने कर्त्तव्य की ओर जाने के आदेश मिलने चाहियें। इस कार्यालय को यह ज्ञात रहना चाहिये कि कौन वैद्य महाशय इस समय किस कार्य पर नियुक्त हैं। ऐसा होने से हमारे संगठन का कार्य बड़े सुचारु रूप से चल सकता है और हम अपने लक्ष्य पर जा सकते हैं।

वैद्यों की समानता।

संगठन से प्रथम यह भी परमावश्यक बात है कि हमारा आपस का भाव समान हो जाय। मामूली से लेकर विशेष अवस्था तक हमारी सामान्य निदान और चिकित्सा की शैली का एक ही आयुर्वेदीय मार्ग हो और उसे हमारे साथ का प्रत्येक छोटे से छोटा वैद्य जानता हो। हमारा प्रत्येक वैद्य लगन से काम करे और अपने कर्त्तव्य का एक रेकार्ड अवश्य रखे। समानता लाये बिना हमारा संगठन लाभप्रद न हो सकेगा। कहीं भी विजय-यात्रा के लिये प्रस्थान करने से पूर्व जिस प्रकार फौज समान भाव से संगठित होती है उसी प्रकार हमें अपने कार्यों के आरम्भ में समानता रख कर आगे बढ़ने का प्रयत्न करना चाहिये। यह समानता लाने के उपाय प्रान्तीय वैद्य-सम्मेलन को अवश्य करने चाहियें।

वैद्यों के ज्ञानवृद्धि का साधन।

समानता लाकर हमें अपनी ज्ञान-वृद्धि, अधिकार-वृद्धि और क्षेत्र-वृद्धि पर अधिकार जमाना चाहिये। आलसी लोगों के लिये संसार में कोई विभूति नहीं है। परिश्रमी ही नयी खोज कर सकते हैं। खान खोदने से ही हीरा प्राप्त हो सकता है। फिर आपका परिश्रम तो मृत्युमुख-पतित तक को जीवनदान दे सकता है। इसके लिये आपको पूरा परिश्रम करना चाहिये।

ज्ञानवृद्धि के लिये हमें अपनी पुराचीन संभाषाविधि का व्यवहार आरम्भ करना चाहिये। विद्यार्थि-दशा के अध्ययन के बाद संभाषाविधि ही एक ऐसी विधि है जो आपके ज्ञान को सर्वथा बढ़ा सकती है। संभाषाविधि की उपयुक्तता सिद्ध करने के लिये पूज्य चरकाचार्य आदेश देते हैं—

भिषक् भिषजा सह संभाषेत। तद्विद्यसंभाषा हि ज्ञानाभियोगसंहर्षकरी भवति। वैशारद्यमपि चाभिनिर्वर्त्तयति, वचनशक्तिमपि चाधत्ते, यशश्चाभिदीपयति, पूर्वश्रुते च सन्देहवतः पुनः श्रवणात् श्रुतसंशयमपकर्षति। श्रुते चासन्देहवतो भूयोऽभ्यवसायमभिनिर्वर्त्तयति। अश्रुतमपि च कंचिदर्थं श्रोत्रविषयमापादयति यद्वाचार्यः शिष्याय शुश्रूषवे प्रसन्नमेणोपदिशति गुह्याभिमतमर्थजातं तत् परस्परेण सह जल्पन् पण्डेन् विजगीषुराह संहर्षात्तस्मात्तद्विद्यसम्भाषामभिप्रशंसंति कुशलाः। च० वि० ८ अ०।

वैद्यों को परस्पर वैद्यक शास्त्र की चर्चा करनी चाहिये। ऐसा करने से ज्ञानवृद्धि होती है, चतुरता आती है, बोलने की शक्ति बढ़ती है, यश प्राप्त होता है, पहिले सुनी या जानी हुई बात में कोई सन्देह रह जाता है तो फिर सुनने से सन्देह दूर हो जाता है। यदि पहिले यह बात सुनी या जानी जा चुकी हो तो वह दृढ़ हो जाती है। कभी कभी कोई न सुनी बात भी सुनी जाती है और उसका ज्ञान प्राप्त हो जाता है। अच्छे शिष्य के प्रति सच्चे गुरु जो प्रसन्नतापूर्वक शास्त्रीय बातें बता देते हैं वह गूढ़ विषय भी संभाषाविधि से समझ में आ जाता है। इसी से ज्ञानवृद्धि के लिए संभाषाविधि को विद्वान् लोग अच्छी बताते हैं।

हमारी समझ में जहाँ भी १०-५ वैद्य एकत्रित हों वहाँ संभाषाविधि का प्रचार अवश्य हो; जहाँ पर अन्यत्र के कोई विशेषज्ञ वैद्य पहुँचें वहाँ प्रेमपूर्वक संभाषाविधि की योजना अवश्य की जाय।

वैद्यों के लिये क्षेत्रवृद्धि।

अध्ययन के लिये कुछ समय से साधारण पाठशालाओं से अधिक उपयोगी आयुर्वेद विद्यालय खुलने लग गये हैं, परन्तु अभी उनकी संख्या पर्याप्त न होने से एक ही क्रम की शिक्षा का प्रसार नहीं हो रहा है। हमको दो प्रकार की शिक्षा के प्रसार की परमावश्यकता है। एक साधारण ज्ञान, दूसरा प्रत्यक्ष दर्शनपूर्वक ज्ञान। व्यावहारिक ज्ञान की आवश्यकता ही हमारे लिये सर्वार्थकरी पद्धति है। शिक्षा में हमें इस बात के ज्ञान की परमावश्यकता है कि हमारी वर्तमान आयुर्वेदिक पुस्तकों में कितना विषय अपूर्ण या पूर्ण है और बाहरी संसार अपनी अपनी चिकित्सा पद्धतियों में इन विषयों में कहाँ तक अपना विस्तार कर चुका है। यह बताते हुए भी यदि तुलनात्मक ज्ञान की शिक्षा हो जाय तो विशेष अच्छा हो।

यदि एक ही कर्तव्य आयुर्वेदिक पद्धति में और पाश्चात्य पद्धति में थोड़ी बहुत भिन्नता से वर्णित हो तो उसका तुलनात्मक ज्ञान होना ही चाहिये। जैसे—जलोदर से जल निकालने की विधि दोनों पद्धतियों में लिखी हुई है, परन्तु नाभि के नीचे छिद्र करने और सम्पूर्ण जल एक ही बार निकालने न निकालने के विषय में मतभेद है। ऐसी दशा में हमें तुलनात्मक दृष्टि की आलोचना पर अवश्य ध्यान देना चाहिये।

इसी के साथ हमें अपनी शल्य और शालाक्य की प्राचीन शैली और चिकित्सा का लोप न करना चाहिये। हम लोगों ने आँख, कान, नाक मुख और फोड़े की चिकित्सापद्धति को अपने ग्रन्थों में लिखी रहने पर भी बुरी तरह भुला दिया है, उसे हमको सबसे प्रथम सजीव करना चाहिये। जब आप इन चिकित्साओं को विचारपूर्वक आरम्भ कर देंगे तो आपको अपनी उपरिलिखित चिकित्सा अपूर्ण प्रतीत हो तो उसे अपने ही उपायों से बढ़ाने या दूसरी चिकित्सा पद्धतियों से अपना कोष पूर्ण कर लेने में कभी आना कानी न करना चाहिये। पर इसका यह अर्थ नहीं है कि आप केवल ज़बानी जमाखर्च करके अपने को, अपनी चिकित्सा-पद्धति को अपूर्ण बताकर बिना समझे दूसरों की चिकित्सापद्धति का आश्रय लेकर परमुखापेक्षी हो जायँ।

इस प्रकार ज्ञानवृद्धि करके अधिकारवृद्धि और क्षेत्रवृद्धि प्राप्त कर लेना बहुत सुकर है। इसके लिये हमको फिर चिन्ता करने की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी। ऊँची श्रेणियों की शिक्षा देते हुए अथवा वैद्यों को विशेष ज्ञान प्राप्त कराते हुए हमारे विद्यालयों को प्रत्यक्ष दर्शन का आश्रय अवश्य लेना चाहिये।

आतुरालय।

प्रत्येक कस्बों में हमारे आतुरालय खुलने की बहुत भारी आवश्यकता है। आतुरालय होने से वैद्य, वैद्यक और रोगी तीनों का लाभ है। वैद्यों के लिये अपनी चिकित्सापद्धति का प्रसार, नया अन्वेषण, रिकार्ड करने का उद्योग और अधिकार-प्राप्ति का साधन जितना अच्छा आतुरालय द्वारा हो सकता है, उतना अन्य उपायों से नहीं। वैद्यक-शास्त्र की वर्त्तमान उन्नति, आतुरालय की स्थिति देखकर वैद्यक पर विश्वास, रोगों पर स्वतंत्र रूप की नयी खोज, औषधियों की चुनी हुई खोज पा जाने का एक मात्र मार्ग सहज में खुल जाता है। आतुरालयों के खुल जाने से कठिन रोगी का जिसका घर पर रह कर किसी भी कारण से ठीक-ठीक उपचार हो सकना असंभव हो; आतुरालयों में सम्पूर्ण रूप से चिकित्सित होना सर्वथा उचित है। इससे अनाथ और कष्टसाध्य रोगियों को पूर्ण लाभ हो सकता है। इससे हमें आतुरालयों की स्थापना करने में कभी न चूकना चाहिये। आतुरालयों के बिना केवल दातव्य औषधालयों की स्थापना करना हमारा अधूरा काम है।

संग्रहालय।

वैद्यों को सक्रिय पर शास्त्रीय ज्ञानवृद्धि के लिये सहायता लेना आवश्यक हो जाता है। इससे हमें अपने संग्रहालय स्थापित करना बहुत ज़रूरी है। संग्रहालयों में एक विभाग पुस्तक-संग्रह का हो, जिसमें नई और पुरानी प्रकाशित और अप्रकाशित पुस्तकों का संग्रह हो। संसार के चिकित्सकों के जो-जो नये अन्वेषण प्रकाशित होते जाँय उनका संग्रह भी इस संग्रहालय में बराबर होते रहना चाहिये। एक विभाग औषधि-संग्रह का हो; जिसमें अविकृत दशा में वनस्पति और बनी हुई औषधियों और औषधि के उपयोग में आने वाले उपयोगी द्रव्यों का सुन्दर संग्रह हो। एक विभाग में शल्य तन्त्रोपयोगी समस्त सामग्री का संग्रह हो और एक में औषधि निर्माणोपयोगी तथा चिकित्सोपयोगी द्रव्यों का संग्रह हो।

संग्रहालयों के स्थापित करने का काम बहुत खर्चीला है, समय-साध्य है, तथापि हमारे प्रांत में उसकी संख्या कम से कम एक और अधिक से अधिक तीन होने की बहुत भारी आवश्यकता है। इससे अधिक की आवश्यकता नहीं। यह संग्रहालय बहुत बड़े विद्यालय, आतुरालय के साथ और बड़े स्थान में ही होना चाहिये।

उपवैद्यों की योजना।

हमारे प्रांत में वैद्यों की संख्या कम नहीं है। औषधालयों की संख्या भी कम नहीं है। रोगियों की संख्या भी कम नहीं है, परन्तु उपवैद्यों (कंपौडरों) की संख्या बहुत कम है। यह संख्या बढ़नी चाहिये। उपवैद्यों के तयार करने का प्रांत भर में एक विद्यालय होना ही चाहिये। उपवैद्य न होने से वैद्यों का अधिकांश समय औषधि बनाने और रोगियों को औषधि देने के लिये पुड़िया बाँधते ही बीतता है। जब तक औषधि बनाने और देने वाले उपवैद्यों की पूरी संख्या हमें नहीं मिलेगी तब तक हमारे अमूल्य समय का दुरुपयोग ही होता रहेगा। अभी हम कहीं कहीं पर उपवैद्य बनाकर रखने का उद्योग करते भी हैं तो वह अधूरा ही रहता है। जो इस प्रकार का एक अधूरा किसी डिस्पेन्सरी का शिक्षित कंपौडर होता है वह दूसरी जगह काम नहीं कर सकता। यह बात हमें शिक्षा के द्वारा दूर कर देना चाहिये। जबतक विद्यालय न

हो तब तक सम्मेलन को उपवैद्य बनाने का पाठ्यक्रम तयार करके उसकी परीक्षा आरंभ कर देना चाहिये। परीक्षा में वे परीक्षार्थी सम्मिलित होने चाहियें जो अपने निर्मित पाठ्यक्रम को पूर्ण किये जाने और किसी प्रतिष्ठित औषधालय से अपने पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा पा जाने का प्रमाण रखते हों। उत्तीर्ण परीक्षार्थी को हमारे सम्मेलन का प्रमाण पत्र मिलना चाहिये और वैद्यों से ऐसे उपवैद्य रखने के लिये आग्रह करना चाहिये। उपवैद्य बनाने या रखने का लाभ चाहे हम न समझ पाते हों, पर समय बतावेगा कि हमारे प्रत्येक वैद्य को जो औषधालय रखकर औषधि देने का कार्य रखता हो उसे उपवैद्य रखने की कितनी बड़ी आवश्यकता है। वर्तमान समय में छोटे डाक्टर भी कम्पौडर रखना नहीं चूकते और इससे अपनी काफी आय बढ़ा लेते हैं।

परिचारक तयार करना।

उपवैद्यों की तरह हमें परिचारक बनाने की भी बहुत बड़ी आवश्यकता है। परिचारक चिकित्सा-कार्य के एक चरण हैं। इनका महत्व वही जान सकता है जो चतुष्पाद चिकित्सा के महत्व को जानता है। आतुरालयों में इन शिक्षित परिचारकों की बड़ी भारी आवश्यकता है। इनके बिना हमारी चिकित्सा सदा अधूरी रह जाती है। परिचारक न रहने या ठीक परिचारक न मिलने से कभी-कभी हम अपनी चिकित्सा में सम्पूर्ण रूप से असफल रह जाते हैं और हमें अपयश मिलता है। ठीक परिचारक न मिलने से अच्छे वैद्य का अच्छापन भी मिट्टी हो जाता है!

धात्री-शिक्षा की आवश्यकता।

धात्री-शिक्षा के लिये भी हमें उद्योग करना चाहिये। प्रसूति-शास्त्र और धात्री-शिक्षा के बिना हमारा चिकित्सा-क्रम पौने से भी कम रह जाता है। स्त्रियों की आवश्यक जीवन-रक्षा की ओर देखते हुये तो प्रसूति-शिक्षा और धात्री-शिक्षा में हम शून्य हैं। अपने शास्त्रों में लिखित इस विषय की शिक्षा को हम सर्वथा उपेक्षा दृष्टि से ही देखते हैं। अब पुरानी परम्परा शिक्षा से शिक्षित दाइयों का अभाव हो गया है और नई शिक्षित दाइयाँ हमारे लिये बहुत कम उपयुक्त और बहुत कम संख्या में मिलती हैं। हमें अपनी इतनी भारी आवश्यकता को दूसरों के ऊपर न छोड़कर स्वयं हाथ में लेना चाहिये। इस विषय की शिक्षा हमें अपनी परिस्थिति के अनुकूल और अपने शास्त्र के अनुकूल करना चाहिये। इस कार्य के करने के लिये यदि ऊंचे वर्ण की स्त्रियां हमें न प्राप्त हो सकें तो भी चिंतित न होना चाहिये। यह कार्य हमें अपने अछूत भाइयों की स्त्रियों को सहर्ष सिखाना चाहिये। उपवैद्यक, धात्रीशिक्षा, प्रसूति-शिक्षा, और परिचर्या की पुस्तकें सरल हिन्दी में होनी चाहिये और इनके इतने सुलभ संस्करण निकाले जाँय कि इनका प्रचार घर घर हो जाय, जिन्हें पढ़कर शिक्षित सूतिका को तथा धात्री को उसके कार्य में सहायता देने के लिये हमारी प्रत्येक बहिन और पुत्री तत्पर हो सके।

शवपरीक्षण।

वैद्यों में व्यवहारिक ज्ञान के साथ ही व्यवहारायुर्वेद के ज्ञान की भी बहुत भारी आवश्यकता है। इस विषय में हम वैद्यों में से हजारों में कोई एक वैद्य शायद थोड़ा बहुत

ज्ञान रखता हो। पर आवश्यकता तो इस बात की है कि हमारा प्रत्येक वैद्य इस विषय के व्यवहारिक ज्ञान से न सही पुस्तकीय ज्ञान से वंचित न रहे। हमें ज्ञात है कि पोष्टमार्टम (शवच्छेद) करने के लिये गवर्नमेंट से अधिकार मिलना असंभव है, पर आयुर्निर्णय आदि के लिये या इस साहित्य के ज्ञान के लिये हमारा हाथ किसने पकड़ा है। साहित्य-ज्ञान न रुकना चाहिये। यह ज्ञान न तो अतीन्द्रिय है न दुःसाध्य है। वह संकुचित अधिकारों में गृह रखने से हम लोगों में प्रसार नहीं पाता है। इससे अधिक महत्व की इसमें कोई बात नहीं है। अब इस विषय की उपयुक्त पुस्तकें हिन्दी में भी प्रकाशित हो चुकी हैं और भविष्य में भी विशद रूप से प्रकाशित होने की आशा है।

राज-साहाय्य।

बहुत से शिष्ट वैद्यों का ध्यान है कि राजसाहाय्य बिना हम अपनी प्रत्येक विषय की आवश्यकता को पूर्ण नहीं कर सकते। हमारे पास धन नहीं; धन चाहिये, अधिकार नहीं, अधिकार चाहिये, व्यवसाय नहीं; व्यवसाय चाहिये। हम भी इस आवश्यकता को कुछ अंशों में सत्य मानते हैं परंतु संपूर्ण अंश में नहीं। अपनी आवश्यकताओं को समझना हमारा काम है, उनकी पूर्ति के उपाय ढूँढना हमारा काम है, सरकार का नहीं। फिर सरकार जब हमारे आयुर्वेद को उतना योग्य मानने को तयार ही नहीं तब हम उससे अभीष्ट साहाय्य पा भी कैसे सकते हैं। इतने पर भी हमारे कुछ उदार-हृदय भाई मृगतृष्णा की आशा से कुछ न कुछ दौड़ लगाते ही हैं। इस दौड़ के लगाने में मार्ग में पहिले तो अपने से भिन्न मत रखने वाले और हमको सहायता न मिल सके इस इच्छा को रखने वालों के अनेक वाक्य सहन करने पड़ते हैं। जिनके भोग में से हमें कुछ अंश दिया जाता है या जिनके अधिकार में से हम कुछ हिस्सा बाँट कराना चाहते हैं तो वे ही हमें शत्रु समझ कर यद्वा तद्वा कहने लगते हैं। और कुछ लोग स्वार्थ तो नहीं रखते पर कुछ न कुछ कहना अपना धर्म समझते हैं वे ऐसी बातें बक जाते हैं जो हमारे लिये सर्वथा विपरीत पड़ती हैं। फिर हमारे अपने ही देशवासी एक स्वर से हमारा समर्थन करने में आलस्य करने लगते हैं तब हमें राजसाहाय्य कैसे प्राप्त हो सकता है।

यदि दैवात् कुछ प्राप्त भी हो जाय तो वह इतना कम कि "शाकाय वा स्थालवणाय वा स्यात्" होता है। वह भी जो कुछ मिलता है उसके आधे के साझी, बँटवारे के लिये तयार रहते हैं। ऐसी दशा में जो कुछ कौड़ियाँ अन्त में हमारे पल्ले में पड़ती हैं उनसे हम क्या क्या तरक्की कर सकते हैं? फिर उन कौड़ियों की प्राप्ति और व्यय के लिये भी बड़ा आडम्बर रचना पड़ता है, पावन्दी करनी पड़ती है, जिससे प्राप्त द्रव्य से हमारा कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाता।

यह सब समझा कर हम आप से यह नहीं कहते कि राजसाहाय्य न लो, या उसके लिए उद्योग ही न करो। उद्योग करते रहो, पर आप अपना लक्ष्य सिद्ध करना चाहते हो तो उसी थोड़े से द्रव्य पर धूनी मत रमाओ, आप अपना बल सम्पन्न बनाते जाओ और अपने कार्य को अपने बल से पूर्ण करते जाओ। परमुखापेक्षी होकर संसार में कोई नहीं जी सका है। नीति का यह कथन सत्य है कि—"उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः।"

हमारे प्रान्त में गवर्नमेंट द्वारा मेडिसिन बोर्ड की स्थापना हुई है। उसका काम दो वर्ष से आरंभ हुआ है। दोनों वर्ष इसने अपने नियमों के अनुसार ५०। ५० हजार रुपया आयुर्वेदिक और यूनानी औषधालयों को सहायता के रूप से वितरण किया है। इसी प्रकार

एक अच्छी तादाद में हिन्दू विश्वविद्यालय, ऋषिकुल विद्यालय और यूनानी संस्थाओं को अपनी अपनी शिक्षा की सहायतार्थ द्रव्य दिया है। एतदर्थ बोर्ड धन्यवाद का पात्र है।

परन्तु खेद है कि बोर्ड के ढंग से, बोर्ड के पाठ्यक्रम से, बोर्ड के कार्यक्रम से हमारे वैद्यों में यथोचित सन्तोष न हो सका है। इसके अनेक कारणों में से दो कारण मुख्य हैं। बोर्ड उस क्रम को गवर्नमेंट के सामने रख रहा है जिसे गवर्नमेंट स्वीकृत कर सके और उसके संचालक मुख्य परामर्श दाता डाक्टर जिसका समूल विरोध न कर सकें। अन्यथा बोर्ड जिस कार्य के लिए बनाया गया है वह उसमें सफलता प्राप्त करने में बिलकुल असमर्थ हो सकता है इसीलिए उसका पाठ्यक्रम उसी की रुचि के अनुकूल है। दूसरे वैद्य-समुदाय केवल अपने विशुद्ध सिद्धान्त का पक्ष लेकर उसी की उन्नति चाहता है। वह वैद्यक के मूल वृक्ष को ही पल्लवान्वित कर उसे ही फल-फूल युक्त देखना चाहता है। पर ये दोनों बातें परस्पर विरोधिनी हैं। इन दोनों का सामंजस्य इस समय समान होना असंभव प्रतीत होता है।

भारत में इस समय जो और शिक्षाक्रम चल रहा है वह भी तो हमारे लिए वैसा ही है? इसी प्रकार गवर्नमेंट द्वारा अनुमोदित या अनुमोदित होने वाला पाठ्यक्रम हमारी (वैद्यों की) रुचि के अनुकूल न हो तो कोई आश्चर्य नहीं है। नवीन पाठ्य प्रणाली को अपनी प्राचीन परिपाटी और ग्रन्थों के अनुकूल न होने के कारण ही हमें गुरुकुल और ऋषिकुल जैसी संस्थाओं की स्थापना करनी पड़ी है। इसी तरह से हमें अपना लक्ष्य अपनी रुचि के अनुसार सिद्ध करना ही अभीष्ट है तो गवर्नमेंट चाहे हमारे कार्यों में सहयोग करके सहायता दे या न दे, हमें अपने बल पर अपनी संस्थाओं को स्वयं चलाना चाहिये। जब तक हम ऐसा न करेंगे तब तक परमुखापेक्षी होकर हमें दाता की रुचि पर निर्भर रहना ही होगा।

हमारे लोगों में बहुत से ऐसे सज्जन हैं जो देशी राज्यों की ओर से ही साहाय्य पाने की आशा रखते हैं। यह बात किसी अंश में ठीक भी है, परन्तु जब तक हम इस कार्य को हाथ में लेकर राजाओं से सहानुभूति सहित कुछ द्रव्य न पा जायँ या साहाय्य न प्राप्त कर लें तब तक आशा के फलीभूत होने पर हमें विश्वास न कर लेना चाहिये। हमारी समझ में राजा लोग स्वतन्त्र नहीं हैं और उनकी सहायता प्राप्त करना भी जरा टेढ़ी खीर है।

कुछ लोग देश से सहायता प्राप्त करने की और कांग्रेस से मिल कर अपनी तरक्की करने की बातें सोचा करते हैं। इनमें देश से सहायता तभी मिलना संभव हो सकता है जब कि हम अपने कृत्यों से देश को लाभ पहुँचा कर उसे अपनी ओर आकृष्ट कर सकें। फिर कांग्रेस जैसी देश भर की प्रबल राजनैतिक संस्था से कुछ प्राप्त कर सकना दुराशा मात्र है। कांग्रेस के स्तम्भ देशी चिकित्सा के नाम से कोसों दूर हट जाते हैं और जब उन्हें आवश्यकता होती है तब उनकी पिपासा शुद्ध जल दूर नहीं कर सकता, सोडावाटर ही उनकी पिपासा दूर कर सकता है। आपेंटा-वाटर ही उनका कब्ज दूर कर सकता है। प्राण्डी ही उनको बलदायक प्रतीत होती है और विलायती उपनिवेश ही उन्हें स्वास्थ्य-निकेतन प्रतीत होते हैं। कहने को भारत उनके लिए अपना देश है, पर वे अपनी प्राचीनता को पोषण करने के लिये बाध्य नहीं। लाचारी "रिपट पड़े पर हर गंगा" कहलाना ही उनके लिये काफी सहानुभूति है।

हमारी समझ में यदि प्राचीन विद्याओं में से कोई अर्थकरी, सजीव और व्यवहारिक विद्या इस समय हमारे पास बच रही है तो वह वैद्यक-विद्या ही है। नये सुधारक इस अवशिष्ट अंश को ही बचा रहने दें तो बहुत कृपा है।

हमको जो कुछ करना हो अपने बल पर अपने सहयोग से और अपने ही अध्यवसाय से करना चाहिये। इसी मार्ग से अपने लक्ष्य पर हम पहुँच सकते हैं हमारे योग्य होने पर बिन सम्पत्तियों की हम इच्छा करना चाहते हैं, जो सम्पत्तियाँ हमारे हाथ फैलाते दूर भागती हैं वे स्वयं हमारे अनुकूल होंगी और हम उनसे अपने कार्य्यों को सिद्ध करेंगे। इसलिये सबसे पहिले हमें अपनी योग्यता को पूर्ण करना चाहिये। फिर अपनी माँगें पेश करना चाहिये। इस समय के विद्यालयों की छात्र-वृत्तियाँ हमारे विद्यालयों को शून्य बनाये हुये हैं और आलसी विद्यार्थियों को भरती करके उनके जीवन को भविष्य के लिये रद्दी किये देती हैं। छात्र-वृत्तियाँ देकर पढ़ाना एक प्रकार का लोभ देकर उनसे जबर्दस्ती अपना जय बुलवाना है। यह आयुर्वेद की हृदयगत भक्ति नहीं है। फलतः हमारे ये छात्र जिनका लक्ष्य छात्रवृत्ति पर ही निर्भर रहता है आयुर्वेद के लिये अपना दिल दिमाग नहीं खर्च करते। फिर छात्र-वृत्ति नाम की ये वृत्तियाँ संख्या और परिमाण में इतनी कम होती हैं कि वे छात्रों को पंगु करने के सिवाय निश्चिन्त भी नहीं कर सकती हैं। इससे अब तो हमको अपना यह पुराना ढंग बिलकुल परिवर्त्तन कर देना चाहिये। हमारा लक्ष्य होना चाहिये आयुर्वेदज्ञ-कर्मठ वैद्य तयार करना और छात्र-वृत्ति उसे ही देना जो अपनी योग्यता से स्वयं इसे उपार्जित कर सकता हो। यह छात्र-वृत्तियाँ अच्छी भारी हों और उसे लेने वाला पाने की योग्यता रखता हो।

नित्य पास होने वाले वैद्यों को उपार्जन की योग्यता प्राप्त कर देने से वे जितने उपयुक्त होंगे इतने थोड़ी सी सहायता प्राप्त कर सदा के लिये उपार्जन की योग्यता रहित होने वाले उपयुक्त न होंगे। अब हमें अपने विद्यालयों में फीस लगा देनी ही पड़ेगी, इससे विद्यालय का खर्च चल सकेगा। पढ़ने वाले अपने धन का दुरुपयोग न करेंगे। हमारा भी लक्ष्य होगा कि इस प्रकार जो तन, मन, धन से आयुर्वेद जानने का प्रयास कर रहे हैं इन्हें सर्वथा योग्य बनाना हमारा कर्त्तव्य है। अर्थकरी विद्या सीखने वाले अर्थ खर्च करने के लिये तयार हैं और उन्हें उपयुक्त मार्ग बताया, सिखाया जाय तो वे इस स्वर्ण समय को कभी न चूकेंगे।

इस प्रकार की शिक्षा के लिये हमें अपने रात्रि-विद्यालयों का सूत्रपात करना पड़े तब भी कुछ हर्ज नहीं। जिन्हें पेट के लिये दिन भर प्रयत्न करना पड़ता है वे भी दूसरी अर्थकरी आयुर्वेद-शिक्षा के लिये बराबर रात्रि का समय दे सकेंगे और हम भी दिन भर चिकित्सा-वृत्ति करके रात्रि को अपना समय बिना वेतन के विद्यालय को दे सकेंगे। इस प्रकार विशेष व्यय के बिना ही हमारा विद्यालय चल सकेगा और हम आगे के संचालन का उपाय सहज में ढूँढ सकेंगे।

अर्थकरी विद्या समझ कर ही बहुत से मनुष्य होमियोपैथी का अभ्यास करते हैं, वैद्यक, होमियोपैथी आदि के प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की उत्कट इच्छा किया करते हैं, जि० भा० आयुर्वेद-विद्यापीठ की परीक्षाओं में प्रति वर्ष सैकड़ों छात्र बैठ कर प्रमाणपत्र पाने का यत्न करते हैं। परन्तु विद्यालयों की शिक्षा बिना ये परीक्षायें न तो शोभा पाती हैं, न उचित ही कही जा सकती हैं। इन सबके लिये विद्यालय-शिक्षा होनी ही चाहिये।

युक्तप्रान्त में योग्य वैद्यों की संख्या कम नहीं है, परन्तु अन्य प्रान्त वालों से वे इस बात में अवश्य कम हैं कि वर्तमान के अनुरूप सर्वसाधारण में, सभा सोसायटियों में अपनी प्रशंसा का मार्ग विस्तृत करने की आयोजना किया करें। परन्तु यह बात उनमें स्वाभाविक

है। तथापि मुझे आशा है कि अपने प्रान्त के वैद्यकीय अंश को उन्नत और विख्यात करने में अब युक्तप्रान्तीय वैद्य न चूकेंगे।

युक्तप्रान्त में अनेक आयुर्वेद विद्यालय अब भी सुचारु रूप से चल रहे हैं। ऋषिकुल का आयुर्वेद कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय का आयुर्वेदिक कालेज, पंचपुखरा, औरइया और आवागढ़ के विद्यालय, खुरजे का विद्यालय, पीलीभीत का ललितहरि विद्यालय, कानपुर आयुर्वेद-विद्यालय और काशेश्वर पाठशाला इत्यादि इस बात के उदाहरण हैं।

पर जैसा कुछ समय है और आ रहा है उसके अनुसार अब इनमें आवश्यक सुधारों की विशेष आवश्यकता बढ़ती जा रही है। एतदर्थ इनके अध्यापकों और संचालकों से सविनय प्रार्थना है कि वे संयुक्तप्रान्तीय वैद्य-सम्मेलन कार्यालय से बार-बार परामर्श करके इनमें अवश्य सुधार करें। सुधार करने में यदि वैद्य भाई दूसरी चिकित्सा-पद्धति के विशिष्ट चिकित्सकों की कर्मठता की ओर लक्ष्य रखते हुये अपने हाथों ही उसे सम्पादित करें तो मुझे बड़ा हर्ष होगा। इससे उनमें समय के साथ चलने की शक्ति बढ़ेगी और अभी कुछ बातों के लिये उन्हें जो उपालम्भ मिलता है या मिल सकता है वह फिर न मिलेगा। हमें यह समझ लेना चाहिये कि उन्नति का मार्ग परमुखापेक्षियों के लिये सर्वदा बन्द रहता है।

कृतज्ञता-प्रकाश।

अपना भाषण समाप्त करते हुये यह निःसंकोच कहने की लालसा है कि ऋषिकुल के संस्थापक, प्राचीन सनातन धर्म के पोषक और महामहोपदेशक रायसाहब पं० दुर्गादत्त जी पन्त और स्वर्गीय लाला सुखवीर सिंह जी विशेष धन्यवाद के योग्य हैं, जिनके अनवरत परिश्रम, स्वार्थत्याग और आयुर्वेद-हितैषिता के कारण आज ऋषिकुल में आयुर्वेद विद्यालय ने आदरणीय स्थान पाया है। इसी प्रकार मैं अपने उन आयुर्वेद प्रेमी डाक्टर भाइयों को भी सहर्ष प्रेमपूर्वक धन्यवाद देता हूँ कि जो अपनी कृपा से आयुर्वेद के गुणों का आदर करते हैं और आयुर्वेदिक संस्थाओं का सञ्चालन-सूत्र अपने हाथ में लेकर उनमें उन्नति का मार्ग खोलते हैं।

भिषजां साधुवृत्तानां भद्रमागमशालिनाम्।
अभ्यस्तकर्मणां भद्रं भद्रं भद्राभिलाषिणाम्॥

श्रीमान् पं० जगन्नाथप्रसाद शर्मा वाजपेयी आयुर्वेदाचार्य, एम्. ए. बनारस।
अध्यक्ष, संयुक्तप्रान्तीय ८ वैद्यसंमेलन, सीतापुर (सन १९३०)।
अध्यापक, आयुर्वेदकालेज, बनारस हिन्दुयुनिवार्सिटी।
अध्यक्ष, आयुर्वेदीयस्नातकसंमेलन, कराची (सन १९३०)।

युक्तप्रान्तीय अष्टम वैद्यसम्मेलन सीतापुर के सभापति

पं० जगन्नाथ शर्मा वाजपेयी, आयुर्वेदाचार्य, एम. ए. का

संक्षिप्त जीवन चरित्र

आपका जन्म उन्नाव जिले के पुरा नामक ग्राम में हुआ था। और हिन्दी तथा उर्दू की शिक्षा आपने वहीं पर पाई थी। १२ वर्ष की अवस्था में ही आपके पिता जी का स्वर्गवास हो गया। उसी समय से कुटुम्ब के पोषण का भार आप पर ही आ पड़ा। बड़ी कठिनाइयों के साथ आपने "लालचन्द जोखीराम संस्कृत पाठशाला, कानपुर" में व्याकरण का अध्ययन प्रारम्भ किया। जीविकोपार्जन से बचे हुये समय में आप अध्ययन करते। इस प्रकार सन् १९१२ ई० में आपने वहीं से क्वीन्स कालेज, बनारस की प्रथमा परीक्षा दी, और उसमें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। इससे इस होनहार युवक का उत्साह बढ़ गया और क्रमशः १९१३, १४ व १५ में व्याकरण मध्यमा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय खण्ड की परीक्षायें उसी पाठशाला से पास कीं। इसी बीच में कुछ समय तक के लिये आपने दिगम्बर जैन औषधालय में कम्पाउन्डरी का कार्य किया। उसी समय से आपके हृदय में यह भाव उत्पन्न हुआ कि आयुर्वेद के द्वारा स्वार्थ व परमार्थ दोनों सिद्ध होते हैं, अतः उसका अध्ययन अवश्य करना चाहिये।

इस विचार से आपने श्री पं० रामेश्वर जी मिश्र, चिकित्सक-चूड़ामणि के पास स्वतन्त्र रूप से आयुर्वेद का अध्ययन प्रारम्भ किया; पर आर्थिक कठिनाई के कारण वहाँ पर रहना असम्भव हो गया। अतः आप बम्बई चले गए। वहाँ पर श्री पं० रमापतिजी मिश्र की अनुकम्पा तथा सम्मति से आपने गोकुलदास तेजपाल सं० कालेज में व्याकरण और श्री पं० यादव जी त्रिकम जी आचार्य जी के पास आयुर्वेद का अध्ययन प्रारम्भ किया। और सन् १९१६ में व्याकरण मध्यमा चतुर्थ खण्ड तथा १९१७ में व्याकरणाचार्य द्वितीय खण्ड और साथ ही आयुर्वेद-विशारद परीक्षा पास की। तथा १९१८ में व्याकरणाचार्य तृतीय खण्ड और बड़ौदा राजकीय परीक्षा की व्याकरण प्रथमा तथा आयुर्वेद प्रथमा, मध्यमा और उत्तमा परीक्षायें एक साथ ही पास कीं। जिनमें राज्य की ओर से आपको ६०) सम्मान सहित पुरस्कार प्राप्त हुआ।

आप में अपूर्व प्रतिभा है। अध्ययन के समय ही आप गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कालेज में सहायक अध्यापक बनाए गए। उस पद का आपने बड़ी योग्यता तथा कुशलता से निर्वाह किया। सन् १९१८ में कानपुर में युक्तप्रान्तीय वैद्यसम्मेलन का अधिवेशन श्री पं० गणेशदत्त जी शास्त्री, काशी निवासी की अध्यक्षता में हुआ। उन्हीं के कर कमलों द्वारा आयुर्वेद विद्यालय, कानपुर का उद्घाटन हुआ। उसके आप ही अध्यापक चुने गए। अध्यापन कार्य करते हुए ही सन् १९२० में आपने आयुर्वेदाचार्य परीक्षा पास की। इसके अनन्तर आपकी इतनी प्रतिष्ठा हुई कि जिस जैन औषधालय में आपने कम्पाउण्डरी की थी उसी के प्रधान वैद्य

नियुक्त हुए। आपके प्रबन्ध से जैन औषधालय की इतनी ख्याति हुई कि आपके समय में उसमें रोगियों की वार्षिक संख्या एक लाख से ऊपर हो गई।

सन् १९२५ में हिन्दू विश्वविद्यालय में आप अध्यापक चुने गए। उस समय से अब तक अध्यापन का कार्य आप बड़ी योग्यता के साथ कर रहे हैं।

अध्यापक चुने जाने के अनन्तर एक दिन बातचीत में पूज्य मालवीय जी महाराज ने प्रश्न किया कि क्या जगन्नाथ जी आप कुछ इङ्गलिश जानते हैं? इस पर आपने कहा कि नहीं। इस पर मालवीय जी महाराज ने कहा कि आज ही प्रारम्भ कर दो। यह शुभ उपदेश आपके लिए पथ प्रदर्शक बन गया। आपने उसी दिन से इंगलिश पढ़ना आरम्भ कर दिया और दो वर्ष के कठिन परिश्रम के अनन्तर सन् १९२८ में आप एडमिशन में उत्तीर्ण हुये। इसी वर्ष आप छात्रावास के वार्डन चुने गए। और सर सुन्दर लाल हास्पिटल में रोगियों के निरीक्षण का भार भी आपको सौंपा गया तथा वैद्य सम्मेलन पत्रिका के सम्पादक भी चुने गए। वैद्य सम्मेलन पत्रिका का सम्पादन ३ वर्ष तक आपने बड़ी योग्यता के साथ किया। और इसी समय चक्रदत्त की हिन्दी टीका लिखी, जो कि खेमराज श्रीकृष्णदास जी के यहाँ छपी है और साथ ही साथ इंगलिश का अध्ययन करते हुये सन् १९३० ई० में इण्टर मीजियट परीक्षा पास की। इसी वर्ष आप अखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद विद्यापीठ खातक-सम्मेलन कराची के सभापति चुने गए।

सन् १९३० ई० में सत्याग्रह आन्दोलन में आप सम्मिलित हो गए और गवर्नमेण्ट ने आपको एक वर्ष के लिए जेल भेज दिया। जेल में भी आपने समय का खूब उपयोग किया और बी० ए० का कोर्स वहीं समाप्त कर डाला। गान्धी-इर्विन सन्धि हो जाने पर आप जेल से छूट गए और फिर कालेज का काम करने लगे। सन् १९३२ ई० में आप बी० ए० की परीक्षा में बैठे और उसमें बड़े अच्छे नम्बरों से पास हुये। समग्र विश्वविद्यालय में आपको नवम स्थान इस परीक्षा में प्राप्त हुआ। इसके अनन्तर ही आपने एक स्वतन्त्र औषधालय भी खोला जो कि अस्सी मुहल्ले में जनता की सेवा कर रहा है।

सन् १९३३ में आप युक्तप्रान्तीय अष्टम वैद्य सम्मेलन, सीतापुर के सभापति चुने गए। सन् १९१५ ई० में आपने एम० ए० की डिग्री प्राप्त की। इसी वर्ष इण्डियन मेडिसन बोर्ड यू० पी० के चुनाव में आप बहुत अधिक वोटों से सदस्य चुने गए। आपके जीवन में सादगी, उत्साह तथा परिश्रम का आदर्श सम्मेलन हुआ है।

आपने आयुर्वेदीय पदार्थ-विज्ञान नामक एक ग्रन्थ संस्कृत में सम्पादित किया है जो शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

स्वास्थ्य वर्धक औषधालय
अस्सी—बनारस।

निवेदक—
लक्ष्मी नारायण मिश्र

॥ श्री धन्वन्तरये नमः ॥

युक्तप्रान्तीय अष्टम वैद्यसम्मेलन के सभापति काशी हिन्दू विश्वविद्यालयाध्यापक

आयुर्वेदाचार्य पं० जगन्नाथ शर्मा वाजपेयी एम० ए० का अभिभाषण ।

यस्य स्मृत्याऽथ नामोक्त्या विघ्नाः यान्ति क्षयं क्षणात् ।
मातृ रक्षाऽर्पित शिराः स गणेशः प्रणम्यते ॥१॥
यस्य ज्ञान लवानवाप्य गिरिशो हालाहलं सोढवान्
स्थावियेंऽपि सलीलमेव रचनां सृष्टेर्विधत्ते विधिः ।
शेते शेष फणा विनिःसृत विष ज्वालाक्त शय्यां हरिः
स्वास्थ्यायुः सुखदायको विजयते वेदः सदा सायुषः ॥२॥
करुणा पूर्णा दृष्टिर्मूकान् विदधाति वाग्मिनः क्षणतः ।
यस्याः सत्कवि सेव्यां नित्यन्ताम्भारतीं वन्दे ॥३॥
सच्छात्र दोक्षण यशो धवली कृताशान्
व्याध्यब्धि मग्न जन रक्षण दक्ष चित्तान् ।
ग्रन्थ प्रकाशन विमुग्ध भिषग्भिरर्च्यान्
नित्यं नमामि गुरु यादव पाद पद्मान् ॥४॥
सामीप्यं यस्य सम्प्राप्य क्षुद्रोऽपि गुरुतां व्रजेत् ।
काशीपतिर्विश्वनाथः स कस्मान्नाभिवन्द्यते ॥५॥

श्रीमान् माननीय महर्षि कल्प वैद्यराज !

देवियो और भाइयो !

सर्व प्रथम उस अखिल ब्रह्माण्डनायक जगदीश्वर जगन्नियन्ता परब्रह्म परमात्मा को कोटिशः धन्यवाद है जिसकी असीम अनुकम्पा से युक्तप्रान्तीय वैद्य-सम्मेलन का यह अष्टम अधिवेशन सम्पन्न हो रहा है ।

आप लोगों ने इस अधिवेशन का सभापति नियुक्त कर मुझे जो गौरव प्रदान किया है उसके लिये आप लोगों को अनेकानेक धन्यवाद है । अच्छा होता यदि इस शुभ अवसर के लिये आपने किसी विशिष्ट महापुरुष का वरण किया होता जिससे कि उत्सव की विशेष शोभा होती तथा उत्तम शिक्षा भी मिलती । मुझे तो वास्तव में इस पद को स्वीकार करते हुए जो संकोच हो रहा है उसका वर्णन करना मेरी शक्ति के बाहर है । जिस पद की श्रद्धेय शुक्ल जी सदृश कर्मवीर, आदरणीय शास्त्री जी सदृश विद्वान् और पूज्य मिश्र जी सदृश वृद्धों ने सुशोभित किया हो उस पर मुझ जैसे अल्पज्ञ का आसीन होना सर्वथा हास्यास्पद है ।

"कवि न होहुँ नहिं वचन प्रवीना।
सकल कला सब विद्या हीना॥"

यह चौपाई कवि-कुल-कमल-दिवाकर भक्त-शिरोमणि श्री गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी नम्रता प्रगट करने के लिये लिखी है, किन्तु, मेरे सम्बन्ध में अक्षरशः सत्य है। मेरी समझ में नहीं आता कि आप लोगों ने मुझे सभापति क्यों चुना। केवल एक बात समझ में आती है और वह है आयुर्वेद की सेवा का हार्दिक भाव। मुझे जिस समय आयुर्वेद की जो सेवा सौंपी गई है उसे सत्यता के साथ पूर्ण करने में मैंने कोई कसर नहीं उठा रक्खी। मुझे विश्वास हो रहा है कि आपने मेरे इसी सेवा को लक्ष्य में रखकर सभापति चुना है। अतः मैं भी अपनी प्रकृति के अनुसार आपकी आज्ञा पालन करने से मुख नहीं मोड़ता। किन्तु, साथ ही साथ स्पष्ट रूप से निवेदन किये देता हूँ कि आप लोगों को पूर्ण सहानुभूति व सहयोग के विश्वास पर ही पूज्य गुरु लोगों को प्रणाम कर इस पवित्र कर्मानुष्ठान में तत्पर होता हूँ।

विशेष कुछ कहने के पहिले प्रान्त के उन नवयुवक प्रतिष्ठित विद्वान् वैद्यों का स्मरण आये विना नहीं रहता जो आयुर्वेद का गौरव बढ़ा रहे थे, हमारे लिये आदर्श थे, जिनसे आयुर्वेद जगत् को बहुत बड़ी आशा थी और जिनके असामयिक स्वर्गवास से आयुर्वेद की क्षति के साथ ही हम लोगों के उत्साह भङ्ग हो गये हैं। उनमें से एक काशी-निवासी भारत-विख्यात श्री पं० उमाचरण जी भट्टाचार्य्य जी के सुपुत्र श्रीमान् पं० विश्वेश्वर जी कविराज हैं। आपकी अभी बहुत थोड़ी अवस्था थी, किन्तु, आपने अच्छी ख्याति प्राप्त कर ली थी और युक्तप्रान्तीय व्यवस्थापिका सभा के मेम्बर भी आप हो चुके थे। दूसरे पं० राधाकृष्ण जी वैद्यशास्त्री हैं। आपने काशी रसशाला स्थापित की थी और तलस्थचन्द्रोदय के निर्माण का अनुसन्धान सर्व-प्रथम नवयुवकों में आप ही ने किया था। उनके कुटुम्बियों के साथ समवेदना तथा सहानुभूति प्रकट करते हुए परमात्मा से विनय करते हैं कि वह उनकी आत्मा को शान्ति और उनके कुटुम्बियों को धैर्य प्रदान करे।

माननीय सभ्यवृन्द!

आप लोग न केवल आयुर्वेद के ही किन्तु अनेक शास्त्रों के विद्वान् हैं। आप लोगों के सन्मुख मैं कोई नई बात कहूँ यह कठिन ही नहीं असम्भव है। मैं जो कुछ भी कहूँगा वह श्री समर्थ स्वामी रामदास जी के शब्दों में

सन्तों की उच्छिष्ट उक्ति है मेरी बानी।
जानूँ उसका भेद भला क्या मैं अज्ञानी॥

के सिवाय कुछ भी नहीं। पर, फिर भी एक परीक्षार्थी छात्र के रूप में आयुर्वेद के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट करता हूँ, अतः मेरे कथन को विद्वत्ता प्रदर्शन न समझियेगा। केवल युक्तायुक्त युक्त का निर्णय कीजियेगा।

सर्व-प्रथम, आयुर्वेद क्या है इसी का विचार करना चाहिये। आयुर्वेद की परिभाषा महर्षि अग्निवेश ने इस प्रकार की है—

हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्।
मानञ्च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते॥

अर्थात् जिसमें हित आयु, अहित आयु, सुख आयु, दुःख आयु, आयु के लिये हित तथा अहित, आयु का मान तथा आयु के स्वरूप का वर्णन हो उसे आयुर्वेद कहते हैं।

हित आयु अहित आयु सुख आयु तथा दुःख आयु की व्याख्या उन्होंने स्वयं इस प्रकार की है।

हितैषिणः पुनर्भूतानां परस्यादुपरतस्य सत्यवादिनः, शम परस्य, परीक्षकारिणोऽप्रमत्तस्य, त्रिवर्ग परस्परेणानुपहतमुपसेवमानस्य, पूजार्हं सम्पूजकस्य, ज्ञानविज्ञानोपशमशीलस्य, वृद्धोपसेविनः, सुनियत रागेर्ष्या मदमान वेगस्य, सततं विविध प्रदान परस्य, तपो ज्ञान प्रशम नित्यस्य, अध्यात्म विदुस्तत्परस्य, लोकमिमञ्चामुञ्चावेक्षमाणस्य स्मृतिर्मतिमतो हितमायुरुच्यते। अहितमतो विपर्य्ययेण।

तत्र शारीर मानसाभ्यां रोगाभ्यामनभिद्रुतस्य, विशेषेण यौवनवतः, समर्थानुगत बलवीर्य पौरुष पराक्रमस्य, ज्ञानविज्ञानेन्द्रियार्थं बलसमुदाये वर्तमानस्य, परमर्द्धिरुचिर विविधोपभोगस्य सहृद सर्वारम्भस्य यथेष्ट विचारिणः सुखमायुरुच्यते।

असुखमतो विपर्य्ययेण।

आयुष्याण्य नायुष्याणि च द्रव्यगुण कर्माणि केवलेनोपदेश्यन्ते तन्त्रेण।

प्रमाणमायुषस्त्वर्थेन्द्रियमनोबुद्धिचेष्टादीनां स्वेनाभिभूतस्यविकृतिलक्षणैरुपलभ्यतेऽनिमित्तैरिदमस्मात् क्षणान् मुहूर्तादिवसात्रिपञ्चसप्तदश द्वादशाहात् पक्षात् मासात् षण्मासात् संवत्सराद्वा स्वभावमापत्स्यते इति।

आयुश्चेतना प्रवृत्तिर्जीवितमनुबन्धोधारिचेत्येकोऽर्थः।

इस परिभाषा से यह स्पष्ट होता जाता है कि आयुर्वेद किसी एक ग्रन्थ या एक भाषा में लिखे हुए ग्रन्थों का नाम नहीं है किन्तु प्रत्येक चिकित्सा पद्धति चाहे वह एलोपैथी हो या होमियोपैथी, यूनानी या मिश्रानी, आयुर्वेद के अन्तर्गत आ जाती है। ऐतिहासिक दृष्टि द्वारा देखने से तो यह विचार और भी अधिक पुष्ट हो जाता है। यह बात अब किसी भी विचारशील पुरुष से छिपी नहीं है कि चिकित्सा-शास्त्र का आविर्भाव भारत में हुआ। उसका प्रचार भारत से मिश्र में, मिश्र से यूनान में और यूनान से सारे यूरोप में हुआ।

इस प्रकार, यद्यपि समस्त चिकित्सा पद्धतियाँ आयुर्वेद के अन्तर्गत आ जाती हैं या आयुर्वेद से उत्पन्न हुई हैं, किन्तु, समय के फेर से यह कुछ ऐसी दशा में पहुँच गया है कि कोई भी चिकित्सा पद्धति इसे अपनाने में सङ्कोच करेगी। इसका कारण देश-व्यापी हजारों वर्षों से विप्लव के सिवाय कुछ नहीं कहा जा सकता। आयुर्वेद में जो विषय सूत्ररूप से वर्णित हैं उनके उपर विस्तृत विवेचन या अनुसन्धान नहीं किया जा सका। जो विषय कष्टसाध्य हैं उनके सम्पन्न करने का उद्योग न हो सका। जो विषय आयुर्वदीय ग्रन्थों से अन्यत्र वर्णित हैं उसकी ओर ध्यान नहीं दिया जा सका। अतः आयुर्वेद के अंग-प्रत्यङ्ग जितने पुष्ट हो चुके थे उससे भी पुनः शिथिल हो गये। आयुर्वेद में कई स्थानों पर अथर्ववेद की ओर सङ्केत किया गया है। यथा सुश्रुते

इह खल्वायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्य.....।

तथा च चरके

तत्र भिषजा पृष्टेनैवञ्चतुर्णामृक्सामयजुरथर्ववेदानामात्मनोऽथर्ववेदे भक्तिरादेश्या। वेदोह्याथर्वणः स्वस्त्ययनबलि मंगल होम नियम प्रायश्चित्तोपवास मन्त्रादिपरिग्रहाच्चिकित्सां प्राह।

पर क्या भक्तिरादेश्या का अर्थ केवल यह है कि अथर्ववेद का नाम लिया जाय। मेरे विचार से तो इसका यही अर्थ होना चाहिये कि वैद्यों को इतर वेदों की अपेक्षा अथर्ववेद के अनुशीलन में अधिक परिश्रम करना चाहिये। पर, कितने खेद तथा अनवधान का विषय है कि अथर्ववेद के एक भी अंश का अध्ययनाध्यापन आज तक प्रचलित नहीं हुआ। अथर्ववेद में आयुर्वेद का जितना विषय भरा हुआ है इसका दिग्दर्शन कुछ मन्त्रों द्वारा यहाँ अनुपयुक्त न होगा।

अथर्ववेद काण्ड १ अनुवाक १ सूक्त ३ की भूमिका महर्षि सायणाचार्य ने इस प्रकार लिखी है।

विद्मा शरस्येति तृतीयसूक्तेन मूत्रपुरीष निरोधे प्रमेहण साधन हरीतकी कर्पूरबन्धनम्, मूषिकामृत्तिका पूतीकतृणदधिमथितजरत् प्रमन्ददारु तक्षणं शकलानामन्यतमस्य पायनम् हस्त्यश्वादि यानारोहणम्, शरविसर्जनम् शरेणमूत्रनालविदारणम् लोहशकलस्य मूत्रद्वारे प्रवेशनम् इत्येवमादीन्यपि सूत्रोक्तप्रकारेण व्याधितस्य कुर्यात् 'विषितं ते वस्तिबिलम्" इति द्वयृचेन मूषिकामृत्तिकायुक्तद्रव्येषु निरुद्ध मूत्रपुरीषं पुरुषमास्थापयेत्।

इस प्रकार, इस सूत्र द्वारा मूत्र-पुरीष विबन्ध को नष्ट करने के लिये हरीतकी तथा कर्पूर का बन्धन, गन्ध तृण, मूषिका मृत्तिका इत्यादि में से किसी एक का पान, हाथी घोड़े आदि की सवारी, शर-विर्जन (आजकल के लिये बन्दूक दागना) शल्य द्वारा मूत्रनाल को काटकर शल्य निकालना तथा मूत्र-मार्ग में सलाई पास करना इत्यादि अनेक उपाय बताये गये हैं।

अब प्रथम मन्त्र सुनिये,

विद्मा शरस्यपितरं पर्जन्यं शतवृष्ण्यम्।
तेना ते तन्वे शंकरं पृथिव्यां ते निषेचनं वहिष्टे अस्तु बालिति ॥ १ ॥

इसका अर्थ इस प्रकार है—शर (अर्थात् अश्मरीध नाशक औषध या शास्त्र) के उत्पादक वृष्टिदेव अथवा इन्द्र को जानता हूँ। उस शर के द्वारा हे मूत्ररोगार्त तुझे आरोग्य करता हूँ। तेरे शरीर से बलबल करता हुआ मूत्र निकल कर पृथिवी पर पड़े।

इसी सूत्र का वह षष्ठ मन्त्र है जिसके द्वारा महामहोपाध्याय कविराज गणनाथसेन सरस्वती जी ने यह सिद्ध किया कि महर्षियों को वृक्कों से वस्ति में मूत्र पहुँचाने वाले दोनों स्रोतस् का प्रत्यक्ष दर्शन के अनुसार ही यथार्थ ज्ञान था। वह मन्त्र इस प्रकार है।

यदान्त्रेषु गवीन्योर्यद्वस्तावधि संश्रितम्।
एकाते मूत्रं मुच्यतां बहिर्बालिति सर्वकम् ॥

इस मन्त्र का महत्व प्रत्यक्ष शारीर की भूमिका पढ़ने वाले सभी महाशयों को ज्ञात होगा।

जलोदर कितना दुष्ट रोग है इसके विषय में माधवकर लिखते हैं।

सर्वजातोदकं तथा। प्रायो भवत्यभावाय,

महर्षि सायन कहते हैं—

"अयं देवानाम्" इति सूक्तेन जलोदर रोग निवृत्तये गृह तृण दर्भ पिञ्जुलि युक्त घट जलेन अभिषेकं कुर्यात्।

इस दुष्ट रोग का प्रधान निदान अथर्ववेद में असत्य भाषण बतलाया है और उसकी चिकित्सा वरुण देव की उपासना बतलाई गई है। वह इस प्रकार है।

यदुवक्थानृतं जिह्वया वृजिनं बहु।
राज्ञस्त्वा सत्य धर्मणो मुञ्चामि वरुणादहम्॥

इस मन्त्र का भाष्य सायन ने इस प्रकार किया है।

हे जलोदररोगग्रस्त पुरुष! जिह्वया अभिवदन साधनेनेन्द्रियेण यत् रोग निदान भूतम् अनृतम् असत्यम् उवक्थ।

अनृतस्य रोग हेतुत्वमुपपादयन् विशिनष्टि। बहु अधिकं वृजिनम् पापम्।..... अन्यस्मात् पापकर्मणः अधिकतरपापहेतुः अनृतवदनमित्यर्थः।

यद्यपि अनृतवदनरूपं पापं कृतवानसि तथापि सत्यधर्मण.....सत्यभाषण स्वभावात्। विवक्षितविशेषणमेतत्। यतोऽयं वरुणः सत्य धर्मा अतः असौ अनृतभाषणं न सहते इत्यर्थः। श्रूयते हि "अनृते खलु वै क्रियमाणे वरुणो गृह्णाति ईदृशाद् राज्ञः.....वरुणात् है रोगग्रस्त त्वां मुञ्चामि मोचयामि। तस्मादनृतवदनसम्भूताज्जलोदररूपाद्वरुणपाशान् मन्त्र-प्रभावेण त्वां वियोजयामीत्यर्थः।

क्रिमि तथा जीवाणुओं के सम्बन्ध में कितने ही मन्त्र हैं उनमें से कुछ मन्त्र यहाँ पर दिखलाना अनुपयुक्त न होगा।

अथर्व-कांड २ अनुवाक ५ सूक्त ३१ मन्त्र २, ४।

दृष्टमदृष्ट मतृह् मथो कुरूरु मतृहम्।
अल्गण्डून्त्सर्वान् श्लुनान् क्रिमीन् वचसा जम्भयामसि॥
अवास्य शीर्षण्मथो पार्ष्टेयं क्रिमीन्।
अवस्कवं व्यध्वरं क्रिमीन वचसा जम्भयामसि॥

अर्थात् दिखाई पड़नेवाले अथवा न दिखाई पड़ने वाले अल्गण्डु नामक तथा शलुत नामक समस्त क्रिमियों के समूह को मन्त्र द्वारा नष्ट करता हूँ। अन्त्र, शिर तथा पार्श्व में उत्पन्न अन्तः प्रविष्ट, अनेक मार्गों में फैले हुए, अनेक मार्ग बना देने वाले तथा अनेक औषध प्रयोगों द्वारा भी नष्ट न होने वाले क्रिमियों को मन्त्र द्वारा नष्ट करता हूँ।

इन मन्त्रों द्वारा यह सिद्ध है कि अथर्ववेद उन जीवाणुओं का भली भाँति वर्णन करता है जिसका (Micro-organisms) का पता पाश्चात्य विज्ञान-वेत्ताओं को सन् १८५० के पहिले बिल्कुल न था जैसा कि Green's Manual of Pathology and Morbid Anatomy के Twelvth Edition के Page 99 द्वारा सिद्ध है। वहाँ लिखा है।

The first organism identified as the exciting agent of disease was the bacillus of anthrax of splinic fever discovered by Davaine (1850). After this the progress of discovery was rapid, bacteria are now proved to be causal agents in a large number of infectious diseases—Anthrax, Diptheria, tetanus, Tuberculosis, Enteric fever, Plague, Cholera, Influenza—and in many others their causal connection highly probable.

अर्थात् सर्व प्रथम जो जीवाणु रोग संक्रामक कारण के रूप में ज्ञात हुआ था वह

Anthrax या Splenic fever का सीधा जीवाणु था। उसका अन्वेषण डा० डैवाइन ने सन् १८५० ई० में किया था। इसके अनन्तर अनुसन्धान बड़ी तेजी से हुआ। इस समय जीवाणु (anthrax गलग्रह, धनुस्तम्भ, आन्त्रिक क्षय, आन्त्रिक ज्वर, ट्रेग, हैजा, इन्फ्लुएंजा आदि) अनेक संक्रामक रोगों के कारण प्रमाणित हो चुके हैं और अन्य रोगों में भी उनका कार्य-कारण भाव होना सम्भव है।

खेद का विषय है कि पाश्चात्य-वैज्ञानिक जितने शीघ्र उन्नति कर गये उतना ही धीरे-धीरे हम अपने विज्ञान को भूल गये। जिस प्रकार पाश्चात्य विज्ञान यह मानता है कि बाहर के कृमि अन्न पान द्वारा शरीर में प्रविष्ट हो जाते हैं और रोग उत्पन्न कर देते हैं, अथर्ववेद भी कहता है :—

ये क्रिमयः पर्वतेषु वनेष्वोषधीषु पशुष्वप्स्वन्तः।
ये अस्माकं तन्वमाविविशुः सर्वं तद्हन्मि जनिम क्रिमीणाम्॥

सायण भाष्यम्—

पर्वतादिषु अन्तः मध्ये ये क्रिमयः स्थिताः तेऽस्माकं तन्वः तनूः शरीराणि आविविशुः व्रणमुखेन अन्न पानादि द्वारेण वा प्रविष्टाः सर्वं निरवशेषं तत् उक्तविधं क्रिमीणां जनिम जन्म उत्पत्तिं मेव हन्मि नाशयामि॥

क्रिमियों की चिकित्सा भी विज्ञान के अनुसार ही मिलती है। आजकल भी सूर्य की किरणों में क्रिमिनाश करने की सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं। अथर्ववेद का मन्त्र है।

उद्यन्नादित्यः क्रिमीन् हन्तु निम्रोचन् हन्तुरश्मिभिः।
ये अन्तः क्रिमयः गवि॥

भाष्यम्—आदित्यः उद्यन् उदयं प्राप्नुवन् रश्मिभिर्व्यापनशीलैः स्वकिरणैः क्रिमीन् हन्तु हिनस्तु निम्रोचन् अस्तं गच्छंश्च रश्मिभिः क्रिमीन् हन्तु इत्यादि।

अधिक क्या कहा जाय सूर्य को तो प्राण ही बतलाया है।

"प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः॥

वंशजरोग क्षय कुष्ठादि का वर्णन अथर्ववेद में बहुत ही सुन्दर है। क्षय के रोगी को खुली जगह में रखना कितना हितकर है यह सभी मानते हैं। अथर्ववेद में भी खुली जगह, शुद्ध वायु, शुद्ध जल की बड़ी प्रशंसा इन रोगों के नाश करने के लिये की गई है।

अथर्ववेद में हृद्रोग, पाण्डुरोग, कामला, विष अभिघात इत्यादि प्रायः सभी रोगों का वर्णन बड़े विस्तार से किया गया है। औषधियों के गुण भी खूब लिखे गये हैं। केवल अपामार्ग की ही प्रशंसा में कितने ही मन्त्र हैं। यह सब विषय इस छोटे से भाषण में न आ ही सकता है और न इससे पूर्ण लाभ ही हो सकता है। विद्वानों को स्वयं इसका आलोचन कर इष्ट रत्न निकालना चाहिये और जनता के कल्याणार्थ उनका प्रचार करना चाहिये। अथर्ववेद में रोगों के नाश करने के प्रयोग किस प्रकार के हैं वह केवल उसके एक मन्त्र द्वारा जाने जा सकते हैं।

यदि क्षितायुर्यदिवापरेतो यदि मृत्योरन्तिकं नीत एव।
तमाहरामिनिर्ऋतेरुपस्थादस्पार्शमेनं शत शारदाय॥

भाष्यम्—यदि अयं व्याधिग्रस्तः क्षितायु रोगेण क्षपितायुर्भवेत्.....

यदिवापरेण अस्माल्लोकात्परागतो भवेत्। यदि च मृत्योः वैवस्वतस्य अन्तिकं नीतः नितरां प्राप्त एव भवति। एवं भूतमपि तम् पुरुषं निर्ऋतेः मृत्योः उपस्थात् उपस्थानात् समीपात् आहरामि इमं लोक मानयामि। आहृत्य च एनं शत शारदाय शतसंवत्सर जीवानार्थम् अस्पार्शम् प्रबलं करोमि।

आयुर्वेद का विषय न केवल अथर्ववेद में किन्तु उपनिषदों में भी अनेक स्थानों पर आता है। गर्भोपनिषद् और शारीरोपनिषद् तो आयुर्वेदीय शारीर ही हैं।

दर्शनशास्त्र में भी आयुर्वेद विषय की कमी नहीं है दर्शन शास्त्र का विषय आयुर्वेद में स्थान-स्थान पर आता है। वैशेषिक दर्शन के "तस्माद्धर्म विशेष प्रसूताद्द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष समवायानां पदार्थानां साधर्म्य वैधर्म्याभ्यां तत्वज्ञानान्निश्रेयसाधिगमः" का अक्षरशः अनुवाद चरक-संहिता के ये श्लोक प्रतीत होते हैं—

सामान्यं च विशेषं च गुणान् द्रव्याणि कर्म च।
समवायं च तज्ज्ञात्वा तन्त्रोक्तं विधिमास्थिताः॥
लेभिरे परमं शर्म जीवितञ्चापि निर्गदम्।

विशेषता इतनी ही है कि वैशेषिक दर्शनकार ने केवल ज्ञान द्वारा मोक्ष प्राप्ति बताई है और महर्षि अग्निवेश ने ज्ञान पूर्वक कर्म करने से। सांख्य दर्शन के सूत्र

"सत्व रजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः प्रकृतेर्महान् महतोऽहंकारात्पञ्च तन्मात्राण्युभयमिन्द्रियं तन्मात्रेभ्यः स्थूल भूतानि पुरुष इति पञ्चविंशतिर्गणः" का ही विस्तृत व्याख्यान सुश्रुत और चरक के शारीर प्रथम अध्याय में है।

इसी प्रकार न्याय दर्शन के प्रमाण प्रमेय संशय प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्तावयव तर्कनिर्णय वाद जल्प वितण्डा हेत्वाभासच्छल जाति निग्रहस्थानाख्य पदार्थों का वर्णन भी चरक संहिता विमान स्थान अष्टम अध्याय तथा सुश्रुत संहिता उत्तर तन्त्र पैंसठवें अध्याय में आया है और उन पदार्थों का सम्यग् ज्ञान उन दर्शनों के अध्ययन द्वारा ही हो सकता है जैसा कि महर्षि सुश्रुत लिखते हैं:—यन्न शास्त्र विषयोपपन्नानाद्यार्थानामिहोपविपतितानामर्थवशात्तेषां तद्विद्येभ्य एव व्याख्यानमनु श्रोतव्यम्। कस्मात्? नह्येकस्मिन् शास्त्रे शक्यः सर्व शास्त्राणाव्यवरोधः कर्तुम्।

भवति चात्र

एकं शास्त्रमधीयानो न विद्याच्छास्त्रनिश्चयम्।
तस्माद्बहुश्रुतः शास्त्रं विजानीयाच्चिकित्सकः॥

पुराणों में भी आयुर्वेद का विषय यथेष्ट समाविष्ट है। इसके लिये वायुपुराण, अग्नि पुराण और गरुड़पुराण विशेषतया द्रष्टव्य हैं।

तन्त्र शास्त्र में भी आयुर्वेद की कम सामग्री नहीं है। इन्द्रजाल-विद्या-संग्रह तो आयुर्वेद का ही एक अंश है। वाजीकरण के अपूर्व प्रयोग इसमें हैं। गर्भ-रक्षा का विधान बड़े अच्छे ढंग से लिखा गया है। गर्भस्राव तथा पात की सम्भावना में क्या करना चाहिये इसके सम्बन्ध में इन्द्रजाल-कार कहते हैं।

अकस्मात् प्रथमे मासि गर्भे भवति वेदना।
गोक्षीरैः पाययेत्तुल्यं पद्म केशर चन्दनम्॥

पल मात्रं पिवेन्नारी त्र्यहं गर्भः स्थिरो भवेत् ।
अथवा मधुकं दारु शर वृक्षस्य बीजकम् ॥
सम्पिष्य क्षीर काकोलीं पिवेत्क्षीरैस्तुगो भवैः ।
नीलोत्पलंमृणालं च यष्टिः कर्कट शृंगिका ॥
अश्वत्थ वल्कलं चाथ तिलं कृष्णं शतावरीम् ।
मञ्जिष्ठा सहितां पिष्ट्वा पिवेत् क्षीरैश्चतुर्गुणैः ॥

इसी प्रकार प्रत्येक मास की विधि लिखी गई है। गर्भ की शुष्कता के संबन्ध में लिखा है।

गोक्षीरं शर्करा युक्तं शुष्कगर्भप्रशान्तये ।
पिवेद्वा मधुकं चूर्णं गाम्भारी फल चूर्णकम् ॥
समांशं गव्य दुग्धेन गर्भिणी तत्प्रशान्तये ।

इसी प्रकार, वाजीकरण योग, वन्ध्या चिकित्सा, बाल चिकित्सा, विष चिकित्सा आदि इस ग्रन्थ में लिखी गई हैं। घर से चूहे, सर्प, बिच्छू, मच्छड़, मक्खियाँ और खटमल भगा देने के इस पुस्तक में अनेकों योग हैं उनमें से केवल एक यहाँ पर लिखा जाता है—

मुस्त सिद्धार्थ भल्लात कपि कच्छू फलं गुड़म् ।
चूर्ण भानु फलोपेतं दहेत्सर्ज रसैः समम् ॥
मत्कुणाः मशकाः सर्पाः मूषिकाः विषकीटकाः ।
पलायन्ते गृहं त्यक्त्वा यथा युद्धेऽतिकातराः ॥

भारत कृषि-प्रधान देश है, पर, आजकल कृषि में अनेकों बाधायें आती हैं उनमें से मूसे और टीड्डियों से भी कम हानि नहीं होती। यद्यपि यह विषय आयुर्वेद से सीधा सम्बन्ध नहीं रखता तथापि इससे भिन्न भी नहीं कहा जा सकता। आशा है, आप लोग इसे उपस्थित करने के लिये क्षमा करेंगे। इन्द्रजालकार कहते हैं:—

बालुका श्वेत सिद्धार्थान् प्रक्षिपेत् क्षेत्र मध्यतः ।
शलभाः सर्प कीटाश्च वराह मृग मूषिकाः ॥
मशकास्तत्र नो यान्ति तन्त्र विद्या प्रसादतः ।

अर्थात् बालू और सफेद सरसों खेत में छोड़ देना चाहिये। इससे टीड़ी, सांप, दूसरे प्रकार के कीड़े, सुअर, मृग, और चूहे खेत में नहीं जाते। यद्यपि यह विषय यहाँ पर हास्यास्पद प्रतीत होता है, तथापि सज्जनों को इसका अनुभव अपने यहाँ करना चाहिये। यदि यह प्रयोग ठीक सिद्ध हुआ जैसा कि बहुत कुछ आशा है तो खेती की एक बड़ी आपत्ति दूर हो जायगी। विषयान्तर के लिये क्षमा करें।

आयुर्वेद में वर्णित चिकित्सा भी कितने अंश में हमारे पास बची है इसको भी विचार कर दुःख होता है। शल्यतन्त्र तो पूरा ही राक्षसी चिकित्सा कह कर चिरकाल से वैद्यों द्वारा परित्यक्त है। किन्तु, काय-चिकित्सा के भी एक प्रधान विषय से हम सर्वथा पृथक् हैं। महर्षि अग्निवेश ने लिखा है—

शाखा गताः कोष्ठ गताश्च रोगाः मर्मोर्ध्व सर्वावयवाङ्गजाश्च ।
ये सन्ति तेषां नच कश्चिदन्यो वायोः परं जन्मनि हेतुरस्ति ॥
विण्मूत्र पित्तादि मलाशयानां विक्षेप संहार करः सयस्मात् ।
तस्यापि वृद्धस्य शमाय नान्यद् वस्तेर्विना भेषजमस्ति किञ्चित ॥
तस्माच्चिकित्सार्द्धमिति ब्रुवन्ति सर्वा चिकित्सामपिवस्तिमेके ।

इस प्रकार वस्ति को उन्होंने पूर्ण चिकित्सा बतलाया है, पर, हम उसका भी प्रयोग नहीं कर सकते । हम लोग रस-चिकित्सा की बड़ी डींग मारा करते हैं; पर उसमें भी कितना परिश्रम किया जाता है यह किसी से छिपा नहीं है ।

ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न बहुत शीघ्र उपस्थित होता है कि जब वैद्यों ने आयुर्वेद के एक बड़े अंश को छोड़ ही रक्खा है तो उसे एक दम क्यों न त्याग दिया जाय और उसके स्थान में सर्वगुण सम्पन्न (अपटू-डेट) एलोपैथी चिकित्सा पद्धति अपना ली जाय । इसका सीधा उत्तर तो यही है कि यदि किसी का बाप बुड्ढा हो जाय तो उसे घर से बाहर निकाल देने को तो कोई भी न कहेगा । हाँ, यदि वह मर चुका हो तो अवश्य उसका अन्त्येष्टि संस्कार कर दिया जायगा । किन्तु, यहाँ तो उससे सर्वथा विपरीत परिस्थिति है । यद्यपि १९ वीं शताब्दी में आयुर्वेद ऐसी जीर्ण-शीर्ण दशा में पहुँच गया था कि उसका पुनः आरोग्य होना कठिन प्रतीत होता था । किन्तु, उस समय के प्रतिष्ठित चिकित्सक महर्षि-कल्प स्वनामधन्य पं० शंकर दाजी शास्त्री पदे तथा उनके सहयोगियों ने उसे ऐसे रसायन का सेवन कराना प्रारम्भ किया और उनके अनुयायी पं० जगन्नाथ प्रसाद जी शुक्ल, महामहोपाध्याय कविराज गणनाथ सेन जी सरस्वती, पं० लक्ष्मीराम जी स्वामी तथा पं० यादव जी त्रिकम जी आचार्य आदि सद्वैद्यों ने उसकी इस प्रकार चिकित्सा की कि आज वह पुनः नवजवान सा प्रतीत हो रहा है । स्थान-स्थान पर दातव्य-औषधालय खुल गये हैं । प्रान्तीय कौंसिलों ने उसके लिये अनुकूल व्यवस्था करनी प्रारम्भ कर दी है । कई प्रान्तीय गवर्नमेण्टों ने अपनी ओर से कालेज व स्कूल खोले हैं, जिनके द्वारा आयुर्वेद के उन अङ्गों (शल्य-शालाक्य तथा वस्ति-कर्म आदि) का भी पोषण हो रहा है जिन्हें वैद्य समुदाय एक प्रकार से भूला हुआ था । इससे स्पष्ट प्रतीत होरहा है कि आयुर्वेद का वह ओज नष्ट नहीं हुआ जिसके लिये लिखा है:—

यन्नाशो नियतं नाशो यस्मिंस्तिष्ठति तिष्ठति ।

वही क्यों ! आयुर्वेद में वह अमरत्व शक्ति वर्तमान है जिसके द्वारा आयुर्वेद कभी भी नष्ट नहीं हो सकता । आयुर्वेद की नित्यता के सम्बन्ध में महर्षि अग्निवेश ने लिखा है—

सोऽयमायुर्वेदः शाश्वतो निर्दिश्यतेऽनादित्वात् स्वभाव संसिद्ध लक्षणत्वाच्चावस्थाभाव नित्यत्वाच्च । नहि नाभूत्कदाचिदायुषः सन्तानो नुद्धि सन्तानो वा, शाश्वतमायुषोवेदितो, अनादिमच्च सुखदुःखं स द्रव्यहेतु लक्षणमपरापर योगावेद चार्थं संग्रहो विभाज्यते आयुर्वेद लक्षणमिति । यद् पुनः गुरु लघु शीतोष्ण स्निग्ध रूक्षादीनाञ्चद्रव्हाणां सामान्य विशेषाभ्यां वृद्धि ह्रासौ, यथोक्तं गुरुभिरभ्यस्यमानैर्गुरूणामुपचयो भवत्यपचयो लघूनामेव मेवेतरेषामित्येष भाव स्वभावो नित्यः, स्व स्व लक्षणञ्च द्रव्याणां पृथिव्यादीनाम्, सन्ति तु द्रव्याणि गुणाश्च नित्यानित्याः ।

वाग्भट ने प्रारम्भ से ही आयुर्वेद का नित्यत्व स्थापित किया है । वे कहते हैं:—

ब्रह्मा स्मृत्वायुषोवेदं प्रजापतिमजिग्रहत् ।

अर्थात् ब्रह्मा ने आयुर्वेद का स्मरण कर प्रजापति को पढ़ाया। यहाँ पर स्मरण शब्द का प्रयोग उन्होंने किया है। स्मरण शब्द का अर्थ भूतार्थ विज्ञान लिखा है इसी को दूसरे शब्दों में ज्ञात-विषय का ज्ञान कहते हैं। इस प्रकार यद्यपि आयुर्वेद का आगमन ब्रह्मदेव से हुआ तथापि उन्होंने उसे बनाया नहीं; किन्तु उसका स्मरण कर प्रजापति को पढ़ाया। इसलिये आयुर्वेद की नित्यता नष्ट नहीं होती।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखने से तो पता भी नहीं चलता कि आयुर्वेद का अवतरण संसार में कब हुआ। चरक संहिता के प्रत्येक अध्याय के समाप्ति सूचक वचन "अग्निवेशकृते तन्त्रे चरक प्रति संस्कृते" से यह सिद्ध है कि इस ग्रन्थ को अग्निवेश ने बनाया और चरक ने इसका प्रतिसंस्कार किया। यह चरक कौन थे? इस विषय में एक प्राचीन श्लोक कहा करते हैं:—

योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।
योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिम्प्राञ्जलिरानतोऽस्मि॥

इससे यह सिद्ध करते हैं कि यह चरक पतञ्जलि ही थे दूसरे कोई नहीं। इन महर्षि पतञ्जलि का समय ईसा से १५० वर्ष बाद का बतलाते हैं। पर, मूल ग्रन्थकर्ता कब हुए इस का पता लगना कठिन ही नहीं असम्भव है। और, उसी चरक संहिता में लिखा है:—

दाहे धान्वन्तरीयाणामग्रापि भिषजां बलम्।
गुल्म चिकित्सा।
इदं तु शल्य हर्तृणां कर्मस्याद् दृष्टकर्मणाम्।
उदर चिकित्सा।
तैःशर्करा प्रच्यवतेऽश्मरीतु शाम्येन्नचेच्छल्य विदुद्धरेत्ताम्।

चरक संहिता काय-चिकित्सा का प्रधान ग्रन्थ है। इसमें शल्य चिकित्सा का वर्णन बहुत ही कम है और अश्मरी का Operation तो और भी कठिन है। अतः पूर्ण निश्चय होता है कि चरक-संहिता के निर्माण काल से पहिले ही भारत में Surgery का पूरा Development हो चुका था। इससे आयुर्वेद की प्राचीनता पर तो कोई सन्देह नहीं कर सकता। साथ ही साथ उसका औषध-भण्डार तो इतना विशाल, इतना गम्भीर और इतना सुलभ है कि कोई भी चिकित्सा पद्धति उसका मुकाबला नहीं कर सकती। और, इन सब बातों से बढ़कर है आयुर्वेद की दोषानुसारिणी चिकित्सा-पद्धति। आयुर्वेद में रोगों का विभाग ऐसे ढंग से किया गया है कि कोई भी रोग उससे बाहर नहीं रह सकता। परम कुशल वाग्भट जी ने अपने अष्टाङ्ग हृदय में लिखा है :—

नानारूपैरसंख्येयैर्विकारैः कुपिता मलाः।
तापयन्ति ततुन्तस्मात्तद्धेत्वाकृति साधनम्॥
शक्यं नैकैकशो वक्तुमतः सामान्यमुच्यते।
दोषा एव हि सर्वेषां रोगाणामेक कारणम्॥
यथा पक्षी परिपतन् सर्वतः सर्वमप्यहः।
छायामत्येति नात्मीयां यथा वाकुल्लमप्यदः॥
विकार जातं विविधं त्रीन् गुणाजाति वर्तते।

तथा खधातु वैषम्य निमित्तमपि सर्वदा ॥
विकार जातं त्रीन् दोषान्,

तथा च,

विकार नामा कुशलो न जिहीयात्कदाचन ।
नहि सर्व विकाराणां नामतोऽस्ति ध्रुवास्थितिः ॥
स एव कुपितोदोषः समुत्थान विशेषतः ।
स्थानान्तराणि च प्राप्य विकारान् कुरुते बहून् ॥
तस्माद्विकार प्रकृतीरविज्ञानान्तराणि च ।
बुबुध्याहेतु विशेषांश्च शीघ्रं कुर्यादुपक्रमम् ॥

इस प्रकार वाग्भट जी ने यह बतलाया है कि कोई भी रोग दोष वैषम्य के बिना नहीं हो सकता। औद्र रोग का निश्चित नाम न जानने पर भी वैद्य को लज्जित होने की आवश्यकता नहीं। एक ही दोष भिन्न-भिन्न कारणों से कुपित हो भिन्न-भिन्न अवयवों में पहुँच कर अनेक रोग उत्पन्न कर देता है। इसलिये रोग के कारण (दोष), उसके आश्रय तथा दोष कुपित करने वाले कारण का निश्चय कर चिकित्सा करनी चाहिये। दोष-विशेष के ज्ञान के लिये महर्षि अग्निवेश ने महारोगाध्याय में "अशीतिर्वातविकाराश्चत्वारिंशत् पित्तविकाराः विंशतिः श्लेष्म-विकाराः" लिखकर उनको अलग अलग गिना दिया है तथा "नख भेदश्च, विपादिका च पाद शूलञ्जन्यादि।

इसके अनन्तर उन्होंने लिखा है "वात-विकाराणामपरिसंख्येयानामाविष्कृततमाव्या-ख्यातः। सर्वेषु खल्वेतेषुवातविकारेषु अन्येषु चानुक्तेषु वायोरिदमात्मरूपमपरिणामि कर्मणश्च स्वलक्षणं यदुपलभ्य तदवयवं वा विमुक्त सन्देहा वात विकारमेवाध्यवस्यन्ति कुशलाः। तद्यथा— रौक्ष्यं खाघवं वैशद्यं शैत्यं गतिरमूर्तत्वञ्चेति वायोरात्म रूपाणि। एवं विधत्वाच्च कर्मणश्च स्वल-क्षणमिदमस्य भवति। तं तं शरीरा वयवमाविशतः स्रंस भ्रंश व्यासाङ्ग भेद साद हर्ष तर्षावर्त मर्द कम्प चाल तोद स्वभ वेष्ट भङ्गास्तथा खर परुष विशद सुषिरतारुणकषाय विरसता शोष शूल सुप्ति सङ्कुचन स्तम्भनानि वायोः कर्माणि तैरन्वितं वात-विकारमेवाध्यवस्येत् ॥

अर्थात् अपरिसंख्येय वात विकारों में से जिनका भली भाँति अनुगम किया जा चुका है उन्हीं का वर्णन किया गया है। इन रोगों में तथा जो नहीं कहे गये उनमें भी वायु का यह स्वाभाविक रूप तथा उसके कर्म का स्वाभाविक लक्षण रहता है जिसकी पूर्णता अथवा कुछ अवयवों को ही देखकर कुशल पुरुष सन्देह-रहित होकर वात विकार ही निश्चित करते हैं। वह लक्षण —रूक्षता, लघुता, वैशद्य, शैत्य, गति और अमूर्तत्व हैं। इन लक्षणों से युक्त होने के कारण शरीर के जिस अवयव में वायु का प्रवेश होता है उसमें स्रंस, भ्रंश, खरदरापन, कठोरता इत्यादि लक्षण उत्पन्न होते हैं इन लक्षणों से युक्त होने पर वातरोग ही निश्चित करना चाहिये।

इसी प्रकार, पित्त और कफ के भी निश्चित लक्षण बतलाये गये हैं जिन के द्वारा पित्त और कफ का ही निश्चय होता है।

यद्यपि चिकित्सा में तूष्य, देश, बल, काल, आदि अन्य अनेक बातें विचारणीय होती हैं तथापि आयुर्वेदीय चिकित्सारूप विशाल देव-मन्दिर की भित्ति वात, पित्त, कफ की ही

नींव पर रक्खी हुई है। वे गर्भ के ही समय से सदैव शरीर में विद्यमान रहते हैं जैसा कि वाग्भट ने लिखा है।

वायुः पित्तं कफश्चेति त्रयो दोषाः समासतः।
विकृताऽविकृता देहं घ्नन्ति ते वर्तयन्ति च॥
शुक्रार्तवस्थैर्जन्मादौ विषेणेव विषक्रियैः।
तैश्च तिस्रः प्रकृतयो हीन मध्यमोत्तमाः पृथक्॥

वही दोष विकृत होकर रोग के उत्पादक हो जाते हैं। यथा चाग्निवेशः—

दोषाः पुनरुक्तयो वातपित्तश्लेष्माणस्तेप्रकृति भूताः शरीरोपकारका भवन्ति विकृतिमापन्नाः खलु नाना विधैर्विकारैः शरीरमुपतापयन्ति।

अन्यच

य एव देहस्य समा विवृद्धये
त एव दोषा विषमा वधाय।
यस्मादतस्तेहित चर्ययैव,
क्षयाद्विवृद्धेरिव रक्षणीयाः॥

इस प्रकार शारीरिक रोगों के विकृत वात पित्त कफ ही कारण होते हैं। यद्यपि पाश्चात्य विज्ञान के चकाचौंध से विभ्रान्ताक्ष बहुत से सज्जन हमारे इस वात, पित्त, कफ के सिद्धान्त को सुन कर हँस देते हैं तथापि सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर उन्हें मानना पड़ेगा कि वास्तव में उनके जीवाणु वाद की अपेक्षा आयुर्वेद का त्रिधातु सिद्धान्त बहुत ऊँचा है। उनका जीवाणु विज्ञान महर्षियों को ज्ञात न हो यह बात नहीं है वे त्रैलोक्य निखिल ज्ञानशाली थे। उन्होंने जीवाणुओं का जो वर्णन किया है वह अति संक्षिप्त होने पर भी आजकल के विद्वान से बहुत कुछ मिलता जुलता है। अथर्ववेद के कुछ मन्त्र में कहे जा चुके हैं। अतः, उन्हें दुहरा कर आपका समय नष्ट न करूँगा। आयुर्वेद में जो कुछ वर्णित है उसी का दिग्दर्शन कराना उपयुक्त होगा। वर्तमान विज्ञान Micro-Organism को आकृति भेद से तीन प्रकार का मानता है अर्थात् Cocci अर्थात् वृत्त, Bacillus अर्थात् सीधे और Sparilla अर्थात् वक्र। महर्षि अग्निवेश लिखते हैं—शोणितजानां कृमीः समान समुत्थानं स्थानं रक्तवाहिन्यो धमन्यः संस्थानमणवो वृत्ताश्चापादाश्च सूक्ष्मत्वाच्चैके भवन्त्यदर्शनाः। तथाच श्लेष्मजाः क्षीर गुड़·····समुत्थानास्तेषां·····संस्थान वर्ण विशेषास्तुश्वेताः पृथुश्चन संस्थानाः केचित्, केचिद्वृत्त परिणाहाः गण्डूपदाकृतयश्चश्वेतास्ताम्रावभासाः केचिदणवोदीर्घास्तन्वाकृतयः.....। तथाच

पुरीषजास्तुल्य समुत्थानाः श्लेष्मजैस्तेषां····संस्थान वर्ण विशेषास्तु सूक्ष्मवृत्त परीणाहाः श्वेतादीर्घोर्णामुख संकाशाः इत्यादि।

इस प्रकार क्रिमियों को वृत्त तथा सीधे उन्होंने भी बतलाया है और वक्राकृति भी इन्हीं दोनों को मिल कर बनती है। अतः, उसे न वर्णन करने से कोई त्रुटि नहीं पड़ती।

विज्ञान वेत्ता Amoeba को Dysentery का कारण मानते हैं। आयुर्वेद में भी पुरीषजन्य क्रिमि द्वारा अतीसार उत्पन्न होना बताया गया है—यथा पुरीषजानां प्रभावः-पुरीष भेदः कार्श्य पारुष्यमित्यादि। तथाच—

जलाभिरमणैर्वेग विघातैः क्रिमि दोषतः ।

नृणाम्भवत्यतीसारः

विज्ञान Tuberculer Bacillus को राजयक्ष्मा का कारण बताता है। आयुर्वेद भी श्लेष्म जन्य क्रिमियों का कार्य लगभग वही बतलाता है।

तद्यथा—अन्त्रादा उदरावेष्टा हृदयादामहागुदाः ।
चुरोदर्भकुसुमाः सुगन्धास्ते च कुर्वते ॥
हृल्लासमास्यस्रवणमविपाकमरोचकम् ।
मूर्छाच्छर्दिज्वरानाहकार्श्यक्षवथुपीनसान् ॥

यह सभी लक्षण प्रायः राजयक्ष्मा में मिलते हैं।

Bacillus smegma और B. Laproe कुष्ठ के कारण हैं वहाँ भी—

केशादारोमविध्वंसारोमद्वीपा उदुम्बराः ।
षट् ते कुष्ठैककर्माणः सहसौरसमातरः ॥

आयुर्वेद में हृदयाद, अन्त्राद और उदराद नाम दिये गये हैं। पाश्चात्य विज्ञान के अनुसार भी Sprio Cheta Pallida or Triconema Pallidum और Strepto coccus Rheumalicus नामक जीवाणु हृत्कपाटों से अधिक प्रेम करते हैं तथा Hook worm और Tuberculer bacillus आँतों को चुन लेते हैं। इसी प्रकार अनुसन्धान करने पर और भी समानतायें मिल सकेंगी।

किन्तु आयुर्वेद केवल क्रिमियों या जीवाणुओं को रोग का कारण नहीं मानता। और पाश्चात्य विज्ञान के अनुसार भी जीवाणु शरीर में प्रविष्ट होते ही रोग उत्पन्न नहीं कर देते, किन्तु अनुकूल अवसर पाने पर ही रोग को उत्पन्न करते हैं। अतएव आयुर्वेद ने जीवाणुओं को प्रधान कारण न मान, जिसके द्वारा उन्हें अनुकूल अवसर प्राप्त होता है उसे ही रोग का कारण माना है। वह है वात, पित्त, कफ का वैषम्य। उसका ठीक-ठीक निश्चय कर लेने पर ही चिकित्सा की जाती है और फलदायिनी होती है। जहाँ अन्य चिकित्सकों को अनेक प्रकार के उपकरणों और बड़ी-बड़ी प्रयोगशालाओं (Laboratories) की आवश्यकता होती है और जिनके अभाव में अधिक संख्या में वे अटकलपच्चू ही दवा देते रहते हैं। वहाँ आयुर्वेदज्ञ दोषों के लक्षण मिला कर चिकित्सा प्रारम्भ कर देते हैं और प्रायः सफल होते हैं जिसका कि प्रमाण प्लेग, इन्फ्लुएंजा, दण्डक ज्वर आदि में मिल चुका है। यही कारण है कि आयुर्वेद इन अनेक चिकित्साओं के चकाचौंध के युग में भी न केवल जीवित है अपितु भारतीय जनता के लिये हर प्रकार से उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अतएव भारतीय कर्मवीरों ने उसके चिर परित्यक्त शल्य-तन्त्र रूपी अङ्ग को भी पुनः पुष्ट करने का आयोजन किया है। और युक्तप्रान्त इस विषय में सबसे आगे है। युक्तप्रान्त के सद्वैद्यों के सतत प्रयत्न तथा नेताओं की हार्दिक सहानुभूति व परिश्रम का ही यह फल है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयुर्वेद कालेज और ऋषिकुल हरिद्वार में आयुर्वेद स्कूल स्थापित हो गये हैं और, दोनों स्थानों में आयुर्वेद के साथ-साथ शल्य चिकित्सा (Surgery) के शिक्षण की भी व्यवस्था हो गई है और जिस शवच्छेद (Dissection) के लिये महर्षि सुश्रुत को निर्जन नदी का किनारा ढूँढना पड़ा था जैसा कि उन्होंने लिखा है—

'तस्मात्समस्त गात्रमविषोपहतमदीर्घं व्याधि पीडितमवर्षं शतकं निःसृष्टान्त पुरीषं पुरुषमवहन्त्यामापगायां निवद्धं पञ्जरस्थं मुञ्च वल्कल कुश शणादीनामन्यतमेनावेष्टितं गम प्रकाशे देशे कोशयेत्। सम्यक् प्रकुथितं चोद्धृत्य ततोदेहं सप्त रात्रादुत्तीरवाक वेणु वल्कल कृचीनामन्य तमेन शनैः शनैरव धर्षयंस्त्वगादीन् सर्वानेव वाह्याभ्यन्तराङ्ग प्रत्यङ्ग विशेषान् यथोक्तान् लक्षयेच्चक्षुषा।' उसके लिये आज विशाल भवन बन गये हैं और उनमें सैकड़ों छात्र बिना किसी कष्ट के शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और आशा ही नहीं निश्चय है कि थोड़े ही समय के अनन्तर इन संस्थाओं के ज्ञातक शल्य चिकित्सा के लिये भी परमुखा-पेक्षी न रहेंगे। किन्तु इससे यह न समझ लेना चाहिये कि इतने ही वैद्यों अथवा आयुर्वेदानुरागियों का कर्तव्य समाप्त हो जाता है। अभी जिस ओर देखिये उसी ओर विशाल कार्य क्षेत्र पड़ा हुआ है। अतः उनको पूर्ण उन्नत बनाने के लिये अभी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। और उनमें जो कुछ नव्य विज्ञान की शिक्षा दी जा रही है उतनी ही को पर्य्याप्त मानकर सन्तोष न कर लेना चाहिये और न यही समझ लेना चाहिये कि नव्य विज्ञान ने जितना अन्वेषण कर डाला है वह सबका सब प्राचीन ग्रन्थों में विद्यमान है। प्राचीन ग्रन्थों में सूत्र रूप से सब विषय भले ही विद्यमान हों पर नवीन आविष्कारकों ने जितनी खोज की है और जितनी विस्तृत व्याख्या प्रत्येक विषय पर उन्होंने कर डाली है उसका जब तक उन्हीं से भली भाँति अध्ययन न किया जायगा तब तक पूर्ण ज्ञान नहीं पा सकता। और उसके लिये संकोच या लज्जा की भी कोई बात नहीं हैं। परमात्मा को छोड़कर कोई भी सर्वज्ञ नहीं और ज्ञान अनन्त है। उसका जहाँ तक हो सके उपार्जन करना चाहिये। जैसा कि महर्षि अग्निवेश ने कहा है—

न चैव ह्यस्ति आयुर्वेदस्य पारम्, तस्माद् प्रमत्तः शश्वदभियोगमस्मिन् गच्छेत्। तदेवं कार्यमेवं भूयस्य प्रवृत्तस्य सौष्ठवम् अनसूयता परेभ्योप्यागमधितव्यम्। कृत्स्नो हि लोको बुद्धिमतामाचार्याः शत्रुश्चा बुद्धिमतामेतज्ञाभिसमीक्ष्य बुद्धिमता अभिन्नस्यापि धन्यं यशस्यमायुष्यं पौष्टिकं लौकिकमन्युपदिशतो वचः श्रोतव्यमनुविधातव्यञ्च।

आयुर्वेद को विशेष व्यापक तथा उपयोगी बनाने के लिये आवश्यक है कि भिन्न-भिन्न भाषाओं में उसके अनुवाद किये जाँय। न केवल यू० पी० ही की किन्तु समस्त देश की राष्ट्र भाषा हिन्दी मान ली गई है, पर, मौलिक ग्रन्थों की कौन कहे प्राचीन ग्रन्थों के शुद्ध अनुवाद भी बहुत ही कम मिलते हैं। इस ओर वैद्यों को ध्यान देने की बड़ी आवश्यकता है।

हर्ष का विषय है कि पाश्चात्य विज्ञान की पुस्तकें हिन्दी में अधिकाधिक संख्या में और बड़े सुन्दर ढंग से निकल रही हैं। इसके लिये डा० त्रिलोकी नाथ जी वर्मा की "हमारे शरीर की रचना" डा० आत्मानन्द जी का "व्याधि-विज्ञान", डा० भास्कर गोविन्द घाणेकर जी का "विकृत विज्ञान", डा० मुकुन्द स्वरूप जी वर्मा के "स्वास्थ्य विज्ञान" और "शल्य विज्ञान" के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। "स्वास्थ्य विज्ञान" तो इतना उत्तम निकला है कि, उसके लेखक को हिन्दी का सर्वोच्च पुरस्कार "मंगला प्रसाद पारितोषिक" प्राप्त हुआ है। हम ऐसे सभी लेखकों को बधाई देते हैं और वैद्य समुदाय से निवेदन करते हैं कि वह भी अपनी ओर से पारितोषिक निश्चित कर आयुर्वेद का भण्डार बढ़ाने वाले महाशयों को प्रोत्साहन दे। वैद्यों तथा आयुर्वेदीय छात्रों को व्यक्ति गत रूप से इन ग्रन्थों का अध्ययन कर ज्ञानवृद्धि करना चाहिये। साथ ही वैद्यों को स्वयं भी कुछ समय दे हिंदी में उच्च कोटि की पुस्तकें लिखकर आयुर्वेद का गौरव बढ़ाना चाहिये।

प्राचीन ग्रन्थों के संशोधन की भी कुछ कम आवश्यकता नहीं है। कितने ही स्थलों पर लेखक के प्रमाद या मुद्रण दोष से अनेक अशुद्धियाँ आ गई हैं और वे बड़ा भ्रम उत्पन्न कर देती हैं। उदाहरणार्थ चरक-संहिता स्रोतो विमान में लिखा है सूत्र वहानां स्रोतसां वस्ति-मूलं वंक्षणौ च। वास्तव में "वंक्षणौ च" के स्थान में "वृक्कौ च" होना चाहिये क्योंकि वंक्षणों से मूत्र व स्रोतस से कोई भी सम्बन्ध नहीं है और वृक्कों से वस्ति में मूत्र का आना प्रत्यक्ष देखा जाता है जैसा कि श्रीयुत कविराज हाराणचन्द्र जी ने भी "मूत्र वहे द्वेतयोर्मूलं वस्तिर्मे-वृक्क" इसकी टीका "मूत्र वहेद्वेवृक्कतः प्रभृत एव" लिखते हुए स्वीकार किया है। इसी प्रकार सुश्रुत का वस्ति वर्णन भी बहुत ही सन्देहात्मक हो गया है। और यह अशुद्धि इतनी पुरानी है कि डल्हण ने त्रिमर्मीय सिद्धि में लगभग सुश्रुत के वर्तमान पाठ का ही अनुवाद कर दिया है। पर विषय बहुत बढ़ जाने के भय से उसकी विस्तृत व्याख्या यहाँ करना उचित नहीं प्रतीत होता। अस्थि गणना के सम्बन्ध में भी बड़ा ही भ्रम है। चरक और सुश्रुत का संख्या भेद यद्यपि गणना प्रकार भेद द्वारा समर्थन कर दिया जाता है पर सुश्रुत की भिन्न भिन्न प्रतियों में भी पाठ भेद है। निर्णय सागर द्वारा प्रकाशित पुस्तक में कुछ पाठ है और श्रीयुत कविराज हाराणचन्द्र जी द्वारा प्रकाशित पुस्तक में कुछ। और, प्रत्यक्ष दर्शन द्वारा वह दोनों ही नहीं मिलते। चरक में क्षीर वृक्षों में "स्नुह्यर्काश्वान्तकाः" पाठ होना चाहिये। अश्वान्तक का अर्थ है कनैर। पर लगभग सभी पुस्तकों में 'स्नुह्यर्काश्मन्तकाः" पाठ छपा है। अश्मन्तक का अर्थ पाषाणभेद अथवा काञ्चनार सदृश पत्रशाला अम्लछोट नामक वृक्ष होता है। इन दोनों में से एक भी यहाँ संगत नहीं है।

खनिज तथा वानस्पतिक द्रव्यों का भी अभी बहुत कुछ अनुसन्धान करना है।

भिन्न-भिन्न डिस्ट्रिक्ट—बोर्डों तथा म्यूनिसपल बोर्डों ने यद्यपि कुछ आयुर्वेदीय औष-धालय खोले हैं तथापि वे बहुत ही थोड़ी संख्या में हैं। इनकी संख्या बढ़ाने का प्रयत्न होना चाहिये और उनमें योग्य वैद्य ही नियुक्त करना चाहिये। बहुत से सज्जन संकोच वश साधारण लोगों को बड़ी-बड़ी उपाधियाँ दे देते हैं। और कुछ ऐसी नकली संस्थायें भी चल रही हैं जो बिना ठीक-ठीक परीक्षा लिये ही बड़ी-बड़ी उपाधियाँ पैसे के लालच से दे देती हैं। ऐसी संस्थाओं को बन्द करने का यथेष्ट प्रयत्न होना चाहिये। और अखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद विद्यापीठ तथा Indian Medicine Board द्वारा स्वीकृत परीक्षोत्तीर्ण ही नवीन वैद्य को प्रोत्साहन के योग्य समझना चाहिये। और योग्य वैद्य तैयार करने के लिये योग्य छात्रों को अच्छी छात्रवृत्तियाँ देकर उच्च संस्थाओं में पढ़ने के लिये भेजना चाहिये।

वैद्यों के रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि श्रीयुत गुप्त जी इसके सुधार की ही प्रतिज्ञा कर इस वर्ष बोर्ड में गये हैं।

सबसे अधिक आवश्यकता है स्वस्थवृत्त, सद्वृत्त और सरल चिकित्सा के प्रचार की। महर्षियों ने आयुर्वेद का प्रकाश केवल स्वार्थ-सिद्धि या धनोपार्जन के लिये नहीं किया है। महर्षि अग्निवेश के ये वचन वैद्यों को सदा स्मरण रखना चाहिये—

धर्मार्थं चार्थ कामार्थमायुर्वेदो महर्षिभिः।
प्रकाशितो धर्मपरैरिच्छद्भिः स्थानमक्षरम्॥
नात्मार्थं नापि कामार्थमथभूत दयां प्रति।

वर्ततेयश्चिकित्सायां स सर्वमति वर्तते ॥
कुर्वते ये तु वृत्यर्थं चिकित्सापण्य विक्रयम् ।
ते हित्वा काञ्चनं राशिं पांशु राशिमुपासते ॥
दारुणैः कृष्यमाणा नांगदै र्वैवस्वतः क्षयम् ।
छित्वा वैवस्वतान् पाशान् जीवितं च प्रयच्छति ॥
धर्मार्थं सदृशस्तस्य दातानेहोपपद्यते ।
न हि जीवित दानाद्धि दानमन्यद्विशिष्यते ॥
परो भूत दया धर्म इति मत्वा चिकित्सया ।
वर्ततेयः ससिद्धार्थः ससर्वमतिवर्तते ॥

हेमाद्रि ने चतुर्वग चिन्तामणि के दान-खण्ड में औषध-दान के बराबर कोई दान नहीं बतलाया । वे कहते हैं—

तत्रारोग्यदानं तावदुच्यते यदाह विश्वामित्रः—

आरोग्य दानात्परमं न दानं विद्यते कचित् ।
अतोदेयं रुजार्तानामारोग्यं भाग्य वृद्धये ॥
औषधं पथ्यमाहारं तैलाभ्यंगं प्रतिश्रयम् ।
यः प्रयच्छतिरोगिभ्यः सभवेद्व्याधिवर्जितः ॥

तथा च संवर्तः—

औषधं स्नेहमाहारं रोगिणां रोग शान्तये ।
ददानो रोग रहितः सुखी दीर्घायुरेवच ॥

तथा च अगस्त्यः—

अन्नौषध प्रदातारः सुखं यान्ति निरामयाः ।

तथाच नन्दिपुराणे—

अन्नदानं यो नरोदद्या दक्ष्णोर्व्याधि निवृत्तये ।
विप्राय स पुमान् याति सूर्य लोकं महामतिः ॥
आरोग्य नयनो दिव्यः सुभगो जायते नरः ।

आरोग्य शाला (Hospital) स्थापना की महिमा तो बहुत ही विस्तार से उन्होंने लिखी है । उसका केवल एक अंश आप लोगों के सम्मुख उपस्थित करता हूँ ।

स्कन्द पुराणे—

आरोग्यशालां यः कुर्यान्महा वैद्य पुरस्कृताम् ।
सर्वोपकरणोपेतां तस्य पुण्य फलं शृणु ॥
धर्मार्थ-काम-मोक्षाणामारोग्यं साधनं यतः ।
तस्मादारोग्य दानेन तदत्तं स्याच्चतुष्टयम् ॥
अथैकमार्तं विद्वांसं स्वस्थी कृत्य प्रयत्नतः ।
प्राप्नोति सुमहत्पुण्यमनन्तं क्षय वर्जितम् ॥

ज्ञान-योगरतं शान्तं रोगार्त शिव योगिनम् ।
यः स्वस्थं कुरुते सोऽपि सर्व दान फलं लभेत् ॥
ब्रह्म-क्षत्रिय-विट-शूद्रान् रोगार्तान् परिपाल्यच ।
यत्पुण्यं महादाप्नोति नतत्सर्वैर्मखैः ॥
आकाशस्य यथानान्तः सुरैरप्युपलभ्यते ।
तद्वादारोग्य दानस्य नान्तो वै विद्यते क्वचित् ॥
तस्माद्भोगापवर्गार्थं रोगार्तं समुपाचरेत् ।
विशेषेण तु योगीन्द्रमेवं धर्मः प्रवर्तते ॥
रोगिणो नो द्विजेत् प्राज्ञो दुर्बलानपि सर्वदा ।
तान्न्य सेद्गुरुवन्नित्यमेवं धर्मः प्रवर्तते ॥

औषध-दान और रोगि-शुश्रूषा के इतने बड़े महत्व को जानकर कौन ऐसा विचार-हीन होगा जो अपने कर्तव्य पालन से विमुख होगा।

यह सम्मेलन उस पवित्र क्षेत्र नैमिषारण्य के समीप की भूमि में सम्पन्न हो रहा है जहाँ से श्री व्यास जी तथा उनके प्रधान-शिष्य सूत जी ने अट्ठासी सहस्र ऋषियों को पुराणों द्वारा उपदेश देकर धर्म का स्रोत बहा दिया था।

आइये, इस सम्मेलन के द्वारा आयुर्वेद की एक ऐसी लहर लहरा दें जिससे कि केवल यू० पी० या भारत क्या समस्त संसार में एक भी ऐसा दृष्टान्त न मिले जिसमें कि कोई मानव-सन्तान बिना चिकित्सा या शुश्रूषा के कष्ट पाता हुआ अकाल मृत्यु का कवल बना हो। जैसा कि, वाग्भट ने लिखा है—

रस बन्ध एव धन्यः प्रारम्भे यस्य सततमिति करणा ।
सिद्धेरसे करिष्ये महीमहं निर्जरा मरणाम् ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

मध्यप्रान्त

मध्यप्रान्तीयायुर्वेद सम्मेलनस्य द्वितीयाधिवेशन-सभापतेः—
साहित्याचार्य, विद्यावाचस्पति, विद्यावारिधि-विद्याभूषण, वैद्यभूषण
कविराजोपाधि भूषितस्य

श्री शालग्राम शास्त्रिणो

जीवन वृत्तान्तम्

(लेखकः— साहित्यरत्न पं० भगीरथ प्रसाद जी दीक्षित, रिसर्च स्कालर)

भाष्यान्तं पणिनात्मजीयभणितं नागेशगर्गार्भिनुतं
काणादं च विनीय गौतममथो पातञ्जलं कापिलम् ।
ते श्रद्धैकघना जयन्ति भगवत्पूज्येऽनिशं शङ्करे
यैराकारि किलत्रयीरिपुवने शार्दूलविक्रीडितम् ॥

त एते विद्वन्मौलयः पुण्यचरिताः १९४२ तमे वैक्रमेवत्सरे तपसि बरेलीत्यभिधायां पुरि जनिमलभन्त । पण्डितप्रवराः श्रीपोशाकीलाल महोदया आचार्यवर्य्याणां पूज्यपितरो दैवज्ञा आसन्; गुण्याः पितामहमहोदया पीयूषपाणिभिषजः; पितृव्याश्च लब्धप्रतिष्ठा डाक्टर पदभाजः । अधिकं तु आचार्यवर्याः

वासिष्ठानां सनाढ्यानां त्रिवेदी विदुषां कुले ।
बरेलीनगरे जाताः श्रीलक्ष्मण पुरस्थिताः ॥

पूर्वेतिवृत्तम्

भगवतो योगीश्वर श्रीकृष्णस्य विलासस्थली व्रजभूमिरासीद् रङ्गस्थली पूर्वपुरुषाणामाचार्यमहाभागानाम् । एतेषामन्ववाये अनाद्यं शास्त्रपाटवम् अदभ्यं च शस्त्रपाटवं अविच्छिन्नपरम्परामवाप । इत्युभयगुणवैशिष्ट्यात् ते सौख्यं समृद्धिं च महीपत्यनुकंपया सुतरां प्रपेदिरे । एकदा स तेषां वदान्यो राजन्यस्तदानीन्तनस्य यवनाऽधिपस्य नियोगात् सैन्यपेनाऽभिघातः । मध्य एव राजसाहाय्यमन्तरेण अमीभिर्वीरविप्रैः ससैन्यपा यवनसेनाऽवमानिता, युद्धाय साक्षेपमाहूता पराजिता च । इत्थं पराभवेन मानभङ्गेन क्रुद्धक्रोधो यवनाऽधिपो भीमेन बलेन पुनराक्रम्य तां द्विजवसतिं समूलमुन्मूल्य, ग्रामजनांश्च रौद्रं हत्वा, समग्रं विप्रवैभवं स्वकोपानले जुहाव ।

श्रीमान् राजवैद्य पं. शालग्रामजी शास्त्री साहित्याचार्य **लखनऊ**।
अध्यक्ष—मध्यप्रान्तीय २ वैद्यसंमेलन **नागपुर** (सन १९३२)।

तेषां सनाढ्यद्विजन्मनामग्यतमः श्रीहजुमान् तिवारी बदरिकाश्रमतः परावर्तनकाले दुर्वृत्त मिदं शुश्राव। तस्मात्मध्येमार्गमेव सपरिजनः स्वीयां वसतिं चकार। तदेव स्थानमेतर्हि बरेली रूपे जागर्ति। इहापि तेषां सनाढ्यद्विजानां सहजं शास्त्रशास्त्रप्रावीण्यं न विलुलुम्प, अपि तु अधिवंशपरम्परमनुस्यूतम्। तद्वंशजा लक्ष्मीनारायणाप्रभृतयो विद्वांसः पदातय एव वाराणसीं गत्वा नाना शास्त्राण्यधीत्य नदियापर्यन्तं पण्डितमण्डलं स्वशास्त्रविमर्शनेन नमयाम्बभूवुः। अद्यापि बरेलीनगरे आचार्यमहोदयानां जनिभूमिभूता सा प्रतोली 'तिवारी मुहल्ला' इति 'छोटी काशी' इति चाऽभ्वर्या संज्ञां भजते।

अध्ययनाऽध्यापनकालः

आचार्यमहाभागाः प्रथमे वयसि व्याकरण काव्यन्यायादीन् स्वजन्मभूमावेवाऽध्यैयत। अनन्तरं पीलीभीतमण्डले श्रीत्रिवेणीप्रसाद शास्त्रिभ्यः सशेखरं कौस्तुभं भाष्यं च समधिगम्य परीक्षां दित्सवो लखपुरं गताः। तत्र विश्वविद्यालयस्य शास्त्रिपरीक्षामुत्तीर्य तत्रत्ये डी० ए० वी० महाविद्यालये अध्यापनं प्रारभन्त। ततस्ते ज्वालापुरीय महाविद्यालयेऽपि कंचन कालं छात्रवर्गमशिक्षयन्। अत ऊर्ध्वं कांगड़ी प्रदेशस्थगुरुकुले दर्शनादीन् वर्षषट्कं साध्यवसादध्यापयन्। पश्चाद् ऋषिकुलप्रधानाध्यापकपदमपि तैश्चिरं मान्यतां नीतम्। इह मध्येऽध्यापनकालमेव ते वाराणसेयकीन्सकालेजतः साहित्ये आचार्यपदवीमामुवन्।

पण्डितमण्डितां वाराणसीमधिवसन्त एते निःशेषशास्त्रनिष्णाताना गङ्गाधरकल्पानां महामहोपाध्याय श्रीगङ्गाधरशास्त्रि C. I. E. महोदयानां सविधे साहिती देवतामलमाश्रन्। अद्वैतसिद्धि—व्युत्पत्तिवादप्रभृतीश्च चक्रुर्तिचर्चितचरणयुगलेभ्यो भारतपण्डितमूर्धन्येभ्यो महामहोपाध्याय श्रीशिवकुमारशास्त्रिपादेभ्यः सुचिरं विमर्शपथमनैषुः। आचार्यमहोदयान्प्रति पूज्यशास्त्रिपादा असाधारण्येन कृपापूर्णहृदया आसन्। प्रातः स्मरणीय पादेभ्यः सर्वं तन्त्रस्वतन्त्रेभ्यः श्रीकाशीनाथशास्त्रिभ्यो दर्शनं विशेषतश्च वेदान्तमवेदिषुः। पश्चाच्च बङ्गस्थे चन्द्रनगरे श्रीमतां हरिदासभट्टाचार्य कविराजानां सकाशादायुर्वेदाङ्गानि सम्यक् निगमितानि।

चिकित्साकालः

वैक्रमे १९७२ तमे वत्सरे आचार्यमहाभागैरध्यापनवृत्तिं समाप्य बरेलीनगरे चिकित्साकार्यमुररीकृतम्। ततोऽनेकसुहृज्जनानुरोधवशगैस्तैःप्रतीच्यविज्ञानस्य चिकित्सापद्धतेश्च केन्द्रभूतं द्राक्टराणां चोद्मममूर्तं लक्ष्मणपुरं स्वौषधालयस्य शाखयासमलङ्कृतम्। अल्पेनैव कालेन श्रीमृत्युञ्जय-औषधालयो लक्ष्मणपुरेऽपि भूयसीमुन्नतिमवाप्नोत्। व्याधीनां दुःसाध्यत्वात् 'किंग जार्ज मेडिकल कालेज' प्रभृतिभिः परित्यक्तः—सिविलसर्जनप्रमुखैश्च निराशागर्तं पातितो रोगिसमूहो झटिति तत्र भवदमृतप्रदानेन नैरोग्यं भजते। अन्नस्याः प्रख्यातयशसो द्राक्टराश्चिकित्सास्थलेषु एतेषां आयुर्वेदज्ञानमहत्तां मुक्तकण्ठेन स्वीकुर्वन्ति। किं प्रपञ्चेन, हरिवर्षतः (थोरोप) परावर्तिता भूर्यांशो द्राक्टराः स्वचिकित्सां कारयित्वा भवतां पीयूषपाणिनां पौनःपुन्येनाऽभिवन्दन्ति।

अस्ति आचार्यमहोदयेषु आयुर्वेदशास्त्रस्य अपारं ज्ञानं परं न तन्मात्रमेव, तत्राऽस्ति साहित्यस्य दर्शनशास्त्रस्य च ज्ञानाम्बोधिः। साहित्यदर्शनावारपारीणा एते न केवलं देववाण्यामेव पेशलं कौशलमुत्पादयन्ति-अपितु हिन्दीभाषायामपि किमप्यपूर्वमेव जनयन्ति। सुरभारतीवत् हिन्दीभाषापि जीवनमधी-मधुरा-प्रौढार्थबहुला च भवति तेषाम्। प्रकाशिताः सामयिका

निबन्धाः सुतरामत्र निदर्शनानि । आचार्यमहोदया यथा लेखन्या रमणीयतामुत्पादयन्ति तथैव रसस्यन्दिन्या वाण्या आवर्जयन्ति चेतांसि सचेतसाम् । तर्कपूर्णा, गभीरार्थावगाहिनी, सरला, विनोदप्रचुरा च भवत्येषां व्याख्यानशैली । अध्यापनशैल्यामपि चूडान्तमर्मज्ञत्वमाचार्यमहोदयेषु । साहित्याऽऽयुर्वेदवेदान्तसिद्धान्तग्रन्थानां मार्मिकाणि सूक्ष्मविवेचनापराणि व्याख्यानि तादृश्या हृदयङ्गमरीत्या विद्यादीकुर्वन्ति यद्धस्तामलकवज्जायते विषयोऽध्येतृणाम् ।

बहुशास्त्रविशारदत्वेन, तीक्ष्णप्रतिभत्वेन, काव्यरचनाप्रावीण्येन च भवतामाकृष्टचित्तैः ब्राह्मणवंशलक्ष्मध्यमणिभिर्मिथिलाधिपैः आनरेबुल श्री रमेश्वरसिंह K. C. I. E. महोदयैः 'विद्याभूषण' इति विरुदालङ्कारेण भवन्तोऽलङ्कृताः । पश्चिमाम्नायस्य श्री शारदापीठाधीशैर्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः 'विद्यावारिधि' रिति, तथा च दक्षिणाम्नायस्य श्री शृङ्गेरीमठाधीश्वरैर्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः 'विद्यावाचस्पति' रिति पदवीं प्रदीय संमानिताः । इतोऽतिरिक्तं 'बहुविद्याविशारद' 'व्याख्यानवाचस्पति' प्रभृतिभिः सम्मानपदैर्यथासमयं भारतविशिष्टैर्व्यक्तिभिः सम्मेलनैश्च भूषिताः । आङ्ग्ल-यवन-वङ्ग-पालि-प्राकृतादिभाषास्वपि सुषममभिज्ञत्वं श्रीमताम् । इत्यलमति पल्लवितेन । आचार्यमहाभागानां कतिपया—

अमरकृतयः

साहित्यदर्पणस्य 'विमला'ऽभिधाव्याख्या ।
अर्वाचीनसाहित्यविवेचना ।
अलङ्कारकल्पद्रुमः ।
अपराह्नतनिर्णयः ।
सुरभारतीसन्देशः ।
आयुर्वेदमहत्त्व ।
त्रिधातुवाद ।
रामायण में राजनीति ।
महाकविर्माघः ।
के के अंशाः संस्कृतसाहित्ये पूर्णिं सापेक्षाः ।
यज्ञोपवीत । प्रभृति प्रभृति ।

केषां नैव नुतिं भजन्ति कृतिनो येषां वदान्या गुणा,
विद्या लोकनमस्कृता सुचरिता भूतिप्रभूतिप्रदा ।
कीर्त्तिः काचनदेवकौतुककरी निर्बाधधीरा मति-
र्भक्तिर्भक्तभयापहे भगवति श्रीचन्द्रचूडामणौ ॥
साहित्याद्भुतसिक्तकल्पलतिका वेदान्तविद्यालया
सद्धर्मद्रुममाश्रिता श्रुतिपथश्रान्तश्रमान्तक्षमा ।
आयुर्वेदविधानकौशलकलावैचित्र्यमातन्वती
शालग्रामशुभाभिधानभिषजां विभ्राजते भारती ॥

मध्यप्रान्तीय द्वितीय वैद्यसम्मेलन के सभापति साहित्याचार्य, विद्यावाचस्पति,
विद्यावारिधि, विद्याभूषण, वैद्यभूषण, कविराज

श्री पं० शालग्राम शास्त्री महोदय का

अभिभाषण

यत्कारुण्यकणस्पर्शात् सर्वः शब्दार्थविस्तरः ।
करामलकवद् भाति शारदा सा प्रसीदतु ॥१॥

वन्द्य विबुधवृन्द !

मेरी बुद्धि यह समझने में असमर्थ है कि मेरे जैसे दूर देशस्थ अपरिचित और साधारण व्यक्ति को आप लोगों ने इस पद के उपयुक्त क्यों समझा। जो स्वामी गुणी जन को छोड़कर निर्गुण भृत्य पर अपना कार्य भार डाल दे, उसकी सफलता में केवल ईश्वर की दया का ही अवलम्ब हो सकता है। इस दशा में यह आशा करना कि मैं आप लोगों को कोई अपूर्व सन्देश सुना सकूँगा, दुराशा मात्र है। आप लोगों के सामने मेरे सदृश अल्पज्ञ व्यक्ति का, ज्ञान-विज्ञान की चर्चा चलाना सूर्य को दीपक दिखाने के समान होगा।

परन्तु हिन्दू धर्म अथवा सनातन धर्म में सूर्य को दीपक दिखाने की प्रथा अनादि काल से प्रचलित है। हम प्रतिदिन देखते हैं कि सूर्य की पूजा के समय गन्धाक्षत के साथ एक छोटा सा दीपक भी दिखाया जाता है। गङ्गा स्नान करने वाला भावुक भक्त गङ्गा में से ही जल लेकर उसी को अञ्जलि गङ्गा को समर्पित करता है। यदि केवल बाह्य दृष्टि से देखा जाय तो यह एक विडम्बना मात्र प्रतीत होगी, परन्तु भारतीय भावनाओं का रहस्य बूट, कोट, पतलून के समान दूर से दीखने वाली वस्तु नहीं है। इसका मर्म समझने के लिये आपको हृदय के अन्तस्थल में प्रवेश करना पड़ेगा। आप सूर्य को दीपक दिखाने वाले और गङ्गा को जलाञ्जलि देनेवाले पुरुष के हृदय की परीक्षा कीजिये और देखिये कि क्या वह अपने मन में समझता है कि मैं सूर्य को कोई वस्तु दिखा रहा हूँ, जो उसने कभी देखी नहीं? अथवा गङ्गा जलाञ्जलि अर्पित करने वाले के मन में कभी यह अभिमान होता है कि मैंने गङ्गा को कोई ऐसी वस्तु समर्पित की है, जो उसे दुर्लभ है? भक्त के हृदय में यदि इस प्रकार के अभिमान का प्रवेश हो जाय तब तो उसका सम्पूर्ण पूजन ही भ्रष्ट हो जाय। वहाँ ऐसी कोई दुर्भावना नहीं होती। वहाँ तो केवल विशुद्ध भक्ति-भाव का उदय होता है और गन्धाक्षत, धूप, दीप तथा जलाञ्जलि आदि उसी का परिचय देने वाले बाह्य साधनमात्र हैं। यदि भक्त के हृदय में भक्ति हो तो धूप, दीप आदि बाह्य साधनों के न होने पर भी कोई क्षति नहीं होती और यदि भक्ति न हो तो बाह्य साधनों की अत्यन्त प्रचुरता भी व्यर्थ है। इसीलिये भगवान् ने गीता में कहा है कि—

'पत्रं, पुष्पं, फलं, तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति'

यदि भक्ति है तो एक पत्र अथवा एक अञ्जलि जल से ही भगवान् प्रसन्न हो सकते हैं और यदि भक्ति नहीं है तो सौ मन सोना भी किसी काम का नहीं। भगवान् को कौन-सी वस्तु दुर्लभ है, जो हम उन्हें दे सकें? इसी कारण भक्त लोग कहा करते हैं कि—

'त्वदीयं वस्तु गोविन्द, तुभ्यमेव समर्पये'

आज मैं भी जो कुछ आप लोगों की सेवा में निवेदन करूँगा, वह उसी भक्तिभाव से प्रेरित होकर, सूर्य को दीपक दिखाने के समान, गङ्गा की धारा में अञ्जलि छोड़ने के समान और भगवान् के आगे 'पत्र-पुष्प' भेंट करने के समान होगा।

इस प्रकार के सभा-सम्मेलनादि का लक्ष्य अपने उद्देश्य की उन्नति करना ही हुआ करता है। आज हम सब लोग आयुर्वेदिक संमेलन में इकट्ठे हुए हैं, इसी से स्पष्ट है कि हमारा सर्वसंमत उद्देश्य आयुर्वेद की उन्नति करना है। उसी के सम्बन्ध में विचार करने के लिये हम सब लोग यहाँ एकत्र हुए हैं।

उन्नति उसी वस्तु की हो सकती है, जो सार्थक और त्रुटिपूर्ण हो। यदि किसी शरीर में से प्राण निकल गये हों और उसकी सार्थकता नष्ट हो गई हो तो उसकी उन्नति असंभव है। इसी प्रकार जो शरीर सब प्रकार नीरोग और हट्टा-कट्टा हो उसे भी किसी प्रकार की उन्नति की चिन्ता नहीं होती। वैद्य की तलाश वही करता है जो जीवित हो और कष्टयुक्त हो। यदि यह मान लिया जाय कि आयुर्वेद की दशा आज सर्वाङ्गपूर्ण है, उसमें किसी प्रकार की उन्नति की आवश्यकता नहीं, तो यह संमेलन ही व्यर्थ हो जाता है और यदि यह समझ लिया जाय कि आयुर्वेद एक दम निरर्थक है, उसमें कोई भी लोकोपयोगी तत्त्व नहीं है, तब भी इस प्रकार के सम्मेलन की कोई सार्थकता नहीं रह जाती। हम सब लोगों के यहाँ संमिलित होने से ही यह बात सिद्ध है कि हमारी दृष्टि में न तो आयुर्वेद निरर्थक है और न सर्वाङ्गपूर्ण ही है। हम उसे सार्थक भी समझते हैं और उसकी वर्तमान दशा से सन्तुष्ट भी नहीं हैं, अतएव उसकी उन्नति चाहते हैं।

आज हमें इन्हीं दो बातों पर विचार करना है।

१—आयुर्वेद की सार्थकता क्या है? और २—उसमें त्रुटि क्या है? यदि इन दो बातों का ठीक-ठीक निर्णय हम कर सकें तो हमारी लक्ष्यसिद्धि का मार्ग बहुत कुछ सरल हो सकता है।

(१) सुश्रुत ने लिखा है कि ब्रह्मा ने सृष्टि के आरम्भ में, एक लाख श्लोक और एक हज़ार अध्यायों में 'आयुर्वेद' की रचना की और फिर आगे आने वाले प्राणियों की अल्प बुद्धि तथा अल्प शक्ति का ध्यान रखते हुए उसे आठ भागों में विभक्त कर दिया। इससे स्पष्ट है कि वेद और आयुर्वेद का उद्गम स्थान एक ही है और आयुर्वेद का दर्जा भी वही है, जो वेदों का है। महर्षि गौतम ने भी न्यायसूत्र में वेदों का (२) प्रामाण्य सिद्ध करने के लिये उनके एक

---

१. इह खल्वायुर्वेदमष्टाङ्गमुपाङ्गमथर्ववेदस्यानुत्पाद्यैव प्रजाः श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः। ततोऽल्पायुष्ट्वमल्पमेधस्त्वं चालोक्य नराणां भूयोऽष्टधा प्रयोतवान्। ६। तथथा—शल्यं, शालाक्यं, कायचिकित्सा, भूतविद्या, कौमारभृत्यम्, अगदतन्त्रं, रसायनतन्त्रम्, वाजीकरणतन्त्रमिति। ६। सुश्रुत, सूत्र०, अ० १।

२. 'मन्त्रायुर्वेदप्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यम्, आप्तप्रामाण्यात्'। न्या० सू० २। १

देश और प्रत्यक्षसिद्ध आयुर्वेद को दृष्टान्त में रखकर शेष भाग का प्रामाण्य सिद्ध किया है। इससे भी वेद और 'आयुर्वेद' की एकता सिद्ध होती है।

इससे यह स्पष्ट है कि चरक, सुश्रुत आदि जो 'आयुर्वेद' के ग्रन्थ आज हमें मिलते हैं, वे न तो आयुर्वेद के आदिम ग्रन्थ हैं और न उसके सम्पूर्ण अङ्ग का वर्णन ही करते हैं, बल्कि आयुर्वेद की एक-एक शाखा का वर्णन करते हैं। सुश्रुत ने इस बात को स्वयं स्वीकार किया है कि वह (१)'शल्यतन्त्र' का ग्रन्थ है। चरक, काय-चिकित्सा का ग्रन्थ है, यह बात भी सर्वसम्मत है।

यद्यपि आज हमें आयुर्वेद की अन्य शाखाओं—'कौमारभृत्य', 'अगदतन्त्र' आदि पर प्रधानरूप से लिखे हुए ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हैं, परन्तु इस बात के पुष्ट प्रमाण मिलते हैं कि आज से बाईस, तेईस सौ वर्ष पूर्व तक भारत में इन विषयों के ग्रन्थ भी थे और उनके विशेषज्ञ भी थे।

सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य के महामन्त्री चाणक्य (कौटिल्य) ने अपने बनाये 'कौटिलीय-अर्थशास्त्र' में लिखा है कि (२) दुर्विनीत राजपुत्रों के कारण राजकुल का ध्वंस बहुत शीघ्र हो जाता है, अतः इनकी उत्पत्ति और निष्पत्ति की ओर राजा को विशेष ध्यान देना चाहिये। जब प्रधान रानी ऋतुमती हो तो ऋत्विक् लोग इन्द्र और बृहस्पति के मन्त्रों से हवन करें, एवं गर्भस्थिति होने पर 'कौमारभृत्य' बराबर उसकी देख-रेख करता रहे और समय पर यथाविधि निर्विघ्न प्रसव कराये।

'कौमारभृत्य' आयुर्वेद की एक शाखा थी, जिसके विशेषज्ञों का काम था कि जब से बच्चा गर्भ में आये तभी से उसकी देख-रेख करें, गर्भ के उपद्रवों का दमन करें, गर्भिणी के विकारों का शमन करें, बिना किसी विघ्न-बाधा के प्रसव करायें, उत्पन्न हुये बच्चे का होशियारी से पालन-पोषण करायें, माता तथा उपमाता (धात्री) के दूध आदि की परीक्षा करते रहें और बालरोगों की चिकित्सा करें इत्यादि।

इसी ग्रन्थ में लिखा है कि (३)'भिषक्' (कायचिकित्सक) और 'जाङ्गलीविद्' ये दो प्रकार के वैद्य सदा राजा के पास रहें। (४)'जाङ्गलीविद्' का अर्थ है 'विषवैद्य'। साँप, बिच्छू, तलैया, छपकली, गिरगट (सरट), चूहा, मेंढक, विषखपर (बिसखपड़ा), कांतर, कानखजूरा, मकड़ी आदि विषाक्त कीड़ों के विष का निदान, चिकित्सा तथा अनेक प्रकार के स्थावर-जङ्गम विषों के संयोग, विकल्प और प्रतीकार का जानना, इस चिकित्सा के अन्तर्गत था। सुश्रुत ने इसे (५)'अगदतन्त्र' कहा है।

---

१. 'अस्य तु शास्त्रस्य शल्यकर्मप्राधान्यात् शल्यकर्मैव तावत् पूर्वमुपदेक्ष्यामस्तत्सम्भारांश्च। ४। सु०, सू०, अ० ९।

२. 'काष्ठमिव हि घुणजग्धं राजकुलमविनीतपुत्रमभियुक्तमात्रं भज्येत। तस्माद् ऋतुमत्यां महिष्यां ऋत्विजश्च समैन्द्राबार्हस्पत्यं निर्वपेयुः। आपन्नसत्त्वायां कौमारभृत्यो गर्भममणि प्रजने च वियतेत'—कौटिलीय अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण—१७ अध्याय।

३. 'तस्मादस्य जाङ्गलीविदो भिषजश्चासन्नाः स्युः'। कौटिलीय अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण, अध्याय २१

४. 'विषवैद्यो जाङ्गलिकः।'

५. 'अगदतन्त्रं नाम सर्पकीटलूतादष्टविषव्यञ्जनार्थं, विविधविषसंयोगोपशमनार्थं च'। सु०, सू०, १ अ०।

चाणक्य ने यह भी लिखा है कि (१)राजा स्वयं रानी के स्थान पर न जाय, प्रत्युत उसे अपने स्थान पर बुलवाये और विश्वस्त वृद्ध स्त्रियों के द्वारा परीक्षा की जाने पर उसे अपने पास आने दे। क्यों? रानी के घर में छिप कर भाई ने राजा भद्रसेन का वध किया। माता की शय्या के नीचे छिपकर पुत्र ने 'कारूश' देश के राजा को मार डाला। खीलों को शहद में मिला हुआ बताकर रानी ने काशिराज को विष दे दिया। विष में बुझे हुए नूपुर (पैर के भूषण) के स्पर्श से रानी ने 'वैरन्त्य' को मारा। मेखला की मणि का स्पर्श कराके सौवीरराज का घात किया गया। विषाक्त दर्पण दिखाकर 'जालूथ' राजा के प्राण लिये गये। अपने केशों में शस्त्र छिपाकर रानी ने 'विदूरथ' का वध किया। इसलिये राजा को चाहिये कि इन बातों का ध्यान रक्खे।

एक स्थान पर चाणक्य ने मुर्दों (२) की परीक्षा करने का वर्णन किया है। शीघ्र मरे हुए पुरुषों की लाश देखकर यह जानने का इसमें विधान है कि मृत व्यक्ति का गला दबाकर, फाँसी देकर, पानी में डुबोकर, ऊपर से गिराकर, विष देकर या अन्य किस प्रकार से मारा गया है।

(३)एक स्थान पर अज्ञानपूर्वक अथवा ज्ञानपूर्वक असंगत चिकित्सा करने वाले वैद्य को दण्ड देने का विधान भी है और असंगत शस्त्रक्रिया (Operation) करने वाले को कठोर दंड देने का विधान भी है।

अर्थशास्त्र के इन अवतरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में 'कौमारभृत्य', 'अगदतन्त्र', 'कायचिकित्सा' और 'शल्यतन्त्र' आदि आदि आयुर्वेद की अनेक शाखाओं के पृथक्-पृथक् नाम और काम यहाँ व्यावहारिक रूप में विद्यमान थे और इन भिन्न-भिन्न शाखाओं के विशेषज्ञ विद्वान् भी थे। यह भी पता चलता है कि उस समय यहाँ आयुर्वेद की अन्य शाखाओं के समान 'अगदतन्त्र' भी अत्यन्त उन्नत दशा में था। विषों में ऐसे-ऐसे संयोग-विकल्प लोगों को ज्ञात थे कि जिन्हें दर्पण में लगा देने मात्र से उसमें मुँह देखने वाले की मृत्यु हो सकती थी। विषाक्त आभूषण का केवल स्पर्श करने और विषाक्त वस्त्र पर बैठ जाने मात्र से मृत्यु हो सकती थी। उन दिनों यहाँ के लोगों को इन सब विषों के चमत्कारक परिहार भी मालूम थे। इसी कारण चाणक्य ने कायचिकित्सक और विषवैद्य को सदा राजा के सन्निधान में रहने का आदेश दिया है।

---

१. 'अन्तर्गृहगतः स्थविरस्त्रीपरिशुद्धां देवीं पश्येत्, न कांचिदभिगच्छेत्। देवीगृहे लीनो हि भ्राता भद्रसेनं जघान, मातुः शय्यान्तर्गतश्च पुत्रः कारूशम्, लाजान् मधुनेति पर्पस्थ देवी काशिराजम्, विषदग्धेन नूपुरेण वैरन्त्यम्, मेखलामणिना सौवीरम्, जालूथमादर्शेन, वेण्यां गूढं शस्त्रं कृत्वा देवी विदूरथं जघान। तस्मादेतान्यास्पदानि परिहरेत्।'

कौटिलीय अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण, अध्याय २०

२. 'कौटिलीय अर्थशास्त्र'—'कण्टकशोधन' नामक चतुर्थ अधिकरण के सप्तम अध्याय में 'आशु-मृतक-परीक्षा' नामक प्रकरण।

३. 'भिषजः प्राणाबाधिकमनाख्यायोपक्रममाणस्य विपत्तौ पूर्वः साहसदण्डः। कर्मापराधेन विपत्तौ मध्यमः। मर्मवेध-वैगुण्यकरणे दण्डपारुष्यं विद्यात्।'

कौ० अ०, चतुर्थ अधिकरण, प्रथम अध्याय

जिस देश में विज्ञान के शत्रु और कला के वैरी नर-पिशाचों ने छः-छः महीनों तक पुस्तकें जला-जलाकर हम्माम गरम कराये हों, वहाँ अनेक विज्ञान-राशियों के ध्वंस हो जाने में आश्चर्य ही क्या है ? आज इन विषयों की कोई पुस्तक शेष बची है या नहीं, इसका भी किसी को पता नहीं। प्रजा में शक्ति नहीं और सरकार को फुरसत नहीं। उधर सर्वभक्षिणी सेना के पेट से बचा हुआ पैसा भी नहीं। फिर इन वस्तुओं का अनुसन्धान कैसे हो ?

आयुर्वेद की सबसे बड़ी विशेषता है, त्रिधातु अथवा वात, पित्त, कफ। आयुर्वेद का छोटे-से-छोटा या बड़े-से-बड़ा किसी शाखा का कोई ग्रन्थ उठा लीजिये, वहीं आपको ये वात, पित्त, कफ ओत-प्रोत मिलेंगे। रोगविज्ञान, चिकित्सा-विधान, द्रव्य-गुण-वर्णन या ओषधि-परीक्षा, जिधर देखिये उधर ही आपको इस त्रिधातु के प्रधान रूप से दर्शन होंगे। परन्तु यह है क्या वस्तु ?

पूर्वपक्ष

आजकल बीसवीं शताब्दी है। विज्ञान (Science) का बोल-बाला है। इस समय कोई परम्परागत या अप्रमाणिक बात लोगों के गले उतार देना 'टेढ़ी खीर' है। नये-नये साधनों और अनुसन्धानों द्वारा शरीर के प्रत्येक अङ्ग, प्रत्यङ्ग की रचना का क्रम और उनका कार्यकलाप अच्छी तरह जान लिया गया है। शरीर के हर एक रग-रेशे को देख लिया गया है। परन्तु इन वात, पित्त, कफों को किसी बड़े-से-बड़े डाक्टर ने बड़े-से-बड़े सूक्ष्म दर्शक यन्त्र (Myscroscope) के द्वारा भी आज तक नहीं देख पाया। जिन कीटाणुओं का स्वरूप एक इञ्च से करोड़ों गुना कम है, वे भी माईक्रास्कोप के द्वारा देख लिये गये हैं, परन्तु आयुर्वेद के इस त्रिधातु का किसी को कहीं पता न चला, फिर इनकी सत्ता कैसे मान ली जाय ? अनेक डाक्टरों की धारणा है कि यह 'त्रिधातु' केवल प्राचीन भारतीय भावनाओं का भूत है, जो आज भी वैद्यों के सिर पर सेहरा करता है। जिस प्रकार भूत की कथा सबने सुनी है, परन्तु उसे देखा किसी ने नहीं, उसी प्रकार इन वात, पित्त, कफों की कथा तो प्रत्येक वैद्य सुनाता है, परन्तु इनके दर्शन आज तक न किसी वैद्य को हुए हैं, न किसी अवैद्य को। आयुर्वेद का यही आधार है, जो केवल एक अन्धपरम्परा है और इसी कारण अनेक डाक्टर लोग आयुर्वेद को अवैज्ञानिक (The Greatest unscientific system in India) कहा करते हैं।

केवल यही नहीं कि पश्चिमी विज्ञान के सभी साधनों से वात, पित्तादि अज्ञेय हैं, अपितु आयुर्वेदिक ग्रन्थों के अनुसार भी इनका कोई स्थान या स्वरूप निश्चित नहीं किया जा सकता। (१) सुश्रुत का कहना है कि वात, पित्त, कफ शरीर की उत्पत्ति और स्थिति के कारण हैं। ये तीनों शरीर के आधार स्तम्भ हैं, जैसे कोई गृह तीन स्थूणाओं (थूनियों) पर अवलम्बित रहता है, उसी प्रकार शरीर इन तीनों के सहारे से टिका है, इसी से शरीर को 'त्रिस्थूण' कहा जाता है, परन्तु इन स्थूणाओं के, शरीर के भीतर कहीं दर्शन नहीं होते !!! सुश्रुत ने लिखा है कि (२) आमाशय में कफ का, उसके नीचे पित्त का और 'श्रोणिगुद' में वायु का स्थान है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य स्थानों के नाम भी लिये हैं।

---

१. 'वातपित्तश्लेष्माण एव देहसंभवहेतवः। तैरेव अव्यापन्नैरयमग्नीध्वंसन्निविष्टैः शरीरमिदं धार्यते-ऽगारमिव स्थूणाभिस्तिसृभिरतश्च त्रिस्थूणमाहुरेके। ३। सुश्रुत, सू०, अ० २१

२. 'वातः श्रोणिगुदसंश्रयः, तदुपर्यग्नेरामः पक्वाशयः, पक्वामाशयमध्यं पित्तस्य, आमाशयः श्ले-

चरक ने भी इसी प्रकार स्थानों का निर्देश किया है, परन्तु चरक का कथन सुश्रुत से विरुद्ध है। सुश्रुत ने आमाशय को कफ का प्रधान स्थान माना है, परन्तु (१) चरक, ने इसे पित्त का प्रधान स्थान बताया है। चरक ने अनेक स्थानों पर (२) त्रिधातु को संपूर्ण शरीर में व्याप्त भी बताया है। इससे स्पष्ट है कि आयुर्वेद के ग्रन्थों में केवल परस्पर विरोध ही नहीं, प्रत्युत चरक और सुश्रुत के अपने वचनों में भी पूर्वापर विरोध है।

सुश्रुत का कहना है कि (३) जिस प्रकार चन्द्रमा, सूर्य और वायु जगत् को धारण करते हैं, उसी प्रकार वात, पित्त, कफ शरीर को धारण करते हैं। इससे प्रतीत होता है कि वात, पित्त, कफ शरीर में रहनेवाली कोई वस्तु हैं, परन्तु चरक और सुश्रुत का द्रव्य-गुण-प्रकरण देखिये तो आपको पृथ्वी के ऊपर विद्यमान प्रत्येक पदार्थ में वात, पित्त, कफ की सत्ता का वर्णन मिलेगा। अन्न, फल, मूल, शाक, दूध, मांस आदि सभी में इनकी स्थिति का उल्लेख मिलेगा। फिर यह 'त्रिधातु' केवल शरीर में रहनेवाली वस्तु कैसे हुई?

(४) आयुर्वेद का यह सर्वसंमत सिद्धान्त है कि सजातीय वस्तु के मेल से हर एक चीज़ बढ़ती है। जिस वस्तु के खाने से वायु बढ़ती है, उसमें वायु की सत्ता अवश्य माननी पड़ेगी। इसी प्रकार विरोधी गुणों से विरुद्ध गुण घटता है। सुश्रुत का कहना है कि (५) हेमन्त ऋतु में पित्त के रोग, ग्रीष्म में कफ के रोग और शरद् में वायु के रोग, ऋतु के स्वभाव से ही कम हो जाते हैं। इससे प्रतीत होता है कि ऋतुओं में भी त्रिधातु की सत्ता है, अन्यथा इनके स्वभाव से किसी दोष या धातु का घटना-बढ़ना कैसे संभव हो सकता है? इस प्रकार पृथ्वी, वृक्ष, वनस्पति, कन्द, मूल, फल, आकाश, दिशा, काल और हम सबके शरीर इन वात, पित्त, कफों से घिरे सिद्ध होते हैं। अब सोचिये कि इनका स्वरूप क्या हो सकता है? ऐसी कौनसी वस्तु हो सकती है जो हमारे शरीरों में भी हो और आकाश तथा काल में भी हो? डाक्टर लोग यदि इन्हें स्वीकार नहीं करते तो क्या बुरा करते हैं? जब आयुर्वेद के ग्रन्थ ही इनका कोई स्वरूप निश्चित नहीं कर पाते तो दूसरे लोग इन्हें कैसे मान लें?

ष्मणः। ६। अतः परं पचधा विभज्यन्ते।.....पित्तस्य यकृत्प्लीहानौ, हृदयं, दृष्टिस्त्वक्पूर्वोक्तं च। श्लेष्मणस्तु उरः, शिरः, कण्ठो, जिह्वामूलं सन्धय इति पूर्वोक्तं च'। ७। सुश्रुत, सू० स्था०, अ० २१

१. 'तेषां त्रयाणामपि दोषाणां शरीरे स्थानविभाग उपदेक्ष्यते, तथथा वस्तिः पुरीषाधानं कटिः सक्थिनी पादावस्थीनि च वातस्थानानि। अन्नाप्रि पक्वाशयो विशेषेण वातस्थानम्। स्वेदो रसो लसीका रुधिरमामाशयश्च पित्तस्थानानि। अन्नाप्याशयो विशेषेण पित्तस्थानम्'। ९। च०, सू०, अ० २०

२. 'सर्वशरीरचरास्तु वातपित्तश्लेष्माणो हि सर्वस्मिन् शरीरे कुपिताकुपिताः शुभाशुभानि कुर्वन्ति'। १०। च०, सू०, अ० २०। 'वातपित्तश्लेष्माणां पुनः सर्वशरीरचराणां सर्वस्रोतास्थयनभूतानि' च०, विमा०, अ० ५

३. 'विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा। धारयन्ति जगद्, देहं कफपित्तानिलास्तथा॥' ८। सुश्रुत, सूत्र, अ० २१

४. 'सर्वदा सर्वभावानां सामान्यं वृद्धिकारणम्' (चरक) 'वृद्धिः समानैः सर्वेषां विपरीतैर्विपर्ययः'। (चरक) 'समानैः सर्वभावानां वृद्धिर्हानिर्विपर्ययात्' (जतूकर्ण)

५. 'तत्र पैत्तिकानां व्याधीनामुपशमो हेमन्ते, श्लैष्मिकाणां निदाघे, वातिकानां शरदि स्वभावत एव'। १४ सु०, सू०, अ० ६

'त्रिधातु' क्या पदार्थ है, इसका वर्णन न तो किसी आयुर्वेदिक ग्रन्थ में मिलता है, न किसी दार्शनिक ग्रन्थ में ही मिलता है। आप न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, पूर्वमीमांसा और वेदान्त इन छहों दर्शनों का पारायण कर जाइये, परन्तु इस बात का कहीं उल्लेख नहीं मिलेगा कि वात, पित्त का अन्तर्भाव किस पदार्थ में होता है। और इधर आयुर्वेद के समस्त ग्रन्थ देख जाइये, इनमें भी इस बात की चर्चा नहीं मिलेगी कि 'त्रिधातु' को किस पदार्थ के अन्तर्गत मानना चाहिये।

छहों दर्शनों में दो प्रकार से पदार्थ-विभाग प्रसिद्ध हैं। एक वैशेषिक के अनुसार और दूसरा सांख्य के अनुसार। न्याय-दर्शन में यद्यपि नैयायिकों के १६ (१) पदार्थ प्रसिद्ध हैं, परन्तु वे प्राचीन न्याय में ही सीमित हैं। नवीन नैयायिकों ने वैशेषिक के सात (२) पदार्थों में ही इन सोलह का अन्तर्भाव कर लिया है, अतः नव्य न्याय में वैशेषिक के ही द्रव्य, गुण, कर्म आदि प्रसिद्ध हैं। दूसरा विभाग सांख्य का है, जिससे सत्त्व, रजस्, तमस् आदि २५ (३) तत्त्व प्रसिद्ध हैं। इनके अतिरिक्त और किसी दर्शनकार ने पदार्थ-विभाग नहीं किया। सब लोग इन्हीं से व्यवहार करते हैं।

न्याय का सिद्धान्त है कि द्रव्य के आश्रित गुण, कर्म आदि रहते हैं, परन्तु द्रव्य इनमें से किसी के आश्रित नहीं। वह सबका आश्रय है, आश्रित किसी का नहीं। द्रव्य, द्रव्य के ही आश्रित रहता है। साथ ही गुणों में गुण नहीं रह सकते, न कर्म में ही रह सकते हैं। कर्म भी, न कर्म में रह सकता है, न गुण में। ये सब द्रव्य में ही रह सकते हैं। 'गुणादिर्निर्गुणक्रियः' यह न्याय का सिद्धान्त है, परन्तु (४) चरक ने मधुर आदिक ३ रसों को कफ का, अम्ल आदिक तीन को पित्त का और कटु, तिक्त, कषाय इन तीन रसों को वायु का जनक बताया है। 'बुद्धिः समानैः सर्वत्र' इस चरक के सिद्धान्त के अनुसार यह मानना पड़ेगा कि मधुर रस में कफ है, अन्यथा वह कफ को बढ़ा नहीं सकता। न्याय शास्त्र के अनुसार रसों की गणना गुणों में है, अतः गुणों में रहनेवाला यह 'त्रिधातु' न द्रव्य हो सकता है, न गुण हो सकता है और न कर्म हो सकता है। अब बताइये कि यह है क्या बला?

द्रव्य,गुण आदि में तो 'त्रिधातु' का अन्तर्भाव हो नहीं सका। अब सांख्यशास्त्रोक्त पदार्थों को देखिये।

सत्त्व, रजस्, तमस् की साम्यावस्था का नाम प्रकृति है। यह प्रलय की अवस्था है। जब तक सत्त्वादिकों में वैषम्य रहता है, उसी समय तक संसार कायम रहता है, जब इनमें साम्य आने लगता है तभी प्रलय होने लगता है। वात, पित्त, कफ की दशा इससे एक दम

---

१. प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति, निग्रहस्थान।

२. द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय, अभाव।

३. 'मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त। षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः।' सांख्यकारिका

४. 'तत्र दोषमेकैकं त्रयस्त्रयो रसा जनयन्ति, त्रयस्त्रयश्चोपशमयन्ति। तद्यथा—कटुतिक्तकषाय वातं जनयन्ति, मधुराम्ललवणास्त्रयस्तेनं शमयन्ति। कटुकाम्ललवणाः पित्तं जनयन्ति, मधुरतिक्तकषायास्त्रयस्तेनं शमयन्ति। मधुराम्ललवणाः श्लेष्माणं जनयन्ति, कटुतिक्तकषायास्त्रयस्तेनं शमयन्ति'। ६। चरक, विमा, अ० १

विपरीत है। इनमें जब तक साम्य (१) रहता है, तभी तक आरोग्यसुख अथवा सृष्टि क़ायम रहती है एवं विषमता आते रोग उत्पन्न होते हैं और विनाश का आरम्भ हो जाता है। इस प्रकार 'त्रिधातु' और 'त्रिगुण' परस्पर विरोधी वस्तु हैं। फिर इनमें से किसी एक का दूसरे में अन्तर्भाव कैसे हो सकता है?

सत्त्वगुण से कोई रोग या विकार उत्पन्न नहीं हो सकता। दर्शनकारों ने इसे ज्ञान(२) प्रकाश, शान्ति और सुखस्वरूप माना है। आयुर्वेद के आचार्यों ने भी (३) रजस्, तमस् को ही विकारों का जनक बताया है और सत्त्वगुण (४) को मोक्ष का साधक माना है। इधर वात, पित्त, कफ इन तीनों से रोग उत्पन्न होते हैं। फिर इनमें से किसी का किसी में अन्तर्भाव कैसे हो सकता है?

इसके अतिरिक्त चरक ने रजस् (५), तमस् को मन का दोष और त्रिधातु को शरीर का दोष मानकर इन दोनों की सीमा और स्वरूप को स्पष्टरूप से पृथक्-पृथक् कर दिया है। इस दशा में इनके अन्तर्भाव का प्रश्न ही नहीं उठ सकता। अब बताइये कि यह 'त्रिधातु' क्या पदार्थ है?

कुछ लोगों का अनुमान है कि 'त्रिधातुवाद' का सिद्धांत भारतवर्ष का अपना नहीं है, बल्कि यह विदेश से यहाँ आया है। ईसा से ३२३ वर्ष पूर्व यूनानियों ने भारतवर्ष पर आक्रमण किया था। तभी से इन दोनों जातियों का परस्पर ज्ञान विनिमय होना भी स्वाभाविक है। यूनानी चिकित्सा में आज भी सौदा, सफरा, बलग़म, ख़ून ये चार दोष माने जाते हैं। इनमें से यदि ख़ून को छोड़ दिया जाय तो उक्त तीनों वात, पित्त, कफ के नामांतर मात्र रह जाते हैं। भारतीयों ने यूनानियों के चार दोषों में से किसी कारण एक को छोड़कर अपने इस 'त्रिधातु' की सृष्टि की है, ऐसा अनुमान होता है। इसी कारण चरक ने त्रिधातु को केवल शरीर तक सीमित रक्खा है; क्योंकि विदेश से आया हुआ यह सिद्धान्त केवल शरीर से सम्बन्ध रखता था। सत्त्वादिक भारत की अपनी वस्तु थी, इस कारण उसकी व्यवस्था चरक ने प्राचीन भारतीय प्रथा के अनुसार की है। और उन्हें मन का दोष लिखा है।

इस प्रकार वात, पित्त, कफ के ऊपर चार आक्षेप प्रधानरूप से होते हैं—

१—आपरेशन करने पर शरीर में इनकी उपलब्धि नहीं होती।

२—आयुर्वेदिक ग्रन्थों के अनुसार इनका कोई स्वरूप और स्थान निश्चित नहीं होता।

३—दार्शनिक पदार्थों में इनका अन्तर्भाव नहीं हो सकता और—

---

१. 'विकारो धातुवैषम्यं, साम्यं प्रकृतिरुच्यते। सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःखमेव च। ४। चरक, सू०, अ० ६

२. 'प्रीत्यप्रीतिविषादात्मकाः'। १२। 'सत्त्वं लघुप्रकाशकमिष्टम्। १३ (सांख्यकारिका), प्रीतिः सुखं, प्रीत्यात्मकत्वाः सत्त्वगुणः (सांख्यतत्त्वकौमुदी)।

३. 'रजस्तमश्च मानसौ दोषौ·····वातपित्तश्लेष्माणस्तु खलु शारीरा दोषाः' ६ (च०, विमा०, अ० ६)।

४. 'मोक्षो रजस्तमोऽभावात् बलवत्कर्मसंक्षयात्' १४०। (च० शा० अ० १)

५. 'वायुः पित्तं कफश्चेति शारीरो दोषसंग्रहः। मानसः पुनरुद्दिष्टो रजश्च तम एव च' ५६। च० सू०, अ० १

४—यह सिद्धान्त यूनान से यहाँ आया प्रतीत होता है।

उत्तर पक्ष।

हम सबसे पहले अन्तिम प्रश्न पर प्रकाश डालना उचित समझते हैं; क्योंकि यदि यह मान लिया जाय कि 'त्रिधातुवाद' का सिद्धान्त अपना नहीं है तो यहाँ उसके अनुसन्धान का यत्न वैसा ही होगा जैसा आगरे के ताजमहल में शेक्सपियर की कब्र ढूँढना।

भारत पर यूनानियों का आक्रमण सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य के समय आरम्भ हुआ था और उन दिनों यहाँ आयुर्वेद कितनी उन्नत दशा में था, यह बात हम कौटिलीय अर्थशास्त्र के उद्धरणों से सिद्ध कर चुके हैं।

न तो अज्ञात देश पर आक्रमण होना संभव है और न किसी ऐसे देश पर आक्रमण होना संभव है जहाँ से लूट में या अन्य प्रकार से कुछ मिलने की आशा न हो। आक्रमण करनेवाला कुछ लेने के इरादे से आता है, देने के लिये नहीं।

यदि आक्रमणीय देश का रहन-सहन श्री-सम्पत्ति और भीतरी दुर्बलता का पूरा ज्ञान न हो तो किसी को उस पर आक्रमण करने का साहस ही नहीं होता। यह भी इतिहाससिद्ध है कि प्राचीन समय के आक्रमणकारी सभ्यता में आक्रमणीय देश की अपेक्षा निम्नश्रेणी के होते थे। इन बातों से यह सिद्ध है कि आक्रमण करने से पूर्व यूनानियों को भारत का अच्छी तरह परिचय था और यूनानी आक्रमण के समय सभ्यता तथा वैभव में भारत यूनान से बहुत बढ़ा बढ़ा था।

ईसा से ६०० वर्ष पूर्व पैथागोरस (Pythagoras) नामक यूनानी विद्वान् विद्याध्ययन के लिये भारत के विद्याकेंद्रों और तीर्थस्थानों में बहुत दिनों तक रहा था, यह बात इतिहास से सिद्ध है।

'यूअलीसीना' नामक यूनानी चिकित्सक भारत में आया था और यहाँ के वैद्यों में केवल आकृति देखकर रोग का निदान करने की विद्या देखकर दङ्ग रह गया था। उसने अपनी भारतयात्रा के वर्णन में इसका उल्लेख किया है।

ईसा के जन्म से ३१२ वर्ष पूर्व मेगास्थनीज़ (Megasthenes) नामक राजदूत को सेल्यूकस (Selucus necater) ने महाराज चंद्रगुप्त के दरबार में भारतीय राजनीति का अध्ययन करने के लिये भेजा था, यह भी सब जानते हैं।

ऐतिहासिक लोग इस बात से भी अपरिचित नहीं हैं कि यूनानी सेनापति सेल्यूकस ने अपनी कन्या हेलन का विवाह महाराज चन्द्रगुप्त के साथ कर दिया था।

इन सब बातों पर विवेचनापूर्ण दृष्टि डालने से यह स्पष्ट सिद्ध हो जाता है कि यूनानी आक्रमण से बहुत पहले ही भारतवर्ष ज्ञान-विज्ञान तथा धन-समृद्धि में यूनान से बहुत ऊँचा था। यहाँ की विद्याओं ने जहाँ यूनानी विद्वानों को अपनी ओर आकृष्ट किया था, वहाँ इस देश की श्री-समृद्धि को देखकर यूनानी लुटेरों के मुँह में पानी भर आया था और उसी प्रलोभन से उन्होंने आक्रमण भी किया। साथ ही यहाँ उस समय भी ऐसे-ऐसे वीर तथा राजनीतिज्ञ विद्यमान थे, जिनसे टक्कर लेना यूनानियों के लिये किसी प्रकार संभव नहीं हुआ और अन्त में उन लोगों ने अपनी कन्या देकर किसी प्रकार मधुर-सम्बन्ध स्थापित कर लेने में

ही भलाई समझी। इन बातों से यह नहीं सिद्ध होता कि उस समय भारत को किसी प्रभाव विज्ञान के सम्बन्ध में यूनान का अधमर्ण बनने की आवश्यता हुई होगी।

व्याकरण महाभाष्य की रचना यूनानी आक्रमण के थोड़े ही दिन बाद हुई थी। महर्षि पतञ्जलि के समय में ऐसे लोग जीवित थे, जिन्होंने यूनानी आक्रमण का हाल अपनी आँखों देखा था। 'अनद्यतने लङ्' इस पाणिनि सूत्र पर एक वार्त्तिक है। जिसका तात्पर्य है कि ऐसे प्रयोग में भी लङ् लकार का विधान होना चाहिये, जहाँ वर्णनीय घटना जनता को ज्ञात तो हो, किन्तु उसकी देखी हुई न हो और वक्ता ने उसे अपनी आँखों देखा हो। इस वार्त्तिक के उदाहरण में महर्षि पतञ्जलि ने यूनानियों के अयोध्या पर घेरा डालने की बात कही (१) है। इससे स्पष्ट है कि व्याकरण महाभाष्यकार पतञ्जलि के समय ऐसे लोग जीवित थे, जिन्होंने यूनानियों का आक्रमण स्वयं देखा था।

पतञ्जलिकृत होने के कारण ही व्याकरण महाभाष्य को 'पातञ्जल' कहा जाता है। शब्देन्दुशेखर के आरम्भ में नागोजिभट्ट ने 'पातञ्जले महाभाष्ये कृतभूरिपरिश्रमः' लिखा है। इन्हीं महर्षि पतञ्जलि ने योगसूत्र बनाये थे और इन्हीं ने 'अग्निवेशसंहिता' का प्रतिसंस्करण किया था, यह प्रामाणिक लोगों का मत है। चरक, पतञ्जलि का ही नामान्तर है और इसी कारण उक्त संहिता आज 'चरकसंहिता' के नाम से प्रसिद्ध है। निम्न पद्य भी इन्हीं बातों का सूचक है—

'योगेन चित्तस्य, पदेन वाचां, मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।
योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि॥'

'इन्द्रवरुणभवशर्व० ४।१।४९ इत्यादिक पाणिनिसूत्र पर एक वार्त्तिक है 'यवनालिप्याम्'—इसका उदाहरण है 'यवनानां लिपिर्यवनानी'। इन वार्त्तिककार वररुचि का समय महर्षि पतञ्जलि से भी पूर्व है अतः यह निश्चय है कि यूनानी आक्रमण से बहुत पूर्व यहाँ की जनता और भाषा पर यूनान के सम्बन्ध का प्रभाव पड़ा था।

इन स्थानों पर 'यवन' शब्द मुसलमानों के लिये प्रयुक्त नहीं हो सकता, जैसा कि आज-कल होता है। उस समय इसलाम धर्म था, मुसलमानों का संसार में कहीं नामोनिशान भी नहीं था। इनकी उत्पत्ति को तो अभी १४०० वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं।

महर्षि पतञ्जलि यूनानी आक्रमण के समय विद्यमान थे। उन्होंने 'अग्निवेशसंहिता' का प्रतिसंस्करण किया और इसी कारण 'अग्निवेशकृते तन्त्रे चरकप्रतिसंस्कृते' यह बात आरम्भ हुई। अब सोचिये कि 'अग्निवेशसंहिता' का निर्माणकाल क्या हो सकता है? संहिता बनी, उसका प्रचार हुआ, और धीरे-धीरे कालक्रम से (मुसलमानी आक्रमण से नहीं) उसमें कमी आई। फिर संस्करण हुआ और पुनः प्रचार हुआ। अनन्तर फिर उसी प्रकार कमी हुई, संहिता दुर्लभ हो गई और चरक ने उसका प्रतिसंस्करण किया। अब विचारिये कि तीन-तीन बार प्रचार, ह्रास, संस्करण और प्रतिसंस्करण के लिये कितना समय अपेक्षित हुआ होगा? यदि इन सबके लिये कम-से-कम एक सहस्र वर्ष भी मान लें तो चरकसंहिता का निर्माणकाल

१. "अनद्यतने लङ् ३।२।१११। परोक्षे च लोकविज्ञाते प्रयोक्तुर्दर्शनविषयः। परोक्षे च लोकविज्ञाते प्रयोक्तुर्दर्शनविषये लङ् वक्तव्यः। अरुण्द्यवनः साकेतम्। अरुण्द्यवनो माध्यमिकाम्।*** प्रयोक्तुर्दर्शनविषय इति किमर्थम्? अद्यान कंसं किल वासुदेवः" (व्याकरण महाभाष्य)

यूनानी आक्रमण से एक सहस्र वर्ष पूर्व ठहरता है, जब कि यूनानी सभ्यता नाम लेने योग्य भी नहीं थी। 'सुश्रुतसंहिता' तो अनेक लोगों के मत से 'चरकसंहिता' से भी प्राचीन है। जब इन दोनों संहिताओं में जो यूनानी सभ्यता के जन्म से भी पहले बन चुकी थीं, आदि से अन्त तक वात, पित्त, कफ का उल्लेख मिलता है, तब यह कैसे मान लिया जाय कि 'त्रिधातुवाद' का सिद्धान्त यहाँ यूनानी आक्रमण या यूनानी सभ्यता के बाद बाहर से आया?

'यूनानी चिकित्सा' के नाम से प्रसिद्ध पद्धति जो आज कुछ मुसलमानों के हाथ में है, वह असली यूनानी चिकित्सा नहीं है, बल्कि यूनान से अरब में पहुँचे हुए ज्ञान का रूपान्तर है। अरबों के पास अपनी कोई चिकित्सा-पद्धति नहीं थी उन्होंने सब कुछ यूनान से ही सीखा और अपनी पद्धति की प्रतिष्ठा तथा प्रामाणिकता द्योतित करने के लिये उसके साथ 'यूनानी' शब्द जोड़ दिया। भारत में आज वही प्रसिद्ध है। असली यूनानी चिकित्सा का क्या रूप था, इसका आज इनमें से किसी को पता तक नहीं।

इतिहासज्ञ लोगों से यह बात छिपी नहीं है कि यूनान में ज्ञान का प्रसार मिस्र (Egypt) के द्वारा हुआ और मिस्र में बहुत-सा ज्ञान भारतवर्ष से—विशेषकर बौद्ध भिक्षुओं द्वारा—पहुँचा। इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि विज्ञान की परम्परा भारत से मिस्र, मिस्र से यूनान और वहाँ से अरब तथा अन्य यूरोपीय देशों में पहुँची। इससे यह सिद्ध होता है कि 'त्रिधातुवाद' का सिद्धान्त भी भारत से ही पश्चिम में पहुँचा। पश्चिम से उसके यहाँ आने की कोई संभावना नहीं।

भारत के लोगों ने यूनानियों के सौदा, सफ़रा, बलग़म, ख़ून इन चार दोषों में से एक को कम करके 'त्रिधातुवाद' की सृष्टि की है, यह बात भी निर्मूल है। सुश्रुत 'शल्यतन्त्र' का ग्रन्थ है, यह हम कह चुके हैं और 'शल्यतन्त्र' में कई कारणों से रुधिर को भी प्राधान्य दिया जाता है। आयुर्वेद की अन्य शाखाओं को इसकी आवश्यकता नहीं होती। इसी कारण सुश्रुत ने अनेक स्थानों पर वात, पित्त, कफ की श्रेणी में रुधिर (१) की भी गणना की है और यही सुश्रुत का मत पश्चिम में पहुँचा है। अरबी की सबसे प्राचीन चिकित्सा की पुस्तक में चरक और सुश्रुत का 'शरका' और 'सुशरुदा' के नाम से उल्लेख है और चरक के कई रसायनों का तद्रूप अनुवाद भी है। यूनानियों की अति प्रसिद्ध दवा 'इतरीफल' का आधार आयुर्वेद की 'त्रिफला' ही है। इससे स्पष्ट है कि असली यूनानी चिकित्सा की उत्पत्ति का आधार सुश्रुत ही है।

यह बात आज सर्वसंमत है कि ऋग्वेद से प्राचीन पुस्तक संसार में कोई नहीं है। इसके निर्माणकाल का अनुमान लगाना भी संभव नहीं है। इसी ऋग्वेद के प्रथम मंडल में एक ऋचा है, जिसमें आयुर्वेद के इस त्रिधातुवाद का स्पष्ट उल्लेख है—

---

१. शारीरास्तु अन्नपानमूला वातपित्तकफरुधिरसन्निपातनिमित्ताः' (सुश्रुत, सू०, १ अ०)

'नहीं देहः कफादस्ति न पित्तान्न च मारुतात्।
शोणितादपि वा नित्यं देह एतैस्तु धार्यते॥ ४॥

आर्तवमपि त्रिभिर्दोषैः शोणितचतुर्थैरुपसृष्टमशीर्यं भवति (सुश्रुत, शारीर०, अ० २)

'द्वौ ह्यर्थौ भवतः शारीर आगन्तुकश्चेति।
तयोः शारीरः पवनपित्तकफरुधिरसन्निपातनिमित्तः' (सुश्रुत, चि०, अ० १)

'त्रिर्नो अश्विना दिव्यानि भेषजात्रिः पार्थिवानि त्रिरु दत्तमद्भ्यः।
ओमानं शंयोर्ममकाय सूनवे त्रिधातु शर्म वहतं शुभस्पती' ॥

(ऋक् १ । ७ । ३४ । ६

'आयुर्वेद महत्त्व' में हमने इस ऋचा की विस्तृत व्याख्या की है। श्रीसायणाचार्य ने यहाँ 'त्रिधातु' शब्द का भाष्य करते हुए लिखा है—

'त्रिधातु'—वातपित्तश्लेष्मधातुत्रयशमनविषयम् ।'

इससे यह सिद्ध है कि 'त्रिधातुवाद' यहाँ यूनान या और कहीं से नहीं आया, प्रत्युत इनकी उत्पत्ति वेदों से हुई है। वेद और आयुर्वेद की यह निजी संपत्ति है।

तैत्तिरीय उपनिषद् की दूसरी वल्ली (ब्रह्मानन्द वल्ली) के प्रथम अनुवाक में सृष्टिक्रम का निर्देश इस प्रकार किया है कि (१) आत्मा अर्थात् ब्रह्म से आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु और वायु से अग्नि की सृष्टि हुई। अग्नि से जल और जल से पृथ्वी का जन्म हुआ। पृथ्वी से औषधियाँ और औषधियों से अन्न एवं अन्न से पुरुष उत्पन्न हुआ। इस प्रकार यह 'अन्नरसमय' है अर्थात् इस पुरुष के बनने में अन्न का रस प्रचुर परिमाण में कारण होता है।

अब सोचिये कि यह 'पुरुष' कौन है? और वेदान्त में इसका क्या स्थान है? दार्शनिकों की भाषा में आत्मा को 'पुरुष' कहते हैं। वेदान्तदर्शन में 'पुरुष' को नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, असंसारी और 'अशनाया पिपासाद्यतीत' (भूख, प्यास आदि रहित) कहा है। भला इसके साथ इस अन्न के कीड़े (अन्नरसमय) का क्या मेल? चार्वाक-जैसे नास्तिकों के मत में भले ही अन्न से पुरुष की उत्पत्ति मानी जाया करे, परन्तु 'ब्रह्मानन्दवल्ली' में इसका क्या काम? यह 'काबे में कुफ्र कैसा? यह काशी विश्वनाथ में कुरान का पाठ कैसा?' इस पर कुछ विचार तो कीजिये।

विवेचनापूर्ण सूक्ष्मदृष्टि से देखने पर आपको इस श्रुति में आयुर्वेद के मूल तत्त्व स्पष्ट-रूप से दीखेंगे और यह पुरुष भी 'चिकित्सापुरुष' प्रतीत होने लगेगा। आयुर्वेद के ग्रन्थों में इस बात पर विचार किया गया है कि चिकित्सा में किस प्रकार का पुरुष अपेक्षित है। वेदान्त वेद्य पुरुष को न तो किसी प्रकार की चिकित्सा अपेक्षित हो सकती है और न उसकी चिकित्सा करना किसी प्रकार संभव ही हो सकता है। नित्य, शुद्ध बुद्ध मुक्त को चिकित्सा की क्या अपेक्षा? निराकार का निदान कोई क्या करेगा? और 'अशनायापिपासाद्यतीत' को कोई औषध कैसे खिलावेगा? सारांश यह कि वेदांत के 'पुरुष' का चिकित्सा-शास्त्र में कुछ काम नहीं। यहाँ कैसा 'पुरुष' अपेक्षित है, यह बात आप सुश्रुत और चरक के वचनों में देखिये।

१—'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः।
आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः।
अद्भ्यः पृथिवी। पृथिव्या ओषधयः।
ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नात्पुरुषः।
स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः।'

तैत्तिरीय उपनिषद्, २ वल्ली, १ अनुवाक

वैद्यभूषण पुरुषोत्तम शास्त्री हिलेंकर **अमरावती** ।
अध्यक्ष–मध्यप्रान्तीय ४ वैद्यसंमेलन **जबलपुर** (सन १९३५) ।
अध्यक्ष–निझामप्रान्तीय महाराष्ट्र १ वैद्यसंमेलन **पैठण** (सन १८३४) ।
संस्थापक–श्रीभारतायुर्वेदविद्यालय **अमरावती** ।

(१) सुश्रुत का कहना है कि पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश और आत्मा इन छः तत्वों के संयोग से 'चिकित्सा-पुरुष' बनता है। इसी की चिकित्सा की जाती है। यही चिकित्सा-शास्त्र का 'कर्मपुरुष' है। न तो आत्मा से रहित केवल शरीर (मुर्दे) की चिकित्सा होती है और न शरीर से रहित केवल आत्मा की ही चिकित्सा हो सकती है, अतः शरीर और आत्मा इन दोनों से संयुक्त पुरुष इस शास्त्र में अधिकृत है। (२) चरक और सुश्रुत ने अनेक स्थानों पर इसी प्रकार के पुरुष का उल्लेख किया है। (३) चरक ने यह भी कहा है कि अन्न से बने हुए रस के द्वारा 'चिकित्सापुरुष' बढ़ता है। यदि इस कथन के साथ आप पूर्वोक्त उपनिषद् के 'अन्नरसमय' पुरुष का मिलान करके देखें तो आपको स्पष्ट रूप से निश्चय हो जायगा कि ये दोनों एक ही हैं।

अब इस श्रुति के अन्य अंशों पर ध्यान दीजिये। इसमें केवल एक ही आत्मा से समस्त जड़ (आकाशादि) और चेतन (पुरुष) जगत् की उत्पत्ति बताई है। वेदान्त-सिद्धान्त (अद्वैत) की यही विशेषता है कि वह ब्रह्म को ही जगत् का उपादान कारण भी मानता है और उसी को निमित्त कारण भी मानता है। 'अभिन्ननिमित्तोपादानता' ही इस सिद्धान्त का परम ध्येय है। वही इस श्रुति में भी स्पष्टरूप से प्रतिपादित हुआ है। इसी कारण प्रकृत श्रुति का वेदान्त वाक्यों में स्थान मिला है, परन्तु इसकी अन्य प्रक्रिया में आयुर्वेद के मूल सिद्धान्त तथा सूत्रभूत बीज अन्तर्हित हैं।

यों तो आज-कल की साइंस (Science) भी किसी एक ही वस्तु से सम्पूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति अब मानने लगी है। जिस समय वर्तमान साइंस का ज्ञान ऐटम्स् (Atoms) तक ही सीमित था उन दिनों सैकड़ों मूल तत्व माने जाते थे, परन्तु जब से इसे एलेक्ट्रॉन् (Electrons) का ज्ञान हुआ है तब से पुराने सैकड़ों मूल तत्व धूल में मिल गये हैं। अब साइंस किसी एक तत्व से ही सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति मानता है, परन्तु आत्मा की सत्ता पर उसे अब भी विश्वास नहीं है। होना भी न चाहिये। सूक्ष्मदर्शक आदि अनेक प्रकार के यन्त्रों की सहायता से किसी वस्तु का प्रत्यक्ष करना और उसी के आधार पर अनुमान लगाना, बस ये ही दो (प्रत्यक्ष और अनुमान) साधन भौतिक-विज्ञान के ब्रह्मास्त्र हैं। जो वस्तु इन दोनों साधनों की पकड़ से परे है, उसके ज्ञान की आशा भी हम इस विज्ञान से कैसे कर सकते हैं? आत्मा न तो ऐसी वस्तु है, जो विज्ञानशाला (Laboratory) के किसी काचनली (Burner) में रख कर गरम की जा सके और न ऐसी ही वस्तु है, जिसे सूक्ष्मदर्शकयन्त्र

---

१. यतोऽभिहितं पञ्चमहाभूतशरीरिसमवायः पुरुष इति स एष कर्मपुरुषश्चिकित्साधिकृतः। १६। (सु०, शा०, अ० १)

२. 'षड् धातवः समुदिताः पुरुष इति शब्दं लभन्ते, तद् यथा पृथिव्यापस्तेजोवायुराकाशं ब्रह्म चाऽव्यक्तमित्येत एव च षड् धातवः समुदिताः पुरुष इति शब्दं लभन्ते'। ६। चरक, शारीर०, अ० ६
'खादयश्चेतना षष्ठा धातवः पुरुषः स्मृतः' १४ चरक, शारीर०, अ० १
'आत्मेन्द्रियमनोऽर्थानां योऽयं पुरुषसंज्ञकः।
राशिरित्यामयानां च प्रायुत्पत्तिविनिश्चये' चरक, सू०, अ० २५

३. 'हिताहारोपयोगपक्व एव च पुरुषवृद्धिकरो भवति'
च०, सू०, अ० २५

(Microscope) के द्वारा कीटाणुओं की तरह बिलबिलाता हुआ देखा जा सके। इस दशा में साइन्स यदि आत्मा पर विश्वास नहीं करता तो आश्चर्य ही क्या है ?

यद्यपि दर्शनग्रन्थों में आत्मा की सिद्धि पर बड़े लम्बे-लम्बे विचार करके यह सिद्ध किया गया है कि पिण्ड (शरीर) और ब्रह्माण्ड की क्रियाओं का सामञ्जस्य तथा व्यवस्था आत्मा को स्वीकार किये बिना संभव नहीं है। हम भी इसी मत के अनुयायी हैं, परन्तु यहाँ दर्शनों के साथ साइन्स का शास्त्रार्थ छेड़कर हम आपका समय नष्ट करना नहीं चाहते। इस जगह हम उन्हीं बातों का कुछ परिणाम निकालने की चेष्टा करेंगे, जिनमें वैदिक विज्ञान और भौतिक विज्ञान में विशेष अन्तर नहीं है।

V.P.P.

'आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ', इस बात को आप थोड़ी देर के लिये भुला दीजिये और प्रकृत श्रुति के अगले अंश पर विचार कीजिये। इसमें लिखा है कि वर्तमान सृष्टि आकाश के रूप से वायु के रूप में परिणत हुई, वायु के रूप से अग्नि के रूप में आई, अग्नि की दशा से जल की दशा में बदली और जल की अवस्था के बाद फिर ठोस पृथ्वी के रूप में परिवर्तित हुई। एक ही वस्तु (जो मूलतत्त्व आत्मा थी) का प्रथम परिणाम या विवर्त आकाश हुआ और इसके अनन्तर वही एक वस्तु वायु आदि के अनेक रूप में परिवर्तित होती हुई इस वर्तमान पृथ्वी के रूप में परिणत हुई। यही इस श्रुति का भावार्थ है।

यदि आत्मा से एक श्रेणी नीचे तक देखा जाय तो वर्तमान भौतिक विज्ञान (Science) भी इस सृष्टिक्रम से सहमत है। अब साइन्स ने यह स्वीकार कर लिया है कि सब वस्तुएँ किसी एक ही मूलतत्त्व से उत्पन्न हुई हैं और वह मूलतत्त्व ईथर (Ether) है। यह ईथर वैदिक भाषा का आकाश ही है। वेद कहता है कि आकाश से समस्त स्थूल जगत् की सृष्टि हुई और साइन्स कहता है कि 'ईथर' से सब वस्तुएँ बनीं, इन दोनों बातों में केवल शब्दों का भेद है, तत्त्व एक ही है।

आज-कल अत्यन्त शक्तिशाली दूरबीनों का आविष्कार करके साइन्स ने ऐसे अनेक तारापुञ्जों का पता लगाया है, जो अब तक केवल वाष्प या गैस (Gas) के स्वरूप में हैं। हम जिसे आकाशगङ्गा या ऐरावत का मार्ग कहते हैं, जो रात्रि में एक चमकती हुई पगडंडी (Foot path) सी आकाश में प्रतीत होती है, वह इसी प्रकार के अनेक नक्षत्रों का पुञ्ज है जो अभी तक वायु की दशा में हैं। साइन्स को इस बात का ज्ञान नहीं है कि यह तारापुञ्ज इस वायवीय दशा से पूर्व किस दशा में था। उसके पास इसके जानने का कोई साधन भी नहीं है, क्योंकि यह बात प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा नहीं जानी जा सकती। इन दो प्रमाणों के आगे साइंस की गति नहीं है। योगज ज्ञान आर्षचक्षु अथवा आगम प्रमाण का साइंस में कोई स्थान नहीं है। तथापि अपने सामान्य सिद्धान्त के अनुसार इन वायवीय तारापुञ्जों का ईथर से उत्पन्न हुआ मान लेने में साइंस को कोई आपत्ति नहीं हो सकती। जब सभी वस्तुओं का आदि मूल वह ईथर को मानती है तो गैस (Gas) या वायु को भी उसी ईथर से उत्पन्न हुआ मानने में साइंस को क्या आपत्ति हो सकती है ? इस प्रकार आकाश से वायु की उत्पत्ति जो वेद ने बताई है, उसका विरोध साइन्स नहीं कर सकता।

वर्तमान वायवीय दशा से घनीभूत होकर ये तारापुञ्ज प्रज्वलित तेजोमण्डल के रूप में पहुँचेंगे, यह बात भी विज्ञानसंमत है। हमारा वर्तमान सूर्य आज इसी दशा में विद्यमान है। जिस प्रकार का यह अग्निपुञ्ज है, इसी प्रकार के अन्य भी अनेक सूर्य हैं और बहुत-से अभी

बन ही रहे हैं। इन बातों से—जिनका भौतिक विज्ञान को अब ज्ञान हुआ है—वेदोक्त सृष्टि-प्रक्रिया का समर्थन होता है। आकाश से वायु और वायु से अग्नि के उत्पन्न होने की बात सिद्ध हो जाती है।

विज्ञान (Science) अब यह मानता है कि हम जिस पृथ्वी पर निवास करते हैं, इसका आरम्भिक दशा में, यह रूप नहीं था। आरम्भ में यह पृथ्वी सूर्य का ही एक अवयव थी। शुक्र, बृहस्पति आदि ग्रह-उपग्रह भी सब इसी में मिले थे। वह एक प्रदीप्त नेबुला (Nebula) था जो बड़ी तेज़ी के साथ आकाश में घूम रहा था। इसका मध्य भाग अपेक्षाकृत सघन तथा तीव्रतर गतिसम्पन्न था।

वैदिक मत के अनुसार इस नेबुले को हम वायु का विशुद्धरूप नहीं मान सकते। इससे पूर्व की दशा वायु की थी और वर्तमान दशा में क्रिया वायु की है और उष्णता (यदि हो तो) अग्नि की। उपादान कारण की स्थिति कार्य में अवश्य रहती है, अतः इस अग्निरूप परिणाम में भी वायु विद्यमान रहता है।

फिर यह नेबुला घूमते-घूमते (करोड़ों वर्ष तक) कुछ अधिक सघन हुआ। उसी भ्रमण की दशा में अनेक अंश टूट-टूटकर इधर-उधर आकाश में फैले और समय पाकर कुछ ठंडे हुए। मध्य भाग जो अधिक सघन था, सूर्य हुआ और अन्य छोटे-छोटे भाग बृहस्पति, शुक्र, चन्द्रमा और हमारी यह पृथ्वी हुई।

संस्कृत ज्योतिष में शनि का सूर्य को पुत्र, मंगल को भौम या भूमिपुत्र, और बुध को चन्द्रमा का पुत्र कहा जाता है। इससे इन ग्रहों का इतिहास प्रकट होता है। मंगल पृथ्वी से टूटकर पृथक् हुआ है और शनि सूर्य से टूटकर बना है, इसे प्राचीन भारत के ज्योतिषियों ने जाना था।

नेबुले से छूटने पर यह पृथ्वी अत्यन्त उष्ण तरल (द्रव) पदार्थों का एक समूह थी। जिस प्रकार ज्वालामुखी पर्वत के फटने से कहीं-कहीं द्रव पदार्थ निकलते हैं उससे कहीं अधिक उष्ण पदार्थों का समुद्र इस पृथ्वी पर उस समय लहरें मार रहा था। उसके अतिरिक्त यहाँ और कुछ नहीं था, यह वर्तमान साइंस का मत है। इसके साथ वेद के 'अग्नेरापः' = अग्नि के बाद जल की सृष्टि हुई, इस मत का मिलान कर देखिये।

हम इस दशा का भी, वैदिक मतानुसार, विशुद्ध जल की दशा नहीं कह सकते। इसके भीतर क्रियाशक्ति वायु की है और उष्णता अग्नि की है—जो दोनों इसके कारण हैं—एवं तरलता तथा सघनता (आपेक्षिक) इस जल के अपने गुण हैं।

धीरे-धीरे पूर्वोक्त जलीय सृष्टि की उष्णता कम हुई और दूध पर मलाई के समान एक ठोस पदार्थ की तह उस तरल पदार्थ के ऊपर जमती गई। ज्यों-ज्यों गरमी कम हुई त्यों-त्यों यह तह मोटी होती गई, परन्तु भीतर की अति तीव्र उष्णता और प्रचण्ड वेग के कारण स्थान-स्थान पर यह तह फटकर ज्वालामुखियों का प्रादुर्भाव होता रहा। उन्हीं से निकला हुआ लावा ठण्डा होकर पर्वतों के रूप में परिणत हुआ और अनेक जगह बड़े-बड़े महागर्त भी बन गये। उष्णता की अधिकता के समय जो जल वाष्प या गैस (Gas) के रूप में था वह उष्णता कम होने पर साधारण जल के रूप में आ गया और उससे समुद्रों की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार यह सृष्टि जलीय दशा से पार्थिव दशा में परिणत हुई। इसी को वेद ने 'अन्नयः पृथ्वी' इस एक वाक्य में कहा है।

इस प्रकार आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। विज्ञान ने अनेक साधन, विपुल व्यय और पचासों वर्ष के अथक परिश्रम से इन बातों को जाना है और ऋषियों ने इन्हें योगज ज्ञान, दिव्य दृष्टि अथवा आर्षचक्षु के द्वारा देखा था। आर्षचक्षु की गति प्रत्यक्ष और अनुमान की सीमा से परे तक होती है, अतएव वैदिक ऋषियों ने आकाश के भी मूल तत्व आत्मा के दर्शन किये, परन्तु वर्तमान विज्ञान वहाँ तक पहुँचने की सामर्थ्य नहीं रखता।

आस्तिक लोग प्रत्यक्ष और अनुमान के साथ एक तीसरा 'आगमप्रमाण' भी मानते हैं। दिव्यज्ञान और आर्षचक्षु के बल पर जो लोग अतीत, अनागत तथा अतीन्द्रिय पदार्थों का प्रत्यक्ष करते हैं, उनके वचन इस 'आगमप्रमाण' के अन्तर्गत होते हैं। वेद इसी कोटि के ग्रन्थ हैं, इसीलिये यह कहा जाता है कि प्रत्यक्ष और अनुमान के द्वारा जिन पदार्थों का ज्ञान नहीं हो सकता उनका ज्ञान वेदों के द्वारा होता है। वेदों का यही वेदत्व है कि वे प्रत्यक्ष और अनुमान से अगम्य पदार्थों का ज्ञान कराते हैं।

'प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता॥

आस्तिक लोग योगज ज्ञान अथवा 'आर्षचक्षु' को सबसे उत्कृष्ट प्रमाण मानते हैं, अतः जहाँ कहीं प्रत्यक्ष अथवा अनुमान के साथ आगम-प्रमाण का विरोध पड़ता है, वहाँ आगम या वेद को ही स्वीकार करते हैं। हम लोगों का विश्वास है कि प्रत्यक्ष और अनुमान से प्रमाणित बातें आगे चलकर मिथ्या सिद्ध हो सकती हैं—जैसा कि साइंस के सिद्धान्तों में अब भी बराबर हो रहा है—परन्तु आगमप्रमाण की सत्यता त्रिकालाबाध्य होती है। इसीलिये ऋषियों के सम्बन्ध में यह कहा है कि—

'आविर्भूतप्रकाशानामनुपप्लुतचेतसाम्।
अतीतानागतज्ञानं प्रत्यक्षाज्ञातिरिच्यते॥
अतीन्द्रियानसंवेद्यान् पश्यन्त्यार्षेण चक्षुषा।
ये भावान् वचनं तेषां नानुमानेन बाध्यते॥'

आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी इनकी यथाक्रम सृष्टि होने का समर्थन वैदिक विज्ञान और भौतिक विज्ञान इन दोनों के द्वारा होता है। इनमें आकाश प्रथम तो एकदम अव्यक्त तत्व है, दूसरे वह तटस्थ है, किसी व्यक्त पदार्थ की क्रिया में साधक या बाधक नहीं होता। इसको छोड़ देने से व्यक्त सृष्टि अथवा स्थूल सृष्टि में चार तत्व बचते हैं। इनमें वायु सबसे सूक्ष्म और व्यक्ताऽव्यक्त है। अग्नि उससे स्थूल और जल उससे भी स्थूल है। पृथ्वी सबसे स्थूल और सबका कार्य है। इसमें इसके पूर्व के तीनों तत्व कारण रूप से विद्यमान रहते हैं। जिस प्रकार सुवर्ण की बनी वस्तु सुवर्ण को छोड़कर एक क्षण भी नहीं रह सकती, कोई भी कार्य-वस्तु अपने उपादान कारण को छोड़कर नहीं रह सकती, इसी प्रकार यह पृथ्वी भी वायु, अग्नि और जल इन तीनों उपादानों को छोड़कर एक क्षण भी स्थिर नहीं रह सकती। पृथ्वी की स्थिति के लिये इन तीनों की उपस्थिति नितान्त आवश्यक है।

एक बात यहाँ विशेष रूप से ध्यान में रखनी चाहिये। वायु, अग्नि और जल ये तीनों परस्पर भिन्न तत्व हैं। आत्मा से लेकर जल-पर्यन्त सभी कार्य पदार्थों में अपने कारण की

अपेक्षा इतनी भिन्नता आ गई है कि उनको अलग-अलग तत्त्व मानना अनिवार्य हो गया है, परन्तु पृथ्वी पर पहुँच कर यह बात नहीं रही। यद्यपि पृथ्वी से ओषधि, ओषधि से अन्न और अन्न से पुरुष की उत्पत्ति श्रुति ने बताई है, परन्तु ये सब पृथ्वी के कार्य, अपने कारण (पृथ्वी) से भिन्न तत्त्व नहीं हो सके। सबके सब पार्थिव ही रहे, अतः व्यक्त जगत् में तत्त्वान्तर उत्पन्न करने का सामर्थ्य वायु, अग्नि और जल इन तीन में ही समाप्त हो गया। इस प्रकार विचार करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी तथा पार्थिव पदार्थों की अपेक्षा वायु, अग्नि और जल ये तीनों कारणकोटि में हैं, एवं समस्त पार्थिव पदार्थ इन्हीं तीन तत्त्वों के कार्य हैं।

यहाँ हमारी कई बातें न्यायशास्त्र के अनुयायियों को अपने मत के विरुद्ध प्रतीत होंगी। प्रथम तो आकाश की उत्पत्ति बताना और फिर वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में कार्य-कारण भाव बताना, यह प्रचलित न्यायशास्त्र के मत के विरुद्ध है, परन्तु आप लोगों को यह ध्यान रखना चाहिये कि हम इस समय वैदिक सिद्धान्त का प्रतिपादन कर रहे हैं और भौतिक विज्ञान (साइंस) का समर्थन भी कर रहा है। नैयायिकों को यदि अपने मत की प्रामाणिकता सिद्ध करनी हो तो वे लोग पहले तो अपने माने पदार्थों को वेदानुकूल सिद्ध करें और फिर विज्ञान का समर्थन प्राप्त करें। सारांश यह कि हमारी इन बातों का समर्थन वेद, वेदान्तशास्त्र और विज्ञान से होगा, प्रचलित न्याय-शास्त्र से नहीं।

हम यह कह रहे थे कि वायु, अग्नि और जल के सहयोग के बिना पृथ्वी और पार्थिव पदार्थ स्थिर नहीं रह सकते। पृथ्वी में जो गति और क्रिया है, वह वायु का रूप है, एवं परस्पर अवयवों का जो मेल है, वह जल का गुण है। जल अथवा स्नेह के बिना संघटन नहीं हो सकता। पृथ्वी में जो गर्मी है वह अग्नि का गुण है। इस प्रकार पृथ्वी में उसके तीनों कारण दृष्टिगोचर होते हैं। यदि आप इनमें से किसी एक को भी अलग कर दें तो पृथ्वी का स्वरूप नष्ट हो जायगा, यदि पृथ्वी की गति अथवा क्रिया को अलग कर दिया जाय तो यह इतना बड़ा मिट्टी का गोला निराधार आकाश में एक क्षण भी न टिक सके। गति और क्रिया के कारण ही यह अपने स्थान पर स्थित है। इसके अतिरिक्त पृथ्वी के ऊपर ऋतुओं का परिवर्तन, वनस्पति और अन्नादि की उत्पत्ति तथा वर्षा आदि का होना भी इसकी गति और क्रिया पर ही निर्भर हैं। यदि ये दोनों पृथ्वी से पृथक् हो जायँ तो यहाँ की ऋतुएँ नष्ट हों, वृक्ष, वनस्पति तथा अन्नादिक नष्ट हों और फलतः सब प्राणी भी नष्ट हों। यही दशा जल की भी है। यदि जलीय अंश निकल जाय तो पृथ्वी का प्रत्येक कण भस्मराशि के समान आकाश में इधर-उधर उड़ने लगे। इसी प्रकार यदि पृथ्वी की गर्मी निकल जाय तो भी यह मुर्दा हो जाय और यहाँ कोई भी प्राणी न रह सके। यदि हमारी बातों पर आपको विश्वास न हो तो किसी साइंस जाननेवाले से पूछ लीजिये।

जिस प्रकार पृथ्वी की स्थिति के लिये वायु, अग्नि और जल की उपस्थिति वाञ्छनीय है, उसी प्रकार इन सबकी समानता भी अपेक्षित है। इनके वैषम्य से भी पृथ्वी नष्ट हो जायगी। यदि पृथ्वी में गर्मी की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाय तो सैकड़ों ज्वालामुखी फूट निकलें और पृथ्वी पिघलकर जल के रूप में परिणत हो जाय। यदि यही गर्मी न्यून हो जाय तो भी विनाशकारी हो। वायु की गति अत्यन्त बढ़ जाने पर अथवा न्यून हो जाने पर भी घातक हो जाय। जलीय गुणों की अति वृद्धि या अतिक्षय भी इसी प्रकार हानिकर हो। सारांश यह कि पृथ्वी को अपने स्वरूप में बनाये रखने के लिये वायु, अग्नि, जल इन तीनों की उपस्थिति ही

नहीं, अपितु इनकी समानता भी अपेक्षित है। इनकी अनुपस्थिति और विषमता दोनों ही घातक हैं।

जो दशा पृथ्वी की है, वही वृक्ष, वनस्पतियों की भी है। वायु की क्रियाशक्ति, अग्नि की पाचनशक्ति और जल की संघातशक्ति के बिना संसार का कोई वृक्ष एक क्षण भी नहीं टिक सकता। वृक्षों की जड़ों में बारीक शिफायें होती हैं। उन्हीं के द्वारा ये पृथ्वी से रस खींचते हैं, इसीसे इन्हें 'पादप' कहा जाता है। (पादैः पिबतीति पादपः) सभी वृक्ष पृथ्वी से रस खींचते हैं, जो एक ही प्रकार का होता है, परन्तु इसके परिणाम में भारी अन्तर होता है। एक ही स्थान पर आम, नीबू तथा नीम बो दीजिये और एक ही कूएँ का जल सबको दीजिये, परन्तु आम का फल मीठा, नीबू का खट्टा और नीम का कड़वा होगा। पृथ्वी से खींचे हुए इन सबके रस की आरम्भिक दशा में यदि परीक्षा की जाय तो कुछ भेद न मिलेगा। यह भेद इनके पाचक-संस्थानों की भिन्नता के कारण होता है।

वृक्षों की पाकस्थली पत्तों में होती है। पत्तों में एक गहरे हरे रंग का पदार्थ होता है जिसे क्लोरोफ़िल (Chlorophyll) कहते हैं। यह वृक्षों की पाचनक्रिया में सहायक होता है। अनेक सड़ती हुई वस्तुओं में से (Carbon di oxide) कार्बनडाइऑक्साइड नामक वस्तु का वृक्ष अपने पत्तों के सूक्ष्म छिद्रों द्वारा शोषण करते हैं और क्लोरोफ़िल की सहायता से उसे पचाकर मनुष्यों की भोजन सामग्री (Carbon) तैयार करते हैं। वृक्ष से आक्सिजन (Oxygen) नामक वायु बाहर निकलते हैं, जो जङ्गम प्राणियों के लिये प्राणप्रद है। जो रस वृक्षों में पृथ्वी से पहुँचता है, उसका भी, पाचन होकर, वृक्षों के अंग पुष्ट होते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि रस खींचने के लिये क्रिया, उसे पचाने के लिये गर्मी या अग्नि की वृक्षों को भी आवश्यकता है। आक्सिजन छोड़ने के लिये भी क्रियाशक्ति अथवा वायु की अपेक्षा है और अवयवों के संघटन तथा पोषण के लिये जल की भी आवश्यकता है। इस प्रकार वायु, अग्नि और जल की सत्ता तथा समानता वृक्षों के लिये भी आवश्यक है।

हम सबके शरीरों का भी यही हाल है। हमारे शरीर पार्थिव हैं। अन्त में ये पृथ्वी के रूप में ही लीन होते हैं, परन्तु क्रियाशक्ति, पाचनशक्ति, और संघात शक्ति के बिना इनका रहना असंभव है। मानव शरीर की रचना अत्यन्त जटिल है। इसमें सैकड़ों नहीं, हज़ारों क्रियायें प्रतिक्षण होती हैं, परन्तु इनमें से किसी को भी उनका ज्ञान नहीं होता। बड़े-बड़े वैज्ञानिकों और डाक्टरों ने जीवित शरीर की अनेक क्रियाओं का वर्णन किया है, परन्तु इनमें ऐसा एक भी नहीं है, जिसने अपने शरीर के भीतर होनेवाली क्रियाओं का साक्षात्कार किया हो। सबने दूसरे के शरीरों पर ही अनुभव किया है। हृदय की गति, मस्तिष्क का संचालन, आमाशय की अनेक क्रियायें, छोटी-बड़ी आँतों के भीतर होनेवाला क्रियाकलाप, यकृत्, प्लीहा, वृक्क आदि के विलक्षण काम उरःस्थल, या फुप्फुस में होनेवाली रक्तशोधन की अद्भुत क्रियायें कहाँ तक गिनियेगा, प्रत्येक स्नायु, पेशी और सन्धि इन क्रियाओं से व्याप्त हैं, ये सब क्रियायें वायु का ही प्रधान कार्य हैं। अव्यक्त होने के कारण वायु का प्रत्यक्ष नहीं होता, परन्तु इन क्रियाओं से उसका अनुमान होता है।

यह कोई तर्क भी नहीं है कि जो वस्तु प्रत्यक्ष न हो उसकी सत्ता ही न मानी जाय। शरीर के प्रत्येक अंग को चीर डालने पर भी 'प्राण' नाम की किसी वस्तु के कहीं दर्शन न होंगे, तब क्या 'प्राण' कोई वस्तु ही नहीं है? कल्पना कीजिये कि कोई आदमी गुप्तरसी के दर्द

से व्याकुल है अथवा हृदय की व्यथा से बेचैन है। क्या आप आपरेशन करके उसके दर्द को कहीं प्रत्यक्ष देख सकेंगे ? और न मिलने पर क्या उसकी सत्ता को अस्वीकार करेंगे ?

वायु व्यक्ताऽव्यक्त है। स्वयं अव्यक्त होने पर भी उसकी क्रियायें व्यक्त होती हैं। अग्नि इससे कुछ स्थूल है। उसकी गर्मी का भी प्रत्यक्ष होता है और अनेक क्रियाओं का भी। जिस प्रकार वृक्षों में गर्मी के द्वारा पाचन होता है, उसी प्रकार हमारे शरीरों में भी होता है। बाहर से पहुँचा हुआ भोजन इस गर्मी के द्वारा पचकर या परिवर्तित होकर शरीर के अंग-प्रत्यंगों में तन्मय होता है। यदि यह क्रिया न हो तो खाया हुआ भोजन ज्यों-का-त्यों रक्खा रहे। यह बात भौतिक विज्ञान भी स्वीकार करता है कि हमारे शरीर में बाहर से पहुँची प्रत्येक वस्तु में परिवर्तन अवश्य होता है। डाइजेशन (Digestion) और ऑक्सिडेशन (Oxidation) के बिना कोई बाहरी वस्तु शरीर का अङ्ग नहीं बन सकती। प्रत्येक डाक्टर यह भी स्वीकार करता है कि शरीर के भीतर यह परिवर्तन गर्मी के कारण होता है। साथ ही कोई वैज्ञानिक अथवा डाक्टर अब तक यह भी नहीं समझ पाया है कि शरीर के भीतर अत्यन्त स्वल्प मात्रा में (९८-९९ फ़ैरनहीट) जो गर्मी विद्यमान है वह इन सब खाद्य सामग्रियों को पचा कैसे देती है। हमें इन बातों से कुछ मतलब नहीं। हमें तो केवल यही दिखाना है कि शरीर में अग्नि के बिना पाचन असम्भव है और यह बात भौतिक विज्ञान भी स्वीकार करता है। फलतः यह सिद्ध है कि हमारे शरीर के लिये भी वायु और अग्नि की अनिवार्य आवश्यकता है। जल की अथवा संघातशक्ति की आवश्यकता तो इतनी स्पष्ट है कि उसके सम्बन्ध में कुछ कहने की आवश्यकता ही नहीं।

इन बातों से यह सिद्ध है कि हम जिस सृष्टि को देख रहे हैं, वह वायु, अग्नि और जल की दशाओं में यथाक्रम परिवर्तित होने के अनन्तर पृथ्वी के रूप में परिणत हुई है और जिस पृथ्वी पर हम निवास करते हैं, उसमें इसकी पूर्वावस्था के तीनों तत्त्व—वायु, अग्नि और जल—कारणरूप से विद्यमान हैं। प्रत्येक वृक्ष, लता, गुल्म में और हमारे शरीरों में भी इनकी कारणता अविच्छिन्न है। पृथ्वी तथा पार्थिव पदार्थों की स्थिति उसी समय तक रह सकती है, जब तक ये तीनों तत्त्व समानरूप में बने रहें। यदि इनमें से कोई एक भी न रहे अथवा इनमें विषमता आ जाय तो पृथ्वी तथा पार्थिव पदार्थों का विनाश अवश्यंभावी है।

तैत्तिरीय उपनिषद् की प्रकृत श्रुति ने सृष्टिप्रक्रिया में अग्नि और जल के नाम से जिन कारणों का निर्देश किया है और प्रत्येक पदार्थ की स्थिति के लिये जिनकी अनिवार्य आवश्यकता है, इन्हीं का नाम 'धातु' है। धारण करने के कारण ये 'धातु' कहाते हैं। ऋग्वेद के ये ही 'त्रिधातु' हैं और आयुर्वेद में इन्हीं का नाम 'वात, पित्त, कफ' है।

'वायु' का नाम तो वेद और आयुर्वेद में एक ही है। इस पर कोई विवाद ही नहीं। पित्त के सम्बन्ध में सुश्रुत ने (१)यह प्रश्न उठाया है कि क्या शरीर में पित्त का ही नाम अग्नि है ? या इसके अतिरिक्त और अग्नि है ? इस पर निर्णय किया है कि पित्त के अतिरिक्त और

---

१. अत्र जिज्ञास्यं किं पित्तव्यतिरेकादन्योऽग्निः ? आहो-स्वित् पित्तमेवाग्निरिति ? अत्रोच्यते न खलु पित्तव्यतिरेकादन्योऽग्निरुपलभ्यते। आग्नेयत्वात्पित्ते दहनपचनादिषु अभिप्रवर्तमाने अग्निवदुपचारः क्रियते अन्तरग्निरिति। शीते हि अग्निगुणे तत्समानद्रव्योपयोगात्, अतिवृद्धे शीतक्रियोपयोगात्, आगमाच्च पश्यामो न खलु पित्तव्यतिरेकादन्योऽग्निरिति। ९। सुश्रुत, सूत्र०, अ० २१

नहीं है, पित्त का ही नाम अग्नि है, अग्नि के सब गुण—दहन (Oxidation) और पचन (Digestion) आदि—इसी में विद्यमान है। जब ये गुण कम पड़ते हैं, तब अग्निगुण—प्रधान औषध देने से ठीक हो जाते हैं और जब पित्त बढ़ता है, तब शीतोपचार से दब जाता है। इन कारणों से और 'आगम-प्रमाण' से हम यह निश्चय करते हैं कि अग्नि और पित्त एक ही वस्तु हैं।

'श्लेष्म' शब्द का अर्थ है कफ। यह शब्द 'श्लिष्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है मिलना, मिलाना, चिपकना या इकट्ठा करना। जल का यह विशेष गुण है। शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग इसी के कारण संश्लिष्ट रहते हैं। आमाशय इसका प्रधान स्थान है। यहाँ कई प्रकार के द्रव भोजन में मिश्रित होते हैं। और भी कफ के अनेक स्थान सुश्रुत ने गिनाये हैं। स्नेहन और श्लेषण ये दोनों जल के गुण शरीर के जिस अङ्ग में विशेष रूप से मिलें वही कफ का स्थान हो सकता है। (१) सुश्रुत का कहना है कि 'उदककर्म' = जल के कार्य से श्लेष्मा शरीर का उपकार करता है। इससे यह स्पष्ट है कि श्लेष्मा और जल एक ही वस्तु है।

चरक (२) ने भी इसी प्रकार का कथन किया है और वायु, अग्नि तथा जल को कारण 'प्रकृतिभूत' बताया है।

आयुर्वेद ने वात, पित्त, कफ के तीन अधिष्ठातृ देवता भी माने हैं। इनका नाम है—वायु, सूर्य और चन्द्रमा। इससे भी त्रिधातु का स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। वात और वायु एक ही है। सूर्य अग्निरूप और चन्द्रमा जलरूप हैं।

'तत्र वायोरात्मैवात्मा, पित्तमाग्नेयं, श्लेष्मा सौम्य इति' ५

सुश्रुत सूत्र० अ० ४२

सुश्रुत का कहना है कि (३) विसर्ग आदान और विक्षेप इन तीन क्रियाओं के द्वारा जैसे चन्द्र, सूर्य और वायु जगत् को धारण करते हैं वैसे ही इन्हीं क्रियाओं के द्वारा वात, पित्त, कफ शरीर को धारण करते हैं। इससे स्पष्ट है कि वात, पित्त, कफ और वायु, सूर्य, चन्द्र इनका स्वरूप भी एक है और क्रियायें भी एक हैं।

सारांश यह कि दृश्य जगत् की समस्त वस्तुएँ आकाश (Ether) से उत्पन्न होकर वायु, अग्नि और जल के रूप में परिवर्तित होने के बाद ठोस पार्थिव रूप में आई हैं, अतः पृथ्वी तथा प्रत्येक पार्थिव पदार्थ में, उसके कारण (वायु, अग्नि, जल) का स्वरूप, क्रियायें

---

१. 'स च तत्र औदकैर्गुणैराहारः प्रक्लिन्नो भिन्नसंघातः सुखजरश्च भवति। १२। स तत्रस्थ एव स्वशक्त्या शेषाणां श्लेष्मस्थानानां शरीरस्य उदककर्मणा अनुग्रहं करोति। १४। सुश्रुत सूत्र०, अ० २१

२. 'अग्निरेव शरीरे पित्तान्तर्गतः कुपिताकुपितः शुभाशुभानि करोति'। ११।

'सोम एव शरीरे श्लेष्मान्तर्गतः कुपिताकुपितः शुभाशुभानि करोति'। १२।

'सर्व एव खलु वातपित्तश्लेष्माणः प्रकृतिभूताः पुरुषमव्यापन्नेन्द्रियं बलवर्णसुखोपन्नमायुषा महतोपपादयन्ति'। १३।

(चरक, सूत्र०, अ० १३)

३. विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा।
धारयन्ति जगद्, देहं कफपित्तानिलास्तथा॥ ८॥

(सुश्रुत, सूत्र०, अ० २१)

और गुण सदा वर्तमान रहते हैं। दृश्य जगत् का कोई भी पदार्थ न तो इनके बिना रह सकता है और न इनकी विषमता में ही रह सकता है। इनकी सत्ता और समता में ही प्रत्येक जड़ जङ्गम वस्तु का जीवन संभव है। इनकी विषमता या इनमें से किसी का अभाव समस्त चराचर के लिये घातक है। पिण्ड और ब्रह्माण्ड के धारक ये ही त्रिधातु हैं। इनका आधिदैविक रूप 'सोम, सूर्य, अनिल' है, आधिभौतिक रूप अग्नि, जल, वायु है और आध्यात्मिक रूप वात, पित्त, कफ है। अवस्थाभेद और कार्यभेद के कारण केवल इनके नाम-रूप में भेद दीखता है, वास्तविक तत्व एक ही है।

चरक का कहना है कि (१) सूर्य, चन्द्रमा और वायु इन्हीं के कारण काल, ऋतु, रस, दोष, देह और बल की उत्पत्ति होती है। यह सभी जानते हैं कि यदि सूर्य न हो तो दिन नहीं हो सकता और यदि वायु के द्वारा पृथ्वी में क्रिया न हो तो दिन के बाद रात्रि न हो सके। पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सन्मुख रहता है, उस पर दिन और जो व्यवहित रहता है, उस पर रात्रि होती है। इस प्रकार सूर्य और वायु के कारण दिन, रात बने। चन्द्रमा के कारण महीनों को उत्पत्ति होती है, यह बात प्रत्येक पञ्चाङ्ग में चांद्रमास की गणना देखने से ज्ञात हो सकती है। इससे दिन, रात, पक्ष, मास आदि काल की उत्पत्ति में सूर्य, चन्द्र और वायु की कारणता स्पष्ट है।

ऋतुओं की उत्पत्ति प्रधानतया सूर्य के कारण होती है, यह सभी जानते हैं, परन्तु केवल सूर्य ही इनका कारण नहीं है, वायु और जल का भी इसमें भाग है।

एक वर्ष में छः ऋतु होते हैं। शिशिर, वसन्त, ग्रीष्म और वर्षा, शरद्, हेमन्त। इनमें पहले तीन उत्तरायण कहाते हैं और अन्तिम तीन दक्षिणायन। शिशिर ऋतु से उत्तरायण का आरम्भ होता है। सूर्य की गति दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ती है। वायु में तीव्रता और रूक्षता बढ़ती है। सूर्य पृथ्वी से रस और मनुष्यों के शरीर से बल का आकर्षण करना आरम्भ करता है (इसी से उत्तरायण को 'आदानकाल' भी कहते हैं)। इस ऋतु में बरफ़ ज़ोर से गिरने लगती है। हेमन्त ऋतु का गोला-बारूद, (हिम) अपने विपक्षी (सूर्य) का बल बढ़ता देखकर, दनादन पृथ्वी पर गिरने लगता है।

वसन्त ऋतु में गर्मी और बढ़ती है। सूर्य की गति पहले से अधिक उत्तर की ओर हो जाती है। वायु में भी तीव्रता और रूक्षता अधिक आ जाती है। पृथ्वी का रस भी पहले (शिशिर) की अपेक्षा अधिक सूखने लगता है। प्राणियों का बल कम हो जाता है। जो कफ या जलीय अंश हेमन्त ऋतु में प्राणियों के शरीर में सञ्चित हुआ था, वह वसन्त ऋतु में सूर्य की किरणों की तीव्रता के कारण पतला होने लगता है। शरीर की अन्तराग्नि (पित्त) पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। पाचनशक्ति में जो तीव्रता हेमन्त ऋतु में होती है, वह वसन्त में नहीं होती। अग्नि मन्द पड़ जाती है और कफ के रोग होने लगते हैं। इसी कारण, वसन्त ऋतु में, वमन विरेचन आदि के द्वारा कफ को कम करने का आयुर्वेद में विधान है।

ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की उष्णता और वायु की रूक्षता अत्यन्त प्रबल हो उठती है। सूर्य की प्रखर किरणें पृथ्वी के रस को प्रबल वेग से सोखने लगती हैं। शीतल और मधुर उप-

---

१. 'तावेतावर्कवायू सोमश्च कालर्तुरसदोषदेहप्रत्ययभूताः समुपदिश्यन्ते'। ५।

(चरक, सूत्र, अ० ६)

खार के द्वारा (ठण्डे, मीठे शरबत और फल आदि से) मनुष्य उस कमी को अपने शरीर में पूरा करते हैं।

शिशिर, वसन्त और ग्रीष्म इन ऋतुओं में यथाक्रम तिक्त, कषाय और कटुरस पृथ्वी में बढ़ते हैं। कटुरस में वायु और अग्नि के गुणों की अधिकता है। लाल मिर्च में रूक्षता और तीव्रता का आप स्पष्ट अनुभव कर सकते हैं। ग्रीष्म ऋतु में वायु की रूक्षता और अग्नि की तीव्रता चरम सीमा को पहुँच जाती है। लाल मिर्च के खेत इन्हीं दिनों पकते हैं और अपने में सूर्य तथा वायु के उक्त गुणों का समावेश करते हैं। वसन्त ऋतु में पृथ्वी के भीतर कषाय रस की निष्पत्ति विशेषरूप से होती है।

उत्तरायण में तिक्त, कषाय और कटुरसों की यथाक्रम निष्पत्ति होती है। सद्वैद्य लोग चिकित्सा के समय इस बात का ध्यान रखते हैं कि किस रोग में किस रस की ओषधियों का प्रयोग करना विशेष हितकर होगा।

दक्षिणायन में सूर्य की गति दक्षिण की ओर झुकती है। ताप में कमी आती है। मेघ और वर्षा के कारण यह और भी कम हो जाती है। चन्द्रमा का बल बढ़ता है। ओषधीनाथ (चन्द्र) का बल बढ़ने से ओषधियों का भी बल बढ़ता है। पृथ्वी के प्राणियों में भी शक्ति-सञ्चार होने लगता है और बलवर्धक रस अम्ल, लवण, मधुर इनका इन दिनों में संचय होता है। इससे यह स्पष्ट है कि सूर्य, चन्द्रमा और वायु जैसे काल और ऋतुओं को उत्पन्न करते हैं, उसी प्रकार प्राणियों के बल और ओषधियों के रसों को बनाने में भी इनकी कारणता है और ऋतुओं के स्वभाव के अनुसार ये कफ आदि दोषों को भी बढ़ाते घटाते हैं। फलतः चरक का यह कथन बिल्कुल युक्तियुक्त है कि काल ऋतु, रस, दोष, देह और बल की उत्पत्ति में सूर्य, चन्द्रमा तथा वायु की कारणता है।

इससे यह सिद्ध होता है कि सूर्य, चन्द्रमा और वायु अथवा वात, पित्त, कफ का पूरा प्रभाव काल पर भी है, दिशाओं पर भी है पृथ्वी के रसों पर भी है, प्राणियों के बल और शरीरों पर भी है, एवं उन-उन ऋतुओं में बढ़ने-घटनेवाले विकारों पर भी है। आयुर्वेद ने दिन तथा रात्रि के अंशों में भी त्रिधातु का विभाग बताया है, जिससे रोग के बढ़ने-घटने का समय देखकर वैद्यों को उसके कारणभूत दोष के समझने में सुगमता होती है।

चरक का कहना है कि (१) शरीर में उत्पन्न होनेवाला ऐसा कोई भी रोग नहीं हो सकता जो वात, पित्त, कफ के बिना उत्पन्न हो सके। जैसे आकाश में उड़नेवाला पक्षी चाहे जितने वेग से उड़े और चाहे जितनी दूर चला जाय, परन्तु वह अपनी छाया से कभी अलग नहीं हो सकता, इसी प्रकार सम्पूर्ण रोगों के पीछे, कारणरूप से वात, पित्त, कफ अवश्य लगे रहते हैं। संसार में ऐसा कोई भी रोग नहीं हो सकता। जो इनसे रहित हो। भूत, भविष्यत् और वर्तमान के सभी रोगों से इनका अविच्छेद्य सम्बन्ध है।

आयुर्वेद के ग्रन्थों में (२) वात, पित्त, कफ के लक्षण भी दिये हैं, इनके कार्य भी

---

१. 'सर्व एव विकारा निजा नान्यत्र वातपित्तकफेभ्यो निर्वर्तन्ते। यथा हि शकुनिः सर्वं दिवसमपि परिपतन् स्वां छायां नातिवर्तते तथा स्वधातुवैषम्यनिमित्ताः सर्वविकारा वातपित्तकफान्नातिवर्तन्ते। १६। चरक, सूत्र०, अ० १६

२. 'तत्र प्रस्पन्दनोद्वहनपूरणविवेकलक्षणो वायुः पञ्चधा प्रविभक्तः शरीरं धारयति'। ४।

दिये हैं, इससे उत्पन्न होनेवाले रोगों को समझने के लिये अनेक विकारों की सूची भी दी है और यह भी कहा है कि अब तक जितने विकार ज्ञात हुए हैं, उनमें से अत्यन्त प्रसिद्ध रोगों की यह सूची है (देखिये चरक, सूत्र०, अध्याय २०) और इसके आगे ऐसे अनेक (१)लक्षणों का निर्देश किया है, जिनके द्वारा निःसन्देह होकर भूत, भविष्यत्, वर्तमान सभी रोगों के कारण (वात, पित्त, कफ) को पहचाना जा सके।

'त्रिधातु' की विषमता इनमें से एक या अनेक की क्षीणता में भी हो सकती है और वृद्धि में भी हो सकती है। इन दोनों दशाओं में रोग होते हैं। सुश्रुत ने सूत्रस्थान के चौदहवें अध्याय में क्षय और वृद्धि (त्रिधातु की) में होनेवाले विकारों का पृथक्-पृथक् निर्देश किया है, जो चिकित्सा के मार्ग में अत्यन्त सहायक होता है।

हम कह चुके हैं कि पृथ्वी तथा पार्थिव पदार्थों की स्थिरता के लिये केवल वायु, अग्नि, जल की सत्ता ही नहीं अपेक्षित है, बल्कि इनकी समानता भी अपेक्षित है। यदि इनमें विषमता आ जाय तो उसी क्षण पदार्थों का ध्वंस आरम्भ हो जाय। प्राणियों के शरीर की स्थिरता के लिये भी इनकी समानता नितान्त आवश्यक है। आयुर्वेद के कथानुसार इनके (२) साम्य का नाम ही आरोग्य अथवा सुख है और इनकी विषमता को ही विकार, रोग अथवा दुःख कहते हैं। इनकी समानता बनाये रखना और किसी कारण उत्पन्न हुई विषमता को दूर करने का नाम ही चिकित्सा है। आयुर्वेद के चिकित्सक का यही लक्ष्य होता है। (३) चरक ने इसी धातुसाम्य को वैद्य का कर्तव्य बताया है। एंटीफ़ेब्रिन (Antifebrin) देकर ज्वर कम करना अथवा ऐस्पिरिन (Aspirin) खिला के किसी की व्यथा को एक ओर से दबाना और दूसरी ओर से उससे सौगुनी हानि पहुँचाने को आयुर्वेद के अनुसार चिकित्सा नहीं कह सकते। वस्तुतः यह एक प्रकार का दण्डनीय अपराध है।

आयुर्वेद का लक्ष्य मूल प्रकृति की ओर रहता है। 'त्रिधातुवाद' का सिद्धान्त संसार के लिये, ईश्वरीय वरदान के रूप में वेद, आयुर्वेद और ऋषियों के द्वारा पृथ्वी पर अवतीर्ण हुआ है। इसने प्रकृति के आधार-स्तम्भ उन तीन मूल तत्त्वों को पकड़ा है, जिनसे जगत् का छोटे-से-छोटा और बड़े-से-बड़ा प्रत्येक पदार्थ व्याप्त है। संसार का कोई भी कोना और कोई भी परमाणु इन तीन तत्त्वों से रहित नहीं मिल सकता। इनकी समानता ही जड़ और जङ्गम पदार्थों की स्थिति का कारण है और इनकी विषमता से ही सबका ध्वंस होता है। आयुर्वेद ने

'रागपत्योर्जोमेधोष्मकृत् पित्तं पचधा प्रविभक्तमग्निकर्मणा अनुग्रहं करोति'। ५।
'सन्धिसंश्लेषणस्नेहनरोपणपूरणव तस्थैर्यकृत् श्लेष्मा पचधा प्रविभक्त उदककर्मणा अनुग्रहं करोति'।६।
सुश्रुत, सूत्र०, अ० १५।

१. 'सर्वेष्वपि खल्वेतेषु वातविकारेषु उलेष्वन्येषु चाऽनुक्तेषु वायोरिदमात्मरूपमपरिणामि, कर्मणश्च स्वलक्षणम्, यदुपलभ्य, तदवयवं वा विमुक्तसन्देहा वातविकारमेवाध्यवस्यन्ति कुशलाः'। १३। इत्यादि
चरक, सूत्र०, अ० २१

२ विकारो धातुवैषम्यं साम्यं प्रकृतिरुच्यते।
सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःखमेव च'। ४। (च०, सू०, अ० ९)

३. 'याभिः क्रियाभिर्जायन्ते शरीरे धातवः समाः।
सा चिकित्सा विकाराणां कर्म तद् भिषजां मतम्। ३४। (च०, सू०, अ० १६)

इन्हीं का स्वरूप, लक्षण, प्रकृति, विकृति और विषमता पहचानने के लिये एवं उसमें समानता लाने के लिये अत्यन्त सूक्ष्म, सरल, सुबोध, सर्वगम्य तथा सब देशों और सब समयों के अनुसार उपलब्ध होने वाले उपायों, साधनों और पदार्थों का निर्देश किया है। ध्यानपूर्वक इनका मर्म समझ लेने पर बड़े-से-बड़े ज्ञानी की भी बुद्धि आश्चर्यचकित हो जाती है। 'त्रिधातुवाद' का रहस्य जान लेने के बाद एक प्रकार से प्रकृति के प्रत्येक अङ्ग पर अधिकार प्राप्त हो जाता है और जिन्होंने इस रहस्य का उद्घाटन किया है, उन महर्षियों के अनन्त, अगाध और गम्भीर ज्ञान के आगे भक्ति तथा श्रद्धा से अपने आप सिर झुक जाता है। आस्तिक लोग इसी दिव्य और अप्रतिहत ज्ञान को 'ईश्वरीय ज्ञान' अथवा 'आर्षचक्षु' कहते हैं, एवं इसे प्रत्यक्ष तथा अनुमान से परे और सबसे उत्कृष्ट मानते हैं। इसी का नाम आगमप्रमाण है। वेद और आयुर्वेद इसी कोटि के विज्ञान हैं। इन दोनों का प्रादुर्भाव भी जगत् के कर्ता ब्रह्मा जी के द्वारा ही माना जाता है। जो लोग आस्तिकों के इस विश्वास पर श्रद्धा नहीं कर सकते वे भी आयुर्वेद के मूल तत्त्वों की व्यापकता, लोकोपयोगिता और सर्वाङ्गीणता को मनुष्य की शक्ति से अगम्य लोकोत्तर ज्ञान मानने को अवश्य विवश होंगे।

यह संभव नहीं है कि कोई पुरुष सम्पूर्ण रोगों का (१) परिगणन अथवा नाम निर्देश कर सके। अतीत और अनागत का तो कहना ही क्या, वर्तमान काल की समस्त व्याधियों की गणना करना भी संभव नहीं है। चरक ने रोगों के भेदों का निदश करते हुए बताया है कि एक-एक रोग के अनन्त भेद हो सकते हैं और यह कहा है कि यदि कोई आयुर्वेदिक चिकित्सक किसी रोग का नाम (२) न बता सके तो यह कोई लज्जा की बात नहीं, क्योंकि सब रोगों का नामनिर्देश न है, न हो सकता है। चरक का कहना है कि वैद्य को रोग की प्रकृति, उसका अधिष्ठान और समुत्थानविशेष इन तीन बातों पर लक्ष्य रख कर चिकित्सा आरम्भ कर देनी चाहिये। जो चिकित्सक इन तीनों को ध्यान में रखकर अपना कार्य करता है, वह कभी धोखा नहीं खाता।

इन बातों से यह स्पष्ट है कि आयुर्वेदिक चिकित्सा रोगमूलक नहीं, बल्कि दोषमूलक है। रोगमूलक चिकित्साओं का सबसे बड़ा दोष यह है कि जब तक रोग के विशेषरूप का ज्ञान न हो जाय तब तक किसी प्रकार का कोई उपाय नहीं किया जा सकता। पिछले समय यहाँ इन्फ्लुएंजा का भयानक प्रकोप आरम्भ होने पर क़रीब एक करोड़ भारतवासियों के प्राण नष्ट हो गये परन्तु सब प्रकार के सरकारी सहायता प्राप्त एवं भारत के अति विपुल धन से परिपोषित तथा भौतिक विज्ञान के सब साधनों से सुसज्जित एलोपैथी चिकित्सा उस समय बुरी तरह फ़ेल हुई। जापान में बेरीबेरी नामक रोग का आविर्भाव होने पर भी इस वैज्ञानिकम्मन्य

---

१. 'विकाराः पुनरसंख्येयाः प्रकृत्यधिष्ठानलिङ्गायतनविकल्पविरोधात् तेषामपरिसंख्येयत्वात् । ४। चरक, सूत्र० अ० २०

'तत्र व्याधयोऽपरिसंख्येया भवन्त्यतिबहुत्वात्' ५। चरक, विमान०, अ० ६

२. 'विकारनामाऽकुशलो न जिह्रीयात् कदाचन। नहि सर्वविकाराणां नामतोऽस्ति निदर्शनम्। ५०। स एव कुपितो दोषः समुत्थानविशेषतः। स्थानान्तरगतश्चैव जनयत्यामयान् बहून्। ५१। तस्माद् विकारप्रकृतीरधिष्ठानान्तराणि च। समुत्थानविशेषांश्च बुद्ध्वा कर्म समाचरेत्। ५२। यो ह्येतत्त्रिविधं ज्ञात्वा कर्मायतारमते भिषक्। ज्ञानपूर्वं यथान्यायं स कर्मसु न मुह्यति। ९३। चरक, सूत्र०, अ० १९

चिकित्सा की ऐसी ही दुर्गति हुई थी और हज़ारों आदमियों के कालकवलित होते रहने पर भी वह चिकित्सापद्धति किंकर्तव्यविमूढ़ के समान बैठी-बैठी ताकती रही। दयनीय दीन और सब प्रकार से आश्रयविहीन होने पर भी आयुर्वेदिक चिकित्सा ने भारत में हम्फ्लुएंज़ा के समय जो उपकार किया, उससे विरोधियों के हृदय में भी इस चिकित्सापद्धति के प्रति श्रद्धा का अंकुर उत्पन्न हुआ। प्रजा की सविशेष पुकार से बाध्य होकर सरकार ने भी आँसू पोंछने के लिये कहीं-कहीं कुछ-कुछ सहायता कार्य आरम्भ किया और हमारे इन वैद्यसम्मेलनों को भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन मिला।

यदि हमारे भाई डाक्टर लोग आयुर्वेद के इस 'त्रिधातुवाद' का ध्यानपूर्वक अनुशीलन करें तो अचानक किसी रोग के आविर्भूत होने पर भी वे जनता का बहुत कुछ हित-साधन कर सकते हैं। रोगसामान्य, रोगिसामान्य और चिकित्सासामान्य का ज्ञान आयुर्वेद के अतिरिक्त संसार में अन्य किसी चिकित्सापद्धति के पास नहीं है। जिस प्रकार कोई मशीन बनानेवाला अपनी बनाई मशीन के प्रत्येक कल पुर्ज़े से परिचित होता है, इसी प्रकार प्रकृति के अधिष्ठाता परमेश्वर ने वेद और आयुर्वेद के द्वारा यह 'त्रिधातुवाद' संसार के कल्याणार्थ प्रकाशित किया है, जिसमें सूर्य, चन्द्रमा, वायु, काल, दिशा, आकाश और पृथ्वी से लेकर छोटे-से-छोटा परमाणु तक अन्तर्हित है। जड़ और चेतन सभी इससे व्याप्त हैं। प्रकृति पूर्णतया इससे नियमित है। यही 'अधातु' विकृति या विषमता की दशा में 'त्रिदोष' कहाता है।

यह तो हुई रोग-विज्ञान या दोष-विज्ञान की बात, अब ओषधियों की ओर ध्यान दीजिये। औषध-विज्ञान और भेषज-भण्डार के विषय में तो आज भी आयुर्वेद, संसार की सभी चिकित्सापद्धतियों से कोसों आगे है। केवल ज्वर के ऊपर यहाँ कई हज़ार रसों का विधान है। आसव, अरिष्ट, अवलेह, चूर्ण, गोली और काढ़े आदि इनसे अलग हैं। इस अटूट भण्डार का क्या ठिकाना है? फिर इस मार्ग की सूक्ष्म विवेचना तो और भी आश्चर्य में डालनेवाली है। निर्माण-प्रक्रिया के भेद से औषधों के गुणों का भेद और अनुपानभेद से रसों के प्रभाव का भेद भी संसार की कल्पनाशक्ति से परे की वस्तु है? अन्य चिकित्सा-पद्धतियों के अनुयायी भी इससे बहुत कुछ लाभ उठा सकते हैं। हाँ, 'त्रिधातुवाद' को समझने की अत्यन्त आवश्यकता है।

वनस्पति-विज्ञान में भी आयुर्वेद ने एक ऐसा रहस्य बताया है, जिससे अतीत, अनागत और वर्तमान सभी औषधियों का सामान्य ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। संसार में द्रव्य अनन्त हैं और प्रत्येक द्रव्य में गुण भी अनन्त हैं। यदि आप एक-एक द्रव्य को लेकर उसके गुणों की परीक्षा करना आरम्भ करें तो न कभी द्रव्यों की समाप्ति होगी और न कभी आपकी चिकित्सापद्धति में सम्पूर्णता आ सकेगी। यदि केवल कड़वी वस्तुओं की परीक्षा आरम्भ करें तो वह भी एक जन्म में पूरी न हो सकेगी। कुछ दिनों तक कुनैन की परीक्षा कीजिये, फिर नीम को देखिये, अनन्तर कल्पनाथ को समझिये, बाद में चिरायता, मेथी, गुडूची आदि अनन्त वस्तुओं से सामना कीजिये। न इधर द्रव्यों का अन्त, न उधर परीक्षा का अन्त।

आयुर्वेद ने इस कठिनता से उद्धार पाने के लिये गुणों के द्वारा द्रव्य-परीक्षा करने के मार्ग का आविष्कार किया है। यदि आपको कड़वे रस के गुण-दोषों का साङ्गोपाङ्ग ज्ञान हो जाय तो आप इसी क्षण में भूत, भविष्यत्, वर्तमान सभी तिक्त द्रव्यों के गुण-दोषों का सामान्यज्ञान प्राप्त कर लेंगे और यदि इसी प्रकार आपने छहों रसों को समझ लिया तो फिर

आपके लिये तीनों काल का कोई द्रव्य अज्ञेय न रहेगा। चरक ने सूत्र स्थान के छब्बीसवें अध्याय में इसी प्रकार रसों के गुण-दोष बताये हैं।

एक बात और भी है। चिकित्सा की सम्पूर्णता के लिये यह आवश्यक है कि हम किसी वस्तु के गुण भी जानें, उनके दोष भी जानें और उन दोषों से उत्पन्न हुए विकारों का प्रतिकार भी जानें। इस प्रकार की मीमांसा आयुर्वेद के अतिरिक्त, हम समझते हैं और कहीं नहीं है। विलायतवाले किसी पेटेंट दवा के गुण लिख भेजें और हम यहाँ उसका धड़ाधड़ प्रयोग करने लगें, इसे आयुर्वेद के अनुसार 'अन्धचिकित्सा' कहा जा सकता है।

कुनैन से आज भारत का बच्चा-बच्चा परिचित है, साथ ही यह भी सब जानते हैं कि चरक के समय में कुनैन का आविष्कार नहीं हुआ था, परन्तु चरक ने कड़वे रस के जो गुण बताये हैं, उन्हें देखकर आप कुनैन के गुणों से परिचित हो जायँगे और जो दोष दिखाये हैं, उनसे आपको कुनैन के दोषों का भी ज्ञान हो जायगा, एवं उन दोषों के प्रतीकार का मार्ग भी आपको उसी स्थान पर मालूम होगा, जिसे देखकर आपको 'आगमप्रमाण' की यथार्थता का अनुभव हो सकेगा।

चरक का कहना है कि तिक्त रस स्वयं अरुचिकर होते हुए भी अरुचिरोग को दूर करता है। विष को और कीड़ों को मारता है। मूर्च्छा, दाह, कुष्ठ, कण्डू और तृष्णा को दूर करता है। त्वचा और मांस को स्थिर करता है। ज्वर दूर करता है। दीपन, पाचन, दुग्धशोधन है और लेखन गुणों से युक्त है। क्लेद (रतूबत), चर्बी, मज्जा, लसीका, पूय, पसीना, मूत्र, पुरीष, पित्त तथा कफ को सुखाता है। रूक्ष, शीत एवं लघु है।

यदि इसी एक रस का अधिकता से सेवन किया जाय तो यह रस, रुधिर, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा और वीर्य को सुखाता है, स्नायुजाल में रूक्षता उत्पन्न करता है। दुर्बल और कृश करता है। ग्लानि, मोह तथा भ्रम (चक्कर) पैदा करता है। मुँह सुखाता है एवं अन्य वातविकार भी उत्पन्न करता है (१)।

इस प्रकरण में तिक्त रस को रूक्ष, शीत और लघु कहा है। इस रस से उत्पन्न हुए विकारों की चिकित्सा का यह संकेत है। स्निग्धत्व, उष्णत्व और गुरुत्व रूप विरोधी गुणों से इन विकारों की आवश्यकतानुसार चिकित्सा की जा सकती है।

इस प्रकार सामान्य ज्ञान के साथ आयुर्वेद ने विशेषताओं का भी वर्णन किया है और विशेष ज्ञान प्राप्त करने का उपदेश भी दिया है। औषधियों का विशेष ज्ञान प्राप्त करने के लिये गौओं और भेड़ बकरियों के चरानेवालों तक से ज्ञान प्राप्त करने का आदेश दिया है। वस्तुतः विशेष ज्ञान तो मनुष्य को जन्म-जन्मान्तर तक होता ही रहता है। इसका अन्त कहीं नहीं। सामान्य ज्ञान के अनेक अपवाद भी हैं। आयुर्वेदोक्त 'प्रभाव' इसी विषय का सविशेष वर्णन करता है।

---

१. तिक्तो रसः स्वयमरोचिष्णुरप्यरोचकघ्नो विषघ्नः क्रिमिघ्नो मूर्च्छादाहकण्डूकुष्ठतृष्णाप्रशमनः त्वङ्मांसयोः स्थिरीकरणो ज्वरघ्नो दीपनः पाचनः स्तन्यशोधनो लेखनः क्लेदमेदोवसामज्जालसीकापूयस्वेदमूत्रपुरीषपित्तश्लेष्मोपशोषणः रूक्षः शीतो लघुश्च। स एवं गुणोऽप्येक एवात्यर्थमुपयुज्यमानोरौक्ष्यात् खरविशदत्वभावाच्च रसरुधिरमांसमेदोऽस्थिमज्जशुक्रायुष्कक्षोपयति, स्रोतसां खरत्वमुपपादयति, बलमादत्ते, कर्षयति, ग्लपयति, मोहयति, भ्रमयति, वदनमुपशोषयति अपरांश्च वातविकारानुपजनयति'। ४५। च०, सू०, अ० २६

अब तक हमने आयुर्वेद के उत्कर्ष और व्यापकता का वर्णन किया है, परन्तु इससे हमारे-जैसे आयुर्वेद के अनुयायियों और चिकित्सा-व्यवसायियों का कोई उत्कर्ष सिद्ध नहीं होता। हमारी दशा अत्यन्त हीन तथा शोचनीय है। चरक ने दो प्रकार के वैद्य बताये हैं, एक 'प्राणाभिसर रोगहन्ता' और दूसरे 'रोगाभिसर प्राणहन्ता'। पहले प्रकार के चिकित्सकों के लिये कहा है कि ये लोग (१) शरीरज्ञान (Anatomy) में, 'शारीराभिनिर्वृत्तिज्ञान' (Physiology) में और 'प्रकृतिविकारज्ञान' (Pathology) में संशयरहित होते हैं। अर्थात् इन चिकित्सकों को शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्गों का स्नायु, पेशी, अस्थि, सन्धि आदि का—पूर्ण और संदेहरहित ज्ञान होना चाहिये, शरीर की 'अभिनिर्वृत्ति' का—गर्भाधान से लेकर प्रसवकाल तक तथा आगे चलकर किस-किस अवस्था में देह की कौन-कौन-सी वस्तु बनती है, इसका ज्ञान होना चाहिये तथा जीवित शरीर में दाँत, आमाशय, पित्ताशय, पक्वाशय, वृक्क, हृदय, प्लीहा, मस्तिष्क आदि की कैसी-कैसी क्रियाओं से क्या-क्या कार्य सम्पन्न होते हैं, इसका ज्ञान होना चाहिये। यह सब 'शारीराभिनिर्वृत्ति ज्ञान' है। इसके साथ ही 'प्रकृतिविकार-ज्ञान' अर्थात् किस रोग में शरीर का कौन-सा—आभ्यन्तर अथवा बाह्य—अङ्ग अपनी किस प्राकृतिक अवस्था को छोड़कर कैसी विकृत अवस्था को प्राप्त होता है, यह ज्ञान प्रत्येक चिकित्सक के लिये आवश्यक है। इसके बिना वह 'प्राणाभिसर' नहीं हो सकता, परन्तु आज-कल के अधिकांश वैद्यों को इन विषयों का ज्ञान नहीं के बराबर होता है।

आजकल आयुर्वेद में इन विषयों की पुस्तकें भी उपलब्ध नहीं हैं और अनेक विषय केवल पुस्तकों से जाने भी नहीं जा सकते। अनेक नये आविष्कार भी हुए हैं, अतः ये सब बातें हमें अपने भाई एलोपैथ डाक्टरों की सहायता से सीखनी चाहिये।

ऐसे बहुत कम लोग हैं जो आयुर्वेद का अध्ययन विज्ञान की दृष्टि से करते हैं। आयुर्वेद का मर्म समझने के लिये अनेक शास्त्रों का प्रगाढ़ पाण्डित्य, अप्रतिहत प्रतिभा और सूक्ष्म विवेचनाशक्ति की आवश्यकता है। आज-कल अधिकांश लोग आयुर्वेद को केवल व्यवसाय की दृष्टि से पढ़ते हैं और इसमें बहुत-से लोग घुस पड़े हैं, जिनकी बुद्धि अन्य शास्त्रों के समझने में कुण्ठित सिद्ध हुई है। ये न तो आयुर्वेद का मर्म समझने की चेष्टा करते हैं, न उसे समझ सकने की बुद्धि ही इनमें होती है। ऐसे लोगों की आरम्भ से ही यह चेष्टा रहती है कि कोई बढ़िया प्रयोग (नुसख़ा) कहीं से हाथ लग जाय जिससे 'अमृतधारा' या 'सुधासिन्धु' के समान कोई पेटेंट चीज़ तयार करके एकदम लक्षाधीश बन जाँय। किसी प्रकार का अंकुश न न होने के कारण ऐसे लोग केवल आडम्बर के बल पर थोड़े ही समय में 'स्वयम्भू कविराज' या 'वैद्यराज' बन बैठते हैं और आयुर्वेद को बदनाम करते हैं।

चिकित्सा के मूल तत्व, उनकी व्यापकता, सर्वदेश और सर्वकालोपयोगिता तथा औषध-विज्ञान आदि विषय हमारे भाई डाक्टरों को आयुर्वेद से सीखना चाहिये और शरीरज्ञान, शरीराभिनिर्वृत्तिज्ञान, प्रकृतिविकारज्ञान और रक्तपरीक्षा आदि उपयोगी विषय वैद्यों को डाक्टरों से, बिना संकोच, सीखना चाहिये।

औषधों के सम्बन्ध में आयुर्वेद के अनुयायियों के पास इतना बड़ा अक्षय निधि वर्त-

---

१. 'तथाविधा हि शरीरज्ञाने, शारीराभिनिर्वृत्तिज्ञाने, प्रकृतिविकारज्ञाने च निःसंशयाः'। ७।

मान है कि उन्हें बाहर से कुछ लेने की आवश्यकता नहीं। परन्तु अपने घर की वस्तुओं के अनुसन्धान और पर्यवेक्षण की बड़ी आवश्यकता है। अनेक दिव्य प्रयोग यहाँ धूलिधूसरित रत्नों के समान कूड़े में पड़े हैं।

ऐलोपैथी के पास प्रथम तो औषध हैं ही गिने-चुने, और उनमें भी अधिकांश विलायत से पेटेंट होकर आते हैं। आयुर्वेद के अनुसार रोगी के हित की दृष्टि से रोग, देश, काल, मात्रा, औषध के घटक द्रव्य और उनकी मात्रा आदि पर जितना विचार होना चाहिये वह विलायती पेटेंट (Patent) दवाओं में होना असंभव है। इसके अतिरिक्त इस प्रकार की कुप्रवृत्ति से वैद्यों में भी 'अन्धचिकित्सा' की प्रथा बढ़ेगी और अपने घर के दिव्य औषधों के उद्धार में घोर बाधा उपस्थित होगी।

हम कह चुके हैं कि वेद और आयुर्वेद के रचयिता एक ही (ब्रह्मा) हैं और आयुर्वेद पढ़ने का अधिकार भी उन्हीं को बताया है जिन्हें वेद पढ़ने का अधिकार है, अतः वेद और आयुर्वेद का दर्जा समान है। आयुर्वेद भी वेद ही है। दर्शनों का दर्जा इससे बहुत नीचे है। इनकी गणना वेद के अंगों में भी नहीं, उपाङ्गों में है, अतः वेदोक्त 'त्रिधातुवाद' को दार्शनिक पदार्थों के अन्तर्गत करने की चेष्टा करना, वेदों का अपमान करना है। न्याय तथा वैशेषिक दर्शनों के माने हुए पदार्थों (सोलह और सात) का मूल, वेदों में मिलना कठिन है।

वेदों में अनेक 'वादों' का मूल, सूत्ररूप से पाया जाता है—जैसे 'सद्वाद', 'असद्वाद', 'सदसद्वाद', 'द्वैतवाद', 'अद्वैतवाद', आदि। इन्हीं में से एक 'त्रिधातुवाद' भी है। जिस प्रकार वेदोक्त किसी एक वाद को दूसरे के अन्तर्गत करने की चेष्टा आज तक किसी आचार्य ने नहीं की, उसी प्रकार इस 'त्रिधातुवाद' को भी किसी के अन्तर्गत कर दिखाने का उद्योग किसी ने नहीं किया। यही कारण है कि न तो किसी दर्शनकार ने वात, पित्त, कफ को किसी दार्शनिक पदार्थ के अन्तर्गत कर दिखाने की व्यर्थ चेष्टा की और न किसी आयुर्वेद के आचार्य ने ही किसी दार्शनिक पदार्थ में इनका अन्तर्भाव दिखाकर 'वैदिकवाद' का अपमान करना उचित समझा।

वेदों ने 'त्रिधातुवाद' की सृष्टि केवल भौतिक जगत् के लिये की है, क्योंकि आयुर्वेद में पञ्च महाभूतों से आगे की बातों पर विचार करने का बहुत कम काम पड़ा है। इसी लिये सुश्रुत ने कहा है कि चिकित्सा-शास्त्र में भूतों (पृथ्वी, जल आदि) से आगे विचार नहीं किया जाता।

'भूतेभ्यो हि परं यस्मान्नास्ति चिन्ता चिकित्सिते'। १३।

सुश्रुत, शा० अ० १

वात, पित्त, कफ स्थूल सृष्टि की वस्तु हैं। स्थूल जगत् और स्थूल देह के साथ ही इनका साक्षात् सम्बन्ध है, एवं इन्हीं का प्रभाव है। सत्त्व, रजस्, तमस् सूक्ष्म जगत् के पदार्थ हैं और बुद्धि तथा मन के साथ उनका सन्निकृष्ट सम्बन्ध है, इसी लिये चरक ने अनेक स्थानों पर रजस्, तमस् को मन का दोष और वात, पित्त, कफ को शरीर का दोष बताया है।

स्थूल जगत् में किसी एक तत्त्व का विविक्त रूप मिलना सम्भव नहीं। पृथ्वी के साथ हमें अग्नि, जल, वायु और आकाश मिले-मिलाये मिलते हैं। 'गन्धवती पृथिवी' का विविक्त रूप केवल नैयायिकों के मन की कल्पना है, दृश्य जगत् की वस्तु नहीं। आयुर्वेद ने इसी

कारण, स्थूल जगत् के समस्त पदार्थों को 'त्रिधातु' से व्याप्त माना है। हमें सृष्टि भर में ऐसा एक भी पदार्थ नहीं मिल सकता जो वायु, अग्नि, जल अथवा वात, पित्त, कफ से शून्य हो।

यही कारण है कि वात, पित्त, कफ को सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त भी माना है और जहाँ-जहाँ अग्नि, वायु और जल की क्रिया तथा गुण विशेषरूप से उपलब्ध होते हैं उन स्थानों को वात, पित्तादि का विशिष्ट स्थान भी माना है।

सुश्रुत ने आमाशय को कफ का स्थान बताया है, पक्वाशय और आमाशय के बीच में—नाभि के ऊपर—पित्त का स्थान एवं श्रोणि और गुदा को वायु का स्थान माना है। इसी वायु-स्थान के ऊपर और नाभि के नीचे पक्वाशय माना है। इन्हीं वात, पित्त, कफ के कारण सुश्रुत ने शरीर की उपमा ऐसे गृह से दी है, जिसमें तीन 'स्थूणा' अथवा आधार-स्तम्भ लगे हों।

सुश्रुत ने लिखा है कि (१) आमाशय में पहुँच कर भोजन, जलीय द्रवों से प्रक्लिन्न (गीला) होता है और वहाँ उसके 'संघात' (मिले हुए अवयव) 'भिन्न' (पृथक्-पृथक्) होते हैं। आज-कल का साइंस भी यह मानता है कि आमाशय (Stomach) की दीवारों में वर्तमान ग्रन्थियों में से रस निकलकर खाये हुए भोजन में मिलता है। इसमें पेप्सिन तथा हाइड्रोक्लोरिक एसिड (Papsin and Hydrochloricacid) प्रधान होते हैं। इन रसों में अम्ल और लवण का होना हमारे भाई डाक्टर लोग भी स्वीकार करते हैं और चरक ने (२) अम्ल तथा लवण को कफ का आधार बताया है। अब सोचिये कि जल, अम्ल और लवण की जहाँ अधिकता हो, जो इन्हीं की क्रियाओं का प्रधान स्थान हो, उसे यदि कफ का स्थान न माना जाय तो और क्या माना जाय?

आमाशय (Stomach) का आकार थैले के समान है और पसलियों के नीचे उदर में कुछ बाईं ओर को इसकी स्थिति है। इसकी दाहिनी ओर को एक छिद्र है जहाँ से जुड़ी हुई छोटी आँत (क्षुद्रअन्त्र) नीचे की ओर जाती है। इसका आरम्भिक भाग—लगभग बारह अंगुल—जो ऊपर से नीचे की ओर, कुछ वक्रता से प्रवृत्त है, डियोडिनम (Duodinum) कहाता है।

पाचनक्रिया इसी में निष्पन्न होती है। इसीको पित्ताशय, पक्वाशय अथवा पाचन संस्थान भी कहते हैं। सुश्रुत ने नाभि के ऊपर पक्वाशय और आमाशय के बीच में, पित्त का स्थान बताया है, उसमें इस डियोडिनम के साथ छोटी आँत का अन्य सम्पूर्ण अंश भी आ जाता है। पित्त के प्रधान कार्य पाचन (Digestion) दहन, (Oxidation) शोषण (Assimilation) और भेदन आदि यहीं होते हैं। पित्तकोष का रस और अग्निधरा कला (Pancreas) का क्षार (Pancreatice juice) इसी स्थान पर भोजन में मिश्रित होते हैं। क्षार को चरक और सुश्रुत ने 'आग्नेय' कहा है और दहन, पचन, विलयन, शोधन, शोषण, भेदन आदि इसके कार्य बताये हैं। ये सब कार्य इसी छोटी आँत में सम्पन्न होते हैं और सम्पूर्ण शरीर का पाचन-

---

१. 'तत्र आमाशयः.....चतुर्विधस्य आहारस्य आधारः स च तत्र औदकैर्गुणैराहारः प्रक्लिन्नो भिन्नसंघातः सुखजरश्च भवति'। १२।

(सुश्रुत, सूत्र०, अ० २१)

२. 'मधुराम्ललवणाः श्लेष्माणं जनयन्ति। ६।

च०, वि०, अ० १

पोषण करने के लिये भोजन के रस को परिवर्तित करना इसी स्थान का प्रधान कार्य है। अब बताइये कि यदि यह पित्त का (या अग्नि का) प्रधान स्थान न होगा तो और कौन-सा होगा ? शरीरपुष्टि के लिये अन्नरस के शोषण का सम्पूर्ण कार्य इसी स्थान पर होता है। फिर यह पित्त का प्रधान स्थान क्यों न हो ?

इसी पित्ताशय के आगे पक्वाशय है, जिसे बड़ी आँत अथवा लार्जइंटस्टाइन (Large Intestines) कहते हैं। इसमें 'पक्व' वस्तु अर्थात् जिसके ऊपर पाककिया अथवा पित्त का कार्य समाप्त हो चुका है, वह वस्तु आती है। इसके अन्तिम भाग का प्रायः १२ अंगुल अंश वायु का प्रधान स्थान है। अधमल को बाहर फेंकना, इसकी प्रधान क्रिया है। डाक्टर लोग जिसे रिक्टम (Rectum) कहते हैं और मल (पुरीष) को बाहर फेंकना जिसका प्रधान कार्य बताते हैं, वह भी यहीं है। सुश्रुत ने 'विक्षेप' (फेंकना) को वायु का प्रधान कार्य कहा है। अब विचारिये कि 'मल-विक्षेप' की सबसे अधिक और सबसे प्रधान क्रिया जहाँ होती है, वह स्थान वायु के अतिरिक्त और किसका हो सकता है ? सुश्रुत के कथनानुसार 'विसर्ग' (देना) कफ का 'आदान' (लेना) पित्त का और 'विक्षेप' (फेंकना) वायु का प्रधान कार्य है। आमाशय अपनी ओर से कई प्रकार के रस देता है, पित्ताशय उसमें से शरीर के उपयोगी अंश को लेकर शोषण करता है और बड़ी आँत—विशेषकर अन्तिम भाग—मल का विक्षेप करती है। सुश्रुत का कहना है कि 'विसर्ग'(१), 'आदान' और 'विक्षेप' इन तीन क्रियाओं के द्वारा वात, पित्त, कफ शरीर का धारण करते हैं। अब सोचिये कि इन तीनों की क्रियाओं में से यदि कोई एक भी बन्द हो जाय तो क्या शरीर की स्थिति संभव है ? कदापि नहीं। फिर शरीर के आधारभूत इन वात, पित्त, कफ को 'स्थूणा' या आधार स्तम्भ कहना क्या अनुचित है ?

एक बात और भी है। आमाशय ऊपर तिर्छा लेटा है, उसके दाहिनी ओर छोटी आँत का आरम्भिक भाग तथा बाईं ओर बड़ी आँत का अन्तिम भाग नीचे की ओर लटका है। इन तीनों की मिलित आकृति भी किसी गृह में लगी हुई तीन 'स्थूणाओं' से मिलती हुई है। आप किसी ऐसे गृह की कल्पना कीजिये जिसमें दो स्थूणायें इधर उधर खड़ी करके उनके ऊपर स्थूणा तिर्छी करके रक्खी गई हो। इनकी आकृति से आपको कफाशय, पित्ताशय और वाताशय की आकृति बिल्कुल मिलती-जुलती दीखेगी।

यद्यपि चरक ने आमाशय को पित्त (२) का स्थान बताया है, तथापि चरक ने जितने स्थान की 'आमाशय' (३) संज्ञा की है, उसमें सुश्रुत का बताया हुआ सम्पूर्ण पित्तस्थान समाविष्ट हो जाता है, अतः इन दोनों में कोई विरोध नहीं।

---

१. 'विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा।
धारयन्ति जगद्देहं कफपित्तानिलास्तथा'। ८।
सुश्रुत, सू०, अ० २१

२—'अत्राप्यामाशयो विरोधेन पित्तस्थानम्'। ६।
चरक, सू०, अ० २०

३—'नाभिस्तनान्तरं जन्तोरामाशय इति स्मृतः।
अशितं खादितं लीढं पीतञ्चात्र विपच्यते'। २३। च०, वि०, अ० ३

अन्त में हम फिर आपका ध्यान उसी श्रुति की ओर दिलाना चाहते हैं, जिसमें सृष्टि-क्रम का निर्देश है—

'तस्माद् वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः। आकाशाद् वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी, पृथिव्या ओषधयः ओषधीभ्योऽन्नम् अन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः।

चरक ने पिण्ड (१) और ब्रह्माण्ड की एकता बताते हुए लिखा है कि जो-जो वस्तुएँ पिण्ड में हैं वे ही ब्रह्माण्ड में हैं। आप आयुर्वेदोक्त पुरुष को देख लीजिये, जो-जो यहाँ मिलेगा वही ब्रह्माण्ड में होगा और जो कुछ ब्रह्माण्ड में है, वह सब यहाँ भी मिलेगा।

चरक का कहना है कि पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश और ब्रह्म इन छः धातुओं के मेल से पुरुष बना है है और ये ही सब ब्रह्माण्ड में है। यहाँ यह देखना है कि मनुष्य के शरीर में जीव रहता है, ब्रह्म नहीं। ब्रह्म शरीरधारी नहीं है, फिर चरक ने आयुर्वेदिक पुरुष के प्रकरण में 'जीव' न कहकर, 'ब्रह्म' का नाम क्यों लिया? अब आप सृष्टिक्रम का निर्देश करने-वाली श्रुति के साथ चरक के कहे हुए इन पदार्थों का मिलान करके देखिये तो रहस्य का पता चलेगा। श्रुति ने जिस आत्मा से समस्त ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति बताई है वह जीव तो हो नहीं सकता, ब्रह्म ही हो सकता है। चरक ने इसी बात का स्पष्टीकरण करते हुए इस स्थान पर श्रुति के ही सम्पूर्ण पदार्थों का उल्लेख किया है। जो पदार्थ श्रुति में हैं वे ही चरक के प्रकृत 'पुरुष' में हैं। केवल क्रम का भेद है। श्रुति ने आत्मा से आरम्भ करके पृथ्वी तक की सृष्टि बताई है और चरक ने पृथ्वी से आरम्भ करके ब्रह्म पर बात समाप्त की है। इसका कारण भी है। श्रुति सृष्टि के आरम्भ की बात कह रही है, अतः उसे आत्मा से सृष्टि का आरम्भ करके अन्त में पृथ्वी पर पहुँचना है और चरक बनी बनाई सृष्टि में से चिकित्सा-पुरुष का वर्णन कर रहे हैं, अतः इन्हें पार्थिव शरीर से आरम्भ करके अन्त में ब्रह्म पर पहुँचना है। इस क्रमभेद के अतिरिक्त चरक के प्रकृत पुरुष-पिण्ड और श्रुति के पूर्वोक्त ब्रह्माण्ड में कोई अन्तर नहीं है। ये दोनों एक ही हैं। इस प्रकार विचार करने से आपको वेद और आयुर्वेद की एकता का भी अनुभव होगा और वेद में आयुर्वेद के मूल तत्वों का भी स्पष्ट रूप से पता चलेगा।

इसके अतिरिक्त चरक में कुछ ऐसे शब्द भी मिलते हैं जो न तो पाणिनीय व्याकरण के अनुसार किसी प्रकार सिद्ध किये जा सकते हैं और न लौकिक साहित्य में कहीं उस प्रकार के शब्दों का प्रयोग ही मिलता है, जैसे 'तिस्रैषणीय'—'यज्ञः पुरुषीय'—'कियन्तः शिरसीय' और 'नवेगान्धारणीय' इत्यादि। केवल वैदिक साहित्य में इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग मिलता है—जैसे 'अच्छावाकीय'—'वागभ्यूणीय', इत्यादि।

इससे दो बातें सिद्ध होती हैं। एक तो यह कि 'अग्निवेशसंहिता' का निर्माण, पाणिनी मुनि से भी बहुत पूर्व हुआ है और दूसरे यह कि इस पर वैदिक काल और वैदिक साहित्य की छाया तथा छाप स्फुटरूप में विद्यमान है। बहुत संभव है कि इसमें बहुत-से शब्द ब्रह्म-प्रोक्त 'आयुर्वेद' से ही सीधे लिये गये हों जिसकी चर्चा हम आरम्भ में ही कर चुके हैं। इन सब बातों पर ध्यानपूर्वक विचार करने से आप वेद और आयुर्वेद की एकता का अच्छी तरह अनुभव कर सकेंगे।

१. 'पुरुषोऽयं लोकसंमित इत्युवाच भगवान् पुनर्वसुरात्रेयः। यावन्तो हि लोके भावविशेषास्तावन्तः पुरुषे, यावन्तः पुरुषे तावन्तो लोके'। ५। चरक, शारीर, अ० ५

इस सन्दर्भ में हमने आयुर्वेद को सार्थकता (उपयोगिता) सिद्ध करने के अभिप्राय से वेद और आयुर्वेद की एकता का तथा वैदिक त्रिधातुवाद के स्वरूप का निरूपण किया है और उस पर हो सकने वाले आक्षेपों का समाधान करने की भी यथाशक्ति चेष्टा की है। साथ ही वर्तमान आयुर्वेद की त्रुटियों का अति संक्षिप्त दिग्दर्शन कराने का भी उद्योग किया है, परन्तु हमारा यह कार्य उस बालक के अंगुलिनिर्देश के समान है, जो किसी लक्ष्य की ओर संकेतमात्र करता है। अब बड़े-बड़े विद्वान् वैद्यों और डाक्टरों का काम है कि वे इस ओर अग्रसर हों।

'शं नो मित्रः शं वरुणः शं नो भवत्वर्यमा'

राजपूताना प्रांत

ॐ नमो ब्रह्मप्रजापत्यश्विबलभिद्धन्वन्तरिसुश्रुतादिभ्यः ।

राजपूताना प्रान्तीय द्वितीय वैद्यसम्मेलन, बीकानेर के सभापति, वैद्यभूषण,

भिषक्केसरी श्री० पं० गोवर्धन शर्मा, छांगाणी का

अभिभाषण

सेवाहेवाकिदेवासुरनरनिकरस्फारकोटीरकोटी-
कोटिव्याटीकमानद्युमणिसममणिश्रेणिभावेणिकानाम् ।
राजश्रीराजनश्रीसखचरणनखद्योतविद्योतमानः
श्रेयः स्वेयः स देयान्मम विमलदृशो बन्धुरं सिन्धुरास्यः ॥
दिव्यस्त्रीकुचपत्रवल्ल्यविरतोल्लासैकहेतुं सुधा-
पूर्णं यः कलशं दधज्जलनिधेराविर्बभूवेच्छया ।
नानाव्याधिभरातुराखिलजगज्जीवातुरायुः स्थिरं
दिश्याद्वो दुरितौघकुञ्जरहरिर्देवः स धन्वन्तरिः ॥१॥

प्रिय पूज्य विबुधवृन्द !

सबसे प्रथम मैं परम पिता परमात्मा का सभक्त्युन्मेष स्मरण करता हूँ जिसकी असीम दयामया से हम सबको बड़े प्रेम से एक जगह हिलमिलकर बैठने का आज का यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है । इसके अनन्तर रणबंका-राठोड-वंशावतंस अनेक वीरपद विभूषित बीकानेर नरेश महाराजाधिराज श्री श्री श्री १०८ श्री गङ्गासिंह जू देव बहादुर एवं उनकी सरकार को भूरि-भूरि धन्यवाद देना उचित समझता हूँ जिनकी छत्रछाया में बैठकर बड़े आनन्द से एक सत्य संकल्प की सिद्धि के लिये हम सब प्रयत्नशील हुए हैं । केवल राजस्थान ही की नहीं, अपितु समस्त भारतवासियों की परम ऐश्वर्यवती आयुरारोग्यहितैषणा से आयुर्वेदोद्धारार्थ सत्य व्रत धारण कर कमर कसे हुए आप सबको बैठे देख मेरे हृदय में बड़े भारी आनन्द की ऐसी उच्छ्वास तरङ्गें उठ रही हैं, जिनका वर्णन मेरी क्षुद्र लेखनी नहीं कर सकती । अधिक तो क्या, आपका यह सम्मेलन मुझे परम पवित्र आर्तत्राणपरायण महर्षियों के उस सम्मेलन का स्मरण दिला रहा है जो किसी समय हिमालय की तराई के निकट देवराज इन्द्र की अध्यक्षता में हुआ था । परमात्मा हम सबको वह बल प्रदान करे कि जिससे बहुत जल्दी हम अपने आयुर्वेद की पताका पुनः भारत के कोने-कोने में फहरा दें ।

आपके तार द्वारा इस सन्देश को दिन के ठीक ५ बजे पाकर कि आप सब इस गुरुतर

सेवा का भार मेरे जैसे अल्पज्ञ ही नहीं, अबुध पर डालना चाहते हैं, मैं भौंचक्का सा हो गया—किंकर्तव्यविमूढ़ सा बन गया। हर एक विषय में अपनी कमियों का अनुभव मुझे सामने प्रत्यक्ष दिखाई देने लगा। उत्तर देना तो दर किनार रहा, सोचते विचारते संध्या हो गई। मनीराम महाराज अपनी सदा की संकल्प-विकल्पमयी उधेड़ बुन में लगे। श्रीमती बुद्धि महाराणी भी इधर-उधर चक्कर खाने लगीं और कई बातें नहीं करने की सुझाने लगीं। इतना ही नहीं, उसने रात को अपना निर्णय तक दे डाला कि प्रातःकाल होते ही श्रीमती स्वागत-कारिणी को यह लिख दिया जाय कि—

सुमवर्षिणीति नाम कापि न घटते यथा प्रमार्जन्याः।
अस्माकमसर्वविदां वैद्यत्वं तद्वदेव जानीत॥

भला, बुहारी (झाड़ू) भी कभी पुष्पवर्षिणी कहला सकती है? कदापि नहीं। इसी प्रकार आप मुझ अबोध का वैद्यत्व समझें और इस गुरुतर सेवा का भार मेरे पर बिना समझे बूझे न डालें यह पद उनको दिया जाय जो वस्तुतः आयुर्वेद के महारथी हैं, आयुर्वेद के सच्चे सेवक हैं और मेरे से अत्यधिक अनुभवी, तपोवृद्ध, वयोवृद्ध और विद्यावृद्ध हैं। प्रातःकाल होते ही तार की कापी सँगाई गई। यह उत्तर देना ही था कि अन्तरात्मा की ओर से एक आवाज आई और वह यह थी कि "खबरदार—आज्ञा गुरूणामविलंघनीया—गुरुजनों की आज्ञा का उल्लंघन करना महापाप है।" इसके अतिरिक्त गुरुओं की आज्ञा को न मानने का तुझे अधिकार ही क्या है? तू तो सेवक है? मालिक चाहे जैसी छोटी सेवा सेवक को सौंपे, चाहे उसका उच्चातिउच्च सम्मान करें, यह उनके अधिकार की बात है। इसके सिवा जनसेवानिरत पूज्य राजस्थानीय गुरुजनों की परंपरागत एक प्रवृत्ति भी है और वह यह है कि वे अपने बच्चों को बड़े बड़े अधिकारियों के सामने पेशकर उनसे उनका परिचय कराते हैं। फलतः परम गहन सेवाधर्म जो योगिनामप्यगम्य होता है, वही उन बच्चों के लिये सुगम्य हो जाता है। बस, आप गुरुजनों की इस प्रवृत्ति के भरोसे पर ही मैंने इस सेवा भार को ग्रहण कर लिया है। आशा ही नहीं, दृढ़ विश्वास है कि हर तरह से मेरे सहायक रहकर मेरे इस भार को हल्का करेंगे। उपर्युक्त मेरी बातों से आप जान गये होंगे कि मैं आपके सामने ऐसा विद्वत्तापूर्ण कोई मसाला नहीं रख सकूँगा जिसे सुनकर आप सर्वथा सन्तुष्ट हो जावें। हाँ, बालक की तुतली बातों को सुनकर जैसे गुरुजन प्रसन्न हो जाते हैं, ठीक उसी प्रकार आपको भी प्रसन्न हो जाना पड़ेगा। दूरस्थ अपने जन को आपने प्रेम से अपनाया है एतदर्थ मैं आपका हृदय से आभारी हूँ।

राजस्थान—गुणगौरव।

"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" यह वाक्य मुझे स्वदेशाभिमान में प्रवृत्त कर संकेत कर रहा है कि मैं आपको कुछ राजस्थान की गुणगौरवगाथा भी सुना दूँ। आप इसे विषयान्तर न समझें। आज भी राजस्थान बहुत कुछ लम्बा चौड़ा है, परन्तु प्राचीन काल में इसका विस्तार इससे भी अधिक था। इसकी पूर्व-पश्चिम सीमाएँ सिन्धु नद से यमुना तक और उत्तर-दक्षिण सतलज नदी से बुंदेलखंड तक थीं। शाकम्भर, सपादलक्ष (सवालाख) जांगल, मेदपाट, मत्स्य, मरु, भादानक प्रभृति कई देश इसके अन्तर्गत थे। राजर्षि भर्तृहरि ने कहा है कि "साहित्यसंगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः" अर्थात् जो साहित्य-

संगीत कलाविहीन है, वह मनुष्य नहीं है, अपितु बिना सींग और पूँछ का साक्षात् पशु है। यदि विचार-पूर्वक देखा जाय तो साहित्य, संगीत और कला में वेदादि सभी शास्त्रों का समन्वय हो जाता है। प्राचीन इतिहास के पन्ने उलटने से पता लगता है कि शूरवीरता में तो राजस्थान सब में अग्रगण्य था ही, परन्तु साहित्य, संगीत और कला में भी यह किसी से पश्चात्पद नहीं था। उक्त साहित्यादि सभी विषयों में भारतवर्ष की इसने बड़ी भारी सेवा की है। इसके प्रत्यक्ष प्रमाण आज तक आप सबके सामने विद्यमान हैं। आपका यह वही राजस्थान है जिसके मरुदेशीय श्रीमाल (संप्रति भीनमाल) नगर ने मालव देशाधिपति महाराज भोज के समय में उपमा, अर्थगौरव और पदलालित्य की प्रतिमूर्ति महाकवि माघ को जन्म दिया था। उसका शिशुपालवध महाकाव्य आज भी भारत भर में उसकी यशोधवल पताका फहरा रहा है। यह वही राजस्थान है जिसने संगीत और नाट्यकला के प्रवर्तक, महामुनि भरत के अवतार, मेदपाटेश्वर महाराणा कुंभकरण को जन्म दिया था जिसकी लिखी हुई महाकवि जयदेव कृत गीतगोविन्द की रसिकप्रिया व्याख्या कई साहित्य रसिकों को मोहित कर रही है। इतना ही नहीं, सच्ची ऐतिहासिक घटनाओं के प्रदर्शक, संस्कृत-काव्यमय शिलालेखों से पूरित, चित्तोड़गढ़ और कुम्भलमेर में स्थापित किये हुए कीर्तिस्तम्भ आज भी उसके प्रकाण्ड पाण्डित्य का परिचय दे रहे हैं। चाहुवाणान्वय महाराजा सोमेश्वर और पालनपुर के बसानेवाले प्रल्हादन ये दोनों नरेश भी इसी राजस्थान की विभूति थे जिनके कीर्तिकौमुदादि ग्रन्थ आज विद्यमान हैं। रणस्तम्भपुर अर्थात् रणथम्भोर निवासी, चाहुवाणान्वय शाकम्भरी देशाधिपति महाराज हम्मीर के प्रधान मन्त्री राघवदेव (सन्यासावस्था में राघव चैतन्य) को भी आपके इसी राजस्थान ने जन्म दिया था इनके उद्भट विद्वत्व एवं कवित्व का साक्षी मन्त्रमाला गर्भित वह महागणपति स्तोत्र है जिसका एक पद्य मैंने अपने इस वक्तव्य के आरम्भ में श्रीगणेश जी के स्मरणार्थ दिया है। आप इस एक ही पद्य से उनकी अलौकिक काव्यच्छटा का अनुभव कर सकते हैं। आपके इसी राजस्थान की सिरोही नगरी ने अपनी तलवार की तरह तीक्ष्ण बुद्धिवाले, जैनाचार्य हीरविजयसूरि के शिष्यप्रशिष्यों में महोपाध्याय भानुचन्द्र—सिद्धिचन्द्र जैसे गुरु-शिष्यों को पैदा किया था जिनने सम्राट् अकबर को आस्तिक, अहिंसक एवं सूर्यभक्त बना दिया था। उसे उपदेश कर शत्रुंजय जैसे तीर्थ पर लगनेवाला कर तक छुड़ा दिया था। जिस प्रकार महाकवि बाण ने प्रकाण्ड पण्डितों को भली भाँति छका देनेवाली ही नहीं, अपितु श्लेषार्थालङ्कारमुग्ध कवि मयूरों को नचानेवाली अपनी कादम्बरी का पूर्व भाग लिखा और उसके पुत्र ने उत्तर भाग में लिखकर उसकी पूर्ति की, उसी क्रम से इस कठिन ग्रन्थ की उक्त भानुचन्द्र-सिद्धिचन्द्र नामक गुरु-शिष्यों ने मिलकर विद्वन्मनोहरा निरन्तरा टीका लिखकर भारतीय विद्वन्मण्डल को सदा के लिये ऋणी बना दिया है। ऐसी उपयुक्त टीका और न मिलने से भारतीय विश्वविद्यालयों में संप्रति इसीसे काम लिया जाता (१) है। इसी प्रकार आपके नागौर नगर के तपागच्छीय जैनाचार्य चन्द्रकीर्तिसूरि ने बालोपकारक सारस्वत व्याकरण पर

---

१. श्रीमत्तपागच्छसहस्रदीधितिः श्रीहरिसूरिः समभून्महोदयः·····श्रीसूरचन्द्रः समभूत्तदीयशिष्याग्रयोन्यायविदांवरेण्यः ॥·····तदायपादाम्बुजचञ्चरीको·····श्रीवाचकः संप्रति भानुचन्द्रः अकब्बरचमापतिदत्तमानः । श्रीशाद्धिचेतोऽब्जषडंघ्रितुल्यः श्रीसिद्धिचन्द्रोऽस्ति मदीयशिष्यः । कादम्बरीवृत्तिरियं तदीयमनोमुदे तेन मया प्रतन्यते ॥ देखिए कादम्बरी का टीकारम्भ ।

चन्द्रकीर्ति टीका लिखी है जिसे आप स्वयं जानते ही होंगे। चापोत्कट (चावडा) सोलङ्की नरेशों के समय गुर्जर में गिने जानेवाले किन्तु संप्रति मारवाड़ के भीनमाल (श्रीमाल) नगर ने विक्रम की सातवीं शताब्दि में जिष्णुसुत विष्णुगुप्त को जन्म दिया था जिसने ब्रह्मनिर्मित ज्योतिष के ब्रह्मसिद्धान्त को खिलीभूत देखकर ठीक किया था। उसीको आधार मान दक्षिणात्य भास्कराचार्य ने ५०० वर्ष बाद सिद्धान्त शिरोमणि और करणकुतूहल नामक ब्रह्मपक्षीय ग्रन्थ रचे। गुजरात और मारवाड़ में आज तक यही पक्ष मान्य है। प्रातःस्मरणीय गणकचूडामणि पुरोहित चण्डू जी संचालित जोधपुर का भारत विख्यात चण्डू पञ्चाङ्ग इसी पक्ष को लेकर प्रचलित है। यदि सूक्ष्मतया इतिहासावलोकन किया जावेगा तो अविधान चिन्तामणि (हैमकोष) आदि सैकड़ों ग्रन्थों के रचनेवाले प्रसिद्ध जैनधर्मोपदेष्टा श्री हेमचन्द्राचार्य भी आपको इसी राजपूताने की वहुरत्ना वसुन्धरा के विद्वद्रत्न थे यह प्रतीति होगी। जयपुर के बसानेवाले महाराजा जयसिंहादि अन्य राजधानी नरेशों के दरबारों में रहकर अनेक देशी विदेशी विद्वानों ने बहुत कुछ ग्रन्थ रचना की है। मैंने तो केवल आपको दिग्दर्शनमात्र ही कराया है। कई विद्वद्रत्न छूट गये हैं। कहीं विषयान्तर की आवाज बुलन्द न हो जाय इसलिये घबड़ाता हुआ इस संदर्भ को यहीं छोड़ देता हूँ और अपने प्रस्तुत विषय की ओर आने की चेष्टा करता हूँ।

राजस्थान और आयुर्वेद।

मान्यवर! उपर्युक्त शाङ्कीय सेवा की तरह आपका यह राजपूताना आयुर्वेद-सेवा में भी अग्रसर ही रहा है। शाकम्भरी देशाधिपति रणथम्भौर नरेश चाहुवाण हम्मीर के प्रधान मन्त्री महाविद्वान् राघवदेव का वर्णन ऊपर आ चुका है। इन्हीं के पौत्र दामोदरसुत शार्ङ्गधराचार्य ने शार्ङ्गधरसंहिता और अनेक उद्भट कवियों के सुभाषितों को संग्रह कर शार्ङ्गधर पद्धति की रचना की थी। ये दोनों ग्रन्थ अपनी मौलिकता के कारण आज भारत भर के विद्वान् वैद्यों और कवियों के गले का हार बन रहे हैं। सुभाषितों को छोड़ आचार्य ने अपनी शार्ङ्गधर पद्धति में धनुर्वेद, उपवनविनोद, अष्टाङ्ग योगादि और भी कई विषयों को लिखा है जिससे शार्ङ्गधराचार्य की अनेक शास्त्रार्थज्ञता का झलो भाँति पता लगता (१) है। हम्मीरपुर (रणथम्भौर) से आकर चम्बल तट पर बसी हुई हस्तिकान्तिपुरी में बसने वाले, वहाँ के राजा जैत्रसिंह के राजवैद्य भावसिंह के पुत्र श्रीवास्तव्य कायस्थ आढमल्ल ने शार्ङ्गधरसंहिता की दीपिका नामक व्याख्या लिखी जिसका अपर पर्याय आढमल्ली (२) भी है। इसी रणथम्भौर के नरेश हम्मीर

तद्वद्विवैभवकृतेऽत्र वसन्तराजशच्छाकुनस्य विवृतिं प्रणयत्यभिज्ञः। श्रीसूरचन्द्रचरणाम्बुजचञ्चरीकः श्रीशार्ङ्गिराबकृतसत्कृतिभानुचन्द्रः। जम्बूद्वीपाभिधे द्वीपे क्षेत्रे भरतनामनि। राजते रजतस्वर्णचतुर्वर्णविभूषितम्। अर्बुदाद्रिसमीपस्थे सारयेश्वरशोभितम्। सीरोहानगरं तत्र तिलकं नगरीषु यत्॥ इत्यादि। देखिये वसन्तराजशाकुन टीकारम्भ।

१. पुरा शाकम्भरीदेशे श्रीमान्हम्मीरभूपतिः। चाहुवाणान्वयेजातः ख्यातः शौर्यं हृवार्जुनः॥ २॥ तस्याभवत्सभ्यजनेषु मुख्यः परोपकारव्यसनैकनिष्ठः। पुरन्दरस्येव गुरुर्गरीयान् द्विजाग्रयी राघवदेवनामा॥ ३॥ गोपालदामोदरदेवदाससंज्ञा बभूवुस्तनयास्तदीयाः।.....तेषां मध्ये यस्तु दामोदरोऽभूदुत्पाद श्रीनाथजान्वीतरागः। ज्येष्ठः शार्ङ्गधरस्तेषां इत्यादि॥ "शार्ङ्गधरपद्धति"

२. श्रीवास्तव्यकुलप्रकाशमथयो ये पूर्वजा विश्रुताः श्रीहम्मीरपुरे महाजनतले तेषां स्थितिः कथ्यते॥

के दरबारी वैद्य प्रमोद के पुत्र रैशर्मा के छोटे भाई वाचस्पति (१) ने विजयरक्षित श्रीकण्ठदत्तकृत माधवनिदान की मधुकोष व्याख्या की नैयायिक कठिनाई का अनुभव कर सर्वसाधारण के उपयोगार्थ आतंकदर्पण टीका लिखी। भादानक देशनरेश सहनपाल के समय में उनके राजवैद्य, अंकोला नहीं, अकोला ग्रामनिवासी भारतपाल के पुत्र डल्हणाचार्य ने भास्कर, गयदास, जेज्जट, माधव, ब्रह्मदेव आदि पञ्जिका–टीका–टिप्पणकारों एवं भट्टार हरिचन्द्र (चरक के टीकाकार) तथा शल्य–शालाक्य–कायचिकित्सा–अगदतन्त्रादि के विशेषज्ञ भोज, विदेह चरक, कश्यपादि अनेक तन्त्रकारों के मतों का उपजीवन कर आयुर्वेद के मुख्य प्रथमाङ्ग शल्यतन्त्र प्रधान सुश्रुतसंहिता की निबन्धसंग्रह व्याख्या लिखी। (२) डल्हणाचार्य का सौरवंश, संभव है, सनाढ्य ही हो क्योंकि इसी अकोला के सनाढ्य वंशावतंस नरवैद्य मन्मथ के पुत्र क्षेमशर्मा ने गौरीमत, चरक, सुश्रुत, हारीत, वाग्भट रविसिद्धपाक, इन सबका अवलोकन कर विक्रम संवत् १५०५ में विक्रमसेन के राज्यसमय में क्षेमकुतूहल नामक पाकशास्त्र का ग्रन्थ (३) बनाया। अभी भी यमुनाजी से आरम्भ कर चम्बल के किनारे-किनारे भरतपुर राज्य (ब्रज) धौलपुर, करौली, कोटा, झालरापाटन आदि कई नगरों में सनाढ्य ब्राह्मणों की प्रचुर बस्ती है। सारस्वत के टीकाकार नागौर के चन्द्रकीर्तिसूरि के शिष्य हर्षकीर्ति ने योगचिन्तामणि नामक ग्रन्थरत्न आपके भेट (४) किया है। इसके प्रायः सभी प्रयोग अव्यर्थ हैं। इसी प्रकार जयपुर दरबार के वैद्यराज शङ्करभट्ट के वैद्यविनोद की तरह और भी अनेक ग्रन्थ लिखे गये। इससे सिद्ध होता है कि राजपूताना आयुर्वेद सेवा में भी पश्चात्पद नहीं रहा है। अधिक तो

तदन्वये किं बहुना प्रसिद्धः श्रीचक्रपाणिः कुलकैरवेन्दुः ॥ ·····तस्य बुद्धिशुभगस्य तनूजो भावसिंह इति भूपतिमान्यः। सुश्रुतादिकरहस्यविधिज्ञो यो यशांसि विपुलानि च लेभे ॥ ६ ॥ तस्यात्मजो दीर्घमतिः प्रहृष्टो नाम्नोऽऽढमल्लोऽल्पनिबन्धदर्शी। तेन स्वगुर्वचनतत्परेण विधास्यते शार्ङ्गधरप्रकाशः ॥ ७ ॥ ·····हस्तीकान्तपुरी पुरा पुरजिता काशीव विद्वज्जनैर्व्याप्ता यत्र सरः सरिद्गुणवरा चर्मण्वती पापहा। यस्यां हृद्गतवासुदेवचरणद्वन्द्वाम्बुजः क्षमापतिः ख्यातो धर्म इवास्ति धर्मगतिषु श्रीजैत्रसिंहः प्रभुः ॥ ९ ॥ इत्यादि "शार्ङ्गधरटीकारम्भ"

१. श्रीहम्मीरनरेश्वरः समभवत्प्रौढप्रतापानलज्वालाजालकरालदग्धपवनप्राग्भारशुष्केन्धनः ॥ ····· तस्याभवद्वैद्यवरः प्रभूतविश्वासपात्रं विदितश्चरित्रैः। प्रमोदनामा सकलप्रमोदी कलाविलासैकनिधिर्द्विजेन्द्रः ॥४॥ ज्येष्ठोऽभवत्तस्य सुतः प्रशस्तशास्त्रार्थवेत्ता शिवसक्तचेताः। रैशर्मनामा प्रथितः कलाभिर्मुहम्मदक्षोणिपतेः सभायाम्। अन्यश्च तस्यास्ति सुतः कनीयान्वाचस्पतिः सत्त्वगुणैकसङ्गः। ·····तेनोज्ज्वला विवृतिरल्पधियां हिताय संवर्द्धयतो विबुधमाधवसंग्रहस्य। विधाय तार्किकवरैकविचारवेद्यं वैद्यद्यगुम्फनवशान्मधुकोषबन्धम्। माधवनिदान की आतङ्कदर्पणटीका आरम्भ।

२. देखिये सुश्रुतसंहिता की डल्हनकृत निबन्धसंग्रह व्याख्या की अवतरणिका।

३. सन्नाहरुढान्वयभूषणोऽभूत्सुलक्ष्मणं लक्षणपूर्णगात्रः ॥ श्रीरामादपरेण या सुविदिता लब्धा ह्यकोलापुरी ग्रामा द्वादश एव चान्यविदुषा लब्धा हि दिल्लीश्वरात्। ·····वाणाकाशसुते नादे (१५०५) वत्सरे विक्रमाङ्किते। ·····गौरामतं चरकवाग्भटभोमसूक्तीर्हारीतसुश्रुतमतं रविसिद्धपाकम्। क्षेमो भिषग्वरसुधीरवलोक्य सम्यग्ग्रन्थं व्यधत्त खलु क्षेमकुतूहलाख्यम्। देखिए क्षेमकुतूहल।

४. सूरीश्वरः प्रवरसिंहशिरोवतंसः श्रीचन्द्रकीर्तिगुरुपादयुगप्रसादात्। गम्भीरचारुतरवैद्यकशास्त्रसारं श्रीहर्षकीर्तिवर पाठक उद्धार। यो. चिं.

क्या, इस गये गुजरे जमाने में भी अलवर राजस्थान के हाजीपुर ग्राम ने स्वर्गीय महामहोपाध्याय श्री दुर्गाप्रसाद को जन्म दिया था जिनने जयपुर महाराज माधवसिंह जी के आश्रय में रहकर अटक से कटक तक और काश्मीर से कन्याकुमारी तक के सहस्रों वर्ष के प्राचीन संस्कृत साहित्य को भली भाँति छान डाला था। इतना ही नहीं, उनमें से अत्यन्त मौलिक सैकड़ों ग्रन्थरत्नों का संशोधन पूर्वक आपने संपादन कर काव्यमाला रूप से भारतीय विद्वानों के भेट किया है। इसी प्रकार आपकी जयपुर नगरी ने दिवंगत महामहोपाध्याय शिवदत्त जी दाधिमथ को जन्म दिया था जो लाहोर के ओरियेण्टल संस्कृत कालेज के प्रधान संस्कृताध्यापक थे। आपने कौमुद्यादि अनेक ग्रन्थों पर टीका टिप्पणी लिखी हैं। श्रीधन्वन्तरिकल्प जयपुरीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक राजवैद्य कालिदासोपम कविवर स्वर्गीय (१) कृष्णराम जी भट्ट भी जयपुर की महाविद्वद्विभूतियों में से थे जिनकी चमत्कारमयी उद्भट संस्कृत काव्यप्रतिभा तथा आयुर्वेदपारंगतता का परिचय उनके सिद्धभेषजमणिमाला, श्री कच्छवाहवंश, जयपुरविलास, मुक्तकमुक्तावलि, पञ्चमहाकाव्यसार आदि कई ग्रन्थ दे रहे हैं। इन महात्मा के अनेकों शिष्य आज भारत के भिन्न-भिन्न भागों में विद्यमान हैं। इन्हीं के पट्टशिष्य संप्रति जयपुरीय आयुर्वेदमहाविद्यालय के प्रधानाध्यापक आयुर्वेदमार्तण्ड पूज्यपाद श्री लक्ष्मीराम स्वामी जी महाराज आज विद्यमान हैं। अपनी आयुर्वेद-सेवा द्वारा राजपूताने के ही नहीं, आज भारत भर के आयुर्वेदज्ञों के लिये आप पथप्रदर्शक का काम कर रहे हैं। आपने अपने गुरु जी की लिखी हुई सिद्धभेषजमणिमाला को अपनी टीकाटिप्पणी से अलंकृत कर सर्व साधारण के लिये उसे सुगम बना दिया है। और भी हम सब आपके द्वारा आयुर्वेदक्षेत्र में बड़ी भारी सेवा की आशा करते हैं। परमात्मा आपको सहस्रायु प्रदान करे। इनके सिवा महामहोपाध्याय संस्कृत महाविद्यालयाचार्य श्रीगिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी भी जयपुर ही के हैं। जीवनानन्दभैषज्यमहोदधि के कर्ता बीकानेर के प्राणाचार्य स्वर्गीय पं० केवलराम जी हर्ष ने भी अच्छी आयुर्वेद की सेवा की है। आप ही के सत्पुत्र चिकित्सक-चूड़ामणि पं० जीवनराम जी और गोपाल जी हर्ष संप्रति विद्यमान हैं। आशा है, आप अपने पिताश्री की कृति जीवनानन्दभैषज्यमहोदधि को जो अधूरी छपी हुई है उसे जल्दी पूरा करेंगे। पद्यकौमुदी, प्राकृतपथ व्याकरणम् आदि कई ग्रन्थों को रचकर जोधपुर के स्वर्गीय पण्डित लालचन्द्र जी पुरोहित ने भी अच्छी साहित्य-सेवा की है। लाला निरञ्जनप्रसाद संकलित पारदसंहिता की भाषा टीका लिखकर जैसलमेर के विद्वान् वैद्यराज श्रीमान् पं० ज्येष्ठमल्ल जी व्यास ने भी अच्छी आयुर्वेद-सेवा की है।

प्रिय महानुभाव! सिरोही के महामहोपाध्याय रा. ब. पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा आदि राजस्थान की कई रियासतों के कई विद्वद्वर विराजमान हैं किन्तु स्थानाभाववश मैं उन सबका उल्लेख यहाँ नहीं कर सकता।

आयुर्वेद की वेदता।

पुरातत्त्वान्वेषणकर्ताओं को जिस प्रकार उत्तरोत्तर जावा, सुमात्रा, श्याम, कॅम्बोडिया

---

१. श्रीमन्माधवसिंहभूपसमितौ लब्धप्रतिष्ठापदः साहित्याम्बुधिकुम्भसम्भवमुनिर्धन्वन्तरिर्वैद्यके। कीर्तिर्यस्य दिगन्तगा च कवने यः कालिदासोपमः सोऽयं राजभिषग्वरो विजयते श्रीकृष्णरामो गुरुः॥ स्वामी लक्ष्मीरामकृत सिद्धभेषजमणिमाला टीका की अवतरणिका।

तक ही नहीं, अपितु बड़ी दूर-दूर तक हमारे विशाल भारत की संस्कृतियों का पता लगता जाता है, ठीक इसी प्रकार खोज करने पर भूमण्डल भर की प्रचलित वैद्यक प्रणालियों का जनक हमारा आयुर्वेद ही है, यह भी आपके सामने आता जाता है। हम बड़े आदर के साथ मानते हैं कि सकल कलाओं के मूल तत्त्व वेदों ही से सबको प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार जन-हितकारी आयुर्वेद भी हमें वेदों ही से प्राप्त हुआ है। वेदों के आदि प्रवर्तक ब्रह्मा जी ही माने जाते हैं इसलिये वेदों में प्राप्त आयुर्वेद के आदि उपदेशक भी ब्रह्माजी ही हो सकते हैं। भगवान् धन्वन्तरि ने कहा भी है कि—

"ब्रह्मा प्रोवाच, ततः प्रजापतिरधिजगे, तस्मादश्विनौ, अश्विभ्यामिन्द्रः, इन्द्रादहम्, मयात्विह प्रवेद्यमर्थिभ्यः प्रजाहितहेतोः।"

सुश्रुत सू० अ० १

"यों तो ऋगादि चारों वेदों में से आयुर्वेदिक तत्वों के विषय में कुछ न कुछ लिखा ही है। कहीं सोमवल्ली की स्तुति है, कहीं कई औषधियों एवं रोगों का वर्णन है परन्तु अथर्ववेद में सूक्त के सूक्त आयुर्वेदिक विषयों के वर्तमान हैं। उन प्रमाणों को मैं यहाँ इसलिये नहीं लिखता कि आप स्वयं इच्छा करें और उनका भली भाँति अवलोकन करें। यज्वादि के धनुर्वेदादि की तरह आयुर्वेद अथर्ववेद का उपाङ्ग माना गया है क्योंकि यह उसीसे लिया गया है। प्रमाण भी है कि—

इह खल्वायुर्वेदमष्टाङ्गमुपाङ्गमथर्ववेदस्यानुत्पाद्यैव प्रजाः श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः। सुश्रुत सू० अ० १

अर्थात् सृष्टि के आरम्भ में ब्रह्मा जी ने एक लाख श्लोक और एक सहस्र अध्याय में अथर्ववेद के उपाङ्ग अष्टाङ्गायुर्वेद की रचना की। शल्य, शालाक्य, कायचिकित्सा, भूतविद्या, कौमारभृत्य, अगदतन्त्र, रसायन और वाजीकरण ये ही आठ अङ्ग उक्त सूत्र में आगे गिनाये हैं। कहा जाता है कि गुप्तवंश के साम्राज्य या चाणक्य के समय तक इन आठों अङ्गों के ग्रन्थ उपलब्ध थे और उनका साङ्गोपाङ्ग व्यवहार भी होता था परन्तु सुश्रुत की वङ्गनकृत निबन्ध-संग्रह व्याख्या में ही नहीं, चरकादि अन्य तन्त्रकारों की प्राचीन टीकाओं में भी नाना उद्धरणों को देखने से पता लगता है कि उक्त टीकाकारों के समय तक भी उक्त आठ अङ्गों के वर्णन करनेवाले कई तन्त्र विद्यमान थे। हाँ, बौद्ध एवं यवन काल से हमारे आयुर्वेद को बहुत कुछ धक्का लगा है। शल्य-तन्त्र प्रधान होने पर भी सुश्रुत में आठों अङ्गों का कुछ वर्णन भगवान् धन्वन्तरि ने अपनी इस प्रतिज्ञानुसार किया है—

अहं हि धन्वन्तरिरादिदेवो जरारुजामृत्युहरोऽमराणाम्।
शल्याङ्गमङ्गैरपरैरुपेतं प्राप्तोऽस्मि गां भूय इहोपदेष्टुम्॥

सुश्रुत सू, अ. १

तथापि चाणक्य काल के अनन्तर हमें केवल कायचिकित्सा को छोड़कर अन्य अङ्गों के सांगोपाङ्ग व्यवहार का ठीक पता नहीं लगता। जिस पर आज विदेशी बड़ा अभिमान करते हैं, वही शल्यचिकित्सा (सर्जरी) उक्त चाणक्य के काल में बहुत ऊँचे दर्जे तक पहुँची हुई थी। तत्काल मृतक की परीक्षा उस समय अच्छी तरह से की जाती थी। विष देकर, गला घोंट कर (फांसी लगा कर) जलाशय में डुबाकर आदि जिस प्रकार से मारा गया हो, जिसका वहाँ कोई न हो, ऐसे अनाथ मृतक की परीक्षा होती थी। जैसे कि —

तैकान्धक्तमाशुसृतकं परीक्षेत । निष्क्रीर्णमूत्रपुरीषं वातपूर्णकोष्ठत्वकं शूनपादपाणिमुन्मीलिताक्षं सच्चञ्जनकण्ठं पीडनविरुद्धोच्छ्वासहृतं विद्यात् । तमेव संकुचितबाहुसक्थिमुद्वन्धहृतं विद्यात् । शूनपाणिपादोदरमपगताक्षमुद्वृत्तनाभिमवरोपितं विद्यात् । निस्तब्धगुदार्द्धं संदष्टजिह्वमाध्मातोदरमुदकहृतं विद्यात् ।.....विषहतस्य भोजनशेषं पयोभिः परीक्षेत.....अनाथस्य शरीरस्यमुपभोगं परिच्छदम् । वस्त्रं वेषं विभूषांच दृष्ट्वा तद्वयवहारिणः ॥ इत्यादि कौटिलीय अर्थशास्त्र, अधिकरण ४ अ. ७

वैद्यों पर भी बड़ी कड़ी नजर रखी जाती थी यदि शस्त्रक्रिया से किसी की मर्मवेध होकर मृत्यु हो जाती तो उसे वैसा ही कड़ा दण्ड दिया जाता था। आज से भी अधिक पुलिस सावधान थी। खेद है कि स्थानाभाव वश मैं वे सब उदाहरण यहाँ नहीं दे सकता किन्तु यह निश्चित बात है कि इस समय आयुर्वेद की दशा जितनी गिरी हुई है इससे भी कहीं अधिक उस समय उन्नति को प्राप्त थी। ईश्वर करें इसका फिर बहुत जल्दी बोलबाला हो।

मैं कह चुका हूँ कि आयुर्वेद की उत्पत्ति वेदों से है। एक आँख से देखने वाला चाहे कोई आयुर्वेद को "Greatest unscientific system in India" अर्थात् भारत की अवैज्ञानिक पद्धति कहे परन्तु मुझे कहना पड़ेगा कि यह कहना सत्य से नितान्त दूर है। एक सच्चे शास्त्र के प्रति किया जाने वाला अक्षम्य अपराध है। धीरे धीरे अब वैज्ञानिकों की भी आँखें खुल रहीं हैं। उन्हें पता लग रहा है कि आयुर्वेदिक वैदिक सिद्धान्त एक शताब्दि में बार बार बदल जाने वाले हमारे साइंटिफिक सिद्धान्त नहीं हैं किन्तु हैं त्रिकालाबाधित। प्रत्यक्ष और अनुमान से भी बढ़कर हमारे यहाँ एक तीसरा आगम प्रमाण भी माना जाता है। महर्षियों ने तो इसे सिर सा मान्य किया ही है परन्तु आनन्द की बात है कि अब इसका विश्वास धीरे धीरे नव्य वैज्ञानिकों में भी बढ़ता जा रहा है। जिस बात का अर्थ प्रत्यक्ष और अनुमान से नहीं लगता उसका पता वेद वाक्यों एवं अन्तर्दृष्टि से प्रत्यक्ष देखने वाले त्रिकालज्ञ, यथार्थवक्ता आप्तों (महर्षियों) के लिखे प्रमाणों से लगता है। इसी लिये वेदों तथा महर्षियों के विषय में वेदभाष्यकर्ता सायणाचार्य एवं चरक महर्षि ने लिखा है कि—

"प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्योपायो न विद्यते । एनमर्थं वेद वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता ॥"
"वेदाः त्रिकालममलंज्ञानमनन्याहतं सदा । आप्ताः शिष्टा विबुद्धास्ते तेषां ज्ञानमसंशयम् ॥"

अर्थात् वेदों की वेदता इसी लिये है कि प्रत्यक्ष और अनुमान द्वारा जिस अर्थ को हम नहीं जान सकते वही हमें उनसे मालूम होता है। आप्त ऋषियों के विषय में यह बात सत्य होती है। संशय करने की कोई गुंजाइश नहीं। इसी लिये वे शिष्ट, आप्त और विशुद्ध हैं। आयुर्वेद वेदों से निकला हुआ होने से वस्तुतः वह वेद ही है। आगे उसका संचालन हमारे आप्त उन महर्षियों द्वारा हुआ है जिनका ज्ञान ऊपर असंशय बताया गया है। इतना ही नहीं, प्रत्यक्ष फल दिखानेवाले आयुर्वेद का आश्रय, वेदों की प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिये न्याय दर्शनकार महर्षि अक्षपाद तक को लेना पड़ा है। उन्हें अपने न्यायदर्शन में यह सूत्र लिखना पड़ा है कि:—

मन्त्रायुर्वेदप्रामाण्यवच्च तत्प्रामाण्यमाप्तप्रामाण्यात् ।

सारांश यह कि आयुर्वेद वस्तुतः वेद ही है और इसमें लिखी हुई बातें निस्संशय हैं। वेद में लिखा है कि—

"तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी। पृथिव्या ओषधयः। ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः।" तैत्तिरीयोपनिषद् अनु० १ वल्ली २.

अर्थात् आत्मा (ब्रह्म) से आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु और वायु से अग्नि का जन्म हुआ। अग्नि से जल और जल से पृथ्वी बनी। पृथ्वी से औषधियें और औषधियों से अन्न (षड्रसमय) उत्पन्न हुआ। इस अन्न से पुरुष की उत्पत्ति हुई। इसी लिये यह पुरुष अन्न रसमय है। यदि आप विवेकपूर्ण दृष्टि से देखेंगे तो आपको पता लग जायगा कि यह पुरुष वह नहीं है जिसका वर्णन वेदान्त ने किया है क्योंकि वह तो नित्य शुद्ध, बुद्ध, असंसारी पंचभूतों से रहित और अशनाया पिपासाद्यतीत है और सर्वथा मुक्त है। वह पंचभूतादि से रहित है तो यह पंचभूतों से उत्पन्न होता है। फिर यह अन्न रसमय पुरुष कौन सा है जिसका वर्णन श्रुति ने किया है? विचारपूर्वक देखने से आपको निश्चय हो जायगा कि हमारे आयुर्वेद के मूलतत्त्व का वर्णन यह श्रुति कर रही है। इसमें जिस पुरुष का वर्णन है वही हमारा चिकित्साधिकृत पुरुष है। इसी का तन्त्रोतन्त्र वर्णन चरक और सुश्रुत में भगवान् आत्रेय और धन्वन्तरि (काशिराज दिवोदास) ने किया है। पहिले संक्षेप में "खादयश्चेतना षष्ठा धातवः पुरुषः स्मृतः" कह कर आगे स्पष्ट लिखते हैं कि—

षड् धातवः समुदिताः पुरुष इति शब्दं लभन्ते, तद् यथा पृथिव्यापस्तेजोवायुराकाशं ब्रह्म चाव्यक्तमित्येत एव च षड्धातवः समुदिताः पुरुष इति शब्दं लभन्ते ॥ (च० शा० अ० ५)

यतोऽभिहितं पञ्चमहाभूतशरीरिसमवायः पुरुष इति, स एष कर्मपुरुषश्चिकित्साधिकृतः ॥ (सुश्रुत शारीर अ० १)

उपर्युक्त श्रुति में "एष पुरुषोऽन्नरसमयः" कहा है। "अन्नरसमयः" इसमें के मयट् प्रत्यय से स्पष्ट है कि इस चिकित्साधिकृत पुरुष को अन्नरस प्रचुरता से मिलना चाहिये। इसी से इसकी वृद्धि होती है। यही बात महर्षि चरक ने लिखी है—

हिताहारोपयोग एक एव च पुरुष—वृद्धिकरो भवति। चरक सू० अ० २५

उक्त पुरुष तक सृष्टि कैसे हुई यह वेदों एवं निर्भ्रम-निःसंशय वाले महर्षियों के प्रमाणों से सिद्ध है। उक्त प्रमाण त्रिकालबाधित हैं, यह पहिले कहा जा चुका है। चाहे कोई वेदों को गड़रियों के गीत समझें परन्तु बात वस्तुतः ऐसी वैसी नहीं है। वेदों एवं महर्षियों की सूक्ष्म तक अभी नवीन वैज्ञानिक पहुँचने नहीं पाए हैं। आत्मा और मूल प्रकृति की विद्या अभी उनसे बहुत दूर है। बड़ी मुश्किल से वे अब अपने कल्पित अनेक सृष्टिकर्ता तत्त्वों को तथा ऐटम्स को छोड़ एलेक्ट्रान्स तक पहुँचे हैं। इतना ही नहीं, वे सृष्टि की उत्पत्ति भी कई तत्त्वों से नहीं, अपितु किसी एक ही तत्त्व से अब मानने लगे हैं और वह इनका एक तत्त्व ईथर है। ईथर का अर्थ संभव है कि डिक्शनरी में आकाश ही मिले। सुनते हैं तीव्र दूरवीनों द्वारा नवीन वैज्ञानिकों ने एक ऐसे तारापुञ्ज का पता लगाया है जो कि आज तक वाष्प या गैसेज के रूप में वर्तमान है। ईथर को सब सृष्टि का आदि मूल मानने वाले इस गैसेज (वायु) को भी ईथर से उत्पन्न हुआ मान लें तो कोई आपत्ति की बात नहीं दिखाई देती।

यह भी विज्ञान सम्मत बात है कि उपर्युक्त तारापुञ्ज (Foot-Path) वर्तमान वाष्पीय दशा से घनीभूत हो कर तेजोमण्डल के रूप में आ जायगा जैसा कि आज हमारा सूर्य है। यह जैसा अग्निपुञ्ज है ऐसे और भी कई सूर्य हैं और कई बन रहे हैं। वैदिक क्रम के

अनुसार क्या उक्त क्रम से भी यह सिद्ध नहीं होता कि 'आकाशद्वायु' और 'वायोरग्निः'।

अब रही "अग्नेरापः" की बात। विज्ञान का मत है कि हम जिस पर रहते हैं, वह पृथ्वी पहिले इस दशा में नहीं थी। एक प्रदीप्त नेबुले के रूप में थी जिसका मध्य भाग सघन था और वह दीर्घकाल तक आकाश में घूमते-घूमते अधिक सघन हुआ। उसी भ्रमणावस्था में उसके कई अंश टूट कर इधर उधर आकाश में फैले और समय पाकर ठंडे हुए। उसके मध्य का अधिक सघन भाग सूर्य हुआ और दूसरे छोटे भाग गुरु, शुक्र, चन्द्रमा और हमारी पृथ्वी हुई। नेबुले से पृथक् होने पर यह पृथ्वी अत्यन्त उष्ण एवं तरल पदार्थों का समूह थी। उस समय ज्वालामुखी से फूट कर निकलने वाले द्रव पदार्थों से भी अधिक उष्ण पदार्थों का समुद्र इस पर लहरा रहा था। यह "अग्नेरापः" नहीं तो और क्या हो सकता है? इसे विज्ञानवेत्ता ही सोचें।

इसके बाद धीरे-धीरे जलीय सृष्टि की उष्णता क्रमशः कम होने से दूध की मलाई की तरह उक्त तरल पदार्थ पर एक ठोस पदार्थ की तरह जमती-जमती मोटी हो गई। इधर भीतरी उष्णता से तह फट कर ज्वालामुखी और उनसे निकलने वाले लावा के ठंडा होने से पर्वत बने तो कई जगह बड़े-बड़े गर्त भी। अधिक उष्णता के समय गैस या वाष्प के रूप में जो जल था, वही ठंडक पाकर साधारण जल के रूप में आया और समुद्र बने। इस प्रकार हमारी यह 'अद्भ्यः पृथ्वी" सिद्ध हुई। इसका भी हमारे नवीन वैज्ञानिक बन्धु अवश्य विचार करेंगे।

ध्यान रहे कि हमारे यहाँ आकाशादि पञ्चभूतों की जननी उनकी पञ्च तन्मात्राएँ अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध हैं। एक तत्व की उत्पत्ति के बाद वह दूसरे में क्रमशः मिलता जाता है और आगे होने वाले अपने कार्य के कारणों से शामिल होता है। यद्यपि एक-एक तत्व के उत्पादक एक ही एक मुख्य तत्व का नाम लिया गया है तथापि उस उत्पन्न होने वाले तत्व के साथ उससे पहिले के तत्त्व की तन्मात्रा कारण रूप में साथ रहती हैं। इस प्रकार आकाश में हमें केवल वही एक तत्त्व मिलेगा किन्तु वायु में आकाश, अग्नि में आकाश-वायु, जल में आकाश-वायु-अग्नि और पृथ्वी में आकाश-वायु-अग्नि और जल की तन्मात्राएँ भी उसके कारण रूप से स्पष्ट दिखाई देंगी।

आत्मा से क्रमशः पंचभूत, ओषधी, अन्न (षड्स) और पुरुष तक जड़जङ्गम जगत् की सृष्टि कैसे हुई यह अब तक के इस विवेचन में आ चुका है। इसी जड़जङ्गम जगत् को लक्ष्य कर इसमें होनेवाले अनन्त रोगों की उत्पत्ति और उनका शमन केवल वात-पित्त-कफ इन त्रिधातु या त्रिदोषों में ही कैसे सीमित कर इतने बड़े भारी जड़जङ्गम जगत् के सागर को इस छोटी सी गागर में भर दिया? इसका हमें तो नहीं, हमारे दक्षतर बन्धुओं को विशेष आश्चर्य सा हो रहा है अतः थोड़े में इस पक्ष में भी कुछ कह देना अनुचित न होगा।

यद् ब्रह्माण्डे तत्पिण्डे।

उपर्युक्त वाक्य प्रायः आर्यों के कथोपकथन में आया ही करता है शास्त्रकारों का मत है कि कारण के अनुरूप ही कार्य की उत्पत्ति हुआ करती है। जगत् पञ्चभौतिक है अतः इसमें के जितने पदार्थ हैं वे भी सब पञ्चभूतात्मक अर्थात् तन्मय, तद्गुण व तल्लक्षणविशिष्ट हैं। बाह्य जगत् स्थूल ब्रह्माण्ड है, वैसे ही देह सूक्ष्म ब्रह्माण्ड है। स्थूल ब्रह्माण्ड की सब की सब

बातें देहरूप सूक्ष्म ब्रह्माण्ड में भी वर्तमान हैं। सारांश स्थूल जगत् पञ्चभूतात्मक है तो सूक्ष्म जगत् (देह) भी पञ्चभूतात्मक है। स्थूल जगत्, देह, रोग, भैषज्य, चिकित्सा, सृष्टि, स्थिति, लय इन सबके कारण पञ्चभूत ही हैं। जीव-जन्तु का जन्म या संयोग पञ्चभूतों के आधीन है त्यों उसके बढ़ानेवाले आहारादि भी पञ्चभूतों के ही आधीन हैं। इतना ही नहीं, देह की स्थिति, पुष्टि आदि जैसे पञ्चभूतों से है वैसे ही उसका ह्रास और लय भी अन्त में पञ्चभूतों में ही होता है। इसीको पञ्चतत्व या मृत्यु कहते हैं। धमनीव्याकरण में धन्वन्तरि ने कहा भी है—

पञ्चाभिभूतास्त्वथ पञ्चकृत्वः पञ्चेन्द्रियं पञ्चसु भावयन्ति।
पञ्चेन्द्रियं पञ्चसु भावयित्वा पञ्चत्वमायान्ति विनाशकाले ॥१९॥

(सु० शा० ९)

सारांश यह कि पञ्चभूतों के आधीन रहकर रस-रक्त द्वारा शरीर का पोषण करनेवाली धमनियें पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच ज्ञानेन्द्रिय और ग्यारहवें मन का संयोजन कर समस्त शरीर को कार्यक्षम बनाती हैं और ये ही विनाशकाल में उक्त पञ्चभूतों में लय हो जाती हैं। इस प्रकार अव्यापन्न और व्यापन्न रूप से ये पञ्चभूत ही जन्म एवं मरण के खास कारण हैं। ऊपर लिखा जा चुका है कि जो बातें ब्रह्माण्ड की हैं वही सब की सब इस पिण्ड की हैं। चरक में लिखा भी है—

पुरुषोऽयं लोकसंमितः। यावन्तो हि मूर्तिमन्तो लोके भावविशेषास्तावन्तः पुरुषे, यावन्तः पुरुषे तावन्तो लोके। ·····अपरिसंख्येया लोकावयवविशेषाः पुरुषावयवविशेषा अप्यपरिसंख्येयाः।·····तस्य पुरुषस्य पृथिवी मूर्तिरापःक्लेदस्तेजोऽभिसन्तापो वायुः प्राणो वियच्छिद्राणि ब्रह्मान्तरात्मा।·····यथा लोकस्य स्वर्गादिस्तथा पुरुषस्य गर्भाधानम्, यथा कृतयुगमेवं बाल्यं, यथा त्रेता तथा यौवनं, यथा द्वापरस्तथा स्थाविर्यं, यथा कलिरेवमातुर्यं, यथा युगान्तस्तथा मरणमित्येवमनुमानेनानुक्तानामपि। लोकपुरुषयोरवयवविशेषाणामभिवेश ! सामान्यं विद्यात्। (चरक शा० अ० ५)

इसका अर्थ स्पष्ट है कि जितनी बातें बहिर्जगत् में हैं वे सब की सब इस पिण्ड अर्थात् देह में भी हैं। हमारे दक्षतर बन्धु जब वैद्य बन्धुओं से पूछते हैं कि आपके वात-पित्त-कफ वस्तुतः हैं क्या? ये प्रत्यक्ष हैं या अप्रत्यक्ष? सेन्द्रिय हैं या निरेन्द्रिय? हम इन प्रश्नों को सुनकर घबड़ा उठते हैं। दक्षतरों की दया से कुछ दिनों से यह प्रश्न आयुर्वेद महामण्डल में भी उठ खड़ा हुआ है। एतदर्थ पाँच सौ रुपये इनाम की घोषणा तक हो चुकी है परन्तु कहते हैं, अभी तक इसका सन्तोष-जनक निबटारा नहीं हुआ है। मैं भी अपनी अल्प बुद्ध्यनुसार इस विषय में कुछ कह देना अनुचित नहीं समझता। आशा है, आप सब इस पर विचार करने की कृपा करेंगे।

त्रिदोषों की प्रत्यक्षाप्रत्यक्षता

प्रायः सभी जानते हैं कि जगत् का कोई भी काम बिना सूर्य, चन्द्र और वायु के नहीं चल सकता। इसी को दूसरी तरह से कहें तो कह सकते हैं कि अग्नि, जल और वायु को छोड़ जगत का काम कदापि नहीं चल सकता। यही बात शरीर के लिये लागू है क्योंकि ब्रह्माण्ड और पिण्ड वस्तुतः भिन्न नहीं हैं—एक ही हैं, यह प्रथम कहा जा चुका है। यही बात भगवान् धन्वन्तरि ने कही है।

विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा।
धारयन्ति जगद्देहं कफपित्तानिलास्तथा ॥ (सुश्रुत सू. अ. २१)

अर्थात् विसर्ग, आदान और विक्षेप इन तीन क्रियाओं के द्वारा चन्द्रमा, सूर्य और वायु से जिस प्रकार जगत का धारण हो रहा है, ठीक ऐसे ही देह के धारक कफ, पित्त और वायु हैं। दूसरे शब्दों में ये सोम, सूर्य और अनल क्रमशः जल, अग्नि और वायु ही हैं और ये ही शरीर में कफ, पित्त और वायु के नाम से पुकारे जाते हैं। सुश्रुत में यही साफ लिखा हुआ मिलता है—

"तत्र वायोरात्मैवात्मा, पित्तमाग्नेयं, श्लेष्मा सौम्य इति ॥ ५ ॥"

(सुश्रुत सू. अ. ४२)

सुश्रुत के अनुसार चरक में भी यह बात अधिक स्पष्टीकरण के साथ लिखी हुई मिलती है। उसमें कहा है कि इन सूर्य, वायु और चन्द्रमा से ही काल, ऋतु, रस, दोष, देह और बल की उत्पत्ति होती है।

तावेतावर्कवायू सोमश्च कालर्तुरसदोषदेहप्रत्ययभूताः समुपदिश्यन्ते ॥ ५ ॥

च. सू. अ. ६

सारांश, जगत में सोम, सूर्य और वायु के द्वारा निरन्तर विसर्ग आदान, और विक्षेप ये तीनों क्रियायें होती रहती हैं। चन्द्रमा जलीय गुणद्वारा पृथ्वी या सूर्य को अप्यायित करता हुआ अनुग्रह करता है। सूर्य सामुद्रिक क्षार जल एवं समस्त पार्थिव रसों को खींच, शुद्ध कर वर्षा आदि द्वारा अनुग्रह करता है परन्तु जगत के लिए वायु का अनुग्रह इन सबसे बढ़ कर एवं प्रशंसनीय है। वह विक्षेप अर्थात् प्रसरण द्वारा आवश्यक मसाले को जहाँ जहाँ आवश्यकता होती है वहाँ पहुँचाता है। सूर्य और चन्द्रमा को अथवा यों कहिये कि अग्नि और जल को हम नित्य प्रति प्रत्यक्ष देखा करते हैं। वायु भी व्यक्ताव्यक्त दो प्रकार से माना गया है अतएव उसका भी हमें प्रत्यक्ष अनुभव होता ही है। हमें जिस जगह वायु का बिल्कुल अंश मालूम नहीं होता परन्तु पंखा हिलाते ही उसकी प्रतीति होने लगती है। ठीक इसी प्रकार हमें कफ-पित्त-वायु का शरीर में भी विसर्गादानविक्षेप दिखाई देता है। ब्रह्माण्ड का भरण-पोषण सोम, सूर्य और वायु से दिखाई देता है। इसी प्रकार इनके ही द्वारा शरीर का भी भरण पोषण हो रहा है। वस्तुतः कफ, पित्त और वायु ये ही तीनों सोम, सूर्य और अनिल हैं। अपनी अपनी जगह पर रहते हुए (प्रकृतिस्थ) ये तीनों धातु जैसे पोषक होते हैं, वैसे ही विकृति को प्राप्त होने से ये तीनों अशुभकारी होते हैं। इसी को आप सुश्रुत और चरक के वचनों में सुन लीजिए।

स च तत्र औदकैर्गुणैराहारः प्रक्लिन्नो मिश्रसंघातः सुखजरश्च भवति ॥ १२ ॥ स तत्रस्थ एव स्वात्मस्था शेषाणां श्लेष्मस्थानानां शरीरस्य च उदककर्मणा अनुग्रहं करोति ॥ १४ ॥ (सुश्रुत सूत्र अ० २१) सोम एव शरीरे श्लेष्मान्तर्गतः शुभाशुभानि करोति ॥ १२ ॥ (चरक सूत्र अ० १२)

अग्निरेव शरीरे पित्तान्तर्गतः कुपिताकुपितः शुभाशुभानि करोति ॥ ११ ॥ (चरक सूत्र अ० १२) रागप्रकाशोजस्तेजोमेधोष्माकुप्पित्तं पञ्चधा प्रविभक्तमग्निकर्मणाऽनुग्रहं करोति ॥९॥ (सुश्रुत सू० अ० १५)

तत्र प्रस्पन्दनोद्वहनपूरणविवेकक्षणो वायुः पञ्चधा प्रविभक्तः शरीरं धारयति ॥ ४ ॥ (सुश्रुत सू० अ० १५)

सर्वशरीरचरास्तु वातपित्तश्लेष्माणो हि सर्वस्मिन् शरीरे कुपिताकुपिताः शुभाशुभानि कुर्वन्ति ॥ १० ॥ (चरक सू० अ० २०)

इन सब प्रमाणों से स्पष्ट है कि जल, अग्नि और वायु इन तीनों के अनुग्रह से सारा ब्रह्माण्ड सुख और वृद्धि को प्राप्त होता है और कोप से नाना प्रकार के दुःख तथा नाश को प्राप्त होता है। इसी प्रकार कफ, पित्त और वायु के अनुग्रह से प्राणियों का देह सुखी और वृद्धिगत होता है और कोप से नाना व्याधियों से घिरकर इसका नाश हो जाता है। इस वृद्धि और नाश के कारण त्रिदोष, धातु और मल को प्राप्त होने वाले इनके सामान्य और विपरीत भाव हैं। चरक के इस कथन का आशय ही वाग्भट ने कहा है—

वायुः पित्तं कफश्चेति त्रयो दोषाः समासतः ॥ ६ ॥ रसासृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः। सप्तदूष्या मता मूत्रशकृत्स्वेदादयोऽपि च १३ वृद्धिः समानैः सर्वेषां विपरीतैर्विपर्ययः ॥ (अष्टाङ्गहृदय सू० अ० १)

सारांश यह कि दोषधातुमलमूल शरीर की वृद्धि और क्षय का कारण नित्य के हिताहारविहार या अहिताहारविहार का उपयोग ही है। यही सामान्य और विपर्यय है। बहिर्जगत् का धारण सोम, सूर्य और वायु अपनी विसर्ग-आदान-विक्षेप क्रिया द्वारा करते हैं, ठीक इसी प्रकार इन्हीं के रूप कफ, पित्त और वात अपनी विसर्गादान-विक्षेप क्रिया से शरीर का धारण करते हैं। आहार के मुख में पड़ते ही सोम अर्थात् कफ की विसर्ग क्रिया का आरम्भ होकर वह जलीय रस मधुर एवं फेनीभूत स्पष्ट दिखाई देता है। आगे वही अग्नि एवं पित्त के यकृत प्लीह स्थानों में आदान क्रिया द्वारा पक कर रंजित होता और अन्त में वायु की विक्षेप क्रिया उसका विभजन कर तेजोभूत रस (सार) और किट्ट को अलग अलग कर देती है। क्रमशः इस प्रकार रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और वीर्य की उत्पत्ति होना आचार्यों ने बतलाया है—

रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान्मेदः प्रजायते।
मेदोऽस्थि ततो मज्जा मज्ज्ञः शुक्रं तु जायते ॥ १० ॥
(सुश्रुत सू. अ. १४)

चरक में सोम-सूर्य-वायु द्वारा काल, ऋतु, रस, दोष, देह आदि की उत्पत्ति बतलाई गई है। वस्तुतः ये कफ, पित्त, वायु ही हैं। वाग्भट ने भी लिखा है कि—"चयप्रकोपप्रशमा वायोर्ग्रीष्मादिषु त्रिषु। वर्षादिषु तु पित्तस्य श्लेष्मणः शिशिरादिषु।" ऐसे ही "नक्तं दिनर्तुभुक्तादौर्व्याधिकालो यथामलम्" लिखा मिलता है। इन धातुओं को चरक ने "षट् श्लेष्मणः, पञ्च पित्तस्य" आदि अञ्जलिप्रमाण बताए हैं। इतना ही नहीं, इन त्रिधातुओं के जो गुण बताए गए हैं, रसदोषसन्निपात बताया है और बताई है चरक ने त्रिविधकुक्षीय विमानाध्याय में इनके लिये जगह रखने की बात भी। इसके सिवा "जीवो जीवस्य जीवनं" इस कथन के अनुसार ये अपने समान गुण वाले षड्रससंभूत कन्द, मूल, फल, अन्न, मांसादि सेन्द्रिय (चेतन) द्रव्यों को लेकर स्वयं पुष्ट होते हुए शरीर को भी पुष्ट रखते हैं। क्या इन प्रमाणों को देख कर भी कोई कह सकता है कि ये कुछ भी नहीं हैं या सेन्द्रिय नहीं हैं? क्या अब भी इनको आप ब्रह्माण्ड एवं देह में प्रत्यक्ष तथा सर्वत्र व्याप्त नहीं मानेंगे?

तत्र सूक्ष्मो बहुः शीतः खरः सूक्ष्मश्चलोऽनिलः । पित्तं सचोष्णतीक्ष्णोष्णं लघु विस्रं सरं द्रवम् ॥११॥ स्निग्धः शीतो गुरुर्मन्दः श्लक्ष्णो मृत्स्नः स्थिरः कफः । (अष्टाङ्गहृदय सू० १)

त्रिविधं कुक्षौ स्थापयेदवकाशांशमाहारस्याहारसमपयुञ्जानः । तद् यथा—एकमवकाशांशं मूर्त्तानामाहारविकाराणामेकं द्रवाणामेकं पुनर्वातपित्तश्लेष्मणाम् ॥ (चरक विमान अ० २)

रोग और उनकी चिकित्सा ।

हमारे आचार्यों ने "रोगस्तु दोषवैषम्यं दोषसाम्यमरोगता" कहकर अनन्त रोगों के महासागर को सचमुच एक छोटी सी गागर में भर दिया है । दोषों के संचय, प्रकोप, प्रसर, स्थानसंश्रय, व्यक्ति, भेदादि सब कुछ कहे हैं किन्तु महर्षिप्रणीत हमारी चिकित्सा दोषमूलक होने से उन्होंने एक ऐसा सुगम मार्ग हमें दिखा दिया है जिससे हम अनन्त रोगों की पहिचान और चिकित्सा कर सकते हैं । उन्होंने यह थोड़े में बता दिया है कि वातादि दोषों तथा रसरक्तादि उनके दूष्यों की क्षयवृद्धि में अमुक-अमुक लक्षण हुआ करते हैं और उनकी बृंहण या कर्षण चिकित्सा इस प्रकार की जाय । रोगमूलक चिकित्सावाले जब तक रोग का पता या नाम निश्चित न कर लेंगे तब तक उसकी चिकित्सा नहीं कर सकेंगे । हमारे यहाँ यह बात नहीं है । चाहे हम आजकल के न्युमोनिया-प्ल्यूरसी प्रभृति के नाम निश्चित न कर सकें परन्तु उनकी चिकित्साकर रोगी को अवश्य सुखी कर सकते हैं ।

महर्षियों ने थोड़े में बतला दिया है कि जहाँ हर तरह से आरोग्य अथवा सुख है वहाँ धातुसाम्य समझो और जहाँ विकार, रोग अथवा दुःख है तो उसे धातुवैषम्य जानो । जिन क्रियाओं से धातुओं में समानता आ सकती है, वही सब रोगों को दूर करनेवाली चिकित्सा है—वैद्यों का मुख्य कर्म है । यह भी कह दिया है कि रोगों की संख्या (गिन्ती) नहीं हो सकती । उनका पार ही नहीं है । ऐसी अवस्था में यदि कोई वैद्य किसी रोग का नाम निश्चित न कर सके तो कोई लज्जा की बात नहीं है । वैद्य को चाहिये कि वह रोग की प्रकृति उसके अधिष्ठान और समुत्थान पर लक्ष्य रखकर उसकी चिकित्सा का आरम्भ कर दे । जो इन तीनों बातों को लक्ष्य में रखता हुआ चिकित्सा करता है, वह कदापि धोखा नहीं खा सकता—

विकारो धातुवैषम्यं साम्यं प्रकृतिरुच्यते ।
सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःखमेव च ॥
(च० सू० अ० ९)

या भिः क्रियाभिर्जायन्ते शरीरे धातवः समाः ।
सा चिकित्सा विकाराणां कर्म तद्भिषजां मतम् ॥३४॥
(चरक सू० अ० १६)

तत्र व्याधयोऽपरिसंख्येया भवन्त्यति बहुत्वात् ॥ ५ ॥
(चरक, विमान अ० ६)

विकारनामाकुशलो न जिह्रीयात्कदाचन ।
न हि सर्वविकाराणां नामतोऽस्ति निदर्शनम् ॥५०॥
स एव कुपितो दोषः समुत्थानविशेषतः ।
स्थानानान्तरगतश्चैव जनयत्यामयान् बहून् ॥५१॥

तस्माद्विकारप्रकृतीरविज्ञानान्तरायि च ।
समुत्थानविशेषांश्च बुद्ध्वा कर्म समाचरेत् ॥५२॥
यो ह्येतत् त्रिविधं ज्ञात्वा कर्मायारभते भिषक् ।
ज्ञानपूर्वं यथान्यायं स कर्मसु न मुह्यति ॥५३॥

(चरक सूत्र अ० १९)

इस विषय में बहुत कुछ कहा जा सकता है परन्तु समयाभाववश इतना कहना ही अलम् समझना चाहिए ।

चिकित्सा के तीन प्रकार ।

आयुर्वेद में चिकित्सा तीन प्रकार की मानी गई है दैवी, मानवी और दानवी । इनमें पहिली दैवी चिकित्सा में सूर्यरश्मि-जल-वायु शंकर जी से प्राप्त वरदानरूप चिकित्सा का समावेश होता है क्योंकि वेदों में सूर्य, वरुण, वायु और रुद्र, इन सबको देव माने हैं । दूसरी वनौषधियों द्वारा की जानेवाली कायचिकित्सा है और तीसरी शस्त्रक्रिया द्वारा की जानेवाली । वेदों में अन्यों की तो बात ही क्या, राजयक्ष्मा तक के कीटाणुओं का नाश करनेवाली सूर्यरश्मि, जल, वायु और मणिमन्त्र सम्बन्धिनी चिकित्सा का वर्णन यत्र तत्र मिलता है । त्रिधातु एवं उनके शमन विषय का उल्लेख सबसे प्राचीन माने जानेवाले ऋग्वेद में है । आज जितनी पैथियाँ चल रही हैं, उन सबके मूल तत्व आपको वेदों में मिलेंगे । मैं उन सब मन्त्रों को यहाँ लिखकर आपका अमूल्य समय नष्ट नहीं करना चाहता इसलिये कि आप स्वयं उक्त मन्त्रों का पता लगाये बैठे हैं, या लगा लेंगे ।

रसशास्त्र और उसका रहस्य ।

दैवी चिकित्सा की सभी प्रणालियों का रसशास्त्र राजा है । आर्यों का अन्तिम ध्येय मुक्ति है । सभी संप्रदायों एवं शास्त्रकारों ने इसी के लिए उपदेश और प्रयत्न किया है । हमारे आयुर्वेद का भी "धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम्" यही मुख्य सिद्धान्त है । तात्पर्य यह कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के इच्छुक को आरोग्यता का संपादन पहिले करना चाहिए । इसी लिए वाग्भट ने उपदेश किया है कि "आयुर्वेदोपदेशेषु विधेयः परमादरः ।" भगवती जगज्जननी महामाया और जगत् के जनक भगवान् शंकर ये दोनों सचमुच दया के सागर हैं । जगत् के माता-पिता होने के कारण जगत् को नाना व्याधियों से युक्त उनसे नहीं देखा गया और न देखा गया वनौषधियों द्वारा की जाने वाली चिकित्सा द्वारा रोगियों की स्वास्थ्य प्राप्ति में होने वाला विलम्ब । दयासागर के हृदय में दया की लहरें लहराने लगीं और उन्होंने संसार का महोपकार करने वाले अद्वितीय रसशास्त्र को जन्म दे दिया । संसारोपकारार्थ शंकर जी के हृदय से यह रसरूपिणी करुणा टपक पड़ी । गोविन्द भगवत्पादाचार्य ने यही कहा है—

"हृदयस्थैव गलित्वा जाता रसरूपिणी करुणा !"

विदेशियों का कहना है कि भारतीय रसशास्त्र की उत्पत्ति केवल कीमिया के लिये बावन तोले पावरत्ती के पाठक, ताम्र आदि धातुओं से सोना-चाँदी बनाने वालों के द्वारा हुई है । यह बिलकुल झूठ है । रसेश्वरदर्शन से पता लगता है कि रसशास्त्र का अवतार वस्तुतः जीवन्मुक्ति प्राप्त करने के लिये हुआ है । षड् दर्शन विज्ञप्तिभाष्य (वैद्यक) के साथ मुक्ति का

वर्णन करते हैं परन्तु उनके इस कथन पर विश्वास कैसे किया जाय ? शरीर को स्थिर रखते हुए, जीते जी ही मुक्ति प्राप्त कर लेने से यह विश्वास जम सकता है और यह जीवन्मुक्ति सर्वथा पारद के ही आधीन है। इसी लिये हरगौरी द्वारा हमारे रसशास्त्र की सृष्टि हुई है। यही लिखा है—

"यद्दृश्येऽपि मुक्तिस्तु दर्शिता पिण्डपातने। करामलकवत्सापि प्रत्यक्षा नोपलभ्यते ॥ तस्मात्तं रक्षयेत्पिण्डं रसैश्चैव रसायनैः ॥" गोविन्दभगवत्पादाचार्यैरपि—"इतिघनशरीरभोगाभ्यनित्याभ्यदैव यतनीयम्। मुक्तौ सा च ज्ञानाधाभ्यासात्स च स्थिरे देहे ॥ तस्थैर्ये न समर्थं रसायनं किमपि मूललोहादि। एकोऽसौ रसराजः शरीरमजरामरं कुरुते ॥" रसार्णवेऽपि "पारदो गदितो यस्मात्परार्थः साधकोत्तमैः। सुसाऽयं मत्समो देवि मम प्रत्यक्षसम्भवः। मम देहरसो यस्मात्तस्तेनायमुच्यते ॥" "संसारस्य परं पारं दृश्योऽसौ पारदः स्मृतः ॥"

इस सम्बन्ध में शंकर ने कहा है कि "हे देवि, तेरा बीज अभ्रक और मेरा बीज पारद है। ये दोनों मिलकर, मृत्यु और दारिद्र्य का नाश करते हैं।" रसेश्वर सिद्धान्त में लिखा है कि रस (पारा) के प्रसाद से कई देव, दैत्य, मुनि, राजा तथा सिद्ध अजरामरत्व प्राप्त कर जीवन्मुक्त हो चुके हैं। शिव जी कहते हैं कि कर्मयोग ही से पिण्डधारणा प्राप्त होती है जो कि रस और पवन इन दोनों में सीमित हैं। रस और पवन ये दोनों अपनी मूर्छित, मृत और बद्धावस्थाओं में मनुष्यों को क्रमशः नीरोग, मृत्युरहित और गगनचारी बनाते हैं। पारा लोह और देह इन दोनों में समान चमत्कार दिखानेवाला होने पर भी इसका उपयोग केवल देह के लिये करने का उपदेश है। लोह पर केवल सिद्धासिद्ध-परीक्षा कर लेना लिखा है। यथा—

"अभ्रकस्तव बीजं तु मम बीजं तु पारदः। अनयोर्मेलनं देवि मृत्युदारिद्र्यनाशनम् ॥" देवाः केचिन्महेशाद्या दैत्याः कंसपुरस्सराः। मुनयो बालखिल्याद्या नृपाः सोमेश्वरादयः ॥ गोविन्दभगवत्पादाचार्यो गोविन्दनायकः। चर्पटिः कपिलो व्याडिः कापालिः कन्दुकायनः ॥ एतेऽन्ये बहवः सिद्धा जीवन्मुक्ताश्चरन्ति हि ॥ इत्यादि "रसश्च पवनश्चेति कर्मयोगो द्विधा स्मृतः। मूर्छितो हरति व्याधीन्मृतो जीवयति स्वयम्। बद्धः खेचरतां कुर्याद्रसो वायुश्च भैरवि ॥"— "समानं कुरुते देवि प्रत्यक्षं देहलोहयोः। पूर्वं लोहे परीक्षेत पश्चाद्देहे प्रयोजयेत्।" इत्यादि।

इन सब प्रमाणों से सिद्ध है कि रसशास्त्र का अवतार देह की अजरामरता प्राप्त कर जीवन्मुक्त होने के लिये है न कि बावन तोला पाव रत्ती से सोना-चांदी बनाने के लिये। मूर्छित, मृत और बद्ध पारद बनाने की विधि और उसे पहिचानने की सब बातें रस ग्रन्थों में लिखी हैं। मित्रो, केवल पारे का नाममात्र लेने ही से हम अजरामरत्व या जीवन्मुक्ति प्राप्त नहीं कर सकते। उसके अष्टादश संस्कार भी करने पड़ते हैं।

स्वेदनमर्दनमूर्च्छोत्थापनपातननिरोधनियमाश्च।
दीपनगगनभ्रासभ्रमणमथ चारणाविधानं च ॥
गर्भद्रुतिबाह्यद्रुतिजारणरसरागसारणं चैव।
क्रामणबधौ भक्षणमष्टादशधेति रसकर्म ॥

(रसहृदय अ० २)

अर्थात् उपर्युक्त ये सब संस्कार करने पड़ते हैं। आजकल वैद्य वन्धुओं की समझ यह

हो रही है कि देह सिद्धि के लिए पहिले आठ ही संस्कारों की आवश्यकता है और शेष लोह सिद्धि के लिये हैं किन्तु वास्तव में बात ऐसी नहीं है। पारद के अद्भुत चमत्कार तभी दिखाये जा सकते हैं जब उसमें अभ्रबीज की चारणा आदि कर्म किये जाते हैं। आजकल जहाँ तक देखा जाता है कि पारद की शुद्धि आदि तक की चिन्ता नहीं है। कजली कर ली जाती है तथापि बेचारा पारद अपना कुछ चमत्कार दिखा ही देता है। शोक है कि हम रसतन्त्रादि लिखे हुए पारद के अद्भुत चमत्कारों को देखने की इच्छा तक नहीं करते। यह तो गोविन्द भगवत्पादाचार्य ने लिखा है वही बात है। आचार्य कहते हैं कि—

घनरहितबीजचारणसंप्राप्तदलादिसिद्धिकृतकृत्याः।
कृपणाः प्राप्य समुद्रं वराटिकालाभसन्तुष्टाः ॥१॥
अन्ये पुनर्महान्तो लक्ष्मीकरिराजकौस्तुभादीनि।
अवधीर्य लब्धवन्तः परामृतं चामरा जाताः ॥२॥

(रसहृदयतन्त्र अ० ३)

अर्थात् जो लोग पारद में अभ्रक सत्वादि की चारणा न करके उसे केवल अन्य धातुओं को खिला कर, उसके द्वारा वर्णवृद्धि, धातुओं के पत्र रँगने, मेलापक के द्वारा जोटक, तारकृष्टि आदि की सिद्धि में ही मस्त होकर अपने को कृतकृत्य मान रहे हैं। वस्तुतः पारद का चमत्कार उन्होंने कुछ भी नहीं देखा है। उनका इस कीमियागरी से खुश हो जाना तो उन कृपणों की खुशी के तुल्य है जो रत्नाकर को प्राप्त करके भी शंख और कौड़ियों के मिलने से राजी हो जाते हैं। धन्य वे हैं जिनने रत्नाकर द्वारा मिलने वाले लक्ष्मी, ऐरावत हाथी और कौस्तुभमणि को छोड़ अमरता प्राप्त कर ली है। इससे सिद्ध हो रहा है कि रसशास्त्र का अवतार अजरामरता प्राप्त करने के लिये हुआ है, न कि कीमियागरी के लिये।

मेरा निजी अनुभव है कि पारद जितना अधिक सुसंस्कृत होता है, उतना ही वह, अजरामरता के लिये अधिकाधिक फलप्रद होता है। सभी संस्कार करने के इच्छुकों को चाहिये कि वे रसशास्त्रों का गुरुओं के द्वारा भली भांति अध्ययन करें। बहुत से रसार्णवादि में लिखी हुई रसोपयुक्त दिव्यौषधियों के लिए यह लिखा हुआ देख कर घबड़ा जाते हैं कि "अमुकवर्ण पयस्तस्याः" उसका दूध अमुक वर्ण का होता है। हम रात दिन देख रहे हैं उनके वर्णन में भी उनके पय का रंग लिखा देखते हैं और कल्पना करते हैं कि शायद यह दूधवाली कण्टकारी, भूतकेशी आदि दूसरी हैं। उनके न मिलने के भय से पारद के संस्कार करना हम छोड़ देते हैं परन्तु यह नहीं सोचते कि पय नाम जल का या रस का भी तो है? चाहे उस नाम की दूधवाली और बूटी ही क्यों न हो, जो उसी नाम से हमारे सामने है हमें चाहिये कि हम उसी बूटी के रस द्वारा पारद की क्रिया करते रहें। परमात्मा हमें अवश्य सिद्धि प्रदान करेगा। यह केवल रसशास्त्र का रहस्य है। रस चिकित्सा विषय में लिखा मिलता है कि—

न दोषाणां न रोगाणां न पुंसा च परीक्षणम्।
न देशस्य न कालस्य कार्यं रसचिकित्सिते ॥
सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञो न जानाति रसं यदा।
सर्वं तस्योपहासाय धर्महीनो यथा वृधः ॥

अनुपाने रसा योज्या देशकालानुसारिभिः ।
दोषघ्नैर्मधुना वापि केवलेन जलेन वा ॥

सारांश, रसचिकित्सा में दोष, रोग, पुरुष, देश और काल की परीक्षा की कोई आवश्यकता नहीं रहती । बात भी सच है रसों का ऐसा ही अचिन्त्य प्रभाव देखा जाता है । निस्सन्देह 'मुमुर्षुणां प्राणगतेः प्रणेता' प्रभूत रस ही होता है । कोई अनुपान न मिला तो केवल शहद और जल ही से काम चल जाता है । वस्तुतः ऐसी अद्भुत रसचिकित्सा का न जानना लज्जा की बात है । हमें चाहिये कि हम रसशास्त्र के अध्ययन में अच्छा परिश्रम करें ।

चरक, सुश्रुत और वाग्भट में उक्त रस धातुचिकित्सा का नाम नहीं है त्यों इनमें नाड़ी देखने आदि का भी कहीं उल्लेख नहीं है । रसशास्त्र सीधा शंकर जी से आया हुआ है । नाडी-विज्ञान और शारीर हमारे यहाँ वेद और योगशास्त्र से आये हैं । ये दोनों स्वतन्त्र शास्त्र हैं । शार्ङ्गधरादि के समय इनका वनौषधि शास्त्र के साथ समन्वय कर लिया गया है । योगशास्त्र में लिखा है कि—

श्वासोच्छ्वासविवर्तनेन जगतां जीवो यया धार्यते । सा मूलाम्बुजगह्वरे विलसति प्रोद्दामदीपावली ॥······वाय्वग्निमयी देवी कुण्डली परमा कला । जीवशोणितसंघातात्सुषुम्णा जीवसाक्षिणी स्पन्दिता सर्वदेहेषु यावज्जीवो न मुञ्चति ।

महानुभाव ! कहाँ तक कहा जाय । जितना कहा जाय वह थोड़ा ही है । विचारपूर्वक देखने से पता चलता है कि हमारे महर्षियों ने दर्शनादि सभी शास्त्रों का समावेश करके हमारे आयुर्वेद की रचना की है । कहीं सांख्य की झलक दिखाई देती है, तो कहीं वेदान्त की छटा । कहीं न्यायशास्त्र दिखाई दे रहा है तो कहीं योगशास्त्र हमें शान्ति प्रदान कर रहा है ।

"योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन" "मनोवाक्कायदोषाणां हर्त्रेऽहिपतये नमः" इन प्रमाणों से सिद्ध है कि चरक महर्षि पतञ्जलि का ही लिखा हुआ है । चरक में अन्य सब शास्त्रों की और विशेषतः उनके प्रिय विषय योग की छटा शारीर के आदि में ही दिखाई देती है । इस लिये आयुर्वेद पढ़नेवालों को चाहिये कि व्याकरणादि सभी शास्त्रों को देखने से कदापि न चूकें । इन शास्त्रों के देखनेवाले ही हमारी बृहत्त्रयी के सच्चे मर्म को समझ सकते हैं । परीक्षा देकर आयुर्वेदाचार्य आदि पदों को प्राप्त कर लेना जितना सहल है, चरक के विमान और शारीर को कम से कम मेरी क्षुद्र सम्मति में समझना या समझाना उतनी ही टेढ़ी खीर है । शारीरविज्ञान, भैषज्यविज्ञान और चिकित्साविज्ञान, इन तीनों का ही समष्टिरूप आयुर्विज्ञान है । इस समय हमें अच्छे सुभीते प्राप्त हैं । पौर्वात्य और पाश्चात्य की अच्छी जोड़ है अतः कन्धे से कन्धा भिड़ाकर पुनः आयुर्वेद को हम दोनों खासा पुष्ट बना दें । बस यही मेरी आन्तरिक इच्छा है ।

भिषजां साधुवृत्तानां भद्रमागमशालिनाम् ।
अभ्यस्तकर्मणां भद्रं भद्रं भद्राभिलाषिणाम् ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।



श्रीमान् वैद्यशास्त्री पं. ठाकुरदत्तजी मुलतानी. **लाहोर**।
अध्यक्ष-पंजाबप्रांतिय ३ वैद्यसंमेलन **मोगा** (सन १९३०)।

पंजाब प्रांत

पंजाब प्रांतीय वैद्यसम्मेलन का संक्षिप्त विवरण।

१९२७ से नव सभ्य समाज में भी प्रायः देशी चिकित्सा के पक्षपाती प्रचार को लक्ष्य रख कर पञ्जाब प्रान्त विशेषकर लाहौर के प्रतिष्ठित वैद्य महोदयों ने भी इस उपर्युक्त समय से लाभ उठाने की धारणा से पञ्जाब प्रान्त के वैद्य समुदाय को एकत्रित कर सामूहिक रूप से आयुर्वेद प्रसार के लिये १९२८ में "पञ्जाब प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन" की स्थापना की,

इस सम्मेलन (मण्डल) का प्रथमाधिवेशन लाहौर में मनाने का निश्चय हुआ—

जिसकी स्वागतकारिणी सभापति पद को सर गोकुलचन्द जी नारङ्ग ने सहर्ष स्वीकार किया—

सम्मेलन के सभापति पद को श्री रामप्रसाद जी वैद्यरत्न, राजवैद्य पटियाला ने सुशोभित किया—सम्मेलन २३, २४, २५ मार्च १९२८ को बड़ी धूमधाम से सफल हुआ—सम्मेलन के तद्वर्षीय अधिकारी वर्ग इस प्रकार निर्वाचित हुए।

१—प्रधान—सर्वश्री पं० रामप्रसाद जी पटियाला, २ उपप्रधान पं० ठाकुरदत्त जी शर्मा, अमृतधारा, ३ उपप्रधान पं० ठाकुरदत्त जी मुलतानी, लाहौर, ४ प्र० मंत्री सुरेन्द्रमोहन जी बी० ए०, आचार्य दयानन्दायुर्वेदिक कालिज, ५ उपमंत्री पं० नानकचन्द्र जी वैद्यशास्त्री, ६ उपमन्त्री क० धर्मदेव जी, ७ कोषाध्यक्ष ला० सरदारी लाल जी, ८ आयव्यय निरीक्षक पं० बिहारीलाल जी क्लींगन लाहौर। इस सम्मेलन के महत्वपूर्ण प्रस्तावों के प्रभाव से ही अगले वर्ष पञ्जाब गवर्नमेंट तथा लाहौर म्युनिसिपैलिटी का सहायतार्थ ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ, और पञ्जाब की देशी चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं को वार्षिक आर्थिक सहायता मिलने लगी।

२—द्वितीय वैद्य सम्मेलन—वैद्य पञ्चानन पं० मस्तराम जी शास्त्री आयुर्वेदाचार्य जी के उद्योग तथा पं० मनसाराम जी के सहयोग से ४–५–६ मई १९२९ में रावलपिण्डी में हुआ इसके सभापति श्री पं० ठाकुरदत्त जी अमृतधारा चुने गये। इस सम्मेलन में प्रदर्शनी का प्रबन्ध अत्युत्तम था, पं० मस्तराम जी शास्त्री ने शास्त्र सम्मत रस शास्त्रक-अष्टियों तथा यन्त्रों का परिष्कृत आविष्कार किया था, एवं महता सीताराम जी का भी कौह यन्त्र निर्माण भी सराहनीय था। इसी सम्मेलन में वैद्यरत्न पं० रामप्रसाद जी ने अपने ५०) के दान से धन्वन्तरि कोष की स्थापना की, जिसका उद्देश्य प्रान्तीय वैद्य समाज की आयुर्वेद मार्ग में आने वाली विपत्ति में सहायता करना था। सम्मेलन के अधिकारी—सर्वश्री—१ प्रधान पं० ठाकुरदत्त जी, अमृतधारा, २ उपप्रधान—पं० रामप्रसाद जी वैद्यरत्न पटियाला, ३—उपप्रधान—पं० ठाकुरदत्त जी मुलतानी लाहौर, ४ मन्त्री सुरेन्द्र मोहन जी बी० ए०

आचार्य, ५ उपमंत्री—पं० नानकचन्द्र जी वैद्यशास्त्री, ६ पं० रामगोपाल जी शास्त्री लाहौर, ७ कोषाध्यक्ष—पं० अमरनाथ जी नागर लाहौर, ८ आयव्यय निरीक्षक—पं० बिहारीलाल जी झींगन लाहौर।

३—तृतीय वैद्य सम्मेलन का निमन्त्रण मोगा से प्राप्त हुआ। अतः २८ फर्वरी तथा १–२ मार्च १९३० को मनाया गया। इसके सभापतित्व का आसन पं० ठाकुरदत्तजी मुलतानी ने सुशोभित किया, मोगा जैसा पाश्चात्य चिकित्सा प्रधान तथा आयुर्वेद के लिये अपर प्रदेश में सम्मेलन का होना ही इस सम्मेलन की विशेषता थी।

इस वर्ष कार्यकारिणी के अधिकारी इस प्रकार थे—

१ प्रधान श्री० पं० ठाकुरदत्तजी मुलतानी, २ उपप्रधान श्री० पं० ठाकुरदत्त शर्मा अमृतधारा, ३ उपप्रधान श्री० पं० भोलानाथ शास्त्री राजवैद्य, जम्मू काश्मीर, ४ उपप्रधान श्री० पं० मस्तरामजी शास्त्री आयुर्वेदाचार्य, रावलपिण्डी, ५ मन्त्री श्री सुरेन्द्रमोहनजी बी० ए०, आयुर्वेदाचार्य, ६ स० मन्त्री पं० नानकचन्द्रजी वैद्यशास्त्री, ७ उपमन्त्री पं० रामगोपालजी शास्त्री वैद्यभूषण, ८ कोषाध्यक्ष कवि० पं० मदनमोहनजी लाहौर, ९ आयव्यय निरीक्षक कवि० हरनामदासजी बी० ए०, लाहौर।

४—चतुर्थ वैद्यसम्मेलन का निमन्त्रण अम्बाला सिटी से प्राप्त हुआ, यद्यपि कई कारणों से अम्बाला सम्मेलन स्थगित होता रहा, किन्तु अम्बाला के परम उत्साही श्रीयुत ला० गङ्गारामजी रईस के उद्योग से १३–१४–१५ नवम्बर को वैद्य पञ्चानन पं० मस्तरामजी शास्त्री आयुर्वेदाचार्य के सभापतित्व में बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ, और सभापति महोदय का जलूस पटियाला राज्य से प्राप्त सजे हुए हाथी पर निकाला गया था, सम्मेलन सब प्रकार से पूर्णतया सफल हुआ इस वर्ष के अधिकारी निम्न प्रकार थे—

१ प्रधान—वैद्यपञ्चानन पं० मस्तराम जी शास्त्री आयुर्वेदाचार्य।
२ उप प्रधान—पं० ठाकुरदत्त जी शर्मा, अमृतधारा, लाहौर।
३ ,, ,, पं० ठाकुरदत्त जी मुलतानी लाहौर।
४ प्रधान मन्त्री—पं० शिवशर्मा, प्रसाद मकरध्वज फार्मेसी, लाहौर।
५ उपमन्त्री—पं० रामगोपाल जी शास्त्री वैद्यभूषण ,,
६ कोषाध्यक्ष—डा० आशानन्द जी, एम्० बी० बी० एस्०
७ आयव्यय निरीक्षक—ला० सुरेन्द्रमोहन बी० ए०, आ० आचार्य, लाहौर।

५—पञ्जाब प्रान्तीय पञ्चम वैद्यसम्मेलन वैद्यराज रायसाहिब पं० श्रीदत्त जी, आनरेरी मजिस्ट्रेट एवं सबजज, म्युनिसिपल चेयरमैन के उद्योग से १८–१९–२० नवम्बर १९२२ को भिवानी नगर में मनाया गया। पञ्जाब प्रान्त का यह भाग आयुर्वेदीय चिकित्सा पर विशेष श्रद्धा रखता है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण राय साहिब श्रीयुत पं० श्रीदत्त जी वैद्यराज हैं, आप आनरेरी मजिस्ट्रेट तथा सबजज एवं म्युनिसिपल चेयरमैन होते हुए एक अच्छे आयुर्वेद मर्मज्ञ भी हैं, आपके ही उद्योग से भिवानी नगर में एक विशाल आयुर्वेदीय नेत्र चिकित्सालय जनता की धर्मार्थ सेवा कर रहा है। भिवानी सम्मेलन भी बड़े समारोह से सम्पन्न हुआ—इसके अधिकारी—

श्रीमान् राजवैद्य वैद्यपञ्चानन पं. मस्तरामजी शास्त्री,
आयुर्वेदाचार्य, रावलपिण्डी.
अध्यक्ष, पंजाबप्रान्तीय ४ वैद्यसंमेलन अम्बाला (सन १९३२ ई)।

१ प्रधान—श्रीमान् वैद्यभूषण पं० मनोहरलाल जी प्रिंसिपल धनवारी लाल आयुर्वेद विद्यालय, देहली,

२ उपप्रधान—पं० रामरक्षपाल जी भिवानी,

३ उपप्रधान—पं० ठाकुरदत्त जी मुलतानी वैद्यराज लाहौर,

४ प्रधान मन्त्री—रा० सा० पं० श्रीदत्त जी आन० मैजिस्ट्रेट व सबजज, भिवानी।

५ उपमन्त्री—कविराज पुरुषोत्तमदत्त जी भिवानी

६ कोषाध्यक्ष—पं० उमादत्त जी भिवानी

७ आयव्यय निरीक्षक—क० हरिश्चन्द्र जी अमृतसर

६—वह वैद्यसम्मेलन १८-१९-२० नवम्बर १९३३ को जालन्धर नगर में लाहौर के विद्यावयोवृद्ध कविराज श्रीनरेन्द्रनाथ जी मित्र के सभापतित्व में बड़े समारोह से मनाया गया। कविराज पं० बालकनाथ नागर तथा पं० वेदव्यास शास्त्री आदि वैद्य महानुभावों के सदुद्योग से सम्मेलन बड़ी सफलता से सम्पन्न हुआ—

इस वर्ष के अधिकारी—

१ सभापति—कविराज नरेन्द्रनाथ जी मित्र लाहौर,

२ उपसभापति—रा० सा० पं० श्रीदत्त जी आन० मैजिस्ट्रेट व सबजज, भिवानी

३ ,, डा० आशानन्द जी एम्० बी० बी० एस्०, भिषगाचार्य वाइस प्रिंसिपल द० आ०

४ ,, श्री पं० गोकुलचन्द्र जी वैद्यराज कालेज लाहौर प्रिंसिपल ब्राह्मणसभा आयुर्वेदिक कालिज लुधियाना,

५ प्रधानमन्त्री—श्रीमान् पं० दुर्गादत्त जी आयुर्वेदाचार्य, प्रिंसिपल स० ध० प्रेमगिरि आयुर्वेदिक कालिज लाहौर

६ सहकारी मन्त्री—आयुर्वेद चक्रवर्ती कविराज नरेन्द्रनाथ शास्त्री, आयुर्वेदाचार्य, वाइस प्रिंसिपल स० ध० पी० जी० आयुर्वेदिक कालिज, लाहौर

७ उपमन्त्री—डा० परमानन्द जी एम० ए० एल० एल० बी०, लाहौर

८ कोषाध्यक्ष—श्री ला० सरदारी लाल जी लाहौर

९ आयव्यय निरीक्षक—प्रो० शिवशर्मा जी आयुर्वेदाचार्य, लाहौर

७—सप्तम वैद्य सम्मेलन—श्रीमान् वैद्यबन्धु पं० गोकुलचन्द्र जी वैद्यराज के उद्योग से लुधियाना में भिवानी के रा० सा० श्री वैद्यराज पं० श्रीदत्त जी आन० मैजिस्ट्रेट व सबजज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इसमें विशेषता यह थी कि रोगनिरीक्षण के दिन केवल नेत्र रोगों के ५०० के लगभग रोगियों की चिकित्सा की गई थी। अन्य हर प्रकार का प्रबन्ध भी सुसम्पन्न था—अधिकारी वर्ग—

१ प्रधान—श्री रा० सा० श्रीदत्त जी वैद्यराज आन० मजिस्ट्रेट व सबजज भिवानी

२ उपप्रधान—पं० मस्तराम जी शास्त्री वैद्य पञ्चानन रावलपिण्डी

३ ,, श्री डा० आशानन्द जी एम० बी० बी० एस्० भिषगाचार्य

४ ,, श्री गोकुलचन्द्र जी वैद्यराज लुधियाना

५ प्रधानमंत्री—पं० दुर्गादत्त जी आयुर्वेदाचार्य, प्रिंसिपल स० ध० प्रेमगिरि आयुर्वेदिक कालिज लाहौर

६ स० मन्त्री—कविराज नरेन्द्रनाथ शास्त्री आयुर्वेदाचार्य बाइस प्रिंसिपल स० ध० पी० जी० आयुर्वेदिक कालिज, लाहौर

७ उपमन्त्री—पं० गुरुदत्त जी वैद्यभास्कर, एम० एस० सी०, लाहौर

८ कोषाध्यक्ष—पं० नानकचन्द्र जी वैद्यशास्त्री लाहौर

९ आयव्यय निरीक्षक—डा० बनारसीदास जी बी० ए० आनर्स

इस प्रकार प्रान्तीय सम्मेलन के प्रभावशाली कार्य से प्रभावित होकर पञ्जाब के बहुत से डिस्ट्रिक्ट बोर्डों, म्युनिसिपल बोर्डों तथा रियासतों ने अपने-अपने प्रान्तों में धर्मार्थ आयुर्वेदिक औषधालय खोल दिये और आगे को खोलने की आयोजना की जा रही है, जिससे कि भारतीय जनता का असीम उपकार हो रहा है और होने की सम्भावना है।



श्रीमान् पं. शिवशर्मा आयुर्वेदाचार्य लाहोर।
लेखक "सीस्टम ऑफ आयुर्वेद"।

श्रीमान् वैद्यराज पं. मनोहरलालजी।
अध्यापक-श्रीबनवारीलालआयुर्वेदविद्यालय **दिल्ली**।
अध्यक्ष- पंजाबप्रान्तीय ५ वैद्यसंमेलन **भिवानी**।

पञ्जाब प्रान्तीय पञ्चम वैद्य सम्मेलन भिवानी के सभापति दिल्ली निवासी

श्री पं० मनोहरलाल शर्म्मा वैद्यराज का

संक्षिप्त जीवन चरित्र

आपका जन्म सं० १९३१ विक्रमी में हुआ था। थोड़े ही अवस्था में कोश, व्याकरण, काव्य, साहित्य, न्याय, वेदान्त शास्त्रों का समुचित अध्ययन कर पुनः श्री बनवारीलाल आयुर्वेद विद्यालय में आयुर्वेद शास्त्र का अनवरत पठन किया, और क्रमशः तीन परीक्षायें दीं वैद्य, वैद्यवर, वैद्यराज। फिर सन् १९०२ में आपने उक्त विद्यालय में ही अध्यापन आरम्भ कर दिया। सम्प्रति इसी विद्यालय में अतिकाल से आप प्रिन्सिपल नियत हैं। श्री भारत धर्म महामण्डल, काशी ने आयुर्वेद भूषण की उपाधि दी है। सन् १९३२ में पञ्जाब प्रान्तीय पञ्चम वैद्य सम्मेलन, भिवानी के सभापति हो चुके हैं। निम्न लिखित संस्थाओं के आप परीक्षक रहते हैं। नि० भा० आयुर्वेद महामण्डल विद्यापीठ। आयुर्वेद कालेज—ऋषिकुल हरिद्वार। राजकीय आ० विद्यालय, ग्वालियर स्टेट। प्रेमगिरि आयुर्वेद विद्यालय, लाहौर। वैद्यक ऐंड यूनानी तिब्बिया कालेज, देहली।

आपसे अध्ययन कर, सहस्रशः प्रतिष्ठित वैद्य बन गये हैं। साथ ही सन् १९०२ से आपका धन्वन्तरि औषधालय, शहर देहली में प्रचलित है। आपके सौजन्य, तथा सद्गुणों से, जनता अधिक श्रद्धा करती है। आप दिल्ली के एक ख्यातिनामा वैद्यों में हैं। आपके प्रिंसिपल पद पर नियत होने से बनवारीलाल आयुर्वेद कालेज की लोकप्रियता अत्यधिक बढ़ गई है। आप बड़े परिश्रमी, अध्यवसायी और सच्चीलगन के व्यक्ति हैं। आयुर्वेदोद्धारार्थ आप हर समय दत्तचित्त रहते हैं।

श्रीधन्वन्तरये नमः

पंजाब प्रान्तीय पंचम वैद्यसम्मेलन भिवानी के सभापति, वैद्यभूषण

श्री पं० मनोहरलाल शर्म्मा, वैद्यराज का

अभिभाषण

नमामि धन्वन्तरिमादिदेवं सुरासुरैर्वन्दित पादपद्मम् ।
लोके जरारुग्भयनाशहेतुं दातारमीशं सकलौषधीनाम् ॥
सुधा कुम्भंहस्ते दधदमरतार्थं सुमनसाम् ।
सहस्रं जिह्वाभे गदहरमथर्वोपनिषदम् ॥
मणिं श्रीवत्साङ्के हृदि जलनिधेर्यो जनि पुरा ।
विनिघ्नन् विघ्नं वः सुखयतु स धन्वन्तरि विभुः ॥

माननीय उपस्थित सज्जनवृन्द वैद्यबन्धुओं, तथा आयुर्वेदानुरागी महानुभावो !

आपने जो पंजाब प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के सभापतित्व के सम्मान का सौभाग्यावसर देकर मुझे सम्मानित किया है इसके लिए मैं अत्यन्त कृतज्ञ हूँ, यद्यपि मैं समझता हूँ कि मेरे से ज्ञानवृद्ध, वयोवृद्ध, विद्वान् विद्यमान हैं, मैं अल्पज्ञ तथा असमर्थ हूँ तथापि आप महानुभावों की आज्ञा का पालन करता हुआ, इस आसन को ग्रहण करता हूँ, मैं आशा करता हूँ कि आप सज्जनों के सहयोग से इस महान् कार्य की सेवा करने में सफलता प्राप्त कर सकूँगा। बन्धुओ !

आपके इस पुनीत प्रेम सम्मेलन से बड़ा आनन्द हो रहा है, इस समारोह से यह आशा करता हूँ कि जिस स्वार्थ-त्याग भाव से हम लोग यहाँ एकत्रित हुए हैं और आयुर्वेद की उन्नति का ही एक मात्र हमारा ध्येय है, हम सब मिलकर भगवान् धन्वन्तरि का जयघोष कर प्रार्थना करें कि इस आदर्श गौरव कार्य को सफल करें।

आयुर्वेद का अनादित्व।

शिक्षित समुदाय को यह बताना कि आयुर्वेद अनादि है वा नहीं, तो मैं समझता हूँ कि पिष्ट-पेषण ही होगा, इसके सहस्रों प्रमाण प्रस्तुत हैं, सर्व चिकित्साओं की अपेक्षा इसकी प्राचीनता आयुर्वेद का इतिहास बताता है, उन प्रमाणों को यहाँ लिखना अनावश्यक है।

प्रत्येक उच्च कोटि के विद्वान् मानते हैं कि आयुर्वेद-विद्या वेदों का अङ्ग है।

इस कारण इसके अनादित्व में भ्रम होना सर्वथा निन्दनीय है।

हमें अपने शास्त्रों एवं अन्य चिकित्साओं के विद्वानों की लिखित सम्मतियों से ज्ञात होता है कि हमारा आयुर्वेद अनुमानतः दो हजार वर्ष पूर्व परम उन्नत दशा में था अन्य देशों

श्रीमान् पं. देवकीनन्दन शर्मा आयुर्वेदाचार्य।
अध्यापक—श्रीबनवारीलालआयुर्वेदविद्यालय **दिल्ली**।

श्रीमान् पं. शंकरदेवजी आयुर्वेदाचार्य।
अध्यापक—श्रीबनवारीलालआयुर्वेदविद्यालय **दिल्ली**।

के विद्वान् भी चिकित्सा शास्त्र के मर्म जानने के अर्थ यहाँ आते थे और यहाँ अध्ययन कर, अपने देशों में आयुर्वेद प्रणाली का प्रचार करते थे। आयुर्वेद का ही नहीं बल्कि यहाँ के विद्वान् ब्राह्मणों द्वारा अन्य देश वासी, अपने-अपने चरित्रों की शिक्षा भी पाते थे। (उक्तं हि मनुना)

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥

परन्तु दौर्भाग्य से भारत पर विदेशियों के बार-बार आक्रमणों से भारतीय शास्त्रों और उसके मर्मज्ञों की अवहेलना हो गई। उत्तरोत्तर ह्रास होता चला आ रहा है। आज भी हम यदि चरक सुश्रुत के अध्यायों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें तो ज्ञात होता है कि महर्षिजन प्राचीन काल में शास्त्रीय तत्वान्वेषण (रिसर्च) के लिए देश देशान्तरों में भ्रमण करते थे, दिव्य पर्वतों पर सम्मिलित होकर किसी सिद्धान्त के निर्णयार्थ वाद-विवाद खंडन-मंडन कर एक निश्चय पर पहुँच जाते थे, परन्तु इस बात का भी बरताव शनैः-शनैः न रहा तथापि आज भी अपने आयुर्वेद की चिकित्सा पर जो गौरव है वह भी उन्हीं त्रिकालदर्शी महर्षियों का चमत्कार है। यही कारण है कि वैद्य लोग कष्ट-साध्य रोगों की चिकित्सा करते समय विशेष आडम्बरों को काम में न लाते हुए भी साधारण रीति से चिकित्सा में विजय प्राप्त करते हैं। प्रथम तो आयुर्वेद की चर्य्या ही ऐसी है जिस पर चलने से मनुष्य कभी भी रोगी नहीं होता, जैसा कि लिखा है:—

दिनचर्य्यां निशाचर्य्यां ऋतुचर्य्यामथोदिताम्।
आचरन्पुरुषस्स्वस्थ्यो सदातिष्ठतिनान्यथा॥

कदाचित् भ्रम से कोई चिकित्सक किसी अवस्था में विपरीत औषधि प्रयोग कर दे तो ऐसी हानिप्रद नहीं होती जैसी कि विदेशी औषध। कितने ही गुणग्राही डाक्टर जब एलोपैथिक चिकित्सा से जीर्ण रोगों में लाभ होता नहीं देखते तब आयुर्वेदीय चिकित्सा कराने के लिये सम्मति देते हैं। और स्वयं भी आयुर्वेद की प्रसिद्ध औषध मकरध्वज, माक्तीवसन्त आदि को व्यवहार में लाते हैं। कहना होगा कि आयुर्वेद की औषधों की विशेष उपयोगिता एवं अधिक प्रशंसा देखकर ही विदेशीय मेडिसन बनाने वाली कम्पनियाँ भी देशी औषधों को बनाने लगी हैं, जैसे कि जरमन की एक कम्पनी ने मकरध्वज बनाकर बेचना आरम्भ कर दिया है। हम यह नहीं कह सकते कि इस मकरध्वज में कुछ गुण है वा नहीं; परन्तु हम देखते हैं कि यह बाज़ार में विशेष रूप से सस्ता होने से बिकने लगा है। और हमारे वैद्य भी व्यवहार में लाने लगे हैं। हमें यह देखकर कुछ काल के लिये प्रसन्नता होती है कि विदेशी भी आयुर्वेद की प्रभावशाली औषधों का भारत में अधिक प्रचार देखकर व्यवहार में लाने के लिये एवं व्यवसाय में धन वृद्धि के अर्थ उद्योग करने लगे हैं। और एक प्रकार से खेद होता है कि विदेशी कम्पनियाँ यदि इस प्रकार सिद्ध औषधों को भेजती रहीं तो वैद्य सम्प्रदाय आलस्ययुक्त हो जायगा। आयुर्वेद का अस्तित्व जाता रहेगा और वैद्य लोग दूसरों के अधीन हो जायेंगे, तथा क्रिया-कौशल्य में भी शिथिलता हो जायगी। अतः वैद्य सम्प्रदाय इस विषय को रोकने का प्रयत्न करे अन्यथा भविष्य में बड़ी हानि की सम्भावना है। साथ में यह भी कहना आवश्यक समझते हैं कि हम यह कहकर ही सन्तोष कर लें कि हमारा आयुर्वेद अनादि है, इसी से अन्य चिकित्साओं का प्रादुर्भाव हुआ है, तो भी ठीक नहीं किन्तु सर्वदा आयुर्वेद सम्प्रवृत्ति के अर्थ विचारास्पद विषयों पर गवेषणापूर्ण विचार करना चाहिये।

आयुर्वेद के समुन्नत करने के लिए वर्तमान में किन-किन उपायों की आवश्यकता है वह निवेदन रूप में वैद्य मंडल के सम्मुख विचार रूप में प्रकट किये हैं।

वर्त्तमान विद्यालयों में, शल्य चिकित्सा की आवश्यकता।

यदि देखा जाय तो आयुर्वेद की शिक्षा प्रचार के अर्थ भारत में आज भी सैकड़ों विद्यालय खुले हैं, जिनमें सहस्रों रुपये का व्यय भी होता है, हजारों छात्र शिक्षा पाकर स्नातक बन जाते हैं, प्रान्तीय सरकार भी पुष्कल धन देकर आयुर्वेद की शिक्षा के लिए स्कूल कालिजों की स्थापना कर रही है, यह सब कुछ होते हुए भी सन्तोष नहीं होता कि इन विद्यालय की शिक्षा से आयुर्वेद के पूर्ण चिकित्सक बन कर अन्य चिकित्सा के विद्वानों का मुकाबला कर सकें। प्रचलित विद्यालयों की उच्च परीक्षा उत्तीर्ण करने पर भी चिकित्सा के अङ्गों में अपूर्ण ही रहते हैं। हमने जहाँ तक विचार किया है, उससे यह ज्ञात होता है कि विद्यालयों के शिक्षक भी आयुर्वेद के अङ्गों से प्रायः अनभिज्ञ होते हैं। क्योंकि वर्तमान में केवल चरक-सुश्रुत के प्रमाणों के कंठस्थ करने वाले ही विद्वान् नहीं कहला सकते जब तक कि उनमें अन्य चमत्कृति न हो तथा नव्य वैज्ञानिक खोज का विज्ञान हृदय में न हो। सब से प्रथम विद्यालयों में ऐसे अध्यापकों की आवश्यकता है जो पाश्चात्य तथा नव्य शिक्षा के पूर्ण विद्वान् हों।

विद्यार्थी भी अंगरेजी में कम-से-कम मैट्रिक और संस्कृत में कम-से-कम विशारद या मध्यमा परीक्षोत्तीर्ण हों, जो पाश्चात्य शिक्षा दी जाय वह हिन्दी में हो, उनका पाठ्य-क्रम हिन्दी में पढ़ाया जाय तथा विद्यालयों में शल्य-शालाक्य चिकित्सा का अभ्यास कराया जाय। आज हम देखते हैं कि व्रण-चिकित्सा या वस्ति-कर्म छेदनीय-भेदनीय चिकित्सा शिराव्यध नेत्रोपचार यह सब दूसरों के ही हस्तगत हैं, बहुत वैद्य तो इससे अनभिज्ञ ही हैं, कुछ घृणा के कारण नहीं करते। न करने से उनका अभ्यास भी छूट गया है।

शरीर को सब प्रकार से जान ले तभी रोगों के हटाने में समर्थ होता है जैसा कि चरक में लिखा है—

शरीरं सर्वथा सर्वं सर्वदा वेदयो भिषक्।
आयुर्वेदं सकात्स्न्येन, वेद लोक सुखप्रदम्॥

पूर्व काल में महर्षियों को शल्य-शालाक्य ज्ञान कैसा था, यह प्रमाणों से स्पष्ट है।

विशीर्णदशना पूष्णो नेत्रे नष्टे भगस्य च।
शशिनो राजयक्ष्मा भू दध्यिभ्यां ते चिकित्सिताः॥

साथ ही विद्यालयों के आतुरालय, शवच्छेदनालय, प्रयोगशाला तथा वनौषधों का उद्यान भी परमावश्यक है, विद्यार्थियों के प्रत्यक्ष ज्ञान कराने के लिये पूर्ण व्यवस्था की जाय, तो समझता हूँ इस प्रकार की पठन-पाठन शैली से पूर्ण योग्य विद्वान् बन कर इस लोक व परलोक में परम यश तथा सुख के भाजन बन सकेंगे।

तब ही भारत में आयुर्वेद की जगति का सच्चा आदर्श होगा।

और हम जनता को पूर्ण लाभ पहुँचायेंगे।

वनौषधियों के परिज्ञान की आवश्यकता।

वैद्य बनने में जैसे अन्य विषयों के ज्ञान की आवश्यकता है, उसी प्रकार वनौषधियों के विज्ञान की भी आवश्यकता है।

ऐसे कतिपय विद्वान् दृष्टिगोचर हो रहे हैं जो औषधियों के परिचय में पूर्ण अनुभव रखते हों और विद्यालयों में भी औषधी का परिचय पूर्ण रूप से नहीं कराया जाता, ऐसा न होने से ही पंसारी तथा अत्तार व मालियों के भरोसे पर ही हमारा विश्वास रहता है। जो कुछ उन्होंने दे दिया, वह ही मान लिया जाता है इसी कारण हम लोग जो प्रयोग बनाते हैं वह यथार्थ फलप्रद नहीं होते।

वास्तव में जो हमारा आज तक वनौषध निघण्टु है वह भी संदिग्ध औषधों से भरा हुआ है। बहुत सी औषध तो मिलती ही नहीं जो मिलती हैं उनमें भी आपसी मतभेद हैं। अखिल भारतवर्षीय वैद्य सम्मेलन में भी कई बार सन्दिग्ध औषध आती हैं और उन पर चर्चा भी चलती है तो भी सर्व सम्मत अभी तक कोई सिद्धान्त स्थिर नहीं हुआ कि अमुक औषध ही श्रेष्ठ है।

अतः सबसे पूर्व हमें औषध परिचय की आवश्यकता है, पंसारी और अत्तारों के भरोसे पर ही औषध संग्रह कर लेना बड़ी भूल की बात है।

रसादि चिकित्सा करने वाले वैद्य भी वनौषधियों के बिना कुछ नहीं कर सकते अतः चिकित्सक को औषध विज्ञान नितान्त आवश्यक है।

जब से हमने वनौषधियों के ज्ञान में आलस्य किया है तब ही से हमारा वनौषध विज्ञान नष्ट हो गया।

कैसी-कैसी उत्तम दिव्यौषध शास्त्र में वर्णित हैं आज उनका कोई भी परीक्षक नहीं है, इस विषय को जान कर खेद से कहना पड़ता है कि हम लोग भूल गये हैं।

कभी वनौषधियों की खोज में कोई विशेष उद्योग नहीं करते। वनों में व पर्वतों पर जाकर खोज करना आवश्यक है, जैसा कि लिखा है—

औषधं नाम रूपाभ्यां जानन्ते ह्यजपावने।
अनपाश्रैव गोपाश्रये चान्ये वनचारिणः॥

विदेशी चिकित्सक, यहाँ से औषध ले जाते हैं और उसको स्वरूपान्तर में बना कर यहाँ बेचते हैं, और उनसे जनता को लाभ पहुँचाते हैं। हमें आवश्यक है कि मुख्य-मुख्य स्थानों में औषधियों के विपिन लगायें जैसे कि हरिद्वार ऋषिकुल भूमि में एक ऐसा विपिन लगाया जाये, जिसमें उत्तमोत्तम दुष्प्राप्य वृक्ष लगाये हुए हों। यथा दशमूल के प्रत्येक वृक्ष, कुटज, कपिकच्छु, अर्जुन, अगस्ती, अशोक, हरीतकी, विभीतक, आमलक इत्यादि जिनको जाकर छात्र वर्ग निरीक्षण करें और उनसे सब को लाभ पहुँचायें और उस भूमि की भी शोभा हो।

अन्य साधारण वृक्षों की अपेक्षा इन वृक्षों से विशेष लाभ प्राप्त हो सकता है।

इस कार्य के लिये धन की आवश्यकता अवश्य है यदि उद्योगी वैद्य मंडल या ऋषिकुल के अधिकारी चाहें तो कोई कठिन भी नहीं है।

विशेषज्ञ वैद्यों की आवश्यकता।

आयुर्वेद चिकित्सा में इस विषय की पूर्ति होना भी आवश्यक प्रतीत होता है, क्योंकि

प्रत्यक्ष देखा जा रहा है कि प्रत्येक आयुर्वेद के चिकित्सक प्रत्येक रोग की चिकित्सा करने में पूर्ण अनुभव नहीं रखते और न तो प्रत्येक रोग की चिकित्सा के साधन उनके पास रहते हैं। रोगी जब आ जाता है तब चिकित्सा तो करनी ही पड़ती है चाहे उसकी रोग-निवृत्ति में सफलता हो या न हो। यह सिद्ध बात है कि एक वैद्य अनेक प्रकार के जटिल रोगों की चिकित्सा करने का उत्तरदायित्व नहीं रख सकता, इस कारण चाहे कितना भी प्रसिद्ध वैद्य क्यों न हो प्रत्येक रोग की चिकित्सा में अनुभवी नहीं बन सकता जैसा कि चरकाचार्य ने लिखा है—

"अत्र धान्वन्तरीयाणामधिकारः क्रियाविधौ"।

जिन वैद्यों की प्रसिद्धि एक एक रोग में हुई है वह अवश्य उन उन रोगों में सफलता प्राप्त करते हैं, जैसे कि कोई वैद्य अर्श चिकित्सक हो वह अर्श रोग के जानने के साधन यन्त्र (आले) शस्त्र, पात्र, क्षारसूत्रअनुवीक्षण यन्त्र, तैल, घृत, अग्निकर्म वह सर्व साधन सम्पन्न हो, अर्श रोगी भी तब उसी वैद्य के पास चिकित्सा करवा कर विशेष लाभ पा सकता है। वैद्य भी अर्श रोगी को उसी वैद्य के द्वारा चिकित्सा कराने की अनुमति दें। इसी प्रकार अन्य रोग यथा संग्रहणी, राजयक्ष्मा, जलोदर, कुष्ठ, क्लैब्य, वन्ध्यात्व, मधुमेह, (Diabeties) आदि जटिल विशेषज्ञ वैद्यों की परमावश्यकता है।

देखिये विदेशी चिकित्सक, अमेरिकादि में मुख्य मुख्य रोगों के विशेषज्ञ बनकर देश में कैसी प्रसिद्धि पाते हैं, और वित्त कमाते हैं। इसी प्रकार उक्त रोगों में एक एक विषय के विशेषज्ञ (Specialist) बन जायें तो, बहुत कुछ देश को लाभ पहुँचायें और यश पायें। इस कार्य की पूर्ति के लिए, ऐसे मुख्य मुख्य रोगों के विद्वान् विशेषज्ञ, उनके रोगों में पूर्ण साधन सम्पन्न होकर शिक्षा दें जिससे भविष्य में, विशेषज्ञ बन सकें।

यह कार्य कालिज के संचालकों को अपने हस्तगत करना चाहिये, वह कालिजों में विशेषज्ञ वैद्य बनाने का प्रयत्न करें और उन रोगों की चिकित्सा के साधन यथा यन्त्र, शस्त्र, स्थान आदि की सुव्यवस्था कर दें तो यह महान् कार्य हो जाना सम्भव है। आयुर्वेद के चिकित्सकों में इस प्रकार का अभाव रहने से जनता का ध्यान विदेशीय चिकित्सकों की ओर जाता है, अतः यह परमावश्यक प्रतीत होता है कि वैद्यों में भी विशेषज्ञ वैद्य होने चाहियें। चाहे औषध कोई भी बरतें परन्तु रोग का विशेषज्ञ हो। लण्डन के डाक्टर बेन यक्ष्मा के विशेषज्ञ हैं, दिल्ली के एक महानुभाव ने अपनी पुत्री के राजयक्ष्मा रोग में परामर्श पत्र-द्वारा किया जिसकी फीस १६ गिन्नी दी, डाक्टर बेन साहिब ने, प्रथम वर्णबल वेष्टा आदि का निश्चय किया, पश्चात् यह व्यवस्था दी कि अजादुग्ध १० तोले, गोला कसा हुआ १ तोला, रसोन (लहसन) ६ माशे, देखिये डाक्टर साहिब ने कोई मेडिसन अपना नहीं नियत किया, परन्तु विशेषज्ञ होने की ख्याति से १६ गिन्नी देकर पत्र-द्वारा परामर्श लेना पड़ा।

इसी प्रकार हमारे वैद्य बन्धु भी रोग विशेषज्ञ प्रसिद्ध हो जाँय तो कितना गौरव हो जिससे आयुर्वेदीय चिकित्सा का पूर्ण आदर हो जाय।

ग्रन्थ प्रकाशन की आवश्यकता।

यदि हम अपने आयुर्वेद साहित्य की ओर दृष्टिपात करें और अन्य चिकित्सा के साहित्य की रचना की ओर देखकर तुलना करें तो, कहना होगा कि हमारी यह विद्या आर्ष होने पर भी उसके साहित्य में कुछ न्यूनता है, हमारे आर्ष ग्रन्थ उपलब्ध चरक-सुश्रुत ही माने

अध्यापकवर्ग आयुर्वेदिक विभाग तिब्बीकोलेज देहली।

१ श्री गोपालदत्तजी आयुर्वेदाचार्य धन्वन्तरि
२ श्री. डॉ. वी. एम्. शर्मा M. S M. D.
३ श्री चन्द्रशेखरानन्द बहुगुण आ० वि० आ० शास्त्री
४ श्री हरिरञ्जनजी मजूमदार एम० ए० भिषगाचार्य
५ श्री उपेन्द्रनाथदासजी का० व्या० सा० तीर्थ भिषगाचार्य
६ डॉ. ए. बी. वसु M. B.; B. SC.
७ श्री देवेन्द्रविजय विश्वास का० तीर्थ वै० शास्त्री आ० आचार्य

जाते हैं, अन्य कई संहितायें तो लुप्तप्राय हो गयीं, बाद में जो ग्रन्थ बने हैं वह इन्हीं ग्रन्थों के आधार पर बने हैं। विशेष कुछ नवीनता नहीं दिखाई देती; इसी की पूर्ति में स्वनाम धन्य— पं० यादव जी महोदय ने आयुर्वेदीय ग्रन्थमाला प्रकाशित कर, उसमें, अनेक दुर्लभ हस्त लिखित ग्रन्थों को खोज कर, प्रकाशन द्वारा वैद्य समाज का विशेष उपकार किया है, परन्तु अब वह प्रकाशन क्रम बन्द है। अतः हम उन पूज्य पं० जी से प्रार्थना करें, कि वह प्रकाशन क्रम को प्रचलित रक्खें, जिससे आयुर्वेद साहित्य में नवीन रत्न मिलते रहा करें। अपने आयुर्वेदीय ग्रन्थमाला के पश्चात् कई उत्तमोत्तम ग्रन्थ रसकामधेनु, रसपद्धति आदि ग्रन्थ प्रकाशित कर अति उपकार किया है, वैद्यमात्र कृतज्ञ हैं। इसी प्रकार कलकत्ते के महामहोपाध्याय कविराज गणनाथसेन महोदय ने प्रत्यक्ष शारीरिक सिद्धान्त निदान शिरोमणी विमर्शात्मिक ग्रन्थ रचकर बहुत कुछ उपकार किया है तथा बम्बई के प्रसिद्ध वैद्य पं० हरिप्रपन्नाचार्य जी ने रसयोग सागर नामक बृहत् ग्रन्थ रचकर अत्युत्तम संग्रह किया है, वास्तव में अन्वर्थ ही यह ग्रन्थ है। कोई भी रस देखो उसके अनेक प्रकार मिलेंगे। वैद्य समाज में अनुपम ग्रन्थ है, जिन्होंने देखा है वह उक्त संग्रह की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं।

इसी प्रकार श्रीगोवर्द्धन शर्मा छांगाणी जी ने बसव राजीय ग्रन्थ प्रकाशित कर वैद्य-मण्डल में बड़ा भारी कार्य किया है?

अन्य कोई वैद्य महानुभावों ने अनेक उत्तम ग्रन्थ रच कर वैद्य संसार में प्रशंसनीय कार्य किया है, इतना होते हुए भी हमको संतोष कर लेना ठीक नहीं है, अभी तक आयुर्वेद के अष्टांगों पर कोई उत्तम ग्रन्थ नहीं उपलब्ध होते हैं। अष्टांग आयुर्वेद के प्रत्येक अङ्ग पर पृथक् पृथक् ग्रन्थ होने की बड़ी ही आवश्यकता है। नव्य और पाश्चात्य विषयों पर भी पूर्ण विवेचन होना परमावश्यक है।

चरक सुश्रुतादि ग्रन्थों में वर्णित विषय का पृथक् पृथक् निरूपण होना भी वैज्ञानिक दृष्टि से आवश्यक है।

आयुर्वेद में अन्वेषण विभाग की आवश्यकता।

आयुर्वेद पद्धति क्रम में अन्वेषण की भी बड़ी ही आवश्यकता प्रतीत होती है विना अन्वेषण के औषध निर्माण, रासायनिक क्रिया, रोगी पर दी हुई औषधियों का प्रभाव तथा मल-मूत्र आदि की जांच होना कठिन है।

मान लीजिये हम किसी धातु की भस्म बनाते हैं तो पूर्व उसका संशोधन किया गया पुनः वनस्पतियों के सहयोग से भस्म की गई, भस्म के पश्चात् उसमें क्या कुछ परिवर्तन हुआ, मुख्य पदार्थ कितने अंश में रहा, कितना अंश गया, इसी प्रकार मकरध्वज आदि कूपी पक्व रसों की परीक्षा विना अन्वेषण (रिसर्च) के नहीं हो सकती है। रोगी के मल-मूत्र आदि की परीक्षा भी उनमें किन वस्तुओं का समावेश कितने अंश में है, यह सर्व विषय अन्वेषण द्वारा ही निश्चय हो सकता है अतः इस विभाग के विद्यालयाध्यापकों को अपने विद्यालयों में व्यवस्था करनी चाहिये, ऐसी व्यवस्था होने से आयुर्वेद-विज्ञान में एक नई शक्ति का सञ्चार होगा, और वैद्य लोग भी आज कल के वैज्ञानिकों से कम नहीं माने जायँगे।

योग संग्रह

आयुर्वेदीय चिकित्सा में हम देखते हैं कि बड़ा ही व्यतिक्रम है एक रोग पर एक वैद्य

जो एक औषध निश्चत करता है दूसरा वैद्य दूसरी और तीसरा वैद्य तीसरी। इसी प्रकार जितने वैद्य रोगी को देखेंगे, उतनी ही औषधों की व्यवस्था होगी, रोगी के चित्त में भी शङ्का उत्पन्न हो जाती है और बहुत वैद्य तो अपनी मनमानी औषध देते हैं। यदि उनसे प्रश्न किया जाय तो वह कह देते हैं कि हमारी अनुभूत कल्पित है। इस प्रकार की व्यवस्था से आयुर्वेदीय चिकित्सा करने में एक दूसरे को कठिनता पड़ती है। जिस औषध का नाम और योग नहीं ज्ञात हो तो विद्वान् वैद्य भी क्या कर सकता है। इसलिए चिकित्सा में सुविधा के अर्थ जैसे गवर्नमेन्ट के यहाँ बृटिश फार्माकोपिया एक पुस्तक रहती है जिसके अनुसार प्रत्येक डाक्टर प्रत्येक रोग में वही औषधि जो फार्माकोपिया में निश्चित हो चुकी है, दे देता है। इससे यह लाभ होगा कि न तो चिकित्सकों को विशेष विचार करने की आवश्यकता होगी और न औषध प्राप्त करने में कठिनता मिलेगी, यह फार्माकोपिया पुस्तक प्रत्येक प्रान्तीय सद्वैद्यों की सम्मति से बनायी जाय जिसका मुद्रण तीन या पाँच वर्ष में हुआ करे। जो योग संग्रह किए जायें यदि वह योग लाभप्रद हों तो रहने दिये जाएँ, अन्यथा वह योग निकाल दिए जाएँ और जो सर्व सम्मति से निश्चित हों वह उसमें सम्मिलित कर दिए जाया करें।

ऐसा करने से आयुर्वेदीय चिकित्सा करने व कराने वाले दोनों को ही विशेष सुविधा रहेगी, प्रत्येक वैद्य एक दूसरे पर विश्वास करने लगेगा, यह औषध अमुक रोगी के लिये उत्तम है व नहीं। आपस में वैद्यों की सम्मति न मिलने में कठिनता न होगी और भारत में वैद्यों की एक प्रकार की ही शास्त्रीय चिकित्सा की व्यवस्था हो जायगी। यह बात शिक्षित वैद्य समुदाय को, कोई कठिन नहीं है, किसी भी प्रान्त का वैद्य मण्डल प्रत्येक प्रान्तीय विद्वानों की एक समिति बनाकर इस कार्य का आरम्भ कर सकता है।

वैद्यों के रजिस्ट्रेशन होने की आवश्यकता।

सरकार की ओर से वैद्यों के रजिष्टर्ड होने का कानून हम समझते हैं कभी न कभी भारत में बन जावेगा। मुम्बई प्रान्त के कई देशी राज्यों; भावनगर, पोरबन्दर, राजकोट, बड़ोदा स्टेट में बन गया है, और यू० पी० गवर्नमेन्ट ने भी बोर्ड आफ इन्डियन मेडीसन के द्वारा वैद्यों की रजिष्टरी करने के नियम बनाए हैं चाहे वह उचित हैं वा नहीं। इसी प्रकार भारत में सर्वत्र ही ऐसे कानून बनाए जायेंगे, इसलिये हमें विचार करना आवश्यक है कि वैद्यों की रजिष्टरी होना आवश्यक है वा नहीं? मेरी सम्मति में तो यही है कि वैद्यों का रजिष्ट्रेशन होना आवश्यक है, इसमें यह लाभ होगा कि आज देश में जो प्रथा चल गई है कि जिसको और कुछ काम न हो वह यद्वातद्वा कुछ हिन्दी पढ़कर इधर उधर की कुछ औषध लेकर वैद्य हकीम बन जाते हैं। जनता इस बात की परीक्षा करती ही नहीं है कि अमुक वैद्य कैसा विद्वान् है वा नहीं! रजिष्ट्रेशन बनने से यह भी विशेष लाभ होगा कि अनपढ़े वैद्य हकीमों का बनना बन्द हो जाएगा, परन्तु रजिष्ट्रेशन के ऐसे नियम बनने चाहिए जिनसे वैद्य और जनता को लाभ हो, यू० पी० सरकार की ओर से जो रजिष्ट्रेशन के नियम बने हैं उनसे कुछ लाभ नहीं है।

रजिष्ट्रेशन निम्नलिखित प्रकार के वैद्यों का किया जाय।

(१) जिन वैद्यों ने वर्तमान प्रामाणिक विद्यालयों में नियमानुरूप परीक्षा उत्तीर्ण की है।

श्री १०८ बाबा कालीकमलीवालेका आयुर्वेदविद्यालय तथा औषधालय हृषीकेश।

बाईओरसे १ श्रेणिमें पं. बालकरामजी शुक्ल आयुर्वेदशास्त्राचार्य, २ पं. श्री दयानिधिजी स्वामी आयुर्वेदाचार्य, ३ पं. श्री हरिदत्तजी आयुर्वेदशास्त्राचार्य,
२ श्रेणिमें उपवैद्य. ४ श्री शिवदतशर्म्माजी आयुर्वेदाचार्य,

(२) जो वैद्य दस वर्ष से अधिक समय से चिकित्सा कर रहे हैं; परन्तु परीक्षा नहीं दी है, किन्तु पढ़े लिखे हैं।

(३) सरकार की ओर से प्रत्येक प्रान्त में रजिष्ट्रेशन के योग्य व्यक्तियों की जाँच के लिये एक जाँच कमेटी बननी चाहिए, जो योग्यों की जाँच कर रजिष्ट्रेशन के लिए अपनी सम्मति दे।

(४) जो अधिकार डाक्टरों को हैं वह ही अधिकार वैद्य हकीमों को होने चाहिये, परन्तु दो विभाग कर देने चाहिये। यानी उनकी योग्यतानुसार अर्थात् जिन वैद्यों ने उच्च परीक्षा पास की है और दूसरों ने कम शिक्षा पाई है उनमें भेद रखना आवश्यक होगा यह कार्य अखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन के द्वारा होना चाहिए।

अखिल भारतीय वृहत् रसायनशाला की आवश्यकता।

वर्तमान आयुर्वेद की उन्नति के उपायों में एक वृहत् रसायन शाला की भी बड़ी आवश्यकता प्रतीत होती है, जो भारत के वैद्यों की सम्मति से स्थापित की जाय और उसमें वैज्ञानिक ढंग से औषधियों का निर्माण हो, सब प्रकार के औषध-निर्माण-यंत्र आदि प्रस्तुत रहें। औषध उचित मूल्य पर बेची जाय, उसकी शाखाएँ भारत के प्रत्येक जिलों में खोलने का ध्यान रक्खा जाय, जिससे भारत में आयुर्वेदीय औषधियों का प्रचार हो सके, और वैद्यों को सुलभता से बनी हुई औषधें प्राप्त हो सकें, यह मानी हुई बात है कि जो वैद्य चिकित्सा कार्य में व्यप्र रहते हैं वह औषध नहीं बना सकते, अतः प्रत्येक वैद्य स्वनिर्मित उत्तमोत्तम औषधियों का संग्रह नहीं कर पाता। जब रोग के अनुकूल औषध ही नहीं प्राप्त हो सकेगी तो रोग निवृत्ति कैसे हो सकती है? जो वैद्य बनाते भी हैं वह लोभ के कारण अधिक व्यय की औषधों में यथावत् खर्च नहीं कर सकते और न परिश्रम ही करते हैं, यही कारण है कि जैसा गुण औषधियों में होना चाहिए वैसा नहीं होता, सस्तेपन पर ही ख्याल रहता है।

कदाचित् किसी वैद्य ने धन व्यय करके बहुमूल्य औषध बनाई भी तो वह विक्रय नहीं होती। इसलिए हम देखते हैं कि उत्तमोत्तम औषध हर एक स्थान पर मिलने का कहीं प्रबन्ध होना चाहिए। इससे यह बड़ा लाभ होगा कि प्रत्येक वैद्य औषध प्राप्त कर सकेंगे जिससे चिकित्सा करने में बड़ी सुविधा होगी, और रोगी को भी लाभ होगा। इस प्रकार की रसायन शाला से सब स्थानों पर एक सी औषधियाँ मिलने का अवसर प्राप्त होगा और आयुर्वेदीय चिकित्सा के साथ चिकित्सा के व्यवसाय की भी वृद्धि होगी, वैद्यों को यश और लाभ होगा, परन्तु यह कार्य तब ही सम्पन्न हो सकता है जब कि वैद्य स्वतन्त्र न बनवायें उसी स्थान से बनी हुई औषधियों पर पूर्ण विश्वास कर खरीदें और सब व्यवहार सत्य रूप से हो इसके संचालन में यथाशक्ति प्रयत्न करें। मैं समझता हूँ इस प्रकार की संस्था से वैद्यक व्यवसाय में बड़ी उन्नति होगी और आयुर्वेदीय औषधें शास्त्रोक्त रीति से बनी हुई सुलभता से प्राप्त हो सकेंगी इसके लिए एक लिमिटेड कम्पनी की आवश्यकता है, जिसका मूलधन पूर्व एक लाख से कम न हो, यदि भारत के वैद्य चाहेंगे तो यह महान् कार्य होना सम्भव है।

आयुर्वेदोन्नति के अर्थ अन्य आवश्यक उपाय।

(१) आयुर्वेद की उन्नति के लिए राजा और प्रजा, दोनों का ही साहाय्य मिलना परमावश्यक है। वैद्यों को सब प्रकार का उद्योग करना चाहिए कि जिससे इस (केजिस्लेटिव)

असेम्बली व प्रोविन्शियल कौंसिल, म्युनिसिपल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड आदि में स्वयं पहुँचें अथवा ऐसे व्यक्तियों को भेजें जो आयुर्वेद की उन्नति के लिये कटिबद्ध हों।

(२) प्रान्तीय सम्मेलनों के द्वारा अपने अपने प्रान्त में ऐसे आयुर्वेद विद्यालय खोलने की आवश्यकता है जिसमें स्त्री शिक्षा, उपवैद्य (कम्पाउण्डर), परिचारक-परिचारिका, प्रसाविका (दाई) आदि तैयार किए जाँय।

(३) अखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन व प्रान्तीय सम्मेलनों का यह कर्तव्य होना आवश्यक है कि वह इस बात का ध्यान रक्खे कि जो वैद्य या डाक्टर किसी नवीन ग्रन्थ को लिखें या किसी औषध का आविष्कार करें या किसी विषय में रिसर्च करें तो उनके सम्मानार्थ पारितोषिक रूप में पदवी या मेडल आदि देकर उन्हें उत्साहित किया करें।

(४) वैद्यों के संगठन की भी बड़ी आवश्यकता है, लिखा है संघे शक्तिः कलौयुगे। प्रत्येक नगर व कस्बों में वैद्य संगठन रूप से वैद्य सभाओं की स्थापना कर परस्पर प्रेम भाव से कार्य करें जो कुछ भी आयुर्वेद की उन्नति के अर्थ हो सकता है उसको सब प्रकार के मतमतान्तर, बड़े-छोटे, ऊँच-नीच भाव को छोड़कर सम्पादन करें, पत्रों में ऊपर, धन्वन्तरि-र्विजयतेतराम्, यह पद लिखा करें।

ऐसा होने से आयुर्वेद की उन्नति में पूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

विशेष वक्तव्य

यह पञ्चम वैद्य सम्मेलन भिवानी नगर में हो रहा है। इस नगर का नाम (भवानी) होना चाहिए, उसीका अपभ्रंश भिवानी नाम पड़ गया है। भवानी श्री देवी पार्वती का नाम है, वास्तव में यह नगरी श्रीजगन्नन्दिनी पार्वती की ही है। यह नगर पूर्व काल से ही धनी तथा उदार पुरुषों का केन्द्र है, भिवानी के सेठ प्रसिद्ध हैं, यहाँ संस्कृत विद्या के प्रचार में श्री० पूज्यपाद विद्यामार्तण्ड पं० सीताराम शास्त्री जी ने वेद-वेदाङ्गों की शिक्षा का प्रचार किया, ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम स्थापन कर, तपोनिष्ठ बनाकर सहस्रों विद्वान् बना दिये, समय-समय पर आयुर्वेद के लिए भी काम करते रहे हैं। इसके अतिरिक्त भिवानी नगर के उदार, धनवान् लोगों ने आयुर्वेद की सेवा के लिए अपनी धार्मिक कमाई में धन से व्यय कर औषधालय तथा पाठशालायें स्थापित की हुई हैं। उदाहरण स्वरूप—ला० नानूराम आयुर्वेद विद्याल, हक्-वासिया औषधालय, वैश्य औषधालय, आशाराम दातव्य औषधालय, श्रीकृष्ण औषधालय के सञ्चालन में हमारे रायसाहब, वैद्यराज, आनरेरी मजिस्ट्रेट व सबजज, प्रेसीडेन्ट भिवानी म्युनि-सिपल कमेटी ने जो काम किया था, यह वैश्यसमाज के लिए आदरणीय है, यहाँ मैं यह भी निवेदन करना उचित समझता हूँ कि रायसाहब ने मेम्बर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड रह कर पञ्जाब में सबसे प्रथम हिसार जिले में सन् १९२४ में बोर्ड की ओर से ५ औषधालय स्थापित कराए जो अपना कार्य कर रहे हैं, यदि सब वैद्य पंडित जी की भाँति कार्य करें, तो आयुर्वेद का महान् उपकार हो सकता है। व्यक्तिगत कार्य ही अति उन्नतिप्रद होता है। इस लिए मैं उनकी इन सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद प्रकट करता हुआ अपने वैद्य समाज के लिए यह गौरवास्पद समझता हूँ कि जो प्रतिष्ठा आपने जन साधारण (पबलिक) और गवर्मेन्ट में प्राप्त की है, वह केवल आयुर्वेदीय चिकित्सा के व्यवसाय के कारण हुई है। सर्व प्रथम—मि० ए० लतीफी आई० सी० एस०, ओ० बी० ई०, सी० आई० ई० जब वे हिसार में डिप्टी कमिश्नर थे, सन्



अध्यापक मंडल डी. ए. वी. आयुर्वेदिक कालेज लाहोर।

१९१७-१८ में उनके सुपुत्र की चिकित्सा आपके द्वारा हुई, और आपने आयुर्वेद को गौरवान्वित किया। मुझको और वैद्यसमाज को इससे अधिक प्रसन्नता का अवसर और क्या हो सकता है?

मैं स्थानीय वैद्य मण्डल का परम कृतज्ञ हूँ जिन्होंने आयुर्वेद की उन्नति के लिए सम्मेलन की योजना में पूर्ण परिश्रम किया है तथा नगर के सुप्रसिद्ध, योग्य विद्वान्, पं० रामरक्षपाल जी वैद्यराज का भी नाम विशेष उल्लेखनीय है; जिन्होंने अधिक परिश्रम कर सम्मेलन की सफलता में पूरी सहायता की है तथा नगर के प्रतिष्ठित, धनी-मानी पुरुषों को भी विशेष धन्यवाद है जिन्होंने सम्मेलन को सर्वाङ्ग सुन्दर बनाने में धन तथा परिश्रम से पूर्ण सहयोग दिया है। अन्य सभी सम्मेलन के योगदाताओं को धन्यवाद करता हुआ अपने भाषण को समाप्त करता हूँ।

भिषजां साधु वृत्तानां भद्रमागमशालिनाम्।
अभ्यस्तकर्मणां भद्रं भद्रं भद्राभिलाषिणाम्॥
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वेसन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद्दुःखभाग्भवेत्॥

॥ इति शुभम् ॥

श्री धन्वन्तरये नमः

पंजाब प्रान्तीय सप्तम वैद्य सम्मेलन लुधियाना के सभापति आनरेरी मजिस्ट्रेट व सबजज भिवानी

रायसाहब पंडित श्रीदत्त शर्मा महोदय का

अभिभाषण

योगेन चित्तस्य पदेन वाचां, मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।
योपा करोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि ॥

परम माननीय धन्वन्तरि तुल्य वैद्य महोदय तथा अन्य उपस्थित सभ्यगण!

इस पंजाब प्रान्त के नाना स्थानों से आये हुए आयुर्वेदोत्साही चिकित्सक और विद्वानों के इस सप्तम वैद्य सम्मेलन में मेरे समान साधारण योग्यता के पुरुष का सभापति के आसन पर बैठना एक प्रकार से धृष्टता का कार्य है, क्योंकि मुझसे अधिक विद्वान्, अधिक बुद्धिमान् एवं वयोवृद्ध जिनमें मैं पूज्य बुद्धि रखता हूँ, अनेक महोदय यहाँ उपस्थित हैं। उनके सामने यथार्थ ही, मैं अति तुच्छ हूँ। तथापि स्वागतकारिणी समिति के अनुरोध और मित्रवृन्दों की कृपा दृष्टि को अवलम्बन कर और माननीय वैद्यों की आज्ञा पालन के अर्थ, अति विनीत भाव से मैं इस पद को ग्रहण करता हूँ और आशा करता हूँ कि आप लोग मेरे इस अपराध को क्षमा करेंगे। मेरे विचार में सभापति और सभा का दास होना दोनों एक ही बात है। सुतरां इसी विचार को हृदय में रख कर आप लोगों की सेवा करने का मैं साहस करता हूँ। इस समय मेरी अवस्था ठीक वैसी ही है "प्रांशु लभ्ये फले लोभादुद्बाहुरिव वामनः।"

प्रसन्नता का समय है कि आज हम इस विस्तृत पंजाब के सूबे के चिकित्सा व्यवसायी, आयुर्वेद प्रेमी विद्वान्, धनी सभी इस सप्तम वैद्यसम्मेलन में अपनी प्राचीन आयुर्वेद विद्या व चिकित्सा प्रणाली पर विचार करने के लिये यहाँ एकत्रित हुए हैं।

आयुर्वेद का वेदों से सम्बन्ध।

अभी तक बहुत समुदाय ऐसा पाया जाता है, जो हमारी इस आयुर्वेदीय चिकित्सा प्रणाली के सिद्धान्तों से अनभिज्ञ है और उस अनभिज्ञता के कारण ही हम और हमारी चिकित्सा-प्रणाली उन लोगों का आलोच्य विषय बनी हुई है। आयुर्वेद शब्द का अर्थ है कि—

"आयुर्हिताहितं व्याधेर्निदानं शमनं तथा।
विद्यते यत्र विद्वद्भिरायुर्वेदः स उच्यते ॥"

अर्थात् आयु का हित और अहित रोगों के कारण और चिकित्सा यह सब विषय जिस शास्त्र में निर्णीत हैं, उसी शास्त्र का नाम आयुर्वेद है। इतना ही पर्याप्त नहीं है, क्योंकि ये

श्रीमान् वैद्यराज रायसाहिब पं. श्री दत्त शर्मा।
ओनरेरी मेजिस्ट्रेट और सबजज भीवानी।
प्रेसीडन्ट, म्युनिसिपल बोर्ड (भीवानी) हिसार (सन १९३२)।
अध्यक्ष, पंजाबप्रान्तीय ७ वैद्यसंमेलन, लुधियाना।

विषय दूसरे देशों के चिकित्सा शास्त्रों में भी पाये जाते हैं, इसलिये आयुर्वेद का भेदक लक्षण (समाना-समान अतीत व्यावर्तक लक्षण) यह भी कहा है—

"अनेन पुरुषो यस्मात् आयुर्विन्दति वेत्ति च ।
तस्मान्मुनिवरैरेष आयुर्वेदः प्रकीर्तितः ॥"

इस शास्त्र से मनुष्य दीर्घ आयु लाभ करता है और आयु को जानता है। इसी लिये इसका नाम आयुर्वेद है। इसका अभिप्राय यह है कि संसार में आयुर्वेद के अतिरिक्त जितने चिकित्सा शास्त्र हैं, उनमें दीर्घ जीवन लाभ के अपूर्व उपाय रसायनादि और आयु जानने के उपाय अरिष्ट लक्षण (काल-ज्ञानादि) कहीं भी निर्दिष्ट नहीं हैं। इससे सूक्ष्म दर्शियों के चित्त में स्पष्ट प्रतीत होता है कि आयुर्वेद का प्रतिपाद्य विषय सब चिकित्सा शास्त्रों से अधिक और गौरवान्वित है।

आयुर्वेदीय चिकित्सा का प्रयोजन केवल रोग विनाश ही नहीं है, प्रत्युत नीरोग शरीर से दीर्घ जीवन लाभ करना आयुर्वेद-कल्पतरु का अमृतमय फल है। और काल ज्ञान द्वारा रोगी के अरिष्ट लक्षण देख कर अब भी दिनों, मासों, वर्षों पहिले रोगी की निश्चित मृत्यु बतला कर वैद्य लोग भिन्न मतावलम्बी चिकित्सकों को विस्मित कर देते हैं।

आयुर्वेद का व्युत्पत्तिगतार्थ और भी विशाल है।

आयुर्वेद केवल मनुष्यों का ही चिकित्सा शास्त्र है, ऐसा नहीं। तरु, लता, पशु, पक्षी प्रभृति की भी चिकित्सा आयुर्वेद के अङ्गीभूत है। इसलिये वृक्षायुर्वेद, गजायुर्वेद, अश्वायुर्वेद आदि आयुर्वेद के नाना अङ्ग कहे गये हैं। यद्यपि हमारे भारतवासियों की धर्मान्धता और दुर्भाग्य से उन अङ्गों के बड़े-बड़े ग्रन्थ लुप्त और नष्ट हो गये, तथापि अग्निपुराण, शालिहोत्र आदि ग्रन्थों में उन अङ्गों का अच्छा परिचय मिलता है। आयुर्वेद के आचार्य लोग तरु-लतादि को स्थावर प्राणी मानते हैं, और प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान संसार के प्रसिद्ध वैज्ञानिक श्रीमान् डाक्टर जगदीशचन्द्र वसु ने अपनी परीक्षाओं द्वारा सार्वदेशिक तरीकों से तरु-लतादि को स्थावर प्राणी सिद्ध करके प्राचीन महर्षियों के विज्ञान की महिमा को प्रत्यक्ष कर दिया है। किन्तु वर्तमान समय में आयुर्वेद केवल मनुष्यों का ही चिकित्सा शास्त्र है, इस सङ्कीर्ण अर्थ में व्यवहृत होता है और उसी अर्थ को मैं अपने वक्तव्य में कह रहा हूँ। आयुर्वेद की उत्पत्ति और प्राचीनता के विषय में 'सुश्रुतसंहिता' में लिखा है कि "इह खल्वायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्यानुत्पाद्यैव प्रजाः श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः।"

अर्थात् आयुर्वेद नामक अथर्व वेद के इस लक्ष श्लोकमय उपाङ्ग की स्वयंभु ब्रह्मा ने प्रजा-सृष्टि के प्रथम ही बनाया था। जब वेद को अनादि माना जावे तो आयुर्वेद को भी अनादि अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा। महर्षि चरक भी कहते हैं कि "भिषजा पृष्टेनैवं चतुर्णा वेदानामात्मनोऽथर्ववेदे भक्तिराहेश्वराः ॥" भगवान् वेदव्यास अपने चरणव्यूह नामक ग्रन्थ में कहते हैं कि—"सर्वेषामेव वेदानामुपवेदा भवन्ति ऋग्वेदस्यायुर्वेद उपवेदः, यजुर्वेदस्य धनुर्वेदः, सामवेदस्य गान्धर्ववेदः, अथर्ववेदस्य शस्त्रशास्त्राणि" पूर्वापर श्लोक में यद्यपि जरा कुछ विरोध है, तथापि सिद्धान्त यह है कि चारों वेदों में आयुर्वेद के विषय सूक्ष्म रूप से पाये जाते हैं। अतएव ब्रह्मवैवर्त पुराण में स्पष्ट लिखा है—"ऋग्यजुः सामाथर्वाख्यान् दृष्ट्वा वेदान् प्रजापतिः, चिचिन्त्य तेषामर्थे वै आयुर्वेदं चकार सः ॥" उपस्थित समुदाय की वैयर्थ्यच्युति के भय से वेद

के अधिक मन्त्रों का समावेश न करके केवल दिग्दर्शन मात्र के लिये एक मन्त्र यहाँ उद्धृत किया जाता है।

वेदों में आयुर्वेद

यदयातं दिवोदासाय वर्तिर्भरद्वाजायश्विना, हयन्तारेवदुवाहसचन्ते रथोवां वृषभश्च शिंशुमारश्च युक्ता। ऋ० म० १ सू० १-१६

इस मन्त्र में आयुर्वेद के आचार्य्य दिवोदास और भरद्वाज के साथ अश्विनीकुमारों के साथ निर्दिष्ट हैं। इसके अतिरिक्त पुराणों में आयुर्वेद का प्रसंग जहाँ-तहाँ बहुत पाया जाता है। महाभारत में उदाहरणों की कमी नहीं है—

कश्चित्ते कुशला वैद्याः अष्टाङ्गे च चिकित्सिते।

महा० सभापर्व ३५ अ०

आयुर्वेदविदस्तस्मात् त्रिधातुं मां प्रचक्षते।

महा० शान्ति पर्व १३७ अ०

इसके अतिरिक्त दर्शन शास्त्रों में भी आयुर्वेद का प्रसङ्ग मिलता है जिससे आयुर्वेद का प्राचीनत्व सिद्ध है।

मन्त्रायुर्वेद प्रामाण्यात् तत् प्रामाण्यम्।

(गौतम सूत्र)

स्मृति ग्रन्थों में भी 'याज्ञवल्क्य स्मृति' अति प्राचीन ग्रन्थ है, उसमें भी अन्न विपाक क्रिया और अस्थिगणनादि आयुर्वेद के विषय स्पष्ट लिखे मिलते हैं। उपरोक्त प्रमाणों से साबित है कि आयुर्वेद का सम्बन्ध वेदों से है और आयुर्वेद भी एक प्रकार से ईश्वरीय ज्ञान है जो अनादि काल से है। इसलिये संसार की तमाम चिकित्सा प्रणालियों का जन्मदाता आयुर्वेद है, और वर्तमान समय की प्रचलित चिकित्सा प्रणालियाँ जिनका अस्तित्व, अनुभव पर निर्भर है, वे आयुर्वेद की सन्तति कही जा सकती हैं। क्या मनुष्यों के अनुभव और ईश्वरीय ज्ञान की समानता हो सकती है?

आक्षेप और उत्तर।

आजकल के सभ्य संसार के लोग और वर्तमान समय के अंग्रेजी चिकित्सक कई बार कहते हैं कि आयुर्वेद में अनाटमी—(Anatomy) शरीर-रचना पूर्ण नहीं है। और न ही रोगों का निदान पूर्णरूप से वर्णित है, आयुर्वेदीय साइन्स, वैज्ञानिक (सायंटिफिक) तरीकों से यह चिकित्सा प्रणाली प्रमाणित नहीं है। यह बात हम स्वीकार कर सकते हैं कि वर्तमान समय में आयुर्वेदीय चिकित्सकों में से ऐसे चिकित्सक अवश्य पाये जाते हैं जो आयुर्वेदीय प्राचीन सिद्धान्तों और तत्वों से अनभिज्ञ हैं, या उन पर मनन या गवेषणा नहीं करते हैं। किन्तु यह बात सर्वथा निर्मूल है कि आयुर्वेदीय चिकित्सा प्रणाली उपरोक्त सिद्धान्तों से हीन और अपूर्ण है, क्योंकि सर्वप्रथम आयुर्वेद का पूर्वाङ्ग शारीर विद्या (Anatomy and Physiology) के सीखने का उपदेश आचार्यों ने किया है—

"शरीरं सर्वथा सर्वं सर्वदा वेदयो भिषक्।
आयुर्वेदं सकात्स्न्येन वेदलोक सुख प्रदम्॥"

बाईं ओरसे–१ सर्वश्री डा० राधाकृष्ण पाण्डेय L. M. S. F. २ प्रो० हरिदत्तशास्त्री आयुर्वेदाचार्य, ३ पं. दुगादत्तजी आयुर्वेदाचार्य प्रिन्सिपल, ४ कविराज नरेन्द्रनाथजी मित्र, (अवैतानिक शिक्षक), ५ क. नरेन्द्रनाथशास्त्री आयुर्वेदाचार्य वाइस प्रिन्सिपल, ६ प्रो० बसन्तलालजी B. A. आयुर्वेदाचार्य,
७ प्रो० शिवशर्माजी आयुर्वेदाचार्य (अवैतनिक शिक्षक)

प्राचीन आयुर्वेद में शारीरिक ज्ञान कैसी पूर्णता को प्राप्त हुआ था, इसका ज्वलन्त दृष्टान्त यह देखिये कि त्वचा के वर्णन में 'सुश्रुत' सात प्रकार और 'चरक' छः प्रकार की त्वचा का विवरण लिखते हैं। उसी प्रकार वर्तमान समय के सूक्ष्म दर्शक यन्त्र (माइक्रोसकोप) (Microscope) द्वारा देखने से भी त्वचा का विभाग दृष्टिगत होता है। सुश्रुत आचार्य्य त्वचा के प्रथम स्तर (परदे) को अवभासिनी कहते हैं। अंग्रेजी सूक्ष्म परीक्षा से भी यही प्रतीत होता है कि प्रथम स्तर (Epidermis) ही कृष्ण और गौरादि वर्णों का आधार है।

इसी प्रकार कलाओं का वर्णन भी अति मनोहर है। कला शब्द का अर्थ रेशमी वस्त्र के सदृश सूक्ष्म झिल्ली (Membrance) है। शव-च्छेद कर प्रत्यक्ष देखने से और शास्त्र को विचारने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह झिल्ली ही धातु और आशय के मध्य में मर्यादा या व्यवधान है। यथा "कलानां मधात्वाशयान्तर मर्य्यादा।" अर्थात् अस्थि, मांस, मेद, मज्जा आदि जहाँ ही देखे जाते हैं, वहाँ ही उनके धारण करने की कला है। इसी तरह स्नायुओं का वर्णन भी आयुर्वेद में बहुत सुन्दर रीति से पाया जाता है। जिस रक्त-संवहन-क्रिया के अविष्कार को लेकर सर विलियम हार्वी योरोप खंड में प्रसिद्ध हुए उसी रक्त संवहन क्रिया (Circulation of Blood) का मनोहर वर्णन आयुर्वेद में किस प्रकार मिलता है, भगवान् चरक हृद्-यन्त्र को लेकर कहते हैं, "तेन मूलेन महता महामूला मतादश ओजोवहाः। शरीरेऽस्मिन् विधम्यन्ते समन्ततः॥ येनोजसा वर्तयन्ति प्रीणिता सर्वं जन्तवः। संवर्यमानं हृदयं समाविशति यत्पुनः॥" (च० सू० ३० अ०) रक्त हृदय से निकल कर सर्व शरीर में कैसे प्रवाहित होता है और शरीर में घूम-फिर कर हृदय में लौट आता है, इस विषय पर कैसा स्पष्ट कहा है कि "संवर्त्तमानं हृदयं समाविशति यत्पुनः" क्या यह शरीर-रचना और रक्त-संवहन क्रिया अपूर्ण कही जा सकती है?

जहाँ तक रोग परिचय निदान का सम्बन्ध है, वह भी आयुर्वेद में न्यून नहीं है, प्राचीन काल के सभी शास्त्र सूत्रों में प्रणीत हैं उस समय की ग्रन्थ रचना का प्रकार बहुत सारगर्भित सूत्रों में था। उस प्रणाली के आधार पर ही आयुर्वेदाचार्य्यों ने ग्रन्थ लिखे हैं। निदान-रोग-परीक्षा का जहाँ तक वर्णन मिलता है, वह मार्मिक और सारगर्भित है। आज कल के तरीके के मुताबिक एक श्लोक पर एक भिन्न पुस्तक लिखी जा सकती है "प्रहोविण्मूत्र वातानां शूलाध्मानाश्मशर्कराः। जङ्घोरुत्रिक हृत्पृष्ट रुक शोफश्च गुदस्थिते।" इस एक ही श्लोक में निदान सम्प्राप्तिरूप, किस प्रकार से कितने रोगों का वर्णन कर दिया गया है! अपेंडिसाइटिस, पित्ताश्मरी, आंतों का शोथ, गुर्द की व्याधियें, मल व मूत्र के दोष और तजन्य व्याधियें और पेट में गैसिज का पैदा होना, किसी भाग में स्टोन का होना, आमाशय के दोष हृत्शूलजङ्घा ऊरू त्रिक पीठ शूल आदि का वर्णन किन गम्भीर शब्दों में किया है! इसी तरह अन्य रोगों का भी वर्णन आयुर्वेद में पाया जाता है, जिससे विद्वान् वैद्य पूर्ण कल्पना रोग व परीक्षा करते हैं।

जहाँ तक आयुर्वेद के वैज्ञानिक होने का प्रश्न है, वह इतना स्पष्ट है कि थोड़े से भी विचार से ध्यान में आ सकता है। जैसे ब्रह्मा-विष्णु-महेश तीन शक्तियें सृष्टि को उत्पन्न, संरक्षण व संहार करती हैं, उसी तरह रज, तम गुण अध्यात्मिक उन्नति अवनति करते हैं, उसी प्रकार वात, पित्त, कफ, शरीर को धारण व विकृत करते हैं। जिन-जिन परमाणुओं का शरीर में न्यूनाधिक्य होता रहता है, उसको निकालने व पूरा करने का कार्य स्वयं होता रहता है, जब कभी

उसमें दोष आता है तो व्याधियें उत्पन्न होती हैं। उसकी चिकित्सा उसी सिद्धान्त पर की जाती है जहाँ जिसका न्यूनाधिक है व तत्समान गुणवाले द्रव्य से पूरा किया जाता है, हर एक द्रव्य में रस, वीर्य, विपाक शक्ति का प्रभाव विद्यमान है, उसकी मीमांसा आयुर्वेद में विशिष्ट प्रकार से की है। उस विज्ञान के आधार पर औषधोपयोग होता है।

हर एक को जानकर आश्चर्य होगा कि प्रत्येक वैद्य से पुराकाल में यह आशा की जाती थी कि वह सड़कों की धूल मिले हुए, तालाबों के जल में घुले हुए विष का व छायादार पेड़ों की हवा में मिले हुए विष का पता लगा कर उनका विष (Antidotes) भी मालूम करें, जैसा कि सुश्रुत में है।

"पन्थानमुदकं छायां भक्तं यव समिन्धनम्।
दूषयन्त्यरयस्तत्र जानीयात् शोधयेत्तथा॥

सु० सू० अ० ३४।

इसके अतिरिक्त आकाश से चिड़ियों का थक कर गिरना, विषाक्त वायु और धूएँ की पहिचान है। उसी वायु और धूएँ के सूखने से खाँसी, जुकाम, शिरशूल, और तीव्र चक्षु रोग हो जाते हैं। ऐसी अवस्था में विषैले वायु मण्डल को लाक्षा, हरिद्रा, अतिविषा, अभया, अब्द, रेणुका, एला, तेजपत्र, कुष्ठ, प्रियंगु को जमीन पर जला कर वायुमण्डल को शुद्ध करना चाहिये जैसा कि सुश्रुत में है,—

"धूमेऽनिले वा विष संप्रयुक्ते, खगाः श्रमार्ताः प्रपतन्ति भूमौ।
कास प्रतिश्याय शिरोरुजश्च, भवन्ति तीव्राः नयनामयाश्च॥
लाक्षा हरिद्रातिविषाभयाब्द, हरेणुकैलादल वल्ककुष्ठम्।
प्रियंगुकाश्चापि अनले विधाय, धूमानिलौ चापि विशोधयेत्॥"

सुश्रुतकल्प अ० ३

आयुवद में विष-परीक्षा में यहाँ तक वर्णन मिलता है कि कोई विष मिली हुई वस्तु किसी द्रव पदार्थ के साथ मिला कर कौवे पक्षी पर छिड़क दी जावे तो या तो वह मर जायेगा या विशेष तौर से पर फड़ फड़ायेगा। जिस आयुर्वेद में इन सूक्ष्म सिद्धान्तों का विवेचन है, क्या वह (Unscientific) अन्धार्यटिफिक और अवैज्ञानिक कहा जा सकता है?

हां यह बात बड़े दुःख के साथ कहनी पड़ती है कि वर्तमान समय में राज्याश्रय के अभाव से ऐसी उत्तमत शिक्षा तथा गवेषणा का पूर्ण प्रबन्ध नहीं है, जिससे योग्य विद्वान् पर्याप्त संख्या में उत्पन्न हो सकें और इस प्राचीन सायंस के गूढ़ सिद्धान्तों का प्रचार भारत के कोने-कोने में कर सकें।

गूढ़ विषयों पर निबन्ध—ट्रैक्टों—की आवश्यकता।

वंश-परम्परा व गुरु-परम्परा से शिक्षित विद्वानों की अब भी पञ्जाब में कमी नहीं है, उन सबका ध्यान इधर आकृष्ट किया जावे कि वे अपने-अपने अनुभवों तथा विचारों से उन विषयों पर जो आयुर्वेद में संक्षिप्त रूप से वर्णित हैं, प्रकाश डालें। जैसे फेफड़ा-हृदय, जिगर-तिल्ली, गुर्दे, पित्ताशय और आंतों की व्याधियें ऊर्ध्वअनुगत रोगों (नेत्र, कान, नाक) की चिकित्सा क्रम क्या होना चाहिए। भिन्न मतावलम्बीय चिकित्सकोंका क्या सिद्धान्त है और

वह कहां तक उपादेय तथा ग्राह्य है। एक वर्ष के सम्मेलन बाद दूसरे वर्ष में ऐसी बातों का प्रकाश होने से सर्वसाधारण पब्लिक और परिमित सीमा के शिक्षित वैद्यों के लिए यह कार्य बहुत ही लाभप्रद होगा। इसके अतिरिक्त वैद्यों से यह भी प्रार्थना है कि वे जीवाणु-विद्या (क्रमिशास्त्र) व्यवहारायुर्वेद, सार्वजनिक स्वस्थवृत्त,—(Hygiene and public Health) अगदतन्त्र, मानसरोग विज्ञान, प्रसूतितन्त्र, क्षीरोग विज्ञान, वैद्यकोपयोगी उद्भिज्जशास्त्र आदि विषयों पर प्रामाणिक आधार पर गवेषणा पूर्ण उत्तमोत्तम निबन्ध लिखने की कृपा करें।

प्रचलित वनस्पति व औषधों का निघण्टु में समावेश करने का विचार।

इसी तरह सम्मेलन के लिए यह भी एक बहुत आवश्यक कार्य है, जिस पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। वह यह है कि बहुत सी ऐसी वनस्पतियें व जड़ी-बूटी पाई जाती हैं जो बहुतायत से कई तरह के रोगों में विशेष लाभप्रद हैं, किन्तु उनका आयुर्वेदीय निघण्टु में समावेश नहीं है, जैसे वनफसा, खूबकला, उशवा, रेसा खतमी, हजरतवेग, जरिश्क, काकादाना, गुड़मार अम्बर आदि-आदि पर विचार किया जाकर यूनानी आदि चिकित्सा ग्रन्थों से और अनुभव से इनके गुण-दोषों पर विवेचना की जावे। तीन चार वैद्य अपने जिम्मे यह कार्य लें और आगामी वर्ष में वे अपनी लिखित सम्मति सम्मेलन में स्वीकृति के लिए पेश करें, तदन्तर ऐसे द्रव्यों का संग्रह निघण्टु ग्रन्थों में किया जावे। इसी तरह अत्यधिक प्रचलित अंगरेजी औषधों के सम्बन्ध में कोई मत सम्मेलन को प्रकट करना चाहिए, जिससे सम्मेलन की उपयोगिता और महत्व बढ़े।

पञ्जाब आयुर्वेदीय फार्माकोपिया।

एक सर्वसम्मत आयुर्वेदीय फार्माकोपिया भी प्रस्तुत होनी चाहिए, उसमें पञ्जाब के भिन्न-भिन्न स्थानों में जिस-जिस व्याधि पर जो-जो औषधोपयोग होता है, उनका निर्देश हो। बहुत से वैद्य लोग अङ्गरेजी में औषधों का सम्मिश्रण कर उपयोग करते हैं, ऐसी अङ्गरेजी औषधियें सम्मेलन से स्वीकृत की जाकर आयुर्वेदीय फार्माकोपिया में शामिल की जावें, वरना आयुर्वेदीय चिकित्सक होकर और डाक्टरी चिकित्सा की अनधिकार चर्चा या उपयोग करते हैं, इससे आयुर्वेदीय चिकित्साप्रणाली को हानि होती है। इसलिए वैद्य सम्मेलन के लिए आवश्यक हो जाता है कि वह कोई व्यवस्था निश्चित करे।

परिष्कृत चिकित्सा मार्ग।

वर्तमान समय की डाक्टरी चिकित्सा के नित्य नये आविष्कारों की चकाचौंध से आजकल के सभ्य समाज की श्रद्धा और विश्वास दिनोंदिन उधर बढ़ता जा रहा है, इसलिए वैद्यसमाज को अपनी चिकित्सा प्रणाली को परिष्कृत और आकर्षक बनाना चाहिये। आजकल इञ्जेक्शनों के प्रचार का बाहुल्य है और कहा जाता है कि यह आविष्कार अद्भुत है। अभी तक यह संसार को ज्ञान नहीं है कि कोई नया आविष्कार नहीं है। पुराकाल में भी ये इञ्जेक्शन होते थे, जैसा कि चरक चि० अ० २८ में पाया जाता है कि—

"स्वेदनं स्नेहसंयुक्तं पक्षाघाते विरेचनं।
अंतरा कण्डुराक्लुप्त्या शिरावस्त्यग्नि कर्मच ॥"

इस शिरावस्ति का अर्थ इंटरावेनस इंजेक्शन है। हमारे श्रीकृष्ण औषधालय भिवानी में इस बात की परीक्षा की जा रही है कि वासा (अडूसा) का इंजेक्शन तपेदिक में कहाँ तक लाभप्रद है। वैद्यों को शिरावस्ति के कार्य में आगे बढ़ना चाहिये और जब लोग आजकल की अंग्रेजी चिकित्सा में हकाहल मिश्रित औषधोपयोग तथा इन्जेकशन लेते हैं, तो रसधात्वादिक के इन विरोधक भावों को कि चालीस वर्ष की आयु से पहले के मनुष्यों को रसधात्वादि अहितकर हैं, लोगों के हृदय से निकालने का यत्न करना चाहिये और इनकी उपयोगिता पर वैद्यों को दृढ़ता पूर्वक प्रचार करना चाहिये। क्योंकि—

"अल्पमात्रोपयोगित्वात् अरुचेर प्रसंगतः।
क्षिप्रमारोग्यदायित्वात् औषधेभ्योधिकोरसः ॥"

इसके अतिरिक्त परिचारक और परिचारिकाओं की सुविधा करने का प्रयत्न करना भी परमावश्यक है। जहाँ तक हो, चिकित्सा के अङ्गों को पूरा करने की सुव्यवस्था की जावे, जिससे वैद्य लोग यशस्वी और ख्यातिनामा हों।

वैद्यों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता।

आप सब लोग जो वैद्यक-चिकित्सा व्यवसायी हैं, अपनी योग्यता से परिचित हैं और प्रतिदिन के अनुभव से भी प्रमाणित हैं कि ऐसे कठिन रोगों के निदान व चिकित्सा के जानने वाले वैद्यों में बहुत कम पाये जाते हैं, जैसे गल रोग, नासिका व कर्णरोग और नेत्रों की व्याधियाँ तरह-तरह की देखने में आती हैं। अंग्रेजी विज्ञान ने उपरोक्त रोगों की चिकित्सा में बड़े-बड़े आविष्कार किये हैं। अकेले नेत्रविज्ञान की उन्नति को देखकर आश्चर्य होता है। मैं इस त्रुटि को बहुत समय से अनुभव करता आया हूँ और उसके लिए मैंने अपने श्रीकृष्ण औषधालय भिवानी के प्रधान वैद्य कविराज पुरुषोत्तमदत्तजी, वैद्यवाचस्पति को बम्बई एक साल भेज कर नेत्र-विज्ञान की शिक्षा दिलाई है, तदनन्तर भिवानी में 'किशनलाल जालान आई अस्पताल' की स्थापना हुई। आप आश्चर्य करते हुए हर्षित होंगे कि अभी इस आँखों के हस्पताल को खुले हुए दो साल पूरे नहीं हुए, किन्तु इस थोड़े से समय में ५० हजार रोगियों की चिकित्सा की गई और १४०० आँखों के औपरेशन किये गए हैं। हर्ष की बात है कि पञ्जाब गवर्नमेण्ट व इन्सपेक्टर जनरल सिविल होस्पिटल पञ्जाब ने अपनी निम्नलिखित चिट्ठी द्वारा हमारे कार्य की प्रशंसा तथा कार्य-कर्ताओं को धन्यवाद किया है।

Inspector General of Civil Hospitals,
Punjab,
Lahore, Dated the 31st of July, 1934.

Dear Sir,

Kindly convey my congratulations to all those who are responsible for the free work done in the Krishanlal Jalan, Free Eye Hospital, Bhiwani, during the period Ist

January, 1933 to 31st January, 1934, which is very much appreciated by the Punjab—Government (Ministry of Education).

Yours faithfully,
Sd/- REINHOLD.

To

Rai Shahib Shri Dutt,
Hony. Manager,
K. J. Free Eye Hospital,
Bhiwani, Hissar District.

विशेष हर्ष की बात यह है कि कोकेन और क्लोरोफारम का कोई उपयोग न करके आंखों का औपरेशन तथा चिकित्सा की जाती है। चेष्टा की जा रही है कि नेत्र विज्ञान सम्बन्धी आयुर्वेदीय औषधें तथा प्रणाली को परिष्कृत करके आपके सामने लाया जाय। इस अस्पताल के साथ हमने नेत्र-विज्ञान की प्रैक्टिकल शिक्षा का भी प्रबन्ध किया है। योग्य वैद्यों को उसमें लेकर शिक्षा दी जाती है। गत सालमें ऋषिकुल के दो स्नातकों ने यहां नेत्र विज्ञान की शिक्षा प्राप्त की है। कविराज राजेन्द्रदेव शुक्ल एल० ए० एम० गोलागोकर्णनाथ यू. पी. में नेत्र-चिकित्सा कर रहे हैं। इसी तरह बान्दीकुई में मोहनलाल गोस्वामी ने भी नेत्र-चिकित्सा आरम्भ की हुई है। प्रसन्नता की बात है कि दोनों को नेत्र-चिकित्सा में सफलता मिलने के समाचार आरहे हैं।

मेरी इस स्कीम में सहायता देनेवाले श्रीमान् भिवनी-निवासी सेठ किशनलालजी जालान धन्यवाद हैं। जिन्होंने हृदय खोलकर इस कार्य के लिए दान दिया है, और कविराज पुरुषोत्तमदासजी हैं जिन्होंने बड़े परिश्रम, त्याग तथा सेवा-भाव से योग दान दिया है, धनी सज्जनों तथा वैद्यों को इनका धन्यवाद करते हुए अनुकरण करना चाहिए, जिससे हम सर्वसाधारण की सेवा करते हुए आयुर्वेद-महिमा की पताका दूसरे देशों में फहरा सकें।

डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, म्युनिसिपल कमेटियों में वैद्यों की नियुक्ति के लिये यत्न करने की आवश्यकता।

बहुत प्रस्ताव व भाषण इस विषय पर हर साल होते हैं, कि वैद्यों की नियुक्ति प्रत्येक कमेटी व डिस्ट्रिक्ट बोर्डों में होनी चाहिए। यह बहुत आवश्यक है, किन्तु इसमें सफलता उस समय तक नहीं होगी जब तक वैद्य लोग अपने प्रभाव से पब्लिक ओपिनियन को अपने साथ न कर लें। कमेटी व बोर्डों के मेम्बरों पर आयुर्वेद-विद्या व वैद्यों का पूर्ण प्रभाव होना चाहिए और जहाँ तक हो वैद्यों को स्वयं भी मेम्बर बनने की चेष्टा करनी चाहिए। क्योंकि दूसरे मेम्बर जो वैद्य नहीं हैं, आयुर्वेद विरोधियों के साथ दृढ़ता के साथ वैद्यों की तरफ से वकालत नहीं करते हैं। मैं अपने अनुभव से कह रहा हूँ कि जब मैंने सन् १९२४ में जिला हिसार के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड का मेम्बर होकर आयुर्वेदीय औषधालय खोलने की स्कीम पेश की और तीन ग्रामों में तीन वैद्यों की नियुक्ति करके औषधालय खोले गये, इसके कुछ मास बाद उन्हीं ग्रामों

में अङ्गरेजी हस्पताल खोले जाने की तजवीज सिविल सर्जन साहब ने पेश की और उन्हीं ग्रामों में औषधालय के स्थान पर हस्पताल खोले गये और हमने अपने औषधालयों को दूसरे ग्रामों में बदला दिया। इस तरह से जहाँ-जहाँ हम औषधालय खोलते गये, वहाँ-वहाँ ही हस्पताल खोले जाने लगे। अन्ततोगत्वा इस मुकाबिले में तीन औषधालयों को हटाने के उद्देश्य से पन्द्रह हस्पतालों की स्थापना हुई और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड में यह प्रस्ताव सिविल सर्जन द्वारा पेश किया गया कि आयुर्वेदीय औषधालयों से कोई लाभ नहीं है, इन्हें उठा दिया जाए और यदि जरूरत हो तो उन ग्रामों में वैद्यों के स्थान में ट्रेन्ड कम्पौण्डर रक्खे जायँ। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि मैं उस समय बोर्ड का मेम्बर न होता तो आयुर्वेदीय औषधियों की इतिश्री हो जाती। मेरी उपस्थिति में और भगीरथ प्रयत्न करने पर भी कोई विशेष उन्नति और औषधियों की वृद्धि न हो सकी। इससे आप जान सकते हैं आपके इस सम्मेलन के प्रस्ताव क्या असर रखते हैं जब तक कि वैद्य लोग अपने-अपने डिस्ट्रिक्ट तथा लोकल कमेटियों में इस कार्य के लिए पूर्ण यत्न न करें।

इसके अतिरिक्त वैद्यों को अपने धनी रोगियों से आयुर्वेदीय औषधालय खुलवाने के लिए यत्न करना चाहिए। यदि वैद्य लोग चाहें तो यह कोई कठिन कार्य नहीं है। मैं इस प्रकार के उदाहरण पेश करता हूँ कि मैंने कई अपने रोगियों से औषधालय खुलवाये हैं। भिवानी का आशाराम आयुर्वेदीय दातव्य औषधालय एक जीती जागती मिसाल है। मैं इस सम्मेलन में आये हुए वैद्य बन्धुओं से प्रार्थी हूँ कि वे भविष्य में वास्तविक कार्यक्रम को स्कीम को अपने हाथ में लेकर इस सम्मेलन को सफल बनावें।

आयुर्वेद की उन्नति भारत की दरिद्रतानाशक और स्वराज्य प्राप्ति का साधन है।

अभी तक देश में ये भाव पूर्णतया जागृत नहीं हुए हैं कि इस वैद्यसमाज ने कहाँ तक इस प्राचीन आयुर्वेदीय साइन्स की रक्षा करते हुए देश सेवा की है, अब भी सर्वसाधारण जनता तथा ग्राम-निवासियों की ८० फी सदी चिकित्सा वैद्य व हकीमों द्वारा होती है। बड़े बड़े नगरों में भी ४० फी सदी से ज्यादा डाक्टरी चिकित्सा के प्रेमी अब भी नहीं पाये जाते हैं, तो भी इन थोड़े से भारतीयों के कारण हर साल करोड़ों रुपया भारत से बाहर दूसरे देशों को जा रहा है। गवर्नमेण्ट की रिपोर्टों से जाहिर है कि सन् १९११ में (Chemical and Medicens) २,१८,००००० रुपये की केमिकल और मेडिसिन भारत में आई हैं! किन्तु अब सन् १९३१-३२ में केमिकल (Chemical) २,५७,००,००० रुपये की और (Medicens & Drugs) मेडीसिन एण्ड ड्रग्स १,८१,००,००० रुपये की आई। अर्थात् सन् १९३२-३३ में केमिकल और मेडीसिन चार करोड़ अड़तालिस लाख रुपये की इस पुण्य भूमि में आई हैं। सन् १९११ से दो करोड़ तीस लाख रुपये की ज्यादती हुई है। दिनों दिन अङ्गरेजी दवाइयों में इन भारतीय एजेण्ट डाक्टरों द्वारा करोड़ों रुपये विदेश भेजे जाते हैं, हम सुनते हैं कि कांग्रेस की मूवमेण्ट के बाद लोगों का स्वदेशी के प्रति प्रेम बढ़ा है किन्तु जब हम चिकित्सक व सभ्य समाज, लीडरों के औषधोपयोग को देखते हैं, उस समय हमारे माननीय लीडरों की नब्ज (नाड़ी) डाक्टरों के हाथ में पाते हैं, यही नहीं बल्कि बहुत से महानुभावों की व्याधि के नाश करने के परमाणु ही इस भारत वसुन्धरा की वायु में नहीं रहे! इसीलिए

उन बेचारों को अपनी चिकित्सा के लिए भी हर बार योरोप-यात्रा करनी पड़ती है, और यही कारण है कि भारत की दरिद्रता बढ़ती जा रही है, और लाखों भारत के सपूत रोटी के लिए मुहताज हैं। मैं अपने वैद्य बन्धुओं से प्रार्थी हूँ कि वे तत्परता से अपनी विद्या के प्रभाव द्वारा देश का ध्यान इधर आकर्षित करें, ताकि करोड़ों रुपया भारत का बचाकर स्वराज्य प्राप्ति में सहायक बनें।

उपसंहार

अन्त में यह कह देना उचित समझता हूँ कि आनेवाला समय वैद्य-समाज के लिये तभी अनुकूल होगा, जब उसमें पारस्परिक प्रेम, संगठन, उदारता, सहिष्णुता के साथ कर्मवीरता होगी और अपनी बुद्धि-विद्या के नित नये आविष्कारों से आयुर्वेदीय सिद्धान्तों को प्रकट करते रहेंगे। एक दूसरे से परामर्श तथा सम्मति लेने देने मे संकोच का त्याग भी एक बहुत आवश्यक अङ्ग हमारी सफलता का होगा, किन्तु जिन महोदयों से सम्मति की जावे वे भी उदार हों। क्योंकि स्वार्थ परायणता से जिस रोगी के लिये सम्मति लेने गये और सम्मतिदाता वैद्य ने उसके रोगी को छीन लिया तो भविष्य में वह पद्धति प्रचलित नहीं हो सकती। इन्हीं कारणों से आयुर्वेद की दिनों दिन हानि होती है, इसके अतिरिक्त एक आवश्यक अंग आयुर्वेद का चिकित्सा की सफलता के लिये मन्त्र पाठ है। जिन लोगों का वेद पर विश्वास है, वे अपने मन्तव्यानुसार रोग निवृत्ति के लिये चिकित्सा के साथ-साथ मन्त्र पाठ का भी साधन रक्खें, जिससे ईश्वर हमारी कामनाओं को सफल बनावें।

ॐ शान्तिः

सिंध प्रांत

सिंध प्रांतीय द्वितीय वैद्यसम्मेलन के सभापति, पूनानिवासी

श्री० डा० ग० द० आपटे, एम० बी० बी० एस० का

अभिभाषण

आर्यवैद्यकप्रेमी बंधुजन !

सद्धेतुप्रेरित, नवोदित और सत्परिणामी सभा के अध्यक्ष पद पर मेरी योजना करके आप महानुभावों ने डॉक्टर वर्ग का आदर करके जो अपनी उदारहृदयता प्रकट की है इस लिये मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूँ। किन्तु व्यक्तिशः इस पद से मैं आपको अपेक्षित समाधान दूँगा या नहीं इस बाबत में मेरे मन में संदेह है। निमंत्रण पाते हुए ही इनकार करने का मेरा इरादा था। किंतु अनेक विचारों से लिप्त होकर मैंने संमति दी। आप सब आर्य वैद्यकानुयायियों से आर्य वैद्यकानुरागी डाक्टर को हाथ मिलाना चाहिये। तारुण्य भाव से मैं यद्यपि अल्पानुभवी हूँ तो भी आर्य वैद्यक प्रगति के बाबत आप सब मेरे को सहायता देने के लिये बद्धपरिकर हों। दूसरा एक बलवत्तर विचार ऐसा है कि मैंने आर्य वैद्यक जो कुछ अंशतः समझ लिया वो आप सब श्रीमान् धन्वन्तरि स्वरूप चरक, सुश्रुत और वाग्भट इन पूज्य आचार्यों से सीखा है। और आप उन्हीं के अनुयायी होने से आप मेरे ज्येष्ठ गुरुबंधु हो। गुरु की परंपरा जिस समय स्थगित हुई है या संशयग्रस्त हुई है उस काल में उसको नवचैतन्य देने के लिये आपका जो निमंत्रण या आज्ञा है उसको मैं हरगिज अमान्य नहीं कर सकता।

यह प्राप्त कर्तव्य करते हुए, इस प्रांत में आने से मेरे को आनंद होने के अन्य भी कारण हैं। मैं आर्यवंशीय होने से मेरे और आपके प्राचीनतम पूर्वज यहाँ ही रहते थे। प्रायः सब भारतवासियों का पितृ धन यहाँ ही है। और तलाश करने से वह पाया भी जाता है। सुप्रसिद्ध मोहेन्जोदारो और तत्रस्थ उत्खात अवशेष तो केवल एक प्रतीक है। यदि शांतता और समृद्धि हो और सब सिंधुतटस्थ प्रांत का खनन पूर्वक संशोधन किया जाय तो अवश्यमेव पुरानी आर्य संस्कृति का धवलत्व प्रतीत करने वाले अवशेष प्रत्यक्ष पाए जाएँगे। न जाने कि आपाततः जिस स्थल पर और जिस कार्य के लिये आज हम सब संमिलित हुए हैं उसी स्थल के नीचे उसही विषय पर प्रकाश डालने वाला वाङ्मय वा अन्य कोई सामग्री उपस्थित होगी। भूमिगत प्रवाह जैसा वृक्ष का उपजीव्य होता है उसी तरह यही निम्नगत पुराण अवशेषों से पुराण शास्त्र का वर्धन करने की स्फूर्ति आपको मिलती होगी। इसके सिवा भी इस प्रांत का उपजीव्य जीवन प्रवाह जो सिंधुनद—उसके नाम से ही भारतवर्ष को हिंदुस्थान कहा जाता है। आर्य वैद्यकीय वाङ्मयीन लघुत्रयी जैसी एक महनीय संहिता के कर्ता माननीय वाग्भट यहाँ के ही निवासी थे। और बृहत्त्रयी जैसी प्रमुख संहिता के संस्कार कर्ता भगवान्



श्रीमान् डॉ. गणेश दत्तात्रय आपटे
एम्. बी.; बी. एस्.; पूना.
अध्यक्ष, सिन्धप्रान्तीय २ वैद्यसंमेलन हैदराबाद ।

चरक मुनि इसी प्रांत के अन्तेवासी थे। हिंदुस्तान की पुरातन और जगन्मान्य यूनिवर्सिटी या विद्यापीठ तक्षशिला नगरी—यहाँ से नजदीक है। इन अनेक कारणों से संभव है कि जो अनेक उत्तमोत्तम पुराण आर्यवैद्यकीय ग्रंथ आज लुप्त हैं उनका पता यहाँ ही लगेगा। दैववशात् आपका प्रान्त समृद्ध है। केवल इस काम के लिये स्फूर्ति की आवश्यकता है और भगवान् ने वह भी आज आपके हृदय में उत्पन्न की है। आशा है कि अगर इस स्फूर्ति का सातत्य रख कर आप यदि उस अनुसार उद्योग करोगे तो आयुर्वेदोद्धार का परम अभिलषणीय श्रेय आपको ही मिलेगा। हिंदुस्तान और हिंदधी संस्कृती पर इसी दिशा से अनेक बार आक्रमण हो चुका है। और उस आक्रमण को आपही वीरजनों ने अनेक बार स्थगित किया है। आशा है कि सद्यःकालीन आयुर्वेदोद्धार के लिये भी आप तन-मन-धन व्ययीत करने के लिये बद्ध-परिकर होंगे!

ऐतिहासिक अवशेष स्पष्टतया बतलाते हैं कि किसी पुराण काल में आर्य वैद्यकीय चिकित्सा न तो केवल व्यवहारोपयोगी थी किंतु उस शास्त्र के सिद्धांत जगन्मान्य थे। अत्यंत खेद की बात है कि वह चिकित्सा आज उपयुक्त होते हुए भी उसके उपजीव्य पुराण सिद्धांतों की हँसी हो रही है। इस हँसी के परिणाम अनेक विधि हुये और हो रहे हैं। पुराण काल में मुसलमानों ने हिंदुस्तान पर आक्रमण किया और क्रमशः वे यहाँ के ही रहवासी बन गये। अर्थात् उनकी जो वैद्यकपद्धति थी उसका प्रचार इस देश में हुआ। किंतु दोनों पद्धति के अनुयायियों में कभी कलह उत्पन्न हुआ नहीं। एक ने दूसरे पर किसी प्रकार का अधिक्षेप किया नहीं। दूसरा बलवत्तर आक्रमण पाश्चात्य गौरकायों ने किया। और उनके वैद्यकपद्धति के अनुयायी जिनको डाक्टर कहते हैं उनमें और परंपरागत आर्यवैद्यकानुयायी वैद्यों में कलह शुरू होकर वही आज तक चल रहा है। यह कलह जितना उद्वेगजनक है उतना ही उद्बोधक है। किंतु जिस तरह से बोध होगा उस तरह किसी ने उस कलह की मीमांसा आज तक की नहीं। प्रथमतः पाश्चात्य डाक्टरों ने आर्यवैद्यक के सिद्धान्त पर आक्षेप किये। वह मूलतः शाब्दिक और शुद्ध शास्त्र विषयक थे। क्रमशः उसकी परिणति व्यवहारिक और वैयक्तिक कलह में होती रही। डाक्टर और वैद्य ये तो आज जैसी अहिनकुलवत् जाति हुई है। इस परिणतावस्था में शास्त्रविषयक चर्चा खुले दिल से होती नहीं यह बात बहुत उद्वेगकारक है। यह अवस्था किस तरह प्राप्त हुई इससे कोई सोचता नहीं। उसके उपर विचार करना न केवल मनोबोधक होगा किंतु प्रसङ्गवशात् उसे इन दोनों जाति के दिल जम जायेंगे इसलिये इसका विचार आवश्यक है।

प्रथमतः जब पाश्चात्य वैद्य का प्रचार इस देश में हुआ तब जैसा हमारे नेताओं ने दूर दृष्टि से आक्रमकों के राजनीति का अनुसंधान ठीक तरह से देखा नहीं उसी तरह हमारे परंपरागत वैद्यों ने पाश्चात्य नव्य वैद्यक की उपेक्षा की। उसको आत्मसात् किया नहीं। पाश्चात्य पद्धति का यहाँ उद्मूल होना था जो उसका अनिवार्य परिणाम वह हो चुका। भारतीय वैद्य पाश्चात्य वैद्यक से दूर रहे, आज भी रहते हैं और रहना चाहते हैं और उसी समय अपने वैद्यक के उद्धार की आशा करते हैं। पाश्चात्य डॉक्टर अधिक धूर्त या दूरदृष्टि थे। अपने पद्धति को उद्मूल करते हुए, घनघोर-संग्राम करते हुए भी वे ज्ञानपिपासू थे। उसी संकटसमय में उन्होंने आर्यवाङ्मय जितना मिला उतना एकट्ठा किया, अपने घर ले जाकर उसका संरक्षण किया और शान्तता मिलते ही उसका उत्कट अभ्यास किया। उस अभ्यास से उनको प्रतीत हुआ

कि पुराण काल में आयुर्वेद अति उन्नत था। जगविजिगीषु अलेक्झांडर भारतीय आदर्श वैद्यों को अपने साथ ले गया था, आयसी कृत्रिम जंघा जोड़ने की करामात आर्यवैद्यों में थी, सुश्रुत में विस्मयकारक शल्यचिकित्सा का वर्णन है, इत्यादि अनेक आर्य वैद्यकस्तुती पर बातें की जिनका अनुवाद करने बिगर हमारे नेता आयुर्वेद विषयक व्याख्यान दे सकते नहीं, उन्हीं पाश्चात्य डाक्टरों ने पहिले प्रसिद्ध की, जिनको हम आर्यवैद्यकविद्वेषी समझते हैं। इन अभ्यासकों ने आर्यवैद्यक को भारतीय शास्त्रियों के साथ पढ़कर अपने भाषा में उनका भाषान्तर किया। उस पद्धति में से काय और शल्यचिकित्सा विषयक भाग अपने पद्धति को जोड़ भी दिया। उन्होंने ही वात पित्त कफ विषयक सिद्धान्तों को ऐन्द्रजाल माना यह भी सत्य है किन्तु उनका अभिक्षेप विचारचालक ज्ञान पिपासादर्शक और प्रयोगप्रसू है यह बात मानने को भारतीय वैद्य तैयार नहीं। उन लोगों का आर्यवैद्यक विषय आचार वा विचार जो था वही आज है। आर्यवैद्यक विषयक जो व्यवहार, चिकित्सा वा कल्पना प्रत्ययप्रद हो उसे आत्मसात् करने की उनको लज्जा होती नहीं। इस दृष्टि से उनका आचार और विचार सुघटित और सुसंधानी और सुसङ्गत है। यदि हमारी बात पित्त कफ विषयक मीमांसा उनकी बुद्धि समान हम करें तो वे उसका स्वीकार अवश्य करेंगे इसमें मेरे को कोई सन्देह नहीं।

भारतीय वैद्यों का उलटा दृश्य देखिये। उस दृश्य को बताने में वैद्यों की निन्दा करने का उद्देश नहीं। क्योंकि भारतीय डाक्टर और वैद्य ये दो जाति में अलग नहीं समझता जैसे कि वैद्य लोग समझा कर झगड़ा कर रहे हैं। वैद्य हो वा पाश्चात्य या पौर्वात्य डाक्टर हो जो आर्यवैद्यकजिज्ञासु है वे सब एक हैं ऐसा मेरा मत है और सत्यनिष्ठ और व्यवहारपटु भगवान् श्रीकृष्ण जी के 'आत्मनात्मानमुद्धरेत्' इस वचन पर मेरा दृढ़ विश्वास है! स्वोद्धार के लिये स्वदोषशोधन की भी अत्यन्त आवश्यकता है। ये शोधन करते हुए अनेक मनोवेधक और बोधक बातें प्रतीत होती हैं। प्रथमतः डाक्टर वर्ग का निरीक्षण करना ठीक होगा। उनकी प्राथमिक वैद्यक शिक्षा पाश्चात्यों के पद्धति से याने प्रयोगिक पद्धति से होती है। और वे केवल स्वसंस्कृति के प्रेमदृष्टि से आर्यवैद्यक को देखते हैं। संस्कृत भाषा से प्रायः अनभ्यस्त हुए वे अङ्गरेजी में मातृभाषा में उपलब्ध भाषान्तर से आर्यवैद्यक पढ़ते हैं। आप जानते हैं कि भाषान्तर में मूल हृद्य भाग हमेशा उतर नहीं सकता। अत्युच्च आर्य वैद्यकीय सिद्धान्त प्रत्यक्ष प्रयोगशाला में प्रयोजनीय करने की परंपरा त्रुटित होने से वे उन सिद्धान्तों के तरफ साशंक दृष्टि से देखते हैं या बिना प्रयोग उसकी अपनी मनपसंद मीमांसा करते हैं। उदाहरणार्थ एक डाक्टर दोष धातु और मल को Anaboly, Kataboly and Metaboly ये पाश्चात्य पर्याय मानते हैं। वे ध्यान में लाते नहीं कि Anaboly और Kataboly इनकी समुच्चयवाचक metaboly ये संज्ञा है। उसी तरह मल यह दोष और धातु का समुच्चय तो नहीं है। दूसरे डाक्टर वात, पित्त और कफ को Irritation (क्षोभ) Inflammation (शोथ) और Suppuration (पूयन) ऐसे पर्याय बतलाते हैं वात, पित्त, कफ ये क्षोभ-शोथ-पूयन के समान संक्रम नहीं है यह तो स्पष्ट है। एक डाक्टर inflammation को सदाह शोथ ऐसा पर्याय सूचित करते हैं पर विचार नहीं करते कि Inflammation के जो चार प्रधान लक्षण पाश्चात्य शास्त्रों में पढ़े जाते हैं उन चार लक्षणों का समुच्चय माधवाचार्य ने एक श्लोक में ग्रथित किया है। फिर सदाह शोथ कहने की क्या आवश्यकता है? और एक वर्ग डाक्टरों का है जो वैद्य और संहिता ग्रथित आर्य सिद्धान्तों को झूठ समझकर 'आयुर्वेदीय'

चिकित्सा की प्रशंसा करते हैं। वे कहते हैं कि 'आयुर्वेदीय' औषधियों का उपयोग करने से आयुर्वेदोद्धार होगा। ऐसे और भी अनेक मत प्रचलित हैं कि जिनके प्रचार से आर्यवैद्यक को निश्चित धोका पहुँचता है।

यह धोका पहुँचने का कारण परम्परा-भ्रष्ट वैद्यों का अज्ञान या अदूरदर्शित्व भी है। क्योंकि वे नये आक्रामक परिस्थिति से विमुख रहना चाहते हैं। ज्वालाकृत गृह में अपने को एक कोठरी में बन्द करना जैसा सर्वथा घातक है उसी तरह वैद्यों का व्यवहार हो रहा है। युद्धशास्त्र का एक नित्य प्रतीत सिद्धांत है कि युद्ध की सूचना होते ही शत्रु के क्षेत्र में अपने पहिले पहुँचना चाहिये। गत सैकड़ों साल में या अनेक शतकों में भारतीयों ने इस नीति का अवलंब किया नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि हमने अपनी संस्कृति को नष्ट कर दिया। वैद्यक व्यवहार नित्य और वैयक्तिक होने से आज तक थोड़ा बहुत बचा। परन्तु अभी नव्य पद्धति का असर वैद्यों पर होने लगा है। आधुनिक वैद्य पुराण परंपरा अबाधित रखते नहीं और अधिक पिपासू होकर नव्य ज्ञान का यथा तथ्य लाभ भी उठाते नहीं। मातृभाषा के ज्ञान से आर्य वैद्यक आधा पढ़े हुए वैद्यराज बनते हैं और पुराण सिद्धान्तों की मीमांसा करने का आभास करते हुए नव्य 'अज्ञावधि' सापेक्षवाद, (Theory of relativity) परमाणुवाद (atomic theory) इत्यादि के बाबत ऐसा लिखते हैं कि न आप समझे न दूसरा समझ सके। कोई डाक्टर या अन्य आधुनिक शास्त्रविशारद (Physics Chemistry) इत्यादि शास्त्रगत सिद्धान्त विकृत स्वरूप से स्वभाषा में उतारते हैं और आधुनिक वैद्यराज उसपर भरोसा रखकर पाश्चात्य प्रायोगिक पंक्तियों के ऊपर भडते ही आक्षेप करते हैं। एक M. Sc. वैद्य लिखते हैं सब एसिड सफेद रहते हैं किन्तु मैं नहीं जानता कि यह शोध उन्हें कहा लगा। अंग्रेजी जाननेवाले एक वैद्यशार्दूल कहते हैं कि आयुर्वेदीय भस्म ऐसे अजब है कि कोई पाश्चात्य रसायनज्ञ उसका अन्वेषण (Analysis) ही नहीं कर सकता, केवल बोलते हैं कि भस्म Ash याने रक्षा है। वह वैद्यराज आधुनिक रसायनिक परीक्षण क्या है यह जानते नहीं, पाश्चात्य पंडित प्रत्यक्ष Ash याने चुल्हे से निकली हुई रक्षा का रासायनिक परीक्षण करते समय वह केवल रक्षा है ऐसा नहीं कहते। आयुर्वेदीय संज्ञा जो 'भस्म' इसका अर्थ पुराण भाषा में रक्षा समान ही है इसका विचार वैद्यराज नहीं करते। अगर चूल्हे की रक्षा भेजे तो उसमें कौन से क्षार कितने प्रमाण में हैं यह आधुनिक रसायनज्ञ बतलाता है। उसको नाना विधरसायन भस्मादि में Ash—में फरक तो अवश्य प्रतीत होता है। किन्तु हॅनिमैनी पद्धति से बनाई हुई सब औषधियाँ वह एक ही समान समझता है। इससे औषधी की श्रेष्ठता प्रस्थापित हो सकती नहीं। आधुनिक रसायनशास्त्र की नालायकी भी प्रस्थापित होती नहीं। रसायन भस्मादि में जो पारद होगा उसका स्थूल प्रमाण आधुनिक पाश्चात्य रसायनज्ञ कह सकता है। वैद्यराज तो अपनी बनायी हुई तैयार औषधी में प्रयुक्त वस्तुओं का कितना प्रमाण स्थिर रहा है यह नहीं कह सकते। पाश्चात्य-रसायन-शास्त्र की ऐसी अवहेलना करने वाले वैद्य स्वतः के भस्मशाला की केमिकल लॅबोरेटरी की जोड़ देकर 'संशोधन' करने की आकांक्षा प्रसिद्ध करते हैं। रसशाला के advertisement का वह एक नमूना होता है। वैद्य हो या तत्समान केवल आयुर्वेदाभिमानी डाक्टर हो आयुर्वेद के प्रयोगों का श्रेष्ठत्व बतलाने के लिए वे 'पाश्चात्य' वैद्य को प्रमाण समझते हैं यह कोई सोचता नहीं। इससे निकर्ष वस्तु को अजानतः श्रेष्ठ माना जाता है यह बात कोई ध्यान में लाता नहीं। 'पाश्चात्य वैद्यक' ये संज्ञा भी अति संदिग्ध है। हमारे दृष्टि से एकोपैथी

जितनी पाश्चात्य है उतनी ही होमिओपाथी पाश्चात्य है। होमिओपाथी का नाम निकालते ही कोई अति अभिमानी बोल उठता है कि होमिओपाथी क्या सब आधुनिक नव्य सिद्धान्त बीज रूप से हमारे पुराणतम आयुर्वेद में मिलते हैं? अगर एक क्षण इस अतिव्याप्त विधान को सत्य माना जाय तो मध्यकालीन 'नाडीपरीक्षा' का पता चरकादि संहिता में क्यों नहीं लगता इसका उत्तर मिलना कठिन है। कोई वैद्यराज इसको भी बड़ी सहुलात से उत्तर देते हैं कि ऐसी अनेक बातें पुराणसंहिता के संस्करण प्रतिसंस्करण काल में गुप्त हो गईं। इस अंतिम विधान का आश्रय करके वैद्य या तत्समान केवल विकारप्रेरित डॉक्टर आर्यवैद्यक के बाबत चाहे सो बोल रहे हैं।

आज वैद्यक का श्रेष्ठत्व प्रस्थापित करने के लिये एक प्रमाण का पुकार उच्च स्वर से किया जाता है। किन्तु लोक और वैद्य जानते नहीं कि वह प्रमाण स्वयं ही अपूरा और दोषपूर्ण है। इङ्गलैण्ड से पदवी लेकर हुए डाक्टर से दुरुस्त न हुए रोगी को वैद्य ने रोगमुक्त किया यह प्रमाण अत्यंत अपूरा है। आज व्यवहार में प्रत्यक्ष देखा जाता है कि इंगलैंड का पदवीधारी अगर हिंदुस्तान का पदवीधारी डॉक्टर हो, परंपरागत अधीत वैद्यराज हो, कोई स्वयम्भू आर्यांग्ल वैद्य डॉक्टर हो या कोई अशिक्षित बुढिया हो, इनमें से एक के हाथ से दुरुस्त न हुवे अनेक विध रोगी दुसरे के चिकित्सा से दुरुस्त होते हैं। किन्तु हरदम, हमखास नहीं, केवल प्रसंगवशात् होते हैं। उपर्युक्त सब व्यक्तियाँ धंदेवाले होने से वे अपने व्यवसाय में धंदे की याने पैसे कमाने की हर किस्म की चतुराई करते हैं। जब हमें विशुद्ध शास्त्र का विचार करना होगा तब इस व्यवसायिक स्पर्धाविषयक चतुराइयों को ध्यान में लेना अनुचित होगा। अधीत एलोपैथ, होमियोपाथ, हकीम, वैद्य और स्वयंभू चिकित्सक इनके ज्ञान की त्रुटियों में चाहे उतने प्रत्यक्ष अनुभविक उदाहरणों से बतला सकता हूँ।

दूसरा एक अयथार्थ शब्दप्रयोग बारंबार किया जाता है। निदान के बाबत आधुनिक एलोपाथी के विचारसरणी का अवलंब करके चिकित्सा में "आयुर्वेदीय" औषधी वापरना अत्यंत हितकारक है ऐसा आधुनिक वैद्य और तत्प्रेमी डॉक्टर कहते हैं। जरा विचार करो जगत् में ऐसी कोई औषधी है जो केवल खास आयुर्वेदीय या एलोपाथिक हो सकती है। एलोपाथी तो प्रायः हर साल हिंदी, चीनी, अरबी इन सब वैद्यकपद्धति में जो काम आती हैं वे औषधी अपने पद्धति में शामिल कर रही है। एलोपाथी ने तुलसी, अश्वगंध इत्यादि अनेक औषधियाँ 'आर्यवैद्यक' से उठायी, चिनी वैद्यक से वनस्पति लेकर खास के लिये एफेड्रीन नामक अकसीर इलाज तयार किया जो आज वैद्य भी वापरते हैं। टॉंग-कुइ वनस्पति से युमेनाल निकाला गया है जो डाक्टर लोग खीरोग में वापरते हैं, वैद्य भी वापरेंगे। क्या इस व्यवहार से एलोपाथी चिनी वैद्यक होती है। चरक सुश्रुतादि आदि धन्वन्तरी स्वरूप आर्यवैद्य कहते हैं कि 'बिनौषधि' ऐसी वस्तु ही जगत् में नहीं है, हानिमान यही कहता है। लाल मिरचा, आलु, कुनैन, चाय, संटोनिन इत्यादि वस्तुओं का पता पुराण वैद्यक संहिता में न मिलते भी वैद्य लोक उनको हर रोज काम में लाते हैं। फिर 'आयुर्वेदीय' या 'एलोपाथिक' औषधी क्या अलग अलग होती है। सत्य तो यह है कि वस्तु तो एक ही है किंतु उसका उपयोग करने में भेद होते हैं और वे भेद जिन कल्पना वा प्रत्ययों से निश्चित किये जाते हैं उन कल्पनाओं के सिद्धांतों के समुच्चयानुसार एलोपाथी, आर्यवैद्यक इत्यादि चिकित्सा पद्धतियों में भेद उत्पन्न होते हैं। उदाहरणार्थ सुंठा लीजिये। ये एक ही द्रव्य एलो-

पाथी, होमिओपाथी और आर्यवैद्यक इन तीनों पद्धति के अनुयायी काम में लाते हैं मगर हर एक का उसके बाबत का दृष्टिकोण उनके प्रत्ययानुसार भिन्न है। अगर विशुद्ध अन्तःकरण से देखे तो एक ही व्यक्ति उन सब विविध प्रत्ययों का अनुभव ले सकता है। सुंठी के गुणों का तौलनिक अन्वेषण करते हुए एक डाक्टर ने एलोपाथिक मटीरीया में वर्णित Zingiberis के गुण स्वभाषा में उतार लिये और वही आपके पुराण निघंटु में है ऐसा बतलाया। पर पुराण निघंटु में सुंठी का मुख्य गुण जो दिया है उसकी मीमांसा वे कर न सके। इसका प्रमुख कारण तो यह है कि उन्होंने इन दोनों पद्धति का स्वतंत्रतया विचार ही किया न होगा। झटपट कोई बोल उठेगा कि मनुष्य शरीर और प्रयुक्त वस्तु तो निश्चित है फिर उसके प्रत्यय में कैसे भेद देख सकते हैं। प्रश्न जितना चंचल है उतना ही उसका उत्तर निश्चित और सत्यात्मी है। उत्तर यह है कि प्रत्यय भिन्न होते हैं। आप सत्यान्वेषी हों तो स्वयं प्रत्यक्ष लेने का धीर करो।

होमिओपाथी का उपचार मैंने अभी तक बारंबार किया। बहुत ही थोड़े वैद्य और डाक्टर जानते होंगे कि होमिओपथिका स्वतंत्र और सरल हृदय से अभ्यास किया जाय तो जनता और चिकित्सकवर्ग दोनों का भी बहुत फायदा होगा। होमिओपाथी ये संज्ञा अंग्रेजी है। स्वभाषा में उसको समात्मचिकित्सा ऐसा पर्याय मैं सूचित करता हूँ। एलोपाथ जैसी आर्यवैद्यक के सिद्धान्तों की हँसी करते हैं वैसी ही वे समात्मचिकित्सापद्धति के सिद्धान्तों को हँसी करते हैं। परन्तु एक अनुभव निश्चित और बारंबार मिलता है कि जो-जो एलोपाथ पूर्वग्रह न रखता हुआ समात्म पद्धति का प्रामाणिक अभ्यास करता है तो वह उस पद्धति से मोहित होकर उसे स्वीकार करता है। विद्यमान, जगन्मान्य जर्मन संशोधक वयोवृद्ध एलोपाथ आगस्टस बायर की यही अवस्था गये दस साल में हुई, मैं अनुभव से कह सकता हूँ कि कोई ज्ञानपिपासु–धंदेबाका नहीं–यदि आर्यवैद्यक का इसी तरह प्रामाणिक अभ्यास करे तो आर्यवैद्यक का अंगीकार सदंतः और सर्वदा करेगा। आर्यवैद्यक का प्रामाणिक अभ्यास करने वाले भारतीय थोड़े हैं किंतु पाश्चात्य पंडित अधिक हैं। परंतु उपयुक्त अपेक्षित अनुभव आता नहीं। क्योंकि मूलतः आर्यवैद्यक सर्व कर्ष सर्वग्राही, सरल, सुसंगत और सुपरिणामी है तो भी वह जिनके हाथ में है वह वैद्यों का वर्ग प्रायः परंपराभ्रष्ट परप्रत्ययी पूर्वग्रहदूषित और प्रयत्नोदासीन है। यदि उनसे प्रयोगों के बाबत् बात करें तो परिणति विवाद में होती है। उनमें से कोई नव्य ज्ञानसूर्य से पराङ्मुख रहने में भूषण मानते हैं। और कोई तो नव्य आकर्षक उपकरणों से जैसे मंत्रमुग्ध होते हैं। इन अनेक कारणों से केवल ज्ञानपिपासु का समाधान होता नहीं। समात्मपद्धति का वाङ्मय विपुल है। उस पद्धति के अनुयायी अपनी पद्धति की मर्यादा स्पष्टतया बता सकते हैं और नव्य पद्धति का तौलनिक अभ्यास करते हैं। ये पद्धति केवल सौ डेढ़ सौ साल की पुरानी है।

'समानशीले व्यसनेषु सख्यम्' यह सुभाषित ध्यान में लाकर आर्यवैद्य यदि इस पद्धति का अच्छा अभ्यास करें तो आर्यवैद्यकोद्धार का मार्ग अधिक स्पष्टतया उनके नजर आयगा। उस पद्धति को पुराण परंपरा बहुत नहीं थी, समकालीन डाक्टरों ने उस पद्धति के बाबत अति कुत्सित टीका की, उसका नाश करने के लिए नाना विध कुटिल प्रयत्न किए, प्रसंगवशात् कानून (Law) का असर उनके अनुयायियों पर चलाया, उसको कभी राजाश्रय न पाने दिया इत्यादि अनेक कष्ट सहन करते ही उसका प्रमुख प्रणेता जो जर्मन पंडित हानिमान उसने अपनी वीरोदात्त वृत्ति दीर्घ प्रयत्न, प्रत्ययनिष्ठा, सत्यान्वेषण इन अनेक गुणों

की सहायता से अपनी पद्धति का स्थान संसार में स्थिर किया। यह एक ही बात आर्यवैद्यकोद्धारेच्छु को अति स्फूर्तिदायक होना चाहिये। ये पद्धति और आर्यवैद्यक के समान व्यसन या संकट इनका निर्देश ऊपर किया है। अधिक इतिहास देखने से प्रतीत होता है। कि आर्यवैद्यक इनके संकट उतने बिकट नहीं हैं। उस पद्धति के प्रयोगों का अभ्यास करते समय उस पद्धति और आर्यवैद्यक के समान शील भी प्रकट होयेंगे। प्रमुख समानशील का निर्देश ऐसा किया जा सकता है कि दोनों पद्धति में आज के अनुभूत रासायनिक (Chemical) और वैज्ञानिक (Physical) परीक्षणों का उपयोग कमती होता है। संसार की हर एक वस्तु औषधी रूप से उपयोग की जाती है। जीव मात्र प्राणी विशेषतः मनुष्य इनके ऊपर होने वाले औषधियों के परिणामों का विचार करके चिकित्सा निश्चित की जाती है। कायचिकित्सा में शारीरिक रचना का (Structural anatomy) विशेष विचार किया जाता नहीं; और रोगकारण (Cause) रोगसंक्रम Development रोगसंकर रोगांतधान (Suppression of disease) रोगोत्सर्प (Metastasis) प्रकृति (Constitation) इन अनेक बाबत में एलोपाथी से भिन्न प्रकार की कल्पनाएँ (Theories) तैयार होती हैं। इन कल्पनाओं का पाया प्रत्यक्ष प्रत्ययों से (Actual clinical Experiences) न तो जड़ रासायनिक और वैज्ञानिक प्रयोग से तैयार होता है यह ध्यान में लाना आवश्यक है। इन जैविक प्रत्यक्ष प्रत्ययों का विचार करते हुए जितने वैद्यकपंथ (Pathies devising theories from clinical experiences) प्रचलित हैं उनके रोग या प्रकृति विषयक प्रमेय इनमें बहुत साम्य है। इसी लिए होमिओपाथी यूनानी याने पुराण ग्रीक या रोमन वैद्यक, तिब्ब याने अरबी व फारसी वैद्यक और आर्य वैद्यक इनकी अनेक कल्पनाएँ और चिकित्सा भी समशील है। आधुनिका लोपाथी केवल जड़ उपकरण प्राप्त प्रत्ययों को महत्व देती है। जैविक चैतन्य का विशेष विचार करती नहीं। चीन में तार्तार और आर्य इन दोनों का मिश्रण होने से चिनी वैद्यक में दोनों का मिश्रण प्रतीत होता है। Isopathy, Homeopathy, Hydropathy, Chromopathy, Sero-therapy, Psy-cho-therapy इन सब चिकित्सापंथों का जन्मकारण अकस्मात् प्राप्त हुवे अनुभव और तदनुसार अनुभूत पुनः प्रत्यय है। Immunity, Allergy इत्यादि प्रमेय प्रत्ययविना केवल पूर्वविचारों से बने नहीं। आर्यवैद्यकविषयक दोष धात्वादिसंबंधी प्रमेय बिनाप्रत्यय न बने होंगे। इन प्रत्ययों की अनुभूति और तदनुसार विचार पुनश्च करना चाहिये। अस्तु।

केवल सूत्रतः मैंने अभी तक नाना विध दोष बताये हैं। डाक्टर विशेषतः भारतीय डाक्टर वैद्य के दोष बतायें इसका शल्य वैद्यों के मन में आज कइ साल है। मैंने ऊपर निर्देश किया इसी तरह वैद्यों के दोष बताने में वैद्यक का अपमान करने की डाक्टरों की मनीषा न थी। किंतु कुछ भी हो विचारप्रेरक आक्षेप लेकर डाक्टरों का वैद्यों से अपमान हुआ वह सहन किया। सबसे प्रथम प्रागतिकों की यही अवस्था होती है। डाक्टरों को आर्यवैद्यक कुछ समझा नहीं ऐसा अधिक्षेप करके वैद्यों ने अपना काम चलाया और वैद्यक विषयक प्रश्न अंशतः आज तक स्थगित किए। किंतु अभी तो घरभेदीही बाहर आ रहे हैं। आर्यांग्ल विद्यालयों से उत्तीर्ण होते हुए छात्रों का निकट संबंध रहने से उनका मनविश्लेषण में गये दसबारा साफ कर रहा हूँ। उससे मैं इन घरभेदीयों की अपेक्षा करता था। श्री स्वामी हरिशरणानन्द जैसे वैद्यने 'निर्दोष मीमांसा' प्रसिद्ध करके तो आर्यवैद्यक प्रेमियों को डायनामाइटही लगा दिया है।

इनका आह्वान डाक्टरों से तीव्र है। और उसकी आंच वैद्यों को डाक्टरों के आह्वान से अधिक लगी है। उस आंच से बनारस में जो पकेगा वह देखा जायगा। मैंने स्वामीजी और उनका आह्वान स्वीकार करने वाले वै. भू. दातार शास्त्री और उपेंद्रनाथदासजी इनसे थोड़ा पत्रव्यवहार किया। आशा है कि प्रसिध्यनुसार संधाय संभाषा परिषद् यशस्वी होगी।

संधाय संभाषा परिषद् की परंपरा चरकोक्त है। उसके पुनरुज्जीवन की घोषणा प्रथमतः नासिक संमेलन में हुई और तदनन्तर तत्सम कुछ अन्य प्रयत्न हुए। किन्तु अनुभव है कि संधाय संभाषा की मनीषा पूर्ण होती नहीं। अर्थात् वाद-प्रतिवाद करनेवाले भी दोषी होंगे। उन दोषों का थोड़ा निर्देश मैंने ऊपर किया है और नव्य पिपासू वैद्य और दोषों का भी आविष्करण करते हैं। आचार्य धन्वन्तरि के एक अंक में एक वैद्य ने उनका विवरण किया है। डाक्टर न लेंगे ऐसे आक्षेप वैद्यों के बाबत 'वैद्यपत्रिका में' अनेक साल पूर्व वैद्यों ने भी लिये हुए हैं। विगृह्य संभाषा होने की संभव यह है कि पक्ष और प्रतिपक्ष पूर्वग्रहदूषित होते हैं। और एक बलवत्तर कारण है। वे प्रत्ययनिष्ठ न होने से वाद केवल गूढ़ शब्दपूर्ण होता है। इस गूढ़ता का अति विस्तृत और व्यापक क्षेत्र त्रिदोष मीमांसा है नासिक संमेलन से मैं वैद्यों को बारंबार समझाता हूँ कि त्रिदोषमीमांसा यह आर्यवैद्यक प्रेमियों का शिखर है। आप उस शिखर को देखते ही वादव्याकृत न होना। उसके पाये तक खोद कर पूरा मंदिर देखो तो उसके बाबत न आपको बल्कि सब प्रेक्षकों को ठीक ठीक कल्पना आयगी। आर्यवैद्यक मंदिर का—हर एक वैद्य का—दरवाजा औषधिशास्त्र है। और उसको खोलने की कुंजी द्रव्यगुण विज्ञान है। मैंने ऊपर कहा है कि संसार में प्रायः ऐसी कोई पाथी थाने वैद्यक पंथ नहीं कि जो संसार की हर वस्तु औषधि रूप से उपयोग में लाने की आकांक्षा न करे। परिस्थिति और प्राप्त साधन-सामग्री इनके परिणाम से प्रत्ययों में भेद होता है और उन प्रत्ययों की मीमांसा करती हुई बुद्धि के अनुसार प्रेमियों में भेद होता है। यदि आपकी इच्छा हो तो इन प्रत्ययों को आप प्रत्यक्ष कर सकते हैं। और वे प्रत्यय ही उस पद्धति के पाया हैं। इस तरह इन प्रत्ययों को प्रत्यक्ष करना थाने द्रव्यों के गुणों की प्रत्यक्ष अनुभूति करना यह प्रथम पद होगा। समझो कि आपके सामने मैंने एक मूठी भर द्रव्य रखा है कि जो आपने आज तक देखा नहीं और जिसके गुण पुराण निघंटु में मिलते नहीं। उस द्रव्य को प्रयोग करके अगर कोई वैद्य तत्प्रतीत गुणों का वर्गीकरण रस वीर्य विपाक प्रभाव इस पुराण परिभाषा में करेगा तो आर्यद्रव्यगुण शास्त्र का पुनरुज्जीवन होगा। अगर Chemistry के सहायता से उसके गुणों का निश्चय करते हो तो आधुनिक रसायन Chemistry बेकाम है ऐसा नादान विधान न कीजिये। एक द्रव्य अलोपाथिक और आर्यवैद्यक पद्धति से बापरनेवाले भी एलोपाथिक आधुनिक परिभाषा और आर्य परिभाषा इनका समन्वय कर सकते नहीं। ऐसे निखिल भारत-प्रसिद्ध प्रथितयश उभय शास्त्र पदवी-विभूषित महानुभावों से मेरा परिचय है। यदि इस परिभाषा का समन्वय करने की किसी को आकांक्षा हो, उसको किसी द्रव्य के गुण प्रत्यक्ष करना होगा और उन गुणों का वर्गीकरण करते समय हर एक पद्धति की गुण-परिभाषा कैसी उत्पन्न होती है इसको समझाना होगा। केवल निघंटु के श्लोक पढ़ने से आर्यवैद्यक की सेवा न होगी।

ऐसे प्रयोग क्यों नहीं किये जाते इस बात की भी मीमांसा करना चाहिये। यद्यपि चरकादि संहिता ग्रन्थ और निघंटुओं में एकांतिक द्रव्य के गुण-दोषों का विवेचन है तो भी प्रायः व्यवहार में हर एक वैद्य अनेक द्रव्यों का समवाय या तो वह कल्प हिम फांट इत्यादि हो

या रसायन भस्मादि हो काम में लाता है ! यदि वैद्य लोग इन मिश्रणों का व्यवहार छोड़ कर एकांतिक द्रव्य आर्यवैद्यक कल्पनानुसार बापरने का निश्चय करें तो उनको आर्यवैद्यकोद्धार याने आर्यवैद्यकप्रमेय प्रतिष्ठापन करने का श्रेय मिलेगा। निष्ठावंतों को यह कार्य करना कठिन नहीं है। आर्यवैद्यक में देशकालत्वादि का विवेक करके मिश्रपाठ काम में लाने की अनुज्ञा है यह मैं जानता हूँ। किन्तु यह आक्षेप लेने वाले जानते नहीं कि मिश्रपाठ बापरने के सबब से किसी एक द्रव्य के दूरगामी परिणाम वैद्य लोग जानते नहीं। इस अदूर दृष्टि से अनेक समय अवथा चिकित्सा होती है। और वैद्यों के उस अपराध से वैद्यक की बदनामी होती है। अनुचित समय पर अनुचितरीत्या और अज्ञानतः ऐसा काम अधीत, सुख्यात वैद्यों से होता है यह मैंने देखा है। अगर आप आर्यवैद्यक का उद्धार चाहते हों तो प्रथमतः प्रयोजक और प्रत्ययनिष्ठ बनिये और विवाद प्रेमियों से दूर रहें। अवश्यमेव अति थोड़े ही अवसर में आप तत्वदर्शी बन जायेंगे।

मैंने अभी तक अनेकविध दोष बतला कर प्रयत्नशील बनने के लिए आपकी प्रार्थना की। इन प्रयत्नों का विधायक प्रक्रम किस तरह होना चाहिये यह भी बतलाने की आवश्यकता है। रोगमुत्थर्थं केवल औषधि खाने से काम होता नहीं, थोड़ा परहेज भी संभालना अवश्यमेव गुणदायक होता है, उसी तरह आयुर्वेदोद्धार के विषय में हरएक सत्संकल्पी वैद्य ने इस संकट समय पर एक परहेज चतुष्क अवश्यमेव संभालना चाहिये।

१ प्रथमतः नियम करे कि शास्त्र-सेवा समय पर वैयक्तिक झगड़ा अक्षांशतः भी न करे। जो कुछ बोलना हो शास्त्र के बाबत बोलो। व्यक्ति के नाम न लो।

२ बिना प्रयोग और बिना प्रत्यय पीठपाठकों के (Platform Preahers) समान ज्ञानक्षेत्र में धूलिप्रक्षेप न करें। वाचाटों के स्तुति से आर्यवैद्यक के प्रमेय पुष्ट न बनते हैं, न उनके गालिप्रदानों से आर्यवैद्यक दुबला होगा।

३ समय गैर समय पर उच्च और शुष्क रव से राजमान्यता की भीख न माँगे। राजाश्रय और राजमान्यता इनमें जो भेद है उसका विचार करो। जगह जगह राजाश्रय है। किन्तु वहाँ आर्यवैद्यक प्रयोगों का पुनः शोधन या प्रतिष्ठापन होता नहीं। वहाँ आर्यवैद्यक का व्यवहार एकोपाथी के—जिसकी हँसी वैद्य करना चाहते हैं—समान ही खराब है। दृढ़ विश्वास से और प्रमाणों से मैं आपसे कह सकता हूँ कि किसी अद्भुत चमत्कार से इसी क्षण स्वराज्य मिल जाय और स्वराज्य-मंडल में आपही का कोई विश्वस्त प्रधान हो तो वह आधुनिक वैद्यों को बिना संस्कार राजमान्यता नहीं देगा ऐसी हालत है। भीख माँगने से तो आजतक संसार में किसी को राजमान्यता मिली नहीं। किसी शास्त्र वा कला का अनुरागी हो उस शास्त्र व कला को राजमान्यता प्राप्त करने के लिये उसको प्रत्ययनिष्ठ और प्रयोगवादी ही बनना पड़ा है, नाना विधि कष्ट उठाने पड़े हैं। फिर वह सर बोस जैसा भारतीय हो या Sir Rogers जैसा I. M. S. Officer हो। सरस्वती अपने गुणों से मान पाती है, माँगती नहीं।

४ परहेज का और एक पाद है। आर्य वैद्यक के स्तुतिपाठ निष्क्रियरीत्या पढ़ने वालों से सावधान रहो। उन मधु जिह्वों ने आर्य वैद्यक के लिये कुछ सक्रिय कष्ट उठाये हैं या नहीं इसका अन्वेषण कीजिये। वे आर्य वैद्यक के हितशत्रु हैं। हर समय उनके स्तुतिपाठ गाने से या उनकी मधुलिप्त उक्तियों का पुनरुच्चार करने से कदाचित् किसी का वैयक्तिक फायदा होगा परंतु आर्यवैद्यक उससे पुष्ट नहीं होता।

इस परदेश चतुष्क को यदि आप संभाले तो निम्नदर्शित चिकित्सा अवश्य सुकर और सुखकर होगी। उसका चतुष्क इस तरह है—

१ समाहरण २ प्रत्ययन ३ तत्त्वशोधन ४ परंपरावर्धन।

१ समाहरण याने इकट्ठा करना। यह विधवावस्था दूर करने का एक बहुपरिणामी प्रयत्न इतिहास पठन है। इतिहास पठन के लिये हर एक जात की पुराण सामग्री ढूँढ ढूँढ के इकट्ठी करनी पड़ती है। यह शोधित सामग्री कितनी स्फूर्तिकर होती है यह आप नजकि के उत्खातावशेष से जानते हो। उसी तरह आप प्रतिज्ञा करें कि आर्यवैद्यक विषयक पुराण सामग्री प्रथमतः इकट्ठी करें। पुराण हस्तलिखित ग्रन्थ, मुखोद्गत औषधि पाठ, पुराण शल्य-चिकित्सकों के शस्त्र यंत्रादि, रसायनादि बनाने के उपकरण इत्यादि सबका अन्तर्भाव इस सामग्री में होता है। ध्यान दीजिये नतु केवल आर्य वैद्यकीय किंतु अन्य वैद्यक पद्धति के इस प्रकार के अवशेष प्राप्त हों तो उन्हें भी जमा करो। तौलनिक अभ्यास के लिए वे बहुत काम आते हैं। आपका सौभाग्य है कि आप में से बहुत लोग उर्दू या फारसी जान सकते हो। आप तिबके ग्रन्थ अच्छी तरह से पढ़ सकोगे। इस प्रकार का संग्रह करने से ही पाश्चात्य पंडित तौलनिक अभ्यास कर सकते हैं और अधिकृत आक्षेप ले सकते हैं। इस समाहरण का ही एक अन्य और सुक्ष्म प्रकार है। आर्य वैद्यक के दोनों प्रमुख संहिता में से केवल तत्त्वदर्शक भाग शब्दशः उठाकर उससे एक संक्षिप्त संहिता बनाना अत्युपयोगी होगा। उसी प्रकार अन्यान्य वैद्यकपंथों के रहस्य का यथार्थ उद्घाटन करने वाले ग्रंथ स्वभाषा में प्रसिद्ध होना आवश्यक है। स्वीय टीका या तौलनिक विचार इन ग्रन्थकारों को प्रदर्शित करना चाहिये।

२ आर्यवैद्यकोद्धारक दूसरा प्रक्रम प्रत्ययन है। इसके दो प्रमुख भाग और चार उपभाग होते हैं। काय-चिकित्सा और शल्य-चिकित्सा आर्यवैद्यक के प्रमुख भाग हैं। पंचकर्म विधि और द्रव्यगुणशोधन ये कायचिकित्सारहस्य के उपभाग हैं। और देहविसन (Dissection) और योग्या (Surgical practice) ये शल्यचिकित्सारहस्य के उपभाग हैं।

पंचकर्म यथाविधि करके चिकित्सा अति सुफलदायी हो सकती है यह बतलाना पाश्चात्यों को अति आकर्षक होगा। तथा एव रसवीर्यविपाकादि परिभाषा द्वारा द्रव्यगुणशोधन की प्रथा प्रत्यक्ष कार्यकारी होने से वैद्य की औषधिसामग्री अक्षरशः अमर्याद होगी। सॅन्टोनाइन बाहर देश से आता है इसलिये बापरना नहीं यह अर्थशास्त्रीयों का (Economists) राजकारणी मत है। विशुद्धशास्त्ररत वैद्य यह उपाधि न माने। पुराणकाल में वैद्यों ने मानी भी नहीं। उसी तरह सुश्रुताचार्य ने जो पद्धति दी है उस कथन (Maceration) पद्धति से शवविच्छेदन करके पुनःपुनः प्रत्यक्ष अनुभव लीजिये। जितना आप उससे देख सकोगे उतना सब पुरातन आचार्यों ने अति सरलतया लिख रखा है। कोथन (Maceration) यह शव-विच्छेदन की एकही अनन्य पद्धति है ऐसा मानोगे या भिन्न-भिन्न पद्धतिओं से अधिकाधिक अंगोपांगों का अन्वेषण हो सकता है यह न मानोगे तो शब्द जाल में पड़ोगे और सत्पथ से च्युत होंगे। शव-विच्छेदन के समानही योग्या का प्रत्यय लो। सुश्रुताचार्य के स्तुतिपाठक फलादियों को उपर शस्त्र चला के स्वयं देखते नहीं यह अत्यंत उद्वेगकारक है। इसका प्रचार वैद्यों में होने की आवश्यकता है।

इतना काम होने के उपरांतही आर्यवैद्यक प्रमेयों का तत्त्वशोधन सुकर होगा। तत्त्व का अर्थ केवल मौलिक प्रमेय (Basic proposition) ऐसा नहीं। जब किसी वस्तु या

व्यवहार मनोमय किया जा सकता है परंतु निश्चित शब्द द्वारा उसके लक्षणों का वर्णन हो सकता नहीं, अथवा एकदा गुण उस वस्तु वा व्यवहार बिना अन्यत्र कहीं पाया न जाय तो उस गुणसमुच्चय को तत्त्व (Thatness, peculiarity, principle) कहा जाता है। त्रिदोष की कल्पना आर्यवैद्यक का वैयक्तिक रहस्य होने से वो उसका तत्त्व है। समलक्षणी औषधि योजना यह समात्मचिकित्सापंथ (Homeopathy) का तत्त्व है। प्रायः यह तत्त्व किसी प्रत्ययों के पाये पर और मनुष्य के विचारों की सहायता से अधिष्ठित होता है तत्त्वशोधन के लिये प्रथमतः प्रत्ययों की अनुभूति पुनः पुनः प्रतीत करना आवश्यक है। हम आर्यलोक समझते हैं कि सब जगत् पंचमहाभूतों से निर्मित है। यह जो एक मनोविकार (Sentiment) माना जाय तो उसके विरुद्ध कोई बोल सकता नहीं। किंतु यदि वो नितांत चिरंतन एकमेव सत्य है ऐसा सिद्ध करना हो तो उसके लिये प्रत्यय (Experience) तत्संबंधी तर्क (Theory) और तदनुसार प्रयोग (Experiment) इनका सुसंधान बताना आवश्यक होता है। यही तर्क पश्चात् सिद्धांत (Proposition) इस नामाभिधान को पाते हैं। किसी शास्त्र के तत्वशोध को इनही चार पर्वों पर लक्ष देना पड़ता है। पुराण सिद्धांत शोधन के लिये वैद्य इस प्रायोगिक पद्धति का अवलंब करते नहीं। वे कहते हैं कि 'आप्तवाक्य'— वे सब पुराण वचनों को आप्तवचन मानते हैं—मानों। पुराण आप्तवचनों में मतांतर हो तो सब वचन प्रमाण मानने को वे तैयार होते हैं। 'आप्तों ने ही' प्रमाण परंपरा में आप्तवचन अंत में रखा है यह ध्यान में लेना चाहिये।

आजकल न्यायवैशेषकादि के सूत्र समझे बिगर आर्यवैद्यक को डाक्टर न समझेंगे ऐसा विधान प्रत्यह सुना जाता है। मैंने ऐसे अनेक वैद्य देखे हैं कि जो न्याय, सांख्य इन शब्दों को भी जानते नहीं किंतु उनका चिकित्साव्यवहार सुफलदायी होता है। दूसरे ऐसे वैद्य देखे हैं कि जो न्याय, सांख्य और वैद्यक इनके पाठ्य पुस्तकों का बहुतसा भाग शब्दशः मुखोद्गत करते हैं परंतु उसका तत्वज्ञान उन्हें होता नहीं। एक वैद्य के लेख से गुण = क्रम = अवस्था, ऐसा समीकरण निकल सकता है। वे लिखते हैं कि Attribute को स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। परंतु गुण को स्वतंत्र स्थिति है। 'एकजीवी प्राणी' ऐसा शब्द प्रयोग उन्होंने किया है। निःसंशय उसके मन में Unicelullar organism यह संज्ञा खेलती होगी जिनके मनमें ऐसा गोलमाल है वे चाहे उतना शब्दजाल लिख कर दूसरे को क्या समझा सकेंगे। इसलिये तत्व-शोधन के लिये, प्रत्यय तर्क और प्रयोग इन पूर्वतर पर्वों की निगा रखो।

४ पश्चात् उन तत्वों का परंपरावर्धन विद्यालयों से हो सकेगा। उसके लिये आर्यवैद्यक पाठशालाओं का अभ्यासक्रम इस तरह निश्चित करना होगा कि जो पदवी धर अपनी पद्धति तो अच्छी तरह समझे और अन्य पद्धतिओं का भी आलोचन करने को तैयार हो। इसी विचार से एक नव्य पाठ्यक्रम मैंने सूचित किया है जो वैद्यसंमेलन पत्रिका में छपा हुआ है। मेरी जो मनीषा है उसका वो प्रथम और निम्नतम पद है। आशा करता हूँ कि आप आर्यवैद्यकोद्धरेच्छू इसका ध्यान रखेंगे।

उस अभ्यासक्रम में यद्यपि मैंने अंग्रेजी भाषा का अंतर्भाव किया नहीं तोभी हर एक वैद्यने अंग्रेजी सीखना आवश्यक है ऐसा मेरा मत है। आप देखते हो कि वैद्यकेतर व्यवहार में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आज अधिक उपयुक्त होता है। यह परिस्थिति का परिणाम है। मुसलमानी राज्य में सबको फारसी पढ़ना पड़ता था। आज मुसलमान हो हिंदु हो सबको

अंग्रेजी की आवश्यकता है। अंग्रेजी जानने का और भी एक कारण है। आर्यवैद्यकीय ग्रंथ समझने के लिये डॉक्टरों को संस्कृत समझना आवश्यक है उसी तरह नव्य पाश्चात्य अद्यावधि वैद्यकीय प्रयोग समझने के लिये वैद्यों को अंग्रेजी समझना आवश्यक है। अगर वे अंग्रेजी न सीखे तो जिस तरह मैंने पहिले बताया उसी तरह उनको परप्रत्ययी होना पड़ता है और सम्यग्ज्ञान उन्हें होता नहीं। आज पाश्चात्य संस्कृती का संसर्ग और व्यवसायिक स्पर्धा इनका परिणाम ऐसा हुआ है कि परंपरानुयायी कहनेवाले वैद्य न समझते हुये भी उपश्रोत (Stethoscope) इत्यादि नानाविध यंत्र शस्त्र वापरते है। ब्लडप्रेशर, कान्स्टिपेशन (अवरोध) इन लक्षणों को रोग समझकर पुराण संहिता में उनको ढूँढते है। उपदेश का अत्यन्त हृद्य वर्णन पुराण संहिताओं में होते भी तत्सम नव्य वर्णन का भाषांतर करके पुराण संहिताओं को जोड़ रहे हैं। उर्ज, ओज ये पुराण शब्द छोड़ कर विटामिन इस शब्द को स्वभाषा में रूढ़ करते हैं। पुराण संहिता में फक्त यह संज्ञा होते भी (Rickets) 'मृदुस्थि यह नव्य संज्ञा रूढ़ करने के मोह में पड़ते हैं और रिकेटस. जलोदर, अर्श हृद्रोग इत्यादि रोगों की पुराण चिकित्सा तत्वतः नव्य चिकित्सा समान है ऐसा उच्च स्वर से कहते हैं। इससे भी अधिक देख कर मैं नहीं समझता कि अंग्रेजी सीखने में और नव्य पाश्चात्य चिकित्सा आर्यवैद्यकीय ही है ऐसा कहने में वैद्यों को क्यों लज्जा उत्पन्न होती है। नव्य प्राह्य उपकरण त्याज्य है ऐसा मेरा मत नहीं किन्तु नव्य उपकरण हो या नव्य कोई कल्पना हो उसको अच्छी तरह समझना चाहिये, उसके पूरी आत्मसात् करके पश्चात् काम में लाना चाहिये। अगर हम लोग यह न कर सके तो स्वपद्धति का श्रेष्ठत्व बतलाने के आभास करते हुये हम अन्य पद्धति का अंधानुकरण करके यतो भ्रष्टस्ततो भ्रष्टः ऐसी अवस्था में पड़ेंगे।

मैंने अभी तक जिस अवस्था का और वृत्ति का वर्णन किया और जिस अनिष्ट अधोगति का रास्ता दर्शित किया है वह न केवल वैद्यों के बाबत किन्तु भारतीय हकीमों के बाबत भी सत्य है। वस्तुतः आर्यवैद्यकीय प्रश्नों की चर्चा करने वाले इस संस्था के उच्च पद से इस बाबत का उल्लेख करने की कोई आवश्यकता नहीं। परन्तु पूना छोड़ने के पूर्व मेरे को एक पत्र मिला जिसमें, आर्यवैद्यक और तिब इन दोनों का एकट्ठा विचार करना और तदर्थ वैद्य और हकीम इनकी संघटित संस्था प्रस्थापित करना उचित है या नहीं, ऐसा एक जटिल प्रश्न पूछा हुआ है। यही प्रश्न का उच्चारण वारंवार होता है। परन्तु उसका निकाल भी लगता नहीं। तत्वतः ये दोनों पंथ एकट्ठे होकर एक काज करें तो कुछ हरकत नहीं। परन्तु व्यवहारतः मैं आग्रह से कहता हूँ कि इन दोनों पंथों का विचार दो अलग-अलग संस्था करे तो वह कार्य दोनों पंथों को उपकारक होगा। मैंने वारंवार कहा है और वारंवार मैं बतला सकता हूँ कि सम्यग् ज्ञान के लिये प्रथमतः हरएक बात का एकांतिक विचार करना आवश्यक है। पाठशाला के प्रथम श्रेणी में आप सब विद्वानों ने इसी तरह अभ्यास किया है। किसी दो तीन पद्धतियों का तौलनिक अभ्यास करने का अधिकार या पात्रता दुर्लभ है। इसी कारण से अनेक आर्यांग्ल विद्यालयों में अनेक साल पठन-पाठन चलते हुए भी डॉक्टर और वैद्य इनके विचारों का अथवा दोनों पद्धति के प्रेमियों का समन्वय आज तक हो नहीं सका। और एक दो पद्धतियों की जोड़ देकर गोलमाल करने में फायदा तो नहीं होगा, कदाचित हानि जरूर होगी। पाश्चात्य शास्त्रज्ञ तिब के प्रेमियों को अधिक गुण देते नहीं। शेख उल रईस ने लिखा हुआ मान्यवर ग्रंथ जो कानून इत्यादि तिब उसका सटीक भाषांतर अंशतः अंग्रेजी

भाषा में प्रसिद्ध हुआ है। अंग्रेजी जानने वाले वैद्यों ने या डाक्टरों ने जरूर उसको देखा होगा। देखते ही वे लोक उठेंगे कि बस सिद्ध और आर्यवैद्यक इसके प्रयोग पाश्चात्यों को पूरे मान्य हैं। कई साल पूर्व एक आर्यवैद्यकाभिमानी डॉक्टर ने Campbell की पुस्तक पढ़ कर ऐसा भविष्य कथन किया था कि इस पुस्तक से पाश्चात्य वैद्यक में क्रांति होकर आर्यवैद्यकीय प्रमेय सर्वमान्य होंगे। वह कथन या अपेक्षा अभी अंशांशतः भी पूरी नहीं हुई। आप सब वैद्य और हकीम सज्जनों से मेरी इतनी ही प्रार्थना है कि यदि आर्यवैद्यक के प्रेमियों की श्रेष्ठता प्रस्थापित करने की आपको ईर्षा हो तो इन क्षणिक विकारों को आप मन में स्थान न दीजिये। शुभस्य शीघ्रं इस न्याय से, पूर्वग्रह, वैयक्तिक अभिनिवेश, हठवाद, शब्दच्छल, प्रत्यवाहेलन, अंधानुकरण इत्यादि को एकदम छोड़ कर सत्यव्रत बन जाइये। यह सब उपदेश आप महानुभावों को करने की मेरी पात्रता न होगी। किन्तु आपने ही मुझे उच्च पद दिया है। और मैं केवल चरक सुश्रुतोक्त उपदेश आपके सामने पुनश्च रखता हूँ। और दृढ़ विश्वास से एक सुभाषित आपको निवेदन करता हूँ कि—

पातितोऽपि कराघातैरुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण ह्यायुर्वेदस्यास्थायिन्यो विपत्तयः॥

आप यदि प्रयत्न करें तो आयुर्वेद विपत्ति अति थोड़े काल में नष्ट होगी। त्रिदोष, त्रिधातु, महाभूत वात इत्यादि प्रश्नों के बाबत मेरे विचारों की अपेक्षा कदाचित् आप करते होंगे। उनके बाबत जो कथन करने का है वो अति विस्तृत और प्राप्त काल बहुत थोड़ा है। अगर उसके बाबत कहना शुरू करूँ तो अन्यान्य और बहुत सी बातें बीच में पैदा होती हैं। इसके सिवाय मेरा इरादा ऐसा है जिन बातों के बाबत में वाद विवाद वा पक्षोपक्ष उत्पन्न होने का संभव नहीं ऐसी नानाविध बातें हैं उनको पहिले विचारार्थ लीजिये। चरक मुनि ने स्रोतसों के बाबत और सुश्रुताचार्य ने मर्मों के बाबत स्वतंत्रतया और विस्तरशः क्यों लिखा, सुश्रुताचार्य ने 'क्रिया-काल' (Time for therapeutic interferance) का निर्देश 'व्रणप्रश्न' अध्याय में क्यों किया, रक्त यह चौथा दोष मानते हुए भी चरक या सुश्रुत इन दोनों ने उसका प्रपंच वर्णन क्यों किया नहीं। ऐसे ही चार दोष तिब्बी ग्रन्थ में कैसे मिलते हैं, उपश्रोत्र से हृदमन का जो ज्ञान होता है और हस्त मोदन से नाड़ी गति का जो ज्ञान होता है इनमें कोई फरक है या नहीं, इनमें से कौन सी पद्धति अधिक ज्ञानदायक है, 'बाहार मकाले' में नाड़ी (नब्ज) परीक्षा प्रायः व्यवहार भूलता के लिये एक अवगुंठन है ऐसा बताने वाली जो कथा है उसकी सत्यता प्रतीत होती है या नहीं, ऐसे नानाविध प्रश्न विचार-प्रवर्तक, प्रयत्नप्रसू और मनो-बोधक है। उनको पहिले खोजें। यही सुलभ सोपान परंपरा आपको बिना आयास ध्येय शिखर तक ले जायगी अस्तु।

नैमित्तिक क्षणिक, शिष्टाचारार्थ अलंकारादि द्वारा मैंने केवल आर्यवैद्यक और वैद्य इनकी प्रशंसा की नहीं। अनेक विद्वान् लोग वैसा कर रहे हैं। अप्रिय पथ्य बोलने वाला वक्ता इस काल में अति दुर्लभ नहीं किन्तु श्रोते तो दुर्लभ हैं। तो भी मेरे को आप जैसे निष्पक्षपात, सत्कार्यरत, आत्मान्वेषी श्रोते मिले यह मेरा सुभाग्य है। मेरे इस वाग्विजृंभण को आपने इतना काल अति शांत चित्त से श्रवण किया इसलिये मैं आपका अत्युपकारबद्ध हूँ। आतुण्यभाव से

मैं आपसे वचन देता हूँ कि आर्यवैद्यक का कोई सत्कार्य मेरी पात्रता अनुसार करने के लिये मैं तयार हूँ सेवक को हुकूम, मदद और आशीर्वाद दीजिये।

आपके दुर्दम्य प्रयत्नोंमें मेरा भरोसा है। थोडे ही अवसर में नि. भा. आयुर्वेद संमेलन का रजतजयंत्युत्सव नजदीक आता है, उस समय ऐसा कोई आर्यवैद्यक विषयक काम करने का प्रयत्न कीजिये कि जिससे न तु भारतीय किंतु जागतिक शास्त्रज्ञों का लक्ष्य आकर्षित हो। हर एक विषय में जगद्गुरुत्व कमाने वाले ज्ञानरवि इस भारतभूमि में पुराणकाल में अनेक हुए हैं। आशा है कि इस संकट समय में भगवान धन्वन्तरी इसी भारत भू में प्रकट होकर आर्य वैद्यक का आयुर्वेद यह सर्वंकष, सर्वव्यापी पर्याय सार्थ प्रस्थापित करें।

बंगाल प्रांत

बंगीय वैद्यसम्मेलन के सभापति, विद्यासागर, प्राणाचार्य,
महामहोपाध्याय, कविराज—

श्री० गणनाथ सेन, सरस्वती, एम०ए०, एल०एम० एस० का

अभिभाषण

माननीय सभ्यगण,

जगन्नियन्ता जगदीश्वर की असीम अनुकम्पा से आज इस बङ्गीय प्रादेशिक आयुर्वेद सम्मेलन में आयुर्वेद के अनेक भक्त एवं हितैषीगण उपस्थित हुये हैं। बङ्गाल के अनेक सर्वजन-मान्य एवं प्रसिद्ध विद्वानों ने इसमें योग दान देकर आयुर्वेद के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की है। सबकी यही इच्छा है कि आयुर्वेद का लुप्तप्राय गौरव एवं मान पुनः जागृत हो जाय। आप लोगों ने इस सभा का सभापति मुझ जैसे शोक-रोग-जरादि-ग्रस्त व्यक्ति को बनाया है, इसलिये मैं कृतज्ञ हृदय से आप लोगों को धन्यवाद देता हूँ। यद्यपि मैं बचपन से ही आयुर्वेद का सेवक होता आया हूँ तौ भी अभी मेरे काम करने की शक्ति और उत्साह दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। स्वदेश एवं विदेश में आयुर्वेद के प्रचारार्थ विशेष परिश्रम करने से मैंने यही निश्चय किया है कि जो कार्य समूचे भारतवर्ष में त्याग एवं परिश्रम से सहज ही सम्पन्न हो सकता है वह कार्य बङ्गाल में करना बहुत कठिन है। इसलिये मैं आप लोगों का सहयोग विशेष रूप से चाहता हूँ।

आयुर्वेद के कतिपय गण्यमान्य एवं मेरे सहकर्मी गणों के मर जाने के कारण मैं आन्तरिक हृदय से खेद प्रकट करता हूँ। इन लोगों में से चिर-परिचित मित्र स्वर्गीय यामिनी भूषणराय, वैद्यरत्न स्वर्गीय योगेन्द्रनाथ सेन, स्वर्गीय हेमचन्द्र सेन, स्वर्गीय श्यामादास वाचस्पति, स्वर्गीय हाराणचन्द्र चक्रवर्ती, स्वर्गीय धर्मदास कविराज, स्वर्गीय लक्षित कविसागर आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इन लोगों के मर जाने से जो क्षति हुई है वह कभी पूरी नहीं हो सकती है। उन लोगों की अनुपस्थिति में कर्तव्य के भारी बोझ को अपने कन्धों पर रखने में मुझे अकेलेपन का अनुभव हो रहा है।

आयुर्वेद अत्यन्त विशाल एवं गम्भीर शास्त्र है। इसकी उपमा केवल समुद्र ही से दी जा सकती है। पुराने जमाने में महाभारत के युद्ध के समय प्रजाओं की रक्षा आयुर्वेद की औषधि-चिकित्सा एवं शास्त्र-चिकित्सा ही से हुआ करती थी। इसके बाद जब आयुर्वेद अन्य देशों की आर्य सभ्य जातियों का शिक्षा गुरु हुआ तब इसकी ज्ञान संसार के भिन्न-भिन्न देशों में चमकी। उस समय पश्चिमस्थ फारस, अरब, मिश्रदेश, ग्रीस, रोम, ब्रह्म देश चीन प्रभृति ने भारतवर्ष को अपना गुरु बना कर अपने को धन्य समझा। आज से करीब सवादो हजार



श्रीमान् महामहोपाध्याय कविराज गणनाथसेन शर्मा सरस्वती

एम्. ए.; एल् एम्. एस्. कलकत्ता।

अध्यक्ष—नि. भा. व. ३ वैद्यसंमेलन प्रयाग (सन १९११)।

,, ११ वैद्यसंमेलन इन्दोर (सन १९२१)।

,, और २१ वैद्यसंमेलन मायसोर (सन १९३०)।

अध्यक्ष—त्रिदोषपरिषत् काशी (सन १९३५)।

प्रिन्सिपल—श्रीविश्वनाथआयुर्वेदमहाविद्यालय, कलकत्ता।

वर्ष पहले जब सिकन्दर ने भारतवर्ष पर आक्रमण किया था उस समय आयुर्वेद के चमत्कारों को देख अत्यन्त विस्मित हुआ था। उसी समय से आयुर्वेद के ही प्रभाव से ग्रीक एवं रोमन चिकित्सा एवं यूनानी और डाक्टरी चिकित्सा पद्धति का प्रादुर्भाव होने लगा। चीन देश की चिकित्सा-पद्धति आयुर्वेद की पूर्णतया ऋणी है। इन सब ऐतिहासिक बातों को इतिहास लेखकों ने भी स्वीकार किया है। यह अवश्य है कि कहीं अदूरदर्शी मनुष्य ने ग्रीक पद्धति को संसार की चिकित्सा-पद्धतियों की जननी ठहराया है। उन लोगों के पृथ्वी शब्द का अर्थ सम्भवतः थोरोप मात्र ही है।

आयुर्वेद का अर्थ और परिचय

मनुष्यों के जीवित-समय का ही नाम आयु है। कभी कम नहीं होने वाली एवं सुख-कर आयु प्राप्त करने का उपाय जिस शास्त्र में दिया हुआ है उसका नाम आयुर्वेद है। विद् धातु का अर्थ ज्ञान होता है। यहाँ ज्ञान का अर्थ आयु सम्बन्धी ज्ञान है। आयु सम्बन्धी ज्ञान-विज्ञान जिस शास्त्र से लाभ किया जासके उसका नाम आयुर्वेद है। चरक ने कहा है कि मनुष्य की आयु चार प्रकार की है (१) हित आयु (२) अहित आयु (३) सुख आयु (४) दुःख आयु। जो आयु संसार की भलाई में व्यतीत हो उस आयु का नाम हित आयु है इसका ठीक विपरीत अहित आयु है। जो आयु सुख से व्यतीत की जाय उसे सुख आयु कहते हैं। इसका ठीक विपरीत दुख आयु है। मनुष्य जिस उपाय से हित आयु और सुख प्राप्त कर सकें उसका ही उपाय आयुर्वेद शास्त्र में दिया गया है।

सुश्रुत ने कहा है आयुर्वेद दो प्रकार का होता है। वो स्वस्थ्य आदमियों की स्वास्थ्य रक्षा और रोग हो जाने पर रोग का प्रतिकार। इसी लिए आयुर्वेद शास्त्र में विस्तृत रूप से सभी प्रकार का उपाय दिया हुआ है। चिकित्सा दो प्रकार की कही गई है। औषधि-साध्य और शस्त्र-साध्य। इसी दृष्टि से आयुर्वेद दो विभागों में विभक्त किया गया है। काय-चिकित्सक सम्प्रदाय और शल्य-चिकित्सक सम्प्रदाय।

परन्तु केवल मनुष्य स्वस्थ शरीर एक दीर्घ आयु ही को लेकर सुखी नहीं हो सकता है। धर्म्म, अर्थ, समाज प्रभृति उनके विषयों से मनुष्य के सुख-दुख का सम्बन्ध है। इसी लिये ही आयुर्वेद में धर्म्मनीति, अर्थनीति, समाजनीति सम्बन्धी अनेक बातें बताई गई हैं। इसीलिए आयुर्वेद के अङ्गभूत अश्वायुर्वेद गवायुर्वेद, गजायुर्वेद, वृक्षायुर्वेद प्रभृति की सृष्टि हुई है। इन सभी विषयों में "शालिहोत्र संहिता" "पालकाप्य संहिता" प्रभृति प्राचीन ग्रन्थावली आज कल वर्तमान हैं। बहुत प्राचीन समय से ही आयुर्वेद आठ विभागों में विभक्त किया गया है।

(१) शल्यतन्त्र पर यन्त्रशस्त्रसाध्य रोगों का निर्णय और उनकी चिकित्सा (Surgery and Midwifery) (२) शालक्यतन्त्र अथवा, आंख, कान, नाक, कण्ठ, प्रभृति के रोगों का निर्णय और उनकी चिकित्सा (३) कायचिकित्सा या औषधि-साध्य शरीर-सम्बन्धी रोगों की चिकित्सा (Practice of Medicine) (४) भूत-विद्या या मानसिक रोगों की चिकित्सा। (५) कौमार भृत्य या शिशुपालन विधि और शिशु-चिकित्सा। (६) अगदतन्त्र या स्थावर और जङ्गम सभी प्रकार के विषों का परिज्ञान और उसकी चिकित्सा। (७) रसायन तन्त्र या ज्वर से पीड़ित जीर्ण शीर्ण मनुष्यों की पुनः आयु ठीक

कर देने की चिकित्सा। (८) वाजीकरण अथवा विवाहित जीवन में वीर्यक्षय को रोकने के उपाय और जिनका शुक्र क्षीण हो गया है उनकी चिकित्सा।

इनमें से अन्तिम दो चिकित्सा के अङ्गों के प्रति पाश्चात्य चिकित्सकों का ध्यान हाल ही में झुका है। मनुष्यों का पुनः यौवन कोई असम्भव बात नहीं है योरप एवं अमेरिका में थोड़े दिन हुए कि इसका आविष्कार हुआ है।

आजकल जिस प्रकार पाश्चात्य चिकित्सा के अनेक भिन्न-भिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक दिखाई पड़ते हैं उसी प्रकार प्राचीन समय में भी आयुर्वेद के अनेक विशेषज्ञ (Specialists) थे। वे लोग कायचिकित्सक (Physicians) शल्यतान्त्रिक (Surgeon) शालाकी चिकित्सक (Specialists in eye Ear, Nose, & Throat diseases), जगदतान्त्रिक या विष-चिकित्सक (Tosucologists) प्रभृति नामों से कहे जाते थे। आयुर्वेद की इन सब भिन्न-भिन्न शाखाओं की बहुत उन्नति हुई थी और कम से कम प्रायः हरेक शाखाओं की आठ या दश संहितायें (Authoritative works) बन गई थीं। इस प्रकार पचास साठ ग्रन्थों के नाम और पाठोद्धार सात आठ सौ वर्ष पहले बनाई हुई टीका पाई जाती है। यह बहुत दुःख का विषय है कि इन मूल ग्रन्थों में से अधिकांश राष्ट्र-विप्लव आदि अनेक कारणों से लुप्त हो गये हैं। चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि जितने प्रामाणिक ग्रन्थ आजकल पाये जाते हैं वे सब अधिकांश केवल प्राचीन संहिताओं का प्रति-संस्कार (Recompilation) या संग्रह मात्र ही है।

आयुर्वेद का पूर्व ऐतिहासिक मूल

वेद में आयुर्वेद

सुश्रुत ने कहा है कि आयुर्वेद अथर्ववेद की शाखा है। चरणव्यूह व्यासदेव ने आयुर्वेद को ऋग्वेद की शाखा माना है। सचमुच में आयुर्वेद की अनेक बातें अथर्ववेद में है। ऋग्वेद में आयुर्वेद की बातें बहुत कम पाई जाती है। इसलिये चरक संहिता में अथर्ववेद के प्रति भक्ति दिखाई गई है। सचमुच में वैदिक साहित्य में आयुर्वेद की इतनी बातें पाई जाती हैं कि यदि इन विषयों का संग्रह एवं आलोचना की जाय तो एक अलग पुस्तक ही बन जा सकती है। अथर्ववेद हृदय (Heart) क्लोम (Trached-bronchial tree) कफांड (Lungs) वृक्क (Kidneys), गवीनीद्वय (ureters), ष्ठाशि वा बस्ति (Bladder), अलीक या अग्न्याशय (Pancreas), यकृत् (Liver), प्लीहन् (Spleen), अन्त्र (Intenstines), अण्ड या मुष्क (Testides), वनिष्ठु (Prostrate glands), गुद (Rectum) मस्तिष्क (Brain), पेशनी या पेशी (Muscles), स्नाव या स्नायू (Sniew or Fibros Tissue) धमनी (Artery), हिरा या शिरा (Vein), नाड़ी (Nerves) आदि अनेक शब्द जो कि शरीर के शास्त्र में है इसमें पाये जाते हैं। शब्दोच्चारण की समानता में इन नामों को प्रचलित ल्याटिन भाषा के नामों का मूल कहा जा सकता है। 'प्रत्यक्ष शारीर' नामक ग्रन्थ को बनाने के समय अपने "प्रत्यक्ष शारीरक" नाम के शरीर सम्बन्धी ग्रन्थ में शारीरक संज्ञा के (शरीर सम्बन्धी नाम) निर्धारण के समय में इन वैदिक संज्ञाओं की सहायता मुझे अधिक परिमाण में प्राप्त हुई है।

इसके अलावे जिन सूक्ष्म या अदृश्य कीड़ों के बारे में जो अथर्ववेद में वर्णन किया

गया है उसकी आलोचना करने से चकित होना पड़ता है। जदरथ अथवा सूक्ष्म कीड़ों के बारे में सुश्रुतादि ग्रन्थों में उल्लेख है परन्तु अथर्ववेद में जो वर्णन है वह बहुत विस्तार के साथ है अथर्ववेद में एक जगह कहा गया है कि सूर्य की किरणें अनेक छोटे-छोटे कीड़ों को नष्ट कर सकतीं हैं। रोग के वर्णन के प्रसङ्ग में अथर्ववेद में अर्श (Piles), अपरी (Scrofula), कास, कुष्ठ; हरिमा (Jaundice), तक्मन या मलेरिया ज्वर, बकास (Asthma or Bronchitis), विसल्प (विसर्प या Erysepalus), सिकता (Calculi) विद्रधि (Deep internal suppuration), राजयक्ष्मा या जायान्य (Pthisis) आदि रोगों का बहुत उल्लेख है। उसमें जो अत्यन्त प्राचीन काल में मलेरिया ज्वर हुआ करता था वह विशेष ध्यान करने योग्य है।

औषधियों के बारे में वैदिक संहिता में बहुत वर्णन पाया जाता है। अपामार्ग, आमलकी, अश्वगन्धा, अरुन्धती (लाक्षा) करञ्ज, कुमुद, कुष्ठ, खदिर, गुग्गुल, पाठा, चप् प्रभृति औषधियों के नाम उल्लेखनीय हैं। इन सब विषयों की आलोचना करना यहाँ असम्भव है क्योंकि इससे लेख बहुत बढ़ जायगा। शल्यचिकित्सा की सफलता के विषय में वैदिक साहित्य में अनेक दृष्टान्त पाये जाते हैं। उनमें से एक दृष्टान्त यह है:—

'सद्योजंघामायसीं विशपलाये धनेहिते सर्तवे प्रत्यधत्तम्'

अर्थात् विशपला की जंघा टूट जाने पर दोनों अश्विनी कुमारों ने स्वच्छन्द घूमने के लिये उसे लोहे की जंघा दी।

आयुर्वेद का दैव और आर्षकाल

आयुर्वेद के जन्म के विषय में चरक-सुश्रुतादि ग्रन्थों में इस प्रकार उल्लिखित है। जगत् की सृष्टि करने वाले ब्रह्मा के मन में यह शास्त्र पहले पहल प्रारम्भ हुआ था। उन्होंने दक्ष-प्रजापति को इसका उपदेश दिया, दक्षप्रजापति से स्वर्ग के वैद्य दोनों अश्विनी-कुमारों ने सीखा। दोनों अश्विनी-कुमारों से देवताओं के राजा इन्द्र ने इस विद्या को सीखा और सीख कर आयुर्वेद के आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हो गये। वे हिमालय के उस पार (तिब्बत ?) रहा करते थे। मर्तलोक के रोग और दुःख को देख कर ऋषिगण कातर हो गये और महर्षि भारद्वाज को इस विद्या को लाने के लिये भेजा। महर्षि भारद्वाज ने विद्या सीख लिया और मर्त्यलोक में लौट आये। वहाँ आकर ऋषिगणों को आयुर्वेद का उपदेश दिया। पुनर्वसु, आत्रेय प्रभृति ऋषियों ने विशेष रूप से आयुर्वेद का प्रचार किया। पुनर्वसु और आत्रेय के शिष्य अग्निवेश, भेल, जतुकर्ण, पराशर, हारीत क्षारपाणी प्रभृति अनेक ऋषी थे। इन लोगों ने अपनी-अपनी एक अलग संहिता रच डाली। इन लोगों की आत्रेय सम्प्रदाय अथवा काय चिकित्सा सम्प्रदाय (School of physicians) के नाम से प्रसिद्ध थी। इसी समय में काशी के राजा दिवदास धन्वन्तरी ने एक अलग सम्प्रदाय स्थापित किया। इसकी प्रसिद्धि 'धन्वन्तरी सम्प्रदाय' के नाम से थी। यह कहा गया है काशी के राजा दिवदास समुद्र से पैदा हुए धन्वन्तरी नारायण के अवतार थे। इनके शिष्य सुश्रुत, भोज, उपधेनव, उरभ्र, पुष्कलावत, वैतरन, गोपुर-रक्षित आदि ऋषिगण थे। इन लोगों ने अपने-अपने नाम की शल्यतन्त्र की संहिताओं को बनाया था। आजकल की सुश्रुत संहिता उसी सम्प्रदाय का प्रधान ग्रन्थ है परन्तु इस संहिता में उस प्रधान संहिता का केवल संक्षिप्त सार मात्र है।

इसी धन्वन्तरी सम्प्रदाय को 'शल्यतान्त्रिक सम्प्रदाय' कहा गया है। आजकल जो प्राचीन ग्रन्थ एवं टीका पाई जाती है उससे यह स्पष्ट साबित होता है कि आठ सौ वर्ष पहले प्राचीन समय के लिखे हुए ग्रन्थ पाये जाते थे। समूचे भारतवर्ष में एवं यूरोप भर में उन ग्रन्थों के खोजने की चेष्टा करने पर आज भी आयुर्वेद के अनेक ग्रन्थ मिल सकते हैं। जिस प्रकार कि तञ्जोर के पुस्तकालय में भेल संहिता नाम का एक ग्रन्थ पाया गया है। यह ग्रन्थ कलकत्ता विश्वविद्यालय के सर आशुतोष मुखोपाध्याय के बल से प्रकाशित हुआ है। हाल ही में 'वृद्ध जीवन तन्त्र' अथवा कश्यप संहिता नाम का एक प्राचीन ग्रन्थ, बम्बई के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं अनेक आयुर्वेदीय ग्रन्थों के सम्पादक पण्डित श्रीयुक्त यादवजी त्रिकमजी आचार्य महाशय की चेष्टा से नेपाल से लाया गया है और इन्हीं की सम्पादकता में प्रकाशित होता है।

आयुर्वेद में सिद्धयुग अथवा रसवैद्य सम्प्रदाय

रस समय तक मैंने आयुर्वेद के दैवकाल और आर्षकाल के बारे में संक्षेप समय में आलोचना की (विस्तृत प्रकार से मैंने इसकी आलोचना अपने संस्कृत ग्रन्थ और प्रबन्धावली में की है) परन्तु इस प्रसङ्ग में आयुर्वेद के बारे में एक और युग की बात कहना आवश्यक है इस युग के प्रवर्त्तक रसवैद्य अथवा 'सिद्ध सम्प्रदाय'। इन लोगों ने दो हजार वर्ष पहले पारा आदि धातुओं से औषधि करने की प्रथा निकाली। इसके पहले भी लोहा, शिलाजीत आदि कई धातुओं की औषधियाँ काम में लाई जाती थीं परन्तु पारा आदि धातुओं का व्यवहार खाने में नहीं किया जाता था। इन्हीं रसवैद्यों ने पारा आदि के सर्व-रोग-नाशिनी शक्ति का आविष्कार किया था। यह कहा जाता है कि इन लोगों ने ही पारा आदि धातुओं के एवं तांबा वगैरह धातुओं के संयोग से सोना और रूपा बनाने की प्रथा निकाली थी। इस सम्प्रदाय की उन्नति एक दिन इतनी हुई थी की चारों वर्गों की फल प्राप्ति केवल पारा से होती थी इस प्रकार का दार्शनिक मत रसेश्वरदर्शन के नाम से प्रसिद्ध है। माधवाचार्य ने सर्व्व-दर्शन संग्रह नामक ग्रन्थ में रसेश्वर दर्शन के बारे में लिखा है। आजकल वर्त्तमान आयुर्वेद-प्रणाली पर इस रसवैद्य सम्प्रदाय की इतनी श्रेष्ठता बढ़ गई है कि आजकल आयुर्वेद को और प्राचीन ऋषियुग का नहीं कहा जा सकता है। दक्षिण भारतवर्ष के किसी किसी प्रदेश में और सिन्धू देश को छोड़ कर प्रायः सभी प्रदेशों में आर्ष चिकित्सा और रस चिकित्सा ने मिलकर एक दूसरा ही रूप धारण कर लिया है। यह कहा गया है कि इस सम्प्रदाय के मत आदिदेव महादेव द्वारा कहे गये हैं और आदिनाथ, चन्द्रसेन, निःयानन्द, गोरखनाथ, कपालि, भालुकि, माण्डव्य प्रभृति ऋषियों के योग-साधन द्वारा स्थापित हुआ है।

दक्षिण भारत में आयुर्वेद

लोग यह कहते हैं कि दक्षिण में आयुर्वेद के प्रचारक अगस्त्यमुनि थे। परन्तु आयुर्वेद के साथ ही साथ 'सिद्ध सम्प्रदाय' अथवा रसवैद्य के मत भी तामील भाषा में वहाँ प्रचारित हुये थे। इसी लिये ही दक्षिण भारतवर्ष में यह सिद्धमत आयुर्वेद के प्रतिद्वन्दी रूप में अभी तक है। इस सिद्ध सम्प्रदाय के पुलस्त्य, प्यूहमणि, पुलिप्पाणि, भोगन, तेरण्यर, वैकरिमुनु, तिरूरान्, कुरू, जेविमुनु, मङ्गराज अभिनवचन्द्र प्रभृति तीस चालीस आचार्य्यों के ग्रन्थ आजकल भी तामील भाषा में वर्त्तमान हैं। दक्षिणदेश वसवराज, विज्ञानेश्वर, पूज्यपाद,

मल्लराज, मन्थानभैरव, त्रिमल्लभट्ट, श्रीकण्ठ, नागनाथ, वल्लभेन्द्र नल्लराज आदि आचार्यों के बनाये हुये संस्कृत ग्रन्थ भी वर्त्तमान हैं। उनमें से वसवराज प्रभृति के दो एक ग्रन्थ देवनागरी अक्षरों में भी प्रकाशित हुए हैं। अन्य ग्रन्थ बङ्गाल में एक दम अपरिचित है।

मालाबार के किनारे कोचीन त्रिवाङ्कोर प्रदेश में विषचिकित्सा के अनेक नये ग्रन्थ संस्कृत और केरल मिश्रित अथवा विशुद्ध संस्कृत और केरल भाषा में पाये जाते हैं। उनमें लक्षणामृत, उड्डीश डम्पल, हरमेखला, नारायणीय, कालवज्र, कालवञ्जन, ज्योत्स्निका और प्रयोग-समुच्चय प्रभृति प्रसिद्ध हैं। इस प्रसङ्ग में सिंघलद्वीप में प्रसिद्ध मन्थान भैरव कृत आनन्दकन्द, मयूरपाद कृत योग रत्नाकर, सारार्थ-संग्रह, भेषज-मञ्जूषा, सारस्वतं निघण्टु प्रभृति ग्रन्थावलियाँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

प्राचीन आयुर्वेद के ज्ञानोन्नति का परिचय

अब तक मैंने आयुर्वेद की ऐतिहासिक बातों को बहुत संक्षेप में कहा है। उस समय के आयुर्वेद की शाखाएँ और प्रतिशाखाओं ने कितनी उन्नति की थीं इसका बिना कुछ परिचय दिये यह प्रसङ्ग अपूर्ण रह जायगा इसलिये मैं संक्षेप में इसके बारे में कहता हूँ।

प्राचीन समय में यह नियम था कि बिना शरीर-विद्या सीखे लोग चिकित्सा नहीं कर सकते थे। इस शरीर विद्या को केवल शल्यतान्त्रिक सीख सकते थे ऐसा नहीं था, काय-चिकित्सकों को भी यह विद्या सीखनी आवश्यक थी। इसलिये चरक ने कहा है—

"शरीरं सर्वथा सर्वं सर्वदा वेद यो भिषक्।
आयुर्वेदं स कार्त्स्न्येन वेदलोकसुखप्रदम् ॥"

अर्थात् जो मनुष्य हर तरह सभी शरीर-विद्या में निपुण है और जिसे शरीर-विद्या सदा स्पष्ट रहती है उसे ही आयुर्वेद शास्त्र का पूर्ण ज्ञान है। सुश्रुत ने भी स्पष्ट भाषा में कहा है—

"शरीरे चैव शास्त्रे च दृष्टार्थः स्याद् विशारदः।
दृष्टश्रुताभ्यां सन्देहमवायोह्याचरेत् क्रियाः ॥"

अर्थात् शरीर और शास्त्र दोनों को मिला कर देखने से निपुणता होती है। इस उपाय से निसन्देह पढ़ कर चिकित्सा करनी चाहिये।

शव की परीक्षा के विषय में सुश्रुत ने स्पष्ट भाषा में कहा है—

"शोधयित्वा मृतं सम्यक् द्रष्टव्योऽङ्गविनिश्चयः।"

अर्थात् मुर्दे के शरीर को अच्छी तरह शुद्ध करके शरीर सम्बन्धी समस्त विषयों का प्रत्यक्ष दर्शन करना चाहिये।

केवल यह चरक सुश्रुत ही में नहीं लिखा है परन्तु वेद वेदाङ्गों शास्त्र समूह, पुराण धर्मशास्त्र में भी शारीर विद्या के बारे में संक्षेप रूप से कहा गया है। इससे समझा जाता है कि उस समय शरीर-शिक्षा साधारण पण्डितों के लिये भी अवश्य सीखने योग्य थी। शरीर-विद्या के अनेक ग्रन्थ आजकल लुप्त हो गये हैं। किन्तु उस समय भारतवर्ष के बाहर शरीर-शिक्षा किस प्रकार की थी इसकी तुलना कीजिये। Dr. Puschmaun ने अपनी किताब History of Medical Education में मध्य युग में शरीर-शिक्षा की अवस्था का इस प्रकार वर्णन किया है। "Dissection of the human subject was in the first centuries of the middle ages opposed by religious and political ordinances

and also by social prejudice" अर्थात् मध्ययुग में योरोप के धर्मयाजकगण राजपुरुष एवं सामाजिक मनुष्य सभी मुर्दे के चीरने के कट्टर विरोधी थे।

प्राचीन समय में शारीर-विज्ञान की कितनी उन्नति हुई थी उसका दृष्टान्त आप लोगों को देता हूँ। रक्त की गति के बारे में चरक में सुस्पष्ट शब्दों में लिखा है कि हृदय से धमनियों में से हो कर बहने वाला रक्त सभी शरीर में बह कर लौट कर फिर हृदय ही में चला आता है। एवं गर्भस्थित शिशु का रक्त लौट कर माता ही के हृदय में आता है और वहाँ से होकर फिर गर्भस्थित शिशु के हृदय में लौट कर चला आता है। किन्तु यह अत्यन्त आश्चर्य की बात है. अन्त में करीब दो हजार वर्ष पहले जिस सत्य को प्राचीन समय के लोगों ने सिद्ध किया था इङ्गलैण्ड में Sir William ने उसी का अठारहवीं शताब्दी में आविष्कार किया है। उस समय की चिकित्सा-मण्डली ने इस तथ्य को निरर्थक कह कर अलग कर दिया।

आयुर्वेद के त्रिदोषतत्व अर्थात् वायु, पित्त, कफ आदि के सर्वव्यापिता का आविष्कार भी प्राचीन समय की ज्ञानोन्नति का एक श्रेष्ठ दृष्टान्त है। यही सिद्धान्त ग्रीस देश में जाकर बहुत विकृत होकर Humoural Theory के रूप में परिणत हो गया है। यद्यपि यह Humoural Theory हँसी उड़ाई जाने लायक है पर मैंने इसके मूल सिद्धान्त पर जो आयुर्वेद में है और सत्य विज्ञान-सम्मत है उसको मैंने अपनी किताब "सिद्धान्त निदान" में साबित किया है। इसकी विस्तृत आलोचना करना यहाँ असम्भव है। परन्तु यह दृढ़ता के साथ कह सकता हूँ कि वर्तमान Endocrinology आयुर्वेद के त्रिदोष-विज्ञान का अनुकरण कर रहा है। प्राचीन-काल के षट्चक्र विज्ञान और पञ्चविध वायु का वर्णन भी जो कि शारीर विज्ञान का मूल है उसे मैंने अपनी संस्कृत की किताब 'प्रत्यक्ष-शारीर' के तीसरे भाग में दिखाने की चेष्टा की है। यह त्रिदोषतत्व वैद्यों को रोग जानने में और उनकी चिकित्सा करने में कितनी सहायता करता है इस बात को चिकित्सक लोग ही अच्छी तरह जानते हैं।

द्रव्यों के गुण और तत्व के सम्बन्ध जो आयुर्वेद में दिये गये हैं उससे डाक्टर लोग अत्यन्त अपरिचित हैं। आजकल जिस तत्व का पता बन्दर, बिल्ली, कुत्तों के ऊपर परीक्षा करके लगाया जाता है उससे कहीं ज्यादा तत्व ज्ञान का पता आयुर्वेद के रस, वीर्य, विपाक और प्रभाव के निर्णय द्वारा लगाया जाना सम्भव है। द्रव्य के रस और स्वाद, शरीर के ऊपर उष्णता या ठंढ करने की शक्ति अथवा वीर्य, शरीर के अन्दर द्रव्य के रसों का होने वाला परिणाम या विपाक और रोग नष्ट करने के उपायों का ज्ञान प्राचीन समय के आचार्यगणों का बहुत बढ़ा-बढ़ा एवं पूर्ण था। आयुर्वेद में जो द्रव्यों के रस की परिभाषा दी हुई है उसको समझने से सहज ही में द्रव्यों के गुण का श्रेष्ठ ज्ञान लाभ किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मनुष्य के शरीर पर उसकी परीक्षा करके ही द्रव्य के गुणों का विज्ञान बनाया गया है। उस समय वैद्यों को पहले अपने उपर पीछे रोगियों के उपर द्रव्यों के गुणों की परीक्षा करनी पड़ती थी। इसी कारण से ही द्रव्य के गुणों का विज्ञान अभी तक भी वैद्यगणों के चिकित्सा में इतनी सहायता पहुँचाता है।

रस शास्त्र के विज्ञान में आयुर्वेद के रसतन्त्र ने कितनी उन्नति प्राप्ति की है उसको विज्ञानाचार्य सर प्रफुल्लचन्द्र राय ने अपनी History of Hindu Chemistry नामक ग्रन्थ में प्रमाणित किया है। नयी बात यही कही जा सकती है कि पारा के संग यदि गन्धक मिला दिया जाय तो उसकी कार्यशक्ति सहज ही में बढ़ जाती है और बिना किसी भय के

इसका व्यवहार किया जा सकता है। इस तत्व को रसवैद्य सम्प्रदाय ही ने आविष्कृत किया है। यह तत्व आजकल पश्चिमी चिकित्सकों को नहीं मालूम है। परन्तु एक साधारण भी वैद्य बिना किसी भय के रस-गन्धक के मिलावट से बनी हुई पर्पटी, कज्जली, रस-सिन्दूर मकरध्वज प्रभृति का व्यवहार कर सकता है। मीठा विष, कुचिला, हड़ताल, रसमाणिक्य, प्रभृति विषाक्त औषधियों का भी व्यवहार वैद्यों से बहुत अच्छी तरह जाना हुआ है। विषाक्त औषधियों आदि को शुद्ध करने या निर्दोष करने की रीति भी रसचिकित्सा की थाती ही है। डाक्टरों में से अनेक डाक्टर मकरध्वज का प्रयोग करते हैं परन्तु वे दरअसल उसके गुण-दोष को प्रायः नहीं जानते हैं। यह कहना कोई अत्युक्ति नहीं है। सोना, रूपा, तांबा, लोहा, रांगा, सीसा, जस्ता आदि धातुओं को थोड़ा अथवा एकदम महीन भस्म करने का कौशल और सभी भस्मों का सफल व्यवहार आयुर्वेद के चिकित्सकों का प्रधान अवलम्ब है। डाक्टरी में कितने धातुओं के व्यवहार पेटेन्ट वालों के इच्छाधीन और हस्तगत हैं। प्रायः डाक्टर बिना समझे बूझे इन धातुओं से बनाई हुई औषधों का व्यवहार करते हैं। घी, तेल, आसव अरिष्ट प्रभृति अनेक औषधों का गुणधान और उनके द्वारा सफलता पूर्वक चिकित्सा करना चरक सुश्रुत आदि ग्रन्थों से अथवा इसके पहले ही से चलता आया है। द्रव्यों की रोग निवारिणी शक्ति जो कि कुत्तों और बिल्लियों पर परीक्षा करके भी नहीं मालूम की जा सकी उनके लिये जो सूक्ष्मतर ज्ञान-विज्ञान की जरूरत है उनको प्राचीन समय के आचार्य्य गण ने अच्छी तरह समझा था। आयुर्वेद की चिकित्सा का मूलसूत्र और विशेषता यह है।

"या तूदीर्णं शमयति नान्यव्याधिं करोति च।
सा क्रिया न तु या व्याधिं हरत्यन्यमुदीरयेत्॥"

अर्थात् 'जो चिकित्सा एक व्याधि को अचल करे और दूसरी व्याधि को उत्पन्न करे वह ठीक चिकित्सा नहीं है। वही चिकित्सा ठीक कही जाती है जो कि एक व्याधि को ठीक करे और अन्य व्याधि को न होने दे। डाक्टर लोग मुझे क्षमा करें। उनकी सूक्ष्म बुद्धि में यह कभी आया है कि वे नाना प्रकार के विषों और (Vaccine Injection) आदि का प्रयोग करके कितने नये रोग व्याधियों को उत्पन्न करते हैं? इसका कभी उन्होंने विचार किया है?

शल्यतन्त्र या (Sergery) में आयुर्वेद की महत्ता कम नहीं थी। हाथ और पैर का चीरना, पेट को चीर कर आमाशय, पक्वाशय गर्भाशय आदि पर शस्त्र-चिकित्सा करना, वस्ति चीरकर अश्मरी निकालना आदि उच्च प्रकार की शस्त्र-चिकित्सा की व्यवस्था आजकल सुश्रुतादि ग्रन्थों में पायी जाती है। व्यवहार में लाये जाने वाले यन्त्रों का जो श्रेणी विभाग किया गया है वह बहुत सुन्दर है। यन्त्रों के सम्बन्ध में स्वास्तिक, सन्दंश, तालयन्त्र, नाडी-यन्त्र, शस्त्रकायन्त्र उपयन्त्र आदि ऐसे भाग आयुर्वेद ही का किया हुआ है। आजकल जो यन्त्र डाक्टरी के कामों में लाये जाते हैं वे प्रायः अच्छी तरह सुश्रुत, वाग्भट आदि ग्रन्थों में वर्णित है। इस प्रकार की परीक्षा का मैंने स्वयं बहुत दिनों से जाँच कर पता लगाया है। यह कम आश्चर्य की बात नहीं है कि अस्थिभङ्ग, सन्धि-विच्युति आदि चिकित्सा आयुर्वेद में जैसी है वैसीही डाक्टरी के सर्जरी में है जो कि अत्यन्त नवीन मत कहा जाता है।

प्राचीन काल में युद्ध में वैद्य भी जाया करते थे और वहाँ इन लोगों का तम्बू ताना जाता था। ये लोग शत्रु से दूषित की गई हुई वायु को किस प्रकार शुद्ध करते थे इसका

भी वर्णन सुश्रुतादि में दिया गया है। डाक्टरी में इस विषय की चर्चा प्रायः कुछ है।

अगदतन्त्र अथवा विष-चिकित्सा में भी आयुर्वेद का कोई कम ज्ञान नहीं था। सुश्रुत के कल्पस्थान की आलोचना करने से यह पाया जाता है कि सर्प-विष, अलर्कविष, क्षिप्तजानविष (Rabies) आदि की चिकित्सा, चूहे, बिच्छू आदि अनेक प्रकार के विषाक्त जन्तुओं का वर्णन और उनके विषों की चिकित्सा का सीखना वैद्यों के लिए अनिवार्य था। पहले की शाखा (Entomology) और विषाक्त जीव जन्तुओं का श्रेणी-विभाग आदि आयुर्वेद का एक प्रधान अङ्ग था। उसके कुछ अंश भाव भी सुश्रुत में मौजूद हैं।

इसी सिलसिले में प्राचीन काल के रोग परीक्षा विधि के बारे कई बातें कहना चाहता हूँ। आजकल जिस प्रकार डाक्टर लोग चार प्रकार के इन्द्रिय जिनका कामदर्शन, श्रवन, सूंघना और छूना है रोग परीक्षा करते हैं इसी प्रकार पुराने समय में भी रोग-निर्णय किया जाता था। चरक ने इन चार इन्द्रियों के व्यवहार ही के बारे में कहा है। सुश्रुत तो और आगे तक बढ़ जाते हैं। उनके लिये जिह्वा का व्यवहार भी निषिद्ध नहीं था। केवल नाड़ी देख कर रोग को मालूम करने का तरीका केवल सुश्रुतादि ग्रन्थों के आचार्यगणों को ही मालूम नहीं था बल्कि दूसरे युग के वागभट्ट आदि के ग्रन्थों में भी नाड़ी द्वारा रोग को जानने का तरीका दिया हुआ है। सचमुच में दूसरे युग की शरीर चर्चा के लोप हो जाने के कारण और "अंगुठे धमनी" के सहित हृदय के यन्त्रों का सम्बन्ध तक भूल जाने से ही कविराजों ने यह नाड़ी-ज्ञान की प्रथा निकाली है। काण्ड-ज्ञान रहने से नाड़ी देखकर अनेक बातें कही जा सकती हैं। यह सत्य है परन्तु नाड़ी देखकर कविराज सभी बातों को कह सकते हैं। इस प्रकार का कौशल अच्छे वैद्य कदापि नहीं करते हैं। यदि ऐसा सम्भव होता तब आयुर्वेद के चरक सुश्रुतादि ग्रन्थों में चार अथवा पांच प्रकार के ज्ञानेन्द्रियों वा और प्रश्न की सहायता से रोग का अच्छी तरह विधि देखा जाता। पहले समय के शार्ङ्गधर संहिता भाव प्रकाश आदि ग्रन्थों में नाड़ी विज्ञान की बातें रहने पर भी उक्त ग्रन्थकारों द्वारा सभी रोग निर्णय किया जाता है। ऐसी बात कहीं नहीं पाई जाती हैं।

कुष्ठ, ज्वर, यक्ष्मा, आँख का उठ जाना आदि कितने संक्रामक रोगों के सम्बन्ध में भी प्राचीन काल के आयुर्वेद में स्पष्ट रूप से कहा है। नहीं दिखाई देने वाले जीवाणु या क्रिमी जो कि कुष्ठ आदि रोगों के कारण हैं यह भी प्राचीन समय के लोगों को अज्ञात नहीं थे। यह अवश्य है कि इसके बारे में आजकल जितना विकास हुआ है उतना पहले नहीं था। परन्तु सुश्रुत के "रक्त-वाहिसिरास्थाना रजसा जन्तवोऽणवः षट् ते कुष्ठैककर्माणः।" और "केशादाद्या अदृश्यास्ते" आदि क्रिमि के उल्लेख अत्यन्त आश्चर्य जनक हैं। विशेष रूप से उस समय अणुविक्षण यन्त्र (Microscope) का आविष्कार नहीं हुआ था।

प्राचीन कला की शिक्षण प्रणाली और राजानुमोदन ग्रहण।

प्राचीन समय में शिष्यों को गुरु के घर में रह कर चिकित्सा करना सीखना पड़ता था। शिष्य के उपनय विधि के अनुसार कठोर नियमों से शिष्यों को चुन कर ग्रहण नहीं किया जाता था। छात्र और गुरु को अग्नि की साक्षी देकर कितनी प्रतिज्ञायें करनी पड़ती थीं। इसके बाद कठिन ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करते हुए छात्रों को गुरु की छाया के समान और नौकर के समान रह कर सीखना पड़ता था और बहुत वर्षों तक गुरु की सेवा करके

गुरु से शिक्षा सीखनी पड़ती थी। गुरु भी छात्रों को अपने पुत्र के समान समझा करते थे और अन्तःकरण से उनको शिक्षा दिया करते थे। छात्रों को गुरु के कथनानुसार मुर्दे को चीर कर शरीर परिचय करना पड़ता था। शल्यतन्त्र की शिक्षा के लिये छात्रों को सबसे चमड़ा, मरे हुए पशु आदि के ऊपर Practical training लेनी पड़ती थी।

इस सम्बन्ध में सुश्रुत में एक विस्तृत वर्णन पाया जाता है। इसके बाद छात्रों को द्रव्य-परिचय, दवाई बनाना, रोगियों की परीक्षा और चिकित्सा-पद्धति की शिक्षा दी जाती थी। अन्तिम बात यह कि कोई भी बिना सात वर्ष तक शिक्षा पाये चिकित्सा करने नहीं पाता था। केवल काव्य और व्याकरण पढ़ कोई भी चिकित्सा करने नहीं पाता था। ऐसा यदि करे भी तो उसकी निन्दा बहुत होती थी। सुश्रुत ने कहा है—

"यस्तु केवल शास्त्रज्ञः कर्मस्वपरिनिष्ठितः।
स मुह्यत्यातुरं प्राप्य प्राप्य भीरुरिवाहवम्॥
यस्तु कर्मसु निष्णातो धाष्ट्यार्च्छास्त्र बहिष्कृतः।
स सत्सु पूजां नाप्नोति बधं चार्हति राजतः॥
उभावेतावनिपुणावसमर्थौ स्वकर्मणि।
अर्द्धवेद धरावेतावेक पक्षाविव द्विजौ॥
स्नेहादिष्वनभिज्ञा ये छेद्यादिषु च कर्मसु।
ते निहन्ति जनं लोभात् कुवैद्या नृपदोषतः॥"
"यस्तूभयज्ञो मतिमान् स समर्थोऽर्थसाधने।
आहवे कर्म निर्वोढुं द्विचक्रः स्यन्दनो यथा॥"

—सुश्रुत, सूत्र, ३ अ०

इसका भावार्थ इस प्रकार है जो व्यक्ति केवल शास्त्र जानता है एवं उसका अभ्यास नहीं किया है (Practical training) और काम में चतुर नहीं है वह रोगी के पास जाकर उसी प्रकार किंकर्तव्य-विमूढ़ हो जाता है जिस प्रकार कायर युद्ध में जाकर होता है। जो कि काम में चालाक है परन्तु शास्त्रज्ञान से रहित है और वे बल साहस वश होकर चिकित्सा करते हैं वे राजा द्वारा प्राण-दण्ड दिये जाने के योग्य हैं। इन दो प्रकार के ही वैद्य जो अनिपुण और चिकित्सा के कार्य में अज्ञान ही हैं वे अपने कार्य को उसी प्रकार नहीं कर सकते हैं जिस प्रकार एक पांख वाला पक्षी काम नहीं कर सकता है। जो सब वैद्य जिनसे स्नेह स्वेद बस्ति प्राहतिवार ज्ञान नहीं और यन्त्र शस्त्र के कामों से अनविज्ञ हैं वे लोग राजा के ही दोष से मनुष्यों के प्राण लेते हैं। जो वैद्य दोनों को जानते हैं। वे लोग उसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करते हैं जिस प्रकार दो चक्के का पहिया।

उपर लिखी गयी रीति से शास्त्राभ्यास और कार्य्याभ्यास करके और राजा से अनुमति लेकर वैद्य लोग कार्य में अग्रसर होते थे। सुश्रुत ने कहा है:—"अधिगततन्त्रेणोपासिततन्त्रार्थेन दृष्टकर्मणा कृतयोगान शास्त्रं निगदता राज्ञानुज्ञातेन बन्धुभूतेन भूतानां सुसहायवता वैद्येन विशिरवानु प्रवेष्टव्या।" इस जगह राजाज्ञा की बात विशेषतः देखना चाहिये। बिना राजा की आज्ञा पाये कोई भी उस समय चिकित्सा नहीं करने पाता था।

इसी कारण कहा गया है कि "कुवैद्यानृपदोषतः।" कुवैद्यगण जो मनुष्यों को मारते हैं वे सब राजा का ही दोष है। आचार्य चक्रपाणि ने कहा है—

"निष्पन्नेन वैद्येन प्रजापालके राज्ञि आत्मा गुणतो दर्शनीयः, ततो राजा परीक्ष्य वैद्य प्रजारक्षार्थमनुमन्तव्यः एष कर्म। अनिष्पन्न वैद्य गुणचिकित्सां कुर्वाणो लोकापकारकतया राज्ञा शासनीयः।"

अर्थात् विद्या और कर्माभ्यास समाप्त होने पर वैद्य प्रजापालक राजा के पास जाकर अपने कर्तव्य का परिचय देंगे। इसके बाद राजा उनकी परीक्षा करके प्रजा की रक्षा के कार्य में चिकित्सा के लिये अनुमति देंगे। जो आदमी वैद्य के गुण समूह के अधिकारी नहीं हैं उन्हें लोकापकारी कह कर राजा उनको दण्ड देंगे।

डल्हनाचार्य ने भी यही भाव को अपनी सुश्रुत टीका में लिखा है। "राजाहि प्रजापालन तत्परः, तत्प्रसादात् वैद्यप्रतिरूपकाः राष्ट्रं चरन्ति कण्टकभूता लोकस्य, तस्माद् राज्ञापरीक्ष्य अनुज्ञातेन विशिशा अनुप्रवेष्टव्या।

आयुर्वेद का अवनति-काल और संग्रह युग।

इस प्रकार आयुर्वेद की बहुत उन्नति हो जाने पर किस प्रकार आयुर्वेद की अवनति हुई इसके बारे में मैं यहाँ कुछ आलोचना करूँगा।

३२७ बी० सी० के पहले जब ग्रीस के सम्राट सिकन्दर ने भारतवर्ष पर आक्रमण किया तब इस आक्रमण के कारण देश में महाविप्लव प्रारम्भ हुआ। अकाल पड़ने, घरों के जलने से अनगिनित मनुष्य और बहुत ग्रन्थ नष्ट हो गये। सिकन्दर ने देश विजय करके लौटते समय सबका भार ग्रीस सेना के नायक सेल्यूकस पर छोड़ता गया। सेल्यूकस ने यहाँ से अनेक ग्रन्थ ग्रीस देश में भेज दिया। इन ग्रन्थों में प्रायः बहुत चिकित्सा ही के ग्रन्थ थे। यह पहले ही कहा जा चुका है कि सिकन्दर और उसका सेनापति दोनों ही भारतीय चिकित्सा के चमत्कार को देख कर मुग्ध हो गये थे। सेल्यूकस जाते समय महाराज चन्द्रगुप्त के राज्य में ग्रीस देश के चिकित्सक मेगस्थनीज नामक दूत को भारतीय शिक्षा ग्रहण करने के लिये छोड़ता गया था। इससे स्पष्ट मानना होता है कि ग्रीस देश के चिकित्सकों ने भारत से ही अच्छी शिक्षा प्राप्त की है।

महाराज चन्द्रगुप्त और उनके पुत्र विन्दुसार के मरने के बाद उस समय का प्रकृति वाला राजा चन्द्रशोक बहुत राजाओं को और राजवंश को मार कर गद्दी पर बैठा था (२६४ B. C.) अशोक के तीन वर्ष राजा होने के बाद बहुत जोरों से राज्यविप्लव मचा था और उसमें लाखों आदमी नष्ट हुए थे। यह निश्चित है। इसके बाद अशोक ने उपगुप्त नामक बौद्ध द्वारा बौद्ध धर्म ग्रहण किया और फिर वह बहुत धर्मिष्ठ राजा हो गया। इसी समय में वह अनेक बौद्ध संन्यासियों को चीन ग्रीस आदि देश में भेज कर बौद्ध धर्म का ज्ञान दिया। चिकित्सा भी बौद्ध धर्म की एक अङ्गभूत है। इस बात में कोई सन्देह नहीं है कि बौद्ध धर्म के भ्रमण करने वाले भिक्षुकों ने यहाँ तक कि यवन देश में भी इसका प्रचार किया था। किन्तु इस समय राजा द्वारा मुर्दा चीरना मना था इसलिये शरीर-शिक्षा की अवनति होती गई।

इसके बाद मौर्य्यवंश के नष्ट होने पर (१८६ बी. सी) में पार्थि नामक ग्रीक जाति शक नामक बर्बर जाति प्रायः सिन्ध नदी को पार कर साकेतपुर तक आक्रमण मचाया करते

थे और इस कारण प्रायः राष्ट्र विप्लव मचा रहता था। इसी समय मिलिन्द नामक ग्रीस देश के एक आदमी ने पञ्जाब को जीता था। मगध देश का सुंगवंशीय पुष्यमित्र ने मौर्यवंशीय राज बृहद्रथ का विनाश करके उसका राज्य अधिकार में कर लिया था, निरन्तर इसी प्रकार युद्धों से प्रायः सभी आर्य शाखों की निवृत्ति होती गयी और साथ ही साथ आयुर्वेद की भी अवनति यथेष्ट हुई। और देश-व्यापी पुष्यमित्र के राजा होने के बाद एक भारी विप्लव मचा था। इसी समय भगवान पतञ्जलि ने अग्निवेश संहिता को फिर से जागृत किया था। मैंने अन्य स्थलों में यह पाया है कि इन्हीं का अन्य प्रसिद्ध नाम चरक था। बौद्धाचार्य नागार्जुन ने भी इसी समय सुश्रुत संहिता का प्रति संस्कार किया था। यह सब घटनायें करीब दो हजार वर्ष पहले घटी थीं। शक जातियों से बार-बार आक्रान्त होने पर भारतीय राजा लोग हीन बना दिये गये थे। कुशाण वंशीय कनिष्क नामक महाप्रतापी राजा ने जो कि शकजाति का राजा था हिमालय से लेकर विन्ध्याचल तक भारत के समस्त उत्तर पश्चिमीय देशों को जीत लिया। इसके तीन सौ वर्ष पीछे देश में शान्ति स्थापित हुई। सम्भवतः इसी समय के बीच में चरक-संहिता के कुछ अंश भी नष्ट हो गये और काश्मीर देश के दृढबलाचार्य ने उसके बचे हुये अंश की पूर्ति की।

इसके बाद पङ्गपाल के समान बहुतसी हूण और शक सेनाओं ने भारत पर आक्रमण कर बहुत विप्लव उपस्थित कर दिया था। इसके कुछ ही समय बाद सन् ५७ बी० सी० में मालवा देश के राजा विक्रमादित्य ने शक जातियों को मार भगा कर उज्जयिनी से हिमालय तक राज्य विस्तृत कर लिया। इस समय से लेकर प्रायः सौ वर्ष तक देश में शान्ति रही। यही आयुर्वेद का संग्रह काल है।

राजा विक्रमादित्य एवं इनके वंश के राजाओं के शासन-काल में राज्य-विप्लव से जर्जर भारतवासियों ने पुनः ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में पुष्टता लाभ की। इसी समय में कालिदास के समान प्रमुख कवि और आर्यभट्ट के समान प्रमुख ज्योतिषी हुए थे। इसके ५९० वर्ष बाद वाग्भट्टाचार्य वृन्दमाधव नामक ग्रन्थों के संग्रहकर्ता और जैयट, गयदास, भास्कर ब्रह्मदेव आदि व्याख्याकारक गणों ने जन्म लिया था। बङ्गाल में चरक-सुश्रुत के टीकाकार और संग्रहकर्ता चक्रपाणि ने इसी समय (१०४० से १०५० A. D.) हुए थे। चक्रपाणि भारतवर्ष की आयुर्वेद विद्या के पुनरुद्धार के अन्तिम आचार्य थे। मालव के अनेक शास्त्रों के ज्ञाता भोज नामक राजा थे। जो सन् १००६ B. C. में पैदा हुए थे। इनका बनाया हुआ "राजमार्तण्ड" नामक वैद्यक ग्रन्थ और "पातञ्जलि वृत्ति" नामक दार्शनिक ग्रन्थ बहुत प्रसिद्ध हैं।

इसके बाद भारतवर्ष पर मुसलमानों का घोर आक्रमण होने लगा। पूर्व में महम्मद बिन कासिम ने सन् ७१२ A. D. में सिन्ध देश पर आक्रमण किया। परन्तु प्रभाव स्थायी या अधिक क्षति कारक नहीं हुआ। ग्यारहवीं शताब्दी में महम्मद गजनी ने भारतवर्ष पर बहुत-सी सेनाएँ लेकर आक्रमण किया। इसके फल-स्वरूप सोमनाथ के मन्दिर प्रभृति का विध्वंस होना और अनेक सम्पदाओं का नष्ट होना था। अनेक तीर्थ स्थानों की मूर्तियाँ तोड़ी गई थीं और सैकड़ों हजारों प्रजाओं का नाश हुआ और साथही साथ धन-नाश भी हुआ। गजनी की सेनाओं ने अनेक घरों को और साथही साथ अनेक ग्रन्थों को जला डाला था। उस समय अपने धर्म-धन-प्राण आदि की रक्षा के लिये लोगों को ज्ञानार्जन की चेष्टा छोड़नी पड़ी। महम्मद गजनी की लूट-पाट के बाद थोड़े ही दिनों बाद देश-द्रोही जयचन्द द्वारा बुलाये

हुए महम्मद गोरी ने भी तुरत भारत पर आक्रमण कर दिया। सन् ११९१ A. D. में क्षत्रिय कुल के सूर्य और दिल्ली के राजा पृथ्वीराज महम्मद गोरी द्वारा पराजित हुए। इसके दश वर्ष बाद ही सारा आर्यावर्त्त मुसलमानों के अधीनस्थ हो गया। इसके बाद अल्तमश और अलाउद्दीन ने दक्षिण देश और मालवा पर चढ़ाई करके उन्हें नष्ट कर दिया।

मुसलमानों के आक्रमण से दूर रहने के कारण बङ्गाल की क्षति न होने पाई थी ईसामसीह के मरने के बाद सातवीं या आठवीं शताब्दी में निदान-संग्रह-कारक माधवकर और ग्यारहवीं शताब्दी में चक्रपाणि हुए थे। बंगाल में बारहवीं और तेरहवीं शताब्दी में मुसलमानों का विप्लव आरम्भ होने पर भी टीकाकार विजय रक्षित और श्रीकण्ठ ने आयुर्वेद की लुप्तप्राय या क्षीण ज्योति को पुनः प्रज्ज्वलित कर दिया। इन लोगों के समय तक अनेक प्राचीन ग्रन्थ पाये जाते थे। इसके बाद धीरे-धीरे क्रम से बङ्गाल भी पठान और मुगलों द्वारा विध्वस्त होने लगा।

तेरहवीं शताब्दी के बीच में चङ्गेज खां भारत पर आक्रमण करके हिमालय से लेकर लूट-पाट मचाता हुआ मध्यदेश तक आया था। चङ्गेज खां के लौट जाने पर भी बार-बार आने वाली पठान जातियों से और भारतीय राजाओं से प्रायः घोर लड़ाइयाँ हुआ करती थीं। इसके बाद चौदहवीं शताब्दी के अन्तिम थोड़े वर्षों में तैमूरलङ्ग ने आकर दो महीनों तक अनेक घरों को जलाया था और कितनों को मौत के घाट उतारा था।

इसी समय दक्षिण में महाविक्रमी बीरबुक्क नामक एक राजा ने बुक्क नामक राज्य स्थापित किया था। इसने अपने सायणाचार्य और माधवाचार्य द्वारा सभासदों से वेद का उद्धार करवाया और उसका भाष्य बनवाया था। शार्ङ्गधर नामक ग्रन्थकार इसी समय उत्पन्न हुए थे।

सोलहवीं शताब्दी के आरम्भ में मुगल राजा बाबर ने पठानों को जीत कर राज्य पर अधिकार किया था। इसके थोड़े ही दिनों बाद हुमायूँ की दिग्विजय के कारण देश में महाभयङ्कर विप्लव मचा था। इसके बाद हुमायूँ शेरशाह नामक पठान राजा से जीत लिया गया और राज्य से हटा दिया गया। इसी समय के बीच में सोलह वर्ष मुगलों और पठानों में घोर संग्राम होता है। इसी कारण से भारत के धन प्राण और विद्या की बहुत हानि हुई।

सोलह वर्ष बाद फिर हुमायूँ ने युद्ध करके राज्य जीत लिया। उसके पुत्र अकबर ने अपनी भुजाओं के प्रताप से प्रायः सभी भारतवर्ष को जीत लिया। इसके पहले भी बहुतसी प्रजाओं के और धन के नष्ट होने पर भी अन्त में शान्ति स्थापित हुई। अकबर शाह भारतीय शास्त्रों और पण्डितों का आदर किया करता था। इसी समय आयुर्वेद के प्रसिद्ध संग्रहकर्ता भावमिश्र हुए थे।

अकबर के पौत्र औरङ्गजेब के राज्यारोहण के बाद देश में महान् विप्लव मचा था। यह सुना जाता है कि औरङ्गजेब ने जो हिन्दुओं से द्वेष करता था सैकड़ों हिन्दुओं के मन्दिरों को चूर-चूर कर दिया था। इसने भारतवर्ष के अनेक ग्रन्थों को जला कर और असंख्य स्वधर्मनिष्ठ प्रजाओं की हत्या करके एक भयङ्कर अनिष्ट मचा रक्खा था। इस लिये पहले उन्नत भारतीय विद्या भी फिर शोचनीय दशा को पहुँच गई। आयुर्वेद तो इतना मुसलमानों द्वारा लूटे जाने पर भी किसी प्रकार जीवन धारण किए रहा।

इसके बाद ईस्वी सन् १७६९ में नादिरशाह ने भारत पर आक्रमण किया। इसके

पहले अहमदशाह अब्दाली ने चार बार आक्रमण किया था। इन सब आक्रमण के स्वरूप भी अनेक प्रजाओं के प्राण नष्ट हुए और बहुत से शहर श्मशान में परिणत कर दिये गये और बहुत धन और ग्रन्थ नष्ट हुए।

आर्षयुग से लेकर भावमिश्र के युग तक संग्रह काल कहा जा सकता है। यही भारतवर्ष की आयुर्वेद विद्या अथवा सभी विद्याओं का अपराह्न काल कहा जाता है। इस समय भी प्राचीन काल की कुछ संहिताएँ खण्डित पाई जाती थीं और उन सभी ग्रन्थों को प्राप्त करने की पुनः चेष्टा की जा रही थी।

इस संग्रह काल में आयुर्वेद की अत्यधिक अवनति होने पर भी प्रति संस्कारक, संग्रहकारक और टीकाकारों की चेष्टा के कारण सम्पूर्ण नष्ट नहीं होने पाया था। टीका कारक आदि के समय भी अनेक संहितायें सुलभ थीं ये बात कही गई हैं। इसी लिये मैं संग्रह काल के बाद ही के समय को अवनति काल कहता हूँ।

इस अवनति काल में प्रायः सभी संहितायें दुर्लभ हो गईं और जो नहीं दुर्लभ हुईं वह भी सन्देह का मूल बन गईं। इसके अलावे संस्कृत भाषा के पठन-पाठन का ह्रास हो जाने के कारण आयुर्वेद के चिकित्सकों की संख्या कम हो गई। राज्य-विप्लव और अभाव के कारण वैद्य लोग अपना-अपना पेशा छोड़ दूसरा पेशा करने लगे। इसका फल यह हुआ कि जिन पुरुषों के लिये आयुर्वेद के ग्रन्थ बहुमूल्य थे उनकी सन्तानों के लिये वही ग्रन्थ एकदम नाकाम और कूड़े में परिणत हो गये। इस तरह जितने रत्न नष्ट हो गये हैं उनकी कोई गिनती नहीं है।

धीरे-धीरे अनुचित धर्म के अभिमान से रोगियों के मलमूत्र रक्त आदि से लोग घृणा करने लगे और इसके फलस्वरूप बस्ति-कर्म (Enamaa) प्रायः लोप हो गया। शस्त्र-चिकित्सा को लोग नाइयों के काम में गिनती करने लगे और प्रसूति-विद्या धीरे-धीरे नीच जातियों की स्त्रियों के हाथों में चली गई।

यह पहले ही कहा गया है कि बौद्ध राजाओं के समय से ही मुर्दों का चीरना राजा के हुक्म से बन्द कर दिया गया। चाहे यह बौद्ध धर्म के ही प्रभाव से हो अथवा निरन्तर लड़ाई से त्रस्त हो भारतीय राजाओं ने या उनके आदमियों ने शस्त्र-चिकित्सा पर ध्यान नहीं दिया। विजयी मुसलमानों का इस तरफ कोई उत्साह ही नहीं था। फलस्वरूप यह हुआ कि मुर्दों को चीर कर शरीर ज्ञान का पता लगाने की प्रथा एकदम ही लुप्त हो गई और भारतीय चिकित्सक शस्त्र-चिकित्सा से एकदम अनभिज्ञ हो गये। इस प्रकार शारीर-चिकित्सा-हीन वैद्यों की संख्या अत्यन्त बढ़ गई और यही आयुर्वेद की अवनति का कारण हुई।

पहिले समय हिन्दुओं के एवं बौद्ध राजाओं के बनाये हुए देश-देश में अस्पताल थे। बौद्ध-युग के बाद जब कि मुसलमानों का विप्लव होने लगा था उस समय ये अस्पताल धीरे-धीरे उठने लगे थे। चिकित्सा-विद्या को प्राप्त करने वाले जब तक आरोग्यशाला में कार्याभ्यास नहीं करते तब तक चिकित्सा-विद्या पारदर्शिका नहीं होती।

इसी कारण से ही आजकल चिकित्सकों का ज्ञान इतना संकीर्ण हो गया है। यह पहले ही कहा जा चुका है कि चिकित्सा के संग्रहकाल ही में बाह्यिक चिकित्सा की प्रधानता बढ़ने लगी थी। आयुर्वेद की अवनति के समय मुसलमान राजाओं का आदर ज्यादातर बाह्यिक चिकित्सा की तरफ बढ़ने लगा था और आयुर्वेदीय चिकित्सा का प्रचार घटने लगा

था। यही केवल नहीं था; बल्कि भारतीय राजा भी अपने देश में राजकीय यूनानी चिकित्सा को प्राधान्य देने लगे थे। इसी कारण भारतवर्ष में यूनानी चिकित्सा बहुतों के मत से अच्छी मानी जाती है और वे इसका आदर करते हैं।

इस प्रकार धीरे-धीरे ग्रन्थों का लोप, भिन्न-भिन्न अंशों में इसका अप्रचार, पाँच प्रकार के कर्मों का लोप, संस्कृत भाषा की शिक्षा और आलोचना की कमी आदि होने के अनेक कारणों से प्रायः दो सौ वर्ष पहले आयुर्वेद की अवनति चरम पराकाष्ठा तक पहुँच गई थी। तो भी लोग डाक्टरी को बाल-चिकित्सा कह करके आयुर्वेद को श्रेष्ठता को स्वीकार करते थे। इसके बाद दोनों में अनेक परिवर्तन हुए थे।

आयुर्वेद के प्रतिसंस्कार की जरूरत

आयुर्वेद के प्रति-संस्कार के बारे में जो मैंने दो वर्ष पहले कहा था, उसे मैं आज फिर भी कहता हूँ। प्राचीन कोई-कोई कविराजों ने यह कहा है कि आयुर्वेद सबसे पुराने आर्य्यों का विज्ञान है। यह सब ठीक और युक्ति-परिपूर्ण है अब इसमें कोई बात जोड़ने की अथवा घटाने की जरूरत नहीं है। शास्त्रों के सूक्ष्म तत्त्वों को बिना समझे ही आधुनिक लोग कुतर्क कर बैठते हैं।

इन सब बातों का उत्तर सबसे सहज है। ऋषियों के विज्ञान के कितने ग्रन्थों को हम लोगों ने पाया है! आठ अंगों वाले आयुर्वेद का एक-एक अंग लेकर ऋषियों ने कितनी-कितनी बड़ी संहिताएँ बनाई हैं। इसका परिचय आठ नव वर्ष पहले के टीकाकारों के उद्धृत असंख्य पाठों द्वारा होता है। अग्निवेश, भेल, जतुकर्ण, पराशर, हारीत, क्षारपाणि, खरनाद, अगस्त्य प्रभृति ऋषियों की बनाई हुई संहिताओं में से कितने को हम लोगों ने पाया है? केवल अग्निवेश की बनाई हुई संहिता के भग्नावशेष को जिसे चरक ने बनाया था और उस भग्नावशेष की पूर्ति भी दृढ़ बल द्वारा की गई थी। ऐसा भग्नावशेष आजकल हम लोगों के सामने चरक-संहिता के नाम से वर्तमान है। प्राचीन बड़ा सुश्रुत भी आजकल नहीं मिलता है, यह भी लुप्त है। उसका केवल संक्षेप में सार जो कि नागार्जुन अथवा अन्य किसी के द्वारा निकाला गया है वह आजकल सुश्रुत के नाम से प्रचलित है। इसका शारीर स्थान अनेक बड़ी-बड़ी भूलों से परिपूर्ण है इसको मैंने बार-बार प्रमाणित किया है। भेलसंहिता आजकल आविष्कृत हुई है परन्तु यह भी जीर्णशीर्ण और खण्डित है। इसमें कुछ-कुछ नई बात पाई जाने पर भी इस समय इसकी आजकल आलोचना नहीं हो रही है। ऐसी अवस्था में भी आजकल जो बातें चरक-सुश्रुत आदि ग्रन्थों में दी हुई हैं वह अवश्य ही स्वीकार करने योग्य हैं। तो भी ये सब आयुर्वेद के सर्वस्व नहीं हैं। बाद के समय में वाग्भट्ट ने 'अष्टाङ्ग-संग्रह' और 'अष्टाङ्ग-हृदय' नामक ग्रन्थों में ऋषियों के ज्ञान का संग्रह किया था, यह बात सत्य है; परन्तु इनमें से कितने कविराज ऐसे हैं जो कि इन ग्रन्थों का अनुभवी वैद्य के निकट पढ़ते हैं? शल्यतन्त्र के प्राचीन ग्रन्थ उपधेनव औरभ्र, वैतरन, भोज, पुष्कलावर्त, गोपुर रक्षित आदि ऋषियों की संहिता केवल नाममात्र के लिये आजकल हैं। निमि, गार्ग्य, गालव, विदेह, सात्यकि, सौनक आदि की बनाई शालक्यतन्त्र की संहिताएँ आजकल कहाँ हैं? सभी प्राचीन संहिताओं का नाम मैंने नहीं लिया है। मैंने उन्हीं संहिताओं का नाम लिया जो कि हमेशा स्मरण में आया करती हैं। आयुर्वेद के जो ग्रन्थ चिकित्सकों का जीवन हैं, वे ग्रन्थ प्रायः

ऋषियों के बनाए हुए नहीं हैं।" इसलिये आयुर्वेद को 'ऋषि प्रणीत और भ्रम से रहित' भी कहना कब तक चल सकता है? आयुर्वेद के भविष्य के लिये बङ्गाल के कविराज लोग कब सावधान होंगे?

आयुर्वेद के इतिहास में बङ्गाल का भाग कुछ कम नहीं रहा है। माधवकर, चक्रपाणि, हरिचन्द्र, गदाधर, गयदास, विजय रक्षित, श्रीकण्ठ प्रभृति बङ्गाल के ऋषिगणों ने आयुर्वेद को गौरवान्वित किया है। चक्रपाणि द्वारा बनायी हुई चरक और सुश्रुत की टीका सर्वजनमान्य है। विजय रक्षित और श्रीकण्ठ ने माधव निदान की टीका में प्रगाढ़ पाण्डित्य दिखाया है। इस प्रकार बङ्गाल के पण्डितों ने आयुर्वेद के अनेक ग्रन्थों को बना कर आयुर्वेद का बहुत उपकार किया है। कुछ दिन पहले ही सर्वतंत्र-स्वतन्त्र गङ्गाधर ने चरक की 'जल्पकल्पतरु' नाम की टीका बना कर अपनी असामान्य प्रतिभा का परिचय दिया है। कविराज स्वर्गीय उमेशचन्द्र गुप्त ने 'वैद्यक शब्द-सिन्धु' नामक एक बड़ा कोष बना कर आयुर्वेद की यथेष्ट वृद्धि की है। कविराज स्वर्गीय विरजाचरन गुप्त ने 'वनौषधि नामक' बड़े ग्रन्थ में प्रायः गवेषणा युक्त बातों का संग्रह किया है। वैद्यरत्न योगीन्द्रनाथ सेन ने चरक की संक्षिप्त टीका बना कर जिसका कि नाम 'उपस्कार' रखा है, आयुर्वेद पढ़ने वालों की बहुत ही भलाई की है। परन्तु इन सब टीका आदि लिखने के बदले सारी शक्ति प्रत्येक अङ्ग की पुष्टि-साधना के लिये लगा देने की जरूरत है; क्योंकि आजकल नये-नये तत्वपूर्ण ग्रन्थों की जरूरत है। इस सम्बन्ध में मैंने भी दो ग्रन्थ लिख कर आयुर्वेद की यथासाध्य सेवा की है। इस लिये मैं विद्वान् चिकित्सकों से अपील करता हूँ कि वे आयुर्वेद का विस्तार करने के लिये नये-नये ग्रन्थों को लिख कर देश की सेवा करें। आयुर्वेद एक समय संसार का ऋणदाता था और उस समय संसार को ऋण देकर अनेकों के प्राणों को बचाया है। यदि आज आयुर्वेद किसी विषय के प्रत्यक्ष मूलक-ज्ञान के संग्रह के लिये किसी का ऋणी होवे तो इसमें लज्जा की कोई बात नहीं है। इस विषय में अन्यान्य प्रदेश बड़ा उत्साह दिखा रहे हैं। मगर बङ्गाल में कितनी कम चेष्टा की जा रही है।

आयुर्वेद की शिक्षा-पद्धति और उसका संस्कार

इस प्रसङ्ग में मैं आयुर्वेद की शिक्षा-पद्धति के बारे में भी दो चार बातें कह कर अपना वक्तव्य खतम करूँगा। बहुत पुराने समय में 'शिष्योपनयनीय' विधि से गुरु के गृह में रहने वाले शिष्य उपनीत होकर एकान्त में गुरु से शिक्षा ग्रहण किया करते थे। उस समय गुरु लोग यथेष्ट ज्ञान-सम्पत्ति के अधिकारी हुआ करते थे। उस समय वे मुर्दे के चीरने के साथ ही साथ द्रव्य-परिचय, औषध बनाना; रोग-विज्ञान आदि उच्च आदर्श से युक्त हुआ करते थे। उस समय रुपया लेकर रोगियों की चिकित्सा करने की रीति नहीं थी इसलिये उस समय वैद्यों को बहुत से रोगियों की परीक्षा का सुयोग मिला करता था। उस उच्च आदर्श से हम लोगों को गिरे करीब हजारों वर्ष हो गये। उसके बाद गुरु के घर रह कर पढ़ने की प्रथा जिस तरह काव्य-व्याकरण के पढ़ने की थी उसी प्रकार आयुर्वेद की भी प्रथा हो गई और आयुर्वेद की अवनति होने लगी। तथापि टोल की प्रथा, गुरु के घर रहने की प्रथा और उनके साथ-साथ रहने के कारण रोगी की परीक्षा करने का मौका छात्रों को बहुत मिला करता था। इससे उनका ज्ञान बहुत बढ़ता था। उसके बाद देश की ऐसी अवस्था आई कि लोग विभिन्न

भाषाओं को पढ़ कर और आयुर्वेद का केवल दो-एक वर्ष अध्ययन कर अपने-अपने गुरु से प्रमाण-पत्र लेकर या बिना लिये ही वैद्य बनने लगे।

इन लोगों में से जिस किसी को थोड़ा भी संस्कृत का ज्ञान हो जाता था, वह भी 'पण्डित कविराज' के नाम से समाज में ख्याति प्राप्त कर लेता था। यदि उन्हें किसी और एक शास्त्र का ज्ञान रहता—सांख्य अथवा तर्क का—था तब तो उनके गर्व और अभिमान का ठिकाना ही नहीं रहता था। गुरु के घर में पाँच-छः वर्ष तक रह कर शिक्षा प्राप्त नहीं हो सकती यह बात कुछ नहीं है। परन्तु ऐसे कविराजों की संख्या बहुत कम है। ऐसी अवस्था में जो होना चाहिये वही हुआ है। वही आयुर्वेद इस समय अपने ही देश में प्रवासी की तरह आजकल आधुनिक शिक्षित समाज के अवज्ञा का पात्र हुआ है।

आयुर्वेद की प्राचीन शिक्षा-पद्धति इस प्रकार अवनत हो गई है, इसलिये आयुर्वेद की शिक्षा के लिये बहुत रुपया लगा कर 'अष्टाङ्ग आयुर्वेद विद्यालय' 'विश्वनाथ आयुर्वेद विद्यालय' आदि विद्यालयों के खोलने की जरूरत पड़ गई थी। किन्तु जब तक कलकत्ता कार्पोरेशन से प्रचुर सहायता नहीं मिलेगी तब तक इन सब विद्यालयों की यथा योग्य उन्नति नहीं हो सकती। देश के किसी आदमी से कहा जाता है तो वह कहता है कि मैं अपने लड़कों को नहीं पढ़ा सकता जब तक यह गवर्नमेन्ट अनुमोदित नहीं हो जाता। जब तक तेज बुद्धिवाले छात्र नहीं पढ़ेंगे तब तक आयुर्वेद की उन्नति होना बहुत दूर है।

औषधियों के विज्ञान की आवश्यकता

इस समय आयुर्वेद के भेषज विज्ञान के सम्बन्ध में मैं कई बातें बोलना आवश्यक समझता हूँ। प्राचीन काल में व्यवहार की जाने वाली रसायन औषधियों का आजकल एक दम अभाव हो गया है। मेदा, महामेदा, जीवक, ऋषभक, ऋद्धि, वृद्धि, काकोली, क्षीरकाकोली इन 'अष्टवर्ग' रसायनों के परिचय प्रायः कविराज लोग भूल गये हैं। चरक से कही गई हुई श्रावणी, महाश्रावणी, ब्रह्म सुवर्चला, आदित्य पर्णी, पद्मा, सोम प्रभृति अनेक दवाइयां भारतवर्ष में होती हैं; परन्तु हम लोग उनसे अपरिचित हैं। रास्ना, तगर, पाटला, ब्राह्मी प्रभृति नाम की औषधियां भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में भिन्न-भिन्न प्रकार की व्यवहृत होती हैं। अच्छी तरह पहचानी हुई औषधियों का परिचय भी बहुत वैद्यों को नहीं मालूम है। वेद की कथा ही ऋषिवाक्य के समान प्रमाण रूप में पाई जाती है। उनकी दी हुई दवाईयां ही अनेक जगह सोनामुखी, रेवतचिनी, सालसा, गांजा, अफीम आदि विदेशों से आई हुई औषधियों का प्रयोग गत तीन चार वर्षों से ही आयुर्वेद में किया जाने लगा है। परन्तु सिकोना डिजिटेलिस, एस्पिरिन, प्रभृति औषध प्रकट रूप से प्रयोग में लाने में कविराज लोग यथेष्ट भय और आपत्ति करते हैं। चरक ने कहा है 'तदेव युक्तं भैषज्यं यदारोग्याय कल्पते।' अर्थात् 'जो आरोग्यप्रद है वही उपयुक्त दवाई है।' परन्तु आजकल ऐसी अवस्था है कि उस नियम का मान करना कविराजों के लिए बहुत कठिन है इस लिए संदिग्ध-भेषज-निर्णय कर द्रव्यपरिचय प्राप्त कर अपनी सम्पत्तियों का बढ़ाना आदि अनेक विषय में विचार करने की आजकल बहुत जरूरत है।

आयुर्वेद का नया जागरण

आयुर्वेद का पुनः जागरण आज से तीन सौ वर्ष पहले मुगल-सम्राट् अकबर के समय

में हुआ था। यह पहले ही कहा जा चुका है कि उस समय के काम्य-कुब्जों के आचार्य भावमिश्र ने अनेक ग्रन्थों से भिन्न विषयों का संग्रह करके एक बड़ा ग्रन्थ तैयार किया था। इस ग्रन्थ में शारीर-ज्ञान के विषय की भूल होने पर भी उत्तम चिकित्सा के कार्य के लिये उपयोगी था। विशेषतः इसमें भारत में नये आये हुए फिरङ्गरोग अथवा (Syphilis) रोग का वर्णन और उसकी चिकित्सा सबसे पहले पाई जाती है। चिकित्सा कार्य में उदार नीति का अवलम्बन करके भावमिश्र ने इस ग्रन्थ में रेवतचिनी, तोपचिनी प्रभृति अनेक यूनानी दवाइयों का गुण वर्णन किया है। प्रायः उसी समय बङ्गला के ग्रन्थ रसेन्द्रसार संग्रह, प्रयोगामृत, भैषज्य-रत्नावली आदि ग्रन्थ बनाये गये थे।

परन्तु भारत के भाग्य के दोष से अट्ठारहवीं शताब्दी में मुसलमानों के अन्तिम समय में बहुत भारी अराजकता फैल गई और जब तक अंगरेजी राज्य अच्छी तरह नहीं फैला तब तक अराजकता जारी ही रही। इसके बाद आयुर्वेद का पुनः अभ्युदय का समय १८३० ईस्वी से आरम्भ हुआ। इसी समय में स्थापित संस्कृत कालेज के अध्यापक पण्डितवर स्वर्गीय मधुसूदन गुप्त सन् १८३५ में नव स्थापित मेडिकल कालेज में खुद अपने हाथों से मुर्दा चीरने के लिये गये थे। आयुर्वेद के पुनरभ्युदय का मन्त्र उन्होंने ही उच्चारण किया था। परन्तु दुःख का विषय है कि आयुर्वेद के शारीर-ज्ञान के बारे में उन्होंने कोई ग्रन्थ नहीं लिखा है। तो भी उस समय से यह भाव सभी के मन में अच्छी तरह जम गया था कि शारीर-ज्ञान की आवश्यकता आयुर्वेद के चिकित्सकों के लिये जरूरी है। इसी के फलस्वरूप गत शताब्दी के अन्तिम भाग में मेरे पितामह स्वर्गीय कुञ्जविहारी कविराज उस समय के मेडिकल कालेज से Graduate होकर और गवर्नमेण्ट Military Service करके आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति को ग्रहण किये थे। इसके बाद गंभीर शास्त्र के ज्ञान से और दूरदर्शिता के कारण महामहोपाध्याय कविराज स्वर्गीय द्वारकानाथ सेन, महामहोपाध्याय स्वर्गीय विजयरत्न सेन, स्वर्वतन्त्र-स्वतन्त्र स्वर्गीय विश्वनाथ विद्या-कल्पद्रुम, स्वयं शारीरज्ञ कविराज स्वर्गीय ब्रजेन्द्रनारायण सेन, स्वर्गीय हरिचरनराय, स्वर्गीय पञ्चान्या राय, स्वर्गीय कैलाशचन्द्र सेन प्रभृति पण्डितों ने जो कि इस समय के पण्डितों में अग्रगण्य गिने जाते थे, अपने-अपने लड़कों को मेडिकल कालेज में साथ-साथ में शिक्षा पाने के लिये भेजा। उन्हीं की कृपा से आजकल शारीरज्ञ कविराज लोग आयुर्वेद का गौरव बढ़ाने में समर्थ हुए हैं। उन्हीं लोगों में कितने मनुष्यों के असामान्य आत्मत्याग और अक्लान्त परिश्रम के कारण ही पचीस वर्षों के ही भीतर बङ्गाल में आयुर्वेद का एक निःशुल्क विद्यालय और एक आरोग्यशाला खुल गयी है। ठीक इसी समय बम्बई में डाक्टर पोपट प्रभूराम द्वारा प्रतिष्ठित आयुर्वेद कालेज, मद्रास में गोपालाचार्लू प्रतिष्ठित मद्रास आयुर्वेद कालेज (जो आजकल गवर्नमेण्ट के संग मिलाया गया है) दिल्ली में आयुर्वेद और तिब्बि कालेज, लाहौर में दयानन्द आयुर्वेद कालेज महीशूर और त्रिवाङ्कुर में दो राजकीय आयुर्वेद कालेज और हरिद्वार में ऋषिकुल आयुर्वेद कालेज और गुरुकुल आयुर्वेद कालेज काशी विश्वविद्यालय का आयुर्वेद कालेज पटना में गवर्नमेण्ट आयुर्वेद कालेज आदि अनेक छोटे बड़े आयुर्वेद की पठन-पाठन की संस्थायें स्थापित हुई। केवल यही बात नहीं है, ठीक इसके पच्चीस वर्ष पहले जो निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद सम्मेलन स्थापित हुआ था उसका अधिवेशन ठीक कांग्रेस के अधिवेशन के समान बड़े शहरों में होता चला आता है। इस अधिवेशन में बंङ्गाली सभापति सातबार चुने गये हैं। यह भी बङ्गाल के लिए कोई कम गौरव

की बात नहीं है। इस निखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के स्थायी सभापति का नाम निखिल भारतीय आयुर्वेद महामण्डल है। इसका परीक्षक मण्डल निखिल आयुर्वेद विद्यापीठ के नाम से विख्यात है। इसकी अच्छी तरह से बनाई हुई नियमावली और हमेशा की कार्य प्रणाली दृढ़ नींव पर स्थित है। ऊपर कहे गये विद्यापीठ की परीक्षायें प्रतिवर्ष भारत में तीस पैंतिस केन्द्रों में हुआ करती हैं। यह चैत्र महीने में हुआ करती हैं। इन परिक्षाओं के परीक्षार्थियों को प्रश्न का उत्तर संस्कृत में ही लिखना पड़ता है। शरीर-विद्या शल्यतन्त्र शालक्यतन्त्र ऐसे व्यवहारायुर्वेदों तक इसका पाठ्य क्रम है। यह बहुत ही दुःख की बात है कि भिन्न भिन्न देश के परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होते हैं और पास होते हैं और तौ भी बहुत थोड़े बङ्गाल के परीक्षार्थी बङ्गाल के केन्द्रों में उपस्थित होकर परीक्षा देते हैं। यह मालूम होता है कि संस्कृत भाषा में प्रश्न आता है और उत्तर संस्कृत में लिखना पड़ता है इसीलिये बङ्गाली छात्र लोग इसमें भाग लेने का साहस नहीं करते हैं। इस प्रसङ्ग में यह भी उल्लेख कर देने के योग्य है कि भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न देशों से आयुर्वेद के करीब ५० मासिक पत्र भिन्न भिन्न भाषाओं में निकला करते हैं। परन्तु बंगाल में केवल दो मासिक पत्रिका से ज्यादा आज भी नहीं चल सकीं।

गवर्नमेंण्ट और आयुर्वेद

गत पच्चीस वर्षों से भारत के अनेक प्रदेशों में आयुर्वेद और आयुर्वेदीय चिकित्सकों की राजा द्वारा आज्ञा लाभ करने के लिए प्रबल चेष्टा की जारही है। इसी चेष्टा के फलस्वरूप गवर्नमेण्ट व्यवस्थापिका सभा में कई बार 'आयुर्वेद के पुनरुन्नति और क्रमोन्नति' के लिए अनेक बार देश-हितैषियों ने प्रश्न उठाया है। मेडिकल विभाग के कार्य कर्त्ताओं ने गवर्नमेण्ट का पक्ष लेकर इसके विरुद्ध आन्दोलन किया था परन्तु राजमन्त्रियों की चेष्टा के कारण यह कार्यरूप में परिणत नहीं हो सका। इसके फलस्वरूप मद्रास की गवर्नमेण्ट ने आयुर्वेद, युनानी और सिद्ध चिकित्सा की अनुमति दे दी। वहाँ के पानामल के राजा जैसे और मन्त्रीगणों की दृढ़ चित्तता से प्रायः चार लाख रुपयों के खर्च से आयुर्वेदीय युनानी और सिद्ध चिकित्सा की शिक्षा के लिये एक बड़ा भारी कालेज और आरोग्यशाला बनाई गई है और सरकारी व्यय से यह चलता भी है। उस देश के वैद्यों की चेष्टा से वहाँ एक "Board of Indian Medicine" नामक एक राजकीय परिषद् Registration उपाधि देने के लिये स्थापित की गई है। वहाँ परीक्षा पास हुए छात्र केवल राजकीय उपाधि ही नहीं पाते हैं बल्कि वे काम में नियुक्त किये जाते हैं। इसी के समय युक्त प्रदेश में भी उसी उद्देश के लिये Board of Indian Medicine स्थापित किया गया है। इसके अलावे वहाँ करीब सवा लाख रुपया आयुर्वेद को। (हिन्दू विश्वविद्यालय को और हरिद्वार के आयुर्वेद के कालेज को) सहायता रूप से दिया जाता है। और साथ ही साथ Board से Registration किया हुआ प्रमाण पत्र वैद्यों को दिया जाता है जो गवर्नमेण्ट आदि सब जगन्मान्य हैं। बिहार के पटना शहर में जो आयुर्वेद का स्कूल स्थापित था अब वह कालेज हो गया है। यह विद्यालय बिहार के मन्त्री मण्डल, विशेषतः दानवीर सर गणेश दत्त सिंह की असमान्य कृति का परिचायक है। बिहार के कविराज गण जिस तरह हो Registration Council और Faculty स्थापित हो उसके लिये आज कल चेष्टा करते हैं। परन्तु बङ्गाल का प्रतिष्ठान अभी तक गवर्नमेण्ट की सहायता से)

वञ्चित है। इसका कारण यह है कि आयुर्वेद राजानुमोदित चिकित्सा नहीं है। अन्यान्य देशों में वैद्यगण राजानुमोदन के लिये प्राणपण से चेष्टा करते हैं परन्तु बङ्गाल के कई वैद्यगण राजानुमोदन के विरोधी हैं। उनके लिये Faculty एक भय की चीज है। इसके कारण को जानने के लिये गत पन्द्रह वर्ष से कितनी चेष्टा की जाती है एवं कितने कविराज किस प्रकार Faculty की गलत व्याख्या समझे हैं और दूसरों को समझाते हैं इसका विवरण संक्षिप्त में देना आवश्यक है इस बात को कह कर मैं अपना वक्तव्य खतम करूँगा।

बङ्गाल की आयुर्वेद कमिटी और उसका फल।

बीती हुई १९२१ ईस्वी के अगस्त महीने में बङ्गीय व्यवस्थापकों के सभा के सदस्य आयुर्वेद की उन्नति के अभिलाषी श्रीयुक्त किशोरी मोहन चौधरी महाशय का प्रस्ताव सर स्वर्गीय सुरेन्द्रनाथ बन्द्योपाध्याय की चेष्टा से गवर्नमेण्ट द्वारा स्वीकृत हुआ। उपर्युक्त प्रस्ताव के अनुसार आयुर्वेद का पुनरुद्धार और उन्नति करने के लिये किस पथ का अवलम्बन करना चाहिये इसके निर्णय का भार गवर्नमेण्ट की बनाई हुई एक कमिटी को अर्पित हो। उक्त कमिटी के छ सुप्रसिद्ध कविराज और तीन उच्च पदस्थ डाक्टर एवं एक प्रस्तावक श्रीयुक्त किशोरी मोहन चौधरी महाशय सदस्य थे। उक्त कमिटी के सदस्यों ने प्रायः पांच सौ कविराजों के पास जिज्ञासा-पत्र भेजा। उत्तर में प्रायः एक सौ कविराजों ने अपना मतपत्र भेजा। इस कमिटी के अनेक उच्च पदस्थ डाक्टरों को बुला कर उन्हें साथ लेकर भारतवर्ष में जितनी आयुर्वेदीय संस्थायें हैं सभी का सदस्यों ने परिदर्शन भी किया था। इसीलिये रिपोर्ट प्रकाशित करने में प्रायः तीन वर्ष लगे थे। उस रिपोर्ट में आयुर्वेद की वर्तमान अवस्था का वर्णन एवं वर्तमान आयुर्वेद के पुनरुद्धार के लिये किस प्रकार की चेष्टा होनी उचित है इसके बारे में विस्तृत विचार और कार्यपथ का निर्णय किया गया था। उक्त कमिटी ने प्रस्ताव किया था कि गवर्नमेण्ट द्वारा एक विशाल आयुर्वेदीय कालेज आरोग्यशाला और अनेक दातव्य चिकित्साकर्यों का स्थापित होना आवश्यक है। उस कमिटी ने यह भी कहा था कि एक तत्वानुसन्धान समिति (Research committee) और आयुर्वेद की एक सरकारी परिषद् (General council) एवं शिक्षा और परीक्षा समिति का (State of faculty) होना अच्छा है। उनके मत से यह भी पास हुआ था कि आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों का संग्रह और नये-नये ग्रन्थ भी अवश्य बनाना चाहिये। उन लोगों का अन्तिम कहना यह था कि आयुर्वेद की शिक्षा दो प्रकार की होनी चाहिये, उच्चतर और साधारण शिक्षा। उच्चतर शिक्षा—आयुर्वेद के उच्च श्रेणी के अध्यापक बनाने के लिये और साधारण शिक्षा मध्यम श्रेणी के अध्यापक पैदा करने के लिये है। इसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार वर्तमान डाक्टरी शिक्षा दो प्रकार से दी जा रही है उसी प्रकार आयुर्वेद की शिक्षा भी दो प्रकार से दी जानी चाहिये। उपर्युक्त रिपोर्ट १९२४ ईस्वी में निकलने पर भी गवर्नमेण्ट उसे साधारण जनसमूह में प्रकाशित करना आवश्यक नहीं समझती है। किन्तु भारतवर्ष के अन्य प्रदेशों की गवर्नमेण्ट द्वारा नियुक्त कमिटी की रिपोर्ट बहुत जल्दी प्रकाशित हुई थी और उसके अनुसार कालेज अस्पताल आदि की स्थापना मद्रास, युक्तप्रदेश, बिहार एवं मध्यप्रदेश में हुई है। इस विलम्ब से बङ्गाल गवर्नमेण्ट की अत्यन्त उदासीनता का परिचय मिलता है। १९२९ साल तक इसी तरह की उदासीनता चलती रही। मन्त्रिमण्डल को बार-बार इसके लिये जोर देने के फल स्वरूप, उस समय के

गवर्नर सर एश्थानजी जैकसन से मैंने मुलाकात करके गवर्नमेन्ट का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। इसके फल-स्वरूप गवर्नमेन्ट ने अनिच्छा पूर्वक General Council और Faculty को स्थापित करना स्वीकार किया, उन्होंने कहा कि नयी Scheme के लिये रुपया दिया नहीं जा सकता इसलिये कालेज अस्पताल खोलना सम्भव नहीं है। इसके बाद बङ्गाल के मन्त्री-सभा का बार-बार परिवर्तन होने लगा। नदीया के परलोकगत महाराज, नसीपुर के राजा बहादुर, कुमार शिवशेखरेश्वर राय आदि मन्त्रियों के उद्योग से सरकारी परिषद् की नियमावली में कुछ-कुछ परिवर्तन होता है परन्तु विशेषतः कुछ नहीं होता है। इसके बारम्बार के तगादा के फल-स्वरूप वर्तमान मन्त्री सर विजयप्रसाद सिंह ने इस तरफ ध्यान देकर गत १९३१ साल के १८ और १९ दिसम्बर में Writers Building में एक सभा (Conference) किया। इस सभा में बुलाये गये हुए आदमियों के पास एक दो हस्तलिखित नियमावली भेजी गई थी। सभा के कई दिन पहले कविराज स्वर्गीय श्यामादास वाचस्पति महाशय के साथ मेरे घर पर एक परामर्श सभा हुआ करती थी, उक्त नियमावली पर अच्छी तरह दोनों सभाओं में विचार हुआ था। इसके बाद निर्दिष्ट तारीख को जो सभा बुलाई गई थी हुई और उसमें प्रायः सभी निमन्त्रित व्यक्तिगण आये थे। नियमावली के प्रत्येक नियमों को विचार कर और आवश्यक संशोधन करके उस सभा द्वारा नियमावली (Statutes) स्वीकृत हुई। उपरोक्त सभा में जलपाईगोरी, चटगाँव, नाटोर बरिसाल प्रभृति के प्रसिद्ध कविराज भी निमन्त्रित किये गये थे। उनमें से सब मिला कर सत्तर कविराज उपस्थित हुए थे। कविराज स्वर्गीय श्यामादास वाचस्पति महाशय ने दोनों दिन नियमावली के विचार पर विशेष रूप से योगदान दिया था और सबके अन्त में उन्होंने मन्त्री को यथेष्ट धन्यवाद दिया था।

इसके बाद देखते-देखते करीब चार वर्ष बीत गये। इन चार वर्षों में किस प्रकार व्यय-निर्वाह होगा इसी की कल्पना होती रही, कार्यतः कुछ हुआ नहीं। माननीय मन्त्री महाशय ने इसके बीच में दो बार कहा था कि शीघ्र ही सरकारी आयुर्वेद परिषद् स्थापित होगी। किन्तु वह परिषद् कब स्थापित होगी इसे विधाता को छोड़ कर और कोई नहीं बता सकता है।

फैकल्टी के सम्बन्ध की भ्रान्ति का समाधान

यह अत्यन्त आश्चर्य और दुःख का विषय है कि इस फैकल्टी का प्राकृतिक रहस्य माननीय मन्त्री द्वारा प्रधान-प्रधान कविराजों के निकट प्रचारित होने पर इसकी अनेक प्रकार की विकृत व्याख्या हो गई है। विरुद्ध वादियों की विकृत व्याख्या को उनको कानून नहीं जानने वाले इससे डरने लगे। इसका अर्थ दूसरा समझ गये।

जो लोग फैकल्टी के विरोधी होकर अनेक प्रकार के भुलाने वाले मतों का प्रचार करते हैं वे लोग आयुर्वेद के मित्र हैं यह नहीं कहा जा सकता है। इस फैकल्टी का कैसा अभ्यास होगा यह मैं कहना उचित नहीं समझता हूँ। आयुर्वेद की शिक्षा ग्रहण करने वालों की हरेक प्रकार से सुशिक्षित करके, परीक्षा के बाद उन्हें राजकीय सम्मान देने के लिये सब भार एक समिति के हाथ में दिया गया है। यह समिति किस प्रकार बनाई जायगी, उसके निर्वाचन आदि के बारे में कविराजों की सभा जो सन् १९३१ के साल में हुई थी उसमें यह निश्चय किया गया है। एक पण्डित एवं प्रवीण कविराज सभापति, पाँच प्रसिद्ध कविराज हरेक आयुर्वेद विद्यालय के एक-एक प्रतिनिधि स्वरूप कविराजगण, जो कविराज अपने घर में पढ़ाया करते

हैं उनमें से तीन आदमी एवं कलकत्ता और ढाका के एशोसियेसन से एक-एक आदमी, कलकत्ता कार्पोरेशन के मनोनीत एक आदमी और गवर्नमेन्ट मनोनीत दो आदमी रहेंगे। अन्तिम कहे हुए सात आदमी यदि कविराज नहीं भी रहे तो भी काम चल सकता है। तो भी सदस्यों में से अधिकतर कविराज ही होंगे इसमें सन्देह नहीं है। इन लोगों की निर्द्धारित पाठ्य-पुस्तकों, पाठन-प्रणाली और परीक्षा ग्रहण पद्धति से आयुर्वेद की उन्नति ही होगी यह कोई असम्भव नहीं है।

पक्षान्तर में, भविष्य में वोट देकर कौन्सिल और फैकल्टी में प्रतिनिधि भेजने के अधिकार के लिये कविराजों को गवर्नमेन्ट के General Counsil अर्थात् आयुर्वेद परिषद् में रजिष्टर्ड अर्थात् सुपरिचित होना पड़ेगा। अन्यान्य स्थान में जिस प्रकार हो किसी को भी पहले वर्ष रजिष्टर्ड होने के लिये किसी प्रकार की परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी। इक्कीस वर्ष से ऊपर के कविराज ही यदि चाहें तो रजिष्टर्ड हो सकते हैं। रजिष्टर्ड कविराज रजिष्टर्ड डाक्टरों के समान ही अधिकतर विश्वासपात्र बनाये जायेंगे।

उन लोगों को दिया हुआ प्रमाण-पत्र डाक्टरी प्रमाण-पत्र के समान ही ग्रहण किया जायगा। इसके फल-स्वरूप रजिष्टर्ड कविराजगण अधिकतर यश और धन कमायेंगे यह इससे आशा की जाती है। भविष्य में सरकारी आयुर्वेद परिषद् और फैकल्टी के गठन में उन्हीं लोगों का अधिकार रहेगा।

फैकल्टी की निर्दिष्ट शिक्षा के बाद जो परीक्षोत्तीर्ण होंगे, वे लोग भी Registered होने पर ये सभी अधिकार प्राप्त कर लेंगे। विशेषतः गवर्नमेन्ट प्रदत्त उपाधि के परिचय से जनसाधारण के सामने यथेष्ट सम्मान और विश्वास प्राप्त करेंगे। इस सम्मान के विरुद्धवादी 'पास करके कम्पाउन्डर के समान सम्मान' कह कर इसके विरुद्ध प्रचार करते हैं। किन्तु मैंने बहुत खोज करने पर इस अपूर्व आविष्कार का कारण नहीं पाया। यदि ऐसी ही बात होती तो जिन-जिन देश में Registration की प्रथा है वहाँ के वैद्य अपने को गौरवान्वित नहीं समझते।

इस जगह यह भी कहना आवश्यक है कि Registration कोई बाधा नहीं डालेगा। Registered नहीं होने से वोट का अधिकार और प्रमाण-पत्र नहीं मिलेगा। किसी का व्यवसाय करना बन्द नहीं होगा। कविराजों के सम्प्रदाय पण्डित एवं विचारकों की कमी नहीं है। आयुर्वेद के फैकल्टी की विकृत रूप से व्याख्या के कारण ही कोई-कोई पण्डित कविराजों की इसके प्रति अश्रद्धा हो गई है। परन्तु आयुर्वेद की खराब हालत और आयुर्वेद के व्यवसायियों के प्रति लोगों की अश्रद्धा और अवज्ञा तो अविदित नहीं है। सुशिक्षित योग्य शिक्षार्थी के अभाव से आज आयुर्वेद विनाश के तरफ जा रहा है। अशिक्षितों के वाह्याडम्बर से विमुग्ध होकर लोग यह नहीं पहचान सकते कि कौन यथार्थ में कविराज है। इस समस्या को हल करने के लिये, शिक्षापद्धति का संस्कार और शिक्षितों के लिये कोई विशिष्ट चिह्न होना अत्यन्त आवश्यक है। राज-शक्ति का नियन्त्रण छोड़ कर इसका कोई और उपाय है? इसके नहीं रहने से ही फैकल्टी की शरण लेनी पड़ती है। यह हम लोगों का अवश्य कर्तव्य यह पण्डितों को बताना आवश्यक नहीं है। फैकल्टी के नियमानुसार चुने गये हुए कविराज ही पाठ्य और पाठन प्रणाली निर्द्धारित करेंगे। इसके फल स्वरूप अष्टाङ्ग आयुर्वेद का पुनरुद्धार होगा एवं परीक्षोत्तीर्ण छात्रगण गवर्नमेन्ट प्रदत्त उपाधि द्वारा विशेष रूप से चिह्नित होंगे। इसके फल स्वरूप अशिक्षितों के अत्याचार से जन-साधारण बच जायेंगे, यह निश्चय ही है।

उपसंहार

अब मैं अपना वक्तव्य खतम करूँगा। उपसंहार में मेरा यही निवेदन है कि भविष्य में आयुर्वेद की उन्नति के लिये और गौरव की रक्षा के लिये यदि हम लोग प्रतिज्ञा-बद्ध न होंगे तब आयुर्वेद का भविष्य अन्धकारमय हो जायगा। बङ्गाल का शिक्षित-जन-समूह और कविराज-समूह यदि प्राण-पण से भारत के गौरव-आयुर्वेद की रक्षा न करेगा तो केवल इने-गिने लोगों के आत्म-त्याग और चेष्टा से आयुर्वेद सुरक्षित नहीं हो सकता है। आयुर्वेद के धन-रत्न धीरे-धीरे विदेश में चले जा रहे हैं। अशिक्षित और अर्द्ध-शिक्षित आयुर्वेदीय चिकित्सकों में से अशिक्षित चिकित्सकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे लोगों की आयुर्वेद के प्रति श्रद्धा घट जाना आवश्यक है। इसको बन्द करने के लिये कविराज महाशयों की सम्मिलित चेष्टा अत्यन्त आवश्यक है।

अन्त में कविराज महाशयों की कृताञ्जली होकर प्रार्थना करता हूँ—

"सहनाववतु सहनौ भुनक्तु सहवीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥"

॥ इति ॥



श्रीमान कविराज नरेन्द्रनाथ मित्र, लाहोर।
अध्यक्ष, पंजाबप्रान्तीय ६ वैद्यसंमेलन, जालन्धर (स १९३३)।

पंजाब प्रान्त

पंजाब प्रान्तीय षष्ठ वैद्यसम्मेलन, जालंधर के सभापति

कविराज श्री नरेन्द्रनाथजी मित्र, लाहोर का

जीवन-चरित्र।

श्रीमान कविराज नरेन्द्रनाथजी मित्र का शुभ जन्म सन् १८७४ ई० में हुआ। सन् १८८५ ई० में आपने इन्दर मीडिएट परीक्षा पास कर लाहोर मेडिकल कालेज में प्रवेश किया। वहाँ पर आप होनहार छात्रों की श्रेणी में अपनी प्रतिभा के कारण माने जाने लगे। फलतः आपको कालेज से १२) मासिक छात्रवृत्ति मिलने लगी। कालेज-प्रवेश के बादही आपको 'शरीरं व्याधि मन्दिरम्' का सजीव उदाहरण बनना पड़ा। अन्ततः ज्वरादिक व्याधियों ने आपको कालेज छोड़ने के लिए बाध्य कर दिया। मेडिकल कालेज छोड़ कर आपने बी० ए० की पाठ्य पुस्तकों के साथ युद्ध आरम्भ किया। किन्तु शारीरिक स्वास्थ्य ने आपका साथ न दिया। अन्त में आप परीक्षा में सम्मिलित न हुए और लाहोर का परित्याग कर इन्दोर पधारे और इन्दोर के प्रसिद्ध राज्यवैद्य, कविशेखर श्री अमृतलालजी से अपनी चिकित्सा आरम्भ कराई और उसी के साथ-साथ उन्हीं से आयुर्वेद का अध्ययन भी आरम्भ कर दिया और कटिबद्ध होकर अनेक वर्षों तक आयुर्वेद का अध्ययन करते रहे। अध्ययन के अनन्तर गुरुदेव के आज्ञानुसार पुनः लाहोर आकर चिकित्सा कर्म में आप प्रविष्ट हुए और आज तक वही कार्य कर रहे हैं। चिकित्सा कर्म करते हुए बहुत दिनों तक आप राजा साहब शेखपुरा के गृह-चिकित्सक भी थे। अखिल भारतीय पंचम वैद्यसम्मेलन मथुरा की आयुर्वेदिक प्रदर्शिनी से आपको प्रथम श्रेणी का प्रमाण-पत्र रसौषधि निर्माण पर दिया गया था। आप एक अच्छे आयुर्वेदिक निबन्धकार हैं। 'सुधानिधि' प्रयाग ने आपके निबन्ध पर एक बार स्वर्णपदक प्रदान किया था। आपने 'चिकित्सा-कलिका' नामक ग्रंथ की टीका बड़े खोज के साथ लिख कर प्रकाशित करवाई है। आज जिस पद्धति से अपने यहाँ रसादिक निर्माण करते हैं, उसका विवरण स्वरचित 'रस-तरंगिणी' में आपने दिया है। और कई रसों के विषय में आपने जो खोज की है, वह भी इसी ग्रंथ में आपने छापा है। आप बहुत दिनों तक बी० ए० बी० आयुर्वेदिक कालेज लाहोर तथा पटना आयुर्वेदिक कालेज के भी परीक्षक रहे हैं। इस समय भी गुरुकुल आयुर्वेदिक कालेज के परीक्षक बहुत दिनों से हैं। भैषज्य-रत्नावली के संशोधक परिवर्धक, सम्पादक और यशस्वी टीकाकार के रूप में भी आयुर्वेद प्रेमीजन आप से बहुत काफी परिचित हैं। रसतंत्राचार्य, कविराज श्री नरेन्द्रनाथजी मित्र के विषय में मैं केवल एकही श्लोक उद्धृत करना अलम् समझता हूँ।

रसतन्त्ररहस्यानामद्वितीयो विचक्षणः।
पाश्चात्येऽपि भिषक्तन्त्रे तत्ववेदी महामनाः ॥१॥
यक्ष्माणसाध्यव्याधीनां चिकित्सायां प्रकर्षवान्।
नरेन्द्रनाथमित्रः श्रीसदनं शिष्यवत्सलः ॥२॥

पञ्जाब प्रान्तीय षष्ठ वैद्य सम्मेलन जालन्धर के सभापति

कविराज श्री नरेन्द्रनाथजी मित्र महोदय का

अभिभाषण

श्रीयुत प्रधानजी ! तथा स्वागतकारिणी-समिति के सदस्यो !

सबसे पूर्व मुझे आप लोगों का धन्यवाद करना है, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से हम लोगों के रहने-सहने तथा स्वागत आदि में पूर्ण प्रयत्नशील होते हुए सौजन्य का परिचय दिया है। इसके पश्चात् मुझे सब वैद्य महानुभावों से क्षमायाचना करनी है। क्योंकि यहाँ पर बहुत से अनुभवी विद्वान् वैद्य उपस्थित हैं और जिन्होंने आयुर्वेद की उन्नति की ओर सराहनीय प्रयत्न किया है। ऐसे महानुभावों के उपस्थित होते हुए मेरा सभापति के आसन पर बैठना कहाँ तक योग्य है ? तो भी मैं आशा करता हूँ कि उपस्थित महानुभाव सम्मेलन के कार्यक्रम को निर्विघ्न रूप से पूर्ण करने में मेरे सहायक होंगे।

वैद्यबन्धुओं !

आयुर्वेद की महत्ता तथा उसकी अन्य चिकित्सा प्रणालियों से श्रेष्ठता को आप लोग खूब जानते ही हैं। इस विषय में विद्वानों के भाषण आपने सुने होंगे, लेख पढ़े होंगे, स्वयं भी विचारा होगा और विदेशी विद्वानों की सम्मतियाँ भी आपने देखी होंगी। उनके बारम्बार दोहराने से कोई विशेष लाभ होता हुआ दृष्टिगोचर नहीं होता। गुड़ को बार-बार मीठा कहने से उसके मिठास में वृद्धि नहीं होती और कड़ुआ कहने से वह कड़ुआ नहीं हो जाता। यही बात आयुर्वेद की है। श्रेष्ठता की केवल मात्र घोषणा करने से उसकी सर्वश्रेष्ठता में वृद्धि नहीं होती और निंदा करने से ह्रास नहीं होता। वास्तविक रूप में उसकी श्रेष्ठता को जताना वैद्यों के हाथ में है। ज़माना वक्तृताओं का नहीं रहा, कुछ कर्म करके दिखाना है। तभी संसार विश्वास करेगा। इस उथल-पथल के युग में, जब कि भारत के धार्मिक व राजनैतिक नेता लोगों को स्व-धर्म, स्व-राज्य वा स्वदेश-प्रेम का पाठ सिखा रहे हों, हमें अपने देश की चिकित्सा-प्रणाली के विस्तार में पूर्ण-रूप से लग जाना चाहिए। राजनैतिक स्टेजों से चिल्ला-चिल्लाकर स्वराज्य की घोषणा करनेवाले हमारे राजनैतिक नेता भी तो सामान्य-से-सामान्य रोग होने पर वैदेशिक चिकित्सा-प्रणाली से चिकित्सा करनेवाले परन्तु विदेशों के एजेण्ट-रूप चिकित्सकों के पास जाया करते हैं। इसमें उनका दोष नहीं। दोष तो हमारी अकर्मण्यता का है। हमें उनकी चिकित्सा-प्रणाली से द्वेष नहीं। उस चिकित्सा-प्रणाली का पिता भी तो आयुर्वेद ही है। उपशय के लक्षण—

हेतुव्याधिविपर्यस्तविपर्यस्तार्थकारिणाम्।
औषधान्नविहाराणामुपयोगं सुखावहम् ॥
विद्यादुपशयं व्याधेः।

में सब प्रणालियों का समावेश होता है। अरब, ग्रीक तथा अन्य योरोप ने यहीं से इसे

सीखा है। परन्तु वे हमारी तरह आलसी नहीं। उन्होंने उसे अपने देश के वातावरण के अनुसार उसे आगे-से-आगे बढ़ाने का प्रयत्न किया और कर रहे हैं। इसमें राजकीय साहाय्य की भी अत्यन्त आवश्यकता होती है, परन्तु इसकी उपलब्धि तब तक सुख स्वप्नमात्र है, जब तक कि हम स्वयं अपने पाँव पर नहीं खड़े होते।

'नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।'

अतः आवश्यकता है अपने पौरुष की। कितने ही वैद्य हैं, जिन्हें आयुर्वेद पर श्रद्धा नहीं। बड़े-बड़े नामधारी वैद्यों में बहुत-से अँगरेजी औषधों का ही प्रायशः नामान्तर से रोगियों को प्रयोग कराया करते हैं। हमें उन औषधों को अपनाने में कुछ हानि नहीं परन्तु इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि हम कहीं आयुर्वेद के सिद्धान्तपथ से विचलित तो नहीं होते। अपने यहाँ एक-से-एक औषध के बढ़कर होते हुए अन्धाधुन्ध विदेशी औषधों का व्यवहार में लाना देश और जाति के लिए हानिकर है।

'यस्मिन् देशे हि यो जातस्तज्जं तस्यौषधं हितम्।'

कई एक महानुभाव केवल अपनी उदरदरी की पूर्ति के लिए अपढ़ लोगों को भी, जो आयुर्वेद का अक्षर भी नहीं जानते, कुछ-एक रुपये लेकर डिग्रियाँ दे देते हैं। फल यह होता है कि—

'यदृच्छया समापन्नमुत्तार्यं नियतायुषम्।
वैद्यमानी निहन्त्याशु शतान्यनियतायुषम्॥'

सैकड़ों पुरुष काल का ग्रास होते हैं। ऐसे वैद्यनामधारियों की असिद्धि को देखते हुए आयुर्वेद के ऊपर से आमलोगों का विश्वास उठ जाता है। वैद्य-मात्र पर अश्रद्धा हो जाती है। अभिप्राय यह है कि ऐसे वैद्य मानियों पर कोई न कोई रोक होनी चाहिए। अभी हाल में ही पंजाब की मेडिकल कौंसिल की ओर से कुछ एक झूठी डिग्री लगाने वालों पर, जिन्होंने किसी युनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त न की थी, पर अपने नाम के आगे M. D. आदि बड़ी-बड़ी डिग्रियाँ लगाते थे, मुकदमे चलाये। किसी को दो सौ रुपए जुर्माना वा किसी को क़ैद की सज़ा हुई। परन्तु वैद्यों को कौन पूछता है? अखिल-भारतीय-आयुर्वेदविद्यापीठ भी इस ओर कुछ ध्यान नहीं देती। आयुर्वेदाचार्य आदि उपाधियों के रजिस्टर्ड कराने का भी कोई लाभ होता हुआ दिखाई नहीं देता। जिसे देखो विद्यापीठ की परीक्षा न देकर भी आयुर्वेदाचार्य आदि पदवी अपने आगे लगा लेते हैं। उनसे कोई पूछने वाला भी नहीं। फल यह होता है कि आमलोग परीक्षाओं को आवश्यकता ही नहीं समझते और मान्य संस्थाओं की परीक्षा न देकर स्वयं वा केवलमात्र धन के लोभी लोगों से बड़ी से बड़ी डिग्री लेते हैं और जनता को धोखे में डाले रखते हैं। ऐसे उत्तरदायित्व से हीन लोगों का जहाँ तक हो सके समुचित प्रबन्ध करना चाहिए। ऐसे वैद्य 'राज्ञां प्रमादाचरन्ति राष्ट्राणि।' इसमें राजकीय सहायता की आवश्यकता होती है। अस्तु।

यदि हम वास्तविक रूप से वैद्यों की उन्नति चाहते हैं, वा लोगों पर वैद्यों का सिक्का जमाना चाहते हैं, तो हमें आयुर्वेद की उन्नति की ओर अग्रसर होना चाहिए। प्राचीन समय में हमारा शास्त्र अत्यन्त उन्नत था, इस विषय में किसी को सन्देह नहीं परन्तु हमने तो यह देखना है कि क्या वह इस वर्तमान युग की आवश्यकता को पूर्ण करता है? बुद्धिमान् एवं

प्रतिभा-सम्पन्न वैद्य तो उन्हीं सूत्र-रूप से निर्दिष्ट सिद्धान्तों-द्वारा सर्व कार्य कर लेंगे। परन्तु जन-साधारण को उनसे लाभ पहुँचना कठिन नहीं अपितु असम्भव दिखाई देता है। हमें आयुर्वेद का ऐसा साहित्य तैयार करना है जो साधारण वैद्यों, आयुर्वेद के विद्यार्थियों तथा जन-साधारण के लिए लाभदायक हो। अन्यथा उन्नति की आशा दुराशामात्र है। अँगरेज़ी औषधों का प्रचार इतने थोड़े-से काल में इतना अधिक क्यों हो गया, इसका भी कारण उनका साहित्य है। सबसे प्रथम साहित्य को बढ़ाइए। साहित्य-द्वारा लोगों में आयुर्वेद के प्रति श्रद्धा उत्पन्न होगी। साहित्य में—प्राचीन लुप्त ग्रन्थों का उद्धार, प्राचीन पुस्तकों का शुद्ध अनुवाद, भाषान्तर वा टीकाएँ, नवीन समयोपयोगी पुस्तकों का निर्माण आदि सबका समावेश होता है। हमें उन टीकाओं को विद्यार्थियों वा संस्कृत से अनभिज्ञ वैद्यों के हाथ में न देना चाहिये, जिनमें धात्रीस्तन्य का अर्थ आँवले का दूध 'कपित्थमांसं' का अर्थ एक प्रकार के बन्दर का मांस—किया गया हो।

Moor's Family Medicine आदि की तरह हमें भी सरल और सर्वसाधारण के लिए उपयोगी ग्रन्थ तैयार करने चाहियें। इसी प्रकार विद्यार्थियों के लिए विषय का विस्तार से निदर्शन करानेवाली पुस्तकों का निर्माण होना चाहिए। हमने इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्वर्गत अपने शिष्य सदानन्द-द्वारा रसतरंगिणी का निर्माण कराया था। इसमें रसशास्त्र के विषय को बड़ी अच्छी तरह और विस्तार से बताने का प्रयत्न किया गया है। संस्कृत भी अत्यन्त ही सरल रक्खी गई है। जगह-जगह पर रहस्यों को खोल दिया है। द्रव्य के गुणों को दर्शाने के लिए दिए गये योगों के गुण सुस्पष्ट एवं विस्तृत रूप से लिखे गए हैं। वहाँ पर यह भी बता दिया गया है कि अमुक द्रव्य वा अमुक योग अमुक-अमुक लक्षणों के होने पर दिया जाता है। उदाहरण के तौर पर आप वत्सनाभ के आमयिक प्रयोगों में प्रसिद्ध मृत्युञ्जयरस का प्रकरण देख सकते हैं। वहाँ प्रत्येक विद्यार्थी समझ जायगा कि किस प्रकार के ज्वर में इसका प्रयोग होना चाहिए। अभिप्राय यह है कि इस प्रकार के ग्रन्थों के निर्माण से वैद्यों की केवलमात्र नुस्ख़े या योग जानने की बढ़ती हुई रुचि रुक जायगी और वे वास्तविक अर्थों में वैद्य कहाने योग्य होंगे।

प्राचीन पुस्तकों में नुस्ख़ों की भरमार है। आवश्यकता है नुस्ख़ों को ठीक जगह पर प्रयोग कराने वालों की। एकही योग एक वैद्य प्रयोग कराता है तो उसे सिद्धि होती है और दूसरा असफल रहता है। असफलता में उस योग का दोष नहीं परन्तु उसके प्रयोग कराने वाले वैद्य का है। "नैष स्थाणोरपराधो यदेनमन्धो न पश्यति।" वह वैद्य यह नहीं जानता कि इस औषध का किस दोष के कोप में वा किन लक्षणों के होने पर प्रयोग कराना चाहिये। वस्तुतस्तु वह वैद्य कहाने के योग्य ही नहीं।

'योगमासां तु यो विद्यादेशकालोपपादितम्।
पुरुषं पुरुषं वीक्ष्य स विज्ञेयो भिषक्तमः॥'

यह तब हो सकता है जब रोगपरीक्षा के साथ-साथ निघण्टु का सम्यक्तया ज्ञान हो। निघण्टु के ज्ञान से नुस्ख़ों के जानने की लालसा मिट जायगी। निघण्टु के न जानने के कारण ही वैद्य नुस्ख़ों के पीछे दौड़ते हैं। जब कोई एक उत्तम नुस्ख़ा जान भी लेते हैं तो अपने अभ्यास में उसे लाभदायक नहीं पाते और निराश हो जाते हैं। निराशा का कारण उनके

निघण्टु-ज्ञान का पर्याप्त न होना है। जो आयुर्वेद के पत्र वा पत्रिकायें वास्तव में उपयोगी होती हैं उनका प्रचार तो वैद्यों में होता नहीं और वे घाटा होने के कारण बन्द हो जाती हैं। परन्तु जिन पत्रिकाओं में लोगों के अतिरिक्त अन्य कोई लेख नहीं होते वे शीघ्र ही प्रचारित हो जाती हैं। इसमें जहाँ वैद्यों की ज्ञान-शून्यता का भाग होता है, वहाँ वे अच्छे चिकित्सक भी नहीं बन सकते।

यस्तु रोगविशेषज्ञः सर्वभैषज्यकोविदः।
साध्यासाध्यविधानज्ञस्तस्य सिद्धिः करे स्थिता॥

अच्छे चिकित्सक बनने के लिये तो किसी सुप्रबन्धयुक्त संस्था से पढ़ने के पश्चात् चिकित्सा में निपुण चिकित्सक के पास रह कर कर्मदर्शन आवश्यक है। अब तक जितनी भी संस्थायें आयुर्वेद की शिक्षा देती हैं उनमें कर्मदर्शन वा कर्माभ्यास का उतना अच्छा प्रबन्ध नहीं। परिणाम यह होता है कि विद्यार्थी जीवन में असफल रहते हैं और चिकित्सा कार्य को छोड़ कर आजीविका के अन्य उपाय ढूँढ़ते हैं। प्रवीण चिकित्सक के पास दो-तीन वर्ष व्यतीत करने से जहाँ विद्यार्थी कर्मदर्शन से चिकित्सा में प्रवीण हो जायगा वहाँ वह अपने अभ्यास के लिये सुगमता से मार्ग को भी नियत कर लेगा। अतएव चरक में कहा भी गया है—

'तस्माच्छास्त्रेऽर्थविज्ञाने प्रवृत्तौ कर्मदर्शने।
भिषक् चतुष्टये युक्तः प्राणाभिसर उच्यते॥
विद्या मतिः कर्मदृष्टिरभ्यासः सिद्धिराश्रयः।
वैद्यशब्दाभिनिष्पत्तावलमेकैकमप्यदः॥
दृष्टकर्मा च शास्त्रज्ञो वैद्यः स्यात्सिद्धिभागसौ।
एकाङ्गहीनो न ऋघ्यः एकपक्ष इव द्विजः॥'

अतः प्रवीण चिकित्सक के पास रह कर चिकित्सा-कर्म सीखना आयुर्वेद के गौरव-प्रतिष्ठा का सोपान है। इससे नवीन वैद्य की चिकित्साभ्यास में हिचकिचाहट भी दूर हो जाती है।

आयुर्वेद के मान, गौरव वा उन्नति का एक साधन और अत्यावश्यक साधन यह भी है कि प्रत्येक चिकित्साभ्यास करनेवाला वैद्य एक नोटबुक रक्खे और उसमें रोगी-द्वारा वर्णित रोग का ऐतिह्य, वर्तमान लक्षण, निर्णीत रोग तथा व्यवस्था की हुई औषध को दर्ज करें। तदनन्तर रोगी जो भी गुण-अवगुण बताए वा जो कुछ आप परीक्षा-द्वारा जाने उसे लिखता जाय। इससे किन लक्षणों के होने पर कौन-सी औषध उपयुक्त है, यह ज्ञात हो जायगा। औषध असंख्य हैं। अतः दस-बीस मुख्य-मुख्य औषध, जिन्हें प्रायः वैद्य लोग बरतते हैं, इस कार्म्मैस-द्वारा नियत की जा सकती हैं। हममें से प्रत्येक वैद्य का यह कर्त्तव्य होना चाहिए कि वे अपने यथार्थ अनुभव को संग्रह करके लायें। विद्वान् वैद्यों की एक उपसमिति उन संग्रहों के आधार पर यह निर्णय करे कि अमुक औषध अमुक रोग में अमुक-अमुक लक्षण होने पर लाभकर है। इससे जहाँ आयुर्वेद साहित्य की एक बहुत बड़ी कमी पूरी होगी वहाँ नये विद्यार्थियों के लिए मार्ग सुगम हो जायगा। यदि ऐसा न भी किया जाय, तो कम-से-कम उस व्यक्ति को तो अत्यन्त लाभ होगा, जिसने इस प्रकार का संग्रह अपने पास किया हुआ है। यह चिकित्सा-कर्म में प्रकाशस्तम्भ होगा।

चिकित्सा की सफलता के लिए जहाँ अन्य बातों की आवश्यकता है वहाँ औषधों का यथाविधि बनाना भी आवश्यक है। एक तो वनौषधियाँ ही ठीक नहीं मिलतीं। साधारण-से-साधारण वनौषधि का भी ठीक मिलना दुष्कर होता जाता है। अमृतसर—जो कि पंजाब की मंडी है—कितने ही कृत्रिम द्रव्य तैयार करती है और उन्हें ही वैद्य अपनी औषधों में व्यवहार करते हैं, लाभ कहाँ से हो? पहिले तो यही शिकायत हुआ करती थी कि यह चीज़ पुरानी है, अब तो यथार्थ वस्तु का मिलना भी कठिन हो रहा है। इसके लिए अभिज्ञ निर्लोभी वैद्यों की देख-रेख में वनौषधि-संग्रहालय होने चाहियें और वैद्यों को उन्हीं से द्रव्य मँगाने चाहियें। यह तो हुई वनौषधियों के प्राप्त होने की बात।

मुझे क्षमा करेंगे यदि मैं यह कहूँ कि हममें से बहुत से वैद्य औषधों के यथाविधि निर्माण को भी नहीं जानते। कितने ही वैद्य हैं जिन्हें घृत वा तैल का पकाना नहीं आता, कितने ही अरिष्ट-आसव को तैयार करना नहीं जानते, और कितने ही चूर्ण वा गोलियों के उपादान द्रव्यों को किस क्रम से मिलाना चाहिए, यह नहीं जनते। हम सबको इस विषय में अपनी अपनी कमी को पूरी करनी चाहिए। जो जानते भी हैं या जानने का दावा करते हैं, वे भी यथा विधान औषध को बनाने का कष्ट नहीं करते। पीछे आयुर्वेद के पत्रों में यह शिकायत छपी थी जिसमें पंजाब की ही किसी विशेष फार्मेसी पर यह दोष लगाया गया था कि वह स्वयं यथाविधि लौहभस्म को तैयार न करके बाज़ारू Iron oxide लेकर ऑर्डर पूरा कर देती है। हम यह नहीं कह सकते कि वह फार्मेसी कौन-सी है; क्योंकि उन्होंने नाम को प्रकट करना व्यवहार की दृष्टि से उचित नहीं समझा, परन्तु इसमें सत्यता बहुत है। ऐसी फार्मेसियों से किसी प्रकार का सहयोग करना अच्छा नहीं। इससे जहाँ आयुर्वेद के गौरव की हानि होती है वहाँ हम पंजाब के वैद्यों की नाक कट जाती है। एक ही मछली तालाब को गंदा कर देती है। प्राणि-मात्र के साथ सम्बन्ध रखने वाले इस शास्त्र में अनुचित रूप में व्यापारिक दृष्टि को लाना बड़ा ही जघन्य कर्म है। ऐसे अपराधियों के लिए प्राणदण्ड भी बहुत कम है। वैद्य वा रोगी किसी फार्मेसी से विश्वास पर औषध मँगाता है। उससे विश्वासघात करना कहाँ की सज्जनता वा सहृदयता है?

इन सब बातों के अतिरिक्त वैद्यों को आयुर्वेद के प्रधान अंग शल्य (Surgey) तथा शालाक्य की ओर भी ध्यान देना चाहिये। ये अंग भी पूर्व-काल में अपने उच्चतम शिखर पर पहुँचा हुआ था। सुश्रुतसंहिता इसकी साक्षी है। परन्तु पीछे से जैसा कि ऐतिहासिक कहते हैं, बौद्ध-काल में इस अंग को अत्यन्त घृणित ठहराये जाने से वैद्यों ने अवहेलना की। इस समय एक भी ऐसा वैद्य दिखाई नहीं देता, जो शल्य-कर्म करता हो इस कर्म की अवहेलना होने पर नाई आदियों ने इसे जैसा-तैसा सीखा और वे अब तक भी उसे वैसा ही करते चले जाते हैं। वैद्यों को चाहिए कि इसे अपनायें और इसमें पुनः उतनी ही सिद्धहस्तता प्राप्त कर लें जितनी प्राचीन समय में थी। बड़े-से-बड़ा ऑपरेशन करने में किसी दूसरे का मुँह न ताकना पड़े, यद्यपि प्रारम्भ में हमें बहुत-कुछ पाश्चात्य डॉक्टरों से सीखना पड़ेगा। सीख कर ही हम आयुर्वेद के साँचे में उसे ढाल सकते हैं। विज्ञान की उन्नति इसी प्रकार हुआ करती है।

परन्तु वैद्यों की मनोवृत्ति तो कुछ ऐसी है कि न तो वे किसी से कुछ सीखना चाहते हैं न सिखाना चाहते हैं। मिथ्याभिमान का त्याग करने से ही हम कुछ आगे बढ़ सकते हैं दूसरे

को सिखाने में हमें अपने हृदय को विशाल करना चाहिए। एक साधारण से साधारण बात के बताने में वैद्य इतना संकोच करते हैं कि कहने की बात नहीं। विद्या देने से सदा फूला-फला करती है। संकुचित मनोवृत्ति ने ही तो हमारी यहाँ तक अधोगति की है। इस मनोवृत्ति को बदलने का भरसक प्रयत्न होना चाहिए। इस विषय में हमें पाश्चात्य वैज्ञानिकों से शिक्षा लेनी चाहिए। अन्वेषणा का कार्य होने पर जब वे किसी नई वस्तु का पता लगाते हैं, तो उसी समय प्रकाशित कर देते हैं। आप जानते ही हैं कि किस प्रकार वे उन्नति की ओर बढ़ते चले जाते हैं।

आइये, और सद्भावनाओं से इस सम्मेलन में एकत्र हुए वैद्य अपनी उस मनोवृत्ति को बदलते हुए आयुर्वेद के साहित्य को उन्नत करने आप सब, लुप्तप्राय अंग—शल्य को पुनरुज्जीवित करने का तथा स्वार्थपरायणता को छोड़कर वास्तविक उन्नति की ओर बढ़ने का प्रयत्न करें और आयुर्वेद को पुनः उसी उच्च आसन पर बैठायें, जिसे देख कर संसार चकित हो जाय।

॥ इति ॥

निखिल भारतीय आयुर्वेद महामण्डल और विद्यापीठ के संस्थापक, स्वर्गीय

आयुर्वेद महोपाध्याय शंकरदाजी शास्त्री पदे का

जीवन चरित्र

भारत कर्मभूमि है। इसमें आत्म-त्याग पूर्वक शुद्ध कर्मनिष्ठा से कर्तव्य करने वाले समय-समय पर उत्पन्न होते ही रहते हैं। भारतवर्ष के लिये भगवान की स्वयं प्रतिज्ञा है कि जब-जब धर्म की हानि होती है और सत्पुरुषों को कष्ट होता है, उन्हें अपना कर्तव्य पालन करना कठिन पड़ने लगता है, तब-तब धर्म की रक्षा के लिये मैं अवतार लेता हूँ। कुछ अवतारों में भगवान स्वयं अवतीर्ण होते हैं और कुछ में अपने अंश विशेष से किसी कर्मी पुरुष को अवतारित करते हैं। ऐसे अंशावतारों की पहचान के लिये भगवान ने कुछ लक्षण बतला दिये हैं—

"यद्यद्विभूति मत्सत्वं श्रीमदूर्जितमेववा।
तत्तदेवावगच्छत्वं ममतेजोंश सम्भवम्॥"

ऐसे तेजस्वी अंशावतारी किसी उद्देश्य विशेष को लेकर जन्म लेते हैं और उसे रास्ते पर लाकर विदा हो जाते हैं। हमारा आयुर्वेद भारतीय धर्म का एक अंग है। वेद उसका उद्गम स्थान है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष उसके द्वारा सिद्ध होते हैं अतएव उसकी यत्परोनास्ति हानि भगवान नहीं देख सकते।

यह वेद सम्मत आयुर्वेद देवताओं द्वारा प्रस्फुटित और ऋषि महर्षियों द्वारा पल्लवित तथा विविध आचार्यों द्वारा शाखा प्रशाखाओं से सुशोभित फूलने फलने में समर्थ हुआ था। यद्यपि बौद्धकाल में इसकी एक शाखा मलीन हो चली थी, किन्तु रस-सिद्धों के कारण उसकी रस-तन्त्र की दूसरी शाखा अपनी उन्नति की परमसीमा तक पहुँच गयी थी। मुसलमानी काल एक प्रकार से उदासीन काल था तथापि इसकी चिकित्सा वाली शाखा बढ़ती ही रही और अपने चमत्कार से बादशाहों को भी दंग करती रही। आगे चल ब्रिटिश काल इसकी उत्तमता की परीक्षा का बहुत ही विकटकाल सिद्ध हुआ। सरकार पश्चिमी शिक्षा-दीक्षा का जोर से प्रचार कर रही थी, अपनी चिकित्सा-पद्धति एलोपैथी को ही वह मान्यता दे रही थी, सरकारी बल पाकर वह भी अठखेलियाँ करती हुई विचर रही थी, सर्वत्र अपना प्रभाव जमाती चली जाती थी। उसके मायाजाल में फँस स्वयं डाक्टरी पढ़े हुए देशी लोग आयुर्वेद की निन्दा करते और कायदे कौंसिलों में भी उस पर हमले होते रहते थे। अपने घर भी इसकी पूछ कम हो चली थी। इसे निस्सार अशास्त्रीय-विज्ञान विरहित, झाड़ फूंक की तरह ढकोसलामात्र समझा जाने लगा था। भगवान ने ऐसे ही समय अपना अंश देकर आयुर्वेद महोपाध्याय शंकरदाजी शास्त्री पदे को अवतरित किया।

जन्म और बाल्यकाल

पण्डित शंकरदाजी शास्त्रीपदे के पूर्व-पुरुष पूने जिले के नारायणगांव के रहने वाले

थे। ये महाराष्ट्रों के देशस्थ श्रेणी ब्राह्मण थे। पेशवाओं के दरबार में वेद के पद-पाठ करने के कारण इनके खानदान को पदे की उपाधि प्राप्त हुई थी। ये शुक्ल यजुर्वेदी शाखा के कर्मनिष्ठ ब्राह्मण थे। इनके पिता पण्डित दाजी शास्त्री पदे ज्योतिष विद्या के प्रकाण्ड पण्डित थे और बम्बई में आकर उन्होंने बहुत यश और द्रव्य अर्जित किया। बम्बई के नागपाड़ा मुहल्ले में ही चैत्र कृष्ण १० संवत् १९२३ अर्थात् ३० मार्च सन् १८६७ ई० को आपका जन्म हुआ। आपने आठ वर्ष की अवस्था में ही मराठी शिक्षा पूर्ण कंठ कर ली। इसके बाद सुप्रसिद्ध प्रज्ञासु शतावधानी, भारतभानु, साहित्याचार्य स्वर्गवासी पण्डित गदूलाल जी महाराज से संस्कृतसाहित्य, न्याय, व्याकरण, मीमांसा आदि की शिक्षा ग्रहण की और पण्डित प्रभाकरदा जी बाईकर से वेद का अध्ययन किया। आयुर्वेद की शिक्षा विशेषतः कर्माभ्यास श्रीयुत् भानु वैद्य कुलकर्णी से आपने प्राप्त किया।

संगठन

शंकर शास्त्री के जीवनरहस्य और सफलताओं का सामअस उनकी अद्भुत संगठन शक्ति पर निर्भर करता था। आयुर्वेद के लिये तो इनका अवतारही था और उसके लिए तो ये अपना सर्वस्व न्योछावर किये ही बैठे थे; किन्तु अन्य क्षेत्रों में भी आपके कार्यों का इतना अधिक विस्तार था कि देखकर आश्चर्य होता था। एक आदमी इतने अधिक कार्यों का संचालन कर सकता है, इसका ज्वलन्त उदाहरण आपकी जीवनचर्या में अद्भुत कौशल के साथ देखा जाता था। अपनी संगठन शैली के प्रभाव से आप सब कामों की ऐसी व्यवस्था करते थे कि सब काम होते चलते थे। आपने अपने सहयोगियों और मित्रों को सदा आगे बढ़ाते रहने उनका यश विस्तार करने, उनकी सफलता में सहायक बने रहने का सदा ध्येय रखा। यही कारण है कि आपके सहायक और सहयोगी सदा आपसे प्रसन्न रहते और आपके कर्मों की सफलता में जुटे रहते थे। जो आपके विरोधी होते उन्हें भी आप साथ रखते और अपने व्यवहार से उन्हें पानी-पानी कर देते और अपना सहायक बना लेते थे। आयुर्वेद की उन्नति के लिये भी वैद्यों का सहयोग तो आवश्यक था ही; किन्तु जिन डाक्टरों के द्वारा आयुर्वेद का विरोध होता था, उसी श्रेणी के अनेक डाक्टरों को भी आप अपने कार्य-कला में शामिल रखते उन्हें आगे करते और उनसे कार्य में सफलताही नहीं पाते थे बल्कि विरोधियों का विरोध भी अनेक अंशों में ढीला कर लेते थे।

कर्तव्य पथ में—सम्पादक और लेखक

बड़ी-बड़ी विभूतियों को भी अपने प्रधान कर्तव्य में अग्रसर होने के पहले उसके सहायक बहुत से कार्य करने पड़ते हैं। कुछ आवान्तर कार्यों को भी छेड़ कर सर्वसाधारण का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना पड़ता है। और सार्वजनिक कामों में पड़ने वालों को बोलने के साथ ही अच्छा लिखने का भी अभ्यास होना चाहिये। बिना इसके उनके कार्यों का प्रभाव अधूरा रहता है। सार्वजनिक कार्यों का जोश आप में इतना अधिक था कि बारह वर्ष की अवस्था में ही अपने बड़े भाई तथा अन्य कुछ मित्रों के साथ आपने "बालमित्र" नाम का मासिक पत्र निकाल दिया। उसका सम्पादन आप स्वयं करने लगे। साथही पत्र के सञ्चालन के लिये आपने जो प्रबन्ध किया वह एक बारह वर्ष के बच्चे की आत्म-निर्भरता का ज्वलन्त उदाहरण है। आपके पिता से दोनों भाइयों को मिठाई आदि के लिये जेब खर्च मिलता था,

उससे पत्र के पोस्टेज और पत्र-व्यवहार आदि का प्रबन्ध हुआ और छपाई के लिये जगदीश्वर प्रेस के मालिक श्रीयुत् नानासोहजी से आपने यह प्रबन्ध किया कि छपाई में जो लगेगा उसके बदले हम प्रेस के प्रूफ पढ़ दिया करेंगे। यही नहीं "विद्या-प्रकाश" नामक पत्र में आपके लेख पहले से छपते थे उनका भी सिलसिला जारी रहा। इस प्रकार छोटी अवस्था में ही आप मराठी के लेखक समझे जाने लगे। उन दिनों बड़ौदे से "सयाजी विजय" साप्ताहिक पत्र निकलता था। उसके मालिक श्रीयुत् दामोदर सांवलाराम ने अपने पत्र का सम्पादन भार लेने के लिये बुलाया। आपके सम्पादकत्व में पत्र खूब चमक उठा। पिता के अनिष्ट प्रेम ने दो चार वर्ष से अधिक बाहर नहीं रहने दिया। तथापि इस बीच में ही अपने अभ्यास और अनुशीलन-मनन से आपकी लेखन पटुता की धाक जम गयी और "सयाजी विजय" (पीछे यह पत्र बम्बई आ गया), नेटिव ओपीनियन तथा अन्य कई पत्रों में "शंकर" "पिनाकी" "भ्रमर" आदि उपनामों से आपके लेख बराबर निकला करते थे और कभी-कभी सार्वजनिक क्षेत्र में तहलका मचा दिया करते थे।

धार्मिक क्षेत्र में प्रवेश

आपके पिता प्रसिद्ध ज्योतिषी थे, बड़े और छोटे भाई भी ज्योतिषी थे, काका वैदिक थे। इस तरह पैतृक विश्वास के रूप में आप सनातनधर्म के कट्टर अनुयायी थे। थियासोफिकल सोसायटी के सम्बन्ध में आपके लेखों ने इतनी धूम मचा दी कि मराठी केसरी को भी स्वीकृत पक्ष को छोड़ चुप रहना पड़ा। इन्हीं दिनों सन् १९०१-२ के बीच स्वामी ज्ञानानन्द जी पण्डित दीनदयालु जी शर्मा को अलग कर भारतधर्म महामण्डल के सर्वेसर्वा बन बैठे और मधुसूदन संहिता नाम की अपने ढंग की एक नयी संहिता को प्रचलित करना चाहा। आपने उसके विरुद्ध कलम उठायी और इतना घोर आन्दोलन किया कि वह भारतव्यापी हो गया। पण्डित दीनदयालुजी को आपने बम्बई बुला कर फिर धार्मिक क्षेत्र में प्रवेश कराया और उन्हें व्याख्यान वाचस्पति के पद से विभूषित कराया। आपकी सनातनधर्म परिषद् और ब्राह्मण सम्मेलन प्रभावशाली काम करने लगे। माननीय मालवीयजी ने जब हिन्दूविश्वविद्यालय की पूर्व पीठिका के रूप में सनातनधर्म महासम्मेलन किया तब आप उसके भी सहायक हुए। भारतधर्म महामण्डल के भी अच्छे कामों का आप समर्थन करते और सहयोग का आदान-प्रदान करते थे। द्वारका के शंकराचार्य जगद्गुरु राजराजेश्वर महाराज से बड़ौदा महाराज का मतभेद हो गया था, जिससे वे सदा बाहर रहे। उनके बाद जगद्गुरु माधवतीर्थ को गद्दी मिलना संदिग्ध हो रहा था किन्तु आपने बड़ौदा महाराज से मिल कर सब अड़चनें दूर करा दीं। यद्यपि आप स्मार्त थे किन्तु सभी सम्प्रदायों का आदर करते और अपने हृदय में पक्षपात नहीं आने देते थे। स्वामीनारायण सम्प्रदाय को अवैदिक कहने का गुजरात में आन्दोलन उठा। किन्तु वे अपने को श्री वैष्णव कहते थे। आपने दौड़-धूप कर आन्दोलन शान्त कराया। इस प्रकार धार्मिक क्षेत्र में भी आपका पूरा प्रभाव था। और उस प्रभाव का उपयोग आप सदा धार्मिक एकता राष्ट्रीयता की वृद्धि में ही होने देते थे। शुष्क विवाद से आप अपने को अलग रखते थे। एक बार महाराष्ट्र में यह आन्दोलन उठा कि "पळशे" ब्राह्मण नहीं हैं, किन्तु ब्राह्मणों को समझा बुझा कर आपने इस कटु आन्दोलन को भी बन्द कराया। धर्म में राष्ट्रीयता-वृद्धि के लिये सन् १८८१ के लगभग आपने "आर्यमित्र मेला"

का संगठन किया और उसे बराबर चलाया। इसके द्वारा आप गणेश उत्सव और दशहरे में जलूस, सभाएँ और व्याख्यानों का प्रबन्ध करते थे। इसमें लोकमान्य तिलक का आपको सहयोग प्राप्त होता था। किन्तु आप धर्म में राजनीति के प्रवेश का विरोध करते थे क्योंकि आपका मत था कि इसकी आड़ में सरकार को हमारे धर्म में भी हस्तक्षेप करने का अवसर मिलेगा। इसका अनुभव भी कई बार हुआ ही है।

राष्ट्रभाषा-प्रचार

महाराष्ट्र में नागरी अक्षर और हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रथम समर्थक आपको ही समझना चाहिये। नागरी अक्षरों का भारतव्यापी प्रचार हो और देश के सार्वजनिक व्यापक कार्य हिन्दी भाषा के द्वारा हों, इसका उद्योग आप बराबर किया करते थे। हिन्दी का अभ्यास बढ़ा कर आप स्वयम् हिन्दी में बोलते थे और इसके लिये आर्थिक हानि भी उठाते थे। आप अपने "भारतधर्म" पत्र को मराठी-गुजराती और हिन्दी में साथही निकालते और ग्राहकों की परवाह न कर उसे प्रचारार्थ, प्रभावशाली लोगों में वितरित करते थे। घाटे की परवाह न कर उद्देश्य सिद्धि के लिये आपने उसे मासिक से पाक्षिक और पाक्षिक से साप्ताहिक कर दिया था इस उद्देश्य को आप मरते दम तक नहीं भूले। मृत्यु के दो दिन पहिले सन्निपात की अवस्था में भी लड़खड़ाती जबान से आपने कहा 'हे अखिल भारत के वासियों सुनो, मैंने भारत की भाषाओं को एक करने और हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रयत्न किया—इसे अब तुम सँभालो।" इसके बाद आपने और कुछ कहा किन्तु वह हम लोगों की समझ में नहीं आया।

गरीबों का हित

पण्डित शंकरदाजी शास्त्री पदे के सामने सदा मजदूरों, किसानों और गरीबों का हित रहा करता था। उन दिनों मजदूर आन्दोलन आज का ऐसा जोरदार नहीं था; किन्तु मजदूरों का एक छोटा पत्र मराठी में निकलता था। उसकी आप समय समय पर सहायता करते और सम्पादक को मजदूरों के हितके विषयों में परामर्श देते थे। अपने पुरुषों के निवास-स्थान नारायणगांव में आप एक आदर्श कृषिक्षेत्र खोलकर किसानों को खेती की अच्छी पद्धति सिखाना चाहते थे। वहीं एक व्यवहारिक शिल्पशाला खोल कर शिल्प-शिक्षा भी सिखाने का प्रबन्ध करना चाहते थे ताकि बहुत से बेरोजगार रोजी के लायक बनें। साथही एक अनाथालय भी खोलना चाहते थे जिसमें निपट असमर्थों को और निरीह बालकों तथा निराश्रित स्त्रियों को रखकर उनके भोजनादि का प्रबन्ध किया जाता। तत्कालीन गवर्नर लार्ड क्लार्क से इस सम्बन्ध में लिखा-पढ़ी कर सब बातें तय हो गई थीं और लेडी क्लार्क के नाम से कृषिक्षेत्र का नामकरण होने वाला था। यद्यपि आप राष्ट्रीय विचार के पुरुष थे और तिलक महाराज की राजनीति को पसन्द करते थे, तथापि आपका विचार था कि देहात की ऐसी संस्थाओं में सरकारी सम्पर्क रहने से उनके संचालन में पुलिस और छोटे अफसरों की अड़चनों की सम्भावना नहीं रहेगी। इस तरह प्रजा को निर्विघ्नलाभ पहुँचाया जा सकता था।

आयुर्वेद का उद्धार

ये सब काम तो शंकर शास्त्री के सहकारी उपकरण मात्र थे। पर कार्य में उनका अवतार आयुर्वेद के उद्धार के लिये हुआ था। यद्यपि आपके पितृकुल में ज्योतिष, कर्मकाण्ड

और वैदिक विषयों का ही प्रचार था तथापि मातृकुल में वैद्यक की अधिक चर्चा थी। आपकी माता भी व्यवहारिक वैद्यक-विषय अच्छा जानती थीं। साथ ही इनके पड़ोस में श्रीयुक्त भानु वैद्य कुलकर्णी रहते थे। ये विद्वान् तो उतने जबरदस्त नहीं थे; किन्तु निदान और चिकित्सा में उनका अनुभव विशेष था। शास्त्रीजी उनके पास बैठा करते थे और वे भी इन्हें बहुत चाहा करते थे। इस तरह शास्त्रीजी ने देखा कि इस विद्या के द्वारा सर्वसाधारण को और विशेषकर गरीबों को बहुत लाभ पहुँचाया जा सकता है। अतएव आपने कुलकर्णी जी से वैद्यक सीखना आरम्भ किया। इनके पिता ने भी इनका झुकाव देख वैद्यक सीखने की सलाह दी। शास्त्रालोचन और गम्भीर विषयों के अध्ययन की आपने अलग व्यवस्था की। धीरे-धीरे आयुर्वेद की तत्कालीन हीनावस्था आपके सामने आने लगी और उसे दूर करने के विचार आपके हृदय में हिलोरें मारने लगे। किसी महान कार्य को हाथ में लेने के लिये आवश्यक है कि समान विचार के कुछ साथी चाहिये। इसके बिना अकेले चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। विचार जागृति किये बिना, अपने उद्देश्यों का प्रचार किये बिना लोगों का आकर्षण नहीं किया जा सकता। इस लिये आपने सन् १८८३ के लगभग १६ वर्ष की युवावस्था में।

राजवैद्य

नाम का एक मासिक पत्र निकाला। इसके द्वारा आपने आयुर्वेद की तत्कालीन हीनावस्था और उसकी व्यतीत गौरवावस्था का चित्र सर्वसाधारण के सामने खींचने लगे। आयुर्वेद का उद्धार और प्रचार करने के लिए वैद्यों में जागृति भरने लगे। यही नहीं इस समय भी आयुर्वेद में प्रकाशित और अप्रकाशित कितना साहित्य है इसकी खोजकर उसे छाप कर प्रकट करने लगे। आपने लगभग ८०० पुस्तकों की तालिका प्रसिद्ध की और बतलाया कि इनमें कौन कौन छप गयी और कौन अमुद्रित है। अपने दृढ़ निश्चय और आत्मत्याग के कारण आपने पांच छः वर्षों तक पत्र को घाटा सहने पर भी चलाया। इसके बाद दूसरे ढंग से आयुर्वेद का काम करने के विचार से राजवैद्य बन्दकर

आर्यभिषक्

मासिक पत्र सन् १८८८ के लगभग निकाला। यह पत्र आपने आमरण चलाया और आपके स्वर्गवास के बाद भी डेढ दो वर्ष तक उनके भतीजे पं० गोविन्दराव दिनकर पदे ने चलाया। किन्तु उनके भी अकाल परलोक वासी होने पर वह बन्द हो गया, वैद्यों में जागृति उत्पन्न करने के अतिरिक्त आपने उनके हाथ में ग्रन्थ रत्न देते रहने की भी योजना की। इसलिए आर्यभिषक् के साथ-साथ वाग्भट, चरक, बृहद् निघण्टु, औषधि-गुणदोष, निघण्टु-शिरोमणि वनौषधिगुणादर्श आदि कितनी ही प्रस्तकें संस्कृत मराठी में निकालीं। इन पुस्तकों के लिये आपने बड़ौदा नरेश श्रीमान सयाजीराव गायकवाड से कुछ सहायता ली। इससे पत्र-द्वारा आयुर्वेद के उद्धार का आन्दोलन भी चलता और पुस्तकों के द्वारा आयुर्वेद का स्थायी साहित्य भी निर्माण होकर प्रचलित होता रहता। जब महाराष्ट्र में आपने अच्छी विचार जागृति करली तब उसका क्षेत्र विस्तृत करने के लिये आपने

गुजराती आर्यभिषक्

भी निकाला और उसे कई वर्षों तक चलाया। किन्तु जब वैद्यराज जटाशंकर लीलाधर त्रिवेदी

ने गुजराती में "वैद्यकल्पतरु" निकाला तब आपने उन्हें ही उत्साहित करने और आयुर्वेदिक आन्दोलन में सहायक बनाने का क्रम रखा और अपना पत्र बन्द कर दिया। जिसके द्वारा आपके उद्देशों का पोषण और प्रचार होता था उसे आप कभी अपना प्रतिद्वन्द्वी नहीं, सहायक समझते और उसे उत्साहित कर कार्य विस्तार किया करते थे। गुजरात प्रान्त में ऐसी व्यवस्था कर हिन्दी संसार की ओर आपने दृष्टि दौड़ायी। और संवत् १९६० में हिन्दी में

सद्वैद्यकौस्तुभ

नामक वैद्यक पत्र निकाला। उस समय हिन्दी में कोई वैद्यक पत्र नहीं था। पण्डित जगन्नाथ शर्मा राजवैद्य का "आरोग्य दर्पण" बन्द हो चुका था। इसलिये हिन्दी संसार में इसका अच्छा स्वागत हुआ। पत्र के साथ ही आपने पुस्तक प्रकाशन का भी काम आरम्भ करते थे। इस तरह गुजराती में तो आपकी पुस्तकों का इतना अधिक आदर हुआ कि हज़ारों के उसके कई संस्करण हो गये। अहमदाबाद का "सस्तुं साहित्य वर्धक कार्यालय" अबतक उन्हें प्रकाशित करता जा रहा है। हिन्दी में भी कुछ पुस्तकें आपने निकालीं। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की, किन्तु उन दिनों हिन्दी में ग्राहकों की बहुत कमी थी। इसलिये आपकी मृत्यु के पश्चात् उनकी पुस्तकों के प्रकाशन का काम जारी न रखा जा सका। तथापि सुधानिधि कार्यालय ने उनकी पुस्तकों का अच्छा प्रचार किया। विचार-जागृति और उद्देश-प्रचार के लिये वैद्यक पत्रों का साधन था ही, साथ ही वैद्यों को प्रत्यक्ष कर्तव्य क्षेत्र में लाने का भी कार्य किया गया। पहले बम्बई में

वैद्यक सभा

स्थापित हुई। उसमें आप वैद्यों को एकत्र करते, उनके सामने आयुर्वेद की वर्तमान स्थिति का करुण-जनक चित्र खींच वैद्यों को आयुर्वेद की उन्नति के लिये प्रत्यक्ष कार्य करने के लिये आह्वान करते थे। स्वर्गीय वैद्यराज त्र्यम्बकलाल त्रिभुवनदास मुनि से जब इधर हमारी भेंट होती थी तब उस समय के प्रयत्नों और परिस्थिति का बड़ा मनोरंजक वर्णन सुनाया करते थे, वैद्यक का व्यवसाय तो उस समय भी बहुत से वैद्य बड़ी सफलता और कीर्ति के साथ करते थे; किन्तु आयुर्वेद के लिए सार्वजनिक रूप से कोई काम करने का संगठित प्रयत्न उन्हें नहीं सूझता था। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि उस समय अधिकांश वैद्यों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की कमी थी। किन्तु फिर भी दृढ़ निश्चय के साथ काम करने का फल तो होता ही है। आपकी सभा सफलता पूर्वक चलने लगी। आप बाहर भी जहां जाते वहाँ के वैद्यों को अपने उद्देश्य सुनाते और अपने विचारों में सम्मानित करने का प्रयत्न करते। उन्हें भी सभायें स्थापित करने को प्रोत्साहित करते। यह सब होने पर भी वर्तमान वैद्यों पर ही तो निर्भर नहीं किया जा सकता। भावी वैद्यों की पीढ़ी नये विचार की हो, आयुर्वेदिक शिक्षा-दीक्षा से पूरी हो, इसके लिये

आयुर्वेदिक-विद्यालय

खोलने की आवश्यकता प्रतीत हुई। बम्बई के वैद्यराज प्रभुरामजी के सहयोग से एक विद्यालय खोला गया। कई वैद्य उसमें अवैतनिक काम करने के लिये आगे आये। विद्यालय धूम-धाम से चला; किन्तु आगे चलकर प्रभुरामजी के सुपुत्र डाक्टर गोपटराम ने पाठ्यक्रम में पश्चिमी शिक्षा को भी सन्निवेशित करने की योजना की। इस पर वैद्यों में कुछ मतभेद हुआ।

आपने भी देखा कि विद्यालय तो चल ही रहा है अतएव उसकी व्यवस्था से आपने हाथ खींच लिया। इसी समय बम्बई के बदले नासिक को आपने अपना क्षेत्र बनाना खोजा। नासिक का जल-वायु बम्बई प्रान्त में अच्छा समझा जाता है और तीर्थ-स्थान होने के कारण वहाँ सभी प्रान्तों के लोगों का आवागमन भी रहता है। नासिक का कार्यालय खूब चल पड़ा। इसके बाद आपने नागपुर में भी एक शाखा कार्यालय और विद्यालय खोला। उसका सञ्चालन-भार अपने प्रधान शिष्य, वैद्य पंचानन पण्डित लक्ष्मणराव फणशीकर को सौंपा। आपकी प्रतिष्ठा और मान भारतव्यापी हो गया। शारदापीठ के शंकराचार्य महोदय ने आपको "आयुर्वेद महोपाध्याय" की उपाधि समर्पित कर सम्मानित किया। इतने समय में आपके कार्यों का प्रभाव महाराष्ट्रव्यापी हो गया। उसे भारतव्यापी बनाने के लिये और संगठित रूप से आयुर्वेद की उन्नति और प्रचार के लिये आपने संवत् १९६३ में आयुर्वेद-विद्यापीठ और संवत १९६४ में

वैद्यसम्मेलन

नामक संस्था की स्थापना की। इसके लिये भारतव्यापी आन्दोलन किया गया। नासिक में उसी समय ब्राह्मण सम्मेलन और सनातनधर्म परिषद् के भी अधिवेशन हुए। जिससे भिन्न-भिन्न उद्देश्य और विचार के लोगों का वहाँ खास जमाव हो गया और उनके सामने आयुर्वेदिक चर्चा करने का अच्छा अवसर मिला। तीन-चार दिनों तक खूब चहल-पहल रही। शास्त्रीजी में यह खूबी थी कि वे सब तरह के विचार के लोगों से विचार-विमर्श कर किसी-न-किसी प्रकार अपना काम निकाल लिया करते थे। यद्यपि बालकपन से आपका स्वभाव बहुत क्रोधी और उग्र था तथापि सार्वजनिक कामों में आपके मनदमन की संयम-मर्यादा अद्भुत देखी गयी। अपने विरुद्ध चर्चा को भी आप चुपचाप पी जाते और काम निकाल लेने का ध्येय सामने रखते। आरम्भ में तो जिन वैद्यों से आप आयुर्वेद के उद्धार की चर्चा करते वे आपके कार्यक्रम सुन इन्हें शेखचिल्ली समझते, कोई मौखिक सहानुभूति दिखा कर ही रह जाते। किन्तु इस समय तक उस परिस्थिति में बहुत परिवर्तन हो गया था। वैद्य ही नहीं डाक्टरों को भी आपने अपने सहयोग में ले लिया था। इस सम्मिलन का डाक्टरों पर बहुत प्रभाव पड़ा। उन्हें आयुर्वेद के सम्बन्ध में कुछ सोचने की आवश्यकता प्रतीत होने लगी। वैद्यसम्मेलन में चिकित्सा व्यवसायी मात्र पर प्रेम दृष्टि रखने के ध्येय का अच्छा ही फल दिखा रहा है। इस समय भी बहुत से डाक्टर सम्मेलन के साथ हैं, उसके काम करते हैं, उसकी परीक्षा देते हैं। अब शायद ही कोई विकृत मस्तिष्क हिन्दुस्थानी डाक्टर आयुर्वेद की अयथार्थ निन्दा करता हो, उसकी वैज्ञानिकता सिद्ध हो चुकी है। जो हो सम्मेलन के साथ ही विद्यार्थियों की परीक्षा लेने की भी व्यवस्था हुई। परीक्षा के लिये बड़ौदा नरेश श्री सयाजीराव के नाम पर

आयुर्वेदविद्यापीठ

की स्थापना की गयी। आगे चलकर यह संस्था एक आदर्श स्थापित कर सकी है। विद्यापीठ का पाठ्य-क्रम आपने कई बार बनाया। किन्तु इस समय जो पाठ्य-क्रम प्रचलित है उसमें भारत भर के विद्वान वैद्यों का मस्तिष्क प्रयुक्त हुआ है और वह देश भर में आदर्श पाठ्य-क्रम माना जाता है। आयुर्वेद-विद्यापीठ की परीक्षाएँ गौरवपूर्ण समझी जाती हैं। उस समय भी बहुत से योग्य और प्रभावशाली वैद्य थे; किन्तु उनकी योग्यता-प्रदर्शन का कोई साधन नहीं

था। आपने विद्यापीठ की ओर से उपाधि देने की व्यवस्था की। इससे भी वैद्यों का आकर्षण और ध्यान सम्मेलन की ओर खिंचा। यद्यपि नासिक-सम्मेलन के समय कोई परीक्षार्थी उत्तीर्ण नहीं हुआ था, तथापि विद्यापीठ की परीक्षा में सैकड़ों परीक्षार्थी बैठते हैं और अब तक उसके हजारों स्नातक हो चुके हैं। नासिक सम्मेलन के बाद दूसरा सम्मेलन बम्बई प्रान्त के पनवेल स्थान में हुआ। इसके बाद शास्त्रीजी ने सोचा कि सम्मेलन का देश-व्यापी प्रभाव बढ़ाने के लिये उत्तर भारत में इसका कार्यालय खोला जाय। इसके लिये आपने उत्तर भारत में भ्रमण कर अन्त में

प्रयागराज

को चुना। क्योंकि यह स्थान केन्द्र में है। आप संवत् १९६५ के अन्त में प्रयाग आ गये। उत्तर भारत के केन्द्र-कार्यालय का संचालन करने के लिये उन्होंने मुझे चुना और मुझे नागपुर से प्रयाग में बुला लिया। आप चाहते थे यहाँ से सम्मेलन का भारतव्यापी आन्दोलन किया जाय और काशी में तृतीय वैद्यसम्मेलन हो। कार्यालय स्थापन का मुहूर्त तो उनके सामने ही हो गया; किन्तु इससे अधिक ईश्वर को स्वीकार नहीं था। वे बीमार पड़े और संवत् १९६६ के चैत्र शुक्ल रामनौमी के दिन स्वर्गवासी हो गये। शंकर शास्त्री के कोई सन्तान नहीं थी। तीन भाइयों के बीच में एक पुत्र बाबासाहब गोविन्दराज दिनकर थे। वे भी उनके देह-दो वर्ष बाद स्वर्गवासी हो गये। शास्त्रीजी नहीं रहे, किन्तु जिस उद्देश्य के लिये वे अवतरित हुए थे उसका बीज उन्होंने बपन कर दिया था, उसमें दो शाखाएँ भी निकल चुकी थीं। सम्मेलन के आन्दोलन को उन्होंने अपने परिश्रम और पसीने से ही नहीं बल्कि खून से सींचा था। मुझे मालूम है कि चालीस हजार रुपये अपने और दिनकर के हिस्से में जो पिता से मिले थे उन्होंने आयुर्वेद के आन्दोलन में सब खर्च कर दिया। इसके सिवाय राजामहाराजाओं के यहाँ चिकित्सार्थ जाने में जो द्रव्य मिलता था और वैद्यक व्यवसाय से जो प्राप्ति होती थी, सब इसी में खर्च हो जाता था। उनकी ऐसी उग्रतपस्या व्यर्थ नहीं जा सकती। उन्होंने वैद्यों को आदर्श दिखला दिया, कार्य सौंप दिया। मैंने भी उनके सौंपे हुए कार्य को अपने दुर्बल कन्धों में लेकर प्रभावशाली वैद्यों के सहारे कर्तव्य क्षेत्र में कार्य का विस्तार कर दिया। तृतीय सम्मेलन प्रयाग में हुआ। फिर तो दिनोंदिन वैद्य सम्मेलन का पौधा कल्पवृक्ष के समान लहलहाता गया। आज वह योग्य हाथों में वैद्यों के आन्दोलन का केन्द्र है। समस्त भारत में उसके आन्दोलनों का प्रभाव है। आयुर्वेद के वे बुरे दिन अब नहीं रहे। अब उसकी वैज्ञानिकता की धाक जम चुकी है, उसके विरोधियों का मान-मर्दन हो चुका है। सरकार का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हुआ है। देश में कितने ही आयुर्वेद विद्यालय चलने लगे हैं। धर्मार्थ औषधालयों के द्वारा लाखों करोड़ों भारतवासी लाभ उठा रहे हैं। वैद्यों की पूछ सर्वत्र हो रही है। उनका आदर बढ़ रहा है। वैद्य सम्मेलन की रौप्य जयंती हुई है। यद्यपि अभी आयुर्वेद के लिये बहुत कुछ करना है, किन्तु उसका भविष्य उज्वल और शुभ दिखाता है। आयुर्वेद के इतिहास में पण्डित शंकरदाजी शास्त्री पदे का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ अमर रहेगा।

जगन्नाथप्रसाद शुक्ल

भारत के सुप्रसिद्ध और विद्वान वैद्य

The life sketch of

Mahamahopadhyaya Kaviraj Dwarkanath Sen

"Kaviraj Dwarka Nath Sen was a man of no ordinary capacity. A scholar and a philanthrophiate his fame as an Ayurvedic Physician was spread throughout the land."

Sir Lawrence Jenkins.

Family History.—Mahamahopadhyaya Kaviraj Dwarka Nath Sen Kaviratna was born of an ancient, respectable and Vaidya family of village 'Khandarpara' in the district of Faridpur (Bengal) in the year 1843. His ancestors were all renowned Ayurvedic physicians and eminent scholars. Among them may be mentioned the name of his great-great-grand-uncle Mahamahopadhyaya Abhiram Kavindra who was attached to the court of Raja Sitaram Roy of historic fame. One of his great grandfathers Ram Sankar Kaviraj better known as Sankara Kaviraj was the practitioner of Gopal Bhatta the wellknown compiler of Rasendra Sara Sangrah.

Early Life—Dwarka nath was the eighth and youngest child of his parents, and was known to be of simple and careless habits in his boyhood. But as he grew up, his natural aptitude for knowledge developed in a remarkable degree. He studied grammer, literature and philosphy in Vikrampur, the famous seat of Sanskrit learning in East Bengal. Laterly, he studied the Hindu Medical Science, philosphy, law and the Upanishads under the great scholar, Kaviraj Acharya Gangadhar of Murshidabad, who was well-known throughout the land for his erudition and learning. Dwarka Nath was a favourite pupil of that great savant and worthy successor to his profound scholarship and reputation, though perhaps he even surpasssd him in his professional success.

A successful Physician—In 1875, Dwarka Nath settled in Calcutta and set up his practice in Ayurvedic Medicine. Within a few years by his vast erudition, he made his mark as successful physician, not only in Bengal but in other parts of India also. He had a very large number of pupils from different parts of the country and he used to teach them various branches of Sanskrit learning, chiefly the ancient

medical literature of the Hindus with unmitigated zeal. Owing to the great reputation that he enjoyed for his skilful treatment, he obtained frequent calls from very respectable quarters in different parts of India, and wherever he went his treatment produced satisfactory results. Amongst many others may be mentioned, the name of the late Maharaja of Hatwa, who summoned him for his own treatment in 1896. In 1901, when the Heir—Appaent to the throne of Mewar in Rajputana was suffering from some serious illness, His Highness the Maharana of Mewar applied to the Government of India for the best Ayurvedic Medical aid available in India. The choice of Government fell upon Kaviraj Dwarka Nath Sen who was sent to Udaipur, the capital city of Mewar. In consideration of his vast erudition and unique success in his profession, the Government for the first time recognised the Ayurvedic system and decorated him with the title of Mahamahopadhyaya in 1906. Dwarka Nath was the first Kaviraj to receive this distinction from the British Government.

A Great Man—Although he was always busy with his own profession yet he showed his patriotic zeal by regular attendance to the several sessions of the Indian National Congress both as a delegate and as a member of the Reception Committee. He was often found to take active part in political meetings, a thing quite unprecedented amongst the Sanskrit Pandits, especially of his age. His private charities were extensive and his left hand did not know what his right hand gave. He was a favourite with the Brahmin Pandits whom he gratified with his purse as well as with academical discussions. Dwarka Nath was calm in temperament, independent in spirits, affable in his behaviour, and patriotic to the core of his heart, of whom the whole country might be proud.

His death and Public appreciation—After a protracted illness of six months, the great Kaviraj breathed his last in Calcutta on the 11th February, 1909, leaving behind him his three sons, a large family and many friends and admirers to mourn his loss. His eldest son, Vaidyaratna Kaviraj Jogindranath Sen Vidyabhushan, M. A., who was a well-known physician in Calcutta, and who was the first recipient of the new title 'Vaidyaratna', maintained the reputaion of his great father. His second son Kaviraj Jogindranath was an Honarary Presidency Magistrate and a justice of the peace but still was of a highly independent spirit and took a prominent part in swadeshi movement.

His third and youngest son Kaviraj Sudhindra Nath is now the only surviving son of the great Mahamahopadhyaya. He is a swadeshi of swadeshis and has been to the Jail for swadeshi cause. He is connected with the All Indla Ayurveda Mahamandal and acted for some years as the Secretary of the Bengal Branch of the Mahamandal.

He attended several sittings of the Conference and took active parts in its deliberations. He has been taking a leading part against the passing of the Bengal Ayurvedic Faculty which is supported by the mejority of the Bengal Vaids to be suicidal. Some time after his death the friends and admirers of Mahamahopadhyaya Kaviraj Dwarka Natn Sen convened a public meeting under the presidency of Maharaja Bahadur Sir Prodyot Kumar Tagore to take steps to perpetuate his memory. It was decided to errect a statue of the Kaviraj in a public place in Calcutta ; and a committee was formed with the late Rai Narendra Nath Sen Bahadur as president and public subscriptions were raised for the purpose. On the 29th June, 1912, Sir Lawrence Jenkins, K. C. I. E., the Chief Justice of Bengal unveiled the marble statue at Beadon Square, Calcutta, when Babu Bhupendra Nath Basu as President of the Dwarka Nath Memorial Committee opened the proceedings of the meetings and read the report of the memorial committee from which extracts are given below :—

"Kaviraj Dwarka Nath Sen was a distinguished Ayurvedic physician of this city. His great erudition was not only in the particular branch of knowledge which he made his special study but generally in ancient Hindu literature and philosphy.

His great skill in his profession, his large-hearted and unostentatious charity, his simple habits and the kindness of his disposition endeared him to his friends and made his presence always welcome at the bedside of the sick. The Ayurvedic system of medicine was one of the first to suffer from the onerous Western knowledge and western methods. A Kaviraj was only called in when other remedies had failed : but even with this great handicap a few gifted men among the Ayurvedic practitioners of this city by their knowledge and skill maintained the high standard of efficiency of this system of treatment and to-day the Ayurvedic practitioner enjoys the same position and commands the same respect as his allopathic colleagues trained under European methods. It will be invidious to mention a few names who may have laboured with conspicuous success but no exception can be taken if I refer to the services of Kaviraj Rama Nath Sen and Ganga Prasad Sen in Calcutta and of Gangadhar Sen in Berhampur in the cause they represented ; Kaviraj Gangadhar of Berhampur had a reputation for knowledge and learning which was unique in his day. A distinguished teacher he gave us a pupil who succeeded in a greater degree than his master did in establishing the claims of the Ayurvedic system ; for to Kaviraj Dwarka Nath who was one of Gangadhar's favourite pupils belongs the credit of being selected by the Government of India on the recommendation of the Principal of the Medical College, to undertake the treatment of the son and heir of the Rana of Udai-

pur and his merit was recognised by Government, which in conferring on him the title of "Mahamahopadhayaya" for the first time honoured an Indian Kaviraj. An equally distinguished Ayurvedic practitioner Kaviraj Bijoyratna Sen followed him in obtaining this great distinction. His absence we all mourn to day for, alas death has deprived his countrymen of his services long before his time.

My Lord, in venturing to approach you to unveil the statue of Mahamahopadhyaya Kaviraj Dwarka Nath Sen, we have asked you to associate your name with no mean citizen of this great city. He has left behind him, numerous pupils all over India many of whom hold distinguished positions in their profession : one of his pupils his son Jogindranath Sen has been one of the first recipients of the title of Vaidyaratna which Government has lately been pleased to create for distinguished Ayurvedic practitioners. The statue will be a silent but eloquent monument of what true worth and ability combined with devotion and singleness of purpose can achieve even under the most adverse circumstances and will be a stimulus to our people to a higher and more strenuous life."

Before unveiling the bust, Sir Lawrencc Jenkins said as follows:-

"Gentelmen, It is in response to a long standing invitation that I am here this evening to lend a helping hand in unveiling the bust of M. M. Kaviraj Dwarka Nath Sen. I am at this disadvantage that I have not the honour of his acquaintance but his name and reputation are known to all and as it is thought my presence may assist in some small measure in paying honour to the memory of one to whom honour is due, I am gladly present on this occassion. Kaviraj D. N. Sen was a man of no ordinary capacity. A scholar and a philanthropist his fame as an Ayurvedic physician was spread throughout the land. More than once were his services requisitioned to attend on Princes of India and his merit was justly appreciated by the Government who conferred on him the title he bore in recognisation of his skill and worth.

But this at least I may safely say that the Kaviraj of to-day is the inheritor of observations of centuries and the collected experience of ages, and it is difficult to suppose that in that heritage nothing of good is to be found ; rather would I believe that it embodied much that is of high utility and worthy of investigation of the modern scientist.

Though it may be going too far to say with an old world observer that a doctor is nothing but a sort of consolation (animi consolation) yet it must be within the personal experience of most of us that it is the patients confidence in his ability that is the physician's most potent ally in the fight with disease. In India with its hundreds of

millions, if we exclude the few who have come under the spell of Western influence, it is to the Kaviraj, and the Hakim that the sick-men turn in their sufferings and their ailments for their mental consolation, and it is in the methods in their healing art and in their words of hope that the patients' confidence is placed.

It is a proud recompense of a life well-spent that it should be immortalised in the sculpture erected by admiring friends. This has been the reward of Kaviraj Dwarka Nath Sen's life-work and may his example and may this appreciation of his career stimulate others to a life of equal worth and merit."

His Lordship then unveiled the statue amids great rejoicings of those present. The "Bengalee" in its issue of June 29, 1912, remarked:-

"It is an unprecedented honour which his countrymen are going to do to the memory of the distinguished physician—for he is the first physician of any school to obtain this mark of popular esteem and richly did the late Kaviraj deserve this high recognition. The foremost Ayurvedic physician of his time, the late Mahamahopadhyaya was a man of vast erudition, and it is to him that we are chiefly indebted for the popularity of the Ayurvedic system at the present day, not only in Bengal, but in other provinces. There is hardly a district in Bengal where one or other of the pupils of the late Kaviraj is not in established practice, while numbers of his pupils are to-day to be found scattered all over the country. It was in the fitness of things that Kaviraj Dwarka Nath Sen should have been the first Ayurvedic practitioner to obtain Government recognition, and the Public recognition of which to-day's function is an unmistakable proof, was at once at the basis of that recognition and is a fitting sequel to it."

कविराज
ज्योतिषचन्द्र सेन, कलकत्ता।

महामहोपाध्याय, कविराज,
विजयरत्न सेन, कलकत्ता।

कविराज
हेमचन्द्र सेन, कलकत्ता।

महामहोपाध्याय कविराज श्री विजयरत्न सेन

कविरञ्जन महोदय का

संक्षिप्त जीवन चरित्र

कविराज विजयरत्नजी बङ्गदेश के सुप्रसिद्ध विक्रमपुर नामक स्थान में (20 Nov. 1858) बङ्गला सन् १२६५ के सात अग्रहन, रविवार को एक उच्च वैद्यकुल में जन्म लिए थे। उनके पिता कविराज श्री जगच्चन्द्र सेन भी एक सर्वगुण सम्पन्न भिषग् थे। समवायकुल सन्तान नहीं होने के कारण विजयरत्न के पिता बहुत दुःखी रहा करते थे। दैवयोग से इसी अवसर पर एक तीर्थ-यात्री संन्यासी, उनके निवासस्थान पर आ उपस्थित हुए। संन्यासी जी उन लोगों की सेवा से परम संतुष्ट हुए और सन्तानाभाव से दुःखी देख श्री जगच्चन्द्र सेन जी महोदय को एक महौषध प्रदान कर भविष्यवाणी किये कि उन्हें तीन सन्तान होगी। फलतः उन्हें प्रथम एक पुत्र, द्वितीय एक कन्या और पुनः एक पुत्र हुए जो श्री विजयरत्नजी थे। विजयरत्न के जन्म-कुण्डली में ज्योतिषियों ने लिखा था कि यह बालक अपूर्व प्रतिभा सम्पन्न होगा और देशदेशान्तर में अपार कीर्ति फैलावेगा। ज्योतिषियों का कथन पूर्णतः सार्थक हुआ।

डेढ़ वर्ष की अवस्था में ही श्री विजयरत्न पितृहीन हो गये। प्राचीन समय के वैद्यों में अर्थ-संचय की प्रवृत्ति उतनी अधिक नहीं थी। अतः विजयरत्न के पिता प्रचुर धन उपार्जन करने पर भी अर्थ संचय नहीं किये। दुर्भाग्यवश, इसी समय उनकी जन्मभूमि पद्मानदी के गर्भ में विलीन हो गई। अतएव सर्वथा निरुपाय होकर विजयरत्नजी अपनी माता के साथ अपने मामा के यहाँ कलकत्ता के प्रसिद्ध कविराज गङ्गाप्रसाद सेनजी की संरक्षता में चले गये।

१० ही वर्ष की अवस्था में, वे मिडिल-परीक्षा में बड़ी प्रशंसा के साथ उत्तीर्ण हुए थे। बचपन में ही पितृहीन हो जाने के कारण विजयरत्नजी को अनेक दुःख सहने पड़े थे और साहस पूर्वक संकटों को सहने के कारण ही उच्च होने की अभिलाषा जो उनके मन में थी और भी प्रबल होती गई। कलकत्ता आकर उन्होंने व्याकरण, साहित्य, अलङ्कार, न्याय, सांख्य, पातञ्जल प्रभृति का अध्ययन किये और प्रत्येक विषय में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिये। उस समय कलकत्ता में आयुर्वेदिक-चिकित्सा-क्षेत्र में कविराज गङ्गाप्रसाद सेन और आयुर्वेदशास्त्र में पाण्डित्य के लिए कविराज काळीप्रसन्न सेन बहुत ही प्रसिद्ध थे। विजयरत्नजी आयुर्वेद का अध्ययन और कर्माभ्यास के लिए दोनों के ही शिष्य हुए। यही कारण है कि विजयरत्न जी शास्त्रज्ञान और चिकित्सा-नैपुण्य दोनों में ही इतना उत्कर्ष लाभ किये थे।

विजयरत्नजी अत्यन्त प्रतिभाशाली होने के कारण कुछ ही दिनों में अध्ययन और कर्माभ्यास समाप्त कर चिकित्सा करने लगे और कम समय में ही अतुल यश एवं अर्थ प्राप्त किये। ५२ वर्ष की अवस्था में ही उनका देहान्त हो गया।

इतने थोड़े समय में ही, उनकी चिकित्सा की ख्याति जगत् में विद्युत की भाँति

फैल गई थी। भारतवर्ष को केवल कौन कहे, यूरप तथा अमेरिका जैसे दूर महादेशों में भी उनकी चिकित्सा होने लगी थी। पाश्चात्य देशों में भी जिन रोगों का विधान नहीं होता है, उन रोगों को भी वे अपनी चिकित्सा से निर्मूल कर देते थे।

जिस समय आयुर्वेदिक-चिकित्सा पर लोगों की श्रद्धा घटती जा रही थी, उसी समय विजयरत्नजी ने अपनी नूतन-चिकित्सा-शैली से, आयुर्वेदिक-चिकित्सा प्रणाली को जनता के सम्मुख लाकर संसार को चकित कर दिया। उस समय से ही, भारतवर्ष के प्रत्येक प्रान्त के राजा, महाराजा, शिक्षित धनीमानी का सम्बन्ध किसी-न-किसी रूप में विजयरत्नजी के साथ रहने लगा।

देशमान्य पण्डित मोतीलाल नेहरू जैसे उच्च श्रेणी के सम्भ्रान्त सज्जन भी श्री विजयरत्नजी के गृह में सानन्द आतिथ्य ग्रहण करते थे। काश्मीर तथा बड़ौदा जैसे देशी राज्यों के नरपतियों ने भी उनके प्रति अतीव श्रद्धा प्रगट की थी। एक बार काश्मीर दरबार से चिकित्सार्थ निमन्त्रित होकर विजयरत्नजी सात दिनों तक जम्मू राजभवन में ठहरे थे। उस समय काश्मीर नरेश ने विजयरत्नजी के प्रति जो सम्मान प्रगट किया था, वह बहुत ही दुर्लभ है। उस समय, उनके वास भवन पर जम्मू और काश्मीर से आये हुए असंख्य लोगों की भीड़ लगी रहती थी जो उनके दर्शनार्थ एवं उनसे चिकित्सा कराने आते थे। कलकत्ता से काश्मीर जाते समय तथा काश्मीर से कलकत्ता लौटते समय प्रायः प्रत्येक प्रधान स्टेशनों पर इसी तरह की भीड़ लग जाती थी। इसी प्रकार और भी कितने राजदरबारों में विजयरत्नजी चिकित्सार्थ आहूत होते और सम्मानित होते थे—जिसका सम्पूर्ण विवरण इस संक्षिप्त जीवनी में लिखना सर्वथा असम्भव है। उस समय, बाहर जाने के लिए उनकी दैनिक फीस एक सहस्र मुद्रा थी। भारत सरकार ने भी विजयरत्नजी को महामहोपाध्याय की उपाधि से अलङ्कृत कर अपनी गुणग्राहिता का परिचय दिया था।

विजयरत्नजी की लोकप्रियता की मात्रा भी उतनी ही प्रचुर थी। सामान्य दरिद्र गृहस्थ से लेकर उच्चकोटि के धनी और शिक्षित, सभी के साथ उनका पूर्ण प्रेम था।

बङ्गभाषा के प्रसिद्ध कवि नवीनचन्द्र सेन, कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ-जस्टिस चन्द्र-माधव घोष तथा सर आशुतोष मुकर्जी प्रभृति बङ्गाली महापुरुषों के अतिरिक्त अन्य प्रान्तीय महापुरुषों के साथ भी उनका बन्धुत्व पूर्वक सर्वदा पत्र-व्यवहार होता था।

दरिद्र रोगी एवं दरिद्र विद्यार्थी के लिए तो उनका गृह सदा खुला ही रहता था। आयुर्वेदीय विद्यक के ही नहीं बल्कि और भी विद्यक के बहुतेरे विद्यार्थी उनके यहाँ भोजन और स्थान पाते थे। असमर्थ रोगी से वे कभी मुद्रा नहीं ग्रहण करते थे।

धनी और दरिद्र सभी की चिकित्सा वे एक दृष्टि से करते थे। इसी से उन्हें २४ घन्टों में ६ घन्टों का अवकाश कठिनता से मिलता था। उनके अकाल मृत्यु का यही प्रधान कारण हुआ।

चिकित्सा कार्य से अवकाश नहीं मिलने पर भी उन्होंने पहले-पहल संस्कृत टीका सहित समग्र अष्टांग हृदय को मुद्रण कर प्रकाशित किया था और उसका बङ्गानुवाद भी पृथक् रूप से मुद्रित किया था। साथ ही आयुर्वेद की उन्नति के लिए एक सर्वाङ्ग सम्पन्न आयुर्वेदिक अस्पताल सहित उच्च श्रेणी का आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित करने के लिए वे प्रयत्न करना प्रारम्भ किये थे। उनके इस कार्य में कलकत्ता के आयुर्वेद-प्रेमी प्रसिद्ध डा० हेमचन्द्र सेन

एम० डी०, महामहोपाध्याय श्रीयुत् गणनाथ सेन सरस्वती एम० ए० डाक्टर पूर्व [illegible] यामिनीभूषण राय एम० ए०, एम० डी०, कविरत्न महोदय प्रभृति समय-समय पर सहकारी हुए थे। इस कल्पना को कार्यकर में परिणत करने के लिये ही पूज्य आयुर्वेदिक सभा की विजयरत्नजी स्थापित किये थे, किन्तु अकाल मृत्यु हो जाने से अस्पताल और महाविद्यालय स्थापित नहीं कर सके। उन्हीं के प्रियतम शिष्य कविराज यामिनीभूषण सेन ने इनकी मृत्यु के पश्चात् उसको कार्यरूप में परिणत किया है।

१९११ ई० के २१ सितम्बर को, जब ये ५२ वर्ष के थे, चार पुत्रों और चार कन्याओं को छोड़ स्वर्गवासी हुए। उनके ज्येष्ठ पुत्र कविराज हेमचन्द्र सेन और कनिष्ठ पुत्र कविराज पद्मिमचन्द्र सेन भी अपने पिता के गुणों से अलङ्कृत हो सुप्रसिद्ध चिकित्सक हुये थे; परन्तु आयुर्वेद के दुर्भाग्य से दोनों अकाल ही काल कवलित हो गये। उनके द्वितीय पुत्र श्रीयुत् रमेशचन्द्र सेन और तृतीय पुत्र रायबहादुर श्रीयुत् यागेशचन्द्र सेन बी० पी०, एम० एल० सा० जीवित हैं। ये लोग भी आयुर्वेद की उन्नति के लिये पूरा प्रयत्न कर रहे हैं और कविराज हेमचन्द्र के ज्येष्ठ पुत्र कविराज श्रीयुत् ज्योतिषचन्द्र सेन, कविरत्न विजयरत्नजी की चिकित्सा पद्धति को आयत्त कर आयुर्वेद की सेवा करने के लिए चिकित्सा-कार्य कर रहे हैं। आशा है कि वे अपने महान् पितामह और पिताजी के पदाङ्क का अनुसरण कर देश की सच्ची सेवा करेंगे।

१९३५ ई० १५ मार्च शुक्रवार को कलकत्ता

यामिनीभूषण अहांग आयुर्वेद कालेज के प्राङ्गण में महामान्य वर्तमानाधिपति श्रीयुत् महाराजाधिराज बहादुर सर विजयचन्द्र महताप द्वारा विजयरत्नजी के स्मृति-रक्षार्थ संगमरमर की उनकी मूर्ति स्थापित की गई है। इसकी स्थापना के लिए जो कमिटी बनी थी, उसमें कलकत्ता के हिन्दू, मुसलमान, क्रिश्चियन, बङ्गाली, मारवाड़ी, वकील, बैरिस्टर, डाक्टर, कविराज, जज, मैजिस्ट्रेट, राजा-महाराजा और व्यापारी प्रभृति सभी श्रेणी के श्रेष्ठ व्यक्तिगण सम्मिलित थे।

A SHORT LIFE SKETCH OF

Vaidyaratna Kaviraj Jogindranath Sen,

Vidyabhushan, M. A.

Birth and Parentage—Born in 1871, Kaviraj Jogindranath Sen was the eldest son of late Mahamahopadhyaya Kaviraj Dwarakanath Sen.

Education and Professional career—An M. A. of the Calcutta University and a distinguished Sanskrit scholar, he studied the Ayurveda under his illustrious father, and within a few years of his practice, came to be recognised as one of the foremost Ayurvedic physicians in India. His services were on many occasions requisitioned by the Ruling Chiefs of India and the Maharaja of Nepal.

Government Recognition—Recognition of his profound learning in Sanskrit came in the shape of the title of "Vidyabhushan" from the D. P. I., Bengal, and the Government of India also was pleased to confer upon him the title of "Vaidyaratna" as a mark of personal distinction in 1922. Incidentally, he was the first recipient of the honour.

Public Recognition—He was twice elected President of the All India Ayurvedic Conference held at Cawnpore (1912) and at Colombo (1924), and was elected Chairman of the Reception Committee of the Calcutta session of the same (1915). He was also elected President of the first Bengal Provincial Ayurvedic Conference held at Dacca (1917). He was the President of the Ayurveda Vidyapitha, an All-India Institution for conferring medical degrees, and the Dean of the Ashtanga Ayurveda Vidyalaya at the time of his death.

Scholarship, Literary work—Kaviraj Jogindranath was the author of an original commentary in Sanskrit on Charaka based on materials collected from different parts of India and London.

A Pioneer of Ayurvedic Renaissance—The production of this monumental work and his services towards the spread and popularisation of the Ayurvedic system of medicine entitle him to be regarded as one of the Pioneers of Ayurvedic Renaissance.

His Charity—Like his predecessors he maintained a *Tol* of his own at his own house at Pathuriaghata where a large number of

students from all parts of India and beyond received free instruction, free board and free lodging; and a charitable dispensary where patients, not only from Ward No. V. but from all parts of the city, received medicines free of cost.

His Popularity—He was uncommonly popular in his ward as is shown by the resolution unanimously passed by various associations of the locality (e. g. Bengal Mahajan Sabha, Ratepayers' Association, Ward No. V.. &c.) requesting the Chief Executive Officer to name the new road after him. The municipal corporation has also accepted the recommendation and has named a new road after the name.

Death—He died on July 1, 1931. In him the country has lost an erudite scholar, an eminent physician, and a friend of the poor.

स्वर्गीय राजवैद्य पं० छन्नूलाल जी भिषग्रत्न का

संक्षिप्त जीवनेतिवृत्त।

वंश-परिचय

फतेहपुर ज़िलान्तर्गत डिघरुआ ग्राम के सुप्रसिद्ध कान्यकुब्ज घराने के शुक्लों के प्रतिष्ठित कुल में हमारे प्रातः स्मरणीय चरित नायक का जन्म वैक्रम सम्वत् १९१८ की फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी को हुआ। आपके पितामह पं० शिवरतन लाल जी शुक्ल, उस समय के, अपने प्रान्त के, सुप्रतिष्ठित विद्वानों में मूर्धन्य थे। यों तो बालक छन्नूलाल के बड़े और छोटे चार भाई और थे, किन्तु सुयोग्य और विद्वान् पितामह का अनुराग, भविष्य में स्वजाति और स्वदेश के गौरव बनने वाले बालक छन्नूलाल पर ही विशेष था।

शैशव, शिक्षा तथा विशिष्ट वैदुष्य-प्राप्ति

बाल्यावस्था में आपके मातामह ने ही आपको प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर तत्सामयिक परम्परानुसार 'सारस्वत-चन्द्रिका' आदि ग्रन्थों तक की शिक्षा दी। उसी समय सहसा वृद्ध-मातामह दिवंगत हो गये। उनके स्वर्गवास का, करुण-हृदय और भावुक बालक छन्नूलाल के नन्हें-से हृदय पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा और वे बिना किसी को कुछ सूचित किये ही चुपचाप काशी चले आये। भारत वर्ष के सर्वोच्च विद्या-मन्दिर, काशी पुरी में, उस समय त्रिगड़ा पाठ-शाला की बड़ी प्रतिष्ठा थी। आपने वहीं पर व्याकरण-शास्त्र के जाज्वल्यमान सूर्य पण्डित बागेश्वर जी शास्त्री से शब्द-शास्त्र का अध्ययन करना आरम्भ किया। व्याकरण में व्युत्पन्न होने पर आप भारत-प्रसिद्ध विद्वान्, न्याय-केसरी, महामहोपाध्याय, पं० गंगाधर जी शास्त्री, सी० आई० ई० के निकट न्याय का अध्ययन करने के लिये उपस्थित हुए। आपने इन्हीं महानुभावों से वेदान्त, साहित्य और दर्शन आदि का भी सम्यक् अध्ययन किया। आपके उस समय के सहपाठियों में भी अनेक व्यक्ति आगे चलकर आपके समान ही प्रसिद्ध हुए। वर्तमान समय के भारत-प्रसिद्ध विद्या-वारिधि गोस्वामी दामोदर लाल जी षड् दर्शनाचार्य भी आपके सहपाठियों में हैं। साहित्य आदि का सम्यक् अध्ययन करने तथा उन विषयों में पूर्ण पण्डित होने के अनन्तर, आपका मन मन्त्रशास्त्र के मनन की ओर प्रवृत्त हुआ और आप यत्र-तत्र भ्रमण करते तथा इस विषय की ज्ञातव्य बातों को सीखते-पढ़ते किसी प्रकार पंजाब आ पहुँचे।

आयुर्वेद की शिक्षा

मन्त्र-तन्त्र का अध्ययन करते हुए, श्रम तथा अलवायु परिवर्तन के कारण अस्वस्थ दशा में होते हुए भी, आप पंजाब के प्रख्यात विद्वान् पं० शिवराम जी के पास पहुँचे। इतर प्रान्त वासी ऐसे प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति को देख कर पं० शिवराम जी के आश्चर्य का ठिकाना न

भिषग्रत्न, स्वर्गीय श्रीमान् पण्डित छन्नूलालजी राजवैद्य

संस्थापक—महाशक्ति औषधालय, काशी।

रहा। वे आप का परिचय आप कर तथा पाण्डित्य देख कर बड़े प्रसन्न हुए। होनहार अच्छा था, परमेश्वर को आपके हाथों आयुर्वेद संसार का गौरव बढ़ाना तथा आधि-व्याधि-ग्रस्त अपार जन-समुदाय को सुरक्षित बनाना था। पूज्य पं० दिवारामजी के आदेश से आपने उन्हीं के निकट आयुर्वेद शास्त्र का अध्ययन करना आरम्भ किया और पाँच वर्षों तक अपार श्रम और मनोयोग के साथ आयुर्वेद-सागर का मन्थन करते रहे। पूर्व जन्म के संस्कारों के प्रावल्य से, जिसे अन्य छात्र अनेक वर्षों में जान-सीख सकते, समस्त वैद्यक विद्या का ज्ञान प्राप्त कर आप स्वयं आयुर्वेद महोदधि हो गये। गुरु ने ऐसे शिष्य की योग्यता पर गौरव का अनुभव करते हुए, उन्हें अपने पास ही रखना चाहा। किन्तु इनकी प्रवृत्ति तो श्री काशी-विश्वेश्वर के पवित्र चरण-कमलों की ओर थी। ये गुरु जी से उनका आशीर्वाद तथा उनके बहुमूल्य औषध तथा अनुभव प्राप्त कर, काशी लौटे। पूज्य पं० दिवारामजी ने औषधों के निर्माण में स्वकल्पित अनेक विशिष्ट क्रियाओं का आश्रय लिया था। पं० छन्नूलाल जी ने भी, आचार्य-चरणों का अनुराग करते हुए, काशी आकर अपनी चिकित्सा-पद्धति से समस्त नगर को विमुग्ध और आश्चर्य-चकित कर दिया।

चिकित्सा-प्रणाली की विशेषताएँ

ऊपर लिखा जा चुका है कि आपने चिकित्सा-प्रणाली में अपनी अनेक अनन्यसामान्य क्रियाओं का समावेश किया था। अतएव वैद्यसमुदाय की चिकित्सा-पद्धति से आपकी चिकित्सा शैली नितान्त निराली थी। आप विचित्र ढंग से चिकित्सा करते थे और प्रधानतः रस-वैद्य या विष-चिकित्सक थे। सभी डाक्टरों और वैद्यों से उत्सृष्ट आसाध्य रोगी को भी शर्तिया अच्छा करना आपका ही काम था। त्रिदोष में मूर्च्छा के समय रोगी को संयत बातचीत करने के लिये, औषध-बल से और जितने समय में लोग कहते थे, उतने ही समय में, तत्पर कर देना आपके लिये साधारण-सा कौतुक था। अनुपान-भोजना तो आपकी सर्वथा स्वायत्त और स्वतन्त्र थी। जिन लोगों को उसका अनुभव है, वे ही उसकी मौलिकता समझ सकते हैं।

प्रख्याति

आपके इन्हीं गुणों के कारण काशी ही क्या, सम्पूर्ण भारत वर्ष के कोने-कोने में आपकी प्रसिद्धि व्याप्त होने लग गई। स्वर्गीय राजा मुंशी माधवलाल, स्वर्गीय राजा सर मोतीचन्द, गोस्वामी भवानीपुरी, रायपरिवार-शाहपरिवार तथा अनेक प्रतिष्ठित घरानों ने आपको ससम्मान अपना गृह-चिकित्सक नियुक्त किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि तत्कालीन वैद्य-समुदाय भीतर से आप से बड़ा विद्वेष मानने लगा। प्लेग-चिकित्सा में वैद्यजी अद्वितीय थे। कलकत्ते के एक बड़े परिवार की स्त्री प्लेगाक्रान्त होने से काशी आयी। तत्कालीन काशीस्थ किसी भी चिकित्सक ने उसकी चिकित्सा करने का साहस नहीं किया, यहाँ तक कि सिविल-सर्जन तक ने उसे जवाब दे दिया। उस समय के कलेक्टर महोदय ने आपको बुलवाया और आपने सहर्ष चिकित्सा करने का भार उठाया और अपने अपार कौशल तथा परमात्मा की कृपा से उसे नीरोग कर दिया, जिसे देख कर लोग दंग रह गये।

स्वर्गीय सर राजा मोतीचन्द जी के भाई स्वर्गीय मंगलाप्रसाद जी (जिनके नाम से हिन्दी-साहित्य सम्मेलन का १२००) का मंगलाप्रसाद पारितोषिक प्रतिवर्ष साहित्य की सर्वोत्तम कृति पर दिया जाता है।) के क्षयरोगाक्रान्त होने पर ४००) प्रतिदिन की फ़ीस पर आप

अल्मोड़ा गये हुए थे और वहाँ अधिक समय तक रहे। श्रीमान् महाराजाधिराज दरभंगा ने अपनी चिकित्सा के लिए आपको दरभंगा बुलाया था। राजा काशीचरण (बरेली) की रानी साहिबा की चिकित्सा करने के लिए आप नैनीताल गये थे। वहाँ के तत्कालीन सिविलसर्जन साहब बहादुर से रानीसाहिबा की चिकित्सा के विषय में आपसे कुछ मतभेद हो गया और सिविलसर्जन साहब को आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति के विषय में सन्देह हुआ। रानी-साहिबा यकृमा से पीड़ित थीं और उसी अवस्था में उन्हें मुखपाक भी हो गया था। डाक्टर साहब काफ़ी चेष्टा करके भी असफल रहे। अन्ततः राजासाहब ने काशी से हमारे चरितनायक को बुलाया। वे प्रातःकाल जिस समय उनके वहाँ पहुँचे। डाक्टर साहब रोगिणी की परीक्षा कर रहे थे। वे भी राजासाहब के साथ ही वहाँ पहुँचे। आपने रोगी की परीक्षा करके कहा—"शामतक रानीसाहिबा अच्छी तरह पथ्य ले सकती हैं।" डाक्टर साहब को आपकी बातें असंभव प्रतीत हुईं। इसी पर विवाद हो गया। पं० छम्मूलाल जी ने कहा—शाम के समय आप भी पधारिये, यदि उस समय रानीसाहिबा ने स्वेच्छा से पथ्य नहीं लिया तो यहीं से वैद्यक छोड़ कर काशी जाऊँगा। परमात्मा की कृपा और धन्वन्तरिजी के अनुग्रह से वही हुआ। तीसरे पहर तीन बजे से ही रानिसाहिबा ने 'भूख-भूख' चिल्लाना आरम्भ किया। और ठीक चार बजे डाक्टर के समक्ष ही, वैद्य जी ने उन्हें भरपेट साबूदाना और परवल के शाक का पथ्य दिया। डाक्टर घबड़ाये कि जो रोगी गले में ट्यूब लगाकर थोड़ा-सा जल देने में प्राणान्त कष्ट का अनुभव करता था, उसने किस चमत्कार से पथ्य लिया। परिणाम यह हुआ कि स्वयं सिविलसर्जन साहब वैद्य जी के भक्त हो गये और उन्हों ने वैद्य जी से ही अपनी पत्नी की चिकित्सा करवायी।

ये सब आपके चमत्कारों में से दो एक साधारण उदाहरण हैं। यों तो आप चमत्कारों के पुंज थे और इन्हीं कारणों से लोग आपको धन्वन्तरि तुल्य समझते और अन्तःकरण से मानने लग गये थे।

औषध-निर्माण

चिकित्सा के साथ ही आपने औषध-निर्माण में भी बड़ा उद्योग किया। सहस्रपुटी अभ्रक, लौह आदि के निर्माण में आपने अपने जीवन का अधिकांश व्यय किया। आप स्वयं अपनी बनायी हुई दवाएँ ही व्यवहार में लाते थे। रस और भस्मादि का तो आपने इतनी प्रचुर-मात्रा में निर्माण किया है, जो कि कई पुश्त तक व्यवहार में आने पर भी नहीं चुक सकते। नाग-भस्म, वङ्ग-भस्म, मण्डूर-भस्म, हिरण्यगर्भ पोटली रस आदि अनेक औषधों को आपने अपने अनुभव से आयुर्वेदोक्त रीति से पृथक् ढंग पर निर्माण किया है, जिनके गुण विशेष चमत्कारपूर्ण हैं।

आविष्कार

जिस प्लेग-चिकित्सा के कारण आप अपार सम्पत्ति और यश के भागी बने। उसमें भी आपकी प्रखरबुद्धि ही सहायिका थी। आपने प्लेग के विनाशार्थ 'प्लेग नाशक लेप' का आविष्कार किया, जो अब तक सहस्रों पीड़ित प्राणियों को बचा सका है और जो अत्यन्त गुणकारी होने से बड़ा ही लोकप्रिय है। आयुर्वेदोक्त 'अर्धनारीश्वर रस' के नाम पर ही स्वनिर्मित 'अर्धनारीश्वर रस' का भी आपने आविष्कार किया। इसमें पाठ और रीति भिन्न

हैं। विषमज्वर तथा सन्निपात के लिये भी आपने कई नवीन औषधों का आविष्कार किया। राजयक्ष्मा और वातव्याधि पर भी आपने एक-एक औषध का आविष्कार किया है। ये दोनों औषध क्रमशः 'महाराज मृगांक' और 'बृहत् वातनाशन' के नाम से चिर-प्रसिद्ध हैं।

क्रोड़पत्र

यद्यपि आपने स्वतन्त्ररूप से किसी ग्रन्थ का निर्माण नहीं किया, तथापि चरक, सुश्रुतादि सभी बृहत् आयुर्वेद ग्रन्थों के विवाद-ग्रस्त स्थलों का आपने संशोधन किया है तथा उनपर संक्षिप्त टिप्पणियाँ भी लिखी हैं। अपने अनुभवों का संग्रह भी आपने पुस्तकाकार करना चाहा था, जिसमें आपकी अनुपान-योजना आदि का विवेचन है। प्रतिदिन हजारों ही रोगियों का स्वास्थ्य-संरक्षण करनेवाला व्यक्ति, ग्रन्थ-निर्माण न कर सका हो, तो इसमें आश्चर्य ही क्या?

मर्यादा

हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर, पूज्य मालवीयजी तथा सुप्रसिद्ध देशभक्त बाबू शिवप्रसादजी गुप्त ने आप से, आयुर्वेदिक कालेज के प्रधानाध्यक्ष पद को अलंकृत करने के लिये अनुरोध किया, किन्तु आपने अपनी स्वातन्त्र्य-प्रियता तथा रोगी-समुदाय की सेवा-भावना के कारण स्पष्टतः अस्वीकार कर दिया। अन्य सार्वजनिक संस्थाओं ने भी आप को अपना प्रधान बनाना चाहा था, पर आपने सबको यही स्पष्ट उत्तर दिया—चिकित्सक को अपने चिकित्सा-कर्म के अतिरिक्त अन्य कार्य कभी न करना चाहिये, यही मेरा सिद्धान्त है।

स्वभाव और लिपि

यद्यपि आपकी प्रकृति बड़ी ही उग्र थी और धनिकों से आपको चिढ़-सी थी, तथापि निर्धनों और असहायों पर आप बड़ी दया रखते थे। आप कट्टर आस्तिक और भगवद्भक्त थे। ब्राह्मणों के तो आप बड़े ही नम्र सेवक थे। अनेक वर्षों तक आपने प्रातः काल प्रतिदिन एक ब्राह्मण को भोजन कराकर और उसका चरणामृत लेकर तब स्वयं जलपान करने के कठोर व्रत का निर्वाह किया था। आप नम्रों के लिये नम्र, और अभिमानियों के लिये अभिमानी थे। आप कभी थकते न थे। आपने अपार परिश्रम करके लाखों आदमियों की स्वास्थ्य-रक्षा अवश्य की और आयुर्वेद के प्रकाश का विस्तार अवश्य किया; पर स्वयं धीरे-धीरे अपना स्वास्थ्य खो बैठे।

अन्तिम अवस्था

आपके पुत्र-पुत्रियाँ तो अनेक हुईं, किन्तु एक कन्या को छोड़ सभी अल्पायु में ही काल-कवलित हो गये। अन्त में आपने अपने एक मात्र दौहित्र पण्डित हनूमानप्रसाद को अपनी पद्धति से सम्पूर्ण आयुर्वेद शास्त्र की शिक्षा देकर, उन्हें भी एक अच्छा विद्वान् बनाया और सं० १९८१ वैक्रम के कार्तिक मास में धन्वन्तरि त्रयोदशी के दिन सार्थकाल लाखों की अमूल्य औषध और लाखों की सम्पत्ति छोड़कर धन्वन्तरि भगवान् में लीन हो गये।

उत्तराधिकारी

स्वर्गीय वैद्य-सम्राट पं० छन्नूलाल जी आयुर्वेद-सागर के अद्वितीय रत्न थे। उनके ही तत्त्वावधान में शिक्षा-दीक्षा पाकर उनके सुयोग्य दौहित्र पं० हनूमानप्रसाद वैद्यशास्त्री महोदय भी आयुर्वेदशास्त्र का वैसा ही ज्ञान प्राप्त कर सके हैं। प्रायः देखा जाता है कि विद्वानों के

उत्तराधिकारी महामूर्ख और लम्पट होकर अपने पूर्वजों की कीर्ति पर पानी फेरते हैं। भाग्य से ही योग्य उत्तराधिकारी प्राप्त होते हैं। हमें यह कहने में कुछ भी संकोच नहीं है कि पं० हनूमानप्रसाद जी इस समय अपने मातामह की गद्दी के महत्व का बड़ी योग्यता से निर्वाह करते जा रहे हैं। आप संस्कृत साहित्य और आयुर्वेद के अच्छे ज्ञाता तो हैं ही, हिन्दी भाषापर भी आपका बड़ा अच्छा अधिकार है और आपने हिन्दी संसार में बड़ी व्यापक प्रसिद्धि पायी है। आप वैद्य होने के साथ ही एक कलाकार हैं। आपने हिन्दी में मौलिक कहानियाँ लिखकर उसे उन्नत किया है। आयुर्वेद के प्रचार और संक्षरण तथा हिन्दी-भाषा में उसके ग्रन्थों के प्रकाशन के लिये ही, आपने महाशक्ति साहित्य मन्दिर की स्थापना कर रक्खी है। यह साहित्य-मन्दिर विगत ८ वर्षों से हिन्दी सरस्वती की सुन्दर उपासना कर रहा है। वैद्य-रत्न पं० हनूमानप्रसाद जी ने उक्तमन्दिर द्वारा काम-कुञ्ज, आहार-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान, आरोग्य-मन्दिर, सुखी-गृहिणी आदि स्थायी पुस्तकें निकालकर जनता का जो बड़ा उपकार किया है, उसके लिये सम्पूर्ण भारतवर्ष के पत्रों, विद्वानों और प्रसिद्ध व्यक्तियों ने आपकी मुक्त कण्ठ से सराहना की है। आप अखिलभारतीय आयुर्वेद महामण्डल के संयुक्त मंत्री चुने गये हैं। अनेक रियासतों के नृपतिगण ने आपको बुलाकर और आप से चिकित्सा करा कर लाभ उठाते हुए आपको तथा आपके महाशक्ति-औषधालय (बुलानाला) के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। आपके सहकारी तथा आपके सुहृद् मित्र एवं भ्राता तुल्य वैद्यवर पं० नागेश्वर-प्रसाद मिश्र 'भारती' भी आपके ही समान योग्य और कार्य पटु हैं। एक बार बाहर से आये हुए एक प्रसिद्ध व्यक्ति ने अपने परिवार के प्राणी की चिकित्सा के लिए काशी के प्रायः समस्त डाक्टरों-वैद्यों से परामर्श किया। और सबसे निराशात्मक ही उत्तर पाया। परन्तु आप दोनों वैद्यों ने अपने कौशल से उसे शीघ्र नीरोग और स्वस्थ किया। जिसके लिये, उसने काशी में विद्वानों की सभा करके आप दोनों को अभिनन्दन पत्र अर्पित किया।

इन पंक्तियों के लेखक को उक्त दोनों वैद्य-भूषणों के कार्य का निरीक्षण करने तथा उनके व्यक्तित्व का, निकट अध्ययन करने का अमूल्य अवसर प्राप्त हुआ है, और उसका यह निश्चित मत है कि ये दोनों ही व्यक्ति अपनी योग्यता, कुशलता, सज्जनता और निरभिमानिता आदि के कारण स्वदेश, समाज और स्वजाति का गौरव बढ़ाने के साथ ही प्राचीन वैद्यकशास्त्र का महत्व, अपने मातामह के ही समान, विश्व के चिकित्सा-क्षेत्र में पुनः स्थापित करके, भारत के कोटों प्राणियों के आशीर्वाद भाजन होंगे। इतिशुभम्।

कान्तानाथ पाण्डेय, एम. ए., काव्यतीर्थ
प्रधान आचार्य—हरिमंगल हिन्दी महाविद्यालय
तथा—प्रधान मंत्री—काशी साहित्यमण्डल।

सप्तसागर,
बनारस सिटी

आयुर्वेदमार्तंड, स्वर्गीय श्रीमान् पं० अर्जुनजी मिश्र
संस्थापक—आयुर्वेद विद्याप्रबोधिनी पाठशाला, काशी।

स्वर्गीय श्री पं० अर्जुनमिश्र जी आयुर्वेदमार्त्तण्ड का

संक्षिप्त जीवनवृत्तान्त।

पञ्जाब प्रान्तीय जिला होशियारपुर में बड़ी बसी नामक एक कसबा है। उसमें सारस्वत ब्राह्मणों का एक प्रतिष्ठित कुल है। हमारे चरित्र नायक के पूज्य पिता स्व० श्री पं० भानुदत्तजी इसी कुल-कमल के भानु थे। वे बड़े ही चरित्रवान्, सुशील एवं कर्मनिष्ठ ब्राह्मण थे। उनकी दिनचर्य्या का अधिक भाग पूजा-पाठ में ही व्यतीत होता था। तदनुरूप ही वे निस्पृहता के भी मूर्तिमान् अवतार थे। युवा अवस्था में ही वे सपत्नीक काशी चले आये। यहाँ वे अपने स्वभावानुकूल शिवपूजन में ही तल्लीन रहा करते थे। ऐसे कर्मनिष्ठ तपस्वी ब्राह्मण के पवित्र गृह में "क्षीरनिधौ शशांकवत्" हमारे चरित्र नायक का जन्म सं० १९१० की वैशाख शुक्ल ५ को हुआ था।

"होनहार बिरवान के होत चीकने पात" के अनुसार आप जन्म से ही हृष्ट-पुष्ट एवं तीव्र बुद्धि थे। यथा समय उपनयन संस्कार के बाद विद्याध्ययन प्रारम्भ कराया गया। भारत के प्रसिद्ध विद्वान् स्व० पं० बालशास्त्री से भाष्यान्त व्याकरण पढ़ा। इसी समय वे दर्शन-शास्त्र के भी पारंगत हो गये 'किं बहुना' वे अल्पायु में ही अपने समय के प्रकाण्ड विद्वानों में गिने जाने लगे थे। उन दिनों की प्रथा के अनुसार वे शास्त्रार्थ संग्राम के एक उद्भट योद्धा थे। यहाँ तक कि उस समय के प्रसिद्ध कथावाचक श्री पं० रमानाथजी व्यास जैसे प्रकाण्ड विद्वान् भी मुग्ध हो कह उठते थे कि "अर्जुनोहि अर्जुनः स्वयं"।

उन्होंने आयुर्वेद का अध्ययन पञ्जाब प्रान्तीय संगरूर रियासत के राजवैद्य धन्वन्तरि कल्प पं० दिलारामजी से किया था। अपनी प्रखर प्रतिभा के प्रताप से उसका प्रगाढ़ ज्ञान प्राप्त कर काशी पुरी में चिकित्सा कार्य प्रारम्भ किया। थोड़े ही दिनों में उन्होंने इतनी ख्याति प्राप्त की कि वे काशी के वैद्यों में एक प्रतिष्ठित वैद्य माने जाने लगे तथा काशी के भद्र घरानों में उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त कर लिया। इसी समय वे मुं० महादेवप्रसाद जी एडवोकेट और रायकृष्णजी आदि प्रसिद्ध रईसों के गृह-चिकित्सक हो गये थे। स्वर्गीय काशी नरेश श्री प्रभुनारायणसिंह जी उनका बहुत सम्मान करते थे। स्थानीय हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रथम प्रबन्ध कारिणी सभा ने आपको अपना सभासद बनाया था। भारतधर्म महामण्डल ने सं० १८७२ में 'आयुर्वेद सिन्धु' की उपाधि से सम्मानित किया था।

उनकी चिकित्सा प्रणाली बड़ी ही विलक्षण थी। एक बार एक मनुष्य को रोटी खाते समय ही हृदुस्तम्भ (मुँह लुढ़ा) हो गया था। आप भी वहीं भोजन कर रहे थे और चूल्हे की जलती लकड़ी उठा कर उसके मुँह में घुसेड़ने चले। यह देख उस बिचारे का मुँह मारे घबड़ाहट के खट से बन्द हो गया और पूर्ववत् कार्य करने लगा। इस प्रकार की अनेक बातें उनके सम्बन्ध में अभी तक प्रसिद्ध हैं।

गायन वादन कला

संगीत कला पर उनका इतना स्वत्व था कि आज भी इस विद्या के पुराने मर्मज्ञ उनकी प्रशंसा करते हैं। कहा जाता है कि जिन वाद्यों के वे अच्छे पण्डित थे उनको बजाने वाले भारत में आज दोही चार आदमी हैं। उत्साही ऐसे थे कि एक बार काशी नरेश के यहाँ संगीतोत्सव था उसमें तबला के एक बहुत बड़े मर्मज्ञ तबला बजा रहे थे और चतुर गायक महाशय भूलभुलैया में पड़ गये थे। उसी समय आप प्रतिष्ठित श्रोताओं की श्रेणी में से उठ कर अपनी प्रतिष्ठा का ध्यान न कर तबला बजाने लगे। तथा इस कार्य को बड़ी सफलता पूर्वक सम्पादन भी किया। यह देख उपस्थित जन-मण्डली चकित रह गयी। इस घटना की चर्चा आज भी जानकारों में हुआ करती है। अभी हाल ही में "अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन" के छठे अधिवेशन में काशी आये हुए पुराने संगीत प्रेमियों ने उन्हें याद किया था जिनमें अलवर नरेश के वर्त्तमान संगीताध्यक्ष महोदय भी थे।

पुस्तक लेखन

उन्होंने एक बृहद् निघण्टु की रचना की थी, जो उनकी मृत्यु के बाद धनाभाव के कारण प्रकाशित न हो सकी। आशा है अखिल भारतीय वैद्यसम्मेलन इसपर पूर्ण रूपेण ध्यान देगा।

पाठशाला स्थापन

यों तो वे बहुत पहले ही से अपने यहाँ छात्रों को पढ़ाया करते थे, तथापि सन् १९१७ में "श्री आयुर्वेद विद्या प्रबोधिनी पाठशाला" की स्थापना कर गवर्नमेन्ट से रजिस्टर्ड करवा लिये। पाठशाला को सुचारु रूप से चलाने के लिये काशी के गण्यमान रईस, विद्वान तथा वैद्यों की एक शासन-कारिणी-सभा बनाये और स्वयं आजीवन अवैतनिक प्रधानाध्यापक का कार्य करते रहे। यह पाठशाला भी पुरातन प्रणाली के अनुसार आयुर्वेद का अध्ययन कराने वाली अपने ढंग की एक ही है। इसके लिये उन्होंने अपने मकान का बहुत बड़ा भाग प्रदान किया। जिसमें पाठशाला स्थापित हुयी। इस पाठशाला के साथ ही एक धर्मार्थ औषधालय भी स्थापित हुआ। जिसमें वे स्वयं अपना बहुमूल्य समय देकर रोगियों का निरीक्षण करते थे। अपने जीवन काल में उक्त दोनों ही कार्यों को बड़े उत्साह एवं संलग्नता के साथ वे करते रहे। मैंने स्वयं देखा है कि वे इसके लिये अपने अत्यावश्यकीय बड़े से बड़े कार्य को भी छोड़ देते थे। लेकिन पाठशालीय कार्यों में कदापि किसी प्रकार की भी त्रुटि नहीं होने देते थे। वे बड़े तेजस्वी एवं उग्र स्वभाव के थे, तथापि इससे व्यवहार में कोई त्रुटि नहीं होती थी।

स्वास्थ्य

स्वास्थ्य उनका इतना अच्छा था कि वृद्धावस्था में भी उनके शरीर में किसी प्रकार का ढीलापन नहीं आया था। व्यायाम के बड़े अच्छे अभ्यासी थे। प्रत्येक आगन्तुक से उनके यही दो प्रश्न होते थे। "व्यायाम करते हो?" कुछ गाना गाते हो?" नहीं करने पर उत्साह दिलाया करते थे। "शतरञ्ज आदि के भी नामी खिलाड़ी थे। किमधिकम् वे "हरफन मौला" थे।

सन्तति

उनके दो सन्तति हुयी थी, एक पुत्र और एक पुत्री, दोनों का विवाह भी हो गया था; किन्तु शोक है कि वे दोनों अल्पायु में ही श्री पितृ चरणों को शोकसागर में मग्न कर स्वर्गवासी हो गये। पुत्री को एक बालक उत्पन्न हुआ था सो भी काल कवलित हो गया, अब केवल उनकी विधवा पुत्रवधू जीवित हैं, जिनके निर्वाह के लिये वे वृत्ति निश्चित कर गये हैं, उसी से वे ईश्वराराधन में तल्लीन हो कालयापन कर रही हैं। डा० एनी बेसेन्ट के समय में डा० भगवान दास जी के आग्रह से पुत्रशोक से दुखी होकर रणवीर संस्कृत पाठशाला (सेन्ट्रल हिन्दू-कालेज) में मनोरञ्जन के लिये कुछ दिनों तक आयुर्वेद के प्रधानाध्यापक-पद को सुशोभित किया था। हिन्दू विश्वविद्यालय में उक्त कार्य के लिये पूज्यमालवीय जी ने बहुत कहा; किन्तु अपनी पाठशाला के हित का ख्याल कर स्वीकार नहीं किया।

अन्तिम समय

सन् १९२२ ई० (सम्वत् १९७९ वि०) के अक्टूबर मास में वे कुछ ज्वर पीड़ित हुए। उसी समय उन्हें आभास हुआ कि अब हम नहीं रहेंगे, और श्री पं० त्र्यम्बकशास्त्री जी महोदय से उन्होंने स्पष्ट कह दिया था कि अब जीवन स्थिति असम्भव है। इसी अवस्था में उन्होंने मुन्शी महादेवप्रसाद जी एडवोकेट आदि महानुभावों के साथ सम्मति कर अपना सर्वस्व अपनी उक्त पाठशाला के लिये अर्पण कर दिया। जिसमें मूलधन एक गाँव, अपना विशाल भवन, बृहत्पुस्तकालय, औषधि-भण्डार, औषधिनिर्माण का सब सामान है। तथा पाठशालीय विद्यार्थियों के लिये वृत्ति स्वरूप कुछ धन भी निश्चित कर गये हैं; जिसके सूद से प्रतिवर्ष ३००) तीन सौ रुपये की वृत्ति दी जाती है। तत्पश्चात् आतुर सन्यास लेकर कार्तिक कृष्ण सप्तमी सम्वत् १९७९ में इस नश्वर संसार को त्याग उस ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म में लीन हो गये। उनकी स्मारक-भूत यह पाठशाला तथा औषधालय उनके आशीर्वाद से भली-भाँति चल रहे हैं।

शिष्य वर्ग

यों तो उनके शिष्य भारत भर में विद्यमान हैं सबका नामोल्लेख करना असम्भव है तो भी कुछेक का नाम लिखा जाता है; जिनसे उनकी उज्वल कीर्ति-पताका आज भी दृष्टि-गोचर हो रही है—सर्व श्री पं० विष्णुदत्तजी राजवैद्य—अध्यक्ष आरोग्य-भवन औषधालय काशी। पं० पुरुषोत्तम जी—प्रोफेसर आयुर्वेद विभाग काशी विश्वविद्यालय। पं० बालगोविन्द जी—प्रधानाध्यापक आयुर्वेद विभाग गोहनका विद्यालय, काशी। पं० अमरनाथ जी—वनस्पति औषधालय, देहरादून। पं० नानकचन्द्र जी आयुर्वेदाचार्य, लाहौर। स्वर्गीय पं० राधाकृष्ण जी संस्थापक रसशाला, काशी। स्वर्गीय पं० रामकाल शर्मा—अध्यापक हिं० का० काशी। स्वर्गीय पं० श्यामसुन्दर गुप्त आ० आ० एसवन सार आदि ग्रन्थों के रचयिता।

उन्हीं का एक शिष्य—

लालचन्द्र वैद्य, प्रधानाध्यापक

आ० वि० प्र० पाठशाला।

सिद्धेश्वरी, काशी।
ता० २६-९-३५ ई०

कविराज श्री हरिदास राय चौधरी भिषगाचार्य का
संक्षिप्त जीवन चरित्र

वंग देश में धनिकों का स्थान राजशाही है। उस राजशाही के अन्तर्गत विजोड़ा ग्राम में रहने वाले विख्यात राय चौधुरी वंश में पं० हरिदास जी का जन्म हुआ था। इस राय चौधरी वंश के सभी जमीन्दारों का आयुर्वेद चिकित्सा में प्रेम था। पं० अयोध्या राम राय चौधुरी जी दीन एवं असहायों की चिकित्सा बड़ी सहानुभूति तथा प्रेम से किया करते थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र पं० ताराचन्द राय चौधुरी उर्फ ताराचंद कविराज जी ने आयुर्वेदीय चिकित्सक समाज में विशेष यश प्राप्त किया था। पं० ताराचंद कविराज जी उन्माद रोग ग्रस्त रोगियों के इलाज में अद्वितीय थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र कविराज जगच्चन्द्र जी ने भी चिकित्सा में सुयश अर्जन किया था। पं० जगच्चन्द्र जी में भी एक बड़ी विशेषता यह थी कि रोगी के इच्छानुकूल कुपथ्य देते हुवे भी उसे औषधी से निरोग कर देते थे। उनके दो पुत्र थे पं० शम्भू-चन्द्र जी और पं० हरिदास जी। पं० शम्भूचन्द्र जी ने अपने युवावस्था ही में देहावसान किया। पं० हरिदास जी ने १२८६ वंगाब्द में जगत् के सुप्रसिद्ध संस्कृत के केन्द्र तथा बड़े बड़े ऋषियों के जन्म-स्थान काशी नगरी के सुप्रसिद्ध गनेश महाल के एक गृह में जन्म ग्रहण किया था। पं० हरिदास जी एकादश वर्ष के वयस में मातृ-पितृ-हीन हो गये। चतुर्दश वर्ष के वयस में उनके ज्येष्ठ भ्राता इन्हें छोड़कर चल बसे। बन्धुहीन हरिदास जी के मातीय भ्राता कैलाश चन्द्र राय चौधुरी देखभाल करने लगे। कविराज जी ने प्रथमतः सरकार महाशय के पाठशाला में तथा बंगाली टोला हाई स्कूल में प्राचीन तृतीय श्रेणी अर्थात् अष्टम श्रेणी तक अध्ययन किया था। वहाँ से छोड़कर महाराज जयनारायण घोशाल जी के कालेज से १८९९ खीष्टाब्द में प्रवेशिका अर्थात् इन्ट्रेंस की परीक्षा दी थी। इसके बाद कुछ काल तक प्रिंसिपल डेविस साहेब के पास अंग्रेजी तथा इतिहास अध्ययन करते रहे। अपने वाल्यबन्धु महामहो पाध्याय वामाचरण न्यायाचार्य जी के अनुरोध से इन्होंने गदाधर शिरोमणि महाशय के चतुष्पाठी में मुग्ध बोधव्याकरण और कुछ साहित्य ग्रन्थों का अध्ययन किया। अनन्तर आपने महामहोपाध्याय कैलाशचन्द्र जी शिरोमणि के विद्यालय में सांख्य और कुछ नव्य न्याय का अध्ययन किया। पं० हरिदास जी के स्कूल सहपाठी बाबू भोलानाथ वन्दोपाध्याय जी बांकीपुर पटना में सरकारी नौकरी करते थे। बाबू भोलानाथ वन्दोपाध्याय जी के अनुरोध से पं० हरिदास जी ने पटना मेडिकल स्कूल में अध्ययन करना शुरू कर दिया। डाक्टरी अध्ययन के तृतीय वर्ष में उनके द्वितीय पुत्र वर्तमान कविराज हाराणचन्द्र राय चौधुरी आयुर्वेदाचार्य जी को चक्षुत् रोग हुआ था। आप काशी के बड़े-बड़े डाक्टरों से चिकित्सा कराकर विफल मनोरथ होकर पुत्र के मृत्यु समय की प्रतीक्षा कर रहे थे। उस समय नाव्याधिपति के राजवैद्य गंगाधर जी के प्रिय शिष्य ईश्वरचन्द्र जी कविराज महाशय उस मकान के सामने से रोगी देखने के लिए

स्वर्गीय श्रीमान् कविराज हरिदास जी

राय चौधरी, भिषगाचार्य, काशी ।

जा रहे थे। पं० हरिदास जी ने बड़े अनुरोध से उनको हाराणचन्द्र जी को दिखाया। कविराज शिरोमणि ईश्वरचन्द्र जी की चिकित्सा से उनके पुत्र हाराणचन्द्र जी शीघ्र ही निरोग हो गये। यह देखते ही उनको आयुर्वेद पढ़ने का प्रेम हुआ। अतः पं० हरिदास जी डाक्टरी अध्ययन छोड़ उनके पास आयुर्वेद का अध्ययन करने लगे। थोड़े दिनों के भीतर ईश्वरचन्द्र जी के विद्वान छात्रों में पं० हरिदास जी ही अपने गुरु के सबसे प्रिय छात्र हो गये। ईश्वरचन्द्र जी ने काशी प्राप्ति के समय अपने यावतीय रोगियों को पं० हरिदास जी से चिकित्सा कराने के लिये अनुरोध किया; और हरिदास जी को 'भिषगाचार्य' की उपाधि से विभूषित किया। व्यवसाय क्षेत्र में अवतीर्ण होकर अति अल्प समय में ही इन्होंने काशी में चिकित्सा में प्रचुर ख्याति अर्जन की। प्रतिदिन प्रातःकाल करीब २०० गरीब रोगियों को मुफ्त औषधि देते थे। विशेषता इसमें यह थी कि स्वर्णादि घटित बहुमूल्य औषधियाँ रोगियों को देने में भी कुण्ठित नहीं होते थे। आप दीन पालक ऐसे थे कि एक दिन प्रातःकाल एक स्वाधीन नरपति के यहाँ से बुलावा आया था। परन्तु उन्होंने उसके उत्तर में कहा कि दोनों के माँ-बाप हम हैं दीनों को औषधि प्रदान करके तभी जायँगे। उस समय काशी में जन साधारण की यह धारणा थी कि सन्निपात तथा विशूचिका (हैजा) ऐसी व्याधियाँ आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा अच्छी नहीं हो सकतीं किन्तु कविराज जी ने इस धारणा को नष्ट कर सन्निपात तथा विशूचिका की चिकित्सा में सुयश अर्जन किया था। अध्यापना शक्ति भी उनकी इतनी अच्छी थी कि न्याय सांख्य आदि के अच्छे विद्वान छात्र आयुर्वेद अध्ययन कर आनन्द अनुभव करते थे। उनके आयुर्वेद के बहुत से शिष्य बंगदेश, संयुक्तप्रदेश एवं पंजाब में यश प्राप्त कर रहे हैं। भिषगाचार्य जी के बाल्यावस्था में कठिन रोग ग्रस्त होने के कारण बोली में तुतलापन आ गया था। इसलिये किसी सभा के सभापति पद को अनुरोध करने पर भी ग्रहण नहीं करते थे। इन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेदीय चिकित्सकों के अनुरोध से आयुर्वेदीय वार्षिक कनवोकेशन सभा में सभापति का आसन एक बार ग्रहण किया था। आप और चारू बाबू काशी रामकृष्ण सेवाश्रम के प्रतिष्ठाता थे। आज तक भी भिषगाचार्य जी द्वारा स्थापित किये गये औषधालय से इस रामकृष्ण सेवाश्रम में आयुर्वेदीय औषधियाँ मुफ्त भेजी जाती हैं। उनके पश्चात् आज तक उनके सुयोग्य पुत्र कविराज हाराणचन्द्र आयुर्वेदाचार्य जी चिकित्सा भी करते हैं। आपने आयुर्वेद के उन्नति कल्प में १९०६ खीष्टाब्द में आयुर्वेद के एक विद्यालय का उद्घाटन किया था जिसमें डाक्टरों के द्वारा शरीर-तत्व-शिक्षा और अस्त्र-चिकित्सा का भी प्रबन्ध किया गया था। परन्तु काशी में पृष्टपोषकों के अभाव से वह संस्था नष्ट हो गई। पुनः आपने आयुर्वेद सम्मेलन संस्था का प्रवर्तन किया। अभी तक वह संस्था आपकी कीर्ति प्रकाश कर रही है। आप शुद्ध सनातनीय होते हुये भी स्वदेश प्रेमी थे। आपने बंगाल के सुप्रसिद्ध स्वदेशी आन्दोलन के समय से ही स्वदेशी व्रत लिया था। आप आयुर्वेद के इतने प्रेमी थे कि आजकल के चिकित्सकों की भांति आयुर्वेद औषधियों के शास्त्रीय नाम में कुछ भी परिवर्तन नहीं करते थे। आप आयुर्वेदीय औषधों को मिश्रित करके चिकित्सा करने के परिवर्तक थे। आप सब रोगियों को शास्त्रीय नाम लिख कर व्यवस्था-पत्र देते थे। आपका अभिमत था कि आयुर्वेद-शास्त्रीय नाम नहीं लिखना रोगी को बँचना करना है। आपका नियम था कि प्रत्यह आरम्भ में गरीब रोगियों को देख कर तत्पश्चात् धनी रोगियों को देखते थे। आपके असीम गुणदान के विषय में प्रायः सभी पुरुष आपकी प्रशंसा

अभी तक करते हैं। आपको प्रायः सभी रोगी साक्षात् धन्वन्तरी तुल्य मानते थे। भारत की अनेक संस्थाओं ने आपको उपाधि द्वारा भूषित किया था पर आपने उपाधि को व्याधि स्वरूप समझ कर उनका प्रत्याख्यान किया था। आप सर्वदा यही कहते थे कि चिकित्सक की उपाधि रोगी को अच्छा करती है। आप बड़े समारोह के साथ तीन दिन तक दुर्गापूजा मनाते थे। आप केवल आयुर्वेद के प्रचारक ही नहीं थे बल्कि प्राचीन संस्थाओं पर भी आपका प्रेम था। आजकल भी आपका स्थापित 'ध्रुपद समाज' काशी में आपकी स्मृति रक्षा कर रहा है। आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा मथुरादि आयुर्वेदीय संस्थाओं के परीक्षक थे। आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कार्यकारिणी सभा के सदस्य भी थे। आपके असीम गुणों से केवल काशी-वासी ही नहीं बल्कि बम्बई से प्रोम तक के निवासी अभिमत थे और सभी आज दिन इनके अभाव को अनुभव कर रहे हैं। भिषगाचार्य जी ने १३४० बंगाल की पहिली वैशाख को काशी को अन्धकार निमग्न कर एवं काशी-वासी को दुखसागर में छोड़ कर ५४ वर्ष की अवस्था में महाप्रस्थान किया। आप अपनी विधवा पत्नी, तीन पुत्र तथा पाँच कन्याओं को छोड़ गये। आपके ज्येष्ठ सुयोग्य पुत्र पं० हाराणचन्द्र राय चौधुरी आयुर्वेदाचार्य उनके सर्व कीर्ति-कलापों की रक्षा करते हुए चिकित्सा-शास्त्र में ख्याति लाभ कर रहे हैं।

ब्रह्मदेशमधील खाणीत पं० शामाचरणजी बागचीजी, शेवगाव ।

आयुर्वेद महोदधि स्वर्गीय पं० क्षमापति जी वाजपेयी

आयुर्वेद-भूषण का संक्षिप्त जीवनवृत्तान्त

आपका जन्म सन् १८६९ ई० में लखनऊ में रानीकटरा के निकट मोहल्ला मोतीलाल के पुल में हुआ था। आपके पिता पं० गंगाप्रसाद जी वाजपेयी कुशल कवि थे और चाचा गोकुल प्रसाद जी वाजपेयी को वैद्यक का बहुत अच्छा ज्ञान था; किन्तु वे वैद्यक वृत्ति नहीं करते थे।

क्षमापति जी के बाल्यकाल में ही उनके पिता का स्वर्गवास हो गया और उनके बड़े भाई पं० उमापति जी वाजपेयी शाहजहाँपुर में वैद्यक करने चले गये थे। क्षमापति जी ने प्राज्ञ-परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद केवल स्वाध्याय-द्वारा साहित्य, धर्मशास्त्र और दर्शन आदि विषयों में इतनी योग्यता प्राप्त करली कि अपने नगर के उस समय के प्रथम श्रेणी के पंडितों में समझे जाने लगे। आप लाल स्कूल में संस्कृत अध्यापक हुए; किन्तु इस काम में आपकी तबीयत नहीं लगी और इसको आपने छोड़ दिया। इसी नौकरी का छोड़ना लखनऊ में आयुर्वेद के प्रचार के लिए अच्छा साबित हुआ। वाजपेयी जी के पाण्डित्य से लाभ उठाने के लिये सुप्रसिद्ध नवलकिशोर प्रेस ने आपको संस्कृत-ग्रन्थों का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए नियुक्त किया। प्रेस के लिये आपने अनेक आयुर्वेद ग्रन्थों का हिन्दी में अनुवाद किया। कठिन परिश्रम के कारण आपका स्वास्थ्य बिगड़ गया। कहा जाता था कि उन्हें क्षय प्रतीत होने लगा, जिसके लिए लखनऊ के प्रसिद्ध सँवाई टोले के हकीमों का इलाज किया। उन हकीमों के पास वाजपेयी जी घंटों बैठकर अपने रोग और औषधों के गुण-दोषों पर वादविवाद किया करते थे। तब से उनकी तबीयत आयुर्वेद पर झुकी और आयुर्वेद ग्रन्थों का ध्यानपूर्वक नियमित रूप से स्वाध्याय शुरू किया। इसी समय अपने परम मित्र स्वर्गवासी पं० नारायणदत्त जी शास्त्री की सहायता से लखनऊ क्रिश्चयन कालेज के स्कूल-विभाग में संस्कृत पंडित के स्थान पर नियुक्त हुये। शास्त्री जी स्वयं कालेज-विभाग में थे। अब वाजपेयी जी की आय भी पहले की अपेक्षा बढ़ गई और अवकाश भी अधिक मिलने लगा, जो आयुर्वेदिक स्वाध्याय और मनन में लगता था। लगभग १९०७ तक वाजपेयी जी स्कूल में काम करते रहे। तदनंतर आपने वैद्यक आरंभ किया। लखनऊ में शुद्ध आयुर्वेदीय औषधियों का मिलना असंभव-सा हो गया था। आपने अपने मित्र पं० भैरवप्रसाद जी पाण्डेय से अपनी देख-रेख में काम्यकुब्ज औषधालय खुलवा दिया, तीन चार साल में ही इस औषधालय ने बड़ा यश प्राप्त किया। वाजपेयी जी की चिकित्सा से प्रसन्न हो लखनऊ वैद्य सभा ने उन्हें सर्वप्रधान माना। जब आपने वैद्यक का श्री गणेश किया था, वहाँ पर वैद्यक का ऐसा ह्रास हो चुका था कि बहुत से हिन्दू धार्मिक विचार से मरने के कुछ घंटे पहिले वैद्य को बुला लिया करते थे और वैद्य का आगमन कुटुम्बियों को बहुत शीघ्र मृत्यु की सूचना से सूचित करता था और अभ्रक, चन्द्रोदय जैसी अमृत तुल्य

औषधें देना मृत्यु का आवाहन समझा जाता था। अहिन्दुओं में तो वैद्य के लिये इतना भी आदर न था। वाजपेयी जी ने ६ वर्ष में लखनऊ ऐसे विशाल नगर में इतना परिवर्तन कर दिया कि न केवल शिक्षित हिन्दुओं में ही वैद्यक का अच्छा प्रचार हुआ; वरन् मुसलमान और इसाई भी हकीम और डाक्टरों को छोड़कर वाजपेयी जी से चिकित्सा कराने लगे। यहाँ तक कि वे हकीम जो कुछ वर्ष पूर्व वाजपेयी जी का इलाज किया करते थे, स्वयं आप से चिकित्सा कराने लगे। वाजपेयी जी को धनोपार्जन की अपेक्षा आयुर्वेद की उन्नति और प्रचार का अधिक ध्यान था। वे प्रतिदिन सौ, पचास रोगियों को बिना मूल्य औषध देते थे। गरीबों के घर पर जाने की फीस भी न लेते थे। दिन भर परिश्रम के बाद रात के कई घंटे विद्यार्थियों को आयुर्वेद पढ़ाने में व्यतीत करते थे और अपनी आय का अच्छा हिस्सा छात्रवृत्ति में खर्च करते थे। आप अखिल भारतीय आयुर्वेद विद्यापीठ के परीक्षक और लखनऊ केन्द्र (जो आपके परिश्रम से स्थापित हुआ था) के व्यवस्थापक, और लखनऊ वैद्य सभा के संस्थापक और सभापति थे। आप से गोकर्णनाथ कमेटी ने जो सरकार द्वारा आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा प्रणाली का सुधार करने के लिये नियुक्त हुई थी, सम्मति माँगी थी। जिसका अधिक अंश उक्त कमेटी ने स्वीकार किया और इसी कमेटी की रिपोर्ट के अनंतर इन्डियन मेडिसिन बोर्ड स्थापित हुआ। आप लखनऊ विश्वविद्यालय, संस्कृत प्राच्य विभाग समिति के तथा अनेक सार्वजनिक धर्म तथा शिक्षा सम्बन्धी समितियों के सदस्य थे। अखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन की ओर से आपको आयुर्वेद-भूषण उपाधि और पूज्यपाद जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी महाराज श्री शारदापीठ की ओर से आयुर्वेद-महोदधि की उपाधि मिली थी। आपकी कामना थी कि लखनऊ में एक विशाल आयुर्वेद विद्यालय और दातव्य चिकित्सालय स्थापित हो जाय। उन्हीं के परिश्रम और धनी रोगियों की सहायता से लखनऊ वैद्य-सभा की ओर से आयुर्वेद मित्र पाठशाला स्थापित हुई थी। जिसके प्रधान वाजपेयी जी थे। उसी समय में शहर के प्रसिद्ध धनी लाला युगलकिशोर जी रस्तोगी अपने स्वर्गीय पिता के स्मारक में कोई सार्वजनिक काम करने के लिये उत्सुक थे, किन्तु वह निश्चय न कर पाते थे कि कौन कार्य किस रूप से करें। जो परामर्श देने वाले थे वे और भी व्यग्रता में सहायक होते थे। अन्त में वाजपेयी जी और उनके मित्र पं० ब्रजनाथ शर्मा जी के परामर्श से लाला जी की सम्पत्ति से मूलचंद रस्तोगी ट्रस्ट स्थापित किया जिसकी ओर से एक दातव्य चिकित्सालय जिसमें ७ या ८ सौ रोगी प्रतिदि० बिना मूल्य दवा पाते हैं। और एक आयुर्वेदिक (चन्डी देवी आयुर्वेदिक) पाठशाला अपना कार्य कर रहा है। वाजपेयी जी औषधालय के प्रधान चिकित्सक और पाठशाला के मुख्य अध्यापक थे। आपका शरीर पहिले ही से दुर्बल था। किन्तु अब आयु की वृद्धि के साथ-साथ सार्वजनिक कार्य और आयुर्वेदिक चिकित्सा और शिक्षा का भार इतना बढ़ गया कि आराम मिलना तो अलग रहा, आप को भोजन का समय भी मिलना कठिन हो गया। २४ घन्टे में एक बार कभी दिन में चार बजे, कभी रात्रि के १२ बजे भोजन मिलता था। किन्तु फिर भी वे अपने कार्य में तत्पर रहे। मृत्यु के ६ मास पहिले अपने जीवन से निराश हो जाने पर आपने अपनी सब सम्पत्ति धर्मार्थ वसीयत कर दी और मित्रों के आग्रह से स्वास्थ ठीक करने के लिये हरिद्वार चले गये, पर हालत बिगड़ती गई। इतने में शाहजहाँपुर से समाचार आया कि बड़े भाई मृत्यु-शय्या पर हैं। उसी हालत में वे वहाँ गये। भाई का अंतिम संस्कार करवाने के अनंतर ही आप लखनऊ आ गये। भाई की मृत्यु का

आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा, यहाँ तक कि आपके जीवन की किसी को आशा न रही। इसी शोक में भाई के सूतक-निवृत्ति के पहिले ही आपकी धर्म-पत्नी भी चल बसीं। इनके देहावसान के दूसरे ही दिन बाजपेयी जी ने फिर वसीयत की; जिसके द्वारा अपनी स्त्री के निमित्त वस्त्रादि और भाई से प्राप्त सब सम्पत्ति धर्मार्थ में लगा दी और दूसरे ही दिन पहिली अक्टूबर १९२९ को शरीर त्याग दिया। आपकी वसीयतों के अनुसार आपकी सारी सम्पत्ति आपके इष्टदेव गणेश-गौरी बनवाने तथा पूजन-अर्चनादि में आयुर्वेद के विद्यार्थियों को छात्र-वृत्ति में और आयुर्वेदिक औषध-वितरण के लिये समर्पित कर दी।

शास्त्री सोहनलाल जी पाठक वैद्यरत्न M. R. A. S.

आयुर्वेदाचार्य, आयुर्वेद महोपाध्याय, भिषग्रत्न, वैद्यदक्ष, विद्याभूषण, वाणीभूषण, पौराणिक-रत्न, मथुरा का

संक्षिप्त जीवनेतिवृत्त

वैद्यरत्न जी का जन्म मथुरा जी के सनाढ्य ब्राह्मणों में प्रसिद्ध प्रतिष्ठित पाठकवंश में हुआ। पाठक जी के पूर्वज कई पीढ़ियों से संस्कृत-साहित्य के विशिष्ट विद्वान् होते हुए भी आयुर्वेद के मर्मस्पृक् विद्वान् होते रहे हैं। पाठक जी के पितामह श्री पूर्णचन्द्र देव जी कई रियासतों से आयुर्वेद के सम्बन्ध में मासिक पुरस्कार पाते रहे थे। तथा आपके पिता जी वैद्यराज पं० झब्बालालामी जी ने अपने पिता जी का अनुसरण किया था, आपने "सहस्ररस-दर्पण" आदि कई ग्रन्थों की रचना की, जो भाषा वैद्यों के हित की परम सुन्दर सामिग्री है औ· खूब प्रचलित है। आपने अपने वार्द्धक्य काल तक निरन्तर आयुर्वेद की सेवा की और अपने प्राचीन आयुर्वेदाक्त औषधालय का कार्य अच्छे रूप से निरन्तर सम्पादन करते रहे। आपके ज्येष्ठ पुत्र शास्त्री जी ने चतुर्थ वैद्य सम्मेलन कानपुर में उपस्थित हो, मथुरा में अ० भा० व० वैद्य सम्मेलन को निमंत्रित किया, जो सर्व सम्मति से होना निश्चित हुआ, उस समय महामण्डल ने वैद्यराज जी को विशिष्ट सदस्य स्वीकार किया था। आपके समय में "वैद्यरत्न" जी सर्वतोभाव से समर्थ हो चुके थे और संस्कृत साहित्य की विशिष्ट योग्यता द्वारा आपने यह प्रत्यक्ष दिखला दिया कि विद्वान् जिस ओर प्रवृत्त हों उसको पार पहुँचा देते हैं, आपने अपने पिता जी के समय में जब कि वह अपने औषधालय का संचालन कर रहे थे, आप कई संस्थाओं के महोपदेशक होकर धार्मिक भाषणों से जनता को आनन्दित करते थे। आपका सुमधुर भाषण जनता को अतिप्रिय था, और दूर-दूर देशान्तरों से आपका आह्वान होता था। आप उस ही समय में पुराण-इतिहास की ओर प्रवृत्त हुए तो आपने इस प्रकार आशातीत उन्नति की। बड़े-बड़े ठिकानों पर श्री मद्भागवत, वाल्मीकीय, महाभारत आदि के प्रवचन करने में जो प्रशस्ति प्राप्त की उसके प्रमाण रूप जयपुर विद्वन्मण्डल द्वारा "पौराणिक रत्न" की उपाधि है। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य, जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य जी तथा जगद्गुरु श्री मद्वल्लभाचार्य जी आदि से "विद्याभूषण" वाणीभूषण, आदि की उपाधि तथा स्वर्णपदकों की प्राप्ति है ही; किन्तु श्री मद्भागवत के जो १०८ सप्ताह पारायण होते हैं जिनमें १०८ से लेकर दो दो सौ विद्वान् श्री मद्भागवत का पाठ करते हैं, उनमें जो प्रधानासन होता है उसको वैद्यरत्न जी ने भिन्न-भिन्न स्थानों में अर्थात् जयपुर, गोवर्धन, वृन्दावन (मथुरा) आदि में तेरह बार ग्रहण किया है। जब कि जयपुर में षोडश वैद्य सम्मेलन बड़े समारोह के साथ हो रहा था, उस समय आप जयपुर के राजमंदिर भक्त दीनानाथ में १०८ श्री मद्भागवत महायज्ञ के प्रधान व्यास थे। उस समय आपकी कथा सुनने के लिए भारत-रत्न महामना पं० मदनमोहन जी मालवीय

आयुर्वेदाचार्य, आयुर्वेदमहोपाध्याय, भिषग्रत्न,
वैद्यदत्त, विद्याभूषण, वाणीभूषण, पौराणिकरत्न,
श्री० शास्त्री सोहनलाल जी पाठक, वैद्यरत्न, एम. आर. ए. एस., मथुरा।

श्रीयुत वैद्यराज पं. दुर्गाशंकर केवलराम शास्त्री बम्बई।
संपादक, आयुर्वेदविज्ञान (गुजराती मासिक पत्र)।

जो कि षोडश वैद्य सम्मेलन के सभापति होकर पधारे थे, मंदिर में पधारे और उस महोत्सव के कई फोटो भी उतरवाये, अति प्रसन्न हुए। इत्यादि इत्यादि। आप मथुरास्थ विद्वत्सभा के प्रधान मंत्री भी रह चुके हैं। पूज्य महामहोपाध्याय श्री गणनाथ सेन जी सरस्वती जिस समय मथुरा पधारे थे उस समय विद्वत्सभा द्वारा जो आपको सम्मान-पत्र अर्पण किया गया था, जिसको कविराज जी प्रसंगोपात अब भी उस काल की बात छेड़ देते हैं।

आप आयुर्वेद सभा के सभापति हैं। पूज्य पिता जी के वार्द्धक्य काल में आपने आयुर्वेद की ओर प्रवृत्ति की और अन्यान्य सर्व कार्यों से हाथ खींचना पड़ा। आपने इस कार्य में खूब प्रशस्ति प्राप्त की है। आप यहाँ के पीयूषपाणि वैद्य हैं। मथुरा जिले में आपका अच्छा गौरव है आप बहुत काल तक आयुर्वेद महामण्डल स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं। यू० पी० वैद्य सम्मेलन के कुछ काल तक उप सभापति भी रहे हैं। एवं अ० भा० व० आयुर्वेद विद्यापीठ मथुरा केन्द्र के चिरकाल तक व्यवस्थापक रहे हैं। आपके समय के परीक्षा प्रबन्ध सम्बन्धी व्यवहार अभी तक श्लाघनीय हैं। आपके शिष्य वर्ग आयुर्वेद विद्यापीठ की उच्च परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर आयुर्वेद व्यवसाय में प्रतिष्ठा पा रहे हैं। माधव-निदान, शार्ङ्गधर, रस-हृदय तन्त्र तथा वैद्य-मनोरमा का भाषानुवाद किया है। जिसमें अन्तिम ग्रन्थ अभी अमुद्रित है। संस्कृत पद्यात्मक एक "राजवंश महाकाव्य" तथा "मनुष्य का कर्तव्य" नामक श्लोक-बद्ध-निबन्ध रचे हैं। इन ग्रन्थों का प्रचार कम है आपकी लेखनी द्वारा लिखित कई उपन्यास भी हैं। आपका मान सरकार गवर्नमेन्ट में भी काफी रहा है आपको सरकार द्वारा "आनरेरी मैजिस्ट्रेट" पद पर नियुक्त किया गया है। आपका धनी-मानी लोगों में बड़ा आदर है। इस वर्ष नव सम्राट् श्रीमान् अष्टम ऐडवर्ड महोदय की प्रथम वर्षगाँठ के उपलक्ष में भारतवर्ष भर में केवल आपको ही "वैद्य-रत्न" की उपाधि से विभूषित किया है, जिसको अभी थोड़े ही वैद्य महानुभावों ने प्राप्त की है, आप बहुत ही सज्जन, प्रसन्नानन, दयालु एवं पीयूषपाणि वैद्य हैं।

जामनगर रस-शाला के संस्थापक स्व० झण्डु विट्ठल जी का संक्षिप्त जीवन चरित।

आज सारे भारतवर्ष में प्रख्यात "झण्डु फार्माच्युटिकल वर्क्स" के दो आद्याक्षर जिस प्रातःस्मरणीय धन्वन्तरिकल्प महात्मा के नाम से लिये जाते हैं, सो स्वनामधन्य झण्डुभट्ट जी के जीवन-चरित्र का अति संक्षेप में परिचय दिया जाता है।

आप का जन्म वैक्रमीय शुभ सम्वत् १८८७ शुभ मिती वैशाख शुक्ल पक्ष ५ को हुआ था। ये काठियावाड़ की जामनगर रियासत में महाराजा साहब के राजवैद्य थे। इनके पूर्वजों में से एक इनके पंचम पूर्वज जिनका नाम गोवर्धनभट्ट जी था, बड़े साहसिक और संस्कृत के अच्छे विद्वान थे। दो सौ वर्ष पहले वि० सं० १७८५ में गोवर्धनभट्ट विद्याभ्यास के लिए काशी जी गये थे। इनके पुत्र काशीरामभट्ट जी इस कुल के प्रथम वैद्य हुए। वैद्य होते हुए भी इन्होंने पुराणी का पद नहीं छोड़ा, और तभी से इनके कुल में आज तक वैद्यकीय परंपरा जीवित है। इनके प्रपौत्र विट्ठल जी भट्ट उस समय में श्रीमद्भागवत पुराण के प्रख्यात कथाकार गिने जाते थे, और आप अच्छे चिकित्सक भी थे। सं० १८५२ में आपका जन्म हुआ था। उस समय में रियासत जामनगर के महाराणा रणमल जाम के राजवैद्य आप ही थे। विट्ठल जी भट्ट के पाँच पुत्र थे, पाँचो पुत्रों में सबसे ज्येष्ठ और श्रेष्ठ चरित्र नायक झण्डुभट्ट जी थे। इन्होंने बड़े परिश्रम के साथ विद्याध्ययन किया। विद्याध्ययन के बाद आप जामनगर के महाराजा रणमलजाम के उत्तराधिकारी महाराजा विभाजाम के राजवैद्य के पद पर नियुक्त हुये। और तभी से आपने सर्वात्मभाव और परम एकाग्रता से वैद्यक विद्या की उपासना करना प्रारंभ कर दिया। उस समय काठियावाड़ में आयुर्वेद की बड़ी दुरावस्था थी। झण्डुभट्ट जी ने अतिशय परिश्रम तथा अपूर्व बुद्धि कौशल से एवं परम औदार्य और स्वार्थ-त्याग से आयुर्वेद का उद्धार किया है। ऐसा कहने में कुछ भी अतिशयोक्ति नहीं है।

झण्डुभट्ट जी ने पहिले तो कुल-परंपरा का पुराणी का धंधा छोड़ दिया, और केवल वैद्यकीय कार्य को अपना एकमात्र लक्ष्य बनाया। फिर वैद्यकीय कुशलता से और सच्ची राज-भक्ति से महाराजा विभाजाम के कृपा-पात्र बन गये। और उसी सम्बन्ध से काठियावाड़ के अन्य राज्य मोरवी, भावनगर, गोंडल, वढ़वाण आदि राज्यों से भी आपका सम्बन्ध हो गया, और राज-कुटुम्ब की चिकित्सा के लिए आप वारंवार बुलाये जाने लगे। इस प्रकार आपकी ख्याति बढ़ने लगी। परन्तु झण्डुभट्ट जी के हृदय में ख्याति होने की स्पृहा बिलकुल न थी, बल्कि उनके हृदय में आयुर्वेदोद्धार की तृष्णा ही बलबला रही थी। इस उद्देश की पूर्ति के लिए सं० १९२१ साल में जामनगर में रंगमती नदी के तट पर सुखनाथ महादेव के मन्दिर के सन्निकट रस शास्त्रोक्त पद्धति का स्मरण रखते हुए रस-शाला का मकान निर्माण कराया, और सब प्रकार शास्त्रोक्त औषधियाँ तैयार करने लगे। आयुर्वेद की उन्नति के लिए शास्त्रोक्त औषधियों की सुलभता आवश्यक होने पर भी वैद्य-विद्या के प्रचार की आवश्यकता

महात्मा झंडु विठ्ठलजी,

जामनगर (काठीआवाड).

जन्म सं. १८८७ वैशाख शुक्ल ५ मरण सं. १९५४ वैशाख कृष्ण ५

रसशाळाकी स्थापना वि. सं. १९२१.

धी ईन्डीयन आर्ट प्रेस, कालबादेवी, मुंबई, नं. २

श्रीमान् राजवैद्य जुगतराम शंकरप्रसाद भट्ट।
संचालक, झंडु फार्मास्युटिकल वर्क्स, बंबई।

उनकी दृष्टि से बाहर नहीं थी। प्राचीन ग्रंथों का पठन-पाठन जो कि काठियावाड़ में उस समय बन्द हो गया था, सो झण्डुभट्ट जी ने अपने घर में शुरू किया, और विद्या दान के साथ-साथ अन्न-दान भी शुरू कर दिया था।

औषध प्रक्रिया और पठन-पाठन के साथ साथ शास्त्रीय चिकित्सा प्रक्रिया का अनुभव की आवश्यकता पर झण्डुभट्ट जी का प्रथम से ही विशेष लक्ष्य था। गंभीर रोगों के प्रायः कष्ट-साध्य रोगियों को अपनी बाड़ी अथवा घर में रखकर पथ्य की योग्य व्यवस्था के साथ औषधियों का सेवन कराते हुए "च्यवनप्राश" आरोग्य वर्धनी, विडंग तंदुल आदि का बहुत अनुभव लिया था, और इस अनुभव का लाभ दीन रोगियों की सेवा में आमरण करते रहे हैं।

शास्त्रीय निदान चिकित्सा में झण्डु भट्ट जी की बुद्धि तलस्पर्शी थी, और आयुर्वेद की उन्नति एवं जन-समाज की सेवा केवल यही उनका ध्येय था।

उदारता, स्वार्थत्याग, अतिथि-सेवा, समभाव इत्यादि गुणों के कारण काठियावाड़, गुजरात के लोग बड़ी श्रद्धा की दृष्टि से उनको देखते थे।

स्वार्थं बुद्धिः परार्थेषु पर्याप्तमिति सद्गतम्। यह वाग्भट का उपदेश सूत्र उनके चारित्र्य का आदर्श था। और चरक के निम्नांकित उपदेशानुसार भूत-दया की दृष्टि से चिकित्सा करने में झण्डु भट्ट जी का समस्त जीवन व्यतीत हुआ।

भिषगाद्यातुरान्सर्वान्स्वसुतानिव यत्नतः।
आबाधेभ्यो हि संरक्षेदिच्छन्धर्ममनुत्तमम्॥

झण्डु भट्ट जी का विस्तृत जीवन चरित्र श्री दुर्गाशंकर केवल राम शास्त्री ने लिखा है। तथा झण्डु भट्ट जी के सुपुत्र वैद्यराज शंकरप्रसाद जी ने प्रकाशित किया है। यह झण्डु फार्मास्युटिकल वर्क्स, लिमि०, सयानी रोड, बम्बई से २॥) में प्राप्त हो सकता है।

प्राणाचार्य वैद्य पं० सुखराम दास ओझा का

संक्षिप्त जीवन चरित्र

आपका जन्म भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी, सम्वत् १९२८ विक्रमीय को सिन्ध प्रान्त की प्राचीन राजधानी प्रसिद्ध नगर ठट्ठा में पुष्टिकर ब्राह्मण जाति के प्रसिद्ध ओझा कुटुम्ब में हुआ। आपके पिता का नाम पं० तेजभान दास ओझा था। उक्त ओझा-कुटुम्ब सिन्ध प्रान्त में विद्या, व्यापार, राजकार्य, कलाकौशल इत्यादि कार्यों में चिरकाल से ख्याति प्राप्त कर रहा है।

पं० तेजभान दास ओझा के छः पुत्र थे। इनमें से आपका पांचवाँ नम्बर है। आपका बाल्यकाल नगर ठट्ठा में ही व्यतीत हुआ और वहीं पर गुजराती भाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किये। इसके पश्चात् एंग्लोवर्नाक्यूलर स्कूल में प्रविष्ट किये गये। अपनी तीव्र बुद्धि और प्रखर प्रतिभा का परिचय देते हुए आपने शीघ्र ही वहाँ की शिक्षा भी समाप्त की।

आपके ज्येष्ठ भ्राता पं० दीपचन्द्र जी अंगरेजी में ही उच्च शिक्षा प्राप्त किये और वकील की उपाधि प्राप्त कर कुछ ही दिनों में अपनी ज्वलन्त प्रतिभा के प्रमाण स्वरूप जज का न्यायासन प्राप्त कर वर्षों उसकी शोभा बढ़ाते रहे। परन्तु पं० सुखरामदास इंग्लिश में आगे न बढ़े। बाल्यकाल से ही आपको आयुर्वेद से प्रगाढ़ प्रेम था। उन दिनों आपके पितृव्य के पुत्र पं० पीताम्बर दास इसी नगर में अपना औषधालय चला रहे थे। पं० सुखराम दास को इनके सहवास से अत्यन्त आनन्द प्राप्त होता था। उक्त औषधालय में आये हुए रोगियों को नित्य प्रति स्वास्थ्य और आनन्द प्राप्त होते देख आपका हृदय सदैव इस शास्त्र की शिक्षा प्राप्त करने को लालायित रहता था। आप अपनी इंग्लिश-शिक्षा परित्यक्त करके उक्त औषधालय में रह कर संस्कृत-व्याकरण और आयुर्वेद का अध्ययन करने लगे। अपनी प्रखर बुद्धि प्रचुर प्रतिभा और प्रगाढ़ प्रेम के प्रत्यक्ष प्रमाण स्वरूप आपने शीघ्र ही चरक, सुश्रुत और अष्टांगहृदय आदि ग्रन्थों का अध्ययन कर लिया।

अध्ययन के साथ-साथ आपका अभ्यास भी सुचारु रूप से होता रहा। आपके समवयस्क बतलाते हैं कि अभ्यास काल से ही आपकी चिकित्सा पर जनता का इतना दृढ़ विश्वास हो गया कि बड़े वैद्य पं० पीताम्बर दास की उपस्थिति में भी रोगी इन्हीं से रोग-निर्णय तथा चिकित्सा कराने को लालायित रहते थे।

पं० पीताम्बर दास साधारण विषय का भी सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवेचन करने अर्थात् बाल की खाल खींचने वाले व्यक्ति थे। आपके अध्यापन में शिष्यों को साधारण से साधारण विषय में भी पूर्ण सचेत और सजग रहना तथा शास्त्र-ज्ञान और चिकित्सा-कौशल की कठिन कसौटी पर अपना वैद्यार्थिक जीवन व्यतीत करना पड़ता था। गुरु का यह स्वभाव पंडित को आशीर्वाद स्वरूप सिद्ध हुआ "आप सुविख्यात शास्त्रवेत्ता तथा क्रिया-कुशल चिकित्सक हुये।"

अध्ययन के पश्चात् आप नगर ठट्ठा में ही अपना स्वतन्त्र अभ्यास आरम्भ किये सन्

प्राणाचार्य, वैद्य सुखरामदास जी ओझा, कराची।

१९०१ में आपको कराची आना पड़ा। यहाँ आपके काका लालचन्द्र अपने औषधालय का सञ्चालन करते थे। इन्ही दिनों पं० लालचन्द्र अपने औषधालय का भार पं० मुखराम दास को सौंप कर स्वर्गवासी हुये. तब से आज तक पंडित जी कराची की जनता की चिकित्सा रूपी अविरल सेवा करते रहे हैं। सिन्ध प्रान्त तथा भारतवर्ष की जनता तो आपकी चिकित्सा का लाभ लेती ही है। अरब-अफ्रिका युरोप के निवासी भी नित्य प्रति आपकी चिकित्सा से स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

सिन्ध प्रान्त में आयुर्वेद के पुनरुद्धार का श्रेय आपही पर है; आप सम्वत् १९८२ विक्रमीय से अपने ज्येष्ठ भ्राता के आयुर्वेदानुरागी पुत्र स्वर्गवासी कृष्णदास के स्मारक स्वरूप एक आयुर्वेदिक पाठशाला का संचालन कर रहे हैं। और आयुर्वेदोद्धारक सभा की स्थापना करके उसके प्रधानस्थल से अब तक आयुर्वेद की सेवा में प्रवृत्त हैं।

कराची में हुये उन्नीसवें अखिल भारतवर्षीय वैद्यसम्मेलन का साफल्य आपके अविश्रान्त परिश्रम, अदम्य उत्साह और सुयोग्य कार्य संपादन का आभारी है। सिन्धु प्रान्त का आयुर्वेद-प्रचार आपके उद्योग तथा सेवाओं का सदा ऋणी रहेगा। समस्त भारत के वैद्य आपको श्रद्धा और आदर की दृष्टि से देखते हैं।

आप संस्कृत, हिन्दी, सिन्धी, गुजराती, मरहठी और इंगलिश आदि कई भाषाओं के ज्ञाता, दयालु, निःस्पृह, परोपकारी, दानी, उदार प्रकृति और सज्जन पुरुष हैं। आपकी शिष्य-मण्डली समस्त सिन्ध प्रान्त में योग्यता-पूर्वक आयुर्वेद की सेवा और प्रचार कर रही है।

बम्बई के प्रसिद्ध प्रभूराम आयुर्वेदिक कालेज से आपको आपकी सेवाओं के उपलक्ष में प्राणाचार्य की महत्त्वपूर्ण उपाधि प्राप्त हुई है। कराची की जनता द्वारा किये हुये एक महान उत्सव और विराट सहभोज में अपार जनसमुदाय के समक्ष एक महत्त्वपूर्ण मानपत्र के साथ तत्कालीन म्यूनिस्पल प्रमुख जमशेद मेहता के कमनीय करकमलों द्वारा यह उपाधि-पत्र आपकी शुभ सेवा में सादर समर्पित किया गया था। इस अवसर पर कराची के हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, पारसी इत्यादि जातियों के प्रमुखों ने आपके कार्यों की प्रशंसा करते हुये आयुर्वेद से श्रद्धा और संतोष प्रकट किया था।

वर्तमान काल में पश्चिमीय सभ्यता से परिप्लावित सिन्धु प्रान्त में आपने आयुर्वेद का झंडा ऊँचा किया है यह आपके साफल्य का समुज्ज्वल परिचय है।

आपके एकमात्र पुत्र प्रभुराम को भी आयुर्वेद से प्रगाढ़ प्रीति है और इसी विषय की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

परमपिता परमात्मा से अहर्निशि प्रार्थना है कि ऐसे दयालु निस्वार्थी, परोपकारी चिकित्सक को दीर्घायु तथा आरोग्य प्रदान करें। शुभम् ॥

स्नेहभाजन—

वैद्य छोटालाल विश्वनाथ पाण्ड्या

प्रसिद्ध औषधि अमृतधारा के आविष्कारकर्ता

श्रीमान पं० ठाकुरदत्त शर्मा, वैद्य महोदय का

संक्षिप्त जीवन वृत्तान्त

जो उन्होंने अमृतधारा औषधालय की सिल्वर जुबिली (जयंती के अवसर पर प्रतिष्ठित पुरुषों के जलसे में, जो कि मसीहुलमुल्क हकीम हाफिज मुहम्मद अजमल खां साहब देहलवी के सभापतित्व में अमृतधारा भवन में हुआ, वर्णन किया—

माननीय सभापति तथा उपस्थित सज्जनवृन्द !

आज पचीस वर्ष के पश्चात् मैं इस अमृतधारा औषधालय की स्थापना और अपने जीवन का इतिहास, इस भरी सभा में, मित्रों की इच्छा को पूरी करने के लिए, सुनाता हूँ, यदि इससे किसी को कुछ भी लाभ पहुँचा, तो मुझे बड़ी प्रसन्नता प्राप्त होगी।

मैं ईश्वर को मानने वाला हूँ, और मेरा विश्वास है कि उसका अनुग्रह किसी भी महान कार्य की सिद्धि के लिए परमावश्यक है। परमेश्वर की यह कृपा थी कि मेरे द्वारा एक ऐसी औषधि का आविष्कार हो, जिससे जनता को लाभ पहुँचे, नहीं तो मेरे लिखने-पढ़ने तक का भी कोई प्रबंध न था। अल्पायु में ही विद्यानुराग न जाने कैसे उत्पन्न हो गया था। मैंने जब अपने गाँव फतहवाल के पास ही बल्हड़वाल की पाठशाला से चौथी कक्षा पास की, उसी समय मेरे कुटुंबियों की इच्छा मुझे आगे पढ़ाने की न थी, मैं चुपके अमृतसर भाग आया, और वहाँ खालसा स्कूल में प्रविष्ट हो गया। वहाँ से मेरा पढ़ना छुड़वा कर मुझे फिर घर ले गए। एक दिन पिताजी ने मुझे अपनी ज्येष्ठा भगिनी को लाने के लिए जंडियाले भेजा। मैं उनको न लाकर उसी जगह एक स्कूल में भरती हो गया, और अंगरेजी पढ़ने की इच्छा से, चौथी श्रेणी में प्रविष्ट हुआ। परन्तु बड़ा परिश्रम करके एक ही वर्ष में दोनों कक्षायें पास कर लीं। दैव संयोग से वह स्कूल टूट गया और मैं अमृतसर में हिन्दू-सभा हाई स्कूल में प्रविष्ट हुआ, और वहीं से ही एन्ट्रेंस की परीक्षा पास की। मुझे अब घर से खरच आने लगा। परमेश्वर की महिमा ! मिडिल में पढ़ते हुये ही न जाने कैसे मेरे हृदय में वैद्यक का शौक उत्पन्न हो गया। बोर्डिंग के सामने एक वैद्य साहब थे, उनके पास बैठना और कुछ सीखना-पढ़ना आरंभ किया। साधु सन्यासियों की सेवा और उनकी खोज में समय लगाना आरंभ किया।

बोर्डिंग के पीछे वाले मैदान में ही फूंका-फांकी शुरू हो गई। घर पहुँचे तो वहीं औषधियाँ तैयार होने लगीं। जब घर आता तो वहाँ के तमाम ऊपले खतम करके ही आता। मास्टरों ने और हेड मास्टर साहब तक ने भी मेरी बनाई औषधियों का सेवन किया। ईश्वर की कृपा से मेरा आचरण स्कूल में बहुत अच्छा था। आरंभ से ही धार्मिक जीवन की ओर मेरा झुकाव था, इसलिये सभी मुझे चाहते थे और मेरी बात को मानते थे। सारा बोर्डिंग

श्रीमान् वैद्यराज पं. ठाकुरदत्तशर्मा अमृतधारा लाहोर।
अध्यक्ष, सिन्धप्रान्तीय १ वैद्यसंमेलन हैद्राबाद (सन १९२८)।
पञ्जाबप्रान्तीय वैद्यसंमेलन रावलपिण्डी (सन १९२९)।
संपादक, देशोपकारक।

एक बात कहे और ठाकुरदत्त दूसरी बात कहे तो हमारे सुपरिंटेंडेंट मास्टर मायोराम जी ठाकुरदत्त की ही बात मानते थे।

बहुत सा समय वैद्यक विद्या के पीछे खर्च हो जाने पर भी अपनी पढ़ाई की ओर से मैं असावधान न था। मेरी धारण शक्ति निर्बल थी, किन्तु परिश्रमी मैं अधिक था। मैं सबसे अधिक परिश्रम करता था। मुझे परीक्षा के निकट वाली रात्रियाँ स्मरण हैं, जब कि मैं ६ बजे शाम को सोकर ९ बजे ही उठ बैठता और फिर सारी रात पढ़ने में व्यतीत करता। यह परिश्रम केवल कंठस्थ करने वाले विषयों पर करना पड़ता था, धारण शक्ति क्षीण होने पर भी मेधा अच्छा था, इसलिए गणित में बहुत होशियार था। यह एक अद्भुत बात थी कि जब मैं मिडिल में पढ़ता था तो मैट्रिक के कई विद्यार्थी मुझसे गणित के प्रश्न पूछने आया करते थे। यदि कोई प्रश्न हल न होता तो उस पर मैं रात भर लगा रहता। जब मिडिल में जब मैं पढ़ता था, तो उसी श्रेणी के विद्यार्थियों को मैं स्कूल के समय के बाद पढ़ाता था और हेड-मास्टर साहब ने दो आने प्रति विद्यार्थी फीस लगा रक्खी थी जो कि मुझे दी जाती थी। ऐसा उदाहरण बहुत ही कम मिलेगा कि जिस कक्षा में कोई पढ़ता हो उसी को पढ़ाता हो। स्कूल के समय भी बहुधा मुझे सारा-सारा दिन खड़ा रहना पड़ता था। जो भी मास्टर आते ठाकुरदत्त को अधिकार दे देते कि तुम्हीं सबका पाठ सुनो या तुम्हीं सबका हिसाब लिखाओ। बस मैं मास्टर जी की कुर्सी के पास खड़ा काम कर रहा हूँ। मैं अपने स्कूल में सदा प्रथम रहा और प्राइमरी, मिडिल और मैट्रिक में छात्रवृत्तियाँ प्राप्त कीं। पश्चात् कालेज में शिक्षा प्राप्त करने के लिए लाहौर आ गया। प्रथम गवर्नमेंट कालेज फिर डी० ए० वी० कालेज में प्रविष्ट हुआ किन्तु एक ही वर्ष बाद विद्याध्यन का वह शौक जिसके लिए मैं घर की चोरी से भागा था, जाता रहा, और वैद्यक का शौक इतना बढ़ा कि कालेज छोड़ कर घर बैठ गया। बहुत सी वैद्यक की पुस्तकें तो पहले ही पढ़ चुका था, फिर स्वामी विशनदास वैद्य से विद्याध्ययन कर जम्मू में राजवैद्य श्री पं० जगतराम जी के पास जाकर कई रहस्य सीखे और कालेज छोड़ने के दो वर्ष पश्चात् पिता जी से लाहौर में औषधालय खोलने के लिये रुपया माँगा। उनका तो यह कहना था कि तुम जिलेदारी के वास्ते यत्न करो, वैद्यक के लिए धन व्यय करना व्यर्थ है।

किन्तु परमेश्वर को कुछ और ही अभीष्ट था। घर से खाली हाथ निकल पड़ा और रेलवे दफ़्तर में निर्वाह के लिए १२) मासिक की नौकरी कर ली, और साथ ही सन् १९०० ई० में देशोपकारक औषधालय की नींव डाल दी, उस समय मेरी आयु २० साल की थी, किन्तु मनोरथ बड़े उच्च थे परन्तु क्या करता? कार्यारम्भ करने के लिए भी रुपया न था। कोई उपाय न देखकर अपनी धर्मपत्नी से जिक्र किया। उसके पास जो साधारण से आभूषण थे उसने सामने रख दिए। उनमें से चांदी के गोखरू २७) में बेचे, और यही मेरे कारख़ाने की सारी पूंजी थी।

अमीरों के लड़के किसी कार्य को आरम्भ करने के वास्ते हज़ारों मांगते हैं और फिर वह भी गवाँ देते हैं। लेकिन गरीबों को देने वाला भगवान् है। औषधियां बहुत सी पहले मौजूद थीं, विज्ञापन दे दिया गया। ईश्वर की कृपा से लोगों को लाभ पहुँचा। मैंने इस समय भी रात दिन घोर परिश्रम किया। सुबह औषधालय में बैठता, दिन को दफ्तर जाता, और फिर रात को दवाई कूटता बनाता, सब कुछ स्वयम् ही करना पड़ता था। हृदय में

विश्वास था कि भगवान् अवश्य ही कृपा करेंगे, ईमानदारी से काम करते जाना चाहिये। रेलवे की नौकरी छोड़ कर आर्य प्रतिनिधि सभा में २५) मासिक की नौकरी कर ली, क्योंकि सभा का कार्यालय घर के निकट था। यह सब कुछ लाहौर आने के एक वर्ष के भीतर-भीतर हुआ। जब मैंने देखा कि एक मास में ६५) की औषधालय से आमदनी हुई है, उसी समय नौकरी छोड़ कर तन-मन से इसी कार्य में लग गया।

स्कूल में पढ़ते हुए ही हृदय में यह महत्त्वाकांक्षा उत्पन्न हुई थी कि कोई ऐसी औषधि निकालनी चाहिए जो लगभग बहुत सी औषधियों का गुण रखती हो। उन्हीं दिनों इस प्रकार की एक औषधि बना भी ली थी, उस पर रात दिन विचार करने लगा, उसकी परीक्षा की, घटाया-बढ़ाया और सन् १९०१ में नौकरी छोड़ते ही 'अमृतधारा' के आविष्कार की घोषणा कर दी।

जिसने इसकी परीक्षा की वही अचम्भित हुआ। ऐसा कोई भी पुरुष न निकला जिसने अमृतधारा को प्रत्येक घर में रखने योग्य औषध न बताया हो। जो औषधियों के बक्स घर में रखते थे उन्होंने इस शीशी से सबका काम लेना शुरू किया। जिसने एक बार इसको आजमाया, उसने सदा के लिए इसे अपना साथी बनाया। इसी वास्ते दिन प्रतिदिन इसकी उन्नति होती गई। सन् १९०४ में देशोपकारक पत्र जारी हुआ। हिन्दी तथा उर्दू दोनों भाषाओं में १९२२ तक निकलता रहा। समयाभाव के कारण १९२३ में हिन्दी संस्करण बन्द कर दिया गया। मेरे प्रिय पुत्र शुकदेव शर्मा का देहान्त हो जाने से खिन्न चित्त १९२४ में उर्दू संस्करण भी बन्द कर दिया गया। और सर्वसाधारण ने इस किंकर की योग्यता को सराहा फिर तो सारे देश में अमृतधारा और उसके आविष्कारकर्त्ता का नाम प्रसिद्ध होने लगा और उसके साथ ज्यों-ज्यों मेरी लेखनी से वैद्यक पुस्तकें निकलीं त्यों-त्यों ख्याति भी बढ़ती गई। इस समय तक २१ वर्ष से देशोपकार पत्र निकालने के अतिरिक्त लगभग ५ दर्जन पुस्तकें लिखी जाकर प्रकाशित हो चुकी हैं।

प्रभु की कृपा से दिन दुगुनी और रात चौगुनी उन्नति होती गई। ५) के किराये के मकान को छोड़ कर फिर ४०) के किराये के मकान में आना पड़ा। और कई क्लर्क काम करने लगे। सन् १९१० ई० में एक नया मकान रेलवे रोड पर खरीदा गया जिसका उद्घाटन-संस्कार चीफ कोर्ट पंजाब के जज सर प्रतूलचन्द्र चैटर्जी के करकमलों से लाहौर के प्रतिष्ठित लोगों के एक बड़े जलसे में हुआ। सन् १९१४ ई० में मकान और भी बढ़ाना पड़ा और एक विशाल भवन लाखों रुपये का तैयार हुआ। इस दूसरे खंड का उद्घाटन लाहौर के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर मिस्टर एफ० डबल्यू० कैनवे साहब ने वैसे ही जल्से में किया जिसमें सर मोहम्मदशफी साहब बैरिस्टर और रायबहादुर दीवान बहादुर कुञ्जबिहारी थापर आदि महानुभावों की मनोरंजक वक्तृतायें हुईं, जिनमें कार्यालय की पब्लिक सेवा का वर्णन किया गया। इस विशाल भवन के पूर्व ओर जो सड़क बनी है उसका नाम म्यूनिस्पल कमेटी ने अमृतधारा रोड रक्खा और सामने एक कूचे का नाम ठाकुरदत्त स्ट्रीट रक्खा गया।

परमेश्वर की कृपा से इतना काम बढ़ा कि जहाँ पहले एक ही आदमी दवाई बनाता, बंद करता, रोगियों को देता और बाहर भेजता था, अब दर्जनों कर्मचारी यह कार्य करने लगे और अमृतधारा व अन्यान्य औषधियाँ जिनकी संख्या चार सौ के लगभग है, इतनी अधिक बाहर जाने लगीं कि डाक विभाग ने अमृतधारा के नाम से एक डाकघर खोल दिया। पुस्तकों

श्रीयुत वैद्यराज विष्णुकान्तजी। **मुरादाबाद**।
संपादक–"वैद्य" (हिन्दीमासिकपत्र)

श्रीमान् कविराज उपेन्द्रनाथदास काव्य–व्याकरण–सांख्यतीर्थ
संपादक–"आचार्यधन्वन्तरि" (हिन्दीमासिकपत्र) **दिल्ली**।

श्रीमान् स्व. बा. पं. शंकरलाल वैद्य।
संपादक, "वैद्य" (हिंदी मासिक पत्र) मुरादाबाद।

और सूचीपत्रों आदि की छपाई का काम इतना बढ़ गया कि सन् १९१६ में एक प्रेस भी खोलना पड़ा, जिसने बढ़ते-बढ़ते एक बड़े छापाखाने का रूप धारण कर लिया है, और जिसमें हर प्रकार की छपाई का काम (लेथो, टाइप व ब्लाक) घर और बाहर का किया जाता है।

सन् १९२४ में विलायत की यात्रा की। वहाँ जाकर क्या देखा और क्या पाया उसका विवरण 'सैर यूरुप" में देखना चाहिये। यूरुप के सारे देशों में भ्रमण करके, वहां की चिकित्सा प्रणाली से अभिज्ञता प्राप्त करके, अब विद्युत चिकित्सा के बहुत से यंत्र लाया हूँ। और इस नूतन चिकित्सा प्रणाली को भी जारी कर दिया गया है।

मैंने आयुर्वेद की सेवा करने की सदैव चेष्टा की है और मैं जब उस समय से, जब कि देशी चिकित्सा की ओर से लोगों की रुचि कम हो रही थी, इस समय की तुलना करता हूँ और देखता हूँ कि यथेष्ट रूप से लोगों की रुचि फिर इस ओर बढ़ रही है, तो मैं आनन्दित होता हूँ, क्योंकि इस रुचि-परिवर्तन में थोड़ा सा मेरा भी भाग है, जिसका उल्लेख करने की मुझे आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। मुझे इस बात का हर्ष है कि जिस कारखाने को मैंने अज्ञात अवस्था में लाहौर में आकर जारी किया, जनता ने उसको अपनाया और आज नगर के प्रतिष्ठित लोगों का इतना भारी जलसा उसकी सिलवर जुबली मना रहा है।

भगवान से यही प्रार्थना है कि देशी चिकित्सा की ओर लोगों की रुचि बढ़े, देशी चिकित्सा प्रणाली की उन्नति करने के लिए अच्छे-अच्छे कालिज, अच्छे-अच्छे औषधालय स्थापित हों जो कि नूतन अनुसन्धानों को अपने अन्दर सन्निविष्ट कर के देशी चिकित्सा को उत्तम रूप में उपस्थित करें।

हमारी तो अब यह प्रार्थना है कि वह अपनी भक्ति प्रदान करे और बहुत शीघ्र इस योग्य बनाये कि जीवन का तीसरा युग आरम्भ हो।

॥ ॐ शम् ।

वैद्यवर, भिषक्चूडामणि, श्री पं० मणिरामजी शर्मा

भिषगाचार्य प्रिंसिपल-श्री हनुमान आयुर्वेद महाविद्यालय रतनगढ़ (बीकानेर) का संक्षिप्त जीवन-चरित

आपका जन्म श्री पं० सन्तरामजी के घर विक्रम सम्वत् १९४३ में जम्मू (काश्मीर) प्रान्त के रायपुर ग्राम में हुआ था। आप बाल्यावस्था में अधिकतर अपने मामा के घर जम्मू राजधानी में ही रहा करते थे। यहाँ रहते हुए आपने रणवीर हाईस्कूल में प्रारम्भिक-शिक्षा प्राप्त की। तदनन्तर जलालपुर जट्टां नामक ग्राम में तथा लाहौर की सनातन धर्म संस्कृत पाठशाला में अध्ययन किया। इसके बाद फिर आप जम्मूनगर में आये और वहाँ के श्री रघुनाथ विद्यालय में अध्ययन कर अध्यापन कार्य की खोज में भ्रमण करते हुए पटियाला राजधानी में पहुँचे। वहाँ सौभाग्यवश किसी विद्वान् से आपकी भेंट हुई, जिसने आपको आयुर्वेद पढ़ने के लिए अनुमति दी। उस विद्वान् के सदुपदेश से प्रेरित होकर आप आयुर्वेद पढ़ने के लिए देहली चले आये, वहाँ श्री बनवारीलाल आयुर्वेद विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री पं० मनोहरलाल जी वैद्यराज के समीप रहकर लघुत्रयी का अध्ययन किया। देहली से सन् १९१० में आप जयपुर पहुँचे, वहाँ श्री राजकीय संस्कृत कालेज में निरंतर ५ वर्ष रह कर आपने भारत के प्रसिद्ध वैद्य आयुर्वेद मार्तण्ड श्री लक्ष्मीराम जी स्वामी महोदय के चरणों की कृपा से आयुर्वेद की उच्च-शिक्षा प्राप्त की। सन् १९१७ में आप श्री हरनन्दराय रुईया संस्कृत कालेज के प्रधानायुर्वेदाध्यापक पद पर नियुक्त हुए, इस संस्था में रहते हुए आपने लगातार १९ वर्ष तक अध्यापन और चिकित्सा कार्य किया। आपके पास अध्ययन किये हुए सैकड़ों छात्र आचार्य शास्त्री विशारद आदि परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर अनेक जगह योग्यता के साथ कार्य कर रहे हैं। आपके शान्त स्वभाव, मधुर-भाषिता, चिकित्सा-पटुता, परोपकार-परायणता आदि गुणों से रामगढ़ और उसके आस-पास की जनता का बहुत उपकार हुआ है। सार्वजनिक संस्थाओं को भी आपने अपने अमूल्य समय से बहुत लाभ पहुँचाया है।

सन् १९२० में आपने शार्ङ्गधर संहिता की संस्कृत टीका बनाई थी, किन्तु उन्हीं दिनों आदमखोर संस्कृत टीका के प्रकाशित हो जाने से आपने अपनी टीका को प्रकाशित नहीं किया। सन् १९३३ में रसशास्त्र के प्रसिद्ध ग्रन्थ रसेन्द्रचिन्तामणि की पाण्डित्यपूर्ण (मणिप्रभा नामक) टीका बना कर श्री १०८ स्वामी लक्ष्मीराम जी के चरण कमलों में समर्पण की। श्री स्वामी जी महाराज ने इनकी विवेचना पूर्ण कृति से सन्तुष्ट होकर नीचे लिखा आशीर्वाद दिया—

"शिष्यैः प्रशिष्यैः परिपूज्यमानः, गुणैरुदारैः परिवर्द्धमानः।
प्रशस्तभैषज्यविधानकर्मा, जीव्याच्चिरं श्रीमणिराम शर्मा ॥१॥"

अभी सन् १९३६ के आरम्भ में आप किसी कारणवश श्रीहरनन्दराय रुईया संस्कृत

कालेज से अलग हो गये थे। यद्यपि अब आप कहीं कार्य करना नहीं चाहते थे, किन्तु बहुत से सज्जनों के यह अनुरोध करने पर कि आपके किसी संस्था में रहने से आयुर्वेद की बहुत उन्नति होगी, इसलिये अब आप श्रीमान् सेठ सूर्यमल जी नागरमल द्वारा संस्थापित श्री हनुमान आयुर्वेद महाविद्यालय रतनगढ़ (बीकानेर) के प्रधानाध्यापक हो गये हैं।

शेखावाटी में जितना आयुर्वेद का प्रचार हुआ है उसका श्रेय आपको ही है, तथा परिष्कृत चिकित्सा-प्रणाली के प्रवर्तक भी आपही कहे जा सकते हैं। आप जैसे आयुर्वेद के धुरंधर विद्वानों की बहुत आवश्यकता है। आशा है रतनगढ़ में रहते हुए आपके द्वारा आयुर्वेद की और भी अधिक उन्नति होगी। शम्।

रतनगढ़ (बीकानेर)

वैजनाथ शर्मा आयुर्वेदाचार्य
प्रो० श्री हनुमान आयुर्वेद महाविद्यालय।

Charakachaturanana Chakrapani Dutta

The great commentator of Charaka Samhita and the compiler of Chakradatt was born in Chauperch (चौपेर) in the District of Burdwan (Bengal). According to the Colophen attached to the Chakradatt his grandfather flourished in the reign of Nayapal--of the Pal dynasty of Bengal who reigned in the 10th century A. D. Chakradatta may therefore be said to have flourished about the end of the 10th Century A. D. One of his descendants Kaviraj Bejoy Krishna Visharad is practising at Calcutta.

Kaviraj Sivadasa Sen

The great commentator of Chakradatt Sangraha is also a commentator of Charaka Samhita. He flourished in recent years say about 300 years ago in Malancha in the District of Howrah (Bengal) His name is mentioned by Bharat Mallik, the commentator of several sanskrit works by Kalidas and others in his compilation known as, Sad Vaidya Kul Panjika. Nothing more is known about him.

Kaviraj Rajendranarain Sen

Was born at Srirampur in the District of Murshidabad. He was the last disciple of Acharya Gangadhar and settled at Calcutta. Like all the other disciples of Acharya Gangadhar, Kaviraj Rajendra Narain was also vastly educated and made his name as one of the best Kaviraj of his time. It was Kaviraj Rajendra Narain who edited Acharya Gangadhar's Bharadwaj Bhashya on Vaisesika Darsana.

स्मृतिव्याकरणतीर्थायुर्वेदविशारद, कविचन्द्र,
कविराज श्री० पूर्णचन्द्र जी रथ, पुरी ।

निखिलभारतायुर्वेदमहामण्डलोत्कलप्रान्तीयमन्त्रिणः

कविराजकविचन्द्र श्रीपूर्णचन्द्ररथस्मृतिव्याकरणतीर्थायुर्वेद-विशारदाचार्य महोदयस्य जीवनवृत्तान्तम् ।

विचारसोपाधिकश्रुतिस्मृतिपुराणप्रवीणोच्चब्राह्मणवंशोद्भवरामकृष्णरथस्यात्मजोऽसौ निखिलायुर्वेदमहाभोधिपारंगतानां भारतप्रसिद्धानां महामहोपाध्यायकविराजश्रीगणनाथसेनशर्मसरस्वतीपादानां चरणरेणुरंजितप्रियतमशिष्यः । सैषस्तावद्दशवर्षं यावत्पुरीधामे श्रीमद्भगवतोऽनाथनाथजगन्नाथस्य कृपया नीलाचलकल्पतरुभवननामकायुर्वेदौषधालयं प्रतिष्ठाप्य सिद्धहस्तेन बुद्धिमत्तया स्वचिकित्साकलाकौशलबलेनैवाखिलोत्कलमण्डले सुविख्यातचिकित्सकः सममभूत् ।

पीयूषपाणिरेव खलु दयालुर्वैद्यगुणगणसंपन्नः कातरातुरैकसहायः स्वकीयौषधालये प्रत्यहं प्रातर्दारिद्र्यपीडितासमर्थासहायानामातुराणामौषधदानेनैव ताञ्छिरातुरान् कृत्वा सर्वेषामाशीर्वादार्हः प्रियपात्रश्च संजातः । अपिचायुर्वेदशास्त्रे गभीरगवेषणयाशेषाश्चर्यसाध्यव्याधीन् विधिनावाधयतीति प्रत्यक्षतो दृष्टम् ।

पुनरेष स्वकपोलकल्पितपीयूषकल्पभेषजानकल्पयत् कृतवांश्चोत्कलभाषायां लोकोपकारार्थममोघसुष्टियोग-पथ्यापथ्यविचार-रोगीशुश्रुषा-रोगपरीक्षा-स्वास्थ्यपूर्णचन्द्रपुस्तकानि । एष्वाद्यद्वयः प्रकाशिता अपरे चन्त्रस्थाश्रेति ।

एष खलु सर्वायुर्वेदक्रियाकुशल आयुर्वेदस्य समधिकप्रचारप्रसारार्थमत्र नीलाचलायुर्वेदचतुष्पाठीति नामकविद्यालयं चतुर्दशवर्षयावत् स्थापयित्वाध्यक्षशिक्षकत्वेन च छात्रान् कर्माभ्यासेन साकं स्वयमध्यापयत्यायुर्वेदं । प्रतिवर्षं च विहारोत्कलसंस्कृतसमितिसंपादितनियमानुसारेण वहवोऽन्तेवासिनः समुत्तीर्णा अभूवन् । मान्यवर गवर्नमेण्टमहोदयस्य सकाशात् प्रतिमासं नियमिताद्दशरजतमुद्रासाहाय्यात् मान्यगण्यायुर्वेदद्वितैषिणां साहाय्यात् कविराजश्रीपूर्णचन्द्ररथशर्म्मणः साहाय्याच्चोत्तरोत्तरमुत्तमेनैव प्रचलत्येषा नीलाचलायुर्वेदचतुष्पाठी ।

पुनरसौ सज्जन अष्टादशवर्षावधि विहारोत्कलसंस्कृतसमितावायुर्वेदस्य मध्यमोत्तम (आचार्य) परीक्षायां प्राभिको परीक्षकश्च, समितावस्मिन्नायुर्वेदमण्डलेटरबोर्डसदस्यः, पुरीसंस्कृतकालेजबोर्डसदस्यः, उत्कलायुर्वेदविवर्धिनीसमितिसंपादकश्च वर्तते ।

आतुरदुःखमसहिष्णुरेषप्रियभाषी १९२३ खिष्टाब्दे यदा पुरीमण्डलैकदेशे प्रबलवन्यापप्रादुर्भूतोऽभूत्तदा वन्यापपीडितदीनातुरेभ्यः सार्धद्विशतमुद्रामूल्येन विविधभेषजैः साकं पंचसप्ततिं—रजतमुद्राश्च श्रद्धया प्रदत्तवान् ।

गोगुरुदेवद्विजराजभक्तोऽसौ मान्यवरनिखिलभारतधराधीश्वरस्वर्गीयसम्राजां पंचमजार्ज-महोदयानां रौप्यजयन्तीमहोत्सवावसरे तेषां वंशपरंपराक्रमेणाक्षुण्णकण्टकराजत्वकामनया त्रिंशत्संख्यकेभ्यो दीनहीनातुरेभ्यो दिनद्वयं यावत् बहूनि भेषजानि वितरितवान्, लब्धवांश्च सद्गुणातिशयात्तेभ्यो रौप्यजयन्तीपदकमिति ।

सामन्त—श्रीगोपीनाथ महापात्र काव्यतीर्थः
सभापति—उत्कलायुर्वेदविवर्द्धिनीसमितिः

लोकनाथ रोड, पुरी ।

श्रीमान पं० नन्दलाल कौल वैद्य महोदय का

संक्षिप्त जीवन-चरित्र.

पण्डित नन्दलाल कौल साहिब का जन्म फाल्गुन संवत् १९५२ विक्रमी को काश्मीरी पण्डितों के उस कौल घर में हुआ जो कि साहिब के नाम से प्रसिद्ध है। सैकड़ो वर्षों से जब से काश्मीर में हिन्दू सभ्यता का उत्पात प्रारम्भ हुआ और आयुर्वेदिक चिकित्सा-प्रणाली का लोप प्रारम्भ हुआ केवल इसी कुल के सपूतों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा को अपनाय रखा। और इसी घराने से वे सब वैद्य उत्पन्न हुए जिन्होंने काश्मीर में आयुर्वेद को जीवित रखा। पण्डित जी के पिता स्वामी श्रीधर कौल साहिब बड़े विख्यात वैद्य हैं। उन्होंने ३० वर्ष काश्मीर में काम किया। वह इस कार्य में इतने निपुण हैं कि काश्मीर भर में उनको सिद्ध चिकित्सक मानते हैं और लोग समझते हैं कि उनके हस्त स्पर्श से ही रोगी ठीक हो सकता है। आजकल वे प्रायशः स्यालकोट में एकान्त जीवन व्यतीत करते हैं।

पण्डित नन्दलाल कौल साहिब स्कूल की शिक्षा समाप्त करके संवत् १९७३ विक्रमी से अपने पिता जी से चार वर्ष आयुर्वेद पढ़ते रहे। १९७६ विक्रमी में उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा का अभ्यास आरम्भ किया और १९७८ में सहज औषधालय स्थापित किया। यह श्रीनगर में पहला औषधालय है।

पण्डित जी इस समय काश्मीर में मुख्य वैद्य हैं। और प्रसिद्ध चिकित्सक होने के अतिरिक्त छात्रों को पढ़ाने-लिखाने का काम भी करते हैं। काश्मीर भर में पण्डित जी के कई ऐसे छात्र हैं जो विख्यात चिकित्सक हैं।

जब कभी काश्मीर में महामारी आदि के उपद्रव का प्रकोप हुआ तो पंडित जी ने लोकहितार्थ बहुत परिश्रम किया। और हजारों की संख्या में लोग उनकी औषधि से आरोग्य हुए। वह लोग जो उन अवसरों पर देश-सेवा करते थे उनके बहुत कृतार्थ हैं। और उनको धन्यवाद देते हैं उनमें से एक दो सम्मतियाँ ही यहाँ पर लिखनी पर्याप्त होगी।

प्रोफेसर रामचन्द्र पंडित एम० ए० लिखते हैं—

He has almost on every occasion of an epiademic like Cholera or Influenza done yeomans work in preparing medicines and distributing it almost free of cost not only among the people of Srinagar but even in all the muffassils. His treatment for Cholera was very successful in saving the lives of all the patients who got this medicine in time. His popularity is well deserved and his good work admits of no questions.

पंडित मधुसूदन कौल साहिब शास्त्री एम० ए०, एम० ओ० एल० डाइरेक्टर रिसर्च-डिपार्टमेन्ट लिखते हैं—



श्रीमान वैद्यराज पं. नंदलालजी साहिब कौल।
सभापति, काश्मीर वैद्य सभा, श्रीनगर।

In the last visitation of Influenza and Cholera his treatment proved a remarkable success both in the city and suburbs He in that period established various agencies in the muffassils to distribute his self prepared medicines in the affected quarters through influencial persons and reclaimed most of seizures from the clutches of death

श्रीनगर म्युनिस्पेलिटी (Municipality) ने आयुर्वेदिक और यूनानी औषधालयों की आर्थिक सहायता (Grant in aid) देने का निश्चय किया। इस सम्बन्ध में हेल्थ आफिसर (Health officer) ने इस औषधालय का स्वयं निरीक्षण करके निम्नलिखित शब्दों में अपना रिपोर्ट लिखकर नं० २५१६ ता० ११।२।३० को आर्थिक सहायता के लिए सिफारिश की—

I have personally inspected the dispensary Sahaj Aushadhalaya-The dispensary contains about 300 preparations I have also gone through its past record, there found that the Manager P Nand Lal Koul has done much useful work during the past twelve years espacially at the out-breaks of the epidemics Cholera and Influenza Pandit Nand Lal Koul seems intelligent, arduous and hard working and has the especial advantage over most other indigenous practitioners, in that he possesses a fairly sound knowledge of English, Sanskrit, Urdu, and Persian, which during the modern days of material progress really means a better opportunity, study advances in the science I would therefore recommend him strongly for the grant of the aid in questions in the interest of the public especially in the growth of Ayurveda

और आर्थिक सहायता के अवसर पर म्युनिस्पेलिटी ने सबसे पहिले पण्डित जी की आर्थिक सहायता के लिए रिकमेण्ड किया।

संवत् १९८९ में जब लाहौर कांग्रेस की प्रदर्शिनी (Congress exhibition) हुई। इसमें पंडित जी ने भी अपनी कुछ औषधियाँ प्रदर्शिनी के लिये भेज दी थीं। मन्त्री कांग्रेस प्रदर्शिनी ने मेरिट सारटिफिकेट (Merit certificate) भेजते समय निम्न शब्द लिखते हैं—

I have great pleasure to inform you that your commodities exhibited in the last Lahore Exhibition organised under the auspices of 44th Indian National Congress have been very highly appreciated by the visitors of the Exhibition as well as by the members of the Exhibition Committee, and you have been awarded a merit certificate

संवत् १९९० में काश्मीर में पंडित जी के उत्साह से काश्मीर वैद्य सभा स्थापित हुई। पंडित जी उस सभा के प्रधान चुने गये। पंडित जी की योग्यता और उत्साह से आयुर्वेद चिकित्सा जो कि काश्मीर से लुप्त हो रही थी पुनर्जीवित हो रही है।

काश्मीर में आयुर्वेद

इसमें कुछ सन्देह नहीं कि आयुर्वेद का पूर्वकालीन हिन्दू काश्मीर में पर्याप्त प्रचार था। परन्तु १२८२ विक्रमी में जब कि मुसलमानों का काश्मीर में आना हुआ और राज्य

भी उनके हाथ में आ गया और उनकी धाक जम गई तब जो चीजें हिन्दू सभ्यता से सम्बन्ध रखती थी उन पर शनैः-शनैः आघात होने लगा और आयुर्वेद के लोकोपकारक विषय होने पर भी इसके नष्ट करने के लिए वे प्रयत्न करते रहे।

पर कुछ समय बीतने पर जैनुलाबदीन के समय में पण्डित 'श्रीभट्ट' (जो कि मेरी राय में श्रीनाथ कौल हैं और जिनकी सन्तति काश्मीर के सभी कौल कहे जाते हैं) ने आयुर्वेद को कुछ समय के लिये जीवित किया। और काश्मीर के हिन्दुओं के लिए जो कि मुसलमान के आक्रमण से परास्त थे फिर बाहर निकलने का स्थान पैदा किया। बात यह हुई कि जैनुलाबदीन बीमार पड़े थे और एक विशेष प्रकार के रोग से ग्रस्त हुए थे, उनको उस समय कोई भी (यवन) चिकित्सक नीरोग न कर सका। फिर उसने यह मुनादी कराई कि यदि कोई मनुष्य उसको इस रोग से बचा सके तो उसको यथेष्ट उपहार दिया जावेगा। 'श्रीभट्ट' जो कि इस समय किसी मुसलमान रूपी हिन्दू घर में रहते थे, राजा को यह सूचना भिजवा दी कि वह उसको स्वस्थ कर सकता है। राजा निराश हुआ था अतएव इसके वचन पर विश्वास करके इसका इलाज कराने लगे और उसको स्वास्थ्य प्राप्त हुआ। अन्त में जब उनसे (श्रीभट्ट) से पूछा गया कि आपको क्या दिया जाय तो उन्होंने कहा कि धर्म के विषय में उदारता (Toleration) होनी चाहिये और हिन्दुओं पर जो सख्तियाँ हैं दूर होनी चाहिये।

इसके अनन्तर फिर हिन्दू मुसलमान आघात-प्रत्याघातों से सिख राज के उत्थान तक आयुर्वेद डगमगाता रहा। जिस समय सिखों से जम्मू काश्मीर का राज्य डोगरों के हाथ में आ गया उस समय भी आयुर्वेद के तरफ कोई विशेष ध्यान न दिया गया। क्योंकि महाराजा गुलाबसिंह जी को अभी राज्य ही स्थापित करना था। अतएव उसको अन्य कार्यों के करने के लिये समय न मिला।

परन्तु जिस समय महाराजा रणवीरसिंह राज्य सिंहासन पर बैठ गये तो उनका ध्यान इस ओर भी गया और उन्होंने संवत् १९२५ विक्रमी में आयुर्वेद के विषय पर एक विशेष पुस्तक भाषा में संग्रह करवाया। जिसका नाम रणवीर-प्रकाश है और एक औषधालय भी स्थापित किया जो कि उनके स्वर्गवास होने के समय ही मृत प्राय हो गया।

श्री प्रतापसिंह के समय अधराजकीय धर्मार्थ डिपार्टमेंट की ओर से जम्मू में एक संस्कृत रघुनाथ पाठशाला में एक आयुर्वेदीय श्रेणी स्थापित की गई। जिसमें छात्रों को केवल चिकित्सा शास्त्र पढ़ाया जाता है।

श्री महाराजा हरिसिंह के आते ही नया दौरदौरा आरम्भ हुआ। प्रजा सभासदों की प्रार्थना पर प्रजा-सभा में आयुर्वेद की आर्थिक सहायता की प्रतिज्ञानुसार ३००) रुपया जम्मू के लिए और ३००) रुपया काश्मीर प्रान्त में एक-एक वैद्य को वार्षिक सहायता रूप में दिया गया और इसके पश्चात् राज्य से दो छात्रों को भारत में आयुर्वेद शिक्षा प्राप्त करने के लिये ३०-३० रुपया मासिक छात्रवृत्ति रूप दिया गया।

नन्दलाल कौल

१५।०।३६

श्रीमान् वैद्यवर पी. एस्. वारियर कोट्टाकल मलबार।
अष्टांग शारीर नामक संस्कृत शारीरग्रंथ निर्माता।
अवैतानिक मंत्री, आर्यवैद्यक समाज।
प्रीन्सीपाल, आर्यवैद्यककालेज।
संपादक, धन्वन्तरि (मलयालल वैद्यक मासिक पत्रिका)।

श्रीमान् वैद्य कन्हैयालालजी भेड़ा, आयुर्वेदाचार्य, बम्बई।
सभापति निखिलभारतीय पंचविंशतितम नूतन व्याधिविचार-
सम्भाषा परिषद, अहमदाबाद।

वैद्य कन्हैयालाल जी शर्मा का

संक्षिप्त जीवन-चरित

जयपुर राज्यान्तर्गत चिरावा (शेखावाटी) में आपका जन्म हुआ है। आप वैद्यशास्त्री श्री जगन्नाथ जी के पुत्र हैं। आपने प्रारम्भ में डालमियाँ संस्कृत पाठशाला में पं० श्री ब्रजलाल जी शास्त्रीजी से गवर्नमेंन्ट कौम्स कालेज की व्याकरण शास्त्री तक अध्ययन कर आयुर्वेद मार्तण्ड वैद्यराज पं० श्री यादव जी त्रिकमजी आचार्य से आयुर्वेदाचार्य तक अध्ययन किया है। आप १५ वर्ष से आयुर्वेद का कार्य कर रहे हैं। सर्वप्रथम शेखावाटी बिसाऊ में आपने श्री पोद्दारों के औषधालय पर ४ वर्ष तक काम किया। अभी आप बम्बई में श्री रामनारायण जी रुइया आयुर्वेदिक औषधालय के प्रधान चिकित्सक हैं। तथा श्री मुम्बई आयुर्वेदीय पाठशाला के अध्यापक एवं मंत्री भी हैं। आपके औषधालय से गरीब एवं अमीर सभी अच्छा लाभ उठाते हैं।

A short biography

of

Vaidyaratnam P. S. Varier.

Was born on Tuesday 16th March 1869 at Panniampalli Variem, a family of hereditary physicians. Studied Sanskrit under K. Krishna Warrier and D. Krishna Warrier locally until his seventeeth year. As he was the seniormost male member there was nobody in the family to teach him, and so he had his education of Ayurvedic medicine for five years under Brahmasree Kuttancheri Vasudevan Moosad, who was then the most prominent among the famous Ashta Vaidyans of Malabar. Then took a private tuition of English for two years. Had training in allopathy for three years under Dewan Bahadur Dr. V. Verghese and secured a working knowledge of the system. After

carrying out some experiments in combining the best of both the systems for some years Aryavaidyasala was started in October 1902 at Kottakal. This contains a pharmacy to prepare ayurvedic medicines in refined manner and also a dispensary. Soon after, a society by name Aryavaidya Samajam was started and registered to propogate the principles of Ayurveda. P. S. Varier is still the secretary and trustee of the society. Then began editing Dhanwantari, a medical journal in Malayalam. This was unfortunately stopped during Mopla rebellion and was not republished owing to increased pressure of work and some inconveniences. Aryavaidya Patasala was started in 1917 at Calicut to train students in Ayurveda. Though a subscription was collected for this in the beginning, at present the entire expense of the institution is met by Mr. Varier alone, as he has now become able to afford. In 1924, he started Aryavaidyasala Hospital at Kottakal where free treatment is given to the poor. In 1927 an allopathic doctor also was appointed in this hospital where both the systems of treatment are carried out side by side. Aryavaidya Patasala was shifted to Kottakal from Calicut in 1924 and attached to the hospital for giving clinical training to students. Finished writing Ashtanga Sareeram by the end of 1925 and this is a text book in Aryavaidya Patasala ever since its publication. Has been one of the examiners in Akhila Bharatha Varsheeya Vaidyasamiti (All-India Ayurvedic Conference) and Venkataramana Dispensary in Madras for some years. Is one of the prominent members of the Keraleeya Ayurveda Samajam. In January 1932 he was nominated a member of the Central Board of Indian Medicine by the Government of Madras and is still holding the post. On 2nd January 1933, the title of "Vaidyaratna" was conferred upon him by the Government of India. Now he is the proprietor and chief physician of Aryavaidyasala, Principal of Aryavaidya Patasala, Secretary of Aryavaidya Samajam and member, Central Board of Indian Medicine. Besides these he is the Director of the Nedungadi Bank Ltd. and Warrier Bank Ltd., and now leads a philanthropic life.

पं० रामगोपाल शास्त्री वैद्य का

संक्षिप्त जीवनचरित।

जन्म स्थान—तथा संवत् १९४८ विक्रम लाहौर (पंजाब)। कुल तथा माता-पिता। नाम रामदास जी वधवा, माता मखनी देवी जी, जाति अरोड़ वंश (क्षत्रिय)। आरम्भ में डी० ए० वी० कालेज लाहौर में संस्कृत और हिन्दी की शिक्षा प्राप्त करके कालेज की प्रथमा, मध्यमा तथा उत्तमा परीक्षायें पास कीं—मध्यमा में द्वितीय और उत्तमा परीक्षा में सर्वतः प्रथम रहे—सन् १९११ में पंजाब यूनीवर्सिटी से शास्त्री परीक्षा पास की। सन् १९१३ में पंजाब यूनीवर्सिटी की मैट्रिक परीक्षा पास की, सन् १९१५ में पंजाब यूनीवर्सिटी की एफ० ए० परीक्षा और डी० ए० वी० कालेज की अन्तिम संस्कृत परीक्षा उपाध्याय पास की। इस संस्कृताध्ययन काल में स्वर्गीय वेद-तीर्थ पं० भक्तराम जी शास्त्री, पं० राधाप्रसाद जी शास्त्री (वर्तमान-प्रोफेसर हिन्दुयूनिवर्सिटी बनारस, स्वर्गीय पं० आर्य्यमुनि जी महामहोपाध्याय, पं० राजाराम जी प्रोफेसर डी० ए० वी० कालेज लाहौर से विद्याध्ययन किया।

सन् १९१५ से १९१९ तक डी० ए० वी० स्कूल लाहौर में अध्यापक रहे। सन् १९१९ से १९२८ तक डी० ए० वी० कालेज के रिसर्च विभाग में गवेषणात्मक कार्य किये। साथही कालेज में प्रोफेसर रहे, बीच में ३ वर्ष दयानन्द ब्राह्ममहाविद्यालय लाहौर के उपाचार्य (वाइस प्रिंसिपल) रहे—

कालेज के इस वर्ष रिसर्च विभाग में अथर्ववेद सम्बन्धी दो पुस्तकों का सम्पादन किये, जो कालेज रिसर्च विभाग से प्रकाशित की हुई हैं। (१) अथर्ववेदीया बृहत्सर्वानुक्रमणिका (२) अथर्ववेदीयाऽनवोद्यत्रविधिः।

सन् १९२८ में रावलपिंडी में वैद्य पञ्चानन पं० मस्तराम जी शास्त्री तथा आयुर्वेदाचार्य योगी रामनाथ जी शास्त्री से आयुर्वेदाध्ययन तथा औषध निर्माण-चिकित्सा विधि का ज्ञान प्राप्त किया, सन् १९३२ में हरिद्वार (कनखल) के श्रीयुत पं० योगेश्वर जी वैद्य से संग्रहणी आदि उदर सम्बन्धी रोगों की चिकित्सा आदि का ज्ञान प्राप्त किया।

९ वर्षों से लाहौर चैम्बर लेन रोड पर चिकित्सा कर रहे हैं। सन् १९३० में महात्मा गांधी द्वारा प्रवर्तित स्वतंत्रता आन्दोलन के संबंध में एक वर्ष के लिये कारागार हुआ। उसी जेल में आयुर्वेद मूल-भूत वेद से वैदिक आयुर्वेद-संग्रह का आरम्भ हुआ। निरंतर पाँच वर्ष के परिश्रम से ४०० पृष्ठों के लगभग वैदिक आयुर्वेद संग्रह की पाण्डु लिपि तैयार हुई है अभी और लेख तैयार हो रहा है।

ये लेख क्रमशः ९ मासों से दयानन्दायुर्वेदिक कालेज लाहौर के मासिक-पत्र आयुर्वेद संदेश में निकल रहा है। एक छोटा-सा ट्रैक्ट ज्वर संबंध में वेद की क्या सम्मति है प्रकाशित हुआ है।

इसके अतिरिक्त पंजाब वैद्य सभा के परीक्षा-विभाग के और लाहौर वैद्य सभा के मंत्री रहे हैं। पंजाब यूनीवर्सिटी की मैट्रिक और विशारद के परीक्षक पाँच वर्ष तक रहे हैं। अखिल भारतीयायुर्वेद महामण्डल पूना की भिषक् परीक्षा तथा दयानन्दायुर्वैदिक कालेज लाहौर की परीक्षाओं के भी परीक्षक रहे हैं।

वैदिकायुर्वेद ग्रन्थ, आशा है, शीघ्र ही छप कर आयुर्वेद-जगत् का महान् उपकार करेगा अभी संक्षेप से उस ग्रन्थ में आये वेद तथा ब्राह्मण ग्रन्थों द्वारा उपलब्ध रोगों के नाम और औषधियों की सूची वैद्यों को भेंट की जायगी। इनकी विशेष व्याख्या वैदिकायुर्वेद संग्रह में मिलेगी।

शिक्षा-केन्द्र से अतिरिक्त सेवायें—

कांग्रेस हिन्दू-सभा का पर्याय काम किये हैं पंजाब की प्रधान तथा प्रमुख संस्था जो हिन्दू जाति और हिन्दूस्थान की अत्यन्त सेवा कर रही है उस संस्था आर्य स्वराज्य सभा पंजाब की १९२२ से स्थापना की जो वृक्ष रूप से फलित है। लाजपतराय-स्टेच् लाहौर में मित्रों के सहयोग से बीस हजार रुपया लगा कर खड़ा किया। १२ हजार से लाहौर में मित्रों के सहयोग से रामकृष्ण आश्रम रावी रोड पर जनता के सेवार्थ बनाया। श्रद्धानन्द हिन्दू मिशन, दलितोद्धार-अबला-सेवा का काम अब कर रहे हैं। इस समय आर्य स्वराज्य सभा पंजाब के प्रधान हैं।

श्रीमान् वैद्य जेठालाल देवशंकरजी दवे

अध्यक्ष—दवे केमिकलवर्क्स और दवे आयुर्वेदिक-फार्मेसी, अहमदाबाद।

वैद्य जेठालाल देवशंकर दवे का

संक्षिप्त जीवनचरित

सम्पादक—भाग्योदय और हुनर विज्ञान। अधिपति दवे आयुर्वेदिक फार्मेसी, गांधीरोड अहमदाबाद। शाखा काळबादेवी, बम्बई। वैद्यराज जेठालाल जी का जन्म संवत् १९४० के मार्गशीर्ष कृष्ण १४ को खेडा जिल्हे में नापाड नामक गाँव में हुआ था। आपके पिता देवशंकर वजेराम उपाध्याय वैद्यकी वृत्ति से अपना निर्वाह करते थे। गुजराती, संस्कृत और अंग्रेजी का आपका ज्ञान विपुल है। मेट्रिक तक अध्ययन होने के बाद आपने रेवन्यू विभाग में १९०१ में नौकरी स्वीकार कर ली। इसी विभाग की ओर से १९०४ में आप मानसहित न्याय-शास्त्र की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इससे आपका दरजा बढ कर आपने रेवन्यू विभाग की न्याय शास्त्र की परीक्षा का ग्रंथ लिख कर प्रकाशित किया। अनेकों सरकारी नौकरों को इस ग्रंथ का अध्ययन करके परीक्षा देनी पड़ती थी। इस ग्रंथ की चार आवृत्तियाँ समाप्त हो गईं। 'कायदा नो शिक्षक' नामक फौजदारी, दीवानी रेवन्यू कायदों का ग्रन्थ सन् १९०४ में आपने लिखा। उसकी कीमत १५) रु० होने पर भी चार आवृत्तियाँ समाप्त हो गईं और अब पाँचवीं आवृत्ति छपेगी। आपके पिता के संवत् १९६६ में स्वर्गवासी होने के बाद सब कार्यभार आपके सिर आ पड़ा। नौकरी के साथ साथ अपने पूर्वजों की परंपरा गत वैद्यकी वृत्ति से अपना गुजारा करते थे। १९१३ ई० में नौकरी को त्याग कर आप अहमदाबाद आये और वैद्य वृत्ति का आश्रय ग्रहण किया। इसी वर्ष आपने 'भाग्योदय' मासिक शुरू किया जिसमें तत्त्वज्ञान, वैद्यक आदि विषयों के लेख रहते हैं। इस मासिक ने इन २३ वर्षों में अच्छी प्रगति की है। १९१५ में 'घर नो वैद्य' नामक ग्रन्थ आपने लिखा १० वर्ष के पूर्व आपने हुनर-विज्ञान नामक मासिक शुरू किया। ८ वर्ष तक इसको चलाकर उसको बाद में 'भाग्योदय' मासिक के साथ संयुक्त कर दिया।

दवे आयुर्वेदिक फार्मसी और दवे केमिकल वर्क्स नाम से आयुर्वेदीय औषधें बनाने के लिए १९१० ई० में कारखाना शुरू किया जो अहमदाबाद में अच्छी तौर पर चल रहा है। यह आपके स्वावलम्बन और दीर्घोद्योग के परिणाम से अखिल भारतवर्ष में विख्यात हो चुका है।

इसी के साथ साथ अपनी पुस्तकें, मासिक आदि के प्रकाशन के लिये 'भाग्योदय इलक्ट्रीक प्रिन्टिंग प्रेस, नामक मुद्रणयंत्रालय शुरू किया जो हाल में अहमदाबाद में अच्छी तौर पर चल रहा है। इसमें आपके लिखे हुए ग्रन्थों का प्रकाशन कार्य होता है और दूसरे भी बड़े बड़े ग्रन्थों का मुद्रण यहाँ होता है। इस मुद्रणयंत्रालय की व्यवस्था का कार्य आपके पुत्र वैद्य रसिकचन्द्र जी करते हैं।

श्री चरक संहिता का गुजराती में अनुवाद करके उसका प्रथम खण्ड १९१६ ई० में मूलसहित प्रकाशित किया। उसकी प्रतियाँ समाप्त होने के कारण अब दूसरी आवृत्ति छपवाने का कार्य शुरू किया है। इस ग्रन्थ का दूसरा खण्ड १९२१ ई० में अनुवाद करके छपवाया। इसके सिवाय भैषज्यरत्नावली और चक्रदत्त, वैद्यरत्न, वैद्यविनोद, वैद्यामृत, बालबोधोदय, योगरत्नाकर आदि ग्रन्थों का अनुवाद करके गुजराती भाषा में प्रसिद्ध किये हैं। देशी वैद्यु, वैदोना अनुभूत प्रयोगों वैद्य थाने वैद्यक भाग १—२ आदि वैद्यक ग्रन्थ गुजराती में लिख कर प्रसिद्ध किये हैं। इनमें से बहुतों की द्वितीयावृत्ति भी हो गई है।

आपका ज्योतिष का ज्ञान भी स्तुहणीय है आपने 'भविष्यवेत्ता' पुस्तक लिखकर प्रसिद्ध किया। इसका मूल्य ५) रु० होने पर भी इसकी चार आवृत्तियाँ पूर्ण हो चुकी हैं।

आपने अन्य विषयों के करीब ५० ग्रंथ लिखे हैं जिनमें से बहुतों की चार-चार आवृत्तियाँ हो गई हैं। कायदानो शिक्षक मूल्य १५ रुपया (चतुर्थावृत्ति), धनवान मूल्य ८ रुपया (पाँचवीं आवृत्ति), हिन्दुस्तान की तीर्थयात्रा मूल्य ७ रुपया (तृतीयावृत्ति), त्रिकालदर्शक योग का ग्रंथ ५ रुपया (चतुर्थावृत्ति), स्त्री हित-शिक्षक ४ रुपया (दूसरी आवृत्ति), गृहिणी रत्नमाला २ रुपया (दूसरी आवृत्ति), स्वधर्मनिष्ठ दैवी जीवन ४ रुपया, धन प्राप्तिना-मार्गो ५ रुपया (प्रथमावृत्ति), मास्टर ऑफ नॉलेज ५ रुपया (दूसरी आवृत्ति), भविष्य-वेत्ता ५ रुपया (चतुर्थावृत्ति), चमत्कृति ज्ञान-दर्शक योग का ग्रन्थ ५ रुपया (दूसरी आवृत्ति), एकाग्रता अने दिव्य-शक्ति, तत्वज्ञान का ग्रन्थ, आत्म-ज्योति किंवा ब्रह्मदर्शन योग का ग्रन्थ आदि करीब ५० ग्रन्थ आपने लिखे हैं जो बहुत लोकप्रिय हुए हैं।

अहमदाबाद में वैद्य-सभा की स्थापना हुई तब से आप व्यवस्थापक समिति के सदस्य हैं। १९२६ ई० में वैद्य-सभा के आप अध्यक्ष चुने गये। १९२६—२७ में गुजरात प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के प्रधान मंत्री नियुक्त हुये।

१९२९ ई० में दवे फार्मेसी की शाखा बम्बई में खोली गई तब से आपको बम्बई बहुत समय रहना पड़ता है और अहमदाबाद में आपके ज्येष्ठ पुत्र वैद्यराज रमणीक राय दवे फार्मेसी के व्यवस्थापक का कार्य करते हैं।

१९३५ ई० में अहमदाबाद में नि० भा० वैद्य संमेलन हुआ तब सम्मान समिति के आप अध्यक्ष चुने गये, और १९३६ ई० के लिये गुजरात प्रान्तीय वैद्य संमेलन की स्थायी समिति के आप उपाध्यक्ष चुने गये हैं।

वैद्यराज ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए और ब्राह्मण के दया, क्षमा आदि गुणों से युक्त हैं। वैद्यों के प्रति आप अत्यंत आदरभाव रखते हैं। आपके दवे केमिकल वर्क्स की ओर से बनी हुई 'सुंदरी साथी' सर्व प्रदेशों में प्रसिद्ध है और अच्छे-अच्छे डाक्टर भी विदेशीय औषधों की जगह 'सुंदरी साथी' लेने की सिफारिश करते हैं। वैद्यराज जेठालाल देवशंकर दवे स्वाव-लंबन से उन्नत हुये हैं। आयुर्वेद की सेवा आपका प्रमुख ध्येय है और अपने मासिक 'भाग्योदय' द्वारा आयुर्वेद की सेवा २३ वर्षों से कर रहे हैं।

भाईलाल नंदलाल देसाई

एडवोकेट

भाग्योदय और हुनर-विज्ञान

भाग्योदय मासिक अहमदाबाद से वैद्यराज जेठालाल देवशंकर दवे २३ वर्षों से प्रकाशित करते हैं। इसमें वेदान्त, तत्वज्ञान, आयुर्वेद आदि विषयों के लेख आते रहते हैं। 'भाग्योदय' मासिक के संपादक वैद्यराज जेठालाल देवशंकर दवे स्वयं हैं और इसके व्यवस्थापक वैद्यराज रमणीकराय जेठालाल दवे हैं। इस मासिक का वार्षिक शुल्क ३ रुपया है। पर वैद्यों के लिये २ रुपया रखा है। प्रतिवर्ष भेंट की पुस्तक दी जाती है। इसका प्रचार हिंद भर में गुजराती भाषा जानने वालों में है। पहिले इसकी ३००० प्रतियाँ छपती थीं। अब २५०० प्रतियाँ जाती हैं। गुजराती भाषा में इस मासिक-द्वारा आयुर्वेद की अच्छी सेवा हो रही है।

वैद्यराज रमणीकराय जेठालाल दवे
'भाग्योदय' ऑफिस
गांधी रोड, अहमदाबाद

श्री दवे आयुर्वेदिक फार्मेसी और दवे केमिकल वर्क्स

अहमदाबाद और बंबई

अहमदाबाद में आयुर्वेदीय औषध शास्त्रीय पद्धति से बनवाने के लिये यह फार्मेसी १९१० ई० में निकाली गई। इसके अधिपति वैद्यराज जेठालाल देवशंकर दवे हैं। वे वैद्यराज १९२६ में अहमदाबाद वैद्य-सभा के अध्यक्ष और १९२६—२७ में गुजरात प्रान्तीय वैद्य संमेलन के प्रधान मंत्री थे। इस वर्ष में आप गुजरात प्रान्तीय वैद्य संमेलन की स्थायी समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। दवे फार्मेसी की ओर से आयुर्वेदीय औषधें, रस, भस्म, आसव, अवलेह, गोलियाँ आदि विपुल प्रमाण में बनती हैं और दवे केमिकल वर्क्स की ओर से आयुर्वेदीय पद्धति से देसी पेटेन्ट औषधें बनती हैं। इनमें 'सुंदरी साथी' नामक दवा स्त्रियों के लिये समस्त हिंद भर में और चीन, अफ्रिका, बर्मा, सीलोन आदि प्रदेशों में भी बहुत प्रचार में है। इस फार्मेसी की व्यवस्था का कार्य वैद्यराज रमणीकराय जेठालाल दवे करते हैं। इस फार्मेसी के अंग-भूत श्री भाग्योदय प्रिन्टिंग प्रेस में सब तरह का मुद्रण-कार्य हो रहा है।

दवे फार्मेसी की शाखा १९२९ ई० में बम्बई में कालबा देवी रोड के स्थान पर खोलने में आयी। इसका उद्घाटन कार्य अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध मिल एजेन्ट स्वर्गीय सेठ मंगलदास गिरधरदास जी के शुभ हस्तों से हुआ था।

दवे फार्मेसी की 'सुंदरी साथी' नामक दवा बहुत सुविख्यात और लोकप्रिय है। और अनेकों वर्षों से विदेशी औषधों की जगह अच्छे-अच्छे डाक्टर लोग इस दवा को उपयोग में लाते हैं। दवे फार्मेसी प्रतिवर्ष १००० रुपया तक का इन्कमटैक्स भरती है। इसके अधिपति वैद्यराज जेठालाल दवे अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध वैद्य हैं। बम्बई में भी आपकी प्रसिद्धि बहुत है।

इन्दौर के राजवैद्य श्री वैद्यराज पं० ख्यालीरामजी द्विवेदी का संक्षिप्त परिचय।

मालवा के सुप्रसिद्ध वैद्य श्री वैद्यराज पं० ख्यालीराम जी द्विवेदी ने होलकर राज्य की राजधानी इन्दौर में निवास करते हुए अपने ५० वर्ष के जीवन काल में आयुर्वेद की जैसी सेवा और उत्थान किया है वह कुछ यहाँ पाठकों के परिचयार्थ लिखा जा रहा है।

आपके पितामह कान्यकुब्ज वंशज जवराजमऊ के द्विवेदी पं० देवीप्रसाद जी द्विवेदी युक्तप्रान्त के जिला रायबरेली, ग्राम डलमऊ से लगभग १०० वर्ष पूर्व सर्व प्रथम इन्दौर आये थे। प० देवीप्रसाद जी के पुत्र पं० गणेशराम जी द्विवेदी हुए जिनके कि अन्तिम पुत्र राजवैद्य पं० ख्यालीराम जी द्विवेदी हैं। अपने पिता के १५ सन्तानों में से केवल आपही एक पुत्र तथा तीन कन्या संतानें शेष रहीं। कन्याओं का विवाह यू० पी० के उच्च कान्यकुब्ज कुलों में पिता के समय में ही हो गया था। वैद्यक व्यवसाय आपका कुल परंपरागत है। देश में इस वैद्यक सेवाओं के उपलक्ष में इनके पूर्वजों को खजूर ग्राम आदि राजाओं से जिला रायबरेली में बहुत-सी जमीनें वृत्ति के रूप में मिली हुई अब तक चली आ रही हैं। आपके पिता पं० गणेशराम जी आयुर्वेद के अतिरिक्त संस्कृत के अन्यान्य शास्त्रों के अच्छे विद्वान थे। आयुर्वेद का अध्ययन बड़ोदा राज्य के कारवण ग्राम निवासी राजवैद्य पंडित भवानीशंकर जी से किया था। अध्ययन करने के बाद बड़ोदा राज्य में उन्होंने कई वर्षों तक इन्हीं लोगों के अनुरोध से निवास किया था और वहाँ चिकित्सा कार्य भी किया था। वहाँ इनकी चिकित्सा-चातुरी से प्रसन्न होकर गायकवाड़ सरकार से डभोई ग्राम के पास ३०० बीघे जमीन भी जागीर की तौर पर मिली थी, पर इन्दौर के लोगों के आग्रह से ७, ८ वर्ष बाद उस जमीन को एक शिष्य के सुपुर्द करके इन्दौर चले आये। यहाँ आयुर्वेदिक चिकित्सा द्वारा अच्छी ख्याति और सफलता प्राप्त की। तत्कालीन महाराजा शिवाजी राव की तथा अन्य राज्य घराने के लोगों की आपही के द्वारा प्रायः आयुर्वेदिक चिकित्सा होती थी। इसके उपलक्ष में दस-दस हजार रुपये उन्हें राजघराने से कई बार भेंट तथा लगभग चार सौ बीघे जमीन भी मिली थी, जो कि वैद्य पं० गणेशराम जी के आयुर्वेदिक चिकित्सा का प्रत्यक्ष निदर्शन था।

आपके यहाँ सं० १९४९ में श्री वैद्यराज पं० ख्यालीराम जी का जन्म हुआ। कुल परंपरा गत व्यवसाय के अनुसार कुछ व्याकरण और साहित्य पढ़ा कर पिता ने आपको आयुर्वेद पढ़ाया, प्रत्यक्ष अपने साथ में रख कर अनुभव और क्रियाभ्यास कराया। फलस्वरूप बीस वर्ष की अवस्था से ही अच्छी कुशलता के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा का कार्य आप करने लगे। पिता के देहान्त के बाद सन् १९०६ में प्रभाकर औषधालय नाम के औषधालय को जो कि पिता के समय से चला आ रहा था, दितवारीया बाजार इन्दौर के निजी भवन में सुव्यवस्थित रूप दिया, तथा सन् १९१५ में वैद्य ख्यालीराम आयुर्वेदिक फार्मेसी नाम की संस्था की

स्थापना विधावानी मोहल्ले में की। ये दोनों संस्थाएँ इन्दौर में उस समय पर उस स्वरूप में स्थापित हुई जब कि इन्दौर में क्या, सुदूर अन्य स्थानों में भी ऐसी व्यवस्थित संस्थाएँ नहीं थीं। आगे चल कर इन्दौर के आयुर्वेद प्रेमी श्रीमानों के लिये ये संस्थाएँ पथप्रदर्शक हुईं। आज इन संस्थाओं का आदर्श लेकर इन्दौर राज्य में कई आयुर्वेदिक संस्थाएँ खुल चुकी हैं। दिनों-दिन उन्नति होकर आज इस फार्मेसी में सर्व प्रकार की औषधियाँ हजारों रुपयों की प्रत्येक समय तैयार होती रहती हैं, औषधालय से नित्य-प्रति सैकड़ों रोगी निःशुल्क तथा सशुल्क औषध काम में लेते रहते हैं।

वर्तमान में वैद्यराज जी के आयुर्वेद मन्दिर के कुल निम्न लिखित प्रकार से दस विभाग हो गये हैं।

१ प्रभाकर औषधालय, २ वैद्य क्याकीराम फार्मेसी, ३ सिद्धौषध भण्डार, ४ बृहद् वनौषधवाटिका, ५ आतुरालय, ६ डेरी फार्म, ७ शाखाएँ, ८ एजेन्ट्स, ९ परमार्थ, १० विक्रय।

वर्तमान में वैद्यराज जी के चार पुत्र और चार कन्याएं हैं। आप अपने लड़कों को भी परंपरागत व्यवसाय के अनुसार संस्कृत और आयुर्वेद का अध्ययन करा रहे हैं। आपके ज्येष्ठ पुत्र वैद्य पंडित कन्हैयालाल जी द्विवेदी ऊपर लिखे हुए विभागों का संचालन बहुत ही दक्षता एवं संलग्नता के साथ कर रहे हैं। आप संस्कृत के अन्य विषयों के साथ आयुर्वेद के अच्छे विद्वान् हैं और वैद्यराज जी की तरह आप भी यशस्वी तथा सार्वजनिक कार्यों में उदार भावना के व्यक्ति हैं। आपके भी दो पुत्र तथा दो कन्याएं हैं। उपरिलिखित विभागों-द्वारा सैकड़ों रोगियों को नित्यप्रति आरोग्य लाभ होता रहता है। मध्यप्रान्त, मध्यभारत तथा राजपूताना आदि भारत के अनेक प्रान्तों के रोगी दूर-दूर से आकर आपके आतुरालय में रहकर आपकी चिकित्सा से लाभ लेते हैं। आतुरालय सदा वैद्यराज जी के चिकित्सार्थी रोगियों से भरा रहता है। पचीस बीघे विस्तार की जमीन में आतुरालय, डेरीफार्म, वनौषधि वाटिका आदि विभागों का कार्य चालू है। आतुरालय में रहने वाले रोगियों को डेरी फार्म से ही ताजा दूध-दही, तक्र आदि के देने की व्यवस्था रहती है। वनौषध वाटिका में प्रायः आयुर्वेदोपयोगी दुर्लभ औषधियों की ताजे रूप में प्राप्ति के लिए व्यवस्था की जा रही है। आज भी सैकड़ों औषधियाँ उसमें सदा ताजी प्रस्तुत मिलती हैं। मध्यभारत, मध्यप्रान्त तथा अन्यान्य प्रान्तों के कई मुख्य प्रधान नगरों एवं उपनगरों में शाखाएँ खुली हुई हैं, एजेन्ट्स भी समुचित कमीशन पर भारत के विभिन्न प्रान्तों में सदा भ्रमण कर प्रचार करते रहते हैं। सिद्धौषध भंडार में १५०००, २००००० की दवाइयें हरवक्त तयार सुरक्षित रहती हैं। विक्रय विभाग से सब प्रकार की औषधियाँ भारत के प्रायः प्रत्येक प्रान्तों के लोग हजारों रुपयों की तायदात में वी० पी० से मंगाते और स्थानीय लोग लेते रहते हैं। परमार्थ विभाग से पचास हजार के ऊपर-ऊपर अबतक खर्चा किया जा चुका है। इस प्रकार इन दस विभागों-द्वारा वैद्यराज जी का आयुर्वेद मन्दिर तीस वर्ष से लोकसेवा कर रहा है।

इन विभागों द्वारा लोक सेवा के अतिरिक्त स्वयं वैद्यराज जी की समस्त रोगों में अव्यर्थ चिकित्सा इतनी लोक प्रिय है कि राजा, महाराजा, धनी, दीन, सभी अपनाते हैं। यही कारण है कि मार्ग व्यय आदि के अतिरिक्त आपकी बाहर की फीस दो सौ रुपये रोजाना नियत होने पर भी बाहरी लोग आपको प्रसन्नता से बुलाते और लाभ उठाते हैं। ऐसे ही स्थानीय लोग भी। राजपूताना और मध्यभारत की कई रियासतों के राजघराने में प्रायः

आपकी ही आयुर्वेदिक चिकित्सा अपनाई जाती है। होलकर सरकारने में तो सदा आपकी चिकित्सा चलती रहती है। भूतपूर्व महाराजा तुकोजीराव होलकर बहादुर स्वयं आपकी ही आयुर्वेदिक चिकित्सा को अपनाते थे। महाराज ने छः सौ रुपये मासिक वेतन पर आपको आयुर्वेदिक कार्य-निरीक्षणार्थ तथा अपने चिकित्सार्थ नियुक्त करने की आज्ञा दी थी, जिस बंधन को बहुत विनय के साथ वैद्यराज जी ने टाल दिया था, किन्तु पूर्ववत् स्वतंत्र रूप से चिकित्सा द्वारा सेवा राजघराने की आवश्यकतानुसार आजतक जारी रखी है।

वर्तमान में डाक्टर, वैद्य और हकीमों के रजिस्ट्रिर्ड कराने और चिकित्सा के लिए अधिकार देने एवं जाँच के लिए संस्थापित होकर गवर्नमेन्ट की इन्दौर मेडिकल कौंसिल के आप गवर्नमेन्ट द्वारा मनोनीत कौंसिलर हैं। आपने डाक्टरों की तुलना में वैद्य के अधिकार समान रखाने में अथक प्रयत्न किया है, जिसका कि यह फल हुआ है कि इन्दौर राज्य में बड़े से बड़े डाक्टरों के समान ही रजिस्टर्ड वैद्यों की सार्टीफिकेट देने और विषोपविषादि सभी औषधियों को बिना नियंत्रण के व्यवहार करने का पूर्ण अधिकार है।

आपकी आयुर्वेदिक सेवाएँ

इन्दौर में निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद महामण्डल का ११ वाँ सम्मेलन आपके स्वागत-सभा के प्रधान मंत्रित्व में और आपके ही अथक परिश्रम से सन् १९२१ में सम्पन्न हुआ था, जिसमें कि महामहोपाध्याय डाक्टर गणनाथसेन जी सरस्वती सभापति थे। आपने द्रव्य और परिश्रम की परवाह न करके इस संमेलन को पूर्णरूप से सफल बनाया था।

निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद महामण्डल तथा विद्यापीठ की प्रबंध कारिणी के समय-समय पर सदस्य रह कर आवश्यक कार्यों में योग दिया। विद्यापीठ के आदेशानुसार भिषक, विशारद और आचार्य परीक्षाओं का सन् १९१७ से परीक्षण कार्य करते रहे। विद्यापीठ की इन्दौर केन्द्र की परीक्षाओं के व्यवस्थापक भी रह कर कई वर्षों तक कार्य किया है।

आयुर्वेदिक सिद्धान्तों के लोगों में प्रचारार्थ आरोग्य-विज्ञान नाम का एक मासिक-पत्र भी आपने अपने मालिकपन और संपादकत्व में सन् १९३२ में निकाला था, जिसकी कि पत्रकारों ने बहुत प्रशंसा की थी। वर्तमान में वह पत्र बन्द है।

इन्दौर राज्य के समस्त वैद्यों को सुसंघठित करने के लक्ष से आपने वैद्य सभा, इन्दौर नाम की एक सभा स्थापित कराई, जो कि आज तक अच्छे रूप में महामण्डल से सम्बद्ध होकर चली आ रही है। इस सभा द्वारा अनेक आयुर्वेदोपयोगी कार्य समय-समय पर होते रहते हैं। आप इस सभा के सभाध्यक्ष हैं।

आयुर्वेद की शिक्षा देने के लिये आपने स्थानीय श्रीमानों को प्रेरित कर सन् १९२० में आयुर्वेदिक ब्रह्मचर्याश्रम लालबाग पुलिया, इन्दौर नाम की एक संस्था स्थापित की है, जिसमें आपकी तरफ से बहुत-सा द्रव्य लगाया गया है। इस संस्था के आपही प्रधान मंत्री होकर चला रहे हैं, इस संस्था के १५ ट्रस्टी हैं। दो सौ रुपया मासिक खर्च है। भिषक्, विशारद, और आचार्य तक की पढ़ाई होती है। विद्यार्थियों के रहने और भोजन वस्त्रादि का पूर्ण प्रबंध है।

मालवा, मध्यप्रान्त एवं मध्यभारत जैसे प्रान्तों में आपके पढ़ाये हुए सैकड़ों छात्र आज विविध स्थानों में वैद्यक व्यवसाय करते हुए आयुर्वेद की सेवा कर रहे हैं। प्रति वर्ष

आपके छात्र विद्यापीठ की तथा अन्यान्य परीक्षाओं की विविध परीक्षाओं में बैठते और पास होकर निकलते हैं। इस प्रकार अनेक कार्य भार रहते हुए भी स्वयं आयुर्वेदिक शिक्षा देने के लिए आप अपना निजी समय सदा विद्यार्थियों को देते हैं।

आपकी प्रेरणा प्रोत्साहन और अनुमति से इन्दौर में तथा इन्दौर के बाहर भी आयुर्वेद की निम्नलिखित संस्थाएँ स्थापित होकर चल रही हैं।

१ श्री वैष्णव धर्मार्थ औषधालय, शीतला माता बाजार, इन्दौर। इस संस्था के आप जन्मदाता और प्रेसिडेन्ट हैं।

२ श्रीकृष्ण औषधालय, संयोगिता गंज, इन्दौर। इसके भी आप जन्मदाता और सभापति हैं।

३ सरदार भोलीया सरकार स्मारक आयुर्वेदिक औषधालय, इमली बाजार, इन्दौर। आपके ही प्रयत्न से यह स्थापित हुआ और आपके ही देख-रेख में चलता है।

४ प्रिन्स यशवन्त राव आयुर्वेदीय जैन औषधालय, इन्दौर। आप इस संस्था के एडवाइजर हैं।

५ इसके अतिरिक्त सनावद, बड़नाहा आदि इन्दौर के बाहर स्थानों में भी कई औषधालय आपकी सम्मति से खुले और आपके दिग्दर्शन के अनुसार चल रहे हैं।

आपकी इन आयुर्वेदिक सेवाओं के उपलक्ष में कई संस्थाओं ने आपको उपाधि, पदक, मानपत्र और प्रशंसापत्र से सम्मानित किया है। जैसे—

१ निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद महामण्डल ने आरंभिक समय में आयुर्वेदाचार्य की उपाधि से आपको सम्मानित किया था, और दशवें अधिवेशन के समय दिल्ली के प्रदर्शन में फार्मेसी की तरफ से वनस्पति और रस, भस्म आदि के रखने पर तथा आयुर्वेद संबंधी निबंध पर सर्वोच्च स्वर्णपदक प्रदान किया है।

२ आल इन्डिया वैद्यक एन्ड यूनानी तिब्बी कान्फरेन्स देहली ने सन् १९१९ में प्रशंसापत्र और पदक प्रदान किया है। खंडवा नगर वैद्य सभा आदि कई आयुर्वेदिक सभाओं ने मानपत्र दिये हैं।

३ आल इन्डिया सेनिटरी सार्यटिफिक एन्ड इन्डीजीनीस ड्रग्स इक्जिबीशन इन्दौर ने सन् १९२२ में स्वर्णपदक तथा प्रशंसापत्र प्रदान किया है, इसी प्रकार १९३३ में अखिल भारतवर्षीय स्वदेशी प्रदर्शनी इन्दौर ने प्रशंसा-पत्र और पदक दिया है।

४ श्री वैद्य सभा इन्दौर ने सन् १९३५ में आयुर्वेदमार्तण्ड की सम्मानित उपाधि आपको दी है।

५ मध्यभारतीय वैद्य संमेलन ने नागौद में तृतीयाधिवेशन के समय सन् १९३६ में चिकित्सक चूड़ामणि की उपाधि आपको प्रदान की है।

आयुर्वेदिक सेवाओं के अतिरिक्त आपने अन्य सार्वजनिक कार्यों में भी समय-समय पर प्रमुख भाग लिया है और ले रहे हैं। निम्नलिखित सभाओं के सभापति या अन्य प्रमुख कार्यकर्त्ता रह कर उनको सफल बनाया है जैसे—

नगर हिन्दू सभा इन्दौर—इस सभा का आपके ही हाथों से इन्दौर में बीजारोपण होकर विकास हुआ है। इस सभा के, आपने चार वर्ष तक सभापति रह कर काम किया है। इन्दौर का प्रसिद्ध हिन्दू मुसलिम दंगा इसी चार वर्ष के भीतर हुआ था, उस समय आपके सभा-

पतित्व में हिन्दू सभा ने हिन्दू पक्ष को जिस खूबी के साथ उज्ज्वल रखा है, वह स्मरणीय रहेगा। कान्यकुब्ज विद्या प्रचारणी सभा इन्दौर, जो कि इन्दौर राज्य के कान्यकुब्ज ब्राह्मणों की एक प्रतिष्ठित संस्था है, उसके आदि जन्मदाता और वर्तमान में सभाध्यक्ष भी आपही हैं। बिखरी हुई कान्यकुब्ज जाति को संगठित करने में और विद्या प्रचार में वैद्यराज जी के नेतृत्व में इस सभा ने अपूर्व काम किये हैं। 'सनातन धर्म रक्षणीय सभा इन्दौर' के भी आपही जन्मदाता हैं, वह सभा इन्दौर में धर्म के संबंध में आजतक कार्य कर रही है। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के आप शुरू से ही मूल घटक हैं। मध्यभारतीय खादी प्रदर्शनी इन्दौर के आप सभापति थे। निखिल भारतवर्षीय स्वदेशी प्रदर्शनी इन्दौर १९३३, जिसका कि आयोजन इन्दौर में हुआ था, आप उपसभापति थे। एवं निखिल भारतवर्षीय ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के, जिसका कि उद्घाटन महात्मा गांधी के हाथों से सन् १९३५ ईसवी में इन्दौर में हुआ था, उसके भी अध्यक्ष आपही थे। वर्तमान में होलकर सरकार के प्रजा कष्टदायक बिलों को रद्द कराने के लिये प्रजा कष्ट-निवारक मण्डल नाम की संस्था का संगठन करके उसके प्रधान मंत्री होकर प्रजाकष्टों को दूर करने का जबरदस्त कार्य कर रहे हैं। इसमें अंशतः सफलता भी आपको मिल चुकी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यों से भी आपको अच्छी अभिरुचि रहती है। शायद ही ऐसा कोई वर्ष गया हो जिसमें आप उसके वार्षिक अधिवेशनों में न सम्मिलित हुये हों।

इस प्रकार वैद्यराज पंडित ख्यालीराम जी द्विवेदी एक सफल वैद्य होते हुए लोकोपयोगी कार्यों में काफी लगन के साथ अग्रसर रहते हैं। यह वैद्य जगत के लिए गौरव की बात है।

इन्दौर।

अश्विनीकुमार शर्मा, वैद्यविशारद

श्रीमान् महाराजा श्री भगवतसिंहजी
जी. सी आई. ई; एम् डी; एल्. एल्. डी; डी सी. एल्.
महाराजा ठाकोर साहेब, गोंडल (काठियावाड)।
'ए शोर्ट हिस्टरी ओफ आर्यन मेडीकल सायन्स,'
'भगवद्गोमंडल' इत्यादि ग्रंथनिर्माता।



श्रीमान् राजवैद्य पं. जीवराम कालीदास शास्त्री
गोंडल (काठियावाड)।
संपादक, आयुर्वेदरहस्यार्क (गुजराती मासिकपत्र)।

रसशाला औषधाश्रम के संस्थापक

राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री महोदय का

संक्षिप्त जीवनेतिवृत्त।

जिस रसशाला औषधाश्रम का नाम आज जगत् विख्यात हो गया है, उसके संस्थापक और संचालक अनेक ग्रन्थों के कर्ता, अनुवादक, आयुर्वेद रहस्यार्क, पारद आदि मासिक पत्रों के संपादक राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्रीजी पचीस वर्ष से भी अधिक समय से भारतवर्ष के वैद्य-चिकित्सक-समाज में प्रख्यात हैं। वैद्यराज जी का जन्म औदीच्य सहस्र ब्राह्मण कुटुम्ब में वि० संवत् १९१९ के माघ शुक्ल १० रविवार के दिन जामनगरान्तर्गत मेवासा नामक ग्राम में हुआ था। ८ वर्ष ही की अवस्था में माता-पिता का देहावसान हो जाने के कारण आपने वि० सं० १९८७ तक गोंडल में अपने काका के यहाँ रहकर भिक्षावृत्त से आजीविका चलाई, तथा पूज्य केवलराम लीलाधर जी शास्त्री के पास संस्कृत का संपूर्ण अभ्यास कर शास्त्री की पदवी प्राप्त की। कंटालकर चैत्र संवत् १९६० में आप गिरनार चले गये। वहाँ श्री अम्बा जी के मंदिर में हिमालय के श्री अच्युतानन्द ब्रह्मचारी जी से भेंट हो गई। ब्रह्मचारी जी संस्कृत, आयुर्वेद, मंत्रशास्त्र, योग और अन्य अनेक शास्त्रों में पारंगत थे। लगभग दस मास तक आप इनके साथ रहे। उन्होंने हस्त लिखित आयुर्वेद तथा रसायन-शास्त्र के ग्रन्थ आपको पढ़ाये और बहुत से गूढ़ गुरुभेद बताये, संवत् १९६१ वि० के आश्विन मास में ब्रह्मचारीजी ने अपने पास के हस्तलिखित मंत्रशास्त्र, वैद्यक और रसायन-शास्त्र आदि के ग्रंथ देकर विदा किया। वहाँ से लौट कर आप बम्बई आये और ब्रह्मचारीजी की आज्ञानुसार रस-वैद्य बालाशंकर भाई के पास आयुर्वेद का शेष अभ्यास किया तथा तद्विषयक अनुभव प्राप्त किया। माघ संवत् १९६४ में गुलालवाड़ी में अपना स्वतंत्र औषधालय खोला और इसी समय में रसरत्न-समुच्चय नामक रसायनशास्त्र के गूढ़ तथा क्लिष्ट ग्रंथ का अनुवाद करके छपाया। वैद्यराज के मित्र रावसाहेब पुरुषोत्तम ओधवजी ने आपका राव बहादुर सेठ वसनजी खीमजी का परिचय कराया ये सेठ कुछ उग्र स्वभाव के होने पर भी सत्यवादी, परोपकारी तथा शास्त्र प्रेमी थे। वैद्यराज का आपसे परिचय बढ़ता ही गया। सदैव घंटों तक धर्मशास्त्र, श्रुति, स्मृति, वेदान्त, उपनिषद, महाभारत, वाल्मीकि रामायण आदि की चर्चा चलती रही। साथ ही आयुर्वेद की भी चर्चा हुआ करती थी, जिससे सेठजी को वैद्यक के प्रति भी प्रीति उत्पन्न होने लगी। अतः एक देशी औषधियों का कारखाना खोलने के लिए वैद्यराज ने सेठजी को तैयार कर लिया। सेठजी ने वैद्यराज को दो लाख रुपये देना स्वीकार किया और योजना माँगी। वैद्यराज ने सारी योजना लिख कर बता दी। उसी समय वैद्यराज का अर्श रोग एकाएक बढ़ गया, और शरीर एकदम क्षीण हो गया। अतः आरोग्य होने पर देश ही में रहने का निश्चय किया और "रसशाला औषधाश्रम" नामक संस्था की, संवत् १९६६ की माघ शुक्ला ५ को स्थापना की। उस वक्त

वैद्यराजजी के पास केवल ४०) रुपये रहे थे, परन्तु आपको अटल आत्मविश्वास था। उसी समय आयुर्वेद तथा अन्य विषयों पर वर्तमान पत्रों में वैद्यराज ने जो धाराप्रवाही लेख लिखना शुरू किया था, उससे आपने सारे भारतवर्ष का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया था। यह जान कर कि वैद्यराज को रसशाला के हेतु द्रव्य की आवश्यकता है, अनेक स्नेहियों ने मिलकर छः महीने में हजारों रुपये भेज दिये। रुपये प्राप्त होने पर भी इस छोटे से गाँव में कारखाना आगे चलाने में बहुत-सी कठिनाइयाँ सन्मुख उपस्थित थीं। उसी समय दैववशात् अनायास ही गुरु श्री अच्युतानन्दजी मेवासा आ पहुँचे। गुरुजी ने आश्वासन तथा द्रव्य की एक बड़ी रकम देकर शीघ्र ही इस संस्था को गोंडल ले जाकर विधिपूर्वक रसशाला स्थापित करने की आज्ञा दी।

गोंडल में रसशाला औषधाश्रम

वैद्यराज ने गुरु की आज्ञानुसार तुरन्त गोंडल जाने की तैयारी की। गोंडल में आरम्भ में साधारण मकान तथा बाद में सरकारी बंगला भाड़े का ले लिया। किन्तु उसमें स्थान की संकीर्णता होने के कारण छः हजार वर्ग यार्ड जमीन तथा बंगला मोल ले लिया। इसके अनन्तर श्रीमन्त महाराजा श्री भगवतसिंहजी बहादुर, गोंडल नरेश की ओर से बड़ी सहायता मिली। अब रसशाला का प्रथम काम था शास्त्रीय औषधियों को व्यापारी पद्धति से जनसमाज के समक्ष रखना। अतः वैद्यराज ने रसशाला औषधाश्रम के लिये भी प्रारंभ में वैसा ही किया। पश्चात् सूची पत्रों की शैली में बहुत-सा परिवर्तन करना पड़ा।

इस प्रकार से क्रमशः अपूर्णताएँ पूर्ण होती गईं। वैद्यक साहित्य का प्रचार कार्य भी बहुत आगे बढ़ता गया। भारतवर्ष तथा दुनियाँ के बहुत से भागों में रसशाला की ख्याति बढ़ती गई। इस भांति रसशाला की प्रसिद्धि तथा वैद्यराज की आयुर्वेद में निपुणता देख संवत् १९७२ में श्रीमन्त गोंडल नरेश महाराजा श्री भगवतसिंह जी बहादुर ने आपको स्टेट का "राजवैद्य" नियुक्त किया।

रसशाला की ओर से प्रकाशित सूची पत्रों के अतिरिक्त वैद्यक साहित्य के रूप में विविध औषधियाँ बनाने का, विविध रोगों के नष्ट करने का ज्ञान भी दिया जाता है, जिससे रसशाला औषध आदि के द्वारा जनता की जितनी सहायता सेवा कर सकती है, उतनी ही सेवा रसशाला के वैद्यक साहित्य के प्रचार से देहाती जनता की करती है। रसशाला में बनने वाली औषधियों में पड़नेवाली काष्ठौषधियाँ ताजी काम में लाई जाती हैं। निखिल भारतवर्षीय वैद्य सम्मेलन के प्रदर्शनों तथा देश में होने वाले विविध प्रदर्शनों में इस कारखाने को सुवर्ण पदक और प्रथम श्रेणी के प्रमाणपत्र प्राप्त होते रहे हैं। रसशाला ने आज तक सब भाषाओं में मिल कर लगभग सात लाख सूचीपत्र प्रकाशित किये हैं। आयुर्वेद रहस्यार्क और पारद मासिक की हजारों प्रतियाँ प्रकट की हैं। रसोद्धार तंत्र (आयुर्वेद उपचार पद्धति) नामक ग्रंथ प्रथमवार संवत् १९६८ में १०० पृष्ठ में छपा था उसी की आज ४०० पृष्ठ की पक्की जिल्द सहित १८ वीं आवृत्ति में ४७ हजार प्रतियाँ छप चुकी हैं। रोग के कारण, चिन्ह, लक्षण, उपचार, घरेलू औषधियाँ बनाने की कृति, आरोग्य रक्षण, प्रसूता की की सुश्रूषा, शिशुपालन, आयुष्यवृद्धि के प्रयोग, पथ्यापथ्य आदि विविध विषयों का इस ग्रंथ में समावेश किया गया है जिससे केवल इसी एक ग्रंथ के आधार से चाहे जिस स्थान में रहने वाला

मनुष्य विद्वान वैद्य की भाँति बिना भ्रांति पाये ही रोगों को नष्ट कर सकता है और गृहस्थ लोग अपने कुटुम्ब की आरोग्य रक्षा कर सकते हैं। इसके सिवाय राजवैद्य ने वैद्यक, इतिहास, मंत्र शास्त्र आदि विषयों के बहुत से ग्रंथ प्रसिद्ध किये हैं।

औषधों का धर्मार्थ व्यय

आयुर्वेद की आज्ञानुसार राजवैद्यजी ने रसशाला के साथ ही धर्मादा विभाग चालू किया है। उसके द्वारा किसी भी जाति के गरीब आदमियों को मुफ्त औषधि दी जाती है। भारतवर्ष में धर्मादे में दवा देने वाले पारमार्थिक औषधालयों में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। आप बड़ेही सुयोग्य और यशस्वी वैद्य हैं।

स्वर्गीय श्री० श्रीकृष्णराम भट्टमहाभागानां

जीवनेतिवृत्तम् ।

आसीन्मेदपाटीयभट्टा–(भट्टमेवाड़ा)–द्रुजातीयो महीसुप्रवरः पण्डितप्रकाण्ड आयुर्वेदागमप्रवीणः 'कुन्दनजी'त्युपनामकः श्रीजीवरामभट्टः । यः खलु जयपुरराजकीय—संस्कृतपाठशालायाःप्रारम्भे जयपुरपुरन्दरेण श्रीरामसिंहमहाभागेन सादरं समर्पितमायुर्वेदविद्यायाः प्रथमाध्यापकपदमतितरामलञ्चकार । तस्य तनयद्वये ज्येष्ठः सर्वविधगुणगणैर्जयपुरजनतायाः परमप्रेष्ठश्च पण्डितश्रेष्ठः श्रीश्रीकृष्णरामशर्मा भिषग्वरमूर्मूत् । जीवनरामशर्मणः क्रमशः परिणीते पत्नीद्वये प्रथमायामेव कुशाग्रधिषणः पञ्चोत्तरैकोनविंशतिशततमे विक्रमवत्सरे कृष्णजन्माष्टम्यां जन्म लेभे । अस्यैव च वैमात्रेयः कविमल्लश्रीहरिवल्लभशर्माऽसीत्, येन 'जयपुरपञ्चरत्न' प्रभृतयोऽनेके काव्यप्रबन्धा निरमीयन्त ।

बाल्य एवासौ मेधावी स्वपितुरेव समधिगतव्याकरणायुर्वेदाद्यागमः सुप्रसिद्धगुरुपनाम्नः श्रीजीवनाथशास्त्रिणः साहित्यशास्त्रम्, आयुर्वेदमार्तण्ड श्रीलक्ष्मीरामस्वामिनां दीक्षागुरोः श्रीचन्दनदाससाधुतश्च छन्दःशास्त्रमधिगतवान् । तदेतत् तेन स्वयमेव प्रत्यपादयत सर्वेष्वपि स्वप्रणीतप्रबन्धेषु । तथा हि—

"येनाऽशिक्षि स जीवनाथगुरुतः काव्यप्रकाशाशय-
श्छन्दश्चन्दनदासतः सगणितं, वैद्यागमस्तातः ।
सूते गन्धकजारणावधि कृता येन क्रिया नैकशः
सोऽहं नूतनकाव्यपद्धककृतिः श्रीकृष्णरामः कविः ॥"

ततश्च लब्धसर्वविधविद्यो द्वात्रिंशदुत्तरैकोनविंशतिशततमे विक्रमवर्षे स्वपितृपरम्परया प्राप्तं संस्कृतपाठशालायामध्यापकपदमुररीकृतवान्, अध्यापितवांश्च चिकित्सकचूडामणिं श्रीश्यामलालवैद्यराजमहोदयम्, श्रीलक्ष्मीरामस्वामिमहाभागम्, तथाविधानपरांश्च महाशयशः स्वशिष्यान् । काव्यायुर्वेदोभयाध्यापनविषये तस्यातीव प्रावीण्यमासीदित्यत्रापि संगिरन्त एव तदीया अन्तेवासिनः । तारस्वरसंपन्न एष महात्मा यदाऽध्यापति स्म, तदा सर्वाऽपि पाठशाला तदीयेन स्वनेन परिपूर्यते स्मेत्यपि श्रूयते ।

सोऽयं भिषग्वरः श्रीजयपुरमहीपतेर्लब्धग्रामस्य स्वपितुर्धनसम्पदमुपभुञ्जानः सर्वविधसौख्यसम्पन्नः, अत एवादीनस्वभावः सुतरां विलासी चासीत् । तदेवंविधगुणगणरमणीयायामत एवाल्पुर्वराषायामस्य नैसर्गिकप्रतिभापृथिव्यां सहृदयहृदयाह्लादिनी कविताल्ता तथा कुसुमिता बभूव, यथा सर्वोऽपि भारतभूमिभागः सुधीजनसुरभिणा सौरभेण संप्रत्यपि सुतरामामोदमानमानसो भवति ।

पूर्वविधस्य कवेर्हृदयं कवितायां प्रतिबिम्बितं भवतीति तत्प्रणीतकाव्येभ्यः कानिचिद्

राजवैद्य स्वर्गीय पं० कृष्णरामजी भट्ट, जयपुर ।

कविरहचिराणि पद्यानीहोद्धरामः, यैर्विद्वांसः स्वयमेव तत्त्वभावावीन् परीक्षेरन् कविताऽमृतं चाऽऽस्वादयेयुः। तथाहि —

'कच्छवंश'महाकाव्ये स कविः समित्थमत्कृतिमोजोभिव्यञ्जिकया कीदृश्या रचनया वर्णयति स्मेति निरीक्ष्यताम्—

अलं ज्वलत्खड्गघटाऽमलत्कृतिः क्षतस्रवच्छोणितसिक्तपद्धतिः।
समुच्छलत्कच्छविमुक्तहुङ्कृतिः प्रचण्डतां प्राप समित्थमत्कृतिः॥
सप्तमसर्गः १२९

एवमेव मानसिंहमहीपतेर्युद्धोपक्रमे प्रतिनृपतिं प्रति वागारम्भवर्णनमप्यमुं गुणं कीदृगभिव्यञ्जयतीत्यपि परीक्ष्यताम्—

रोषपोषवशाद् बद्धभ्रुकुटिर्माधवाग्रजः।
खड्गमुष्टौ दधन्मुष्टिं स्पष्टमित्थमुवाच तम्॥ सप्तमसर्गः ११३

तस्मिन्नेव काव्ये जयपुरवर्णनेऽनुप्रासोत्प्रेक्षोदात्तस्वभावोक्तीनां प्रसादगुणस्य च चमत्कारोऽपि विलोक्यताम्—

प्रांशुप्राकारधवलकेतुचीनांशुकाञ्चलैः।
कुर्वाणमिव मेघेषु बलाकावलिवल्गनम्॥
सदोपकण्ठवलितवनमालामनोरमम्।
गोविन्दमन्दिरोद्द्योतं विद्युम्बयदिव स्फुरत्॥ दशमसर्गः ८१४-३५

मरन्दलुब्धमधुपश्यामोकृततरूत्तराः।
दधत् प्राकारमभितः पुष्पवाटीपरम्पराः॥ दशमसर्गः ८३७

'मुक्तकमुक्तावल्यां' कविनाऽनेन प्रावृषो रजकीरूपणं कीदृग् व्यधीयतेत्यपि श्रूयताम्—

चञ्चलविद्युद्वलया विरचितघनकृत्तिपात्रजलसेका।
प्रावृड्रजकी परितः प्रक्षालनमम्बरस्य विदधाति॥

(तत्रैव) प्रावृष्यप्यवब्रह्मवलोक्य कविना कीदृक् तन्निदानमन्विष्टमित्यप्यवलोक्यताम्—

पापं केऽऽपि जगुः, निदानमनलं प्राहुः परे मारुतं
नक्षत्रं कतिचिज्जलुरितरे दुर्दैवमूचुर्नृणाम्।
यत्तु प्रावृषि वैपरीत्यमधुना लोके समुज्जृम्भते
तत्सुप्ते जगदीश्वरे जलमुचामन्याय उज्जीयते॥

अस्य कवेः सर्वाण्यपि फलान्यतिशय्य रसालफले भूयानासीदनुरागः, तत्पक्षपातमाकलय्य कथमभिभावितानीतराणि फलानीत्यप्यवेक्ष्यताम्—

श्रुत्वा चूत, तव श्रियं भुवि धृतो जम्बा रुषा कालिमा
कालिङ्गं त्रपयेव लीनमवनौ दीर्णं शुचा दाडिमम्।
मृद्वीका मृदुतां दधार, पनसं रोमाञ्चितं भीतितः,
संतापादिव नारिकेलजठरे जातं जलानां भरैः॥

व्रजभाषायां 'कवित्त' इति प्रसिद्धेन छन्दसा संस्कृतभाषायां वर्णनमनेनैव कविनोपक्रान्तम्। कीदृग्विधैश्च प्रसादपूर्णैः पदैर्जयनगरनरेन्द्रः श्रीरामसिंहोऽत्र वर्णित इत्यप्यवलोक्यताम्—

सूत, रथमेहि देहि बाणगणमाशु मे हि मित्र धृतिमत्र धेहि संगरमहामहे ।
वर्म कुत्र, चर्म कुत्र, भयं वृथा मास्म कृथाः, छिन्धि भिन्धि धाव धाव सहे नास्य नाम हे ॥
इति स्फुटं भवद्द्विषां शैलगुहास्वापजुषां, विलापयुग् वचो वयं समुपलभामहे ।
वैरिकुलघुन्दकाल, चन्द्रसितकीर्तिजाल, कण्ठलोलरत्नमाल, महीपाल, राम हे ॥

एवमेव 'दोहा' छन्दसाऽपि मधुरविशदैः पदैः श्रीगङ्गाजलवर्णनमाकर्ण्यताम्—

शिवशेखरशशिचन्द्रिकासंचयचारुमहांसि ।
ददतु मुदं मन्दाकिनीतरलतरङ्गपयांसि ॥

अनेनैव च्छंदसा हरेर्हृदयस्थल-वीक्षितयोर्वर्णनमप्यवेक्ष्यताम्—

कमलामलमनुरागि बहु करुणारसपरिणामि ।
हृदयस्थलमिव वीक्षितं हरेरहं प्रणमामि ॥

यद्यास्य यमकादिष्वप्यधिकार आसीत्, स हि जयपुर-विलासा' दिषु स्थाने—स्थाने, विशेषतस्तु 'जयपुरविलास' स्य प्रथमोल्लासे, स्पष्टमेवावलोक्यते, विस्तरभिया तु तदुदाहरणानीह नोद्धियन्ते । तद्दर्शनाभिलाषुकैस्त एव ग्रन्था द्रष्टव्याः ।

सेयं दिग्पदर्शिता । अतः परमनेन कविना यानि काव्यानि निरमीयन्त, तेषु कतिचन यमकृतिचारूण्यकरादिक्रमेण सविषयवर्णनमधस्तादुपन्यस्यन्ते । तथा हि—

१—आर्याअलङ्कारशतकम्—अत्र भगवत्याः स्तुतिः प्रतिश्लोकमेकैकेनालङ्कारेण वर्णिताऽस्ति । अप्रकाशितम् ।

२—कच्छवंशमहाकाव्यम्—अस्मिन्नासन्नवंशैः सर्गैः पुरुषरैरनुष्टुप्प्रधानैर्वृत्तैर्जयनगरनरेन्द्रवंशावलीवर्णनमस्ति । परमेतदिदानीं यावन्न केनापि प्राकाश्यत । अत्र यानेन कविना भूयः परिश्रम्य कृतान्यिलुब्धानि न केवलं जयपुरनरेशानामेव, किन्तु यवनसम्राजामपि जन्मपत्राणि वर्णितानि सन्ति । तदिदं प्रकाशितं सत्र केवलं साहित्यविदाम्, अपि त्वैतिहासिकानामपि केषुचन विषयेषूपकारि स्यादित्यस्ति नो विश्वासः ।

३—काव्यमालाप्रशस्तिः—हृदमल्पीयः काव्यं 'काव्यमाला' नाम्न्याः पुस्तकमालायाः प्रशंसायामलिख्यत । मुद्रितं चैतत् 'काव्यमालायां' 'मुक्तकमुक्तावल्यां' च ।

४—काशीनाथस्तवः—अत्र भगवतः शिवस्य, काशीनाथनाम्नः कस्यचन द्रविपण्डितस्य च श्लेषेण वर्णनमस्ति । अप्रकाशितम् ।

५—गप्पसमाधानम्—अत्र काश्चन प्रहेलिकास्तथोपन्यस्ताः सन्ति, याः प्रेक्ष्य मतिर्दोलायेत्, परं समाधानमतीव सरलं स्यात् । अप्रकाशितम् ।

६—गोपालगीतम्—गोपालस्तुतिरत्र वर्णिता । अप्रकाशितम् ।

७—गोविन्दभट्टभङ्गम्—हृदमल्पीयः काव्यं दायभागादौ विगृहतः स्वपितृव्यस्य निन्दायां विलिख्य कविनैव प्रकाशितमासीत् । एतेनास्य प्रतिवादिभयङ्करत्वमुच्छृङ्खलत्वं च प्रतीयते, परं नात्युपयोगि ।

८—छन्दोगणितम्—अत्र प्रस्तारादिषट्क्रियासहितानां सर्वविधवृत्तानां विशिष्टं वर्णनमस्ति । अप्रकाशितम् ।

९—जयपुरमेलककुतुकम्—अत्र काव्ये जयपुरे विजयदशम्यादिषु यानि मेलकानि (मेला) भवन्ति, तेषां सामयिकं वर्णनमस्ति । अस्य कोऽप्यंशः सिद्धमेघजमणिमालायाममुद्रयत ।

१०—जयपुरविलासम्—तदेतत् सुप्रसिद्धं तेनैव कविना प्रकाशितं च काव्यं न परिचयमपेक्षते, परमिदानीं वीतपुस्तकतया पुनर्मुद्रणमपेक्षते।

११—पद्माङ्कराजशतकम्—इह पद्माङ्कोर्दिग्विजयस्य तथा वर्णनमस्ति यथा तत् साहित्यविदां सुखदं भिषजां चोपयुक्तं स्यात्।

१२—माधवपाणिग्रहोत्सवः—इह तदानीन्तनस्य जदनगरनरेन्द्रस्य श्रीमाधवसिंहस्य जयपुर एवाऽऽनीतया सूर्यया साकं विवाहोत्सवस्य वर्णनमस्ति।

१३—मुक्तकमुक्तावली—अत्र कविना स्वीयानि सुन्दरसुन्दराणि मुक्तकपद्यानि संगृहीतानि सन्ति। सैषा जयपुरविलासेन सह संमुद्रिताऽस्ति।

१४—सम्राट्सुताभिनन्दनम्—अत्र 'प्रिन्स आफ वेल्स' संज्ञया भारते समायातस्य सम्राड्ज्यार्जमहोदयस्य वर्णनमस्ति।

१५—सारशतकम्—इह 'रघुवंशा'दीनां पञ्चमहाकाव्यानां शार्दूलविक्रीडितच्छन्दसा प्रतिश्लोकमेकैकसर्गकथावर्णनमस्ति। एतदपि जयपुरविलासेन सह मुद्रितम्।

१६—सिद्धभेषजमणिमाला—अत्र वैद्यवरेणानेन स्वानुभूतानि प्राक्तनग्रन्थेष्वनुपलभ्यमानानि भूयांस्यौषधानि संगृहीतानि सन्ति, यानि भिषजामतीवोपयोगीनि। विप्रकीर्णोऽयं संग्रहस्तन्निबन्धनानन्तरं तत्प्रियशिष्येण श्रीलक्ष्मीरामस्वामिना संपाद्य टिप्पण्या च संयोज्य प्रकाशितस्तज्जिज्ञासूनामुपकरोतीति न तिरोहितम्। सैषा द्वितीयावृत्तौ मुद्रिता जयपुरराजकीयाचार्यपरीक्षायां पाठ्यत्वेन नियताऽस्ति।

१७—होलोत्सवः—अत्र होलासमयसमुचितानि कानिचिदश्लीलवर्णनपराणि पद्यानि सन्ति।

अयं महाभागो भक्ताभक्तो विचारशीलः परमरसिकश्चासीत्। निधनात् किञ्चित् पूर्वमेवैतेन महाभागेन संस्कृतचिकित्सालयः समुदघाट्यत, नानाविधैरौषधैरौषधैरचिकित्स्यन्त जनाः। आयुर्वेदप्रसिद्धायां रसप्रक्रियायामस्य महाकवेर्महद्भैपुण्यमासीत्। सर्वेऽपि च रसा अनेन निजहस्तेन निरमीयन्तेत्यपि तदन्तेवासिवृन्दमुखाच्छ्रूयते। प्राचीनपुस्तकसंग्रहेऽप्यासीदस्य महानुरागः। अत एव यान्यायुर्वेदादिपुस्तकान्यन्यत्र नोपलभ्यन्ते, तान्यप्यस्य गृहे साधुसंगृहीतानि विहितानुक्रमणानि चासन्। संप्रति तु तेषां का दशेति कः कथयतु।

इदानीमस्य वंशे तत्तुल्यगुणगणस्य दैवादकालमृत्युं प्राप्तवतस्तत्तनयस्य पण्डितप्रकाण्डश्रीगङ्गाधरभट्टस्य सूनुश्रीनरहरिशर्मा सुतादिसौख्यमनुभवन्नस्ति। अनेनैव महात्मना आयुर्वेदाचार्यश्रीनन्दकिशोरशर्मसु विश्वस्य 'कच्छवंश' महाकाव्यमदर्श्यत।

हा हन्त स एष कविकुलरत्नमायुर्वेदागमपारावारीणश्चतुःपञ्चाशदुत्तरैकोनविंशतिशततमे विक्रमवत्सरे वैशाखकृष्णप्रतिपदि ऊनपञ्चाशवर्ष एव कराले काले कीर्तिशेषतां गीत इति भूयस्यो विचारपरम्परास्तेनैव सहालीयन्तेति खिद्यमानमानसा वयं विरमामो विस्तरात्।

राजवैद्य पं० नन्दकिशोरशर्मणामायुर्वेदाचार्याणां

संक्षिप्तं जीवनवृत्तम् ।

एते श्रीमन्तः खाण्डलविप्रवंशावतंसानां जयपुरे सुप्रतिष्ठितानां दिवं गतानां राजवैद्य-श्यामकालभिषक्चूडामणीनां ज्येष्ठपुत्राः जयपुरनगरमलङ्कुर्वन्ति । एते बाल्यकालिकशिक्षां प्राप्यानन्तरं स्वपितृणामाज्ञया सुविदुषामन्तेवासित्वमाधिगत्य व्याकरणसाहित्यादिषोऽयतां सम्यगधिगतवन्तः । अनन्तरं कुलपरम्परागतायाः स्वभवने बोभूयमानाया आयुर्वेदीयचिकित्साया भारं दित्सुभिः स्वपितृभिर्नियोजिता एते जयपुरीयसंस्कृत-विद्यालये आयुर्वेदाध्ययनं प्रारब्धवन्तः । वर्षद्वयेन च भट्टवर-श्रीकृष्णरामात्मजानां गङ्गाधरशर्मणामन्तेवासित्वावसरे आयुर्वेदोपाध्याय-परीक्षामुत्तीर्णवन्तः । अनन्तरमुच्चशिक्षां ग्रहीतुमनसः श्रीमतां पूज्यपादानां स्वामिनां सेवां विदधाना यथानियमं क्रमशः आयुर्वेदशास्त्राचार्यपरीक्षे सबहुमानमुदतरन् । किञ्च भेषजनिर्माण-रोगिदर्शनादिप्रायोगिककार्यमपि श्रीस्वामिनां गृहचिकित्सालये स्वन्यस्तवन्तः । एवमेते तेष्वेव दिवसेषु शास्त्रिपरीक्षोत्तीर्णा अपि प्रायोगिकशिक्षाकुशलाः सुप्रतिष्ठितविद्वत्समाजे सुबहुसमादृता अभवन् । एतेषां योग्यतामुग्धा महामनसः श्रीमन्तः पं० मदनमोहनमालवीया हिन्दूविश्वविद्यालये वाराणस्यामायुर्वेदाध्यापकत्वेन नियुक्तवन्त एनान् । तत्र चैभिः कियान् कालः शिक्षादाने व्यतिगमितः । अनन्तरं गृहे चिकित्साभारं दित्सुभिः स्वपितृभिरेते तत्स्थानतः पुनराहूताः । ततश्च सुविशाले स्वचिकित्सालय एव रोगिनैरोग्यसम्पादने प्रावीण्यं प्राप्तवन्तः । अथ च १९८१ वैक्रमाब्दे जयपुरीयसंस्कृतपाठशालायामायुर्वेदविभागे द्वितीयाध्यापका अभवन् । तत्र च नव-वर्षपर्यन्तमध्यापयन्तो बहून् छात्रान् उपाध्याय-परीक्षामुत्तारितवन्तो बहूंश्च शास्त्रिकक्षापाठ्य-मध्यापितवन्तः । गतवत्सरे च श्रीस्वामिनामध्यापनकृत्यतो विरामग्रहणानन्तरमेते विशिष्टयोग्य-तया तेषां स्थाने आयुर्वेदप्रधानाध्यापका अभवन् । इदानीं तस्मिन्नेव पदे विराजमानाश्चिकित्सा-कर्मणि वृद्धिमादधते ।

एते महानुभावा आधुनिकानां जयपुरीयवैद्यानां मध्ये प्रतिष्ठिता उत्तमकुलीनाः ग्राम-ग्रथस्य स्वामिनः उच्चनागरिकाणामग्रगण्याश्च सन्ति । चिकित्साप्रसारोऽप्याधिक्येनैषां राज्ञां सामन्तराजानां च गृहेष्वेव वर्तते । तथापि स्वभावतः सरला दयालवोऽनुत्सेकिनो नम्राश्च सन्तीत्येते धन्या मान्या आयुर्वेदस्य शिर उन्नमयितारश्च सन्ति । विशेषत एते पूज्यपादानां श्रीस्वामिनां कृपापात्रतल्लजाः । अहर्निशं श्रीस्वामिनामाज्ञा पवित्रयति हृदयमेषाम् । रोगिदर्श-नादिकर्मणि बहुत्र श्रीस्वामिभिः सह भ्रमणावसरो लभ्यत एभिः । सामयिकीं गुणवैशेष्यापादनीं शिक्षामपि प्रतिदिनं यथावसरं श्रीस्वामिन एभ्यो वितरन्ति । एवमेषामुपरि श्रीस्वामिनां पूर्णः स्नेह आस्ते । एतेऽपि भक्तियतिशयेन सेवन्ते श्रीस्वामिनः । तेषामन्तरङ्गेषु कार्येष्वपि प्रबन्धका भवन्तीत्यन्तरङ्गाः शिष्याः श्रीस्वामिनामिमे ।

बाईओरसे क्रमश –१ भिषगाचार्य श्रीनरञ्जनलालजी, २ डॉ रायबहादुरजी M B B S, ३ मुकुन्ददत्तजी भिषग्रत्न, ४ श्री प नन्दकिशारजी राजवैद्य, ५ श्री स्वामा जयरामदासजी, ६ श्री आनन्दीलालजी आयुर्वेदाचार्य, ७ श्री डॉ ज्वालाप्रसादजी, ८ श्री कल्याणप्रसादजी भिषगाचार्य

चिकित्सकचूड़ामणि श्रीमान् पं० श्यामलालजी भट्ट, जयपुर।

चिकित्सकचूडामणि श्रीश्यामलालमहोदयस्य

जीवनेतिवृत्तम् ।

स एष महाभागो जयपुरादनतिदूरवर्तिनि जयपुरराजकीयप्रधानसामन्तराजधान्यां चौमूनगरे पञ्चविंशत्युत्तरैकोनविंशतिशततमे विक्रमवत्सरे सहस्वे मास्यसितषष्ठ्यां शनिवासरे निखिलजनमनोरञ्जनीं जनिमुपलेभे । ततोऽष्टवर्ष एव च जयपुरीयराजवैद्यानां चिकित्साकर्मणि सुप्रसिद्धवशसां तात्कालिकजयपुरनरपतिना समस्तसामन्तसमूहेन च संमानितानामानन्दीलालजीमहोदयानां 'ज्येष्ठे सर्वगुणैः कनीयसि वयोमात्रेणे'त्युक्तिं चरितार्थयतोऽनुजन्मनः सुगृहीतनामधेयस्य श्रीसुखलालजीमहाभागस्य दत्तकसूनुतामुपगतः । किन्तु दुर्दैववशादल्प एव वयसि दिवंगते तस्मिन्नानन्दीलालजीमहाभागैरेवायं पालितः पोषितः शिक्षितः कार्यक्षेत्रे प्रवेशितश्च ।

अर्थलिप्सायामदैन्यम्, अध्ययने धियः कुशाग्रता, सद्य एव पृष्टस्य प्रतिवचनं चेत्यादिभिरभिचारिभिर्जिज्ञैर्वाल्य एवास्य मेधाविस्वं भाग्यशालित्वं चान्वमीयतानुभविभिः । अन्तेवासिभावेऽयमासीद् गुरुजनस्य निरतिशयं कृपाभाजनम् । कैशोर एव च भट्टश्रीकृष्णरामशर्मणामन्तेवासिषु प्रथमतामुपगत्यायुर्वेदशास्त्रं यथाविधि समधिगतवान् ।

आनुवंशिकत्वाच्चास्य चिकित्साकर्मणि नितरां नैपुण्यमासीत्, न चास्य केवलमायुर्वेदीयचिकित्सापद्धतावेव तदासीत्, किन्तु यावन्मात्रमन्यप्यासीदप्रतिमं पाटवम् । नानाविधानामनुभूतयोगानामर्थं निधिरिवासीत् । सर्वजनोपकारकान् स्वल्पमूल्यलभ्यान् योगानेष तथा प्रयोजयतिस्म यथा वैद्यानां वचनवैद्यानां च चकितमिव भवति चेतः । अरिष्टज्ञाने चास्य परमं प्रावीण्यमासीत् । भूतपूर्वस्य जयपुरनरपतेः श्रीमाधवसिंहमहाराजस्यामनितरसाधारणैः स्वगुणैः परमप्रेमास्पदतामयासीत् । वर्तमानस्य कृष्णगढनरपतेः श्रीयज्ञनारायणसिंहमहाराजस्य मातुरारोग्यमनेन संपादितम्, आसीच्च तस्य संमाननीयो गृहचिकित्सकोऽप्ययम् । समये समये स एष महाभागः समाकारयत्, सदरोच्चैनम्, प्राकाशयच्चास्य देहावसाने स्त्रीयं हार्दिकशोकमस्य पुत्रेषु प्रहिते स्वकीये पत्रे । अलवरराज्यान्तर्गतजावलीसंस्थानाधिपतिरलवरराजस्य भूतपूर्वः प्रधानमन्त्री च क्षत्रियकुलभूषणं श्रीदुर्जनसिंहजीमहोदयोऽस्य गुणेष्वतीवानुरक्त आसीत् । आसीच्चानयोरन्योन्यमसाधारणं सौहार्दम् । अस्य वैकुण्ठवासावसरे राजवरेण तेन न केवलं शोकप्रकाशकं पत्रमेव पुत्रेषु प्रहितम्, किन्तु स्वयमपि सदने समागत्य सान्त्वयामास सर्वान् संबन्धिनः ।

दूर-दूरदेशेष्वप्यासीदस्य महती प्रसिद्धिः । धनिकैरामवाधिभिराहूतस्तत्र तत्र प्रायादपि । सर्वस्मिन्नपि भारते विश्रुतयशसः सौजन्यजन्मभूमेरसाधारणकलाविलासवसतेर्जबलपुरवास्तव्यस्य राजोपपदभाजः श्रेष्ठिवर्यश्रीगोकुलदासमहाभागस्यार्थं कुटुम्बिजनेभ्योऽधिकसंमानित आसीत् । सत्स्वपि परशतेष्वन्यकभिषक्षु कृपाकटाक्षलेशमपेक्षमाणेष्वयमेवासीत् तस्य निरतिशयश्रद्धाभाजनम् । आसीच्च भगवत्कृपया प्रायः सर्वदैव महाभयङ्करेष्वपि व्याधिष्वेतेन चिकित्स्यमानेषु साफल्यम् ।

सामन्तसंघे, उच्चपदस्थितेषु कर्मचारिषु चास्य सुमहानादर आसीत्, ते हि यथाऽस्मिन् विश्वसन्तिस्म न तथाऽन्यस्मिन् कस्मिंश्चिदपि। जयपुरीयदीनजनतायास्त्वयमाश्रय एवासीत्, सर्वानपि भिषजो विहाय सैपैनं श्रयतेस्म, उपेक्षतेस्म च तस्य वैकुण्ठवाससमये स्वात्मानमाश्रयशून्यमिव। चिकित्साकर्मणि सर्वदा तत्परोऽप्ययमस्यां विंशति शताब्दयामप्यार्षपद्धतिमनुरुन्धानो नासीद्विशेषतो लोभलालसावशगः। सर्वलोकहितमवेक्षमाणेनानेन धन्वन्तर्यौषधालयस्थापनायां सर्वतोऽधिकं परिश्रान्तम्, सर्वविधं साफल्यं चाधिगतमनितरसाधारणेन स्वानुभावेन। स्थापत्यमर्मज्ञस्यास्य भवननिर्माणकलायां सुमहाननुराग आसीत्। सर्वविधदोषविहीनता, उदारता, कार्यतत्परता, सौम्यं सरलता चेत्यादिभिर्गुणैरयमासीत् सर्वजनमनोहरः। एकवारमपि संगतो जनोऽस्य सहृदयतामय्या व्यवहृत्या सुमधुरया व्याहृत्या चाकृष्टो मन्त्रमुग्ध इव यावज्जीवमस्मिन्नन्वरज्यत।

अस्य चिकित्साकर्म संमानतया निखिलभारतवर्षीययुर्वेदसंमेलनेनास्मै 'चिकित्सक चूडामणिः' इत्युपाधिरुपाह्वियत।

श्रीमद्भागवतस्यायं मार्मिको रसज्ञः, भगवद्भक्तानामग्रणीः, वैष्णववरेण्यः, स्वधर्मे सुदृढबद्धश्रद्धासीत्। चिकित्साकर्मणा परिहृतावकाशोऽप्ययं यत्र-तत्र भगवत्कथा यत्र-तत्र च सनातनधर्मस्य चर्चा, तत्र-तत्र सर्वतः प्रथमं समुपस्थितोऽदृश्यत। एतस्य कतिचन गुणाः संक्षिप्य 'उपवनप्रशस्तौ' एवमुपश्लोकिताः—

एतस्य सत्यसुहृदा सहृदा सदा सत्कार्येषु दर्शितसमप्रसमुद्यमेन।
भैषज्यमर्जितरुजा जयपत्तनीयभूपालवंशभिषजा भगवत्परेण॥
सर्वत्र विश्रुतचिकित्सकवर्यचूडामण्याह्वयेन मदमानविवर्जितेन।
श्रीश्यामलालसुधिया चिरचिन्तनीयं साहाय्यमत्र विहितं विमलान्तरेण॥'

सोऽयं महाभागो जयपुरीयां दीनजनतां सहस्रधारैरश्रुभिरारम्भनो वियोगासहिष्णुतां व्यञ्जयन्तीं विसृज्याष्टाशीत्युत्तरैकोनविंशतिशततमे विक्रमवत्सरे सहस्यशुक्लचतुर्दश्यां वैकुण्ठवाससुखानुभवाय भुवमुदक्षाक्षीत्।

महाभागोऽयं स्वस्य देहावसानसमये पुत्रत्रयं पौत्रपञ्चकं च व्यसृजत्। पुत्रेष्वस्य वयसा गुणगणैश्च सर्वप्रथमो भिषग्वाचार्यः श्रीनन्दकिशोरशर्मा विद्यते, यः श्रीस्वामिमहाभागानां स्थाने जयपुरराजकीय पाठशालायामायुर्वेदप्रधानाध्यापकपदमधितिष्ठति, सारल्येन, सर्वजनोपकारितया चानन्यसाधारणतामावहन् जयपुरीयजनतायां सामन्तेषु च निजगौरवोचितं संमानमुपलभते। कनिष्ठश्च श्रीयुगलकिशोरशर्मा एम्० ए० महाशयो जयपुरराज्यान्तर्वर्तिसंस्कृतपाठशालानां निरीक्षकतां (Supervisor) भजते।

* श्रीलक्ष्मीरामस्वामिनः।

श्रीमान् कविराज श्रीरामचन्द्र मल्लिक।
प्रिन्सिपल–श्रीगोविन्दसुन्दरी आयुर्वेदकालेज कलकत्ता।

काव्यतीर्थ पं० श्री श्रीकान्त शर्मा वैद्यरत्न,

वि० प्रा० वै० सं० के मन्त्री का

संक्षिप्त जीवनचरित।

आपका जन्म वि० सं० १९४१ में बिहार प्रान्तीय गया जिलान्तर्गत दौलतपुर ग्राम में प्रतिष्ठित विद्वान् सरयूपारीण ब्राह्मण कुल में हुआ है। बाल्यावस्था में आपने थोड़ी हिन्दी और फारसी पढ़ने के बाद संस्कृत का अध्ययन आरम्भ किया। व्याकरण तथा साहित्य की आचार्य परीक्षा तक ग्रन्थों का अध्ययन कर व्याकरण की मध्यमा और साहित्य की उपाधि परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। गवर्नमेण्ट से "काव्य-तीर्थ" की उपाधि प्राप्त की। अनन्तर गया जिलान्तर्गत जहानाबाद संस्कृत विद्यालय में ९ वर्ष तक व्याकरण-साहित्य आदि विषयों का अध्ययन किया। बाद अपने गुरुदेव की आज्ञा से आयुर्वेद पढ़ने के लिए काशी गये। वहाँ चार वर्ष तक रहकर स्वर्गीय कविराज पं० उमाचरण जी भट्टाचार्य, कविरत्न जी से साङ्गोपाङ्ग आयुर्वेदशास्त्र का अध्ययन तथा कर्माभ्यास सम्पन्न कर वैद्यशास्त्री की उपाधि प्राप्त की। पश्चात् आपने मगधदेश की राजधानी अमावाँ में राजवैद्य के पद के ऊपर रहकर ६ वर्ष तक कार्य सम्पादन किया। बाद १९२१ में जब असहयोग आन्दोलन जोरों पर था। देश सेवा के ख्याल से इस्तीफा देकर आप पटना आ गये। और स्वतन्त्र आयुर्वेदिक कार्यालय खोलकर आयुर्वेद का प्रचार तथा जनता की यथोचित सेवा करने लगे। तब से आप पटने में विराजमान हैं, नगर के प्रधान वैद्यों में आपकी गणना है। आपके कितने शिष्य बिहार के बाहर भी सफलता के साथ चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। आप संस्कृत एसोसियेशन बिहार पृण्ड उड़ीसा के बराबर प्राभिक और परीक्षक होते आये हैं। प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन के बहुत वर्षों से मन्त्री हैं, आयुर्वेद महामण्डल और विद्यापीठ की कार्य-कारिणी समिति के बराबर आप सदस्य रहे हैं। वि० प्रा० वै० संम्मेलन त्रैमासिक पत्रिका के आप अन्यतम सम्पादक हैं। बिहार में जो आयुर्वेद का प्रचार हो रहा है उसमें सदैव आपका मुख्य भाग रहता है। सार्वजनिक संस्थायें जैसे कांग्रेस हिन्दू सभा प्रभृति में भी आपका सहयोग हमेशा रहता है। आप व्याकरण साहित्य और आयुर्वेद के सुयोग्य अध्यापक हैं। बहुत दूर दूर के छात्रगण आपसे अध्ययन के निमित्त आते हैं, आप स्पष्ट और मधुर भाषी हैं। आप सदैव न्याय के पक्षपाती रहते हैं। यही कारण है कि सिद्धान्तों में मतभेद होने के कारण जो आपके विरोधी होते हैं, वे भी आप पर विश्वास रखते हैं और परिस्थिति बदलने पर तत्काल आप के अनुयायी हो जाते हैं। आपकी प्रशंसनीय आयुर्वेद सेवा के उपलक्ष्य में प्रान्तीय वैद्यसम्मेलन ने आपको "वैद्यरत्न" की उपाधि दी है। आपको पटना रहते हुए १५ वर्ष हो गये, आपकी अवस्था सम्प्रति ५२ वर्ष की है। आशा है, समाज के सौभाग्य से आप दीर्घायुष्य का उपभोग कर सकेंगे।

इति संक्षेपतो वृत्तं जीवनस्य महात्मनः।
गुरोः कल्याणकृन्मत्वा लिखितं रामधारिणा॥

ग्रंथकार

आयुर्वेद महामण्डल के रजत-जयन्ती ग्रंथ के विषय में जिस समय से उसकी सामग्री-संग्रह करने का उपक्रम मैंने किया, तभी से आयुर्वेदिक ग्रंथकारों का परिचय संग्रह करने की मैंने अत्यधिक चेष्टा की; अनेक पत्र लोगों की सेवा में भेजे; किन्तु प्रथम भाग के प्रकाशन तक कुछ भी सामग्री उपलब्ध न हो सकी। सोचा द्वितीय भाग में यह सामग्री दे दी जावेगी; लेकिन इसबार भी चेष्टा करने पर असफल प्रयास ही रहा। अन्ततः द्वितीय भाग के प्रकाशन का समय आ गया और सम्पूर्ण मैटर छप चुका, अब हताश होकर जो कुछ उपलब्ध है, उसे ही देकर संतोष कर रहा हूँ।

प्राणाचार्य, कविराज प्रतापसिंह रसायनाचार्य, भिषङ्मणि
का संक्षिप्त परिचय।

आयुर्वेद-जगत के एक परिचित का भी आज आवश्यकतावश परिचय दिया जा रहा है। कविराजजी आयुर्वेद के पुराने सेवकों में से हैं। अथवा यह कहना चाहिये कि आयुर्वेद के लिए आपने जितना किया, उतना क्या उससे भी कहीं अधिक आपके लिए आयुर्वेद कल्पवृक्ष की भाँति फलीभूत हुआ। कविराज जी का शुभ-जन्म राजपूताना-अन्तर्गत उदयपुर राज्य में सन् १८८२ ई० में श्रीमान पं० गुमानीरामजी के यहाँ हुआ। आपके पिता श्रीमान पं० गुमानी रामजी प्राचीनकाल के अच्छे विद्वान थे। कविराज जी बाल्यकाल से ही उर्वर मस्तिष्क के व्यक्ति हैं। आपने महाराजा स्कूल उदयपुर में संस्कृत लेकर हाईस्कूल की शिक्षा ग्रहण की। आप सदा स्कूल-परीक्षा में प्रथम होते थे, अतः आपको स्कूल से छात्रवृत्ति भी मिलती थी। आपके पिता उदयपुर राज्य के एक पुराने जागीरदार थे।

आपको थोड़ी अवस्था से ही शिकार आदि का भी शौक था। आप रट्टू विद्यार्थियों में नहीं थे। हाईस्कूल परीक्षा समाप्त कर अपने पिता की अनुमति बिना ही आप मद्रास आयुर्वेदिक कालेज में आयुर्वेदाध्ययन करने के लिए चले गये। उस समय स्वर्गीय वैद्यरत्न डी० गोपालाचार्लु महोदय मद्रास के एक यशस्वी चिकित्सक और उक्त कालेज के सुयोग्य एवं विद्वान् प्रिंसिपल थे। कविराजजी के हृदय में पहले से ही आयुर्वेद-प्रेम अंकुरित हो चुका था। आपने उक्त कालेज से ससम्मान मद्रास आयुर्वेदिक कालेज की परीक्षा पास की और उसी साल अ० भा० आ० विद्यापीठ की विशारद परीक्षा सर्व प्रथम सफलता पूर्वक पास की और स्वर्ण-पदक प्राप्त किया। मद्रास से लौटकर कलकत्ता आये और महामहोपाध्याय, कविराज गणनाथ सेन सरस्वती, एम० ए०, एल० एम० एस० के परामर्श से कालेज ऑफ फिजीशियन ऐंड सर्जन्स बंगाल में दो वर्ष तक परिश्रम पूर्वक अध्ययन किया और साथ-साथ लिखखानि परीक्षा भी— श्रीमान कविराज गणनाथसेनजी सरस्वती के तत्वावधान में चलनेवाले श्री विश्वनाथ आयुर्वेद

श्रीमान् वैद्य पं. हरिप्रपन्नजी बंबई ।
लेखक—रसयोगसागर ।

विद्यालय, कलकत्ता से—प्रथम श्रेणी में पास की। और साथ ही अध्ययन काल में आप कविराज गणनाथ सेन जी के साथ-साथ चिकित्सा-कर्म भी करते रहे। और सन् १९१४ से आपने स्वतंत्र चिकित्सा-कर्म आरम्भ कर दिया। उसके बाद बाबा काशीकमलीवाले ने पचास सहस्र रुपए लगाकर आपकी सम्मति से और आपही की निर्मित योजना से आपही के प्रिंसिपलशिप में आयुर्वेदिक विद्यालय, आतुरालय और औषधालय का कार्यारम्भ किया। आपने वहाँ पर बड़ी योग्यता से सादे छः वर्ष तक कार्य किया। अनन्तर पीलीभीत के राजा ललितप्रसाद जी ने श्री ललितहरि संस्कृत आयुर्वेदिक कालेज और तत् सम्बद्ध आयुर्वेदिक फार्मेसी के संचालन के लिए सन् १९२० में बुला लिया। वहाँ पर आपने सादे पाँच वर्ष तक फार्मेसी का संचालन किया और उक्त कालेज के प्रिंसिपल पद पर बड़ी योग्यता के साथ कार्य किया। तथा सन् १९२५ में महामना पूज्य मालवीय जी महाराज ने आयुर्वेदिक फार्मेसी का कार्य करने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बुला लिया। तब से आप सुपरिन्टेन्डेन्ट आयुर्वेदिक फार्मेसी के पद पर योग्यता पूर्वक बराबर उसी कार्य को कर रहे हैं। बहुत दिनों से आप सर सुन्दरलाल हास्पिटल आयुर्वेदिक विभाग के असिस्टेन्ट सुपरिन्टेन्डेन्ट तथा आयुर्वेदिक कालेज के मेचेज-कल्पना और रसशास्त्र के प्रोफेसर हैं। फेकेल्टी अफ़ मेडिसन ऐंड सर्जरी, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के मेम्बर भी हैं। मंगलाप्रसाद क्षयरोग स्वास्थ्यशाला के आप सुपरिन्टेन्डेन्ट हैं। आप प्रारम्भ से ही गवर्नमेन्ट अफ़ इण्डियन मेडिसिन यू० पी० के मेम्बर चुने जाते हैं। और आजकल भी हैं। गवर्नमेंट आयुर्वेदिक स्कूल पटना की एडवाइजरी कमिटी के आप आजीवन सदस्य हैं। निखिल भारतीय चतुर्विंशतितम वैद्य सम्मेलन, सिकारपुर अधिवेशन के आप सभापति थे। सेन्ट्रल आयुर्वेदिक रिसर्च इंस्टिट्यूट नडियाद (गुजरात) के आप सभापति हैं। आज एक वर्ष से आप निखिल भारतीय आयुर्वेद महामण्डल के प्रधान मंत्री हैं।

आपका संक्षिप्त परिचय देने के बाद हमें ग्रन्थकार के रूप में अब आपको देखना है। 'आपने प्रसूत चर्या', 'जचा', संक्षिप्त विष-विज्ञान, आरोग्य-सूत्रावली, आयुर्वेदीय खनिज-विज्ञान' और आयुर्वेद महामण्डल के सचित्र रजत जयन्ती 'ग्रंथ' दो भाग—के लेखक और सम्पादक हैं। आपकी उपर्युक्त पुस्तकें हिन्दी साहित्य में अद्वितीय हैं और काफी ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं। 'खनिज-विज्ञान' तो आयुर्वेदिक जगत् के लिए नयी वस्तु है और आयुर्वेद-प्रेमी जनता ने उसका अच्छा स्वागत किया है। उसके द्वितीय भाग की अधिक मांग है, किन्तु समयाभाव के कारण कविराजजी अभी उसे प्रकाशित नहीं करा सके हैं। 'खनिज-विज्ञान की भूमिका श्रीमान महामहोपाध्याय कविराज गणनाथसेन जी, एम० ए०, एल० एम० एस० ने लिखी है। केवल भूमिका के पठन से ही ज्ञात हो सकता है कि इस ग्रंथ का क्या महत्व है।

रजतजयन्ती ग्रंथ के विषय में तो यही कहना पर्याप्त होगा कि संसार के समक्ष आपने आयुर्वेद का एक सच्चा और ऐसा सुन्दर ऐतिहासिक रूप रख दिया है कि केवल इसी ग्रन्थ के द्वारा आयुर्वेद ने क्या कार्य किया है, और उसका महत्व तथा वास्तविक रूप क्या है, इससे समझ में आ जाता है। और यह इतना बड़ा महत्व पूर्ण रेकार्ड आपने स्थापित कर दिया है कि आयुर्वेद के इतिहास में आपका नाम सदैव स्वर्णाक्षरों में लिखा जायगा।

महाशक्ति-भवन, बनारस सिटी। हनूमानप्रसाद शर्म्मा (वैद्यशास्त्री)

श्रीमतां वैद्य राजेश्वरदत्तशास्त्रिणां परिचयः

गोण्डामण्डलसंस्थिता सुविदिता प्रान्तेऽवधे मञ्जुले
आटाख्यानगरी विचक्षणजनैर्लब्धास्पदा राजते ।
आसीत्तत्र नृपार्चनीयचरणः श्रौतध्वपाराङ्गतः
नानाशास्त्र विचारपाठनरतः श्रीरामनाथो बुधः ॥१॥
तज्ज्येष्ठपुत्रोऽनुजचन्द्रिकाख्य दैवज्ञवर्य्यो भगवंशजातः ।
त्रिंशत्त्रिवर्षो वयसास्ति विप्रः नाम्ना च राजेश्वरदत्तमिश्रः ॥२॥
संरक्षिताखिल सुगौरव भारतीयैः पूज्यैर्बुधैर्मदनमोहनमालवीयैः ।
संस्थापितेऽत्र भवने निखिलागमानां विद्यालये प्रथमविश्वपदाभिधेये ॥३॥
आयुर्वेदपयोनिधेर्मतिमतो विद्यालयाध्यक्षतो
नव्योद्यत्कविराजराजपदवी सम्भूषितात्सद्गुरोः ।
विद्यावृद्धिपरोपकार निरताच्छ्री धर्मदासादबुधाद्
ग्रन्थानां पठनं समाप्य निखिलं तीर्णः परीक्षोदधिः ॥४॥
आयुर्वेदे वरिष्ठां सकनकपदकां प्राप्य लोकप्रशस्याम्
आचार्यश्रेणिमुख्यां सकलजनमनोमोदहेतुं नितान्तम् ।
सद्यस्तत्रैव भागे गुरुजनहृदयानुग्रहाल्लब्धकार्यो
ग्रन्थं भद्रंन्यधत्तात् सरल विधितया बोधदं सज्जनानाम् ॥५॥
पाठ्ये निर्धारितः सोऽस्ति स्वस्यवृत्तसमुच्चयः ।
लोकानामुपकाराय यथानामतथागुणः ॥६॥
इदानीं पाठयत्यत्र विश्वविद्यालये वसन् ।
चिकित्साक्रियते काश्यां सर्वेषां रोगिणामपि ॥७॥
सदस्यो राजकीयायाः सभाया भेषजस्य च ।
युक्तप्रान्तप्रतिष्ठाया वर्ततेऽयं महोदयः ॥८॥

वैद्य वामनकृष्ण पटवर्धन

श्रीयुत पं. राजेश्वरदत्त शास्त्री, आयुर्वेदाचार्य (ब. हिं. यु.)

लेखक-**स्वस्थवृत्तसमुच्चय**।

अध्यापक, आयुर्वेदकालेज काशी हिन्दुविश्वविद्यालय।

श्री० पण्डित हनूमानप्रसाद शर्मा, वैद्यशास्त्री

संयुक्त-मंत्री—नि० भा० आ० महामंडल।

अध्यक्ष—महाशक्ति-औषधालय, काशी।

काशी के विख्यात वैद्य

पण्डित हनूमानप्रसाद शर्मा, वैद्यशास्त्री का

संक्षिप्त परिचय ।

आपका जन्म विक्रम संवत् १९६२ में काशी के एक सुप्रसिद्ध कान्यकुब्ज ब्राह्मण कुल में कंगू के दीक्षितों के घराने में हुआ। आपके पिता पण्डित अम्बिकाप्रसादजी दीक्षित ३ वर्ष की अवस्था में ही आपको छोड़कर इस लोक से सर्वदा के लिये चल बसे। इसी लिये आपका लालन-पालन और शिक्षा आपके स्वर्गीय मातामह व्याकरण-न्याय-रत्न, भिषक्शिरोमणि, पण्डित छन्नूलाल जी राजवैद्य के तत्त्वावधान में हुआ; जो काशी के तत्कालीन प्रमुख वैद्यों में अग्रगण्य थे। स्वर्गीय पण्डित छन्नूलाल जी का जीवन चरित पृष्ठ ४९४–४९८ पर पृथक छपा है। वे बड़े ही मनस्वी एवं कर्तव्यनिष्ठ प्रतिपत्तिमान् चिकित्सक थे। पर उन्हें एक मात्र तनया के सिवा कोई सन्तति-सुख उपलब्ध न था। अतः वे श्री हनूमानप्रसाद जी के जन्म के बाद अपने लालसापूर्ण हृदय का समस्त प्रेम और वात्सल्य आपही पर निछावर कर चुके थे। आपको प्रारम्भ में मातृ-भाषा हिन्दी का अभ्यास कराया गया और बाद में प्राचीन शिक्षा प्रणाली के अनुसार व्याकरण और साहित्य पढ़ाया गया। आपका बाल्यजीवन ही आपकी प्रतिभा और तीव्रबुद्धि का द्योतक रहा है। साधारण छात्र जिस अवस्था में हिन्दी लिखने पढ़ने और शुद्ध बोलने तक की भी उचित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते उस अवस्था में आपने यथेष्ट संस्कृत भाषा का ज्ञान उपलब्ध कर लिया था। ६ वर्ष की अवस्था से १६ वर्ष की अवस्था तक संस्कृत में व्याकरण-साहित्य आदि की आवश्यक शिक्षा प्राप्त करने के बाद आपने आयुर्वेद का अध्ययन आरंभ किया। घर में आपके पूज्य मातामह आयुर्वेद के प्रौढ़ विद्वान् एवं सिद्धहस्त चिकित्सक थे ही, अतएव आपको उनकी सेवा में रह कर २१ वर्ष की अवस्था तक आयुर्वेद की साङ्गोपाङ्ग शिक्षा के साथ क्रियात्मक ज्ञान भी प्राप्त करने का सुयोग उपलब्ध हो सका, जिसका परिणाम यह हुआ कि आप अल्पकाल ही में एक विद्वान् वैद्य एवं सुयोग्य चिकित्सक बन गये। अल्पावस्था में अन्य शास्त्रों के उपयुक्त ज्ञान के साथ साथ एक शास्त्र में पूर्ण प्रवीण होना कोई साधारण बात नहीं है। यह सौभाग्य पूर्व जन्म के संस्कारानुसार इने गिने प्रतिभा शाली युवकों को ही प्राप्त होता देखा गया है। आपके मातामह भिषग्वर, पण्डित छन्नूलाल जी राजवैद्य की विद्वत्ता, प्रतिष्ठा और कीर्ति तथा आपकी विशद प्रतिभा की व्यापक चर्चा कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज में पर्याप्त हो चुकी थी, इसी से आकृष्ट होकर लखनऊ विक्रान्तर्गत सिसेंडी राज्याधिपति स्वर्गीय राजासाहब पण्डित शम्भुप्रसाद जी ने अपनी सौभाग्यवती कन्या का पाणिग्रहण-संस्कार आपके साथ किया। सन् १९२७ में आपके मातामह पण्डित छन्नूलाल जी इस असार संसार से सदा के लिए अलग हो गये। उनकी बहुत बड़ी संपत्ति और अमूल्य औषधभण्डार का समस्त भार आपके सिर आ पड़ा। आपने पूज्य मातामह की और्ध्वदैहिक क्रिया को यथा विधि समाप्त करने के बाद ही बड़े साहस और धैर्य के साथ समस्त गृह-कार्य और चिकित्सा-व्यवसाय को अपने सहपाठी एवं सहयोगी मित्र पण्डित नागेश्वरप्रसाद जी मिश्र, 'भारती' की सहायता से संभाला और उनमें सफलता प्राप्त कर स्वर्गीय मातामह जी की अमरकीर्ति को उज्वल रखने में विशेष तत्परता प्रदर्शित की है। हजारों रोगी प्रतिमास आपके घर से निःशुल्क चिकित्सा और अमूल्य औषध लाभ कर रोगमुक्त होते देखे जाते हैं। जो आपके अनुभवी एवं सिद्धहस्त उदार चिकित्सक होने के बहुत बड़े उदाहरण हैं।

आपने अपने मुख्य उपास्य देव आयुर्वेद की सेवा के साथ साथ हिन्दी साहित्य की भी उचित सेवा की है। जब आपने देखा कि हिन्दी भाषा में आयुर्वेद वा स्वास्थ्य संबन्धी साहित्य का नितान्त अभाव है और हिन्दी भाषी जगत् वैद्यक शास्त्र के संस्कृत ग्रन्थों से अपनी ज्ञान-पिपासा मिटाने में सर्वथा असमर्थ है, तब आपने सर्वप्रथम स्वास्थ्य-संबन्धी लेख लिखने आरंभ किये। और उन्हें सामयिक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया। सर्व साधारण को ये लेख बहुत रुचिकर प्रतीत हुए, अतएव आप विशेष उत्साहित हुए। तभी से हिन्दी भाषा में बराबर स्वास्थ्यसंबन्धी लेख लिखते रहते हैं। क्रमशः आपकी हिन्दी साहित्य में आयुर्वेद का व्यापक प्रचार करने की प्रवृत्ति बढ़ती गई। कुछ मित्रों के अनुरोध और प्रोत्साहन पर आपने 'महाशक्ति साहित्य मन्दिर' नामकी एक संस्था स्थापित कर उसमें स्वास्थ्य विषयक कुछ उत्तमोत्तम पुस्तकों का प्रकाशन प्रारंभ किया। पर इतने से आपका मन सन्तुष्ट न हो सका, इसीलिये कुछ दिनों के बाद प्रकाशन को सुचारु रूप देने के लिए ही आपने महाशक्ति-प्रेस की भी वृहद् योजना की, जिससे आज आयुर्वेद की बड़ी सेवा हो रही है। प्रकाशन का कार्य आपने व्यापारिक दृष्टिकोण से नहीं किया है। क्योंकि अब तक उससे आपको हानि के सिवा कुछ लाभ नहीं हुआ है। आपकी पुस्तकमाला से अब तक १४ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, जिनमें ४ आपकी अपनी लिखी हुई हैं। १—जीवन-रक्षा, २—सुखीगृहिणी, ३—आहार विज्ञान, ४—वनस्पति-विज्ञान। इन पुस्तकों की बड़ी ही सुन्दर समालोचना हुई और साहित्य-संसार ने बहुत पसंद किया। सर्वसाधारण जनता ने भी हृदय से स्वागत किया। अन्य स्थानों से भी आपकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। आपकी प्रतिभा सर्वतोमुखी है। आप कथानक या कहानी लेखक भी हैं। आपकी कहानियों का संग्रह १—"भीना बाजार" नाम से काशी से प्रकाशित हुआ है। इनमें कुछ कहानियाँ तो बहुत ही सुन्दर और कलापूर्ण हैं। आपके पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाले अधिकांश लेखों का संग्रह २—"आरोग्य-विज्ञान" नाम से प्रयाग से प्रकाशित हुआ है। ३—'पुष्प-विज्ञान' नाम से भी आपकी एक बहुत ही उपादेय पुस्तक का प्रकाशन काशी से हुआ है। इनके अतिरिक्त कुछ पुस्तकें आपने कुछ सुयोग्य विद्वानों से भी लिखाई हैं। आपकी पुस्तक-माला से हिन्दी साहित्य में एक अभावांश की यथेष्ट पूर्ति हुई है। आप एक गंभीर एवं मननशील विद्वान हैं। हिन्दी में लिखने की आपकी एक अपनी शैली है। आप बड़ी से बड़ी एवं गंभीर बातों को बहुत स्पष्ट, सरल एवं व्यावहारिक भाषा में लिखते हैं। यही कारण है कि आपने हिन्दी साहित्य में भी एक अच्छी कीर्ति स्थापित कर ली है। अहमदाबाद सम्मेलन के निश्चयानुसार १९३६ के जनवरी मास में आप निखिलभारतीय आयुर्वेद महामंडल के संयुक्त मंत्री निर्वाचित हुए हैं। तब से आप उस पद पर योग्यतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। आप एक निरभिमान एवं सरल, सरस स्वभाव के सहृदय पुरुष हैं। काशी आपके ऐसे सुयोग्य विद्वानों से गौरवान्वित है। पण्डित नागेश्वरप्रसाद जी मिश्र, 'भारती' आपके दक्षिण हस्त हैं। परमेश्वर करें आप दोनों मित्रों की युगल जोड़ी अश्विनीकुमारों के समान चिरंजीवी हो और चिकित्सा-क्षेत्र में और भी सफल होकर आयुर्वेद की चिरकीर्ति को सुदृढ़ एवं सुस्थिर बनाने में विशेष सफल हो।

एस० एल० मारवाड़ी अस्पताल,
बनारस।

दुर्गादत्त शास्त्री (आयुर्वेदाचार्य)
विद्यापीठ-मंत्री।



श्रीमान् स्वामीश्री हरिशरणानंदजी।
संपादक, आयुर्वेद विज्ञान (हिंदी मासिक पत्र) अमृतसर।

पत्र और पत्रकार

आयुर्वेद-संदेश का संक्षिप्त इतिहास

पंजाब के इस मुख्य हिन्दी वैद्यक पत्र ने मार्च १९२८ में दयानन्दायुर्वेदिक कालेज, लाहौर की छात्रसभा के उत्साह से पंजाब प्रान्तीय प्रथम वैद्य सम्मेलन के अवसर पर जन्म लिया। भारतवर्ष की एक प्रसिद्ध संस्था से सम्बन्ध रखने के कारण वैद्यों ने इस शिशु का स्वागत किया। १९२८ से १९३० तक यह पत्र त्रैमासिक रहा। १९३१ से छः मासिक कर दिया गया। पुनः अप्रैल १९३४ में मासिक पत्र बना। अब इसका वार्षिक मूल्य २।) है और आकार १० × १० आठपेजी है। १९३४ से पूर्व इसका साईज १८ × २२ = ८ था। एवं यह पत्र शनैः २ बढ़ता हुआ भारत वर्ष के वैद्यक पत्रों में एक मुख्य स्थान को प्राप्त हो गया है।

इसमें प्रतिमास क्रमशः वनस्पतियों के चित्र, रोगादि वैद्यक विषयों पर उत्तम उत्तम लेख, आयुर्वेद सम्बन्धी सूचनायें और समालोचनायें, पर्वत यात्रा, कालेज-समाचारादि के प्रकाशन से यह पत्र दयानन्दायुर्वेदिक कालेज, तथा दूसरी संस्थाओं के छात्रों और सर्व साधारण वैद्यों के लिए उपयोगी और रोचक है। शास्त्र की रक्षार्थ यह पत्र सदैव तत्पर रहता है।

इसका सम्पादन कर्म आरंभ से आजतक संस्था के आचार्य के हाथ में रहा है। पं० हरदयाल जी तथा दूसरे अध्यापक सदैव इस कार्य में सहायता करते हैं। छात्र पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। मन्त्री छात्र-सभा तथा अन्य कई योग्य छात्र सहायक सम्पादक हुआ करते हैं। पत्र का आयव्यय का निरीक्षण आचार्य के आधीन है। वर्षान्त पर डी० ए० वी० कालेज प्रबन्धकर्तृ सभा द्वारा सब हिसाब की जाँच-पड़ताल की जाती है।

एवं यह पत्र आयुर्वेद के प्रचारार्थ उपयोगी सिद्ध हो रहा है और ख्याति को प्राप्त हो रहा है। ईश्वर करे चिरकाल तक जीवित रहे।

आयुर्वेदाचार्य सुरेन्द्रमोहन, बी० ए० मुख्य सम्पादक आयुर्वेद-संदेश, लाहौर।

❀ ❀ ❀ ❀

आयुर्वेद-विज्ञान

सबसे पूर्व स्वामी हरिशरणानन्दजी वैद्य द्वारा सन् १९२१ में पंजाब आयुर्वेदिक फार्मेसी नामक एक वृहद् औषध-निर्माणशाला का अमृतसर (पंजाब) में आरम्भ हुआ। इस औषधालय की कार्य-व्यवस्था जब काफी बढ़ चुकी थी, उस समय आयुर्वेद सम्बन्धी एक पत्र को निकालने की आवश्यकता दिखाई दी।

इसमें कोई संशय नहीं कि पत्र को निकालने का उद्देश्य व्यवसायिक नीति रही है। तथापि दूसरी ओर पत्र-प्रकाशन की इच्छा में मुख्य कारण स्वामीजी के क्रान्तिकारी विचार रहे हैं।

आयुर्वेद-संसार इस समय जिन नव्य युग के मध्य से गुजर रहा है उसका इस विज्ञानालोक पथ में आँख बन्द करके गुजरना स्वामीजी के लिये सह्य नहीं था। उनकी काफी

समय से यह इच्छा रही कि आयुर्वेद-संसार भी आधुनिक विज्ञान से समन्वित किया जाय। और प्रत्येक आयुर्वेद विषय को आधुनिक प्रयोग-वाद से सिद्ध किया जाय; सिद्ध ही न किया जाय, प्रत्युत क्रियात्मक रूप देकर उससे लाभ उठाया जाय। यदि आयुर्वेद आधुनिक विज्ञान-वाद को पूर्णतया तहीन कर ले या स्वयम् तहीन हो जाय तो अहोभाग्य। स्वामीजी ने इन्हीं विचारों की पूर्ति के अर्थ सन् १९२७ से आयुर्वेद-विज्ञान नामक सचित्र मासिक पत्र को जन्म दिया। इसका सम्पादन स्वयम् स्वामीजी ने किया। उस समय आयुर्वेद-विज्ञान तीन मास तक बड़ी शान-बान से निकला; परन्तु शोक! कि ऐसे विज्ञान परिमार्जित लेखों से युक्त पत्र का वैद्यों ने समुचित आदर न किया। वैद्यों की ओर से प्रायः यह माँग आती रही कि हमको तो अनुभूत नुस्खे (योग) चाहियें। हम ऐसे उच्च लेखों को पढ़ कर क्या करें। हमें तो हाथ पर सरसों जमाने वाली विधि बताओ। इत्यादि उस समय वैद्य संसार की इस निकृष्ट विचार धारा को देख कर १५००) हानि उठा पत्र का प्रकाशन स्थगित करना पड़ा।

आयुर्वेद-विज्ञान का यह उद्देश्य कदापि नहीं था कि नागराक्षर पढ़ने वालों को केवल योग बताकर निरक्षर वैद्य समुदाय उत्पन्न किया जाय। पत्र का प्रकाशन बन्द कर देने पर भी स्वामीजी की यह प्रबल इच्छा रही कि आयुर्वेद-संसार संसार-प्रवाह से कहीं पीछे न रह जाय इस लिये वह ऐसे वैद्यों की संख्या बढ़ाने में लगे रहे जो विज्ञान-वाद के लाभ को समझने की योग्यता रखते हों।

१९३१ जनवरी को पुनः आयुर्वेद-विज्ञान का प्रकाशन आरम्भ हुआ। अभी छः मास भी व्यतीत नहीं हुए थे कि कार्य बढ़ गया, एक व्यक्ति के लिये पत्र का सम्पादन कठिन हो गया, इसी लिये जुलाई १९३१ में गुरुकुल स्नातक पं० योगेन्द्रपालजी आयुर्वेदालंकार को सम्पादकीय विभाग में ले लिया गया। इस वर्ष तो पत्र निर्विघ्न निकलता रहा।

१९३२ में पुनः कांग्रेस आन्दोलन आरम्भ हुआ। स्वामीजी आगे ही से कांग्रेस कार्यकर्ता थे। स्थानिक राज्य-व्यवस्था द्वारा उन्हें नोटिस दिया गया कि वह किसी सभा सोसायटी के कार्य में भाग न लें; परन्तु स्वामीजी ने सविनय अवज्ञा भंग कर कांग्रेस डिक्टेटर पद पर जा डटे। गवर्नमेंट ने इसी अपराध में आपको २ वर्ष का कठिन कारावास तथा २००) रुपया दण्ड की सजा दी। स्वामीजी की अनुपस्थिति में पं० योगेन्द्रपालजी ने पत्र-सम्पादन का समस्त भार अपने ऊपर आया देख उसे न सँभाल सके। इसी लिये आपने इसे त्रैमासिक कर दिया। स्वामीजी जब तक कारावास में रहे पत्र इसी रूप में निकलता रहा।

१९३४ जनवरी को जब स्वामीजी कारावास मुक्त हुए, पुनः इसे मासिक रूप देने का निश्चय किया। परन्तु फार्मेसी सम्बन्धी अन्य आवश्यक कार्यों की अधिकता के कारण छः मास तक पत्र का प्रकाशन न हो सका। इस मध्य में स्वामीजी उक्त परिस्थिति का गम्भीरता से अध्ययन करते रहे। अन्त में स्वामीजी ने यह देखा कि बिना विज्ञान-वाद की सहायता के देश जाति का कल्याण नहीं, न आयुर्वेद ही, बिना विज्ञान के समुन्नत हो सकता है, इसी लिये किसी वैज्ञानिक संस्था की सहायता आवश्यक दिखाई दी। अन्त में पत्र-व्यवहार द्वारा निश्चय हुआ कि आयुर्वेद-विज्ञान विज्ञान नामक विज्ञान-परिषद के मुख्य कार्य में मिला दिया जाय। तथा फार्मेसी भी विज्ञान-परिषद के आधीन कर दी जाय। इस निश्चय के अनुसार १९३४ के जुलाई मास से आयुर्वेद-विज्ञान विज्ञान पत्र का मुख्य अंग बन कर उसके साथ प्रकाशित हो रहा है। जिसकी स्थिति इस समय प्रमुख पत्रों में है।

ATE VISAGBHUSAN KAVIRAJ A. C. Bisharad M. R. A. S. (Lond.)
Editor & Founder "Journal of Ayurveda".
Maker & Managing Editor, "Indian Medical Record".

Dhanwantari.

(Illustrated Monthly magazine)

This journal is running for the last 12 years. It was Registered under No. A. 1215. in the Chaitra-mas of Samvat 1980, when only a couple or two Ayurvedic journals were flourishing. Since then, Almighty have sant many companions to it, a dozen of which are still serving the Ayurveda.

The number of its subscribers now reaches to 1500, (The largest of all the Ayurvedic magazines).

The annual subscription is Rs. 3/— only.

Its proprietor is The Dhanwantari Karyalaya. Mastered equally by Vaidya Bhaskar Bankeylal Gupta. and Vaidya Debishanran, Jwalasaran Gargs.

The Editors are:—jointly:—

Vaidya Bhaskar Bankey Lal Gupta, Ayurvedacharya. Author of:—Soorya Rashmi Chikitsa, Parikshit Prayag. Ayurvediya Upchar Paddhati 2 parts & Madhava Nidan Bhaskar (not complete).

Dr. Ganpati Chandra Kela, Visharad, Sahitya Ratnakar. Author of:—Sansar Sar Sangraha, Gandhi Gita. Principles & Practice of Medicine (compiled in 8 volumes). & Visuchika-vigyan. (Not published)

A brief account of the paper may be so stated that:—

It commenced in Demy/Octavo size in the beginning of 1923. It was the first Ayurvedic journal to publish a Special number, in the same year. In the 1926 it presented Swapna-pramehank, a special number on one disease, first of its quality. In the 1927 Malawarodhanka (Specially on Constipation) was presented which has not been excelled as yet by any publication of its sort. From this year Dhanwantari attained larger size of Crown-quarto, which is current as yet.

In the year 5th. of its birth in 1928, it presented Praveshank (Dealing specially on Hysteria) and also the First large compilation of Prescriptions. "The Prayogank." in the 7th. and 8th. years it presented bhoot-yogank and Parikshit Prayogank, respectively containing more than a 1000 prescriptions. each, with above 60 illustrations. Priced 2/only.

As sufficient prescriptions had been selected so-far, it presented the first treatise on treatment of prominent diseases as a special number named "Anubhoot-chikitsank" in its 9th. year, edited by Vaidya Bhooshan Pt. Govardhanji Sharma Chhangani also, (Editor-in-chief of the Vaidya Sammelan Patrika).

In the years 6th. 7th. 8th. and 9th. another special numbers were also presented namely, Grihasthank, Nari-rogank, Madhumehank, and Siddha-yogank respectively. priced-/12/- only.

In the present year it has presented 2nd compilation of complete treatment of all important diseases, edited specially by Kaviraj Pratap Singh ji Rasayanacharye-President All India. Ayurveda Mahamandal; named "Chikitsa-anubhavank".

Dhanwantari has specially contributed its efforts to the establishment of Ayurvedic glory and superiority, publication of important or un-published herbs, and shrubs, drugs, and their marvellous use. Thesis from the experts about Special diseases like Athsma, Phthisis, Small-pox, Plague, Insanity, Diabetes Cholera &tc. have been published in it; Dash-mool, Ashtawarga, Kankushtha, Kharpar, &c. all important drugs have been dealt-with and special attention has been paid towards Anatomy, Physiology and Surgical knowledge of the Ancient and Recent-days.

Antidotes for snake-bite, and publication of the results of prescriptions published in Dhanwantari has been its speciality again, and this object has been always attempted that The Public, Profession and Authorities, Hakims and Doctors as well may get good regards for our noble harm-less Ayurveda.

This is the only medical journal Approved for the school-libraries by Text-books committee of the Education Dept. of the Central Provinces and Berar.

अनुभूत योगमाला

इस पाक्षिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९२३ से हुआ है। १२ साल पूरे हो गये हैं। १३ वां जनवरी से प्रारम्भ होगा।

इसकी ग्राहक संख्या इस वर्ष १००० है। वार्षिक मूल्य ४) रु० है।

इसके प्रोप्राईटर और सम्पादक चिकित्सक चूणामणि पं० विश्वेश्वर दयालु वैद्यराज हैं। फोटो ब्लाक भी समय समय पर छपते हैं।

प्रथम यह सन् १९२४ तक मासिक रहा। बाद को सन् १९२५ से पाक्षिक होगया सन् १९२३ में इसका मूल्य १) रुपया रहा। बाद को २) सन् १९२४ में रहा। २५ से ३) रु० हो गया। और २६ में ४) रु० होगया।

विशेषतायें। इसके साथ पुस्तक प्रकाशन विभाग भी है। जिसमें अब तक ३ दर्जन के करीब पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—सबसे बड़ी पुस्तक आयुर्वेदीय कोष है, जो २२ × २९ साईज के १०००० पृष्ठों की १० भागों में प्रकाशित होगी। इसका प्रथम भाग छप चुका है। जो "अ" रदीफ के ९५० पेजों में समाप्त हुआ है। वैद्य समाज में यह ग्रन्थ अपनी शान का अकेला है। इतना बड़ा और विशेषताओं से परिपूरित कोई भी निघण्टु इसकी शानी का नहीं आजतक निकला, इसमें आयुर्वेदीय, यूनानी, एलोपैथी की अबतक की कोई भी शोध शेष नहीं रक्खी गई। विशेष सूचीपत्र से पूरा कीजिये।

वैद्यराज पं. विश्वेश्वर दयालु।
संपादक, अनुभूतयोगमाला (हिन्दी मासिकपत्र) बरालोकपुर, इटावा।

श्रीमान् पं. रूपेन्द्रनाथशास्त्री. बरालोकपुर (इटावा)।
संपादक–राकेश (हिन्दी वैद्यकपत्रिका)।

"आयुर्वेद प्रचारक"

'सचित्र वैद्यक मासिक पत्र' काशी। संपादक कविराज श्री शाण्डिल्य त्रिवेदी जी। इस पत्र का प्रकाशन "अखिलभारत वर्षीय आयुर्वेद प्रचारणी सभा के" मुख पत्र के स्वरूप में सन् १९२१ ई० में हुआ। पुनः उक्त सभा का अस्तित्व उक्त सभा के मंत्री श्री केशरीप्रसाद जी शर्मा आयुर्वेदाचार्य महोदय के स्वर्गस्थ होने से समाप्त ही सा हो जाने से उक्त पत्र का क्रमशः कई सज्जनों ने समय समय पर संपादन और संचालन किया। इधर लग भग आठ वर्षों से इसका प्रकाशन और संचालन कविराज शाण्डिल्य जी त्रिवेदी द्वारा उनकी शाण्डिल्य कुटी तथा आयुर्वेदिक अनुसन्धान भवन (आयुर्वेदिक रिसर्च इंस्टीव्यूट) के रूप में होता रहा है। और वर्तमान में भी यह पत्र पूर्ववत् आयुर्वेद की सेवा प्रचार कार्य करता हुआ प्रतिमास काशी से प्रकाशित हो रहा है। उक्तपत्र से भारत के शिक्षित समाज में आयुर्वेद का अद्भुत प्रचार हुआ है। और हो रहा है। इस पत्र की नीति कविराज जी के संचालन काल में प्रायः ऐसी ही रही है, जैसी की उनके स्वयम् की प्रायः रहा करती है। अर्थात् वैद्य समुदाय से तटस्थ प्रचार करना कराना; परंतु आवश्यकता पड़ने पर श्री बरार मध्यप्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के न्यायोचित पक्ष का समर्थन कर इस पत्र ने C. P. के आयुर्वेद संसार में नवीन जीवन की लहर उत्पन्न कर दी। इधर भी उक्तपत्र अपनी दिनोदिन वृद्धि कर रहा है। और आयुर्वेद प्रचारार्थ अपनी पृष्ठ संख्या भी बढ़ा रहा है। एवं विशेषांक का भी आयोजन जारी है। यही इस वैद्यक मासिक पत्र का संक्षिप्त परिचय है।

आयुर्वेदिक पाक्षिक पत्र 'राकेश' और उसका संक्षिप्त परिचय

पाठको! प्रथम इसके कि मैं आपको 'राकेश' का परिचय कराऊँ, इसके उत्साही, संसार हितैषी, आयुर्वेद के सच्चे सेवक, एक्स मेम्बर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, सञ्चालक महोदय श्री पं० राजकुमारजी द्विवेदी प्रतिष्ठित रईस व जमीदार, तथा आपके ही लघुभ्राता आयुर्वेद के प्रगाढ़ विद्वान् लब्धप्रतिष्ठ यशस्वी, आयुर्वेदमार्तण्ड द्विवेदी पं० रूपेन्द्रनाथ जी शास्त्री प्रधान सम्पादक 'राकेश' का कुछ परिचय कराना आवश्यक है।

आप श्रेष्ठ कान्यकुब्ज ब्राह्मण जाति के उज्ज्वल रत्न हैं। आप आठ भाई थे, जिसमें होनहार दो लघुभ्राता चन्द्रशेखर और राकेशदेव, किशोरावस्था में ही स्वर्गवासी हो चुके हैं। शेष भ्राता पं० बाबूराम जी शर्मा वैद्यभूषण, पं० विजयबहादुर जी शर्मा "भगवत खेही", पं० कृष्णकुमार जी वैद्य तथा पं० कृष्णमुरारीलाल जी शर्मा हैं।

वैसे तो आयुर्वेद की सेवा एवं चिकित्सा कार्य आपकी कई पीढ़ियों से चला आरहा है। ऐसे-ऐसे आयुर्वेद के विद्वान् आपके खानदान में हो चुके हैं, जिनके चिकित्सा-कौशल को देखकर दांत तले उंगली दबानी पड़ती है। इसी पैत्रिक सेवा को विस्तृत रूप देने के लिए सञ्चालक महोदय ने आज से २९ वर्ष पूर्व अपने पुराने कार्य को संसार प्रसिद्ध "श्री भगवत आयुर्वेदिक फार्मेसी" का रूप देकर, बहुत ही ऊंचे परिमाण में हर प्रकार की दुष्प्राप्य वनौषधी, खनिज आदि द्रव्यों को गहन परिश्रम तथा प्रचुर व्यय-द्वारा संग्रह कर, और बड़े से बड़े

परिमाण में कई योग्य अनुभवी रसायनाचार्य वैद्यों की अध्यक्षता में रस, भस्मादिक आयुर्वेद शास्त्र की समस्त औषधें तैयार कराकर वैद्यराजों, हकीमों को अतिसूक्ष्म मुनाफ़े पर देने का बृहत आयोजन किया है। इस सेवा के फल स्वरूप भारतवर्ष के सुदूरवर्ती अनेक आयुर्वेदज्ञ विद्वानों तथा निखिल भारतवर्षीय वैद्यसम्मेलन से औषधियों की उत्तमता, चिकित्सा विषयक सुलभ साधन जुटाने, तथा औषधों के सभी उपादानों को असली रूप में फार्मेसी से प्राप्त होने पर, प्रधान श्रेणी के प्रमाण पत्र बहु संख्या में मिले हैं। जो संचालक की सफलता के द्योतक हैं।

उदार वैद्य विद्वानों की इच्छा और मांग के अनुसार फार्मेसी की शाखायें (प्राञ्च) इटावा और कानपुर में खोली गई हैं। और मालवा व मध्यप्रान्त के सज्जनों के लाभार्थ ग्वालियर राज्य में बड़ी शाखा खोलने का आयोजन हो रहा है।

आयुर्वेदिक पाक्षिक पत्र वैद्योपयोगी उद्देश्यों से भरपूर आज से सातवर्ष पूर्व पं० रूपेन्द्रनाथजी शास्त्रीजी के सम्पादकत्व में श्री भगवत आयुर्वेदिक फार्मेसी के एक विभाग ने निजी 'राकेश' प्रिंटिङ्ग प्रेस स्थापित कर, जन्म दिया। इस पत्र के मौलिक वैज्ञानिक सुलेखों एवं आयुर्वेद के नष्ट प्राय अङ्गों की अभूतपूर्व विवेचना पर मुग्ध हो विज्ञ वैद्यों ने अपनी उदारता का परिचय दे, अच्छे रूप में सहृदयता से अपनाया। उसी सफलता के अनुरूप 'राकेश' के जन्म से लेकर प्रत्येक वर्ष बड़े-बड़े दर्शनीय तथा पठनीय, प्रख्यात विद्वानों के खोजपूर्ण तद्विषयक लेखों से परिपूर्ण दो-दो चार-चार विशेषाङ्क प्रकाशित कर आयुर्वेद के यश को दिगन्त में धवलित किया है। उन विशेषाङ्कों में से कुछेक के नाम यह हैं। निखिलभारत-वर्षीय वैद्य सम्मेलन, नासिक के अवसर पर प्रकाशित होने वाला 'सम्मेलनाङ्क' 'क्लीवताङ्क' 'ग्रीहाङ्क' 'वाजीकरणाङ्क' 'नेत्ररोगाङ्क' 'रसेश्वर दर्शनाङ्क' (इसमें पारद के विषय में वैज्ञानिक विवेचन किया गया है।) 'गर्भाङ्क' 'धातु विज्ञानाङ्क' 'बालरोग विज्ञानाङ्क' 'सिद्धयोगाङ्क' 'सिद्धोपचाराङ्क' 'क्षयाङ्क' 'रक्तरोगाङ्क' आदि आदि हैं। सन् ३६ के प्रारम्भ से 'राकेश' में कई दुष्प्राप्य बूटियों के बहुरङ्गे चित्र एवं पाठ्य विषय में भी वृद्धि कर दी गई है, 'राकेश' का वार्षिक चन्दा भारतवर्ष के ग्राहकों से ३) रुपया रखा गया है।

पत्र की एक ग्रन्थमाला "राकेश किरणमाला" नामक रक्खी गई है। जिसमें अप्र-काशित प्राचीन-प्राचीन ग्रन्थ एवं प्राच्य, पाश्चात्य तुलनात्मक उपयोगी ग्रन्थ प्रकाशित होने की व्यवस्था है। अब तक उक्त 'माला' की प्रथम किरण पूयमेह विज्ञान अथवा गिनोरिया विज्ञान, द्वितीय किरण, प्राच्य शल्यतन्त्र; पाश्चात्य शल्यतन्त्र प्रकाशित हो चुके हैं। जिनका आयुर्वेद जगत में अच्छा स्वागत हुआ है। निकट भविष्य में बड़े-बड़े प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ जो आयुर्वेद संसार में एकदम नवीन और महान उपयोगी हैं, प्रकाशित होंगे।

मान्यवर सञ्चालक महोदय को इतने सेवा-कार्य पर भी सन्तोष न हुआ, अब से सात वर्ष पूर्व अपने लघुभ्राता उक्त पं० रूपेन्द्रनाथजी शास्त्री के सम्पादकत्व में 'राकेश' आयुर्वेदिक पाक्षिक पत्र का, वैद्योपयोगी उद्देश्यों से भरपूर, श्री भगवत आयुर्वेदिक फार्मेसी के एक विभाग से निजी राकेश प्रिंटिंग प्रेस स्थापित कर, जन्म दिया। इस पत्र के मौलिक वैज्ञानिक सुलेखों एवं आयुर्वेद के नष्ट प्राय अङ्गों की अभूतपूर्व विवेचना पर मुग्ध हो, विज्ञ वैद्यों ने अपनी उदारता का परिचय दे, अच्छे रूप में सहृदयता से अपनाया। उसी सफलता के अनुरूप 'राकेश' के जन्म से लेकर प्रत्येक वर्ष बड़े-बड़े दर्शनीय तथा पठनीय, प्रख्यात विद्वानों के

श्रीमान् आयुर्वेदाचार्य कविराज पं. गोपाल प्रसाद शर्मा कौशिक।
संपादक, 'स्वास्थ्य' (मथुरा)।

खोजपूर्ण तद्विषयक लेखों से परिपूर्ण दो-दो चार-चार विशेषाङ्क प्रकाशित कर, आयुर्वेद के यश को दिगन्त में धवलित किया है।

स्वास्थ्य

सचित्र मासिक पत्र का संक्षिप्त इतिहास

सुन्दर शृंगार कार्यालय के अध्यक्ष अनेक पेटेन्ट औषधियों के आविष्कारक और कई आयुर्वेदीय पुस्तकों के लेखक लाला जगन्नाथदासजी वैश्य, मथुरा के प्रसिद्ध व्यवसायी और आयुर्वेद प्रेमी थे। आयुर्वेद की उन्नति तथा स्वास्थ्य विज्ञान के सरल नियमों के प्रचार की ओर इनका विशेष ध्यान था। आपने इसके लिये एक विस्तृत कार्ययोजना भी बड़े तर्क-वितर्क एवं अन्वेषण के बाद बनाई। इस योजना को सफल बनाने के लिये एक विद्वान सम्पादक की खोज में थे दुर्भाग्यवश इसी बीच में उनका वैकुण्ठवास हो गया।

स्वास्थ्य के वर्तमान सम्पादक कविराज श्री गोपालप्रसाद जी शर्मा "कौशिक" आयुर्वेदाचार्य के हृदय में आयुर्वेद उन्नति और देश सेवा की महान भावना अविच्छिन्न रूप से है। आपको भी वर्तमान साहित्य में स्वास्थ्य विज्ञान विषयक उपयुक्त उचित मासिक का प्रकाशन अभाव बराबर खटक रहा था, जो कुछ पत्र हैं भी उनका सम्पादन प्रकाशन अधिक ऊँचे स्टैण्डर्ड पर चाहते थे। इसी विचार से एक स्वतंत्र मासिक प्रकाशन का विचार आप कर रहे थे जिसमें निम्न विशेषतायें हों—

१—देश-विदेश के सुप्रसिद्ध प्रौढ़ विद्वान लेखकों के लेखों का प्रकाशन।

२—यशस्वी और सफल चिकित्सकों की अनुभूत चिकित्सा प्रणाली का प्रकाशन।

३—स्वल्प मूल्य की सुलभ औषधियों (सरलता से प्राप्त होने वाली वनस्पतियों) द्वारा गृहस्थ भी लाभ उठा सकें इस लिये सरल और अनुभूत प्रयोगों का प्रकाशन।

४—स्वास्थ्य विषयक नियमों का सरल रूप से वर्णन।

५—आयुर्वेद-शास्त्र और चिकित्सा-विज्ञान के गूढ़ ज्ञान का सम्यक विश्लेषण।

६—पाश्चात्य विज्ञान के उपयोगी और आवश्यक विषयों का सरलता से निरूपण।

७—जिन विषयों का आयुर्वेद में अभाव है उनकी अनुभवबल तथा अन्य विज्ञानों से पूर्ति।

८—पबलिक हेल्थ, गवर्नमेन्ट मेडिकल डिपार्टमेन्ट, यू० पी०, इण्डियन मेडिसन बोर्ड, आयुर्वेद महामंडल वैद्य सम्मेलन, आयुर्वेदिक कालेज आदि संस्थाओं की रिपोर्ट विवरण आदि का प्रकाशन।

९—विषय के सरल और सम्यक बोध करने के लिये आवश्यक चित्रों का प्रकाशन।

१०—रोगचिकित्सा के साथ ही रोग उत्पन्न न होने देने की ओर अधिक लक्ष्य।

११—आयुर्वेद विद्यार्थियों के लिये परीक्षोपयोगी प्रश्न पत्रों के लिखने की विधि।

कागज, छपाई, मूफ संशोधन सभी उत्तम, कवर तिरंगा चित्र युक्त भव्य, इस पर भी मूल्य केवल २) रुपया हो।

इसी सिलसिले में कौशिकजी मुझ से मिले तो पता चला कि काकाजी की और आपकी विचार धारा मिलती हैं तथा योजना में भी विशेष समानता है, अतः आपके सम्पादकत्व में "स्वास्थ्य" निकालना निश्चित हुआ है। स्वास्थ्य के साथ-ही-साथ ग्रन्थमाला भी रहेंगी। इसमें प्रत्येक रोग एवम अन्य स्वास्थ्योपयोगी विषयों पर सर्व भाषा में स्पष्ट और विशद विवेचनापूर्ण निबन्ध (ट्रैक) प्रकाशित किया है। दूसरी में आयुर्वेद के गूढ़ ज्ञान युक्त प्राचीन प्रकाशित और अप्रकाशित ग्रन्थों पर सरल और सर्वाङ्गीणपूर्ण टीका करके सुलभ मूल्य में प्रकाशित किये जायेंगे—उपरोक्त योजनाएँ बहुत शीघ्र ही प्रकाश में आने वाली हैं। स्वास्थ्य द्वारा और भी जो कुछ योजनाएँ हैं या जो कुछ आयुर्वेद की सेवा हमारा मण्डल (स्वास्थ्य मंडल) करना चाहता है निवेदन करेंगे।

❀ ❀ ❀ ❀

आयुर्विज्ञान सम्मेलनी

वंग देश में एक ही आयुर्वेद पत्रिका है जो कलकत्ते से निकलती है।

भाषा "वंगभाषा" जन्मतिथि—१३३८ वंगाब्द कार्यालय—१९१ बहुबाजार स्ट्रीट, कलकत्ता। आरोग्य निकेतन सम्पादक—"कविराज इन्दुभूषण सेन आयुर्वेद शास्त्री वार्षिक मूल्य दो रुपया दश आना २॥≈)। प्रति संख्या चौदह पैसा ≥)॥। आपके अस्पताल में अंग्रेज डाक्टर ने जो कटाक्ष किया, उसका इस पत्रिका में तीव्र खण्डन किया है। उस लेख की कापी भेजी जाती है। सम्पादक श्रीमान इन्दुभूषण सेन आयुर्वेद शास्त्री महाशय की तसवीर भी भेजी जाती है। आप यदि रजत जयन्ती या वैद्य सम्मेलन का संवाद भेजना चाहें तो इस पत्रिका में भेज देवें।

❀ ❀ ❀ ❀

आरोग्य सिन्धु

सम्पादक—वैद्य गोपाल जी कुंवर जी ठक्कुर

यह वैद्यक मासिक पत्र आज तेरह साल से सिंध के पाटनगर कराची से प्रगट होता है। भाषा और लिपि गुजराती है और इनका प्रचार हरेक प्रांत में अच्छा हो चुका है इस पत्र के द्वारा वैद्यों में ठीक जाग्रति हुई है और गुजराती भाषा के तीन वैद्यक मासिक पत्र हैं उनमें इन पत्र का भी योग्य स्थान रहा है, वैद्य संमेलन की कार्यवाही का पूर्ण हवाला इस पत्र में हमेशा प्रगट होता रहता है। सिवाय आरोग्य आयुर्वेद और जनोपयोगी वैद्यक बातों पर अच्छा प्रकाश डाला जाता है। वार्षिक मूल्य सिर्फ २ रुपया है और निम्न पते पर से मिलता है। आरोग्य सिन्धु कार्यालय, नानकवाडा, कराची।

"आरोग्य सिन्धु ग्रन्थमाला" सम्पादक वैद्य गोपाल जी ठक्कुर, नानकवाडा, कराची, इस ग्रन्थमाला द्वारा आज दश वर्ष में करीब २० पुस्तक प्रगट हो चुकी हैं, एक पुस्तक न्याय-वैद्यक और विष तंत्र हिन्दी भाषा में है और पुस्तकें गुजराती भाषा में हैं इन पुस्तकों का प्रचार अच्छा हो रहा है और पुस्तकों द्वारा वैद्यक प्रचार में ठीक सहायता होती है।

श्रीमान् वैद्यराज गोपालजी कुंवरजी ठक्कुर।
संपादकः 'आरोग्यसिन्धु' (गुजराती मासिक पत्र)।
संचालक और स्वामि, धी सिन्ध आयुर्वेदिक फार्मसी (कराची)।

श्रीमान वैद्यराज रविशंकर जटाशंकर त्रिवेदी अमदावाद ।
संपादक, वैद्यकल्पतरु (गुजराती मासिकपत्र) ।

वैद्यकल्पतरु

आद्य संपादक स्वर्गस्थ वैद्यराज जटाशंकर लीलाधर त्रिवेदी आयुर्वेद पञ्चानन । वर्तमान संपादक वैद्य रविशंकर जटाशंकर त्रिवेदी मालिक गुजरात आयुर्वेदिक फार्मेसी अहमदाबाद ।

हमारे स्वर्गीय पिता श्री वैद्यराज जटाशंकर लीलाधर त्रिवेदी जी ने महात्मा शंडु भट्ट जी और अन्यान्य विद्वान वैद्य मित्रों के अनुग्रह से प्रथम ई० सन् १८९४ में आयुर्वेदिक मासिक पत्र वैद्यकल्पतरु नामक शुरू किया । हमारे प्रांत में वैद्यकीय साहित्य का वाचन वैद्य समाज और जनसमाज के आगे उपस्थित किया । आप सुभाषित लेखक तर्क शास्त्र में प्रवीण और शास्त्रज्ञ थे । साहित्य में भी आप अच्छे निष्णात थे । शुरुआत में तो कुछ वर्षों तक वैद्य-कल्पतरु मासिक में बहुत कुछ व्यय कराया । लेखकों का अभाव था किंतु गुरुवर्य श्री महात्मा शंडु भट्टजी और आपके सुज्ञ मित्रों की वैद्यक साहित्य विषयों में अच्छी सहायता मिल जाने से हताश न हुए और उत्साह रखते हुए मासिक का कार्य के खर्च में घाटा पड़ते भी आगे बढ़ाते रहे । आपकी प्रखर प्रतिज्ञा थी कि आयुर्वेद मासिक द्वारा आयुर्वेद की, वैद्यसमाज की और जन समाज की सेवा करने की ही है । चाहे जो हो जाय मासिक को वैद्यसमाज और जनसमाज में प्रिय बनाने के लिये आपने बहुत ही कष्ट उठाया और अंत में जैसी आपकी शुभ भावना थी वैसा ही शुभ फल प्राप्त किया और कल्पतरु मासिक पत्र के साथ ही साथ अन्यान्य वैद्यकीय साहित्य के पुस्तकों को भी प्रगट करने लगे और हर साल वैद्य समाज और जनसमाज को उपयोगी होवे ऐसी एक एक पुस्तक वैद्य कल्पतरु के ग्राहकों को बिना मूल्य उपहार देना शुरू किया । इस प्रयत्न से जनसमाज की और वैद्य समाज की अभिरुचि बढ़ गई । आपके प्रयत्न से और कार्य करने की शैली से प्रसन्न होकर कितने ही डाक्टर भाइयों ने भी वैद्यकल्पतरु मासिक में अपना लेख भेजने को प्रवृत्त हुवे और अभी भी बहुत से डाक्टर भाइयों ने इस शुभ प्रसिद्ध अग्रगण्य गुर्जर मासिक पत्र वैद्यकल्पतरु में अपने विद्वत्तापूर्ण लेखों को भेज के हमको उपकृत कर रहे हैं । मासिक पत्र के ग्राहकों की संख्या हमारे पिता श्री की हयाती में बढ़ करके २५०० से ३००० तक पहुँच गई थी । उनके देहान्त के बाद स्वाभाविक रीति से जो कुछ थोड़ा बहुत घाटा लग गया है वह भविष्य में पूर्ण होने की संभावना रहती है । हमारे पिताश्री ने घरवैद्य (Family Medicine) नामक एक उपयोगी वैद्यक संग्रह का ग्रंथ गुर्जर भाषा में बनाकर सरल वैद्यक का प्रचार हमारे प्रांत में बढ़ाया है । इस ग्रंथ के द्वारा देहातों में वैद्यों और सामान्य समाज भी अपना कार्य सरलता से साध्य कर लेते हैं । भाषा ज्ञान वाले वैद्यों को यह ग्रंथ मार्ग दर्शक हैं याने आयुर्वेदीय मार्गोपदेशिका का कार्य करता है । आज दिन तक इसकी आठ आवृत्तियाँ हो चुकी हैं । हमारे पिता श्री ने वैद्यकल्पतरु मासिक को हिन्दी भाषा में प्रगट करना शुरू किया था परंतु खर्च पुरा हो जाय इतने भी ग्राहक न होने से इनको बंद करना पड़ा । हमारा मासिक कितने ही देशी राज्यों में अपने एज्युकेशन विभाग में वाचनालयों (लायब्रेरी) के लिये पसंद किया गया है । उसमें अच्छे अच्छे विद्वान वैद्यों, आयुर्वेद प्रेमी सज्जनों ने अपने अपने महत्त्वपूर्ण जन समाजोपयोगी, वैद्योपयोगी और आयुर्वेद की प्रगति के लिये उत्तम लेख भेज कर इस मासिक को बहुत ही उपकृत करते हैं । हम उनके बहुत ऋणी हैं । हमारे प्रांत में वैद्य-कल्पतरु मासिक पत्रों में अग्रगण्य और बहुमान्य है । नि० भा० आ० महामंडल और विद्यापीठ की प्रगती महासम्मेलनों और प्रान्तीय सम्मेलनों के हवाले और अन्यान्य वैद्यकीय समाचार

हमारे मासिक में हर समय प्रगट करते रहते हैं। वैद्यकीय नवीन आविष्कारों को भी उसमें अग्रस्थान देते हैं। मासिक का मूल्य रु० ३) तीन रुपया वार्षिक है। उपहार की पुस्तक मुफ्त भेजते हैं।

इस मासिक में आज तक वैद्यों डाक्टरों, हकीमों और सामान्य विद्वान सज्जनों ने मिला के ४५० लेखकों ने वैद्यकीय लेखों भेज कर हमको मदद दी है उनका हम ऋणी हैं।

वैद्य रविशंकर जटाशंकर

❀ ❀ ❀ ❀

बिहारप्रान्तीय वैद्य सम्मेलन त्रैमासिक पत्रिका

बिहार प्रान्त में आयुर्वेदीय पत्र पत्रिकाओं का नितान्त अभाव था, अतएव वैद्यों में परस्पर सङ्गठन, आयुर्वेद प्रचार तथा विचार-विनिमय में अत्यन्त कठिनाई का अनुभव कर प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन ने पहले पहल वि० प्रा० वै० सं० त्रैमासिक पत्रिका निकालने का निश्चय किया। तदनुसार सन् १९३३ से पत्रिका प्रकाशित हो अपने उद्देश्यों की सिद्धि के लिए प्रयत्न करती हुई निकल रही है। पत्रिका में प्रान्तीय तथा भारतीय बड़े बड़े आयुर्वेदवेत्ता विद्वानों के आयुर्वेद विषयक गवेषणा पूर्ण मौलिक निबन्ध, अनुभूत योग तथा पभोत्तर आदि उपयोगी विषय प्रकाशित किये जाते हैं।

पत्रिका के संरक्षक हैं वैद्यरत्न भिषगाचार्य पं० ब्रजविहारी चतुर्वेदी जी आयुर्वेद रत्नाकर पटना।

सम्पादक मण्डल निम्न लिखित निर्दिष्ट हैं।

प्रधान सम्पादक—आयुर्वेदाचार्य पं० श्री विधुभूषण सेन काव्यतीर्थ कविरत्न।

सम्पादक—आयुर्वेदाचार्य गोस्वामी पं० भैरवगिरि जी का० सा० तीर्थ कविरत्न।

,, ,, पं० सुखराम प्रसाद बी० एस० सी०।

,, श्री पाठक प्रमोद शरण शर्मा चिकित्सक।

,, काव्यतीर्थ पं० श्री श्री कान्त शर्मा वैद्यरत्न।

प्रकाशक—वि० प्रा० वै० सं० कार्यालय पटना।

पत्रिका प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन के सदस्यों को मुफ़्त मिलती हैं और सर्व-साधारण को प्रचार के लिये १) रुपया वार्षिक मूल्य में दी जाती है।

❀ ❀ ❀ ❀

रत्नाकर

आयुर्वेद सम्बन्धी उच्चकोटि का सचित्र मासिक पत्र। सम्पादक आयुर्वेदाचार्य पं० छोटेलाल जी जैन वैद्य। यह पत्र छः वर्षों से इटावा से प्रकाशित हो रहा है। इसका वार्षिक मूल्य २) है।

आरोग्य

सम्पादक वैद्य पं० चन्द्रचूड़ जी शास्त्री, चतुर्वेदी तथा वैद्य पं० सूर्य नारायण जी जोशी। वार्षिक मूल्य १)। पता—c/o बाम्बे एजेन्सी, इन्दौर।

श्रीमान् वैद्य गोपीनाथ गुप्त अहमदाबाद।
संपादक, आरोग्यदर्पण (हिन्दीमासिक पत्र)।

आयुर्वेद

यह महाराष्ट्र भाषा का पत्र है और वैद्य आप्पा शास्त्री साठे के सम्पादकत्व में बम्बई से बाइस वर्षों से प्रकाशित हो रहा है। इसका वार्षिक मूल्य १॥=) है।

आर्यवैद्य

यह भी महाराष्ट्र भाषा का पत्र है। पूना से वैद्यभूषण गणेश शास्त्री जोशी के सम्पादकत्व में प्रकाशित हो रहा है। इसका वार्षिक मूल्य १) रुपया है।

आरोग्य-सिन्धु

यह हिन्दी भाषा का पत्र इटावा से पं० लक्ष्मीनारायण जी वैद्यराज के सम्पादकत्व में ३ वर्षों से प्रकाशित हो रहा है। इसका वार्षिक मूल्य २) रुपया है।

जीवनसुधा

सम्पादक भगवद्देवशर्मा, आयुर्वेदाचार्य, दिल्ली।

आयुर्वेद संसार

यह पत्र प्रताप आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल वर्क्स की ओर से अजमेर से प्रकाशित होता है।

Health & Vitality
The journal for National Revitalisation.
Annual subscription Rs. 3/-

Vaidya Sarathy.
An Anglo Vernacular monthly Medical journal mainly devoted to Ayurveda. Annual Subscription Rs. 3.
College of Indigenous Medicine.
Published by the Indigenous Medical Student's Union
Re. 1 per copy.

संयुक्तप्रान्तीय द्वितीय वैद्यसम्मेलन हरदोई के सभापति

आयुर्वेदपंचानन पं० जगन्नाथप्रसाद जी शुक्ल का

संक्षिप्त अभिभाषण।

[संयुक्तप्रान्तीय द्वितीय वैद्यसम्मेलन सं० १९७६ में २१ दिसम्बर पौष कृष्ण १४ को हुआ था। उसके सभापति के पद से आयुर्वेदपंचानन पं० जगन्नाथप्रसाद शुक्ल का जो भाषण हुआ था वह बहुत विस्तृत था। स्थल संकोच के कारण उसे समग्र देना सुविधाजनक नहीं होगा। किन्तु उस भाषण का उपसंहार एक महत्वपूर्ण अंश था, उसे हम यहाँ मुद्रित करते हैं।]

सबका सारांश यह है कि हमें रात-दिन अपनी अन्तर्बाह्य उन्नति के लिये प्रयत्नशील रहना चाहिये। विद्यासम्पादन करना, विद्या का विस्तार करना, अपने दोषों को छोड़ना, पराये गुणों का आदर करना, दुःखियों का दुःख दूर करना; सुखियों के सुख में साझीदार होना और उनसे आयुर्वेद के उपकार के लिए अपना हक निकलवाना, परस्पर मिलकर रहना, ज्ञान का आदान प्रदान करना, रोगी के सामने कई वैद्य इकट्ठा होने पर अपनी ही धाक जमाने का प्रयत्न न कर रोगी का उपकार किस प्रकार होगा वैसीही सलाह और युक्ति बताना, अपने व्यवसाय और व्यवहार में सचाई, गम्भीरता, उदारता और भूतदया को प्रधान रखना, आप सार्वजनिक प्राणों के संरक्षक हैं इस उत्तरदायित्व का सदा ध्यान रखना, मत्सर के वशवर्ती हो अपने किसी भाई की निन्दा को अपनी ही निन्दा समझ त्यागना, वृद्धों को 'बालदपि सुभाषितम्" ग्रहण करना और जवानों को वृद्धों का गुरुवत मान रखना सदा उचित है। क्रोध के वशवर्ती हो अपनी और अपने आयुर्वेद की प्रतिष्ठा में कभी बाधा आने देने का अवसर उपस्थित नहीं करना। रोगी श्रीमान हो या गरीब हो, जिस प्रकार उसमें आयुर्वेद की श्रद्धा दृढ़ हो वैसाही करना, क्योंकि द्रव्य प्राप्ति के लिये उद्योग के साथ ही प्रत्येक का भाग्य भी लगा ही रहता है, वह कहीं न कहीं से आवेगा ही। विकार वासनाओं को कभी हृदय में स्थान न दे अपने पास चिकित्सा में आये हुए पुरुष, स्त्री, बालक, बालिका सबको अपने माता-पिता, पुत्र-पुत्री के समान समझ ध्यान पूर्वक उनकी बातें सुन उचित उपाय बताना आयुर्वेद का आदेश और वैद्य का धर्म है। नवयुवक उत्साही वैद्यों को ज्ञान से कभी तृप्ति नहीं होनी चाहिये वे सदा अपना भण्डार हिलोड़ते रहें और समय तथा सुविधा के अनुसार यूनानी, यूरोपीय आदि पद्धतियों के तत्व जानने के लिये भी उत्सुक और उद्योगशील रहें, कोई नवीन अनुभव और ज्ञान प्राप्त होने पर अपने भाइयों में प्रकट कर देना चाहिये, जिससे उस ज्ञान की विस्तृति और संस्कृति में सुलभता हो। वैद्यों की विशेषता में नाड़ी-ज्ञान एक मुख्य अंग है, समाज में नाड़ी-ज्ञान के कारण वैद्यों का विशेष समादर है, उस ज्ञान की प्राप्ति पुस्तकों से नहीं अभ्यास से विशेष होती है। इसलिये "नाड़ीज्ञान विनावैद्यो न लोके पूज्यतां व्रजेत्" पर ध्यान रख व्यक्तिगत रूप से इसकी प्राप्ति पर ध्यान रखना चाहिये। इष्ट के बिना इष्ट-सिद्धि नहीं होती, इसलिये वैद्यों में अपने अभीष्ट-देव का इष्ट होने के सिवाय आदिवैद्य भगवान-धन्वन्तरि का इष्ट होना आवश्यक है, इससे उनकी औषधियों में विलक्षण शक्ति आवेगी, उनका पीयूषपाणित्व बढ़ेगा। प्रतिवर्ष प्रत्येक नगर में श्री धन्वन्तरि महोत्सव होना चाहिये और सर्वसाधारण में धन्वन्तरि पूजा का महत्व प्रतिबिम्बित करना चाहिये। इस अवसर में जो सहायता मिले उसे आयुर्वेद महाविद्यालय की सहायता में भेजना चाहिये। जो अपनी

श्रीमान् वैद्यराज पं. हरिदत्तजी शास्त्री आयुर्वेदाचार्य लाहोर।
संपादक, 'अश्विनीकुमार' (हिंदी मासिक पत्र)।

इज्जत करना जानता है, उसकी संसार में इज्जत होती है। अपने वैद्यसम्मेलन को अपनी शक्ति, अपनी समष्टि, और अपनी प्रतिष्ठा का केन्द्र समझना और बनाना चाहिये। सम्मेलन को शक्तिमान कर संसार में आयुर्वेद का प्रताप बढ़ने के लिये उसे समर्थ करना चाहिये, जिस से ईसाइयों के मिशन के समान, आर्यसमाज की प्रतिनिधि सभाओं के समान हर प्रकार के उपायों से वह कार्य-सिद्धि के प्रयत्न करता रहे। अपने प्रत्येक कार्य में सत्य और ईश्वर का दृढ़ बल चाहिये। सच्ची कर्तृत्व शक्ति ईश्वर का बल है, ईश्वर का अंश और प्रसाद है। मानवी कर्तव्यों, उच्च सिद्धान्तों और पवित्र आकांक्षाओं के पीछे एक दिव्य शक्ति रहती है, जो मनुष्यों को पतन से बचाती है, इस बल से अवश्य सफलता मिलती है। अपना हृदय सदा उच्च, दृढ़, गम्भीर और विशाल रख कर कर्तव्य क्षेत्र में अवतीर्ण होना चाहिये। हमें नकल नहीं अपनी विशिष्टता का सदा ध्यान रखना चाहिये। केवल अपने कर्तव्य में लगे रहने से ही प्रतिष्ठा होती है, प्रतिष्ठा की आकांक्षा या प्रतिष्ठा के प्रयत्न से मनुष्य प्रतिष्ठित नहीं होता, बल्कि लुलू बनता है, उसकी ओर लोग अंगुली उठाते और हँसते हैं; "बदे न हूजै गुणन बिन विरुद बड़ाई पाय। कनक धतूरे को कहै गहनो गढ़ो न जाय॥" किन्तु नीरव कर्तव्य साधन का फल बड़ा मधुर, सुखकर और स्थायी होता है। अपनी-अपनी अलग खिचड़ी पकाना बन्द होना चाहिये, अपना सम्मेलन और अपने विद्यापीठ के अंग रूप होकर ही आयुर्वेद के कार्यों का विस्तार होना चाहिये, जिससे किसी को यह कहने का साहस न हो कि वैद्यों का संगठन नहीं है। विद्यापीठ की परीक्षाओं को प्रभावशाली और प्रतिष्ठित होने दो, भिन्न-भिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों की परीक्षाएँ और पदवी दान के कार्य बन्द होने चाहिये, उनसे इस समय लाभ के बदले अपनी केन्द्रीभूत शक्ति को हानि है। इस प्रकार भीतरी और बाहरी कर्तव्यों और प्रयत्नों से हमारा उज्ज्वल स्वरूप प्रकाशित होगा, हमारी कीर्ति बढ़ेगी, हमारे आयुर्वेद के महत्व का विस्तार होगा, हमारा अभ्युदय होगा, हमारे देश का कल्याण और गौरव स्पृहणीय होगा। हमारी धवल ध्वजा फहरावेगी, हमारी मान-प्रतिष्ठा, हमारी सामाजिक स्थिति, उच्च होगी। हम होंगे, हमारा देश होगा और हमारे आयुर्वेद का विश्वव्यापी प्रभाव होगा। कोई अदृश्य किन्तु पवित्र शक्ति कानों में कह रही है "तथास्तु।"

भिषजां साधुवृत्तानां भद्रमागम शालिनां।
अभ्यस्तकर्मणां भद्रं भद्रं भद्राभिलाषिणाम्॥
उज्जृम्भतां प्रेमपरस्परेण, वैद्येषु निर्व्याज भवं च सख्यम्।
धत्तां प्रमोदं किल वैद्यविद्या विद्योततां कीर्तिलता दिगन्ते॥
आयुर्वेद सुधांशु भासितमिदं भूयान्महीमण्डलम्
वैद्यानां च विकाशमाशु तनुताच्छुभ्रं यशः सन्ततम्।
तूर्णं भारत भूतलं च भवतात् श्रीमत्तथा नीरुजं
लोकोऽयं निखिलोऽपि सौख्य निचयैर्युक्तः सदा तिष्ठतात्॥

॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

Ayurveda.

By Capt. A N. N. Panikkar, M. R. C S. (Eng.) L. R. C. P. (Lond.), *Ayurveda Bhushana, (Madras), M. B. Ch. B. (Edin.) L. O. P. & S. [Calcutta] L. M & S. [Homeo], A. M. A. C. [Madras].*

It is a self-evident fact that the advancement of study of Ayurvedic Medicine amongst students at the College of Indigenous Medicine could be materially aided by the presence on the Board of Indigenous Medicine of a number of persons trained in "Scientific Medicine" There is a conservative element amongst native medical practitioners who desire to keep away from the Ayurvedic System, all those advantages which could accrue to it from the development of modern scientific medicine. These practitioners fail to realise that they are doing irreparable damage to the cause of Ayurveda by refusing to incorporate in it the methods of usefulness which have made modern 'scientific medicine' materially popular. In this way they are ignorantly retarding the proper development of Ayurveda. Both Charaka and Susrutha, the great exponants of Ayurveda, have freely advocated learning even from an enemy and Ayurvedic authors have included foreign medicines in their pharmacopæa from time to time, as is seen in the later Ayurvedic works which contain many drugs which do not find a place in the older standard works. Even the use of opium and mercury are only found in later Ayurvedic works, whilst standard works like Charaka and Susrutha did not make use of those medicines freely. On this principle even this conservative element should find easy to reconcile their conscience to the need of utilising the multiplicity of modern methods which have been evolved under the pressure of necessity to meet the discovery and treatment of new diseases. It would be a fatal error for Ayurveda to remain static when modern medicine is developing in so many directions. People would have the right to say in such a case that under the Ayurvedic System of treatment they would be deprived of the methods which alleviate suffering and reduce pain (the two primary objects of medicine) in a manner unknown to the older system. Since medicine is meant to serve humanity, it should be recognised that it knows no narrow boundaries of race and system and should be regarded as a common heritage for mankind to be freely drawn upon for all uses. A beautiful legend states that Charaka and Susrutha were born as gifts of the devas who saw the universal sufferings of man and not of the Indians alone, and those



Capt. A. N. N. PANNIKKER, *M. R. C. S. (England), M. B. Ch. B. (Edin). Ayurveda Bhushana (Madras).*

who are swayed by ancient lore should read from this a lesson that Ayurveda should not be restricted in its usefulness to the poorer classes alone by a refusal to accept and absorb the results of modern scientific medicine. Another useful lsson could be learnt from the history of Western medicine. Western Medicine, it might be paradoxically stated, had its origin in the East and is therefore still under a debt of gratitude to the ancient system. In borrowing from modern Western Medicine, Ayurveda is in some measure only a part what it has already helped to create. Ayurveda therefore should not be arrested in its legitimate development by the unappreciative attitude of a certain section of Ayurvedic practitioners in this country. The Indian practitioners in the country are doing all in their power to derive the maximum usefulness from Ayurveda by an alliance with modern scientific methods. It is a vain and unfounded fear on the part of others that the individuality of Ayurveda would be lost by the process of its ineluding modern methods. In passing it might be mentioned that the resuscitation and development of Ayurveda in India for the last half a century were due to the work of Western qualified Indian doctors whose mastery of Ayurveda was largely the result of their knowledge of both systems, supplementing the deficiencies of one or the other through their knowledge of both. There is no reason why the same beneficial results should not be expected from such an enlightened method if used in this country by the students at the Ayurvedic College who have to undergo a five years' training in the study of medicine. It is not however suggested that students should go through two courses of study and qualifications but they should get the benefit of essential modern requirements with an exhaustive study of the principles and practice of Ayurveda in one and the same course at the Ayurvedic College. It is for the purpose of leading to such a result that it is necessary to have on the Board of Indigenous Medicine, for advice and guidance in controlling and regulating the course of study at the Ayurvedic College and the treat ment of patients in Ayurvedic Hospital, a number of persons who have had a training in scientific medicine. It is only by such an experienced body that a course of studies could be evolved progressively which would avoid the danger of changing the character of Ayurveda and substituting in its place a hybrid scheme of studies wholly alien to the intentions of those who are interested in the correct development ,of Ayurveda in this country. This body could also hold itself responsible to public opinion with authority on the basis of its knowledge and experience, to remove the Ayurveda system from the danger of its being regarded as an entirely self-

sufficient and self-contained system which has reached maturity and completeness in some ancient period and which therefore requires no invigoration from the discoveries of modern scientists.

New diseases have brought into being remedies. It would be disadvantageous to deprive those who have faith in the Ayurvedic system of the relief from suffering such benefits as ordinary educated laymen know to be within the competence of any Western qualified doctor to confer. Knowledge has spread through all ranks, and people are in the habit of comparing their experience. If it happens that a patient who suffers from a particular disease is not correctly diagnosed ard given an appropriate remedy by a practitioner and this patient is compelled to resort to the western qualified doctor who immediately diagnoses his case and prescribes an effective and quick remedy, such a patient would quite naturally feel the burden of the voluntary disabilities which the system of ayurveda suffers for want of a common-sence adjustment of this system to the latest available knowledge. Many examples of the reasonableness and indispensability of modern scientific method could be provided which would prove the advisability of lining up with requirements of the day.

The example might be taken first of a man suffering from a headache. The Ayurvedic physician should be able to have a reasonable apprehension that this might be due to an error of refraction in the eye in which case the only feasible remedy is to recommend the use of spectacles to correct such defect. It is to be noted here that the most assiduous treatment for such a defect by the Ayurvedic method could not prevent the necessity for ultimately wearing specticles. Then there is the inhalation of oxygen in defective aeration of the lungs in cases of pneumonia and the failing heart. This simple but powerful remedy should be made available to the dying man even to make him hold on to life long enough to enable the efficacy of Ayurvedic remedies to be proved. It is time therefore that Ayurvedic physicians cast away their prejudices and adopted the use of oxygen. A simple enema or soap and water is a time-saving necessity. A catheter for relieving a distended bladder is another necessity the use of which is essential to even the Ayurvedic physician. Then there is the use of the thermometer which cannot be dispensed with under any pretence of a more accurate method of recording the temperature Though the physician is throughly satisfied, it is only fair that the patient should also have some guarantees that a correct reading of his temperature has been made. No one has impugned the reliability of the thermometric method but not all are equally satisfied of the reliability of any other method.

श्रीयुत् डा० गिरीन्द्रनाथ मुकर्जी,

बी० ए०, एम० डी०, एफ० ए० एस० बी०, भिषगाचार्य,

सम्पादक—जर्नल अफ आयुर्वेद, कलकत्ता।

There are a number of prevalent diseases which cannot be diagnosed with tolerable certainty within a reasonable time limit except by resort to microscopic and bacteriological examination. It must be also realised that the early discovery of the true nature of specific infectious diseases like enteric fever, pulmonary tuberculosis, epidemic dysentery and eruptive fevers would effect the reduction of their spread in crowded household. Besides, these cases should be brought to the notice of the public health authorities but this could be done only after the nature of the diseases is definitely ascertained.

Patients who have been under the advice of Western practitioners desiring a change of treatment under protracted illness, would like Ayurvedic physicians to understand the effect of the medicines already used. The Ayurvedic physician should be able to detect a quinine rash, a bromide rash, bronchial catarrh resulting from the use of potassium iodide, and various forms of skin diseases resulting from the use of arsenical preparations. In this wav alone could be inspired confidence and diseases effectively dealt with.

A few more examples might be adduced in explanation. Under the conditions of modern civilization syphilis is a public health problem of the first magnitude engaging almost universal attention. Those who understand the comparitive merits of the Ayurvedic and Western systems of diagnosis and treatment are aware that the advantages as regards quick results are on the side of scientific medicine which requires the use of *Salvarsan* and other similar remedies Other cases are the examination of the sputum for detection of consumption and asthma, examination of faeces, the detection of hookworm and diabetic conditions by the examination of urine both of which claim a very large percentage of victims in this country, the knogledge and use of local anesthetics and expeditious extraction of foreign bodies, washing out the stomach in cases of poisoning, detection of blood pressure, ante-natal advice, infant feeding, house, hospital and village sanitation, rendering first aid in cases of accidents, assisting and attending in confinements and prevention of sepsis, disposal of excreta of infectious patients, their isolation, the segregation of contacts, preservation of food from infective agencies such as flies etc., and other aspects of the development of modern medicine which are an absolute necessity of acceptable medical practice in modern times. The whole position might be summed up by stating that with the spread of knowledge it has become necessary to take into consideration the fact that the average educated man possesses a sufficient acquaintance with health problems of the kinds referred to above and unless the Ayurvedic physician of today is prepared to keep pace with this ever-

There are a number of prevalent diseases which cannot be diagnosed with tolerable certainty within a reasonable time limit except by resort to microscopic and bacteriological examination. It must be also realised that the early discovery of the true nature of specific infectious diseases like enteric fever, pulmonary tuberculosis, epidemic dysentery and eruptive fevers would effect the reduction of their spread in crowded household. Besides, these cases should be brought to the notice of the public health authorities but this could be done only after the nature of the diseases is definitely ascertained.

Patients who have been under the advice of Western practitioners desiring a change of treatment under protracted illness, would like Ayurvedic physicians to understand the effect of the medicines already used. The Ayurvedic physician should be able to detect a quinine rash, a bromide rash, bronchial catarrh resulting from the use of potassium iodide, and various forms of skin diseases resulting from the use of arsenical preparations. In this wav alone could be inspired confidence and diseases effectively dealt with.

A few more examples might be adduced in explanation. Under the conditions of modern civilization syphilis is a public health problem of the first magnitude engaging almost universal attention. Those who understand the comparitive merits of the Ayurvedic and Western systems of diagnosis and treatment are aware that the advantages as regards quick results are on the side of scientific medicine which requires the use of *Salvarsan* and other similar remedies. Other cases are the examination of the sputum for detection of consumption and asthma, examination of faeces, the detection of hookworm and diabetic conditions by the examination of urine both of which claim a very large percentage of victims in this country, the knogledge and use of local anesthetics and expeditious extraction of foreign bodies, washing out the stomach in cases of poisoning, detection of blood pressure, ante-natal advice, infant feeding, house, hospital and village sanitation, rendering first aid in cases of accidents, assisting and attending in confinements and prevention of sepsis, disposal of excreta of infectious patients, their isolation, the segregation of contacts, preservation of food from infective agencies such as flies etc., and other aspects of the development of modern medicine which are an absolute necessity of acceptable medical practice in modern times. The whole position might be summed up by stating that with the spread of knowledge it has become necessary to take into consideration the fact that the average educated man possesses a sufficient acquaintance with health problems of the kinds referred to above and unless the Ayurvedic physician of today is prepared to keep pace with this ever-

increasing knowledge which is diffused throughout every community by the medium of books, pamphlets, lectures, the press and health demonstrations, the utility of Ayurveda is bound to be diminished and the system brought to undeserved disrepute.

But it must not be forgotten that Ayurveda has certain distinct advantages over the system of Western medicine in many respects. From the statement made above which purposes to be only an enumeration of some of the disabilities of Ayurveda, it should not be construed that there is even the remotest intention of minimising its all-important merits over its rivals in oriental countries. Modern scientific methods have left some of its essential features untouched both on the preventive and curative side. The presence of several vitamins in the fresh decoctions and juices of indigenous plants in the Ayurvedic system, the administration of legiums and grithums which are homologous to those in the allopathic system, possessing, both curative medicinal and nuritive dietetic value, the common use of butter-milk in preventing intestinal infection like enteric fever and the time-honoured oil bath which is an effective preventive against malnutrition and consumption, the use of various oils on the head to prevent the thermic and radiant heat effects of the tropical sun and other climatic severities, the use of rasayana for preventing senile decay and the use of vajeekarana methods of treatment in respect of eugens, are all worthy of recognition.

In no circumstance, therefore, would there be any danger, immediate or remote, of Ayurveda losing its individuality by the absorption of some of the indispensable methods of modern scientific medicine. The weight of its own intrinsic and indisputable merits, its history of agelong service to the largest part of the human family, the value of the impetus it has given to the formation of the Western system of medicine and its utility in some respects in which Western medical science even is unable to offer relief, all join together in making the fears of the conservative element amongst its practitioners vain and unfounded. All things considered, therefore, it is most advisable and necessary that the management of the affairs of the Ayurvedic College should have the benefit of the wise direction and intelligent advice of scientifically trained persons to serve on the Board of Indigenous Medicine. If students have to study scientific medicine the presence of a few scientific men are necessary on the Board.

There are various diseases which cannot be diagnosed without the help of modern scientific knowledge. Diseases brought about by quinine ; for the treatment of such diseases on the ommission of quinine one must know about quinine. Bromide produces rashes on the

skin resembling serious forms of skin diseases and the ayurvedic physician will be at sea to find out what this is and he might give a wrong treatment.

Potassium iodide produces bronchial cattarrh and swelling of the glands round the neck which he might mistake. Another case is that of santonine which produces yellow vision and discoloration of urine etc. The diagnosis of various forms of venereal disease and their treatment immediately by injections. Differential diagnoses of various diseases like malaria from enteric fever, a case of consumption from asthma by sputum diagnosis, differentiating an ordinary case of dysentery by examination of the faeces and the detection of hookworm which is a very common disease in this country, discovery of plague, percentage of suger in diabetes, examination of blood to differentiate different kinds of anaemia, detection of diseases due to contamination of food and water, use of local anæthetics, extraction of foreign bodies examination of blood pressure, pulse, temperature etc. with precision instruments, examination and analysis of urine and examination of the heart, examination of the efficient working of the liver and other organs, and attending to accidents, rendering first aid, proper management of a case of labour without inducing sepsis, (Statistics will prove that there is a high mortality rate of mothers in villages) advice to mothers, infant feeding dieting and nursing, sanitation in hospitals, houses, villages etc., disposal of excreta to prevent the spread of diseases, isolation and segregation of patients, preservation of food etc. are another aspects of the development of modern medicine which is absolutely necessary for an ayurvedic physician.

As popular knowledge of health is very much on the increase and the man in the street knows a lot about health, it is necessary for the Ayurvedic man to know modern sanitation before he meets present-day patients. Therefore the presence of a few scientific men will add to the usefulness of the institution.

Ayurveda.

Extract from an Address.

By Mr. K. BALASINGHAM

At the All-Ceylon Ayurvedic Congress held at the College of Indigenous Medicine in December 1933.

If the college of Indigenous Medicine is to serve any useful purpose you Vaidyas must all help the students with your learning and experience. Your ungrudging service is wanted to make this institution a centre of great usefulness not only to Ceylon but to mankind at large.

Referring to the Governor, Mr. Balasingham continued :—

"Let me also extend a cordial welcome back to Ceylon to H. E. Sir Edward Stubbs to whom you owe so much. He was the first to espouse your cause. He was anxious to do what was in his power to raise the level and status of the vedaralas or vaidyas and in this respect has anticipated Hitler of Germany by 17 years.

"Let me tell you how this happened. In 1916 I urged on Government to encourage the indigenous system of medicine. I will quote from my memorandum.

"Government can confer a great boon on the people by extending its patronage to the system of medicine on which they still rely for the most part, especially as these systems are worthy of encouragement on the testimony of those most competent to judge.

"Owing to want of encouragement the study of our Medical Science is now being neglected and an increasing number of persons take to the practise of medicine with a superficial knowledge of the subject. Encouragement may be given to the indigenous system in several ways:—

1. By the establishment of an Ayurvedic College and Hospital in Colomdo.

2. By appointing a lecturer in Oriental Medicine to the Ceylon Medical College.

3. By the granting of subsidies to hospitals and dispensaries opened by competent medical men in suitable places.

4. By the granting of scholarships to highly qualified western doctors for research in oriental medicine.

5. By the creation of a Board of Indigenous Medicine if the Government cannot undertake this work."

Mr. K. BALASINGHAM.

Chairman of the Board of Indigenous Medicine since its first appointment by Sir Herbert Stanley, Governor.

These proposals were most sympathetically received by Sir Edward Stubbs. He wrote on 19th July 1916 as follows :—

"The history of the Vedarala is something like that of herbalists in Europe. Before modern systems were invented herbalists were in many cases men of learning who knew what they were doing and why later they degenerated into quacks. Why should not wealthy men provide an institution for studying and teaching the indigenous system so as to raise the level of the vedaralas ? Think it over and if you get something started I will see if we can help you.

"In Hongkong there is a hospital where on one side patients are treated according to western method and on the other according to the Chinese system, patients choosing which they prefer. Why not try something of the kind. Dr. Kelly could tell you how it is run."

As a result of further negotiations the Government wrote to the secretary of the Oriental Medical Science Fund, Mr. Donald Obeyesekere, offering about five acres worth about Rs. 150,000. As the Oriental Medical Science Committee was not able, owing to the prevailing trade despression in 1921, to collect sufficient money for building and working expenses the offer of the Government lapsed and the site has become the present Manning Town. Later efforts resulted in this institution. Without the sympathetic support of Sir Edward Stubbs at the start it would have been difficult to have achieved so much.

Almost everything proposed in 1916 has been achieved except the appointment of a lecturer in Oriental Medicine in the Ceylon Medical College. We have in our College two western doctors undergoing training in Ayurveda, and they will soon be qualified to serve as lecturers in Oriental Medicine in the Government Medical College.

In Germany by virtue of a new law issued by Hitler doctors practising with herbs and other old-fashioned remedies are granted the same status as fully qualified doctors. Rudolf Kess, Hitler's Deputy said a few days ago:—

"I have much experience of the value of natural healing on my own body, and it would be a crime against the German people if I did not do all in my power to give this system of healing the position it deserves."

Professorships of Nature-healing will be instituted in universities of Berlin, Cologne, and Munich.

It should not be difficult to persuade the Medical Council in Ceylon to do what the German universities are doing.

Let me now quote a few extracts from a letter dated 14th September 1933 of Dr. Newell. M. D., D. Sc., the Secretary of the National Health League of England.

He writes:—

"I am directed by Augustus Fitz George, our President, who is a cousin to Their Majesties the King and Queen, to acknowledge your letter.

"We are prepared to propagate your system of medicine under the authority of your College throughout Great Britain and in the Southern and Western States of America. Later, we are disposed to introduce it on the Continent. The writer would be prepared to visit your College on behalf of the National Health League at an early date.

'I am sure it would interest you to know that for many years I have devoted myself to the study of Ancient Indian Medicines'.

'You will find my paper on the Germ Theory of Disease herewith and in connection with the same it will, I am sure, gratify you and your College to note that the Pasteur Institute of France has agreed with our findings of the Germ Theory. Our methods of treatment are eminently similar to your own and to give an example of their efficacy I can state that we hold a report from distinguished Surgeon of Brompton Hospital for Consumption, London, in which he states that our method of dealing with acute cases of tuberculosis was successful in from 85 to 90 percent of cases treated. I therefore believe that reciprocity between ourselves and your College will confer enormous benefit on suffering humanity'.

'Be assured the writer and his colleagues will leave no stone unturned to bring the work of your College the wide recognition which it deserves. I would be open on behalf of your college to arrange funds for propagation purposes.'

Are we to understand from this letter that Pasteur's Germ Theory is likely to undergo some slight revision in the light of further research ? It is possible that Indian theories about diseases are not as absurd as some Western doctors seem to think. As a Tamil philosopher truly observed long ago:—What is now known will be forgotten. What we have now forgotten will become known again:—Unaranthana Marakkum, Maranthana, Unarum.

When it is realised that man has lived on this planet for several millions of years it would be presumptuous to reject this cyclic theory of knowledge and believe that only within the last 75 years medicine became a science."

The German Schiler, gave expression to only a partial statement of this law of knowledge when he said:—"The truths of past ages are at present recognized as errors: those of the present are on their way to be so recognized."

Now let me say a word about medical research. There can be no progress in research without your co-operation with those who have undergone a thoroughly scientific training. We are taking the necessary preliminary steps for this important work.

In 1928, one year before we started this College, an M. D. of Vienna who was in Ceylon, was prepared to study our Indigenous Medicine with a view to research work. He was also willing to study Sanskrit for the purpose, but he was not able to wait till the College was opened without a difinite promise of employment, and I was unable to give it. Sometime later a German lady doctor was interested in the study of Ayurveda, but we were not able to find a place for her on our staff.

As I told you before two Western doctors are now undergoing training in Ayurveda, and we trust that before long they will be in a position to do research work and clear the way for the evolution of a unified system of medicine combining all that is good in the indigenous systems and in Western medicine.

The time has now come for you to make an organised effort to get your position in the country clearly defined. There is a badge of inferiority placed upon you. Your certificates as to cause of death are not accepted by the Registrar of Deaths though you are allowed to treat any case. Even the heads of public departments refuse to accept the certificates of even the best of you. You are not allowed to use the most necessary foreign drugs, though the Western system is daily adding to its pharmacopoea from your system and from that of every country. You must agitate for permission to use some Western drugs. The Ayurvedic physicians of India are allowed to use some. Till you get the permission, even if you have studied Western medicine also here, don't use the drugs.

"I should like to make an announcement about a matter which though not coming within the scope of Ayurveda, is a subject in which you will be interested. Steps are being taken to start a Veterinary College of Indigenous Medicine. As this institution has neither the money nor the land for the purpose, it may have to be unconnected with it. In an agricultural country like Ceylon it is necessary that every village should have a qualified veterinary physician. There is no reason why the rudiments of Veterinary Science should not be known to every graduate of this College.

मध्यप्रान्तीय प्रथम वैद्यसम्मेलन जबलपुर के सभापति

आयुर्वेदपंचानन श्री० पं० जगन्नाथप्रसाद जी शुक्ल का अभिभाषण।

चतुर्भुजं पीतवस्त्रं सर्वालङ्कार शोभितम्।
ध्यायेद्धन्वन्तरिं देवं सुरासुर नमस्कृतम्॥
करवदरसदृशमखिलं, भुवनतलंयत्प्रसादतः कवयः।
पश्यन्ति सूक्ष्ममतयः, सा जयति सरस्वती देवी॥
सानन्दमानन्दकरं प्रसन्नं, ज्ञानस्वरूपं, निजबोधयुक्तम्।
योगीन्द्रमीड्यं भवरोगवैद्यं, श्रीमद्गुरुं "शङ्कर" मानतोस्मि॥

श्रीमान् स्वागतकारिणी समिति के सभापति महोदय, स्वागतकारिणी के सभासद तथा उपस्थित वैद्यबन्धु और मान्य सज्जन वृन्द!

जिस समय इस अधिवेशन का सभापति पद स्वीकार करने के लिये मुझे सूचित किया गया, उस समय मैं बड़े सङ्कोच और असमञ्जस में पड़ा कि मुझे ऐसा साहस करना चाहिये अथवा नहीं। मध्यप्रदेश में एकसे एक सुयोग्य वैद्यों के रहते हुए भी मेरा आह्वान क्यों किया गया, इसका कारण मैं सोचने लगा। इस समय संयुक्तप्रान्त में रहते हुए भी अखिल-भारतीय वैद्य बन्धुओं और आयुर्वेदिक संसार का मुझ पर जो स्नेह-भाव है, मुझे अपना आज्ञाकारी तुच्छ सेवक समझने की जो प्रेम भावना है, उस जागृति की तरंगों ने मुझे लाचार किया। सेवक को कहीं भी सेवा करने की आज्ञा मिलने पर उसे अस्वीकार करने का अधिकार ही कहाँ है? मध्यप्रदेश में मेरे ज्येष्ठ बन्धु वैद्य, स्नेह रखने वाले मित्र और आयुर्वेदिक कार्यों में सदैव सहायता करने के लिये उत्सुक सहयोगियों का एक वृन्द रहता है, उन अपने लोगों के बीच किसी भी रूप में उपस्थित होने में मुझे संकोच क्यों होना चाहिये। इसके सिवाय संयुक्तप्रान्त मेरी जन्मभूमि होते हुए भी मध्यप्रदेश मेरी शिक्षणभूमि और प्रारम्भिक कर्मभूमि है, इसके विलासपुर, रायपुर और नागपुर जिलों में मेरा निवास हो चुका है। इस दृष्टि से मध्यप्रदेश के साथ मेरा जो घनिष्ठ सम्बन्ध है, उसे स्मरण कर आप लोगों के दर्शन का पुण्यकर सुअवसर त्यागने की मुझ में हिम्मत न हुई और प्रेमरज्जु से बँधा हुआ यह सेवक आपकी सेवा में उपस्थित हुआ। आशा है उसी प्रेम और सहयोग के साथ इस गुरुतर कर्तव्य के पालन में आप मेरे सहायक होंगे और अपनी विद्वत्ता तथा अनुभव और कार्यकुशलता के द्वारा शान्ति और निर्विघ्न पूर्वक इस अनुष्ठान की सिद्धि में मेरे सहायक होंगे। मैं शास्त्रीय गुत्थियों को सुलझाने का जटिल प्रश्न छेड़ कर आपके मस्तिष्क को परिश्रम देना नहीं चाहता। मैं केवल सामयिक प्रचलित कर्तव्यों की ओर ही आपका ध्यान आकर्षित कर आपसे कर्तव्य पूर्ति की प्रार्थना करूँगा।

स्वर्गीय बन्धुओं के प्रति श्रद्धाञ्जलि

अपना वक्तव्य आरम्भ करने के पहले कुछ उन आत्माओं का स्मरण हुए बिना नहीं रहता, जिनकी उपस्थिति हमारे लिये मार्ग दर्शक और कार्य में सहायक होती थी। अखिल भारतीय वैद्यसम्मेलन के सभापति पद को दो बार अलंकृत करने, चरक की उत्तम और सरल टीका रचने और अपनी विद्वत्ता, सरलता, विनोद प्रियता तथा शिष्य परम्परा द्वारा भारत में आयुर्वेद के प्रचार में सफलता प्राप्त करने वाले "वैद्यरत्न" कविराज योगीन्द्रनाथ सेन का वियोग सार्वदेशिक आपत्ति स्वरूप है। नागपुर के वयोवृद्ध और विद्वान वैद्य, पण्डित दामोदर गोविन्द वझाड पाण्डेय महोदय का स्वर्गवास भी हमें बहुत खटक रहा है। आयुर्वेद की जटिली क्रिया पर आपने प्रकाश डाला था और पारद सम्बन्धी कई प्रयोगों में खासा अनुभव प्राप्त किया था। आपकी उपस्थिति हमें कई अनुभवी सन्देशे देने में समर्थ होती। जबलपुर के सुप्रसिद्ध विद्वान और वृद्ध साहित्य-सेवी पण्डित गङ्गाप्रसाद अग्निहोत्री महोदय का स्वर्गवास हृदय को आघात पहुँचाने वाला हुआ है। यद्यपि आप वैद्य नहीं थे तथापि वैद्यक विद्या के एक पुरस्कर्ता थे और गोरक्षण साहित्य के अप्रतिम अनुभवी और प्रयासी थे। इनके सिवाय हमारे और भी जिन भाइयों का इस वर्ष चिरवियोग हुआ है, उन सबों के प्रति हम अपनी श्रद्धाञ्जलि समर्पित करते हैं और स्वर्गीय सुख भोगते हुए उनके शुभाशीर्वाद हमारे लिये कल्याणकारी होते रहें, यह जगदीश्वर से याचना करते हैं।

वैद्य सम्मेलन

स्वर्गीय आयुर्वेद महोपाध्याय पण्डित शंकरदाजी शास्त्री पदे महोदय ने चालीस-पचास वर्ष पहले से जो आयुर्वेदिक आन्दोलन आरम्भ किया था और पचीस वर्ष पहले पुण्यक्षेत्र नासिक में जो "निखिल भारतवर्षीय वैद्य सम्मेलन" रूपी वटवृक्ष का कल्पवृक्ष रोपा था, उसकी जड़ें भारतव्यापी होकर भिन्न-भिन्न प्रान्तों में अंकुरित हुई हैं और किसी-किसी प्रान्त में तो उन्होंने स्वतन्त्र वृक्ष का रूप धारण कर वैद्यों की कामना की पूर्ति करना आरम्भ कर दिया है। स्वर्गीय शंकरदाजी शास्त्री पदे महोदय का मध्यप्रदेश से विशेष प्रेम था और बम्बई प्रान्त के साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश के नागपुर नगर में भी संवत् १९६४ में वैद्य सम्मेलन की शाखा खोल दी थी। मेरे ज्येष्ठ बन्धु वैद्य पञ्चानन पण्डित लक्ष्मणशास्त्री फणशीकर उसके सञ्चालनार्थ नागपुर आये थे और तब से अब तक वे नागपुर में ही हैं। निखिलभारतीय वैद्य सम्मेलन के अधिवेशन भारत के प्रायः सभी प्रान्तों में हो चुके हैं, उसके द्वारा समस्त भारत यहाँ तक कि सीलोन में भी आयुर्वेद का और वैद्यों का गौरव प्रतिष्ठित हो चुका है। एक मध्यप्रदेश ही ऐसा बचा है, जहाँ अब तक सम्मेलन के अधिवेशन नहीं हुए हैं। यही नहीं सीलोन सहित भारत के सभी प्रान्तों में प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन प्रतिष्ठित हो चुके हैं और उनके अधिवेशन बराबर हुआ करते हैं। मध्यप्रदेश अभी तक इससे भी वंचित था। इससे कोई यह न समझे कि मध्यप्रदेश आयुर्वेदिक कार्यों के लिये उर्वर नहीं है अथवा मध्यप्रदेश में उत्साही और कर्मनिष्ठ वैद्यों का अभाव है। स्वर्गीय पदे शास्त्रीजी के पश्चात जब मैंने प्रयाग में आयुर्वेदिक आन्दोलन का भार अपने ऊपर लिया था, तब आरम्भ से ही सम्माननीय मित्र पण्डित गोविन्दप्रसाद शास्त्री और भाई रामभजन शर्माजी से बराबर सहायता और प्रोत्साहन की मुझे प्राप्ति होती रही है। यहाँ के विद्वान और कर्तव्य-दक्ष चिकित्सक पण्डित भिकाजी

विनायक डेगवेकर अपनी लेखनी, अपने मस्तिष्क और अपने परिश्रम का लाभ आयुर्वेदिक कार्यों के लिये बराबर देते चले आ रहे हैं। सागर, दमोह, जबलपुर, कटनी, नागपुर और बरार के मेरे कितने ही सहायक मित्र उज्वल नक्षत्रों के समान बराबर सम्मेलन के कार्यों में प्रकाश डालते रहे हैं। अतएव इस प्रान्त के वैद्यों की कर्तव्यशीलता पर सन्देह न करते हुए यही कहा जा सकता है कि कोई भी काम अपने समय पर होता है। विलम्ब से ही क्यों न हो आप लोगों ने जो इस सम्मेलन का अनुष्ठान किया है, वह बहुत उपयुक्त समय पर हुआ है। सम्मेलन के कर्तव्यों का असली कार्यकाल अब आया है और समय पर दृष्टि देकर समस्त भारत में उसके लिये कार्य करना और दृढ़ आन्दोलन उठाना आवश्यक है। आपका प्रान्त भी इस समय अपना हिस्सा पूरा करे यही अभीष्ट है। आप इस समय जहाँ प्रान्तीय सम्मेलन देख रहे हैं, निखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन भी शीघ्र ही देख सकता है। आवश्यकता यह है कि अपने इस सम्मेलन रूपी पौधे को लहलहा और पल्लवित, सुपुष्पित और सुफलों से लदा हुआ बनाने की आप सतर्कता रखें, मुझे आप लोगों से यही कहना है कि—

सम्मेलन को विरवा दियेउ लगाय।
सींचन की सुधि लीजो (कहुँ) मुरझि न जाय॥

प्रान्तीय सम्मेलनों का महत्व

मित्रो, इसमें सन्देह नहीं कि निखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन ने अब तक देश में आयुर्वेद के लिये बहुत कुछ काम किया है। अब से पचीस-तीस वर्ष पहले आयुर्वेदाकाश में जो घनघोर घटा छायी हुई थी, उसके हितैषियों और प्रेमियों को जो निराशा, आक्षेप और विघ्नों से टक्कर लेनी पड़ रही थी, उस स्थिति का परिवर्तन हो गया है। जो विपरीत शक्ति आयुर्वेद को संसार से उठा देना चाहती थी, दुस्शासन के समान उसका बल थक चुका है। इस बात का पता लग चुका है कि आयुर्वेद को ईश्वरी शक्ति का सहारा प्राप्त है। अब आयुर्वेद का भविष्य बहुत उज्वल दिखलायी पड़ता है। परन्तु यह मानना पड़ेगा कि निखिल भारतवर्षीय वैद्य सम्मेलन का कार्य भारतव्यापी है। प्रत्येक स्थान की स्थानिक आवश्यकताओं को देखना और उनकी पूर्ति का प्रयत्न करना उसकी विस्तृत शक्ति के लिये भी सम्भव नहीं है। सूर्य का काम संसार को प्रकाश दे देना अपने कर्तव्यों को स्मरण करा देना है। स्वयं जाग कर अपनी सुविधा, शक्ति, बुद्धि और कर्तव्यशीलता का परिचय देते हुए अपना कर्तव्य पूर्ण करना व्यक्तियों का कर्तव्य है। प्रान्तिक सम्मेलनों के सम्बन्ध में भी आप ऐसी ही कल्पना कर लें। निखिल भारतीय वैद्य सम्मेलन से सहारा और शक्ति पाकर प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन अपने प्रान्त की आवश्यकताओं का निरीक्षण करें, उनकी पूर्ति के लिये आन्दोलन करें, भिन्न-भिन्न स्थानों में स्थानिक सभाएँ स्थापित करावें, वैद्यों को अपने कर्तव्य में लगाने का उद्योग करते रहें, उन्हें समय-समय पर कर्तव्य सुझाते रहें, राजनैतिक और व्यावहारिक परिस्थितियों का अवलोकन करते हुए अपना रास्ता साफ करते रहें। भारतीय वृहद् सम्मेलन तो किसी प्रान्त के एक स्थान में हो सकेगा, वह वहाँ जागृति और जोश उत्पन्न कर देगा। भट्टी में पड़ा हुआ लोहा लाल हो जावेगा; परन्तु उसे निहाई पर रख पीटना और उपयुक्त हथियार या पात्र तैयार करना कुशल कारीगर लोहार का काम है। ऐसी कारीगरी प्रान्तीय सम्मेलनों को ही करनी होगी। प्रान्तीय सम्मेलनों की तीक्ष्ण दृष्टि सदा अपने प्रान्त के सभी जिलों में

रहेगी। आयुर्वेदिक दृष्टि से अपने प्रान्त को सुसंगठित करना, वैद्यों का संघ दृढ़ करना, आयुर्वेद की उन्नति के लिये आवश्यक कार्यों और प्रयत्नों की योजना करते रहना, प्रान्तीय सम्मेलनों का ही कार्य है। इस दृष्टि से आपका यह सम्मेलन यदि स्थायी कार्य करने वाला हो तो इस प्रान्त का बहुत उपकार हो सकता है, प्रान्त के वैद्यों का खासा अभ्युदय हो सकता है, राजदरबार में आयुर्वेद की धाक जम सकती है, सर्वसाधारण में और भी अधिक आयुर्वेद और वैद्यों के प्रति प्रेम जागृत हो सकता है।

सरकार और आयुर्वेद

एक समय था जब सरकार की उदासीनता हमें यह समझने के लिये लाचार करती थी कि सरकार का दृष्टिकोण भारत में देशी वैद्यक को नष्ट होते हुए देखना और उसकी जगह हर एलोपैथी सिस्टम को बढ़ाते और दृढ़ करते जाना है। परन्तु वैद्य सम्मेलन द्वारा उत्पन्न हुई जागृति ने देशवासियों को चौंका दिया। सार्वजनिक प्रयत्नों द्वारा, प्रान्तिक कौंसिलों और भारतीय असेम्बली द्वारा ऐसे प्रस्ताव और प्रश्न हुए कि सरकार का आसन हिल उठा। सरकारी डाक्टरी विभाग ने जब जब आयुर्वेद के विरुद्ध ज़हर उगला तभी उसका मुँहतोड़ उत्तर दिया गया। देशी वैद्यक के पक्ष समर्थन और प्रचार वृद्धि के लिये सरकार पर बराबर दबाव पर दबाव पड़ता गया। इससे जो सरकार चाहती थी कि उदासीन रहने से यह पद्धति आपही नष्ट हो जायगी वह चाहना सफल न हुई। सरकार को लाचार होकर देशी वैद्यक के लिये कुछ करना पड़ा। मद्रास, बंगाल और संयुक्त प्रान्त की सरकारों ने जांच कमीशन अथवा इन-क्वायरी कमिटी नियुक्त की। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और म्युनिसिपल बोर्डों को देशी चिकित्सा पद्धति को सहायता देने के लिये जहाँ रोका जाता था, वहाँ वह रुकावटें बन्द हुईं। मद्रास में आयुर्वेद और यूनानी की शिक्षा के लिये सरकारी धन से एक पाठशाला स्थापित हुई। बंगाल की सर-कार भी आयुर्वेदिक विद्यालयों को सहायता दे रही है। बिहार की सरकार ने मुजफ्फरपुर में आयुर्वेद की कक्षा, पुरी में आयुर्वेद की पाठशाला और पटना में सुसज्जालित एक विद्यालय स्थापित किया है। संयुक्तप्रान्त की सरकार ने भी आगे कदम बढ़ाया। स्वर्गीय अम्बिका गोकर्ण नाथ मिश्र (भगवान उनके आत्मा को स्वर्ग में सुखी रखे) के उद्योग और परिश्रम से संयुक्त प्रान्त में एलोपैथी के मेडिकल बोर्ड के ढंग पर "बोर्ड आफ मेडिसिन" कायम हुआ है। उसकी ओर से काशी हिन्दूविश्वविद्यालय में आयुर्वेद का उच्च विद्यालय तथा अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में यूनानी का उच्च विद्यालय स्थापित हुआ है। इसी तरह हरिद्वार में आयुर्वेद का विद्यालय और लखनऊ में यूनानी का विद्यालय भी स्थापित हुआ है। यही नहीं बोर्ड जिन्हें उचित समझता है उन यूनानी और आयुर्वेदिक विद्यालयों और औषधालयों को वार्षिक सहायता भी देता है और डाक्टरों के ढंग पर वैद्यों की रजिस्ट्री कराने का आयोजन भी किया है। पञ्जाब की सरकार डी० ए० वी० कालेज के आयुर्वेद विभाग को कुछ वार्षिक सहायता देती है। इससे सरकारी दृष्टिकोण बदलने का आभासमात्र मिल रहा है और इसके लिये हम सरकार को धन्यवाद भी दे सकते हैं। परन्तु यह कार्य समुद्र से एक लोटा जल खींच लेने के बराबर है। हमारा दावा है कि भारत में भारतीय चिकित्सापद्धति का ही बोलबाला होना चाहिये। उसी के प्रचार और अभिवृद्धि में टैक्स के रूप में सर्वसाधारण का दिया हुआ पैसा खर्च होना चाहिये। यदि इन पद्धतियों में कुछ पूर्ति और सुधार की आवश्यकता है तो उसे प्रसन्नता से किया जाय और

डाक्टरी सहायता इसी अंश में की जाय जितनी आयुर्वेद और यूनानी के लिये सहायक हो। विदेशी सरकार से इस दावे का पालन कराना सहज साध्य नहीं है। तथापि सामयिक सुविधाओं का मार्ग जितना प्रशस्त होता रहे, उसकी ओर से हमें निश्चेष्ट भी नहीं रहना है।

म्युनिसिपलबोर्ड और डिस्ट्रिक्टबोर्ड

म्युनिसिपल बोर्ड और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड लगभग अपनी वस्तु हैं। हमारे चुने हुए मेम्बर वहाँ की नीति निश्चित करते हैं। अतएव म्युनिसिपलटियों और डिस्ट्रक्टबोर्डों के द्वारा देशी चिकित्सापद्धति को अधिक से अधिक उत्तेजन मिलना चाहिये। कुछ वर्षों पहले एक जमाना था कि इच्छा होते हुए भी सरकारी रुकावट के कारण म्युनिसिपल बोर्ड और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड आयुर्वेद और उसके औषधालयों को सहायता नहीं दे सकते थे। अब वह स्थिति नहीं है। अतएव वैद्यों का कर्तव्य है कि ऐसा सार्वजनिक मत पुष्ट करें कि मेम्बरों को इस काम के लिये काफी द्रव्य लगाने पर ज़ोर देना पड़े। यह प्रसन्नता की बात है कि आपका म्युनिसिपल बोर्ड देशी औषधालय के लिये कुछ रकम खर्च करता है और भी कई जिलों में इस कार्य में सहायता दी जाती है। किन्तु अभी यह कार्य बहुत अल्पप्रमाण में हो रहा है। इसे बढ़ाना आवश्यक है। औषधालय ही नहीं आयुर्वेद के अस्पताल भी खुलवाने हैं। देश के और कई स्थानों में ऐसी सहायता धीरे धीरे बन्द हो रही है। इलाहाबाद जिले में २७ देशी औषधालय थे वे नष्ट हो चुके हैं और अभी बरेली म्युनिसिपल बोर्ड को बड़े लड़ाई झगड़े के बाद औषधालय बचाने पड़े हैं। आशा है आप लोग अपने अपने जिलों में इसके लिये प्रबल उद्योग करेंगे।

स्वराज्य और आयुर्वेद

इस समय स्वराज्य प्राप्त करने के लिये देशव्यापी प्रबल आन्दोलन मच रहा है। वैद्य भी देश के नागरिक हैं; उन पर भी देश की भलाई बुराई का उत्तरदायित्व है। अतएव वे इस आन्दोलन से अपने को कभी अलग नहीं कर सकते। प्रसन्नता की बात है कि पिछले आन्दोलन में प्रायः सभी प्रान्तों के वैद्यों ने अपने कर्तव्य का कुछ हिस्सा चुकाया है। राष्ट्र मानवीय घटकों का समुदाय होता है और हमारी भावना, स्वहित कल्पना और प्रचलित जीवनक्रम की भावना से बद्ध रहता है। अतएव उसके विचार, आत्म-त्याग और कष्ट सहन पूर्वक प्रयत्न करने पर ही उसका उद्धार होता है। यदि हम ऐसा न करें और सामयिक सुविधा से सन्तुष्ट रह भविष्य कल्याण की ओर से आँख मीच लें तो हम अपने ऊपर कलङ्क-कालिमा पोत लेंगे। स्वार्थत्याग और आत्मसंयम के साथ राष्ट्र की पुकार सुनना ही और आत्मकल्याण का साधन करना ही सामयिक बुद्धिमानी है। स्वार्थ के लिये राष्ट्रहित का विनाश कभी नहीं किया जा सकता। यह सच है कि वैद्य लोग यों भी जनता के कल्याण में ही लगे रहते हैं, परन्तु विशिष्ट आवश्यकता के समय साधारण दृष्टि को विशेष की ओर आकर्षित करना ही पड़ता है। अपने अथवा पड़ोसी के मकान में आग लगने पर किसी वैद्य को वहाँ की अनुपस्थिति से इसलिये क्षमा नहीं किया जा सकता कि वह जनता के कल्याण के एक काम में लगा हुआ था। इस समय हमारे राष्ट्र का निर्माण हो रहा है, उसमें अपनी शक्ति और साहस के अनुसार योग्यदान करना ही कर्तव्य है।

कर्तव्य के अतिरिक्त इसमें अपना स्वार्थ भी है। विदेशी सरकार की कल्पना में यह बात नहीं आ सकती कि अपनी चिकित्सापद्धति और चिकित्सकों पर देश का कितना प्रेम और

कितना विश्वास है और होना चाहिये। वह अपने ही दृष्टिकोण से हमें देखने की आदी है। स्वराज्य की स्थापना होने पर समयानुसार देशवासियों का ध्यान अपनी चिकित्सा-पद्धति की ओर अपने चिकित्सकों की ओर जाना स्वाभाविक है। उस समय वैद्यों की खिल्ली नहीं उड़ायी जा सकेगी, उनकी चिकित्सापद्धति के दोष दिखाने पर ही सारा दारमदार नहीं रहेगा। वैद्यों और हकीमों का दर्जा अवश्य बढ़ जावेगा और अपनी चिकित्सापद्धति के लिये राज्य का आवश्यक रुपया खर्च किया जावेगा। जिससे हमारे आयुर्वेद में सैकड़ों वर्ष की उदासीनता से जो मैल का पर्दा चढ़ गया है, वह दूर होगा, उसका सुन्दर और मनभावना स्वरूप सामने आ जावेगा। आत्माभिमान के साथ वैद्य सिर ऊँचा कर सकेंगे और जगह जगह आयुर्वेद के औषधालय, अस्पताल, सेनीटोरियम (स्वास्थ्यनिवास) और विद्यालय दिखलायी पड़ेंगे। अतएव अपने भविष्य कल्याण की भावना सामने रख वैद्यों को भी स्वराज्य प्राप्ति के प्रयत्न में अग्रसर रहना चाहिये।

देशी रियासतें

देशी रियासतें हमारे अभिमान और आत्मगौरव के प्रकाशक हैं। परन्तु दुःख है कि वहाँ भी एलोपैथी का जितना दौरदौरा है उतना हमारी देशी चिकित्सापद्धति का नहीं है। त्रावणकोर, मैसूर, बड़ोदा, ग्वालियर, पटियाला, जयपुर आदि कुछ रियासतों में आयुर्वेद की ओर कुछ ध्यान दिया गया है; परन्तु अन्य बहुत सी रियासतें इस ओर से अब तक बे खबर हैं। ऐसी प्रायः सभी रियासतें हैं जहाँ राजवैद्य हैं अवश्य; परन्तु उनमें से अधिकांश का कुछ प्रभाव नहीं है और डाक्टरों का ही वहाँ भी बोलबाला है। इसमें कुछ दोष तो हम वैद्यों का भी है। राजवैद्य लोग अपनी माफी या जागीर में मस्त रहते हैं, अपना प्रभाव विस्तार करने योग्य बनकर अपनी योग्यता की धाक राजदरबार और सर्वसाधारण पर स्थापित करने, अपने कर्त्तव्य में सदा अग्रसर रहने की ओर बहुत कम ध्यान देते हैं। संसार किसी की परवाह तो करता नहीं, वह सरपट दौड़ता जाता है, जो पीछे पड़ जायगा वह रह जायगा। इसलिये वैद्यों को आत्मोन्नति का प्रयत्न सबसे पहले करना चाहिये। मध्यप्रदेश में मध्यम कोटि की छोटी बड़ी अनेक रियासतें हैं। यह सच है वे अलग अलग प्रयत्न में अधिक अग्रसर नहीं हो सकतीं। परन्तु अपने बालकों की शिक्षा के लिये जैसे उन्होंने रायपुर में राजकुमार कालेज स्थापित किया है, उसी तरह अपनी रियासत के कल्याण के लिये अपने राजवैद्यों की उन्नति के लिये सम्मिलित शक्ति से एक आयुर्वेद विद्यालय स्थापित कर सकती हैं। उसमें उत्तीर्ण वैद्यों को अपनी रियासत में प्रतिष्ठित कर जनता के कल्याण के लिये आवश्यकतानुसार औषधालय और अस्पताल खुलवा सकती हैं। जब तक विद्यालय स्थापन का कार्य नहीं हो सकता, तब तक अपनी रियासत के होनहार नवयुवकों को छात्रवृत्ति देकर हिन्दूविश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग में अथवा अन्य ऐसे ही आधुनिक ढंग से सञ्चालित विद्यालयों में पढ़ने के लिये भेज सकती हैं। इन कार्यों के लिये आप लोग अपने प्रान्त के नरेशों का ध्यान आकर्षित करने में दत्तचित रहें तो निस्सन्देह सफलता हो सकती है।

आबकारी कानून

विदेशी शासन पद्धति का जो कटुफल हमें नित्य चखना पड़ता है, उसमें से पायजन एक्ट और आबकारी कानून एक है। हमारे औषध प्रयोगों के लिये हमें अफीम, चण्डू, भाँग,

संखिया, सींगिया आदि विषोपविष की नित्य आवश्यकता रहती है। जब तक काफी तादाद में हम इनका संग्रह अपने पास न रखें तब तक आवश्यकता पड़ने पर हम औषधि में उनका उपयोग नहीं कर सकते। कायदे के अनुसार हमें केवल २॥ तोले विषोपविष खरीदने और रख सकने का अधिकार है। परन्तु तैकी में और रसोपरस बनाने में हमें सेरों विषोपविष की आवश्यकता पड़ती है। वैद्यों को औषधि बनानी ही पड़ती है और विषोपविष जैसे मिले लेना ही पड़ता है। जब तक सरकारी कर्मचारी जहाँ-तहाँ इस सम्बन्ध में मुकदमे चला देते हैं। कायदे का यह बन्धन सुविधाजनक रीति से ढीला होना ही चाहिये। कौंसिलों में प्रजापक्षीय मेम्बरों को इस सम्बन्ध में अवश्य प्रयत्न कर वैद्यों की अड़चन दूर करनी चाहिये।

दूसरी अड़चन आबकारी कानून की है। सैकड़ों हजारों वर्षों से वैद्य द्राक्षासव, कुमारी-आसव आदि बनाते आते हैं। सैकड़ों वर्षों से संजीवनीसुरा भी बनती है। बम्बई, बंगाल, बिहार, पंजाब आदि में इस सम्बन्ध के झगड़े उठ चुके हैं। बहुत आन्दोलन के बाद लगभग यह तय हो चुका है कि आसव-अरिष्ट पर मुकदमे न चलाये जाया करें। बम्बई प्रान्त और बंगाल प्रान्त में जब इस विषय के मामले उठे थे तब यह देखा गया था कि २२ फ्रिभी तक प्रूफ स्पिरिट द्राक्षासव में पाया जाता है। अन्य आसव-अरिष्ट में इससे कम ही मिलता है। उस समय आबकारी विभाग को हिदायत की गयी थी कि इस तरह के आसव-अरिष्ट पर मुकदमे न चलाये जाया करें। आसव-अरिष्ट को शराब की कोटि में ले जाना ही हिमाकत है। उनमें औषधि केवल आसुत की जाती है। डेग भपके से उन्हें खींचा नहीं जाता। बिहार में संजीवनी सुरा पर झगड़ा था। अवश्य ही संजीवनी सुरा में अधिक अलकोहल रहता है, और वह नली से खींची भी जाती है। जो हो; उस समय सरकारी रुख यह दिखलायी पड़ा था कि यदि इसका उपयोग वैद्य लोग अपने बीमारों पर ही करें और सर्वसाधारण के हाथ बिक्री न किया करें तो उनपर मुकदमे न चलाये जाया करें। यद्यपि यह बात भी विवाद ग्रस्त ही है। रोगी और ग्राहक का निर्णय भी झगड़े की बात है। जो हो; इतना होने पर भी आबकारी विभाग जब तक कहीं न कहीं मुकदमे चला ही दिया करता है। अपने किसी अप्रिय वैद्य पर ऐसे मामले उठा देने में उसे मजा आता है। अभी हाल में ही इसी प्रान्त के गोंदिया स्थान के वैद्य पं० शिवबालक द्विवेदी जी पर मुकदमा चलाया गया और उन्हें दो सौ रुपया जुर्माना अथवा एक महीने की कड़ी कैद की सजा भी हो गयी है। इस मामले में द्राक्षासव, अंजीर अर्क, बब्बूलारिष्ट, जम्बीरद्रव, अमृतारिष्ट और विल्वादि आसव को भी लिया गया है। मजा यह है कि आसुत होता हुआ द्राक्षासव भी अदालत में पेश हुआ था। अस्तु अभी शायद इस मामले की अपील हुई है और मामला विचाराधीन होने से मैं उस पर कोई टीका नहीं करना चाहता। किन्तु इस तरह के अन्य मामलों के बारे में हमें बतला देना चाहिये कि इस विषय में सरकार को सोचना चाहिये कि वैद्यक शास्त्रानुसार जो चीजें तैयार करने का वैद्यों को हक है, उस पर हमला करना उचित है या नहीं। अदालतें खाली अपने कायदे को देखती हैं और सजा कर देती हैं। इस सम्बन्ध का कायदा इतना लचीला है, कि उससे पिण्ड छुड़ाना सहज नहीं है। इस मामले में कुछ वद्यों ने अदालत को यह भी बतलाया था कि आसव और अरिष्ट बनाने के तरीके क्या हैं। किन्तु मालूम पड़ता है अदालतें केवल इतना ही देखती हैं कि चाहे वह जिस विधि से बने उनमें अलकोहल होने से ही सजा देनी चाहिये। तब हमें यह भी घोषित करना होगा कि अदालतों की समझ या कायदे की कमजोरी के हम

जिम्मेदार नहीं। हम दवा बनाते हैं और बनावेंगे, आबकारी कानून चोरी से शराब बना कर बेचने वालों के लिये है, वैद्यों का गला घोंटने—वैद्यों का औषधि बनाने का हक छीनने—हमारे आयुर्वेद को सत्यानाश करने के लिये नहीं है। कायदे को साफ करना सरकार का काम है, कौंसिलों के मेम्बरों का काम है। वैद्य लोग अपना हक नहीं छोड़ सकते और अधूरे कायदे की ओट से किसी को ऐसे अधिकार छीनने का हक नहीं है। कायदा सुधारा जाना चाहिये और स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये कि शास्त्रानुसार आसव-अरिष्ट बनाने वाले वैद्यों पर इसका प्रयोग नहीं होगा। आसव-अरिष्ट बनाने की विधि अलग है और शराब बनाने की अलग। दोनों को एक झमेले में डालना सरासर अन्याय है और वैद्यों को जानबूझ कर नाहक तंग करना है। सरकार की यह मनोवृत्ति बदलनी ही चाहिये। दवा दवा रहेगी और शराब एक अनीति का विषय है। दोनों का मेल कर देना लोगों की आँखों में धूल झोंकना है।

एक बात का ध्यान वैद्यों को भी रखना पड़ेगा, उन्हें आबकारी विभाग से कोई प्रतिद्वन्दिता नहीं करनी है। उन्हें औषधि बनानी है, शराब नहीं। यह ठीक है कि आसव-अरिष्ट में कुछ प्रूफस्पिरिट-अलकोहल आ जाता है; परन्तु वह इतने अधिक प्रमाण में नहीं आना चाहिये कि वैद्यों को शास्त्र और अपने अधिकार के लिये लड़ने में गुंजाइश न रहे। बम्बई प्रान्त में जिन द्राक्षासवों की जाँच हुई थी, उनमें १८ से २० डिग्री तक अलकोहल मिली थी। और इतने के लिये सरकार की ओर से गुंजाइश रखी गयी थी। हम यह नहीं चाहते कि वैद्यों के पीछे लायसेंस का पुछल्ला लगाया जाय और हरदम की जाँचपड़ताल उनके गले पड़े। हमें औषधि बनानी है और उसे औषधि के दर्जे तक ही रखना ठीक होगा। इसे अधिक विवादग्रस्त बना देना अपने अधिकारों को झंझट में डालना होगा। जिन्हें पूरी तरह पर शराब ही बनानी हो वे चाहे वैद्य हों चाहे कोई हों, उनके लिये लायसेंस का दरवाजा खुला हुआ है। परन्तु वे स्मरण रखें कि बुढ़िया के मरने का डर नहीं, यमराज के घर देख लेने का डर है। एक आध ने लैसंस लिया नहीं कि सब वैद्यों के पीछे उसका धर्तिंगा लगेगा। इसलिये वैद्यों को बहुत सावधानी से अपने हक की रक्षा करनी होगी।

वैद्यों की रजिस्ट्री

बाईस वर्ष पहले बम्बई प्रान्त में प्रथम डाक्टरों की रजिस्ट्री का कानून बना था, उस समय वैद्य और हकीमों ने उसका विरोध किया था। क्योंकि उस कायदे से सरकारी नज़र में डाक्टरों का दर्ज़ा बढ़ जाता था और वैद्य हकीम अनकालीफाइड (अयोग्य) की श्रेणी में आ पड़ते थे। धीरे धीरे प्लेग के समान यह कायदा बढ़ा और सभी प्रान्तों में उसका अमल दखल हो गया। डाक्टर लोग वैद्यों से मिलने-जुलने, सलाह-मशविरा करने और उनकी संस्थाओं में आने जाने, पढ़ाने तथा बोलने से भी रोके जाने लगे। अब यद्यपि ऐसी उग्रता नहीं दिखायी जाती, और जहाँ तहाँ वैद्यों के सार्टिफिकेट भी मान लिये जाते हैं तथापि कायदे द्वारा आयी हुई अयोग्यता की छाप अभी तक देशी चिकित्सकों के माथे से नहीं टली है। इसी बीच संयुक्त प्रान्त में स्थापित "बोर्ड आफ इण्डियन मेडिसिन" ने वैद्यों और हकीमों की भी रजिस्ट्री का कायदा बना डाला है। जब डाक्टरी रजिस्ट्री का प्लेग देश भर में फैल चुका है, तब उससे बचने के लिये यह रजिस्ट्री रूपी यदि प्लेग का टीका लेने की आवश्यकता पड़े तो आश्चर्य ही क्या है। अतएव संयुक्तप्रान्तीय वैद्य अपना नाम रजिस्टर कराने का विचार कर रहे हैं।

ऐसा कायदा भी एक प्रान्त से दूसरे प्रान्तों में धावा मार सकता है ; अतएव आप लोग भी इस पर विचार करें तो असामयिक न होगा। ऐसा कायदा किसी को रजिस्ट्री कराने के लिये बाध्य नहीं करता, तथापि रजिस्टर्ड वैद्यों के लिये कुछ अधिकारों का लालच दिखा दिया गया है। ऐसे रजिस्टर्ड वैद्य "बोर्ड आफ इण्डियन मेडिसिन" में अपने प्रतिनिधि भेजने का अधिकार पावेंगे, विष सम्बन्धी नियमानुसार दिये हुए लायसेंस के अनुसार जिलाधीश के सम्मुख रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र प्रेषित करने पर विष रखने का अधिकार पावेंगे, और 'ब' श्रेणी के वैद्य ५०) तक के नौकरों को तथा 'अ' श्रेणी के वैद्य १००) तक के नौकरों को बीमारी, आयु, योग्यता तथा छुट्टी के सार्टिफिकेट दे सकेंगे। मालूम पड़ता है ये सार्टिफिकेट अभी म्युनिसिपल बोर्ड और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के कर्मचारियों को ही दिये जा सकेंगे। यदि ऐसा ही हो तो यह लालच बहुत निम्न श्रेणी की है। योग्य वैद्यों के सार्टिफिकेट तो ऐसे बोर्डों में अब भी ऊँचे कर्मचारियों के सम्बन्ध में भी मान्य होते हैं। इसके सिवाय १००) से ऊपर के कर्मचारियों को सार्टिफिकेट न दे सकना कभी सन्तोषजनक नहीं माना जा सकता। यही नहीं सरकारी परीक्षा पास वैद्य हकीमों की रजिस्ट्री तो तुरन्त हो जावेगी ; परन्तु आयुर्वेद विद्यापीठ तथा अन्य संस्थाओं की परीक्षा वालों को पाँच वर्षों तक ठहरना पड़ेगा, आयुर्वेद विद्यापीठ जैसी प्रामाणिक संस्था के वैद्यों को सरकारी परीक्षा के समान ही अधिकार न मिलने में कोई कारण नहीं हो सकता। आशा है आपके प्रान्त में ऐसे प्रश्न उठने पर आप अधिक सतर्कता से इसका निरीक्षण करेंगे। संयुक्त प्रान्तीय वैद्य आरम्भ में ही इन नियमों को कस कर जितना अनुकूल बनवा सकेंगे, उतना ही अच्छा होगा। इस समय संयुक्त प्रान्तीय वैद्यों की सावधानी अन्य प्रान्त वालों के लिये भी सुविधाजनक होगी।

वैद्य सभाएँ

जैसे मनुष्य शरीर के अङ्ग-उपाङ्ग यदि कार्यक्षम होते हैं तो वह मनुष्य अपना कर्तव्य पूर्ण करने में समर्थ होता है, उसी तरह किसी संस्था की शाखा-प्रशाखाएँ अपने कर्तव्य में निपुण रहने पर वह संस्था सफलतापूर्वक अपना काम कर सकती है। भारतीय वैद्यसम्मेलन और प्रान्तीय सम्मेलनों के अङ्गरूप स्थानिक सभाएँ हैं। जब तक स्थानिक सभाएँ स्थापित होकर अपना कार्य-विस्तार नहीं करतीं, तब तक सम्मेलन के उद्देश्यों का पूर्ण प्रचार नहीं हो सकता। प्रत्येक जिले और बड़ी जगह के वैद्यों का कर्तव्य है कि वे स्थानिक सभाएँ खोलें और उनके द्वारा सतत कार्य सञ्चालित करते रहें। ऐसी सभाओं के कर्तव्य दो प्रकार के हो सकते हैं। एक वैद्यों के उन्नति विधायक कार्य और दूसरे सर्वसाधारण के उपयोगी कार्य। समय-समय पर वैद्यक कार्य की कठिनाइयों पर सम्मिलित विचार करना, प्रचलित रोगों के सम्बन्ध में सोचना, नये-नये आविष्कारों के सम्बन्ध में अपने विचार स्थिर करना आवश्यक है। बहुत सी ऐसी औषधियाँ हैं जो अभी सन्दिग्ध अवस्था में पड़ी हुई हैं। किसी प्रान्त में उसके बदले कोई ली जा सकती है, किसी में कोई। वैद्यसम्मेलन ने ऐसी औषधियों की एक लिस्ट तैयार की है और प्रतिवर्ष दो नये औषधि के निर्णय का प्रयत्न भी करता है। सन्दिग्ध औषधियों की लिस्ट देखकर स्थानिक सभाएँ उनके नमूने इकट्ठे करें और साधक-बाधक प्रमाणों द्वारा अपने यहाँ उनकी चर्चा करें। परिमार्जित विचारों को लेकर वैद्यसम्मेलन में आवें तो वहाँ सन्दिग्ध औषधि निर्णय में बड़ी सहायता मिला करे। आपके प्रान्त के उत्साही वैद्य श्रीयुक्त कृष्णदत्त जी

इस विषय में अच्छा परिश्रम कर रहे हैं, जड़कों-पहाड़ों की दौड़ लगा रहे हैं। ऐसे लोगों के परिश्रम से लाभ उठाना आवश्यक है। आजकल वैद्यसम्मेलन में चरक कथित पद्धति से सम्भाषा परिषद् होती हैं, वहाँ नये उग्र के रोगों पर (जिनके सम्बन्ध में हमारे निदान और चिकित्सा ग्रन्थों में विस्तारपूर्वक उल्लेख नहीं है।) विचार होता है। सुजाक, उपदंश, मोतीझरा, न्यूमोनिया, ब्लडप्रेशर, इनफ्लुएंज़ा, प्लुरिसी आदि पर अभी हमें बहुत कुछ चर्चा करनी है। अपने यहाँ हम इनके सम्बन्ध में विचार करते रहेंगे तो सम्मेलन में कुछ विचार लेकर जायँगे और सम्मेलन में इनके सम्बन्ध में चर्चा करने की सुविधा होगी। इंजेक्शन, मूत्र-परीक्षा, स्टेथस्कोप आदि के व्यवहार-सम्बन्ध में तथा नये आविष्कारों के सम्बन्ध में हमें कुछ निश्चित धारणा बना लेनी चाहिये। स्थानिक सभाएँ इसके लिये उपयुक्त स्थल हैं। समय-समय पर प्रचलित रोगों और संक्रामक रोगों के सम्बन्ध में जनता को हिदायत देते रहें। उनकी रोक और उनसे बचने के सम्बन्ध में उपयुक्त उपाय बताते रहें। बीच-बीच में उत्सव करते रहें। धन्वन्तरि उत्सव (कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी) और भरद्वाज उत्सव (कार्तिक शुक्ल नौमी) इसके उपयुक्त साधन हैं। इन उत्सवों को लगातार कई दिनों तक भूमधाम से मनाया जाय। आवश्यक विषयों पर निबन्ध पढ़े जायँ। प्रदर्शिनी की जाय। इससे वैद्यों को भी कुछ नयी बातें मालूम होंगी और जनता को भी बहुत कुछ उपदेश मिलेगा।

आकर्षण

ऐसी सभाएँ जनता का ध्यान आयुर्वेद की ओर बराबर आकर्षित करती रहें, धनियों के धन का सदुपयोग कैसे हो सकता है, यह बतलाती रहें। आयुर्वेद के औषधालय और अस्पताल खुलवाने बहुत आवश्यक हैं। इनके द्वारा आयुर्वेद की यथार्थ उपकारिता प्रकट होती है। अभी हाल में ही पूने के एक धनी सेठ हनुमानरामजी ने अपने भाई के स्मारक में सेठ तारा-चन्द रामनाथ धर्मार्थ अस्पताल खोला है। स्थानिक सभाएँ ऐसे उत्साहियों के सामने लावें और उनसे जनता के हित के कार्य कराती रहें। बम्बई के आयुर्वेद प्रेमी डाक्टर रहसकर ने अपनी पुत्री श्रीमती कमलाबाई के नाम से एक आयुर्वेदिक सूतिका गृह चालिस हजार के दान से खोलवाना निश्चय किया है। उद्योग करने से ऐसे उदार सज्जन अन्य प्रान्तों में और आपके प्रान्त में भी मिल सकते हैं। ऐसे स्थल वैद्यों के अभ्यास के लिये खासी प्रयोगशाला का काम दे सकते हैं। सुनते हैं यूरोप में डाक्टरी के विद्यालय और अस्पताल प्रायः सार्वजनिक और व्यक्तिगत फण्ड से ही स्थापित हैं। सरकारी पूँजी का सदुपयोग होना चाहिये। इस वर्ष बम्बई के वैद्यसङ्घ ने धन्वन्तरि उत्सव के समय बड़े साहस का प्रयोग करना निश्चय किया था। सर्पदंश पर प्रत्यक्ष प्रयोगात्मक व्याख्यान होनेवाला था। दरअसल यह बहुत साहस और धोखे का काम था; किन्तु धोखे में डाले बिना बड़े-बड़े प्रयोग नहीं हो सकते। पश्चिमी वैज्ञानिक अपने को धोखे में डाल कर बड़े-बड़े प्रयोग किया करते हैं। यह सच है कि अभी भारत की स्थानिक सभाएँ उतने सफल प्रयत्न करने में समर्थ नहीं सिद्ध हुई हैं और इसमें हमीं लोगों का आलस्य बाधक होता है; तथापि जहाँ सभाएँ रहती हैं वहाँ कुछ न कुछ काम होता ही है। जबलपुर की सभा ने आरम्भ में उत्साह से काम किया और अब भी समय-समय पर कर ही रही है। नागपुर की सभा ने धन्वन्तरि पाठशाला तथा चर्चा मण्डल की योजना की है। आशा है उत्साही वैद्यगण अपने शहरों में वैद्य सभाएँ स्थापित कर उनके द्वारा विधायक कार्य करने की योजना करेंगे।

वैद्यक शिक्षा की सुगमता

मानवीय मनोवृत्ति का दुर्लक्ष्य करना सदा हानिकर होता है। इस समय यह विचार लोगों में बढ़ रहा है कि सुलभता पूर्वक वैद्यक शिक्षा का प्रचार किया जाय। वैद्य सम्मेलन के आयुर्वेद विद्यापीठ ने वैद्यक विद्या का एक पाठ्यक्रम तैयार किया है और वह उत्तम तथा सर्वप्रिय भी हुआ है। वैद्य सम्मेलन सत्रह-अठारह वर्षों से उसी के अनुसार तीन प्रकार की परीक्षा ले रहा है और उनसे वैद्य समाज का यथेष्ट उपकार भी हुआ है। अब तक जितनी शिक्षा और परीक्षा की संस्थाएँ खुली हैं, उन सबों के पाठ्यक्रम का यही आधार रहा है। किन्तु इसमें उच्च परीक्षा केवल संस्कृत द्वारा दी जा सकती है। देशी भाषा द्वारा केवल भिषक् परीक्षा दी जाती है; परन्तु यही अब काफी नहीं मालूम होता। संयुक्त प्रान्तीय सरकार ने जो परीक्षाएँ स्थापित की हैं वे भी ऊँचे दर्जे की हैं। हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग का पाठ्यक्रम भी उच्च श्रेणी का है। एफ० ए० तक की अंग्रेजी और मध्यमा तक संस्कृत जानने वाले ही उसका लाभ उठा सकते हैं। आवश्यकता है कि उच्च श्रेणी के वैद्य तैयार करने के साथ ही ऐसे वैद्य भी तैयार किये जाँय, जिनके द्वारा देहातों में प्रचारकार्य और चिकित्साकार्य सुलभता पूर्वक हो सके। इसके अभाव में जहाँ तहाँ नकली संस्थाएँ कायम हो रही हैं और वे रुपये ले लेकर वैद्यक की पदवियाँ बाँट रही हैं। यह नकली पदवियाँ बाँटने की दूकानें तेज़ी से चमक रही हैं। सरकार का इधर दुर्लक्ष्य है और वैद्य सम्मेलन इसे रोकने में असमर्थ है। इस व्यवसाय को रोकने का यही उपाय है कि कुछ वैद्यक परीक्षाएँ और भी सरल बना दी जाँय। बिना पढ़े लिखे भी लोग वैद्य हो जाते हैं और मान्य संस्थाओं से मिलती जुलती पदवी अपने नाम के साथ जोड़कर जनता को ठगा करते हैं। इससे तो यही अच्छा हो कि वे वैद्यक शिक्षा भी प्राप्त कर लें और उनकी पदवी की लालसा भी तृप्त हो सके। हम नहीं चाहते कि ज्ञान में कमी रहे। अभी आयुर्वेद विद्यापीठ जैसे भिषक् परीक्षा लेता है, उसी तरह यह क्षेत्र और विस्तृत कर दिया जाय। आयुर्वेद विशारद और आयुर्वेदाचार्य की शिक्षा का जैसा पाठ्यक्रम है उसी के अनुसार पाठ्यक्रम रहते हुए हिन्दी द्वारा भी वे परीक्षाएँ हो सकें। जो परीक्षार्थी विशारद परीक्षा के प्रश्नपत्रों का उत्तर हिन्दी द्वारा दें, उन्हें भिषक्भूषण की उपाधि मिले और आयुर्वेदाचार्य के प्रश्नपत्रों का उत्तर हिन्दी द्वारा देनेवालों को भिषग्रत्न की उपाधि दी जाय। इससे वैद्यक ज्ञान लगभग ज्यों का त्यों रहेगा। केवल संस्कृत ज्ञान की कमी रहेगी। किसी विज्ञान की शिक्षा के लिये भाषा विशेष की शर्त रखना आवश्यक नहीं है। एक समय था जब ऐसी शिक्षा के लिये वैद्यक पुस्तकों की कमी थी; किन्तु अब हिन्दी में पुस्तकें बराबर निकल रही हैं, उनके द्वारा शिक्षा का काम सरलता से हो सकेगा। इस मनोविज्ञान की अवहेलना होने से मानवीय विचार धारा तो रुकेगी नहीं, हाँ वैद्य सम्मेलन के बदले कोई अन्य संस्था इसकी पूर्ति का प्रयत्न करे तो आश्चर्य नहीं। इस सम्बन्ध में वैद्यों को अपने विचार स्थिर कर आवश्यक कार्यवाही करने का प्रयत्न करना चाहिये।

विद्वत्परिषद्

साहित्य की पूर्ति के बिना किसी विज्ञान की उन्नति नहीं हो सकती और साहित्य की पूर्ति उस विषय के विद्वानों के द्वारा ही हो सकती है। प्रत्येक समुन्नत और जीवित समाज में विद्वानों की संख्या बढ़ाते रहने और उनका समादर करते रहने की आवश्यकता है। ऐसे

विद्वानों का एक संगठन होना आवश्यक है। संगठन के द्वारा उनकी सम्मतियों का आदान-प्रदान होता रहेगा और उनकी विचारधारा तीव्रता से निश्चित दिशा की ओर बहेगी। प्रत्येक प्रान्तिक वैद्य सम्मेलन का कर्तव्य है कि वह अपने प्रान्त के विद्वानों की एक विद्वत्समिति बनावे और उनके विचारों का परिचालन करता रहे। समय-समय पर ऐसे विषय उठा करते हैं जिन पर विचार करना विद्वानों का ही काम होता है। यदि वह विचार सुसंगठित हो तो उसके निर्णय में सरलता और सुविधा होती है। कुछ वर्षों से "त्रिदोषवाद" और पेशी, स्नायु, कला, सिरा, धमनी आदि विषयों को लेकर विद्वानों में चर्चा चल रही है। इस विषय में महामहोपाध्याय कविराज गणनाथ सेन महोदय तथा महाराष्ट्र के कई विद्वान भाग ले रहे हैं। आपके नगर के विद्वान और उत्साही वैद्य श्रीयुक्त डेग्वेकरजी भी इस विचार में प्रमुख भाग ले रहे हैं। ऐसे विषयों को दलबन्दी का विषय न बना कर यदि विद्वत्परिषद के सज्जन शास्त्रीय निर्णय के विचार से विचार करें तो शास्त्रीय समाधान शीघ्र हो सकता है। यही नहीं आयुर्वेद की समुन्नति के लिये अभी बहुत से ग्रन्थ-रत्न तैयार करने की आवश्यकता है। एक सुसम्पादित आयुर्वेदिक कोष का अभाव बराबर खटक रहा है। किन्तु यह काम एक व्यक्ति का नहीं है। इसमें अनेक विद्वानों के सहयोग की आवश्यकता है। मैटीरियामेडिका के ढंग पर आयुर्वेदिक निघण्टु का निर्माण भी आवश्यक है। इस समय के निघण्टु बहुत संक्षिप्त हैं और उनसे रस-वीर्य-विपाक प्रभाव का विस्तृत और स्पष्ट स्वरूप उतना साफ नहीं होता। वर्ग संशोधन की भी आवश्यकता प्रतीत हो रही है। स्वर्गीय डाक्टर देसाई का ग्रन्थ इस सम्बन्ध में एक कल्पना सामने रखता है। किन्तु अभी इस सम्बन्ध में बहुत काम करना होगा। डाक्टरी में जैसा फार्माकोपिया ग्रन्थ होता है, उसी तरह आयुर्वेदिक योगों के लिये यह आवश्यक है कि लाभदायक योगों का निर्णय कर एक ग्रन्थ प्रकाशित हो। बम्बई के श्रीमान् पण्डित हरिप्रपन्नाचार्यजी ने दो भागों में "रसयोगसागर" और ऊँझा आयुर्वेदिक फार्मेसी के मालिक महोदय ने तीन भागों में "भारतभैषज्य रत्नाकर" ग्रन्थ छपा कर वैद्यों का बड़ा उपकार किया है। इनमें एक नाम के जितने औषध प्रयोग हैं, वे सब एक जगह संगृहीत हो गये हैं। किन्तु एक-एक रस या औषधि के अनेक पाठ देख कर यह विचार उठने लगता है कि किस प्रकार की अवस्था में कौन योग कारगर होगा। विद्वानों की परिषद परीक्षण द्वारा इसका निर्णय कर एक ग्रन्थ रूप में उनका संग्रह कर सकती है। यही नहीं आयुर्वेद-विद्यापीठ ने शिक्षा और परीक्षा का एक पाठ्यक्रम बना दिया है और उसके लिये चरक सुश्रुत वाग्भट के अध्यायों का निर्देश कर दिया है। किन्तु पढ़ने-पढ़ाने वालों को इसमें असुविधा होती है। यदि उन अध्यायों का मन्थन कर एक पुस्तक में विचार समन्वय के साथ संग्रह हो जाय तो सुविधा हो और प्रत्येक विषय की अच्छी पाठ्य-पुस्तक तैयार हो जाय। सुसंगठित विद्वत्परिषद ऐसे कामों का सरलता से सम्पादन कर सकती है।

प्रकाशक समिति

विद्वान लोग विविध विषयों के ग्रन्थ तैयार करेंगे सही; किन्तु उनके प्रकाशन का प्रबन्ध हुए बिना पूरी सफलता नहीं हो सकती। व्यक्तिगत प्रयत्न से पुस्तक प्रकाशन करना सबके लिये सहज नहीं है। महामहोपाध्याय श्रीमान् कविराज गणनाथ सेन तथा आयुर्वेद-मार्तण्ड पं० यादव जी त्रीकम जी आचार्य ने कई ग्रन्थरत्न प्रकाशित कर वैद्य समाज का बड़ा

उपकार किया है। नागपुर के श्रीयुक्त पण्डित गोवर्धन शर्मा छांगाणी जी ने मद्रास प्रान्त में प्रचलित "वसवराजीयम्" ग्रन्थ प्रकाशित कर वैद्यों के हाथ में अमूल्य उपहार रखा है। अन्य जो सज्जन अपने द्रव्य और समय का सदुपयोग कर ग्रन्थ-रत्न प्रकाशित कर रहे हैं वे सभी वैद्य समाज की ओर से धन्यवाद के पात्र हैं। किन्तु यह मानना ही पड़ेगा कि व्यक्तिगत प्रयत्न इस कार्य के लिये पर्याप्त नहीं। एक मनुष्य की शक्ति परिमित ही होती है। ऐसे कार्यों के लिये सम्मिलित और सुसंगठित प्रयत्न अधिक व्यापक हो सकते हैं। इसलिये हमारी समक्ष में ग्रन्थ प्रकाशन समिति की बहुत आवश्यकता है। बहुत से ग्रन्थरत्न अभी तक अमुद्रित अवस्था में पड़े हैं। खोज करने से अभी सैकड़ों ग्रन्थ जहाँ तहाँ मिल सकते हैं। प्रकाशित न होने से उनके नष्ट हो जाने का भय है। उनके लेखकों का नाम और परिश्रम लुप्त हो जाने का भय है। ग्रन्थ प्रकाशन समिति के द्वारा ऐसी पुस्तकों की खोज और प्रकाशन का काम हो सकता है। ऊपर बतलाये हुए नवीन ग्रन्थों का निर्माण होने पर उनके प्रकाशन की भी व्यवस्था होनी चाहिये। ऐसी समिति के लिये यह काम जितना सहज हो सकता है, उतना व्यक्तिगत प्रयत्न से नहीं। ऐसी समिति सार्वजनिक हिस्सों के द्वारा लिमिटेड कम्पनी के ढंग पर स्थापित हो सकती है। उसके मुनाफे में सभासदों का हिस्सा होने से किसी को पूँजी लगाने में भी संकोच नहीं होगा।

साप्ताहिक पत्र

आजकल प्रचार का जमाना है। प्रचारकार्य द्वारा अपने उद्देश्यों और कार्यों का विस्तार हर एक समुदाय के द्वारा इस समय आवश्यक समझा जाता है। यह कार्य सामयिक पत्रों द्वारा हो सकता है। इस समय वैद्यक सम्बन्धी मासिकपत्र तो अच्छी संख्या में निकल रहे हैं और वे अपने उद्देश्य की पूर्ति भी यथासाध्य कर रहे हैं। किन्तु मासिक पत्रों का काम अधिकांश में विषय विवेचन और स्थायी साहित्य प्रकाशन के ढंग का होता है। सामयिक विषयों की चर्चा करना, प्रचलित आन्दोलन द्वारा मतनिर्माण करना, अपनी संस्था के उद्देश्यों का प्रचार करने में सतत उद्योगी रहने के लिये मासिक पत्र उतने उपयोगी नहीं हो सकते। महीने में एक बार प्रकाशित होने के कारण शीघ्र आन्दोलन का काम उनसे नहीं हो सकता। इसके लिये कम से कम एक साप्ताहिक पत्र की आवश्यकता है। प्रान्तिक सम्मेलनों के द्वारा पुरस्कृत होकर ऐसे साप्ताहिक पत्र हर एक प्रान्त से एक एक निकल सकते हैं। आपके मध्य प्रदेश में तो अभी किसी भी तरह का वैद्यक पत्र प्रकाशित नहीं होता। इस प्रान्त के वैद्यों को अधिक सार्वजनिक स्वरूप देने की अभी बहुत आवश्यकता है। प्रतिद्वन्द्विता के मैदान में आप लोग निकल पड़िये और कर्तव्य पूर्ति कर अपनी शक्ति, योग्यता, साहस और संगठन का परिचय दीजिये। अपनी प्रान्तिक शक्तियों को अधिक केन्द्रीभूत कीजिये और सफलता की ओर अग्रसर होते रहिये।

योग्यों का समादर

जिस समाज में योग्यों का समादर और अयोग्यों का तिरस्कार नहीं होता, 'सब धान बाईस पसेरी' होते हैं, उसका पार भी ईश्वर ही लगाता है। यह सत्य है कि वैद्यसम्मेलन के हाथ कोई शासनशक्ति नहीं है। अतएव वह अयोग्यों के लिये कोई शासन व्यवस्था नहीं कर सकती। परन्तु अयोग्यों को योग्य बनाने का प्रयत्न करना और योग्यों को समादर पूर्वक आगे

बढ़ाना उसके हाथ है। वैद्यसमाज में उपाधि प्राप्ति की लालसा विद्यमान है; किन्तु उसकी पूर्ति का कोई साधन नहीं है। कई कारणों से वैद्यसम्मेलन ने उपाधि देना बन्द कर दिया है और उसका परीक्षा विभाग परीक्षा की उपाधियों के सिवाय अन्य यूनिवर्सिटियों की तरह कोई आनरेरी उपाधि नहीं देता। इस मार्ग में बहुत-सी अड़चनें हैं; अतएव इस समय उसका जिक्र न करना ही अच्छा है। किन्तु नये आविष्कार करनेवालों के लिये और उत्तमोत्तम ग्रन्थ रचना करने वालों के लिये आदर-प्रदान का कोई साधन होना ही चाहिये। हिन्दी साहित्य की सेवा करनेवालों के लिये जैसे प्रतिवर्ष १२००) मंगलाप्रसाद परितोषिक की व्यवस्था है, उसी प्रकार वैद्यक ग्रन्थ निर्माताओं का उत्साह बढ़ाने, उनकी कद्र करने की योजना करना वैद्य संसार के लिये कठिन नहीं होना चाहिये। अधिक नहीं तो ५००) रुपये का पुरस्कार और एक स्वर्णपदक प्रतिवर्ष देने की व्यवस्था किसी उदार सज्जन के ग्यारह हजार रुपये दान के द्वारा तुरन्त हो सकती है। कम-से-कम आपका सम्मेलन एक स्वर्णपदक की व्यवस्था तो कर सकता है, जिससे इस प्रान्त में आयुर्वेद सम्बन्धी कोई नामांकित कार्य करनेवाले किसी सज्जन को उत्साह वर्धन के लिये यह दिया जा सके। प्रसन्नता की बात है कि द्रविड़ देश में प्रसिद्ध अगस्त सम्प्रदाय के ग्रन्थों का सार ले उस विषय का एक प्रामाणिक संग्रह ग्रन्थ संस्कृत में लिखने वाले सज्जन को बम्बई के पं० यादवजी महाराज ५००) पुरस्कार देनेवाले हैं। अपने समाज का समादर असीम उत्साह बढ़ाता है और बड़े-बड़े साहसिक कर्म करने को उत्तेजित करता है। उनके कार्य का महत्व सर्व साधारण पर विदित होता है और अधिकाधिक स्फूर्ति के साथ वे आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं। अतएव वैद्यसमाज के सोचने समझने का यह विषय है। यादवजी भाई का पुरस्कार एक मार्गदर्शक है। इसका उच्च अनुकरण आवश्यक है।

स्नातक मण्डल

आयुर्वेद विद्यापीठ की परीक्षाएँ पास कर उपाधि प्राप्त करनेवाले स्नातकों का एक खासा समूह इस समय देश के सभी भागों में विद्यमान है। वैद्यसम्मेलन के उद्देश्यों का देश व्यापी प्रचार करने, आयुर्वेद-समुन्नति के काम में स्वयं जुटकर, वैद्य समूह और सर्वसाधारण को आकर्षित करने में उन्हें अग्रभाग लेना चाहिये। आयुर्वेद की सर्वोच्च सेवा करने और वैद्य सम्मेलन की सफलता के साधन बढ़ाने में उन्हें अधिक प्रयत्नशील होना चाहिये, उन्हें सबसे अधिक परिश्रम करना चाहिये। स्नातकों के सङ्गठन के लिये एक 'स्नातक मण्डल' स्थापित भी हो चुका है, उसे अधिकाधिक पुष्ट, दृढ़ और कार्यकर बनाना आवश्यक है। आपके प्रान्त के स्नातक सुसङ्गठित होकर अपने इस अङ्ग के उन्नति साधन का प्रयत्न करें और अपने प्रान्तिक सम्मेलन को सफल बनाने और स्थानिक सभाएँ स्थापित कर सञ्चालित करने में प्रयत्नशील हों तो इस प्रान्त की आयुर्वेदिक परिस्थिति का परिवर्तन बहुत शीघ्र हो जावे। महाराष्ट्र प्रान्त के आयुर्वेदिक शिक्षकों का एक सङ्गठन है और उसका एक सम्मेलन भी प्रतिवर्ष होता है। उसमें अनेक विचारणीय विषयों पर विचार होता है, आयुर्वेदिक पाठ्यक्रम का विवेचन होता है और जटिल समस्याओं के सुलझाने का प्रयत्न किया जाता है। सुदृढ़ स्नातक मण्डल ये सब काम अपने अन्तर्गत कर सकता है। स्मरण रहे कि स्नातक मण्डल वैद्य सम्मेलन के अधीन उसके सहायक स्वरूप उसका एक अंगी बनकर ही (जैसा कि उसका नियम है भी) रहना चाहिये। ऐसा होने से ही सम्मेलन की पूर्ण सहायता हो सकती है।

उपसंहार

वैद्य बन्धुओं ! सबका सारांश यह है कि जीवन संग्राम में वही विजयी होता है जो साहसी, दृढ़, वीर और सुयोग्य होता है। आप साहस और सचाई के साथ वैद्यक व्यवसाय में जुटिये, अपने प्रेम और त्याग के द्वारा सर्वसाधारण के हृदय में स्थान अधिकृत कीजिये, आयुर्वेद के प्रति श्रद्धा, भक्ति और प्रेम उत्पन्न कीजिये। आयुर्वेदिक कार्यों की समुन्नति के लिये अपनी शक्ति, द्रव्य और बुद्धि का विनियोग करते हुए सर्वसाधारण की पूर्ण सहायता प्राप्त करने का उद्योग करते रहिये। आयुर्वेद की उन्नति और वैद्यों की प्रतिष्ठा की सारी जवाबदारी आप पर है; इसकी सिद्धि और समृद्धि में आपकी नामवरी और प्रतिष्ठा है। इसमें और अवहेलना होने से इतिहास में आप कलंकित समझे जावेंगे। इस समय संसार उन्नति की ओर क्षण क्षण कदम बढ़ा रहा है, शीघ्रता से बढ़ रहा है। इस दौड़ में जो आगे जावेगा, वह विजयी होगा सफलता का सेहरा उसके सिर पर होगा। पीछे रहने वाले सब दिन के लिये जायँगे, संसार उन्हें भुला देगा। इतिहास उनके नाम पर शाप देगा। स्वराज्य के उषःकाल की मनोहारिणी लालिमा की छटा दृष्टिपथ में आ रही है, उसके स्वागत की योग्यता अपने में लाइये। मैंने अपने हरदोई सम्मेलन के भाषण में आयुर्वेद के तीन काल निश्चित किये थे। वैदिक काल की आयुर्वेद स्थापना को "गौरवकाल" पौराणिक समय के परम्परा विकास को "उन्नति-काल" और विदेशी आक्रमणों के समय से अवनित पाते हुए फिर सम्मेलन के जन्म से उसके समुत्थान के आरम्भ को "कर्तव्यकाल" निश्चय किया था। भाइयों, यह कर्तव्यकाल है, कर्तव्यशील बनिये अपने कर्तव्य की भेरी बजा विजय सम्पादन कीजिये। स्वराज्य के ज़माने में अब से कहीं अधिक उत्तरदायित्व और कर्तव्य का भार आप पर आने वाला है। यह आपकी कठिन परीक्षा का समय होगा। आपको सिद्ध करना पड़ेगा कि संसार की गति को आप पहचान रहे हैं; चिकित्सा वृत्ति, चिकित्सा विज्ञान की प्रतिद्वन्द्विता में आप किसी से पीछे नहीं रहना चाहते। आप अपने को इस योग्य बनाने के लिये समुत्सुक और तत्पर हैं कि आप पर देश की आरोग्यता का भार सौंप दिया जा सके। आप इस दावे को लेकर मैदान में आ सकते हैं कि देश हमारा है, अतएव देश में देशी चिकित्सा पद्धति का ही बोलबाला हो सकता है। आपको एक समुन्नत, सुदृढ़ चिकित्सा पद्धति और उसके मानी प्रशंसकों के मुकाबले अपने को योग्य बनाना है। अपनी कमजोरियों को समझकर उन्हें दूर करना है, अपनी त्रुटियों की पूर्ति करना, अपनी भूलों का संशोधन करना है और संसार के सामने छाती ठोंककर 'सिर ऊँचाकर' आत्माभिमान और गौरव-गरिमा के साथ खड़े होना है। यह काम करने से होगा और आपके ही करने से होगा। आलस्य छोड़िये, कर्मशीलता ओढ़िये, पुरुष सिंह के समान उद्यमी बन कर्तव्य में जुट जाइये। आपका कर्तव्य महान है, उद्देश्य महान है, उसका फल और परिणाम भी कल्याणकारी तथा महान है। सफलता निश्चित है। आप आपस के विरोध-भाव छोड़िये, एक पारिवारिक परिस्थिति उत्पन्न कर परस्पर प्रेम, सहानुभूति, साहाय्य, समवेदना और आत्मानुभूति का स्रोत प्रवाहित कीजिये। सफलता विजयमाल लिये खड़ी है, उसे धारण करने को तैयार हो जाइये। आपके कल्याण में देश का कल्याण है, आपकी उन्नति में देश की उन्नति है, आपकी दृढ़ता में देश का सुदृढ़ और स्वास्थ्य सम्पन्न होना निर्भर है। दया, सचाई, सहानुभूति, त्याग और सुचिकित्सा से देशवासियों का हृदय जीतिये, अपनी विद्या, अपनी योग्यता, अपने विज्ञान की

श्रेष्ठता से संसार में छाती ऊँची कर खड़े हो जाइये। निश्चय कीजिये कि अन्तिम ध्येय की प्राप्ति तक हमारे अनवरत प्रयत्न जारी रहेंगे, कर्तव्यों का ताँता नहीं टूटेगा। सफलता हमारे गले लगेगी और हमारी होकर ही रहेगी। आपका मूलमन्त्र हो हम हों, हमारा समुन्नत देश हो, हमारा गौरवशाली राष्ट्र हो, हमारे विज्ञान की विजयपताका संसार भर में फहरानेवाली हो। एवमस्तु।

भिषजां साधुवृत्तानां भद्रमागमशालिनाम्।
अभ्यक्त कर्मणां भद्रं भद्रं भद्राभिलाषिणाम्॥

बंगालप्रान्तीय वैद्यसम्मेलन के सभापति

कविराज हाराणचन्द्र चक्रवर्ती महोदय का

अभिभाषण ।

सिद्धिदं विघ्नहन्तारं ज्ञानाधारं गुणाकरम् ।
प्रणमामि महाकायं विघ्नशान्त्यैर्गजाननम् ॥

दृष्ट्वा प्रजामथ निजां विविधामयार्तामायुष्यवेदमखिलं कृपया स्मरन् यः ।
प्रावर्त्तयज्जगति तं जगतो हिताय तस्मै परं प्रणतिरस्तु पितामहाय ॥
सन्धाय विस्मयकरं खलु यज्ञशीर्षं छिन्नं सुरैरतितरामनुरुध्यमानौ ।
प्राप्तौ तु यौ सुरवरेप्सित-यज्ञभागम् तावश्विनौ शिवकृते प्रणमामि शश्वत् ॥

आयुर्वेदरहस्यतत्वमखिलं स्वास्थ्यानुवृत्तिप्रदं-
पूर्वाचार्य्य-परम्परागतमिदं धर्मार्थकामास्पदम् ।
भारद्वाजमुपादिशन्मुनिवरं यः शिष्यमुख्यं पुरा-
वन्दे तं मनुजोपकारनिरतं श्रीदेवराजं प्रभुम् ॥

हन्ता जरामृतिरुजां निखिलामराणां योऽश्रोन विष्णुरुदतिष्ठदुदन्वतः प्राक् ।
पश्चात्तु काशीपति-गोत्रमनुप्रजातो धन्वन्तरिं तमिह नौमि भिषग्वरेण्यम् ॥

कानन्तायुष्यवेदोऽयं काहमल्पमतिर्जनः ।
बाहुभ्यां सागरं तर्त्तुकामवद् यामि दुर्गतिम् ॥
यद्वाभी(?)प्रति नास्ति शास्त्रजलधे रत्नावलीसंग्रहे-
यस्य स्वान्ततमो जहार नितरां कारुण्यपूर्णाशयः ।
नानाशास्त्र प्रदेष्वधीतिभिरलं दीप्तो विपश्चिद्वरो:
ज्ञानोद्भासितलोचनो विपुलधीर्गंगाधरो दुर्द्धरः ॥
आयुर्वेदमहोदधिं दुरतिगं प्रोन्मथ्य यन्नाहृतै-
र्भैषज्यामृतवारिभिर्जननगणानुज्जीवयन्मृत्युतः ।
राजन्नत्र परं चिरं कविरिव ज्ञानेन विश्वश्रुतो
जातः सत्कविराज एक इह यः श्रेयान्यथार्थाभिधः ॥
पूर्वाचार्य्यगणैरुपास्थिततमा विद्याः समुद्धाश्चिरं-
निश्चर्चाः क्षयमाप्नुवन्त्य इह ताः प्रायेण नाशं गताः ।
यात्येका परिशिष्यते कथमपि क्षीणा चिकित्साभिधा-
सा क्षीघ्रं विलयाय गच्छतितरां न्यक्कृत्य युष्मानहो ॥

भो भो देशहितैषिणः कुशलिनो विद्यागरिष्ठा जना-
नानादेशनिवासिनोऽत्र मिलिताः सभ्या यशोमण्डिताः ।
युष्मानद्य निवेदयामि सततं वाढं कुरुध्वं सप-
र्यायुर्वेदमहानिधिं समवितुं यत्नं यथावन्मुदा ॥

माननीय स्वागतकारिणी समिति के सभापति महोदय और समवेत सज्जनों !

शिव सलिला जान्हवी की द्वितीय मूर्ति पद्मा-मण्डित सर्वजनवरेण्य भूमि की महा-नगरी राजधानी में आप लोग आयुर्वेद के हितार्थ एकत्र हुये हैं। यह देखकर मैं अत्यधिक आनन्दित हुआ हूँ। मैं कलकत्ता आने के पहले ५० वर्ष पूर्व इस स्थान में रहकर आयुर्वेद की यथासाध्य सेवा करता था और अभी तक मैं इस नगर से सम्बन्धित नागरिक कहा जाता हूँ। ऐसी अवस्था में मैं इस महायज्ञ में आप लोगों का स्वागत करने का पूर्ण अधिकारी हूँ। भगवान् की असीम कृपा से स्थगित आयुर्वेद महासम्मेलन का पुनः अधिवेशन हुआ। प्राचीन पार-स्परिक विरोध त्याग कर सम्मिलित रूप से इस अधिवेशन की सफलता हो, इसके लिये यत्न करना चाहिये। विगत सम्मेलन की घटना का भाव जब हृदय में उठता है, तब लज्जा से सिर नीचा हो जाता है। सभ्य होकर असभ्य की भाँति कार्य्य करना सनातन प्रथा का विरोध करना है। इसलिये सर्व प्रथम सनातनीय शिक्षा का प्रवर्त्तन आवश्यक है। यद्यपि यह प्रसंग नहीं है, तथापि मुझे कहना ही पड़ता है कि वर्त्तमान स्कूल तथा कालेज की विषमय शिक्षा विशेषतः निरीश्वर शिक्षा तथा स्त्री पुरुषों की सहयोग शिक्षा इत्यादि कारणों से देश की लाभ के बदले हानि हो रही है। इस विषय का आप लोग शीघ्र ही अनुभव करेंगे। आप लोगों ने मुझे इस सम्मेलन का सभापति मनोनीत कर सम्मानित किया है। वृद्ध पुरुषों की प्रतिष्ठा करना आनन्द की बात है, पर आयुर्वेद शास्त्र अति विशाल है तथा इसमें जीवन और मृत्यु का व्यापार है। इसकी समता में मैं अल्पज्ञ हूँ। सच पूछिये तो वर्तमान अवस्था में अल्पज्ञान की रक्षा करना भी दुस्तर है तथापि इस वृद्धावस्था में भी मैं भगवान पर भरोसा करके खड़ा हुआ हूँ। भाषण के पहले कविराज श्यामादास वाचस्पति का नाम स्मरण हो रहा है। स्वर्गीय कविराज श्यामादास जी ने विगत सम्मेलन के लिये बहुत प्रयत्न किया था; किन्तु उनकी मृत्यु से आयुर्वेद-गगन का उज्वल नक्षत्र गिर गया। आप धीर, स्थिर, सुपंडित तथा विनयी थे। आपने आयुर्वेद की उन्नति के लिये बड़े-बड़े कष्ट सहन किये थे तथा आर्थिक सहायता भी की थी आप आयुर्वेद के प्रकृत भक्त थे। आपका स्थान पूर्ण होना बहुत ही कठिन है। आयुर्वेद के सम्बन्ध में कुछ कहने के पहले ही अपने अध्यापक सुप्रिहीतनामा, ऋषिकल्प, गंगाधर कवि-राज जी का नाम कृतज्ञता के साथ लेना पड़ता है। उनके विशाल पाण्डित्य के विषय में कुछ कहना ही उनका खर्व करना है। संक्षेप में कहें तो आप ही आयुर्वेद के पुनरुद्धारकर्ता थे। आप ही ने चिलुप चरक का पठन-पाठन सर्वप्रथम प्रारम्भ किया था। सुश्रुत संहिता के सन्दीपन भाष्य की जो रचना मैंने की है वह उन्हीं की प्रतिभा का फल है। उसमें यदि कुछ नई बात है तो वह मेरी है। गंगाधर जी के आविर्भाव न होने से भारतवर्ष में आयुर्वेद का अस्तित्व न रहता। उन्हीं के शिष्य भारतवर्ष के हरएक नगरों में आकर आयुर्वेद का प्रचार तथा यश अर्जन किया है। स्वर्गीय श्यामादास जी कविराज उनके प्रशिष्य थे। गंगाधरजी के कोई शिष्य मूर्ख तथा दरिद्र नहीं हैं। चिकित्सा-व्यापार में वे सर्वदा एकोपैथिक के उपमर्दक थे। आपको

प्रायः असाध्य रोगियों को जीवन दान देना पड़ा था। आपका तेज दृष्टान्त स्वरूप कीर्तित हो रहा है। यदि आपके तुल्य कोई कविराज होता तो आयुर्वेद के इतिहास में परिवर्तन हो जाता। अब प्रकृत विषय का अनुसरण किया जाय। आप लोग अवगत हैं कि आयुर्वेद वेद का उपांग है। यतः—

पुराणं मानवो धर्म्मः साङ्गो वेदश्चिकित्सितम्।
आज्ञा सिध्यानि चत्वारि न हन्तव्यानि हेतुभिः॥

यह रागद्वेष विवर्जित त्रिकालज्ञ ऋषियों का ज्ञान लब्ध है। इसका एक वर्ण भी असत्य नहीं है।

रजस्तमोभ्यां निर्मुक्ता तपो ज्ञानबलेन ये येषां त्रिकाल ममलं।
ज्ञान मव्याहृतं सदा आप्ताः शिष्टा विबुध्यास्ते तेषां वाक्यमसंशयं॥

इसलिये ऋषियों के शब्दों के ऊपर कुछ कहना केवल वाचालता मात्र है। यही वर्धमान सज्जनों के सामने आयुर्वेद का दोष है। कारण यह कि पाश्चात्य-चिकित्सा शास्त्र सदा परिवर्त्तन-शील है, पर आयुर्वेद अचल सिद्धान्त है। समय के दोष से गुण की भी गणना दोष ही में होती है। आयुर्वेद के सम्बन्ध में वर्धमान चिन्ता की धारा ही उसका एक प्रमाण है। ऋषियों की सूक्ष्म बुद्धि से जो उत्पन्न हुआ है, वह दृढ़ है। जो आर्ष दर्शन शास्त्र से संबद्ध है वह अपरिवर्त्तनशील है।

न्याय-दर्शन, वेदान्त-दर्शन तथा सांख्य-दर्शन जैसे अपरिवर्तनीय हैं, वैसे ही आयुर्वेद भी है।

आयुर्वेद का विशेष अंश में योग तथा वियोग का अधिकार हम लोगों का है। हजारों औषधियाँ जहाँ प्रचलित हैं वहाँ पर योग तथा वियोग से कई सहस्र औषधियाँ कर सकते हैं। शास्त्र में इस विषय का उपदेश है और वह कार्य में भी परिणत है।

योऽल्पौषध कृतो योगो बहुग्रन्थभयान्मया।
द्रव्याणां तत्समानानामुपयोगो न दूष्यति॥
गणे क्रमपि यद् द्रव्यं भवेद् व्याधावयौगिकम्।
तदुद्धरेद् योगिकं तु प्रक्षिपेत् बुद्धिमान् भिषक्॥

इसका तात्पर्य यह है कि ग्रन्थ बढ़ जाने के डर से मैंने अल्पौषधि लिखा। समान गुण वाली औषधियों का ह्रास और वृद्धि करने में कोई दोष नहीं है। यदि गणोक्त कोई द्रव्य किसी व्याधि का विरोधी हो तो बुद्धिमान् भिषग् उसका परिवर्त्तन कर दूसरी औषधि मिला सकता है। जब द्रव्य का नवीन संयोग करने में कोई विरोध नहीं है तब मैं क्यों दूसरे से दवा का ऋण ग्रहण करूँ? विजातीय औषध ग्रहण कर अपनी उन्नति करने की चेष्टा क्यों करें? युक्ति तर्क से ही क्यों न हो, उन्नति की एक सीमा है। सिर के केश की जो सीमा है उससे और अधिक वह नहीं बढ़ेगा। आयुर्वेद अन्तिम वृद्धि की अवस्था में है। अब अधिक वृद्धि की आवश्यकता नहीं है। जो कुछ है यदि उसकी रक्षा हम कर सकें, तो बहुत उत्तम होगा।

बहुत से सज्जन यह कहेंगे कि पाश्चात्य चिकित्सकगण जो दृष्टफल औषधियों का आविष्कार किये हैं और कर रहे हैं उन औषधियों को ग्रहण कर आयुर्वेद के सम्पदा की वृद्धि करें

तो उसमें क्या क्षति है ? उसमें क्षति नहीं है; किन्तु "इह न किञ्चिद्भेषजमास्त" और "कृतस्मो हि लोको बुद्धिमतामाचार्यः" पर यह नीति विचार कर प्रयोग करनी होगी।

प्रयोगः शमयेद् व्याधिं योऽन्यः मन्यमुदीरयेत्।
नासौ विशुद्धः शुद्धन्तु शमयेद् यो न कोपयेत्॥

इन्जेक्शन, एक शरीर से दूसरे शरीर में रक्त का प्रवेश करना इत्यादि कार्यों का हिसाब प्रायः अविशुद्ध है। Thermometer, X-ray आदि यन्त्र भ्रमात्मक हैं। क्विनाइन और तत्जातीय औषधि दोष विमिश्रित हैं। इस विषय को यदि स्पष्ट करें तो कहना होगा कि एक शरीर से दूसरे शरीर में रक्त प्रवेश कराने में जो जो विषय देखना चाहिये उन विषयों का चिन्तन एलोपेथिक शास्त्र में है। जो करना चाहिये वह क्या होता है ? एक शरीर से अन्य शरीर में रक्त का प्रवेश कराने में दोनों शरीर की सम्पूर्ण समता की आवश्यकता है। समता नहीं होने से वह रक्त भिन्न शरीर में प्रवेश कर शल्य-रूप धारण करेगा। समता का अर्थ—लिंग, अवस्था तथा धातु इत्यादि की तुलना ही है। जिनके शरीर में रक्त का प्रवेश कराना होगा उनके रक्त ग्रहण करने की सामर्थ्य और उनके वायु के Pump करने की शक्ति का भी विचार करना होगा। इसके निर्धारण करने के किसी यन्त्र का आविष्कार हुआ है ?

प्रायः प्रत्यक्ष होता है कि यह शरीर को हितकर नहीं है।

"सूक्ष्माणि हि दोष-भेषज-देश-काल-
बल-शरीराहार-सात्म्य-सत्व प्रकृति-
वयसामवस्थान्तराणि यतनुचिन्त मानानि सुविमल-
विपुलबुद्धेरपि बुद्धिराकुली कर्युः किं पुनरल्प बुद्धेः॥"

इसलिये मैं वैसी उन्नति का विरोधी हूँ। क्विनाइनादि वीर्यवान् औषधियों के ग्रहण करने की इच्छा होना स्वाभाविक है। पर यदि कोई ग्रहण करे तो वह डाक्टरों की भाँति अन्ध विश्वास लेकर न ग्रहण करे। वह अपनी विचार-बुद्धि और प्रत्यक्ष ज्ञान पर प्रयोग करे। क्विनाइन से सिनकोना यदि अधिक पाचन, निर्दोष सिद्ध हो, तो दे सकते हैं। पर विचार "यस्य देशस्य यो जन्तुस्तजं तस्यौषधं हितम्"। विशेषतः विदेशीय औषधियों के प्रस्तुत करने की रीति आयुर्वेद के मत से दोषयुक्त है। इसलिये एक्सट्रेक्टादि में विश्वास स्थापन करना अनुचित है।

सर्वत्र यह एक ही युक्ति है। नयी औषधियों की परीक्षा के विषय में मैं कुछ शब्द कहना चाहता हूँ। बहुत-सी वस्तुओं की अभिज्ञता न रहने से केवल हेतु पर अन्तिम अवस्था में निर्भर कर औषधी की कल्पना करना निरापद नहीं है। किसी-किसी स्थान में प्रभाव नामक पदार्थ में एक विशेष शक्ति को स्वीकार करना होता है। प्रभाव ही फलतः उत्पादक हेतु है। इसलिये शास्त्रकार कहते हैं कि "सहज्ञेणापि हेतूनां अम्बष्ठादि विरेचयेत्" तात्पर्य है कि अम्बष्ठादि का विरेचन के पक्ष में सहज हेतु होते हुये भी कभी विरेचन नहीं कर सकता। इसलिये नयी-नयी औषधियों पर न दौड़ कर परीक्षित देशज औषधियों पर आकृष्ट होना कर्तव्य है। इसकी रक्षा करने की चेष्टा करने में हम बाधित होंगे।

आप लोग कहेंगे कि हम लोगों का क्या था, जो उसकी रक्षा करें ? नहीं हम लोगों का यथेष्ट था, इसमें कोई सन्देह नहीं है। इसका कारण आप लोग स्वयं ही अनुभव करें। जिस समय मि० हार्वी ने Circulation of Blood के सम्बन्ध में आविष्कार किया, उस

आविष्कार के पहिले ही सुश्रुत संहिता के सूत्र स्थान शोणित वर्णनीय नामक चतुर्दश अध्याय में लिपिबद्ध है। शुक्रअमरी की साधारण चिकित्सा और शल्य-चिकित्सा का सुश्रुत संहिता में उल्लेख है। इसका अंग्रेजों ने कब आविष्कार किया। अनुसंधान करने से ज्ञात होगा कि उसके बहुत काल बीतने पर आयुर्वेदोक्त गर्भ विमोचन प्रणाली को देखकर Govt. College के भूतपूर्व अध्यापक Dr. Charls ने विस्मय सहकार से कहा है कि "मैंने इस विषय में बहुत ही गवेषणा की है और मेरा ज्ञान भी है पर ऐसी निर्दोष वैज्ञानिक प्रणाली के विषय में मेरा ज्ञान नहीं था" सुश्रुत के शल्य विषय में भी उनका ऐसा ही मत था।

Dr. Hirsch Berg ने स्पष्ट ही स्वीकार किया है कि सुश्रुत संहिता का कर्णबन्ध बन्ध विधि नामक सूत्र स्थान के १६ वें अध्याय में उल्लिखित नासादि संधान विषय Europe में युगान्तर से आया है। अस्त्र विषय में मेरे कृत कर्मता के विषय में आप जानते है और मैं गर्व के साथ कहूँगा कि इस विषय से आप लोग अनभिज्ञ हैं। ज्ञात होने से आप लोगों का उपकार होवेगा इसलिये कुछ इस विषय में मैंने वर्णन किया। युद्ध में छिन्न पाद विशल्पका के जंघा को छेद कर लोहे के जंघा की रचना ऋग्वेद में मिलती है।

'सद्यो जंघामायसीं विशपलायै
धने हिते सत्त्वे प्रत्यधत्तम्।'

Caesarian Section अर्थात् मृत प्रसूतिका प्रसव सम्बन्ध में सुश्रुत निदान स्थान के आठवें अध्याय में स्पष्ट उपदेश है कि

'वस्तिद्वारे विपन्नायाः कुक्षिः प्रस्पन्दते यदि
तत्क्षणज्जन्म काले तं पाटयित्वद्धरेत् भिषक्।

अर्थात् प्रसूति की मृत्यु के बाद यदि उसका कुक्षि स्पन्दित हो तो शीघ्र ही चिकित्सक उसके वस्तिद्वार और गर्भद्वार को छेद कर गर्भस्थ सन्तान का उद्धार करे। आप लोग लक्ष्य करें कि 'तं' शब्द पूर्वश्लोकोक्त 'गर्भ' के लिये है। 'उद्धारयेत्' इस क्रिया का कर्म है। 'पाटयित्वा' क्रिया का कर्म गर्भ नहीं है। पाटयित्वा का कर्मपद 'वस्तिद्वारे' है। 'प्रस्पन्दन' का अधिकरण नहीं है। वस्तिद्वार के स्थान में 'वस्तमार' पाठ भी है पर वह ठीक नहीं है। जो सज्जन यह नहीं समझेंगे वही अनेक प्रकार का अर्थ मन में लावेंगे। इसमें प्रवेश करने से मन्तव्य को प्रकाश नहीं करेंगे।

विमलधियामाधिगम्यो शास्त्रे खिद्यति जड़ो न मोर्खेखे।
निन्दति कंचुकारं प्रायः शुष्कस्तनी नारी॥

सज्जनों महर्षि सुश्रुत आजकल किसी-किसी समालोचक के हाथ में पड़कर तंग हो रहे हैं। वे लोग पाश्चात्य Anatomy से ज्ञान प्राप्त कर सुश्रुत को दोषदर्शी ठहराकर कहते हैं कि "शारीरे सुश्रुतो नष्टः" हम लोग कहते है "शान्तं पापम्" अच्छा उन लोगों से पूछा जाय कि सुश्रुत के नियमों को पालन किये हैं? 'निस्टढान पुरीषं पुरुषम् अवहन्त्यामापगायं निवर्द्ध पञ्जरखं·····कोखयेत्। ततो देहं सप्तरात्राद्गीशीरवाल वेनु वल्कल कूची नामान्यतमेन शनैः शनैरवधर्षयन् त्वगादीन सर्वानेव बाह्याभ्यन्तराङ्ग-प्रत्यङ्ग विशेषान् यथोक्तान लक्षयेत् चक्षुषा।

इस उपदेश का कोई अंश कभी पालन किए हैं? यदि नहीं हुआ है तो उसके फल के वैफल्य में विरक्त होने का क्या कारण है? सभ्य महोदय गण आप लोग अज्ञानियों के वाक्य से

विचलित नहीं होइयेगा। आप लोग विश्वास करें कि सुश्रुत नष्ट नहीं है। सुश्रुत अभ्रान्त है और अभ्रान्त उपदेश से Major and Minor हरेक प्रकार का शस्त्र कर्म प्राचीन काल में बहुत ही होता था। तन्त्र में है कि—

"धातूनां यत्र वैषम्यो भेषजं नैव सिध्यति।
आमयं दुस्तरं तस्मिन्न शस्त्रमेव विधीयते॥"

इसी प्रसंग में मैं आँख की चिकित्सा के विषय में कुछ शब्द कहूँगा। आयुर्वेद में आँख के विषय में जो उपदेश किया गया है वह पालन करने से कभी भी ऐनक का प्रयोजन नहीं होता। आज-कल की चिकित्सा से ५, ६ वर्ष के बालक भी ऐनक का प्रयोग करते हैं। सुश्रुत में विदेह का मत लिपिबद्ध है "मितञ्च सारञ्च वचो हि वाग्मिती।" इस प्राचीन नियम से विदेह का प्रकरण दुरधिगम्य है पर परवर्ती ग्रन्थकार उसको ठीक लिपिबद्ध नहीं कर सके हैं। मैं सोचता हूँ कि इसी लिये आँख की चिकित्सा का प्रचार अधिक नहीं है। मैंने नेत्र रोग की चिकित्सा करने के लिये एलोपैथिकों की सेवा कर अनुभव किया है कि एलोपैथिक में नेत्र रोग की चिकित्सा सुन्दर नहीं है।

अनन्त वात, सूर्यावर्त तथा अर्धावभेदक प्रभृति रोग की भाँति अभिष्यन्द, तिमिर प्रभृति नेत्र रोगों की भी शिराव्यध ही एक मात्र औषध है। एलोपैथिक चिकित्सक इसमें अभ्यस्त नहीं हैं। नेत्र रोग की औषधि में भी वे लोग दुर्बल हैं। आयुर्वेद ही नेत्र रोग का एक मात्र चिकित्सक है यह राजशाही के प्रत्येक व्यक्ति जानते हैं। धन्वन्तरि कहते हैं,

"शिराव्यधः शल्यतन्त्रे चिकित्सार्धं प्रकीर्तितः।
यथा बस्तिः प्राणहितः सम्यक् काय-चिकित्सिते॥

आप लोग यह जानेंगे कि भारतवर्ष में आयुर्वेद ही पर दर्शन शास्त्र, गणितशास्त्रादि Europe के जानने के बहुत वर्ष पहले ही अवगत थे। हाय! वे सब विद्वान् कहाँ गये। फ्रांसीसी राजनीतिज्ञ माकियामेली के बहुत पहले ही भारतवर्ष में कौटिल्य और अर्थ शास्त्र प्रणैये किये थे। वस्तुतः 'अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमांसा न्याय विस्तरः। पुराणं धर्मशास्त्रं च विद्याह्येताश्चतुर्दश॥' इन चौदहों विद्याओं का ही नहीं बल्कि—

'आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्वमर्थशासनं'

ये चार विद्यायें भी भारत की सम्पत्ति हैं। आजकल काल के महात्म्य से भारत के तुल्य हुआ है पर वह सब भारत से ही दूसरे देश में गया है। मेरा अभिमत है कि यह भारत से ही गया है। कोई किसी स्थान से भारतवर्ष में नहीं आया है इस विषय में उवेबार साहेब कहे हैं—

There is no ground whatever to suspose that Susruta borrowed his system of medicine from the Greeks. On the contrary, there is much to tell against such an idea.

History of Indian Literature.

इसका तात्पर्य्य यह है कि सुश्रुत ने अपना चिकित्सा-तन्त्र ग्रीक गणों से ग्रहण किया है ऐसी कल्पना करने का कोई भी कारण नहीं है। तथा इसके विरोध में कहने के अनेक शब्द हैं।

महाशयगण, आयुर्वेद के वैज्ञानिकत्व के प्रसंग में और त्रिधातु के सम्बन्ध में दो-चार शब्द कहने की आवश्यकता है। त्रिधातु क्या है इस विषय में बहुमत है। पर इस विषय में धन्वन्तरिजी अति सरल शब्द में कहे हैं उससे सुन्दर व्याख्या करना कष्टकर है।

'विसर्गादान विक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा।
धारयन्ति जगद् देहं कफपित्तानिलास्तथा॥'

समस्त जगत् में जिस प्रकार चन्द्र, सूर्य तथा वायु जिस तरह कार्य करती हैं उसी प्रकार जीव देह में कफ पित्त तथा वायु कार्य करता है। इससे त्रिधातु के स्वरूप, गुण तथा क्रिया प्रवृत्ति का संकेत कहा गया। कफ का स्वरूप जल, गुण तथा शैत्यादि क्रिया विसर्ग अर्थात् रसदान है वैसे ही पित्त का स्वरूप अग्नि, गुण तथा तपादि क्रिया आदान अर्थात् रश्मिकर्षण तथा वायु का स्वरूप वायु, गुण तथा शैत्यादि क्रिया विक्षेप अर्थात् परिचालन है। स्थान तथा क्रियादि भेद से त्रिधातु पाँच प्रकार का है। कफ और पित्त पंगु हैं इसका चालक वायु है।

योगवाही परं वायुः संयोगोदुभयार्थकृत।
दाहकृत् तेजसा युक्तः शीतकृत् सोमसंश्रयात्॥

अर्थात् वायु योगवाही संयोगवशतः उभय प्रकार का कार्य ही संचालन करता है। वह पित्त को चालन करता है। उस समय शरीर में दाह उत्पादन करता है और वह कफ का चालन करता है उस समय शरीर में शीत उत्पादन करता है।

(ज्वर में उत्ताप निर्णायक यन्त्र की अव्यर्थता कितनी है उसका अनुमान आप लोग कर सकेंगे।)

त्रिधातु का साम्यावस्था नाम स्वास्थ्य है। और वैषम्य का नाम रोग शरीर को धारण करता है इसलिये इसको त्रिधातु कहा जाता है और विगुण होने से शरीर में दोष का उत्पादन करता है इसलिये त्रिदोष कहा जाता है। त्रिदोष को अतिक्रम कर कोई रोग उत्पन्न नहीं होता है।

यथाहि कृत्स्नं विकारजातं विश्वरूपेनावस्थितं सत्वरजस्तमांसि न व्यतिरिच्यन्ते, एवमेव कृत्स्नं विकारजातं विश्वरूपेनावस्थितम् अव्यतिरिच्य वातपित्तश्लेष्माणो वर्त्तन्ते। सुश्रुते सूत्रस्थान २४ अ०।

त्रिधातु के विषय में प्राचीन समय में ग्रीकों की जो धारणा थी वह मेरे विश्वास का विषय नहीं है। उन लोगों के उस अपराध से मेरा शास्त्र दोषयुक्त नहीं होवेगा।

आज कल किसी अंग्रेजी भाषज्ञ से यदि त्रिधातु के विषय में कहा जाय तो वे लोग नासिका कुंचन करेंगे और कहेंगे कि मैं जानता हूँ। यह Theory तो बहुत दिन व्यतीत हुये Explored हो गयी है। आप लोगों में ही दोष है कि पुराना Theory लेकर ही बैठे हुये हैं। परिवर्तन कर नया नहीं कर रहे हैं। किन्तु बोल कर एक ही पक्ष की डिग्री को डिसमिस कर देते हैं। डाक्टरों के भक्त रोगी जब डाक्टरों से जवाब पाते हैं तब वे सृजन वैद्यों से प्रार्थना करते हैं और कविराजों के शिर पर अपयश डाल देते हैं। ऐसी हालत में भी कविराज रोगी को अच्छा करते हैं। पर किसी किसी स्थान में 'लाभ परे गोवध' होता है। राजशक्ति का समर्थन नहीं होने से मान और प्रतिपत्ति की कोई संभावना नहीं होती है।

मैं अफसोस के साथ कहता हूँ कि पाश्चात्य मतानुरक्त अंध विश्वासी जो चिकित्सा का

विषय गुण ज्ञान करते हैं वह चिकित्सा बड़ी ही विज्ञानगत है पर रोगी के शयन स्थान की व्यवस्था के सम्बन्ध में "प्रवाते निवेतैक देशे' इस अमूल्य उपदेश के अभाव में वस्तुतः रोगी को दिन में देखा कि रात्रि में प्राग्वात् सेवन कराना है। दूध और दही को केवल पुष्टिकारक गुण के विषय में अवगत होकर ज्वर के तरुण अवस्था में देना दूसरे विषयों का ज्ञान नहीं है। वास्तिक, श्लेष्मिक ज्वर में शरीर का उत्ताप घटाने के लिये बरफ का प्रयोग कर रोगी को शीघ्र ही यमपुर में प्रेरणा करना ही है। इस देश में निउमोनिया, टाइफाइड, यक्ष्मा आदि रोगों के लिये वे लोग अधिकांश उत्तरदायी हैं। वे लोग देखते हैं कि सजधज के साथ जो इलाज नहीं करता वह अवैज्ञानिक है। ऐसे शब्द इस वैज्ञानिक काल में ही शोभा पाते हैं। "अथमेंन जितोधर्मः प्रवृत्तमधरोत्तरम्" अर्थात् छोटे मुँह से बड़ी बात कहते हैं।

एलोपैथिकों के जीवाणुवाद में चमत्कृत होते हैं पर चिकित्सा-क्षेत्र में पृथक्-पृथक् परीक्षक एक पदार्थ के ही अनेकानेक जीवाणुओं का अस्तित्व कहे हैं। इससे चिकित्सकों का मोह पैदा करने के सिवा और कुछ नहीं है। और मैं पूछता हूँ कि पृथक्-पृथक् रोगों का पृथक्-पृथक् जीवाणु क्यों उत्पन्न होता है? इसके उत्तर में मैं कहूँगा कि कफ, पित्त और वायु के अनुपानादि में पृथकता है। इसलिये त्रिधातु को त्याग कर चिकित्सा में प्रवृत्त होना मूर्खता ही है। पक्षी जैसे अपना प्रतिविम्ब कभी छोड़ नहीं सकता। 'यथाहि शकुनिः सर्वादिशः परिपतन् स्वां छायां नातिवर्तते" इत्यादि—चरक।

कोई-कोई ऐसा कहेंगे कि डाक्टर Surgery में अप्रतिद्वन्द्वी हैं। मैं कहूँगा कि जिसके प्रतिद्वन्द्व हों तो वह अप्रतिद्वन्द्वी हो सकता है पर आयुर्वेद चिकित्सक इस अधिकार से वञ्चित किये गये हैं तब अप्रतिद्वन्द्वी शब्द की सार्थकता कहाँ है? कविराजों के भीतर ऐसा कोई नहीं है जो अस्त्र प्रयोग में साहसी हो। पर डाक्टर शस्त्रचिकित्सा में अनेक कार्य कर रहे हैं। उनमें बहुत से अभीष्ट तथा इष्ट दोनों करते हैं। शस्त्र को वैज्ञानिक किस प्रकार समझेंगे। पथ्यापथ्य के विषय में यदि कोई प्रश्न करे तो उसको बिना लेबोरटरी में परीक्षा किये नहीं कह सकता है। परीक्षा का फल—विटामीन और पुष्टिकारिता ही है और कुछ नहीं। वायु, पित्त, कफ सम्बन्धी नियमावली जब तक नहीं समझेंगे तब तक उन लोगों का विषय बोधगम्य नहीं होगा। इस वैज्ञानिक के विषय में ह्यालडन साहब ने अपने Possible World नामक पुस्तक में लिखा है—

Many of our cherished scientific theories contain so much falsehood as to deserve the title of myths.

अर्थात् हम लोगों के वैज्ञानिक मतवाद में अनेक मिथ्या वर्त्तमान है और वह केवल गल्पनाम से अविहित है। सुप्रसिद्ध माननीय Bertrand Russell की भी ऐसी ही राय है। आप लोग विचार करें कि जो मत दो, चार दिन बाद वर्जन करना पड़ेगा वह कैसे सत्य समझ कर शिरोधार्य हो।

ऐलोपैथिक शास्त्र कृतश्रम यशी डाक्टर श्रीमान् नलिनीरंजन सेन गुप्त एम० डी० महाशय ने भारत के साधनानामक मासिक पत्र में विज्ञान के नाम से दृष्टता शीर्षक प्रबन्ध में प्रकाश किया है कि विज्ञान विशिष्ट-ज्ञान को कहते हैं। ज्ञान का स्वरूप ऐसा है कि सम्यक् ज्ञान एक प्रकार से बराबर रहता है। पाश्चात्य विज्ञान में विज्ञान का नाम गन्ध नहीं है। उसका प्रमाण यह है कि आज जो कहते हैं कल वह बदल जाता है। "पाश्चात्य विज्ञान जैसे

परिवर्त्तनशील है वैसे ही आयुर्वेद परिवर्त्तन रहित। पाश्चात्य के परिवर्त्तन के विषय में आपने 'Truth पत्रिका में लिखा है कि 'उदर' रोग में आयुर्वेद जल, नीमक बंद कर दूध का सेवन विधि कहता है—डाक्टर पहिले उस विषय में नमक ही दवा बोलते थे किन्तु अब नमक बन्द करने के लिये कहते हैं। पहिले वे नमक, पानी बन्द करने में हँसते थे किन्तु अब आप ही बंद कर रहे हैं। वैज्ञानिकता के मोह में और राज्यशक्ति पाने के लिये आयुर्वेद को गवर्नमेण्ट को दे रहे हैं। डाक्टरों की भाँति State faculty सङ्गठन का प्रस्ताव कर रहे हैं इसका मैं घोर विरोध करता हूँ तथा सबको करना चाहिये। इसमें एम, बी डाक्टरों से अधिक पण्डित कविराज Sub-Assistant Surgeon गणों के बराबर होंगे। इससे आयुर्वेद की बहुत क्षति होगी। मेरी यह प्रार्थना आप लोग स्थिर चित्त से विचार करें। इसीसे आपके हाथ से घर की लक्ष्मी चली जा रही है जो इस विषय में उत्सुक हों उनसे आप कहियेगा—

'परैस्त्वदन्यः क इवापहारयेन्मनोरमामात्मवधुमिव श्रियम्' ?

और अब अधिक कहने की इच्छा नहीं है। आप लोग आयुर्वेद का हित करने के लिये इस सभा में आये हुए हैं हृदय में साहस रखियेगा और आर्ष शास्त्र में विश्वास करें। दैवी तथा आसुरी शक्ति का परस्पर विरोध यह पुराना व्यापार है। उपस्थित आसुरी शक्ति की जय हो रही है किन्तु पिछले दैवी शक्ति की ही जय होगी। जगदम्बा देश तथा समाज दोनों का मंगल करें।

"आयुर्वेदामृत सरिज्जगत् कल्याण-हेतवे।
अवाधं वर्त्ततां शश्वज्जगदम्बा-प्रसादतः॥"



श्रीमान् वैद्य पं० शिवनारायणजी मिश्र, भिषग्रत्न
भूतपूर्व प्रधानमंत्री नि० भा० आ० म० मंडल, कानपुर।

श्रीमान् वैद्य पण्डित शिवनारायण मिश्र भिषग्रत्न का

संक्षिप्त परिचय

पं० शिवनारायण मिश्र के पूर्वज हैदराबाद दक्षिण और लखनऊ में वैद्यक व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी से करते चले आ रहे हैं। लखनऊ की नवाबी के पतन के बाद इनके पिता पं० शिवाधार मिश्र लखनऊ से कानपुर आ बसे और यहीं चिकित्सा व्यवसाय करने लगे। इनके पितामह हकीम जुड़ावन लाल अपने जमाने में लखनऊ के प्रसिद्ध और बड़े वैद्यों में थे। इनके दूसरे पितामह पं० शिवसहाय अपनी १४ वर्ष की उम्र में ही हैदराबाद पैदल चले गये थे और कहते थे कि वैद्यक व्यवसाय से बावन हजार रुपये ५२०००) रु० पैदा करने के बाद अपने घर (ग्राम पड़री, जिला उन्नाव) लौटे थे। उन दिनों रेल, तार, डाक आदि का प्रसार न था। इसी उद्योगी कान्यकुब्ज वंश में हमारे चरितनायक का जन्म कानपुर में सन् १८९२ (सं० १९४९ वि०) में हुआ था। आपके पिता पं० शिवाधार और पितृव्य पं० भालचन्द्र मिश्र कानपुर के बहुत बड़े वैद्यों में थे और उन्हीं का पदानुसरण करते हुए पं० शिवनारायण मिश्र भी इस समय कानपुर के अग्रगण्य वैद्यों में हैं। आपकी उम्र अब लगभग ४५ वर्ष की है।

जब ये नाबालिग थे तभी से सार्वजनिक कार्यों में योग देने लगे थे। स्वर्गीय शंकर दाजी शास्त्री पदे के पट्ट शिष्य आयुर्वेद पंचानन पं० जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल ने जब प्रयाग में सर्व प्रथम पं० गणनाथ सेन सरस्वती महाशय के सभापतित्व में अ० भा० वैद्य सम्मेलन का आयोजन किया था तब उसकी सफलता का बहुत कुछ श्रेय युवक शिवनारायण मिश्र को भी था। कानपुर की वैद्य मंडली को वैद्य सम्मेलन की ओर रुचि दिलाने का श्रेय हमारे चरित-नायक, जो उस समय किशोर ही था, को है। इधर जितने भी वैद्योन्नति सम्बन्धी कार्य हुए हैं उन सब में किसी न किसी रूप में मिश्र जी का हाथ रहा है।

इनके जीवन को मोड़ने का अधिकतर श्रेय युक्तप्रांत के नेता स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी को है। अपनी १४ वर्ष की उम्र में ही ये 'हिन्दी केसरी' के नियमित पाठक थे और १६ वर्ष की उम्र में इनका परिचय श्रीयुत गणेश शंकर विद्यार्थी से हुआ। मिश्र जी तथा उनके भाई पं० शिवनन्दन मिश्र वैद्य ने मिलकर 'ब्रह्मावर्त सनातन धर्म मंडल' नाम की एक सभा खोल रखी थी जिसमें प्रति सप्ताह कुछ नवयुवक और किशोर एक साथ बैठकर धर्म चर्चा किया करते थे। एक दिन एक दुबला-पतला सा १८ वर्षीय युवक खड़ा होकर सभा में बोलने लगा। उसके वक्तृत्व कौशल को देखकर हमारे चरितनायक का आकर्षण उसके प्रति हुआ और सभा से आकर उसका परिचय प्राप्त किया। युवक ने अपना नाम गणेश शंकर विद्यार्थी बताया। उसी दिन से दोनों एक दूसरे के अभिन्न मित्र हो गये और जीवन पर्यंत रहे।

दोनों युवकों ने मिलकर एक गप्प सम्बन्धी 'गप्प' नामक मासिक पत्र निकालने की बात

सोची। एक समाचार पत्र की भी बात सोची गई। गणेश शङ्कर उस समय २०) मासिक के छुके थे और सिन्हानारायण के पास था केवल उत्साह। इसलिये उस समय की हवाई स्कीम कार्यरूप में परिणत न हो सकी। कुछ समय बाद विद्यार्थी जी 'सरस्वती' के उप-सम्पादक हो गये और बाद को 'अभ्युदय' के प्रधान सम्पादक बनकर प्रयाग चले गये। उस समय इतनी कम उम्र का सम्पादक हिन्दी में दूसरा कोई न था। गणेश जी सम्पादक बन गये और उनकी प्रेरणा से मिश्र जी गल्पों और लेखों के लेखक। दोनों ही अपना स्वतन्त्र पत्र निकालने का स्वप्न बराबर देखते रहे। इसी बीच आर्थिक कठिनाई के कारण 'अभ्युदय' को बन्द कर देने की बात सोची जाने लगी और विद्यार्थी जी ने हमारे चरित नायक को कुछ हजार रुपये इकट्ठा कर 'अभ्युदय' ले लेने के लिए लिखा। मिश्र जी के पास पैसे का तो ठिकाना न था किन्तु लिख भेजा कि 'अभ्युदय' का कर्जा चुकाने के लिये कन्नौज के अपने एक मित्र से रुपये का प्रबन्ध कर रहे हैं, आप 'अभ्युदय' कानपुर उठा लाने की बातचीत करें। अबोध नवयुवक को क्या पता था कि हजारों रु० की रकम एक नाबालिग को कौन सौंप देगा?

'अभ्युदय' को तो मालवीय जी ने प्रयाग से ही चलाना तय कर लिया। हाँ, गणेश जी को उससे अलग होना तै करना पड़ा। कन्नौज के मित्र ने हजारों तो नहीं, हाँ, २५०) की सहायता मिश्र जी को दी और सन् १९१३ की देवोत्थानी एकादशी के दिन से 'प्रताप' कानपुर में प्रकाशित करना तय हुआ। तीन रुपये महीने का दफ्तर लिया गया और 'प्रताप' दूसरे के प्रेस में छपने लगा। विद्यार्थी जी सम्पादक और मिश्र जी मैनेजर बने। चार सप्ताह भी न बीते होंगे कि प्रेस वालों ने छापना बन्द कर दिया। नये पत्र का एक सप्ताह भी प्रकाशित न होना उसकी मौत का सवाल था। कानपुर के सबसे बड़े धनाढ्य उसके सहायक हुए और ७००) (सात सौ) रु० मिश्र जी को उनकी जिम्मेदारी पर उधार दिये। तुरन्त एक छोटा सा हैंडप्रेस खरीदा गया और इधर-उधर से सामान माँग जाँचकर ४ दिन और ४ रात लगातार जागकर पाँचवें सप्ताह की निश्चित तिथि को 'प्रताप' बाजार में बिकने लगा। विरोधी इस प्रयत्न को देखकर दङ्ग रह गये। हमारे चरितनायक ने प्रेस पर स्याही लगाने का काम स्वयं अपने हाथों किया था।

इसके बाद पैसे की तङ्गी के कारण झाड़ू के काम से लेकर 'प्रताप' को कंधों पर लादकर डाकखाने पहुँचाने तक का काम करते हुए मिश्रजी कभी नहीं हिचके। इन्हीं की तपस्या और अध्यवसाय का फल है कि 'प्रताप' इतना फला फूला और हिन्दी संसार में एक विशेष स्थान प्राप्त कर सका। सन् १९१९ में 'प्रताप' के लिये लगभग ३० हजार रु० इकट्ठा किया और उसे एक ट्रस्ट के हाथों सौंप दिया, जिसके ट्रस्टी मिश्र जी अब भी हैं।

साप्ताहिक 'प्रताप' के बाद दैनिक 'प्रताप' निकाला। मासिक 'मनोरञ्जन' मासिक 'प्रभा' आदि कई पत्र पत्रिकाओं का जन्म दिया और उसके पूर्ण स्वामी बने रहे। प्रकाश पुस्तकालय नाम का एक प्रकाशन-व्यवसाय चलाकर आपने उस समय की एक कमी को पूरा किया। इसमें लगभग ८० पुस्तकें प्रकाशित कर चुके हैं। 'आयुर्वेदीय ग्रन्थ-माला' नाम की एक ग्रन्थमाला भी शुरू की जिसमें 'खनिज विज्ञान' जैसी कितनी ही छोटी बड़ी उपादेय पुस्तकें प्रकाशित की हैं। मिश्र जी बड़ी लगन के आदमी हैं। असम्भव तो किसी बात को मानते ही नहीं। जिस क्षेत्र में जुट गये सफलता ही प्राप्त की।

राजनैतिक क्षेत्र में भी आपकी प्रवृत्ति शुरू से ही रही। १६ वर्ष की उम्र से ही

स्वदेशी के व्रती हो गये थे और इस व्रत का खण्डन कभी नहीं होने दिया। सन् १९१५ में काशी षड्यन्त्र केस के सम्बन्ध में आपके मकान की तलाशी की गई थी। पुलिस का विश्वास था कि अपने पठनकाल में काशी में इनकी मैत्री अराजकों से थी और उन्हीं के सम्बन्ध में पूछने के लिए मिश्रजी हैरान किये गये मगर तत्व की कोई बात न पाकर पुलिस ने छोड़ दिया। बाद में पुलिस बराबर इनकी प्रत्येक हलचल पर ध्यान देती रही और पग-पग पर पीछा करती रही।

इसी कारण सन् १९१८ में एक मजेदार घटना घट गई। मिश्रजी अपने गाँव पड़री (जि० उन्नाव) भतीजे के यज्ञोपवीत संस्कार में गये हुए थे। कानपुर की पुलिस ने इनका पीछा करने के लिये उन्नाव की पुलिस को तार दिया। दूसरे दिन अचलगंज थाने के थानेदार साहब अपने कान्स्टेबिलों सहित पड़री जा पहुँचे और उन्हें हुक्म दिया कि 'बागी' शिवनारायण के दरवाजे से चारपाइयां उठा लाओ। किन्तु 'बागी' ने बगावत कर दी और थानेदार के इस गुस्ताखाना हुक्म की तामील न होने दी। फिर क्या था, थानेदार ने बदला लेने की धमकी देकर, सदर के लिये, जो वहाँ से ११ मील था, पैदल यात्रा कर दी। दूसरे दिन शाम को गिरफ्तारी का वारंट और सिपाहियों की छोटा सा पल्टन लाकर गाँव के हरेक रास्ते की नाकेबन्दी करके घेरा डाल दिया। गाँव के मुखिया ने आकर मिश्रजी को यह खबर दी। मिश्र जी ने पुलिस को तंग करने के लिए कह दिया कि वे रात ही रात कानपुर जा रहे हैं। फिर क्या था। थानेदार ने पकते हुए खाने के चूल्हे को बुझवा दिया और गाँव से बाहर जाने वाले हरेक रास्ते पर दुहरा पहरा लगाकर खुद रात भर सबकी खबर लेते रहे।

मिश्रजी निमंत्रितों की सेवा-सुश्रूषा के बाद सो गये और सुबह जब उठे तो अपने को सिपाहियों और चौकीदारों की पल्टन से घिरे पाया। मालूम हुआ कि थानेदार बहादुर घंटों से उनके जगने की प्रतीक्षा में बैठे हैं। तलाशी की गई। हाथ में हथकड़ी और कमर में रस्सा बाँध दिया गया। इसी अवस्था में उन्हें औरादि से लिपटना पड़ा। गाँव वाले यह देख उत्तेजित हो उठे। लोगों ने कांते-बल्लम निकाल लिये। बड़ी मुश्किल से उन्हें शांत करना पड़ा। मिश्र जी पहले उन्नाव फिर कानपुर लाये गए। शहर में काफी हलचल थी। रात के बारह बजे पुलिस के बड़े अधिकारियों को अपनी भूल मालूम पड़ी कि पीछा करने का हुक्म था न कि गिरफ्तार करने का और मिश्र जी छोड़ दिये गये।

तीसरे दिन कानपुर के अधिकारियों का क्षमा-पत्र लेकर एक थानेदार साहब २४ मील इक्के पर चढ़कर पड़री पहुँचे। मिश्र जी ने कानपुर के अधिकारियों को तो छोड़ दिया किन्तु उन्नाव के सुपरिंटेन्डेंट पुलिस मि० मेकडानल्ड और अचलगंज के थानेदार के ऊपर मामला चलाने का भार प्रयाग के सर तेजबहादुर सप्रू को सौंप दिया। बाद को इन दोनों ने भी सर सप्रू के सामने लिखित क्षमा प्रार्थना की, थानेदार ने तो पड़री में आकर गाँव भर के सामने अपना क्षमा-पत्र मिश्र जी को देकर माफी माँगा।

सन् १९२१ में रायबरेली के प्रसिद्ध मुंशीगंज गोलीकांड के सम्बन्ध में सरदार वीरपाल-सिंह ने एक मुकदमा गणेश शंकर विद्यार्थी और मिश्र जी पर चलाया। मुकदमा लगभग ९ महीने लड़ा गया और करीब सत्ताइस हजार रुपया खर्च हुआ। अदालत से दोनों को ६-६ महीने की सजा और एक-एक हजार रुपया जुर्माना हुआ। सरकार ने इस मुकदमे को बहुत कुछ अपना सा मान लिया था। इस मुकदमे के दौरान में ही गवर्नमेंट ने इन दोनों पर कान-

पुर में एक राजद्रोह का मुकदमा भी चला दिया और दोनों से तीस-तीस हजार रुपये की जमानतें और मुचलके माँग लिये। मित्रों ने तुरन्त दाखिल कर दीं। यह सब इसलिये सहना पड़ा कि उन्होंने माफी के दो शब्द कहने से सदा इनकार किया।

सन् १९२२ में मिश्र जी रायबरेली वाले मामले में अपनी जमानत खारिज करवा कर जेल चले गये। किन्तु थोड़े दिन बाद ही एक दिन सुबह अचानक रायबरेली के जेल सुपरिंटेंडेंट ने उन्हें जेल से बाहर कर दिया और मिश्र जी के पूछने पर हँसते हुए कहा कि "आपको युवराज का स्वागत करने के लिये छोड़ रहा हूँ।"

मिश्र जी बड़े स्पष्टवादी हैं। कभी-कभी तो यह कटुवादिता का रूप धारण कर लेती है। इनकी व्यवसायिक योग्यता और अध्यवसाय बुद्धि का परिचय पाकर सन् १९२२ में अन्यतम नेता स्वर्गीय पं० मोतीलाल जी नेहरू ने प्रयाग में 'इंडिपेंडेंट' का प्रबन्ध संभालने के लिये इन्हें निमंत्रित किया। आप प्रयाग गये और उसके सब कागज पत्रों की जाँच-पड़ताल करने के बाद पंडित जी से स्पष्ट कह दिया कि यह पत्र वर्तमान बुराइयों के रहते चल नहीं सकता और मैं उन्हें किसी प्रकार भी बिना आपको नाराज़ किये दूर नहीं कर सकता। पंडित जी इस स्पष्टवादिता से बहुत प्रसन्न हुए और अपने हस्ताक्षरों सहित अपना एक चित्र दिया जिसे मिश्र जी श्रद्धापूर्वक अब तक रखे हुए हैं।

आप हँसमुख और बड़े विनोदी हैं। इनके अन्तरंग मित्रों में साहित्य के बड़े-बड़े विद्वान् रहे हैं और हैं। ऐसे ही कुछ मित्रों के योग से 'गोलमाल कारिणी' नाम की एक सभा कायम कर रखी थी। उस सभा की सभासदी प्राप्त करने के लिये भरतपुर के एक सज्जन इनके पास आये। इन्होंने उनसे कहा कि अगर आप कुछ नियम पूरे कर लें तो बाकायदा आप भर्ती किये जा सकते हैं। बतलाये हुए नियमों के अनुसार उक्त सज्जन को आगरा और प्रयाग की यात्रा करनी पड़ी। एक दिन रात के ठीक १२ बजे स्वर्गीय पं० रामजीलाल शर्मा के कमरे की मेज पर मिठाई का दोना रखकर ये महाशय धड़ाधड़ डंडे पीटने लगे। मुहल्ले तक के लोग जग पड़े। शर्मा जी के नींद से उठकर आने पर साक्षात्कार होते ही एक विशेष भावभंगी के साथ उस उक्त सज्जन ने अपना परिचय एक साँस में दे डाला। शर्मा जी ने थोड़ी ही देर में मामला समझ लिया और उन्हें वैरंग कानपुर मिश्र जी के पास लौटा दिया।

एक बार इसी विनोदी सभा के सम्बन्ध में मिश्र जी आगरा गये। तय हुआ कि कोई साहित्यिक कांड होना चाहिये। पं० सत्यनारायण कविरत्न और स्वर्गीय पं० बदरीनाथ भट्ट से मिलकर तय हुआ कि आर्यमित्र सम्पादक पं० लक्ष्मीधर जी वाजपेयी को हम लोग अपना गुरु मान लें और गुरु चेले के रूप में एक चित्र खिंचवाया जाय। वाजपेयी जी कुछ दिन स्वामी रामदास जी के मतानुयायी रह चुके थे। उन्होंने अपना भगवा चोगा निकाला, कमंडल और चिमटा आया। मोर के पंख आये। भट्ट जी ने कागज के चोंगे का टोप बनाया उसमें "क०" लिखा और वाजपेयी को इस वेश में कुर्सी पर बैठा कर भट्ट जी और मिश्र जी हाथ जोड़े हुए उनके शिष्य रूप में जमीन पर बैठे और चित्र खींचा गया। चित्र का ब्लाक बना और वह एक पुस्तक के समर्पण के रूप में छपा। चित्र के नीचे भट्टजी ने कविता लिख दी—

मोर-पंख से मुकुट सजा भंगा पहना है।
कर में चिमटा लिया वाह वाह क्या कहना है॥

चूँची रखली, पास शिष्यगण को बिठलाया।
आँखों में काना राजा बनकर इठलाया॥
जिसकी लीलाओं का सुथल मूर्खों का हुड्डाम है।
उस गुरुडम के अवतार को बारंबार प्रणाम है॥

ब्लाक के नीचे कविता छापकर समर्पित पुस्तक में लगाकर वाजपेयीजी के पास पहुँचे। लोगों ने उन्हें भड़का दिया कि इन लोगों ने तो आपका मजाक उड़ाया है। बस, फिर क्या था, वाजपेयी जी ने मिश्रजी को रजिस्टर्ड नोटिस दे दिया कि पुस्तक जला दो, अगर एक भी पुस्तक चित्र सहित बाहर निकली तो दण्ड भोगोगे। कुशल इतनी थी कि पुस्तक की ४-६ प्रतियाँ ही मिश्र जी ने मित्रों को दी थीं। वह चित्र अब भी अन्तरङ्ग मित्रों के लिए विनोद की सामग्री है।

सन् १९३० के प्रसिद्ध असहयोग आन्दोलन में मिश्र जी ने नमक बनाने, शराब पर धरना देने से लेकर कानपुर जैसे शहर की डिक्टेटरी तक की और डिक्टेटर की हैसियत से ही जेल जाना पड़ा। आप कानपुर नगर कांग्रेस कमेटी के प्रधान मन्त्री रह चुके हैं।

वैद्यक क्षेत्र में भी आप बराबर काम करते रहे। कानपुर की वैद्य सभा, युक्त प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन और अखिल भारतवर्षीय वैद्य सम्मेलन और विद्यापीठ में बराबर काम करते रहे। १९२९ में आपको कराची के वैद्य सम्मेलन ने आयुर्वेद महामण्डल और विद्यापीठ का प्रधान मन्त्री चुना और इसी काल में आप जेल चले गये। सम्मेलन की सफलता सदा ही चाही। आपकी सेवाओं से सन्तुष्ट होकर १९१७ में युक्त प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन ने आपको 'भिषग्रत्न' की पदवी प्रदान की थी।

सन् १९३१ में आप कानपुर म्युनिसिपल बोर्ड के म्युनिसिपल कमिश्नर निर्वाचित हुए और तीन वर्ष उक्त पद पर रहने के बाद स्वेच्छा से उससे हट गये। आप बड़े मिलनसार हैं। समय-समय पर अपने मित्रों की सहायता को याद कर गद्गद हो उठते हैं।

सन् १९३० में कानपुर के हिन्दू-मुसलिम दंगे में आततायियों ने इनके अभिन्न मित्र श्री गणेश शंकर विद्यार्थी को मार डाला। इसमें मिश्रजी भी एक बार फंस गये थे किन्तु अपनी प्रत्युत्पन्न मतित्व से जान हथेली पर रखकर बच निकले। गणेशजी की मृत्यु से इन पर तो मानों पहाड़ फट पड़ा। सारी उमंगे और सपने नष्ट हो गये। इन दिनों ये एक वैद्यक पत्र निकालने की सोच रहे थे। आयुर्वेदीय पुस्तकों का एक वृहत् पुस्तकालय खोलने की स्कीम भी इनके मन में थी। ये सब ऐसी ही पड़ी रहीं। हाँ, पुस्तकालय खोलने की स्कीम अब भी इनके सामने हैं। हस्तलिखित ग्रन्थों का जितना अच्छा संग्रह इनके पास है वैसा इस प्रान्त में दूसरे किसी व्यक्ति के पास न होगा।

इनके संग्रहालय में एक हजार से अधिक हस्तलिखित पुस्तकें होंगी। चित्रकला से भी उन्हें प्रेम है। लखनऊ के चित्रकला प्रदर्शन में तथा कानपुर की कलितकला प्रदर्शिनी में इन्होंने जिन प्राचीन चित्रों का प्रदर्शन किया था उनकी विशेषज्ञों ने बहुत प्रशंसा की थी।

आयुर्वेद की उन्नति के लिए आपका विश्वास है कि संसार के किसी भी चिकित्साशास्त्र में जो भी उपादेय उपाय या औषधियाँ मिलें उनको खुलमखुला अपनाकर उनका प्रयोग करना चाहिए। आप वैद्यक के साथ ही जल-चिकित्सा, इलेक्ट्रान-चिकित्सा, सूर्य-रश्मि-चिकित्सा

आदि के भी पक्षपाती हैं। कुनैन आदि आशुफलप्रद औषधियों को आयुर्वेद के अन्तर्गत कर लेने के भी पक्षपाती हैं। आपने कई पुस्तकें लिखी हैं। जल-चिकित्सा या प्राकृत-चिकित्सा पर भी एक पुस्तक लिखी है।

मिश्रजी में कुछ कमजोरियाँ भी हैं। वे कभी-कभी अपने मित्रों की ज़िद या मान-रक्षा के लिए अपने को बड़ी से बड़ी कठिन परिस्थिति में डाल लेते हैं और लोगों के कोपभाजन बन बैठते हैं। एक बार तो इन्होंने अपने एक मित्र की मान-रक्षा के लिये एक ऐसी बड़ी बदनामी अपने ऊपर ओढ़ ली जिसका किसी को पता भी नहीं है और उसके लिए बड़ी कठिन परिस्थितियों से होकर गुजरना स्वीकार कर लिया। इसी प्रकार की कमजोरी इन्होंने एक बार इंडियन मेडिसिन बोर्ड के चुनाव के सम्बन्ध में भी प्रदर्शित की थी। मगर इस प्रकार की कमजोरियों के शिकार, कभी न कभी आदर्श पुरुष को छोड़ कर, सभी हो जाते हैं।

आजकल आप अपना ध्यान वैद्यक पर ही दे रहे हैं। आपका खयाल है कि बिना धन के संसार में कोई कार्य शान्ति और सफलता से नहीं किया जा सकता। आप यह भी सोचते हैं कि जीवन के एक खास भाग में इतना धन अवश्य पैदा कर लेना चाहिए ताकि वृद्धावस्था में परमुखापेक्षी न रहना पड़े। अब आर्थिक चिन्ताओं से मुक्त होकर फिर सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करना चाहते हैं। उस जीवन के प्रवेश का द्वार आप आयुर्वेद के द्वारा ही खोलना चाहते हैं। ईश्वर करे उक्त इच्छाओं की तरह उनकी यह सदिच्छा भी पूर्ण हो।

